श्रीराधाकृष्णाभ्यां नमः

श्रीराधा-माधव-चिन्तन

ग्रन्थकार- हनुमानप्रसाद पोद्दार

श्रीकृष्ण

कान्ह बर धर्‌यौ बिनोदिनि रूप

'झुलावति स्यामा स्याम कुमार'

वियोग-व्यथित श्रीराधाका श्रीकृष्णसे मिलन

कोटिन काम गुलाम भये जब कान्ह ह्वै भानुलली बनि आई।

श्रीराधा

वृन्दावन-शोभा

श्रीराधा-माधव

॥ श्रीहरि: ॥

श्रीराधा-माधव-चिन्तन

हनुमानप्रसाद पोद्दार

॥ श्रीराधाकृष्णाभ्यां नमः ॥

नम्र निवेदन

भक्ति-रसमें व्रज-रसकी माधुरी अनुपमेय है। भगवान् श्रीव्रजेन्द्रनन्दनने व्रजमें प्रकट रहकर रसकी जो मधुरातिमधुर धारा बहायी, उसकी जगत्में क्या, विश्व-ब्रह्माण्डमें कोई तुलना नहीं है। बड़े-बड़े योगीन्द्र-मुनीन्द्र तथा ज्ञानी-विज्ञानी इस रसके लिये तरसते हैं। भाईजी (श्रीहनुमानप्रसादजी पोद्दार) ने समय-समयपर इस विषयपर 'कल्याण'के लिये लिखे गये लेखोंमें, विशेष अवसरोंपर पढ़े गये लिखित व्याख्यानोंमें तथा व्यक्तिगत पत्रोंके रूपमें जो कुछ लिखा है तथा दैनिक सत्सङ्गमें अथवा अन्य समारोहोंमें मौखिकरूपसे जो कुछ कहा है, वह आध्यात्मिक जगत्की एक अमूल्य निधि है। सहृदय पाठक-पाठिकाओंका बहुत दिनोंसे यह आग्रह रहा है कि उनके व्रज-रस-सम्बन्धी लेखों, पत्रों आदिका एक स्वतन्त्र संग्रह पुस्तकरूपमें प्रकाशित किया जाय। प्रस्तुत ग्रन्थ उसी आग्रहका सुमधुर फल है। अवश्य ही इस संग्रहमें उनके उन्हीं लेखों, व्याख्यानों तथा पत्रों आदिका आंशिक समावेश हुआ है, जो मधुर रस अथवा कान्ताभावसे सम्बन्ध रखते हैं। उनके इतर रस-सम्बन्धी लेख आदि प्रायः इसमें नहीं आ पाये हैं। इनके अतिरिक्त उन्होंने मौखिक प्रवचनों एवं व्यक्तिगत पत्रोंमें इस विषयपर इतना अधिक कहा और लिखा है कि वह सब तो संगृहीत हो ही नहीं सकता।

विषयको भलीभाँति हृदयंगम करानेके लिये एकत्रित सामग्रीको सात प्रकरणोंमें बाँटा गया है। पहले प्रकरणका शीर्षक है—'श्रीराधा'। कहना न होगा कि व्रज-रसके प्राण श्रीव्रजराजकुमारकी आत्मा श्रीराधिका हैं—'आत्मा तु राधिका तस्य।' एक रूपमें जहाँ श्रीराधा श्रीकृष्णकी आराधिका—उपासिका हैं, दूसरे रूपमें वे उनकी आराध्या उपास्या भी हैं—'आराध्यते असौ इति राधा'। शक्ति और शक्तिमान्में वस्तुतः कोई भेद न होनेपर भी भगवान्के

सविशेष रूपोंमें शक्तिकी प्रधानता है। शक्तिमान्‌की सत्ता ही शक्तिके आधारपर है। शक्ति नहीं तो शक्तिमान् कैसे ? 'रस्यते असौ इति रसः' इस व्युत्पत्तिके अनुसार रसकी सत्ता ही आस्वादके लिये है। अपने-आपको अपना आस्वादन करानेके लिये ही स्वयं रसरूप ('रसो वै सः') श्रीकृष्ण 'राधा' बन जाते हैं। इसीलिये व्रज-रसमें 'राधा' की विशेष महिमा है। श्रीकृष्ण प्रेमके पुजारी हैं, इसीलिये वे अपनी पुजारिनकी पूजा करते हैं, उन्हें अपने हाथों सजाते-सँवारते हैं, उनके रूठ जानेपर उन्हें अपने प्राणोंके निर्मञ्छनद्वारा प्रसन्न करते हैं। 'चाँपत चरन मोहनलाल' तथा—

'देख्यौ दुर्‌यौ वह कुंज कुटीर में बैठ्यो पलोटत राधिका पायन॥'

—आदि उक्तियोंद्वारा रसिक कवियोंने श्रीकृष्णकी इसी प्रेमप्रवणताकी ओर संकेत किया है। शक्तिकी प्रधानताको द्योतित करनेके लिये ही 'राधाकृष्ण', 'सीताराम' आदि युगल नामोंमें 'राधा' और 'सीता' का नामोल्लेख पहले किया जाता है। इसी परिपाटीके अनुसार प्रस्तुत ग्रन्थमें भी 'श्रीराधा' शीर्षक प्रकरणको प्रथम स्थान दिया गया है। आकारकी दृष्टिसे भी यह प्रकरण सबसे बड़ा है। इस प्रकरणमें श्रीराधाका दिव्यातिदिव्य स्वरूप, उनके प्रेमकी अलौकिक महिमा, श्रीकृष्णके साथ उनका पवित्रतम सम्बन्ध आदि दुरूह एवं गूढ़ विषयोंका मार्मिक विवेचन किया गया है तथा प्रसङ्गवश श्रीराधाके विषयमें तथा श्रीराधाकृष्णके प्रेम-सम्बन्धमें उठायी गयी विविध शङ्काओंका बड़े ही सुन्दर ढंगसे समाधान किया गया है।

दूसरे प्रकरणका शीर्षक है—'श्रीकृष्ण'। इसमें श्रीकृष्णकी पूर्ण भगवत्ता, उनका परम दिव्य स्वरूप, उनका सच्चिदानन्दमय भगवद्देह, श्रीकृष्णके प्राकट्यकी महिमा तथा उनका जन्म-महोत्सव, उनकी विरुद्धधर्माश्रयता, उनकी सर्वमान्यता, श्रीकृष्ण-चरित्रकी उज्ज्वलता तथा उनको प्रियतमरूपमें प्राप्त करनेकी साधना आदि विषयोंपर प्रचुर प्रकाश डाला गया है।

तीसरे प्रकरणका शीर्षक है—'राधा-माधव'। इसमें युगल तत्त्वकी एकता, युगल-स्वरूपकी उपासना, राधाकृष्णकी अष्टकालीन स्मरणीय सेवा आदि विषयोंका भलीभाँति निरूपण किया गया है।

इस प्रकार श्रीराधा-कृष्णके स्वरूपको, उनके परस्परके पवित्रम सम्बन्धको, उनकी विभिन्न मधुर लीलाओंको—जिनमें प्रणय, मान, एवं विरह, सभी हैं—ठीकसे समझनेका 'मापदण्ड' इस ग्रन्थमें प्राप्त होता है। साथ ही

श्रीराधा-कृष्णके सम्बन्धमें अबतक जो भी साहित्य संस्कृत, हिंदी तथा अन्य भाषाओंमें प्राप्त है, उसके अध्ययन, मनन एवं आलोचनकी 'कसौटी' यह ग्रन्थ प्रस्तुत करता है। बिना एक 'कसौटी'को सामने रखे—श्रीराधा-माधवके स्वरूप तथा उनकी पारस्परिक मधुर लीलाओंके तत्त्वका यथार्थ ज्ञान न होनेके कारण ही—न केवल हिंदी-साहित्यमें प्राप्त रचनाओं अपितु संस्कृत-साहित्यकी भी एतद्विषयक रचनाओंके अध्ययनके सम्यक् आनन्दसे हम अभीतक बहुत अंशोंमे वञ्चित रहे हैं तथा हमने अनेकों भ्रान्त धारणाओंका सृजन कर लिया है। अपनी मानी हुई कसौटीके आधारपर ऐसा करके जहाँ एक ओर हमने अपनी हानि की है, वहाँ दूसरी ओर श्रीराधा-कृष्णविषयक प्राचीन-अर्वाचीन ग्रन्थों एवं कवि-लेखकोंके प्रति अन्याय भी किया है !

साहित्यके अध्ययन करनेवालोंकी भाँति ही साहित्य-प्रणेताओंके समक्ष भी श्रीराधाकृष्णके स्वरूप एवं उनकी लीलाओंके सम्बन्धमें एक सैद्धान्तिक मापदण्ड न रहनेके कारण सूरदास आदि कुछ भक्तकवियोंको छोड़कर शेष कवि, जिन्होंने श्रीराधा-माधवको अपने काव्यका विषय बनाया, बहुत कुछ पथ भूल गये हैं। अतः श्रीराधा-कृष्णविषयक साहित्यके प्रणेता कवि एवं लेखकोंसे मेरी विनम्र प्रार्थना है कि वे इस ग्रन्थमें प्रस्तुत किये गये श्रीराधा-कृष्णके पवित्रतम स्वरूप एवं सम्बन्धको अपने सामने रखकर साहित्यका सृजन करेंगे तो ऐसा सात्त्विक साहित्य प्रकट होगा, जो भक्तिक्षेत्रकी तो अमूल्य निधि होगी ही, समाजके पतनोन्मुख नैतिक स्तरको भी उन्नत करनेमें सक्षम होगा।

चौथे प्रकरणका शीर्षक है—'भावराज्य और लीलारहस्य'। इसमें भावराज्यकी लोकोत्तर महिमा, ज्ञानराज्यकी सीमाको पार करनेपर भावराज्यमें प्रवेशके लिये अधिकारकी प्राप्ति, भावराज्यमें प्रिया-प्रियतमका नित्य लीलाविहार, भगवदवतारका रहस्य तथा श्रीकृष्णकी माखन-चोरी, चीरहरण एवं रासक्रीडा आदि मधुरातिमधुर, किंतु तर्कशील व्यक्तियोंको भ्रमित कर देनेवाली विविध दिव्य लीलाओंका मर्म बड़ी ही सुन्दर एवं सुबोध शैलीसे समझाया गया है, जिसे पढ़कर उनके सम्बन्धमें अज्ञानवश की जानेवाली अनेकानेक शङ्काओंका सम्यक्तया निराकरण हो जाता है। रासलीलाके सम्बन्धमें प्राचीन आचार्यों एवं अन्य महानुभावोंके कई मत हैं। कुछ लोग इसे आध्यात्मिक रूपक मानते हैं, कोई-कोई इसे काम-विजयकी लीला कहते हैं—इत्यादि। इन सभी मतोंकी समीक्षा करते हुए श्रीभाईजीने यह बतलाया है कि यह तो भगवान्का आत्मरमण—अपनी स्वरूपभूता

श्रीगोपीजनोंके साथ रमण है, जिसके द्वारा प्रभुने यह दिखलाया है कि लोक-वेद—सबका त्याग करके उनपर अपने-आपको न्योछावर कर देनेवाले भक्तोंको किस प्रकार वे अपना स्वरूपदान करते हैं, सर्वथा उनके अधीन हो जाते हैं। श्रीकृष्णका यह रमण वस्तुतः 'स्वरूप-वितरण' ही है। इसी प्रसङ्गमें यह भी बताया गया है कि भगवान् श्रीकृष्णका सम्पूर्ण चरित्र परमोज्ज्वल एवं आदर्श होनेपर भी उनकी सभी लीलाएँ अनुकरणीय नहीं हैं तथा सबका अनुकरण करने जाकर मनुष्य पतनके महान् गर्तमें गिर जायगा। भक्त-शिरोमणि सम्राट् परीक्षित्के द्वारा रासलीलाके प्रसङ्गमें शङ्का उठाये जानेपर श्रीमद्भागवतके वक्ता स्वयं शुकदेव मुनि इस प्रकारकी चेतावनी बहुत पहले हमलोगोंको दे गये हैं।

पाँचवें प्रकरणका शीर्षक है—'प्रेमतत्त्व'। इसमें प्रेमतत्त्वकी बड़ी ही मार्मिक एवं अधिकारपूर्ण व्याख्या की गयी है तथा प्रेमके रति, प्रेम, स्नेह, मान, प्रणय, राग, अनुराग, भाव एवं महाभाव—इन स्तरों एवं उनके अवान्तर भेदोंको बड़े ही सुन्दर ढंगसे समझाया गया है। 'प्रेम' शब्दका प्रयोग आजकल लौकिक पति-पत्नीके पारस्परिक सम्बन्धके अर्थमें होने लगा है; कहीं-कहीं तो अवैध आसक्तिको भी 'प्रेम' कहा जाता है, जिससे इस शब्दकी सात्त्विकता एवं पवित्रता नष्ट हो गयी है और लोग 'प्रेम' नामसे ही नाक-भौं सिकोड़ने लगते हैं। इस ग्रन्थके अध्ययनसे यह स्पष्ट हो जाता है कि पति-पत्नीके लौकिक सम्बन्धका नाम 'प्रेम' नहीं 'काम' है, जिसका आधार है भोग—निजेन्द्रिय-तृप्ति, जब कि प्रेमका आधार है त्याग—प्रेमास्पद-सुखैक-लालसा। भगवत्प्रेमी इस लोक और परलोकके भोगोंसे ही नहीं, मोक्षतकके सुखसे बहुत पहले ऊपर उठ जाता है। इसीलिये प्रेमियोंने भगवत्प्रेमको अर्थ, धर्म, काम, मोक्ष—इन चारोंसे ऊँचा पञ्चम पुरुषार्थ माना है। इसमें स्व-सुख-वासनाका लेश भी नहीं होता। इस प्रेमकी सर्वोच्च अभिव्यक्ति ही श्रीराधारानी हैं। भगवत्प्रेमकी प्राप्ति उत्कट चाहसे तथा भगवत्कृपासे ही सम्भव है, त्यागकी भित्तिपर ही प्रेमके दिव्य प्रासादका निर्माण होता है, प्रेमके लिये विषय-वैराग्यकी परम आवश्यकता है—इत्यादि विषयोंपर भी इस प्रकरणमें अद्भुत प्रकाश डाला गया है।

छठे प्रकरणका शीर्षक है—'गोपाङ्गना'। प्रेमकी चरम परिणति श्रीगोपीजनोंमें ही हुई है। इन्हें प्रेमका मूर्तिमान् विग्रह कहें तो भी कोई अत्युक्ति न होगी। इसीलिये 'प्रेमतत्त्वके' अनन्तर ही 'गोपाङ्गना' शीर्षक प्रकरणकी अवतारणा की गयी है। इस प्रकरणमें यह बताया गया है कि श्रीगोपाङ्गनाएँ

श्रीराधाकी ही अंशभूता अथवा कायव्यूहरूपा हैं। इनका एकमात्र कार्य है श्रीप्रियाप्रियतमका परस्पर मिलन कराना एवं दोनोंकी प्राणपणसे प्रेममयी सेवा करना। 'तत्सुखसुखित्वम्' ही इनका आदर्श है, जो प्रेमका मूलमन्त्र है। इसीलिये देवर्षि नारदने अपने भक्तिसूत्रोंमें इन्हींको भक्तिका सर्वश्रेष्ठ आदर्श माना है—'यथा व्रजगोपिकानाम्'। जिनकी चरण-रजकी कामना जगत्पिता ब्रह्माने ही नहीं, उद्धव-जैसे भक्ताग्रगण्योंने की है, जिनका दर्जा भगवान्‌ने ब्रह्मा, शंकर, भगवान् संकर्षण, भगवती लक्ष्मीसे—यहाँतक कि अपनेसे भी ऊँचा बताया है—'न तथा मे प्रियतम आत्मयोनिर्न शंकरः। न च संकर्षणो न श्रीर्नैवात्मा च यथा भवान्॥' उन श्रीगोपीजनोंकी महिमा क्या कही जाय। इन गोपीजनोंके सहस्रशः यूथ हैं और सखी, सहचरी, प्रियनर्मसखी, मञ्जरी, दूती आदि अनेकों भेद हैं। इन सबके स्वरूप, सेवा, प्रेम तथा गोपीभावकी साधना आदि अत्यन्त गूढ़ एवं रहस्यपूर्ण विषयोंकी बड़ी ही समीचीन एवं साङ्गोपाङ्ग व्याख्या इस प्रकरणमें की गयी है। इसी प्रसङ्गमें यह बताया गया है कि गोपीभावकी साधना केवल स्त्रियाँ ही कर सकती हों, ऐसी बात नहीं है। सुतरां इसके लिये स्त्रियोचित वेष सजनेकी कोई आवश्यकता नहीं है। जो लोग ऐसा करते हैं, वे तो गोपीभावका एक प्रकारसे उपहास ही करते हैं। वस्तुतः स्त्री-पुरुष-सम्बन्धकी तो कोई कल्पना ही नहीं है। यह तो एक पवित्रतम अप्राकृत भाव है, जो सर्वथा राग-गन्धसे शून्य है। स्वकीया एवं परकीया भावोंको लेकर भी साधनाक्षेत्रमें तथा साहित्यिक क्षेत्रमें श्रीराधा-माधवके पवित्रतम सम्बन्धके प्रति अनेक भ्रान्त धारणाएँ प्रचलित हैं। इस ग्रन्थमें स्वकीया और परकीयाभावका यत्र-तत्र जो विवेचन हुआ है, उसे दृष्टिमें रखकर श्रीराधा-माधव एवं गोपी-कृष्णके प्रेम-सम्बन्धके विषयमें विचार करनेपर हृदय उसकी पवित्रतम एवं उज्ज्वलतम आभासे उद्भासित हो उठता है।

जिन स्फुट विषयोंका समावेश उक्त छहों प्रकरणोंमें नहीं हो सकता था, उन सबको एक अलग प्रकरणमें रखा गया है, जिसका शीर्षक है—'प्रकीर्ण'। यद्यपि यह अन्तिम प्रकरण है, किंतु सरसताकी दृष्टिसे यह अपने पूर्वके छः प्रकरणोंसे किसी भी प्रकार न्यून नहीं है।

प्रत्येक प्रकरणके आदि और अन्तमें तथा कहीं-कहीं प्रकरणके बीचमें भी प्रतिपाद्य विषयके संग्राहक ग्रन्थकारके कुछ पद भी दे दिये गये हैं, जिनसे प्रकरणोंमें और भी सजीवता आ गयी है। इस प्रकार वर्तमान संग्रह व्रज-रस—

मधुर-रसका एक अमूल्य आकर बन गया है। इन पंक्तियोंके लेखककी धारणाके अनुसार इस विषयपर ऐसा सर्वाङ्गपूर्ण, सुगम, सरस और प्रामाणिक विवेचनात्मक ग्रन्थ कदाचित् किसी भी भाषामें आजतक नहीं लिखा गया है। संस्कृत-साहित्यमें अवश्य ही इस प्रकारकी सामग्री प्रचुररूपमें उपलब्ध है; परंतु वह यत्र-तत्र इतनी बिखरी पड़ी है कि उसके मर्मको हृदयंगम करते हुए उसका सम्यक्तया विश्लेषण तथा उपयोग करके समन्वित रूप देना श्रीभाईजी-जैसे पुरुषका ही काम था। मेरी समझसे इसमें भक्तिशास्त्रका मर्म एवं व्रज-साहित्यका निचोड़ बुहत कुछ आ गया है। इसमें जो कुछ लिखा गया है, वह वैष्णव-शास्त्र एवं रसिकसम्प्रदायके सिद्धान्तोंद्वारा पूर्णतया सम्मत है। मेरी अपनी मान्यता एवं विश्वास है कि प्रस्तुत ग्रन्थ श्रीराधाकृष्णके उपासकोंके लिये अनुपम पथ-प्रदर्शकका काम करेगा। इस ग्रन्थके मनोयोगपूर्वक अध्ययन-मननसे एवं इसमें वर्णित सिद्धान्तोंको अपने जीवनमें उतारनेसे मनुष्य परम दुर्लभ मोक्षको भी लघु बना देनेवाले भगवत्प्रेमके मार्गमें अनायास ही अग्रसर हो सकता है।

मधुरभावकी साधना करनेवालोंके लिये भी यह ग्रन्थ बहुत उपयोगी सिद्ध होगा। मधुरभावकी उपासनाके नामपर व्यक्तिगत जीवनमें तथा समष्टिरूप समाजमें बहुत गंदगी आयी है और आनेकी सम्भावना है। कारण, मधुर-रसका 'पारा' यदि विधिपूर्वक सेवन न किया गया तो वह फूट पड़ता है और सारे शरीर और मनको क्षत-विक्षत कर डालता है। इस ग्रन्थमें प्रस्तुत मधुरभावकी उपासनाके सिद्धान्तोंको पकड़कर चलनेवालेका नैतिक स्तर निरन्तर उन्नत होता जायगा और वह सांसारिक भोगोंके दलदलसे, नीच कामके चंगुलसे निकलकर विशुद्ध प्रेम-राज्यमें प्रवेश कर पायेगा।

अन्तमें यह निवनेदन है कि इस ग्रन्थमें संगृहीत सामग्री गत ३५ वर्षोंके सुदीर्घकालमें समय-समयपर तथा भिन्न-भिन्न अवसरोंपर लिखी होनेके कारण इसमें यत्र-तत्र पुनरुक्तिका दोष अवश्य दृष्टिगोचर होगा, यद्यपि जहाँ-जहाँ वह ध्यानमें आया है, उसके निराकरणका प्रयास किया गया है—जिससे मूल लेखोंका रूप कुछ विकृत भी हुआ है। किंतु लेखोंमें निरूपित विषयोंके परस्पर सम्बद्ध होनेके कारण कहीं-कहीं उन पुनरुक्तियोंको उसी रूपमें रखना अनिवार्य हो गया है। साथ ही प्रतिपाद्य विषयको हृदयंगम करानेके लिये कहीं-कहीं एक ही बातको बार-बार दोहराना आवश्यक भी होता है। फिर, इसमें आये हुए प्रसङ्ग तो इतने मार्मिक, भावपूर्ण, रोचक एवं हृदयग्राही हैं कि उन्हें जितनी बार पढ़ा

जायगा, वे हृदयको उतना ही पवित्र एवं भगवद्भावसे पुष्ट करेंगे। इन सब दृष्टियोंसे ये सब पुनरुक्तियाँ क्षम्य ही नहीं, अपितु सहृदय सज्जनोंकी दृष्टिमें गुणाधायक ही सिद्ध होंगी। हाँ, यह बात अवश्य ध्यानमें रखनेकी है कि जो सामग्री इस ग्रन्थमें संकलित की गयी है, वह 'कल्याण' की विगत ३५ वर्षोंकी फाइलोंमें विभिन्न रूपोंमें बिखरी पड़ी थी। उसे जहाँ-तहाँसे छाँटकर एकत्रित करने, प्रकरणोंमें बाँटने, शृङ्खलाबद्ध करने आदिमें सम्भव है, अपने प्रमादवश—अज्ञानवश बहुत-सी भूलें रह गयी हों। यदि ग्रन्थकार स्वयं इस कार्यको सम्पन्न करते तो निश्चित है, इसका और ही रूप हमारे सामने उपस्थित होता; किंतु स्वयं ग्रन्थकारको न इतना अवकाश था और न रुचि ही कि वे इन स्थलोंको पुनः पढ़ते और परिमार्जित एवं शृङ्खलाबद्ध करते। इस संग्रहको छापनेकी अनुमति भी उन्होंने हमलोगोंकी रुचिको रखनेके लिये ही बड़े संकोचसे दी है। ऐसी दशामें, इस ग्रन्थमें यदि कोई त्रुटि रह गयी है तो वह इन पंक्तियोंके लेखककी ही माननी चाहिये।

अन्तमें 'त्वदीयं वस्तु गोविन्द तुभ्यमेव समर्पये' इस भावसे इस संग्रहको हम श्रीनिकुञ्जेश्वर तथा श्रीनिकुञ्जेश्वरीके पावन चरणोंमें भक्तिपूर्वक निवेदित करते हैं; क्योंकि इन पंक्तियोंके लेखकका विश्वास है कि इस ग्रन्थमें जो कुछ लिखा गया है, उन्हींकी प्रेरणासे लिखा गया है, अथवा यों कहें तो कोई अत्युक्ति न होगी कि उन्हींने ग्रन्थकारके हृदयमें स्थित होकर लिखा है।

प्रस्तुत ग्रन्थमें व्रज-रसका सिद्धान्तपक्ष उपन्यस्त किया गया है। लीलापक्षका इसमें विशेष रूपमें समावेश नहीं है।

अन्ततोगत्वा हमारी श्रीभाईजीसे विनीत प्रार्थना है कि वे हमारी प्रसन्नताके लिये ही प्रस्तुत ग्रन्थपर विहङ्गम दृष्टि डालकर यदि उन्हें ऐसा लगे कि इस विषयका कोई आवश्यक अङ्ग छूट गया है तो उसे कृपया पूरा कर दें, जिसे अगले संस्करणमें उसे जोड़ दिया जाय ! श्रीराधाकृष्णार्पणमस्तु।

गोरखपुर
श्रीराधाष्टमी
२०१८

भक्तोंकी चरण-रज—
चिम्मनलाल गोस्वामी
एम्० ए०, शास्त्री

——::×::——

तृतीय संस्करणकी भूमिका

'श्रीराधा-माधव-चिन्तन' ग्रन्थका दूसरा संस्करण समाप्त हुए बहुत दिन हो गये, परंतु प्रेसमें कार्य अधिक होनेके कारण इस बृहद् ग्रन्थका तीसरा संस्करण प्रकाशित होनेमें बहुत देर हो गयी। इधर साधकों-भगवत्प्रेमियों, साहित्य-महारथियों तथा व्रज-साहित्यके मर्मज्ञोंका इस अमूल्य ग्रन्थके पुनर्मुद्रणके लिये बराबर आग्रह बना रहा। इसी प्रोत्साहनसे बल प्राप्तकर यह तीसरा संस्करण प्रेमी महानुभावोंकी सेवामें प्रस्तुत किया जा रहा है।

इस ग्रन्थके सम्बन्धमें कई विशिष्ट महानुभावोंकी—जिनमें संत-महात्मा, साहित्य-महारथी तथा व्रज-साहित्यके मर्मज्ञ भी सम्मिलित हैं, प्रशंसात्मक सम्मतियाँ समय-समयपर प्राप्त होती रही हैं—उनमेंसे कुछका सारांश ग्रन्थके अन्तमें परिशिष्टके रूपमें दिया गया है। उससे पता चलता है कि इस ग्रन्थका विद्वानों तथा भगवत्प्रेमियोंने कितना अधिक आदर किया है और कर रहे हैं।

प्रस्तुत ग्रन्थमें 'श्रीराधा-माधव-चिन्तन-परिशिष्ट' पुस्तकके तो सभी लेख सम्मिलित कर ही दिये गये हैं; साथ-ही-साथ श्रद्धेय लेखक महानुभावके श्रीराधा-माधव-सम्बन्धी अन्य कुछ लेखोंका भी, जो अबतक पुस्तकाकार प्रकाशित नहीं हुए हैं, यथास्थान समावेश कर दिया गया है, जिससे इस ग्रन्थके कलेवर एवं उपयोगितामें और वृद्धि हो गयी है।

आशा है, इस ग्रन्थको लोग रुचिपूर्वक पढ़ेंगे और इसमें संनिविष्ट बहुमूल्य सामग्रीसे लाभान्वित होंगे।

गोरखपुर — प्रकाशक

श्रीराधाष्टमी

सं० २०३९ वि०

——::×::——

॥ श्रीराधा ॥

विषय-सूची

विषय ... पृष्ठ-संख्या

विषय पृष्ठ-संख्या

विषय पृष्ठ-संख्या

——::×::——

श्रीराधा

प्रार्थना

स्वामिनी हे बृषभानुदुलारि!

कृष्णप्रिया कृष्णगतप्राणा कृष्णा कीर्तिकुमारि ॥

नित्य निकुंजेश्वरि रासेश्वरि रसमयि रस-आधार।

परम रसिक रसराजाकर्षिणि उज्ज्वल-रसकी धार ॥

हरिप्रिया आह्लादिनि हरि-लीला-जीवनकी मूल।

मोहि बनाय राखु निसिदिन निज पावन पदकी धूल ॥

═══★═══

नारदकृत राधा-स्तवन

एक समय नारदजी यह जानकर कि 'भगवान् श्रीकृष्ण व्रजमें प्रकट हुए हैं' वीणा बजाते हुए गोकुल पहुँचे। वहाँ जाकर उन्होंने नन्दजीके गृहमें बालकका स्वाँग बनाये हुए महायोगीश्वर दिव्य-दर्शन भगवान् अच्युतके दर्शन किये। वे स्वर्णके पलंगपर, जिसपर कोमल श्वेत वस्त्र बिछे थे, सो रहे थे और प्रसन्नताके साथ प्रेमविह्वल हुई गोपबालिकाएँ उन्हें निहार रही थीं। उनका शरीर सुकुमार था; जैसे वे स्वयं भोले थे, वैसी ही उनकी चितवन भी बड़ी भोली-भाली थी। काली-काली घुँघराली अलकें भूमिको छू रही थीं। वे बीच-बीचमें थोड़ा-सा हँस देते थे, जिससे दो-एक दाँत झलक पड़ते थे। उनकी छविसे गृहका मध्यभाग सब ओरसे उद्भासित हो रहा था। उन्हें नग्न बालरूपमें देखकर नारदजीको बहुत ही हर्ष हुआ।

उन्होंने नन्दजीसे कहा—'तुम्हारे पुत्रके अतुलनीय प्रभावको, जो नारायणके भक्तोंका परम दुर्लभ जीवन है, इस जगत्में कोई नहीं जानता। शिव, ब्रह्मा आदि देवता भी इस विचित्र बालकमें निरन्तर अनुराग रखना चाहते हैं। इसका चरित्र सभीके लिये आनन्ददायी है। अचिन्त्य प्रभावशाली तुम्हारे शिशुमें स्नेह रखते हुए जो लोग इसके पुण्य-चरित्रका सहर्ष गान, श्रवण तथा अभिनन्दन करेंगे, उन्हें कभी भव-बाधा न होगी। गोपवर! तुम परलोककी इच्छा छोड़ दो और अनन्यभावसे इस दिव्य बालकमें अहैतुक प्रेम करो।'

यह कहकर मुनिवर नारदजी नन्दभवनसे निकले। नन्दने भी विष्णु-बुद्धिसे मुनिको प्रणाम करके उन्हें बिदा दी। इसके बाद महाभागवत नारदजी यह विचारने लगे—'भगवान्की कान्ता लक्ष्मीदेवी भी अपने पति नारायणके अवतीर्ण होनेपर उनके विहारार्थ गोपीरूप धारण करके कहीं अवश्य ही अवतीर्ण हुई होंगी, इसमें कोई संदेह नहीं है। अतः व्रजवासियोंके घरोंमें उन्हें खोजना चाहिये।'

ऐसा विचारकर मुनिवर व्रजवासियोंके घरोंपर अतिथिरूपमें जा-जाकर उनके द्वारा विष्णु-बुद्धिसे पूजित होने लगे। उन्होंने भी गोपोंका नन्दनन्दनमें उत्कृष्ट प्रेम देखकर मन-ही-मन सबको प्रणाम किया।

तदनन्तर वे नन्दके मित्र महात्मा भानुके घरपर गये। उन्होंने इनकी विधिवत् पूजा की। तब महामना नारदजीने उनसे पूछा—'साधो! तुम अपनी धार्मिकताके कारण

विख्यात हो। क्या तुम्हें कोई सुयोग्य पुत्र अथवा सुलक्षणा कन्या है, जिससे तुम्हारी कीर्ति समस्त लोकोंको व्याप्त कर सके?'

मुनिवरके ऐसा कहनेपर भानुने पहले तो अपने महान् तेजस्वी पुत्रको लाकर उससे नारदजीको प्रणाम करवाया। तदनन्तर अपनी कन्याको दिखलानेके लिये नारदजीको घरके अंदर ले गये। गृहमें प्रवेशकर उन्होंने पृथ्वीपर लोटती हुई नन्हीं-सी दिव्य बालिकाको गोदमें उठा लिया। उस समय उनका चित्त स्नेहसे विह्वल हो रहा था।

कन्याके अदृष्ट तथा अश्रुतपूर्व अद्भुत स्वरूपको देखकर श्रीकृष्णके अत्यन्त प्रिय भक्त नारदजी मुग्ध हो गये। वे एकमात्र रसके आधार परमानन्दमय समुद्रमें गोते लगाते हुए दो मुहूर्ततक पत्थरकी भाँति निश्चेष्ट बने रहे, फिर उन्होंने आँखें खोलीं और महान् आश्चर्यमें पड़कर वे मूकभावसे ही बैठे रहे।

अन्ततोगत्वा महाबुद्धिमान् मुनिने मनमें इस प्रकार विचारा—'मैंने स्वच्छन्दचारी होकर समस्त लोकोंमें भ्रमण किया, परंतु इसके समान अलौकिक सौन्दर्यमयी कन्या कहीं भी नहीं देखी। ब्रह्मलोक, रुद्रलोक और इन्द्रलोकमें भी मेरी गति है; किंतु इस कोटिकी शोभाका एक अंश भी मुझे कहीं नहीं दीखा। जिसके रूपसे चराचर जगत् मोहित हो जाता है, उस महामाया भगवती गिरिराजकुमारीको भी मैंने देखा है। वह भी इसकी शोभाको नहीं पा सकती। लक्ष्मी, सरस्वती, कान्ति और विद्या आदि देवियाँ इसकी छायाका भी स्पर्श कर सकती हों—ऐसा भी नहीं देखा जाता। अतः इसके तत्त्वको जाननेकी शक्ति मुझमें किसी तरह नहीं है। अन्य जन भी प्रायः इस हरिवल्लभाको नहीं जानते। इसके दर्शनमात्रसे गोविन्दके चरण-कमलोंमें मेरे प्रेमकी जैसी वृद्धि हुई है, वैसी इसके पहले कभी नहीं हुई थी। अस्तु, अनन्त वैभव दिखानेवाली इस देवीकी मैं एकान्तमें वन्दना करूँ। इसका रूप भगवान् श्रीकृष्णके लिये परमानन्दजनक होगा।'

ऐसा विचारकर मुनिने गोपप्रवर भानुको कहीं अन्यत्र भेज दिया और एकान्तस्थानमें वे उस दिव्यरूपिणी बालाकी स्तुति करने लगे—

'देवि! अनन्तकान्तिमयी महायोगेश्वरि! तुम्हारा अङ्ग मोहन एवं दिव्य है,

उसससे अनन्त मधुरिमाकी वर्षा होती रहती है। तुम्हारा हृदय महान् अद्भुत रसानन्दसे पूर्ण रहता है। तुम मेरे किसी महान् सौभाग्यसे आज नेत्रोंकी अतिथि बनी हो। देवि ! तुम्हारी दृष्टि अन्तःकरणमें निरन्तर सुखदायिनी प्रतीत होती है। तुम अपने अंदर महान् आनन्दसे तृप्त-सी दीख पड़ती हो। तुम्हारा यह प्रसन्न, मधुर तथा सौम्य मुखमण्डल हृदयको सुख देनेवाले किसी महान् आश्चर्यको व्यक्त कर रहा है। अत्यन्त शोभामयि ! तुम रजोगुणकी कलिका और शक्तिरूपा हो। सृष्टि, पालन और संहाररूपमें तुम्हारी ही स्थिति है। तुम विशुद्ध-सत्त्वमयी और विद्यारूपिणी पराशक्ति हो तथा परमानन्द-संदोहमय वैष्णवधामको धारण करती हो। ब्रह्मा और रुद्रके लिये भी तुम्हारा जानना कठिन है। तुम्हारा वैभव आश्चर्यमय है। तुम योगीश्वरोंके भी ध्यान-पथका कभी स्पर्श नहीं कर सकती। मेरी बुद्धिमें तो ऐसा प्रतीत होता है कि इच्छाशक्ति, ज्ञानशक्ति और क्रियाशक्ति—ये सब तुम्हारी अंशमात्र हैं।

मायासे ही विशुद्ध रूप धारण करनेवाले परमेश्वर महाविष्णुकी जो अचिन्त्य विभूतियाँ हैं, वे सभी तुम्हारी अंशांशमात्र हैं। ईश्वरि! तुम निस्संदेह आनन्दमयी शक्ति हो, अवश्य ही वृन्दावनमें तुम्हारे साथ श्रीकृष्णचन्द्र क्रीड़ा करते हैं। कुमारावस्थामें ही तुम अपने सुन्दर रूपसे विश्वको मुग्ध कर रही हो। न जाने यौवनका स्पर्श होनेपर तुम्हारा रूपलावण्य तथा हास-विलासयुक्त निरीक्षण कैसा विलक्षण होगा। हरिवल्लभे! तुम्हारे उस पूजनीय दिव्य स्वरूपको मैं देखना चाहता हूँ, जिससे नन्दनन्दन श्रीकृष्ण मुग्ध हो जायँगे। 'महेश्वरि! माता! मुझ शरणागत तथा प्रणत भक्तके लिये दया करके तुम अपना स्वरूप प्रकट कर दो।'

यों निवेदन करके नारदजीने तदर्पित चित्तसे उस महानन्दमयी परमेश्वरीको नमस्कार किया और भगवान् गोविन्दकी स्तुति करते हुए वे उस देवीकी ओर ही देखते रहे। जिस समय वे श्रीकृष्णका नाम-कीर्तन कर रहे थे, उसी समय भानुसुताने चतुर्दशवर्षीय, परम लावण्यमय अत्यन्त मनोहर दिव्य रूप धारण कर लिया। तत्काल ही अन्य व्रजबालाओंने, जो उसीकी समान अवस्थाकी थीं तथा दिव्य भूषण एवं सुन्दर हार धारण किये हुए थीं, बालाको चारों ओरसे आवृत कर लिया। उस समय बालिकाकी सखियाँ उसके चरणोदककी बूँदोंसे मुनिको सींचकर कृपापूर्वक बोलीं—

महाभाग मुनिवर! वस्तुतः आपने ही भक्तिके साथ भगवान्‌की आराधना की है; क्योंकि ब्रह्मा, रुद्र आदि देवता, सिद्ध, मुनीश्वर तथा अन्य भगवद्भक्तोंके लिये जिसका दर्शन मिलना कठिन है, उसी अद्भुत वयोरूपसम्पन्ना विश्वमोहिनी हरिप्रियाने किसी अचिन्त्य सौभाग्यवश आज आपके दृष्टिपथपर पदार्पण किया है। ब्रह्मर्षे ! उठो, उठो, शीघ्र ही धैर्य धारणकर इसकी परिक्रमा तथा बार-बार इसे नमस्कार करो। क्या तुम नहीं देखते कि इसी क्षणमें यह अन्तर्धान हो जायगी, फिर इसके साथ किसी तरह तुम्हारा सम्भाषण नहीं हो सकेगा।

उन प्रेमविह्वला सखियोंके वचन सुनकर नारदजीने दो मुहूर्ततक उस सुन्दरी बालाकी प्रदक्षिणा करके साष्टाङ्ग प्रणाम किया। उसके बाद भानुको बुलाकर कहा—'तुम्हारी पुत्रीका प्रभाव बहुत बड़ा है। देवता भी इसका महत्त्व नहीं जान सकते। जिस घरमें इसका चरण-चिह्न है, वहाँ साक्षात् भगवान् नारायण निवास करते हैं और समस्त सिद्धियोंसहित लक्ष्मी भी वहाँ रहती हैं। आजसे सम्पूर्ण आभूषणोंसे भूषित इस सुन्दरी कन्याकी महादेवीके समान यत्नपूर्वक घरमें रक्षा करो।' ऐसा कहकर नारदजी हरि-गुण गाते हुए चले गये।

——::×::——

श्रीवृषभानुनन्दिनीसे प्रार्थना

सच्चिदानन्दघन दिव्यसुधा-रस-सिन्धु व्रजेन्द्रनन्दन राधावल्लभ श्यामसुन्दर श्रीकृष्णचन्द्रका नित्य निवास है प्रेमधाम व्रजमें और उनका चलना-फिरना भी है व्रजके मार्गमें ही। यह मार्ग चित्तवृत्ति-निरोध-सिद्ध महाज्ञानी योगीन्द्र-मुनीन्द्रोंके लिये अत्यन्त दुर्गम है। व्रजका मार्ग तो उन्हींके लिये प्रकट होता है, जिनकी चित्तवृत्ति प्रेमघन-रस-सुधा-सागर आनन्दकन्द श्रीकृष्णचन्द्रके चरणारविन्दोंकी ओर नित्य निर्बाध प्रवाहित रहती है, जहाँ न निरा निरोध है और न उन्मेष ही, बल्कि दोनोंकी चरम सीमाका अपूर्व मिलन है। इस पथपर अबाध विहरण करती हुई वृषभानुनन्दिनी रासेश्वरी श्रीश्रीराधारानीका दिव्य वसनाञ्चल विश्वकी विशिष्ट चिन्मय सत्ताको कृतकृत्य करता हुआ नित्य खेलता रहता है, किसी समय उस वसनाञ्चलके द्वारा स्पर्शित धन्यातिधन्य पवन-लहरियोंका अपने श्रीअङ्गसे स्पर्श पाकर योगीन्द्र-मुनीन्द्र-दुर्लभ-गति श्रीमधुसूदनपर्यन्त अपनेको परम कृतार्थ मानते हैं, उन श्रीराधारानीके प्रति हमारे मन, प्राण, आत्मा—सबका नमस्कार!—

यस्याः कदापि वसनाञ्चलखेलनोत्थ-
धन्यातिधन्यपवनेन कृतार्थमानी।
योगीन्द्रदुर्गमगतिर्मधुसूदनोऽपि
तस्या नमोऽस्तु वृषभानुभुवो दिशेऽपि॥

जो सबके हृदयान्तरालमें नित्य-निरन्तर साक्षी और नियन्तारूपसे विराजमान रहनेपर भी सबसे पृथक् गोप-वधूटी-विटरूपमें वर्तमान रहते हैं, जो समस्त बन्धनोंको तोड़कर सर्वथा उच्छृङ्खलताको प्राप्त हैं, जिनके स्वरूपका सम्यक् ज्ञान ब्रह्मा, शंकर, शुक, नारद और भीष्मादि '**महतो महीयान्**' पुरुषोंको भी नहीं है, अतएव वे हार मानकर मौन हो जाते हैं, उन सर्वनियमातीत, सर्वबन्धनविमुक्त, नित्य-स्ववश, परात्पर परम पुरुषोत्तमको भी जो श्रीराधिका-चरण-रेणु इसी क्षण वशमें करनेकी अनन्तशक्ति रखता है, उस अनन्तशक्ति श्रीराधिका-चरण-रेणुका हम अपने अन्तस्तलसे बार-बार भक्तिपूर्वक स्मरण करते हैं—

****

यो ब्रह्मरुद्रशुकनारदभीष्ममुख्यै-
रालक्षितो न सहसा पुरुषस्य तस्य।
सद्योवशीकरणचूर्णमनन्तशक्तिं
तं राधिकाचरणरेणुमनुस्मरामि॥

विश्वप्रकृतिके प्रत्येक स्पन्दनमें बिन्दुरूपसे जो विदग्धभाव, अनुराग, वात्सल्य, कृपा, लावण्य, रूप (सौन्दर्य) और केलिरस (माधुर्य) वर्तमान है—रासेश्वरी, नित्य-निकुञ्जेश्वरी, श्रीवृषभानुनन्दिनी, उन्हीं सातों रसोंकी अनन्त अगाध उदधि हैं। इस प्रकार नित्यानन्दरसमय सप्त-समुद्रवती श्रीराधिका श्यामसुन्दर आनन्दकन्दके नित्य दिव्य रमणानन्दमें अनादिकालसे ही उन्मादिनी हैं—नित्य कुलत्यागिनी हैं। इन्हींके सहज सरल स्वच्छभावके शुद्ध रससे, इन्हींके भावानुरागरूप दधिमण्डसे, इन्हींकी वात्सल्यमयी दुग्धधारासे, इन्हींकी परम स्निग्ध घृतवत् अपार कृपासे, इन्हींकी लावण्य-मदिरासे, इन्हींके छविरूप सुन्दर मधुर इक्षुरससे और इन्हींके केलि-विलास-विन्यासरूप क्षारतत्त्वसे समस्त अनन्त विश्वब्रह्माण्ड नित्य अनुरञ्जित, अनुप्राणित और ओत-प्रोत हैं। ऐसी अनन्त विचित्र सुधारसमयी, प्राणमयी, विश्वरहस्यकी चरम तथा सार्थक मीमांसामूर्ति श्रीवृषभानुनन्दिनीका दिव्य स्फुरण जिसके जीवनमें नहीं हो पाया, उसका सभी कुछ व्यर्थ—अनर्थ है। देवी राधिके! अपने ऐसे दिव्य स्फुरणसे मेरे हृदयको कृतार्थ कर दो—

वैदग्ध्यसिन्धुरनुरागरसैकसिन्धु-
र्वात्सल्यसिन्धुरतिसान्द्रकृपैकसिन्धुः।
लावण्यसिन्धुरमृतच्छविरूपसिन्धुः
श्रीराधिका स्फुरतु मे हृदि केलिसिन्धुः॥

श्रीराधिके! वह शुभ सौभाग्य-क्षण कब होगा, जब तुम्हारे नाम-सुधा-रसका आस्वादन करनेके लिये मेरी जिह्वा विह्वल हो जायगी, जब तुम्हारे चरणचिह्नोंसे अङ्कित वृन्दारण्यकी वीथियोंमें मेरे पैर भ्रमण करेंगे—मेरे सारे अङ्ग उसमें लोट-लोटकर कृतार्थ होंगे, जब मेरे हाथ केवल तुम्हारी ही सेवामें नियुक्त रहेंगे, मेरा हृदय तुम्हारे चरण-पद्मोंके ध्यानमें लगा रहेगा और तुम्हारे इन भावोत्सवोंके परिणामरूप मुझे

तुम्हारे प्राणनाथके चरणोंकी रति प्राप्त होगी—मैं तुम्हारे ही सुख-साधनके लिये तुम्हारे प्राणनाथकी प्रणयिनी बननेका अधिकार प्राप्त करूँगा—

राधानामसुधारसं रसयितुं जिह्वास्तु मे विह्वला
पादौ तत्पदकाङ्क्षितासु चरतां वृन्दाटवीवीथिषु।
सत्कर्मैव करः करोतु हृदयं तस्याः पदं ध्यायतात्
तद्भावोत्सवतः परं भवतु मे तत्प्राणनाथे रतिः॥

——::×::——

श्रीराधाजी कौन थीं ?

मेरे विश्वासके अनुसार श्रीराधा-कृष्णतत्त्व सर्वथा अप्राकृत है, इनका विग्रह अप्राकृत है, इनकी समस्त लीलाएँ अप्राकृत हैं—जो अप्राकृत क्षेत्रमें, अप्राकृत मन-बुद्धि-शरीरसे अप्राकृत पात्रोंमें हुई थीं।* अप्राकृत लीलाको देखने, सुनने, कहने और समझनेके लिये अप्राकृत नेत्र, कर्ण, वाणी और मन-बुद्धि चाहिये। अतएव मुझ-सा प्राकृत प्राणी, प्राकृत मन-बुद्धिसे कैसे इस तत्त्वको जान सकता है और कैसे प्राकृत वाणीमें उसका वर्णन कर सकता है। अतएव इस सम्बन्धमें मैं जो कुछ भी लिख रहा हूँ, उससे किसीको यह न समझना चाहिये कि मैं जो कहता हूँ यही तत्त्व है, इससे परे और कुछ नहीं है; न यह मानना चाहिये कि मैं किसी मतविशेषपर आक्षेप करता हूँ, या किसी तार्किकका मुँह बंद करनेके लिये ऐसा लिखता हूँ, अथवा आग्रहपूर्वक अपना विश्वास दूसरोंपर लादना चाहता हूँ। मेरा यह कहना कदापि नहीं है कि मेरी लिखी बातोंको पाठक मान ही लें। यह तो सिर्फ अपने विश्वासकी बात—शास्त्र और संतोंद्वारा सुनी हुई—अपने कल्याणके लिये लिखी जा रही है। मेरी प्रार्थना है कि पाठकगण तर्क-बुद्धिका आश्रय करके मुझसे इसके सम्बन्धमें कोई

* श्रीभगवान्‌के देहादि यदि उस मायाके कार्य पञ्चमहाभूतोंमें निर्मित—प्राकृत होते, जो माया आवरणरूपा है, जो मायातीत, गुणातीत, आत्माराम मुनिगण भगवान्‌के सौन्दर्य, उनकी अङ्ग-गन्ध, उनकी चरणधूलिके लिये लालायित न होते।

प्रश्नोत्तरकी आशा कृपया न रखें। विवादमें तो मैं अपनी हार पहले ही स्वीकार कर लेता हूँ; क्योंकि मैं इस विषयपर तर्क करना ही नहीं चाहता। अवश्य ही मेरे विश्वासका बदलना तो अन्तर्यामी प्रभुकी इच्छापर ही अवलम्बित है।

परिपूर्णतम, परमात्मा, परात्पर, सच्चिदानन्दघन, निखिल ऐश्वर्य, माधुर्य और सौन्दर्यके सागर, दिव्य सच्चिदानन्दविग्रह आनन्दकन्द भगवान् श्रीकृष्ण और भगवान् श्रीराममें मैं कोई भी भेद नहीं मानता और इसी प्रकार भगवती श्रीराधाजी, श्रीरुक्मिणीजी और श्रीसीताजी आदिमें भी मेरी दृष्टिसे कोई भेद नहीं है। भगवान्के विभिन्न सच्चिदानन्दमय दिव्य लीला-विग्रहोंमें विभिन्न नाम-रूपोंसे उनकी ह्लादिनी शक्ति साथ रहती ही है। नाम-रूपोंमें पृथक्ता दीखनेपर भी वस्तुतः वे सब एक ही हैं। स्वयं श्रीभगवान्ने ही श्रीराधाजीसे कहा है—

यथा त्वं राधिका देवी गोलोके गोकुले तथा।
वैकुण्ठे च महालक्ष्मीर्भवती च सरस्वती॥
भवती मर्त्यलक्ष्मीश्च क्षीरोदशायिनः प्रिया।
धर्मपुत्रवधूस्त्वं च शान्तिर्लक्ष्मीस्वरूपिणी॥
कपिलस्य प्रिया कान्ता भारते भारती सती।
द्वारवत्यां महालक्ष्मीर्भवती रुक्मिणी सती॥
त्वं सीता मिथिलायां च त्वच्छाया द्रौपदी सती।

× × × ×

रावणेन हृता त्वं च त्वं च रामस्य कामिनी॥

(ब्रह्मवैवर्तपुराण, कृष्णखण्ड १२६। ९६—९८, १००)

'हे राधे! जिस प्रकार तुम गोलोक और गोकुलमें श्रीराधिकारूपसे रहती हो, उसी प्रकार वैकुण्ठमें महालक्ष्मी और सरस्वतीके रूपमें विराजमान हो। तुम ही क्षीरसागरशायी भगवान् विष्णुकी प्रिया मर्त्यलक्ष्मी हो। तुम ही धर्मपुत्रकी कान्ता लक्ष्मी-स्वरूपिणी शान्ति हो। तुम ही भारतमें कपिलकी प्रिय कान्ता सती भारती हो। तुम ही द्वारकामें महालक्ष्मी रुक्मिणी हो। तुम्हारी ही छाया सती द्रौपदी है। तुम ही मिथिलामें सीता हो। तुम्हींको रामकी प्रिया सीताके रूपमें रावणने हरण किया था।'

भगवान्‌के दिव्य लीलाविग्रहोंका प्राकट्य ही वास्तवमें आनन्दमयी ह्लादिनी शक्तिके निमित्तसे है। श्रीभगवान् अपने निजानन्दको परिस्फुट करनेके लिये अथवा उसका नवीन रूपमें आस्वादन करनेके लिये ही स्वयं अपने आनन्दको प्रेमविग्रहोंके रूपमें प्रकट करते हैं और स्वयं ही उनसे आनन्दका आस्वादन करते हैं। भगवान्‌के उस आनन्दकी प्रतिमूर्ति ही प्रेमविग्रहरूपा श्रीराधारानीजी हैं और यह प्रेमविग्रह सम्पूर्ण प्रेमोंका एकीभूत समूह है। अतएव श्रीराधिकाजी प्रेममयी हैं और भगवान् श्रीकृष्ण आनन्दमय हैं। जहाँ आनन्द है, वहीं प्रेम है और जहाँ प्रेम है, वहीं आनन्द है। आनन्दरससारका घनीभूत विग्रह श्रीकृष्ण हैं और प्रेमरससारकी घनीभूत मूर्ति श्रीराधारानी हैं। अतएव श्रीराधा और श्रीकृष्णका बिछोह कभी सम्भव ही नहीं। न श्रीराधाके बिना श्रीकृष्ण कभी रह सकते हैं और न श्रीकृष्णके बिना श्रीराधाजी। श्रीकृष्णके दिव्य आनन्दविग्रहकी स्थिति ही दिव्य प्रेमविग्रहरूपा श्रीराधाजीके निमित्तसे है। श्रीराधारानी ही श्रीकृष्णकी जीवनस्वरूपा हैं और इसी प्रकार श्रीकृष्ण ही श्रीराधाके जीवन हैं। दिव्य प्रेमरससारविग्रह होनेसे ही श्रीराधारानी महाभावरूपा हैं और वह नित्य-निरन्तर आनन्दरससार रसराज, अनन्त ऐश्वर्य—अनन्त-सौन्दर्य-माधुर्य-लावण्यनिधि, सच्चिदानन्द-सान्द्राङ्ग, अविचिन्त्यशक्ति, आत्मारामगणाकर्षी प्रियतम श्रीकृष्णको आनन्द प्रदान करती रहती हैं। इस ह्लादिनी शक्तिकी लाखों अनुगामिनी शक्तियाँ मूर्तिमती होकर प्रतिक्षण सखी, मञ्जरी, सहचरी और दूती आदि रूपोंसे श्रीराधाकृष्णकी सेवा किया करती हैं; श्रीराधाकृष्णको सुख पहुँचाना और उन्हें प्रसन्न करना ही इनका एकमात्र कार्य होता है। इन्हींका नाम श्रीगोपीजन है।

नित्य आनन्दमय, नित्य तृप्त, नित्य एकरस, कोटि-कोटि-ब्रह्माण्ड-विग्रह, पूर्णब्रह्म परमात्मामें सुखेच्छा कैसे हो सकती है? यह प्रश्न युक्तिसंगत प्रतीत होनेपर भी इसीको सिद्धान्त नहीं माना जा सकता। भाव और प्रेम परमात्मासे पृथक् वस्तु नहीं है। प्रेमाश्रयका भाव प्रेमविषयमें और प्रेम-विषयका भाव प्रेमाश्रयमें अनुभूत हुआ करता है। श्रीगोपीजन प्रेमका आश्रय हैं और श्रीकृष्ण प्रेमके विषय हैं। श्रीगोपियोंका अप्राकृत दिव्य भाव ही परब्रह्ममें दिव्य सुखेच्छा उत्पन्न कर देता है।

प्रेमका महान् उच्च भाव ही उन पूर्णकाममें कामना, नित्यतृप्तमें अतृप्ति, क्रियाहीनमें क्रिया और आनन्दमयमें आनन्दकी वासना जाग्रत् कर देता है। अवश्य ही यह सुखेच्छा, कामना, अतृप्ति, क्रिया या वासना जड इन्द्रियजन्य नहीं है, इस मर्त्य जगत्की मायामयी वस्तु नहीं है; क्योंकि वह दिव्य आनन्द और दिव्य प्रेम अभिन्न हैं। श्रीकृष्ण और श्रीराधारानी सदा अभिन्न हैं। श्रीभगवान् कहते हैं—

यथा त्वं च तथाहं च भेदो हि नावयोर्ध्रुवम्।
यथा क्षीरे च धावल्यं यथाग्नौ दाहिका सति॥
यथा पृथिव्यां गन्धश्च तथाहं त्वयि संततम्।

(ब्रह्मवैवर्त० कृष्णखण्ड १४। ५८-५९)

'जो तुम हो, वही मैं हूँ; हम दोनोंमें किंचित् भी भेद नहीं है। जैसे दूधमें सफेदी, अग्निमें दाहिका शक्ति और पृथ्वीमें गन्ध रहती है, उसी प्रकार मैं सदा तुममें रहता हूँ।'

अब रही श्रीराधिकाजीके विवाहकी बात, सो इस रूपमें इनका लौकिक विवाह कैसा? वृन्दावन-लीला ही लौकिक लीला नहीं है। लौकिक लीलाकी दृष्टिसे तो ग्यारह वर्षकी ही अवस्थामें श्रीकृष्ण व्रजका परित्याग करके मथुरा पधार गये थे। इतनी छोटी अवस्थामें स्त्रियोंके साथ प्रणयकी बात ही कल्पनामें नहीं आती और अलौकिक जगत्में दोनों सर्वदा एक ही हैं। फिर भी भगवान्ने ब्रह्माजीको श्रीराधाके दिव्य चिन्मय प्रेम-रस-सार-विग्रहका दर्शन करानेका वरदान दिया था, उसकी पूर्तिके लिये एकान्त अरण्यमें ब्रह्माजीको श्रीराधिकाजीके दर्शन कराये और वहीं ब्रह्माजीके द्वारा रसराज और महाभावकी विवाहलीला भी सम्पन्न हुई। ये विवाहिता श्रीराधाजी नित्य ही भगवान् श्रीकृष्णके सङ्ग रहती हैं। अवश्य ही छिपी रहती हैं। श्रीकृष्णकृपा होनेपर ही किन्हीं प्रेमी महानुभावको इस 'युगल जोड़ी'के दुर्लभ दर्शन होते हैं। श्रीमद्भागवतमें श्रीराधाका नाम प्रकटरूपमें नहीं आया है, यह सत्य है; परंतु वह उसमें उसी प्रकार छिपा हुआ है, जैसे शरीरमें आत्मा। प्रेमरससार-चिन्तामणि श्रीराधाजीका अस्तित्व ही आनन्द-रससार श्रीकृष्णकी दिव्य प्रेमलीलाको प्रकट करता है। जहाँ श्रीकृष्ण हैं, वहाँ श्रीराधा नहीं हैं—यह कहना ही नहीं बनता। तार्किकोंको नहीं, भक्तों और शास्त्रके सामने सिर झुकानेवालोंको तो भगवान्के ये वाक्य सदा स्मरण रखने चाहिये—

****

आवयोर्भेदबुद्धिं च यः करोति नराधमः ॥
तस्य वासः कालसूत्रे यावच्चन्द्रदिवाकरौ ।
पूर्वान् सप्त परान् सप्त पुरुषान् पातयत्यधः ॥
कोटिजन्मार्जितं पुण्यं तस्य नश्यति निश्चितम् ॥
अज्ञानादावयोर्निन्दां ये कुर्वन्ति नराधमाः ।
पच्यन्ते नरके घोरे यावच्चन्द्रदिवाकरौ ॥

(ब्रह्मवैवर्तपुराण, कृ० १५ । ६७—७०)

'जो नराधम हम दोनोंमें (श्रीकृष्ण और श्रीराधामें) भेद-बुद्धि करता है, वह जबतक चन्द्र-सूर्य रहते हैं, तबतकके लिये कालसूत्र नामक नरकमें रहता है। उसके पहलेके सात और पीछेके सात पुरुष अधोगामी होते हैं और उसका कोटिजन्मार्जित पुण्य निश्चय ही नष्ट हो जाता है। जो नराधम अज्ञानवश हमलोगोंकी निन्दा करते हैं, वे पापात्मा भी चन्द्र-सूर्यकी स्थितिकालतक घोर नरक भोगते हैं।'

अब रही गोपियोंके प्रेमके शुद्ध होनेकी बात। इसपर रासपञ्चाध्यायीका यह श्लोकार्द्ध स्मरण रखना चाहिये—

रेमे रमेशो व्रजसुन्दरीभिर्यथार्भकः स्वप्रतिबिम्बविभ्रमः ।

'छोटे बालक जैसे अपने प्रतिबिम्बके साथ खेला करते हैं, वैसे ही रमेश भगवान्ने भी व्रजसुन्दरियोंके साथ क्रीड़ा की।' लीला-रसमय आनन्दकन्द भगवान् स्वभावसे ही प्रेमवश हैं। अतएव उन्होंने प्रेमभावसे ही अपनी आनन्दस्वरूपा शक्तिद्वारा अपने ही प्रतिबिम्बरूप प्रेमस्वरूपा महाभागा गोपियोंके साथ क्रीड़ा की। उनका तो यह आत्मरमण था और गोपियोंका इसमें श्रीकृष्णसुख ही एकमात्र उद्देश्य था। अतएव प्रेममयी गोपी और आनन्दमय श्रीकृष्णकी यह लीला सर्वथा कामगन्धशून्य थी। गोपियोंका प्रेम अत्युच्च—पराकाष्ठाका भाव था। इसीसे उसे रूढ़ महाभाव कहते हैं। इसमें निजेन्द्रिय-तृप्तिकी इच्छाके संस्कारकी भी कल्पना नहीं थी। यह इस जगत्की काम-क्रीड़ा नहीं थी। यह तो दिव्य आनन्दमय, पवित्र प्रेममय जगत्की अति दुर्लभ रहस्यमय लीला थी, जिसका रसास्वादन करनेके लिये बड़े-बड़े देवता और सिद्ध महात्मागण भी लालायित थे। कहा जाता है कि इसीलिये उन्होंने

व्रजमें आकर पशु-पक्षियों तथा वृक्ष-लता-पत्ताके रूपमें जन्म लिया था। श्रीगोपियोंके इस कामशून्य प्रेमभावको, श्रीकृष्णकान्ताशिरोमणि श्रीराधारानीके महाभावको और निजानन्दमें नित्यतृप्त परमात्मामें सुखेच्छा क्यों उत्पन्न होती है और कैसे उन्हें प्रेमरूपा शक्तियोंके साथ लीला करनेमें सुख मिलता है, इस बातको समझने-समझानेका अधिकार श्रीकृष्णगतप्राण, भजनपरायण, प्रेमी रसिक भक्तोंको ही श्रीकृष्णकृपासे प्राप्त होता है। मुझ-जैसा विषयी मनुष्य इसपर क्या कहे-सुने? मेरी तो हाथ जोड़कर सबसे यही प्रार्थना है कि अपने मनकी मलिनताका आरोप भगवान्के पवित्र चरित्रोंपर कोई कदापि न करें और शङ्का छोड़कर जिसको भगवान्का जो नाम-रूप प्रिय लगता हो, जिसकी जिसमें रुचि हो, भगवान्के दूसरे नाम-रूपको उससे नीचा न समझकर बल्कि अपने ही इष्टदेवका एक भिन्न स्वरूप समझकर, अनन्यभावसे अपने उस इष्टकी सेवामें लगे रहें।

——::×::——

श्रीराधा-महिमा

'श्रीराधा कौन हैं? श्रीराधाका अस्तित्व सत्य है या कविकल्पनामात्र? राधाका स्वरूप नित्य अनादि अनन्त एकरस है या साधन-जगत् अथवा कल्पनाजगत्में उसका उत्तरोत्तर विकास हुआ है? श्रीराधा हैं तो उनका भगवान् श्रीकृष्णके साथ क्या सम्बन्ध है, राधा उनकी परिणीता पत्नी हैं या परकीया? श्रीराधा विलासप्रिय—(जैसा कि बहुत-से कवियोंने उनका वर्णन किया है—) स्वच्छन्द रमणी हैं या साधन-जगत्की आदर्श परम त्यागमयी देवी हैं? 'उनमें क्या-क्या गुण हैं और उनकी कैसी क्या-क्या लीलाएँ हैं?' ये तथा ऐसे ही अनेक प्रश्नोंका उत्तर देनेकी न मुझमें योग्यता है, न शक्ति है, न बुद्धि है, न अधिकार है और न आवश्यकता ही है। श्रीराधाजीके अनन्त रूप हैं, उनमें अनन्त गुण हैं, उनके स्वरूपभूत भाव-समुद्रमें अनन्त विचित्र तरङ्गें उठती रहती हैं और उनको विभिन्न दृष्टियोंसे विभिन्न लोगोंने देखा है, अतएव उनके सम्बन्धमें इतना ही कहा जा सकता है कि जो उन्हें जिस भावसे जानना चाहते हैं, वे उसी भावसे जान सकते हैं।'

मुझे तो प्रेमी संत-महात्माओंके मतानुसार यही जान पड़ता है कि एकमात्र सच्चिदानन्दघनविग्रह भगवान् श्रीकृष्ण ही विभिन्न दिव्य रूपोंमें लीलायमान हैं। वह एक ही परमतत्त्व श्रीकृष्ण श्रीराधा और अनन्त गोपीजनोंके रूपमें दिव्यतम मधुरतम स्वरूपभूत लीला-रसका आस्वादन करता रहता है। इस आस्वादनमें वस्तुतः आस्वादक तथा आस्वाद्यका कोई भेद नहीं है। परमतत्त्व श्रीकृष्ण निरुपम, निरुपाधि, सत्, चित्, आनन्दघन हैं; सत् 'संधिनी', चित् 'चिति' और आनन्द 'ह्लादिनी' शक्ति हैं। ये 'ह्लादिनी' शक्ति स्वयं 'श्रीराधा' हैं, संधिनी 'वृन्दावन' बनी हैं और 'चिति' समस्त लीलाओंकी व्यवस्थापिका तथा आयोजिका 'योगमाया' हैं। श्रीराधा ही लीलाविहारके लिये अनन्त कायव्यूहरूपा गोपाङ्गनाओंके रूपमें प्रकट हैं। भगवान् श्रीकृष्ण एकमात्र 'रस' हैं और उन दिव्य मधुरातिमधुर रसका ही यह सारा विस्तार है। भगवान् और भगवान्की शक्ति—यही वस्तुतः रस-तत्त्व हैं; अन्य समस्त रस तो विरस (विपरीत रस), कुरस (कुत्सित रस) और अरस (रसहीन) रूपसे पतनकारी हैं। अतएव सच्चिदानन्द-विग्रह परम रस रसराज श्रीकृष्णमें और सच्चिदानन्दविग्रहा आनन्दांशघनीभूता,आनन्द-चिन्मय-रस-प्रतिभाविता रसमयी श्रीराधामें तत्त्वतः कुछ भी अन्तर नहीं है। नित्य एक ही नित्य दो बने हुए लीला-रसका वितरण तथा आस्वादन करते रहते हैं। परंतु भगवान्की केवल मधुरतम लीलाओंका ही नहीं, उनकी लीलामात्रका ही तत्त्वतः एकमात्र आधार उनका परम शक्ति—राधारूप ही है। शक्तिसे ही शक्तिमान्की सत्ता है और शक्ति रहती है शक्तिमान्में ही। अतः अनादि, सर्वादि, सर्वकारणकारण, अद्वय ज्ञान-तत्त्वरूप सच्चिदानन्दघन व्रजरसनिधि श्यामसुन्दर श्रीकृष्णचन्द्र और उनकी ह्लादिनी शक्ति श्रीराधाजीका परस्पर अभिन्न तथा अविनाभाव नित्य अविच्छेद्य तथा ऐक्य-सम्बन्ध है। श्रीराधा पूर्ण शक्ति हैं—श्रीकृष्ण पूर्ण शक्तिमान् हैं; श्रीराधा दाहिका शक्ति हैं—श्रीकृष्ण साक्षात् अग्नि हैं; श्रीराधा प्रकाश हैं—श्रीकृष्ण भुवन-भास्कर हैं; श्रीराधा ज्योत्स्ना हैं—श्रीकृष्ण पूर्ण चन्द्र हैं। इस प्रकार दोनों नित्य एक-स्वरूप हैं। एक होते हुए ही श्रीराधा समस्त कृष्णकान्ताओंकी शिरोमणि ह्लादिनी शक्ति हैं। वे स्वमन-मोहन-मनोमोहिनी हैं, भुवनमोहन-मनोमोहिनी हैं, मदन-मोहन-मनोमोहिनी हैं। वे पूर्णचन्द्र श्रीकृष्णचन्द्रके

पूर्णतम विकासकी आधारमूर्ति हैं और वे हैं अपने विचित्र विभिन्न भावतरङ्ग-रूप अनन्त सुख-समुद्रमें श्रीकृष्णको नित्य निमग्न रखनेवाली महाशक्ति। ऐसी इन राधाकी महिमा राधाभावद्युति-सुवलित-तनु श्रीकृष्णचन्द्रके अतिरिक्त और कौन कह सकता है ? पर वे भी नहीं कह सकते; क्योंकि राधागुण-स्मृतिमात्रसे ही वे इतने विह्वल तथा मुग्ध, गद्गद-कण्ठ हो जाते हैं कि उनके द्वारा शब्दोच्चारण ही सम्भव नहीं होता।

मैं तो रसशास्त्रसे सर्वथा अनभिज्ञ, नितान्त अज्ञ हूँ। इसलिये रस-शास्त्रकी दृष्टिसे कुछ भी कहना मेरे लिये सर्वथा अनधिकार चेष्टा है। अतः इस विषयपर कुछ भी न कहकर जिनका दिव्यातिदिव्य पद-रज-कण ही मेरा परम आश्रय है, उन श्रीराधाजीके सम्बन्धमें कुछ शब्द उनकी कृपासे लिख रहा हूँ। जिन श्रीराधाजीकी अयाचित कृपासे मुझे उनका जो कुछ परिचय मिला है और जिन्होंने अपने महान् अनुग्रहदानसे मुझ पतित पामरको अपनाकर कृतार्थ किया है; वे अपनी अचिन्त्य महिमामें स्थित श्रीराधाजी न तो विलासमयी रमणी हैं, न उनका उत्तरोत्तर क्रमविकास हुआ है, न वे कविहृदय-प्रसूत कल्पना हैं और न उनमें किसी प्रकारका गुण-रूप-सौन्दर्याभिमान ही है। वे नित्य सत्य एकमात्र अपने प्रियतम श्रीश्यामसुन्दरकी सुखविधाता हैं। वे इतनी त्यागमयी हैं, इतनी मधुर-स्वभावा हैं कि अचिन्त्यानन्त गुण-गणकी अनन्त आकर होकर भी अपनेको प्रियतम श्रीकृष्णकी अपेक्षासे सदा सर्वसद्गुणहीन अनुभव करती हैं, वे परिपूर्ण प्रेमप्रतिमा होनेपर भी अपनेमें प्रेमका सर्वथा अभाव देखती हैं; वे समस्त सौन्दर्यकी एकमात्र निधि होनेपर भी अपनेको सौन्दर्यरहित मानती हैं और पवित्रतम सहज सरलता उनके स्वभावकी सहज वस्तु होनेपर भी वे अपनेमें कुटिलता तथा दम्भके दर्शन करती और अपनेको धिक्कार देती हैं। वे अपनी एक अन्तरङ्ग सखीसे कहती हैं—

सखी री ! हौं अवगुन की खान।
तन गोरी, मन कारी भारी, पातक पूरन प्रान॥
नहीं त्याग रंचक मो मन में भरयौ अमित अभिमान।
नहीं प्रेम कौ लेस, रहत नित निज सुख कौ ही ध्यान॥
जग के दुःख-अभाव सतावैं, हो मन पीड़ा-भान।

तब तेहि दुख दृग स्त्रवै अश्रु जल, नहिं कछु प्रेम-निदान ॥
तिन दुख-अँसुवन कौं दिखरावौं हौं सुचि प्रेम महान।
करौं कपट, हिय-भाव दुरावौं, रचौं स्वाँग स-ज्ञान ॥

× × ×

भोरे मम प्रियतम, बिमुग्ध ह्वै करैं बिमल मन गान।
अतिसय प्रेम सराहैं, मोकूँ परम प्रेमिका मान ॥
तुम हूँ सब मिलि करौ प्रसंसा, तब हौं भरौं गुमान।
करौं अनेक छद्म तेहि छिन हौं, रचौं प्रपंच-बितान ॥
स्याम सरल-चित ठगौं दिवसनिसि, हौं करि विविध विधान।
धृग् जीवन मेरौ यह कलुषित धृग् यह मिथ्या मान ॥

इस प्रकार श्रीराधाजी अपनेको सदा-सर्वदा सर्वथा हीन-मलिन मानती हैं, अपनेमें त्रुटि देखती हैं—परम सुन्दर गुणसौन्दर्यनिधि श्यामसुन्दरकी प्रेयसी होनेकी अयोग्यताका अनुभव करती हैं एवं पद-पदपर तथा पल-पलमें प्रियतमके प्रेमकी प्रशंसा तथा उनके भोलेपनपर दुःख प्रकट करती हैं। श्यामसुन्दरके मथुरा पधार जानेपर वे एक बार कहती हैं—

सद्गुणहीन रूप-सुषमासे रहित, दोषकी मैं थी खान।
मोहविवश मोहनको होता, मुझमें सुन्दरताका भान ॥
न्यौछावर रहते मुझपर, सर्वस्व स-मुद कर मुझको दान।
कहते थकते नहीं कभी—'प्राणेश्वरि !' 'हृदयेश्वरि !' मतिमान ॥
'प्रियतम ! छोड़ो इस भ्रमको तुम' बार-बार मैं समझाती।
नहीं मानते, उर भरते, मैं कण्ठहार उनको पाती ॥
गुण-सुन्दरतारहित, प्रेमधन-दीन कला-चतुराई हीन।
मूर्खा, मुखरा, मान-मद-भरी मिथ्या, मैं मतिमंद मलीन ॥

× × ×

रहता अति संताप मुझे प्रियतम का देख बढ़ा व्यामोह।
देव मनाया करती मैं, प्रभु ! हर लें सत्वर उनका मोह ॥

श्रीराधाके गुण-सौन्दर्यसे नित्य मुग्ध प्रियतम श्यामसुन्दर यदि कभी प्रियतमा श्रीराधाके प्रेमकी तनिक भी प्रशंसा करने लगते, उनके प्रति अपनी प्रेम-कृतज्ञताका एक शब्द भी उच्चारण कर बैठते अथवा उनके दिव्य प्रेमका पात्र बननेमें अपने सौभाग्य-सुखका तनिक-सा संकेत भी कर जाते तो श्रीराधाजी अत्यन्त संकोचमें पड़कर लज्जाके मारे गड़-सी जातीं। एक बार उन्होंने श्यामसुन्दरसे रोते-रोते कहा—

तुमसे सदा लिया ही मैंने, लेती-लेती थकी नहीं।
अमित प्रेम-सौभाग्य मिला, पर मैं कुछ भी दे सकी नहीं॥
मेरी त्रुटि, मेरे दोषोंको तुमने देखा नहीं कभी।
दिया सदा, देते न थके तुम, दे डाला निज प्यार सभी॥
तब भी कहते—'दे न सका मैं तुमको कुछ भी हे प्यारी।
तुम ही शील-गुणवती तुम ही, मैं तुमपर हूँ बलिहारी'॥
क्या मैं कहूँ प्राण-प्रियतमसे, देख लजाती अपनी ओर।
मेरी हर करनीमें ही तुम प्रेम देखते नन्दकिशोर॥

श्रीराधाजीका जीवन प्रियतम-सुखमय है। वे केश सँवारती हैं, वेणीमें फूल गूँथती हैं, मालतीकी माला पहनती हैं, वेष-भूषा, साज-शृङ्गार करती हैं, पर अपनेको सुखी करनेके लिये नहीं; वे सुस्वादु पदार्थोंका भोजन-पान करती हैं, परंतु जीभके स्वाद या अपने शरीरकी पुष्टिके लिये नहीं; वे दिव्य गन्धका सेवन करती हैं, पर स्वयं उससे आनन्दलाभ करनेके लिये नहीं; वे सुन्दर पदार्थोंका निरीक्षण करती हैं, पर अपने नेत्रोंको तृप्त करनेके लिये नहीं; वे मधुर-मधुर संगीत-ध्वनि सुनती हैं, पर अपने कानोंको सुख पहुँचानेके लिये नहीं; वे सुख-स्पर्श प्राप्त करती हैं, पर अपने त्वगिन्द्रियकी प्रसन्नताके लिये नहीं। वे चलती-फिरती हैं, सोती-जागती हैं, सब व्यवहार-बर्ताव करती हैं, पर अपने लिये नहीं; वे जीवनधारण भी अपने लिये नहीं करतीं। वे यह सब कुछ करतीं हैं—केवल और केवल अपने परम प्रियतम श्रीकृष्णको सुख पहुँचानेके लिये!

वस्तुतः वे सदा-सर्वदा यही अनुभव करती हैं कि उनके समस्त मन-इन्द्रिय, उनके समस्त अङ्ग-अवयव, उनके चित्त-बुद्धि, उनका चेतन आत्मा—सभीको

श्रीकृष्ण अपने नित्य-निरन्तर सुख-संस्पर्श-दानमें ही संलग्न बनाये रखते हैं, अन्य किसीका भी वे कभी संकल्प भी करें, इसके लिये तनिक-सा अवकाश नहीं देते या क्षणभरके लिये किसी अङ्गकी वैसी स्व-संस्पर्शरहित स्थिति ही नहीं होने देते। श्रीराधाजी अपनी परिस्थिति बतलाती हैं—

स्रवननि भरि निज गिरा मनोहर मधु मुरली की तान।
सुनन न दै कछु और सबद, नित बहरे कीन्हें कान॥
लिपटो रहै सदा तन सौं मम रह्यौ न कछु बिबधान।
अन्य परस की सुधि न रही कछु, भयौ चित्त इकतान॥
अँखियन की पुतरिनमें मेरे निसिदिन रह्यौ समाय।
देखन दै न और कछु कबहूँ एकै रूप रमाय॥
रसना बनी नित्य नव रसिका चाखत चारु प्रसाद।
मिटे सकल परलोक-लोक के खाटे मीठे स्वाद॥
अंग सुगंध नासिका राची मिटी सकल मधु बास।
भई प्रमत्त, गई अग-जगकी सकल सुबास-कुबास॥
मनमें भरि दीन्हीं मोहन निज मुनि-मोहनि मुसकान।
चित्त कर्‌यौ चिंतन रत चिन्मय चारु चरन छबिमान॥
दई डुबाय बुद्धि रस-सागर उछरन की नहिं बात।
आय मिल्यौ चेतन मैं मोहन भयौ एक संघात॥

अतएव श्रीराधाके शृङ्गार-रसमें तथा जागतिक शृङ्गारमें नामोंकी समताके अतिरिक्त किसी भी अंशमें, कहीं भी, कुछ भी तुलना ही नहीं है। तत्त्वतः और स्वरूपतः दोनों परस्पर सर्वथा विपरीत, भिन्न तथा विषम वस्तु हैं। लौकिक शृङ्गार होता है—काममूलक, कामकी प्रेरणासे निर्मित! इन्द्रिय-तृप्तिकी स्थूल या सूक्ष्म कामना-वासना ही उसमें प्रधान हेतु होती है।

साधारण नायक-नायिकाके शृङ्गार-रसकी तो बात ही नहीं करनी चाहिये, उच्च-से-उच्चतर पूर्णताको पहुँचा हुआ दाम्पत्य-प्रेमका शृङ्गार भी अहङ्कारमूलक सुतरां कामप्रेरित होता है; वह स्वार्थपरक होता है, उसमें निज सुखकी कामना रहती है।

इसीसे इसमें और उसमें उतना ही अन्तर है, जितना प्रकाश और अन्धकारमें होता है। यह विशुद्ध प्रेम है और वह काम है। मनुष्यके आँख न होनेपर तो वह केवल दृष्टिशक्तिसे ही हीन—अन्धा होता है, परंतु काम तो सारे विवेकको ही नष्ट कर देता है। इसीसे कहा गया है—'काम अन्धतम, प्रेम निर्मल भास्कर' काम अन्धतम है, प्रेम निर्मल सूर्य है। इस काम तथा प्रेमके भेदको भगवान् श्रीराधा-माधवकी कृपासे उनके बिरले प्रेमी भक्त वैसे ही जानते हैं, जैसे अनुभवी रत्न-व्यापारी—जौहरी काँच तथा असली हीरेको पहचानते और उनका मूल्य जानते हैं। काम या काममूलक शृङ्गार इतनी भयानक वस्तु है कि वह केवल कल्याण-साधनसे ही नहीं गिराता, सर्वनाश कर डालता है। कामकी दृष्टि रहती है अधः इन्द्रियोंकी तृप्तिकी ओर, एवं प्रेमका लक्ष्य रहता है ऊर्ध्वतम सर्वानन्दस्वरूप भगवान्‌के आनन्दविधानकी ओर। कामसे अधःपात होता है, प्रेमसे दिव्यातिदिव्य भगवद्रसका दुर्लभ आस्वादन प्राप्त होता है। कामके प्रभावसे विद्वान्‌की विद्वत्ता, बुद्धिमान्‌की बुद्धि, त्यागीका त्याग, संयमीका संयम, तपस्वीकी तपस्या, साधुकी साधुता, विरक्तका वैराग्य, धर्मात्माका धर्म और ज्ञानीका ज्ञान—बात-की-बातमें नष्ट हो जाता है। इसीसे बड़े-बड़े विद्वान् भी 'राधाप्रेम'के नामपर, उज्ज्वल शृङ्गाररसके नामपर पापाचारमें प्रवृत्त हो जाते हैं और अपनी विद्वत्ताका दुरुपयोग करके लोगोंमें पापका प्रसार करने लगते हैं।

अतएव जहाँ भी लौकिक दृष्टि है, भौतिक अङ्ग-प्रत्यङ्गोंकी स्मृति है, उनके सुख-साधनकी कल्पना है, इन्द्रिय-भोगोंमें सुखकी भावना है; वहाँ इस दिव्य शृङ्गाररसके अनुशीलनका तनिक भी अधिकार नहीं है। रति, प्रणय, स्नेह, मान, राग, अनुराग और भावके उच्च स्तरोंपर पहुँची हुई श्रीगोपाङ्गनाओंमें सर्वोच्च 'महाभाव' रूपा श्रीराधाकी काम-जगत्‌से वैसे ही सम्बन्ध-लेश-कल्पना नहीं है, जैसे सूर्यके प्रचण्ड प्रकाशमें अन्धकारकी कल्पना नहीं है। इस रहस्यतत्त्वको भलीभाँति समझकर इसी पवित्र भावसे जो इस राधा-माधवके शृङ्गारका अनुशीलन करते हैं, वे ही वास्तवमें योग्य अधिकारका उपयोग करते हैं। नहीं तो यह निश्चित समझना चाहिये कि जो लोग काममूलक वृत्तिको रखते हुए इस शृङ्गाररसके क्षेत्रमें प्रवेश करेंगे, उनकी वही दुर्दशा होगी, जो मधुरताके लोभसे हलाहल विषपान करनेवालेकी या

****

शीतलता प्राप्त करनेकी अभिलाषासे प्रचण्ड अग्निकुण्डमें उतरनेवालेकी होती है।

यह स्मरण रखना चाहिये कि योग्य अधिकारी ही इस श्रीराधारानीके दिव्य शृङ्गार-राज्यमें प्रवेश कर सकते हैं। इस दिव्य प्रेम-जगत्में प्रवेश करते ही एक ऐसे अनिर्वचनीय परम दुर्लभ विलक्षण दिव्य चिदानन्दमय रसकी उपलब्धि होती है कि उससे समस्त विषयव्यामोह तो सदाके लिये मिट ही जाता है, दुर्लभ-से-दुर्लभ दिव्य देवभोगोंके आनन्दसे ही नहीं, परम तथा चरम वाञ्छनीय ब्रह्मानन्दसे भी अरुचि हो जाती है। श्रीराधा-माधव ही उसके सर्वस्व होकर उसमें बस जाते हैं और उसको अपना स्वेच्छा-संचालित लीलायन्त्र बनाकर धन्य कर देते हैं।

ऊपर जो कुछ लिखा गया है, वह मेरी धृष्टतामात्र ही है। वास्तवमें मेरे-जैसे नगण्य जन्तुका श्रीराधाके सम्बन्धमें कुछ भी लिखने जाना अपनी अज्ञताका परिचय देनेके साथ ही श्रीराधारानीका भी एक प्रकारसे तिरस्कार करना ही है। पर इस तिरस्कारके लिये तो वे स्वयं ही दायी हैं; क्योंकि उन्हींकी अन्तःप्रेरणासे यह लिखा गया है।

——::×::——

श्रीराधा-प्रेमका स्वरूप

प्रिय महोदय, सादर प्रणाम। आपने श्रीराधाके प्रेमका स्वरूप पूछा सो इसका उत्तर मैं प्रेमशून्य जन्तु क्या दूँ, यद्यपि मैं 'राधा' पर बोलने-लिखनेका दुस्साहस सदा करता रहता हूँ। मुझे इसमें सुख मिलता है। इसीसे ऐसा करता हूँ। राधा या राधा-प्रेम-तत्त्वका विवेचन मेरी शक्तिसे परेकी चीज है। पर सदा लिखता हूँ—इसलिये आपको भी दो-चार शब्द लिख ही देता हूँ।

श्रीराधाका प्रेम अचिन्त्य और अनिर्वचनीय है। उसका वर्णन न श्रीराधा कर सकती हैं, न श्रीमाधव ही करनेमें समर्थ हैं। कहनेके लिये इतना ही कहा जाता है कि वह प्रेम परम विशुद्ध तथा परम उज्ज्वल है। स्वर्णको बार-बार अग्निमें जलानेपर जैसे उसमें मिली हुई दूसरी धातु या दूसरी चीजें जल जाती हैं और वह स्वर्ण जैसे अत्यन्त विशुद्ध और उज्ज्वल हो जाता है, वैसे ही राधाका प्रेम केवल विशुद्ध प्रेम है। पर वह स्वर्णकी भाँति जलानेपर विशुद्ध नहीं हुआ है, वह तो सहज ही, स्वरूपतः ही ऐसा है। सच्चिदानन्दमयमें दूसरी धातु आती ही कहाँसे ? यह तो साधकोंके लिये बतलाया गया है कि श्रीकृष्ण-प्रेमकी साधनामें परिपक्व व्रजरसके साधकके हृदयसे दूसरे राग और दूसरे काम सर्वथा जल जाते हैं और उनका प्रेम एकान्त परिशुद्ध हो जाता है। श्रीराधामें यह दिव्य प्रेम सहज और परमोच्च शिखरपर आरूढ़ है। इसी राधाप्रेमका दूसरा नाम अधिरूढ़ महाभाव है। इसमें केवल 'प्रियतम-सुख' ही सब कुछ है।

——::×::——

श्रीराधाका त्यागमय एकाङ्गी निर्मल भाव

पवित्रतम प्रेम-सुधामयी श्रीराधाने प्रियतम प्रेमार्णव श्रीश्यामसुन्दरके दर्शन करके सर्वसमर्पण कर दिया। अब वे आठों पहर उन्हींके प्रेम-रस-सुधा-समुद्रमें निमग्न रहने लगीं। श्यामसुन्दर मिलें-न-मिलें—इसकी तनिक भी परवा न करके वे रात-दिन अकेलेमें बैठी मन-ही-मन किसी विचित्र दिव्य भावराज्यमें विचरण किया करतीं। न किसीसे कुछ कहतीं, न कुछ चाहतीं, न कहीं जातीं-आतीं। एक दिन एक अत्यन्त प्यारी सखीने आकर बहुत ही स्नेहसे इस अज्ञात विलक्षण दशाका कारण पूछा तथा यह जानना चाहा कि वह सबसे विरक्त होकर दिन-रात क्या करती है। यह सुनकर श्रीराधाके नेत्रोंसे अश्रुबिन्दु गिरने लगे और वे बोलीं—'प्रिय सखी! हृदयकी अति गोपनीय यह मेरी महामूल्यमयी अत्यन्त प्रिय वस्तु , जिसका मूल्य मैं भी नहीं जानती, किसीको दिखलाने, बतलाने या समझानेकी वस्तु नहीं है; पर तेरे सामने सदा मेरा हृदय खुला रहा है। तू मेरी अत्यन्त अन्तरङ्गा, मेरे ही सुखके लिये सर्वस्वत्यागिनी, परम विरागमयी, मेरे रागकी मूर्तिमान् प्रतिमा है, इससे तुझे अपनी स्थिति, अपनी इच्छा, अभिलाषाका किंचित् दिग्दर्शन कराती हूँ। सुन—

'प्रिय सखी! मेरे प्रभुके श्रीचरणोंमें मैं और जो कुछ भी मेरा था, सब समर्पित हो गया। मैंने किया नहीं, हो गया। जगत्में पता नहीं किस कालसे जो मेरा डेरा लगा था, वह सारा डेरा सदाके लिये उठ गया। मेरी सारी ममता सभी प्राणी-पदार्थ-परिस्थितियोंसे हट गयी, अब तो मेरी सम्पूर्ण ममताका सम्बन्ध केवल एक प्रियतम प्रभुसे ही रह गया। जगत्में जहाँ कहीं भी, जितना भी, जो भी मेरा प्रेम, विश्वास और आत्मीयताका सम्बन्ध था, सब मिट गया। सब ओरसे मेरे सारे बन्धन खुल गये। अब तो मैं केवल उन्हींके श्रीचरणोंमें बँध गयी। उन्हींमें सारा प्रेम केन्द्रित हो गया। उन्हींका भाव रह गया। यह सारा संसार भी उन्हींमें विलीन हो गया। मेरे लिये उनके सिवा किसी प्राणी-पदार्थ-परिस्थितिकी सत्ता ही शेष नहीं रह गयी, जिससे मेरा कोई व्यवहार होता। पर सखी! मैं नहीं चाहती मेरी इस स्थितिका किसीको कुछ

भी पता लगे। और तो क्या, मेरी यह स्थिति मेरे प्राणप्रियतम प्रभुसे भी सदा अज्ञात ही रहे। प्यारी सखी! मैं सुन्दर सरस सुगन्धित सुकोमल सुमनसे (सुन्दर मनसे) सदा उनकी पूजा करती रहती हूँ, पर बहुत ही छिपाकर करती हूँ; मैं सदा इसी डरसे डरती रहती हूँ, कहीं मेरी इस पूजाका प्राणनाथको पता न चल जाय। मैं केवल यही चाहती हूँ कि मेरी पवित्र पूजा अनन्त कालतक सुरक्षित चलती रहे। मैं कहीं भी रहूँ, कैसे भी रहूँ, इस पूजाका कभी अन्त न हो और मेरी यह पूजा किसी दूसरेको—प्राण-प्रियतमको भी आनन्द देनेके उद्देश्यसे न हो, इस मेरी पूजासे सदा-सर्वदा मैं ही आनन्द-लाभ करती रहूँ। इस पूजामें ही मेरी रुचि सदा बढ़ती रहे, इसीसे नित्य ही परमानन्दकी प्राप्ति होती रहे। यह पूजा सदा बढ़ती रहे और यह बढ़ती हुई पूजा ही इस पूजाका एकमात्र पवित्र फल हो। इस पूजामें मैं नित्य-निरन्तर प्रियतमके अतिशय मनभावन पावन रूप-सौन्दर्यको देखती रहूँ। पर कभी भी वे प्रियतम मुझको और मेरी पूजाको न देख पायें। वे यदि देख पायेंगे तो उसी समय मेरा सारा मजा किरकिरा हो जायगा। फिर मेरा यह एकाङ्गी निर्मल भाव नहीं रह सकेगा। फिर तो प्रियतमसे नये-नये सुख प्राप्त करनेके लिये मनमें नये-नये चाव उत्पन्न होने लगेंगे।'

'यों कहकर राधा चुप हो गयीं, निर्निमेष नेत्रोंसे मन-ही-मन प्रियतमके रूप-सौन्दर्यको देखने लगी।

हुआ समर्पण प्रभु-चरणोंमें जो कुछ था सब, मैं, मेरा।
अग-जगसे उठ गया सदाको चिरसंचित सारा डेरा॥
मेरी सारी ममताका अब रहा सिर्फ प्रभुसे सम्बन्ध।
प्रीति, प्रतीति, सगाई सबही मिटी, खुल गये सारे बन्ध॥
प्रेम उन्हींमें, भाव उन्हींका, उनमें ही सारा संसार।
उनके सिवा, शेष कोई भी बचा न, जिससे हो व्यवहार॥
नहीं चाहती जाने कोई, मेरी इस स्थितिकी कुछ बात।
मेरे प्राणप्रियतम प्रभुसे भी यह सदा रहे अज्ञात॥

सुन्दर सुमन सरस सुरभित मृदुसे मैं नित अर्चन करती।
अति गोपन, वे जान न जायें कभी, इसी डरसे डरती॥
मेरी यह शुचि अर्चा चलती रहे सुरक्षित काल अनन्त।
रहूँ कहीं भी, कैसे भी, पर इसका कभी न आये अन्त॥
इस मेरी पूजासे पाती रहूँ नित्य मैं ही आनन्द।
बढ़े निरन्तर रुचि अर्चामें, बढ़े नित्य ही परमानन्द॥
बढ़ती अर्चा ही अर्चाका फल हो एकमात्र पावन।
नित्य निरखती रहूँ रूप मैं, उनका अतिशय मनभावन॥
वे न देख पायें पर मुझको, मेरी पूजाको न कभी।
देख पायँगे वे यदि, होगा मजा सभी किरकिरा तभी॥
रह नहिं पायेगा फिर मेरा यह एकाङ्गी निर्मल भाव।
फिर तो नये नये उपजेंगे 'प्रिय' से सुख पानेके चाव॥

——::×::——

श्रीराधाभावकी एक झाँकी

न नाकपृष्ठं न च पारमेष्ठ्यं न सार्वभौमं न रसाधिपत्यम्।
न योगसिद्धीरपुनर्भवं वा समञ्जस त्वा विरहय्य काङ्क्षे॥
अजातपक्षा इव मातरं खगाः स्तन्यं यथा वत्सतराः क्षुधार्ताः।
प्रियं प्रियेव व्युषितं विषण्णा मनोऽरविन्दाक्ष दिदृक्षते त्वाम्॥

(श्रीमद्भागवत ६।११।२५-२६)

भक्तहृदय वृत्रासुरने मरते समय श्रीभगवान्‌से प्रार्थना की—'हे सर्व-सौभाग्यनिधे! मैं आपको छोड़कर इन्द्रपद, ब्रह्माका पद, सार्वभौम—सारी पृथ्वीका एकछत्र राज्य, पातालका एकाधिपत्य, योगकी सिद्धियाँ और अपुनर्भव—मोक्ष भी नहीं चाहता। जैसे पक्षियोंके बिना पाँख उगे बच्चे अपनी माँ चिड़ियाकी बाट देखते हैं, जैसे भूखे बछड़े अपनी माँ गैयाका दूध पीनेके लिये आतुर रहते हैं और जैसे वियोगिनी प्रियतमा पत्नी अपने प्रवासी प्रियतमसे मिलनेके लिये छटपटाती रहती है,

वैसे ही कमलनयन ! मेरा मन आपके दर्शनके लिये छटपटा रहा है।'

उपर्युक्त वाक्य भगवत्प्रेमीके हृदयकी त्यागमयी अभिलाषाके स्वरूपको व्यक्त करते हैं। भगवत्प्रेमी सर्वथा निष्काम होता है। प्रेममें किसी भी स्व-सुखकी कामनाको स्थान नहीं है। प्रेमी देना जानता है, लेना जानता ही नहीं। प्रेमास्पदके सुखके लिये उसका सहज जीवन है, उसके जीवनका प्रत्येक कार्य, प्रत्येक चेष्टा, प्रत्येक विचार और प्रत्येक कल्पना है। प्रेमास्पद प्रभुको सुखी बनानेवाली सेवा ही उसके जीवनका स्वभाव है। उसको छोड़कर वह संसारके—इहलोक, परलोकके बड़े-से-बड़े भोगकी तो बात ही क्या, पाँच प्रकारकी मुक्तियाँ देनेपर भी स्वीकार नहीं करता—

सालोक्यसार्ष्टिसामीप्यसारूप्यैकत्वमप्युत ।
दीयमानं न गृह्णन्ति विना मत्सेवनं जनाः ॥

(श्रीमद्भागवत ३ । २९ । १३)

भगवान् (श्रीकपिलदेव) कहते हैं—'मेरे प्रेमी भक्त—मेरी सेवाको छोड़कर—सालोक्य (भगवान्के नित्यधाममें निवास), सार्ष्टि (भगवान्के समान ऐश्वर्य-भोग), सामीप्य (भगवान्के समीप रहना), सारूप्य (भगवान्के समान रूप प्राप्त करना) और एकत्व (भगवान्में मिल जाना—ब्रह्मस्वरूपको प्राप्त हो जाना)—ये (पाँच प्रकारकी दुर्लभ मुक्तियाँ) दिये जानेपर भी नहीं लेते।'

भगवत्प्रेमियोंकी पवित्र प्रेमाग्निमें भोग-मोक्षकी सारी कामनाएँ, संसारकी सारी आसक्तियाँ और ममताएँ सर्वथा जलकर भस्म हो जाती हैं। उनके द्वारा सर्वस्वका त्याग सहज स्वाभाविक होता है। अपने प्राणप्रियतम प्रभुको समस्त आचार अर्पण करके वे केवल नित्य-निरन्तर उनके मधुर स्मरणको ही अपना जीवन बना लेते हैं। उनका वह पवित्र प्रेम सदा बढ़ता रहता है; क्योंकि वह न कामनापूर्तिके लिये होता है न गुणजनित होता है। उसका तार कभी टूटता ही नहीं, सूक्ष्मतररूपसे नित्य-निरन्तर उसकी अनुभूति होती रहती है और वह प्रतिक्षण नित्य-नूतन मधुररूपसे बढ़ता ही रहता है। उसका न वाणीसे प्रकाश हो सकता है, न किसी चेष्टासे ही उसे दूसरेको बताया जा सकता है—

****

अनिर्वचनीयं प्रेमस्वरूपम्। (नारदभक्तिसूत्र ५१)

इस पवित्र प्रेममें इन्द्रिय-तृप्ति, वासनासिद्धि, भोग-लालसा आदिको स्थान नहीं रहता। बुद्धि, मन, प्राण, इन्द्रियाँ—सभी नित्य-निरन्तर परम प्रियतम प्रभुके साथ सम्बन्धित रहते हैं। मिलन और वियोग—दोनों ही नित्य-नवीन रसवृद्धिमें हेतु होते हैं। ऐसा प्रेमी केवल प्रेमकी ही चर्चा करता है, प्रेमकी चर्चा सुनता है, प्रेमका ही मनन करता है, प्रेममें ही संतुष्ट रहता और प्रेममें ही नित्य रमण करता है। वह लवमात्रके लिये भी किसी भगवत्प्रेमीका सङ्ग प्राप्त कर लेता है तो उसके सामने मोक्षतकको तुच्छ समझता है। श्रीमद्भागवतमें आया है—

तुलयाम लवेनापि न स्वर्गं नापुनर्भवम्।
भगवत्सङ्गिसङ्गस्य मर्त्यानां किमुताशिषः॥

(१।१८।१३)

'भगवदासक्त प्रेमी भक्तके लवमात्रके सङ्गसे स्वर्ग और अपुनर्भव—मोक्षकी भी तुलना नहीं की जा सकती, फिर मनुष्योंके तुच्छ भोगोंकी तो बात ही क्या है।'

इस परम पवित्र, भुक्ति-मुक्ति-त्यागसे विभूषित उज्ज्वलतम प्रेमकी सर्वोत्कृष्ट अभिव्यक्ति व्रजगोपियोंमें हुई। उनमें श्रीकृष्ण-सुख-लालसाके अतिरिक्त और कुछ था ही नहीं। अपनी कोई चिन्ता उन्हें कभी नहीं हुई। ये सब गोपाङ्गनाएँ श्रीराधारानीकी कायव्यूहरूपा हैं और उन्हींके सुख-सम्पादनार्थ अपना जीवन अर्पण करके प्रेमका परम पवित्र आदर्श व्यक्त कर रही हैं। इनमें श्रीराधारानीकी सखियोंमें आठ प्रधान हैं—ललिता, विशाखा, चित्रा, चम्पकलता, सुदेवी, तुङ्गविद्या, इन्दुलेखा और रङ्गदेवी। इनमें प्रत्येककी अनुगता आठ-आठ किंकरियाँ हैं तथा अनेक मञ्जरीगण हैं। ये सभी श्रीराधा-माधवकी प्रीतिसाधनामें ही नित्य संलग्न रहती हैं। इन सबकी आधाररूपा हैं श्रीराधिकाजी। प्रेमभक्तिका चरमस्वरूप श्रीराधाभाव है। इस भावका यथार्थ स्वरूप श्रीराधिकाके अतिरिक्त समस्त विश्वके दर्शनमें कहीं नहीं मिलता। श्रीराधा शङ्का, संकोच, संशय, सम्भ्रम आदिसे सर्वथा शून्य परम आत्मनिवेदनकी पराकाष्ठा हैं। रति, प्रेम, प्रणय, मान, स्नेह, राग, अनुराग और

भाव—इस प्रकार उत्तरोत्तर विकसित होता हुआ परम त्यागमय पवित्र प्रेम अन्तमें जिस स्वरूपको प्राप्त होता है, उसे 'महाभाव' कहा गया है। इस महाभावके उदय होनेपर क्षणभर भी प्रियतमका वियोग नहीं होता। श्रीराधा इसी महाभावकी प्रत्यक्ष मूर्ति हैं। वे महाभाव-स्वरूपा हैं। श्रीकृष्णकी समस्त प्रेयसीगणोंमें वे सर्वश्रेष्ठ हैं। नित्य-नव परम सौन्दर्य, नित्य-नव माधुर्य, नित्य-नव असमोर्ध्व लीलाचातुर्यकी विपुल नित्यवर्धनशील दिव्य सम्पत्तिसे समलंकृत प्रियतम श्रीश्यामसुन्दर श्रीराधाके प्रेमके आलम्बन हैं और श्रीराधा इस मधुररसकी श्रेष्ठतम आश्रय हैं। ये श्रीराधा कभी प्रियतमके संयोग-सुखका अनुभव करती हैं और कभी वियोग-वेदनाका। इनका मिलन-सुख और वियोग-व्यथा—दोनों ही अतुलनीय तथा अनुपमेय हैं। श्रीरूपगोस्वामी महोदय वियोगकी एक झाँकीका दर्शन इस प्रकार कराते हैं—

अश्रूणामतिवृष्टिभिर्द्विगुणयन्त्यर्कात्मजानिर्झरं
ज्योत्स्नीस्यन्दिविधूपलप्रतिकृतिच्छायं वपुर्बिभ्रती।
कण्ठान्तस्त्रुटदक्षराद्य पुलकैर्लब्ध्वा कदम्बाकृतिं
राधा वेणुधर प्रवातकदलीतुल्या क्वचिद् वर्तते॥

श्रीराधिकाकी एक सखी श्यामसुन्दरसे कहती है—'वेणुधर! तुम्हारे अदर्शनसे राधाकी दशा आज कैसी हो रही है! उनके नेत्रोंसे जलकी इतनी अधिक वर्षा हो रही है कि उससे यमुनाजीका जल बढ़कर दूना हो गया है। उनके शरीरसे इस प्रकार पसीना झर रहा है, जैसे चाँदनी रात्रिमें चन्द्रकान्तमणि पसीजकर रस बहाने लगती है। उनका शरीर भी चन्द्रकान्तमणिकी भाँति ही स्तब्ध (निश्चेष्ट) हो गया है और उसका वर्ण भी उसी मणिके सदृश पीला पड़ गया है। उनके कण्ठकी वाणी रुक-रुककर निकलती है तथा उसका स्वर भङ्ग हो गया है। उनका सर्वाङ्ग कदम्बके केसरकी भाँति पुलकित हो रहा है। भयंकर आँधी-पानीमें जैसे केलेका वृक्ष काँपकर भूमिपर गिर जाता है, वैसे ही उनकी अङ्गलता भूमिपर गिर पड़ी है।'

ये सब महान् भाव-तरङ्गें श्रीराधाके महाभाव-सागरको प्रकट दिखला रही है।

वस्तुतः श्रीकृष्ण, श्रीराधा, श्रीगोपाङ्गनासमूह एवं उनकी मधुरतम लीलाओंमें कोई भेद नहीं है। रस-स्वरूप श्रीश्यामसुन्दर ही अनन्त-अनन्त रसोंके रूपमें प्रकट

होकर स्वयं ही अनन्त-अनन्त रसोंका समास्वादन करते हैं। वे स्वयं ही आस्वाद्य, आस्वादक और आस्वाद बने हैं तथापि श्रीराधा-माधवका मधुरातिमधुर लीला-रस-प्रवाह अनादि-अनन्तरूपसे चलता रहता है। श्रीकृष्ण और श्रीराधाका कभी बिछोह न होनेपर भी वियोगलीला होती है; पर उस वियोगलीलामें भी संयोगकी अनुभूति होती है और संयोगमें भी वियोगका भान होता है। ये सब रस-समुद्रकी तरङ्गें हैं। प्रेमका स्वभाव श्रीराधाके अंदर पूर्णरूपमें प्रकट है, इसलिये वे अपनेमें रूप-गुणका सर्वथा अभाव मानती हैं। श्रीकृष्णको नित्य अपने सांनिध्यमें ही देखकर सोचती हैं कि मेरे मोहमें प्राणनाथ यथार्थ सुखसे वञ्चित हो रहे हैं। अच्छा हो, मुझे छोड़कर ये अन्यत्र चले जायँ तथा सुख-सम्पादन करें, पर श्रीकृष्ण कभी इनसे पृथक् नहीं होते। इस प्रकार प्रेमका प्रवाह चलता रहता है। परम त्याग, परम प्रेम और परम आनन्द—प्रेमकी इस पावन त्रिवेणीका प्रवाह अनवरत बहता ही रहता है!

एक विचित्र बात तब होती है, जब श्रीकृष्ण मथुरा पधार जाते हैं, श्रीराधा तथा समस्त गोपीमण्डल एवं सारा व्रज उनके वियोगसे अत्यन्त पीड़ित हो जाते हैं। यद्यपि श्रीश्यामसुन्दर माधुर्यरूपमें नित्य श्रीराधाके समीप ही रहते हैं, पर लोगोंकी दृष्टिमें वे चले जाते हैं। मथुरासे संदेश देकर वे श्रीउद्धवजीको व्रजमें भेजते हैं।

श्याम-सखा श्रीउद्धवजी व्रजमें आकर नन्दबाबा एवं यशोदा मैयाको सान्त्वना देते हैं, फिर गोपाङ्गना-समूहमें जाते हैं; वहाँ बड़ा ही सुन्दर प्रेमका प्रवाह बहता है और उसमें उद्धवका समस्त चित्तप्रदेश आप्लावित हो जाता है। तदनन्तर वे श्रीराधिकाजीसे एकान्तमें बात करते हैं। श्रीराधाकी बड़ी ही विचित्र स्थिति है। वे जब उद्धवजीसे श्रीश्यामसुन्दरका मथुरासे भेजा हुआ संदेश सुनती हैं, तब पहले तो चकित-सी होकर मानो संदेहमें पड़ी हुई-सी कुछ सोचती हैं। फिर कहने लगती हैं—

'उद्धव! तुम मुझको यह किसका कैसा संदेश सुना रहे हो? तुम झूठमूठ मुझे क्यों भुलावेमें डाल रहे हो? मेरे प्रियतम श्रीश्यामसुन्दर तो यहीं हैं। वे कब परदेश गये? कब मथुरा गये? वे तो सदा मेरे पास ही रहते हैं। मुझे देखे बिना एक क्षण भी उनसे नहीं रहा जाता, मुझे न पाकर वे क्षणभरमें व्याकुल हो जाते हैं, वे मुझे छोड़कर कैसे चले जाते? फिर मैं तो उन्हींके जिलाये जी रही हूँ, वे ही मेरे प्राणोंके

प्राण हैं। वे मुझे छोड़कर चले गये होते तो मेरे शरीरमें ये प्राण कैसे रह सकते?'

उद्धव! तुम मुझको किसका यह सुना रहे कैसा संदेश ?
भुला रहे क्यों मिथ्या कहकर? प्रियतम कहाँ गये परदेश ?
देखे बिना मुझे पलभर भी कभी नहीं वे रह पाते !
क्षणभरमें व्याकुल हो जाते, कैसे छोड़ चले जाते ?
मैं भी उनसे ही जीवित हूँ, वे ही हैं प्राणोंके प्राण।
छोड़ चले जाते तो कैसे तनमें रह पाते ये प्राण ?

इतनेमें ही श्रीकृष्ण खड़े दिखलायी दिये। तब श्रीराधा बोलीं'—'अरे देखो, उधर देखो, वे नन्दकिशोर कदम्बके मूलमें खड़े कैसी निर्निमेष दृष्टिसे मेरी ओर देख रहे हैं और मन्द-मन्द मुसकरा रहे हैं! देखो तो, मेरे मुखको कमल समझकर प्राणप्रियतमके नेत्र-भ्रमर मतवाले होकर मधुर रस-पान कर रहे हैं।'

देखो—वह देखो, कैसे मृदु-मृदु मुसकाते नंदकिशोर।
खड़े कदम्ब-मूल अपलक वे झाँक रहे हैं मेरी ओर॥
देखो, कैसे मत्त हो रहे, मेरे मुखको पङ्कज मान।
प्राणप्रियतमके दृग-मधुकर मधुर कर रहे हैं रसपान॥

'देखो, भौंहें चलाकर और आँखें मटकाकर वे मेरे प्राणधाम मुझसे इशारा कर रहे हैं तथा अत्यन्त आतुर होकर मुझको एकान्त कुञ्जमें बुला रहे हैं। उद्धव! तुम भौंचक-से होकर कदम्बकी ओर कैसे देख रहे हो? क्या तुम्हें श्यामसुन्दर नहीं दिखायी देते, अथवा क्या तुम उन्हें देखकर प्रेममें डूब गये हो?'

भ्रकुटि चलाकर, दृग मटकाकर मुझे कर रहे वे संकेत।
अति आतुर एकान्त कुञ्जमें बुला रहे हैं प्राणनिकेत॥
कैसे तुम भौंचक-से होकर देख रहे कदम्बकी ओर ?
क्या तुम नहीं देख पाते ? या देख हो रहे प्रेम-विभोर॥

श्रीराधिकाजी यों कह रही थीं कि उन्हें श्यामसुन्दरके दर्शन होने बंद हो गये; तब वे अकुला उठीं और बोलीं—

'हैं, यह सहसा क्या हो गया? श्यामसुन्दर कहाँ छिप गये? हाय! वे

****

आनन्दनिधान मनमोहन मुझे क्यों नहीं दिखायी दे रहे हैं? वे लीलामय क्या आज पुनः आँखमिचौनी खेलने लगे? अथवा मैंने उनको तुम्हें दिखा दिया, इससे क्या उन्हें लाज आ गयी और वे कहीं छिप गये?'

हैं, यह क्या? सहसा वे कैसे, कहाँ हो गये अन्तर्धान ?
हाय, क्यों नहीं दीख रहे मुझको मनमोहन मोदनिधान ?
आँखमिचौनी लगे खेलने क्या वे लीलामय फिर आज ?
दिखा दिया मैंने तुमको, क्या इससे उन्हें आ गयी लाज ?

'नहीं, नहीं ! तब क्या वे सचमुच ही मुझे छोड़कर चले गये? हाय ! क्या वे मुझसे मुख मोड़कर मुझे अपरिमित अभागिनी बनाकर चले गये? हाय उद्धव! तुम सच कहते हो, तुम सत्य संदेश सुनाते हो ? वे चले गये, हा ! वे मेरे लिये रोना शेष छोड़कर चले गये!'

नहीं नहीं ! तब क्या वे चले गये सचमुच ही मुझको छोड़ !
मुझे बनाकर अमित अभागिन हाय गये मुझसे मुख मोड़ !
सच कहते हो उद्धव ! तुम, हो सत्य सुनाते तुम संदेश ?
चले गये, हा ! चले गये वे, छोड़ गये रोना अवशेष ॥

'पर ऐसा कैसे होता? जो पल-पलमें मुझे अपलक नेत्रोंसे देखा करते; जो मुझे सुखमय देखनेके लिये बड़े सुखसे मान-अपमान, स्तुति-निन्दा, हानि-लाभ, सुख-दुःख—सब सहते; मेरा दुःख जिनके लिये घोर दुःख और मेरा सुख ही जिनका आत्यन्तिक सुख था, वे मुझे दुःख देकर कैसे अपने जीवन-सुखको खो देते? अतएव वे गये नहीं हैं। यहीं छिपे होंगे !'

प्रतिपल जो अपलक नयनोंसे मुझे देखते ही रहते,
सुखमय मुझे देखनेको जो सभी द्वन्द्व सुखसे सहते।
मेरा दुःख दुःख अति उनका, मेरा सुख ही अतिशय सुख।
वे कैसे मुझको दुःख देकर खो देते निज जीवन-सुख ॥

इतना कहते-कहते ही राधाका भाव बदला। उनके मुखपर हँसी छा गयी और उल्लसित होकर वे कहने लगीं—'हाँ ठीक, वे चले गये। मुझे परम सुख देनेके लिये

ही वे मथुरामें जाकर बसे हैं। मैं इसका रहस्य समझ गयी। मैं सुखी हो गयी मुझे सुख देनेवाले प्रियतमके इस कार्यको देखकर! मुझे वे सब पुरानी बातें याद आ गयीं, जो मुझमें-उनमें हुआ करती थीं। उनके जानेका कारण मैं जान गयी। वे मुझे सुखी बनानेके लिये ही गये हैं। इसीसे देखो, मैं कैसी प्रफुल्लित हो रही हूँ—मेरा अङ्ग-अङ्ग आनन्दसे किस प्रकार रोमाञ्चित हो रहा है।'

मुझे परम सुख देनेको ही गये मधुपुरीमें बस श्याम।
समझ गयी, मैं सुखी हो गयी, निरख सुखद प्रियतमका काम॥
याद आ गयी मुझको सारी मेरी-उनकी बीती बात।
जान गयी कारण, इससे हो रही, प्रफुल्लित, पुलकित-गात॥

''बताऊँ, क्या बात है ? मुझमें न तो कोई सद्गुण था, न कोई रूप-माधुरी ही। मैं दोषोंकी खान थी। पर मोहविवश होनेके कारण मनमोहन श्यामसुन्दरको मुझमें सौन्दर्य दिखलायी देता और वे मुझे अपना सर्वस्व—तन-मन-धन देकर मुझपर न्योछावर हुए रहते! वे बुद्धिमान् होकर मोहवश मुझे 'मेरी प्राणेश्वरी', 'मेरी हृदयेश्वरी' कहते-कहते कभी थकते ही नहीं। मुझे इससे बड़ी लज्जा आती, बड़ा संकोच होता। मैं बार-बार उन्हें समझाया करती—'प्रियतम ! तुम इस भ्रमको छोड़ दो।' पर मेरी बात मानना तो दूर रहा, वे तुरंत मुझे हृदयसे लगा लेते, मेरे कण्ठहार बन जाते, मैं उन्हें अपने गलेसे लिपटा हुआ पाती ! मैं गुणसे, सौन्दर्यसे रहित थी; प्रेमधनसे दरिद्र थी, कला-चतुरतासे हीन थी; मूर्खा, बहुत बोलनेवाली, झूठे ही मान-मदसे मतवाली, मन्दमति तथा मलिन स्वभावकी थी। मुझसे बहुत-बहुत अधिक सुन्दरी, सद्गुण-शीलवती, सुन्दर रूपकी भंडार अनेकों सुयोग्य सखियाँ थीं, जो प्रियतमको अत्यन्त सुख देनेमें समर्थ थीं। मैं उनके नाम बता-बताकर प्रियतमको उनसे स्नेह करनेके लिये कहती; परंतु वे कभी भूलकर भी उनकी ओर नहीं ताकते और सबसे अधिक—अधिक क्यों, वे प्रियतम सारा ही प्यार सब ओरसे, सब प्रकारसे, अनन्यरूपसे केवल मुझको ही देते। इस प्रकार प्रियतमका बढ़ा हुआ व्यामोह देखकर मुझे बड़ा संताप होता और मैं देवतासे मनाया करती कि 'हे प्रभो! आप उनके इस मोहको शीघ्र हर लें।' मेरा बड़ा सौभाग्य है कि देवताने मेरी करुण पुकार सुन ली।

मेरे प्राणनाथ मोहनका मोह आखिर मिट गया और अब वे मथुरामें अपार आनन्द प्राप्त कर रहे होंगे। मेरे प्राणाराम वे किसी नगरनिवासिनी चतुर सुन्दरीको प्राप्त करके अनुपम सुख भोग रहे होंगे। मेरा मनोरथ पूर्ण हो गया। आज मैं परम सुखवती हो गयी। आज मेरे भाग्य खुल गये, जो मुझको आनन्द-मङ्गलमय, जीवनको सजानेवाला, सुखकी खानरूप श्यामसुन्दरका यह संदेश सुननेको मिला।'

सद्गुणहीन, रूप-सुषमासे रहित, दोषकी मैं थी खान।
मोहविवश मोहनको होता मुझमें सुन्दरताका भान॥
न्यौछावर रहते मुझपर सर्वस्व स-मुद कर मुझको दान।
कहते थकते नहीं कभी 'प्राणेश्वरि!' 'हृदयेश्वरि!' मतिमान॥
'प्रियतम! छोड़ो इस भ्रमको तुम'—बार-बार मैं समझाती।
नहीं मानते, उर भरते, मैं कण्ठहार उनको पाती॥
गुण-सुन्दरता-रहित, प्रेमधन-दीन, कला-चतुराई-हीन।
मूर्खा, मुखरा, मान-मद-भरी मिथ्या, मैं मतिमन्द मलीन॥
मुझसे कहीं अधिकतर सुन्दर सद्गुण-शील-सुरूप-निधान।
सखी अनेक योग्य, प्रियतमको कर सकतीं अतिशय सुख-दान॥
प्रियतम कभी, भूलकर भी, पर नहीं ताकते उनकी ओर।
सर्वाधिक क्यों, प्यार मुझे देते अनन्य प्रियतम सब ओर॥
रहता अति संताप मुझे प्रियतमका देख बढ़ा व्यामोह।
देव मनाया करती मैं, 'प्रभु! हर लें सत्वर उनका मोह'॥

× × × ×

मेरा अति सौभाग्य, देवने सुन ली मेरी करुण पुकार।
मिटा मोह मोहनका, अब वे प्राप्त कर रहे मोद अपार॥
पाकर सुन्दर चतुरा किसी नागरीको वे प्राणाराम।
भोग रहे होंगे अनुपम सुख, पूर्ण हुआ मेरा मन-काम॥
परम सुखवती आज हुई मैं, खुले भाग्य मेरे हैं आज।
सुना श्याम-संदेश सुखाकर, मुद-मङ्गलमय, जीवन-साज॥

****

यह कहते-कहते ही पुनः भावमें परिवर्तन हो गया। वे दृढ़तापूर्वक बोलीं—"नहीं-नहीं, प्रियतमसे ऐसा काम कभी हो ही नहीं सकता। मुझसे कभी पृथक् होना उनके लिये सम्भव ही नहीं। मेरा और उनका ऐसा सुन्दर, प्रिय और अनन्य—अनोखा सम्बन्ध है, जो कभी मिट ही नहीं सकता। मुझे छोड़कर 'वे' और उनको छोड़कर 'मैं' कभी रह ही नहीं सकते। एकके बिना दूसरेका अस्तित्व ही नहीं है। वे मैं हूँ, मैं वे हैं। दोनों एक तत्त्व हैं। दोनों सब प्रकारसे एकरूप ही हैं।"

नहीं, नहीं! ऐसा हो सकता नहीं कभी प्रियतमसे काम।
मेरा-उनका अमिट अनोखा प्रिय अनन्य सम्बन्ध ललाम॥
मुझे छोड़ 'वे' उन्हें छोड़ 'मैं' रह सकते हैं नहीं कभी।
'वे मैं' 'मैं वे'—एक तत्त्व हैं—एकरूप हैं भाँति सभी॥

राधा यों कह रही थीं कि उन्हें श्यामसुन्दर सहसा दिखायी दिये। वे बोल उठीं—'अरे', अरे उद्धव ! देखो, वे सुजान फिर प्रकट हो गये हैं। कैसा मनोहर रूप है, कैसी सुन्दर प्रेमपूर्ण दृष्टि है। अधरोंपर मृदु मुसकान खेल रही है। ललित त्रिभङ्ग मूर्ति है। घुँघराले कुटिल केश हैं। सिरपर मोर-मुकुट तथा कानोंमें कमनीय कुण्डल झलमला रहे हैं। मुरलीधरने अधरोंपर मुरली धर रखी है और उससे मधुर तान छेड़ रहे हैं।'

अरे-अरे उद्धव ! देखो, वे पुनः प्रकट हो गये सुजान।
प्रेमभरी चितवन सुन्दर छायी अधरोंपर मृदु मुसकान॥
ललित त्रिभङ्ग, कुटिल कुन्तल, सिर-मोर-मुकुट, कल कुण्डल कान।
धर मुरली मुरलीधर अधरोंपर हैं छेड़ रहे मधु तान॥

यों कहकर राधा समाधिमग्न-सी एकटक देखती निस्तब्ध हो गयीं। इस प्रकार प्रेम-सुधा-समुद्र श्रीराधामें विविध विचित्र तरङ्गोंको उछलते देखकर उद्धव अत्यन्त विमुग्ध हो गये। उनके सारे अङ्ग सहसा विवश हो गये। उनको अपने शरीरकी सुधि नहीं रही। उनके हृदयमें नयी-नयी उत्पन्न हुई शुभ प्रेम-नदीमें अकस्मात् बाढ़ आ गयी। कहीं ओर-छोर न रहा। वे आनन्दमग्न होकर भूमिपर लोटने लगे और उनका सारा शरीर शुभ राधा-चरण-स्पर्श-प्राप्त व्रजधूलिसे धूसरित हो गया।

प्रेम-सुधा-सागर राधामें उठतीं विविध विचित्र तरङ्ग।
देख विमुग्ध हुए उद्धव अति, बरबस विवश हुए सब अङ्ग॥
उदित नवीन प्रेम-सरिता शुभ बढ़ी अचानक, ओर न छोर।
भू-लुण्ठित, तन धूलि-धूसरित शुचि, उद्धव आनन्दविभोर॥

× × × ×

इस प्रकार अभिन्नस्वरूपा होनेपर भी श्रीराधारानी अपनेको प्रियतम श्यामसुन्दरके सुखसे वञ्चित करके उनका सुख चाहती हैं। उनका सारा श्रीकृष्णानुराग, श्रीकृष्णसेवन श्रीकृष्णसुखके लिये ही है। वे जब यह सोचती हैं कि श्रीकृष्णको मुझसे वह सुख नहीं मिलता, जो अन्यत्र मिल सकता है तो वे देवताको मनाती हैं कि श्रीकृष्ण मुझको छोड़कर अन्यत्र सुख प्राप्त करें।

उनकी सखी गोपियाँ भी श्रीराधा-श्यामसुन्दरके सुखसम्पादनमें ही नित्य लगी रहती हैं। वे कभी श्यामसुन्दरसे मिलती भी हैं तो उनके रसास्वादनकी वृद्धिके लिये ही, स्वसुखके लिये नहीं। इसी प्रकार जिनमें नवप्रीतिभावका प्रस्फुटन हुआ है, तुलसी-मञ्जरीकी भाँति अथवा नवोद्गत पल्लवके अग्रभागके सदृश जो नवीन रसभावयुक्त हैं, वे मञ्जरीगण भी नित्य-निरन्तर श्रीश्यामा-श्याम-युगलके सुखसम्पादन अथवा प्रीतिवहनमें ही अपनेको कृतार्थ मानती हैं। उनमें तनिक भी निज सुख-भोगका न तो प्रलोभन है, न दूसरेका सुख-सौभाग्य देखकर ईर्ष्याजनित जलन है।

एक बार श्रीराधिकाजीने मणिमञ्जरीके प्रेम-भावका आदर्श देखनेके लिये एक सखीको उनके पास भेजकर उसीकी ओरसे यह कहलवाया—'सखी! श्रीललिता, विशाखा आदि श्रीराधा-माधवकी सेवामें सखीभावसे तो रहती ही हैं। कभी-कभी वे नायिकाके रूपमें भी श्यामसुन्दरके समीप पधारती हैं। तुम भी इसी प्रकार श्रीकृष्णके समीप जाकर उन्हें सुख प्रदान करो और स्वयं उनसे सुख प्राप्त करो। श्रीकृष्ण-मिलनके समान सुखकी कहीं तुलना तो दूर रही, तीनों लोकों और तीनों कालोंमें उसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती। तुम्हारा रूप-गुण, सौन्दर्य, माधुर्य, चातुर्य—सभी विलक्षण हैं; अतएव तुम इस परमानन्दसे वञ्चित क्यों रहती हो?

श्यामसुन्दरके समीप जाकर उनका प्रत्यक्ष सेवानन्द प्राप्त करो।' इस बातको सुनकर मणिमञ्जरीने उक्त सखीसे कहा—'बहिन ! कल्याणमयी श्रीराधा श्रीश्यामसुन्दरके साथ मिलकर जो सुख प्राप्त करती हैं, वही मेरे लिये मेरे अपने मिलनसे अनन्तगुना अधिक सुख है। मैं अपने लिये दूसरे किसी सुखकी कभी कल्पना ही नहीं कर सकती। तुम मुझे क्यों भुलाती हो? मुझे तो तुम भी यही वरदान दो कि मैं श्रीराधा-माधवके मिलन-सुखको ही नित्य-निरन्तर अपना परम सुख मानूँ और उसी पवित्र कार्यमें अपने जीवनका एक-एक क्षण लगाकर अनिर्वचनीय और अचिन्त्य सुख प्राप्त करती रहूँ।' यही प्रेमकी महिमा है।

इसीसे इस पवित्र सर्वत्यागमय प्रेमकी तुलनामें इन्द्रका पद, ब्रह्माका पद, सार्वभौम साम्राज्य, पातालका राज्य, योगसिद्धि एवं मोक्षपर्यन्त सभी नगण्य हैं; क्योंकि उन सभीमें 'स्व-सुख-कामना'का किसी-न-किसी अंशमें अस्तित्व है, पूर्ण त्याग नहीं है। इस पूर्ण त्यागको ही परम आदर्श माननेवाला मानव त्यागके मार्गमें अग्रसर होकर परम प्रेम और परमानन्दको प्राप्त करके धन्य होता है !

घर, पड़ोस, गाँव, देश, विश्व, विश्वात्मा और सबके मूल स्वरूप सर्वाधार, सर्वमय, सर्वातीत भगवान्के लिये जितना-जितना ही त्याग होता है, उतना-उतना ही भोगासक्ति, प्राणिपदार्थोंकी ममता, विषयकामना, मिथ्या अहंकारका नाश होकर दिव्य प्रेम प्राप्त होता है और उतना-उतना ही दिव्य मधुर अनन्त आनन्द बढ़ता है। इसीसे भक्तोंने प्रेमको पुरुषार्थ-चतुष्टयके मोक्षसे भी उच्चतम पञ्चम पुरुषार्थ बताया है।

मानवके लिये इसीसे परम कर्तव्य है—सर्वत्याग। त्यागका अनिवार्य फल है—त्यागमय अनन्यप्रेम और त्यागमय प्रेमका ही परिणाम है—विशुद्धतम दिव्य आनन्द !

——::×::——

श्रीराधाका स्वरूप

(सं॰ २०१२ वि॰ के श्रीराधाष्टमी-महोत्सवपर प्रवचन)

[दिनमें]

साधनाकी दो धाराएँ हैं—अनादिकालसे। एक धारामें 'अहम्' के परिणामकी चिन्ता है, 'अहम्'के मङ्गलकी भावना है। दूसरी धारामें 'अहम्' का सर्वथा समर्पण है। इन्हीं दोनों धाराओंके अनुसार अध्यात्मराज्यकी सारी साधनाएँ चलती हैं। इस समय विशेष विस्तारकी आवश्यकता नहीं, संक्षेपमें जिस धारामें कर्मकी और ज्ञानकी प्रधानता है, उस धारामें आत्मपरिणामकी चिन्ता है; 'अहम्'के मङ्गलकी भावना है। भगवान्ने गीताके अन्तिम उपदेशमें कहा है—

सर्वधर्मान् परित्यज्य मामेकं शरणं व्रज।
अहं त्वा सर्वपापेभ्यो मोक्षयिष्यामि मा शुचः॥

यह बड़ा सुन्दर, अत्यन्त महत्त्वपूर्ण उपदेश भगवान्का है। परंतु इस उपदेशमें 'पापनाशका प्रलोभन' है। 'तुम्हारे पापोंका नाश मैं कर दूँगा, तुम चिन्ता न करो।' पापका भय है, नहीं तो चिन्ताकी कोई आवश्यकता नहीं। साधक समझता है कि मेरे पापका नाश कैसे होगा, मेरा मङ्गल कैसे होगा। 'अहम्'के मङ्गलकी भावना है, इसमें 'अहम्'के परिणामकी चिन्ता है।

इससे आगे और बढ़ते हैं तो कहते हैं कि 'हमारा बन्धनसे छुटकारा हो जाना चाहिये, मुक्ति मिल जानी चाहिये। किसको ? जिसे बन्धन है, उसको।' मुक्तिकी चाहमें 'अहम्'की अपेक्षा है ही। बन्धनकी कल्पनामें यह सहज बात है कि 'मैं बन्धनमें हूँ, मुझे मुक्ति मिले।' यहाँ मोक्षकी इच्छा है, जिसे 'मुमुक्षा' कहते हैं। इसका अर्थ यही होता है कि उसे बन्धनकी तीव्र वेदना है और वह बन्धनसे छूट जाना चाहता है। 'मैं बन्धनमें हूँ और मैं छूट जाऊँ' यह जो बन्धनका बोध है, इसमें 'अहम्'के मङ्गलकी आकाङ्क्षा भरी है। इसीसे जहाँ कोई प्रलोभन नहीं, जहाँ ऐसी कोई भावना नहीं, इसके बादकी वह स्थिति बतलाते हैं। कुछ नयी-सी बातें मालूम होंगी, क्षमा कीजियेगा—

****

ब्रह्मभूतः प्रसन्नात्मा न शोचति न काङ्क्षति।
समः सर्वेषु भूतेषु मद्भक्तिं लभते पराम्॥

यहाँ 'पापनाशका प्रलोभन' नहीं है। यहाँ साधकके मनमें यह नहीं है कि मुझे पाप लगेगा। यहाँ तो वह 'ब्रह्मभूत' है, 'प्रसन्नात्मा' है। उसे न शोच है न आकाङ्क्षा है। स्वयमेव अपने-आप भगवान् आते हैं, भगवान्‌की भक्ति प्राप्त होती है। 'मेरी परा भक्ति प्राप्त करता है', यह दूसरे स्तरकी चीज है—**'मद्भक्तिं लभते पराम्'**। पर यहाँ भी भक्तिलाभकी आकाङ्क्षा है। जहाँ कोई आकाङ्क्षा नहीं, जहाँ कोई वासना नहीं, जहाँ 'अहम्'का सर्वथा विस्मरण—समर्पण है, जहाँ केवल प्रेमास्पदके सुखकी स्मृति है और कुछ भी नहीं—यह एक विचित्र धारा है और इस धाराका मूर्तिमान् रूप ही श्रीराधा हैं। जितनी और सखियाँ हैं, जितनी और गोपाङ्गनाएँ हैं, वे सब राधाव्यूहके अन्तर्गत आती हैं और राधा इस भावधाराकी मूर्तिमती सजीव प्रतिमा हैं। राधाका आदर्श—राधाका जीवन इसीलिये 'ब्रह्मविद्या'के लिये भी आकाङ्क्षित है। यह कथा आती है पद्मपुराणके पातालखण्डमें—ब्रह्मविद्या स्वयं तप कर रही हैं। उनको तप करते देखकर ऋषि पूछते हैं कि 'आप कौन हैं? आप क्यों इतना कठिन तप कर रही हैं?' ब्रह्मविद्याने कहा, 'मैं ब्रह्मविद्या हूँ।' ऋषियोंने पूछा, 'आपका कार्य?' ब्रह्मविद्याने कहा कि 'सारे जगत्‌को अज्ञानसे मुक्त करके ब्रह्ममें प्रतिष्ठित कर देना—यह मेरा कार्य है।' सारे जगत्‌के अज्ञान-तिमिरको सर्वदाके लिये हर लेना और ज्ञानको प्रकाशित करना—यह उनका स्वाभाविक कार्य है। ऋषियोंने पूछा—'तो फिर आप तपस्या क्यों कर रहीं हैं?' वे यह तो न कह सकीं कि 'राधाभावकी प्राप्तिके लिये।' उनकी यह कह सकनेकी भी हिम्मत न पड़ी। उन्होंने कहा—'गोपीभावकी प्राप्तिके लिये।' गोपीभाव बड़ा विलक्षण है। श्रीराधा-माधवके सुखकी सामग्री एकत्र कर देना जिनके जीवनका स्वभाव है—वे हैं गोपी। अपनी बात कहीं नहीं है, जगत्‌की स्मृति नहीं है, ब्रह्मकी परवा नहीं है, ज्ञानका प्रलोभन नहीं है। अज्ञानका तिमिर तो है ही नहीं। वहाँ केवल एक ही बात है, दूसरी चीज है ही नहीं। गोपी केवल एक ही बातको लेकर जीवित रहती है कि वह राधा-माधवको कैसे सुखी देख सके। बस! इसी गोपीभावमें इस प्रकारका प्रलोभन है, इस प्रकारका आकर्षण है

कि ब्रह्मविद्या ही नहीं, स्वयं भगवान् इस भावकी प्राप्तिके लिये, इस रसका आस्वादन करनेके लिये, इस प्रकारकी लीला करनेको बाध्य होते हैं, जिससे इस परम पुनीत, परम आदर्श प्रेम-राज्यकी कुछ थोड़ी-सी झाँकी जगको प्राप्त होती है !

तो यह श्रीराधा-भाव क्या है? भगवान्‌के स्वरूपका एक भाव है—आनन्द। यह अंश नहीं, आनन्दांश नहीं। सत् भगवान्‌का स्वरूप, चित् भगवान्‌का स्वरूप, आनन्द भगवान्‌का स्वरूप। तो भगवान्‌का जो स्वरूपानन्द है, उस स्वरूपानन्दका वैष्णव-शास्त्रोंमें नाम है—'आह्लादिनी शक्ति।' इस आह्लादिनीका जो सार है, जो सर्वस्व है, उसे कहते हैं 'प्रेम'। उस प्रेमका जो परम फल है, उसे कहते हैं 'भाव' और वह भाव जहाँ जाकर परिपूर्ण होता है, उसे कहते हैं 'महाभाव'। यह महाभाव ही 'श्रीराधा' हैं।

भावके अनेक स्तर हैं—रति, प्रेम, स्नेह, मान, प्रणय, राग, अनुराग, भाव और महाभाव—ये सभी आह्लादिनी शक्तिके ही भाव हैं। इन सारे भावोंका जहाँ पूर्णतम प्रकाश, अनन्ततम प्रकाश है—वह श्रीराधा-भाव है। अब श्रीराधा क्या हैं ? यह कोई नहीं बता सकता कि वे क्या हैं? राधा हैं——श्रीकृष्णका सुख। राधा हैं—श्रीकृष्णका आनन्द। राधा न हों तो श्रीकृष्णके आनन्दरूपकी सिद्धि ही न हो। श्रीकृष्णके आनन्दका नाम है—'राधा'। इस राधाके अनेक स्तर हैं, अनेक स्वरूप हैं, अनेक विकास हैं। इसलिये आजका यह उत्सव कोई तमाशा नहीं है, न यह किसीका जन्मोत्सव मनाया जाना ही है। यह एक बहुत ऊँचे—ऊँचे-से-ऊँचे साधनका संकेत है। इस साधनके संकेतमें जो साधनकी दृष्टिसे समवेत होते हैं, उन्हें परमोच्च साधनका लक्ष्य प्राप्त होता है। तमाशा देखनेवालोंको तमाशा दीखता है, दोष देखनेवालोंको दोष ही मिलता है !

श्रीराधा-भावमें दोषदर्शन भी है, राधा-भावमें गुणदर्शन भी है, राधा-भावमें निर्गुणकी झाँकी भी है और राधाभाव इन सबसे परेकी अचिन्त्य वस्तु भी है। जिसका जैसा भाव है, वह अपने भावके अनुसार 'राधा'के दर्शन करता है। अपने साधनकी दृष्टिसे ही वह राधाको देखता है। परमोच्च प्रेमराज्यकी आदर्श महिमा यदि कहीं प्रकट

हुई है तो वह राधा-भावमें हुई है। राधाभावका संकेत श्रीमद्भागवतमें भी है। राधाभाव नित्यभाव है। जैसे राधा नित्य हैं, वैसे ही राधाका भाव नित्य है, वैसे ही उनका रास नित्य है। इसमें किस तरहकी साधना किस प्रकारसे करनी पड़ती है, इसका संकेत शायद रातको कुछ बताया जा सकता है। इतनी समझ लेनेकी चीज है कि यह साधन-राज्यकी एक ऐसी विलक्षण धारा है, जिस धारामें किसी भी दूसरे प्रकारका इसके साथ वैसा सम्पर्क नहीं है, जो इसको प्रभावित कर सके। इसीलिये राधाभावकी साधनावाले जो लोग हैं, वे इस भावको ज्ञान-कर्मादिसंस्पर्शशून्य कहते हैं। इसमें उनके संस्पर्श-लेशका भी अभाव है। तो क्या यहाँ अज्ञान है? तो क्या इस साधनामें किसी क्रियाका सर्वथा अभाव है? न तो इसमें क्रियाका सर्वथा अभाव है, न यहाँपर ज्ञानका अभाव है तथा न यहाँपर अज्ञानकी सत्ता है। इसीलिये यह इस प्रकारका विलक्षण भाव है कि जहाँ पूर्ण ज्ञान होते हुए भी ज्ञानकी सत्ता नहीं है, जहाँ जीवनमें एक-एक क्षण, एक-एक पल प्रेमास्पदकी सेवामें रममाण रहते हुए भी क्रियाका सर्वथा अभाव है। क्षणभरके लिये भी अवकाश नहीं है—प्रेमीको। वह सोता नहीं, अलसाता नहीं, भागकर जंगलमें जाता नहीं, वह घरमें रमता नहीं, परंतु उसको अवकाश नहीं। फिर भी उसके पास कर्म-संश्रव-लेश नहीं। कर्मसंस्पर्शशून्य जीवन है उसका। उसका राधाभावमें कर्मसंस्पर्श-शून्यता है और है ज्ञान-संस्पर्श-शून्यता। जो ज्ञान अज्ञानको मिटाता है, जो ज्ञान किसीको प्रभावित करता है, जिस ज्ञानसे किसी ज्ञानकी सत्ताकी सिद्धि होती है, वह ज्ञान यहाँ नहीं है। ज्ञानकी असत्ता है—पर पूर्णतम ज्ञान है। कर्मकी असत्ता है, पर प्रेमास्पदकी सेवारूप कर्ममय जीवन है। कर्म नहीं, ज्ञान नहीं। ज्ञान-कर्मादिसंस्पर्शशून्य जो केवल प्रेमभाव है, वही महाभाव है और उसी महाभावकी मूर्तिमती प्रतिमा श्रीराधा हैं। यह राधाका एक आदर्श स्वरूप है—संक्षेपमें।

[रात्रिमें]

श्रीराधाजीके सम्बन्धमें जो कुछ कहा जाय, सब ठीक है। अपनी-अपनी आँखोंसे श्रीराधा और श्यामसुन्दरको सबने देखा और सबने भिन्न-भिन्न भावसे देखा है। श्रीकृष्णकी राधा एक हैं, शुकदेव मुनिकी राधा एक हैं, भक्तोंकी—प्रेमियोंकी

राधा एक हैं, कवियोंकी राधा एक हैं और मनमें गंदगी रखनेवालोंकी भी राधा एक हैं। इन सबका अगर मिश्रण कर लिया जाय तो राधाका स्वरूप एक विचित्र-सा बन जाता है। अपने-अपने भावसे, अपनी-अपनी आँखोंसे जिन्होंने जैसा देखा, जिनको जैसा रुचा, वैसा ही उन लोगोंने कहा और इसके लिये उनका क्षेत्र उनकी सराहना करता है। राधाके सम्बन्धमें आज दिनमें संक्षेपमें जो कुछ कहा गया था, उसका सार यह था कि दो धाराएँ हैं साधनाकी। एक धारामें 'अहम्'के परिणामकी चिन्ता है, 'अहम्'के मङ्गलकी आकाङ्क्षा है और दूसरी धारा इस प्रकारकी है कि जहाँ 'अहम्'की सर्वथा सम्पूर्णतया विस्मृति है।

जहाँ 'अहम्'की सर्वथा विस्मृति है, उसीका मूर्तिमान् रूप श्रीराधा हैं। इस साधनराज्यमें भी राधाके भिन्न-भिन्न स्वरूप हैं। राधा श्रीकृष्णकी भक्ता हैं, प्रेमिका हैं, उपासिका—आराधिका हैं और राधा श्रीकृष्णकी उपास्या—आराध्या भी हैं। श्रीकृष्ण राधाकी उपासना भी करते हैं। ये सब-की-सब बातें प्रेमराज्यके ही विभिन्न स्वरूप हैं—विभिन्न स्तर हैं, एक ही चीजको बतानेवाली हैं। परंतु विभिन्न साधकोंके लिये विभिन्न आदर्श उपस्थित करती हैं, उनको साधनका अपना-अपना मार्ग बताती हैं। इसलिये जिसकी दृष्टिमें जो मार्ग ठीक जँचता है, यदि वह भगवान्‌के प्रेमकी प्राप्तिका इच्छुक है तो उसके लिये वही मार्ग प्रशस्त है। असलमें गोपियोंने, राधाने (जहाँतक, जिस राधाको मैं देखता हूँ, उस राधाके लिये यह बात है। उस राधाने) कामसे, क्रोधसे, मोहसे, लोभसे या भयसे श्रीकृष्णको नहीं भजा; उस राधाने मुक्तिकी इच्छासे भी श्रीकृष्णकी उपासना नहीं की।

भुक्तिमुक्तिस्पृहा यावत् पिशाची हृदि वर्तते।
तावत् प्रेमसुखस्यात्र कथमभ्युदयो भवेत्॥

'जबतक भुक्ति और मुक्तिकी पिशाची इच्छा हृदयमें वर्तमान है, तबतक प्रेमसुखका अभ्युदय नहीं हो सकता, प्रेमाङ्कुरका प्रादुर्भाव सम्भव नहीं।'

जो श्रीगोपाङ्गनाएँ प्रेमराज्यकी अधिष्ठात्री देवता हैं, जिनके लिये नारदने उदाहरण देते हुए कहा—**'यथा व्रजगोपिकानाम्'** और उद्धवके ये वाक्य हैं कि—'वे व्रजमें लता-गुल्म-ओषधि बनना चाहते हैं, मुक्ति नहीं चाहते—भगवान्‌का वह

पार्षदत्व भी नहीं चाहते, जो उनका प्राप्य है, जिसके वे अधिकारी हैं। वे कहते हैं कि वृन्दावनमें कहीं मैं लता-गुल्म-ओषधि बन जाऊँ, जिससे मेरे ऊपर श्रीगोपाङ्गनाओंके चरणकी धूलि निरन्तर पड़ती रहे और मैं निहाल हो जाऊँ!' वे गोपिकाएँ कामुका नहीं, श्रीकृष्णकी प्रेमसुख-कामनाको पूर्ण करनेवाली हैं। श्रीपरीक्षित् महाराजको संदेह हो गया और उन्होंने जब नीची भूमिकापर उतरकर बात कही, तब उसके समाधानके लिये दूसरा कोई साधन नहीं था कहनेका शुकदेवजीके पास। परीक्षित्ने पूछा—'जो धर्मके लिये, धर्मकी रक्षाके लिये अवतीर्ण हुए, उन्होंने इस प्रकारका निन्दनीय कर्म कैसे किया? पूर्णकाम होकर भी उन्होंने ऐसा क्यों किया?' शुकदेवजीने जब यह देखा कि परीक्षित् गोपियोंके तथा श्यामसुन्दरके अत्यन्त पवित्रतम प्रेमको न समझकर उसे भौतिकरूपमें देख रहे हैं, तब उन्होंने परीक्षित्की दृष्टिके अनुरूप ही उनका समाधान करनेके लिये दो बातें कहीं। एक तो यह कि 'भाई! ईश्वर-कोटिके जो लोग हैं, उनके चरित्रोंका अनुकरण नहीं करना चाहिये, उनके उपदेशोंके अनुसार ही आचरण करना चाहिये। भगवान् शंकर नीलकण्ठ हो गये जहर पीकर, तुम-हम नहीं पी सकते। अग्नि, सूर्य आदि सब कुछ खा जाते हैं, हम वैसा नहीं कर सकते।' दूसरी यह कि 'भगवान् किसके आत्मा नहीं हैं? वे गोपियोंके पतियोंके भी आत्मा हैं, वे सबके साक्षी और परमपति हैं और वे स्वयं श्रीभगवान् हैं, इसलिये उनमें औपपत्य नहीं घटता।' भागवतमें यह भी है कि 'भगवान्का जिसके मनके साथ सम्पर्क हो गया, फिर वह चाहे किसी प्रकारसे भी हो—क्रोधसे हो, कामसे हो, लोभसे हो, मोहसे हो, उनका सम्पर्क हो गया, ब्रह्म-संस्पर्श हो गया तो वह सब प्रकारसे कल्याणकारी ही है।' इसका यह मतलब नहीं कि श्रीगोपाङ्गनाओंके मनमें कामवासना थी। श्रीगोपाङ्गनाओंका बड़ा ही विचित्र निष्काम प्रेमभाव है। वे श्रीकृष्णको अपने लिये नहीं चाहतीं, श्रीकृष्णके लिये ही चाहती हैं। वहाँ न भोगकी आकाङ्क्षा है न मोक्षकी! किसी भी कामना-वासनाका तो कोई सम्पर्क ही नहीं है। उनका तो इतना ऊँचा भाव है कि वे केवल यही चाहती हैं कि हमारा जीवन, हमारे जीवनका क्षण-क्षण केवल इसीमें बीते कि जिससे हमारी स्वामिनी श्रीराधा और हमारे प्राणप्रियतम श्यामसुन्दर सुखी हों। बस, इसके सिवा न

तो उन्हें भोग-मोक्ष—किसी वस्तुकी चाह है न किसीकी परवाह है। वे न मोक्ष जानती हैं न भोगको जानती हैं। वास्तवमें एक बात और भी है कि यदि गोपीकी आँखसे हम देखें तो गोपी किसीके लिये साधनका आदर्श भी नहीं है। गोपीजगत्में न साधक है और न साधना है। भगवान् श्रीकृष्णका जो गोपीजगत्का विहार है, वह कुछ अद्भुत है। वहाँ श्रीकृष्ण यदि नारायणरूपमें आते हैं तो गोपियोंका प्रेम उन्हें नहीं मिलता। एक कथा आती है—यह श्रीगोपियोंकी निकुञ्जलीलाकी है। श्रीकृष्ण एक बार कहीं जाकर छिप गये। श्रीराधा प्रतीक्षामें थीं। छिप गये तो गोपियोंने पता लगा लिया। ढूँढ़ते-ढूँढ़ते वे वहाँ जा पहुँचीं। दूरसे देखा, गोपियोंने समझा कि यहाँ श्रीकृष्ण हैं। श्रीकृष्ण समझ गये कि गोपियाँ आ गयी हैं तो वे उसी समय, उसी क्षण नारायणस्वरूप हो गये, चतुर्बाहु हो गये—चतुर्भुज बन गये। गोपियाँ आयीं, देखा श्रीनारायण हैं तो प्रणाम किया। वहाँ प्रेम-भाव नहीं आया। प्रणाम करके कहा—'भाई ! ये तो नारायण हैं और उनसे प्रार्थना भी की कि 'श्रीकृष्णमें हमारी रति हो, उनमें हमारा भाव हो !' और चल दीं वहाँसे। तो श्रीनारायणको देखकर भी जिनका प्रेम नहीं उमड़ता, श्रीनारायणके उस दिव्य परम ऐश्वर्यमय महान् सुन्दर चतुर्भुज स्वरूपको देखकर भी जिनका प्रेम ढक जाता है, छिप जाता है, अन्तर्हित-सा हो जाता है, मुरझा जाता है और वहाँसे हटना चाहता है, उन गोपियोंकी महिमा कोई क्या कहे। वे गोपियाँ वस्तुतः किसी साधन-राज्यके लिये आदर्श नहीं बन सकतीं। वे तो बिलकुल अनोखी चीज हैं। वहाँ न जगत् है, न लोक है, न लोकसंग्रह है। वस्तुतः लोकसंग्रह तो अर्जुनकी 'शरणागति'में भी नहीं है।

जहाँ भगवान् श्रीमद्भागवद्गीताके तीसरे अध्यायमें 'लोकनेता'के रूपमें प्रवचन करते हैं, वहाँ उन्होंने बताया है—'यद्यपि तीनों लोकोंमें मेरे लिये कुछ भी कर्तव्य नहीं है, ऐसी कोई भी वस्तु नहीं है जो मुझे प्राप्त न हो, तथापि मैं कर्म करता हूँ। यदि मैं सावधान होकर कर्म न करूँ तो मेरी देखा-देखी लोग सत्कर्मोंका परित्याग कर दें और वे सब-के-सब नष्ट हो जायँ तथा मैं सबके नष्ट होनेमें निमित्त बनूँ। इसलिये मुझे कर्म करना पड़ता है। तुमको भी लोकसंग्रहके लिये जनकादिकी भाँति कर्म करना चाहिये।' पर वही भगवान् जब अर्जुनसे एकान्तमें कहते हैं—

'ततो वक्ष्यामि ते हितम्'—तुम्हारे हितके लिये कहता हूँ; क्योंकि तुम मेरे परम प्रिय हो, दृढ़ इष्ट हो—**'इष्टोऽसि मे दृढमिति'** और वहाँ वे स्पष्ट शब्दोंमें कहते हैं—**'सर्वधर्मान् परित्यज्य'**।

जो स्वयं धर्म नहीं छोड़ना चाहते लोकसंग्रहके लिये, वे अपने शिष्यसे—**'शिष्यस्तेऽहं शाधि मां त्वां प्रपन्नम्'** कहनेवाले शिष्यसे कहते हैं कि 'तुम सब धर्मोंको छोड़ दो।'

यहाँ भी लोक नहीं, यहाँ भी लोकसंग्रह नहीं। फिर जहाँ श्रीगोपाङ्गनाओंका प्रेम-राज्य है, उससे भी आगे बढ़कर जहाँ श्रीराधा-माधवका निकुञ्जक्षेत्र है, वहाँ तो न लोककी कोई कल्पना है न लोकसंग्रहकी ही। वहाँ न साधन है न साध्य। वहाँ किसी वस्तुकी प्राप्तिकी कोई भी कामना नहीं। किसी वस्तुकी सत्ता नहीं; कोई बन्धन नहीं, इसीसे वहाँ मुक्तिकी कामना भी नहीं। बन्धन है तो बस—

अब तो बंध-मोक्षकी इच्छा ब्याकुल कभी न करती है।
मुखड़ा ही नित नव बंधन है, मुक्ति चरणसे झरती है॥

यह भी दूसरे लोग ही बताते हैं, गोपिकाएँ नहीं बतातीं कि 'मुक्ति श्रीकृष्णचरणोंसे झरती है।' वहाँ तो मुक्तिकी भी मुक्ति हो चुकती है। वहाँ तो **'ब्रज-रज उड़ि मस्तक चढ़ै, मुक्ति मुक्त ह्वै जाय।'** भाग्यसे व्रज-रज उड़कर मस्तकपर पड़ जाय तो मुक्तिकी भी मुक्ति हो जाय। मुक्तिको भी एक बन्धन रहता है—वह महापुरुषोंको वरण करती है, संतों-महात्माओंको वरण करती है। एक प्रसङ्ग आया है—

प्राचीन कालकी बात है, सुधन्वा-जैसा योद्धा रणभूमिमें मरने जा रहा है। पत्नीका नवयुवक पति, तरुण स्वामी मरने जा रहा है। पत्नी जान गयी है कि ये वापस नहीं लौटेंगे। उस समय पत्नी कहती है कि—'आज आपका एकपत्नीव्रत नष्ट होगा।' वहाँ उस राज्यमें नियम था कि कोई भी पुरुष दूसरा विवाह नहीं कर सकता था। श्रीकृष्णने इसपर विनोद किया अर्जुनसे कि 'भैया! हमलोग इन्हें कैसे जीतेंगे? सुधन्वाके यहाँ तो पिता-पुत्र सभी एकपत्नीव्रती हैं। राज्यमें सभी एकपत्नीव्रती हैं। किंतु तुमने कई विवाह कर लिये और मेरे तो सहस्रों स्त्रियाँ हैं। तो तुम-हम इनका कैसे मुकाबला

****

कर सकेंगे?' सुधन्वाकी पत्नीने कहा कि 'आज आपका एकपत्नीव्रत नष्ट होगा।' सुधन्वाने पूछा 'कैसे?' पत्नीने मुसकराकर कहा—''युद्धक्षेत्रमें आज आपको 'मुक्ति' देवी वरण करेगी। इस प्रकार आपका व्रत भंग हो जायगा।''

सुधन्वाने उत्तर दिया—''आज तुम्हारा भी पातिव्रत्य भङ्ग होगा। तुम आज मेरे साथ सती होकर 'मोक्ष'को वरण करोगी।'' 'मुक्ति' स्त्रीलिङ्ग है और 'मोक्ष' है पुँल्लिङ्ग। यह विनोद था। मुक्तिका भी एक बन्धन है। व्रजरज मुक्तिको भी मुक्त करनेवाली मानी गयी है, जहाँ बन्धनमें मुक्तिकी इच्छा नहीं है। श्रीकृष्णके एक राधा हैं और राधाके एक श्रीकृष्ण हैं। वहाँपर साधना नहीं है, साध्य नहीं है, कोई साधक नहीं है। वहाँ केवल राधा हैं और हैं श्रीकृष्ण। वे दोनों एक हैं और एक होकर ही दो बने हुए परस्पर रसास्वादन करनेके लिये नित्य प्रेम-लीला करते हैं, विहार करते हैं और उसीमें प्रमत्त रहते हैं। यह उनका अलग साम्राज्य है। उनकी देखा-देखी यदि कोई दूसरा आदमी, जिसके मनमें काम और क्रोधका भी त्याग नहीं है, जिसके मनमें नाना प्रकारके विकारोंका दोष भरा है, वह श्रीकृष्णलीलाका, श्रीराधाकी लीलाका अनुकरण करने चले तो वह तो जहर पीता है। इसीलिये राधाके अलग-अलग विभिन्न भाव हैं। कवियोंमें भी बड़ा अन्तर है। सूर भी कवि हैं, नन्ददासजी भी कवि हैं और दूसरे लोग भी कवि हैं; परंतु श्रीसूरदासजीकी तथा नन्ददासजीकी आँखमें और दूसरे कवियोंकी आँखमें बड़ा भारी अन्तर है।

श्रीजयदेवके गीत पढ़िये। गीतगोविन्दमें खुला शृङ्गार है। जयदेव महात्मा थे। वे जिस प्रकारके अधिकारी थे, उस प्रकारके अधिकारी शृङ्गारी कवि कौन हैं? इसीलिये जयदेवको आदर्श मानकर श्रीचैतन्य महाप्रभुने जगह-जगह उनका स्मरण किया है—जो चैतन्य इतने बड़े त्यागी थे कि स्त्रीका नामतक नहीं लेते थे। वे 'स्त्री' शब्दका उच्चारण नहीं करते थे। वे स्त्रीको 'प्रकृति' कहते थे। उस समय श्रीमहाप्रभुके साढ़े तीन भक्त माने जाते थे। उसमें आधेमें एक वृद्धा माधवीदेवी मानी जाती थीं। इस प्रकारकी परम भक्ताके पाससे उनके एक भक्त छोटे हरिदास भिक्षाके लिये चावल माँग लाये। महाप्रभुने पूछा कि 'ये चावल कहाँसे लाये?' उत्तर मिला 'माधवी मैयाके यहाँसे।' महाप्रभुने हरिदासको तुरंत निर्वासित कर दिया। कह दिया——'तुम हमारे आश्रममें मत आना।' अस्सी वर्षकी

महाभक्ता माधवीके यहाँके चावल ले आनेके कारण महाप्रभुने इतनी कठोर आज्ञा दे दी। अत्यन्त प्रेम होनेपर भी महाप्रभुने यह आज्ञा दी। भक्त हरिदासके चले जानेपर उसके वियोगमें वे रोये, दुःखी हुए। दो वर्ष बाद हरिदासने त्रिवेणीमें जाकर अपना देह-विसर्जन कर दिया। पर महाप्रभु बोले नहीं। उन्होंने कहा कि 'यह दण्ड मैंने उसे नहीं, स्वयं अपनेको दिया है। यह दण्ड मेरे संन्यास और आश्रमकी मर्यादाकी रक्षाके लिये था।' इस प्रकारके महात्यागी चैतन्य कवि जयदेवके शृङ्गारभरे पदोंको सुनकर नाच उठते थे। उनकी आँखे और थीं। पर जो श्रीकृष्णको, श्रीराधाको कामजगत्के खुले शृङ्गारमें उतारकर, गंदगीमें उतारकर अपनी गंदी वासनाकी पूर्ति करना चाहते हैं, उनकी आँखें दूसरी हैं। बोलचालमें लोग कहते हैं **'न नौ मन तेल होगा न राधा नाचेगी।'** यह बोलचालकी राधा दूसरी है। राधा क्या चीज है? चैतन्यचरितामृतमें इसका उत्तर है, बड़ा सुन्दर है—मनन करने योग्य है। वहाँ ग्रन्थकार कहते हैं—

राधा भगवान्की आह्लादिनी शक्ति हैं।

'कृष्णके आह्लादे, ताते नाम आह्लादिनी।'

श्रीकृष्णको आह्लादित करती हैं, इससे उनका नाम आह्लादिनी है और उसी शक्तिके द्वारा उस सुखका आस्वाद वे स्वयं करती हैं—श्रीकृष्णको आह्लादित करके स्वयं आह्लादित होती हैं। **'तत्सुखे सुखित्वम्।'** यह प्रेमका स्वरूप है। बड़ी सुन्दर चीज है। जहाँपर अपने सुखकी वाञ्छा है—किसीके द्वारा, भगवान्के द्वारा भी; मोक्षकी भी; वहाँ प्रेम नहीं है, काम है। **'निजेन्द्रियप्रीति इच्छा, तार नाम काम।'** कामना और प्रेममें यही अन्तर है। कामना चाहती है अपना सुख और प्रेम चाहता है प्रेमास्पदका सुख। यही भेद है। इसीलिये गोपियोंका 'काम' शब्द प्रेमका ही वाचक है—

प्रेमैव गोपरामाणां काम इत्यगमत्प्रथाम्।

गोपियोंका काम—काम नहीं था। उसका नाम काम है, पर वहाँ काम-गन्ध-लेश भी नहीं है। वह दिव्य प्रेम है।

जो आह्लादिनी शक्ति है, वह श्रीकृष्णको आह्लादित करती है और **'आह्लादनीर सार अंश प्रेम तार नाम'**। जो उसका सार अंश है, उसका नाम प्रेम है; वह प्रेम

आनन्द-चिन्मयरस है। और इस प्रेमका जो परम सार है, वह है महाभाव। इसी महाभावकी मूर्तिमती प्रतिमा, महाभावरूपा ये राधारानीजी हैं। एक मूर्तिमती प्रेम-देवी हैं। कहते हैं कि यह प्रेमका जो सार है, वही राधा बन गया है। ये श्रीकृष्णकी परमोत्कृष्ट प्रेयसी हैं। श्रीकृष्णवाञ्छा पूर्ण करना ही इनके जीवनका कार्य है। इनमें काम-क्रोध, बन्ध-मोक्ष, भुक्ति-मुक्ति—कुछ भी नहीं है। श्रीकृष्णकी इच्छाको पूर्ण करना—यही इनका स्वरूप-स्वभाव है। यह बड़ी भारी अनोखी चीज है। भगवान् इच्छारहित हैं। यह प्रेमका ही जादू है, यह गोपी-प्रेमका जादू है कि जो सर्वथा इच्छारहित हैं, वे इच्छावाले बन जाते हैं। जिनको किसी वस्तुका अभाव नहीं, वे अभावग्रस्त बन जाते हैं। वे इस रसके लिये मतवाले बन जाते हैं। ये महाभाववाली गोपी श्रीराधा हैं। ललितादि सखियाँ इनकी कायव्यूहरूपा हैं। श्रीकृष्ण-स्नेह ही इनका सुगन्धित उबटन है। कारुण्यामृत, तारुण्यामृत और लावण्यामृतकी धारासे ये स्नान करती हैं। निज लज्जा ही इनका श्याम-परिधान है। स्त्रीको लज्जा ढकनेके लिये वस्त्र चाहिये। श्यामसुन्दर ही इनके श्याम-वस्त्र हैं। कृष्णानुरागरूपी वस्त्र ही इनकी कुसूँबी—लाल ओढ़नी है। ये नील पट पहने हैं और उसपर इनकी लाल ओढ़नी फहराती है। प्रणय, मान, स्नेह इत्यादि भाव ही इनके वक्षःस्थलका आच्छादन करनेवाली इनकी कञ्चुकी हैं। सखी-प्रणय चन्दन-कुंकुम है। स्मितकान्तिरूपी कर्पूर ही अङ्ग-विलेपन है। श्रीकृष्णका मधुर-रस ही मृगमद—कस्तूरिका है। इसी मृगमदसे इनका कलेवर चित्रित है। रागरूप ताम्बूलके रागसे इनके अधर रञ्जित हैं। प्रेमकौटिल्य ही इनके नेत्र-युगलोंका कज्जल है। हर्ष आदि संचारी सूद्दीप्त सात्त्विक भाव ही इनके अङ्गोंके आभूषण हैं। हाव, भाव, लीला आदि रमणियोंके भाव ही इनके बीस गुण तथा श्रेष्ठ भाव विविध फूलोंकी मालाएँ हैं। मध्यवयः-स्थितिकी सखीके कंधेपर हाथ रखकर ये चलती हैं। श्रीकृष्णलीला-मनोवृत्ति इनकी आस-पासकी सखियाँ हैं। श्रीकृष्णके अङ्ग-स्पर्शद्वारा सेवित निजाङ्ग-सौरभालय ही इनके बैठनेका पर्यङ्क है। इसपर ये बैठी-बैठी श्रीकृष्ण-सङ्गका निरन्तर चिन्तन करती हैं, उन्हींसे आलाप करती हैं। कृष्ण-नाम ही, उनका नाम-यश-गुण ही इनका कर्णाभूषण है। श्याममधु-रसका ये श्रीकृष्णको पान कराती हैं।

अर्थात् शृङ्गार-रसका अनुभव देती हैं। इनके जीवनका उद्देश्य है—श्रीकृष्णकी सारी कामनाओंको निरन्तर पूर्ण करते रहना। इनको श्रीकृष्णके विशुद्ध प्रेम-रत्नोंकी खानि समझो। श्रीकृष्णका प्रेम चाहो तो इनके प्रेमाकरसे उसे निकालो। इस प्रकार इनका कलेवर अनुपम गुण-समूहसे परिपूर्ण है। श्रीकृष्णकी परम प्रेयसी सत्यभामाजी वाञ्छा करती हैं कि इन-जैसा सुहाग मुझे मिले। कला-विलासमें चतुर व्रजरमणियाँ भी इनसे कला-विलास सीखना चाहती हैं। और किसकी बात कहें, सौन्दर्य-माधुर्य एवं पातिव्रत्यमें लक्ष्मी और पार्वती सबसे बड़ी, सबसे उत्तम मानी गयी हैं। ये दोनों भी इनके सौन्दर्य-माधुर्यकी कामना करती हैं। जहाँ कामनाका कलङ्क है, वहाँ सौन्दर्य नहीं है। एक राधा ही ऐसी हैं, जो कामना-कलङ्क-शून्य परम सुन्दर हैं। कामनाकी कालिमाका लेश भी इनमें नहीं है। ये कामना जानतीं ही नहीं। ये तो श्रीकृष्ण-कामना-कल्पतरु हैं। ये नित्य-निरन्तर श्रीकृष्णकी कामना पूर्ण करती रहती हैं। लक्ष्मीमें कामना है, पार्वतीमें कामना है। वे अपने स्वामियोंकी सेवा चाहती हैं, पर इनमें यह कोई-सी भी कामना नहीं है। अनसूया, अरुन्धती—ये सब पातिव्रत्य-धर्म चाहती हैं। पर सच्चे पातिव्रत्य-धर्मका पालन तो श्रीराधाने ही किया।

निज तन-मन जिनके नहीं, प्रिय-तन-मन कौं धार।
प्रियमय, राधा-सी सती, अन्य कौन संसार॥

इसीलिये ये अनसूया आदि पतिव्रता-शिरोमणियाँ भी चाहती हैं कि राधाका-सा सतीत्व हमें प्राप्त हो जाय। श्रीकृष्ण जगत्की सब चीजोंको जानते हैं, वे सबका पार पा जाते हैं, उनका पार कोई नहीं पाता। पर इन राधाजीके सद्गुणोंका, इनके गुणगणोंका वे भी पार नहीं पा सकते। ये श्रीराधाजी नित्य-विहारके अतिरिक्त और कुछ नहीं करतीं। निरन्तर कृष्णानुराग-लीला ही इनका चरित्र है।

श्रीराधाका यह छोटा-सा स्वरूप है। इसमें विशेषता क्या है? इसमें कहींपर भी कोई भी लौकिकता है ही नहीं। इसमें कहींपर भी किसी भी कामनाका गन्ध-लेश भी नहीं है, स्वतन्त्र 'अहम्'का कहीं अस्तित्व ही नहीं है, इसीसे 'अहम्' के परिणाम या मङ्गल-चिन्ताकी भी कल्पना नहीं है। ये केवल श्रीकृष्णकी आनन्दमूर्ति हैं। ये

श्रीकृष्णको आनन्द देती हैं। श्रीकृष्ण ही आनन्द हैं। उनसे सर्वथा अविच्छिन्न, उनसे सर्वथा संलग्न हैं ये। इसी आनन्दके भाव, इसीकी संक्षिप्त व्याख्या करनेवाले हैं—रति, प्रेम, स्नेह, भाव, प्रणय, राग, अनुराग, भाव, फिर महाभाव। चित्तमें श्रीभगवान्‌के सिवा अन्य किसी विषयकी जरा भी चाह नहीं रहती। जब सर्वेन्द्रियके द्वारा श्रीकृष्णकी सेवामें ही निरत हुआ जाता है, तब उसे 'रति' कहते हैं। रति प्रगाढ़ होनेपर उसे 'प्रेम' कहते हैं। प्रेममें अनन्य ममता होती है। सब जगहसे सारी ममता निकलकर यह भाव हो जाय कि सर्वत्र सर्वदा और सर्वथा एकमात्र श्रीकृष्णके सिवा और कोई भी मेरा नहीं है—इसीका नाम प्रेम है। इस प्रेममें जब प्रगाढ़ता आती है, तब उसे 'स्नेह' कहते हैं। हमलोग छोटोंके प्रति होनेवाले बड़ोंके वात्सल्यभावको स्नेह कहते हैं, पर यहाँ चित्तकी द्रवताका नाम स्नेह है। जो केवल भावान्वित-चित्त होकर अपने प्रियतमके प्रेममें द्रवित रहता है, उस द्रवित-चित्तकी स्थितिका नाम स्नेह है। यह स्नेह जब प्रगाढ़ होता है, तब स्नेहकी मधुरताका विशेष रसास्वादन करनेके लिये दक्षिणभावका परित्याग होकर वामभावकी सृष्टि होती है। नकारात्मकभावमें स्नेहका माधुर्य-रस अधिक प्राप्त होता है। उस माधुर्यका आस्वादन करनेके लिये जो भाव जाग्रत् होता है, वह 'मान' कहलाता है। जगत्‌का मान तो आसुरभाव है, त्याग करने योग्य है। परंतु यह परम मधुर 'मान' बड़ा पवित्र है। इसका यथार्थ आदर्श श्रीमती राधाके प्रेममें प्राप्त होता है। इस 'मान' का भङ्ग करने अथवा इसका 'सम्मान' करनेके लिये स्वयं भगवान् श्रीश्यामसुन्दरको अपनी प्रेमाश्रु-सुधा-धारासे श्रीराधारानीके श्रीपादपद्मोंको पखारना पड़ता है और प्रेम-गद्गदकण्ठसे यह कहना पड़ता है—

राधे! 'मुञ्च मयि मानमनिदानम्।'

'स्मर गरलखण्डनं मम शिरसि मण्डनं
धेहि पदपल्लवमुदारम्।'

अदम्य वेगमयी भागीरथीका तीव्र प्रवाह कहीं तनिक-सी बाधा पाकर जैसे उद्दीप्त गर्वसे उच्छ्‌वसित हो उठता है और अन्तमें दोनों तटोंको बहाकर सुनील सागरमें सम्मिलित हो जाता है, श्रीराधाका प्रेम भी मानसे उच्छ्‌वसित होकर शेषमें कलहान्तरके पश्चात् मधुरतम श्यामसागरमें मिलकर आत्मसमर्पण कर देता है।

कितना सुन्दर, कितना मधुर है यह 'मान'! यह 'मान' जब प्रगाढ़ होता है, तब 'प्रणय' होता है। उसमें विश्रम्भ होता है, जो दो रूपोंमें अभिव्यक्त होता है—१ मैत्र, २ सख्य। विनययुक्त विश्रम्भको 'मैत्र' और भयहीन विश्रम्भको 'सख्य' कहते हैं। इन दोनोंमें—'सख्य' और 'मैत्र'में—बड़ा अन्तर है। मित्र अपमान नहीं करता अपने मित्रका, पर सख्यभावमें भगवान्‌के व्रजसखा श्रीकृष्णका पद-पदपर अपमान करते हैं। एक बार व्रजसखा कहने लगे—

न्यारी करौ हरि आपनि गैयाँ।
ना हम चाकर नंदबबा के ना तुम हमरे नाथ गुसैयाँ॥

प्रणय जब प्रगाढ़ होता है, उसका फल 'राग' होता है। इसमें अपने प्रियतमके लिये प्राप्त होनेवाले महान् दुःख भी सुखरूप भासते हैं, दीखते हैं, अनुभूत होते हैं। इसीका नाम 'राग' है; यह गंदा 'विषयानुराग' नहीं है।

एक बारकी बात है। ज्येष्ठ मास था। मध्याह्नकाल। श्रीराधाजीको पता चला कि श्रीश्यामसुन्दर गोवर्धनपर विराज रहे हैं। नंगे पैरों, जलती हुई भूमिपर वे चलीं। श्रीकृष्णसे मिलना उन्हें आकाङ्क्षित है। इसलिये कि मिलनेसे श्रीकृष्णको सुख होगा। वे अपने सुखके लिये उनसे नहीं मिलतीं। गोपियाँ शृङ्गार क्यों करती हैं ? केश क्यों रखती हैं ? वेणी क्यों बाँधती हैं ? अच्छे कपड़े क्यों पहनती हैं ? शृङ्गारके लिये नहीं? उनको इस रूपमें देखकर श्रीकृष्णको सुख होता है, इसीलिये; और कोई भी हेतु नहीं है। जीना उनके लिये, खाना-पीना उनके लिये, ओढ़ना-पहनना उनके लिये, सब कुछ उनके लिये। कभी-कभी ऐसा भी होता है कि श्रीकृष्ण यदि चाहें कि गोपियाँ हमें गाली दें, हमारा अपमान करें, तो वे वैसा ही करती हैं। क्षोभमें गाली नहीं देतीं, अपमान नहीं करतीं। क्षोभमें मनमानी गाली देना तो काम-जनित क्रोधका कार्य है। वे तो उनकी तुष्टिके लिये ही उन्हें गाली देती हैं; इससे प्रियतम श्रीकृष्णको अधिक प्रेम-रसका आस्वादन प्राप्त होता है। श्रीकृष्णको यथेच्छ प्रेम-रसका पान करानेके लिये ही वे श्रीकृष्णकी अवज्ञा करती हैं, उनका तिरस्कार करती हैं। इसमें भी उद्देश्य है, उनको सुखी करना। एक दिन निकुञ्जमें श्रीराधारानीका आदेश हो गया—'श्रीकृष्णको निकाल दो, वे हमारे यहाँ आने न पायें।' सखियोंका पहरा

****

बैठ गया। यह केवल इसीलिये कि श्रीकृष्ण ऐसा चाहते हैं। प्रियतम चाहते हैं। प्रियतमकी चाह पूरी करनेमें यदि प्रियतमकी अवज्ञा भी करनी पड़े तो वह स्वीकार है। यह 'राग' कहलाता है। इसके बाद अनुराग होता है। इसमें नित्य नव अनुरागकी अनुभूति होती है। प्रियतमकी नित्य नये-नये रूपमें अनुभूति होती है और क्षण-क्षणमें नये-नये अनुरागकी वृद्धि होती है। यह 'अनुराग' है। नया मकान, नया बगीचा, नया प्रेमी, नयी प्रेमिका, नया वस्त्र, नयी मोटर और नयी कमाईमें भी अनुराग होता है; पर उनके स्थायी हो जानेपर वह अनुराग घट जाता—मिट जाता है। वे चीजें पुरानी हो जाती हैं, आकर्षण नष्ट हो जाता है। पर यहाँ तो श्यामसुन्दर नित्य नव सुन्दर दीखते हैं। नित्य उनका सौन्दर्य बढ़ता ही जाता है, नित्य नये प्रेमके रसकी लहरें उठती हैं। कभी यह रुकता ही नहीं। जिसकी वृद्धिका कभी प्रवाह रुके नहीं—नित्य नया रस, नित्य नया प्रेम, नित्य नया आनन्द—वह यहाँ अनादिकालसे चलता रहता है। इस श्रीकृष्ण-लीला-विलासका नाम 'अनुराग' है।

यह जब प्रगाढ़ होता है, तब 'भाव' कहलाता है। यह भाव जब पूर्ण परिणतिको प्राप्त हो जाता है, तब वह 'महाभाव' कहलाता है। यह महाभाव ही राधाका स्वरूप है। यह 'महाभाव' ही गोपी-उपासनाकी पद्धति है, यही लक्ष्य है। यही गोपी-उपासनाका प्राण है, आत्मा है और इसीका आश्रय लेकर श्रीकृष्ण तृप्त रहते हैं। यह महाभाव न हो तो कुछ नहीं। गोपाङ्गनागणोंकी, श्रीकृष्णकी सत्ता इस 'महाभाव'को लेकर ही है। यह नहीं तो श्रीकृष्णकी सत्ता नहीं। परमात्मा रहें, ब्रह्म रहें, ईश्वर रहें, लोक-परलोकके सृजनकर्ता रहें, जगन्नियन्ता रहें, सब रहें, पर प्रियतम—प्रेष्ठ तो ये श्रीकृष्ण ही हैं। '**स प्रेष्ठं लभते**।' जिस प्रियतमके प्रेमके सामने कोई चीज नहीं रही, सबकी विस्मृति हो गयी—सबका विलोप हो गया—वह प्रेम, जो सब कुछ जलाकर उसके ध्वंसावशेष-पर हर्षोन्मत्त होकर नाच उठता है, उसे प्राप्त होता है। जहाँ यह प्रेम रहता है, वहाँ सबकी राख करनी पड़ती है। जो सबको जलाकर, सबको फूँककर, लोक-परलोकको ध्वंसकर, भुक्ति-मुक्तिका धूआँ उड़ाकर सबके भस्मावशेषपर नाचना चाहता है, वही इस प्रेमको प्राप्त करता है। श्रीराधाकी दया बनी रहे, हमलोग उनका प्रेमकण प्राप्त करनेके लिये उनकी ओर बढ़ें, चलें—यही परम सौभाग्यकी बात है। **हरिः ॐ तत्सत्**।

—★—

राधा-कृष्णकी अभिन्नता तथा राधाप्रेमकी विशुद्धता

(सं० २०१३ वि० के श्रीराधाष्टमी-महोत्सवपर प्रवचन)

(१) दिनमें

यस्याः कदापि वसनाञ्चलखेलनोत्थ-
धन्यातिधन्यपवनेन कृतार्थमानी।
योगीन्द्रदुर्गमगतिर्मधुसूदनोऽपि
तस्या नमोऽस्तु वृषभानुभुवो दिशेऽपि॥

श्रीकृष्ण ही ब्रह्म हैं, परमात्मा हैं, भगवान् हैं। वे सच्चिदानन्द, स्वप्रकाश और अद्वय ज्ञानस्वरूप हैं। वे सर्वमय हैं, सर्वातीत हैं। वे सर्वज्ञ, सर्वग, अनन्त, विभु हैं। वे सर्वलोकमहेश्वर, सर्वशक्तिमान् हैं। वे अनन्त शक्तियोंके परमाधार और एकाधार हैं। वे सगुण, निर्गुण, निराकार और साकार हैं। वे ब्रह्मकी प्रतिष्ठा हैं, वे ही आश्रयतत्त्व हैं। श्रीकृष्ण स्वयं भगवान् हैं—'**कृष्णस्तु भगवान् स्वयम्।**'

वे ही द्विभुज मुरलीमनोहर श्यामसुन्दर नराकृति, परब्रह्म, लीलामय, लीलापुरुषोत्तम, भुवनमोहन-श्रीविग्रह हैं। वे अचिन्त्यानन्त विरुद्ध-धर्माश्रय और अपार करुणामय हैं। वे साक्षात् मन्मथ-मन्मथ हैं। वे आनन्द-चिन्मय-रस-समुद्र, रसस्वरूप, आस्वाद्य और आस्वादक, रसिकशेखर हैं। वे अपने असमोर्ध्व नित्य परिवर्द्धनशील सौन्दर्य-माधुर्यके द्वारा विश्वविमोहन—सर्वचित्ताकर्षक हैं, सर्वचित्तहर हैं, यहाँतक कि अपने स्वरूप-सौन्दर्यको देखकर स्वयं ही मुग्ध हो जाते हैं—

विस्मापनं स्वस्य च सौभगर्द्धेः परं पदं भूषणभूषणाङ्गम्।

(श्रीमद्भा० ३।२।१२)

अपने ही इस नित्य सौन्दर्य-माधुर्य-रसका समास्वादन करनेके लिये वे स्वयं अपनी ह्लादिनी शक्तिको अथवा आनन्दस्वरूपको सदा-सर्वदा श्रीराधारूपमें अभिव्यक्त किये हुए हैं। श्रीराधारानी भगवान् श्रीकृष्णकी ही स्वरूपाशक्ति हैं। वे श्रीकृष्णकी ही अभिन्न स्वरूपा हैं। इसी प्रकार श्रीकृष्ण श्रीराधाके अभिन्न स्वरूप हैं। इनकी यह रसमधुर लीला सत्य और नित्य है। वस्तुतः लीला तथा लीलामय भी अभिन्न ही हैं। तत्त्व और लीला एक ही स्वरूपकी दो दिशाएँ हैं। तत्त्वमें जो अव्यक्त है, वही लीलामें परिस्फुट है। तत्त्वमें जो बीज है, वही लीलामें विशाल विशद वृक्ष है। दूसरे शब्दोंमें, तत्त्व लीलारूप अक्षय सरोवरका एक जलविन्दु है। लीला तत्त्वका प्रकट विग्रहरूप है, तत्त्वकी समग्रता ही लीला है। लीलाका निगूढ रहस्य ही तत्त्व

है। एक ही परम नित्यानन्द रसब्रह्म-तत्त्व नित्य अखण्ड रहकर ही आस्वाद्य और आस्वादकरूपसे दो रूपोंमें अभिव्यक्त होकर लीलायमान है—एक व्रजेन्द्रनन्दन श्रीकृष्ण और दूसरी वृषभानुदुलारी श्रीराधा। श्रीकृष्ण रसमय हैं और श्रीराधा भावमयी हैं।

रतिकी दृष्टिसे श्रीराधारानी मूर्तिमान् अधिरूढ़ महाभावरूपा या मधुरा रतिकी सजीव प्रतिमा हैं। मदीया रति यानी 'श्रीकृष्ण मेरे हैं' यह भाव ही गोपीभाव है। इसी भावकी चरम परिणति महाभावस्वरूपिणी वृषभानुनन्दिनी श्रीराधारानी हैं। मदीया रतिकी इस चरम और परम पूर्णतम परिणतिमें शक्तिमान् श्रीकृष्ण निज स्वरूपाशक्ति श्रीराधारानीके प्रति सोल्लास आत्मसमर्पण करते हैं—'**धेहि पदपल्लवमुदारम्।**' कायव्यूहा-शक्तिरूपिणी व्रजदेवियोंके सहित शक्ति और शक्तिमान्का यह नित्य मधुर लीलाविलास ही नित्य महारास है। इस मधुरातिमधुर अनन्त विचित्र महारासकी आत्मा, अखिल आनन्द-चिन्मय-रसामृतरूपिणी श्रीराधारानी हैं।

श्रीराधाभावकी साधना जगत्के कामराज्यकी वस्तु तो है ही नहीं, उसकी अत्यन्त विरोधिनी है। श्रीराधारानीके स्वरूपतत्त्वका अध्ययन और श्रीराधाभावका साधन कामके कलुषको सदाके लिये धो डालनेवाला है। इतना होनेपर भी यह शुष्क नहीं है, नीरस नहीं है, चित्तमें खिन्नता उत्पन्न करनेवाला नहीं है, निदारुण निर्वेदजनक नहीं है। यह रसमय है, आनन्दमय है, छविमय है, मधुरिमामय है और मोक्षतिरस्कारी दिव्य भगवद्भावको प्राप्त करानेवाला है । इसमें आत्यन्तिक विषय-विराग है, पर वह भी एक मधुर राग है। प्रेमी साधक इस रागके रसिक होते हैं। महात्मा गोकर्णजीने इसी ओर संकेत करते हुए—'**वैराग्यरागरसिको भव**' कहा है। कामरूप अन्धकारका प्रभाव वहींतक है, जहाँतक दिव्य गोपीभाव या राधाभावका निर्मल भास्कर उदय नहीं होता। राधाभावके परमोज्ज्वल रस-साम्राज्यमें कलङ्की कामका प्रवेश ही नहीं है। अतुलनीय सौन्दर्य-माधुर्यराशि, रोम-रोम-मधुर श्रीकृष्ण जब अपने स्वरूप-सौन्दर्यको देखकर विस्मित और विमुग्ध होते हैं, उस समय उस मुग्धतासे उनकी रक्षा करनेकी सामर्थ्य श्रीराधारानीमें ही है। इसीसे श्रीकृष्णदास कविराजने कहा है—

राधासङ्गे यदा भाति तदा मदनमोहनः ।
अन्यथा विश्वमोहेऽपि स्वयं मदनमोहितः ॥

ये श्रीराधारानी अनादि हैं, इनका प्राकट्य स्वयं भगवान्‌के प्राकट्यकी भाँति ही दिव्य रूपमें हुआ करता है। आज इन्हीं सच्चिदानन्दविग्रहा, आनन्दांशघनीभूता, आनन्द-चिन्मय-रस-प्रतिभाविता, ह्लादिनीमूर्ति वृषभानुदुलारी श्रीश्रीराधारानीका प्राकट्य-महोत्सव है। यह न कौतुक है न तमाशा है, न यह मनोरञ्जनकी वस्तु है, न यह काव्यकलाके कल्पना-काननके किसी सुगन्धित सुमनकी कल्पित छाया है। यद्यपि श्रीराधारानी सकल कलाओंकी प्रसविनी हैं, निखिल ललित कलामयी हैं, निर्मल संगीत-सौन्दर्य, कलाविलासकी जीती-जागती प्रतिमा हैं, अनन्त विश्वब्रह्माण्डके 'समष्टि मन' रूप भगवान् श्रीकृष्णके मनको मोहित तथा रञ्जित करनेवाली हैं, परम कौतुकमयी हैं, तथापि इनका यह सभी कुछ दिव्य है। श्रीराधारानीके प्रेम-राज्यमें प्रवेश करनेवाले परम भाग्यवान् लोग ही इसका अनुभव कर सकते हैं। श्रीराधारानी, उनकी कायव्यूहरूपा किन्हीं व्रजदेवी अथवा श्रीराधारानीके अभिन्नस्वरूप, उनके नित्य आराध्य और नित्य आराधक श्रीकृष्णकी कृपासे ही उसमें प्रवेश पाया जा सकता है और उनकी कृपासे ही अनुभूति भी हो सकती है।

राधारानी कौन थीं? उनके साथ श्रीकृष्णका लौकिकरूपसे क्या सम्बन्ध था, विवाह हुआ था या नहीं—इन सब बातोंपर बहुत आलोचना हो चुकी है और इस विचारमें कोई लाभ भी नहीं है।

आज इस प्राकट्य-महोत्सवके दिन हम सब श्रीवृषभानुदुलारी कीर्तिदाकुमारीके पावन चरणोंमें श्रद्धा-भक्तिपूर्वक अनन्त प्रणिपात करके उनसे उनके पवित्र प्रेमकी भिक्षा माँगते हैं।

बोलो श्रीवृषभानुदुलारी श्रीकीर्तिदाकुमारीकी जय !

(२) रात्रिमें

यो ब्रह्मरुद्रशुकनारदभीष्ममुख्यै-
रालक्षितो न सहसा पुरुषस्य तस्य ।

****

सद्योवशीकरणचूर्णमनन्तशक्तिं
तं राधिकाचरणरेणुमनुस्मरामि ॥

समस्त संसारके प्राणी भोग-सुखकी कामना करते हैं। सभीके मन सदा भोग-लालसासे भरे रहते हैं। मनुष्य दिन-रात इसी चिन्तानलमें जलते रहते हैं कि उनकी भोग-लालसा पूरी हो। इस भोग-कामको लेकर ही जगत्के प्राणी निरन्तर दुःखसागरमें डूबते-उतराते रहते हैं। यह भोग-काम मनुष्यके ज्ञानको ढके रखता है। मनुष्य भूलसे भोग-कामको ही प्रेम मान लेते हैं और कामके कलुषित गरल-कुण्डमें निमग्न रहकर प्रेमके पवित्र नामको कलङ्कित करते हैं। वस्तुतः काम और प्रेममें महान् अन्तर है। जैसे काँच और हीरा देखनेमें एक-से दिखायी देते हैं, पर दोनोंमें महान् भेद होता है—अनुभवी जौहरी ही असली हीरेको और उसके मूल्यको पहचानते-जानते हैं, उसी प्रकार प्रेमकी पहचान भी किन्हीं बिरले भोग-काम-लेश-शून्य प्रेमी महानुभावोंको ही होती है। काम अन्धतम है, प्रेम निर्मल भास्कर है। अंधा मनुष्य अपनेको ही जानता है, दूसरेको नहीं; परंतु कामान्ध मनुष्य तो अपना हित भी नहीं देखता। इसीसे कामको 'अन्धतम' कहा गया है। कामका उदय होनेपर विद्वान्की विद्वत्ता, त्यागीका त्याग, तपस्वीकी तपस्या, साधुकी साधुता और वैरागीका वैराग्य—सभी हवा हो जाते हैं। कामान्ध मनुष्य अपना कल्याण ही नहीं नष्ट करता, सर्वनाश कर डालता है। कामकी दृष्टि रहती है अधः इन्द्रियोंको तृप्त करनेमें और प्रेमका लक्ष्य रहता है ऊर्ध्वतम भगवान्के आनन्द-विधानकी ओर। कामसे आत्माका अधःपात होता है और प्रेमसे दिव्य भगवदानन्दका दुर्लभ आस्वादन मिलता है। अतएव काम तथा प्रेम परस्पर अत्यन्त विरुद्ध हैं। 'काम' और 'प्रेम'का भेद बतलाते हुए श्रीचैतन्यचरितामृतमें कहा गया है—

कामेर तात्पर्य निज संभोग केवल,
कृष्णसुख-तात्पर्य प्रेम तो प्रबल।
लोकधर्म, वेदधर्म, देहधर्म, कर्म,
लज्जा, धैर्य, देहसुख, आत्मसुख मर्म ॥
सर्वत्याग करये, करे कृष्णेर भजन,
कृष्णसुख हेतु करे प्रेमेर सेवन।

अतएव कामे प्रेमे बहुत अन्तर—
काम अन्धतम प्रेम निर्मल भास्कर॥

मनुष्यकी कामना जब शरीरमें केन्द्रित होती है, तब उसका नाम होता है 'काम' और जब श्रीकृष्णमें केन्द्रित होती है, तब वही 'प्रेम' बन जाती है।

यह निजेन्द्रिय-तृप्तिकी इच्छा, भोग-सुख-कामना जिसकी जितनी कम है, वह उतना ही महान् है। जो निज-भोग-सुखको सर्वथा भूलकर सर्वथा पर-सुखपरायण हो जाते हैं, वे सच्चे महापुरुष हैं; और जिनका आत्मसुख सदा-सर्वदा सर्वथा श्रीकृष्णसुखमें परिणत हो जाता है, वे तो महापुरुषोंके द्वारा भी परम वन्दनीय हैं। उनकी तुलना जगत्में कहीं किसीसे होती ही नहीं। श्रीगोपाङ्गनाएँ ऐसी ही कृष्णसुख-प्राणा और सहज कृष्ण-सुख-स्वभावा थीं। वे ही सच्ची प्रेमिकाएँ थीं। इसीसे वे वेदधर्म, देहधर्म, लोकधर्म, लज्जा, धैर्य, देहसुख, आत्मसुख, स्वजन एवं आर्यपथ—यों 'सर्वत्याग' करके सदा श्रीकृष्णका सहज भजन करती थीं। जबतक मनमें जरा भी लोक-परलोक, भोग-मोक्ष आदिकी कामना रहती है, तबतक 'सर्वत्याग' हो ही नहीं सकता। श्रीकृष्णसुखके लिये सर्वत्याग—यही गोपीकी विशेषता है। निजसुखके लिये लोग बहुत कुछ त्याग करते हैं, परंतु केवल कृष्णसुखके लिये 'सर्वत्याग' करना केवल गोपीमें ही सम्भव है। वस्तुतः यह 'कृष्णसुख' गोपीप्रेमका स्वरूप-लक्षण है और 'सर्वत्याग' तटस्थ लक्षण है।

निज-सुख-कामनाको प्रीतिरसकी 'उपाधि' कहा गया है। गोपीप्रेममें यह उपाधि नहीं है, इसीसे गोपीप्रेमको 'निरुपाधि' प्रेम कहते हैं।

प्रश्न हो सकता है—तो क्या श्रीकृष्णके दर्शनकी भी गोपीजनोंको इच्छा नहीं है? और क्या उनका दर्शन प्राप्त करके भी वे सुखी नहीं होतीं? इसका उत्तर यह है कि निश्चय ही श्रीगोपाङ्गनाएँ श्रीकृष्णदर्शनके लिये नित्य-नित्य समुत्सुका रहती हैं और निश्चय ही श्रीकृष्णके दर्शनसे उन्हें परम सुखकी अनुभूति होती है। इतना अधिक सुख उन्हें होता है कि उससे उनके मुखमण्डलपर, उनके अङ्ग-प्रत्यङ्गमें, उनके रोम-रोममें प्रफुल्लताकी बाढ़ आ जाती है। पर यह सब इसी कारण होता है कि इससे प्रियतम श्रीकृष्णको अपार सुख मिलता है, उनका हृदय एक अभिनव महान् उल्लाससे भर जाता है। मुझे देखकर श्रीकृष्णको कितना महान् सुख प्राप्त हो रहा है—इस

अनुभूतिसे प्रत्येक गोपीका सुख-समुद्र उमड़ उठता है और उससे उसके प्रत्येक अङ्गकी और मुखकी कान्ति और भी समुज्ज्वल, सुमधुर हो जाती है। गोपीकी इस परम मधुर आनन्दज्योतिप्रसरित मुखश्रीपर श्यामसुन्दरके नेत्र निर्निमेष होकर गड़ जाते हैं और उनके अन्तरके सुख-समुद्रमें विपुल रूपमें आनन्दकी तरङ्गें लहराने लगती हैं। श्रीकृष्णका यह परम सुख गोपियोंको पुनः-पुनः श्रीकृष्णके सुख-दर्शनके लिये प्रेरित करता है। '**श्रीकृष्णसुखत्वे गोपीसुखत्वं तत्सुखत्वेन पुनः श्रीकृष्णसुखत्वम्।**' वस्तुतः श्रीकृष्णसुख ही गोपीका सुख है, स्वतन्त्र सुखानुसंधानकी उसमें कल्पना भी नहीं है। श्रीकृष्ण-आस्वादनजनित सुख भी उसको स्वतन्त्ररूपसे नहीं होता; श्रीकृष्ण-सुख परतन्त्र ही होता है।

गोपीका वस्त्राभूषण धारण करना, शृङ्गार करना, खाना-पीना, जीवन धारण करना—सभी सहज ही श्रीकृष्णसुखके लिये हैं। श्रीकृष्णने स्वयं कहा है—

निजाङ्गमपि या गोप्यो ममेति समुपासते।
ताभ्यः परं न मे पार्थ निगूढप्रेमभाजनम्॥

'अर्जुन! गोपियाँ अपने अङ्गोंकी रक्षा या देखभाल भी इसीलिये करती हैं कि उनसे मेरी सेवा होती है। गोपियोंको छोड़कर मेरा निगूढ़ प्रेमपात्र और कोई नहीं है।'

गोपी अपने देहकी रक्षा, सार-सँभाल तथा शृङ्गार-सज्जा करती हैं—यह सत्य है। अवश्य ही यह साधन-राज्यमें एक नयी बात है। सभी साधन-क्षेत्रोंमें शरीरकी इतनी देख-भाल साधनमें बाधक मानी जाती है। सभी देहको तुच्छ समझकर देहकी सेवा छोड़ देनेकी सम्मति देते हैं। यह अनोखी प्रणाली तो गोपी-भजनकी ही है, जिसमें देहकी सेवा भी भजनमें सहायक होती है। पुजारी प्रतिदिन पूजाके प्रत्येक पात्रको माँजकर उज्ज्वल करता है और सजाता है। गोपियोंका यह विश्वास तथा अनुभव है कि श्रीकृष्णकी सेवामें जिन-जिन उपचारोंकी आवश्यकता है, उनमें उनका शरीर भी एक आवश्यक उपचार है; इसलिये वे शरीररूप इस पात्रको नित्य उज्ज्वल करके श्रीकृष्ण-पूजाके लिये सुसज्जित करती हैं। पूजाका उपचार वस्तुतः पुजारीकी सम्पत्ति नहीं होती, वह तो भगवान्‌की ही सम्पत्ति है। पुजारी तो उसकी देख-रेख, सँभाल-सजावट करनेवाला है। इसी प्रकार गोपियोंके शरीर श्रीकृष्णकी सम्पत्ति हैं,

****

गोपियोंके ऊपर तो उनके यथायोग्य यत्नपूर्वक सँभाल करनेका भार है। गोपियोंके तन-मन—सभीके स्वामी श्रीकृष्ण हैं। शरीरको धो-पोंछकर वस्त्राभूषणोंसे सजानेपर उसे देखकर श्रीकृष्ण सुखी होंगे, इस कृष्ण-सुख-कामनाको लेकर ही ये प्रातःस्मरणीया व्रजदेवियाँ श्रीकृष्णके सेवोपचारके रूपमें अपने शरीरोंकी सावधानीके साथ सेवा करती हैं। यह शरीर-सेवा श्रीकृष्णसेवाके लिये ही है। अतः यह भी परम साधन है, प्रेमका एक लक्षण है।

अपने पृथक् सुखसे तो गोपियोंकी सहज ही विरक्ति है। एक दिन एक गोपी श्रीकृष्णकी सेवामें लगी थी, इससे उसे बड़ा आनन्द मिला और उस आनन्दके कारण उसमें प्रेमके विकार—अश्रुपात, कम्प, जडता आदि उत्पन्न हो गये। इस प्रेमानन्दसे क्षणकालके लिये सेवानन्दमें बाधा आ गयी। बस, गोपीको बड़ा क्रोध आ गया। आनन्दपर क्रोध ! यहाँ यह क्रोध वस्तुतः उस सेवानन्दजनित प्रेमानन्दपर नहीं है, यह आनन्दजनित विकारपर है; क्योंकि इस प्रेमविकारने सेवानन्दमें बाधा उपस्थित कर दी।

गोविन्दप्रेक्षणाक्षेपिबाष्पपूराभिवर्षणम् ।
उच्चैरनिन्ददानन्दमरविन्दविलोचना ॥

'कमलनयना गोपीने आँसू बरसानेवाले प्रेमानन्दकी उच्चस्वरसे निन्दा की।' गोपीगीतमें श्रीगोपियाँ गाती हैं—

यत् ते सुजातचरणाम्बुरुहं स्तनेषु
भीताः शनैः प्रिय दधीमहि कर्कशेषु।
तेनाटवीमटसि तद् व्यथते न किंस्वित्
कूर्पादिभिर्भ्रमति धीर्भवदायुषां नः ॥

'तुम्हारे चरण कमलसे भी अधिक कोमल हैं, उन्हें हम अपने कठोर उरोजोंपर बहुत डरते-डरते धीरेसे रखती हैं कि कहीं उन्हें चोट न लग जाय। उन्हीं चरणोंसे तुम रात्रिके समय घोर वनमें भटक रहे हो। कंकड़-पत्थर आदिके आघातसे उनमें क्या पीड़ा नहीं होती? हमें तो इसकी सम्भावनामात्रसे ही चक्कर आ रहा है। श्रीकृष्ण ! हमारे श्यामसुन्दर ! प्राणप्रियतम ! हमारा जीवन तुम्हारे लिये है, हम तुम्हारे लिये ही

जी रही हैं, हम तुम्हारी ही हैं।'

इस श्लोकमें आये हुए शब्दोंपर गहराईसे ध्यान देनेपर तीन बातें स्पष्ट होती हैं—

१. गोपियाँ अपनी विरह-व्यथासे जितनी व्यथित हैं, उससे कहीं बहुत अधिक पीड़ा उनको इस विचारसे हो रही है कि हमारे वक्षोजसे प्रियतमके कोमल चरणतलको चोट लगेगी।

२. गोपियाँ अपने वक्षःस्थलपर श्रीकृष्णका चरणस्पर्श प्राप्त करके महान् सुखको प्राप्त होती हैं, परंतु उस सुखमें प्रियतमके सुखको नहीं भूल जातीं; गोपियोंको अपने सुखका विरोधी भय लगा रहता है, इसीसे वे डरती-डरती श्यामसुन्दरके चरणोंको धीरे-धीरे हृदयपर धारण करती हैं।

३. गोपियोंके हृदयोंपर चरण रखनेसे श्रीकृष्णको भी सुख ही होता है, पर उस सुखमें भी गोपियोंको यह शङ्का हो जाती है कि कहीं कोमल चरणकमलोंको चोट न लग जाय।

गोपियोंमें इसीलिये सहज ही निजसुखका अनुसंधान नहीं है। उनके शरीर, मन, वचनकी सारी चेष्टाएँ और संकल्प श्रीकृष्णसुखके लिये ही होते हैं; इसीसे उनका 'सर्वत्याग' स्वाभाविक है। गोपियोंमें 'सर्वत्याग'की भी विचार-बुद्धि नहीं है। हमारे सर्वत्यागसे श्रीकृष्ण सुखी होंगे—इस प्रकारके विचारसे वे सर्वत्याग नहीं करतीं। उनमें श्रीकृष्णसुखकामनाकी कर्त्तव्य-बुद्धि भी नहीं है। श्रीकृष्णके प्रति सहज अनुराग ही यह सर्वत्याग कराता है; यह तो गोपियोंका सहज स्वभाव है, उनका स्वरूपभूत लक्षण है। उनकी प्रत्येक क्रिया सहज ही श्रीकृष्णसुखके लिये होती है।

भगवान् श्रीकृष्ण स्वयं कहते हैं—

एवं मदर्थोज्झितलोकवेद-
स्वानां हि वो मय्यनुवृत्तयेऽबलाः।
मया परोक्षं भजता तिरोहितं
मासूयितुं मार्हथ तत् प्रियं प्रियाः॥

(श्रीमद्भा० १०।३२।२१)

****

'गोपियो ! इसमें संदेह नहीं कि तुमलोगोंने 'मदर्थ—मेरे लिये' लोकमर्यादा, वेदमार्ग और अपने स्वजनोंका भी त्याग कर दिया है। ऐसी स्थितिमें तुम्हारी मनोवृत्ति और कहीं न चली जाय, मुझमें ही लगी रहे, इसीलिये परोक्षमें तुमलोगोंसे प्रेम करता हुआ ही मैं यहीं छिप गया था।'

भगवान्ने उद्धवजीसे कहा है—

ता मन्मनस्का मत्प्राणा मदर्थे त्यक्तदैहिकाः ॥

'मेरा मन ही गोपियोंका मन है, मेरे ही प्राणोंसे वे अनुप्राणित हैं और मदर्थ—मेरे लिये उन्होंने देहके सारे लौकिक कार्य त्याग दिये हैं।'

इसी प्रकार गोपियोंको अपने दुःखका भी अनुसंधान नहीं है। उनका महान् दुःख भी यदि श्रीकृष्णके सुखका साधन है तो वह उनके लिये ब्रह्मानन्दसे भी बढ़कर सुखरूप है। श्रीकृष्ण थोड़ी ही दूरपर मथुरामें रहे, पर उनकी इच्छाके प्रतिकूल गोपियोंके मनमें कभी मथुरा जाकर श्रीकृष्णसे मिलनेकी कल्पना भी नहीं आयी। असह्य दुःखमें भी श्रीकृष्ण-सुखकी कामना वे कैसे करती हैं—इसका एक उदाहरण देखिये। व्रजसे मथुरा जाते समय श्रीराधाने हँसकर उद्धवसे कहा—

स्यान्नः सौख्यं यदपि बलवद् गोष्ठमाप्ते मुकुन्दे
यद्यल्पापि क्षतिरुदयते तस्य मागात् कदापि।
अप्राप्तेऽस्मिन् यदपि नगरादार्तिरुग्रा भवेन्नः
सौख्यं तस्य स्फुरति हृदि चेत्तत्र वासं करोतु ॥

'उद्धव ! यद्यपि श्रीकृष्णके गोष्ठमें पधारनेसे हमें बड़ा सुख होता, तथापि यदि इसमें उनकी जरा भी क्षति हो तो वे कभी न पधारें। दूसरी ओर, उनके मथुरा नगरीसे यहाँ न आनेसे यद्यपि हमें बड़ी भारी पीड़ा होती है, फिर भी यदि इससे उनके चित्तमें सुखका उदय होता हो तो वे सदा वहीं निवास करें।'

इससे सिद्ध है कि गोपीमें निज-सुख-कामका सर्वथा सहज ही अभाव है। श्रीकृष्ण-सुख ही उनका सर्वस्व है, स्वभाव है, जीवन है।

इसीसे श्रीकृष्ण गोपियोंके नित्य ऋणी हैं। भगवान् श्रीकृष्णने अपना यह सिद्धान्त घोषित किया है—**'ये यथा मां प्रपद्यन्ते तांस्तथैव भजाम्यहम्।'** (जो मुझको

जैसे भजते हैं, उन्हें मैं वैसे ही भजता हूँ।) इसका यह तात्पर्य समझा जाता है कि भक्त जिस प्रकारसे तथा जिस परिमाणके फलको दृष्टिमें रखकर भजन करता है, भगवान् उसको उसी प्रकार तथा उसी परिमाणमें फल देकर उसका भजन करते हैं—सकाम, निष्काम (मुक्तिकाम), शान्त, दास्य, वात्सल्य, सख्य आदिकी जिस प्रकारकी कामना-भावना भक्तकी होती है, भगवान् उसे वही वस्तु प्रदान करते हैं; परंतु यहाँ गोपियोंके सम्बन्धमें भगवान्‌के इस सिद्धान्त-वाक्यकी रक्षा नहीं हो सकी। इसके प्रधान कारण तीन हैं—१. गोपीके कोई भी कामना नहीं है, अतएव श्रीकृष्ण उसे क्या दें। २. गोपीके कामना है केवल श्रीकृष्ण-सुखकी, श्रीकृष्ण इस कामनाकी पूर्ति करने जाते हैं तो उनको स्वयं अधिक सुखी होना पड़ता है। अतः इस दानसे ऋण और भी बढ़ता है। ३. जहाँ गोपियोंने सर्वत्याग करके केवल श्रीकृष्णके प्रति ही अपनेको समर्पित कर दिया है, वहाँ श्रीकृष्णका अपना चित्त बहुत जगह बहुत-से प्रेमियोंके प्रति प्रेमयुक्त है। अतएव गोपीप्रेम अनन्य और अखण्ड है, कृष्णप्रेम विभक्त और खण्डित है। इसीसे गोपीके भजनका बदला उसी रूपमें श्रीकृष्ण उसे नहीं दे सकते और इसीसे अपनी असमर्थता प्रकट करते हुए वे कहते हैं—

न पारयेऽहं निरवद्यसंयुजां स्वसाधुकृत्यं विबुधायुषापि वः।
या माभजन् दुर्जरगेहशृङ्खलाः संवृश्च्य तद् वः प्रतियातु साधुना॥

(श्रीमद्भा० १०। ३२। २२)

'गोपियो! तुमने मेरे लिये घरकी उन बेड़ियोंको तोड़ डाला है, जिन्हें बड़े-बड़े योगी-यति भी नहीं तोड़ पाते। मुझसे तुम्हारा यह मिलन, यह आत्मिक संयोग सर्वथा निर्मल और सर्वथा निर्दोष है। यदि मैं अमर शरीरसे, अमर जीवनसे अनन्त कालतक तुम्हारे प्रेम, सेवा और त्यागका बदला चुकाना चाहूँ तो भी नहीं चुका सकता। मैं सदा तुम्हारा ऋणी हूँ। तुम अपने सौम्य स्वभावसे ही, प्रेमसे ही मुझे उऋण कर सकती हो। परंतु मैं तो तुम्हारा ऋणी ही हूँ।'

प्रेममार्गी भक्तको चाहिये कि वह अपनी समझसे तन, मन, वचनसे होनेवाली प्रत्येक चेष्टाको श्रीकृष्णसुखके लिये ही करे। जब-जब मनके प्रतिकूल स्थिति प्राप्त हो, तब-तब उसे श्रीकृष्णकी सुखेच्छाजनित स्थिति समझकर परम सुखका अनुभव

करे। यों करते-करते जब प्रेमी भक्तका केवल श्रीकृष्णसुख-काम अनन्यतापर पहुँच जाता है, तब श्रीकृष्णके मनकी बात भी उसे मालूम होने लगती है। गोपियोंके 'श्रीकृष्णानुकूल जीवन' में यह प्रत्यक्ष है। उनके जीवनको श्रीकृष्ण अपना सब कुछ बना लेते हैं। श्रीकृष्ण स्वयं कहते हैं—

सहाया गुरवः शिष्या भुजिष्या बान्धवाः स्त्रियः।
सत्यं वदामि ते पार्थ गोप्यः किं मे भवन्ति न॥
मन्माहात्म्यं मत्सपर्यां मच्छ्रद्धां मन्मनोगतम्।
जानन्ति गोपिकाः पार्थ नान्ये जानन्ति तत्त्वतः॥

'गोपियाँ मेरी सहायिका, गुरु, शिष्या, भोग्या, बान्धव, स्त्री हैं। अर्जुन! मैं तुमसे सत्य ही कहता हूँ कि गोपियाँ मेरी क्या नहीं हैं अर्थात् सब कुछ हैं। अर्जुन! मेरी महिमाको, मेरी सेवाको, मेरी श्रद्धाको और मेरे मनके भीतरी भावोंको गोपियाँ ही जानती हैं, दूसरा कोई नहीं जानता।'

श्रीकृष्णसुखजीवना, श्रीकृष्णप्राणा, श्रीकृष्णपरिनिष्ठित-मति गोपियोंके सम्बन्धमें श्रीचैतन्यचरितामृतमें कहा गया है—

निजेन्द्रिय-सुख हेतु कामे तात्पर्य। कृष्णसुखेर तात्पर्य गोपीभाव वर्य॥
निजेन्द्रिय-सुख-वाञ्छा नहे गोपीकार। कृष्ण-सुख हेतु करे संगम-विहार॥
आत्मसुख-दुःख गोपी ना करे विचार। कृष्ण-सुख हेतु करे सब व्यवहार॥
कृष्ण बिना आर सब करि परित्याग। कृष्ण-सुख हेतु करे शुद्ध अनुराग॥

यह गोपीस्वरूपकी एक छोटी-सी झाँकीकी छायामात्र है। इन गोपियोंमें सर्वशिरोमणि हैं वृषभानुदुलारी श्रीराधाजी। गोपियाँ श्रीराधाकी कायव्यूहरूपा हैं। गोपियोंका परम आदर्श और परम सेव्य श्रीराधामें ही निहित है। श्रीराधारूपी दर्पणमें ही श्रीकृष्णका पूर्ण दर्शन प्राप्त होता है और वह दर्शन भी श्रीकृष्णको ही होता है। दर्पणका दृष्टान्त भी एकदेशीय ही है; क्योंकि दर्पण केवल प्रतिबिम्बको—छायाको ग्रहण करता है, परंतु प्रेमीका प्रेमभरा हृदय तो बिम्बको—मूल वस्तुको ही ग्रहण करता है। प्रेमीके हृदयमें परम प्रियतम श्रीकृष्णके रूपकी छाया नहीं पड़ती, वहाँ तो वे स्वयं सदा सुखपूर्वक निवास करते हैं। वाल्मीकिजीने स्थान-निर्देश करते हुए

भगवान् श्रीरामको उनके नित्य निवासके लिये निज घर बतलाया था—

जाहि न चाहिअ कबहुँ कछु तुम्ह सन सहज सनेहु।
बसहु निरंतर तासु मन सो राउर निज गेहु॥

प्रेमका स्वरूप बतलाते हुए कहते हैं—

सर्वथा ध्वंसरहितं सत्यपि ध्वंसकारणे।
यद् भावबन्धनं यूनोः स प्रेमा परिकीर्तितः॥

ध्वसंका कारण समुपस्थित होनेपर भी जो ध्वंस नहीं होता, जो कभी रुकता, घटता और मिटता नहीं, प्रतिक्षण बढ़ता रहता है, उसे 'प्रेम' कहते हैं। प्रेमकी ज्यों-ज्यों प्रगाढ़ता होती है, त्यों-त्यों उसमें नये-नये रूपोंका आविर्भाव होता रहता है। रसशास्त्रमें उन्हींको विभिन्न नामोंसे बतलाया गया है। प्रेम प्रगाढ़ होते-होते क्रमशः स्नेह, मान, प्रणय, राग, अनुराग, भाव और महाभावका स्वरूप प्राप्त करता है। शान्त, दास्य, सख्य, वात्सल्य और मधुरा रतिमें भी उत्तरोत्तर उत्कृष्टता और पूर्णता है। मधुरा रति अत्युत्कृष्ट है। इसमें अनुरागकी बड़ी वृद्धि होती है। यही अनुराग प्रगाढ़ होकर 'भाव' तथा 'महाभाव' बन जाता है। जैसे मधुरा रतिमें शान्त, दास्य, सख्य, वात्सल्य—चारों रतियोंका समावेश रहता है, वैसे ही 'महाभाव'में भी स्नेह, मान, प्रणय, राग, अनुराग तथा भाव सम्मिलित रहते हैं।

'राग' की स्थितिमें श्रीकृष्णको प्राप्त करनेकी सम्भावना होनेपर असीम और भयंकर-से-भयंकर दुःखमें भी सुखकी प्रतीति होती है। तीव्र प्रेमपिपासाके कारण इष्ट वस्तुमें होनेवाली परमाविष्टताका नाम ही 'राग' है। इसी रागकी परिपक्वता होनेपर 'अनुराग' होता है। अनुरागमें श्रीकृष्णका स्वरूप प्रतिक्षण नया-नया दिखायी देता है। जितना ही देखा-सुना जाता है, उतना ही अनुराग बढ़ता है और जितना अनुराग बढ़ता है, उतनी ही रूपकी नव-नवरूपता बढ़ती चली जाती है।

श्यामसुन्दरमें नित्य नव-सौन्दर्यका दर्शन करनेवाली एक गोपी दूसरी नयी गोपीसे कहती है—

सखी री ! यह अनुभवकी बात।
प्रतिपल दीखत नित नव सुंदर, नित नव मधुर लखात॥

छिन छिन बढ़त रूप गुन माधुरि, छिन छिन नूतन रंग।
छिन छिन नित नव आनँद धारा, छिन छिन नई उमंग॥
नित नव अलकनि की छबि निरखत अलि-कुल नित नव लाजै।
नित नव सुकुमारता मनोहर अंग अंग प्रति राजै॥
नित नव अंग सुगंध मधुर अति मनहिं मत्त करि डारत।
नित नव दृष्टि सुधामयि जन के ताप असेष निवारत॥
नित नव अरुनाई अधरनि की नित नूतन मुसुक्यान।
नित नूतन रस-सुधा-प्रबाहिनि मधु मुरली की तान॥
नित नूतन तारुन्य, ललित लावन्य नित्य नव बिकसै।
नित नव आभा बिबिध बरन की पिय के तनु तें निकसै॥
कछुवै होत न बासी कबहूँ, नित नूतन रस बरसत।
देखत देखत जनम सिरान्यो, तऊ नैन नित तरसत॥

अनुरागकी पूर्ण परिणति या निस्सीमता—महाभावकी समीपवर्तिनी प्रेमकी स्थितिका नाम 'भाव' है। भावकी पराकाष्ठा ही 'महाभाव' है। महाभाव सूर्यके सदृश है। सूर्यके दो स्वभाव हैं—जिसके साथ सूर्यका सम्पर्क होता है, उसके अन्धकारका नाश कर देना और अपनी शुभ किरणमालासे उसे स्नान करा देना। इसी प्रकार 'महाभाव' भी भगवान् श्रीकृष्णकी असीम कृपासे जिसके हृदयमें उदित हो जाता है, उसके हृदयमें अनादिकालसे स्थित 'स्वसुखतात्पर्य'-रूप अन्धकारको वह सदाके लिये हर लेता है और निज सम्बन्धी जनमात्रके भीतर-बाहरको नित्य परमानुरागमय बना देता है।

महाभावकी 'रूढ़' और 'अधिरूढ़'—दो अवस्थाएँ हैं। महाभावकी जिस अवस्थामें सात्त्विक भाव उद्दीप्त हो उठते हैं, उसे 'रूढ़' महाभाव कहते हैं।* गोपी-प्रेममें इस रूढ़ भावकी अभिव्यक्ति होती है। यह 'रूढ़ महाभाव'

* ऐसी भी मान्यता है 'रूढ़' महाभावमें भी सात्त्विक भाव उद्दीप्त ही नहीं सूद्दीप्त हो उठते हैं।

श्रीकृष्णकी पटरानियोंके लिये अति दुर्लभ है। यह तो केवल व्रजदेवियोंके द्वारा ही संवेद्य है, व्रजसुन्दरियोंमें ही सम्भव है।

मुकुन्दमहिषीवृन्दैरप्यसावतिदुर्लभः ।
व्रजदेव्येकसंवेद्यो महाभावाख्ययोच्यते ॥

जिसमें रूढ़भावोक्त समस्त अनुभावोंसे सात्त्विक भाव किसी विशिष्ट दशाको प्राप्त हो जाते हैं, उसे 'अधिरूढ़' महाभाव कहते हैं। श्रीराधा इस अधिरूढ़ महाभावकी घनीभूत प्रत्यक्ष मूर्ति हैं। श्रीराधाके प्रेमका नाम ही 'अधिरूढ़ महाभाव' है। इस अवस्थामें श्रीकृष्णके मिलन और विरह-जनित सुख और दुःखोंका साथ-ही-साथ अतुलनीय रूपमें उदय होता है।

इस अधिरूढ़ 'महाभाव'के दो प्रकार हैं—'मोदन' और 'मादन'। 'मोदन' महाभाव श्रीकृष्णमें भी होता है। श्रीराधारानीकी विरह-व्याकुल स्थितिको भी 'मोदन' या 'मोहन' कहते हैं। 'मोहन' अवस्थाको दिव्योन्माद भी कहा जाता है। 'मादन' महाभाव श्रीराधाकी ही एकमात्र सम्पत्ति है। ह्लादिनी शक्तिकी परिपूर्ण परिणति ही 'मादन' है। इसमें श्रीराधारानी नित्य अनवच्छिन्न मिलनानन्दका अनुभव करती हैं।

श्रीकृष्णके नित्य नवीन माधुर्यके प्रादुर्भावका कारण श्रीराधा ही हैं। श्रीराधाका दुर्लभ प्रेम श्रीकृष्णकी अप्रतिम माधुर्यराशिको सर्वतोभावसे केवल ग्रहण ही नहीं करता, ग्रहण करके वह उस माधुर्यको और भी विशेषरूपसे उज्ज्वल तथा अनवरत उज्ज्वलतर करता रहता है। श्रीकृष्णमाधुर्यके नित्य नवीनत्वकी प्रकाशभूमि है श्रीराधाकी नित्यवर्धनशील उत्कण्ठा। श्रीराधाका प्रेम विभु होकर भी नित्य वर्धनशील है और श्रीकृष्णका माधुर्य नित्य वस्तु होकर भी नित्य नवायमान है। श्रीकृष्णका सांनिध्य ही श्रीराधा-प्रेमकी वर्धनशीलता है और श्रीराधाका सांनिध्य ही श्रीकृष्णमधुरिमाकी नित्य नवायमानता है। यह महाभावकी लीला अनन्तकालतक चलती ही रहती है। श्रीकृष्ण-निष्ठ मधुरिमा और श्रीराधानिष्ठ उत्कण्ठा—दोनों ही असीम और अनन्त हैं। श्रीराधारानी श्रीकृष्ण-माधुरीका आस्वादन नित्य-निरन्तर सम्पूर्णरूपसे करती रहती हैं, तो भी उस माधुर्यका कहीं अन्त तो आता ही नहीं, वह उत्तरोत्तर अपने मधुर स्वरूपमें तथा परिमाणमें बढ़ता ही रहता है और श्रीराधाकी

माधुर्यास्वादनकी पिपासा भी उत्तरोत्तर बढ़ती रहती है।

यह 'राधा-कृष्ण'का नित्य विहार अनादिकालसे अनन्तकालतक नित्य-निरन्तर चलता ही रहता है। श्रीराधाभाव दिव्यातिदिव्य प्रेम-माधुर्य-सुधारसका एक अगाध अनन्त असीम महासमुद्र है। उसमें नित्य नयी-नयी अनन्त दिव्य अमृतमयी मधुरिमा तथा महिमामयी अनन्त वैचित्र्यमय महातरङ्गें उठती रहती हैं। यह आजका राधाभावका दिग्दर्शन भी राधाभाव-महासागरकी किसी एक तरङ्गका सीकरमात्र है। प्रातःस्मरणीय आचार्यों तथा प्रेमी महात्माओंने उनके जो विभिन्न रूपोंके दर्शन और वर्णन किये हैं, वे सभी सत्य हैं। श्रीराधाके असीम तथा अनन्त महिमामय स्वरूप तथा तत्त्वकी, उनके आनन्द और प्रेमकी, उनके श्रीकृष्णमिलन और विरहकी व्याख्या मुझ-सरीखा तुच्छ जीव कैसे कर सकता है। उनकी एक-एक तरङ्गमें अनन्तकालतक निवास तथा विचरण किया जा सकता है।

यों श्रीराधा श्रीकृष्णकी ही अभिन्नस्वरूपा हैं। भगवान्का आनन्दस्वरूप ही श्रीराधाके रूपमें अभिव्यक्त है। श्रीराधा-श्रीकृष्ण नित्य एक और अभिन्न हैं। श्रीराधा श्रीकृष्णकी प्रेयसी हैं, श्रीराधा श्रीकृष्णकी आराधिका हैं, उनकी भक्ता हैं; श्रीराधा श्रीकृष्णकी आराध्या—उपास्या हैं। श्रीराधा विश्वजननी हैं, विश्वमयी हैं, विश्वस्वरूपा हैं, विश्वातीता हैं। श्रीराधा योगमाया हैं, दैवी माया हैं, निजमाया हैं। श्रीराधा श्रीकृष्णकी शक्ति हैं। यह शक्ति ही शक्तिमान् श्रीकृष्णकी आत्मा है। श्रीराधा कवियोंकी काव्य-सामग्री हैं। श्रीराधा सबकी आराध्या हैं, श्रीराधा अनिर्वचनीय हैं, श्रीराधा अचिन्त्य हैं।

मेरे एक राधा नाम अधार॥

कोउ देखत 'निज रूप' ब्रह्म पर निराकार अबिकार।
कोउ करि निज तादात्म्य आत्म महँ, जो सम सर्बाधार॥
कोउ द्रष्टा देखत प्रपंच जिमि मिथ्या स्वप्न-बिकार।
कोउ निरखत नित दिव्य ज्योति हिय परम तत्त्व साकार॥
कोउ कुंडलिनी कौं जाग्रत करि षट् चक्रनि करि पार।
पहुँचत सिखर सहस दल ऊपर, जोग सिद्धि को सार॥

कोउ अनहद धुनि सुनत दिवस निसि अजपा जाप सँभार।
कोउ निष्काम कर्म रत जोगी, कोउ नित करत बिचार॥
कोउ कमलापति, कोउ गिरिजापति नाम रूप उर धार।
भक्त-कल्पतरु राम-कृष्ण कोउ सेवत अति सत्कार॥
हौं जडमति अति मूढ़ हठीलो नटखट निपट गँवार।
राधे राधे रटौं निरंतर मानि सार को सार॥

बोलो श्रीवृषभानुदुलारी कीर्तिदाकुमारीकी जय!

——::×::——

श्रीराधाकी प्रेम-साधना और उनका अनिर्वचनीय स्वरूप

(सं० २०१४ वि० के श्रीराधाष्टमी-महोत्सवपर रतनगढ़ (राजस्थान) में दिया हुआ प्रवचन)

[दिनमें]

वन्दे वृन्दावनानन्दां राधिकां परमेश्वरीम्।
गोपिकां परमां श्रेष्ठां ह्लादिनीं शक्तिरूपिणीम्॥
बंदौं राधा के परम पावन पद-अरविन्द।
जिनको मृदु मकरंद नित चाहत स्याम-मिलिंद॥

जगज्जननी श्रीकृष्णस्वरूपा भगवती श्रीराधा बहुत-से लोगोंके लिये एक विलक्षण पहेली बनी हुई हैं। और श्रीराधाके अनिर्वचनीय तत्त्व-रहस्यको जबतक कोई जान नहीं लेगा, तबतक उसके लिये ये पहेली ही बनी रहेंगी; क्योंकि ये साधन-राज्यकी सर्वोच्च सीमाका साधन तथा सिद्ध-राज्यमें समस्त पुरुषार्थोंमें परम और चरम पुरुषार्थमय हैं। गोपी-रहस्य ही परम गुह्य है, फिर राधाजीकी तो बात ही क्या है। लोगोंकी समझमें ही नहीं आ सकता कि मोक्षतककी आकाङ्क्षा न रखकर, भगवान्‌से अपने लिये कभी कुछ भी चाहनेकी इच्छा न रखकर भगवान्‌से प्रेम

करनेका क्या अभिप्राय हो सकता है? जिस भगवान्की भक्ति करें या जिससे प्रेम करें, उससे अपने लिये कभी कुछ भी न चाहें—यह कैसी भक्ति ! और फिर यह और भी आश्चर्यकी बात है कि इस भक्ति या प्रेममें सर्वविध शृङ्गार तथा भोग प्रत्यक्ष देखने-सुननेमें आते हैं। यद्यपि उस शृङ्गार-भोगसे गोपियोंका अपना कुछ भी सम्पर्क नहीं है—केवल प्रियतम श्रीकृष्ण-सुखेच्छामें ही उनके जीवनके प्रत्येक श्वासका, मनकी प्रत्येक सूक्ष्म-से-सूक्ष्म वृत्तिका और शरीरकी प्रत्येक क्रियाका प्रयोग और उपयोग सहज ही होता है, तथापि इस प्रकार परम त्याग तथा समस्त भोगोंका एक साथ रहना लोगोंकी बुद्धिमें भ्रम उत्पन्न कर देता है और पहेली और भी दुरूह हो जाती है। इसीसे जहाँ नित्य ब्रह्मानन्द-स्वरूपमें परिनिष्ठित परंतु इस महान् रस-रहस्यके मर्मज्ञ श्रीशुकदेव मरणासन्न परीक्षित्को रासलीला सुनाते हुए हर्षोत्फुल्ल तथा मुग्ध होकर पवित्रतम गुह्य रहस्य खोलने लगते हैं, जहाँ प्रेम-भक्तिके मूर्तिमान् स्वरूप श्रीचैतन्य महाप्रभु श्रीगोपीजन तथा श्रीराधाके भावोंका स्मरण, श्रवण तथा गान करके बाह्यज्ञानशून्य होकर आनन्द-राज्यमें पहुँच जाते हैं और जहाँ श्रीविद्यापति-सरीखे भावुक कवि बड़ी ही पवित्र भावनासे मधुरतम भावोंका गान करते हैं, वहीं अनेकों प्रसिद्ध विद्वानों तथा प्रख्यात कवियोंने उन्हीं दिव्य प्रेम-रसमय श्रीराधा-कृष्णका वर्णन साधारण नायक-नायिकाके रूपमें किया है और उसी भावसे उनके हाव-भाव, आकृति-प्रकृति, प्रचेष्टा-प्रयत्न, व्यापार-व्यवहारका चित्रण भी किया है। वस्तुतः इससे भी बहुत अनर्थ हुआ और श्रीराधा-कृष्णके परम अलौकिक दिव्यातिदिव्य रूपको भूलकर लोग अत्यन्त मलिन तथा दोषपूर्ण भावोंसे तथा अपवित्र दोषदृष्टिसे उन्हें देखने लगे। रीतिकालीन परम्परासे प्रभावित प्रायः सभी कवियोंने यही किया और इसीसे सच्चे प्रेमी भक्त सूरदास, नन्ददास, चण्डीदास आदि तथा जयदेव और विद्यापति आदि, जिन्होंने श्रीराधा-कृष्णको परम परात्पर ब्रह्म मानकर ही उज्ज्वल-रसकी पवित्र मधुर पीयूषधारा बहायी थी, उन सभीके काव्य तथा लीलाचित्रणका भी गंदे 'काम' के पोषणमें ही प्रयोग होने लगा। श्रीराधा-कृष्णके पवित्र दिव्य प्रेमकी जगह श्रीराधा-कृष्णके नामपर मलिन वासनाकी पूर्ति की जाने लगी। इससे राधा-रहस्यकी पहेलीकी गाँठ और भी गहरी हो गयी।

'काम' अन्धतम है। कामकी दृष्टि सदैव रहती है अधः इन्द्रियोंको तृप्त करनेकी ओर। उससे कामकलुषित-हृदय मनुष्य अपनेद्वारा ही अपना सर्वनाश कर डालता है; परंतु त्यागमय दिव्य प्रेमकी दृष्टि होती है—ऊर्ध्वतम भगवान्‌के आनन्दस्वरूपकी ओर। काम अधःपात कराता है और भगवत्प्रेम दिव्य भगवदानन्दका आस्वादन। अतएव अधोगतिकारक इन्द्रिय-तृप्तिकर कामका तो परित्याग करना ही चाहिये। भोग-सुख-कामनाकी प्रत्येक तरङ्गका निवारण भी बड़ी दृढ़ता तथा सावधानीके साथ करना चाहिये और अपने प्रत्येक साधनका पर-हित तथा पर-सुखके प्रति समर्पण कर देना चाहिये। जो अपने दुःखसे जरा भी नहीं घबराते, न अपना सुख चाहते हैं, परंतु जिनका हृदय जरा-से भी पर-परितापसे पिघल जाता है तथा जो अपने सारे सुख-साधनको पर-परितापके नाशमें लगा देते हैं, वे ही संत हैं। गोस्वामी तुलसीदासजी महाराजने संत-हृदयका चित्रण किया है—

संत हृदय नवनीत समाना। कहा कबिन्ह परि कहै न जाना।
निज परिताप द्रवइ नवनीता। पर दुख द्रवहिं संत सुपुनीता॥

इस प्रकार जो 'पर-दुःखकातर' और 'पर-सुखपरायण' होते हैं, वे ही संत माने जाते हैं और जिनका आत्मसुख सदा-सर्वदा-सर्वथा केवल परम प्रियतम भगवान् श्रीकृष्णके सुखमें ही परिणत हो जाता है, वे तो संतों तथा महापुरुषोंके भी वन्दनीय होते हैं।

भोग-कामना-त्यागके बाद भी एक 'मोक्ष-कामना' रह जाती है। यह मोक्षकी कामना जबतक रहती है, तबतक भी 'सर्वत्याग' नहीं माना जाता; परंतु श्रीकृष्णप्रिया गोपाङ्गनाओंमें यह 'सर्वत्याग' सहज था। वे सच्ची प्रेमिकाएँ थीं; इसीसे वे वेदधर्म, देहधर्म, लोकधर्म, लज्जा, धैर्य, आत्मसुख, देह-सुख, स्वजन, आर्यपथ—सबका सहज त्याग करके केवल श्रीकृष्ण-सुखके लिये श्रीकृष्णका सब प्रकारसे तथा समस्त करणोंसे अनन्य भजन करती थीं। इतना होनेपर भी उन्हें अपने इस महान् सुर-मुनि-मन-प्रलोभनीय उच्च स्वरूपका जरा भी ज्ञान नहीं था। इसलिये गोपी-प्रेमको 'निरुपाधि' प्रेम कहा गया है। इसीसे देवगुरु बृहस्पतिके शिष्य उद्धव-सरीखे महापुरुषने श्रीगोपी-पद-रजकी प्राप्तिके लिये वृन्दावनमें लता-गुल्म-औषध बननेकी इच्छा प्रकट की है तथा यह वरदान माँगा है।

इन सब गोपियोंमें श्रीराधिकाजी सर्वप्रमुख हैं; बल्कि श्रीराधाजीसे ही समस्त गोपियाँ बनी हैं और वे उन्हींकी कायव्यूहरूपा हैं। श्रीराधाजीका तात्त्विक स्वरूप तो श्रीकृष्णसे सर्वथा अभिन्न है।

सामरहस्योपनिषद्में कहा गया है—

अनादिरयं पुरुष एक एवास्ति। तदेव रूपं द्विधा विधाय समाराधनतत्परोऽभूत्। तस्मात् तां राधां रसिकानन्दां वेदविदो वदन्ति॥

'वह अनादि पुरुष एक ही है, पर अनादि कालसे ही वह अपनेको दो रूपोंमें बनाकर अपनी ही आराधनाके लिये तत्पर है। इसलिये वेदज्ञ पुरुष श्रीराधाको रसिकानन्दरूपा बतलाते हैं।'

राधातापनी-उपनिषद्में आता है—

येयं राधा यश्च कृष्णो रसाब्धिर्देहश्चैकः क्रीडनार्थं द्विधाभूत।

'जो ये राधा और जो ये कृष्ण रसके सागर हैं वे एक ही हैं, पर खेलके लिये दो रूप बने हुए हैं।'

ब्रह्माण्डपुराणमें भगवान् श्रीकृष्णने कहा है—

राधा कृष्णात्मिका नित्यं कृष्णो राधात्मको ध्रुवम्।
वृन्दावनेश्वरी राधा राधैवाराध्यते मया॥

'राधाकी आत्मा सदा मैं श्रीकृष्ण हूँ और मेरी (श्रीकृष्णकी) आत्मा निश्चय ही राधा हैं। श्रीराधा वृन्दावनकी ईश्वरी हैं, इस कारण मैं राधाकी ही आराधना करता हूँ।'

यः कृष्णः सापि राधा च या राधा कृष्ण एव सः।
एकं ज्योतिर्द्विधा भिन्नं राधामाधवरूपकम्॥

'जो श्रीकृष्ण हैं, वही श्रीराधा हैं और जो श्रीराधा हैं, वही श्रीकृष्ण हैं; श्रीराधा-माधवके रूपमें एक ही ज्योति दो प्रकारसे प्रकट है।'

ब्रह्मवैवर्तपुराणमें भगवान्के वचन हैं—

आवयोर्बुद्धिभेदं च यः करोति नराधमः।
तस्य वासः कालसूत्रे यावच्चन्द्रदिवाकरौ॥

'मुझमें (श्रीकृष्णमें) और तुममें (श्रीराधामें) जो अधम मनुष्य भेद मानता है, वह जबतक चन्द्रमा और सूर्य रहेंगे, तबतक 'कालसूत्र' नामक नरकमें रहेगा।'

भगवान् श्रीकृष्णने राधासे कहा है——

'प्राणाधिके राधिके ! वास्तवमें हम-तुम दो नहीं हैं; जो तुम हो, वही मैं हूँ और जो मैं हूँ, वही तुम हो। जैसे दूधमें धवलता है, अग्निमें दाहिका शक्ति है, पृथ्वीमें गन्ध है, उसी प्रकार मेरा-तुम्हारा अभिन्न सम्बन्ध है। सृष्टिकी रचनामें भी तुम्हीं उपादान बनकर मेरे साथ रहती हो। मिट्टी न हो तो कुम्हार घड़ा कैसे बनाये; सोना न हो तो सुनार गहना कैसे बनाये। वैसे ही यदि तुम न रहो तो मैं सृष्टिरचना नहीं कर सकता। तुम सृष्टिकी आधाररूपा हो और मैं उसका अच्युत बीज हूँ।' (ब्रह्मवैवर्तपुराण, कृष्णखण्ड)

भगवान् श्रीकृष्णने एक बार श्रीराधाजीसे कहा था—

प्रेयांस्तेऽहं त्वमपि च मम प्रेयसीति प्रवाद-
स्त्वं मे प्राणा अहमपि तवास्मीति हन्त प्रलापः।
त्वं मे ते स्यामहमिति च यत् तच्च नो साधु राधे
व्याहारे नौ नहि समुचितो युष्मदस्मत्प्रयोगः॥

इसका भावार्थ है—

'मैं प्रियतम, तू प्रेयसि मेरी'—यों कहना है निरा प्रवाद।
'तू मम प्राण, प्राण मैं तेरे'—यह भी है प्रलाप-संवाद॥
'तू मेरी, मैं तेरा'—राधे! यह भी नहीं साधु व्यवहार।
समुचित नहीं कभी हममें 'तू-मैं' का कोई भेद-विचार॥

'मैं प्रियतम हूँ और तू मेरी प्रियतमा है'—यों कहना केवल किंवदन्तीमात्र है; 'तू मेरे प्राण है और मैं तेरे प्राण हूँ'—यह कहना भी प्रलाप ही करना है; 'तू मेरी है और मैं तेरा हूँ'—यह भी कोई साधु (शुद्ध) प्रयोग नहीं है। हम दोनोंमें कभी 'तू' और 'मैं' का किसी प्रकार भी कोई भेद सूचित हो, यह उचित नहीं है। अर्थात् तू मैं हूँ और मैं तू है। हम दोनोंमें कभी कोई भेद है ही नहीं।

यों व्रजठकुरानी श्रीराधामहारानी श्रीकृष्णसे सर्वथा अभिन्नस्वरूपा सच्चिदानन्द-घनस्वरूपिणी, श्रीकृष्णात्मस्वरूपिणी, श्रीकृष्णानुगामिनी, परमतत्त्वाभिरामिणी, स्वेच्छाविलासिनी, दिव्याह्लादिनी, परमपराशक्तिस्वरुपिणी, दिव्यलीलामयी,

****
अखिलविश्वमोहनमोहिनी, नित्यरासेश्वरी, नित्यनिकुञ्जेश्वरी और श्रीकृष्णप्राणेश्वरी हैं।

ये श्रीराधा भगवती श्रीकृष्णकी भाँति ही नित्य-सच्चिदानन्दघन-स्वरूपा हैं। समय-समयपर लीलाके लिये प्रकट भगवान् श्रीकृष्णकी भाँति ही ये भी आविर्भूत होती हैं। एक बार ये दिव्य गोलोकधाममें श्रीकृष्णके वामांशसे प्रकट हुई थीं। उन्होंने ही फिर व्रजभूमिके अन्तर्गत बरसाने (वृषभानुपुर) में महान् भाग्यशाली अखिलपुण्यपुञ्ज श्रीवृषभानु महाराजके घर परमपुण्यमयी श्रीकीर्तिदारानीजीकी कोखसे प्रकट होनेकी लीला की थीं। आज यह उसीका महोत्सव है। हमलोगोंका परम सौभाग्य है कि इस जीवनमें इस सुअवसरपर हम सबको एकत्र होकर श्रीराधाभगवतीके पुण्य स्मरणका महान् अवसर मिला।

अब श्रीश्रीकृष्णप्रेम या श्रीकृष्णकी सहज प्राप्ति करानेवाली उस प्रेमसाधनाको देखना है, जो श्रीराधाजीके स्वरूपगत तथा स्वभावगत है।

एक दिन श्रीराधाजी एकान्तमें किसी महान् भावमें निमग्न बैठी थीं। एक श्रीकृष्णप्रेमाभिलाषिणी सखीने आकर बड़ी ही नम्रतासे उनसे प्रियतम श्रीकृष्ण अथवा उनका विशुद्ध अनन्य प्रेम प्राप्त करनेका सर्वश्रेष्ठ साधन पूछा। बस, श्रीकृष्णप्रेमके साधनका नाम सुनते ही श्रीराधिकाजीके नेत्रोंसे आँसुओंकी धारा बह चली और वे गद्गद वाणीसे रोती हुई बोलीं—

अरी सखि ! मेरे तन, मन, प्रान—
धन, जन, कुल, गृह—सब ही वे हैं सील, मान, अभिमान॥
आँसू सलिल छाँड़ि नहिं कछु धन है राधा के पास।
जाके बिनिमय मिलैं प्रेमधन नीलकांतमनि खास॥
जानि लेउ सजनी ! निस्चै यह परम सार कौ सार।
स्याम प्रेम कौ मोल अमोलक सुचि अँसुवन की धार॥

वे बोलीं—'अरी सखी ! मैं क्या साधन बताऊँ, मेरे पास तो कुछ और है ही नहीं। मेरे तन, मन, प्राण, धन, जन, कुल, घर, शील, मान, अभिमान—सभी कुछ एकमात्र वे श्यामसुन्दर ही हैं। इस राधाके पास अश्रुजलको छोड़कर और कोई

धन है ही नहीं, जिसके बदलेमें उन प्रेमधन स्वयं नीलकान्तमणिको प्राप्त किया जाय। सजनी ! तुम यह निश्चित परम सारका सार समझो—अमूल्य श्यामप्रेमका मूल्य केवल पवित्र आँसुओंकी धारा ही है। सब कुछ उन्हींको समर्पणकर, सब कुछ उन्हींको समझकर उन्हींके प्रेमसे, उन्हींके लिये जो निरन्तर प्रेमाश्रुओंकी धारा बहती रहती है, बस, वह पवित्र अश्रुजल ही उनके प्रेमको प्राप्त करनेका एकमात्र उपाय है। यह है उनके साधनका स्वरूप।'

श्रीराधिकाजीकी सम्पूर्ण व्रज-रस-लीला ही बड़ी दिव्य और मधुर है। परंतु यह सदा ही अप्रकट है। इसका प्राकट्य कुछ बिरले लौकिक काम-गन्ध-लेश-शून्य किसी महाभाग गोपीजन या श्रीसखी-मञ्जरीके कृपाप्राप्त प्रेमी संत साधकके हृदय तथा जीवनमें ही किसी अंशमें होता है। यों तो श्रीकृष्णको मनुष्य माननेवाले लोगोंके लिये तो वे ग्यारह वर्षकी वयस्के पहले ही गोपियोंको छोड़कर मथुरा पधार गये थे। अतः इस बालकपनमें शृङ्गार-रसका उद्भव ही सम्भव नहीं है। अवश्य ही श्रीब्रह्माजीके द्वारा श्रीकृष्ण-राधाका विवाह कराये जानेका भी वर्णन ब्रह्मवैवर्तपुराणमें आता है; पर वह विवाह भी अप्रकट ही है।

ये श्रीराधाजी दिव्य चिन्मय देहसे भगवान् श्रीकृष्णके साथ नित्य लीलारत रहती हैं और उनकी एक मायामयी कृत्रिम स्थूलच्छाया ससुरालमें रहती है, ऐसा वर्णन ग्रन्थान्तरोंमें मिलता है। जो कुछ भी हो, श्रीसीताजी तथा श्रीरुक्मिणीजीकी भाँति श्रीराधाका विवाह श्रीकृष्णके साथ नहीं होता; पर राधा-कृष्णतत्त्वमें विवाहकी आवश्यकता भी नहीं है। वह तो दिव्य चिन्मय राज्यका नित्य अभिन्न चिन्मय सम्बन्ध है और उसी राज्यकी ये सब लीलाएँ भी हैं। हमारे लौकिक स्थूल जगत्के लिये तो इस लीलासे सर्वोच्च उपदेश यही प्राप्त होता है कि प्रेमका ऊँचे-से-ऊँचा स्तर त्यागसे प्राप्त किया जाता है। जहाँ त्याग है, वहीं प्रेम है और जहाँ प्रेम है, वहीं आनन्द है। साधन-जगत्के लिये यह उपदेश मिलता है कि भगवान् श्रीकृष्ण ही एकमात्र परमप्रेमास्पद हैं और श्रीराधा-मुख्या गोपीजनोंकी भाँति श्रीकृष्ण-सुखको जीवनका सहज सुख बना लेना ही सर्वोच्च साधन है। यही शिक्षा इससे लेनी है। और इस साधनके द्वारा श्रीकृष्णको परमप्रेष्ठके रूपमें प्राप्त कर लेना ही जीवनका परम साध्य है।

परम प्रिय श्रीराधा-नामकी महिमाका स्वयं श्रीकृष्णने यों गान किया है—

'रा' शब्दं कुर्वतस्त्रस्तो ददामि भक्तिमुत्तमाम्।
'धा' शब्दं कुर्वतः पश्चाद् यामि श्रवणलोभतः॥

"जिस समय मैं किसीके मुखसे 'रा' सुन लेता हूँ, उसी समय उसे अपनी उत्तम भक्ति—प्रेम दे देता हूँ और 'धा' शब्दका उच्चारण करनेपर तो मैं प्रियतमा श्रीराधाका नाम-श्रवण करनेके लोभसे उसके पीछे-पीछे चलने लगता हूँ।"

अन्तमें श्रीराधाकी महिमाके कुछ श्लोक पढ़कर और उनके श्रीचरणोंमें प्रणाम करके वक्तव्यको समाप्त करता हूँ और अतिविनीत प्रार्थना करता हूँ कि वे पवित्रतम भगवत्प्रेम-समुद्रका कोई एक क्षुद्र सीकर प्रदान कर कृतार्थ करें।

आनन्दचन्द्रोदितकौमुदी या
श्रीमोहनस्यापि सुमोहनश्रीः।
सौन्दर्यनाम्नो निकषोपलस्य
सुवर्णरेखा वृषभानुकन्या॥

'श्रीवृषभानुकुमारी आनन्दचन्द्रकी कौमुदी हैं। अर्थात् रसराज श्रीकृष्ण ही आनन्दरूप चन्द्रमा हैं और वृषभानुनन्दिनी राधाजी उनकी ज्योत्स्ना हैं। शक्ति और शक्तिमान्‌की अभिन्नताके कारण दोनों अभिन्न हैं। श्रीकृष्ण श्रीलक्ष्मीको भी मोहित करते हैं, परंतु वृषभानुदुलारी अपनी सौन्दर्य-सुषमासे उन श्रीमोहनको भी विमुग्ध करती हैं। वे प्राकृत-अप्राकृत-सौन्दर्यरूप कसौटीपर खरी उतरनेवाली सुवर्ण-रेखा हैं।'

लावण्यपाथोनिधिसारसम्पत्
कलाकलापाकरभूमिरेका।
गुणाख्यरत्नौघखनिः प्रसिद्धा
श्रीराधिका श्रीव्रजचन्द्रकान्ता॥

'वे व्रजचन्द्र श्रीकृष्णकी प्रियतमा श्रीराधिका नामसे प्रसिद्ध हैं। वे सम्पूर्ण लावण्यसमुद्रकी सार-सम्पदा हैं, कला-कलाप—वैदग्ध्यसमूहकी एकमात्र आकर-भूमि—उत्पत्तिस्थानरूपा हैं और कारुण्यादि गुणरूप रत्नोंकी खान हैं।'

गौरीसहस्रादधिकापि गौरी
श्यामा तथापि श्रुतिषु प्रसिद्धा।

सुरूपिणी याप्यसुरूपिणी च
सखीकदम्बस्य विभाति राधा ॥

'वे सहस्र-सहस्र गौरीकी अपेक्षा भी अधिक गौरवर्णा हैं, तथापि श्रुतियोंमें वे श्यामाके नामसे प्रसिद्ध हैं। वे सुरूपिणी—(सुन्दर रूपसमन्वित) होकर भी असु—प्राणरूपिणी अर्थात् सखियोंके लिये प्राणस्वरूपा हैं।'

केचित् परामेव वदन्ति लक्ष्मीं
लीलेति केचित् किल तान्त्रिका याम्।
आनन्दिनी शक्तिरिति श्रुतिः सा
श्रीराधिकाभा व्रजचन्द्रकान्ता ॥

'कोई-कोई तान्त्रिक महानुभाव इन व्रजचन्द्रचन्द्रिका श्रीराधाको परालक्ष्मी कहते हैं, तो कोई लीलाशक्ति बतलाते हैं तथा श्रुतियाँ उनको आनन्दिनी—ह्लादिनी शक्ति कहती हैं।'

यस्या वशे तस्य तु सर्वशक्तिः
सर्वैव लीला सकला गुणाश्च।
सौन्दर्यमाधुर्यविदग्धताद्याः
सा राधिका राजति कृष्णकान्ता ॥

'श्रीकृष्णकी समस्त शक्तियाँ, सारी लीलाएँ तथा सौन्दर्य-माधुर्य-वैदग्ध्य आदि सम्पूर्ण गुण जिनके वशमें हैं, अर्थात् जिनके आधारपर ही इन सबका प्रकाश और निवास है, वे श्रीराधा ही श्रीकृष्णकी प्रियतमा कान्ताके रूपमें विराजित हैं।'

यस्या लसन्मादनभाववश्या
लीला रसास्वादविशेषरस्याः।
कृष्णस्य नित्या विलसन्त्यनन्ताः
सा राधिका राजति कृष्णकान्ता ॥

'जिनके शोभनीय मादनभावकी लीलाएँ रसास्वादनमें अत्यन्त ही मधुर और श्रीकृष्णके सम्बन्धसे नित्य अनन्तरूपसे विलसित होती हैं, वे श्रीराधिका ही श्रीकृष्णकी प्रियतमा कान्ताके रूपमें विराजित हैं।'

यथैव सर्वैर्गुणरूपकेली-
माधुर्यपूरैरतिपूर्ण एव।

श्रीकृष्णचन्द्रः स तथैव रस्या
सारधिका राजति राधिका सा ॥

'श्रीकृष्ण जैसे समस्त गुण, रूप, केलि और माधुर्यकी विशेषतासे पूर्ण हैं, वैसे ही श्रीराधिका भी गुण, रूप आदिकी पराकाष्ठासे परिपूर्ण हैं। ऐसी माधुर्य-रसके सारकी भी साररूपा श्रीराधिका विराजित हैं।'

रसो यः परमानन्द एक एव द्विधा सदा।
श्रीराधाकृष्णारूपाभ्यां तस्यै तस्मै नमो नमः ॥

'जो एक ही परमानन्द-रसरूप है, वही सदा दो प्रकारका बनकर लीलारत है और वह श्रीराधा-कृष्णरूप है। मेरा उसे बराबर नमस्कार है।'

[२ रात्रिमें]

यो ब्रह्मरुद्रशुकनारदभीष्ममुख्यै-
रालक्षितो न सहसा पुरुषस्य तस्य।
सद्यो- वशीकरणचूर्णमनन्तशक्तिं
तं राधिकाचरणरेणुमनुस्मरामि ॥

श्रीराधा-श्रीकृष्ण नित्य ही परम तत्त्व हैं एक अनूप।
नित्य सच्चिदानन्द प्रेम-घन-विग्रह उज्ज्वलतम रसरूप ॥
बने हुए दो रूप सदा लीला-रस करते आस्वादन।
नित्य अनादि-अनन्त काल लीलारत रहते आनँदघन ॥
कायव्यूहरूपा राधाकी हैं अनन्त गोपिका ललाम।
इनके द्वारा लीला-रस आस्वादन करते श्यामा-श्याम ॥
कृष्ण, राधिका, गोपी-जन—तीनोंका लीलामें संयोग।
एक तत्त्व ही तीन रूप बन करते लीला-रस-संभोग ॥
परम तत्त्व श्रीकृष्ण नित्य हैं अनुपम सत-चित-आनँदघन।
सत् संधिनि, चित् चिति, आह्लादिनि है आनन्दशक्ति रसघन ॥
ह्लादिनि स्वयं 'राधिका', संधिनि बनी नित्य 'श्रीवृन्दावन'।
बनी 'योगमाया' चिति करती रसलीलाका आयोजन ॥

राधा स्वयं बनी हैं व्रजमें गोपरमणियाँ अति अभिराम।
लीला-रसके क्षेत्र-पात्र बन यों लीलारत श्यामा श्याम॥
व्रजसुन्दरी प्रेमकी प्रतिमा, कामगन्धसे मुक्त महान्।
केवल प्रियतमके सुख-कारण करतीं सदा प्रेम-रस-दान॥
लोक-लाज, कुल-कान, निगम-आगम, धन, जाति-पाँति, यश-गेह।
भुक्ति-मुक्ति सब परित्याग कर करतीं प्रियसे सहज सनेह॥
इन्द्रिय-सुखकी मलिन कामना है अति निन्दित कलुषित काम।
मोक्ष-काम-कामी ऊँचे साधक भी नहीं पूर्ण निष्काम॥
काम सदा तमरूप अन्धतम, नरकोंका कारण सविशेष।
प्रेम सुनिर्मल हरि-रस-पूरित परम ज्योतिमय शुभ्र दिनेश॥
जिसको नहीं मुक्तिकी इच्छा, जिसे नहीं बन्धनका भान।
केवल कृष्ण-सुखेच्छा हित जिसके सब धर्म-कर्म, मति-ज्ञान॥
ऐसे गोपी-जन-मनमें लहराता प्रेम-सुधा-सागर।
इसीलिये रहते उसमें नित मग्न रसिकमणि नटनागर॥

श्रीराधा और श्रीकृष्ण नित्य-निरन्तर एक ही अनुपम परम तत्त्व हैं और ये नित्य सच्चिदानन्द प्रेमघनविग्रह उज्ज्वलतम रसरूप हैं। ये एक ही आनन्दघन सदा दो बने हुए लीलारसका आस्वादन करते रहते हैं और अनादि-अनन्तकाल लीलारत हैं। श्रीराधाजीकी ही कायव्यूहरूपा अनन्त सुन्दरी गोपिकाएँ हैं, जिनके द्वारा श्रीराधा-माधव सदा-सर्वदा लीला-रसास्वादन करते रहते हैं। ये श्रीकृष्ण, श्रीराधा और अनन्त गोपीजन—इन तीनोंका इस मधुरतम, दिव्यतम लीलामें संयोग है और एक ही परम तत्त्व त्रिरूप बना हुआ लीला-रस सम्भोग करता रहता है। परम तत्त्व श्रीकृष्ण नित्य अनुपम सत्-चित्-आनन्दघन हैं; 'सत्' 'संधिनी', 'चित्' 'चिति' और 'आनन्द' रसघन 'ह्लादिनी' शक्ति हैं। 'ह्लादिनी' स्वयं 'राधिका' हैं, 'संधिनी' 'वृन्दावन' बनी है और 'चिति' 'योगमाया' बनी हुई नित्य निरन्तर रसलीलाका आयोजन करती रहती हैं। श्रीराधा स्वयं ही लीलाधाम व्रजमें अत्यन्त अभिराम गोपरमणियोंके रूपमें प्रकट हैं। यों श्रीराधा-माधव स्वयं ही लीलारसके क्षेत्र और पात्र बनकर लीला-रस-पान-रत हैं।

****

व्रजसुन्दरियाँ महान् प्रेमकी जीती-जागती प्रतिमाएँ हैं। ये काम-गन्ध-लेशसे सर्वथा मुक्त हैं और केवल प्रियतम श्रीकृष्णके सुखके लिये ही सदा प्रेमरसका वितरण करती रहती हैं। ये लोक-लज्जा, कुल-कान, निगम-आगम, धन-जन, जाति-पाँति, यश-गृह, भोग-मोक्ष—सबका परित्याग करके प्रियतम श्रीकृष्णसे सहज स्नेह करती हैं। इन्द्रिय-सुखकी मलिन कामना तो अत्यन्त निन्दित कलुषित काम है ही, मोक्षकी कामना करनेवाले ऊँचे साधक पुरुष भी पूर्ण निष्काम नहीं हैं। (क्योंकि उनमें भी 'अहं'को बन्धनसे मुक्त करनेकी चिन्ता है, वे भी 'अहं'की चिन्ता तथा 'अहं'की मङ्गल-कामनासे आबद्ध हैं।) लौकिक काम सदा ही तमरूप है और अन्धतम नरकोंकी प्राप्तिका विशेष हेतु है तथा हरि-रस-पूरित प्रेम सदा ही परम ज्योतिर्मय उज्ज्वल भास्कर है। जिसको न तो मुक्तिकी इच्छा है न जिसे बन्धनका भान है, केवल श्रीकृष्ण-सुखेच्छाके लिये ही जिसके सारे धर्म, कर्म, मति, ज्ञान आदि हैं, ऐसे गोपीजनके मनमें नित्य निर्मल प्रेम-सुख-सागर लहराता रहता है और इसीलिये उसमें रसिकशिरोमणि नटनागर नित्य-निरन्तर निमग्न रहते हैं।

इन गोपियोंकी और गोपी-भावकी मूल उद्गमस्वरूपा श्रीराधारानी अनादि हैं। लोकमें इनका मङ्गलमय प्रेमसुधामय प्राकट्य स्वयं चिदानन्दमय प्रेमघन विग्रह भगवान् श्यामसुन्दरके प्राकट्यकी भाँति ही दिव्य और अलौकिक हुआ करता है। आज इन्हीं सच्चिदानन्दविग्रहा, आनन्दांशघनीभूता, आनन्द-चिन्मय-रसप्रतिभाविता, साक्षात् ह्लादिनी श्रीकीर्तिकुमारी वृषभानुराजनन्दिनीका प्राकट्य-महोत्सव है। यह दिन जगत्के लौकिक इतिहासमें परम त्यागमय, परम दिव्य, अहंकी चिन्तासे सर्वथा शून्य, उज्ज्वलतम मधुर प्रेमरसके मूर्तिमान् स्वरूपका तथा भक्ति-सिद्धान्तके परम उच्चतम महान् व्यक्तित्वका प्रकाशक होनेके कारण परम धन्य है। प्रतिवर्ष ही श्रीराधारानीके सहज अनुग्रहसे श्रीराधा-माधव युगलसरकारके सम्बन्धमें कुछ स्मरण-चिन्तन करनेकी चेष्टा की जाती है। वैसी ही क्षुद्र चेष्टा इस बार भी की जा रही है और इस चेष्टाके साथ-साथ आज इस प्राकट्य-महोत्सवके महान् शुभ अवसरपर हम सब श्रीराधाके पावन पाद-पद्मोंमें श्रद्धा-भक्तिपूर्वक अनन्त प्रणिपात करते हुए उनसे पवित्र दिव्य प्रेमकण प्राप्त करनेके लिये विनम्र प्रार्थना करते हैं।

भगवान् श्रीकृष्ण सम्पूर्ण रस, सम्पूर्ण आनन्द और सम्पूर्ण शोभा-सौन्दर्यादि गुणोंके मूल समाश्रय हैं; वे समस्त ऐश्वर्य, माधुर्य, वीर्य, शक्ति, योग, ज्ञानके मूल आश्रय-तत्त्व हैं। ऐसे वे पूर्णतम भगवान् जिनके 'आश्रय' और 'विषय' हैं प्रेमी और प्रेमास्पद हैं, उन श्रीराधारानीका स्वरूप कितना महान् है—यह मानव-ज्ञानके, यहाँतक कि अनेकों मुक्त महापुरुषोंकी धारणाके भी अतीत है। जिन श्रीकृष्णचन्द्रके ऐश्वर्य और माधुर्यके लिये समस्त जगत् लालायित और मोहित है, जो श्रीकृष्णचन्द्र अपने ही माधुर्यपर स्वयं मोहित हैं, वे निजमनमोहन, भुवनमोहन, मदनमोहन भी जिनके द्वारा नित्य मोहित हैं, वे श्रीराधा कितना और कैसा महान् तत्त्व हैं, इसे भाषाके द्वारा कोई किसीको समझा नहीं सकता।

श्रीमती राधा हैं—स्वमनमोहन-मनोमोहिनी, भुवनमोहन-मनोमोहिनी, मदनमोहन-मनोमोहनी, हरिहृद्भृङ्ग-मञ्जरी, मुकुन्दमधुमाधवी, पूर्णचन्द्र श्रीकृष्णचन्द्रके पूर्ण विकासकी आधारमूर्त्ति पूर्णिमास्वरूपिणी, कृष्णकान्तागण-शिरोमणि स्वयं आह्लादिनी शक्ति। इन वृषभानुनन्दिनीका तत्त्व जीवकी या जीवसमष्टिकी भाषामें नहीं समझाया जा सकता। श्रीराधाके भाव और द्युतिसे जिनका श्रीविग्रह सुवलित है, वे राधा-भावद्युति-सुवलिततनु श्रीकृष्णचन्द्र ही श्रीमती राधाकी महिमा कुछ कह सकते हैं अथवा उनके परम प्रेमी दास उन्हींकी कृपासे यत्किंचित् कहनेमें समर्थ हो सकते हैं। मुझ-सरीखे अधमका मन तो श्रीराधारानीकी महिमाकी कल्पित छायाको भी नहीं छू सकता।

इतनेपर भी, श्रीराधा-माधवके चिन्तनसे अपनी मन-वाणीको पवित्र करनेके लिये संत महापुरुषोंके अनुभवपूर्ण वचनोंके आधारपर ही कुछ चेष्टा की जाती है।

व्रजरसनिधि श्यामसुन्दर व्रजेन्द्रनन्दन श्रीकृष्णचन्द्र अनादि, सर्वादि, सर्वकारण-कारण, सच्चिदानन्दघनविग्रह अद्वयज्ञानतत्त्वस्वरूप हैं। उनके साथ उनकी ह्लादिनी शक्ति श्रीमती राधिकाका नित्य अविच्छेद्य सम्बन्ध है। दोनोंका नित्य एकत्व है। राधा पूर्णशक्ति हैं—श्रीकृष्ण पूर्णशक्तिमान् हैं; श्रीराधा मृगमदगन्ध हैं—श्रीकृष्ण मृगमद हैं; श्रीराधा दाहिकाशक्ति हैं—श्रीकृष्ण साक्षात् अग्नि हैं। श्रीराधा प्रकाश हैं—श्रीकृष्ण तेज हैं; श्रीराधा व्याप्ति हैं—श्रीकृष्ण आकाश हैं; श्रीराधा ज्योत्स्ना हैं—

श्रीकृष्ण पूर्णचन्द्र हैं; श्रीराधा आतप हैं—श्रीकृष्ण सूर्य हैं; श्रीराधा तरंग हैं—श्रीकृष्ण जलनिधि हैं। यों वे दोनों नित्य एकस्वरूप हैं, पर लीलारसके आस्वादनके लिये नित्य ही उनके दो रूप हैं।

वस्तुतः एक ही परिपूर्ण नित्य सच्चिदानन्दमय परम प्रेमतत्त्व श्रीकृष्ण ही आस्वाद्य, आस्वादक और आस्वादन बनकर लीलारत हैं। इसलिये कभी श्रीराधा प्रियतम श्रीकृष्णके दिव्य स्वरूपमें विलीन होकर उनके हृत्पद्मपर विराजित दिखायी देती हैं, कभी सर्वात्म-समर्पण करके प्रियतम श्रीकृष्णकी आराधिका बनी उनकी सेवामें संलग्न रहकर उनको सुख देनेमें ही अपना परम सौभाग्य मानती हैं। कभी उनकी आराध्या बन जाती हैं और श्रीकृष्ण स्वयं उनकी सर्वविध सेवा करनेमें ही परम सुखका अनुभव करते हैं एवं कभी श्रीराधाकृष्ण युगलरूपमें विराजित होकर अनन्त विश्वब्रह्माण्डके महान् सिद्ध एवं अतुलनीय ऐश्वर्य तथा विभूतिसम्पन्न सुरेश्वरों एवं मुनीश्वरोंके हाथों पूजा-अर्चना ग्रहण करते हैं।

कभी श्रीकृष्ण राधा बन जाते हैं, कभी राधा श्रीकृष्ण बन जाती हैं और कभी युगल-स्वरूपमें लीलाविहार करते हैं। वे एक होकर ही नित्य दो हैं, दो रहते हुए ही नित्य एक हैं।

श्रीराधा प्रेमकी पराकाष्ठास्वरूप 'महाभाव' रूपा हैं। वे समस्त कल्याण-गुणगणकी आकर (खान) हैं और श्रीकृष्ण-कान्ता-शिरोमणि हैं। जड प्रकृतिसे संयुक्त जीवोंकी भाँति उनके जड इन्द्रियाँ, जड शरीर और सूक्ष्मदेहरूप जड चित्त नहीं हैं। उनके दिव्य चिन्मय स्वरूपमें नित्य शुद्ध चिन्मय इन्द्रियाँ, चिन्मय शरीर और चिन्मय चित्त हैं। उनकी समस्त इन्द्रियाँ, उनका शरीर और उनका चित्त नित्य-निरन्तर स्वाभाविक ही दिव्य श्रीकृष्णप्रेमसे परिभावित है। वे श्रीकृष्णकी निज शक्ति हैं, अतएव एकमात्र वे ही श्रीकृष्णकी क्रियामें सहायिका हैं। उनकी शक्तिसे ही श्रीकृष्णकी प्रत्येक लीला सुसम्पन्न होती है।

श्रीराधिका ही मधुर रसकी मूल आश्रयमूर्ति हैं। उनकी श्रीकृष्ण-सेवाकी सुसम्पन्नताके लिये ही उनकी कायव्यूहरूपा निर्मल प्रेममयी अनन्त गोपियोंका नित्य प्राकट्य है। श्रीराधा और श्रीकृष्ण अन्योन्य-विलासमय हैं। इसलिये कभी श्रीकृष्ण

'विषय' और श्रीराधिका 'आश्रय' होती हैं और कभी श्रीराधिका 'विषय' और श्रीकृष्ण 'आश्रय' होते हैं। परंतु श्रीराधिका ही अधिकांशमें प्रियतम श्रीकृष्णको आनन्द प्रदान करनेके लिये उनकी इच्छासे 'विषयत्व' का स्वीकार करती हैं। प्रतिक्षण, प्रत्येक अवस्थामें निरन्तर श्रीकृष्ण-सुख-साधन और श्रीकृष्णेन्द्रिय-तोषण ही उनका एकमात्र कार्य है। वे अपने चित्तकी प्रत्येक वृत्तिसे, शरीरके प्रत्येक अवयव-अङ्ग-उपाङ्गकी प्रत्येक क्रिया और चेष्टासे नित्य-निरन्तर श्रीकृष्ण-सुख-सम्पादनमें ही संलग्न रहती हैं। इसीसे वे 'मधुर रसकी मूल आश्रय-मूर्ति' के नामसे प्रसिद्ध हैं।

बृहद् गौतमीय तन्त्रमें श्रीराधाके लिये कहा गया है—

देवी कृष्णमयी प्रोक्ता राधिका परदेवता।
सर्वलक्ष्मीमयी सर्वकान्तिः सम्मोहिनी परा॥

देवी—श्रीकृष्णकी सेवारूपा क्रीडाकी नित्य-निवासस्थली होनेके कारण या श्रीकृष्णके नेत्रोंको अनन्त आनन्द देनेवाली द्युतिसे समन्वित परमा सुन्दरी होनेके कारण ये 'देवी' हैं।

कृष्णमयी—श्रीकृष्ण ही राधिकाके रूपमें प्रकट हैं, अथवा उनकी प्रेमरसमयी ह्लादिनी शक्ति होनेके कारण ये श्रीकृष्णसे सर्वथा अभिन्न हैं या भीतर-बाहर जहाँ भी इनकी दृष्टि पड़ती है या इनका मन जाता है, वहाँ इन्हें श्रीकृष्ण ही दीखते हैं—इनकी समस्त इन्द्रियाँ सदा-सर्वदा श्रीकृष्णका ही संस्पर्श प्राप्त करती रहती हैं। इसलिये ये 'कृष्णमयी' हैं।

राधिका—प्रेमास्पद श्रीकृष्णकी सब प्रकारकी इच्छा पूर्ण करनेके रूपमें नित्य ही ये तन-मन-वचनसे श्रीकृष्णकी आराधनामें अपनेको नियुक्त रखती हैं—इसलिये ये 'राधिका' हैं।

परदेवता—समस्त देव-ऋषि-मुनियोंके द्वारा पूजनीया, सबका पालन-पोषण करनेवाली और अनन्त ब्रह्माण्डोंकी जननी होनेके कारण ये 'परदेवता' हैं।

सर्वलक्ष्मीमयी—समस्त लक्ष्मियोंकी अधिष्ठान, आश्रय या आधाररूपा, सबकी आत्मारूपिणी, भगवान् श्रीकृष्णके ऐश्वर्य, धर्म, यश, श्री, ज्ञान, वैराग्य—इन छहों ऐश्वर्योंकी प्राणस्वरूपा या समस्त ऐश्वर्योंकी मूलरूपा होनेके कारण अथवा

वैकुण्ठकी नारायणवक्षोविलासिनी लक्ष्मियाँ इन्हींकी वैभवविलासांशरूपा होनेके कारण ये 'सर्वलक्ष्मीमयी' हैं।

सर्वकान्ति—सम्पूर्ण शोभा-सौन्दर्यकी अनन्त खान, समस्त लक्ष्मियों तथा शोभाधिष्ठात्री देवियोंकी मूल उद्भवरूपा अथवा नन्दनन्दन श्रीकृष्णचन्द्रकी समस्त इच्छाओंकी साक्षात् मूर्ति होनेके कारण ये 'सर्वकान्ति' हैं।

सम्मोहिनी—भुवनमनमोहन, अनन्तमदनमोहन, स्वमनमोहन श्रीश्यामसुन्दरकी भी मनोमोहिनी होनेके कारण ये 'सम्मोहिनी' हैं और—

परा—श्रीकृष्णकी भी परमाराध्या, परम प्रेयसी या पराशक्ति होनेके कारण इन्हें 'परा' कहते हैं। इन 'परा'शक्तिसे ही शक्तिमान् होकर श्रीकृष्ण सम्पूर्ण दिव्य मधुर लीलाओंको सम्पन्न करते रहते हैं।

श्रीचैतन्यचरितामृतमें कहा गया है कि श्रीराधिकाजीमें अनन्त दिव्य गुण हैं, वे भगवद्गुणमयी ही हैं; पर उनमें ऐसे पचीस प्रधान गुण हैं, जिनके कारण भगवान् श्रीकृष्ण नित्य उनके वशमें रहते हैं—

अनन्त गुण श्रीराधिकार, पंचिस प्रधान।
सेइ गुणेर वश हय कृष्ण भगवान॥

वे पचीस गुण निम्नलिखित हैं—

(१) मधुरिमा, (२) नित्यकिशोरावस्था, (३) नेत्रोंकी चञ्चलता, (४) निर्मल उज्ज्वल हास्य, (५) सुन्दर सौभाग्यरेखा, (६) माधव-मनसोन्मादकारी श्रीअङ्ग-सौरभ, (७) संगीतशास्त्रमें निपुणता, (८) श्रुतिमनोज्ञ वाणी, (९) नर्म-पाण्डित्य यानी परिहास-वाक्योंके प्रयोगमें निपुणता, (१०) सहज विनयशीलता, (११) पूर्ण करुणा, (१२) विदग्धता, (१३) कर्तव्यकुशलता, (१४) लज्जाशीलता, (१५) सुमर्यादा—श्रीकृष्णके प्रति गौरव-बुद्धि, (१६) परम धैर्य, (१७) आदर्शगम्भीरता, (१८) लीलामयता, (१९) परमोत्कर्षमयी महाभावमयता, (२०) गोकुलकी प्रेमपात्री, (२१) ब्रह्माण्डोंमें उद्दीप्त यश, (२२) गुरुजनोंके श्रेष्ठ स्नेहकी पात्रता, (२३) सखियोंके प्रति प्रेम-परवशता, (२४) श्रीकृष्ण-प्रिया रमणियोंमें सर्वप्रधानता और (२५) प्रियतम श्रीकृष्णको सदा-सर्वदा

****

अपने अधीन रखनेकी मधुर शक्ति।

श्रीकृष्णलीलानन्दमयी श्रीराधाके असंख्य दिव्य गुण हैं—उनकी गणना तो कोई कर ही नहीं सकता, वे कल्पनामें भी नहीं आ सकते।

'प्रेमाम्भोज-मकरन्द'में आया है कि 'श्रीकृष्णस्नेह' ही श्रीमती राधाके अङ्गका सुगन्धित उबटन है, इस उबटनको लेकर वे तीन काल स्नान करती हैं। उनके सर्वप्रथम—पूर्वाह्न-स्नानका जल है—'कारुण्यामृत' अर्थात् प्रथम कैशोरावस्था या करुणाविशिष्ट नवयौवन, मध्यम—मध्याह्न-स्नानका जल है—'तारुण्यामृत' या व्यक्त यौवन और अपराह्न-स्नानका जल है—'लावण्यामृत' यानी पूर्ण यौवन। कायिक गुणोंमें जो वयस्, रूप और लावण्य है—वही श्रीमतीका त्रिविध स्नान-जल है। 'लज्जा' रूपी नील श्याम रेशमी साड़ी उनका अधोवस्त्र है। 'कृष्णानुराग' उनका अरुण उपवस्त्र—ओढ़नी है। 'श्रीकृष्ण-प्रणय-मान' उनके वक्षःस्थलकी कञ्चुकी (चोली) है। 'अङ्ग-सौन्दर्य' ही केशर है, 'अभिरूपतारूपी सखियोंका प्रणय' चन्दन है। 'माधुर्यमयी स्मितकान्ति' कर्पूर है। केसर, चन्दन और कर्पूर—इन तीन वस्तुओंका श्रीराधिकाके अङ्गपर विलेपन हो रहा है अर्थात् सौन्दर्य, अभिरूपता और माधुर्यसे वे नित्य विभूषित हैं। 'श्रीकृष्णका उज्ज्वल रस' ही उनके अङ्गोंपर लगी हुई कस्तूरी है। उनका 'प्रच्छन्न मान और वाम-भाव' ही मस्तकका जूड़ा है। 'धीराधीरात्मक गुण' ही उनके अङ्गका रेशमी वस्त्र है। 'श्रीकृष्ण-रति' ही उनके उज्ज्वल अधरोंपर ताम्बूलका राग है। 'प्रेमकौटिल्य' ही उनके दोनों नेत्रोंका जल है। 'सुदीप्त सात्त्विक भाव', 'हर्षादि संचारी भाव' और बीस प्रकारके 'किलकिञ्चितभाव' श्रीमतीके अङ्गकी अन्यान्य सजावट तथा माला हैं। 'उनका नित्य सुहाग' ही उनके विशाल ललित ललाटका तिलक है। 'प्रेमवैचित्त्य' ही उनके अङ्गके रत्न हैं। 'कृष्णलीलामयी' चित्तवृत्तियाँ ही उनकी आस-पासकी सखियाँ हैं। 'निजाङ्ग-सौरभ' ही उनका आलय है। 'गर्व' पर्यङ्क है और 'श्रीकृष्णनामगुण-यशः-श्रवण-कीर्तन' ही उनके कर्णभूषण और वाणीका प्रवाह है।

श्रीराधारानी तनिक भी व्यवधानके बिना सभी समय श्रीकृष्णकी समस्त कामनाएँ पूर्ण करती रहती हैं। उनका सच्चिदानन्दमय कमनीय कलेवर अनुपम दिव्य

गुणोंसे परिपूर्ण है और वे श्रीकृष्णके विशुद्ध प्रेमरत्नोंकी अनन्त आकर (खान) हैं।

भगवान् श्रीकृष्ण जैसे युगपत् (एक ही साथ) निर्विकार और स्वेच्छामय, सर्वव्यापी और मूर्तिमान्, निरपेक्ष और भक्तपक्षपाती, आत्माराम और प्रेमिभक्त-प्रेमाकाङ्क्षी आदि परस्परविरुद्ध-धर्मयुक्त हैं, उसी प्रकार श्रीराधा प्रेमाशेषसीमा-समन्वित होकर भी सर्वदा प्रेमवृद्धिशील, अत्यन्त महान् होकर भी अत्यन्त दीन, अत्यन्त गौरवमयी होकर भी गौरव-आचारहीन, परम निर्मल होकर भी पुनः-पुनः वक्रगतियुक्त—यों परस्पर-विरुद्धगुणयुक्त हैं। भगवान् श्रीकृष्णके माधुर्य और श्रीराधिकाके प्रेममें होड़ लगी हुई है और नित्य-निरन्तर बढ़ते हुए वे अनन्त—असीमकी ओर जा रहे हैं। आनन्द-कन्द श्रीकृष्णसे त्रिभुवनको आनन्द प्राप्त होता है, परंतु श्रीकृष्णको आनन्दित करती हैं श्रीराधाजी। श्रीकृष्णका माधुर्य असमोद्र्ध्व है और उनका रूप कोटि-कोटि कामदेवोंके सौन्दर्यपर विजय प्राप्त कर चुका है; पर श्रीकृष्णके नेत्र श्रीराधाके अप्रतिम रूप-सौन्दर्यका दर्शन करके ही शीतल होते हैं। श्रीकृष्णकी कलित-ललित वंशी-ध्वनि चतुर्दश भुवनोंको आकर्षित करती है, पर श्रीकृष्णके कान श्रीराधाके वाक्य-सुधा-पानसे ही तृप्त होते हैं। श्रीकृष्णके दिव्य अङ्ग-गन्धसे जगत् सुगन्धित होता है अर्थात् जगत्के समस्त मनमोहक सुगन्ध श्रीकृष्णके अङ्गगन्धसे ही सुगन्धित हैं; परंतु श्रीकृष्णके प्राण तथा घ्राण नित्य श्रीराधाके अङ्ग-सुगन्धके लोभी बने रहते हैं। साक्षात् रसरूप रसराजशिरोमणि श्रीकृष्णके रससे जगत् सुरसित है, पर श्रीकृष्ण श्रीमती राधारानीके अधर-रसके वशीभूत हैं। श्रीकृष्णका स्पर्श कोटि-कोटि-शशाङ्क-सुशीतल है, किंतु श्रीकृष्णके अङ्ग सुशीतलता प्राप्त करते हैं श्रीराधारानीके अङ्गस्पर्शसे। श्रीराधिकाके प्रति श्रीकृष्णकी प्रीति अत्यन्त प्रबल होनेपर भी श्रीकृष्णके प्रति श्रीराधाकी उज्ज्वल निर्मल प्रीति कहीं अधिक है। श्रीमती वृषभानुदुलारीके हृदयमें आत्मेन्द्रिय-सुखेच्छाकी कल्पना भी नहीं है; तथापि उनके द्वारा, उनकी सेवाके द्वारा प्रियतम श्रीकृष्ण अपार आनन्द प्राप्त कर रहे हैं—इस अनुभूतिसे वे श्रीकृष्णकी अपेक्षा भी अनन्तगुण अधिक सुख प्राप्त करती हैं। धन्य हैं वे श्रीराधारानी और उनकी कायव्यूहरूपा त्याग-प्रेमकी जीती-जागती प्रतिमा श्रीगोपसुन्दरियाँ और धन्य है वह दिव्य व्रज,

जहाँ ऐसी दिव्य लीलाएँ होती हैं।

इसी व्रजके पवित्र प्रेमपरिप्लावित क्षेत्रमें श्रीराधा-माधवका रस-विलास एक नित्य प्रवहमाणा स्रोतस्विनीके सदृश है। इस प्रवाहके दो तट हैं—मिलन और विरह अथवा सम्भोग और विप्रलम्भ। मिलन-तटपर विराजित व्रजयुगलवर 'सम्भोग'-रसका आस्वादन करते हैं और विरह-तटपर वे 'विप्रलम्भ'-रसका आस्वादन करते हैं और विरह-तटके रसास्वादनके चार प्रकार हैं—पूर्वराग, मान, प्रेमवैचित्त्य और प्रवास। इसी प्रकार मिलन-तटके आस्वादनका वैचित्र्य भी चार प्रकारका है—संक्षिप्त, संकीर्ण, सम्पूर्ण और समृद्धिमान्। पूर्वरागके विरहके अनन्तर होनेवाला मिलन 'संक्षिप्त' सम्भोग है, मानकी विरह-वेदनाके बाद होनेवाला 'संकीर्ण' सम्भोग है, कुछ दूरके प्रवासजनित विप्रलम्भके बाद होनेवाला 'सम्पूर्ण' सम्भोग है और सुदूर प्रवासजनित विप्रलम्भके अनन्तर होनेवाले मिलनको 'समृद्धिमान्' सम्भोग कह सकते हैं। इन चार प्रकारके सम्भोग और चार प्रकारके विप्रलम्भमेंसे प्रत्येक आठ प्रकारका होनेसे व्रजमें चौंसठ रसोंका आस्वादन हुआ करता है; फिर इनके अनेकों अन्तर्भेद हो सकते हैं। इनमेंसे प्रत्येक रस-विलासकी स्थिति और विस्तृति सर्वतोभावसे निर्भर करती है—विरहमिलनकी विरुद्धतापर। इन दोनोंकी सत्तापर ही व्रजके रस-प्रवाहकी सत्ता है। इसीलिये इन दोनोंको सम्भोग और विप्रलम्भको 'विलासावगाहि-विरोधिता' कहा जाता है।

जैसे बायें और दाहिने दोनों पैरोंसे मनुष्य चलता है, दो पाँखोंसे पक्षी उड़ता है, उसी प्रकार विरह और मिलनसे इस रस-विलासकी सिद्धि होती है और जैसे प्रातः एवं संध्याके बीचमें दिनकी विशिष्टताका विकास होता है, पूर्णिमा एवं अमावस्याके द्वारा मासकी विचित्रता प्रकट होती है, वैसे ही विरह और मिलनकी विविधता और पृथक्ताओंमें व्रजके रसविलासका मधुरतम प्रवाह चलता रहता है। व्रजमें इन दोनोंका एकत्रीकरण इष्ट नहीं है। पर कहीं-कहीं जब विरह और मिलनका एकत्र मिलन हो जाता है, तब एक महान् मधुर माधुर्यका उदय होता है, व्रजरसिक प्रेमीजन उसका अनुभव करते हैं।

प्रेमवैचित्त्यका आस्वादन मिलनमें विरहकी स्फूर्तिसे होता है। प्रेमवैचित्त्यका

श्रीराधाकृष्णाभ्यां नमः

49

श्रीराधा-माधव-चिन्तन

ग्रन्थकार- हनुमानप्रसाद पोद्दार

लक्षण बतलाते हुए श्रीरूपगोस्वामी कहते हैं—

प्रियस्य संनिकर्षेऽपि प्रेमोत्कर्षस्वभावतः ।
या विश्लेषधियाऽऽर्तिस्तत् प्रेमवैचित्त्यमुच्यते ॥

'प्रेमकी उत्कृष्टताके कारण प्रियतमके समीप रहनेपर भी उसके न रहनेके निश्चयसे होनेवाली पीड़ाका अनुभव होना 'प्रेमवैचित्त्य' कहलाता है।'

रासलीलाके समय भगवान् श्रीकृष्णचन्द्र समस्त गोपियोंको छोड़कर श्रीराधाजीको साथ लेकर एकान्तमें चले गये। वहाँ जब श्रीराधाने कहा—'मुझे कंधेपर चढ़ा लो' और ज्यों ही भगवान् उन्हें कंधेपर चढ़ाने लगे कि बस, उसी क्षण प्रेमकी अत्यन्त उत्कृष्टतावश श्रीराधाको 'प्रेमवैचित्त्य' हो गया। वे गिर पड़ीं प्रियतम श्रीकृष्णने उन्हें अपने अङ्कमें सुला लिया। उस समय श्रीराधाको ऐसा लग रहा था कि श्रीकृष्ण मुझे छोड़कर अन्तर्धान हो गये हैं और वे रो-रोकर पुकराने लगीं—

हा नाथ रमण प्रेष्ठ क्वासि क्वासि महाभुज ।
दास्यास्ते कृपणाया मे सखे दर्शय संनिधिम् ॥

(श्रीमद्भागवत १०।३०।४०)

'हा नाथ ! हा रमण ! हा प्रियतम! हा महाबाहो ! तुम कहाँ हो ? मैं तुम्हारी दासी हूँ। प्यारे ! तुम्हारे चले जानेसे मैं अत्यन्त दुःखी हो रही हूँ। मेरे पास आकर मुझे तुरंत दर्शन दो।'

प्रेमवैचित्त्यका कितना सुन्दर और प्रत्यक्ष दृश्य है !

श्रीविदग्धमाधवमें आया है—श्रीयमुनाजीके तटपर श्रीराधा-माधव विहार कर रहे हैं। वृन्दादेवी कर्णभूषणके योग्य दो कमल श्रीमाधवको लाकर देती हैं। श्रीकृष्ण सहर्ष उनको लेकर श्रीराधाके कानोंमें पहनाने लगते हैं। इतनेमें ही देखते हैं कि कमलमें एक भ्रमर बैठा है। भ्रमर उड़ा, श्रीराधाके मुखको कमल समझकर उसकी ओर चला, श्रीराधाने श्रीहस्तके द्वारा उसको हटाना चाहा, भ्रमर श्रीकरतलको एक कमल समझकर उसकी ओर उड़ा। ढीठ भ्रमर जा नहीं रहा है, इससे डरकर श्रीराधा अपनी ओढ़नीका आँचल फटकारने लगीं। मधुमङ्गलने छड़ी मारकर भ्रमरको बहुत दूर हटा दिया और लौटकर कहा—'मधुसूदन (भ्रमर) चला गया।'

इतना सुनते ही 'मधुसूदन शब्दसे भगवान् श्रीकृष्ण समझकर श्रीराधाजी 'हाय-हाय! मधुसूदन कहाँ चले गये'—पुकारकर रोने लगीं। **यदिह सहसा ममत्याक्षीद्वने वनजेक्षणः।**—'अकस्मात् कमलनयन श्रीकृष्ण इस वनमें मुझको त्यागकर क्यों चले गये?' यों कहकर वे आर्तनाद करने लगीं। अपने समीप ही प्रियतमाके इस मधुरतम प्रेमवैचित्त्य-जनित विरहको देखकर श्रीकृष्णने संकेतसे सबको चुप हो जानेके लिये कहा और स्वयं मधुर हास्य करने लगे। ये प्रेमवैचित्त्यके उदाहरण हैं।

इसी प्रकार मिलन और विरहके मिलनेके भी सुन्दर उदाहरण हैं—श्रीमद्-भागवतके दशम स्कन्धमें रासपूर्णिमाकी रात्रिके समय भगवान् श्रीकृष्णकी मुरलीध्वनि सुनकर श्रीगोपाङ्गनाओंके अभिसारका वर्णन है। वहाँ यह बताया गया है कि कुछ गोपाङ्गनाएँ घरोंके भीतर थीं—**'अन्तर्गृहगताः'**। उनको घरवालोंने रोक दिया, वे प्रियतम श्रीकृष्णसे मिलनेके लिये बाहर जा नहीं सकीं— **'अलब्धविनिर्गमाः'**। तब उनका हृदय प्रियतम श्यामसुन्दरके भावसे परिपूर्ण हो गया। उनकी आँखें मुँद गयीं और हृदयमें श्रीकृष्णकी श्रीमूर्ति प्रकट हो गयी। उस अवस्थाका वर्णन करते समय श्रीशुकदेवजीने कहा है—

अन्तर्गृहगताः काश्चिद् गोप्योऽलब्धविनिर्गमाः।
कृष्णं तद्भावनायुक्ता दध्युर्मीलितलोचनाः॥
दुस्सहप्रेष्ठविरहतीव्रतापधुताशुभाः।
ध्यानप्राप्ताच्युताश्लेषनिर्वृत्या क्षीणमङ्गलाः॥

(श्रीमद्भागवत १०।२९।९-१०)

'उस समय कुछ गोपरमणियाँ घरोंके भीतर थीं, उन्हें घरवालोंने रोक दिया, इससे बाहर नहीं निकल सकीं। तब उन्होंने अपनी आँखें मूँद लीं और बड़ी भावनाके साथ तन्मय होकर श्रीकृष्णके परम मोहन सौन्दर्य-माधुर्यका ध्यान करने लगीं। वे अपने प्रियतम श्रीकृष्णके पास न जा सकीं, अतः उन्हें विरहकी इतनी तीव्र वेदना हुई कि उनके सारे अशुभ संस्कार नष्ट हो गये और उसीके साथ-साथ ध्यानावस्थामें आये हुए प्रियतम श्रीकृष्णका आलिङ्गन करनेसे इतना महान् सुख हुआ कि उनके समस्त शुभ संस्कारोंका सर्वथा क्षय हो गया।'

***

यहाँ यह स्पष्ट है कि एक ही समय विरहकी तीव्र वेदना और मिलनका महान् आनन्द प्राप्त हो रहा है। विरह-मिलनका ही मिलन हो रहा है। अनन्य प्रियतम प्राणवल्लभ श्रीकृष्णके प्रेममें मिलन-विरहकी आनन्दपीड़ा इतनी विलक्षण होती है कि उसकी उपमा कहीं नहीं है। देवी पौर्णमासीने नान्दीमुखीसे कहा था—

पीडाभिर्नवकालकूटकटुतागर्वस्य निर्वासनो
निःस्यन्देन मुदां सुधामधुरिमाहंकारसंकोचनः।
प्रेमा सुन्दरि नन्दनन्दनपरो जागर्ति यस्यान्तरे
ज्ञायन्ते स्फुटमेव वक्रमधुरास्तेनैव विक्रान्तयः॥

'सुन्दरि! श्रीनन्दनन्दन श्यामसुन्दरका प्रेम जिसके अन्तरमें प्रकट हो जाता है, उस प्रेमके वक्र-मधुर विक्रमको वही व्यक्ति जानता है। इस प्रेममें ऐसी महान् पीड़ा है कि वह नवीन कालकूट विषकी कटुताके गर्वको भी दूर कर देती है। उधर जब इस प्रेमकी आनन्दधारा बहने लगती है, तब वह अमृतके माधुर्यजनित अहंकारको संकुचित कर देती है।' इसी विरह-वेदना और मिलनानन्दने गोपीके अशुभ-शुभको समाप्त करके उसको कर्मबीजशून्य बना दिया।

'ललितमाधव'के दशम अङ्कमें श्रीकृष्ण-विरहकी असीम वेदनासे पीड़ित सत्यभामारूपिणी श्रीराधा भयानक सर्प-विषसे विषमय हुए सरोवरमें प्राणत्यागके लिये कूद पड़ती हैं। इतनेमें ही श्रीकृष्ण दौड़े आते हैं और पीछेसे दोनों भुजाओंके द्वारा श्रीराधाका कण्ठ धारण कर लेते हैं।

श्रीराधा दोनों भुजाओंको कालसर्प समझती हैं और मन-ही-मन कहती हैं कि 'कैसा सौभाग्य है कि मैं दो सर्पोंके द्वारा पकड़ ली गयी हूँ, ये अभी डँस लेंगे और डँसते ही इस विरह-दग्ध जीवनका अन्त हो जायगा। विधाता बड़ा ही अनुकूल है, जो मेरी मनचाही मृत्युको अभी तुरंत ही बुला देगा।'

सर्प डँस नहीं रहे हैं, यह देखकर तथा स्पर्श-सुखका अनुभव करके श्रीराधा मन-ही-मन कहती हैं—'उपयुक्त समयपर अपकार करनेवाली वस्तुएँ भी प्रिय हो जाती हैं। सर्प डँस तो नहीं रहे हैं, उलटा स्पर्श-सुख दे रहे हैं।'

श्रीकृष्ण राधाके मणिबन्धनमें स्यमन्तकमणि बाँध देते हैं। मणिकी ज्योतिको

देखकर श्रीराधा कहती हैं—'बड़ा ही आश्चर्य है कि मणिविभूषित-मस्तक कालसर्प भी मुझे डँसनेमें देर कर रहा है। हाय ! कृष्णरहित इस जीवनका कब सदाके लिये अन्त होगा !'

श्रीकृष्णके हृदयसे चिपटी हुई श्रीमती राधा इस प्रकार विरह-वेदनासे छटपटाती हुई मृत्युकी बाट देख रही हैं। मिलन-विरहका यह बड़ा मनोहर चित्र है।

ये विरह-मिलन-मिलनके कुछ उदाहरण हैं।

'विप्रलम्भ' का स्वभाव ही है—भीतर पाना और बाहर खो देना तथा 'सम्भोग' का स्वभाव है—बाहर पाना और भीतर खो देना। इसीसे सम्भोगकालमें इच्छा होती है—बाहरके प्रियतमको भीतर ले जानेकी, और विप्रलम्भमें व्याकुल आग्रह होता है—भीतरके प्रियतमको बाहर लाकर उनका मुखचन्द्र देखने और उन्हें आलिङ्गन करनेका।

यद्यपि श्रीराधाके अन्तर-बाहर दोनों ही क्षेत्रोंमें नित्य प्रियतम श्यामसुन्दरका निवास रहता है, वे नित्य हृदयभवनमें लीला-विहार करते हैं और साथ ही नित्य नेत्रोंके सामने रहकर बाह्य-लीला करते रहते हैं; तथापि प्रेमकी सुन्दर विचित्र स्थितियोंका रसास्वादन होता रहे, इसलिये श्रीमती राधामें कभी 'विप्रलम्भ-लीला'की स्फूर्ति होती है और कभी 'मिलन-लीला'की।

श्रीराधा-माधव और उन्हींकी प्रतिमूर्तियाँ श्रीगोपाङ्गनाओंकी यह पवित्रतम, मधुरतम, उज्ज्वलतम प्रेमानन्दसुधामयी लीला विविध विचित्र स्वरूपोंमें नित्य-निरन्तर चलती रहती है। इसके अनन्त स्वरूप हैं, अनन्त स्तर हैं।

अपनी कायव्यूहरूपा श्रीगोपाङ्गनाओंके साहाय्य-सहयोगसे श्रीकृष्णस्वरूपा ह्लादिनी शक्ति श्रीराधारानी परम प्रियतम श्रीकृष्णको आनन्द प्रदान करती हुई जब किसी भाग्यवान् जीवपर स्वयं अथवा अपनी किसी सखी-सहचरीके द्वारा कृपा-वर्षण करती हैं, तभी जीवका विशुद्ध कृष्णप्रेमकी ओर आकर्षण होता है। जीवगत ह्लादिनीका विकार मायाशक्तिके द्वारा जीवको सतत खींच रहा है, इसीसे वह विषय-भोगमें प्रमत्त होकर श्रीकृष्णप्रेमसे वञ्चित हो रहा है और इसीसे विषयोंसे सुखकी आशामें नित्य-नित्य दुःखोंके भँवरमें पड़ा गोते खा रहा है। इस माया-शक्तिके

आकर्षणसे मुक्त होनेके लिये श्रीकृष्णगत-ह्लादिनी शक्ति श्रीराधा या उनकी किसी सखी-सहचरीके अनुगत होकर उनसे प्रार्थना करनी चाहिये, जिससे वे कृपा करके श्रीराधा-माधवके विशुद्ध प्रेमकी ओर हमें खींचें।

जय परमेश्वरि जयति परम उज्ज्वल रसरूपा।
जय श्रीकृष्णसुखैकपरा जय कृष्ण-स्वरूपा॥
जय आह्लादिनिशक्ति जयति जय रस-उल्लासिनि।
जय रासेश्वरि नित्य निकुञ्जेश्वरि मधुहासिनि॥
जय श्रीकृष्णानन्द-स्वरूपिणि जय हरि-भामिनि।
जयति कृष्णसर्वेश्वरि कृष्णात्मासुखधामिनि॥
जय कृष्णाराधिका कृष्ण आराध्या जय जय।
जय कृष्णाधारा रम्या राधिका जयति जय॥

जयति नव नागरी, रूप गुन आगरी, सर्ब सुख सागरी कुँअरि राधा।
जयति हरि भामिनी, स्याम घन दामिनी, केलि कलकामिनी, छबि अगाधा॥
जयति मनमोहनी, करौ दृग बोहनी, दरस दै सोहनी! हरौ बाधा।
जयति रस मूरि री, सुरभि सुर भूरि री, 'भगवतरसिक' की प्रान साधा॥

——::×::——

श्रीराधा-माधवका महत्त्व, स्वरूप, तत्त्व और सम्बन्ध

(सं० २०१५ वि० के श्रीराधाष्टमी-महोत्सवपर प्रवचन)

[दिनमें]

दिशि दिशि रचयन्तीं संचरन्नेत्रलक्ष्मी-
विलसितखुरलीभिः खञ्जरीटस्य खेलाम्।
हृदयमधुपमल्लीं बल्लवाधीशसूनो-
रखिलगुणगभीरां राधिकामर्चयामि॥
पितुरिह बृषभानोरन्ववायप्रशस्तिं

जगति किल समस्ते सुष्ठु विस्तारयन्तीम्।
व्रजनृपतिकुमारं खेलयन्तीं सखीभिः
सुरभिणि निजकुण्डे राधिकामर्चयामि ॥

श्रीराधा-माधव-महिमा

जीवमात्र आनन्दकी इच्छा करते हैं—पूर्ण, नित्य और अखण्ड आनन्द चाहते हैं और अनवरत आनन्दके ही अनुसंधानमें लगे हैं। वे आनन्दके अतिरिक्त और कुछ भी नहीं चाहते; क्योंकि सब आनन्दसे ही निकले हैं, आनन्दमें ही निवास कर रहे हैं और आनन्दमें ही उन्हें लौट जाना है, परंतु आनन्द है क्या वस्तु और वह कहाँ है तथा कैसे प्राप्त हो सकता है, इस बातको जीव भूल गया है और इसीसे वह स्त्री-स्वामी, पिता-पुत्र, धन-सम्मान, पद-अधिकार आदि विनाशी प्राणी-पदार्थोंमें आनन्दकी खोज करता है। वस्तुतः आनन्दघन तो हैं भगवान् श्रीकृष्ण ही। अतएव नित्य, पूर्ण, अखण्ड आनन्दकी खोज करता हुआ वह प्रकारान्तरसे प्रतिक्षण श्रीकृष्णानुसंधानमें ही लगा है; पर वह भूल रहा है। इसी भूलको मिटाकर उसे सच्चे आनन्दके दर्शन करानेके लिये पूर्णानन्दमय भगवान् श्रीकृष्णकी आराधना संतोंने बतायी है। शान्त, दास्य, सख्य, वात्सल्य, माधुर्य आदि जितने भी प्रकारके प्रेमोंसे विशुद्ध आनन्दस्वरूप श्रीकृष्णका आराधन होता है, उन सबके साधन तथा स्वरूप पृथक्-पृथक् बतलाये गये हैं। ये सारे प्रेम एक ही साथ, एक ही रूपमें जहाँ प्रत्यक्ष प्रकट हों, ऐसा कोई मूर्तिमान् उदाहरण उपस्थित करनेके लिये स्वयं भगवान् श्रीकृष्ण ही नित्य 'राधा' बने हुए हैं। ये श्रीराधा श्रीकृष्णकी सम्पूर्ण आनन्दशक्ति (ह्लादिनी शक्ति) हैं, अतएव ये ही श्रीकृष्णकी आत्मा और जीवनाधार हैं। नित्य-सत्य चिदानन्द-प्रेमरस-विग्रह अखिलविश्वेश्वर श्रीकृष्ण इसीसे परम प्रेमस्वरूपा श्रीराधाके नितान्त वशीभूत और सर्वथा अनुगत हैं। जहाँ प्रेम है, वहीं आनन्द है। प्रेमके बिना आनन्द नहीं रहता। आनन्दके बिना प्रेम नहीं रहता। श्रीकृष्ण आनन्दके घनीभूत श्रीविग्रह हैं। श्रीराधा प्रेमकी घनीभूत मूर्ति हैं। राधाके बिना श्रीकृष्ण तथा श्रीकृष्णके बिना श्रीराधा रह ही नहीं सकतीं।

श्रीकृष्ण ही राधाके जीवन हैं और श्रीराधा ही कृष्णकी जीवनस्वरूपा हैं।

श्रीकृष्ण भोक्ता हैं, श्रीराधा भोग्या हैं; श्रीकृष्ण सेव्य हैं, श्रीराधा सेविका हैं; श्रीकृष्ण आराध्य हैं, श्रीराधा आराधिका हैं। कहीं-कहीं इसके ठीक विपरीत, श्रीकृष्ण भोग्य हैं, सेवक हैं, आराधक हैं और श्रीराधा भोक्त्री, सेव्या और आराध्या हैं।

इन आह्लादिनी शक्ति श्रीराधाकी लाखों-करोड़ों अन्तरङ्ग वृत्तियाँ मूर्तिमती होकर प्रतिपल श्रीराधा-कृष्णकी सेवा तथा उनकी सुख-संवर्धनामें लगी रहती हैं। श्रीराधा-कृष्णको प्रसन्न—सुखी देखना तथा करना ही इनका एकमात्र लक्ष्य, प्रभाव या स्वरूप है। ये श्रीराधाकी कायव्यूहरूपा सखी-सहचरियाँ सदा-सर्वदा सेवामें संलग्न रहती हैं और श्रीराधा-कृष्णके सुखार्थ इनके सहयोगसे तथा इनके माध्यमसे जो दिव्य क्रीड़ा प्रकट होती रहती है, उसीका नाम 'रास' है। यह रास नित्य चलता रहता है। श्रीकृष्ण सनातन पूर्णब्रह्म स्वयं भगवान् हैं। वे ही अखिल-रस-सुधा-विग्रह हैं। इन रसराज, रसरूप, रसिकशेखरके रसास्वादनके लिये होनेवाली चिदानन्द-रसमयी क्रीड़ाका नाम ही 'रास' है। इसीसे स्वयं नारायणके नाभि-कमलसे प्रादुर्भूत श्रीब्रह्माजी तथा रसिकेन्द्रशेखरके हृदयपर नित्य विहार करनेवाली साक्षात् लक्ष्मीजीको भी प्रेमी भक्तगण इस 'रास'का अधिकारी नहीं मानते। दिव्य प्रेमस्वरूपा गोपीजन और दिव्यानन्दस्वरूप श्रीकृष्णकी यह रासलीला कामगन्ध-लेश-शून्य है। गोपियोंका यह प्रेम उद्दीप्त दिव्य सात्त्विक भाव है। इसीको वैष्णव संत 'रूढ़ महाभाव' कहते हैं। श्रीराधा और श्रीगोपाङ्गनाओंकी सेवासे भगवान् श्रीकृष्णको जितनी प्रसन्नता होती है। भगवान् श्रीकृष्णकी सेवासे उनको उससे कहीं अधिक आनन्द प्राप्त होता है। यों परस्पर होड़-सी लगी रहती है और निरन्तर एक-दूसरेके सुखका अनुसंधान बना रहता है। यह लीला वस्तुतः अपने-आपमें ही होती है। भगवान् नित्य सत्य तथा अविच्छिन्न हैं, उनकी यह अविच्छिन्नता इस लीलामें भी सदा अक्षुण्ण रहती है। श्रीराधा श्रीकृष्णकी स्वरूपभूता शक्ति हैं। इसलिये उनका नित्य ऐक्य है। श्रीकृष्णका सारा आनन्द उनमें परिपूर्ण है और वे ही श्रीकृष्णको भी नित्य आनन्द देनेवाली हैं।

आनन्द-चिन्मय रसरूप प्रेमका परम सार है—'महाभाव' और श्रीराधारानी महाभावस्वरूपा हैं। इस महाभावके आनन्दका आस्वादन करनेके लिये आनन्दघन भगवान् श्रीकृष्ण सदा लालायित रहते हैं। इसीसे पूर्णकाममें कामना तथा नित्य

तृष्णाहीनमें तृष्णाका उदय देखा जाता है और वे (श्रीराधा) श्रीकृष्णकी दिव्य रसमयी लालसा, कामना और तृष्णाको पूर्ण करनेमें ही नित्य संलग्न रहती हैं।

व्रजके श्रीकृष्णकी उपासना सौन्दर्यकी उपासना है। इसमें रसकी प्रधानता है। भगवान् श्रीकृष्ण सम्पूर्ण सौन्दर्यके आधार, अखिलरसामृतसिन्धु हैं; उनकी आराधनाके लिये आराधकको भी सुन्दर बनना आवश्यक है। इस सुन्दरतामें केवल बाह्य सुन्दरताको ही स्थान नहीं है। बाह्य सौन्दर्य भी अपेक्षित है, परंतु सच्चा सौन्दर्य तो हृदयका है—जिसमें अहंता, कामना, वासनाका कलङ्क-लेश नहीं, विषयासक्तिकी तनिक-सी मलिनताकी छाया नहीं तथा स्व-सुखकी किंचित् भी कल्पना नहीं है। जो केवल प्रियतमके प्रेम-रसरूप सुधासे ही नित्य परिपूर्ण है, जिसमें केवल प्रियतम श्रीकृष्णके सुखकी ही चाह सहज है, ऐसे दिव्य अनन्त अखण्ड अनन्य सौन्दर्यकी जीती-जागती प्रतिमा हैं—श्रीराधाजी! इन्हीं श्रीराधाजीके भावोंको आदर्श मानकर इस पावन प्रेमपथपर अनन्य प्रेमपिपासु विषयविरक्त त्यागी साधक अग्रसर हो सकता है। इस पथपर चलनेवालोंको श्रीराधाके आदर्शका ध्यान रखते हुए इनके भक्तोंकी पदधूलिको मस्तकपर धारण करके चलनेका प्रयास करना चाहिये। अब कुछ क्षण माधवसहित श्रीराधाजीकी पूर्ण महिमा-स्मृतिमें बिताइये—

शिववर्णित राधा-स्वरूप-महिमा

पद्मपुराणमें भगवान् शंकर देवर्षि नारदजीसे कहते हैं—श्रीकृष्णप्रिया राधा अपनी चैतन्य आदि अन्तरङ्ग विभूतियोंसे इस प्रपञ्चका गोपन अर्थात् संरक्षण करती हैं, इसलिये उन्हें 'गोपी' कहते हैं। वे श्रीकृष्णकी आराधनामें तन्मय होनेके कारण 'राधिका' कहलाती हैं। श्रीकृष्णमयी होनेसे ही वे 'परा देवता' हैं, पूर्णतया 'लक्ष्मीस्वरूपा' हैं। श्रीकृष्णके आह्लादका मूर्तिमान् स्वरूप होनेके कारण मनीषीजन उन्हें 'ह्लादिनीशक्ति' कहते हैं। श्रीराधा साक्षात् महालक्ष्मी हैं और भगवान् श्रीकृष्ण साक्षात् नारायण हैं। मुनिश्रेष्ठ ! इनमें थोड़ा-सा भी भेद नहीं है। श्रीराधा दुर्गा हैं तो श्रीकृष्ण रुद्र। वे सावित्री हैं तो ये साक्षात् ब्रह्मा हैं। अधिक क्या कहा जाय, उन दोनोंके बिना किसी भी वस्तुकी सत्ता नहीं है। जड-चेतनमय सारा संसार

श्रीराधा-कृष्णका ही स्वरूप है। इस प्रकार सबको इन्हीं दोनोंकी विभूति समझो। मैं नाम ले-लेकर गिनाने लगूँ तो सौ करोड़ वर्षोंमें भी उस विभूतिका वर्णन नहीं कर सकता। तीनों लोकोंमें पृथ्वी सबसे श्रेष्ठ मानी गयी है। उसमें भी जम्बूद्वीप सब द्वीपोंमें श्रेष्ठ है। जम्बूद्वीपमें भी भारतवर्ष और भारतवर्षमें भी मथुरापुरी श्रेष्ठ है। मथुरामें भी वृन्दावन, वृन्दावनमें भी गोपियोंका समुदाय, उस समुदायमें भी श्रीराधाकी सखियोंका वर्ग तथा उसमें भी स्वयं श्रीराधिकाजी सर्वश्रेष्ठ हैं।

श्रीनारदद्वारा राधा-दर्शन तथा स्तवन

इन अखिल-जगदीश्वरी, रासेश्वरी, नित्यनिकुञ्जेश्वरी, नित्य-श्रीकृष्णवल्लभा, श्रीकृष्णात्मा, श्रीकृष्णप्राणस्वरूपा, श्रीकृष्णाराधनतत्परा, श्रीकृष्णाराध्या श्रीश्रीराधाजीका मङ्गलमय दर्शन प्राप्त करनेके लिये देवर्षि नारद श्रीवृषभानुपुर पहुँचे और वहाँ वृषभानुके साथ प्रसूतिघरमें प्रवेश करके पृथ्वीपर सोयी हुई अखिल-जगज्जननी अखिल-सौन्दर्य-प्रतिमा नवजात कन्याको देखकर वे मुग्ध हो गये और एकमात्र रसायनरूप परमानन्दसिन्धुमें अवगाहन करने लगे। तदनन्तर उन्होंने कन्याको अपनी गोदमें उठा लिया और गोपप्रवर भानुको कार्यान्तरसे कहीं अन्यत्र भेजकर वे उन दिव्यरूपधारिणी बालिकाकी स्तुति करने लगे।

नारदजी बोले—'देवि! तुम महायोगमयी हो, मायाकी अधीश्वरी हो। तुम्हारा तेजःपुञ्ज महान् है। तुम्हारे दिव्याङ्ग मनको अत्यन्त मोहित करनेवाले हैं। तुम महान् माधुर्यकी वर्षा करनेवाली हो। तुम्हारा हृदय अत्यन्त अद्भुत रसानुभूतिजनित दिव्य आनन्दसे परिप्लुत तथा शिथिल रहता है। मेरा कोई महान् सौभाग्य था, जिससे तुम मेरे नेत्रोंके समक्ष प्रकट हुई हो। देवि! तुम्हारी दृष्टि सदा आन्तरिक दिव्य सुखमें निमग्न दिखायी देती है। तुम भीतर-ही-भीतर किसी अगाध आनन्दसे परितृप्त जान पड़ती हो। तुम्हारा यह प्रसन्न, मधुर एवं शान्त मुखमण्डल तुम्हारे अन्तःकरणमें किसी परम आश्चर्यमय आनन्दके उद्रेककी सूचना दे रहा है। सृष्टि, स्थिति और संहार तुम्हारे ही स्वरूप हैं; तुम्हीं इनका अधिष्ठान हो। तुम्हीं विशुद्ध सत्त्वमयी हो तथा तुम्हीं पराविद्यारूपिणी शक्ति हो। तुम्हारा वैभव आश्चर्यमय है। ब्रह्मा और रुद्र आदिके

लिये भी तुम्हारे तत्त्वका बोध होना कठिन है। बड़े-बड़े योगीश्वरोंके ध्यानमें भी तुम कभी नहीं आतीं। तुम्हीं सबकी अधीश्वरी हो। इच्छा-शक्ति, ज्ञान-शक्ति और क्रिया-शक्ति—ये सब तुम्हारे अंशमात्र हैं। ऐसी ही मेरी धारणा है—मेरी बुद्धिमें यही बात आती है। मायासे बालकरूप धारण करनेवाले परमेश्वर महाविष्णुकी जो मायामयी अचिन्त्य विभूतियाँ हैं, वे सब तुम्हारी अंशभूता हैं। तुम आनन्दरूपिणी शक्ति और सबकी ईश्वरी हो, इसमें तनिक भी संदेह नहीं है। निश्चय ही भगवान् श्रीकृष्ण वृन्दावनमें तुम्हारे ही साथ नित्य लीला करते हैं। कुमारावस्थामें भी तुम अपने रूपसे विश्वको मोहित करनेकी शक्ति रखती हो। किंतु तुम्हारा जो स्वरूप भगवान् श्रीकृष्णको परमप्रिय है, आज मैं उसीका दर्शन करना चाहता हूँ। महेश्वरि ! मैं तुम्हारी शरणमें आया हूँ, चरणोंमें पड़ा हूँ। मुझपर दया करके इस समय अपना वह मनोहर रूप प्रकट करो, जिसे देखकर नन्दनन्दन श्रीकृष्ण भी मोहित हो जायँगे।'

यों कहकर देवर्षि नारदजी श्रीकृष्णका ध्यान करते हुए इस प्रकार उनके गुणोंका गान करने लगे—'भक्तोंके चित्त चुरानेवाले श्रीकृष्ण ! तुम्हारी जय हो। वृन्दावनके प्रेमी गोविन्द ! तुम्हारी जय हो। बाँकी भौंहोंके कारण अत्यन्त सुन्दर, वंशी बजानेमें व्यग्र, मोरपंखका मुकुट धारण करनेवाले गोपीमोहन ! तुम्हारी जय हो, जय हो। अपने श्रीअङ्गोंमें कुङ्कुम लगाकर रत्नमय आभूषण धारण करनेवाले नन्दनन्दन ! तुम्हारी जय हो, जय हो। अपने किशोरस्वरूपसे प्रेमीजनोंका मन मोहनेवाले जगदीश्वर ! वह दिन कब आयेगा, जब मैं तुम्हारी ही कृपासे तुम्हें अभिनव तरुणावस्थाके अनुरूप अङ्ग-अङ्गमें मनोहर शोभा धारण करनेवाली इस दिव्यरूपा बालिकाके साथ देखूँगा।'

नारदजी जब इस प्रकार कीर्तन कर रहे थे, उसी समय वह नन्ही-सी बालिका क्षणभरमें अत्यन्त मनोहर दिव्यरूप धारण करके पुनः उनके सामने प्रकट हो गयी। वह रूप चौदह वर्षकी अवस्थाके अनुरूप और सौन्दर्यकी चरम सीमाको पहुँचा हुआ था। तत्काल ही उसीके समान अवस्थावाली दूसरी अनेकों व्रज-बालाएँ भी दिव्य वस्त्र, आभूषण और मालाओंसे सुसज्जित हो वहाँ प्रकट हो गयीं तथा भानुकुमारीको सब ओरसे घेरकर खड़ी हो गयीं।

अखिल-विद्या-विशारद देवर्षि नारदजीकी स्तवन-शक्तिने जवाब दे दिया। वे आश्चर्यसे मोहित हो गये। तब उन व्रजबालाओंने कृपापूर्वक अपनी सखीका चरणोदक लेकर उसे मुनिके ऊपर छिड़का, तब उन्हें बाह्य चेतना हुई। तदनन्तर उन भाग्यवती बालिकाओंने कहा—'मुनिश्रेष्ठ! तुम बड़े भाग्यशाली हो, महान् योगेश्वरोंके भी ईश्वर हो। तुम्हींने परा-भक्तिके साथ सर्वेश्वर भगवान् श्रीहरिकी आराधना की है। भक्तोंकी इच्छा पूर्ण करनेवाले भगवान्की उपासना वास्तवमें तुम्हारे ही द्वारा हुई है। यही कारण है कि ब्रह्मा और रुद्र आदि देवता, सिद्ध, मुनीश्वर तथा अन्य भगवद्भक्तोंके लिये भी जिसे देखना और जानना कठिन है, वही अपनी अद्भुत अवस्था और रूपसे सबको मोहित करनेवाली यह श्रीकृष्णकी प्रियतमा हमारी सखी आज तुम्हारे समक्ष प्रत्यक्ष प्रकट हुई है। निश्चय ही वह तुम्हारे किसी अचिन्त्य सौभाग्यका प्रभाव है। ब्रह्मर्षे ! धैर्य धारण करके शीघ्र ही उठो, खड़े हो जाओ और इस देवीकी प्रदक्षिणा करो, इसके चरणोंमें बारम्बार मस्तक झुका लो। फिर समय नहीं मिलेगा, ये अभी इसी क्षण अन्तर्धान हो जायँगी। अब इनके साथ तुम्हारी बातचीत किसी तरह नहीं हो सकेगी।'

व्रजबालाओंका चित्त स्नेहसे विह्वल हो रहा था। उनकी बातें सुनकर नारदजी नाना प्रकारके वेष-विन्याससे शोभा पानेवाली उस दिव्य बालाके चरणोंमें दो मुहूर्ततक पड़े रहे। तदनन्तर उन्होंने भानुको बुलाकर उस सर्वशोभासम्पन्ना कन्याके सम्बन्धमें इस प्रकार कहा—'गोपश्रेष्ठ ! तुम्हारी इस कन्याका स्वरूप और स्वभाव दिव्य है। देवता भी इसे अपने वशमें नहीं कर सकते। जो घर इसके चरणचिह्नोंसे विभूषित होगा, वहाँ भगवान् नारायण सम्पूर्ण देवताओंके साथ निवास करेंगे और भगवती लक्ष्मी भी सब प्रकारकी सिद्धियोंके साथ वहाँ वर्तमान रहेंगी। अब तुम सम्पूर्ण आभूषणोंसे विभूषित इस सुन्दरी कन्याको परादेवीकी भाँति समझकर इसकी अपने घरमें प्रयत्नपूर्वक रक्षा करो।'

इन श्रीकृष्णमयी आनन्द-प्रेम-रस-प्रतिभाविता महाभावस्वरूपा श्रीराधाका आज परम पुनीत प्राकट्य-दिवस है। आजके ही दिन इन्होंने श्रीवृषभानुपुरमें परम सौभाग्यशाली श्रीवृषभानु तथा परम सौभाग्यमयी श्रीकीर्तिरानीके घर प्रकट होकर

उनको धन्य किया था। हमलोगोंका परम सौभाग्य है कि आज हमलोग उन्हीं सखियोंसे युक्त श्रीराधारानीकी पूजा-अर्चना करने तथा जन्मोत्सव मनानेका सौभाग्य प्राप्त कर रहे हैं।

मन्मथ-मन्मथ मन मथत जाके सुषमित अंग।
मुख-पंकज-मकरंद नित पियत स्याम दृग भृंग॥ १॥
जाके अंग-सुगंध कौ नित नासा ललचात।
तन-चाहत नित परसिबौ जाकौ मधुमय गात॥ २॥
मधु-रसमयि बचनावली सुनिबे कौं नित कान।
हरि के लालायित रहत, तजि गुरुता कौ मान॥ ३॥
जाके मधुर प्रसाद कौ मधु रस चाखन हेतु।
हरि-रसना अकुलात अति तजि दुस्त्यज श्रुति-सेतु॥ ४॥
जाकी नख-दुति लखि लजत कोटि-कोटि रबि-चंद।
बंदौ तिन राधा-चरन-पंकज सुचि सुखकंद॥ ५॥

बोलो कीर्तिकुमारी वृषभानुदुलारी नन्दनन्दनप्यारी श्रीराधा-सुकुमारीकी जय! जय! जय!

[रात्रिमें]

गौरीं गोष्ठवनेश्वरीं गिरिधरप्राणाधिकां प्रेयसीं
स्वीयप्राणपरार्द्धपुष्पपटलीनिर्मञ्छ्यतत्पद्धतिम्।
प्रेम्णा प्राणवयस्यया ललितया संलालितां नर्मभिः
सिक्तां सुष्ठु विशाखया भज मनो राधामगाधां रसैः॥

भक्तिके पाँच रस

वैष्णव महानुभावोंने शास्त्र-निर्णय तथा अपने अनुभवके आधारपर पाँच प्रकारके रस बतलाये हैं। भक्तके भाव-भेदसे ही ये रस-भेद हैं। यह आवश्यक नहीं कि इनका क्रमशः विकास हो; परंतु यह निश्चय है कि अगले-अगले रसमें पिछले-पिछले रसकी निष्ठा अवश्य रहती है। जैसे आकाशादि पञ्चभूतोंके गुण

अगले-अगले भूतोंमें वर्तमान रहते हैं, वैसे ही इस साधन-प्रणालीमें भी रसोंका रहना माना गया है। जैसे पृथ्वीमें पाँचों गुणोंका पर्यवसान है, वैसे ही शान्त-दास्यादि रसोंका माधुर्यमें पर्यवसान है। जरा समझिये—

आकाश या व्योम—शब्द-तन्मात्रक है।

वायु या मरुत्—शब्द-स्पर्श-तन्मात्रक है।

अग्नि या तेज—शब्द-स्पर्श-रूप-तन्मात्रक है।

अप् या जल—शब्द-स्पर्श-रूप-रस-तन्मात्रक है।

क्षिति या पृथ्वी—शब्द-स्पर्श-रूप-रस-गन्ध-तन्मात्रक है।

इसी प्रकार शान्त, दास्य, सख्य, वात्सल्य और माधुर्यको समझना चाहिये।

शान्त-रस—निष्ठामय।

दास्य—निष्ठा और सेवामय।

सख्य— निष्ठा, सेवा और विश्रम्भ-(संकोचराहित्य-) मय।

वात्सल्य—निष्ठा, सेवा, विश्रम्भ और ममतामय।

माधुर्य—निष्ठा, सेवा, विश्रम्भ, ममता और आत्मसमर्पणमय।

इनमें सर्वप्रथम शान्त-रस है—शान्त-रसके भक्तमें समस्त दैवी सम्पदाके गुणोंका समावेश होता है। वह शम-दम-सम्पन्न होता है, दोषोंपर विजय प्राप्त कर चुकता है। तितिक्षा, भगवान्में श्रद्धा, निष्कामभाव आदि उसके स्वभावगत होते हैं। यही उसकी निष्ठामयता है। शान्तरसमें भोग-वासना, भोगासक्तिको स्थान नहीं होता। यही प्रेमाभक्तिकी मूल भित्ति है। इसके अभावमें प्रेमाभक्तिका प्राप्त होना और रहना बहुत ही कठिन है।

दास्यरसमें भगवान्की सेवाके अतिरिक्त अन्य कुछ भी न तो अपेक्षित है न चिन्तनीय ही है। दास नित्य-निरन्तर भगवान्की सेवाके लिये आकुल और सेवामें ही संलग्न रहता है। इसमें स्वामि-सेवक-भाव होनेसे बराबरी नहीं होती। सेव्यके प्रति सम्मान-सम्भ्रम रहता है। ऐसा सेवक अखिल जगत्में जगन्नाथके दर्शन करके नित्य सेवापरायण रहता है।

सख्यरसमें भगवान्के साथ तुल्यतामयी रति होती है। इसमें संकोच-सम्भ्रम तथा उतना मान-सम्मान नहीं रहता। इसमें अर्जुन-उद्धवादि 'ऐश्वर्यज्ञानयुक्त' सखा हैं

और व्रजके ग्वाल-बाल 'विशुद्ध भक्तिमय' सखा हैं। सख्यरतिके आदर्श ग्वालबाल भगवान्‌को अपनी बराबरीका मानते हैं। कंधोंपर चढ़ा लेते हैं। चढ़ जाते हैं। साथ-साथ खाते-खेलते हैं। कभी मान करके रूठ जाते हैं, तब श्रीकृष्ण उनको मनाते हैं और श्रीकृष्णका कभी जरा-सा भी मुख उदास देखते हैं तो वे सखा रो-रोकर व्याकुल हो उठते हैं और अपने प्राण देकर भी उन्हें सुखी देखना चाहते हैं।'

सख्यरसमें जगत्‌के सभी प्राणियोंके साथ सहज 'मैत्रीभावना' हो जाती है।

वात्सल्य-रसमें अपना सर्वस्व देकर प्राणोंके आधार बालक भगवान्‌की रक्षा-सेवा की जाती है। श्रीकृष्ण यशोदामैयाका स्तन्य-पान करके तथा नन्दबाबाकी गोदमें बैठकर जो सुख-लाभ करते हैं और जो सुख-सौभाग्य उनको देते हैं, वह किस प्रकारका होता है, कहा नहीं जा सकता। परंतु यशोदाके भाग्यकी सराहना करते हुए श्रीशुकदेवजी अवश्य कहते हैं—

नेमं विरिञ्चो न भवो न श्रीरप्यङ्गसंश्रया।
प्रसादं लेभिरे गोपी यत्तत् प्राप विमुक्तिदात्॥

(श्रीमद्भा० १०।९।२०)

'गोपी यशोदाने मुक्तिदाता भगवान् श्रीकृष्णसे जो अनिर्वचनीय प्रसाद प्राप्त किया, वह प्रसाद पुत्र होनेपर भी ब्रह्माको, आत्मरूप होनेपर भी शंकरको और वक्षःस्थलपर नित्य विराजिता अर्धाङ्गिनी होनेपर भी लक्ष्मीको नहीं प्राप्त हो सका।'

इसके बाद है—कान्त या मधुर-भाव या माधुर्य-रस। सभी रसोंका इसमें अन्तर्भाव है। श्रीराधिका आदि गोपीजन, श्रीरुक्मिणी आदि महिषीगण और श्रीलक्ष्मीजी आदि इस मधुर भावकी आदर्श मानी गयी हैं। 'विप्रलम्भ' और 'सम्भोग'के रूपमें इस मधुर भक्ति-सुधा-सरिताके दो तट हैं। पूर्वराग, मान, प्रवास आदिके रूपमें विप्रलम्भके कई भेद हैं तथा इसी प्रकार सम्भोग या मिलनके भी कई भेद हैं। गाढ़ता और मृदुताके अनुसार रतिके तीन भेद माने गये हैं—'साधारणी', 'समञ्जसा' और 'समर्था'।

श्रीभगवान्‌की द्वारका-लीलामें 'साधारणी' रति, मथुरामें 'समञ्जसा' रति और वृन्दावनमें 'समर्था' रति मानी गयी है। द्वारका-लीलामें यद्यपि सम्पूर्ण महाभागा महिषियोंका चित्त-मन सदा ही भगवान्‌को समर्पित है, तथापि वे वेदविधिके अनुगत

****

हैं, शास्त्र-मर्यादानुसार सुख-सौभाग्यसे सम्पन्न हैं। स्वाभाविक ही गृहस्थधर्मानुसार पुत्र-कन्यादिके लालन-पालनकी आशासे युक्त हैं और उनमें आत्मसुखकी आकाङ्क्षा भी है। इस रतिमें 'आत्मसुख' और 'कृष्णसुख' मिश्रित हैं, अतः यह 'साधारणी' रति है।

जिसमें पुत्र-कन्याके लालन-पालनादिकी तथा अपने रक्षणावेक्षणकी कोई आशा-आकाङ्क्षा नहीं है, 'श्रीकृष्णको सुख देना' और 'उनसे सुख प्राप्त करना'—यों समरस-विलास है, वहाँ 'समञ्जसा' रति है। इसमें आशा-आकाङ्क्षा न होनेपर भी परस्पररूपगुणजनित सुखभोगकी प्रधानता है। अतएव यह भी 'समर्था' रति नहीं है। इसीसे मथुरावासिनी देवियाँ कहती हैं—

गोप्यस्तपः किमचरन् यदमुष्य रूपं
लावण्यसारमसमोर्ध्वमनन्यसिद्धम् ।
दृग्भिः पिबन्त्यनुसवाभिनवं दुराप-
मेकान्तधाम यशसः श्रिय ऐश्वरस्य ॥
या दोहनेऽवहनने मथनोपलेप-
प्रेङ्खेङ्खनार्भरुदितोक्षणमार्जनादौ ।
गायन्ति चैनमनुरक्तधियोऽश्रुकण्ठ्यो
धन्या व्रजस्त्रिय उरुक्रमचित्तयानाः ॥

(श्रीमद्भा० १०।४४।१४-१५)

'सखी! पता नहीं, गोपियोंने कौन-सी तपस्या की थी, जो वे नेत्रोंको दोने बनाकर नित्य-निरन्तर श्रीकृष्णकी रूपमाधुरीका पान करती रहती हैं। अहा! श्रीकृष्णका रूप क्या है—लावण्यका सार है। संसारमें या उससे परे किसीका भी रूप इनके समान नहीं है, फिर बढ़कर होनेकी तो बात ही क्या है; यह सौन्दर्य सजाया-सँवारा हुआ नहीं है, स्वयंसिद्ध है। इस रूपको देखते-देखते कभी तृप्ति होती ही नहीं; क्योंकि यह प्रतिक्षण नया-नया होता जाता है। समग्र यश, समस्त श्री और सम्पूर्ण ऐश्वर्य इसीके आश्रित हैं। केवल श्रीगोपियाँ ही इस रस-सुधाका पान करती हैं, औरोंके लिये तो यह दुष्प्राप्य ही है। सखी! व्रजसुन्दरियाँ धन्य हैं—वे दूध दुहते, दही मथते, धान कूटते, घर लीपते, बालकोंको पलनेमें झुलाते, रोते हुए बालकोंको

चुप कराते, उन्हें नहलाते-धुलाते, घरको झाड़ते-बुहारते, घरके सभी काम करते समय श्रीकृष्णमें ही चित्त लगा रहनेके कारण प्रेमभरे हृदयसे, आँसू छलकते नेत्रोंसे और गद्गद कण्ठसे सदा श्रीकृष्णकी लीलाओंका गान ही करती रहती हैं।'

'समञ्जसा' रतिमें भी निज-सुख है। अतएव 'समर्था' रति तो श्रीगोपीजनमें ही है, जहाँ स्वसुखकी कोई भी कल्पना नहीं है। श्रीकृष्ण रसस्वरूप हैं— (**रसो वै सः**), आनन्दरूप हैं— (**आनन्दं ब्रह्म**)। ऐसे रसमय आनन्दमय भगवान् शुद्ध प्रेमरसास्वादनमें ही सुख-लाभ करते हैं। गोपियोंमें शुद्ध प्रेम है, वहाँ रसाभास नहीं है; इसीसे वे श्रीकृष्णका पूर्ण सुखविधान करती हैं। इन गोपियोंमें सर्वश्रेष्ठ हैं—श्रीराधाजी। ये हैं—सुनिर्मल परमोज्ज्वल-रसरूप प्रेमरत्नकी अनन्त खान। श्रीकृष्णकी 'ह्लादिनी', 'संधिनी' और 'संवित्' शक्तियोंमें ये 'ह्लादिनी' शक्ति हैं।

कामसत्ताका नाश हुए बिना इस रसमें प्रवेश नहीं होता। इसीसे इस रस-पद्धतिमें कामनाशक 'शान्तरस'का बड़ा महत्त्व है। वही इसकी नींव है। जैसे नींवके बिना मकान ठहर नहीं सकता, वैसे ही शान्तरसकी परिपक्वताके बिना माधुर्यका मङ्गल-प्रासाद भी स्थिर रहना कठिन होता है। अस्तु,

ह्लादिनीका सार प्रेम है, प्रेमका सार भाव, भावकी पराकाष्ठा महाभाव और श्रीराधारानी वही महाभावस्वरूपा हैं। लक्ष्मी, महिषीगण और व्रज-सुन्दरियाँ आदि सभी श्रीकृष्णप्रेयसियाँ श्रीराधिकासे ही विस्तारको प्राप्त होती हैं। जैसे श्रीकृष्ण असंख्य अवतारोंके अवतारी हैं, वैसे ही श्रीराधा भी अनन्त श्रीकृष्णकान्तागणकी बीजरूपा मूलशक्ति हैं। लक्ष्मीगण इनकी 'अंशविभूति', महिषीगण 'वैभवविलास' और व्रजसुन्दरियाँ 'कायव्यूहरूपा' हैं।

श्रीराधा और श्रीकृष्णका स्वरूप

श्रीराधाजी श्रीकृष्णार्द्धाङ्गसम्भूता होनेसे श्रीकृष्णस्वरूपा ही हैं। लीलारसास्वादनके लिये द्विविध प्रकाश है। दोनों ही सच्चिदानन्दमय एक तत्त्व—वस्तु हैं। उसमें न स्त्री है न पुरुष। केवल लीला-विलास है। दोनों ही काम-गन्ध-शून्य सच्चिदानन्द भगवद्विग्रह हैं। शुक्र-शोणित-जनित, कर्मजनित और पञ्चभूत-निर्मित देह इनके

नहीं हैं। अतएव इनमें काम-क्रोधादिके लेशकी कल्पना भी नहीं है। सभी कुछ सच्चिद्घन है। इस जगत्के 'काम' में केवल तामसिक अन्धकार है, इसीसे उसका क्षय—विनाश है। श्रीवृन्दावनका यह चिन्मय रस है, वहाँ प्रकाश-ही-प्रकाश है। इसमें उत्तरोत्तर वृद्धि-ही-वृद्धि है। रूपमें, सौन्दर्यमें, लीलामें, प्रेममें और आनन्दमें—सर्वत्र, सर्वदा और सर्वथा। हेमकान्तमणि और नीलकान्तमणिमें मानो होड़ लगी है। इस युगल-प्रेम-सुधा-रसकी प्राप्ति योगियोंको अनन्त-कालतक समाधि लगानेपर भी नहीं होती। केवल ज्ञानचर्चा करनेवाले तो इसमें प्रवेश ही नहीं पा सकते। इसीको 'दिव्य परमोन्मत्त उज्ज्वल' रस कहते हैं।

श्रीराधाकृष्णके इस प्रणय-भावको समझनेके लिये उनके स्वरूप-तत्त्वपर कुछ और भी विचार करना आवश्यक है। श्रीकृष्णके तत्त्वस्वरूप और श्रीराधाके महत्त्वका कुछ परिचय स्वयं भगवान् श्रीकृष्णके अपने ही शब्दोंमें प्राप्त कीजिये। तीन इतिहास हैं—एक भगवान् व्यासका, दो भगवान् शंकरके।

(१) व्यासजीने एक बार कई हजार वर्षोंतक घोर तपस्या की। भगवान्ने प्रसन्न होकर उन्हें वर माँगनेके लिये कहा। व्यासजीने भगवान्से कहा—'मधुसूदन! मैं आपके उस यथार्थ तत्त्वका आँखोंके द्वारा दर्शन करना चाहता हूँ। नाथ! जो इस जगत्का पालक और प्रकाशक है, उपनिषदोंने जिसे सत्यस्वरूप परब्रह्म बतलाया है, आपका वही अद्भुत रूप मेरे सामने प्रत्यक्ष प्रकट हो—यही मेरी प्रार्थना है।'

त्वामहं द्रष्टुमिच्छामि चक्षुर्भ्यां मधुसूदन।
यत् तत् सत्यं परं ब्रह्म जगज्ज्योतिर्जगत्पतिः॥
वदन्ति वेदशिरसश्चाक्षुषं नाथ मेऽद्भुतम्॥

(पद्म॰ पाताल॰)

श्रीभगवान्ने कहा——"महर्षे! मेरे विषयमें लोगोंकी भिन्न-भिन्न धारणाएँ हैं। कोई मुझे 'प्रकृति' कहते हैं, कोई 'पुरुष'। कोई ईश्वर मानते हैं, कोई धर्म। किन्हीं-किन्हींके मतमें मैं सर्वथा भयरहित मोक्षस्वरूप हूँ। कोई भाव (सत्तास्वरूप) मानते हैं और कोई-कोई कल्याणमय सदाशिव बतलाते हैं। इसी प्रकार दूसरे लोग मुझे वेदान्त-प्रतिपादित अद्वितीय सनातन ब्रह्म मानते हैं। किंतु वास्तवमें जो

सत्तास्वरूप और निर्विकार है, सत्-चित् और आनन्द ही जिसका विग्रह है तथा वेदोंमें जिसका रहस्य छिपा हुआ है, अपना वह पारमार्थिक स्वरूप मैं आज तुम्हारे सामने प्रकट करता हूँ; देखो !"

भगवान्के इतना कहते ही श्रीव्यासजीको एक बालकके दर्शन हुए, जिसके शरीरकी कान्ति नीलमेघके समान श्याम थी। वह गोपकन्याओं और ग्वाल-बालोंसे घिरकर हँस रहा था। वे भगवान् श्यामसुन्दर थे, जो पीतवस्त्र धारण किये कदम्बकी जड़पर बैठे हुए थे। उनकी झाँकी अद्भुत थी। उनके साथ ही नूतन पल्लवोंसे अलंकृत 'वृन्दावन' नामका वन भी दृष्टिगोचर हुआ। इसके बाद नीलकमलकी आभा धारण करनेवाली कलिन्दकन्या यमुनाके दर्शन हुए। फिर गोवर्धन पर्वतपर दृष्टि पड़ी, जिसे श्रीकृष्ण तथा बलरामने इन्द्रका घमंड चूर्ण करनेके लिये अपने हाथोंपर उठाया था। वह पर्वत गौओं तथा गोपोंको बहुत सुख देनेवाला है। गोपाल श्रीकृष्ण रमणियोंके साथ बैठकर बड़ी प्रसन्नताके साथ वेणु बजा रहे थे, उनके शरीरपर सब प्रकारके आभूषण शोभा पा रहे थे। उनका दर्शन करके मुनिको बड़ा हर्ष हुआ। तब वृन्दावनमें विचरनेवाले भगवान्ने स्वयं उनसे कहा—'मुने! तुमने जो इस दिव्य सनातन रूपका दर्शन किया है, यही मेरा निष्कल, निष्क्रिय, शान्त और सच्चिदानन्दमय पूर्ण विग्रह है। इस कमल-लोचन स्वरूपसे बढ़कर दूसरा कोई उत्कृष्ट तत्त्व नहीं है। वेद इसी स्वरूपका वर्णन करते हैं। यही कारणोंका भी कारण है। यही सत्य, परमानन्दस्वरूप, चिदानन्दघन, सनातन और शिवतत्त्व है। तुम मेरी इस मथुरापुरीको नित्य समझो। यह वृन्दावन, यह यमुना, ये गोपकन्याएँ तथा ग्वाल-बाल—सभी नित्य हैं। यहाँ जो मेरा अवतार हुआ है, यह भी नित्य है—इसमें संशय न करना। राधा मेरी सदाकी प्रियतमा हैं। मैं सर्वज्ञ, परात्पर, सर्वकाम, सर्वेश्वर तथा सर्वानन्दमय परमेश्वर हूँ। मुझमें ही यह सारा विश्व, जो मायाका विलासमात्र है, प्रतीत हो रहा है।'

(२) भगवान् शिवजीने एक बार नारदजीको बताया कि मैंने भगवान्से यह वरदान माँगा—

यद् रूपं ते कृपासिन्धो परमानन्ददायकम्।
सर्वानन्दाश्रयं नित्यं मूर्तिमत् सर्वतोऽधिकम्॥

निर्गुणं निष्क्रियं शान्तं यद्ब्रह्मेति विदुर्बुधाः।
तदहं द्रष्टुमिच्छामि चक्षुर्भ्यां परमेश्वर ॥

'कृपासिन्धो! आपका जो परमानन्ददायक, सम्पूर्ण आनन्दोंका आश्रय, नित्यमनोहरमूर्तिधारी, सबसे श्रेष्ठ, निर्गुण, निष्क्रिय और शान्त रूप है, जिसे विद्वान् लोग 'ब्रह्म' कहते हैं, उसको मैं अपने नेत्रोंसे देखना चाहता हूँ।'

इसपर भगवान्ने कहा कि 'तुम यमुनाके पश्चिम तटपर मेरे लीलाधाम वृन्दावनमें चले जाओ। वहाँ तुम्हें मेरे दर्शन होंगे।' तब मैं यमुनाके सुन्दर तटपर चला आया। वहाँ मुझे सम्पूर्ण देवेश्वरोंके भी ईश्वर श्रीकृष्णके दर्शन हुए, जो किशोरावस्थासे युक्त, कमनीय गोपवेश धारण किये अपनी प्रिया श्रीराधाके कन्धेपर बायाँ हाथ रखकर खड़े थे। उनकी वह झाँकी बड़ी मनोहर जान पड़ती थी। चारों ओर गोपियोंका समुदाय था और बीचमें भगवान् खड़े होकर श्रीराधिकाजीको हँसाते हुए स्वयं भी हँस रहे थे। उनका श्रीविग्रह सजल मेघके समान श्यामवर्ण तथा कल्याणमय गुणोंका धाम था। श्रीकृष्ण मुझे देखकर हँसे। उनकी वाणीमें अमृत भरा था। वे मुझसे बोले—"रुद्र! तुम्हारा मनोरथ जानकर आज मैंने तुम्हें दर्शन दिये हैं। इस समय मेरे जिस अलौकिक रूपको तुम देख रहे हो, यह निर्मल प्रेमका पुञ्ज है। इसके रूपमें सत्, चित् और आनन्द ही मूर्तिमान् हुए हैं। उपनिषदोंके समूह मेरे इसी स्वरूपको निराकार, निर्गुण, व्यापक, निष्क्रिय और परात्पर बतलाते हैं। मेरे दिव्य गुणोंका अन्त नहीं है तथा उन गुणोंको कोई सिद्ध नहीं कर सकता, इसीलिये वेदान्त-शास्त्र मुझ ईश्वरको 'निर्गुण' बतलाता है। महेश्वर! मेरा यह रूप चर्मचक्षुओंसे नहीं देखा जा सकता, अतः सम्पूर्ण वेद मुझे अरूप—'निराकार' कहते हैं। मैं अपने चैतन्य-अंशसे सर्वत्र व्यापक हूँ, इससे विद्वान् लोग मुझे 'ब्रह्म' के नामसे पुकारते हैं। मैं इस प्रपञ्चका कर्ता नहीं हूँ, इसलिये शास्त्र मुझे 'निष्क्रिय' बताते हैं। शिव! मेरे अंश ही मायामय गुणोंके द्वारा सृष्टि-संहार आदि कार्य करते हैं, मैं स्वयं कुछ भी नहीं करता। महादेव! मैं तो इन गोपियोंके प्रेममें विह्वल होकर न तो दूसरी कोई क्रिया जानता हूँ और न मुझे अपने-आपका ही भान रहता है। ये मेरी प्रिया राधिका हैं, इन्हें 'परा देवता' समझो। मैं इनके प्रेमके वशीभूत होकर सदा इन्हींके साथ

विचरण करता हूँ। इनके पीछे और अगल-बगलमें जो लाखों सखियाँ हैं, वे सब-की-सब नित्य हैं। जैसा मेरा विग्रह नित्य, वैसे ही इनका भी है। मेरे सखा, पिता, गोप, गौएँ तथा वृन्दावन—ये सब नित्य हैं। इन सबका स्वरूप सच्चिदानन्दरसमय ही है। मेरे इस वृन्दावनका नाम आनन्दकन्द समझो। इसमें प्रवेश करनेमात्रसे मनुष्यको पुनः संसारमें जन्म नहीं लेना पड़ता। मैं वृन्दावन छोड़कर कहीं नहीं जाता। अपनी इस प्रियाके साथ सदा यहीं निवास करता हूँ। रुद्र! तुम्हारे मनमें जिस-जिस बातको जाननेकी इच्छा थी, वह सब मैंने बता दी। बोलो, इस समय मुझसे और क्या सुनना चाहते हो ?''

तब मैंने कहा—'प्रभो! आपके इस स्वरूपकी प्राप्ति कैसे हो सकती है, इसका उपाय मुझे बताइये।' भगवान्ने कहा—'रुद्र! तुमने बहुत अच्छी बात पूछी है; किंतु यह विषय अत्यन्त रहस्यका है, इसलिये इसे यत्नपूर्वक गुप्त रखना चाहिये। देवेश्वर! जो दूसरे उपायोंका भरोसा छोड़कर एक बार हम दोनोंकी शरणमें आ जाता है और गोपीभावसे मेरी उपासना करता है, वही मुझे पा सकता है। जो एक बार हम दोनोंकी शरणमें आ जाता है अथवा अकेली मेरी इस प्रिया राधाकी ही अनन्यभावसे उपासना करता है, वह मुझे अवश्य प्राप्त होता है। इसलिये सर्वथा प्रयत्न करके मेरी इस प्रिया (राधा) की शरण ग्रहण करनी चाहिये। रुद्र! मेरी प्रियाका आश्रय लेकर तुम भी मुझे अपने वशमें कर सकते हो। यह बड़े रहस्यकी बात है, जिसे मैंने तुम्हें बता दिया है। तुम्हें यत्नपूर्वक इसे छिपाये रखना चाहिये। अब तुम भी मेरी प्रियतमा श्रीराधाकी शरण लो और मेरे युगल-मन्त्रका जप करते हुए सदा मेरे इस धाममें निवास करो।'

(३) एक प्रसङ्गमें भगवती पार्वतीके पूछनेपर भगवान् शंकर श्रीकृष्णके श्रीअङ्गोंका और उनके नख-शिख-शोभा-शृङ्गारका वर्णन करते हुए तथा उनके महत्त्वका विवेचन करते हुए कहते हैं—

केचिद्वदन्ति तस्यांशं ब्रह्म चिद्रूपमद्वयम्।
तद्दशांशं महाविष्णुं प्रवदन्ति मनीषिणः॥

योगीन्द्रैः सनकाद्यैश्च तदेव हृदि चिन्त्यते।
तिर्यग्ग्रीवजितानन्तकोटिकन्दर्पसुन्दरम् ॥
सापाङ्गेक्षणसस्मेरकोटिमन्मथसुन्दरम् ।
कुञ्चिताधरविन्यस्तवंशीमञ्जुकलस्वनैः ।
जगत्त्रयं मोहयन्तं मग्नं प्रेमसुधार्णवे ॥

(पद्मपुराण, पातालखण्ड)

'कुछ विद्वानोंका कथन है कि चिद्रूप अद्वितीय ब्रह्म उनका (श्रीकृष्णका) अंश है। अनेक मनीषीगण महाविष्णुको उनका दशमांश बतलाते हैं। सनकादि योगीश्वर अपने हृदयमें इनका सदा चिन्तन करते हैं। जिस समय वे गर्दन टेढ़ी करके खड़े होते हैं, उस समय अनन्तकोटि कामदेवोंसे भी अधिक सुन्दर दीखते हैं। वे अपनी तिरछी चितवन तथा मधुर मन्द मुस्कानके द्वारा करोड़ों कामदेवोंके समान सुन्दरता धारणकर अपने सिकोड़े हुए अधरोंपर वंशी रखकर बजा रहे हैं और उस मुरलीकी मधुर स्वर-लहरीसे त्रिभुवनको मोहित करते हुए सबको प्रेम-सुधा-सागरमें निमग्न कर रहे हैं।'

''देवी! जिनके नख-चन्द्र-किरणोंकी महिमाका भी अन्त नहीं है, उन्हीं भगवान् श्रीकृष्णकी महिमाके सम्बन्धमें मैं कुछ और बता रहा हूँ; तुम मुदित मनसे सुनो। त्रिगुणमय अनन्तकोटि ब्रह्माण्डोंमें जितने ब्रह्मा-विष्णु-महेश्वर हैं, सब उनकी कलाके करोड़वें-करोड़वें अंशसे उत्पन्न हैं। सृष्टि, स्थिति और संहारकी शक्तिसे युक्त वे ब्रह्मा आदि देवता उन्हीं श्रीकृष्णके 'वैभव' हैं। उन श्रीकृष्णके रूपका जो करोड़वाँ अंश है, उसके भी करोड़ अंश करनेपर एक-एक अंश-कलासे ऐसे असंख्य कामदेवोंकी उत्पत्ति होती है, जो इस ब्रह्माण्डमें स्थित होकर जगत्के जीवोंको मोहमें डालते रहते हैं। श्रीकृष्णके श्रीविग्रहकी शोभामयी कान्तिके करोड़वेंके करोड़वें अंशसे चन्द्रमाका आविर्भाव हुआ है। श्रीकृष्णके प्रकाशके करोड़वें अंशसे जो किरणें निकलती हैं, वे ही अनेकों सूर्योंके रूपमें प्रकट होती हैं। उनके साक्षात् श्रीविग्रहसे जो प्रकाश-किरणें प्रकट होती हैं, वे परमानन्दमय रसामृतसे परिपूर्ण हैं। वे परम आनन्द और परम चैतन्यमयी हैं, उन्हींसे इस विश्वके ज्योतिर्मय जीव जीवन धारण किये हुए हैं, जो

भगवान्‌के ही कोटि-कोटि अंश हैं। उनके चरण-कमल-युगलके नखरूपी चन्द्रकान्तमणिसे निकलनेवाली प्रभाको ही 'पूर्णब्रह्म' बताया गया है, जो सबका कारण है और वेदोंके लिये भी दुर्गम है। विश्वको मोहित करनेवाला जो नाना प्रकारके पुष्पादिका सौरभ (सुगन्ध) है, वह सब उनके श्रीविग्रहकी दिव्य सुगन्धका करोड़वाँ अंशमात्र है। भगवान्‌के स्पर्शसे ही सब सुगन्धोंका प्रादुर्भाव होता है। इन श्रीकृष्णकी प्रिया इनकी प्राणवल्लभा श्रीराधिका हैं। ये ही आद्या (श्रीकृष्णमयी) प्रकृति हैं। इन्हीं श्रीराधिकाके करोड़वेंके करोड़वें अंशसे त्रिगुणात्मिका दुर्गा आदि देवियोंकी उत्पत्ति हुई है। इन राधिकाके पद-रजः-स्पर्शसे करोड़ों विष्णु उत्पन्न होते हैं।''

(पद्मपुराण, पातालखण्ड)

श्रीराधिकोपनिषद्

भगवत्स्वरूपा श्रीराधिकाजीकी महिमा तथा उनके स्वरूपको बतानेवाला ऋग्वेदका एक राधिकोपनिषद् है, उसका भाषान्तर नीचे दिया जाता है—

''ऊर्ध्वरेता बालब्रह्मचारी सनकादि ऋषियोंने भगवान् ब्रह्माजीकी उपासना करके उनसे पूछा—'हे देव! परम देवता कौन हैं? उनकी शक्तियाँ कौन-कौन हैं? उन शक्तियोंमें सबसे श्रेष्ठ, सृष्टिकी हेतभूता कौन शक्ति है?' सनकादिके प्रश्नको सुनकर श्रीब्रह्माजी बोले—'पुत्रो! सुनो; यह गुह्योंमें भी गुह्यतर—अत्यन्त गुप्त रहस्य है, जिस किसीके सामने प्रकट करने योग्य नहीं है। जिनके हृदयमें रस हो, जो ब्रह्मवादी हों, गुरुभक्त हों—उन्हींको इसे बताना है; नहीं तो किसी अनधिकारीको देनेसे महापाप होगा! भगवान् हरि श्रीकृष्ण ही परम देव हैं, वे (ऐश्वर्य, यश, श्री, धर्म, ज्ञान और वैराग्य—इन) छहों ऐश्वर्योंसे परिपूर्ण भगवान् हैं। गोप-गोपियाँ उनका सेवन करती हैं, वृन्दा (तुलसीजी) उनकी आराधना करती हैं, वे वृन्दावनके स्वामी हैं, वे ही एकमात्र परमेश्वर हैं। उन्हींके एक रूप हैं—अखिल ब्रह्माण्डोंके अधिपति नारायण, जो उन्हींके अंश हैं, वे प्रकृतिसे भी प्राचीन और नित्य हैं। उन श्रीकृष्णकी ह्लादिनी, संधिनी, ज्ञान, इच्छा, क्रिया आदि बहुत प्रकारकी शक्तियाँ हैं। इनमें आह्लादिनी सबसे श्रेष्ठ है। यही परम अन्तरङ्गभूता 'श्रीराधा' हैं, जो श्रीकृष्णके द्वारा आराधिता हैं।

श्रीराधा भी श्रीकृष्णका सदा समाराधन करती हैं, अतः वे राधिका कहलाती हैं। इनको 'गान्धर्वा' भी कहते हैं। समस्त गोपियाँ, पटरानियाँ और लक्ष्मीजी इन्हींकी कायव्यूहरूपा हैं। ये श्रीराधा और रस-सागर श्रीकृष्ण एक ही शरीर हैं, लीलाके लिये ये दो बन गये हैं। ये श्रीराधा भगवान् श्रीहरिकी सम्पूर्ण ईश्वरी हैं, सम्पूर्ण सनातनी विद्या हैं, श्रीकृष्णके प्राणोंकी अधिष्ठात्री देवी हैं। एकान्तमें चारों वेद इनकी स्तुति करते हैं। इनकी महिमाका मैं (ब्रह्मा) अपनी समस्त आयुमें भी वर्णन नहीं कर सकता। जिनपर इनकी कृपा होती है, परमधाम उनके करतलगत हो जाता है। इन राधिकाको न जानकर जो श्रीकृष्णकी आराधना करना चाहता है, वह मूढ़तम है—महामूर्ख है। श्रुतियाँ इनके निम्नाङ्कित नामोंका गान करती हैं—

१. राधा, २. रासेश्वरी, ३. रम्या, ४. कृष्णमन्त्राधिदेवता, ५. सर्वाद्या, ६. सर्ववन्द्या, ७. वृन्दावनविहारिणी, ८. वृन्दाराध्या, ९. रमा, १०. अशेषगोपीमण्डलपूजिता, ११. सत्या, १२. सत्यपरा, १३. सत्यभामा, १४. श्रीकृष्णवल्लभा, १५. वृषभानुसुता, १६. गोपी, १७. मूलप्रकृति, १८. ईश्वरी, १९. गन्धर्वा, २०. राधिका, २१. आरम्या, २२. रुक्मिणी, २३. परमेश्वरी, २४. परात्परतरा, २५. पूर्णा, २६. पूर्णचन्द्रनिभानना, २७. भुक्तिमुक्तिप्रदा, २८. भवव्याधिविनाशिनी।

इन अट्ठाईस नामोंका जो पाठ करते हैं, वे जीवन्मुक्त हो जाते हैं—ऐसा भगवान् श्रीब्रह्माजीने कहा है।

यह तो आह्लादिनी शक्तिका वर्णन हुआ। इनकी संधिनी शक्ति (श्रीवृन्दावन) धाम, भूषण, शय्या तथा आसन आदि एवं मित्र-सेवक आदिके रूपमें परिणत होती है और इस मर्त्यलोकमें अवतार लेनेके समय वही माता-पिताके रूपमें प्रकट होती है। यही अनेक अवतारोंकी कारणभूता है। ज्ञान-शक्ति ही क्षेत्रज्ञशक्ति है। इच्छा-शक्तिके अन्तर्भूत माया है। यह सत्त्व-रज-तमोमयी है और बहिरङ्गा है, यही जगत्की कारणभूता है। यही अविद्यारूपसे जीवके बन्धनमें हेतु है। क्रियाशक्ति ही लीलाशक्ति है।

जो इस उपनिषद्को पढ़ते हैं, वे अव्रती भी व्रती हो जाते हैं। वे वायुसे

पवित्र एवं वायुको पवित्र करनेवाले तथा सब ओर पवित्र एवं सबको पवित्र करनेवाले हो जाते हैं। वे श्रीराधा-कृष्णके प्रिय होते हैं और जहाँतक उनकी दृष्टि पड़ती है, वहाँतक सबको पवित्र कर देते हैं। ॐ तत्सत्।''

उपर्युक्त उद्धरणोंसे भगवान् श्रीकृष्ण और श्रीराधाके तत्त्व-स्वरूपका, उनकी एकरूपताका तथा उनके विलक्षण माहात्म्यका किञ्चित् आभास मिलता है।

'आत्माराम' शब्दका अर्थ

स्कन्दपुराणमें भगवान् श्रीकृष्णके 'आत्माराम' शब्दका विलक्षण अर्थ बतलाया गया है।

आत्मा तु राधिका तस्य तयैव रमणादसौ।
'आत्माराम' इति प्रोक्तो मुनिभिर्गूढवेदिभिः॥

(स्कन्दपुराण)

''श्रीराधिका भगवान् श्रीकृष्णकी आत्मा हैं, उनमें सदा रमण करनेके कारण ही रहस्य-रसके मर्मज्ञ ज्ञानी पुरुष श्रीकृष्णको 'आत्माराम' कहते हैं।''

इसी प्रसङ्गमें भगवान्‌की महिषी श्रीकालिन्दीजी कहती हैं—

आत्मारामस्य कृष्णस्य ध्रुवमात्मास्ति राधिका।

'आत्माराम भगवान् श्रीकृष्णकी आत्मा निश्चय ही राधिकाजी हैं।' इससे श्रीराधा-कृष्णके स्वरूप तथा परस्पर सम्बन्धका पूरा पता लग जाता है। इन्हीं श्रीराधिकाजीको प्रेमी भक्तोंने प्रेमरसका आदर्श माना है।

श्रीकृष्णको सर्वविध आनन्द देनेवाली श्रीराधिका

श्रीकृष्ण अपनी ही ह्लादिनी शक्तिसे आप ही आह्लादित होते हैं और अपने आह्लादसे नित्य श्रीराधाजीको आह्लादित करते रहते हैं। यह आनन्दचिन्मय रसकी नित्य रसलीला है। यहाँ वस्तुतः प्रकृति-पुरुष या देह-देहीका भेद नहीं है। '**ना सो रमण ना हाम रमणी**' श्रीराधिकाजीके कविदर्शित इन शब्दोंमें यही भाव है। तथापि श्रीराधाजी नित्य-निरन्तर श्रीकृष्णकी आराधना, भावमयी पूजा करती रहती हैं और श्रीकृष्ण तो अपने जीवनकी मूलरक्षानिधि ही उनको बतलाते हैं। वे कहते हैं—

****

मैं हूँ पूर्णानन्द परम शुचि, मैं हूँ नित्य सच्चिदानन्द।
मैं रसमय, रसराज, सदा रसपूर्ण, रसिक-जन-मन-आनन्द॥
मुझ आनन्दसिन्धुका पाकर सीकर एक अखिल संसार।
पाता रहता नित्य निरन्तर विविध भाँति आनन्द अपार॥
मुझसे भी हो जिसमें निर्मल शत-शतगुना अधिक आनन्द।
एक वही, बस, दे सकता है मेरे मनको परमानन्द॥
ऐसी एक राधिका ही है, जो मुझको देती आह्लाद।
लेता रहता हूँ अतृप्त मैं मधुर निरन्तर उसका स्वाद॥
कोटि-कोटि कंदर्प-दर्पका करता मर्दन मेरा रूप।
सकल जगत्को मोहित, आप्यायित करता वह नित्य अनूप॥
वह मैं छविकी छवि राधाका सौन्दर्यामृत करके पान।
नहीं अघाता कभी, विकल दर्शनहित रहते मेरे प्रान॥
मेरी मुरलीकी स्वर-लहरी त्रिभुवनको कर्षित करती।
राधा-वचन-सुधाकी माधुरि अविरत मेरा मन हरती॥
मेरे तनकी मधुर गन्धसे अखिल विश्व होता सुरभित।
राधा-अङ्ग-सुगन्ध हरण करती बरबस मेरा मन नित॥
अग-जगको है आदि-सृष्टिसे सरस बनाता मेरा रस।
राधा-अधर-सुधा-रसने कर रक्खा मुझे सदा निज वश॥
यद्यपि मेरा स्पर्श कोटि शरदिन्दु सदृश अति है शीतल।
राधा-अङ्ग-स्पर्श-सुख मेरा तुरत बुझाता हृदयानल॥
मेरा सुखकण पाकर सुख अनुभव करता जगका जन-जन।
राधाके गुण-रूप सुरक्षित रखते नित मेरा जीवन॥

इस प्रकार श्रीकृष्णको सब प्रकारसे आकर्षित करके उन्हें परम सुख देनेवाली श्रीराधा हैं—यही राधाका स्वरूप है।

लोग पूछते हैं—श्रीराधाजी भगवान् श्रीकृष्णकी कौन थीं? इसका उत्तर समझनेवालोंके लिये तो ऊपर आ ही गया है। श्रीराधा और श्रीकृष्ण दोनों एकरूप ही हैं और दोनों ही एक ही भगवान्की नित्य अभिव्यक्ति हैं। दोनोंमें भेद माननेवालोंको

घोर नरकोंकी प्राप्ति होती है। भगवान् श्रीकृष्णने श्रीराधाजीसे कहा है—

आवयोर्भेदबुद्धिं तु यः करोति नराधमः।
तस्य वासः कालसूत्रे यावच्चन्द्रदिवाकरौ॥

(ब्रह्मवैवर्तपुराण)

''जो नराधम तुममें और मुझमें भेदबुद्धि करेगा, वह जबतक चन्द्रमा और सूर्य रहेंगे तबतक 'कालसूत्र' नामक नरकमें निवास करेगा।''—इसलिये उनमें किसी सम्बन्धका प्रश्न ही नहीं उठता। तथापि 'ब्रह्मवैवर्तपुराण'में उनके दिव्य मङ्गल विवाहका वर्णन भी आता है, जो बड़ा सुन्दर और मधुर है।

श्रीराधा-कृष्णका विवाह

नन्दबाबा एक दिन गोपोंका गो-चारण-निरीक्षण करने जा रहे थे। बालक श्रीकृष्णचन्द्र साथ चलनेके लिये मचल गये। वे किसी प्रकार नहीं माने, रोने लगे। इसीलिये वे उन्हें साथ ले गये। वहाँ वनमें पहुँचनेपर गोरक्षकोंको तो उन्होंने दूसरे वनकी गायें एकत्र कर वहीं ले आनेके लिये भेज दिया, स्वयं उन गायोंकी सँभालके लिये खड़े रहे। इतनेमें चारों ओर काली घटाएँ छा गयीं, महान् झंझावात प्रारम्भ हो गया। कोई गोरक्षक भी नहीं कि उसे गायें सँभलाकर वे भवनकी ओर जायँ तथा यों ही गायोंको छोड़ भी दें तो जायँ कैसे? बड़ी-बड़ी बूँदें पड़नी आरम्भ हो गयीं। प्रकृतिका महान् क्षोभ मूर्तिमान् हो गया। तब और कोई उपाय न देखकर व्रजेश्वर एकान्त मनसे नारायणका स्मरण करने लगे।

इतनेमें ही मानो कोटि सूर्य एक साथ उदय हुए हों, इस प्रकार दिशाएँ उद्भासित हो गयीं तथा वह झंझावात तो न जाने कहाँ चला गया। नन्दराय आँखें खोलकर देखते हैं—सामने एक बालिका खड़ी है 'हैं''''हैं! वृषभानुकुमारी! तू यहाँ इस समय कैसे आयी, बेटी?' व्रजेश्वरने अकचकाकर कहा। किंतु दूसरे ही क्षण अन्तर्हृदयमें एक दिव्य ज्ञानका उन्मेष होने लगता है, मौन होकर ये वृषभानुनन्दिनीकी ओर देखने लगते हैं—कोटि चन्द्रोंकी द्युति मुख-मण्डलपर झलमल-झलमल कर रही है, नीलवसन-भूषित अङ्ग हैं; श्रीअङ्गोंपर काञ्ची, कङ्कण, हार, अङ्गद, अङ्गुलीयक, मञ्जीर यथास्थान सुशोभित हैं; चञ्चल कर्णकुण्डलों तथा दिव्यातिदिव्य रत्न-

चूडामणिसे किरणें झर रही हैं; अङ्गोंके तेजका तो कहना ही क्या, वृषभानुकुमारीकी अङ्गप्रभासे ही वन आलोकित हुआ है। नन्दरायको गर्गकी वे बातें भी स्मरण हो आयीं। पुत्रके नामकरण-संस्कारसे पूर्व गर्गने एकान्तमें वृषभानुपुत्रीकी महिमा, श्रीराधातत्त्वकी बात बतलायी थी; पर उस समय तो नन्दराय सुन रहे थे और साथ-ही-साथ भूलते जा रहे थे। इस समय उन सबकी स्मृति हो आयी, सबका रहस्य सामने आ गया। अञ्जलि बाँधकर नन्दरायने श्रीराधाको प्रणाम किया और कहा—'देवि! मैं जान गया, पुरुषोत्तम श्रीहरिकी तुम प्राणेश्वरी हो एवं मेरी गोदमें तुम्हारे प्राणनाथ स्वयं पुरुषोत्तम श्रीहरि ही विराजित हैं। लो, देवि! ले जाओ, अपने प्राणेश्वरको साथ ले जाओ। किंतु……।' नन्द कुछ रुक-से गये, श्रीकृष्णचन्द्रके भीति-विजड़ित नयनोंकी ओर उनकी दृष्टि चली गयी थी। क्षणभर बाद बोले—'किंतु देवि! यह बालक तो आखिर मेरा पुत्र ही है न! इसे मुझे ही लौटा देना।'—नन्दरायने श्रीकृष्णचन्द्रको श्रीराधाके हस्तकमलोंपर रख दिया। श्रीराधा श्रीकृष्णचन्द्रको गोदमें लिये गहन वनमें प्रविष्ट हो गयीं।

वृन्दावनकी भूमिपर गोलोकका दिव्य रासमण्डल प्रकट होता है। श्रीराधा नन्दपुत्रको लिये उसी मण्डलमें चली जाती हैं। सहसा नन्दपुत्र श्रीराधाकी गोदसे अन्तर्हित हो जाते हैं। वृषभानुनन्दिनी विस्मित होकर सोचने लगती हैं—नन्दरायने जिस बालकको सौंपा था, वह कहाँ चला गया? इतनेमें गोलोकविहारी नित्यकैशोरमूर्ति श्रीकृष्णचन्द्र दीख पड़ते हैं। अपने प्रियतमको देखकर वृषभानुनन्दिनीका हृदय भर आता है, प्रेमावेशसे वे विह्वल हो जाती हैं। श्रीकृष्णचन्द्र कहने लगते हैं—''प्रिये! गोलोककी वे बातें भूल गयी हैं या अभी भी स्मरण हैं? मुझे भी भूल गयीं क्या? मैं तो तुम्हें नहीं भूला। तुम्हें भूल जाऊँ, यह मेरे लिये असम्भव है। मेरे प्राणोंकी रानी! तुमसे अधिक प्रिय मेरे पास कुछ हो, तब तो तुम्हें भूलूँ। तुम्हीं बताओ, प्राणोंसे अधिक प्यारी वस्तुको कोई कैसे भूल सकता है। प्राणाधिके! मेरे जीवनकी समस्त साध एकमात्र तुम्हीं हो। किंतु यह भी कहना नहीं बनता; क्योंकि वास्तवमें हम-तुम दो हैं ही नहीं। जो तुम हो, वही मैं हूँ; जो मैं हूँ, वही तुम हो। यह ध्रुव सत्य है—हम दोनोंमें भेद है ही नहीं। जिस प्रकार दुग्धमें

****

धवलता है, अग्निमें दाहिका-शक्ति है, पृथ्वीमें गन्ध है, उसी प्रकार हम दोनोंका अविच्छिन्न सम्बन्ध है। सृष्टिके उस पार ही नहीं, सृष्टिके समय भी मेरी विश्वरचनाका उपादान बनकर तुम मेरे साथ ही रहती हो; तुम यदि न रहो तो फिर मैं सृष्टि-रचना करनेमें कभी भी समर्थ न हो सकूँ। कुम्भकार मृत्तिकाके बिना घटकी रचना कैसे करे ? स्वर्णकार सुवर्णके न होनेपर स्वर्णकुण्डलका निर्माण कैसे करे ? तुम सृष्टिकी आधारभूता हो, तो मैं उसका अच्युत बीजरूप हूँ।..... सौन्दर्यमयि ! जिस समय योगसे मैं सर्वबीजस्वरूप हूँ, उस समय तुम भी शक्तिरूपिणी समस्त स्त्रीरूपधारिणी हो।..... अलग दीखनेपर भी शक्ति, बुद्धि, ज्ञान, तेज—इनकी दृष्टिसे भी हम-तुम सर्वथा समान हैं।..... किंतु यह सब होकर भी, यह तत्त्वज्ञान मुझमें नित्य वर्तमान रहनेपर भी मेरे प्राण तो तुम्हारे लिये नित्य व्याकुल रहते हैं। प्राणाधिके ! तुम्हें देखकर, तुम्हें पाकर मैं रससिन्धुमें निमग्न हो जाऊँ—इसमें तो कहना ही क्या है; तुम्हारा नाम भी मुझे कितना प्रिय है, यह कैसे बताऊँ ? सुनो; जिस समय किसीके मुखसे केवल 'रा' सुन लेता हूँ, उस समय आनन्दमें भरकर अपने कोषकी बहुमूल्य सम्पत्ति, मेरी भक्ति—मेरा प्रेम मैं उसे दे देता हूँ; फिर भी मनमें भयभीत होता हूँ कि मैं तो इसकी वञ्चना कर रहा हूँ, 'रा' उच्चारणका उचित पुरस्कार तो मैं इसे दे नहीं सका। तथा जिस समय वह 'धा' का उच्चारण करता है, उस समय यह देखकर कि वह मेरी प्रियाका नाम ले रहा है, मैं उसके पीछे-पीछे चल पड़ता हूँ—केवल नाम-श्रवणके लोभसे; यह 'राधा' नाम मेरे कानोंमें तुम्हारी स्मृतिकी सुधा-धारा बहा देता है, मेरे प्राण शीतल—रसमय हो जाते हैं।"

इस प्रकार रसिकेश्वर राधानाथ अपनी प्रियाको अतीतकी स्मृति दिलाकर, स्वरूपकी स्मृति कराकर, उन्हींके नामकी सुधासे उनको सिक्तकर प्रियतमा श्रीराधाका आनन्दवर्द्धन करने लगते हैं। राधाभावसिन्धुमें भी तरङ्गें उठने लगती हैं, भावके आवर्त बन जाते हैं; आवर्त राधानाथको रसके अतल-तलमें डुबाने ही जा रहे थे कि उसी समय माला-कमण्डलु धारण किये जगद्विधाता चतुर्मुख ब्रह्मा आकाशसे नीचे उतर आते हैं, राधा-राधानाथके चरणोंमें वन्दना करते हैं। पुष्करतीर्थमें साठ हजार वर्षोंतक विधाताने श्रीकृष्णचन्द्रकी आराधना की थी, राधा-चरणारविन्द-दर्शनका

****

वर प्राप्त किया था; उसी वरकी पूर्तिके लिये एवं राधानाथकी मनोहारिणी लीलामें एक छोटा-सा अभिनय करनेके लिये योगमायाप्रेरित वे उपयुक्त समयपर आये हैं।

भक्तिनतमस्तक, पुलकिताङ्ग, साश्रुनेत्र हुए विधाता बड़ी देरतक तो रासेश्वरकी स्तुति करते रहे। फिर रासेश्वरीके समीप गये। अपने जटा-जालसे श्रीराधाके युगल चरणोंकी रेणुकणिका उतारी, रेणुकणसे अपने सिरका अभिषेक किया; पश्चात् कमण्डलु-जलसे चरण-प्रक्षालन करने लगे। तदनन्तर उन्होंने श्रीकृष्णप्रियाका स्तवन आरम्भ किया। न जाने कितने समयतक करते रहे। अन्तमें राधामुखारविन्दसे युगल पादपद्मोंमें अचला भक्तिका वर पानेपर उन्हें धैर्य हुआ। अब उस लीलाका कार्य सम्पन्न करने चले।

श्रीराधा एवं राधानाथको प्रणामकर दोनोंके बीचमें विधाता अग्नि प्रज्वलित करते हैं, अग्निमें विधिवत् हवन करते हैं; फिर विधाताके द्वारा बताये हुए विधानसे स्वयं रासेश्वर हवन करते हैं। इसके पश्चात् रासेश्वरी-रासेश्वर दोनों ही सात बार अग्निप्रदक्षिणा करते हैं, अग्निदेवको प्रणाम करते हैं। विधाताकी आज्ञा मानकर श्रीराधा एक बार पुनः हुताशनप्रदक्षिणा करके श्रीकृष्णचन्द्रके समीप आसन ग्रहण करती हैं। ब्रह्मा श्रीकृष्णचन्द्रको श्रीराधाका पाणिग्रहण करनेके लिये कहते हैं तथा श्रीकृष्णचन्द्र राधा-हस्तकमलको अपने हस्तकमलपर धारण करते हैं। हस्तग्रहण होनेपर श्रीकृष्णचन्द्रने सात वैदिक मन्त्रोंका पाठ किया। इसके पश्चात् श्रीराधा अपना हस्तकमल श्रीकृष्ण-वक्षःस्थलपर एवं श्रीकृष्णचन्द्र अपना हस्तपद्म श्रीराधाके पृष्ठदेशपर रखते हैं। श्रीराधा मन्त्र-समूहका पाठ करती हैं। आजानुलम्बित दिव्यातिदिव्य पारिजातनिर्मित कुसुममाला श्रीराधा श्रीकृष्णचन्द्रको पहनाती हैं एवं श्रीकृष्णचन्द्र सुन्दर मनोहर वनमाला श्रीराधाके गलेमें डालते हैं। यह हो जानेपर कमलोद्भव श्रीराधाको श्रीकृष्णचन्द्रके वामपार्श्वमें विराजितकर, दोनोंको अञ्जलि बाँधनेकी प्रार्थनाकर दोनोंके द्वारा पाँच वैदिक मन्त्रोंका पाठ कराते हैं। अनन्तर श्रीराधा श्रीकृष्णचन्द्रको प्रणाम करती हैं। जैसे पिता विधिवत् कन्यादान करे, वैसे सारी विधि सम्पन्न करते हुए विधाता श्रीराधाको श्रीकृष्ण-कर-कमलोंमें समर्पित करते हैं। आकाश दुन्दुभि, पटह, मुरज आदि देव-वाद्योंकी ध्वनिसे निनादित होने लगता है।

आनन्द-निमग्न देववृन्द पारिजात-पुष्पोंकी वर्षा करते हैं, गन्धर्व मधुर गान आरम्भ करते हैं, अप्सराएँ मनोहर नृत्य करने लगती हैं। व्रजगोपोंके, व्रजसुन्दरियोंके सर्वथा अनजानमें ही इस प्रकार वृषभानुनन्दिनी एवं नन्दनन्दनकी विवाह-लीला सम्पन्न हो गयी।

× × × ×

श्रीराधा-माधवका ऐक्य

श्रीराधा-माधवके इस विवाह-प्रसङ्गमें श्रीकृष्णने जो कुछ कहा है, उससे श्रीराधाका महत्त्व तथा श्रीराधाके साथ श्रीकृष्णका अभिन्न सम्बन्ध स्पष्ट हो जाता है। इसके अतिरिक्त श्रीदेवीभागवतमें आया है—

कृष्णप्राणाधिका देवी तदधीनो विभुर्यतः।
रासेश्वरी तस्य नित्यं तया हीनो न तिष्ठति॥

'श्रीराधाजी श्रीकृष्णको प्राणोंसे बढ़कर हैं; कारण, श्रीकृष्ण राधाके अधीन हैं। रासेश्वरी राधा नित्य उनके समीप रहती हैं, उनके बिना श्रीकृष्ण रह ही नहीं सकते।' पद्मपुराणमें देवर्षि नारदसे भगवान् श्रीकृष्ण कहते हैं—

दाहशक्तिर्यथा वह्नेस्तथैषा मम वल्लभा।
अनया सह विच्छेदं क्षणमात्रं न विद्यते॥

'अग्निमें जैसे दाहिका शक्ति है, वैसे ही मेरी प्रियतमा श्रीराधा हैं; उनके साथ क्षणमात्रके लिये मेरा विछोह नहीं होता।'

ऐसे असंख्य प्रमाण हैं।

इससे स्पष्ट है कि श्रीराधा-कृष्ण एक ही तत्त्वके दो नित्य-स्वरूप हैं। इतनेपर भी जिनको शङ्का हो, उनके लिये तो कुछ कहना ही नहीं है।

यहाँ फिर यह प्रश्न किया जाता है कि 'श्रीराधा-माधवका यह विवाह—मिलन गुप्तरूपसे क्यों किया गया?' इसका उत्तर यह है कि विषयविमुग्ध सर्वसाधारणके लिये यह लाभकी वस्तु नहीं है। वे इसमें अपनी दूषित वृत्तिके कारण भ्रान्त कल्पना करके अपने लिये नित्य नरकोंका पथ प्रशस्त कर लेंगे। इसलिये यह वस्तु सदा ही

गुप्त है, गुप्त ही रहेगी। भगवान् श्रीराधा-माधवके अनन्य प्रेमीजन ही इसके पात्र हैं, उन्हींके सामने इसका प्रकाश होता है। वस्तुतः यहाँ साधनकी परिसमाप्ति है।

श्रीमद्भागवतमें गुप्तरूपसे राधा

कुछ सज्जन पूछते हैं कि श्रीमद्भागवतमें राधाका नाम क्यों नहीं है? इसका उत्तर यह है कि श्रीमद्भागवतमें तो यों श्रीयशोदाजीको छोड़कर किसी भी गोपीका नाम नहीं है, इसलिये राधाजीका नाम न होना कोई आश्चर्यकी बात नहीं है; परंतु भागवतमें श्रीराधा हैं, यद्यपि वे दूधमें घृतकी भाँति अप्रकट हैं। भक्त अनुभवी टीकाकारोंने श्रीराधिकाजीका भागवतमें प्रत्यक्ष किया है और उन्होंने संकेत भी किये हैं—

नमो नमस्तेऽस्त्वृषभाय सात्वतां
विदूरकाष्ठाय मुहुः कुयोगिनाम्।
निरस्तसाम्यातिशयेन राधसा
स्वधामनि ब्रह्मणि रंस्यते नमः॥

(श्रीमद्भा० २।४।१४)

'**सात्वत**—भक्तोंके पालक, कुयोगियोंके लिये दुर्ज्ञेय प्रभुको हम नमस्कार करते हैं। वे भगवान् कैसे हैं? **स्वधामनि**—अपने धाम वृन्दावनमें; **राधसा**—श्रीराधाके साथ; **रंस्यते**—क्रीड़ा करनेवाले हैं और वे राधा कैसी हैं? जिन्होंने समानता और आधिक्यको निरस्त कर दिया है अर्थात् जिनसे बढ़कर तो क्या, समानता करनेवाला भी कोई नहीं है।'

अनयाऽऽराधितो नूनं भगवान् हरिरीश्वरः।
यन्नो विहाय गोविन्दः प्रीतो यामनयद् रहः॥

(श्रीमद्भा० १०।३०।२८)

रास-प्रसङ्गमें एक गोपी कहती है—"अवश्य ही सर्वशक्तिमान् भगवान् श्रीकृष्णकी वे 'आराधिका' (आराधन करनेवाली राधिका) होंगी। इसीलिये उनपर प्रसन्न होकर हमारे प्यारे श्रीकृष्णने हमको छोड़ दिया है और उन्हें एकान्तमें ले गये हैं।"

हमारा कर्तव्य

इस प्रकार गहराईसे देखनेवालोंको श्रीमद्भागवतमें, लीलामें तथा शब्दोंमें भी श्रीराधाके स्पष्ट दर्शन होते हैं। पर यदि किसी ग्रन्थमें नाम न भी आया हो तो क्या? हमारे लिये उन महात्माओंके अनुभव ही प्रबल प्रमाण हैं, जिन्होंने अपने नेत्रोंसे श्रीराधाके दर्शन किये हैं, उनकी कृपा प्राप्त की है तथा जो अब भी कर रहे हैं। ऐसे महात्माओंकी वाणीका अमित मूल्य है। अतएव श्रीराधा श्रीकृष्णकी विवाहिता पत्नी थीं या नहीं, उनका नाम अमुक ग्रन्थमें आता है या नहीं—इन शङ्काओंमें न पड़कर काय-मन-वचनसे उनके शरणापन्न होकर उनका भजन करना चाहिये और श्रीराधा-माधवसे कातर प्रार्थना करनी चाहिये—

संसारसागरान्नाथौ पुत्रमित्रगृहाकुलात्।
गोप्तारौ मे युवामेव प्रपन्नभयभञ्जनौ॥
योऽहं ममास्ति यत् किंचिदिह लोके परत्र च।
तत् सर्वं भवतोरद्य चरणेषु समर्पितम्॥
अहमस्म्यपराधानामालयस्त्यक्तसाधनः।
अगतिश्च ततो नाथौ भवन्तावेव मे गतिः॥
तवास्मि राधिकाकान्त कर्मणा मनसा गिरा।
कृष्णकान्ते तवैवास्मि युवामेव गतिर्मम॥
शरणं वां प्रपन्नोऽस्मि करुणानिकराकरौ।
प्रसादं कुरुतं दास्यं मयि दुष्टेऽपराधिनि॥

(पद्मपुराण, पातालखण्ड)

'नाथ! पुत्र, मित्र, गृह आदिसे घिरे हुए संसार-सागरसे आप ही मेरी रक्षा करते हैं। आप ही शरणागत जनोंका भय भंजन करते हैं। यह मैं, मेरा यह देह और इहलोक-परलोकमें जो कुछ भी मेरा है, आज वह सब मैं आपके श्रीचरणोंमें समर्पण करता हूँ। मैं अपराधोंका घर हूँ। मेरे अन्य कोई साधन नहीं हैं, मेरी कोई गति नहीं है। नाथ! आप ही मेरी गति हैं। श्रीराधिकारमण! श्रीकृष्णकान्ते! मैं तन-मन-वचनसे आपका ही हूँ, आप युगल-सरकार ही मेरी अनन्य गति हैं। मैं आपके शरण हूँ,

आपके चरणोंमें पड़ा हूँ, आप करुणाकी खान हैं। मुझ दुष्ट अपराधीपर कृपा करके मुझे अपना दास बना लीजिये।'

बोलो श्रीकीर्तिकुमारी वृषभानुनन्दिनी कृष्णानन्दिनी राधारानीकी जय!

—::×::—

श्रीश्रीराधाके परम भाव-राज्यकी एक झाँकी

(सं० २०१६ वि० के श्रीराधाष्टमी-महोत्सवपर प्रवचन)

नमस्ते श्रियै राधिकायै परायै
नमस्ते नमस्ते मुकुन्दप्रियायै।
सदानन्दरूपे प्रसीद त्वमन्तः-
प्रकाशे स्फुरन्ती मुकुन्देन सार्धम्॥
सदा राधिकानाम जिह्वाग्रतः स्यात्
सदा राधिकारूपमक्ष्यग्र आस्ताम्।
श्रुतौ राधिकाकीर्तिरन्तःस्वभावे
गुणा राधिकायाः श्रिया एतदीहे॥

(श्रीभगवन्निम्बार्कमहामुनीन्द्र)

साधन-जगत्में प्रधानतया उत्तरोत्तर विलक्षण चार राज्य हैं— १. कर्मराज्य, २. भावराज्य, ३. ज्ञानराज्य और ४. महान् परम भावराज्य। इसीके अनुसार साधकोंके स्वरूप हैं, साध्य-स्वरूप हैं और दिव्य लोकादि हैं। कर्मप्रवण पुरुष कर्मराज्यमें श्रौत-स्मार्त वैध कर्मोंके द्वारा कर्म-साधन करते हैं। सकामभाव होनेपर वे स्वर्गादि पुनरावर्ती लोकोंमें जाते हैं और सर्वथा कामनारहित होनेपर 'नैष्कर्म्यसिद्धि' को प्राप्त होते हैं। इनके तत्त्वज्ञानकी स्थितिमें लोककी कल्पना नहीं है और कर्मतत्त्वकी दृष्टिसे सृजन-पालन-संहार करनेवाले सर्वशक्तिमान् सर्वनियन्ता ईश्वरके सांनिध्यमें इनका कर्मजगत्में कार्य चलता रहता है। इनमें कोई-कोई साधक सिद्धि प्राप्त करके ब्रह्माके पदतक पहुँच जाते हैं और मूल परम तत्त्वके अंशावतार विभिन्न

ब्रह्माण्डाधिपति सृजनकर्ता ब्रह्मा, पालनकर्ता विष्णु तथा संहारकर्ता रुद्रोंमें कहीं 'ब्रह्मा'का अधिकार प्राप्त कर सकते हैं।

इससे उच्चतर या आगे 'भावराज्य' है, वहाँ कर्मके साथ केवल निष्काम भावकी प्रधानता न होकर ईश्वर-प्रीतिसाधक भक्तिकी प्रधानता होती है। भावुक पुरुष इस भावराज्यके क्षेत्रमें भावसाधनाके द्वारा अपने भावानुरूप इष्टदेव परमैश्वर्य-सम्पन्न, स्वशक्तियुक्त भगवत्स्वरूपोंके सांनिध्य और उनके दिव्य लोकोंको प्राप्त करते हैं। इनकी साधनाका फल दिव्य भगवल्लोकोंकी प्राप्ति है। ये भी सर्वथा मायामुक्त होते हैं।

इससे आगे ज्ञानराज्य है। इसमें विचार-प्रधान पुरुष साधन-चतुष्टयादिके द्वारा महावाक्योंका अनुसरण करके विशुद्ध आत्मस्वरूपमें परिनिष्ठित होते हैं। इनके प्राणोंका उत्क्रमण नहीं होता। ये ब्रह्मस्वरूप हो जाते हैं या ब्रह्मसायुज्यको प्राप्त करते हैं।

इससे आगे एक महाभावरूप 'भगवद्भाव-राज्य' है। भुक्ति-मुक्ति, कर्म-ज्ञान आदिकी वासनासे शून्य पुरुष ही इस परम 'भावराज्य'के अधिकारी होते हैं। उपर्युक्त तत्त्वज्ञानी मुक्त पुरुषोंमें भी किन्हीं-किन्हींमें 'भगवत्प्रेमाङ्कुरका उदय हो जाता है, जिससे वे दिव्य शरीरके द्वारा उपर्युक्त कर्म-भाव-ज्ञान-राज्यसे अतीत भगवद्भाव-राज्यमें प्रवेश करके प्रियतम भगवान्‌के साथ लीलाविहार करते हैं या उनकी लीलामें सहायक-सेवक होकर उनके सुखमें ही अपने भिन्न स्वरूपको विसर्जितकर नित्य सेवारत रहते हैं; परंतु भोग-मोक्षकी कामना-गन्ध-लेशसे शून्य, सर्वात्मनिवेदनकारी महानुभावोंका ही इसमें प्रवेश होता है; चाहे वे पवित्र त्यागमय प्रेमस्रोतमें बहते हुए सीधे ही यहाँ पहुँच जायँ अथवा उपर्युक्त ज्ञान-राज्यमें ज्ञान प्राप्त होनेके अनन्तर किसी महान् कारणसे इस सर्वविलक्षण महाभावरूप परम दुर्लभ राज्यमें प्रवेश प्राप्त करें।

इस भावराज्यमें नित्य-निरन्तर भावमय सच्चिदानन्दघन दिव्य प्रेमरस-स्वरूप श्रीराधा-कृष्णका भावमय नित्य लीला-विहार होता रहता है। गोपी-प्रेमकी उच्च स्थितिपर पहुँचे हुए गोपीहृदय महापुरुष तथा श्रीराधाकी कायव्यूहरूपा नित्यसिद्धा

****

तथा विविध साधनोंद्वारा यहाँतक पहुँची हुई अन्यान्य गोपाङ्गनाओंका उसमें नित्य सेवा-सहयोग रहता है। इसीको 'गो-लोक' या 'नित्य प्रेमधाम' भी कहते हैं। यह 'भावराज्य' ज्ञानराज्यसे आगेका या उससे उच्च स्तरपर स्थित है। प्रेमी महानुभावोंने तो भगवत्कृपासे, 'स्वयं भगवान्' श्रीकृष्णके द्वारा सखा-भक्त अर्जुनके प्रति उपदिष्ट गीतामें भी इसके संकेत प्राप्त किये हैं। कुछ उदाहरण देखिये—तेरहवें अध्यायमें भगवान्ने क्षेत्र-क्षेत्रज्ञ, ज्ञान-ज्ञेयके स्वरूपका वर्णन किया है। उसमें सर्वत्र व्याप्त सगुण निराकार तथा ज्ञानगम्य ब्रह्मस्वरूपका उपदेश करनेके बाद वे कहते हैं—

इति क्षेत्रं तथा ज्ञानं ज्ञेयं चोक्तं समासतः।
मद्भक्त एतद् विज्ञाय मद्भावायोपपद्यते॥

(१३।१८)

"इस प्रकार क्षेत्र, ज्ञान, ज्ञेय संक्षेपमें कहे गये। इन क्षेत्र-ज्ञान-ज्ञेयको जानकर मेरा भक्त 'मेरे भाव'को प्राप्त होता है।"

चतुर्थ अध्यायमें भगवान् कहते हैं—

वीतरागभयक्रोधा मन्मया मामुपाश्रिताः।
बहवो ज्ञानतपसा पूता मद्भावमागताः॥

(४।१०)

"बहुत-से राग-भय-क्रोधसे रहित, ज्ञानरूप तपसे पवित्र, मुझमें तन्मय, मेरे आश्रित पुरुष 'मेरे भाव' को प्राप्त हो चुके हैं।"

अठारहवें अध्यायमें स्पष्ट शब्दोंमें भगवान्ने कहा है—

ब्रह्मभूतः प्रसन्नात्मा न शोचति न काङ्क्षति।
समः सर्वेषु भूतेषु मद्भक्तिं लभते पराम्॥
भक्त्या मामभिजानाति यावान्यश्चास्मि तत्त्वतः।
ततो मां तत्त्वतो ज्ञात्वा विशते तदनन्तरम्॥

(१८।५४-५५)

'ब्रह्मभूत होकर प्रसन्नात्मा पुरुष न तो शोक करता है न आकाङ्क्षा करता है

अर्थात् ब्रह्मस्वरूपको प्राप्त होकर शोक-कामनासे रहित प्रसन्नात्मा—आनन्दस्वरूप हो जाता है तथा सब भूतोंमें सम हो जाता है; तब वह मेरी पराभक्तिको प्राप्त करता है। उस भक्तिसे यानी परा ज्ञाननिष्ठासे जैसा जो कुछ मैं हूँ, उस मुझको तत्त्वसे जानकर तदनन्तर मुझमें प्रवेश कर जाता है।' अभिप्राय यह कि ब्रह्मस्वरूप समदर्शी शोकाकाङ्क्षारहित उच्च स्थितिपर पहुँच जानेपर भी भगवान्के **'यः यावान्'** स्वरूपका ज्ञान और उस भावराज्यमें प्रवेश शेष रह जाता है, जो पराभक्ति—प्रेमाभक्तिसे ही सिद्ध होता है।

इस पराभक्तिसे भगवान्के जिस स्वरूपका ज्ञान होकर जिस भावराज्यकी लीलामें प्रवेश प्राप्त होता है, भगवान्का वह स्वरूप भी अद्वय अक्षर ज्ञानतत्त्व ब्रह्मसे (तत्त्वतः एक होनेपर भी) असाधारण विलक्षण है। इसका भी संकेत गीताकी भगवद्वाणीमें स्पष्ट है—

मनुष्याणां सहस्रेषु कश्चिद् यतति सिद्धये।
यततामपि सिद्धानां कश्चिन्मां वेत्ति तत्त्वतः॥

(७।३)

'सहस्रों मनुष्योंमें कोई एक सिद्धिके लिये—तत्त्वज्ञानके लिये प्रयत्न करता है। उन यत्न करते हुए सिद्ध—सिद्धिप्राप्त पुरुषोंमें कोई एक मुझको तत्त्वसे जानता है।' यहाँके **'तत्त्वतः वेत्ति'** से उपर्युक्त **'तत्त्वतः अभिजानाति'** का और यहाँके 'सिद्धि'से उपर्युक्त श्लोकके 'ब्रह्मभूत'का सर्वथा साम्य है। इससे सिद्ध होता है कि ज्ञानतत्त्व ब्रह्मकी अपेक्षा **'माम्'** शब्दके वाच्य भगवान् विलक्षण हैं।

पंद्रहवें अध्यायमें दो प्रकारके पुरुषोंका वर्णन करते हुए भगवान् अपनेको 'क्षर' पुरुषसे अतीत और 'अक्षर' पुरुषसे उत्तम 'पुरुषोत्तम' बताते हैं और इस कथनको 'गुह्यतम' कहते हैं। 'अक्षर' क्या है, यह भगवान्के शब्दोंसे ही स्पष्ट है—**'अक्षरं ब्रह्म परमम्'** (८।३)—परम ब्रह्म अक्षर है।

इससे भी अत्यन्त स्पष्ट भगवान्की उक्ति है—

ब्रह्मणो हि प्रतिष्ठाहममृतस्याव्ययस्य च।
शाश्वतस्य च धर्मस्य सुखस्यैकान्तिकस्य च॥

(१४।२७)

***

'अव्यय ब्रह्म, अमृत, नित्य धर्म और ऐकान्तिक सुख (—ये चारों ब्रह्मके वाचक हैं) की मैं ही प्रतिष्ठा हूँ।'

इससे सिद्ध है कि ज्ञानराज्यसे यह महा'भावराज्य' विलक्षण है और ज्ञानगम्य ज्ञानतत्त्व 'ब्रह्म' से भगवान् 'श्रीकृष्ण' विलक्षण हैं।

ज्ञानतत्त्वमें परिनिष्ठित ब्रह्मीभूत महात्मा, जिनकी अज्ञान-ग्रन्थि टूट चुकी है—ऐसे आत्माराम मुनि भी भगवान्‌की अहैतुकी भक्ति करनेको बाध्य होते हैं; क्योंकि भगवान्‌में ऐसे ही विलक्षण स्वरूपभूत गुण हैं—

आत्मारामाश्च मुनयो निर्ग्रन्था अप्युरुक्रमे।
कुर्वन्त्यहैतुकीं भक्तिमित्थम्भूतगुणो हरिः॥

(श्रीमद्भागवत १।८।१०)

इसीसे भगवान् श्रीकृष्णका एक सुन्दर नाम है— 'आत्मारामगणाकर्षी' आत्माराम मुनिगणोंको आकर्षित करनेवाले।

कुन्तीदेवीने भगवान् श्रीकृष्णकी स्तुति करते हुए कहा है—

तथा परमहंसानां मुनीनाममलात्मनाम्।
भक्तियोगविधानार्थं कथं पश्येम हि स्त्रियः॥

(श्रीमद्भागवत १।८।२०)

'आप अमलात्मा—विशुद्धहृदय परमहंस मुनियोंको भक्तियोग प्रदान करनेके लिये प्रकट हुए हैं। फिर हम अल्पज्ञ स्त्रियाँ आपको कैसे जान सकती हैं।'

इसीसे ज्ञानी महात्मा पुरुष मुक्तिका निरादर करते हैं और भक्तिनिष्ठ रहना चाहते हैं—**'मुक्ति निरादर भगति लुभाने।'** मुक्ति उनके पीछे-पीछे घूमती है, पर वे उसे स्वीकार नहीं करते; क्योंकि वे संसारके मायाबन्धनसे तो सर्वथा मुक्त हैं ही, भगवान्‌के प्रेमबन्धनसे मुक्ति उन्हें कदापि इष्ट नहीं! ऐसे प्रेमी भक्त जिन भगवान्‌को प्रेमरसास्वादन कराते हैं और स्वयं जिनके मधुरातिमधुर दिव्य प्रेमसुधारसका पान करते हैं, वे भगवान् निस्संदेह ही सर्वतत्त्वविलक्षण हैं।

इन भगवान् श्रीकृष्णकी आत्मा हैं श्रीराधारानी—

आत्मा तु राधिका तस्य तयैव रमणादसौ।
आत्माराम इति प्रोक्तो मुनिभिर्गूढवेदिभिः॥

(स्कन्दपुराण)

"श्रीराधा भगवान् श्रीकृष्णकी आत्मा हैं, उनके साथ सदा रमण करनेके कारण ही रहस्य-रसके मर्मज्ञ ज्ञानी पुरुष श्रीकृष्णको 'आत्माराम' कहते हैं।" इसी प्रसङ्गमें भगवान्‌की महिषी श्रीकालिन्दीजी कहती हैं—

आत्मारामस्य कृष्णस्य ध्रुवमात्मास्ति राधिका।

'आत्माराम भगवान् श्रीकृष्णकी आत्मा निश्चय ही श्रीराधाजी हैं।' इन श्रीराधा-माधवका वह भावराज्य अतिशय उज्ज्वल है। वहाँ प्रिया-प्रियतमकी अचिन्त्य-अमल मधुरतम लीला नित्य चलती रहती है। 'अक्षर कूटस्थ ब्रह्म' जिनकी पद-नख-ज्योति हैं और जो ब्रह्मके आधार हैं, उन परात्पर श्यामसुन्दरका लीलाविहार वहाँ निरन्तर होता रहता है। वह लीलाका महान् मधुर सागर अत्यन्त शान्त होनेपर भी सदा उछलता रहता है। स्वयं नटनागर ही विविध मनोहारिणी भावलहरियाँ बनकर खेलते रहते हैं। उस भावराज्यमें ज्ञान-विज्ञान छिपे रहकर रसिकेन्द्र-शिरोमणि रसरूप भगवान् श्यामसुन्दरके द्विधारूप श्रीराधा-माधवका और श्रीराधाकी कायव्यूहरूपा श्रीगोपाङ्गनाओंका मधुरतम लीला-रस-रङ्ग देखते रहते हैं। जो ज्ञानी-विज्ञानी महात्मा इस भावराज्यमें पहुँचते हैं, उनके वे ज्ञान-विज्ञान यहाँ अपने ही दुर्लभ फलका सङ्ग पाकर परम प्रफुल्लित हो जाते हैं। ज्ञान-विज्ञानके अधिष्ठातृ-देवता सदा अतृप्त ही रहते हैं; क्योंकि उन्हें लीला-रसका पान करनेके लिये कभी अवसर ही नहीं मिलता। पर प्रेममय ज्ञानी पुरुषोंके साथ वे जब यहाँ पहुँचते हैं, तब रसदर्शनके लिये वे छिप जाते हैं और अपने ही परम फलस्वरूप श्रीराधाकृष्णकी रसमयी चिन्मय अविरल केवलानन्दरस-सुधा-प्रवाहिणी लीला देख-देखकर अपूर्व अतुलनीय आनन्द लाभ करते और कृतकृत्य होते हैं; ज्ञान-विज्ञानका जीवन यहाँ सार्थक हो जाता है। वे चुपचाप छिपे हुए रस-पान करते रहते हैं, कभी भी प्रकट होकर लीला-रसमें विघ्न नहीं डालते; क्योंकि इस प्रेम-रसमें ज्ञानकी खटाई पड़ते ही यह फट जाता है। वहाँ इसमें अलौकिक लीलाकी अनन्त मधुर तरङ्गें नित्य उठती रहती हैं। यह वही रस

है, जो सभी रसोंका उद्गमस्थान नित्य महान् परम मधुर रस है। वस्तुतः निरतिशय रसमय श्रीभगवान् ही यहाँ महाभाव-परिनिष्ठित होकर रसरूपमें भी प्रकट रहते हैं। देवता, भाग्यवान् असुर, किंनर, ऋषि, मुनि, पवित्र तपस्वी, परम पवित्र सिद्ध पुरुष—सभी इसके लिये ललचाते रहते हैं; पर इसे पाना तो दूर रहा, इस मनभावन रसमय भावराज्यको वे देख भी नहीं पाते। कर्म-कुशल कर्मी, समाधिनिष्ठ योगी और छिन्नग्रन्थि ज्ञानी पुरुष इस रसमय भावराज्यकी कल्पना भी नहीं कर पाते, इसका अर्थ ही उनकी समझमें नहीं आता। इसीसे वे इसकी अवहेलना करते हैं। इस भावराज्यमें निवास करनेवाली रसलीला-निरत, रस-सेवाकी जीती-जागती मूर्ति जो परम श्रेष्ठ दिव्य सखी, सहचरी, मञ्जरियाँ हैं, अति श्रद्धाके साथ जो उनकी चरण-रजका सेवन करता है, जो तर्कशून्य साधक अपने रसयुक्त हृदयको भावराज्यके उज्ज्वल भावोंसे भरता रहता है, जो तुच्छ घृणित भोगोंसे और कैवल्य मोक्षसे सदा विरक्त रहता है और जिसका हृदय निरन्तर भावराज्यके आराध्यस्वरूप श्रीराधा-माधवके चरणोंमें ही आसक्त रहता है, वही भावराज्यके किसी महान् जनका—किसी मञ्जरीका कृपाकण प्राप्त कर सकता है और वही जन इस परम भावराज्यकी सीमामें प्रवेश कर सकता है। इसी तत्त्वका स्मरण दिलानेवाला यह पद है—

'कर्म-राज्य'से उच्च स्तरपर सुन्दर 'भाव-राज्य' जगमग।
'तत्त्वज्ञान' उच्चतर उससे, कष्टसाध्य अति 'राज्य' सुभग॥
'परम भाव' का है उससे भी उच्च 'राज्य' अतिशय उज्ज्वल।
होती जहाँ प्रिया-प्रियतमकी लीला मधुर अचिन्त्य अमल॥
जिसकी पद-नख-आभा अक्षर ब्रह्म, ब्रह्मका जो आधार।
उसी परात्परकी लीलाका संतत होता जहाँ विहार॥
सदा उछलता रहता वह लीलाका शान्त मधुर सागर।
विविध भाव-लहरें मनहर बन स्वयं खेलते नट-नागर॥
छिपे ज्ञान-विज्ञान देखते जहाँ मधुर लीला-रस-रङ्ग।
होते परम प्रफुल्लित पाकर अपने दुर्लभ फलका सङ्ग॥
प्रकट नहीं होते, करते वे नहीं कभी लीला-रस-भङ्ग।

उठतीं वहाँ अलौकिक लीलाकी नित मधुर अनन्त तरङ्ग ॥
रस वह सभी रसोंका उद्गम, नित्य परम रस मधुर महान् ।
महाभाव-परिनिष्ठित नित्य निरतिशय रसमय श्रीभगवान् ॥
देव, दनुज, किंनर, ऋषि, मुनि, शुचि तापस, सिद्ध परमपावन ।
ललचाते रहते, मनसे भी देख न पाते मनभावन ॥
कर्म-कुशल कर्मी, समाधिरत योगी, छिन्न-ग्रन्थि ज्ञानी ।
नहीं कल्पना भी कर पाते, समझ नहीं पाते मानी ॥
जो इस भावराज्यके वासी, रस-लीला-रत परम उदार ।
सखी, सहचरी, दिव्य मञ्जरी, रस-सेवा-विग्रह साकार ॥
उनकी चरणधूलिकी अति श्रद्धासे जो सेवा करता ।
तर्कशून्य जो सरस हृदयको उज्ज्वल भावोंसे भरता ॥
रहता तुच्छ घृणित भोगोंसे तथा मुक्तिसे सदा विरक्त ।
जिसका हृदय निरन्तर रहता राधा-माधव-चरणासक्त ॥
भाव-राज्यके जन महानका वही कृपा-कण पा सकता ।
वही परम इस भाव-राज्यकी सीमामें जन जा सकता ॥

नित्य रासेश्वरी, नित्य निकुञ्जेश्वरी श्रीराधा और उनके प्रियतम श्रीकृष्णमें तनिक भी भेद नहीं है। पर लीला-रसास्वादनके लिये श्रीकृष्णकी स्वरूपभूता परमाह्लादिनी श्रीराधा सदा श्रीकृष्णका समाराधन करती रहती हैं और श्रीकृष्ण भी उनका प्रेमाराधन करते रहते हैं। रस-सुधा-सागर ये श्रीराधा-माधव एक ही तत्त्वमय शरीरके दो लीलास्वरूप बने हुए एक-दूसरेको आनन्द प्रदान करते रहते हैं—

आनँद की अहलादिनि स्यामा अहलादिनि के आनँद स्याम ।
सदा सरबदा जुगल एक मन एक जुगल तन बिलसत धाम ॥

इनमें परकीया-स्वकीया लीला भी वस्तुतः रस-निष्पत्तिके लिये है। इस भेदका आग्रह वस्तुतः श्रीकृष्णके स्वरूपकी विस्मृतिसे ही होता है। श्रीराधा-माधव एक ही सच्चिदानन्दमय वस्तु-तत्त्व है; उसमें न स्त्री है न पुरुष। ब्रह्मवैवर्तपुराण और देवीभागवतमें आया है कि इच्छामय, सर्वरूपमय, सर्वकारणकरण, परम शान्त,

परम कमनीय, नव-सजल-जलद-श्याम परात्पर भगवान् श्रीकृष्णके वामभागसे मूल प्रकृतिरूपमें श्रीराधाजी प्रकट हुईं। इन्हीं राधाजीके द्विविध प्रकाशमेंसे एकसे लक्ष्मीका प्राकट्य हुआ। अतएव श्रीकृष्णाङ्गसम्भूता होनेसे श्रीराधाजी नित्य श्रीकृष्णस्वरूपा ही हैं। श्रीदेवीभागवतमें श्रीराधाजीके मन्त्र, उपासना, स्वरूपका और भगवान् नारायणके द्वारा उनकी स्तुतिका वर्णन है, जो संक्षेपमें इस प्रकार है—

भगवती श्रीराधाका वाञ्छाचिन्तामणि सिद्ध मन्त्र है—'**ॐ ह्रीं श्रीराधायै स्वाहा**'। असंख्य मुख और असंख्य जिह्वावाले भी इस मन्त्रका माहात्म्य वर्णन करनेमें असमर्थ हैं। मूल प्रकृति श्रीराधाके आदेशसे सर्वप्रथम भगवान् श्रीकृष्णने भक्तिपूर्वक इस मन्त्रका जप किया था। फिर, उन्होंने विष्णुको, विष्णुने विराट् ब्रह्माको, ब्रह्माने धर्मको और धर्मने मुझ नारायणको इसका उपदेश किया। तबसे मैं निरन्तर इस मन्त्रका जप करता हूँ, इसीसे ऋषिगण मेरा सम्मान करते हैं। ब्रह्मा आदि समस्त देवता नित्य प्रसन्नचित्तसे श्रीराधाकी उपासना करते हैं।

कृष्णार्चायां नाधिकारो यतो राधार्चनं विना।
वैष्णवैः सकलैस्तस्मात् कर्तव्यं राधिकार्चनम्॥
कृष्णप्राणाधिका देवी तदधीनो विभुर्यतः।
रासेश्वरी तस्य नित्यं तया हीनो न तिष्ठति॥
राध्नोति सकलान् कामांस्तस्माद्राधेति कीर्तिता।

(श्रीदेवीभागवत ९। ५०। १६ से १८)

"क्योंकि श्रीराधाकी पूजा किये बिना मनुष्य श्रीकृष्णकी पूजाके लिये अनधिकारी माना जाता है, इसलिये वैष्णवमात्रका कर्तव्य है कि वे श्रीराधाकी पूजा अवश्य करें। श्रीराधा श्रीकृष्णकी प्राणाधिका देवी हैं। कारण, भगवान् इनके अधीन रहते हैं। ये नित्य रासेश्वरी भगवान्‌के रासकी नित्य स्वामिनी हैं। इनके बिना भगवान् रह ही नहीं सकते। ये सम्पूर्ण कामनाओंको सिद्ध करती हैं, इसीसे ये 'राधा' नामसे कही जाती हैं।"

श्रीराधाका इस प्रकार ध्यान करना चाहिये—

'श्रीराधाका वर्ण श्वेत चम्पाकुसुमके सदृश है। मुख शारदीय शशिका गर्व हरण करता है, श्रीविग्रह असंख्य चन्द्रमाओंकी कान्तिके सदृश झलमल करता है। नेत्र

शरद्-ऋतुके खिले हुए कमलके समान हैं। अरुण अधर बिम्बफलके सदृश, स्थूल श्रोणि और क्षीण कटिप्रदेश दिव्य करधनीसे अलंकृत हैं। कुन्द-कुसुमके सदृश इनकी स्वच्छ दन्तपंक्ति सुशोभित है। दिव्य नील पट्टवस्त्र इन्होंने धारण कर रखा है। इनके प्रसन्न मुखारविन्दपर मृदु मुसकानकी छटा छायी है। उन्नत उरोज हैं। दिव्य रत्नमय विविध आभूषणोंसे विभूषित ये देवी नित्य बालारूपमें अल्पवर्षीया प्रतीत होती हैं। इनके कुञ्चित केश मल्लिका और मालतीकी मालाओंसे सुशोभित हैं। अङ्ग-प्रत्यङ्ग अत्यन्त सुकुमार हैं। इनका श्रीविग्रह मानो शोभा—श्रीका लहराता हुआ अनन्त सागर है। ये शान्तस्वरूपा शाश्वतयौवना राधाजी रासमण्डलमें समस्त गोपाङ्गनाओंकी अधीश्वरीके रूपमें रत्नमय सिंहासनपर विराजमान हैं। वेद इन श्रीकृष्णप्राणाधिका परमेश्वरीकी महिमाका गान करते हैं।

तदनन्तर पूजाविधान बतलाकर श्रीनारायण कहते हैं कि 'जो बुद्धिमान् पुरुष भगवती श्रीराधाका जन्म-महोत्सव मनाता है, उसे रासेश्वरी श्रीराधा अपना सांनिध्य प्रदान करती हैं—

× × × राधाजन्मोत्सवं बुधः।
कुरुते तस्य सांनिध्यं दद्याद् रासेश्वरी परा॥

फिर श्रीनारायण 'राधास्तवन' करते हैं—

नमस्ते परमेशानि रासमण्डलवासिनि।
रासेश्वरि नमस्तेऽस्तु कृष्णप्राणाधिकप्रिये॥
नमस्त्रैलोक्यजननि प्रसीद करुणार्णवे।
ब्रह्मविष्णवादिभिर्देवैर्वन्द्यमानपदाम्बुजे॥
नमः सरस्वतीरूपे नमः सावित्रि शंकरि।
गङ्गापद्मावनीरूपे षष्ठि मङ्गलचण्डिके॥
नमस्ते तुलसीरूपे नमो लक्ष्मीस्वरूपिणि।
नमो दुर्गे भगवति नमस्ते सर्वरूपिणि॥
मूलप्रकृतिरूपां त्वां भजामः करुणार्णवाम्।
संसारसागरादस्मदुद्धराम्ब दयां कुरु॥

(श्रीमद्देवीभागवत ९।५०।४६ से ५०)

****

इस स्तोत्रका माहात्म्य वे यों बतलाते हैं—'जो पुरुष त्रिकाल-संन्ध्याके समय भगवती श्रीराधाका स्मरण करते हुए उनके इस स्तोत्रका पाठ करता है, उसके लिये कभी कोई भी वस्तु किंचिन्मात्र भी अलभ्य नहीं रह सकती और आयु समाप्त होनेपर शरीरका त्याग करके वह बड़भागी पुरुष गोलोकधाम—रासमण्डलमें नित्य निवास करता है। यह परम रहस्य जिस किसीके सामने नहीं कहना चाहिये।'

ये ही श्रीकृष्णस्वरूपिणी श्रीकृष्णाह्लादिनी श्रीराधा वृषभानुपुरमें माता कीर्तिदादेवीके यहाँ महान् पुण्यमय मधुररूपमें प्रकट होकर नित्य अभिन्नस्वरूप श्रीकृष्णके साथ लीलाविहार करती हैं। इनके लीलासागरकी विविध ऋजु-कुटिल तरङ्गें हैं प्रेम, स्नेह, मान, प्रणय, राग, अनुराग, भाव—ये सभी इन लीला-भाव-तरङ्गोंके ही स्वरूप हैं। इनकी पूर्ण परिणतिका नाम ही 'महाभाव' है और श्रीराधा ही 'महाभावस्वरूपा' हैं। उनमें पूर्वोक्त सभी भावोंका एकत्र अन्तर्भाव है। लीलामें समय-समयपर सभी भावोंका लीला-क्षेत्रानुसार प्रकाश होता है। कभी वे अत्यन्त मानिनी बनकर श्रीकृष्णके द्वारा अत्यन्त विनयपूर्ण मानभङ्ग-लीला कराती हैं, तो कभी अपना नितान्त दैन्य प्रकट करती हुई (ललिताजीसे) कहती हैं—

सखी री हौं अवगुनकी खान।

तन गोरी, मन कारी भारी, पातक पूरन प्रान॥

नहीं त्याग रंचक मो मन मैं, भर्‌यौ अमित अभिमान।

नहीं प्रेम कौ लेस लेस, नित निज सुख कौ ही ध्यान॥

जग के दुःख-अभाव सतावैं, हो तन पीड़ा-भान।

तब तेहिं दुख दृग स्त्रवै अश्रुजल, नहिं कछु प्रेम निदान॥

तिन दुख-अँसुवन कौं दिखराऔं हौं सुचि प्रेम महान।

करौं कपट, हिय भाव दुरावौं, रचौं स्वाँग सज्ञान॥

भोरे प्रियतम मम, बिमुग्ध बन करैं, बिमल गुन गान।

अतिसय प्रेम सराहैं, मोकूँ परम प्रेमिका मान॥

तुमहू सब मिलि करौ प्रसंसा, तब हौं भरौ गुमान।

करौ अनेक छद्म तेहि छन हौं, रचौं प्रपंच बितान॥

स्याम सरलचित ठगौं दिवस निसि हौं करि बिबिध बिधान।
धृग जीवन मेरौ यह कलुषित, धृग यह मिथ्या मान॥

'री सखी! मैं अवगुणोंकी—दोषोंकी खान हूँ। शरीरसे गोरी हूँ, परंतु मनसे बड़ी काली हूँ; मेरे प्राण पातकोंसे पूर्ण हैं। मेरे मनमें रंचभर भी त्याग नहीं है, अपार अभिमान भरा है। प्रेमका तो लेश भी शेष नहीं है, नित्य-निरन्तर अपने सुखका ही ध्यान है। जब जगत्के दुःख-अभाव सताते हैं और शरीरमें पीड़ाकी अनुभूति होती है, तब उस दुःखके कारण आँखोंसे अश्रुजल बहने लगता है; उसमें तनिक भी प्रेमका कारण नहीं है। पर उन दुःखके आँसुओंको मैं महान् पवित्र प्रेमके आँसू बताकर प्रेम प्रकट करती हूँ। हृदयके भावको छिपाकर कपट करती हूँ और जान-बूझकर स्वाँग रचती हूँ। मेरे भोले-भाले प्रियतम मुझे परम प्रेमिका मानकर विमुग्ध हो मेरा निर्मल गुणगान करते हैं और मेरे प्रेमकी अतिशय प्रशंसा करते हैं। तुम सब भी मिलकर मेरी प्रशंसा करती हो, तब मैं अभिमानसे भर जाती हूँ और उस अपने मिथ्या प्रेमस्वरूपकी रक्षाके लिये मैं अनेक छल-छद्म और प्रपञ्चोंका विस्तार करती हूँ। इस प्रकार मैं सरल-हृदय श्यामसुन्दरको विविध विधियोंसे दिन-रात ठगती रहती हूँ। धिक्कार है मेरे इस कलुषित जीवनको और धिक्कार है मेरे इस मिथ्या मानको !'

× × ×

श्रीराधा कभी सौन्दर्याभिमानकी लीला करती हैं तो कभी कहती हैं—'श्यामसुन्दर मुझ सद्गुणहीना कुरूपापर क्यों अपने सुखका बलिदान कर रहे हैं?' और उनके मथुरा पधार जानेपर उन्हें किसी उनके योग्य भाग्यशालिनीकी प्राप्तिसे सुख होनेकी कल्पना करके प्रसन्न होती हैं।

× × ×

राधाजी कभी वियोगका अत्यन्त दारुण अनुभव करके दहाड़ मारकर रोती हैं, कभी मिलन-सुखका महान् आनन्द प्राप्त करती हैं और कभी प्रत्यक्ष मिलनमें ही वियोगका अनुभव करके 'हा श्यामसुन्दर, हा प्राणप्रियतम!' पुकारने लगती हैं एवं कभी-कभी अपनेको ही श्यामरूप मानकर 'हा राधे', 'हा राधे' की करुण ध्वनि कर उठती हैं। एक बार निकुञ्जसे लौटनेपर उन्हें ऐसा भान हुआ कि श्यामसुन्दर कहीं

चले गये हैं। इसलिये वे वहीं वनमें वनधातुको जलमें घोलकर दाड़िमकी छोटी-सी पतली डालीको कलम बनाकर प्रियतमको पत्र लिखने बैठीं—इतनेमें ही अपने-आपको भूल गयीं और 'हा राधे! तुम कहाँ चली गयीं?' पुकार उठीं। फिर राधाको पत्र लिखा। पीछे अपनी ही वाणीसे उन्होंने प्रिय सखी ललिताको अपनी यह भूल बतलायी—

सखी ! यह कैसी भूल भई।
लिखन लगी पाती पिय कौं, लै दाड़िम कलम नई॥
भूली निज सरूप हौं तुरतहिं बनि घनस्याम गई।
बिरह बिकल बोली पुकार—'हा राधे' कितै गई॥
पाती लिखी—'प्रिये ! हृदयेस्वरि ! सुमधुर सु-रसमई।
प्रानाधिके ! बेगि आवौ तुम नेह-कलह-बिजई॥
ठाढ़े भए आया मनमोहन, मो तन दृष्टि दई।
हँसे ठठाय, चेतना जागी, हौं सरमाय गई॥

× × ×

गोपी-प्रेमका स्वरूप—स्वभाव है—श्रीराधा-माधवका सुख। वे श्रीराधा-माधवके सुखमें ही सुखका अनुभव करती हैं और नित्य-निरन्तर उनके सुख-संयोग-विधानमें ही लगी रहती हैं। एवं श्रीकृष्णप्राणा श्रीराधाजीका जीवन है श्रीकृष्णसुखमय। खाने-पीनेतकमें स्वाद-सुखकी अनुभूति भी उन्हें तभी होती है, जब उससे श्रीकृष्णको सुख होता है। वे 'अहं'को सर्वथा भुलाकर केवल श्रीकृष्णसुखकी ही चिन्ता करती रहती हैं—और प्रेम-स्वाभावानुसार अपनेमें दोषोंके तथा प्रियतम श्रीकृष्णमें गुणोंके दर्शन करती हुई कहती हैं—

क्षण भर मुझे उदास देख जो कभी प्राणप्रिय! पाते।
सारा मोद भूल तुम प्यारे! अति व्याकुल हो जाते॥
कभी किसी कारण जब मेरे नेत्रकोण भर आते।
तब तुम अति विषण्ण हो प्यारे! आँसू अमित बहाते॥
कभी म्लानताकी छाया यदि मेरे मुखपर आती।
लगती देख धड़कने प्रिय! तत्काल तुम्हारी छाती॥

****

मेरे मुख मुसकान देख तुमको अतिशय सुख होता।
हो आनन्दमग्र अति मन तव सारी सुध-बुध खोता॥
मुझको सुखी देखने-करनेको ही प्रतिपल प्यारे।
होते पुण्य विचार मधुर, तव कार्य त्यागमय सारे॥
मेरा सुख-दुख तनिक तुम्हें अतिशय है सुख-दुख देता।
मेरा मन नित इन पावन भावोंसे अति सुख लेता॥
दिया अमित, दे रहे अपरिमित, देते नित्य रहोगे।
सहे सदा अपमान-अवज्ञा, आगे सदा सहोगे॥
किया न प्यार कभी सच्चा, मैंने निज सुख ही देखा।
निज सुख हेतु रुलाया, कभी हँसाया, किया न लेखा॥
दे न सकी मैं तुम्हें कभी कुछ सुख-सामग्री कोई।
निज मन-इन्द्रिय-तृप्ति हेतु मैंने सब आयुष् खोई॥
बुरा मानना, दोष देखना, पर तुमने नहिं जाना।
मेरे स्वार्थसने कामोंको सदा प्रेममय माना॥
मत्सुखकारक विमल प्रेमको मैंने नित ठुकराया।
तब भी प्रेम तुम्हारा मैंने नित बढ़ता ही पाया॥
तुम-से तुम ही हो, अग-जगमें तुलना नहीं तुम्हारी।
मेरा अति सौभाग्य यही, जो मान रहे तुम प्यारी॥

'प्राणप्रियतम ! मुझे क्षणभरके लिये यदि कभी तुम उदास देख पाते हो तो प्रियतम ! सारा आनन्द भूलकर तुम अत्यन्त व्याकुल हो उठते हो। कभी किसी कारण जब मेरे नेत्रकोण भर आते हैं, तब तुम अत्यन्त उदास होकर आँखोंसे अपार आँसू बहाने लगते हो। कभी यदि मेरे मुखपर तनिक-सी म्लानताकी छाया भी आ जाती है तो उसे देखकर उसी क्षण तुम्हारी छाती धड़कने लगती है। कभी मेरे मुखपर तनिक मुसकान देख लेते हो तो तुमको अतिशय सुख होता है और तुम्हारा मन अत्यन्त आनन्दमग्न होकर सारी सुध-बुध खो देता है। मुझको सुखी बनाने और सुखी देखनेके लिये ही प्रियतम, प्रतिपल तुम्हारे मधुर पवित्र विचार और त्यागमय समस्त

कार्य होते हैं। मेरे तनिक-से सुख-दुःख तुम्हें अतिशय सुखः-दुःख देते हैं। तुम्हारे इन पवित्र भावोंको ग्रहण करके मेरा मन निरन्तर अत्यन्त सुखका अनुभव करता है।

'तुमने मुझको अपरिमित दिया, अपरिमित दे रहे हो और आगे भी सदा अपरिमित देते ही रहोगे। तुम मेरे द्वारा सदा ही अपमान-अवज्ञा सहते आये हो और भविष्यमें भी सदा सहते ही रहोगे। मैंने कभी सच्चा प्रेम नहीं किया, केवल अपना ही सुख देखा। अपने ही सुखके लिये तुम्हें कभी रुलाया, कभी हँसाया। कुछ भी हिसाब नहीं रखा। मैं तुम्हें कभी कुछ भी सुखकी सामग्री नहीं दे सकी। मैंने अपनी सारी आयु अपने मन-इन्द्रियोंकी तृप्तिके लिये ही खो दी। पर तुमने तो कभी बुरा मानना, मेरे दोष देखना जाना ही नहीं और मेरे स्वार्थपूर्ण कार्योंको सदा प्रेममय ही माना। मुझे सुखी करनेवाले तुम्हारे निर्मल प्रेमको मैंने सदा ठुकराया, तब भी अपने प्रति तुम्हारे प्रेमको मैंने निरन्तर बढ़ता ही पाया। प्रियतम! इस अग-जगमें तुम-सरीखे एक तुम्हीं हो! तुम्हारी कहीं तुलना नहीं है। मेरा यही अत्यन्त सौभाग्य है, जो तुम मुझे अपनी प्रिया मान रहे हो!'

× × ×

इसी प्रकार श्रीकृष्ण सदा अपने दोष देखते और श्रीराधाकी असाधारण गुणावलिपर विमुग्ध होकर उनके गुण-गानमें ही अपना सौभाग्य समझते हैं। जगत्‌के प्रेमी सिद्ध महापुरुषोंके प्रेमका निर्मल उच्च आदर्श दिखलाते हुए तथा साधन एवं तत्त्व बतलाते हुए वे श्रीराधाजीसे कहते हैं—

प्रिये! तुम्हारा-मेरा यह अति निर्मल परम प्रेम-सम्बन्ध।
सदा शुद्ध आनन्दरूप है इसमें नहीं काम-दुर्गन्ध॥
कबसे है, कुछ पता नहीं, पर जाता नित अनन्तकी ओर।
पूर्ण समर्पण किसका किसमें, कहीं नहीं मिलता कुछ छोर॥
सदा एक, पर सदा बने दो करते लीला-रस-आस्वाद।
कभी न बासी होता रस यह, कभी नहीं होता बिस्वाद॥
नित्य नवीन मधुर लीला-रस भी न भिन्न, पर रहता भिन्न।
नव-नव रस-सुख-सर्जन करता, कभी न होने देता खिन्न॥
परम सुहृद, धन परम, परम आत्मीय, परम प्रेमास्पद रूप!

****

हम दोनों दोनोंके हैं नित, बने रहेंगे नित्य अनूप ॥
कहते नहीं, जनाते कुछ भी, कभी परस्पर भी यह बात।
रहते बसे हृदयमें दोनों, दोनोंके पुनीत अवदात ॥
नहीं किसीसे लेन-देन कुछ, जगमें नहीं किसीसे काम।
नहीं कभी कुछ इन्द्रिय-सुखकी कलुष कामना अपगति-धाम ॥
नहीं कर्मका कहीं प्रयोजन, नहीं ज्ञानका तत्त्वादेश।
नहीं भक्ति-साधन विधिसंगत, नहीं योग अष्टाङ्ग विशेष ॥
नहीं मुक्तिको स्थान कहीं भी, नहीं बन्धभयका लवलेश।
आत्मरूप सब हुआ प्रेमसागरमें, कुछ भी बचा न शेष ॥
प्रेम-उदधि यह तल गभीरमें रहता शान्त, अडोल, अतोल।
पर उसमें उन्मुक्त उठा करते हैं नित्य अमित हिल्लोल ॥
उठती वहीं असंख्यरूपमें ऊपर उसमें विपुल तरङ्ग।
पर उन तरल तरङ्गोंमें भी उसकी शान्ति न होती भङ्ग ॥
अडिग, शान्त, अक्षुब्ध सदा गम्भीर सुधामय प्रेम-समुद्र।
रहता नित्य उच्छ्वलित, नित्य तरङ्गित, नृत्य-निरत अक्षुद्र ॥
शान्त नित्य नव-नर्तनमय वह परम मधुर रसनिधि सविशेष।
लहराता रहता अनन्त वह नित्य हमारे शुचि हृद्देश ॥
उसकी विविध तरङ्गें ही करतीं नित नव लीला-उन्मेष।
वही हमारा जीवन है, है वही हमारा शेषी-शेष ॥
कौन निर्वचन कर सकता, जब परमहंस मुनि-मन असमर्थ।
भोक्ता-भोग्यरहित, विचित्र अति गति, कहना-सुनना सब व्यर्थ ॥

''प्रियतमे ! तुम्हारा और मेरा यह अत्यन्त निर्मल प्रेमसम्बन्ध सदा विशुद्ध आनन्दरूप है, इसमें काम-दुर्गन्ध है ही नहीं। यह कबसे है, कुछ पता नहीं; परंतु यह नित्य-निरन्तर जा रहा है अनन्तकी ओर। किसका किसमें पूर्ण समर्पण है, इसका कहीं कुछ भी पता नहीं लगता। हम सदा एक हैं, परंतु सदा दो बने हुए लीला-रसका आस्वादन करते हैं। यह रस न कभी बासी होता है न इसका स्वाद ही बिगड़ता है।

यह नित्य नवीन मधुर रहता है। यह लीलारस भी हमारे स्वरूपसे भिन्न नहीं है, पर भिन्न रहता हुआ ही सदा नये-नये रस-सुखकी सृष्टि करता रहता है। कभी खिन्नता नहीं आने देता। हम दोनों ही दोनोंके नित्य अनुपम परम सुहृद्, परम धन, परम आत्मीय और परम प्रेमास्पद हैं। पर न तो कभी परस्परमें भी इस बातको कहते हैं और न कुछ जनाते ही हैं। हम दोनों ही दोनोंके हृदयमें पवित्र उज्ज्वल रूपमें सदा बसे रहते हैं। न किसी अन्यसे हमारा कुछ भी लेन-देन है, न जगत्में किसीसे कुछ काम ही है और न दुर्गतिके धामरूप इन्द्रिय-सुखकी ही कभी कुछ कलुषित कामना होती है।

''वस्तुतः न तो हमारा कहीं 'कर्म'से कुछ प्रयोजन है, न हमपर तत्त्वज्ञानका ही कोई आदेश है, न हममें विधिसंगत भक्तिसाधन है और न अष्टाङ्गयोग-विशेष है। यहाँतक कि मुक्तिके लिये भी कहीं हमारे जीवनमें स्थान नहीं है तथा बन्धनके भयका भी लवलेश नहीं है। सब कुछ प्रेमसागरने आत्मसात् कर लिया है। कुछ शेष बचा ही नहीं।

''वह प्रेम-समुद्र-तलमें सदा ही अतुलनीय, गम्भीर, शान्त और अचल रहता है; पर उसमें उन्मुक्त रूपसे नित्य अपरिमित हिलोरें उठती रहती हैं। वहाँ ऊपर असंख्य विपुल तरङ्गें नाचती रहती हैं, परंतु उन तरुण तरङ्गावलियोंसे उसके तलकी शान्ति कभी भङ्ग नहीं होती। यह सुधामय प्रेम-समुद्र सदा ही अचल, अक्षुब्ध और शान्त बना रहता है; पर साथ ही यह महान् नित्य उछलता, नित्य लहराता और नित्य नाचता भी रहता है। यह शान्त और नित्य नवरूपसे नृत्यरत, विशेषरूपसे परम मधुर अनन्त रस-समुद्र नित्य-निरन्तर हमारे पवित्र हृदय-देशमें लहराता रहता है। इसकी विविध तरङ्गें ही नित्य नवीन लीला-रसका उन्मेष करती हैं। हम परस्पर प्रेमी-प्रेमास्पद प्रिया-प्रियतमका यही जीवन है—यही हमारा शेष है और यही शेषी है। जब परमहंस मुनियोंका मन भी असमर्थ है, तब इस भोक्ता-भोग्य-रहित, अत्यन्त विचित्र गतियुक्त हमारे स्वरूपका तथा इस प्रेम-रसका निर्वचन कौन कर सकता है? यहाँ कुछ कहना-सुनना सभी व्यर्थ है।''

श्रीराधा-माधवकी मधुर लीला अनन्त है। जिन भाग्यवानोंके मानसनेत्रोंमें

इनका उदय होता है, वे ही इनके आनन्दका अनुभव करते हैं। अनिर्वचनीयका निर्वचन तो असम्भव ही है—'**अनिर्वचनीयं प्रेमस्वरूपम्।**'

परंतु उपर्युक्त विवेचनसे श्रीराधा-माधवके तत्त्व-स्वरूपकी, साधनाकी कुछ बातें समझमें आयी होंगी। इसी व्याजसे श्रीराधा-माधवका कुछ चिन्तन बन गया। यही इस तुच्छ प्राणीका परम सौभाग्य है। आज रस-प्रेम-स्वरूप श्रीश्यामसुन्दरकी अभिन्नरूपा श्रीराधाका यह प्राकट्य-महामहोत्सव है। हमारा परम सौभाग्य है कि इस सुअवसरपर श्रीराधाके चरण-स्मरणका यह शुभ संयोग उपस्थित हुआ है। आइये, अन्तमें हम सब मिलकर प्रार्थना करें—

राधाजू हम पै आजु ढरौ।
निज, निज प्रीतम की पद-रज रति हमैं प्रदान करौ॥
बिषम बिषय रस की सब आसा-ममता तुरत हरौ।
भुक्ति-मुक्ति की सकल कामना सत्वर नास करौ॥
निज चाकर-चाकर-चाकर की सेवा दान करौ।
राखौ सदा निकुंज निभृत में, झाड़ूदार बरौ॥

बोलो श्रीकीर्तिकुमारी वृषभानुनन्दिनी श्रीकृष्णानन्दिनी राधारानीकी जय! जय!! जय!!!

——::×::——

श्रीराधा-तत्त्व एवं राधास्वरूपकी नितान्त दुर्गमता

(सं० २०१७ वि० के श्रीराधाष्टमी-महोत्सवपर दिया हुआ प्रवचन)

अमलकमलकान्तिं नीलवस्त्रां सुकेशीं
शशधरसमवक्त्रां खञ्जनाक्षीं मनोज्ञाम्।
स्तनयुगगतमुक्तादामदीप्तां किशोरीं
व्रजपतिसुतकान्तां राधिकामाश्रयेऽहम्॥
स्मेरां गोरोचनाभां स्फुरदरुणपटप्रान्तक्लृप्तावगुण्ठां

****

रम्यां वेशेन वेणीकृतचिकुरघटालम्बिपद्मां किशोरीम् ।
तर्जन्यङ्गुष्ठयुक्तां हरिमुखकमले मुञ्चतीं नागवल्लीं
पूर्णां कर्णायताक्षीं त्रिजगति मधुरां राधिकां भावयामि ॥
हेमाभां द्विभुजां वराभयकरां नीलाम्बरेणावृतां
श्यामक्रोडविलासिनीं भगवतीं सिन्दूरपुञ्जोज्ज्वलाम् ।
लोलाक्षीं नवयौवनां स्मितमुखीं बिम्बाधरां राधिकां
नित्यानन्दमयीं विलासनिलयां दिव्याङ्गभूषां भजे ॥
नवीनां हेमगौराङ्गीं प्रवरेन्दीवराम्बराम् ।
वृषभानुसुतां वन्दे कृष्णकान्ताशिरोमणिम् ॥
महाभावस्वरूपा त्वं कृष्णप्रियावरीयसी ।
प्रेमभक्तिप्रदे देवि! राधिके ! त्वां नमाम्यहम् ॥

आज श्रीराधाष्टमी-महोत्सव है, अतएव श्रीराधाका किंचित् स्मरण करके जीवनको धन्य करनेके लिये उन्हींकी पवित्र प्रेरणाके अनुसार कुछ शब्दोंका संकलन किया जा रहा है। श्रीराधातत्त्व तथा राधास्वरूप नितान्त दुर्गम है, अथाह समुद्र है। इसमें डुबकी लगाकर थाह पानेकी चेष्टा करनेवाले बड़े-बड़े गम्भीर तत्त्वज्ञ योगी महापुरुष भी अपनेको सर्वथा असमर्थ पाकर निराश बाहर निकल आते हैं, फिर विषय-विलास-विभ्रम-रत मोहावृत इन्द्रियासक्त मनुष्यके लिये इसका सर्वथा अगम्य तथा दुर्लभ होना तो स्वाभाविक है।

विशुद्ध कर्मराज्य, भक्ति-(साधनरूप भाव)-राज्य और ज्ञानराज्यके परेका जो अचिन्त्य भावराज्य या प्रेमराज्य है, जिसमें अन्य किसी भावका संश्लेष भी नहीं है तथा न जिसमें भोग-मोक्षकी कामना-गन्ध-लेशयुक्त किसी भी उच्च-से-उच्च स्तरपर पहुँचे हुए देवाधिदेव या ऋषि-मुनिका ही प्रवेश है, वह श्रीराधा-माधवका प्रेमभाव या प्रेमस्वरूप है। यहींपर अव्यय ब्रह्म, दिव्य अमृत, नित्य प्रेम-धर्म और ऐकान्तिक सुखके प्रतिष्ठारूप पूर्णपुरुषोत्तम आत्माराम श्रीकृष्ण, जिनकी आत्मा श्रीराधा हैं और जो निरन्तर उनमें रमण करनेके कारण ही 'आत्माराम' कहलाते हैं, सच्चिदानन्दघन दिव्य प्रेमरसविग्रह अपनी अभिन्नस्वरूपा श्रीराधिकाके साथ नित्य-लीलाविहार करते हैं।

श्रीराधा-माधवके इस सर्वथा अलौकिक अतिशय उज्ज्वल भाव-राज्यमें नित्य 'एक' पर नित्य 'दो' बने हुए प्रिया-प्रियतमकी अचिन्त्य अमल मधुरतम लीलासागरकी विविध भावलहरियाँ नित्य नव-नव रूपमें लहराती रहती हैं। इस परम रसधाममें ही निरतिशय, रसमय, रसस्वरूप, दिव्य रसिकेन्द्रशिरोमणि भगवान् श्यामसुन्दरके द्विधारूप श्रीराधा-माधव तथा श्रीराधाकी ही कायव्यूहरूपा श्रीगोपाङ्गनाओंकी, जो भुक्ति-मुक्तिके कल्पनाक्षेत्रसे अतीत 'अहं'के मङ्गलकी भावनासे रहित हैं, नित्य निर्मल लीला-रस-सुधा-तरङ्गिणीका सतत प्रवाह बहता रहता है।

इसी कर्म-भाव-ज्ञान-राज्यसे अतीत विशुद्धतम भगवद्भाव या विशुद्ध प्रेमराज्यका इस भूमिपर अवतरण गत वैवस्वतीय मन्वन्तरकी अट्ठाईसवीं चतुर्युगीके द्वापरमें हुआ था—जिसमें, अक्षर कूटस्थ ब्रह्म जिनकी पदनखज्योति है और जो ब्रह्मके आधार हैं, उन परात्पर श्यामसुन्दर स्वयं भगवान्ने अपनी अभिन्नस्वरूपा श्रीराधिका तथा उनकी कायव्यूहरूपा श्रीगोपाङ्गनाओंके साथ अवतरित होकर पृथ्वी तथा पृथ्वीवासी जीवोंको धन्य किया था। आज उन्हीं 'आत्माराम' भगवान् श्रीकृष्णकी आत्मा श्रीराधिकाजीका दिव्य प्राकट्य-महोत्सव है। अनन्त सच्चिदानन्दघन-विग्रहको आनन्द प्रदान करनेवाली परब्रह्मैकनिष्ठ परमहंस अमलात्मा मुनियोंके मनोंको आकर्षित करनेवाले स्वयं भगवान् श्रीकृष्णका भी अपनी सौन्दर्य-सद्गुण-माधुरीसे नित्य आकर्षण करनेवाली, कोटि-कोटि-मन्मथ-मन्मथ सुरासुर-मुनिजन-मन-मोहन विश्वमोहन मोहनके अप्राकृत मनको भी मथित करनेवाली, सर्वशक्तिमान् सर्वेश्वरेश्वर भगवान्को उनकी सारी भगवत्ताकी विस्मृति कराके नित्य-निरन्तर अपने पवित्रतम मधुरतम आनन्दचिन्मय प्रेम-रस-सुधापानमें प्रमत्त रखनेवाली भगवान् श्रीकृष्णकी ही अपनी ह्लादिनी शक्ति श्रीराधारानीकी महिमाका वर्णन कौन कर सकता है। श्रीश्यामसुन्दर और श्रीराधारानी नित्य एक ही तत्त्वके दो नित्य-रूप हैं। वहाँ कोई भी भेद नहीं है। **'नासौ रमणो नाहं रमणी'**—न वहाँ स्त्री-पुरुष-भेद है तथापि श्रीराधाजी नित्य-निरन्तर अपने प्राणप्रियतम श्रीश्यामसुन्दरकी भावमयी सर्वात्म-समर्पणमयी तथा दिव्यतम परम त्यागमयी आराधनामें लगी रहती हैं और श्यामसुन्दर तो श्रीराधिकाजीको अपनी आत्मा अथवा

****

अपने जीवनकी मूल रक्षानिधि ही मानते हैं। यद्यपि श्रीराधाजी श्रीकृष्णसे नित्य अभिन्न हैं और उनमें वस्तुतः परात्पर भगवान् श्रीश्यामसुन्दरके ही दिव्यगुणोंका प्राकट्य है, फिर भी विशुद्ध प्रेमराज्यमें कैसे क्या लक्षण होते हैं, प्रेमीकी कितनी, कैसी त्यागमयी जीवनधारा होती है एवं प्रेमीके साथ प्रेमास्पदके कैसे भाव-व्यवहार होते हैं, इसका एक आदर्श दिखाते हुए श्रीश्यामसुन्दर राधारानीसे कहते हैं—

'प्रियतमे! मेरे मनसे तुम्हारी मधुर-मनोहर स्मृतिका कभी विराम होता ही नहीं। स्मृति ही क्यों, वस्तुतः तुम्हारी परम ललाम माधुरी मूर्ति निरन्तर मुझमें मिली ही रहती है। तुम्हारे त्यागका क्या वर्णन किया जाय। मुझे अपना बनानेके लिये तुमने बड़ा ही विलक्षण आत्यन्तिक त्याग किया है। (यह त्याग ही परम प्रेमास्पदके रूपमें मुझे सदा अपने वशमें कर रखनेका परम साधन है।) तुमने जाग्रत्, स्वप्न, सुषुप्ति तथा तुरीयमें भी केवल मुझमें ही विशुद्ध प्रेम किया। देनेपर भी तुमने तनिक भी जागतिक सुख, वैभव तथा सौभाग्य कभी स्वीकार नहीं किया। दिव्यलोक तथा कैवल्य मुक्तिके लिये भी तुमने सदा अनुपम वैराग्य ही रखा। परम विलक्षणता तो यह है कि उस विलक्षण पवित्र भोग-मोक्ष-वैराग्यमें भी तुमने जरा भी राग नहीं रखा, उस वैराग्यकी भी परवा नहीं की और मुझमें विशुद्ध मधुर राग रखा। तुम्हारे मनमें न भोगासक्ति रही न वैराग्यासक्ति। तुमने भोग और त्याग दोनोंका त्याग करके मुझमें अनन्य अनुराग किया। (यह भोग और त्याग दोनोंका त्याग ही 'राधाभाव'का स्वरूप है।)

प्रिये! तुम्हारी मधुर मनोहर स्मृतिका होता नहीं विराम।
सदा तुम्हारी मूर्ति माधुरी रहती मुझमें मिली ललाम॥
मुझे बनानेको अपना अति तुमने किया अनोखा त्याग।
जाग्रत्-स्वप्न-सुषुप्ति-तुर्यमें रक्खा मुझमें ही अनुराग॥
नहीं लिया देनेपर भी कुछ जगका सुख-वैभव-सौभाग्य।
दिव्यलोक, कैवल्य मुक्तिमें भी रक्खा अनुपम वैराग्य॥
फिर उस शुचि वैराग्य विलक्षणमें भी नहीं रखा कुछ राग।
उसकी भी परवाह न की, करके मुझमें विशुद्ध मधु राग॥

नहीं तुम्हारे मनमें भोगासक्ति, नहीं वैराग्यासक्ति।
भोग-त्याग कर सभी त्याग, की मुझमें ही अनन्य अनुरक्ति॥

इसीसे राधिके! मैं तुम्हारा पवित्र सेवक सदा ही सत्य-सत्य तुम्हारा ऋणी बन गया हूँ। प्रियतमे! तुम निरन्तर मेरे बाहर-भीतर बसी रहती हो। मैं रसमय—रसस्वरूप हूँ, पर तुम्हारे विशुद्ध प्रेम-रसका आस्वादन करनेके लिये सदा ही समस्त श्रुति-मर्यादाओंको भूलकर (कर्मजगत्‌की सारी शृङ्खलाओंको तोड़कर, भगवत्ताको भूलकर) लालायित रहता हूँ। प्रिये! स्वरूपतः मैं निष्काम भी तुम्हारे रसके लिये सहज ही सकाम बना रहता हूँ, सहज ही तुम्हारे रसका लोभी रहता हूँ और निरन्तर रस-रत रहता हूँ।

जिसमें (अपने सुखके लिये) भोग-मोक्षकी शुद्ध कामनाका भी लेशमात्र नहीं रहता, वही परम मधुर रस मुझको विशेषरूपसे आकर्षित किया करता है। तुम तो अत्यन्त धन्य हो ही, पर तुम्हारी व्यूहरूपा श्रीगोपाङ्गनागण भी धन्य हैं, जिनमें इसी अनन्य विशुद्ध मधुररसका अनन्त समुद्र सदा लहराता रहता है—

बना तुम्हारा शुचि सेवक मैं, बना ऋणी रहता मैं सत्य।
रहती बसी प्रियतमे! तुम मेरे बाह्याभ्यन्तरमें नित्य॥
रसमय मैं अति सरस तुम्हारा निर्मल रस चखनेके हेतु।
रहता नित्य प्रलुब्ध छोड़ मर्यादा, तोड़ सभी श्रुति-सेतु॥
प्रिये! तुम्हारे लिये सहज बन रहता मैं कामी, निष्काम।
सहज तुम्हारे रसका लोभी मैं रस-रत रहता अविराम॥
भोग-मोक्षकी शुद्ध कामनाका भी जिसमें रहा न लेश।
वही मधुर रस निर्मल मुझको आकर्षित करता सविशेष॥
तुम अति, और तुम्हारी व्यूहस्वरूपा गोपीगण भी धन्य।
जिनमें भरा समुद्र इसी रसका लहराता नित्य अनन्य॥

नित्य श्रीकृष्णाह्लादिनी श्रीराधिकाजीने महान् सौभाग्यशाली वृषभानुपुरमें परम पावन पुण्यमय सौन्दर्य-माधुर्यनिधिरूपमें प्रकट होकर अपने अभिन्नस्वरूप मधुरतम श्रीश्यामसुन्दरके साथ अपनी कायव्यूहरूपा श्रीगोपदेवियोंको साथ रखकर जो दिव्य

लीलाएँ कीं, उनको ठीक यथार्थरूपसे यथासाध्य समझकर स्मरण करनेपर जगत्के समस्त दुर्गुण-दुर्विचारोंका आत्यन्तिक विनाश हो जाता है। भोगासक्ति, भोगकामना, भोगवासना, इन्द्रिय-तृप्तिकी इच्छा, जागतिक धन-वैभव-पद-अधिकार, यश-कीर्ति आदिके मनोरथ; सब प्रकारके लौकिक-पारलौकिक पदार्थोंकी, परिस्थितियोंकी प्राप्ति-लालसा, क्रोध, लोभ, मोह, मद, ईर्ष्या, अभिमान, वैर, हिंसा; भोगसुख, स्वर्गसुख, उत्तम लोक तथा सद्गतिकी तृष्णा; साधनाभिमान, भक्त्यभिमान, ज्ञानाभिमान आदि समस्त प्रेमविघ्न सदाके लिये मर जाते हैं और पवित्रतम भावसे केवल मधुरतम भगवत्सङ्गकी ही लालसा जग उठती है तथा भगवान्का ही नित्य संस्पर्श प्राप्त होता है। पर संस्पर्श प्राप्त करनेवाले मन-प्राण, अङ्ग-अवयव भी भगवद्रूप ही हो जाते हैं। विशुद्ध प्रेमरसभावमयी श्रीगोपाङ्गनाओंके लिये कहा जाता है—

'दिव्य देवाङ्गनाओंकी भी गोपरमणियोंसे तुलना नहीं की जा सकती; क्योंकि जो श्रीहरि समस्त जड-चेतनको सदा अपनी मायाकी डोरीसे नाथे नचाते हैं, वे स्वयं उन गोपियोंके साथ करताल बजाते हुए नृत्य करते हैं। जिन श्रीगोपदेवियोंकी समस्त इन्द्रियाँ भगवद्रूपमें परिणत होकर अपने इच्छानुसार भगवान्का संस्पर्श प्राप्त करके सफल हो गयीं, जिनकी भगवन्मयी मन-बुद्धि निरन्तर अपनेमें मुरारिभगवान्को बसे देखकर धन्य हो गयीं, जिनके नेत्रकमलोंमें मदनका मद हरण करनेवाले स्वयं भगवान् मधुर मधुकर बनकर नित्य बसे रहते हैं, जिनके कानोंमें भगवान् स्वयं मुरलीकी मधुरतम ध्वनि और सर्वजनसुखकारिणी अपनी मधुर स्वर-लहरीके रूपमें बस रहे हैं, जिनकी घ्राणेन्द्रियमें वे सबको मतवाला बना देनेवाली मधुर-सुन्दर सुगन्ध बनकर बस गये हैं, जिनकी रसनापर वे परम रुचिकर मुनि-मनहारी मधुर-मनोहर पवित्र रसमय अन्न बनकर विराज रहे हैं, जिनके सारे अङ्गोंमें वे मधुर सुख देनेवाले अपने-आपको ही मत्त कर देनेवाला अङ्ग-स्पर्श बनकर बसे हैं—इस प्रकार वे स्वयं भोग्य बनकर जिनके सम्पूर्ण तन-मनको सफल बना रहे हैं, गिरिवरधारी स्वयं भगवान् जिन श्रीगोपीजनोंके मनमें लहराते हुए प्रेमरसका आस्वादन करनेके लिये प्रेमविवश होकर मन-ही-मन ललचाते और स्वयं परम सुखके एकमात्र आधार

होकर भी, इसमें परम सुखको प्राप्त करते हैं, उन श्रीगोपियोंकी उपमा किनसे दी जाय?

गोपिन पटतर नहिं सुर-नारी।
सबहि नचावनहार स्वयं हरि नाचे जिन सँग दै करतारी॥
सफल भईं जिनकी सब इंद्रीं पाइ परस निज मन अनुहारी।
मन-मति भए धन्य अपने महँ निरखि निरंतर बसे मुरारी॥
नयन-सरोज बसे नित बनि मधु मधुकररूप मदन-मद-हारी।
स्रवननि बसे नित्य मुरलीधुनि स्वरलहरी बनि जन-सुखकारी॥
बसे नासिका गंध मधुर सुन्दर सजि करत सबहिं मतवारी।
रसना बसे अन्न बनि रुचिकर मधुर मनोहर सुचि मनहारी॥
सकल अंग सुख दैन सबन्हि के अंग परस निज मादनकारी।
करि संस्पर्श, भोग्य बनि सब के, तन-मन सफल किये नित झारी॥
गोपी-जन-मन-प्रेम-रसास्वादन हित प्रेम बिबस गिरिधारी।
रहत नित्य ललचात मनहिं मन लहत परम सुख सुख-आधारी॥

इस पावन प्रेमराज्यमें न तो जागतिक भोगोंको स्थान है न भोग-वासनाको; न जागतिक ममताको स्थान है न अहंकार-अभिमानको। यहाँ चिन्मय भगवान् ही सब कुछ बने रहते हैं—भोक्ता भी भगवान्, उनके भोग्य भी भगवान् तथा भोगक्रिया भी भगवान्। यहाँ आस्वादन, आस्वाद्य तथा आस्वादकका तत्त्वतः भेद नहीं है। तथापि इस रस-सागरमें नित्य-निरन्तर स्वसुख-त्याग तथा प्रियतम-सुख-दानकी भावमयी सुधा-तरङ्गें नाचती रहती हैं। प्रेमीका जीवन केवलमात्र प्रेमास्पदका सुखसाधन बना रहता है और स्व-सुख-वाञ्छाका सर्वथा अभाव होनेके कारण दोनों ही परस्पर प्रेमी-प्रेमास्पद हो जाते हैं। श्रीकृष्ण कहते हैं कि 'मैं इन प्रेमिकाशिरोमणि परम सती राधारानी तथा श्रीगोपीजनोंके प्रेमका बदला कभी नहीं चुका सकता, सदा इनका ऋणी ही रहूँगा।' और श्रीराधारानी तथा श्रीगोपाङ्गनाएँ अपनेमें नित्य हीनता-दीनताके दर्शन तथा बखान करती हुई यह कहते कभी नहीं थकतीं कि 'हम तो सदा लेती-ही-लेती हैं, हमारे अंदर तो दोष-ही-दोष भरे हैं; यह तो प्राणनाथ

प्रभुका स्वभाव है जो वे सदा हमारे अंदर प्रेम देखते हैं।'

श्रीराधामुख्या गोपसुन्दरियोंको लक्ष्य करके श्रीश्यामसुन्दर कहते हैं— 'श्रीराधाजी, श्रीगोपिकाओ, प्रियाओ! मैं सदा ही तुम्हारा ऋणी हूँ और वह तुम्हारा ऋण क्षण-क्षण नया-नया बढ़ता ही जा रहा है। उसके घटनेका तो कभी अवसर आता ही नहीं। ऋण तो तब कम हो, जब मैं, तुमलोग मुझे जो सुख दे रही हो, उससे अधिक विशेष सुख तुम्हें दे सकूँ। पर तुम्हारे सुखविशेषका एकमात्र साधन यह है कि मैं तुमलोगोंके द्वारा अपना सुख अधिक बढ़ाऊँ और यों जैसे-जैसे तुम्हारे द्वारा मेरा नया सुख बढ़ेगा, वैसे-ही-वैसे प्रतिक्षण तुम्हारा नित्य नवीन ऋण मुझपर चढ़ता जायगा। इस प्रकार तुम्हारे ऋण-शोधनका यदि मैं कुछ भी उपाय करूँगा तो तुम्हारा ऋण उलटे मुझपर बढ़ेगा ही। अतएव मेरे पास ऐसा कोई साधन है ही नहीं, जिससे मैं तुम्हारा ऋण भर सकूँ।'

'तुम अपना तन-मन-धन-जीवन सभी अर्पण करके केवल मेरा ही सुख साध रही हो। धर्म, लोक, परलोक, स्वजन, कुल— सबका त्याग करके मेरी ही आराधना करती हो। इस ऋणसे मैं कभी उऋण नहीं हो सकता और होना चाहता भी नहीं। मैं समझता हूँ इस प्रकार तुम्हारे द्वारा सुख प्राप्त करके अपने ऊपर तुम्हारा जो ऋण बढ़ाना है—बस, यही तुम्हारी सेवा है और मैं चाहता हूँ कि इस सेवाका नित्य नया सुअवसर प्राप्त करके मैं अपने मनको नित्य नवीन उमंगसे भरता रहूँ। तुम्हारे इस अत्यन्त मधुर मनोहर ऋणको कभी चुका ही न सकूँ और अपने सम्पूर्ण योगैश्वर्यको भूलकर सदा तुम्हारे प्रेमरज्जुसे बँधा हुआ तुमलोगोंके साथ खेलता रहूँ। इस प्रकार मैं नित्य नये रासकी रचना करके तुम्हारे रससे परम सुखी बना हुआ सदा तुम्हारे सुखको सरस बनाता रहूँ।'

गोपिका! (प्रिया सब) हौं नित रिनी तिहारौ।
नव नव बढ़त जात रिन छिन-छिन, नहिं घटिबे कौ बारौ॥
घटै तबहिं जब तुम लोगनि हौं सुख बिसेख दै पाऊँ।
तुम्हरे सुख बिसेख कौ साधन हौं निज सुखहि बढ़ाऊँ॥
ज्यौं-ज्यौं बढ़ै तिहारे द्वारा मेरौ नव सुख प्रति छन।

****

त्यौं त्यौं बढ़तौ रहै तिहारौ रिन मोपै नित नूतन ॥
या बिधि तुम्हरे रिन-सोधन कौ जो उपाय कछु करियै।
तौ उलटौ रिन बढ़ै, न साधन कोउ, जासौं रिन भरियै ॥
तन-मन-धन-जीवन अरपन कर मेरौ ही सुख साधौ।
धरम-लोक-परलोक-स्वजन-कुल त्याग मोहि आराधौ ॥
या रिन तैं नहिं उरिन कबहुँ ह्वै सकौं, न होनौ चाहौं।
नित नव सेवा कौ अवसर लहि, नित नव मनहि उमाहौं ॥
कबहुँ निवेरि न सकौं तिहारौ रिन अति मधुर मनोहर।
बँध्यो रहौं तुव प्रेम-दाम सौं, भूलि सकल जोगेस्वर ॥
खेलूँ सदा तिहारे सँग हौं, नित नव रास रचाऊँ।
तुम्हरे रस तैं परम सुखी बनि तुम्हरौ सुख सरसाऊँ ॥

प्रियतम श्रीश्यामसुन्दरके द्वारा अपनी प्रशंसा सुनकर अत्यन्त संकुचित चित्तसे बड़े विनयके साथ श्रीराधाजी बोलीं—

"प्यारे श्यामसुन्दर ! मैंने तो तुमसे सदा लिया-ही-लिया। मैं लेती-लेती कभी थकी ही नहीं। तुम्हारे द्वारा मुझे जो प्रेम-सौभाग्य मिला, वह असीम है—उसकी कहीं कोई परिमिति ही नहीं है। परंतु मैं तो कभी कुछ भी तुम्हें दे सकी ही नहीं। तुमने मेरी त्रुटियोंकी ओर, मेरे दोषोंकी ओर कभी ताका ही नहीं, सदा देते ही रहे और देते-देते कभी थके ही नहीं, अपना सारा प्रेमामृत उँडेल दिया मुझपर। इतनेपर भी तुम यही कहते रहे कि 'प्रिये ! मैं तुमको कुछ भी नहीं दे सका। तुम-सरीखी शीलगुणवती तुम्हीं हो, मैं तुमपर बलिहारी हूँ।' मैं प्राणप्रियतमसे क्या कहूँ ? अपनी ओर देखकर लज्जासे गड़ी जा रही हूँ। पर तुम तो हे प्यारे नन्दकिशोर ! मेरी प्रत्येक करनीमें सदा प्रेम ही देखते हो।"

तुमसे सदा लिया ही मैंने, लेती-लेती थकी नहीं।
अमित प्रेम-सौभाग्य मिला, पर मैं कुछ भी दे सकी नहीं ॥
मेरी त्रुटि, मेरे दोषोंको तुमने देखा नहीं कभी।
दिया सदा, देते न थके तुम, दे डाला निज प्यार सभी ॥

तब भी कहते—'दे न सका मैं तुमको कुछ भी, हे प्यारी।
तुम-सी शील-गुणवती तुम ही, मैं तुमपर हूँ बलिहारी॥
क्या मैं कहूँ प्राणप्रियतमसे, देख लजाती अपनी ओर।
मेरी हर करनीमें ही तुम प्रेम देखते नंदकिशोर!॥

राधाने सुना आजकल प्रियतम सदा सर्वत्र मेरे प्रेमकी बड़ी प्रशंसा कर रहे हैं, इससे वे एक दिन उदासमन एकान्तमें बैठी अपने दोषोंके मानसिक चित्र अङ्कित कर रही थीं और हाथकी अँगुलीसे लाजके मारे धरती कुरेद रही थीं। इतनेमें ही एक सखीने आकर उमंगभरे शब्दोंमें कहा—"प्यारी लाडिली! अरी, मेरी बात सुनो। आज प्रातःकाल यमुना-तटपर साँवरे चले गये थे, वहाँ हम बहुत-सी सखियाँ थीं। श्यामसुन्दरने प्रेमानन्द-अश्रुओंसे छलकती आँखोंसे, अत्यन्त सुखभरे हृदयसे सभीको सुख देनेवाले बड़े मधुर वचन कहे। प्रियतमके मुखसे निकले उन सरस वचनोंको सब सखियोंने सुना। वे वचन ये थे—'सखियो! राधाके समान रूप, शील और गुणोंकी खान मेरी परम प्रेमिका जगत्में कहीं कोई है ही नहीं।' प्रियतमके मुखकमलसे अपनी प्यारी सखीके गुणगानसे भरे इन शब्दोंको सुनते ही सब सखियोंके मुखकमल तुरंत खिल उठे—असीम मधुर मुसकानसे भर गये और वे प्यारे प्रियतमके वचनोंको धन्य-धन्य कहती हुई बोलीं—'हमारी प्यारी राधिका परम धन्य हैं, जिनकी प्रशंसा स्वयं प्रियतम करते हैं!'

सुनु प्यारी मम बैन, सुने जु पिय मुख तैं सरस।
आजु भोर सुख दैन, जमुनातट सब सखिन ने॥
बोले अति सुख मानि, 'राधा-सी नहिं कतहुँ कोउ।
रूप-सील-गुन-खानि, परम प्रेमिका बिस्व महँ॥'
खिले तुरंत अमान, सुनि, सखियन के मुखकमल।
निज सखि के गुन-गान, प्रियतम के मुखकमल तैं॥
धन्य-धन्य, अति धन्य, प्यारे प्रियतम के बचन।
सखी राधिका धन्य, जिनहि प्रसंसत आपु पिय॥

श्रीराधाजी विषादग्रस्त तो थीं ही; सखीने जब यह बात सुनायी और उन्होंने जब

प्रियतमके तथा सखियोंके द्वारा अपनी प्रशंसाके वाक्य सुने, तब उनके नेत्रोंसे आँसू बहने लगे—वे रोकर अपने दोषोंका बखान करती हुई कहने लगीं—

'सखी ! मैं तो गुणोंकी नहीं, अवगुणोंकी खान हूँ। शरीर ही गोरा है, मनकी बड़ी काली हूँ। मेरे प्राण पापोंसे पूर्ण हैं। मेरे मनमें तनिक भी त्याग नहीं है, वरं असीम अभिमान भरा है। प्रेमका लेश भी नहीं है, निरन्तर अपने सुखका ही ध्यान रहता है। जब जगत्‌के दुःख-अभाव सताते हैं, मनमें पीड़ाका अनुभव होता है, तब उस दुःखसे आँखें आँसू बहाने लगती हैं। उसमें कहीं तनिक भी प्रेम नहीं है, पर मैं उन दुःखके आँसुओंको महान् पवित्र प्रेमके रूपमें दिखलाती हूँ। कपट करती हूँ। हृदयके भावोंको छिपाकर, जान-बूझकर स्वाँग बनाती हूँ। मेरे प्रियतम श्यामसुन्दर बड़े भोले और निर्मलहृदय हैं। वे मुग्ध होकर मेरा गुणगान करने लगते हैं और मुझको परम प्रेमिका मानकर मेरे प्रेमकी अतिशय सराहना करने लगते हैं, तुमलोग भी सब मिलकर मेरी प्रशंसा करने लगती हो। तब मैं सचमुच अपनेको प्रेमिका मानकर अभिमानसे भर जाती हूँ और अपना प्रेम दिखानेके लिये उस क्षण मैं अनेकों छल-छद्म तथा प्रपञ्चोंका विस्तार करती हूँ। मेरे वे श्याम सरलहृदय हैं, उनको मैं भाँति-भाँतिके विधान रचकर रात-दिन ठगती रहती हूँ। मेरे इस कलुषित जीवनको धिक्कार है और मेरे इस प्रेमके मिथ्या अभिमानको भी धिक्कार है!'

सखी री! हौं अवगुन की खान।
तन गोरी, मन कारी भारी, पातक पूरन प्रान॥
नहीं त्याग रंचक मो मन मैं, भर्‌यौ अमित अभिमान।
नहीं प्रेम कौ लेस, रहत नित निज सुख कौ ही ध्यान॥
जग के दुःख-अभाव सतावैं, हो मन पीड़ा-भान।
तब तेहि दुख दृग स्रवै अश्रुजल, नहिं कछु प्रेम निदान॥
तिन दुख अँसुवन कौं दिखरावौं हौं सुचि प्रेम महान।
करौं कपट, हिय भाव दुरावौं, रचौं स्वाँग सज्ञान॥
भोरे मम प्रियतम, बिमुग्ध ह्वै करैं बिमल गुनगान।
अतिसय प्रेम सराहैं, मोकूँ परम प्रेमिका मान॥

तुमहू सब मिलि करौ प्रसंसा, तब हौं भरौं गुमान।
करौं अनेक छद्म तेहि छिन हौं, रचौं प्रपंच-बितान॥
स्याम सरलचित ठगौं दिवस निसि, हौं करि बिबिध बिधान।
धृग जीवन मेरौ वह कलुषित, धृग यह मिथ्या मान॥

कहाँ तो हम, जो जरा-से त्याग या प्रेमके एक बिन्दुपर ही महान् अभिमान करके अपनेको परम प्रेमी मान बैठते हैं और तुरंत उस प्रेमका बहुत बड़ा बदला चाहते हैं—जो प्रेमराज्यका कलङ्क है; और कहाँ सर्वत्यागमयी विशुद्ध प्रेमप्रतिमा श्रीराधिकाजी—जो प्रेम, स्नेह, मान, प्रणय, राग, अनुराग और भावके स्तरोंसे भी अत्युच्च स्तररूप 'महाभाव' की भी प्राणस्वरूपा तथा आधारस्तम्भ हैं—अपनेको इस प्रकार प्रेमशून्य तथा छल-छद्मकारिणी घोषित करती हैं! पर प्रेमराज्यमें अभिमानको स्थान ही नहीं। वहाँकी 'मानलीला' भी अभिमानशून्य परम त्यागयुक्त रसमयी होती है। यही तो इस रसका एक विलक्षण रहस्य है।

राधारानी निश्चय ही परम प्रेमस्वरूपा हैं। प्रेमका स्वभाव ही है अपनेमें प्रेमका अभाव दिखाना, अपनेको दोषोंसे भरे दिखाना और प्रियतमको सर्वगुण-सम्पन्न, परम प्रेमी, सौन्दर्य-माधुर्य तथा गुण-गौरवमें प्रतिक्षण वर्धमान दिखाना। तभी तो प्रेम प्रतिक्षण बढ़ता रहता है—'**प्रतिक्षणवर्धमानम्।**' श्रीराधाकी यह उक्ति मिथ्या दैन्य या दिखावटी विनम्रता नहीं है। वस्तुतः वे ऐसा ही अनुभव करती हैं। यह दैन्यानुभव भी पवित्र भगवत्प्रेम-स्वरूप ही है।

परंतु जब इस प्रेम-रस-लीलामें विशुद्ध रसधाराका ही प्रवाह बहता है, तब इसमें नित्य रसपान तथा रसदान स्वाभाविक ही है। इस प्रेमरसदान तथा प्रेमरसपानका जरा-सा भी अंश जब कभी भी जगत्के प्राणियोंको मिलेगा, तभी उनका राग-द्वेष, कामना-वासना, अहंकार-अभिमान, क्रोध-हिंसा, वाद-विवाद और मेरे-तेरेकी भीषण अग्निमें जलता हुआ जीवन शुद्ध त्यागजनित प्रेम तथा शुद्ध प्रेमजनित आनन्दको प्राप्त कर सकेगा। नहीं तो, जगत्की यह आग विषय-वासना तथा विषय-वासनापूर्तिकी किसी भी योजना या किसी भी पूर्तिसे कभी बुझेगी ही नहीं, बुझ सकती ही नहीं।

बुझै न काम अगिनि 'तुलसी' कहुँ बिषय भोग बहु घी तें।

जगत्‌के जीव जब शुद्ध त्यागमय प्रेमरससे प्रेममय परमात्माको तृप्त करेंगे, तभी उनसे नवीन विशुद्ध प्रेमानन्दरस प्राप्त करके परितृप्त तथा सुखसम्पन्न हो सकेंगे।

परम दिव्य रसकी महिमामूर्ति श्रीराधिकाजी रसरूप रसिकवर श्रीश्यामसुन्दरसे कहती हैं—

'प्रिय रसिकश्रेष्ठ ! तुम निरन्तर रसपान करते रहो और फिर, मेरे अन्तस्तलको नित्य नवीन रससे भरते रहो। सबको अपने मधुर नृत्यसे मुग्ध करनेवाले नटवर ! मैं नित्य तुमको मधुरतम रस पिलाती रहूँ और हे रसमय! तुम मुझको अपना मधुर रस जीवनभर पिलाते रहो। बस, हम दोनों परस्पर अनन्तकालतक सदा रसदान और रसपानमें लगे रहें। रसधाम ! इसमें कभी पलभरके लिये भी विराम न हो। नित्य नयी-नयी मधुर मनोहर लीलाका निर्माण होता रहे, इस दिव्य रसानन्दसे कभी तनिक भी तृप्ति न हो, वरं इसकी प्यास सदा अधिक-से-अधिक बढ़ती ही रहे। हम प्रिया-प्रियतम-रसकी खान पवित्र रास करते रहें और परम श्रेष्ठ, परम मधुर रस-सुधा-समुद्र सदा उछलता ही रहे।'

तुम करते रहो रसिकवर ! यह रसपान निरन्तर।
फिर भरते रहो नित्य नव रससे मेरा अन्तर॥
मैं तुम्हें कराऊँ पान मधुरतम रस नित-नटवर !
तुम मुझे पिलाते रहो स्व-रस रसमय ! जीवन भर॥
रसदान-पान में रहें सदा संलग्न परस्पर।
बस, काल अनन्त, न हो विराम रसधाम ! पलक भर॥
नित नयी-नयी लीलाका हो निर्माण मनोहर।
हो कभी न किंचित् तृप्ति, बढ़े नित प्यास अधिकतर॥
हम करते रहें प्रिया-प्रियतम शुचि रास रसाकर।
हो नित्य उच्छलित परम मधुर-रस-सुधा-उदधि वर॥

श्रीराधारानीके अनन्त गुणोंका जितना गान किया जाय, उनके चरित्रगत महान् मधुरतम अत्युच्च भावोंका जितना ही स्मरण किया जाय, उतना ही अपना परम सौभाग्य है। श्रीराधा-माधवके अगाध स्वरूप-समुद्रके क्षुद्रतम एक सीकरकी छबि

देखिये। श्रीराधाजी कहती हैं—

'हम दोनों अनादि अनन्त नित्य एक सनातनरूप हैं और सदा ही दो बने हुए सहज ही अनन्त अचिन्त्य अतुलनीय लीला करते रहते हैं। हम नित्य पुरातन और नित्य नूतन, सदा एक, एकरस तथा अभिन्न हैं। पर हमारी भिन्नतामयी रसलीलाधाराका प्रवाह नित्य अविच्छिन्नरूपसे बहता रहता है। उस रसलीलाधारामें सदा ही सहज ही सुखमय मिलन है और सदा ही सहज ही दारुण विरह-वियोगजनित हृदय-दाह है। उसमें नित्य मधुर मृदु मनोहर हास्य है और नित्य आह-कराहभरा करुण रुदन है। मेरा यह क्रन्दन अनादि और अनन्त है तथा दुःखभार-रूप सुखमय है। हमारा यह मधुर सुखसार-स्वरूप अमिलनमें मिलन—वियोगमें संयोग और मिलनमें अमिलन—संयोगमें वियोग नित्य है तथा परम अतर्क्य है।

अन्तविहीन अनादि नित्य हम दोनों एक सनातनरूप।
बने सदा दो लीला करते, सहज अनन्त अचिन्त्य अनूप॥
नित्य पुरातन, नित नूतन हम सदा एकरस, एक अभिन्न।
पर भिन्नतामयी रसलीला-धारा बहती नित अच्छिन्न॥
सुखमय मिलन सहज नित, दारुण विरह-वियोग नित्य उर दाह।
नित्य मधुर मृदु हास्य मनोहर, करुण रुदन नित आह-कराह॥
है अनादि क्रन्दन यह मेरा, है अनन्त सुखमय दुखभार।
अमिलन-मिलन, मिलन-अमिलन नित परम अतर्क्य मधुर सुखसार॥

इस अत्यन्त संक्षिप्त नितान्त आंशिक वर्णनको भी भक्ति-श्रद्धापूत हृदयसे समझनेपर, श्रीराधा-माधवकी कृपासे श्रीराधा-माधवके स्वरूपके सम्बन्धमें उठनेवाली शङ्काओंका समाधान हो जाना चाहिये। पर यदि न हो और कुतर्कशून्य हृदयमें जाननेकी यथार्थ आकाङ्क्षा हो तो इसके लिये उन्हीं श्रीराधा-माधवसे विश्वासपूर्ण कातर प्रार्थना करनी चाहिये। उनकी कृपासे ही वस्तुतः उनके स्वरूपका किसी अंशमें परिचय प्राप्त हो सकता है।

मनुष्यकी अपनी-अपनी पृथक्-पृथक् आँखे हैं, पृथक् विचारधारा है; उसीके अनुसार प्रत्येक मनुष्य किसी भी महान् या क्षुद्र वस्तुको देख पाता है। जहाँ

श्रीराधा-माधवको प्रेमी महानुभावोंने परात्पर सनातन सच्चिदानन्दमय प्रेमस्वरूप देखा, वहाँ भोगवादियोंने उनमें अपनी भावनाके अनुसार केवल भोगके ही दर्शन किये। जहाँ भगवान् श्रीचैतन्यमहाप्रभु-सदृश परम त्यागमय आदर्शजीवन महापुरुषोंने, नित्य वन्दनीय आचार्योंने, अन्यान्य संत-महात्माओंने तथा कवियों, प्रेमियों एवं भक्तोंने साक्षात् भगवत्तत्त्वका दर्शन करके उनकी पवित्र रसमयी लीलाका तथा तत्त्वका ऊँचे आध्यात्मिक स्तरपर रसास्वादन तथा प्रसार किया, वहाँ विलास-मोहरत कामकलुषितचित्त कवियों तथा लेखकोंने श्रीराधा-माधवके नामपर अत्यन्त निम्नस्तरके अधोगतिमें ले जानेवाले असत् साहित्यका सृजन किया और अब भी पापमति लोग उनके नामपर पापाचार करते हैं।

देहदृष्टिसे श्रीराधारानी श्रीकृष्णकी क्या होती थीं? उनका श्रीकृष्णके साथ विवाह हुआ या नहीं, यह स्वकीया प्रेमकी बात है या परकीया प्रेमकी? इन सब बातोंका संक्षेपमें उत्तर राधाष्टमीके पिछले प्रवचनोंमें दिया जा चुका है। तथापि यही निवेदन करना उचित प्रतीत होता है कि इन सब शङ्काओंका समाधान करनेकी न तो मुझमें योग्यता है, न अधिकार है तथा न इसमें अपने लिये किसी कल्याणकी ही सम्भावना है। श्रीराधा-माधवको अस्थिचर्ममय, जड-भौतिक माननेसे ही ये सब प्रश्न उठते हैं और केवल भौतिक शरीर माननेवालोंके लिये इस भाव-राज्यमें प्रवेशाधिकार ही नहीं है। यहाँ न भौतिक जगत् है, न भौतिक शरीर, न भौतिक क्रियाकलाप ही और न राधा-माधवकी स्वरूप-पृथक्ता ही है; वरं दोनोंमें भेदबुद्धि करनेवालोंके लिये भगवान् श्रीकृष्णने स्वयं ही श्रीराधाजीसे कहा है—

आवयोर्भेदबुद्धिं तु यः करोति नराधमः।
तस्य वासः कालसूत्रे यावच्चन्द्रदिवाकरौ॥

"जो नराधम तुम्हारे और मेरेमें भेदबुद्धि करेगा, वह चन्द्रमा तथा सूर्यके रहनेतक 'कालसूत्र' नामक नरकमें निवास करेगा।"

श्रीराधा-माधवको जड और भौतिक शरीर माननेवालोंके साथ ही कुछ लोग श्रीराधा-माधवके लीलाचरित्रको केवल कविकल्पना मानते हैं, इसीसे वे इस कल्पनामें क्रमविकास मानते हुए अपने ढंगसे इसका विवेचम करते हैं। किसी-

किसीके मतसे राधाकी कल्पना अत्यन्त आधुनिक है। इसी प्रकार अन्यान्य अनेक मतवाद हैं। इन सब मतावलम्बी महानुभावोंके मत इनके लिये गौरवकी वस्तु हैं और रहें। मेरा इनसे न तो कोई विवाद है न मैं इनसे किसी बातको माननेका ही तनिक आग्रह करता हूँ।

जिन्ह कें रही भावना जैसी। प्रभु मूरति तिन्ह देखी तैसी ॥

मेरा तो यह निवेदन है कि विश्वासी हृदयके लोग, जो भोग-कामनासे, इन्द्रियासक्तिसे, काम-क्रोधादिके निम्नस्तरसे, जागतिक कामना-वासना, अभिमान-अहंकारकी भूमिकासे—आसुरी सम्पदाके सम्पूर्ण दुर्विषयोंसे ऊपर उठकर, द्वेष-कलह, वैर-हिंसा आदि कुप्रवृत्तियोंसे बचकर तथा शरीर, शरीरके सम्बन्धी प्राणी-पदार्थ-परिस्थितिका मोह छोड़कर भगवान्‌के निर्मल दिव्य पवित्र विषयवासनारहित, दिव्य ज्ञानरश्मिसे आलोकित त्यागमय प्रेमके निर्मल राज्यमें प्रवेश करके मानव-जीवनको सफल करना चाहते हैं——इस रसमार्गसे जो भगवान्‌को परम प्रेष्ठके रूपमें प्राप्त करना चाहते हैं, वे सारे शङ्का-संदेहको छोड़कर श्रीराधा-माधवमें श्रद्धा करें और कामकी कलुषित तथा कुत्सित कल्पनाओंसे सदा बचकर श्रीराधा-माधवके पवित्रमय चरित्र-सुधा-सागरमें डुबकी लगायें तो निश्चय ही श्रीराधा-माधवकी कृपासे वे अपने साध्यको प्राप्त करके कृतार्थ हो सकेंगे। अन्तमें श्रीराधा-माधवके श्रीचरणोंमें विनीत प्रार्थना है कि वे हम सबको अन्धतम कुत्सित विषय-काम-मार्गसे हटाकर उज्ज्वलतम परम पवित्र दिव्य प्रेममार्गपर चढ़ाकर अपने चरण-रज-कणकी ओर अग्रसर करें।

(श्री) राधा-माधव जुगल के प्रनवौं पद-जल-जात।
बसे रहैं मो मन सदा, रहै हरष उमगात ॥
हरौ कुमति सबही तुरत, करौ सुमति कौ दान।
जातें नित लागौ रहै तुव पद-कमलनि ध्यान ॥
राधा-माधव! करौं मोहि निज किंकर स्वीकार।
सब तजि नित सेवा करौं जानि सार कौ सार ॥
राधा-माधव! जानि मोहि निज जन अति मतिहीन।

सहज कृपा तैं करौ नित निज सेवा मैं लीन ॥
राधा-माधव ! भरौ तुम मेरे जीवन माँझ ।
या सुख तैं फूल्यौ रहौं भूलि भोर अरु साँझ ॥
तन-मन-मति सब मैं सदा लखौं तिहारौ रूप ।
मगन भयौ सेवौं सदा पद-रज परम अनूप ॥
राधा-माधव-चरन-रति-रसके पारावार ।
बूड्यौ नहिं निकसौं कबहुँ पुनि बाहिर संसार ॥

रास-रसेश्वरी नित्यनिकुञ्जेश्वरी वृषभानुकुमारी श्रीराधारानीकी जय जय जय !!!

——::×::——

श्रीराधा-स्वरूप-गुण-महिमा

(सं॰ २०१८ वि॰ के श्रीराधाष्टमी-महोत्सवपर प्रवचन)

(१) दिनमें

वृन्दावने विहरतोरिह केलिकुञ्जे
मत्तद्विपप्रवरकौतुकविभ्रमेण ।
संदर्शयस्व युवयोर्वदनारविन्द
द्वन्द्वं विधेहि मयि देवि कृपां प्रसीद ॥
हा देवि! काकुभरगद्गदयाद्य वाचा
याचे निपत्य भुवि दण्डवदुद्भटार्तिः ।
अस्य प्रसादमबुधस्य जनस्य कृत्वा
गान्धर्विके! निजगणे गणनां विधेहि ॥

भगवान् सत्-चित्-आनन्दपूर्ण हैं। उनके 'सत्' अंशकी शक्तिका नाम है 'संधिनी', चिदंशकी शक्तिका नाम है 'संवित्' और आनन्दांशकी शक्तिका नाम है 'ह्लादिनी'।

श्रीकृष्ण स्वयं परमाह्लादस्वरूप होकर भी जिसके द्वारा स्वयं आह्लादित होते और

दूसरोंको आह्लादित करते हैं, उसका नाम है 'ह्लादिनी'; स्वयं ज्ञानस्वरूप होकर भी जिसके द्वारा वे जान सकते और दूसरोंको जना सकते हैं—उसका नाम है 'संवित्' और स्वयं नित्य सत्तास्वरूप होकर भी जिसके द्वारा अपनी तथा दूसरोंकी सत्ता धारण करते हैं, उसका नाम 'संधिनी' है।

'भगवान् सदैव सोम्येदमग्र आसीदित्यत्र सद्रूपत्वेन व्यपदिश्यमानो यया सत्तां दधाति धारयति च सा सर्वदेशकालद्रव्यादिप्राप्तिकरी संधिनी। तथा संविद्रूपोऽपि यया संवेत्ति संवेदयति च सा संवित्। तथा ह्लादरूपोऽपि यया संविदुत्कर्षरूपया तं ह्लादं संवेदयति च सा ह्लादिनीति विवेचनीयम्।

(भगवत्संदर्भ ११८)

सत्-चित्-आनन्द—इन तीनों भगवत्स्वरूप गुणोंको जैसे कभी एक-दूसरेसे पृथक् नहीं किया जा सकता, वैसे ही संधिनी, संवित् और ह्लादिनी—इन एक ही भगवत्स्वरूपा चिच्छक्तिके तीन स्वरूपोंको कभी एक-दूसरेसे पृथक् नहीं किया जा सकता।

इनमें संधिनीके सार अंश या चरम परिणतिका नाम है—'शुद्धसत्त्व'। इस शुद्ध सत्त्वमें ही भगवान्की सत्ता स्थित है। 'संवित्'का सार या चरम परिणति है श्रीकृष्णका भगवत्ताज्ञान अर्थात् श्रीकृष्ण ही स्वयं भगवान् हैं—यह ज्ञान या अनुभव। और ह्लादिनीका सार है—विशुद्ध प्रेम, निर्मल श्रीकृष्णसुखेच्छारूप दिव्य वृत्ति। इच्छा मनकी एक वृत्ति ही होती है। परंतु श्रीकृष्ण-सुखेच्छा वस्तुतः प्राकृत मनकी वृत्ति नहीं है। यह श्रीकृष्णकी स्वरूपाशक्ति—ह्लादिनीप्रधान 'शुद्धसत्त्व'की एक वृत्ति है। भगवत्-कृपासे भक्तका चित्त ह्लादिनीप्रधान शुद्ध-सत्त्वके साथ तादात्म्य प्राप्त करके शुद्ध सत्त्वका समानधर्मी हो जाता है। जैसे लोहा जब अग्निके साथ तादात्म्य प्राप्त करता है, तब लोहेको आश्रय बनाकर अग्नि ही अपनी (किसी वस्तुको जला देना आदि) क्रिया करती है, परंतु वह क्रिया वहाँ कहलाती है लोहेकी, उसी प्रकार शुद्धसत्त्वके साथ तादात्म्य प्राप्त किये हुए मनके माध्यमसे जब शुद्धसत्त्व ही अपनी क्रिया करता है, तब वस्तुतः वह केवल श्रीकृष्ण-सुखके लिये होनेवाली ह्लादिन्यंश-प्रधान शुद्धसत्त्वकी ही वृत्ति होती है, पर वह कहलाती है 'मनकी वृत्ति' और उसीको 'प्रेम' कहते हैं।

नित्यसिद्ध भगवत्-परिकर और उनके मन-इन्द्रियादि तो अप्राकृत विशुद्ध सत्त्वमय ही हैं। अतः उनके चित्तमें तो अनादिकालसे ही शुद्धसत्त्वकी वृत्ति विशुद्ध 'श्रीकृष्ण-प्रीति-इच्छा' या 'विशुद्ध प्रेम' सहज ही वर्तमान है। साधनसिद्ध भक्तोंमें पीछेसे भगवत्कृपासे इस विशुद्ध प्रेमका प्रादुर्भाव होता है। इस प्रेमका प्रादुर्भाव होनेपर चित्त सम्यक्-रूपसे मसृण या निर्मल हो जाता है और उसमें श्रीकृष्णके प्रति आत्यन्तिक अनन्य ममता-बुद्धि उत्पन्न हो जाती है। यही 'प्रेम' उत्तरोत्तर उच्च स्तरपर पहुँचते-पहुँचते 'भाव' रूपमें परिणत होता है। प्रेमकी घनीभूत गाढ़तम अवस्था या चरम परिणतिका नाम ही 'भाव' है। इस भावकी प्रगाढ़तम अवस्थाको 'महाभाव' कहते हैं। इसके मोदन-मादन भावोंमें मादन सर्वोत्कृष्ट है और यह केवल श्रीराधाजीमें ही है। अतएव परम दिव्य परमोत्कृष्ट विशुद्ध प्रेमकी प्रत्यक्ष मूर्ति श्रीराधाजी ही हैं।

इस भाव या महाभावका केवल कान्ताप्रेम या माधुर्यरतिमें ही उदय होना सम्भव है। दास्य, सख्य और वात्सल्यमें इसका विकास प्रायः नहीं होता। अतएव इस पवित्रतम प्रेमकी पूर्ण परिणति और इसकी एकमात्र मूल उत्सरूपा श्रीराधाजी ही हैं। ये श्रीराधाजी कैसी हैं—

१—कृष्णप्रेयसी कान्तागणमें सर्वशिरोमणि श्रीराधा।
लक्ष्मी-महिषी-गोपीजनकी मूल, मुकुटमणि श्रीराधा॥
२—कृष्ण-प्रेम-भावित-चित्तेन्द्रिय-बुद्धि-अहं-सारा राधा।
निर्मल प्रेम पूर्ण पावनकी मधुर सुधा-धारा राधा॥
३—लीलामयी, कृष्णलीलाकी शुचि सहायिका श्रीराधा।
कृष्ण-सुखैक-जीवना, प्रियतम-स्नेह-दायिका श्रीराधा॥
४—प्रियतम शुचि माधुर्य-सुधाकी केवल आस्वादिनि राधा।
रूप-छटासे रूप-सदन-मनकी नित उन्मादिनि राधा॥
५—मृदुता-शीतलता-सुशीलता-गुण-गण-आधारा राधा।
चतुरा-सरला, मौना-मुखरा, मधु-मधुराकारा राधा॥

६—सदा प्रेममें कमी देखती, सदा प्रेम-भूखी राधा।
सदा रसमयी सदा देखती अपनेको सूखी राधा॥
७—सर्वगुणमयी, गुण-गौरव-अभिमान-विरहिता श्रीराधा।
महामानिनी, विमल, वियोगिनि, नित प्रियतमसहिता राधा॥
८—उज्ज्वल दिव्य त्याग अनुपमकी परमादर्श मूर्ति राधा।
दुर्लभ कृष्ण-प्रेमकी नव-नव सहज विचित्र स्फूर्ति राधा॥

श्रीकृष्ण-कान्ताओंके तीन प्रकार हैं—लक्ष्मीगण (वैकुण्ठादिमें भगवत्-स्वरूपोंकी कान्ताएँ), महिषीगण (द्वारकापुरीकी रुक्मिणी, सत्यभामा आदि पट-रानियाँ) और व्रजाङ्गनाएँ। इन श्रीकृष्णकी प्रेयसी कान्ताओंमें श्रीराधा सर्वशिरोमणि हैं और इन सबकी मूल शक्ति एवं सबके मस्तकोंके मुकुट-स्वरूप स्वयं श्रीकृष्णकी भी मणि-स्वरूपा हैं। इन श्रीराधाके चित्त, इन्द्रिय, शरीर, बुद्धि और अहंकार—सभी ह्लादिनीके साररूप श्रीकृष्णप्रेमके द्वारा ही गठित हैं, प्राकृत रक्त-मांसादिके द्वारा नहीं। ये श्रीराधा विशुद्ध, परिपूर्ण, सबको पवित्र करनेवाले मधुर प्रेमकी सुधा-धारा हैं, जो सदा सबको सुधा-प्लावित करती रहती हैं—मर्त्य-जगत्के कामोपभोगसे मुक्त करके नित्य सत्य दिव्य प्रेमसरितामें बहाती रहती हैं। ये श्रीराधा स्वयं लीलामयी हैं और श्रीकृष्णकी पवित्र लीलाओंमें सदा सहायिका हैं। इन श्रीराधाका जीवन एकमात्र श्रीकृष्ण-सुखमय है और ये प्रियतम श्रीकृष्णको सदा स्नेहदान करती रहती हैं। ये श्रीराधा ही केवल अपने प्रियतम श्रीकृष्णके सौन्दर्य-माधुर्यरूप सुधाका पूर्ण रसास्वादन करती हैं और अपनी रूपछटासे रूपके सदन श्रीकृष्णके मनको उन्मत्त बनाये रहती हैं। श्रीराधाजी मृदुता, शीतलता, सुशीलता आदि गुणगणोंकी आधार हैं। ये श्रीकृष्ण-सुख-सेवामें बड़ी निपुण हैं, परंतु बड़ी ही सरल-हृदया हैं। ये श्रीराधा और सभी विषयोंमें सर्वथा मौन रहती हैं, परंतु प्रियतम श्रीकृष्णके गुणगानमें बड़ी मुखरा हैं—सदा गुण-गान करती ही रहती हैं। ये श्रीराधा मधुके समान मधुर आकारवाली हैं—इनके रोम-रोमसे मधुरता निखरती और बिखरती रहती है। इतना होनेपर भी श्रीराधा अपनेमें सदा प्रेमकी कमी ही देखती हैं और सदा ही प्रेमकी भूखका अनुभव करती हैं। ये श्रीराधा सदा रसमयी होनेपर भी प्रेमस्वभाववश

****

अपनेको सदा रसहीन—सूखी ही देखती हैं। ये श्रीराधा सम्पूर्ण सद्गुणमयी हैं, परतु अपने गुणोंके गौरव या अभिमानसे सर्वथा रहित हैं। ये महान् मानिनी हैं; पर इनका वह मान होता है निर्मल प्रेमस्वरूप ही, प्रेमका एक उच्च स्तर ही। ये श्रीराधा प्रेम-वैचित्त्यके समय वियोगका अनुभव करती हैं, परंतु वस्तुतः ये नित्य-निरन्तर प्रियतम श्रीकृष्णके साथ ही रहती हैं। ये श्रीराधा उज्ज्वल दिव्य त्यागकी परम आदर्श अनुपम मूर्ति हैं। इन श्रीराधामें सहज ही परम दुर्लभ श्रीकृष्ण-प्रेमकी नयी-नयी विचित्र स्फूर्तियाँ होती रहती हैं।

यह महामहिमामयी श्रीराधाके स्वरूपका तनिक-सा सांकेतिक दिग्दर्शनमात्र है। भगवान् श्रीकृष्ण स्वयं जब इनके गुणोंका वर्णन तो दूर रहा, उनकी थाह पानेमें भी असमर्थ हैं, सदा मुग्धचित्तसे इनका गुण-गान ही करते रहते हैं, तब इनके महत्त्व और गुणोंका वर्णन और कौन कर सकता है। पवित्र गोपीप्रेमकी साधनामें प्रवृत्त साधकको श्रीराधाके उपर्युक्त गुणोंको आदर्श मानकर चलना चाहिये।

इतनी बात अवश्य है कि जिन लोगोंने श्रीकृष्णकी व्रजलीलामें, उनके गोपी-वल्लभस्वरूपमें, श्रीगोपाङ्गनाओंमें और महामहिमामयी श्रीराधामें जागतिक हेय भावकी कल्पना की है या जो करते है, वे या तो परात्पर श्रीराधा-कृष्णके स्वरूपकी अनभिज्ञतासे ही ऐसा करते हैं अथवा उनके भोगराज्यकी राधा उन्हें वैसी ही दिखायी देती होंगी। मेरी राधा तो ऐसी हैं, जिनके पवित्रतम प्रेम-राज्यमें मलिन काम और भोगके कल्पनालेशका भी कभी कहीं प्रवेश नहीं है। वे विलक्षण शृङ्गार धारण करती हैं, परंतु उसमें कहीं तनिक भी आसक्ति नहीं है; उनका पवित्र करनेवाला प्रेम मोहसे सर्वथा रहित है। उनमें ममता है, परंतु वह स्व-सुख-इच्छासे विरहित है। उनके अपने योगक्षेम पूर्णरूपसे प्रियतम श्रीकृष्णमें समर्पित हैं। वे खाती-पीती हैं, पर स्वादके लिये नहीं। वे अत्यन्त मानवती हैं, किंतु अभिमानसे रहित हैं। उनमें भोगोंका बाहुल्य है, पर भोग-दृष्टिसे वे नित्य भोगरहित हैं। वस्तुतः वे केवल अपने प्रियतमके ही पवित्रतम सुखकी खान हैं। उनका इन्द्रिय-समूह, उनका शरीर, उनका मन, उनके प्राण, उनकी बुद्धि और उनका अहं—सभी कुछ प्रियतमके लिये ही है। उनसे उनका अपना कुछ भी काम नहीं है, वे सब सदा प्रियतमके कार्यमें ही लगे रहते हैं।

श्रीराधासे जगत्में जगत्के सारे व्यवहार होते हैं, पर होते हैं वे सहज ही संयमपूर्ण। उनका किसीसे अपना कोई सम्पर्क नहीं है। केवल प्रियतमका सुख ही उनके जीवनका सार-सर्वस्व है। मेरे जीवनकी साध्य वे त्रिभुवनपावनी श्रीराधा ऐसी हैं, जो नित्यतृप्त भगवान् श्रीमाधवकी भी पवित्रतम परमाराध्या हैं।

मेरी उन राधाके शुचितम प्रेमराज्यमें नहीं प्रवेश।
कामभोगका मलिन, कभी भी किंचित् कहीं कल्पना-लेश॥
रागरहित शृङ्गार अनूठा, मोहरहित है पावन प्रेम।
सुख-वाञ्छा-विरहित ममता है, पूर्ण समर्पित योग-क्षेम॥
स्वादरहित सब खान-पान हैं, है अभिमानरहित अतिमान।
भोगबहुलता भोगरहित नित, प्रियतम-सुखकी शुचितम खान॥
इन्द्रिय-तन-मन-प्राण-अहं-मति हैं प्रियतमके लिये तमाम।
नहीं कार्य कुछ निजका उनसे करते सब प्रियतमका काम॥
संयमपूर्ण सहज ही होते जगमें, जगके सब व्यवहार।
नहीं किसीसे उनका मतलब, प्रियतम-सुख ही केवल सार॥
मेरी ऐसी हैं वे राधा त्रिभुवन-पावनि जीवनसाध्य।
नित्य-तृप्त श्रीमाधवकी जो हैं पवित्रतम परमाराध्य॥

इन श्रीराधाका जीवन परम त्यागमय तथा सर्वसमर्पणमय है और स्वरूपतः श्रीराधा श्रीमाधवसे सर्वथा अभिन्न रहती हुई ही दिव्य-लीला-विहारिणी हैं।

हमें श्रीराधा-माधव ऐसी सद्बुद्धि और सद्दृष्टि प्रदान करें, जिससे हम उनकी यथार्थ स्वरूप-स्थितिको एवं उनकी दिव्य रसमयी लीलाके परम पावन रहस्यको समझ-देख सकें।

आज श्रीराधाजीके लीला-प्राकट्यके इस परम पवित्र महान् शुभ अवसरपर हम अपनेको उनके श्रीचरणोंमें डालकर उनसे प्रार्थना करें—

श्रीराधा अब देहु मोहि तव पद-रज-अनुराग।
जातें इह-पर-भोग मैं होय उदय बैराग॥

मोच्छहु की माया मिटै, कटै, सकल भव-भोग।
तुम दोउन के चरन कौ बन्यौ रहै संयोग॥
जो कछु तुम चाहौ, करौ राधा-माधव दोउ।
तुम्हरे मन की सहज रुचि चाह जु मेरी होउ॥
सेवा कौ कछु काम जो हो मेरे अनुहार।
छोटौ-मोटौ बकसि मोहि करौ कृपा-बिस्तार॥
परयौ रहौं नित चरनतल, परसौं नित पद-धूल।
पगदासी पौंछत रहौं अग-जग सगरौ भूल॥

रसवलितमृगाक्षीमौलिमाणिक्यलक्ष्मीः
प्रमुदितमुरवैरिप्रेमवापीमराली।
व्रजवरवृषभानो पुण्यगीर्वाणवल्ली
स्नपयति निजदास्ये राधिका मां कदा नु॥

बोलो श्रीवृषभानुनन्दिनी श्रीकृष्णानन्दिनी श्रीराधारानीकी जय जय जय !

(२) (रात्रिमें)

श्यामप्रेमविनोदिनी मधुरिमाधाराधरे स्मेरिणी
गौरी प्रेमवती शुभा च शुभगा प्रेमाब्धिसंवर्धिनी।
गण्डे मण्डितकुण्डला कटितटे धत्ते मुदा किङ्किणीं
लीलाकाञ्चनदेहिनी विजयते वृन्दावनस्थायिनी॥
शुद्धस्वर्णविडम्बिनी परिलसल्लावण्यसन्मोहिनी
नानारत्नविलासिनी मधुरिमाधाराधरे वंशिनी।
कृष्णप्रेमतरङ्गिणी निरवधि प्रेमामृतालापिनी
श्यामप्रेमविनोदिनी विजयते राधा सुधादेहिनी॥

परम प्रियतम श्रीकृष्णके प्रति होनेवाले मधुर प्रेमको 'मधुरा रति' कहते हैं। यह मधुरा रति तीन प्रकारकी होती है—'साधारणी', 'समञ्जसा' और 'समर्था'।

साधारणी रतिमें स्व-सुख-वासनारूपा सम्भोगेच्छा रहती है, पर उसीके साथ कुछ श्रीकृष्ण-सुखेच्छाका भी उदय हो जाता है, जैसा कुब्जामें हुआ। इसीलिये इसे

भी 'रति' कहा गया है। अन्यथा यह तो अग्राह्य ही है। समञ्जसा रतिमें श्रीकृष्ण-सुखेच्छा ही रहती है, परंतु कभी-कभी श्रीलक्ष्मी-रुक्मिणी आदिके सदृश पत्नीत्व-भावके कारण स्वसुख-वासनारूपा सम्भोगेच्छाका भी उदय हो जाता है, यद्यपि वह होता है बहुत ही सामान्य तथा अत्यन्त गौणरूपमें ही और वह भी फलतः श्रीकृष्णसुखके लिये ही। समर्था रति एकमात्र कृष्ण-सुखेच्छामयी होती है। उसमें स्व-सुख-वासनाका कहीं कभी गन्धलेश भी नहीं रहता। जैसे अत्यन्त कठिन लोहखण्डमें सुईकी नोक प्रवेश नहीं कर सकती, वैसे ही समर्था रतिमें एकमात्र और एकमात्र श्रीकृष्ण सुख-वासनाके अतिरिक्त अन्य किसी भी वासनाका तनिक-सा भी उदय कभी नहीं हो सकता। इसीसे 'समर्था रति' को प्रगाढ़तमा रति कहा जाता है। अचिन्त्यानन्तसौभाग्यशालिनी, परमोज्ज्वल त्यागकी सजीव मूर्ति श्रीव्रज-सुन्दरियोंमें एकमात्र समर्था रतिका ही पूर्ण प्रकाश है। यह समर्था रति महाभावकी अन्तिम सीमातक पहुँचती है। इसमें किसी प्रकारकी लौकिक, पारलौकिक या पारमार्थिक स्व-सुख-वासनाका अथवा अन्य किसी भी वासनाकी कल्पनाका तनिक भी संस्पर्श नहीं है। अतएव समर्था रतिमयी श्रीगोपाङ्गनाओंका 'कृष्ण-सुखैकतात्पर्यरूप' प्रेम ही सबकी अपेक्षा तथा सर्वतोभावेन श्रेष्ठतम है। इन सम्पूर्ण व्रज-गोपियोंमें भी श्रीराधाका प्रेम सर्वश्रेष्ठ है; क्योंकि एकमात्र श्रीराधामें ही समर्था रतिकी चरम परिणति 'मादनाख्य महाभाव' की नित्य प्रतिष्ठा है।

इस समर्था रतिमें भोग-सुखका कल्पनालेश भी नहीं है। ह्लादिनी शक्तिकी वृत्तिविशेषके द्वारा श्रीकृष्ण और व्रजसुन्दरियोंके पारस्परिक प्रीतिविधानका नाम ही 'रमण' है। यहाँ 'रमण' शब्दसे श्रीकृष्ण या श्रीव्रजगोपियोंमें किसी हेय अर्थकी कल्पना करना सर्वथा अज्ञान एवं महापातक है। श्रीकृष्णका महाभागा श्रीव्रजसुन्दरियोंको दिव्य स्वरूप-वितरण तथा श्रीव्रजसुन्दरियोंकी परम प्रियतम श्रीकृष्णकी सुख-सम्पादनस्वरूपता—परस्परका यह रसास्वादन ही 'रमण' है।

इन श्रीगोपाङ्गनाओंमें 'नित्यसिद्धा और 'साधन-सिद्धा'—प्रधानतया ये दो भेद हैं। जो अनादिकालसे कान्ताभावसे श्रीकृष्णकी सेवामें ही लगी हैं, वे 'नित्यसिद्धा' हैं। वे स्वरूपतः ह्लादिनी शक्ति श्रीराधाकी ही कायव्यूहरूपा अभिव्यक्ति हैं और जो

तपादि तीव्र तथा कठोरतम साधनाके द्वारा सिद्धि प्राप्त करके अथवा श्रीराधा-माधवकी विशेष अनुकम्पासे दुर्लभ गोपीपदको प्राप्त होकर नित्यसिद्धाओंके साथ श्रीकृष्णकी अनन्य प्रेममयी सेवा करती हैं, वे 'साधन-सिद्धा' हैं।

सेवाके प्रकार-भेदसे इन गोपसुन्दरियोंके प्रधानतया दो भेद हैं—'सखी' और 'मञ्जरी'। जो अपने अङ्गादिके द्वारा श्रीराधाकी समजातीय सेवाके द्वारा परम प्रियतम नित्य-अचिन्त्यानन्त आनन्दघन, अखिलरसामृतसिन्धु, अचिन्त्यानन्तविरुद्धधर्माश्रय भगवान् श्रीकृष्णका आनन्द-विधान करती हैं, वे 'सखी' कहलाती हैं—जैसे श्रीललिताजी, विशाखाजी आदि। ये सभी अभिन्नरूपा स्वरूप-शक्तियाँ ही हैं। जो स्वयं नायिकात्वका कभी स्वीकार नहीं करतीं, श्रीकृष्णाङ्ग-सङ्ग-वाञ्छासे नित्य विरत रहकर नित्य-निरन्तर केवल श्रीराधा सौख्याभिलाषिणी ही रहती हैं और श्रीराधा-माधवके मधुर मिलन तथा सेवाकी अनुकूलताके द्वारा ही नित्य-निरन्तर उनके सुख-सम्पादनमें ही अपनेको नियोजित एवं संलग्न रखती हैं—वे 'मञ्जरी' कहलाती हैं। ये परम त्यागमूर्ति महामहिमामयी मञ्जरियाँ श्रीकृष्णप्राणा श्रीराधाजीकी अत्यन्त प्रिय किंकरी तथा अन्तरङ्ग सेवाकी परम अधिकारिणी हैं। श्रीराधा-माधवकी कुञ्ज-सेवाके अत्यन्त गोपनीय स्थानोंमें भी ये निस्संकोच प्रवेश करती हैं। ललितादि समस्नेहा नायिकाप्राया सखियोंको यह अधिकार प्राप्त नहीं है। अन्तरङ्ग सेवामें इन श्रीराधा-स्नेहाधिका मञ्जरियोंका ही पूर्णाधिकार है। इन मञ्जरियोंके भी दो भेद हैं—'प्राणसखी' और 'नित्यसखी'। श्रीराधाजीकी स्नेहाधिका मञ्जरियाँ 'नित्यसखी' हैं और इनमें जो मुख्य हैं, वे 'प्राणसखी' कहलाती हैं। नित्यसखियाँ प्राणसखियोंके अनुगत रहकर सर्वविध अन्तरङ्ग सेवामें अपनेको नियोजित रखती हैं। मणिमञ्जरी, कस्तूरीमञ्जरी आदि मुख्य नित्यसखियाँ हैं और गुणमञ्जरी, रतिमञ्जरी, रूपमञ्जरी, अनङ्गमञ्जरी आदि प्राणसखियाँ। महान् सौभाग्यवती मुनिजनवन्दिता ये मञ्जरी सखियाँ समस्नेहा नायिकाप्राया ललितादि सखियोंकी अपेक्षा छोटी अवस्थाकी होती हैं। इनमें भी नित्यसिद्धा एवं साधनसिद्धा दोनों ही प्रकारकी सखियाँ हैं। निकुञ्जसेवामें प्रवेश इन श्रीराधास्नेहाधिका मञ्जरियोंके अनुग्रह एवं इनके भावोंके आनुगत्यद्वारा ही होना सम्भव है।

इन सखी-मञ्जरी आदि श्रीगोपाङ्गनाओंकी बात यहाँ इसीलिये कही गयी है कि इनका प्रेम कामगन्धलेशशून्य, परम पवित्र, सर्वथा विशुद्ध, त्यागमय, केवल श्रीकृष्ण-सुखेच्छामय, सुतरां अत्यन्त उच्च कोटिका है। यही मधुरा रतिका परमोज्ज्वल स्वरूप है। इस मधुरा रतिका मूल निर्झर हैं—श्रीराधाजी, जिनके साहचर्यसे मधुरातिमधुर स्वयं श्रीकृष्ण नित्य लालायित हृदयसे इस मधुर रसका आस्वादन करते हैं। सखी-मञ्जरीगण तो उसकी परिपुष्टि और विविध विचित्रताओंका केवल विधान करती हैं। श्रीकृष्णका वास्तविक सुख-प्रीति-विधान करनेवाली तो एकमात्र श्रीराधाजी ही हैं।

श्रीराधाजी स्वरूपतः श्रीकृष्ण-प्रेमकी एक घनीभूत नित्य चेतन स्थिति हैं। ह्लादिनीका सार प्रेम है, प्रेमका सार मादनाख्य महाभाव है और श्रीराधिका स्वयं मादनाख्य महाभावस्वरूपा हैं। वे प्रत्यक्ष मूर्तिमती ह्लादिनी शक्ति हैं, पवित्रतम प्रेमकी एकमात्र आत्मस्वरूपा अधिष्ठात्री देवी हैं। श्रीकृष्णसुखैकतात्पर्यमयी पवित्रतम नित्य सेवाके द्वारा श्रीकृष्णका आनन्द-विधान ही जिनका एकमात्र कार्य है, वे श्रीराधा श्रीकृष्णकान्तागणमें सर्वश्रेष्ठ तथा सबकी परमाधाररूपिणी हैं।

श्रीराधा पूर्ण शक्ति हैं। श्रीकृष्ण पूर्ण शक्तिमान् हैं। शक्ति और शक्तिमान्में भेद तथा अभेद दोनों ही माने जाते हैं। अभेदरूपमें श्रीराधा और श्रीकृष्ण अनादि, अनन्त, नित्य एक हैं और वे ही लीलारसास्वादनके लिये अनादिकालसे नित्य दो स्वरूपोंमें विराजित हैं। श्रीराधा और श्रीकृष्ण दोनों ही परम प्रेमस्वरूप होनेपर भी लीलारसकी विशेष पुष्टिके लिये श्रीराधामें ही प्रेमकी पूर्णतम अभिव्यक्ति है।

इसीसे श्रीकृष्ण स्वयं दिव्य-रसरूप, अचिन्त्यानन्त-रस-सदन, अखिल-रसामृतमूर्ति होनेपर भी श्रीराधिकाके प्रेममें उन्मत्त रहते हैं। वे कहते हैं—

कहत स्याम निज मुख सदा, हौं चिन्मय परतत्त्व।
पूर्न ग्यानमय, पै न लखि पायौ प्रिया-महत्त्व॥
रहै सदा बरबस लग्यौ राधा मैं मन मोर।
रहौं प्रेम-विहवल सदा लखि राधा चितचोर॥
राधा-प्रेम-अगाध निधि परद्यौ रहौं दिन रात।

****

बिबिध बीचि सँग मधुर नित नाचौं प्रमुदित गात ॥
रहत लोभ मो मन सदा, पाऊँ राधाप्रेम।
दुर्लभ दोष-रहित परम सुचि ज्यौं निर्मल हेम ॥
राधा-प्रेमास्वादकी महिमा अमित अपार।
मो सुख ते कोटिन गुनौ वा मैं सुख-बिस्तार ॥

'मैं चिन्मय परतत्त्व हूँ, मैं पूर्ण ज्ञानस्वरूप हूँ; परंतु मैं प्रियतमा श्रीराधाके महत्त्वका पता नहीं पा सका। मेरा मन निरन्तर बरबस राधामें लगा रहता है। राधाने मेरे चित्तको चुरा लिया है। अतएव मैं सदा राधाके प्रेममें विह्वल रहता हूँ। मैं दिन-रात राधाके अगाध प्रेम-समुद्रमें पड़ा हुआ उसकी मधुर-मधुर विविध लहरियोंके साथ नित्य प्रमुदित मनसे नाचता रहता हूँ। मेरे मनमें सदा यह लोभ लगा रहता है कि मैं भी राधाके सदृश प्रेम प्राप्त करूँ। राधाका वह प्रेम निर्मल स्वर्णकी भाँति दोषरहित, दुर्लभ और परम पवित्र है। राधा जिस प्रेमका आस्वादन करके जो सुख प्राप्त करती है, उस सुखका विस्तार मेरे सुखसे करोड़ोंगुना अधिक है।'

इसका अभिप्राय यह है कि श्रीराधाजी जिस 'आश्रय'-निष्ठ प्रेमके द्वारा श्रीकृष्णकी सेवा करती हैं, उन्हें उसमें जो सुख मिलता है, वह सुख, श्रीकृष्ण 'विषय'रूपसे राधाके द्वारा सेवा करवाकर जिस प्रेमसुखका आस्वादन करते हैं, उससे करोड़ोंगुना अधिक है। इससे श्रीकृष्ण चाहते हैं कि ''मैं प्रेमका 'विषय' न होकर 'आश्रय' बनूँ तथा श्रीराधाजी प्रेमका 'विषय' बनें, तो मैं उनकी सेवा करके उनके सदृश सुख प्राप्त करूँ।''

जैसे श्रीकृष्ण परस्परविरुद्धधर्माश्रय हैं, वैसे ही श्रीराधाका प्रेम भी विरुद्धधर्माश्रय है। कहा गया है—

विभुरपि कलयन् सदाभिवृद्धिं गुरुरपि गौरवचर्यया विहीनः।
मुहुरुपचितवक्रिमापि शुद्धो जयति मुरद्विषि राधिकानुरागः ॥

(दानकेलिकौमुदी)

'विभु (पूर्ण) होनेपर भी सदा वर्धनशील, गुरु (सर्वोत्कृष्ट) होनेपर भी गौरव—अहंकार आदिसे रहित और बढ़ी हुई वक्रिमाके होते हुए भी जो शुद्ध

(निर्मल) है—मुरारि श्रीकृष्णके प्रति श्रीराधिकाका वह अनुराग सदा विजय-शाली है।'

श्रीराधाका प्रेम चिच्छक्तिकी वृत्ति है। चिच्छक्ति विभु—पूर्ण है, वह असीम तथा सर्वव्यापक है। अतएव श्रीराधाका प्रेम भी विभु, पूर्ण, असीम तथा सर्वव्यापक है। जो असम्पूर्ण होता है, वही बढ़कर सम्पूर्णताको प्राप्त होता है। परंतु जो पूर्ण है, उसमें कभी वृद्धि सम्भव नहीं। अतएव राधाप्रेम भी विभु होनेके कारण उसमें वृद्धिके लिये अवकाश नहीं है। जहाँ प्रेमका चरम विकास है, उसीको 'विभु' प्रेम कहा जाता है। 'मादनाख्य महाभाव' में ही प्रेमका पूर्ण विकास है। इसी मादन-प्रेम-समुद्रमें स्नेह, मान, प्रणय, राग, अनुराग आदिकी तथा इनके अन्तरस्थ अनन्त विचित्र भावोंकी अचिन्त्यानन्त-रससुधामयी विविध विचित्र तरङ्गें उठा करती हैं। अतएव यह मादनाख्य महाभाव ही विभु प्रेम है। यही राधाके प्रेमकी विशिष्टता है। इस प्रकार उस विभु प्रेममें वृद्धिकी तनिक भी सम्भावना न होनेपर भी वह प्रतिक्षण बढ़ता रहता है—**'प्रतिक्षणवर्धमानम्'**। यह श्रीराधा-प्रेमकी परस्पर विरुद्धधर्माश्रयताका ही एक प्रत्यक्ष उदाहरण है।

दूसरे मादनाख्य महाभावरूप श्रीराधा-प्रेमके सदृश श्रेष्ठ या महान् वस्तु कोई है ही नहीं। **'मादनोऽयं परात्परः**।' इतना गौरवमय होनेपर भी श्रीराधाप्रेम मदीयतामय मधुर स्नेहसे उदित होनेके कारण सर्वथा ऐश्वर्य-गन्धरहित है। वह न तो गौरव चाहता है और न मानता ही है। सर्वश्रेष्ठ होनेपर भी उसमें अहंकारादिका लेश नहीं है। श्रेष्ठ वस्तुमें प्रायः श्रेष्ठत्वका अभिमान होता है, पर राधाप्रेममें वह तनिक भी नहीं है। यह भी राधाप्रेमके विरुद्धधर्माश्रयत्वका एक उदाहरण है।

श्रीराधाका प्रेम अत्यन्त निर्मल, विशुद्ध, सरल और श्रीकृष्णसुखैकतात्पर्यमय एकमात्र श्रीकृष्ण-सुखरूप है। मन, प्राण—सब कुछ देकर सर्वतोभावेन श्रीकृष्णका सुख-विधान ही उसकी प्रत्येक सहज चेष्टाका स्वरूप है। अतएव ऐसे प्रेममें वामता या वक्रताके लिये कहीं भी स्थान नहीं होना चाहिये। तथापि इतने निर्मल राधाप्रेममें भी वामता या वक्रता दिखायी देती है, यह भी राधा-प्रेमके विरुद्धधर्माश्रयत्वका एक उदाहरण है। परंतु इस वामता या वक्रतासे राधाप्रेमकी पूर्णतम निर्मलतामें तनिक भी

हानि नहीं होती। हानि होती है विजातीय वस्तुके सम्मिश्रणसे, जैसे जलमें कीचड़-कूड़ा आदि मिलनेपर जलकी निर्मलतामें हानि होती है; पर राधाका यह वामभाव और वक्रता प्रेमसे भिन्न-जातीय कोई पृथक् वस्तु नहीं हैं। समुद्रमें तरङ्गोंकी भाँति ये प्रेमके ही तरङ्गविशेष हैं। इनके उदयसे प्रेम मलिन नहीं होता, वरं उसकी उज्ज्वलता तथा आस्वादन-चमत्कारिता और भी बढ़ जाती है।

श्रीराधिकाका मादनाख्य महाभाव ही विभु परमानुराग है, यह राधा-प्रेमका एक विशिष्ट रूप है। इस प्रेमका 'आश्रय' हैं— श्रीराधिकाजी। श्रीकृष्ण तो 'विषय' हैं। जिसमें प्रेम होता है और जो प्रेमके साथ सेवा करता है, उसको कहा जाता है प्रेमका आश्रय और जिसके प्रति प्रेमका प्रयोग किया जाता है या जिसकी प्रेमके साथ सेवा की जाती है, वह कहलाता है—प्रेमका विषय। श्रीराधिकाजीमें मादनाख्य महाभाव या प्रेम है और वे ही इस प्रेमके द्वारा श्रीकृष्णकी सेवा करती हैं। अतएव प्रेमका 'आश्रय' हैं—श्रीराधिकाजी और प्रेमके 'विषय' हैं—सेवा स्वीकार करनेवाले श्रीकृष्ण। श्रीराधाके सिवा किसी भी श्रीकृष्ण-प्रेयसीमें इस जातिका परमोकृष्ट प्रेम नहीं है। श्रीराधिकाजी ही इस मादनाख्य विभु प्रेमकी एकमात्र अधिकारिणी हैं।

सर्वभावोद्गमोल्लासी मादनोऽयं परात्परः।
राजते ह्लादिनीसारो राधायामेव यः सदा॥

(उ० नी०)

प्रेमके विकासमें स्नेह, मान, प्रणय, राग, अनुराग, भाव और महाभाव—ये कई स्तर हैं। महाभावके भी मोदन और मादन दो भेद हैं।

प्राकृत मन-इन्द्रियको चरितार्थ करनेवाले नीच कामकी तो यहाँ कल्पना ही नहीं है। काम एक प्राकृत चित्तकी वृत्ति है, जो विषयासक्त लोगोंके मनमें प्रकट होती है, जो सदा-सर्वदा केवल 'निजसुख-वाञ्छा'रूप ही होती है तथा जिसमें त्यागरूप पवित्रताका लेश भी नहीं है।

विषयी-जन-मन मैं प्रकट प्राकृत वृत्ति बिसेस।
निजसुख-वाञ्छारूप सो 'काम' न सुचिता-लेस॥

उपर्युक्त स्नेह आदिका संक्षिप्त रूप यह है—

****

१. प्रेम—

सुद्ध सत्त्व की वृत्ति जो कृष्ण-सुखेच्छारूप।
त्यागी जन मन मैं उदित 'प्रेम' पवित्र अनूप॥

२. स्नेह—

प्रेम बिषय कौं प्राप्तकर द्रवित करै जब चित्त।
'स्नेह' कहावत सोइ तब, प्रेमीजन कौ बित्त॥
बढ़त उष्णता-ज्योति जब घृत-पूरन हो दीय।
दरस-लालसा बढ़त त्यौं स्नेह-उदय तें हीय॥

३. मान—

अति नूतन माधुर्य कौ अनुभव जामैं होय।
नेह पाइ उत्कर्ष कौं 'मान' कहावत सोय॥
भाव छिपावन हृदय कौ बनै बक्र अरु बाम।
सुख उपजावत स्याम कौ धारि मान मधु नाम॥

४. प्रणय—

ममताकी अति बृद्धि तैं मान पाइ उत्कर्ष।
प्रिय सौं होय अभिन्नता, बढ़त हृदय अति हर्ष॥
प्रान-बुद्धि-मन-देह जब, असन-बसन सब काम।
रहै न प्रिय सौं पृथक् कछु होत 'प्रनय' तब नाम॥

५. राग—

स्याम-मिलनकी आस मैं दुःख परम सुख होय।
अमिलन मैं भासत सकल सुख अति दुखमय सोय॥
प्रनय पाय उत्कर्ष जब या स्थिति पहुँचै जाय।
नाम 'राग' तब धरत सो पावन प्रीति सुभाय॥

६. अनुराग—

प्रतिपल नव दीखत जबै स्याम नित्य-अनुभूत।
नित नव सुंदरतर, सरस, परम मधुर, अति पूत॥

****

पाय परम उत्कर्ष कौं बढ़त अमित जब राग।
प्रगटत लच्छन सहज अस धरत नाम 'अनुराग'॥

७. भाव—

प्रान त्यागहू तैं कठिन दुःख तुच्छ जब होय।
कृष्न-प्राप्ति हित लगत जब मधुर परम सुख सोय॥
स्याम-मिलन अरु स्याम-सुख हित अति मन मैं चाव।
बढ़त, बढ्यौ अनुराग सोइ धरत नाम सुभ 'भाव'॥

८. महाभाव—

भाव सिखर जब उच्चतम पहुँचत सहजहिं जाय।
'महाभाव' सो मधुरतम परम बिमल मन-भाय॥
महाभाव के दो परम स्तर उज्ज्वल सुचि हेम।
'मोदन', 'मादन' नाम धरि प्रगटत पूरन प्रेम॥
महाभाव मादन परम दुर्लभ सहज सुतंत्र।
केवल राधा मैं प्रगट कबहुँ न कहुँ अन्यत्र॥

विषयभोगोंके त्यागी भगवज्जनके मनमें शुद्ध सात्त्विकी श्रीकृष्ण-सुखेच्छारूप जिस पवित्र अनुपम वृत्तिका उदय होता है, वह 'प्रेम' है।

वह प्रेम अपने विषय (श्रीकृष्ण) को पाकर जब चित्तको द्रवित कर देता है, तब प्रेमीजनके उस धनको 'स्नेह' कहा जाता है। दीपक जब घृतसे पूर्ण होता है, तब उसमें जैसे उष्णता और ज्योति बढ़ती है, वैसे ही स्नेहके उदयसे हृदयमें श्रीकृष्णदर्शनकी लालसा बढ़ती है।

जिसमें अत्यन्त नवीन माधुर्यका अनुभव होता है, 'स्नेह'के ऐसे उत्कर्षको 'मान' कहा जाता है। श्रीश्यामसुन्दरको अधिक सुख देनेके लिये हृदयके भावको छिपाकर जो वक्रता और कामना प्रकट होती है, उसी मधुर स्थितिका नाम 'मान' है।

ममताकी अत्यन्त वृद्धिसे जब मान उत्कर्षको प्राप्त करता है, तब प्रियतमसे अभिन्नता बढ़ जाती है और हृदयमें अत्यन्त हर्ष छा जाता है। इससे प्राण, मन, बुद्धि, शरीर तथा खान-पान, वस्त्राभूषण आदि सभीमें प्रियतमसे कुछ भी पृथक्ता नहीं रह

जाती, तब उसका नाम 'प्रणय' होता है।

श्रीकृष्णसे मिलनेकी आशामें जब दुःख ही परम सुख हो जाता है और अमिलनमें सभी सुख अत्यन्त दुःखमय दिखायी देने लगते हैं—यों प्रणय जब उत्कर्षको प्राप्त होकर इस स्थितिपर पहुँच जाता है, तब सहज ही उस पावन प्रेमका नाम 'राग' होता है।

जब नित्य अनुभूत श्रीकृष्ण पल-पलमें नये दिखायी देते हैं, प्रतिपल जब वे अधिकाधिक अत्यन्त पवित्र, सुन्दर, सरल और परम मधुर दिखायी देते हैं, राग जब परम उत्कर्षको प्राप्त होकर असीम रूपसे बढ़ जाता है, तब जो ऐसे लक्षण प्रकट होते हैं, वे 'अनुराग' नाम धारण करते हैं।

जब प्राणत्यागसे भी अधिक कठिन दुःख अत्यन्त तुच्छ हो जाता है, बल्कि श्रीकृष्णकी प्राप्तिके लिये जब वह परम मधुर तथा परम सुखमय हो जाता है और श्रीकृष्णके मिलनके तथा उनके सुखके लिये जब मनमें अत्यन्त चाव बढ़ जाता है, वह बढ़ा हुआ अनुराग ही शुभ 'भाव' नाम धारण करता है।

यह भाव जब सहज ही उच्चतम स्तरपर पहुँच जाता है, तब उस मधुरतम परम निर्मल मनभावन भावको 'महाभाव' कहते हैं। इस महाभावके उज्ज्वल पवित्र स्वर्णसदृश 'मोदन' तथा 'मादन' नामक दो सर्वोच्च स्तर हैं, जिनसे पूर्ण प्रेमका प्राकट्य होता है। इनमें 'मादन' नामक महाभाव परम दुर्लभ तथा स्वाभाविक ही स्वतन्त्र है। उसका केवल श्रीराधाजीमें ही प्राकट्य है, अन्यत्र कहीं कभी भी नहीं है।

उपर्युक्त स्नेहसे मोदनतक सभी स्तर श्रीकृष्णमें और सम्पूर्ण व्रजसुन्दरियोंमें—मधुर भावापन्न गोपियोंमें है। व्रज-सुन्दरियाँ इन्हीं विभिन्न स्तरोंके प्रेमसे श्रीकृष्णकी नित्य सेवा करती हैं, अतएव श्रीकृष्ण इस प्रेमके 'विषय' हैं, साथ ही प्रेमके ये सारे स्तर श्रीकृष्णमें भी हैं, अतएव श्रीकृष्ण इस प्रेमके 'आश्रय' भी हैं। परंतु मादनाख्य महाभाव श्रीराधामें ही है। अतएव इसका 'आश्रय' एकमात्र वे ही हैं। श्रीकृष्णको राधाजीके द्वारा प्रेमकी सेवा प्राप्त करनेमें जितना सुख मिलता है, श्रीकृष्णको सुखी देखकर उससे करोड़ोंगुना अधिक सुख राधाजीको प्राप्त होता है। इसीलिये श्रीकृष्ण चाहा करते हैं कि इस प्रेमका मैं 'आश्रय' बनूँ और राधिकाजी 'विषय' बनें।

इसके अतिरिक्त एक बात यह है कि श्रीकृष्णकी रूपमाधुरी—उसकी सौन्दर्यमाधुरी इतनी मधुरतम, अद्भुत, अनन्त और अतुलनीय है कि न तो उसकी कहीं सीमा है, न किसी अल्पांशमें भी कहीं तुलना है और न उसका पूर्ण आस्वादन ही किसीके लिये सम्भव है—यहाँतक कि सर्वशक्तिमान् श्रीकृष्ण स्वयं भी उस अपनी सौन्दर्यमाधुरीका आस्वादन करनेमें समर्थ नहीं हैं। अपने पूर्ण नित्यवर्द्धनशील मादनाख्यमहाभावरूप प्रेमके द्वारा एकमात्र श्रीराधा ही उसका नित्य-निरन्तर सम्पूर्णास्वादन करती रहती हैं।

यह प्रेमका परमोज्ज्वल तथा परमोत्कृष्ट स्वरूप नित्यानन्त है।

सभी जानते हैं क्षुधा निवृत्त हो जानेपर भोजनमें रुचि या प्रीति नहीं रहती। अथवा यदि भूख पूरी मिटनेके पहले ही भोजन-वस्तु समाप्त हो जाती है तो भोजनकी इच्छा पूर्ण न होनेके कारण भोजनके लिये एक कष्टमयी उत्कण्ठा बनी रहती है। पर यहाँ ये दोनों बातें नहीं हैं; क्योंकि न तो श्रीराधाकी मादनाख्य महाभावमयी माधुर्यास्वादनमयी स्पृहा ही कभी निवृत्त होती है और न श्रीकृष्णका माधुर्य ही सम्पूर्णरूपसे आस्वादित होकर कभी समाप्त होनेवाला है। श्रीराधाके लिये श्रीकृष्णके माधुर्यास्वादनकी स्पृहा निवृत्त हो जाय, इसकी तो कल्पना भी नहीं है। कारण, प्रेम निवृत्त हो, तब कृष्णमाधुर्यस्वादनकी इच्छा निवृत्त हो; श्रीराधाका प्रेम विभु होनेपर भी प्रतिक्षण बढ़ता रहता है, अतः प्रतिक्षण ही उसमें श्रीकृष्णके माधुर्यास्वादनकी नित्य-नूतन योग्यता एवं स्पृहा बढ़ती रहती है। इसी प्रकार ज्यों-ज्यों श्रीराधिकामें श्रीकृष्णके माधुर्यास्वादनके द्वारा आस्वादनका माधुर्य तथा आस्वादनकी तृष्णा उत्तरोत्तर बढ़ती है, त्यों-ही-त्यों श्रीकृष्णका माधुर्य भी उत्तरोत्तर बढ़ता रहता है, उसमें पल-पल नित्य नये-नये माधुर्यका एवं नित्य नयी-नयी माधुर्यविचित्रताओंका विकास होता रहता है।

श्रीराधिकाजीका काम-गन्धहीन, स्वसुख-वाञ्छा-वासना-कल्पना-गन्धसे सर्वथा रहित केवल कृष्ण-सुख-तात्पर्यमय विशुद्ध प्रेम निर्मल दिव्य दर्पणके समान है। जिसमें समीपकी वस्तुका प्रतिबिम्ब दिखायी दे, उसे 'दर्पण' कहते हैं। दर्पणमें यह एक विशेषता है कि किसी ज्योतिर्मयी—चमकदार वस्तुके सामने आनेपर दर्पण भी ज्योतिर्मय या चमकदार बन जाता है और दर्पणमें प्रतिफलित ज्योति—दर्पणपर पड़ी

हुई चमक उस ज्योतिर्मय—चमकदार वस्तुपर पड़कर उसे और भी अधिक ज्योतिर्मय—चमकदार बना देती है। वैसे ही निर्मल दर्पणके सदृश श्रीराधाका विशुद्ध महाभावरूप प्रेम श्रीकृष्णके परमोज्ज्वल माधुर्यको ग्रहण करता है। निर्मल दर्पणमें जैसे वस्तुका अविकल प्रतिबिम्ब आ जाता है, उसमें कहीं भी तनिक-सी भी त्रुटि नहीं दीखती, वैसे ही स्व-सुख-वाञ्छाहीन या कामगन्धरहित विशुद्ध राधा-प्रेम भी श्रीकृष्णकी सम्पूर्ण माधुरीका पूर्णरूपसे आस्वादन करता है और श्रीकृष्णमाधुरीकी जगमगाती ज्योति श्रीराधाप्रेमरूप दर्पणको और भी अधिक स्वच्छ एवं ज्योतिर्मय बना देती है। इसी प्रकार श्रीराधाप्रेमरूप दर्पणमें प्रतिफलित ज्योति अनवरतरूपसे श्रीकृष्णके माधुर्यपर पड़ती एवं उसे और भी अधिक उज्ज्वल ज्योतिर्मय बनाती रहती है। यों श्रीकृष्णके माधुर्यसे श्रीराधाका प्रेम बढ़ता रहता है और श्रीराधाप्रेमसे श्रीकृष्णका माधुर्य बढ़ता रहता है। दोनों ही मानो होड़ लगाकर एक-दूसरेको परास्त करनेके लिये उत्तरोत्तर प्रबल-शक्ति होते रहते हैं, पर हारता कोई भी नहीं!

प्रश्न हो सकता है कि 'श्रीकृष्ण तो सबके सामने एक-से ही हैं; फिर क्या कारण है कि श्रीकृष्णके माधुर्यका श्रीराधा ही पूर्णतया आस्वादन करती हैं, सब लोग नहीं कर पाते?' इसका एकमात्र कारण है—श्रीराधाका प्रेम ही पूर्णतमरूपसे विकसित है, दूसरोंका नहीं है।

वस्तुके सामने होनेसे ही वह सबको दिखायी दे और सबको एक-सी ही दिखायी दे, यह कोई नियम नहीं है। प्रथम तो जिसकी दृष्टिशक्ति होती है, वही देख सकता है, अंधा नहीं देख सकता। वह सुनता-सूँघता है, पर देख नहीं पाता। फिर जिनके दृष्टिशक्ति है, वे भी दृष्टिशक्तिकी न्यूनाधिकताके अनुसार वस्तुको देख सकते हैं। आकाशमें चन्द्रमाका उदय होनेसे ही वह अंधेको भी दिखायी देगा या हीन दृष्टिवालेको भी पूर्ण दृष्टिवालेकी भाँति सुस्पष्ट दिखायी देगा—यह आवश्यक नहीं है। इसी प्रकार जिसमें श्रीकृष्णके प्रति निर्मल मधुर-प्रेम होगा, वही श्रीकृष्णके माधुर्यका आस्वादन कर सकेगा। ऐश्वर्योपासकको माधुर्य नहीं दीखेगा। फिर मधुर प्रेमवालोंमें भी जिसका जिस मात्रामें प्रेम होगा, उसी मात्रामें वह माधुर्यका आस्वादन करेगा। अन्यान्य व्रजवासियोंमें ही नहीं, मधुरभावमयी श्रीगोपाङ्गनाओंमें भी सबका

श्रीकृष्णके प्रति एक-सा प्रेम नहीं है, एवं श्रीराधा-सदृश पूर्णतम प्रेम तो है ही नहीं। इसलिये वे लोग अपने प्रेमके अनुसार ही श्रीकृष्णका माधुर्यास्वादन कर सकती हैं। श्रीराधाकी भाँति पूर्णतम रूपसे श्रीकृष्ण-माधुर्यका आस्वादन कभी न कोई कर सका है और न कर ही सकेगा; क्योंकि जैसे श्रीकृष्ण 'स्वयं भगवान्' हैं, वैसे ही श्रीराधा ही सर्वशक्ति-गरीयसी 'स्वयं भगवत्स्वरूपा' शक्ति हैं। अतः उन्हींमें प्रेमका अचिन्त्यानन्त पूर्ण प्रकाश है (**'राधायामेव यः सदा'**)। इसीसे केवल वे ही पूर्ण माधुर्यास्वादन कर पाती हैं और उनका यह बढ़ता हुआ माधुर्यास्वादन सहज ही प्रतिक्षण श्रीकृष्ण-माधुरीको बढ़ाता ही रहता है।

इसी प्रकार सुखको लेकर भी दोनोंमें परस्पर होड़ लगी रहती है। अपनी सेवासे जब श्रीराधाजी प्रियतम श्रीकृष्णको सुखी देखती हैं, तब उनका सुख श्रीकृष्णके सुखसे करोड़ोंगुना अधिक बढ़ जाता है और श्रीकृष्ण जब प्रियतमा श्रीराधाको इतने महान् सुखसे पूर्ण देखते हैं, तब उनके अनन्त अगाध सुखसमुद्रमें बाढ़ आ जाती है। पर श्रीराधाके इस सुखानुभवमें उनकी अपनी सुख-कामना-कल्पनाका भी लेश नहीं है। श्रीराधाजी यह सुखानुभव—सुखोपभोग करती हैं—केवल श्रीकृष्ण-सुखके लिये ही।

इस एकमात्र परम त्यागमय, परम समर्पणमय, परम रसमय, परम प्रियतम-सुख-तात्पर्यमय विशुद्ध प्रेमका जिसके जीवनमें आत्यन्तिक प्राकट्य है, वही गोपी है और इन समस्त भावोंका जो मूल उत्स हैं, जिनके स्वरूपभूत परम महाभावसे ही इन समस्त भावोंका उदय, उत्तरोत्तर विकास एवं नित्य आस्वादन सम्भव है, जो श्रीकृष्ण-प्रेयसी-जनोचित गुणोंका उद्भवस्थान हैं, जिनकी दिव्य गुणावलि ही समस्त विशुद्ध प्रेममयी प्रेयसियोंके मधुर निर्मल सद्गुणोंकी मूल है, जिनके कारण ही परमानन्दस्वरूप श्रीकृष्ण इन परम मधुर रसमयी भावलीलाओंमें सब कुछ भूलकर नित्य निरन्तर लीलायमान रहते हैं, जिनकी छायारूपी गोपियोंकी चरणधूलि प्राप्त करनेके लिये बड़े-बड़े भगवत्स्वरूप महान् देवता, ज्ञानी-विज्ञानी ऋषि-मुनि नित्य लालायित रहते हैं, साक्षात् बृहस्पतिके शिष्य परम ज्ञानसम्पन्न श्रीउद्धवजी जिनके पद-रज-कणके लिये जड लता-गुल्मौषधि बनना चाहते हैं और जिनकी रूप-गुण-

माधुरीपर सर्वाकर्षक स्वयं भगवान् श्रीकृष्ण नित्य आकर्षित रहते हैं—वे हैं श्रीराधाजी !

श्रीराधाजीका क्या स्वरूप है और श्रीकृष्णके साथ उनका क्या सम्बन्ध है, इसे संक्षेपमें इस प्रकार सोचिये-देखिये—

कृष्णमना, श्रीकृष्ण-मति, कृष्णजीवना शुद्ध।
कृष्णेन्द्रिया, सुचारु शुभ, कृष्णप्रिया विशुद्ध॥
कृष्ण-कथा मुखमें सदा, कृष्ण-नाम-गुण-गान।
कृष्ण सुभूषण श्रवण शुचि, कृष्ण-गुण-निरत कान॥
कृष्ण-रूप-मधु नेत्रमें, नासा कृष्ण-सुगन्ध।
कृष्ण-सुधा-रस-रसमयी रसना नित निर्बन्ध॥
कृष्ण-स्पर्श-संलग्न नित अङ्ग बिना व्यवधान।
कृष्ण-मधुर-रस कर रहा मन अतृप्त नित पान॥
नित्य कराती श्यामको मधुर अमिय-रस-पान।
नित्य पूर्ण करती सभी श्याम-काम रख ध्यान॥
श्याम-प्रेम शुचि रत्नकी अमित मनोहर खान।
श्याम-सुखकरण गुण अमित अनुपम नित्य निधान॥
भीतर-बाहर पूर्ण नित सुन्दर श्याम सुजान।
दीख रहा सब श्याममय, नित नव मधुर महान॥
विश्वविमोहन श्यामकी मनमोहनि रसधाम।
श्याम-चित-उन्मादिनी श्यामा दिव्य ललाम॥

श्रीराधाके स्वरूपगुण अचिन्त्यानन्त हैं। उनका वर्णन तो दूर रहा, चिन्तन भी असम्भव है। यह तो केवल एक बाह्य संकेतमात्र है और यह भी उनकी कृपाका ही सुन्दर परिणाम है।

पर वस्तुतः जितने भी महान् गुण, भावोंके अवान्तर भेद तथा भावोंके परमोच्च स्तर आदि हैं, जिनका किसी प्रकार भी वाणीके द्वारा वर्णन अथवा चित्तके द्वारा चिन्तन हुआ है, हो सकता है, नित्याचिन्त्य-भावमयी श्रीराधा उन सभी भावोंसे अतीत निज

महिमामें नित्य स्थित हैं। ये सब भाव आदि शाखाचन्द्र-न्यायसे उनका संकेतमात्र करते हैं।

जितने सब हैं भाव विलक्षण एक-एकसे उच्च उदार।
वे सब अति अभ्यन्तर होकर भी हैं बाह्य सरस व्यवहार॥
हैं वे परमादर्श पुण्यतम प्रेमराज्यके भाव महान।
मिलते हैं उनसे प्रेमास्पद प्रेष्ठरूपमें श्रीभगवान॥
पर राधा स्वरूपतः बँधी न उनसे किंचित् कभी कहीं।
एक श्यामके सिवा तत्त्वतः राधामें कुछ और नहीं॥
राधा नित्य श्यामकी मूरति, नहीं अन्य कुछ भावाभाव।
राधा श्याम, श्याम राधा हैं, अन्य तत्त्वका नित्य अभाव॥

'जितने भी ये प्रेमराज्यके एक-से-एक उच्च, विलक्षण और उदार भाव हैं, वे सभी अत्यन्त आभ्यन्तरिक होनेपर भी बाह्यरसपूर्ण व्यवहार ही हैं। निश्चय ही वे परम आदर्श हैं, पवित्रतम हैं और महान् हैं। उन भावोंके द्वारा प्रेमास्पद श्रीभगवान् प्रियतमके रूपमें प्राप्त हो सकते हैं; परंतु श्रीराधाजी स्वरूपतः उन भावोंमें कभी किंचित् भी बँधी नहीं हैं। एक श्यामसुन्दरके अतिरिक्त तत्त्वतः श्रीराधामें और कुछ है ही नहीं। श्रीराधा नित्य श्रीश्यामसुन्दर हैं और श्रीश्यामसुन्दर राधा हैं, उनमें अन्य किसी भी तत्त्वका नित्य अभाव है।'

'स्वयं भगवान्' श्रीकृष्णकी स्वरूपभूता नित्यशक्ति, नित्य दिव्य रासेश्वरी, नित्य निकुञ्जेश्वरी, श्रीकृष्णप्राणा, श्रीकृष्ण-आत्मा और साक्षात् श्रीकृष्णस्वरूपा इन्हीं श्रीराधाजीके मधुर मनोहर मङ्गलमय दिव्य अवतारका आज परम पुण्य दिवस है। हमलोग सभी धन्य हैं, जो इस घोर काम-कलुषमय कलियुगके कलङ्कपूर्ण परंतु कल्पनातीत परमोत्कृष्ट परमोज्ज्वल कालमें परम और चरम त्यागकी प्रत्यक्ष मूर्ति श्रीराधिकाजीके पुण्य-स्मरण करनेका सौभाग्य प्राप्त कर रहे हैं। श्रीराधाजीकी बात तो बहुत दूर, उनकी किंकरी किसी क्षुद्र-से-क्षुद्र मञ्जरीके त्यागमय जीवनका जरा-सा प्रकाश भी हमारे जीवनपर पड़ जाय तो हम धन्यजीवन—सफलजन्म हो सकते हैं। प्रार्थना कीजिये—

निन्द्य नीच पामर परम, इन्द्रिय-सुखके दास।
करते निसिदिन नरकमय विषय-समुद्र निवास॥
नरक-कीट ज्यों नरकमें मूढ़ मानता मोद।
भोग-नरकमें पड़े हम त्यौं कर रहे विनोद॥
नहीं दिव्य रस कल्पना, नहीं त्यागका भाव।
कुरस, विरस, नित अरसका दुखमय मनमें चाव॥
हे राधे रासेश्वरी! रसकी पूर्ण निधान।
हे महान महिमामयी! अमित श्याम-सुख-खान॥
पाप-ताप-हारिणि, हरणि सत्वर सभी अनर्थ।
परम दिव्य रस दायिनी पञ्चम शुचि पुरुषार्थ॥
यद्यपि हैं सब भाँति हम अति अयोग्य, अघबुद्धि।
सहज कृपामयि! कीजिये पामर जनकी शुद्धि॥
अति उदार अब दीजिये हमको यह वरदान।
मिले मञ्जरीका हमें दासी दासी-स्थान॥

भजामि राधामरविन्दनेत्रां
स्मरामि राधां मधुरस्मितास्याम्।
वदामि राधां करुणाभरार्द्रां
ततो ममान्यास्ति गतिर्न कापि॥

बोलो श्रीकृष्णप्रेमस्वरूपा श्रीराधारानीकी जय जय जय!!!

——::×::——

श्रीराधा-नाम-रूप-महिमा और राधा-प्रेमका स्वरूप

(सं॰ २०१९ वि॰ के श्रीराधाष्टमी-महोत्सवपर प्रवचन)

(दिनमें)

पूर्णानुरागरसमूर्तितडिल्लताभं
ज्योतिः परं भगवतो रतिमद्रहस्यम्।
यत्प्रादुरस्ति कृपया वृषभानुगेहे
तत्किंकरीभवितुमेव ममाभिलाषः॥

प्रेम्णः सन्मधुरोज्ज्वलस्य हृदयं शृङ्गारलीलाकला-
वैचित्रीपरमावधिर्भगवतः पूज्यैव कापीशता।
ईशानी च शची महासुखतनुः शक्तिः स्वतन्त्रा परा
श्रीवृन्दावननाथपट्टमहिषी राधैव सेव्या मम॥

बंदौं राधा-पद-कमल अमल सकल सुख धाम।
जिन के परसन हित रहत लालाइत नित स्याम॥
जयति स्याम-स्वामिनि परम निरमल रस की खान।
जिन पद बलि बलि जात नित माधव प्रेम-निधान॥

आज श्रीराधाजन्माष्टमी है। आजके ही मङ्गलमय दिवस साक्षात् सच्चिदानन्द-रसविग्रहा, आनन्दांशघनीभूता, आनन्दचिन्मयरसप्रतिभाविता, मन्मथ-मन्मथ-मन्मथा, परमानन्द-परमानन्ददायिनी, रसिकेन्द्र-शिरोमणि, रस-प्रदायिनी, रसिकेन्द्रेश्वरी, साक्षात् ह्लादिनी श्रीराधिकाजीका वृषभानुपुरमें मङ्गलमय प्राकट्य हुआ था। परम और

चरम त्यागका, सर्वसमर्पणमय उज्ज्वलतम प्रेमका, स्व-सुख-वाञ्छा-विरहित प्रियतम-सुखेच्छामय स्वभावका और अहंकी चिन्ता, मङ्गलकामना ही नहीं, अहंकी स्मृतिसे भी शून्य प्रियतम-स्मृतिमय जीवनका कैसा स्वरूप होता है—श्रीराधाने अपने प्रत्यक्ष जीवनसे इसका एक नित्य-चेतन क्रियाशील मूर्तिमान् उदाहरण उपस्थित करके जगत्के इतिहासमें एक अभूतपूर्व दान किया है। इस महान् दानका मङ्गलमूल आजका ही मङ्गलमय दिन है। इसलिये यह दिन धन्य है। यह भारतवर्ष धन्य है और इसके निवासी हमलोग भी धन्य हैं, जो आज श्रीराधाके प्राकट्य-महोत्सवके उपलक्षमें उनका मङ्गलमय स्मरण कर रहे हैं। ये श्रीराधाजी क्या हैं, इसका वास्तविक उत्तर तो वे स्वयं या उनके अभिन्नस्वरूप परमात्मा श्रीकृष्ण ही दे सकते हैं। हमलोग तो शास्त्रों, महात्माओं, संतों, साधकों और इस रस-सागरमें अवगाहन करनेवाले अनुभवी प्रेमीजनोंके वचनोंके आधारपर ही श्रीराधारानीका किंचित्-सा स्मरण करके धन्य हो जाते हैं।

श्रीराधारानीके प्रसिद्ध सोलह नाम पुराणोंमें आते हैं। यहाँ हम उन नामोंका जयघोष करें तथा उनका अर्थ समझनेका किंचित् प्रयास करें।

जय जय 'राधा', 'रासेश्वरि', जय 'रासवासिनी', जय जय जय।
'रसिकेश्वरी', जयति जय 'कृष्णप्राणाधिका' नित्य जय जय॥
'कृष्णस्वरूपिणि', 'कृष्णप्रिया' जय, 'परमानन्दरूपिणी' जय।
'कृष्ण-वाम-अँग-सम्भूता' जय, 'कृष्णा', 'वृन्दा' जय जय जय॥
'वृन्दावनी' जयति, जय 'वृन्दावनविनोदिनी', जय जय जय।
'चन्द्रावति', 'शतचन्द्रनिभमुखी', 'चन्द्रकान्ता' जय जय जय॥

श्रीराधाजीके राधा, रासेश्वरी, रासवासिनी, रसिकेश्वरी, कृष्णप्राणाधिका, कृष्णप्रिया, कृष्णस्वरूपिणी, कृष्णा, परमानन्दरूपिणी, कृष्णवामाङ्गसम्भूता, वृन्दावनी, वृन्दा, वृन्दावनविनोदिनी, चन्द्रावती, चन्द्रकान्ता और शतचन्द्रप्रभानना—ये सोलह नाम प्रसिद्ध हैं। इन्हें साररूप मानते हैं।

वे सम्पूर्णरूपसे सहज ही कृतकृत्य हैं, सिद्ध हैं, इससे उनका नाम 'राधा' है। अथवा 'रा' का अर्थ है देना और 'धा' का अर्थ है—निर्वाण। अतः वे मोक्ष—निर्वाण देनेवाली हैं, इससे राधा कहलाती हैं। वे रासेश्वर श्यामसुन्दरकी अर्धाङ्गिनी हैं अथवा रासकी सारी लीला उन्हींके मधुरतम ऐश्वर्यका प्रकाश है; इसलिये वे 'रासेश्वरी' कहलाती हैं। नित्य रासमें उनका नित्य निवास है, अतएव उनको 'रासवासिनी' कहते हैं। वे समस्त रसिक देवियोंकी सर्वश्रेष्ठ स्वामिनी हैं, अथवा रसिकशिरोमणि श्रीकृष्ण उनको अपनी स्वामिनी मानते हैं, इसलिये वे 'रसिकेश्वरी' कहलाती हैं। सर्वलोक-महेश्वर, सर्वमय और सर्वातीत परमात्मा श्रीकृष्णको वे प्राणोंसे भी अधिक प्रिय हैं, इसलिये उन्हें 'कृष्णप्राणाधिका' कहा जाता है। वे श्रीकृष्णकी परम वल्लभा हैं या श्रीकृष्ण उन्हें सदा परम प्रिय हैं, अतएव उन्हें 'कृष्णप्रिया' कहते हैं। वे स्वरूपतः—तत्त्वतः श्रीकृष्णसे सर्वथा अभिन्न हैं, समग्ररूपसे श्रीकृष्णके समान हैं एवं लीलासे ही वे श्रीकृष्णका यथार्थ स्वरूप धारण करनेमें भी समर्थ हैं; इसलिये वे 'कृष्णस्वरूपिणी' कहलाती हैं। वे परम सती एक समय श्रीकृष्णके वाम अर्धाङ्गसे प्रकट हुई थीं, इसलिये उनको 'कृष्णवामाङ्गसम्भूता' कहते हैं। भगवत्स्वरूपा परमानन्दकी राशि ही उन परम सतीशिरोमणिके रूपमें मूर्तिमती हुई है, अथवा जो भगवान्‌की अभिन्न परम-आनन्दस्वरूपा आह्लादिनी शक्ति हैं, इसीसे उनका एक नाम 'परमानन्दरूपिणी' प्रसिद्ध है। 'कृष्' धातु मोक्षवाचक है, 'न' उत्कृष्टका द्योतक है और 'आ' देनेवालीका बोधक है; इस प्रकार वे श्रेष्ठ मोक्ष प्रदान करती हैं अथवा वे श्रीकृष्णकी ही तत्त्वतः नित्य अभिन्न परंतु लीलासे भिन्नस्वरूपा हैं। अतः उनको 'कृष्णा' कहते हैं। 'वृन्द' शब्द सखियोंके समुदायका वाचक है और 'अ' सत्ताका बोधक है। सखीवृन्द उनका है—वे सखीवृन्दकी स्वामिनी हैं, इसलिये 'वृन्दा' कहलाती हैं। वृन्दावन उनकी मधुरलीलास्थली है, विहारभूमि है; इससे उन्हें 'वृन्दावनी' कहा जाता है। वृन्दावनमें उनका विनोद (मनोरञ्जन) होता है, अथवा उनके कारण समस्त वृन्दावनको आमोद प्राप्त होता है, इसीलिये वे 'वृन्दावनविनोदिनी' कहलाती हैं। उनकी नखावली चन्द्रमाओंकी पंक्तिके

समान सुशोभित है अथवा उनका मुख पूर्ण चन्द्रके सदृश है, इससे उनको 'चन्द्रावती' कहते हैं। उनके दिव्य शरीरपर अनन्त चन्द्रमाओंकी-सी कान्ति सदा-सर्वदा जगमगाती रहती है, इसीलिये वे 'चन्द्रकान्ता' कही जाती हैं और उनके मुखपर नित्य-निरन्तर सैकड़ों चन्द्रमाओंकी ज्योत्स्ना झलमल करती रहती है, इसीसे उनका नाम है 'शतचन्द्रनिभानना'।

भगवान् श्रीकृष्णकी प्राणाधिका, उनके परमानन्दकी प्रत्यक्ष मूर्ति राधाके इन नामोंकी इस संक्षिप्त व्याख्यासे हमें राधाके महत्त्वका कुछ परिचय प्राप्त होता है। 'राधा' वास्तवमें कोई एक मानवी नारीविशेष नहीं हैं। ये भगवान्की साक्षात् अभिन्ना शक्ति हैं। इनके सङ्गसे ही भगवान्में सर्वशक्तिमत्ताका प्रकाश होता है। भगवान् श्रीकृष्णने एक जगह कहा है—

राधा बिना अशोभन नित मैं रहता केवल कोरा कृष्ण।
राधा-सङ्ग सुशोभित होकर बन जाता हूँ मैं 'श्री'कृष्ण॥
राधा बिना बना रहता मैं क्रियाहीन निश्चल निःशक्त।
राधा-सङ्ग बनाता मुझको सक्रिय सचल अपरिमित शक्त॥
राधा मेरी परम आत्मा, जीवन, प्राण, नित्य आधार।
राधासे मैं प्रेम प्राप्तकर करता जन-जनमें विस्तार॥
मैं राधा हूँ, राधा मैं है, राधा-माधव नित्य अभिन्न।
एक सदा ही बने सरस दो करते लीला ललित विभिन्न॥

राधाके बिना मैं नित्य ही शोभाहीन केवल निरा कृष्ण रहता हूँ, पर राधाका सङ्ग मिलते ही सुशोभित होकर 'श्री'सहित कृष्ण— श्रीकृष्ण बन जाता हूँ। राधाके बिना मैं क्रियाहीन, निश्चल और शक्तिशून्य रहता हूँ; पर राधाका सङ्ग मिलते ही वह मुझे क्रियाशील (लीलापरायण, लीलाविग्रह), परम चञ्चल और अपरिमित शक्तिशाली बना देता है। राधा मेरी परम आत्मा है, मेरा जीवन है, मेरी प्राणभूता है। राधासे ही प्रेम प्राप्त करके मैं उस प्रेमका अपने प्रेमी-जनोंमें प्रसार-विस्तार करता हूँ। वास्तवमें

मैं ही राधा हूँ और राधा ही मैं है। हम राधा-माधव दोनों सदा अभिन्न हैं। हम सदा एक ही दो बने हुए रसमयी विभिन्न प्रकारकी ललित लीला किया करते हैं।

इतनी ही नहीं, राधा मुझे इतनी अधिक प्रिय है कि—

राधासे भी लगता मुझको अधिक मधुर प्रिय राधा-नाम।
'राधा' शब्द कान पड़ते ही खिल उठती हिय-कली तमाम॥
मूल्य नित्य निश्चित हैं मेरा प्रेम-प्रपूरित राधा नाम।
चाहे जो खरीद ले, ऐसा, मुझे सुनाकर राधा नाम॥
नारायण, शिव, ब्रह्मा, लक्ष्मी, दुर्गा, वाणी मेरे रूप।
प्राण समान सभी प्रिय मेरे, सबका मुझमें भाव अनूप॥
पर राधा प्राणाधिक मेरी अतिशय, प्रिय प्रियजन सिरमौर।
राधा-सा कोई न कहीं है मेरा प्राणाधिक प्रिय और॥
अन्य सभी ये देव, देवियाँ बसते हैं नित मेरे पास।
प्रिया राधिकाका है मेरे वक्षःस्थलपर नित्य निवास॥

—उन राधासे भी उनका 'राधा' नाम मुझे अधिक मधुर और प्यारा लगता है। 'राधा' शब्द कानमें पड़ते ही मेरे हृदयकी सम्पूर्ण कलियाँ खिल उठती हैं। प्रेमसे परिपूरित 'राधा' नाम मेरा नित्य निश्चित—सदा बँधा-बधाया मूल्य है। कोई भी ऐसा प्रेमपरिपूर्ण राधा-नाम सुनाकर मुझे खरीद ले सकता है। नारायण, शिव, ब्रह्मा, लक्ष्मी, दुर्गा, सरस्वती—सब मेरे ही रूप हैं। ये सभी मुझे प्राणोंके समान प्रिय हैं और इन सबका भी मुझमें बड़ा अनुपम भाव है। परंतु राधा तो मुझे प्राणोंसे भी अतिशय अधिक प्यारी है। वह समस्त प्रिय प्रेमीजनोंकी मुकुटमणि है। राधाके सदृश प्राणाधिक प्रिय दूसरा कहीं कोई भी नहीं है। ये अन्यान्य सभी देव-देवियाँ नित्य मेरे समीप रहती हैं, पर मेरी प्रियतमा राधिका तो सदा-सर्वदा मेरे वक्षःस्थलपर ही निवास करती है।

इस 'राधा' नामका अर्थ और महत्त्व बतलाते हुए शास्त्र कहते हैं—

रेफो हि कोटिजन्माघं कर्मभोगं शुभाशुभम्।
आकाराद् गर्भवासं च मृत्युं च रोगमुत्सृजेत्॥

****

धकार आयुषो हानिमाकारो भवबन्धनम्।
श्रवणस्मरणोक्तिभ्यः प्रणश्यन्ति न संशयः॥

'राधा' नामके पहले अक्षर 'र' का उच्चारण करते ही करोड़ों जन्मोंके संचित पाप और शुभ-अशुभ कर्मोंके भोग नष्ट हो जाते हैं। आकार (ा) के उच्चारणसे गर्भवास (जन्म), मृत्यु और रोग आदि छूट जाते हैं। 'ध' के उच्चारणसे आयुकी वृद्धि होती है और आकारके उच्चारणसे जीव भवबन्धनसे मुक्त हो जाता है। इस प्रकार 'राधा' नामके श्रवण, स्मरण और उच्चारणसे कर्मभोग, गर्भवास और भव-बन्धनादि एक ही साथ नष्ट हो जाते हैं—इसमें कोई संदेह नहीं।

रेफो हि निश्चलां भक्तिं दास्यं कृष्णपदाम्बुजे।
सर्वेप्सितं सदानन्दं सर्वसिद्धयोघमीश्वरम्॥
धकारः सहवासं च तत्तुल्यकालमेव च।
ददाति सार्ष्टिसारूप्यं तत्त्वज्ञानं हरेः समम्॥
आकारस्तेजसां राशिं दानशक्तिं हरे यथा।
योगशक्तिं योगमतिं सर्वकालं हरिस्मृतिम्॥
श्रुत्युक्तिस्मरणाद्योगान्मोहजालं च किल्बिषम्।
रोगशोकमृत्युयमा वेपन्ते नात्र संशयः॥

'राधा' नामके अन्तर्गत राकारके उच्चारणसे मनुष्य श्रीकृष्ण-चरणकमलमें निश्चला भक्ति और भगवान्‌के दासत्वको प्राप्त करके समस्त अभिलषित पदार्थ, सदानन्द और समस्त सिद्धियोंकी खान ईश्वरकी प्राप्ति करता है तथा धकारका उच्चारण उसे सार्ष्टि, सारूप्य, भगवान्‌के स्वरूपका तत्त्वज्ञान और समानकाल उनके साथ रहनेकी स्थिति प्रदान करता है। आकार उच्चारित होनेपर शिवके समान औढरदानीपन, तेजोराशि, योगशक्ति, योगमें मति और सर्वकालमें श्रीहरिकी स्मृति प्राप्त होती है। इस प्रकार 'राधा' नामके श्रवण, उच्चारण, स्मरण और संयोगसे मोह-जाल तथा पापराशिका नाश हो जाता है और रोग-शोक-मृत्यु तथा यमराज उसके भयसे काँपने लगते हैं।

'रा' शब्दोच्चारणादेव स्फीतो भवति माधवः।
'धा' शब्दोच्चारणात् पश्चाद्धावत्येव ससम्भ्रमः॥

'रा' शब्दका उच्चारण करनेपर उसे सुनते ही माधव हर्षसे फूल जाते हैं और 'धा' शब्दका उच्चारण करनेपर बड़े सत्कारके साथ उसके पीछे-पीछे दौड़ने लगते हैं।

'रा' शब्दोच्चारणाद्भक्तो राति मुक्तिं सुदुर्लभाम्।
'धा' शब्दोच्चारणाद्दुर्गे धावत्येव हरेः पदम्॥
'रा' इत्यादानवचनो 'धा' च निर्वाणवाचकः।
यतोऽवाप्नोति मुक्तिं च सा च राधा प्रकीर्तिता॥

'रा' शब्दके उच्चारणसे भक्त परम दुर्लभ मुक्ति-पदको प्राप्त करता है और 'धा' शब्दके उच्चारणसे निश्चय ही वह दौड़कर श्रीहरिके धाममें पहुँच जाता है।

'रा' का अर्थ है 'पाना' और 'धा' का अर्थ है निर्वाण—मोक्ष; भक्तजन उनसे निर्वाण मुक्ति प्राप्त करता है, इसलिये उन्हें 'राधा' कहा गया है।

आज इन महामहिमामयी राधाजीका प्राकट्य-महोत्सव है। अतः हम राधिकाजीके महत्त्वपर कुछ विचार करके उसे जीवनमें उतारनेकी चेष्टा करेंगे या करनेका व्रत लेंगे, तभी हमारा यह महोत्सव यथार्थतः सफल होगा। तभी इसका असली लाभ प्राप्त करके हम धन्य हो सकेंगे। इस गोपी-प्रेम या राधा-प्रेममें त्यागकी पराकाष्ठा है। इसीलिये यह प्रेम शिव-नारदादिके द्वारा वाञ्छित, महातपस्वी मुनि महानुभावोंके द्वारा अभीप्सित—यहाँतक कि महान् तपस्याके द्वारा ब्रह्मविद्यातकके लिये भी प्राप्तव्य है। विषयासक्त पामरोंकी—जो निषिद्ध भोगोंके उपार्जन-सेवनमें लगे रहते हैं—तो बात ही नहीं है, सकाम वैधकर्मी भी इह-परके भोगोंकी वाञ्छा करते हैं। योगी चित्त-वृत्तिके निरोधके द्वारा परमात्म-ज्योतिका दर्शन करना चाहते हैं, ज्ञानी अहंको बन्धनसे मुक्त करके मोक्ष-सुख पाना चाहते हैं और निष्कामकर्मी अन्तःकरणकी शुद्धिके द्वारा ज्ञान प्राप्त करना या नैष्कर्म्य-सिद्धिके द्वारा आत्मसाक्षात्कार करना चाहते हैं। इन सभीमें एक स्वार्थ है, अहंके मङ्गलकी एक वासना है—चाहे वह कितनी ही ऊँची हो, कितनी ही दुर्लभ और महान् हो। परंतु इस परम प्रेमके साधकोंको तो आरम्भसे ही स्व-सुख-वासनाके त्यागका पाठ पढ़ना पड़ता है। अहंकी विस्मृतिकी शिक्षा ग्रहण करनी पड़ती है। इसका प्रारम्भ होता है 'तत्सुखसुखित्व'की पवित्र भावनासे, भगवान्‌को परम प्रियतम मानकर उनको सुख

पहुँचानेवाली त्यागमयी रसमयी कल्पनासे। श्रीराधारानी और उनकी सङ्गिनी गोपाङ्गनाएँ इस रसमय, त्यागमय प्रेमकी परम आदर्श हैं। इस आदर्शको सामने रखकर हम जितना ही स्वार्थ-त्याग करेंगे, जितना ही 'पर' को 'स्व' मानकर प्रेमभरे हृदयसे उसके लिये त्याग करेंगे, उतना ही इस मार्गमें आगे बढ़ सकेंगे। होते-होते जब भगवान् श्रीकृष्ण ही हमारे एकमात्र 'स्व' रह जायँगे, तब उनका सुख ही हमारा 'परम स्वार्थ' बन जायगा, तब हमारा प्रत्येक विचार और प्रत्येक कर्म 'भगवत्सुखार्थ' ही होगा। यही गोपीभाव है। इस गोपीभावकी जहाँ पराकाष्ठा है और वह पराकाष्ठा भी जहाँ ससीम बनी हुई नित्य असीम अनन्तकी ओर प्रवाहित हो रही है, वह है—श्रीराधाभाव। इस महाभावकी जीती-जागती प्रत्यक्ष प्रतिमा हैं श्रीराधाजी।

वे श्रीराधाजी भगवान् श्रीकृष्णकी आत्मा हैं। इनके साथ रमण करनेके कारण ही रहस्यके जाननेवाले मर्मज्ञ विद्वान् श्रीकृष्णको 'आत्माराम' कहते हैं—

आत्मा तु राधिका तस्य तयैव रमणादसौ।
आत्मारामतया प्राज्ञैः प्रोच्यते गूढवेदिभिः॥

स्वरूपतः श्रीराधा-माधव सदा एक होनेपर भी एक-दूसरेकी आराधना करते हैं।

राधा भजति श्रीकृष्णं स च तां च परस्परम्।
उभयोः सर्वसाम्यं च सदा सन्तो वदन्ति च॥

राधा श्रीकृष्णकी आराधना करती हैं और श्रीकृष्ण राधाकी। वे दोनों परस्पर आराध्य-आराधक हैं। संत कहते हैं कि उनमें सभी दृष्टियोंसे पूर्ण समता है।

'नारदपाञ्चरात्र'में राधाके सम्बन्धमें कहा गया है—

यथा ब्रह्मस्वरूपश्च श्रीकृष्णः प्रकृतेः परः।
तथा ब्रह्मस्वरूपा च निर्लिप्ता प्रकृतेः परा॥
प्राणाधिष्ठातृदेवी या राधारूपा च सा मुने।

जैसे श्रीकृष्ण ब्रह्मस्वरूप हैं तथा प्रकृतिसे सर्वथा परे हैं, वैसे ही श्रीराधा भी ब्रह्मस्वरूपा, मायाके लेपसे रहित तथा प्रकृतिसे परे हैं। श्रीकृष्णके प्राणोंकी जो अधिष्ठातृदेवी हैं; वे ही श्रीराधा हैं।

यही बात देवीभागवतमें कही गयी है—

कृष्णप्राणाधिदेवी सा तदधीनो विभुर्यतः ।
रासेश्वरी तस्य नित्यं तया हीनो न तिष्ठति ॥

श्रीराधा श्रीकृष्णके प्राणोंकी अधिष्ठातृदेवी हैं। कारण, परमात्मा श्रीकृष्ण उनके अधीन हैं। वे रासेश्वरी सदा उनके समीप रहती हैं। वे न रहें तो श्रीकृष्ण टिकें ही नहीं।

इतनेपर भी राधा कभी अपनेको न तो उनके प्राणोंकी अधिष्ठातृदेवी मानती हैं और न उनके द्वारा आराध्या ही मानती हैं। वे सदा ही विनम्र हृदयसे प्रार्थना करती रहती हैं—

त्वत्पादाब्जे मन्मनोऽलिः सततं भ्रमतु प्रभो ।
पातु भक्तिरसं पद्मे मधुपश्च यथा मधु ॥
मदीयप्राणनाथस्त्वं भव जन्मनि जन्मनि ।
त्वदीयचरणाम्भोजे देहि भक्तिं सुदुर्लभाम् ॥
तव स्मृतौ गुणे चित्तं स्वप्ने ज्ञाने दिवानिशम् ।
भवेन्निमग्नं सततमेतन्मम मनीषितम् ॥

(ब्र० कृ० २७। २३०—२३२)

'प्रभो! तुम्हारे चरण-सरोजमें मेरा मनरूपी भ्रमर निरन्तर भ्रमण करता रहे और जैसे वह मधुप कमलका मधुपान करता है, वैसे ही यह प्रेमरस पान करता रहे। जन्म-जन्ममें तुम्हीं मेरे प्राणनाथ होओ और मुझे अपने पद-पङ्कजमें सुदुर्लभ प्रेम-भक्ति प्रदान करो। प्रभो ! मेरे मनकी यही एकमात्र चाह है कि मेरा चित्त स्वप्न और जागरण—सभी अवस्थाओंमें दिन-रात केवल तुम्हारी ही स्मृति और गुणोंमें डूबा रहे।'

श्रीराधाजीकी इस प्रार्थनाका अनुसरण करते हुए हम भी श्रीराधिकाजीसे ऐसी ही प्रार्थना करें—

स्यामस्वामिनी राधिके ! करौ कृपा कौ दान ।
सुनत रहैं मुरली मधुर मधुमय बानी कान ॥
पद-पंकज-मकरन्द नित पियत रहैं दृग-भृंग ।
करत रहैं सेवा परम सतत सकल सुचि अंग ॥

रसना नित पाती रहै दुर्लभ भुक्त प्रसाद।
बानी नित लेती रहै नाम-गुननि-रस-स्वाद॥
लगौ रहै मन अनवरत तुम में आठौं जाम।
अन्य स्मृति सब लोप हों सुमिरत छबि अभिराम॥
बढ़त रहै नित पलहिं-पल दिव्य तुम्हारौ प्रेम॥
सम होवैं सब द्वंद पुनि, बिसरैं जोग-च्छेम॥
भुक्ति-मुक्ति की सुधि मिटै, उछलैं प्रेम-तरंग।
राधा-माधव सरस सुधि करै तुरत भव-भंग॥

बोलो वृषभानुकुमारी श्रीराधारानीकी जय जय जय!

(रात्रिमें)

कामं तूलिकया करेण हरिणा यालक्तकैरङ्किता
नानाकेलिविदग्धगोपरमणीवृन्दे तथा वन्दिता।
या संगुप्ततया तथोपनिषदां हृद्येव विद्योतते
सा राधाचरणद्वयी मम गतिर्लास्यैकलीलामयी॥
कालिन्दीतटकुञ्जमन्दिरगतो योगीन्द्रवद्यत्पद-
ज्योतिर्ध्यानपरः सदा जपति यां प्रेमाश्रुपूर्णो हरिः।
केनाप्यद्भुतमुल्लसद्रतिरसानन्देन सम्मोहिता
सा राधेति सदा हृदि स्फुरतु मे विद्या परा द्व्यक्षरा॥

रसिक स्याम की जो सदा रसमय जीवनमूरि।
तिन पदपंकज की सतत बंदौं पावन धूरि॥
जयति निकुंजबिहारिनी हरनि स्याम-संताप।
जिन तनकी छाया तुरत हरत मदन-मन-दाप॥

परम भक्त-चूड़ामणि और भक्तिके प्रसिद्ध आचार्य देवर्षि नारदजीने श्रीव्रजाङ्गनाओंकी परम प्रेमरूपा भक्तिका स्वरूप बतलाया है—'**तदर्पिताखिलाचारता तद्विस्मरणे परमव्याकुलता**' अर्थात् उसमें अखिल आचार सहज ही समर्पित हो जाते हैं, अपने पास कुछ भी नहीं रह जाता। सभी दृष्टियोंसे और सभी प्रकारसे परम

अकिंचनताका उदय हो जाता है। तब परम प्रियतम श्रीकृष्णकी मधुर मनोहर दिव्य सुधामयी सुख-स्मृतिरूपी मुनि-जन-दुर्लभ एकमात्र परम धनकी प्राप्ति होती है और इस भुक्ति-मुक्तिकी सहज विस्मृतिसे समन्वित प्रियतम-स्मृतिमें कभी कहीं यदि क्षणमात्रके लिये भी रुकावट-सी आती है तो 'परम व्याकुलता' उत्पन्न हो जाती है। जिसकी ऐसी स्वाभाविक स्थिति है, वह है—व्रजगोपी **(यथा व्रजगोपिकानाम्)** । इस गोपीभावकी परम मधुर, परम विशद समुज्ज्वल सुधाधारा जिस मूल स्रोतसे प्रवाहित होती है और प्रत्येक धाराका प्रत्येक सुधाकण जिस नित्यप्रवाही सुधा-रसार्णवका एक सीकर होता है तथा प्रत्येक सुधाकणका अन्तमें जिस प्रेम-सुधा-समुद्रमें पर्यवसान होता है, वह इस परम प्रेमका मूल उत्स और इस प्रेमका अनन्त अगाध नित्यप्रवाही समुद्र है—श्रीराधाजी। यही राधाका स्वरूप है। इस त्यागमय परम प्रेमके सांकेतिक स्वरूपको कण्ठस्थ करनेयोग्य इन पंक्तियोंमें पढ़िये-सुनिये—

देह-प्राण-मन-बुद्धि-इन्द्रियाँ, इनके स्वाभाविक सब कर्म।
अभिलाषा, आसक्ति, कामना, आशा, तृष्णाके सब मर्म॥
माया, मोह, अहंता, ममता एवं उनके सब आचार।
इह-परके, परमार्थ-स्वार्थके ऊँचे नीचे सब व्यापार॥
धन, जन, जीवन, स्वजन, सुयस, सत्कीर्ति, परम आदर-सम्मान।
सुगति, सिद्धि, सम्पत्ति, सफलता, प्रज्ञा अमल, विवेक महान॥
देहधर्म, परिवार-धर्म सब, लोकधर्म, वैदिक सब धर्म।
सर्वधर्म, धर्मी, धर्मात्मा, धर्मशरीर, धर्मका वर्म॥
देह-कुटुम्ब-स्वर्ग-सुख अनुपम अतुल मुक्ति-सुख ब्रह्मानन्द।
सभी समर्पण हुए सहज ही, रहा न कुछ भी उत्तम-मन्द॥
जाग्रत्-स्वप्न-सुषुप्ति-तुरीया, द्रष्टा-दर्शन-दृश्य-विचार।
भूत-भविष्यत्-वर्तमान सब हुए समर्पित निरहंकार॥
रही न रंचक स्मृति अर्पणकी, रहा न कहीं तनिक अभिमान।
करता पतन उच्चस्तरसे जो, हरते जिसे स्वयं भगवान॥
सर्वत्याग शुचितम होता यों—जहाँ एक प्रियतम-सुख हेतु।

होता उदय प्रेम-रवि, उज्ज्वल मरता काम-राहु तम-केतु॥
होता दैन्य प्रकट पावन तब, बढ़ता प्रियतम-सुखका चाव।
स्मरण 'अनन्य', 'सुखी तत्सुख' से—यही मधुरतम गोपीभाव॥
परम रत्न इस शुचि अमूल्य रतिकी जो विमल विलक्षण खान।
नित्य अगाध सहज ही प्रतिपल वर्धमान जो अमित अमान॥
स्नेह-मान-प्रणयादि अष्टविध रतिका जो सर्वोच्च सुरूप।
महाभावरूपा वे राधा सहज कृष्ण-कर्षिणी अनूप॥

शरीर, प्राण, मन, बुद्धि, इन्द्रियाँ और उनके सभी स्वाभाविक कर्म; अभिलाषा, आसक्ति, कामना, आशा और तृष्णाका सम्पूर्ण रहस्य; माया, मोह, अहंता, ममता और उनकी प्रेरणासे होनेवाले सब आचरण; इस लोकके और परलोकके, परमार्थ और स्वार्थके ऊँचे-नीचे सारे व्यवहार-व्यापार; धन, जन, जीवन, स्वजन, सुन्दर यश, सात्त्विक कीर्ति और श्रेष्ठ आदर-सम्मान; शुभ गति, सिद्धि, लौकिक और दैविक सम्पत्ति, सफलता, निर्मल बुद्धि और महान् विवेक; देहके धर्म, परिवारके धर्म, सारे लोक-धर्म, सारे वेद-धर्म, अन्य धर्ममात्र, उनके धर्मी, धर्मके आत्मा, धर्मजीवन और धर्मका कवच; शरीरके, कुटुम्बके और स्वर्गके अनुपम सुख, अतुलित मुक्ति-सुख और ब्रह्मानन्द—ये सब कुछ सहज ही समर्पित हो गये। कुछ भी उत्तम-मन्द नहीं बच रहा। यहाँतक कि जाग्रत्-स्वप्न-सुषुप्ति और तुरीय—ये चारों अवस्थाएँ तथा भूत-भविष्य-वर्तमान—ये तीनों काल भी बिना किसी अहंकारके समर्पित हो गये। फिर इस सर्व-समर्पणकी स्मृति भी समर्पित हो गयी, वह भी जरा-सी भी नहीं बची और न कहीं अर्पण या त्यागका तनिक-सा वह अभिमान ही बचा, जो उच्चस्तरसे गिरा देता है और स्वयं भगवान् जिसका हरण—नाश करते हैं—**'अभिमानद्वेषित्वात्'**। यों जब एकमात्र प्रियतमके सुखके लिये पवित्रतम सर्वत्याग हो जाता है, तब समुज्ज्वल प्रेम-सूर्यका उदय होता है और काम-तमरूप राहु-केतु मर जाते हैं। तदनन्तर सबको पवित्र कर देनेवाला एक विलक्षण दैन्य प्रकट होता है और उसीके साथ प्रियतमको सुख देनेका चाव आत्यन्तिक रूपसे बढ़ जाता है। यह अनन्य-स्मरण और प्रियतमके सुखसे सुखी होना ही मधुरतम गोपीभाव है। इस मधुरतम परम पवित्र श्रेष्ठ अमूल्य

प्रेम-रत्नकी जो निर्मल और विलक्षण खान है; जो नित्य अगाध प्रेम सहज ही पल-पलमें अपरिमित रूपसे बढ़ता रहता है; प्रीति, स्नेह, मान, प्रणय, राग, अनुराग, भाव और महाभाव—इस आठ प्रकारके प्रेमका जो सर्वोच्च सुन्दर रूप महाभाव है, उसीका प्रत्यक्ष मूर्तिमान् रूप—सहज ही श्रीकृष्णको आकर्षित करनेवाली महाभावरूपा अनुपमेय श्रीराधा हैं।

ये परम प्रेममयी श्रीराधा सर्वत्यागमयी और नित्य श्रीकृष्णस्वरूपा, श्रीकृष्णात्मस्वरूपा और श्रीकृष्ण-चित्ताकर्षिणी हैं। इतना होते हुए भी इनकी सहज-स्वभावगत चेष्टा नित्य-निरन्तर श्रीकृष्ण-सुखके लिये हुआ करती है। ये दिन-रात समुद्रको आत्मदान देती रहनेवाली सुरसरिके सदृश अनादिकालसे अनन्तकालतक प्रियतम श्रीकृष्णको सुख देती ही रहती हैं। यों उनके नित्य सर्वसुखदायिनी होनेपर भी ये यही अनुभव करती हैं कि मैं सदा-सर्वदा प्रियतम श्रीकृष्णसे लेती ही रहती हूँ।

इस दिव्य त्यागमय परम प्रेममें तीन बातें अनिवार्य होती हैं और ये तीनों ही परम प्रेमके परमोच्च स्तरमें परिणत महाभावमें सहज समुदित दैन्यके दर्शन कराती हैं—

(१) निरन्तर देते रहनेपर भी अपने लिये निरन्तर लेते रहनेका अनुभव करना।

(२) देने योग्य वस्तुमात्रका अपनेमें सदा ही अभाव देखना।

(३) सेवा करनेकी किंचित् भी योग्यताका अपनेमें न दीखना और सदा ही संकुचित मनसे प्रत्येक सेवामें सेव्य प्रियतम श्रीकृष्णके ही असाधारण सौशील्य, औदार्य एवं स्नेह-परवशताके दर्शन करते हुए सर्वसमर्पण हो जानेपर भी सदा समर्पण करते ही रहना।

परम महिमामय इस दैन्यके ये तीनों स्वरूप श्रीराधामें पूर्णतया प्रकट होनेपर भी इनकी अधिकता, उज्ज्वलता, पवित्रता, सुगन्ध और सरसता सदा-सर्वदा उत्तरोत्तर असीमकी ओर बढ़ती ही जा रही है। जैसे श्रीकृष्णका सौन्दर्य-माधुर्य नित्य-नवीन वर्द्धनशील है, जैसे पवित्र प्रेमका स्वरूप नित्य-निरन्तर प्रतिपल बढ़नेवाला होनेसे नित्य-नवीन है, वैसे ही श्रीराधा और उनकी कायव्यूहरूपा श्रीगोपाङ्गनाओंके परम

श्रीराधाकृष्णाभ्यां नमः

49

श्रीराधा-माधव-चिन्तन

ग्रन्थकार- हनुमानप्रसाद पोद्दार

पवित्र रसमय महाभावका यह दैन्य भी नित्य नव सरसता, नित्य नव लावण्य, नित्य नव मधुरता, नित्य नव समर्पणरूपता और नित्य नव प्रियतम-सुखेच्छाके रूपमें बढ़ा चला जा रहा है। वस्तुतः इस परम प्रेममें प्रियतम श्रीश्यामसुन्दरके सुखकी सहज स्पृहा और स्व-सुखवासनामात्रके त्यागकी स्थिति स्वाभाविक हो जाती है और वह उत्तरोत्तर बढ़ती रहती है। अतएव किसी भी विचारमें, चेष्टामें, क्रियामें भोग-मोक्षकी इच्छाके उदयका सर्वथा अभाव रहता है।

उद्धवजी भगवान् श्रीकृष्णके भेजे हुए व्रजमें जाते हैं। वे सबसे मिलते हैं, सबको समझाते हैं। अन्तमें भाग्यवती प्रेमस्वरूपा श्रीगोपाङ्गनाओंसे और श्यामसुन्दरकी अभिन्नरूपा और उनकी प्राणाधिका श्रीराधिकासे एकान्तमें मिलते हैं। पहले समझानेकी चेष्टा करते हैं, फिर उनके प्रेमकी महान् उच्च स्थितिको देखकर हतप्रभ हो जाते हैं। उद्धवजीके अपने ज्ञानका अभिमान दूर हो जाता है, वे उनसे प्रेमशिक्षा ग्रहण करते हैं और अन्तमें उन गोविन्द-प्रेमरूपिणी गोपरमणियोंके निवास-स्थान वृन्दावनमें कोई लता-गुल्म-ओषधि बनकर भी उनकी चरणधूलि प्राप्त करनेकी महती अभिलाषा करते हैं—

आसामहो चरणरेणुजुषामहं स्यां
वृन्दावने किमपि गुल्मलतौषधीनाम्।
या दुस्त्यजं स्वजनमार्यपथं च हित्वा
भेजुर्मुकुन्दपदवीं श्रुतिभिर्विमृग्याम्॥

(श्रीमद्भागवत १०।४७।६१)

'अहो! मैं इस वृन्दावनमें कोई झाड़ी, बेल अथवा ओषधि—जड़ी-बूटी ही बन जाऊँ। ऐसा बन जाऊँगा तो मुझे इन व्रजाङ्गनाओंकी चरणरज निरन्तर मिलती रहेगी। उस चरणरजमें स्नान करके मैं धन्य हो जाऊँगा। इन गोपियोंकी बड़ी महिमा है, इन्होंने उन प्रेममय भगवान्‌की, जिनको श्रुतियाँ—वेद, उपनिषद् सदा खोजते ही रहते हैं परंतु पाते नहीं, पदवीको, तन्मयताको, उनके परम प्रेमको पा लिया है और इसके लिये इन्होंने दुस्त्यज स्वजन-सम्बन्धी और लोक-वेदकी मर्यादा—आर्यमार्गका भी परित्याग कर दिया है।'

फिर उद्धवजी जब वहाँसे चलने लगते हैं, तब श्रीराधाजी विकल हो जाती हैं। वे कहने लगती हैं—

उद्धव ! राधा-सी अभागिनी दुःखभागिनी पापिन कौन?
जिसको छोड़, मधुपुरी जाकर माधव मधुर हो गये मौन !
ऐसी प्रियवियोगिनी तरुणी मेरे सिवा न कोई और।
प्रिय-बिछोहमें शून्य दीखते जिसको सभी काल, सब ठौर॥
पल-पलमें बढ़ता जाता है दारुण-से-दारुण उर-दाह।
सूखे कण्ठ-तालु सब जिसके, निकल न पाती मुखसे आह॥
प्रियतमके वियोगकी ज्वालामें कैसा भीषण उत्ताप।
कर न सकेगा उसका कोई, कभी कल्पनासे भी माप॥
मेरे मनकी विषम वेदना रहती मनमें ही अव्यक्त।
भाषा नहीं पहुँच पाती है, शब्द नहीं कर पाते व्यक्त॥
कैसे किसे सुनाऊँ, उद्धव! मैं अपने मनकी यह बात।
कौन बोध देकर कर सकता, शीतल मेरे जलते गात॥
दुखी न होओ देख मुझे तुम, जाओ उद्धव! हरिके पास।
झुलसा दें न कहीं ये मेरे तुम्हें घोर संतापी श्वास॥

'उद्धव ! इस राधाके सदृश अभागिनी, दुःखभागिनी तथा पापिनी भला और कौन होगी, जिसको छोड़कर उनके बड़े मीठे माधव मधुपुरी चले गये और वहाँ जाकर कहना-सुनना ही बंद कर दिया? प्रियतमका ऐसा वियोग सहनेवाली तरुणी मेरे सिवा और कोई नहीं है! मुझे उन प्रियतमके विछोहमें आज सभी देश और सभी काल सूने दिखायी दे रहे हैं। पल-पलमें मेरे हृदयका दाह भीषण-से-भीषणरूपमें बढ़ा चला जा रहा है। इस तापसे मेरे कण्ठ-तालू भी ऐसे सूख गये कि मुँहसे आह भी नहीं निकल पा रही है। प्रियतमके वियोगकी ज्वालामें कैसा भयानक ताप होता है, इसका परिमाण कोई कभी कल्पनासे भी नहीं कर सकेगा। मेरे मनकी भीषण वेदना मेरे मनमें ही अप्रकट रह जाती है, न वहाँतक कोई भाषा पहुँचती है और न कोई शब्द ही उसे व्यक्त कर पाते है। मैं अपने मनकी बात, उद्धव ! किसे सुनाऊँ

और कैसे सुनाऊँ? (और जब कोई मेरे हृदयकी बातको जानता ही नहीं,) तब मुझे प्रबोध देकर कौन मेरे जलते-भुनते अङ्गोंको शीतल कर सकता है? उद्धव ! तुम मेरा दुःख देखकर दुःखी न होओ, (मेरा मन अपहरण करके चले जानेवाले) उन हरिके पास चले जाओ; यहाँ ठहरे तो, कहीं मेरे ये घोर आग उगलनेवाले श्वास तुम्हें झुलस न दें।'

यों कहते-कहते राधाजी अत्यन्त व्याकुल हो जाती हैं और मूर्छित होकर जमीनपर ढुलक पड़ती हैं। उद्धवजीके द्वारा समयोचित उपचार किये जानेपर कुछ समयके बाद श्रीराधाजीकी चेतना लौटती है। तदनन्तर श्रीराधाके दुःखसे अत्यन्त दुःखी, उनके तापसे संतप्त सहज-सुहृद् उद्धव क्षोभ प्रकट करते हुए कहने लगते हैं—'महिमामयी राधा ! मैं अबतक जानता था, हमारे श्यामसुन्दर सदय-सहृदय हैं और प्रियजन-सुखद हैं। पर आज इन सब गोपाङ्गनाओंकी और तुम्हारी उनके वियोगमें ऐसी दारुण दीन दशा देखकर मैं यह निश्चितरूपसे अनुभव करने लगा हूँ कि वे सचमुच बड़े ही निष्ठुर-निर्दय हैं राधे ! तुम उन कपटी, निर्मोही बन्धुका स्मरण करके क्यों इतनी दुःखी हो रही हो………… ।'

श्रीराधाको उद्धवके इन सहानुभूतिपूर्ण वचनोंमें भी प्रियतमकी निन्दा सुनना सहन नहीं हुआ और वे उन्हें रोककर बीचमें ही बोल उठीं—'उद्धव ! ऐसा मत कहो। वे मेरे प्राणनाथ कदापि निष्ठुर-निर्दय नहीं हैं। वे बड़े ही सदय-सहृदय हैं। मैं जानती हूँ, उनका हृदय अत्यन्त कोमल है। अब भी वे मेरी स्मृतिसे, पता नहीं, कितने कैसे व्याकुल हो रहे होंगे। वे बिना ही रूप-गुण देखे सदा मुझपर मुग्ध रहते हैं। सच तो यह है कि मैं ही अभागिनी हूँ। उद्धव ! मैं उन प्राणनाथ प्रियतमको कैसे भूल जाऊँ? उनकी मधुर-मधुर स्मृति ही तो मेरा जीवन है—मेरा अस्तित्व है। इस राधाके रूपमें केवल उनकी स्मृति ही तो बची है। क्षणभरकी भी उनकी विस्मृतिका अर्थ है—राधाका मरण—राधाके अस्तित्वका अभाव !'

बिसारूँ कैसे स्याम सुजान ?
एकमात्र स्मृति ही है आत्मा, स्मृति ही जीवन-प्रान ॥

एक मधुर अनन्य स्मृति प्रिय की नित्य अखंड बनी मन।
प्रानि, पदार्थ, परिस्थिति—सब कौ सहजहिं भयो बिसर्जन॥
नित नव सुंदरता, नव माधुरि, नित नव रूप-विकास।
नित नव प्रीति, नित्य नव गौरव, नित नव रासबिलास॥
नित नव नेह, भाव नित नूतन रातदिवस मन राजत।
नित नव संगम की मधुर स्मृति हियमहँ नित्य बिराजत॥
गुन-गरिमा, महिमा, सुहाग-सुख, रस-वर्षी मुसुकान।
आतुर मान-मनावनि, बोलनि सुधा-मधुर रसखान॥
चरनकमल, मुखमंडल, मधुमय रूप, केस सिंगार।
बिकट भ्रुकुटि, दृग नलिन बिसद, पग नूपुर की झनकार॥
स्रवनमात्र मन होत प्रहरषित, परस प्रफुल्लित देह।
स्मृति में होत सुस्निग्ध आतमा, उपजत नित नव नेह॥
कोटि-कोटि सत मन्मथ जिन के पटतर आत लजावत।
ब्रह्मा, सिव, सनकादि गुननि कौ जिनके पार न पावत॥
एक बार सपनेहुँ जिन्ह कीन्हे रूपरासि के दरसन।
अग-जग बिसरि, कियौ तिन अपनौ सरबस बिबस समरपन॥
जिनके मधुर मनोहर मंजुल गुन, स्वर-लहरी अतुलित।
पाहन काठ करत द्रवमय जल, मृत तरु करत सुमुकुलित॥
वायु-सूर्य की गति स्तंभित करि, अचल करत सब चेतन।
तिन कौं प्रियतम रूप पाइ पुनि कैसैं सुधि बिसरै मन॥
मेरे प्राननाथ वे प्रियतम, मधुर-मधुर जीवनधन।
रातदिनाँ वे रहत हृदय में बिलगत नहिं एकहु छिन॥
ऊधौ! तिन में मैं, वे मो में, नहीं भेद कौ लेस।
प्रियतम के ढिंग जाउ सिदौसी, मेटौ मन कौ क्लेस॥

'मैं उन सुजान श्यमासुन्दरको कैसे भूल जाऊँ, एकमात्र उनकी वह स्मृति ही मेरी आत्मा है, वह स्मृति ही मेरा जीवन-प्राण है। प्रियतमकी एक अनन्य अखण्ड

स्मृति नित्य-निरन्तर मनमें बनी रहती है; उनके अतिरिक्त अन्य सभी प्राणी, पदार्थ, परिस्थितिका मनसे विसर्जन हो गया है। उनका वह नित्य नूतन सौन्दर्य, नित्य नव माधुर्य, नित्य नया-नया रूपका विकास, नित्य नया प्रेम, नित्य नूतन प्रेमका गौरव, नित्य नूतन स्नेह और नित्य नवीन भाव रात-दिन मेरे मनमें स्मृतिरूपसे सुशोभित हैं। उनके नित्य नवीन संगमकी मधुर स्मृति मेरे हृदयमें नित्य-निरन्तर विराजित रहती है। उनकी वह गुण-गरिमा, महिमा, उनके द्वारा मिला हुआ सौभाग्य-सुख, उनकी वह रस बरसाती मधुर मुसुकान, मेरे मान करनेपर आतुर होकर मनानेकी मधुर चेष्टा, उनकी सुधामधुर रसकी खान वाणी, उनके वे अरुण चरणकमल, उनका मनोहर मुखमण्डल, मधुमय रूप और उनका वह केशोंका रूपशृङ्गार, वे बाँकी भौंहें, विशाल कमलदल-लोचन एवं पैरोंके नूपुरोंकी झनकार सदा ही स्मरण रहती हैं। कहीं उनकी ये बातें जरा-सी सुननेको मिल जाती हैं तो मन हर्षसे पूर्ण हो जाता है। शरीर स्पर्शमात्रसे प्रफुल्लित हो जाता है। स्मृतिसे आत्मा ही सुस्निग्ध हो जाता है एवं नित्य-नूतन स्नेहका उदय होता है। सैकड़ों करोड़-करोड़ कामदेव जिनकी तुलनामें आते लजाते हैं, ब्रह्मा, शिव और सनकादि जिनके गुणोंका पार नहीं पाते—उस रूपराशिकी एक बार स्वप्नमें भी जिसको झाँकी दीख गयी, वही सारे अग-जगको भूलकर विवश होकर अपना सर्वस्व समर्पण करनेको बाध्य हो गया। जिनके मधुर मनोहर सुन्दर गुण तथा जिनकी स्वर-लहरी ऐसी अतुलित है कि जो कठोर पाषाण और काष्ठको भी द्रवमय जल बनाकर बहा देती है, मरे हुए वृक्षोंको हरे-भरे करके भलीभाँति मुकुलित कर देती है, वायु तथा सूर्यकी चाल रोक देती है और समस्त चल चेतनोंको अचल कर देती है ऐसे उनको मैंने प्रियतमके रूपमें प्राप्त किया! अब भला, मेरा मन उन्हें कैसे भूल जाय ? वे मेरे प्राणनाथ हैं, मेरे प्रियतम हैं, मेरे मधुरसे भी मधुर जीवन-धन हैं; वे रात-दिन मेरे हृदयमें निवास करते हैं, कभी एक क्षणके लिये भी अलग नहीं होते (सदा साथ ही रहते हैं)। उद्धव! मैं उनमें हूँ और वे मुझमें हैं। हम दोनोंमें लेशमात्र भी भेद नहीं है। तुम तुरंत उन प्रियतमके पास पहुँचकर उनके मनके क्लेशको दूर करो।'

इतना कहते ही भाव बदला। वियोगकी विषम वेदना पुनः जाग्रत् हो गयी और

वे मूर्च्छित होकर पुनः गिर पड़ीं। प्रयास करनेपर जब उन्हें चेत हुआ, तब वे रोती हुई बोलीं—

गच्छ वत्स मधुपुरीं सर्वं बोध्य माधवम्।
यथा पश्यामि गोविन्दं प्रयत्नेन तथा कुरु॥
निष्फलं मे गतं जन्म गच्छ मिथ्यादुराशया।
आशा हि परमं दुःखं नैराश्यं परमं सुखम्॥

'वत्स उद्धव! तुम मथुरा जाओ और माधवको सब बातें समझाकर ऐसा प्रयत्न करो जिसमें हमलोग उनके दर्शन कर सकें। तुम तुरंत चले जाओ। हमारा जीवन तो मिथ्या दुराशामें निष्फल ही चला गया। आशा ही परम दुःख है और निराशा ही परम सुख है।' राधिकाजी यों कहकर फिर रोने लगीं। उद्धवजीने उनके चरण-कमलोंमें प्रणाम करके प्रस्थान किया।

उद्धवजीके जाते ही राधिकाजी पुनः मूर्च्छित हो जाती हैं। तब गोपियाँ उन्हें उठाकर सजल कमलपत्रोंकी शय्यापर सुला देती हैं। पर राधाके स्पर्शमात्रसे ही वह शय्या जलकर भस्म हो जाती है (**तत्स्पर्शमात्राच्छयनं भस्मीभूतं बभूव ह**)। तदनन्तर उन विरहज्वर-कातरा श्रीराधाजीको वे पुनः दूसरे स्निग्ध स्थानमें स्निग्ध चन्दन लगे वस्त्रोंपर सुलाती हैं, पर वह सुगन्धिचन्दनोदक भी तत्काल सूख जाता है (**सहसा शुष्कतां प्राप्तं सुगन्धि चन्दनोदकम्**)। फिर, वे अपने प्राण-प्रियतमकी मधुर चर्चा करनेवाले उद्धवके चले जानेसे अत्यन्त दुःखित होकर सहसा बोल उठती हैं—

हाहोद्धवोद्धव हरिं शीघ्रं गत्वा वदेति च।
समानय हरिं शीघ्रं मत्प्राणेश्वरमित्यपि॥

'हा उद्धव! हा उद्धव! तुम तुरंत जाकर मेरी यह यातना मेरे प्राणेश्वर हरिको सुनाओ और उन्हें शीघ्र यहाँ लेकर आओ।'

कितनी मार्मिक पीड़ा है—राधाके प्राणोंमें।

उद्धवजी श्रीगोपियोंकी दशा देखकर बड़े ही दुखी हुए। वे अत्यन्त क्षुब्ध मनसे मथुरा लौटे। श्रीकृष्णके प्रति उन्हें बड़ा रोष आ रहा था। भक्त कवि श्रीनन्ददासजी लिखते हैं—

****

×   ×   ×   ×   ×

×   ×   ×   ×   ×

लखि निरदयता श्याम की, करि क्रोधित दोउ नैन।
पुनि ब्रजबनिता-प्रेम कौं बोलत रस भरे बैन॥
सुनौ नँद-लाडिले॥
करुनामई रसिकता है तुम्हरी सब झूँठी।
तब ही लौं कहौ लाख, जबहिं लौं बँधि रही मूँठी॥
मैं जान्यौं ब्रज जाइ कैं निरदय तुम्हरौ रूप,
जो तुम कौं अवलंब हीं, तिन्ह कौं मेलौ कूप,
कौन-सौ धरम यह ?

श्यामसुन्दरकी निर्दयता देखकर उद्धवके दोनों नेत्रोंमें क्रोध छा गया। फिर व्रजाङ्गनाओंके प्रेमको स्मरण करके वे रस-भरे वचन बोले—'नन्दलाल! सुनो, तुम्हारी सारी करुणामयी रसिकता—प्रेमकी बातें झूठी हैं। तभीतक लाख कह लो, जबतक मुट्ठी बँधी है। अब तो व्रजमें जाकर मैंने तुम्हारे निर्दय रूपको जान लिया है। जो तुम्हारा अवलम्ब लेते हैं; उनको तुम कुएँमें ढकेल देते हो! यह तुम्हारा कौन-सा धर्म है?'

फिर राधाकी दीन-दशाका करुण चित्र सामने आते ही उद्धवजी अपनेको मर्यादामें नहीं रख सके और प्रणयकोपसे भरकर वे श्रीकृष्णसे कहने लगे—

तुम सम निठुर दूजौ कौन ?
राधिका-सी प्रेम-पुतरी रुदित छाँड़ी भौन॥
बिंधि गयौ नहिं हियौ तेहि छिन कुटिल बज्र-कठोर।
बीच धारा नाव तज दइ, लै गए नहिं छोर॥
देखि आयौ, मलिन धूमिल स्वरन-तन कृस छीन।
बिकल तलफत दीन दिन-निसि जलरहित जिमि मीन॥
तजे भूषन सकल सुबसन, अंगराग सिंगार।
सिथिल बेनी सुमन बिखरे, केस रूखे झार॥

बोध नहिं कछु रात-दिन कौ, नहीं जल-थल-ग्यान।
आत्म-पर, मानव-अमानव की न कछु पहिचान॥
हा दयित ! हा हृदैबल्लभ ! हाय प्रानाधार !
अश्रुधारा बहत अविरत, करत करुन पुकार॥
बिरह-ज्वाला जरत मन, तन दहत दारुन पीर।
जरी परसत कुसुम-सज्या साँस-अनल-समीर॥
रसरहित उर भयौ, सूख्यौ तप्त आँसू-स्रोत।
रुकत पुनि पुनि प्रान, पुनि छिन पुनर्जीवन होत॥
सकल सुख कारन कहावौ, जगत-जीवन नाम।
प्रान अबलनि के हरत, यह कहा तुम्हरौ काम ?॥
धाइ पहुँचौ वेग माधव ! करौ जीवन दान।
मिलि अबाधित, बिरह-पीरा हरौ सपदि महान॥
भई कोउ न राधिका-सी, है न आगैं होय।
प्रेममूरति भजै तुम कौं लोक-बेदहिं खोय॥

'श्रीकृष्ण ! तुम-जैसा निष्ठुर दूसरा कौन होगा, जो राधा-सरीखी प्रेमपुतलीको घरमें रोती हुई छोड़ आये ? तुम्हारा वज्रके समान कुटिल कठोर हृदय उसी क्षण बिंध क्यों न गया ? जो तुम मझधारमें ही नौका छोड़ आये, किनारेतक नहीं ले गये ! मैं स्वयं देखकर आ रहा हूँ राधाकी दीन-दशा ! उसका स्वर्ण-सा शरीर मैला, धुवाँसा, अत्यन्त कृश और क्षीण हो गया है। वह रात-दिन जलसे निकाली मछलीकी तरह अत्यन्त दीन और व्याकुल होकर तड़पती रहती है (पर मछलीकी तरह उसके प्राण नहीं निकलते)। उसने सम्पूर्ण सुन्दर वस्त्र, आभूषण, अङ्गराग और शृङ्गारका त्याग कर दिया है; उसके सिरकी वेणी ढीली हो रही है, फूल इधर-उधर बिखर रहे हैं और सिरके बाल सब रूखे हो रहे हैं। उसे न रात-दिनका पता है न जल-स्थलका ज्ञान है; न वह अपना-पराया जानती है और न उसे मनुष्य-अमनुष्य— (पशु-पक्षी) की ही पहचान रह गयी है ! वह अविराम आँसुओंकी धारा बहाती हुई 'हा प्यारे !' 'हा हृदयवल्लभ !' 'हाय मेरे प्राणाधार !' कहती हुई करुण पुकार करती रहती है !

'तुम्हारे विरहकी ज्वालासे उसका मन जल रहा है, शरीर भयानक पीड़ासे दहकता रहता है। पुष्पोंकी शय्या उसका स्पर्श होते ही जल गयी। श्वाससे पावकमय पवन निकलता रहता है। अब तो अंदरकी इस अग्निसे उसका हृदय सूखकर इतना रसरहित हो गया है कि उसके उन तप्त आँसुओंका स्रोत भी सूख गया है। क्षण-क्षणमें बार-बार उसके प्राण रुक जाते हैं, वह निष्प्राण हो जाती है, फिर दूसरे क्षण वह पुनः जी उठती है। तुमको तो सब लोग सबको सब प्रकारके सुख देनेवाला कहते हैं और तुम जगत्के जीवन कहलाते हो; फिर यह तुम्हारा कैसा काम है कि तुम अबलाओंके प्राण हरण कर रहे हो? (इस प्रकार—स्त्री-हत्या तो ज्ञानशून्य चोर-डाकू भी नहीं करना चाहते—**'स्त्रीहत्यां नैव वाञ्छन्ति ज्ञानहीनाश्च दस्यवः।'**) अरे माधव! तुम तुरंत दौड़कर वहाँ जाओ और राधाको जीवन-दान करो। उससे निर्बाध मिलकर तुरंत उसकी महान् विरह-यन्त्रणाको दूर करो। देखो! राधिका-सरीखी प्रेमकी प्रतिमा न तो कोई पहले हुई है, न अब है और न भविष्यमें होगी ही, जो सारे लोक-वेदको खोकर केवल तुम्हारा सेवन करती है।'

इसपर श्रीकृष्ण उद्धवको समझाकर यह बता देते हैं कि उनमें तथा राधा और गोपाङ्गनाओंमें कोई भेद नहीं है। अस्तु!

इन बातोंसे पता लगता है कि राधाके हृदयमें कितनी भयानक वियोग-वेदना है और प्रियतम भगवान्के मिलनेपर उनको कितना सुख हो सकता है; पर निर्मल दिव्य प्रेमकी मूर्ति श्रीराधा श्रीश्यामसुन्दरके सुखको ही अपना स्वभाव बनाये हुए हैं। इससे वे मथुरा तो जातीं ही नहीं, वरं श्यामसुन्दरके समीप रहनेसे भी, उन्हें कोई कष्ट न हो जाय, इस कल्पनासे काँप उठती हैं और उनसे दूर—बहुत दूर भाग जाना चाहती हैं। एक संतने श्रीराधाके इस भावपर कहा है—

वह देश दूर है, आज जहाँ मेरे प्राणाधिक हैं, प्रियतम।
उससे विपरीत दिशामें ही मैं भाग चलूँ अब तो, प्रियतम॥
है तापमान इन श्वासोंका प्रतिपल बढ़ता जाता, प्रियतम।
इनकी गरमी न लगे, जिससे, उस नीलकलेवरको, प्रियतम॥

'मेरे प्राणाधिक श्यामसुन्दर आज जहाँ है, वह देश यहाँसे दूर है; परंतु अब तो

मैं उसकी विपरीत दिशामें और भी दूर भाग जाना चाहती हूँ; क्योंकी मेरे इन श्वासोंका तापमान प्रतिक्षण बढ़ता ही जा रहा है, कहीं इनकी गरमी वहाँतक पहुँचकर उस नीलवदनको न लग जाय।'

अलिकुल गुन-गुन करता था क्यों? मेरे पीछे वे थे प्रियतम।
वे चले गये, अतएव देह यह सड़ी-गली अब है, प्रियतम॥
यह गन्धवाह, इसलिये यहाँ निश्चय कपूय होगा प्रियतम।
मैं चलूँ और भी दूर, न उनके पास गन्ध पहुँचे प्रियतम॥

'मैं चलती थी, तब गुनगुनाता हुआ (श्यामसुन्दरके गुन गाता हुआ) भ्रमरसमुदाय मेरे पीछे-पीछे चलता था, क्योंकि वे साथ थे—यह उनकी अङ्ग-सुगन्धका प्रभाव था। अब वे चले गये, इससे अब यह सड़ी-गली (दुर्गन्धभरी) देह रह गयी है। अतएव यहाँकी हवा अब निश्चय ही दुर्गन्ध और अपवित्रतासे भर जायगी; मैं और भी दूर निकल चलूँ, जिससे यह अपवित्र दुर्गन्ध उनके पासतक न पहुँचे।'

मैं नहीं मरूँगी कभी—सत्य यह है त्रिकाल; फिर भी प्रियतम!
यह तन तो सदा जलेगा ही, काली उन लपटोंसे प्रियतम॥
फैलेगी धूमराशि नभमें; मैं इतनी दूर चलूँ, प्रियतम।
धूआँ लगकर पङ्किल न बनें वे दृग सरोज-दलसे, प्रियतम॥

'यह त्रिकाल सत्य है कि मैं कभी नहीं मरूँगी; पर यह मेरा शरीर तो उन काली लपटोंसे सदा जलता ही रहेगा। इससे आकाशमें धूएँके गोट-के-गोट फैल जायँगे। अतः मैं इतनी दूर चली जाऊँ कि जिससे धुआँ लगकर मेरे प्रियतमके वे कमलदलसदृश नेत्र कहीं पङ्किल न बन जायँ।'

इस प्रकार प्रियतमके सुखकी स्मृति और स्व-सुखका सहज विसर्जन राधाका स्वभाव है। इसीका सहज-स्वभाव अनुकरण श्रीव्रजबालाएँ करतीं और स्वसुख-त्याग तथा विशुद्ध अनुरागके द्वारा वे प्रियतम श्रीकृष्णके परम प्रेमकी पात्री बनकर धन्य होती हैं!

इस परम भगवत्प्रेमकी साधनाका आरम्भ होता है—भगवान्‌के प्रति अनन्य

रागकी पवित्र भावनासे। भगवान्में राग आरम्भ होते ही सहज स्वाभाविक भोग-वैराग्य, प्रपञ्चकी विस्मृति, मन-इन्द्रियोंकी भोगोंसे उपरति, स्वसुख-वासनाका त्याग और 'अहं'की विस्मृति होने लगती है। प्रापञ्चिक भोगासक्ति तो सहज वैसे ही नष्ट हो जाती है, जैसे सूर्योदय होते ही अन्धकारमयी रात्रि। सूर्यको प्रयास करके रात्रिका नाश नहीं करना पड़ता, सूर्योदयके प्रकाशका आभास होते ही रात्रिका अन्धकार मरने लगता है। इसी प्रकार हृदयमें इस पवित्र प्रेमका बीज वपन होते ही भोगवासना नष्ट होने लगती है। याद रखना चाहिये—भगवत्प्रेम और भोगासक्ति कभी एक साथ नहीं रह सकते।

> **जहाँ राम तहँ काम नहिं, जहाँ काम नहिं राम।**
> **तुलसी कबहुँ कि रहि सकैं रबि रजनी इक ठाम॥**

अतएव इस प्रेमसाधनामें भोगासक्तिका त्याग अनिवार्य है। इसीसे इस भक्तिके शान्त, दास्य, सख्य, वात्सल्य और मधुर—इन पाँच रसोंमें शान्त प्रथम है। शान्त रसका अभिप्राय है—इन्द्रिय-मनका भोग-जगत्से विमुख होकर केवल भगवान्की सेवामें लग जाना। वेदान्तके साधनचतुष्टयमें विवेक-वैराग्यके पश्चात् मनका संयम, इन्द्रियोंका दमन, द्वन्द्वसहिष्णुता, भोगोंमें उपरति, अटल श्रद्धा और समाधान—संदेहरहित स्थिति—यह षट् सम्पत्ति प्राप्त होती है। लगभग ऐसी ही स्थिति भक्तिके शान्तरसमें होती है। उस षट् सम्पत्तिकी प्राप्तिसे वहाँ मोक्षकी प्रबल इच्छाका उदय होता है और यहाँ भगवत्सेवा—भगवान्के दासत्वकी प्रबल आकाङ्क्षा उत्पन्न हो जाती है। इसीसे इसके बाद ही 'दास्य-रति'का उद्भव होता है। दास्य-रतिका भक्त इन्द्रिय-मनका गुलाम नहीं रहता। वह सबकी दासतासे अपनेको मुक्त करके एकमात्र अपने स्वामी भगवान्का दासत्व स्वीकार करता है। वह न किसीका दास रहता है न किसीको दास बनाता है। यही रस क्रमशः प्रगाढ़ तथा उत्कृष्टतर होता हुआ मधुर-रतिमें परिणत हो जाता है। इस मधुर भावमें भी यह श्रीलक्ष्मीजी, श्रीरुक्मिणीजी आदिके लीला-चरित्रसे आगे बढ़कर गोपीभावमें परिणत हो जाता है, जहाँ भोग-मोक्षकी स्पृहाका सहज त्याग, अहंकी पूर्ण विस्मृति, स्व-सुखकी कल्पनाका सर्वथा और सर्वदा अभाव और नित्य-निरन्तर प्रियतम श्रीश्यामसुन्दरकी

मधुर सुख-स्मृति ही जाग्रत् रहती है। यह अमर्याद और अबाध समर्पण नित्यसिद्धा गोपाङ्गनाओंमें स्वरूपसे ही रहता है और साधनसिद्धा गोपाङ्गनाएँ पूर्ण त्यागमयी और रसमयी साधनाके द्वारा इस स्तरतक पहुँचकर सिद्धावस्थाको प्राप्त करती हैं।

उपर्युक्त दास्य-रतिमें इसीलिये जगत्के बन्धनसे भुक्ति और भगवत्सेवामें नित्य-नियुक्ति हो जाती है। वह भक्त इस सेवाको छोड़कर, दिये जानेपर भी मुक्ति नहीं लेता। भगवान् कपिल कहते हैं—

सालोक्यसार्ष्टिसामीप्यसारूप्यैकत्वमप्युत ।
दीयमानं न गृह्णन्ति विना मत्सेवनं जनाः ॥

'सर्वैश्वर्यमय भगवान्के समान लोकमें निवास, भगवान्के ऐश्वर्यके समान ऐश्वर्यकी प्राप्ति, भगवान्के समीप रहनेका अधिकार, भगवान्के समान रूपाकृतिकी प्राप्ति और भगवान्में एकत्व—ये पाँच प्रकारकी मुक्तियाँ दी जानेपर भी मेरे प्रेमीजन मेरी सेवाको छोड़कर इन्हें स्वीकार नहीं करते।'

ऐसे ये भगवान्के सेवक केवल भगवच्चरणारविन्दमें प्रीति ही चाहते हैं। श्रीतुलसीदासजी कहते हैं—

चहौं न सुगति, सुमति संपति कछु, रिधि-सिधि, बिपुल बड़ाई।
हेतुरहित अनुराग रामपद बढ़ौ अनुदिन अधिकाई॥
अरथ न धरम न काम रुचि गति न चहौं निरबान।
जनम जनम रति रामपद यह बरदान न आन॥

'भगवत्प्रेमको छोड़कर मैं न सद्गति चाहता हूँ न सन्मति, न लौकिकी या दैवी सम्पत्ति, न ऋद्धि-सिद्धि और न बहुत बड़ी बड़ाई चाहता हूँ। यही चाहता हूँ कि भगवान् श्रीरामके चरणारविन्दमें मेरा अहैतुक अनुराग दिन-प्रति-दिन अधिक-से-अधिक बढ़ता रहे।' प्रेम प्रतिक्षण बढ़ता है, उसका अन्त नहीं आता। इसीसे श्रीगोसाईंजी प्रेमकी प्राप्ति नहीं, वरं उत्तरोत्तर प्रेमकी वृद्धि चाहते हैं। वे कहते हैं—'मैं अर्थ-धर्म-काम-मोक्ष—पुरुषार्थचतुष्टयको भी नहीं चाहता। चाहनेकी बात तो अलग रही, मेरी न अर्थमें रुचि है न धर्ममें, न काममें और न मोक्षमें ही रुचि है। मैं दूसरा कुछ नहीं, केवल यही वरदान चाहता हूँ कि जन्म-जन्ममें मेरी रति

****

भगवान् श्रीरामके चरण-कमलमें ही बनी रहे।'

भक्तवर प्रह्लादजी भी जन्मबन्धनसे छूटनेकी इच्छा न रखकर कहते हैं—

नाथ ! योनिसहस्रेषु येषु येषु व्रजाम्यहम्।
तेषु तेष्वचला भक्तिरच्युतास्तु सदा त्वयि॥

'नाथ! हजारों-हजारों योनियोंमें मैं जिस-जिसमें जाऊँ, उस-उसमें हे अच्युत! तुम्हारी अचला भक्ति सदा बनी रहे।'

प्रेमावतार श्रीगौराङ्ग महाप्रभु कहते हैं—

न धनं न जनं न सुन्दरीं कवितां वा जगदीश कामये।
मम जन्मनि जन्मनीश्वरे भवताद् भक्तिरहैतुकी त्वयि॥

धन-जन-कविता सुंदरी, चहौं न मैं जगदीस।
बनी रहै प्रति जन्म में भक्ति अहैतुकि, ईस॥

इस परम प्रेमरूपा भक्तिमें, जिसके साधनको 'रागानुगा' नाम दिया जाता है, भगवान् अपने 'निज प्रियतम' होते हैं। वे प्रेमीका हृदय होते हैं और प्रेमी उनका। भक्त उनमें रहते हैं और वे भक्तोंमें—'**मयि ते तेषु चाप्यहम्**।' यह प्रेमकी साधना अनन्य टेकसे ही आरम्भ होती है। गोस्वामी तुलसीदासजीने इस विषयमें अनन्य टेकी तथा प्रेम-विवेकी चातकका बड़ा ही सुन्दर उदाहरण देते हुए कहा है—

जौं घन बरषै समय सिर, जौं भरि जनम उदास।
तुलसी या चित चातकहि तऊ तिहारी आस॥

(चातक केवल एक मेघसे ही स्वातीकी बूँद चाहता है, न दूसरेकी ओर ताकता है न दूसरा जल ही स्पर्श करता है। इस चातकके टेकका वर्णन करते हुए तुलसीदास कहते हैं—) चाहे तुम ठीक समयपर बरसो, चाहे जीवनभर कभी न बरसो; परंतु इस चित्त-चातकको तो केवल तुम्हारी ही आशा है।

रटत रटत रसना लटी, तृषा सूखिगे अंग।
तुलसी चातक प्रेम कौ नित नूतन रुचि रंग॥

अपने प्यारे मेघका नाम रटते-रटते चातककी जीभ लट गयी और प्यासके मारे सारे अङ्ग सूख गये; तो भी चातकके प्रेमका रंग तो नित्य नवीन और सुन्दर ही होता जाता है।

****

बरषि परुष पाहन पयद पंख करौ टुक टूक।
तुलसी परी न चाहिऐ चतुर चातकहि चूक॥

समयपर मेघ बरसता तो है ही नहीं, उलटे कठोर पत्थर—ओले बरसाकर उसने चातककी पाँखोंके टुकड़े-टुकड़े कर दिये; इतनेपर भी उस प्रेम-टेकी चतुर चातकके प्रेमप्रणमें कभी चूक नहीं पड़ती।

पबि पाहन दामिनि गरज झरि झकोर खरि खीझि।
रोष न प्रीतम दोष लखि तुलसी रागहि रीझि॥

मेघ बिजली गिराकर, ओले बरसाकर, बिजली चमकाकर, कड़क-कड़ककर, वर्षाकी झड़ी लगाकर और तूफानके झकोरे देकर चातकपर चाहे जितना बड़ा भारी रोष प्रकट करे; पर चातकको प्रियतमका दोष देखकर क्रोध नहीं आता। उसे दोष दीखता ही नहीं; वरं इसमें भी वह अपने प्रति मेघका अनुराग देखकर उसपर रीझ जाता है।

उष्न काल अरु देह खिन मग पंथी तन ऊख।
चातक बतियाँ ना रुचीं अन-जल सींचे रूख॥

गरमियोंके दिन थे, चातक शरीरसे थका था, रास्तेमें जा रहा था, शरीर जल रहा था; (इतनेमें कुछ वृक्ष दिखायी दिये, दूसरे पक्षियोंने कहा, इनपर जरा विश्राम कर लो) परंतु अनन्य-प्रेमी चातकको यह बात अच्छी नहीं लगी; क्योंकि वे वृक्ष दूसरे जलसे सींचे हुए थे।

बध्यौ बधिक पर्‍यो पुन्य जल, उलटि उठाई चोंच।
तुलसी चातक प्रेम पट मरतहुँ लगी न खोंच॥

एक चातक उड़ा जा रहा था, किसी बहेलियेने उसे (बाण) मार दिया; वह नीचे पुण्यसलिला गङ्गाजीमें गिर पड़ा; परंतु गिरते ही उस अनन्य प्रेमी चातकने चोंचको उलटकर ऊपरकी ओर कर लिया। चातकके प्रेमरूपी वस्त्रपर मरते दमतक भी खोंच नहीं लगी। (वह जरा भी कहींसे नहीं फटा।)

चढ़त न चातक चित कबहुँ प्रिय पयोद के दोष।
तुलसी प्रेम पयोधि है, ताते नाप न जोख॥

चातक प्रेमी है। अतएव उसके चित्तमें प्रियतम मेघका दोष कभी आता ही नहीं;

क्योंकि वह प्रेमका अगाध समुद्र है, वहाँ माप-तौल नहीं है।

प्रेम देना जानता है, लेना नहीं। प्रेमका बदला चाहना तो वास्तवमें प्रेम ही नहीं है वह तो लेन-देनका व्यापार है। इसीसे कहा गया है—

भोग-मोक्ष-इच्छा पिशाचिनी जबतक करती मनमें बास।
तबतक पावन दिव्य प्रेमका कभी न होता तनिक विकास॥

अतएव इस पथपर आना चाहनेवाले व्यक्तिको पहले ही यह निश्चय कर लेना चाहिये कि विषय-भोगके साथ भगवत्प्रेमका कदापि मेल नहीं है। 'भोग-सुख भी रहे और भगवान्‌का प्रेम भी मिल जाय' यह तो वैसी ही मूर्खतापूर्ण बात है कि 'रात्रि भी रहे और सूर्यका उदय भी हो जाय अथवा किसीका मरना भी बंद न हो और वह अमर भी हो जाय।' इसलिये इस प्रेममार्गके पथिकको अहंके सुखकी—मोक्षतककी इच्छाका तथा अहंकी स्मृतिका भी त्याग करनेकी तैयारी करके ही इस मार्गपर पैर रखना चाहिये। जो अपने सर्वस्वको स्वाहा करके उसके भस्मावशेषपर आनन्दमत्त होकर नाच सकता है, वही सर्वत्यागी इस पावन प्रेमपथका पवित्र पथिक बन सकता है। कबीरजीने कहा है—

कबिरा खड़ा बजारमें, लिये लुकाठी हाथ।
जो घर फूँकै आपना, चलै हमारे साथ॥

सुतरां गोपी-प्रेमके आधारपर भगवत्-रस-प्रवाहमें बहनेके लिये सर्वत्यागका आदर्श सामने रखकर साधनामें प्रवृत्त होना चाहिये। किसी सर्वत्यागी ऐसे गोपीरूप रसमय प्रेमीजनको ही अपना पथप्रदर्शक बनाकर आगे बढ़ना चाहिये और सदा यह देखते रहना चाहिये कि भगवत्-प्रीति तथा भोगोंसे उपरति, भगवान्‌की आत्यन्तिक अखण्ड स्मृति तथा जगत्-प्रपञ्चकी विस्मृति और उत्तरोत्तर भगवत्सेवामें प्रवृत्ति तथा स्व-सुख-वासनाकी निवृत्ति होती जा रही है या नहीं। यही कसौटी है इस परम पवित्र परम प्रेमके साधनकी। अस्तु!

श्रीराधा-माधव दोनों नित्य अभिन्न होते हुए नित्य लीलापरायण हैं। उनमें एक-दूसरेको सुखी बनानेकी यह प्रेमलीला सदा चलती रहती है और प्रेममूर्ति श्रीगोपाङ्गनाएँ अपनेको भूलकर श्रीराधा-माधवकी सुखसामग्रीके संग्रहमें ही लगी

रहती हैं। गोपीका स्वभाव या स्वरूप है श्रीराधा-माधवको सुखी करना और राधाका स्वभाव-स्वरूप है श्रीकृष्णको सुखी करना। सर्वत्र त्याग-ही-त्याग है। इसीसे यह लीला सर्वश्रेष्ठ तथा परमोच्च सिद्धिके क्षेत्रकी है। इसमें लौकिकता देखना या लौकिक समझकर इसका अनुकरण करना सर्वथा अनुचित और हानिप्रद है। न तो इनकी लीलामें कभी कोई संदेह करना चाहिये और न लीलाका अनुकरण ही। समर्पणकी साधना चलनी चाहिये, किसी त्यागमयी गोपीको आदर्श मानकर संयम और त्यागके प्रशस्त पवित्र पथसे।

श्रीराधा और श्रीकृष्णकी पवित्रतम दिव्य लीलामें जो कलुषित कामकी कल्पना होती है, उसका प्रधान कारण हमारी कामकलुष दृष्टि है और श्रीराधा-कृष्ण अस्थि-मांसमय जड-शरीरधारी मानव थे—यह बुद्धि। पर यदि हम उन्हें साधारण मनुष्य मानते हैं, तब तो श्रीमद्भागवतके अनुसार श्रीकृष्ण केवल ग्यारह वर्षकी अवस्थातक ही नन्दालयमें थे और कई वर्ष पूर्वसे ही व्रजाङ्गनाओंकी मधुर लीला चल रही थी। अतः इस लीलाका समय श्रीकृष्णकी सात-आठ वर्षकी अवस्थासे आरम्भ हो जाता है। पर इतनी छोटी अवस्थामें कामका प्रादुर्भाव और कामचेष्टा सर्वथा असम्भव है। अतएव यह कामक्रीड़ा कदापि नहीं थी। परंतु वास्तवमें श्रीराधा-माधव तो प्राकृतिक शरीरधारी थे ही नहीं। अतएव उनमें कलुषित कामकी कल्पना एक महान् अपराध है और वह हमारा घोर पतन करनेवाला है।

इसी प्रकार लोग बार-बार राधा-कृष्णके विवाहकी बात पूछते हैं। इसमें भी उनके स्वरूपका अज्ञान ही कारण है। जो नित्य एक हैं, जिनमें कभी भेदकी कल्पना नहीं है और जो सच्चिदानन्दस्वरूप हैं, उनमें परस्पर विवाह होने-न-होनेका कोई प्रश्न ही नहीं उठता। तथापि कुछ महानुभाव उनका विवाह भी देखते हैं और ब्रह्मवैवर्तपुराणके अनुसार स्वयं श्रीब्रह्माजीके द्वारा एकान्त काननमें उनके विवाह कराये जानेका वर्णन मिलता है। श्रीराधाजीके रायाण गोपके साथ विवाहकी बात भी आती है। उसमें श्रीदामाका शाप कारण था; परंतु वह विवाह स्वयं राधाजीके साथ नहीं, किंतु छायाके साथ हुआ था—ऐसा स्पष्ट उल्लेख मिलता है। वहाँ लिखा है—

'राधाजी अयोनिजा थीं। माताके पेटसे नहीं पैदा हुई थीं। माताने योगमायाकी

प्रेरणासे वायुको ही जन्म दिया, परंतु वहाँ स्वेच्छासे राधा प्रकट हो गयीं। बारह वर्ष बीतनेपर उन्हें यौवनमें प्रवेश करती देख माता-पिताने रायाण गोपके साथ उनका सम्बन्ध निश्चित किया। उस समय श्रीराधा घरमें छायाको स्थापित करके स्वयं अन्तर्धान हो गयीं। उस छायाके साथ उक्त रायाणका विवाह हुआ। वास्तवी श्रीराधाका विवाह तो हुआ था पुण्यमय वृन्दावनमें श्रीकृष्णके साथ। जगत्स्रष्टा विधाताने विधिपूर्वक उसे सम्पन्न करवाया था।

अयोनिसम्भवा देवी वायुगर्भा कलावती।
सुषाव मायया वायुं सा तत्राविर्बभूव ह॥
अतीते द्वादशाब्दे तु दृष्ट्वा तां नवयौवनाम्।
सार्धं रायाणवैश्येन तत्सम्बन्धं चकार सः॥
छायां संस्थाप्य तद्गेहे सान्तर्धानं चकार ह।
बभूव तस्य वैश्यस्य विवाहश्छायया सह॥
कृष्णेन सह राधायाः पुण्ये वृन्दावने वने।
विवाहं कारयामास विधिना जगतां विधिः॥

(ब्र॰ वै॰ पुराण)

यह राधाकी छाया कौन थी—इसका भी स्पष्टीकरण उस पुराणमें है। केदार राजाकी कन्या वृन्दाके तप करनेपर भगवान्ने उसको यह वर दिया था कि 'इस तपस्याके फलस्वरूप तुम मुझे प्राप्त करोगी। फिर व्रजमें असली राधाजी जब वृषभानुकी कन्याके रूपमें अवतीर्ण होंगी, तब तुम उनकी छायाके रूपमें उत्पन्न होओगी। विवाहके समय रायाण छायारूपिणी तुम्हींसे विवाह करेगा और वह वास्तविक राधा तुमको रायाणके हाथोंमें अर्पण करके स्वयं अन्तर्धान हो जायगी। गोकुलवासी मूढ़ लोग रायाणपत्नी तुम्हींको राधा माने रहेंगे। उस समय असली राधा तो मेरे पास निवास करेगी और छायारूपिणी तुम रायाणकी स्त्री होकर जीवनयापन करोगी।'

राधा………………वृषभानुसुता यदा।
सा एव वास्तवी राधा त्वं च च्छायास्वरूपिणी॥

विवाहकाले रायाणस्त्वां च च्छायां ग्रहिष्यति।
त्वां दत्त्वा वास्तवी राधा सान्तर्धाना भविष्यति॥
राधां कृत्वा च तां मूढा विज्ञास्यन्ति च गोकुले।
× × × ×
स्वयं राधा मम क्रोडे छाया रायाणकामिनी॥

अतः यह सिद्ध है कि यह छाया भी वास्तवमें राधाकी नहीं है। यह भी केदारकन्या वृन्दाका अवतार है।

इससे यह कदापि सिद्ध नहीं होता कि वास्तवीक राधाका किसी अन्य गोपसे विवाह हुआ था। पर इस विषयमें विवाद करना व्यर्थ है। यहाँ तो उन राधाका प्रसङ्ग है जो भगवान् श्रीकृष्णकी नित्य अभिन्नरूपा हैं, सर्वेश्वरी मूल प्रकृति हैं, समस्त देवीस्वरूपिणी हैं, जगज्जननी हैं, श्रीकृष्णकी परम आराधिका हैं, श्रीकृष्णकी परमाराध्या हैं और उनकी साक्षात् आत्मा ही हैं।

श्रीकृष्ण कहते हैं—

यथा क्षीरे च धावल्यं दाहिका च हुताशने।
भूमौ गन्धो जले शैत्यं तथा त्वयि मम स्थितिः॥
धावल्यदुग्धयोरैक्यं दाहिकानलयोर्यथा।
भूगन्धजलशैत्यानां नास्ति भेदस्तथाऽऽवयोः॥
मया विना त्वं निर्जीवा चादृश्योऽहं त्वया विना।

'जैसे दूध और उसकी धवलतामें, अग्नि और उसकी दाहिका शक्तिमें, भूमि और गन्धमें तथा जल और उसकी शीतलतामें कोई भेद नहीं है, वैसे ही तुममें और मुझमें कोई अन्तर नहीं है। जैसे धवलता और दूध अभिन्न हैं, दाहिका शक्ति और अग्नि अभिन्न हैं, भूमि और गन्ध तथा जल और शीतलता अभिन्न हैं, वैसे ही हम दोनों भी एक हैं। हममें कोई भेद नहीं है। मेरे बिना तुम निर्जीव हो। (मैं ही तुम्हारा जीवन हूँ) और तुम्हारे बिना मैं अप्रकट हूँ।'

परं प्रधानं परमं परमात्मानमीश्वरम्।
सर्वाद्यं सर्वपूज्यं च निरीहं प्रकृतेः परम्॥

स्वेच्छामयं नित्यरूपं भक्तानुग्रहविग्रहम्।
तस्य प्राणाधिका राधा बहुसौभाग्यसंयुता।
महाविष्णोः प्रसूः सा च मूलप्रकृतिरीश्वरी॥

(ब्र० प्र० ४८। ४९—५१)

श्रीकृष्ण सबसे प्रधान, परमात्मा, परमेश्वर, सबके आदिकारण, सर्वपूज्य, निरीह और प्रकृतिसे परे विराजमान हैं। उनका रूप स्वेच्छामय और नित्य है। वे भक्तानुग्रह-मूर्ति हैं। श्रीराधा उनको प्राणोंसे भी अधिक प्रिय हैं, वे परम सौभाग्यशालिनी हैं। वे ही महाविष्णुकी जननी ईश्वरी मूल प्रकृति हैं।

श्रीराधिकाजी स्वयं यशोदाजीसे कहती हैं—

'रा'शब्दश्च महाविष्णुर्विश्वानि यस्य लोमसु।
विश्वप्राणिषु विश्वेषु धा धात्रीमातृवाचकः॥
धात्री माताहमेतेषां मूलप्रकृतिरीश्वरी।
तेन राधा समाख्याता हरिणा च पुरा बुधैः॥

(ब्र० कृ० १११। ५७-५८)

'रा' शब्दका अर्थ है—जिनके एक-एक लोमकूपमें सम्पूर्ण विश्व भरे हैं, वे महाविष्णु तथा (उनके अंदर निवास करनेवाले) विश्वके प्राणी और सम्पूर्ण विश्व। एवं 'धा' शब्द धात्री तथा माताका वाचक है। अतएव मैं ही महाविष्णु, विश्वके सम्पूर्ण प्राणी तथा समस्त विश्वकी धात्री माता ईश्वरी मूलप्रकृति हूँ।

त्वं च लक्ष्मीः शिवा धात्री सावित्री च पृथक् पृथक्।
गोलोके च स्वयं राधा रासे रासेश्वरी सदा॥

(ब्रह्मवैवर्तपुराण)

तुम अलग-अलग लक्ष्मी, दुर्गा, धात्री और सावित्री हो; गोलोकमें स्वयं राधा हो और रासमें सदा रासेश्वरी हो।

राधा देवी जगत्कर्त्री जगत्पालनतत्परा।
जगल्लयविधात्री च सर्वेशी सर्वसूतिका॥

(बृहन्नारदीय पुराण)

श्रीराधादेवी जगत्‌की रचना करनेवाली, उसके पालनमें तत्पर रहनेवाली और (प्रलयके समय) संहार करनेवाली है तथा सम्पूर्ण जगत्‌की प्रसविनी—जननी है।

कृष्णेन आराध्यत इति राधा, कृष्णं समाराधयति सदेति राधिका।

(राधोपनिषद्)

श्रीकृष्ण इनकी आराधना करते हैं, इसलिये ये राधा हैं और ये सदा श्रीकृष्णकी समाराधना करती हैं, इसलिये 'राधिका' कहलाती हैं।

आत्मारामस्य कृष्णस्य ध्रुवमात्मास्ति राधिका।

(स्कन्दपुराण)

आत्माराम भगवान् श्रीकृष्णकी आत्मा निश्चय ही श्रीराधिका हैं।

येयं राधा यश्च कृष्णो रसाब्धिर्देहश्चैकः क्रीडनार्थं द्विधाभूत्।
देहो यथा छायया शोभमानः × × × × (राधिकातापनीयोपनिषद्)

ये श्रीराधिकाजी और रससिन्धु श्रीकृष्णका देह एक है। केवल लीलाके लिये ही ये दो स्वरूपोंमें प्रकट हैं, जैसे शरीर अपनी छायासे सुशोभित हो।

हमारा यह महान् पुण्य है और हम सब श्रीराधाजीके बड़े ही कृपाभाजन हैं, जो उनका इस प्रकार स्मरण कर रहे हैं।

अन्तमें आज इस श्रीराधाके प्राकट्य-महोत्सवके दिन हम उनसे प्रार्थना करें—

किसोरी ! तेरे चरननि की रज पाऊँ।
बैठि रहौं कुंजनि के कोनें स्याम-राधिका गाऊँ॥
या रज सिव-सनकादिक लोचन, सो रज सीस चढ़ाऊँ।
'ब्यास' स्वामिनी की छबि निरखत बिमल बिमल जस गाऊँ॥

'बोलो परम प्रेमकी मूर्तिमती सच्चिन्मयी प्रतिमा श्रीराधाकी जय जय !!'

——::×::——

श्रीश्रीराधा-स्वरूप-गुण-महिमा

(श्रीराधा-जन्माष्टमी (सं० २०२०) पर हनुमानप्रसाद पोद्दारके
गोरखपुरमें प्रवचन)

(दिनमें)

रसवलितमृगाक्षीमौलिमाणिक्यलक्ष्मीः
प्रमुदितमुरवैरिप्रेमवापीमराली ।
व्रजवरवृषभानोः पुण्यगीर्वाणवल्ली
स्नपयति निजदास्ये राधिका मां कदा नु ॥
व्रजकुलमहिलानां प्राणभूताखिलानां
पशुपपतिगृहिण्याः कृष्णवत् प्रेमपात्रम् ।
सुललितललितान्तःस्नेहफुल्लान्तरात्मा
स्नपयति निजदास्ये राधिका मां कदा नु ॥

आज श्रीराधारानीके प्राकट्य-महोत्सवका महापर्व है। जैसे भगवान् श्रीकृष्ण नित्य अनादि हैं, वैसे ही श्रीराधारानी भी नित्य अनादि हैं। जैसे सारे जीवोंकी भाँति भगवान् प्राक्तन कर्म तथा संस्कारवश तदनुरूप पाञ्चभौतिक देह धारण करके कर्मफल नहीं भोगते और न वे जीवोंकी भाँति अहंकार-आसक्ति-कामनावश नवीन कर्म करते हैं, इसीसे भगवान्के 'जन्म-कर्म' दिव्य—असाधारण, अलौकिक तथा अप्राकृत हैं, उनका विग्रह नित्य सच्चिदानन्दमय है, उसका न तो ग्रहण और त्याग है, न उसमें हानोपादान है और न वह उदयास्त-स्वभाव है—वह नित्य, सत्य, कालातीत और निर्विकार है, वैसे ही सच्चिदानन्दविग्रहा, दिव्य भगवदानन्दांश-घनीभूता, नित्य ह्लादिनीमूर्ति श्रीराधारानीका यह मङ्गल विग्रह भी सर्वथा दिव्य है। सच तो यह है कि श्रीराधारानीकी भगवान् श्रीकृष्णसे नित्य अभिन्नता है। स्वयं श्रीकृष्ण ही स्वरूपभूत प्रेम-रसास्वादनार्थ श्रीराधारूपसे नित्य विद्यमान हैं और समय-समयपर भारतकी पुनीत धराको परम पवित्र करनेके लिये भगवान्की भाँति ही वे अपनी प्रकृति (**स्वां प्रकृतिम्**) में अधिष्ठित होकर अपनी निज माया (योगमाया) से प्रकट होती हैं।

केवल श्रीराधा ही नहीं, भगवान् तो उस समय अवतरित समस्त वृन्दावनको ही नित्य चिदानन्दमय बतलाते हैं। वे कहते हैं—

नित्याः सर्वा इमा रुद्र यथाहं नित्यविग्रहः ।
सखायः पितरो गोपा गावो वृन्दावनं मम ॥
सर्वमेतन्नित्यमेव चिदानन्दरसात्मकम् ।
इदमानन्दकन्दाख्यं विद्धि वृन्दावनं मम ॥

(पद्मपुराण, पातालखण्ड)

'मैं जैसे नित्यविग्रह हूँ, वैसे ही हे रुद्र! ये सभी नित्य हैं। यहाँ मेरे पिता, माता, सखा, गोपगण, गौएँ और वृन्दावन—सभी नित्य और चिदानन्दरसात्मक हैं। इस वृन्दावनको मेरा आनन्दकन्दस्वरूप ही समझो।'

दिव्य प्रेमराज्यमें श्रीराधारानी अधिरूढ़ महाभावकी या मधुरा रतिकी सकल सम्पदासम्पन्न सजीव मूर्ति हैं। 'श्रीकृष्ण मेरे हैं' इस 'मदीय रति' रूप गोपीभावकी चरम तथा परम परिपूर्ण परिणति अथवा इसका मूल उद्गम-स्थान श्रीराधारानी ही हैं। इनकी इस 'मदीय रति' के नित्य वशीभूत हो दिव्य प्रेमस्वरूप स्वयं रसराजशिरोमणि श्रीकृष्ण राधाके प्रति आत्मसमर्पण किये रहते हैं और अपनी कायव्यूहरूपा समस्त गोपीजनोंके समेत श्रीराधाका अपना स्वभाव तथा स्वरूप प्रियतम श्रीकृष्णका सुख-सम्पादन ही बन जाता है। यही मधुर लीलास्वादन है। वास्तवमें इस मधुरोज्ज्वल लीलामें एक ही परम रस-तत्त्व आस्वाद्य, आस्वादक तथा आस्वादन-रूप बनकर नित्य लीलायमान है।

नित्यसिद्धा गोपाङ्गनाओंमें और नित्यसिद्ध भगवत्-परिकरोंमें सब कुछ विशुद्ध सत्त्वमय अप्राकृत तत्त्व ही होता है। उनके अप्राकृत चित्तमें 'श्रीकृष्ण-प्रीति-सुखेच्छा' या 'सहज सर्वत्यागमय विशुद्ध प्रेम' सहज ही वर्तमान रहता है। साधनसिद्ध गोपाङ्गनाओं तथा भक्तोंमें पवित्र मञ्जरी-साधनासे या भगवत्कृपासे क्रमशः आगे बढ़ते हुए विशुद्ध प्रेमका उदय होता है। प्रेमके विशुद्ध भावकी वृद्धि होनेपर प्रियतम श्रीकृष्णके प्रति अनन्यासक्ति तथा अनन्य-ममताका दृढ़ प्रादुर्भाव हो जाता है। यही 'प्रेम' उच्च स्तरपर पहुँचकर 'भाव' बनता है। 'भाव'का अर्थ है—प्रेमकी अत्यन्त प्रगाढ़ सर्वनिवेदनमयी स्थिति, जहाँ अपनी स्मृति-सत्ता केवल प्रियतमकी सुखरूपताके रूपमें ही बच रहती है। इस 'भाव'की परम प्रगाढ़ स्थितिका नाम ही 'महाभाव' है। इसी महाभावमें मोदन-मादन भावोंका उदय होता है। इनमें भी 'मादन' सर्वोपरि है, जो श्रीराधारानीका स्वरूप ही है। यह

मन-वाणी-बुद्धिसे अगोचर अनिर्वचनीयाचिन्त्य परमोत्कृष्ट विशुद्ध प्रेम श्रीराधारानीमें नित्य मूर्तिमान् होकर लीला करता है। इस लीलामें सर्वत्र केवल 'सहज त्याग', केवल 'सहज अनुराग' और केवल 'सहज सर्वसमर्पण' रहता है।

इस विशुद्ध परम प्रेमकी मूर्तिमती सजीव प्रतिमा राधामुख्या श्रीव्रजाङ्गनाएँ लोक-परलोक एवं भोग-मोक्षके कामना-लेशसे शून्य रहकर श्रीकृष्ण-सुखार्थ ही जीवन धारण करती हैं। उनमें शृङ्गार-सज्जा है, पर अपने लिये नहीं; उनमें भोग-सुखका त्याग है, पर किसी अपने त्याग-सुख या मोक्ष-सुखकी प्राप्तिके लिये नहीं; उनमें ममता है, पर वह है केवल प्रियतम श्रीकृष्णके सुखमें ही; उनमें योग-क्षेम है, पर वह भी परिपूर्ण होकर प्रियतम श्रीकृष्णके सुखार्थ ही है। वे सुस्वादु भोजन-पान करती हैं, पर अपने स्वाद-सुखके लिये नहीं, केवल श्रीकृष्ण-सुखार्थ ही। वे संयमपूर्ण व्रतोपवास करती हैं, परंतु किसी अन्य फलकी कामनासे नहीं, श्रीकृष्ण-सुखार्थ ही। उनमें मान भी है, लोभ भी है, अहंता भी है, आसक्ति भी है और कामना भी है; पर वह मान श्रीकृष्णके प्रेम-सुख-रसास्वादनकी वृद्धिके लिये है, लोभ श्रीकृष्ण-सुखके विस्तारका है, अहंता नित्य उनकी सुखरूपतामें है, आसक्ति उनकी मधुर सुखमयी मुसकानमें है और कामना केवल उन प्रियतम श्रीकृष्णके सुखकी है। वे जगत्के समस्त बर्ताव-व्यवहार करती हैं, पर उन सबमें भोग-विराग है, आसक्तिका त्याग है तथा संयमकी सुरक्षा है। उनमें कहीं भी अपने अहंकी मङ्गलकामनासे या स्वसुख-कल्पनासे कोई सम्पर्क ही नहीं है। काय-व्यूहरूपा अनन्त गोपियोंसहित श्रीराधाजीका यही मधुर मनोहर स्वरूप है। इसीसे श्रीराधा प्रियतम श्रीकृष्णकी नित्य सहज आराधिका होकर भी नित्य तृप्त, नित्य निष्काम भगवान् श्रीकृष्णके हृदयमें अपने दिव्य स्वरूपभूत सुखकी अपेक्षा भी कहीं विलक्षण श्रीराधाके द्वारा दिव्य रसमय सुख प्राप्त करनेकी इच्छा उत्पन्न करती रहती हैं और इसीसे उनको भगवान्‌की पवित्रतम परमाराध्या भी बनना पड़ता है। ऐसी श्रीराधाके त्रिभुवनपावन परम पवित्र सर्वत्यागमय प्रेमकी स्मृति जगानेवाली आजकी यह मङ्गलमयी परम पुण्य तिथि भाद्र-शुक्लाष्टमी है। हमारा परम सौभाग्य है कि हम आज इन सर्वसमर्पणमयी, परमत्यागमयी, विशुद्ध प्रेममयी, श्रीकृष्णकी आराधिकाराध्या, श्रीकृष्णात्मा, नित्य दिव्य-लीलाविहारिणी, नित्य निकुञ्जेश्वरी, भगवती श्रीराधाका परम पवित्र स्मरण करके अपनेको धन्य कर रहे हैं।

इस पवित्र प्रेमका सांकेतिक स्वरूप यों समझिये—

इन्द्रिय-सुख-इच्छासे विरहित अतिशय मधुर कृष्ण-अनुराग।
प्रियतम-सुखमय सहज उदित 'सर्वस्व-त्याग', मन भोग-विराग॥
दिव्यज्योति योगी-वाञ्छित शुचि सिद्धि, अनेक अलौकिक भुक्ति।
तीव्र ज्ञान-साधन-संयुत ज्ञानीजन-वाञ्छित दुर्लभ मुक्ति॥
नहीं कामना-लेश किसीमें, नहीं कहीं ममता-मद-मान।
केवल हृदय प्रेम-रस-पूरित, निर्मल निरुपम दिव्य महान॥
देना-ही-देना है जिसमें, लेनेका न कहीं कुछ काम।
नित देनेको, नित लेना ही सहज मानती वृत्ति ललाम॥
राधामुख्या गोपीजनमें रहता यही भाव अभिराम।
इसी प्रेम-रस-आस्वादनके लोभी नित रहते हैं श्याम॥

इस विशुद्ध प्रेमका सर्वप्रथम प्रारम्भ त्यागसे होता है और ऋषि-मुनि-वाञ्छित मोक्ष-सुखपर्यन्त स्वसुखवाञ्छाके सहज त्यागसे ही इस प्रेमका यथार्थतः प्राकट्य होता है। आजका मानव तो काम-कलुष-कलङ्कित और सर्वथा कामोपभोगपरायण हो रहा है। इसीसे वह त्यागके नामपर भी भोग-लालसा चरितार्थ करनेमें संलग्न है। एक युग था, जब समराङ्गणमें ठीक शस्त्र-सम्पातके समय भगवान् श्रीकृष्णको दिव्य ज्ञानोपदेश करने तथा अर्जुनको उसे सुननेका सुअवसर प्राप्त था और जिसको सुनाकर भगवान्ने युद्धरूप घोर कर्मका अध्यात्मीकरण करके युद्धके द्वारा ही भगवदाराधन, भगवत्पूजन आदिके सम्पादनसे मानव-जीवनकी चरम तथा परम गति लाभ करनेका अर्जुनको अधिकारी बना दिया था। और कहाँ आज ऐसा दुर्दिन है कि धर्म तथा उपासनाके क्षेत्रमें भी गंदी राजनीति आ गयी है और वहाँ भी नीच स्वार्थकी सिद्धिके लिये दुर्योजनाएँ बनती हैं। आजका मानव इस भीषण कामोपभोग-परायणताके कारण सर्वथा असुरभावापन्न होकर धर्म, ईश्वर, सत्य, मानव-सेवा, लोक-सेवा, देश-सेवा और न्यायके नामपर भी अत्यन्त सीमित नीच स्वार्थ-साधनमें संलग्न हैं। इसीसे आजका मानव भगवद्गीताके समयके उस आध्यात्मिक मानस-धरातलकी कल्पना ही नहीं कर सकता और इस बुद्धिभ्रमके कारण ही आजके कुछ विद्वान् भगवद्गीताका उपदेश युद्धस्थलमें हुआ था, ऐसा नहीं मानते।

इस परिस्थितिमें पवित्रतम गोपी-प्रेम या महाभावरूप श्रीराधाके परमोत्कृष्ट सर्वत्यागकी बातको समझ लेना असम्भव नहीं तो अत्यन्त कठिन अवश्य है; परंतु जीवका वास्तविक लक्ष्य भगवत्प्राप्ति या भगवत्प्रेमकी प्राप्ति ही है। अतएव भगवत्कृपासे जीवके चित्तको इस ओर खींचने-खिंचानेका विशुद्ध प्रयास करना सभीका कर्तव्य है। इसीलिये शृङ्गार-प्रचारकी तनिक-सी भी कल्पना न करके विषयासक्ति-त्यागपूर्वक भगवान्‌के प्रति केवल विशुद्ध प्रेमका उदय हो, इसी उद्देश्यसे इस राधाष्टमी-महोत्सवका प्रारम्भ किया गया था और इसी उद्देश्यसे इसे चलाया भी जा रहा है। तथापि हमलोगोंके स्वभाव-दोषसे विषय-विरक्ति तथा भगवत्प्रेमका जितना प्रचार-प्रसार होना चाहिये था, वैराग्य-राग-रसिकता आकर विशुद्ध भगवदनुराग-रसका जितना प्रादुर्भाव होना चाहिये था और कम-से-कम कौतूहल तथा नाटकमात्र न रहकर इसको जितना परम आध्यात्मिक साधनका सूत्रपात करनेवाला होना चाहिये था, वैसा यह नहीं हो पा रहा है और अधिकांश लोगोंके लिये यह एक (धार्मिक) मेलामात्र रह जाता है—यह अवश्य विचारणीय है और इसके लिये हमारे विचारोंमें, कार्योंमें, कार्यपद्धतिमें एवं उत्सवमें सम्मिलित होनेवाले महानुभावों तथा देवियोंके विचारों और कार्योंमें ऐसे सफल परिवर्तनकी आवश्यकता है, जिससे हमारा यह महोत्सव प्रभु-प्रेम-प्राप्तिका एक अमोघ साधन बन जाय। प्रारम्भिक साधकोंके लिये प्रेमी भक्तोंके द्वारा उपदिष्ट और प्रेमी साधकोंके द्वारा आचरित नीचे लिखी बातोंपर ध्यान देना अत्यन्त आवश्यक है—

अहित, असत्य, व्यर्थ, कटु, निन्दायुत, उद्वेग-वचनका त्याग।
लीला-भगवन्नाम-गुणोंका गान करे नित सह अनुराग॥
मनसे काम-क्रोध-लोभके वेगोंका करके परिहार।
लीला-भगवद्‌गुण-नामोंका करे नित्य चिन्तन अविकार॥
हिंसामय अशुद्ध भोजनका, करे चटोरेपनका त्याग।
सादा शुद्ध सुभोजन सात्त्विक करे, स्वादका तजकर राग॥
सादे वस्त्र, आचरण सीधे, जीवन आडम्बरसे हीन।
आवश्यकता-अभाव-विरहित, सदा दीन-सेवामें लीन॥

****

विषयी-संसारी लोगोंका सङ्ग छोड़, सेवै सतसङ्ग।
व्यर्थ-अनर्थ कार्य सब इन्द्रिय-मनके तजकर रहे असङ्ग॥
भजनोत्साह सदा, भगवत्-अस्तित्व-कृपामें दृढ़ विश्वास।
भजन-सहायक कर्मोंमें शुचि प्रीति, प्रवृत्ति, ध्यान-आयास॥
घोर विपद्में धैर्य, मानकर प्रभुका मङ्गलमय सुविधान।
राधा-कृष्ण-प्रेमको ही, बस, मान एक उद्देश्य महान॥

इन साधनोंपर गम्भीरतासे ध्यान देकर यथासाध्य इनको जीवनमें उतारनेसे श्रीराधा-माधव-प्रेमकी प्राप्तिका मार्ग सहज ही प्राप्त हो सकता है। अन्तमें हम प्रार्थना करें—

सदा राधिकानाम जिह्वाग्रतः स्यात्
सदा राधिकारूपमक्ष्यग्र आस्ताम्।
श्रुतौ राधिकाकीर्तिरन्तःस्वभावे
गुणा राधिकायाः श्रिया एतदीहे॥

जिह्वाके मम अग्रभागपर रहे विराजित राधा-नाम।
मेरी आँखोंके सम्मुख नित रहे राधिका-रूप ललाम॥
कानोंमें नित रहे गूँजती, राधाकीर्ति-कथा अभिराम।
बना रहे श्रीश्रीराधाका गुण-गण-चिन्तन मन अविराम॥

बोलो कीर्तिदाकुमारी श्रीराधारानीकी जय!!

(रात्रिमें)

वन्दे वृन्दावनानन्दां राधिकां परमेश्वरीम्।
गोपिकां परमां श्रेष्ठां ह्लादिनीं शक्तिरूपिणीम्॥

पूर्णानुरागरसमूर्तितडिल्लताभं
ज्योतिः परं भगवतो रतिमद्रहस्यम्।
यत्प्रादुरस्ति कृपया वृषभानुगेहे
तत्किंकरी भवितुमेव ममाभिलाषः॥

हमारा महान् सौभाग्य है, जो आज हमलोग परम त्यागकी तथा दिव्य

****

भगवत्प्रेमानन्दकी घनीभूत सजीव प्रतिमा श्रीश्रीराधाके प्राकट्योत्सवके सुअवसरपर श्रीराधा-माधवके पुनीत स्मरणका सौभाग्य प्राप्त कर रहे हैं।

श्रीराधाकी ऐतिहासिक सत्ता है या नहीं, उनको पहले क्या मानते थे तथा पीछे क्या मानने लगे, उनका क्रम-विकास हुआ या नहीं। उनके सम्बन्धमें वैष्णवों और भक्तोंकी कल्पनाका कितना विस्तार है—इन सब प्रश्नोंपर विवाद करनेकी योग्यता मैं अपनेमें नहीं समझता। मेरी तुच्छ धारणामें तथा मेरे विश्वासमें तो श्रीराधा परात्पर समग्र ब्रह्म सच्चिदानन्दघन भगवान् श्रीकृष्णकी भाँति ही नित्य सत्य तत्त्व हैं। इन दोनोंका नित्य एकत्व तथा नित्य ही लीला-भेद है और वह अनादि अनन्त है। श्रीराधाजी महाभाग श्रीवृषभानुके यहाँ प्रकट हुई थीं, समय-समयपर हुआ करती हैं— यह सत्य है। उनकी वृन्दावनकी मधुर लीला भी परम सत्य है। हो सकता है, प्राचीन साहित्य उपलब्ध न होने या लुप्त हो जानेके कारण उनका नाम पहलेके सब ग्रन्थोंमें न मिलता हो। हो सकता है, सब लोगोंको उनके स्वरूप तथा लीलातत्त्वका पता न हो। यह भी सम्भव है कि उनकी छायाका विवाह रायाण गोपसे हुआ हो और वे स्वरूपतः यथार्थमें भगवान् श्रीकृष्णकी ही नित्यसङ्गिनी रही हों। अतः उनमें परकीया भावकी कल्पना की गयी हो। एवं ब्रह्माजीके द्वारा विवाह कराये जानेके कारण पहले उन्हें लोग स्वकीया मानते हों और इस कारण उनके साहित्यिक रूपमें साहित्यिकोंके भावनानुसार समय-समयपर परिवर्तन हुआ हो और इसीको क्रम-विकासका नाम दे दिया गया हो। पर उनके तात्त्विक सत्य स्वरूपमें किसी भी कल्पनाका स्थान है और कल्पना-राज्यमें ही उनकी सृष्टि, विकास, भावान्तर या रूपान्तर हुआ है एवं प्रेमके केवल साहित्यिक रूपमें ही उनकी काल्पनिक सत्ता है, यह बात माननेको कभी मन नहीं चाहता। उनके नित्य अस्तित्वकी सत्यताका सबसे बड़ा प्रमाण तो यह है कि अनेकों प्रेमी भक्तोंको उन अलौकिक प्रेममयी, दिव्य स्नेहमयी, अलौकिक अप्राकृत विग्रहरूपा श्रीराधारानीकी विलक्षण कृपासे उनके प्रत्यक्ष दर्शन, साक्षात्कार, उनकी विविध लीलाओंकी अनुभूति, उनकी लीलामें प्रवेश-प्राप्ति और दिव्य परम स्नेहाशीर्वादकी उपलब्धि हुई है। विश्वासी पुरुषोंके लिये इसके प्रचुर प्रमाण हैं।

भारतके प्रसिद्ध विद्वान् महामहोपाध्याय डॉ॰ श्रीगोपीनाथजी कविराजने 'कल्याण'में प्रकाशित एक लेखमें लिखा था—"कोई भयभीत मनुष्य जनशून्य अज्ञात देशमें घोर विपत्तिके समय पलक मारते ही यह देखता है कि स्निग्ध करुणामय एवं प्रशान्त मुखश्रीसे युक्त एक दिव्य ज्योतिर्मय मूर्ति उसके दृष्टिपथमें शून्यस्थानमें आविर्भूत होकर उसके समस्त भयका हरण कर लेती है, उसे आश्वासन देती हुई कहती है—'वत्स! तुम भयभीत क्यों हो रहे हो? देखो, सामने दीपक जल रहा है। वहाँ जाओ। तुम्हारे सारे अभाव दूर हो जायँगे। मैं तुम्हारे साथ हूँ। भयका कोई कारण नहीं है।' इस आश्वासनको सुनकर वह यदि देखता है कि सचमुच ही सामने पर्णकुटीमें दीपक जल रहा है और वहाँ एक मनुष्य मानो उसीकी प्रतीक्षामें बैठा हुआ है, वह वहाँ आश्रय पाता है, क्षुधा-निवृत्तिके लिये मनमाना भोजन लाभ करता है, भयसे त्राण पाता है, गन्तव्य स्थानका मार्ग पाता है तथा राहका साथी पाता है तो बताइये उसके हृदयमें किस प्रकारके भावोंका उदय होगा ……।" इस घटनाको वह मनुष्य चाहे लौकिक कार्य-कारणके सम्बन्धद्वारा किसीको न समझा सके और कोई चाहे इस घटनाको सत्य न समझे; पर किसने प्रत्यक्ष ऐसा अनुभव प्राप्त किया है, वह इसे कैसे अस्वीकार कर सकता है और कैसे वह किसीके न माननेसे या तर्कयुक्त खण्डन करनेसे अपने प्रत्यक्ष अनुभवके विरुद्ध उसकी बातको स्वीकार कर सकता है? ठीक यही बात श्रीराधारानीके सम्बन्धमें है। उनकी सत्ताको कोई स्वीकार करे या न करे, उन्हें कोई चाहे केवल कल्पनाकी वस्तु माने अथवा उनके रूपमें अपने मनकी कल्पनाके अनुसार तर्कयुक्तिका अवलम्बन करके क्रम-विकास माने; पर श्रीराधारानीकी अनुकम्पासे जिनको प्रत्यक्ष अनुभूति हो चुकी है या होती है, तर्कयुक्ति या शब्दजालके आधारपर उनके सत्य विश्वासको कोई कैसे हिला सकता है? इसी प्रत्यक्ष अनुभूतिके आधारपर अबतकके प्रेमी भक्तोंने जो कुछ देखा, निरखा और फिर लिखा है, उसीपर सहज विश्वास करके इस पवित्र मार्गके साधकोंको बिना किसी शङ्का-संदेहके श्रीराधारानीकी आराधना करनी चाहिये।

मैं न तो साहित्य-क्षेत्रमें प्रवेशका यथार्थ अधिकारी हूँ, न मुझमें विशुद्ध भक्ति और प्रेमका ही तनिक-सा भी प्रत्यक्ष अङ्कुर उगा है; इस अवस्थामें मेरे-सरीखे

साहित्य तथा प्रेमके दरिद्रके लिये तो सहज करुणामयी श्रीराधारानीकी मङ्गल-प्रेरणाके अतिरिक्त अन्य कोई साधन ही नहीं है, जिससे मैं उनके सम्बन्धमें कुछ कह-सुन सकूँ।

श्रीराधारानी भगवान् श्रीकृष्णका ही एक दूसरा स्वरूप हैं और उन्हींकी भाँति उनमें समस्त भगवदीय गुणोंका प्राकट्य है। प्रेमकी परमोच्च सीमास्वरूप महाभावरूपा होनेपर भी वे नित्य-निरन्तर अपनेमें प्रेमका अभाव देखती हैं। अतएव उनका वह दिव्य प्रेम प्रतिपल—नित्य वर्द्धनशील है, वह कभी पूरा होता ही नहीं। वे नित्य परिवर्द्धनशील, नित्य नवायमान सौन्दर्य-माधुर्यका अगाध, अपरिसीम, अनन्त भंडार होनेपर भी अपनेमें कुरूपता देखकर कभी भी अपनेको प्रियतम श्यामसुन्दरके योग्य अनुभव नहीं करतीं और सदा सकुचाती रहती हैं। अनन्त-अचिन्त्य अनिर्वचनीय सहज दिव्य भगवत्स्वरूप होनेपर भी वे अपनेको दोषागार मानकर लज्जाका अनुभव करती हैं। शिव-ब्रह्मादि देवगण, नारद-सनत्कुमार आदि मुनि, वसिष्ठ-व्यासादि महर्षि, याज्ञवल्क्य-शुकदेव आदि ज्ञानी, अनसूया-अरुन्धती आदि सती-पतिव्रता एवं ब्रह्मविद्या आदि प्रत्यक्ष ज्ञानमूर्ति देवियों आदिके द्वारा उपासित, आराधित, परम गौरवमयी, महान् महिमामयी, नित्य निर्मल प्रेमाकार-स्वरूपा होनेपर भी वे अपनेको गौरव-महिमा-विहीन और विकारी हृदय-सम्पन्न बतलाती हैं और नित्य सहज अनुगत होनेपर भी पुनः-पुनः वक्र गतिका अवलम्बन करती हैं। इस प्रकार उनमें नित्य-निरन्तर अनन्त अचिन्त्य निरतिशय परस्पर-विरोधी धर्म एवं भावोंका विकास रहता है।

श्रीराधा और श्रीकृष्ण अभिन्न होनेपर भी विलक्षण प्रेम-सम्बन्धसे सम्बन्धित हैं। वे परस्पर प्रेमी भी हैं और प्रेमास्पद भी। परंतु अधिकांशमें श्रीराधा ही आश्रयालम्बनस्वरूप बनी हुई श्रीकृष्णकी आराधना करके उन्हें सुख पहुँचाती रहती हैं। श्रीराधामें अनन्त गुण हैं। उनके स्वरूप-गुणोंको यथार्थतः पूरा कोई नहीं जानता। फिर कोई बता तो कैसे सकता है। पर प्रेमी भक्तोंको उनके निम्नलिखित चौंसठ गुणोंकी विशेषरूपसे उपलब्धि हुई है और वे ये हैं—

अङ्ग अङ्ग अप्रतिम अमित सौन्दर्य, अतुल माधुर्य महान।
दिव्य पवित्र अङ्ग-सौरभ, संतत शुचि अधर मधुर मुसकान॥

नेत्र सुधावर्षिणी दृष्टियुत, चञ्चलता वक्रता विशाल।
दीर्घ कृष्ण कच, सोह चन्द्रिका, वेणि-सुगुम्फित मालति-माल॥
सुकुमारता, सहज श्री-सुषमा, प्रियदर्शना, विलक्षण रूप।
सहज सरलता, परम बुद्धिमत्ता, सेवा-रति धैर्य अनूप॥
नित्य विरह-कातरता, मिलनोत्कण्ठा, नित्य मिलन अनुभूति।
निरभिमानता, मान-रूपता, वामभावना, विमल विभूति॥
विनयशीलता, शुचि विनम्रता, सर्वत्यागमयता अति पूत।
करुणामयता, अति उदारता, कर्मकुशलता रस-सम्भूत॥
साधुभाव, सौशील्य परम, चापल्य, मधुर गाम्भीर्य अपार।
गीत-वाद्य-शुचिनृत्य-कुशलता, ललित अनन्त कला आगार॥
प्रिय-गुण-वर्णन-मुखरा अति, मन मौन, नित्य उद्दीपित भाव।
स्व-सुख-कल्पना-शून्य सर्वथा, नित्य एक प्रियतम-सुख-चाव॥
सहज प्रेम-प्रतिमा, पर निजमें नित्य प्रेमशून्यता-ज्ञान।
आत्मनिवेदनमयता, पर है नहीं समर्पण-स्मृति-अभिमान॥
सखी-सहचरी-प्रेम-विवशता, सबमें गुण-महिमाका भान।
सबके सुखमें सुखी सदा निज सुखका सहज त्याग निर्मान॥
सौत-प्रियता-सेवा सुखमय प्रियतम-सुख-सम्पादन-जन्य।
प्रियतम-वशीकरण गुणगणमय, परम त्यागमय जीवन धन्य॥
रति, स्नेह अति, प्रणय, मान शुचि, पञ्चम राग तथा अनुराग।
सप्तम दुर्लभ भाव, प्रेम अष्टम अति महाभाव युत त्याग॥
आठोंसे सम्पन्न, इन्हींकी अगली शुभ परिणतिसे युक्त।
प्रियतम-महिषी-प्रेयसिगणमें प्रमुख सर्व-अर्पण-संयुक्त॥
प्रेमविवशता मधुर, नित्य अभिसार-प्रियता, प्रिय-स्मृति-लीन।
नवनिकुञ्जवासिनि, मधुभाषिणि, परमैश्वर्यमयी, शुचि दीन॥
ममतामयी मधुकरी करती प्रिय-पद-कंज-मधुर-रस-पान।
'मैं अभिन्न प्रियतमा श्यामकी' एक अनन्य अहंका मान॥

१. प्रत्येक अङ्गमें अतुलनीय अपरिमित सौन्दर्य, २. अतुलनीय महान् माधुर्य, ३. दिव्य अङ्गोंमें पवित्र सुगन्ध, ४. अधरोंपर निरन्तर पवित्र मधुर मुसकान, ५. नेत्रोंकी सुधावर्षिणी दृष्टि, ६. नेत्रोंकी चञ्चलता, ७. विशाल नेत्रोंकी वक्रता, ८. लम्बे काले केश, ९. सिरपर चन्द्रिका सुशोभित, १०. वेणीमें मालतीकी माला गुँथी हुई, ११. अङ्गोंकी सुकुमारता, १२. सहज श्री-शोभा, १३. देखनेमें अत्यन्त प्रियदर्शिता, १४. अलौकिक रूप-सौन्दर्य, १५. सहज सरलता, १६. परम बुद्धिमत्ता, १७. सेवामें प्रीति, १८. अनुपम धैर्य, १९. श्रीकृष्ण-विरह-जन्य नित्य कातरता, २०. श्रीकृष्णके प्रति मिलनोत्कण्ठा, २१. श्रीकृष्णके नित्य मिलनका अनुभव, २२. निरभिमानता, २३: मान, २४. वामभाव, २५. निर्मल वैभव, २६. विनयशीलता, २७. पवित्र नम्रता, २८. अत्यन्त पवित्र सर्वत्यागमयता, २९. करुणामयता, ३०. परम उदारता, ३१. प्रेमसे प्रादुर्भूत कार्यकुशलता, ३२. साधुभाव, ३३. परम सुशीलता, ३४. मधुर चपलता, ३५. अपार गम्भीरता, ३६. पवित्र गीत-वाद्य-नृत्य-कुशलता, ३७. अनन्त ललित कलाओंकी भंडार, ३८. प्रियतम श्रीकृष्णके गुण-वर्णनमें अत्यन्त मुखरता, ३९. मानसिक मौन, ४०. नित्य उद्दीप्त भाव, ४१. स्वसुखकी कल्पनाका सर्वथा अभाव, ४२. नित्य एकमात्र प्रियतमके सुखकी इच्छा, ४३. सहज प्रेम-प्रतिमारूपता, ४४. अपनेमें नित्य प्रेमके अभावका ज्ञान, ४५. आत्मनिवेदनमयता, ४६. समर्पणकी स्मृति और अभिमानका अभाव, ४७. सखी-सहचरियोंके प्रति प्रेमविवशता और उनमें गुण-महिमाके दर्शन, ४८. सखी-सहचरियोंके सुखमें नित्य सुखी रहना, ४९. अपने सुखका अभिमानरहित सहज त्याग, ५०. प्रियतमके सुख-सम्पादनके लिये सौतकी प्रियता और सेवामें सुखकी अनुभूति, ५१. प्रियतमको वशमें करनेवाले गुणोंका समूह, ५२. परम त्यागमय धन्य जीवन, ५३. रति, स्नेह, प्रणय, मान, राग, अनुराग, भाव और महाभावरूप त्यागमय प्रेमका नित्य विकास, ५४. इन आठों भावोंकी अगली परिणति (मोदन-मादन आदि) की प्राप्ति, ५५. प्रियतम श्रीकृष्णकी पटरानियों और प्रेयसियोंमें सर्व-समर्पणयुत प्रमुखता, ५६. मधुर प्रेमविवशता, ५७. नित्य अभिसारप्रियता, ५८. प्रियतम श्रीकृष्णकी स्मृतिमें तल्लीनता, ५९. नव निकुञ्जमें निवास, ६०. मुधर भाषण, ६१. परम ऐश्वर्यमयता, ६२.पवित्र दैन्य ६३. प्रियतम-

पद-कमलके मधुर रसपानके लिये ममतामयी भ्रमरीरूपता, ६४. 'मैं श्रीश्यामसुन्दरकी अभिन्न प्रियतमा हूँ' एकमात्र ऐसा अनन्य अहंकार।

इन्हींके साथ-साथ श्रीकृष्णके प्रति उनके क्या भाव—सम्बन्ध हैं, नीचेके वर्णनसे उनका पता लगता है और गम्भीरतापूर्वक विचार करनेपर श्रीराधाके परम पवित्र प्रेममय हृदयके स्वरूपकी पवित्र झाँकीके दर्शन होते हैं।

कृष्णप्राणाधिका राधा कृष्णप्रेमविनोदिनी।
श्रीकृष्णाङ्गशुभध्यात्री कृष्णानन्दप्रदायिनी॥
कृष्णस्याह्लादिनी देवी कृष्णध्यानपरायणा।
कृष्णसम्मोहिनी नित्या कृष्णानन्दप्रवर्धिनी॥
कृष्णानन्दसदानन्दा कृष्णकेलिसुखास्पदा।
कृष्णप्रिया कृष्णकान्ता कृष्णसेवापरायणा॥
कृष्णप्रेमाब्धिशफरी कृष्णप्रेमतरङ्गिणी।
कृष्णचित्तहरा देवी कीर्तिदाकुलपद्मिनी॥
कृष्णमुखी हास्यमुखी सदा कृष्णकुतूहला।
कृष्णानुरागिणी धन्या किशोरी कृष्णवल्लभा॥
कृष्णकामा कृष्णवन्द्या कृष्णार्थे सर्वकामना।
कृष्णप्रेममयी राधा कल्याणी कृष्णमाधुरी॥
कृष्णस्योन्मादिनी काम्या कृष्णलीलाशिरोमणिः।
कृष्णसंजीवनी राधा कृष्णवक्षःस्थलस्थिता॥
कृष्णप्रेममदोन्मत्ता कृष्णसङ्गविलासिनी।
श्रीकृष्णरमणी राधा कृष्णप्रेम्णा कलङ्किनी॥
कृष्णप्रेमवती कर्त्री कृष्णभक्तिपरायणा।
श्रीकृष्णमहिषीश्रेष्ठा श्रीकृष्णाङ्गप्रियंकरी॥
कृष्णसंयुक्तकामेशी श्रीकृष्णप्रियवादिनी।
कृष्णशक्तिः काञ्चनाभा कृष्णा कृष्णप्रिया सती॥
कृष्णप्राणेश्वरी धीरा केलिकुञ्जनिवासिनी।

****

कृष्णप्राणाधिदेवी सा कृष्णानन्दप्रदायिनी ॥
कृष्णप्रसाध्यमाना च कृष्णप्रेमपरायणा ।
कृष्णचित्तस्थिता देवी श्रीकृष्णाङ्गसदारता ॥

'श्रीराधा श्रीकृष्णको प्राणोंसे भी बढ़कर प्यारी हैं, कृष्ण-प्रेम ही उनके विनोद—मन-बहलावका साधन है। वे श्रीकृष्णके अङ्गोंका ही सदा शुभचिन्तन करती रहती हैं। श्रीकृष्णको आनन्द प्रदान करना ही उनका स्वभाव है और वे श्रीकृष्णको आह्लादित करती हैं। इतना ही नहीं, वे देवी श्रीकृष्णके ध्यानमें ही तत्पर रहती हैं। श्रीकृष्णका ध्यान ही उनकी सर्वश्रेष्ठ गति है। वे (सबके आकर्षक) श्रीकृष्णको भलीभाँति मोहित किये रहती हैं। वे सदा रहनेवाली—अविनाशिनी हैं और आनन्दरूप श्रीकृष्णके आनन्दको कई गुना बढ़ा देती हैं। श्रीकृष्णके आनन्दमें ही वे सदा आनन्द मानती हैं, श्रीकृष्णके केलिसुखकी आधारभूता हैं। वे श्रीकृष्णकी प्यारी, श्रीकृष्णके द्वारा कमनीय और श्रीकृष्णकी सेवामें ही तत्पर रहनेवाली हैं। श्रीकृष्णके प्रेमरूपी पारावारमें विहार करनेवाली मछली हैं, श्रीकृष्णप्रेमकी तरङ्गिणी हैं। वे श्रीकृष्णके चित्तको चुरानेवाली देवी अपनी जननी कीर्तिदाके कुलको सौरभित करनेवाली कमलिनी हैं। उनका मुख सदा श्रीकृष्णकी ओर रहता है। उनके वदनपर हास्यकी रेखा सदा खेलती रहती है तथा श्रीकृष्ण ही सदा उनके कुतूहल—उत्कण्ठाके विषय बने रहते हैं। वे श्रीकृष्णविषयक अनुरागसे पूर्ण होनेके कारण धन्यातिधन्य हैं, नित्य किशोरी तथा श्रीकृष्णवल्लभा हैं। श्रीकृष्ण ही उनकी कामनाके एकमात्र विषय हैं। वे श्रीकृष्णकी भी वन्दनीया हैं और उनकी सम्पूर्ण कामनाएँ श्रीकृष्णके लिये—श्रीकृष्णको लेकर ही होती हैं। नहीं-नहीं, ये राधारानी कृष्णप्रेमकी जीती-जागती पुतली, कल्याणमयी तथा कृष्णमाधुर्यका मूर्तस्वरूप हैं। वे श्रीकृष्णको भी उन्मत्त बना देनेवाली हैं तथा श्रीकृष्णके लिये कामनाका विषय बनी रहती हैं और श्रीकृष्णलीलाकी मुकुटमणि हैं। राधा श्रीकृष्णके प्राणोंके लिये संजीवनी बूटी हैं और श्रीकृष्णके वक्षःस्थलमें निवास करती हैं। वे कृष्णप्रेमके नशेमें मतवाली हुई घूमती हैं और श्रीकृष्णके विलासमें रत रहती हैं। वे श्रीराधा श्रीकृष्णको आनन्दित करती हैं और श्रीकृष्णप्रेमके कारण कलङ्किनी बनी रहती हैं। वे श्रीकृष्णप्रेमकी

आश्रयभूता विधात्री तथा श्रीकृष्णकी भक्तिमें सदा तत्पर रहती हैं। वे श्रीकृष्णकी पत्नियोंमें श्रेष्ठ तथा श्रीकृष्णके अङ्गोंका सदा प्रिय करनेवाली हैं। वे श्रीकृष्णसे सदा संयुक्त रहनेवाली भगवती कामेश्वरी—त्रिपुरसुन्दरीका ही दूसरा रूप हैं तथा श्रीकृष्णके प्रति सदा मधुर वचन बोलती हैं। वे श्रीकृष्णकी ह्लादिनी शक्ति और सुवर्णकी-सी कान्तिसे युक्त हैं। कृष्णा—श्यामानामसे विख्यात श्रीकृष्णकी प्रेयसी एवं सतीशिरोमणि हैं। वे श्रीकृष्णके प्राणोंकी स्वामिनी, धैर्यवती तथा केलिकुञ्जमें निवास करनेवाली हैं। और तो क्या, वे श्रीकृष्णके प्राणोंकी अधिष्ठात्री एवं श्रीकृष्णको प्रचुर आनन्द देनेवाली हैं। वे राधादेवी स्वयं श्रीकृष्णके द्वारा सजायी जाती हैं, श्रीकृष्ण-प्रेममें ही तत्पर रहती हैं, श्रीकृष्णके मनमें बसी रहती हैं और श्रीकृष्णके ही मधुर मनोहर अङ्गोंमें सदा प्रीतियुक्त रहती हैं।' अस्तु,

श्रीराधा स्वकीया थीं या परकीया, यह भी एक व्यर्थका ही प्रश्न है। जब श्रीकृष्ण और राधा स्वरूपतः नित्य अभिन्न एक ही तत्त्व हैं, तब उनमें अपने-परायेकी कल्पना कैसी? जैसे भगवान् निराकार भी हैं, साकार भी हैं और उन दोनोंसे परे भी हैं, उसी प्रकार श्रीराधाजी स्वकीया भी हैं, परकीया भी हैं और दोनोंसे परे भी हैं। भगवान् श्रीकृष्णने तो यहाँतक कहा है—

ये राधिकायां मयि केशवे हरौ
कुर्वन्ति भेदं कुधियो जना भुवि।
ते कालसूत्रे प्रपतन्ति दुःखिता
रम्भोरु यावत् किल चन्द्रभास्करौ॥

'इस पृथ्वीपर जो कुबुद्धि मानव राधिकामें और मुझ केशवमें—हरिमें भेद-बुद्धि करते हैं, वे जबतक चन्द्र-सूर्यका अस्तित्व है, तबतक कालसूत्र नामक नरकमें पड़े हुए दुःख भोगते रहते हैं।'

अतएव स्वकीया-परकीया—जिस-किसी भी भावसे श्रीराधाकी आराधना करते हुए उन्हें श्रीकृष्णसे अभिन्न मानना चाहिये और उनकी समर्था रतिका समादर करते हुए यथासाध्य प्रेम-भावनाको जीवनमें उतारना चाहिये। रतिके तीन भेद माने गये हैं—१—साधारणी, २—समञ्जसा और ३—समर्था। द्वारकालीलामें महाभागा

महर्षियोंकी रति 'साधारणी' मानी गयी है; क्योंकि उनमें स्वाभाविक ही गृहस्थ-धर्मके अनुसार संतानके लालन-पालनकी आशा और आत्मसुखकी आकाङ्क्षा भी थी। श्रीकृष्णको सुख देने और उनसे स्वयं सुख पानेकी आकाङ्क्षाके अतिरिक्त अन्य किसी आकाङ्क्षाका जिसमें अभाव होता है, ऐसा जो समरस विलास है, उसे 'समञ्जसा-रति' कहते हैं और जहाँ स्वसुख-वाञ्छाका सर्वथा अभाव है, उसे 'समर्था-रति' कहा गया है। समर्था-रतिकी प्रतीकरूपा श्रीगोपाङ्गनाएँ हैं और श्रीराधाजी उनमें सर्वप्रधान हैं*। वैकुण्ठादि दिव्य परमधामोंकी भगवत्स्वरूपा लक्ष्मी आदि महादेवियाँ यद्यपि

---

* 'रति'के सम्बन्धमें विशद वर्णन महामहिम श्रीरूपगोस्वामीने अपने 'उज्ज्वल नीलमणि' नामक प्रसिद्ध ग्रन्थमें किया है। उसमें कहा गया है—

साधारणी निगदिता समञ्जासौ समर्था च।
कुब्जादिषु महिषीषु च गोकुलदेवीषु च क्रमात्॥

'साधारणी' रति कुब्जा आदिमें, 'समञ्जसा' रति महिषीगणमें एवं 'समर्था' रति श्रीगोकुल-देवियों (गोपाङ्गनाओं) में है। यही मत सर्वत्र मान्य तथा प्रचलित है। परंतु यहाँ जो 'साधारणी' रति महिषियोंमें बतायी गयी है, उसका आधार एक प्राचीन बंगदेशीय वैष्णव महात्माके निम्नलिखित विचार हैं। उन्होंने लिखा है—

कुब्जार मिलनेच्छा शुधु निज सुख लागि।
आसे ना रतिर सीमाय ताइ दुर्भागि॥
अतएव कुब्जार साधारणी रति नय।
साधारणी रति हय द्वारिकालीलाय॥
आत्मसुख, कृष्णसुख, संतान-पालन।
त्रिविध आकाङ्क्षा ताते थाके अनुक्षण॥
समञ्जसा रति करे समरस बिलास।
संतान-पालनेर नाहिक अभिलाष॥
परस्पर सुख भोग थाके दुहुँ पक्षे।
समञ्जसा रति मात्र चले एइ लक्ष्ये॥
समर्था रति ते शुधु कृष्णसुखसार।
एइ रति ते केवल गोपीर अधिकार॥
स्व-सुख-वाञ्छा-लेश नहे गोपिकार।
कृष्णसुख लागि ताँर सकल व्यापार॥

श्रीराधासे अभिन्न हैं, तथापि प्रेम-राज्यमें उनकी रतिकी भी श्रीराधाकी रतिसे तुलना नहीं होती। द्वारकाकी पट्टमहिषियोंके सम्बन्धमें तो ऐसी बहुत-सी कथाएँ आती हैं, जिनसे वृन्दावनीय श्रीगोपाङ्गनाओंकी रतिका उनकी रतिकी अपेक्षा श्रेष्ठत्व सिद्ध हुआ है। एक कथा है—

'एक बार द्वारकाकी सारी पटरानियाँ द्वारकानाथ भगवान् श्यामसुन्दरके साथ सिद्धाश्रममें पधारीं। पटरानियाँ श्रीकृष्णके द्वारा श्रीराधिका और व्रजगोपियोंके सौन्दर्य, माधुर्य, त्याग तथा प्रेमका प्रभाव सुन चुकी थीं। इसलिये उनमें बड़ी लालसा थी कि वे श्रीराधारानी आदिके दर्शन करें।

'पटरानियोंमें सत्यभामा आदिने पहले तो अपने सौन्दर्यका बड़ा गर्व किया, पर श्रीराधा आदिका दर्शन करते ही उन सबको मूर्च्छा हो गयी। तब उनका गर्व गल गया। तत्पश्चात् परस्पर प्रेम-मिलन हुआ। परस्पर बड़ी प्रेमकी चर्चा हुई। फिर श्रीकृष्णके आज्ञानुसार रुक्मिणीजीने स्वर्णपात्रमें शर्करायुक्त उष्ण दुग्ध बड़ी प्रीतिके साथ श्रीराधाजीको पिलाया। तदनन्तर सब अपने-अपने स्थानोंको पधार गयीं। रात्रिको भगवान् श्रीकृष्णके समीप रुक्मिणीजी आयीं और शयनके समय अपने कोमल कर-पल्लवोंके द्वारा सदाकी भाँति वे स्वामी श्रीकृष्णका पाद-संवाहन करने लगीं। रुक्मिणीजीने आश्चर्यसे देखा—भगवान्के श्रीचरण-तलमें फफोले पड़े हुए

''कुब्जाकी श्रीकृष्णसे मिलनकी इच्छा केवल अपने सुखके लिये ही है, अतएव वह अभागी तो इस 'रति'की सीमामें ही नहीं आती। इसलिये कुब्जाकी 'साधारणी' रति नहीं है। साधारणी रति द्वारका-लीलामें (महिषीगणमें) होती है। साधारणी रतिमें निजसुख, कृष्णसुख और संतानपालनकी—इस प्रकार त्रिविध आकाङ्क्षा सर्वदा रहती है।

'समञ्जसा' रतिमें समरस विलास है। निजसुख और कृष्णसुखकी समान आकाङ्क्षा है। इसमें संतानपालनकी अभिलाषा नहीं है। दोनों ही ओर परस्पर सुखभोग होता है। समञ्जसा रति केवल इसी लक्ष्यको लेकर चलती है।

'समर्था' रतिमें केवल श्रीकृष्णसुख ही सार है। इस रतिमें केवल गोपीका ही अधिकार है; क्योंकि गोपीमें लेशमात्र भी स्व-सुख-वाञ्छा नहीं है। उसके सारे व्यापार केवल श्रीकृष्णसुखके लिये ही होते हैं।''

हैं। रुक्मिणीके बहुत पूछनेपर भगवान्‌ने कहा—

श्रीराधिकाया हृदयारविन्दे
पादारविन्दं हि विराजते मे।
अहर्निशं प्रश्रयपाशबद्धं
लवं लवार्द्धं न चलत्यतीव॥
अद्योष्णदुग्धप्रतिपानतोऽङ्घ्रा-
वुच्छालकास्ते मम प्रोच्छलन्ति।
मन्दोष्णमेवं हि न दत्तमस्यै
युष्माभिरुष्णं तु पयः प्रदत्तम्॥

'रुक्मिणी! राधिकाके हृदयकमलमें मेरे पद-कमल नित्य विराजित रहते हैं। उनके प्रेमपाशमें बँधे हुए मेरे चरण-कमल एक आधे लवके लिये भी वहाँसे नहीं हटते। आज राधिकाने बहुत गरम दूध पी लिया था, इसीसे मेरे पद-कमलोंमें फफोले पड़ गये हैं। तुमने अधिक गरम दूध दे दिया, उसीका यह फल है।' यद्यपि राधाके प्रेमका यह एक बहुत ही स्थूल नगण्य-सा लक्षण है, तथापि भगवान्‌के इन वचनोंको सुनकर रुक्मिणी आदि परमपवित्र देवी-शिरोमणियोंका दूषणरहित दर्प तत्काल दलित हो गया। उसी अवसरपर पटरानियोंके आग्रहसे श्रीराधा आदि समस्त गोपिकाओंको साथ लेकर भगवान्‌ने रास भी किया और इससे श्रीसत्यभामा आदिको फिर गर्व हो गया कि हमारा आजका यह रास वृन्दावनके रासकी अपेक्षा बड़े महत्त्वका हुआ होगा; पर श्रीकृष्णके कहनेपर जब श्रीराधाजीसे उनकी बातचीत हुई और श्रीराधाने वृन्दावनीय रासके सौन्दर्य और प्रभावका वर्णन किया, तब तो समस्त पटरानियोंको यह अच्छी तरहसे भान हो गया कि भगवान् श्रीकृष्णके पवित्र प्रेममें श्रीराधा और गोपाङ्गनाओंकी तुलना किसीके साथ नहीं हो सकती। अतएव श्रीराधाका महात्यागमय प्रेम सभीके लिये आदर्श है। इसीसे बहुत बड़े-बड़े ऋषि-मुनियोंने, ब्रह्मर्षियोंने, वेदकी ऋचाओंने और ब्रह्मविद्या आदिने भी तीव्रतम तपस्या करके गोपीप्रेमको प्राप्त करनेका प्रयास करके सफलता प्राप्त की थी। आज उन्हीं श्रीराधाके महान् प्राकट्य-महोत्सवका शुभ दिन है। आज हमें अभिन्नस्वरूप उन श्रीराधा और

माधवके चरणोंमें प्रेम प्राप्त करनेका निश्चय करना चाहिये। भगवान् श्रीराधा-माधवका प्रेम प्राप्त करनेके लिये श्रीराधाकी आराधना ही प्रधान साधन है। भगवान् शंकरके पूछनेपर स्वयं श्रीकृष्णने उनसे कहा था—

यो मामेव प्रपन्नश्च मत्प्रियां न महेश्वर।
न कदापि स चाप्नोति मामेवं ते मयोदितम्॥
तस्मात् सर्वप्रयत्नेन मत्प्रियां शरणं व्रजेत्।
आश्रित्य मत्प्रियां रुद्र मां वशीकर्तुमर्हसि॥
इदं रहस्यं परमं मया ते परिकीर्तितम्।
त्वयाप्येतन्महादेव गोपनीयं प्रयत्नतः॥

'श्रीमहादेव! जो मेरे शरण होते हैं, पर मेरी प्रिया श्रीराधाके नहीं होते, वे वास्तवमें मुझे प्राप्त नहीं करते। अतएव सब प्रकारसे मेरी प्रिया श्रीराधाके शरणापन्न होकर उनकी आराधना करनी चाहिये। रुद्र! यदि मुझे वशमें करना चाहते हो तो मेरी प्रिया राधाके शरणापन्न होओ—यह मैं तुमको गुप्त रहस्य बतलाता हूँ।'

आराधनामें एक ही भावकी विशेषता है कि आराधक सब प्रकारसे एक ही लक्ष्यको सामने रखकर साधनामें प्रवृत्त हो। भगवान् शंकरने कहा है—

सुचिरं प्रोषिते कान्ते यथा पतिपरायणा।
प्रियानुरागिणी दीना तस्य सङ्गैककाङ्क्षिणी॥
तद्गुणान् भावयेन्नित्यं गायत्यभिशृणोति च।
श्रीकृष्णगुणलीलाया: स्मरणादि तथाऽऽचरेत्॥

'जैसे पतिपरायणा रमणी दीर्घकालसे विदेश गये हुए एकमात्र पतिमें ही अनुरक्त रहती है, केवल पतिके ही सङ्गकी आकाङ्क्षा करती हुई दीनभावसे सदा उसीके गुणोंका चिन्तन, उसीका गुणगान और उसीका गुणश्रवण करती रहती है, उसी प्रकार साधकको श्रीकृष्णमें आसक्तचित्त होकर श्रीकृष्णके नाम-गुण-लीलादिका ही स्मरण, गान तथा श्रवण करते रहना चाहिये।'

श्रीराधाकी आराधनाके दो प्रधान साधन हैं—(१) श्रीराधाके परम प्रियतम श्रीकृष्णकी सुखसाधना और (२) किसी सिद्धा मञ्जरीके अनुगत होकर मञ्जरी-

भावसे श्रीराधा-माधवकी मधुर विशुद्ध सेवामय उपासना।

(१)

राधाराधन के परम हैं दो सुन्दर रूप।
दोऊ परम अमोघ सुभ, दोऊ श्रेष्ठ अनूप॥
प्रियतम प्रभु श्रीकृष्ण कौ सुख ही राधाभाव।
राधा-मनमें बढ़त नित प्रियतम सुख कौ चाव॥
तिन की सेवामें निरत रहै जो जन मतिमान।
राधा तासौ सदा ही पावे मोद महान॥

(२)

राधा-सुख कौ दूसरौ यह साधन बलवान।
मंजरि बनि सेवा करै समुद जुगल रसखान॥
निज सुख कौ रंचक नहीं, कितहुँ कल्पना-लेस।
सुख हित लाड़लि-लाल के सहै समोद कलेस॥
सेवा सकल निकुंज की करै सदा अबिकार।
संयत इंद्रिय-मन सदा, बस सेवा अधिकार॥
लखि निकुंज-लीला सुखी स्यामा-स्याम ललाम।
लहै परम सुख, बढ़ै सुचि सेवा-रुचि अभिराम॥
काउ मंजरी कौ रहै अनुगत सदा सचेत।
मंजरि सम सेवा करै ताकौ पाइ सँकेत॥

जो वास्तवमें ही श्रीराधा-माधवकी प्रेम-प्राप्तिके मार्गपर चलना चाहते हों, उन्हें अपनी रुचि एवं अधिकारके अनुसार इन दोनोंमेंसे किसी एक साधनाका आश्रय लेना चाहिये। इनमें श्रीकृष्णकी उपासनाके लिये श्रीराधाकी उपासना और श्रीराधाकी उपासनाके लिये श्रीकृष्णकी उपासना अपेक्षित है। वे एक-दूसरेकी उपासनामें ही अपनी उपासना मानकर परम प्रसन्न होते हैं।

अन्तमें हम श्रीराधारानीसे प्रार्थना करें—

****

दुराराध्यमाराध्य कृष्णं वशे त्वं
महाप्रेमपूरेण राधाभिधाभूः ।
स्वयं नामकृत्या हरिप्रेम यच्छ
प्रपन्नाय मे कृष्णरूपे समक्षम् ॥
मुकुन्दस्त्वया प्रेमदोरेण बद्धः
पतङ्गो यथा त्वामनुभ्राम्यमाणः ।
उपक्रीडयन् हार्दमेवानुगच्छन्
कृपा वर्तते कारयातो मयेष्टिम् ॥

'श्रीराधे! जिनकी आराधना कठिन है, उन श्रीकृष्णकी भी आराधना करके तुमने अपने महान् प्रेमसिन्धुकी बाढ़से उन्हें वशमें कर लिया। श्रीकृष्णकी आराधनाके ही कारण तुम राधा-नामसे विख्यात हुई। श्रीकृष्णस्वरूपे ! अपना यह नामकरण स्वयं तुमने किया है, इससे अपने सम्मुख आये हुए मुझ शरणागतको श्रीहरिका प्रेम प्रदान करो।

'तुम्हारी प्रेमडोरमें बँधे हुए भगवान् श्रीकृष्ण पतंगकी भाँति सदा तुम्हारे आस-पास ही चक्कर लगाते रहते हैं, तुम्हारे हृदयके भावका अनुसरण करके तुम्हारे पास ही रहते तथा क्रीडा करते और कराते हैं। देवि ! तुम्हारी कृपा सबपर है, अतः मेरेद्वारा अपनी आराधना-सेवा करवाओ।'

बोलो श्रीश्रीराधा-माधवकी जय !!

——::×::——

श्रीराधा

श्रीराधाके तत्त्व-स्वरूप-लीलाका पुण्यस्मरण

(सं० २०२१ वि० के श्रीराधा-जन्माष्टमी-महोत्सवपर प्रवचन)

(दिनका प्रवचन)

यत्पादपद्मनखचन्द्रमणिच्छटाया
विस्फूर्जितं किमपि गोपवधूष्वदर्शि।
पूर्णानुरागरससागरसारमूर्तिः
सा राधिका मयि कदापि कृपां करोतु॥

आजका यह मङ्गल दिवस सभीके लिये परम मङ्गलमय, सर्वथा आदरणीय एवं परम सौभाग्यसूचक है; क्योंकि सच्चिदानन्दघन भगवान्की ह्लादिनी शक्ति, नित्य लीलामयी, वृषभानुनन्दिनी, कीर्तिदाकुमारी स्वामिनी श्रीराधाजीकी प्राकट्यलीला आजके दिन इस मङ्गलमय मध्याह्नके समय ही अपने ननिहाल रावल ग्राममें हुई थी। जैसे श्रीकृष्ण नित्य सच्चिदानन्दस्वरूप, समस्त अवतारों तथा भगवत्स्वरूपोंके मूल, प्राकृत प्रपञ्चसे अतीत दिव्य गुण-शक्तिमय तथा सौन्दर्य-माधुर्यके अनन्त निधि हैं, वैसे ही श्रीराधाजी भी नित्य सच्चिदानन्दस्वरूपा, लक्ष्मी-सरस्वती आदि समस्त देवियोंकी भी आदि-मूलस्वरूपा, प्राकृत प्रपञ्चसे अतीत दिव्य गुण-शक्तिमय तथा ऐसे अनुपम अनन्त सौन्दर्य-माधुर्यकी समुद्र हैं, जो सर्वाकर्षक श्रीकृष्णको भी नित्य आकर्षित किये रहते हैं। वस्तुतः श्रीकृष्ण और श्रीराधामें शक्तिमान् तथा शक्तिके सदृश नित्य अभेद है। एक ही तत्त्व नित्य दो स्वरूपोंमें लीलायमान है।

ये श्रीराधाजी न तो साहित्यकारों या कवियोंकी कल्पना हैं, न श्रद्धालुओंके श्रद्धाचित्तके द्वारा निर्मित वस्तुविशेष हैं और न आध्यात्मिक तत्त्व-विशेषका रूपक ही हैं। ये नित्य सत्य सनातन भगवान्की अपृथक् आनन्दशक्ति-ह्लादिनी हैं। 'सर्वप्रथम साहित्य-जगत्में इनकी कल्पना हुई और उस कल्पनामें क्रमविकास होते-होते ये श्रद्धास्पदा शक्ति-विशेष बनकर अन्तमें भगवान् श्रीकृष्णकी परमाराधिका और परमाराध्या बन गयीं।' इस प्रकार राधाके सम्बन्धमें भाँति-भाँतिकी कल्पना-जल्पना की गयी है—यह सत्य है; अनुभवशून्य साहित्यकारोंने श्रीराधाके सम्बन्धमें विविध विचित्र कल्पनाएँ की हैं और लौकिक शृङ्गारी कवियोंने भी अपनी मनोवृत्तिके अनुसार

रचना करके श्रीराधाके परमदिव्य अत्युज्ज्वल कल्याणस्वरूपको निम्न स्तरपर लानेका प्रयास किया है। पर ऐसी किसी भी कल्पना-जल्पनासे न तो परमेश्वरी सच्चिदानन्दमयी भगवान्‌की नित्य ह्लादिनीशक्ति, नित्य-निकुञ्जेश्वरी, रासेश्वरी, श्रीकृष्णमयी श्रीराधाजीके अप्रतिम, अलौकिक, दिव्य स्वरूप-तत्त्वमें ही किसी प्रकारकी त्रुटि आयी या आ सकती है और न अनुभवकी आँख रखनेवाले प्रेमियोंके हृदयोंपर कोई प्रभाव पड़ा है; क्योंकि सत्य किसीकी स्वीकृतिकी अपेक्षा नहीं रखता। वह तो है ही, नित्य है ही—कोई मानें या न मानें। अवश्य ही न माननेवाले परम लाभसे वञ्चित रह जाते हैं और अभिमानवश विरोध या खण्डन करनेवाले महान् दुष्कर्म करते हैं। श्रीराधारानी अपने सहज कृपालु-स्वभावसे उन्हें क्षमा करके भीषण नरक-यन्त्रणासे बचावें! श्रद्धासम्पन्न प्रेमी साधकों तथा भक्तोंको इन जल्पनाओंपर ध्यान न देकर श्रीराधारानीको नित्य, सत्य, श्रीकृष्णानुरागमयी, साक्षात् दर्शन देकर कृतार्थ करनेवाली परमशक्ति मानकर नित्य-निरन्तर साधनामें संलग्न रहना चाहिये। श्रीराधारानीकी कृपासे स्वयं ही उनके अन्तश्चक्षु खुलेंगे और वे राधारानीके प्रत्यक्ष दर्शन करके समस्त संदेहोंसे अतीत चिन्मयी भूमिकामें पहुँच जायँगे।

पवित्र प्रेमकी प्राप्तिके लिये जिस त्यागकी आवश्यकता है उससे भी कहीं अधिक त्याग श्रीराधामें स्वाभाविक है। वास्तवमें श्रीराधाजी दिव्य प्रेमस्वरूपा ही हैं, पर आदर्शके लिये उनका त्याग परमोज्ज्वल है और श्रीगोपाङ्गनाएँ भी उसीका अनुकरण करती हैं। श्रीकृष्णका सुख ही उनका जीवन है। उन्हें न त्यागका भय है न त्यागकी आकाङ्क्षा; इसी प्रकार न वे भोग-वासना रखती हैं और न वे किसी निज कल्याण-कामनासे भोग-त्याग करती हैं। उनका अपना न कोई काम है, न उनके लिये कोई काम्य वस्तु है। वे केवल और केवल अपने श्यामसुन्दरको जानती हैं और अपने सहज सर्व-समर्पणद्वारा अनवरत उनको सुख पहुँचाया करती हैं। यही उनका जीवन-सार है—

सर्वत्यागमय पूर्ण समर्पण, दोष-बुद्धि-विरहित व्यवहार।
भोग-मोक्ष-इच्छा-विरहित प्रियतम-सुख केवल जीवन-सार॥

इस परम मधुरतम प्रेममें मोक्षसुखकी इच्छाको भी 'काम' माना जाता है; अतः उसका भी सहज त्याग हो जाता है, फिर जगत्‌के तुच्छ भोगोंकी तो बात ही क्या है। इस प्रेम-सुधाकी पवित्र मधुर धारा प्रतिक्षण बढ़ती हुई असीमकी ओर प्रवाहित होती रहती है।

****

प्रेम पवित्र परम उज्ज्वल, जो काम-कलुषसे रहित, उदार।
शशधर-कला सदृश प्रतिपल ही बढ़ता रहता सहज अपार॥
नहीं कभी भी, किसी हेतुसे हो सकता उसका प्रतिरोध।
नहीं कभी उसका कर सकता कोई लौकिक भाव विरोध॥
धन-जन-तन, बहुभोगजनित सुख, दुःख प्रबलका तनिक प्रभाव।
नहीं कभी होता प्रेमाप्लावित मनपर, रहता सद्भाव॥
नहीं नरकका भय रहता कुछ, रहता नहीं स्वर्गका काम।
जीवन-मरण प्रेम-रसमें नित डूबे ही रहते अभिराम॥
प्रियतम प्रभु बन स्वयं मधुरतम प्रेम-सुधा-रस-पारावार।
करते परम मनोहर अपनेमें ही आप विचित्र विहार॥
उठतीं ललित लहरियाँ उसमें अनुपम, अमल, अमित अविराम।
देतीं सतत अनन्त कालतक सुख शुचि, नित्य-नवीन, ललाम॥
इह-पर रहता नहीं, नहीं रहता अनित्य दुखमय संसार।
उठता नहीं मोक्ष-सुखका भी मनमें किंचित् काम-विकार॥
रहते प्रियतम सुख-सच्चिन्मय छाये एक सदा सर्वत्र।
सदा अमृतरस-वर्षा होती सुर-मुनि-दुर्लभ परम पवित्र॥

श्रीराधामें इस प्रेम-समर्पणकी पूर्णता है। इसीसे वे परम अनुरागके मधुर सागरमें डूबी हुई, नित्य-निरन्तर प्रियतम श्रीकृष्णमें नित्य नये-नये सौन्दर्य-माधुर्यका अनुभव करती हैं।

इस मधुररसमें अनुराग ही स्थायी भाव है। जो राग नित्य निरन्तर नये-नये रूपमें परिणत होता हुआ सर्वदा अनुभूत, सदा मिलित प्रेमास्पदको देखते ही उसमें प्रतिक्षण नये-नये सौन्दर्य-माधुर्यका दर्शन कराता है, ऐसे बढ़े हुए रागको अनुराग कहते हैं। श्रीराधा और गोपसुन्दरियोंको इसीसे प्रियतम श्यामसुन्दरमें प्रतिपल नये-नये सौन्दर्य-माधुर्यके दर्शन होते हैं। एक दिनकी बात है। अखिल विश्वको मोहित करनेवाले श्रीकृष्ण राधिकाजीके समीप विराजमान थे। उनके विलक्षण सौन्दर्य-माधुर्यको वे सदा ही देखती आयी हैं, पर वह उन्हें नित्य ही पूर्वापेक्षा बहुत

अधिक सुन्दर-मधुर प्रतीत होता है। आज उन्हें देखते ही श्रीराधाजी वृन्दासे बोलीं—'ये कौन हैं ?' वृन्दाने कहा—'श्रीकृष्ण हैं !' यह सुनते ही श्रीराधारानी आश्चर्यचकित होकर कहने लगीं—'प्रियतम श्यामसुन्दर तो न जाने कितनी बार मेरे नेत्रोंको सुख दे चुके हैं; परंतु आज मैं जैसा अपूर्व अतिशय माधुर्य देख रही हूँ, वैसा तो पहले कभी नहीं देखा था। अहा ! इस समय तो इन प्रेममयके एक-एक अङ्गके एक-एक रोमसे शोभाश्रीकी ऐसी सुधाधारा बह रही है कि उसकी एक बूँदके आस्वादन करनेकी भी शक्ति मेरे नेत्रोंमें नहीं है।'—

प्रतीकेऽप्येकस्य स्फुरति मुहुरङ्गस्य सखि या
श्रियस्तस्याः पातुं लवमपि समर्था न दृगियम्॥

सखी री, यह अनुभव की बात।
प्रतिपल दीखत नित नव सुन्दर, नित नव मधुर लखात॥

× × ×

कछुवै होत न बासी कबहूँ, नित नूतन रस बरसत।
देखत-देखत जनम सिरान्यौ, तऊ नैन नित तरसत॥

राधा-प्रेम-समुद्रमें नित्य नयी तरङ्गें उठती रहती हैं। यहाँ उन तरङ्गोंमेंसे दो-एककी झाँकी कीजिये—

एक बार बात-चीतके प्रसङ्गमें श्रीराधाके सामने ललिताजीके मुखसे 'कृष्ण' नामका उच्चारण हो गया। बस, उसे सुनते ही श्रीराधाजी अत्यन्त विवश होकर कहने लगीं—

'सखि ! यह कैसा मधुर नाम है, इसने तो मेरे कानोंमें प्रवेश करते ही मेरे सारे धैर्यका हरण कर लिया। बता, यह किसका नाम है? वह कृष्ण कौन है?' ललिताने श्रीराधाकी यह बात सुनकर कहा—'अरी रागान्धे राधे ! तुम यह कैसी अज्ञताकी-सी बात कह रही हो? तुम तो नित्य ही उन श्रीकृष्णके वक्षःस्थलपर क्रीड़ा करती हो!' राधाजीने कहा—'सखि! परिहास न करो।' तब ललिताजी बोलीं—'पगली! अभी-अभी तो मैंने तुमको उनके हाथोंमें समर्पण किया था।' तदनन्तर श्रीराधारानी बहुत देरतक सोचनेके बाद सिर हिलाती हुई बोलीं—'हाँ सखि ! सत्य है। इन

****

कृष्णको, बस, अभी आज ही देखा है, सो भी जन्मभरमें एक बार केवल बिजली कौंधनेकी भाँति—

सत्यं सत्यमसौ दृगङ्गनमगादद्यैव विद्युन्निभः ॥

एक दिन निकुञ्जमें श्रीराधारानीकी प्रिय श्यामसुन्दरके साथ प्रेमचर्चा हो रही थी—तब उन्होंने कुछ ऐसी बातें कहीं, जिन्हें सुनते-सुनते श्यामसुन्दर गद्‌गद हो गये। राधाजीने जो कुछ कहा,उससे पवित्र प्रेम-राज्यमें वे किस भूमिकापर स्थित हैं और प्रेम तथा प्रेमलीलाका क्या स्वरूप होता है—विचार करनेपर इसका कुछ अनुमान लग सकता है। वे बोलीं—

मेरे तुम, मैं नित्य तुम्हारी, तुम मैं, मैं तुम, सङ्ग असङ्ग।
पता नहीं, कबसे मैं तुम बन, तुम मैं बने कर रहे रङ्ग ॥
होता जब वियोग, तब उठती तीव्र मिलन-आकाङ्क्षा जाग।
पल-अमिलन होता असह्य तब, लगती हृदय दहकने आग ॥
चलती मैं रस-सरि उन्मादिनि विह्वल, विकल तुम्हारी ओर।
चलते उमड़ मिलाने निजमें तुम भी रस-समुद्र तज छोर ॥
लीला-रस-आस्वादनहित तुम-मैं बनकर वियोग-संयोग।
धर अनेक रस-रूप रमण-रमणी करते नव-नव संभोग ॥
किंतु मैं न रमणी, न रमण तुम; एक परम चिन्मय रस-तत्त्व।
आश्रय-विषयालम्बन बन नित लीलारत रुचि शुचितम तत्त्व ॥

प्रियतम श्यामसुन्दर ! तुम मेरे हो, मैं नित्य तुम्हारी हूँ। तुम मैं हो, मैं तुम हूँ। हम दोनों साथ रहते हुए भी असङ्ग हैं। पता नहीं कबसे मैं तुम और तुम मैं बने हुए खेल कर रहे हैं। जब वियोग होता है, तब अत्यन्त तीव्र मिलनाकाङ्क्षाका उदय हो जाता है, फिर एक-एक पलका अमिलन असह्य हो उठता है और हृदयमें ज्वाला धधक उठती है। उस समय मैं रस-सरिता उन्मादिनी और विह्वल-विकल होकर तुम्हारी ओर चल पड़ती हूँ, उधर तुम रससमुद्र भी कूल-किनारा त्यागकर मुझे अपनेमें मिला लेनेके लिये उमड़ चलते हो। वस्तुतः हम दोनोंमें कभी अलगाव या वियोग-विछोह होता ही नहीं, पर लीलारस-आस्वादनके लिये तुम और मैं स्वयं ही

वियोग और संयोग बनकर रमण-रमणीरूप अनेक रस-विग्रह धारणकर नये-नये सम्भोगका सेवन करते हैं। वस्तुतः न मैं रमणी हूँ और न तुम रमण ही हो, हम दोनों एक ही परम चिन्मय रसतत्त्व हैं और हमीं दोनों सुन्दर पवित्रतम तत्त्व परस्पर आश्रयालम्बन और विषयालम्बन बनकर नित्य लीला-विलास करते रहते हैं।

एक दिन व्रजेन्द्रनन्दन अखिलरसामृतमूर्ति श्रीश्यामसुन्दरको देखकर राधाजी चमत्कृत हो जाती हैं और विशाखासे कहती हैं—

सौन्दर्यामृतसिन्धुभङ्गललनाचित्ताद्रिसम्प्लावकः
कर्णानन्दिसनर्मरम्यवचनः कोटीन्दुशीताङ्गकः।
सौरभ्यामृतसम्प्लवावृतजगत्पीयूषरम्याधरः
श्रीगोपेन्द्रसुतः स कर्षति बलात् पञ्चेन्द्रियाण्यालि मे॥

(गोविन्दलीलामृत)

'सौन्दर्य-सुधा-समुद्रकी तरङ्गोंसे जो ललनाओंके (प्रेम-भक्ति-साधकोंके) चित्तरूप पर्वतको पूर्णरूपसे प्लावित कर देते हैं, जिनके परिहासपूर्ण मनोहर सुवचन कर्ण कुहरोंको आनन्दसे पूर्ण कर देते हैं, जिनका अङ्ग कोटि-शरदिन्दुकी ज्योत्स्नाके सदृश शीतल है, जिनका अधरामृत साक्षात् दिव्य पीयूष है और जिनके अधरोंके सौरभरूप सुधा-समुद्रसे विश्वब्रह्माण्ड सम्प्लावित है—सखि! वे गोपेन्द्रतनय—व्रजेन्द्रनन्दन मेरी समस्त इन्द्रियोंका बरबस आकर्षण कर रहे हैं।'

श्यामसुन्दर श्रीराधा-मुखारविन्दके निरीक्षणानन्दमें मुग्ध थे, उन्हें देखकर विशाखाने श्रीराधासे कहा—

कोटि-कोटि-कंदर्प-दर्पहर हैं माधव सौन्दर्यनिधान।
तुम्हें देखते ही बढ़ आयी इनमें सुन्दरता सुमहान॥
माधव हैं सौन्दर्य अतुल, माधुर्य-रस-सुधा-पारावार।
शशि-ज्योत्स्नासे सागरकी ज्यों उठती आनन्दोर्मि अपार॥
देखो! कैसे विह्वल हो, ये भूल स्वरूपानन्द पवित्र।
तव मुख-कमल-निरीक्षण-सुखमें खड़े विभोर लिखे-से चित्र॥

एक बार किसीने श्रीराधाके पास आकर श्रीकृष्णमें स्वरूप-सौन्दर्यका और

सद्गुणोंका अभाव बतलाया और कहा कि 'वे तुमसे प्रेम नहीं करते।' विशुद्ध प्रेम रूप-गुणकी तथा बदलेमें सुख प्राप्त करनेकी अपेक्षा नहीं करता—'**गुणरहितं कामनारहितम्**' ······· और वह बिना किसी हेतुके ही प्रतिक्षण सहज ही बढ़ता रहता है— '**प्रतिक्षणवर्धमानम्**'। श्रीराधाजी सर्वश्रेष्ठ विशुद्ध प्रेमकी सम्पूर्ण प्रतिमा हैं, अतः वे बोलीं—

असुन्दरः सुन्दरशेखरो वा
गुणैर्विहीनो गुणिनां वरो वा।
द्वेषी मयि स्यात् करुणाम्बुधिर्वा
श्यामः स एवाद्य गतिर्ममायम्॥

'हमारे प्रियतम श्रीकृष्ण असुन्दर हों या सुन्दरशिरोमणि हों, गुणहीन हों या गुणियोंमें श्रेष्ठ हों, मेरे प्रति द्वेष रखते हों या करुणा-वरुणालयरूपसे कृपा करते हों, वे श्यामसुन्दर ही मेरी एकमात्र गति हैं।'

महाप्रभु चैतन्यने कहा है—

आश्लिष्य वा पादरतां पिनष्टु मा-
मदर्शनान्मर्महतां करोतु वा।
यथा तथा वा विदधातु लम्पटो
मत्प्राणनाथस्तु स एव नापरः॥

'वे चाहें मुझे हृदयसे लगा लें या चरणोंमें लिपटी हुई मुझको पैरोंतले रौंद डालें अथवा दर्शनसे वञ्चित रख मर्माहत कर दें। सारांश, वे लम्पटतावश जैसे चाहें वैसे करें; मेरे प्राणनाथ तो वे ही हैं, दूसरा कोई नहीं।'

प्रेम वास्तवमें देना जानता है, लेना जानता ही नहीं; उसमें लेन-देनका सौदा नहीं है। प्रेमास्पदके दोष प्रेमीको दीखते ही नहीं, वह सदा उसमें गुण ही देखता है और समझता है कि प्रेमास्पद सदा मुझे सुख देते ही रहते हैं। निरन्तर देते रहनेपर भी देनेका भान न हो और अपनेको लेनेवाला ही माना जाय; केवल माना न जाय, ठीक ऐसा ही अनुभव हो—त्यागकी ऐसी पराकाष्ठा जहाँ है, वहीं विशुद्ध प्रेम है। इस विशुद्ध प्रेमकी प्राप्तिके लिये हृदयका द्रवित होना आवश्यक है और इसके लिये

श्रीरूपगोस्वामी महोदयने ये साधन बतलाये हैं। वास्तवमें प्रेम साधन-साध्य नहीं है, वह तो कृपासाध्य ही है; पर इन साधनोंसे प्रेम-प्राप्ति करानेवाले भगवत्कृपा-लाभकी सम्भावना हो जाती है। वे कहते हैं—

क्षान्तिरव्यर्थकालत्वं विरक्तिर्मानशून्यता।
आशाबन्धः समुत्कण्ठा नामगाने सदा रुचिः॥
आसक्तिस्तद्गुणाख्याने प्रीतिस्तद्वसतिस्थले।
इत्यादयोऽनुभावाः स्युर्जातभावाङ्कुरे जने॥

(भक्तिरसामृतसिन्धु)

सहनशीलता या बुरा करनेवालेका भी भला करनेकी प्रचेष्टा; भगवच्चर्चा, भगवत्सेवा, सत्सङ्ग, सदाचरणमें लगे रहना—व्यर्थ समय तनिक भी न खोना; भोग-विषयोंमें आसक्ति न रहना; अभिमानशून्यता; भगवत्कृपा एवं भगवत्प्रेमकी प्राप्ति अवश्य होगी—ऐसी दृढ़ बद्धमूल आशा, भगवान्से मिलनेकी उत्कट लालसा, भगवान्के मधुर नाम-गानमें सदा रुचि, भगवान्के गुण-लीला-श्रवण-कथनमें आसक्ति और भगवान्के लीला-स्थलोंमें प्रीति—जिसके आचरणमें इन लक्षणोंका उदय हो, समझना चाहिये भगवान्के प्रेमका अङ्कुर उसके हृदयमें उत्पन्न हो गया है। अकारण कृपा करनेवाली श्रीराधारानीसे हम सबकी विनीत प्रार्थना है कि वे ऐसी कृपा करें जिससे हम सबके जीवनमें उनकी चरण-रजके प्रति अहैतुकी प्रीति उत्पन्न हो।

बंदौं श्रीराधाचरन पावन परम उदार।
भय-विषाद-अग्यान-हर प्रेमभक्ति-दातार॥

(२)

(रात्रिका प्रवचन)

उज्जृम्भमाणरसवारिनिधेस्तरङ्गै-
रङ्गैरिव प्रणयलोलविलोचनायाः।
तस्याः कदा नु भविता मयि पुण्यदृष्टि-
र्वृन्दाटवीनवनिकुञ्जगृहाधिदेव्याः॥
वृन्दावनेश्वरि तवैव पदारविन्दं
प्रेमामृतैकमकरन्दरसौघपूर्णम्।

हृद्यर्पितं मधुपतेः स्मरतापमुग्रं
निर्वापयत्परमशीतलमाश्रयामि ॥

आज श्रीश्रीराधा-जन्माष्टमीके पुण्यपर्वपर श्रीराधामाधवके तत्त्व-स्वरूप-लीलाका यत्किंचित् चिन्तन-स्मरण करके अपने जीवनके क्षणोंको धन्य करनेके लिये आप सब सुविज्ञ-विद्वान् प्रेमी महानुभावोंके सामने कुछ निवेदन कर रहा हूँ। धृष्टताके लिये करबद्ध क्षमाप्रार्थी हूँ।

परात्पर परतत्त्वस्वरूप समग्र भगवान् सच्चिदानन्द हैं। ब्रह्म, परमात्मा आदि उन्हींके विभिन्न अभिन्न स्वरूप हैं। सत्-चित्-आनन्द उनके स्वरूपभूत गुण या उनकी नित्य स्वरूपा-शक्ति हैं। शक्ति और शक्तिमान्में नित्य अभेद है। एकके बिना दूसरेकी सत्ता संदेहमें पड़ जाती है। शक्ति नहीं है तो शक्तिमान् कोई वस्तु नहीं और शक्तिमान् न हो तो शक्तिका निवास कहाँ हो? शक्तिके दो स्वरूप नित्यसिद्ध हैं—अमूर्त और मूर्त। अमूर्त स्वरूपमें शक्ति शक्तिमान्में तिरोहित है। वहाँ परतत्त्व भगवान् अपनी आनन्दस्वरूपा ह्लादिनी आदि शक्तियोंके साथ निर्विशेष—निर्भेद रूपमें बाह्य—लीलारहित लीलामें स्थित हैं। इस अद्वैत तत्त्व-अवस्थामें प्रत्यक्ष लीलाविलास नहीं है। पर इसीके साथ युगपत् परतत्त्व भगवान्की निज स्वरूपभूता वे ही ह्लादिनी आदि शक्तियाँ लीला-रसास्वादनके लिये मूर्तरूपमें भी प्रकट रहती हैं। यहाँ शक्तियोंके साथ परतत्त्व शक्तिमान् भगवान् भिन्न-भिन्न रूपोंमें लीलायमान रहते हैं। परस्वरूपके तत्त्वतः एक होनेपर भी अनादिकालसे दोनों रूपोंमें लीला-रसका आस्वादन चलता रहता है। भगवान्की स्वरूपा-शक्तियोंमें आनन्द या ह्लादिनी ही सर्वप्रधान है। वह ह्लादिनी-शक्ति 'भाव'रूपा है और शक्तिमान् भगवान् 'रस'रूप हैं। ह्लादिनी-भावकी पूर्ण परिणति 'महाभाव' है और भगवान् 'रसराज' हैं। महाभावरूपा श्रीराधाके बिना रसराज श्रीकृष्णकी और रसराज श्रीकृष्णके बिना महाभावरूपा श्रीराधा और उनकी कायव्यूहरूपा गोपसुन्दरियोंकी एवं इन दोनोंके बिना उत्तरोत्तर दिव्य परमानन्दकी नित्य आनन्दवर्धक सत्ता सिद्ध नहीं होती।

विना राधां कृष्णो न खलु सुखदः सा न सुखदा
विना कृष्णं द्वाभ्यामपि बत विनान्या न सरसाः।

विना रात्रिं नेन्दुस्तमपि न विना सा च रुचिभाग्
विना ताभ्यां जृम्भां दधति कुमुदिन्योऽपि नितराम् ॥

'श्रीराधाके बिना श्रीकृष्ण सुखद नहीं हैं और श्रीकृष्णके बिना राधा सुखदा नहीं हैं। और इन दोनोंके बिना अन्य सखियाँ भी रसमयी नहीं हैं—जैसे रात्रिके बिना सुधांशु शोभायुक्त नहीं और सुधांशुके बिना रजनी शोभामयी नहीं है और इन दोनोंके बिना कुमुदिनी प्रमुदित नहीं होती।'

श्रीगोपाङ्गनाएँ भगवदानन्दस्वरूपा श्रीराधाका ही स्वरूप-विस्तार हैं। साधारणतः श्रीकृष्णप्रेममयी गोपाङ्गनाओंके दो भेद हैं—'नित्यसिद्धा' और 'साधनसिद्धा'। इनमें नित्यसिद्धा गोपियाँ नित्य ही सच्चिदानन्दस्वरूपा हैं। वे कभी प्राकृत मानवरूपा नहीं हैं। वे भगवान्‌की स्वरूपा-शक्तियाँ हैं। श्रीराधाकी इन कायव्यूहरूपा नित्यसिद्धा गोपियोंके साथ श्रीकृष्णका लीला-स्वरूप दिव्य प्रेम-रमण अनादि-अनन्त है। साधनसिद्धा गोपाङ्गनाओंके तीन भेद हैं—श्रुतिचरी, ऋषिचरी और देवकन्याएँ। इनमें दण्डकारण्यवासी महर्षि, जो श्रीकृष्णके प्रति प्रेयसीभाव-सम्पन्न थे और जिन्होंने रमणी-देह प्राप्त करके गोपियोंके घरोंमें जन्म ग्रहण किया था, वे 'ऋषिचरी' हैं। नित्यसिद्धा गोपियोंके भावसे प्रलुब्ध जो श्रुतियाँ गोपियोंमें ही गोपीरूपसे प्रकट हुई थीं, वे 'श्रुतिचरी' हैं। स्वयं ब्रह्मविद्याने भी तप करके गोपीरूपमें जन्म ग्रहण किया था। श्रुतियोंका गोपीरूपमें प्रकट होना श्रीमद्भागवतकी वेदस्तुति (१०। ८७। २३) में संकेतरूपसे प्रमाणित है। वहाँ श्रुतियाँ कहती हैं—'हम गोपरमणियोंके समान भाववाले गोपीविग्रहको और तुम्हारे श्रीचरणसांनिध्यको प्राप्त करके कृतार्थ हो गयी हैं।' देवाङ्गनाएँ तो श्रीकृष्णकी परमप्रिया श्रीराधाकी सेवाके लिये ही प्रकट हुई थीं। ब्रह्माजीने कहा था—

वसुदेवगृहे साक्षाद् भगवान् पुरुषः परः ।
जनिष्यते तत्प्रियार्थं सम्भवन्तु सुरस्त्रियः ॥

(श्रीमद्भागवत १०। १। २३)

'परमपुरुष साक्षात् भगवान् वसुदेवके घरमें प्रकट होंगे। तुम देव-रमणियाँ उनकी प्रिया (श्रीराधा आदि) की सेवा करनेके लिये जन्म ग्रहण करो।' ये सभी

गोपाङ्गनाएँ लौकिक कामरागसे सर्वथा रहित श्रीकृष्णप्रेम-रसमयी हैं। इसीसे स्वयं ब्रह्माजीने भी इन श्रीगोपरमणियोंकी चरणरजका स्पर्श प्राप्त करनेके लिये व्रजमें किसी भी जड-चेतन योनिमें प्रकट होनेकी कामना की थी—

तद्भूरिभाग्यमिह जन्म किमप्यटव्यां
यद् गोकुलेऽपि कतमाङ्घ्रिरजोऽभिषेकम्।
यज्जीवितं तु निखिलं भगवान् मुकुन्द-
स्त्वद्यापि यत्पदरजः श्रुतिमृग्यमेव॥

(श्रीमद्भागवत १०।१४।३४)

श्रीउद्धवजीने इनकी चरण-रज पानेके लिये गुल्म-लता-ओषधि बनकर व्रजमें प्रकट होना चाहा था। अतः इन सब स्वसुख-वासना-लेश-गन्ध-विहीन कृष्ण-सुख-विग्रहा श्रीगोपाङ्गनाओंकी महिमा अनन्त, अनिर्वचनीय और अचिन्त्य है। इनमें इन सबकी मूल आधाररूपा, आत्मरूपा, गोपीप्रेमकी मूल उत्सरूपा हैं—महाभावमयी श्रीराधिकाजी। श्रीराधा रसराज श्रीकृष्णकी वही स्वरूपभूता ह्लादिनी शक्ति हैं, जिसके द्वारा स्वरूपानन्दी श्रीकृष्ण स्वयं विलक्षण स्वरूपानन्दका विशेष आस्वादन करते तथा प्रेमियोंको करवाते हैं। ये ही भगवान् श्रीकृष्णकी आनन्दमयी स्वरूपाशक्ति प्रेमसाम्राज्यके नित्य पवित्र क्षेत्रमें प्रेमका—भक्तिका बाना धारणकर क्रमशः प्रेम, स्नेह, मान, प्रणय, राग, अनुराग, भाव और महाभावरूपसे ख्यात होती हैं और मूर्तविग्रहरूपमें 'महाभाव' नामक प्रेमरससे विभावित राधारूपमें प्रकट रहती हैं। श्रीराधाजी श्रीकृष्णप्रेमकी ही प्रगाढ़तम स्थिति मादनाख्य महाभावस्वरूपा हैं। यह मादनाख्य महाभाव ह्लादिनी शक्तिकी चरम परिणति होनेपर भी उत्तरोत्तर नव-नव रूपमें विकसित होता रहता है। यही प्रेम-विलास है। वस्तुतः विशुद्ध प्रेमके ही लीलायमान होनेपर भोग-वासना-विहीन अप्राकृत प्रेमी-प्रेमास्पदके अप्राकृत मनोंमें जिन परम पवित्र प्रिय-सुख-हैतुक मानसिक अवस्थाओंका उदय होता है, उन्हींको प्रेम-विलास कहते हैं।

एक-से-एक बढ़कर विघ्नों—अन्तरायोंके आनेपर भी जब मधुर रति (प्रेम) अभेद्य, अखण्ड, अक्षुण्ण और अविचलित ही नहीं, वरं स्नेह-मान-प्रणयादि रूपोंमें

उत्तरोत्तर विकसित होती हुई उच्च-से-उच्च स्तरपर चढ़ती चली जाती है, तभी यथार्थ 'प्रेम-विलास' सिद्ध होता है। प्रेम-सूर्यका उदय होनेपर उसके तापसे चित्त-नवनीत द्रवित होकर उत्तरोत्तर उत्कर्षको प्राप्त होता हुआ महाभावरूपतक पहुँच जाता है। इस प्रकार विशुद्ध प्रेमके विविध विचित्र रूपोंमें लीलायमान होनेपर प्रेमी-प्रेमास्पदमें जिन मानसिक अवस्थाओंका आविर्भाव होता है, वह प्रेम-विलास ही है।

श्रीराधा नित्य निर्गुणरूपा—प्राकृत गुणोंसे रहित, प्रियतम श्रीकृष्णसुखकी आधाररूपा हैं और श्रीकृष्ण भी निर्गुण—प्राकृत गुणोंसे शून्य (राधा-प्रेमसमुद्रमें नित्य निमज्जित) हैं। श्रीराधा-कृष्णका नित्य लीलाविहार परम प्रेममय, सकल सरस सम्पूर्ण परमानन्दस्वरूप है। परम भागवत परमहंसोंका तो वही जीवन है। राधाप्राणवल्लभ श्रीकृष्ण अपने अतुल असमोर्ध्व दिव्य सौन्दर्य, माधुर्य, सौशील्य, सौगन्ध्य आदि स्वरूप-गुणोंसे सुशोभित हैं। उनके सौन्दर्य-लेशसे अनन्त अनङ्गोंके सौन्दर्यका विकास और विस्तार होता है। उनका मधुर माधुर्य-लेश ही विश्व-ब्रह्माण्डमें अनादिकालसे अनन्तकालतक नानाविध मधुर रूपों तथा भावोंमें विकीर्ण है। उनके सौशील्यकी छाया-कल्पनासे जगत्‌में सुशीलताका आदर्श स्थिर है और उनके सुगन्ध-लेश-स्पर्शसे ही पुष्पादिसे परम आनन्दवर्धक विविध विचित्र सौरभका प्रसार होता है। ये श्रीकृष्ण ही विभिन्न अवतारोंके अवतारी हैं। इसी प्रकार समस्त सौन्दर्य, माधुर्य, सौशील्य और सौगन्ध्यकी जो अनन्त आकररूपा हैं, वे ही स्वरूपाशक्ति श्रीराधा हैं। ये प्रियतम श्रीकृष्णकी परम प्रेयसी और वरद वल्लभा हैं। विश्वब्रह्माण्डमें विभिन्न रूपोंमें प्रकाशित तथा पूजित दुर्गा, काली आदि शक्तियाँ इन्हींकी अंशस्वरूपा हैं। प्रेमानन्दमयी श्रीराधा और प्रेमानन्दरूप श्रीकृष्णके दिव्य युगल विग्रहोंमें भौतिकताका कल्पना-लेशतक नहीं है; तथापि श्रीराधासे ही श्रीकृष्णमें मधुर लीला-स्फूर्ति, लीला-कार्य-सम्पादन और लीला-सुखका उदय होता है। ये श्रीराधा सुरासुर-मानव, दिव्यलोकादिनिवासी सिद्ध, भगवद्धामनिवासी प्रेमीगण—सभीके परमाराध्य साक्षात् भगवान्‌की नित्य आराधना करती हुई, प्रियतम भगवान्‌को सुख-रसास्वादन कराती हुई उनमें उत्तरोत्तर रस-लुब्धताका उदय कराती हैं। ये नित्य ही दिव्य माधुर्य, ओज और प्रसादादि समस्त गुणोंसे सुसम्पन्न, सर्वदिव्याभूषणोंसे

सुविभूषित, रस और भावोंकी उत्तरोत्तर वर्धमान उज्ज्वल निधि हैं। एक महात्माने कहा है—'ये भगवत्-प्रेमोद्यानकी स्वर्ण-केतकी हैं, माधुर्य-सुधा-जलधरकी विद्युत्-मञ्जरी हैं। सौन्दर्य-निकषकी स्वर्ण-रेखा हैं, परमानन्द-ज्योति-रस-सुधामय शशधरकी दिव्य ज्योत्स्ना हैं, लावण्यसमुद्रकी सार-श्री हैं, वसन्त-गर्वकी हास्य-सुषमा हैं, सकल दिव्य ललित कलाओंकी अनन्त आकर हैं, समस्त सद्‌गुण-समूहरूप दिव्य मणियोंकी अनन्त असीम खान हैं। श्रीराधाजी गौरी होकर भी सहस्र गौरियों (पार्वती) की अपेक्षा अधिक उत्कर्षमयी अथ च श्यामा (सर्वश्रेष्ठ अनुपम रमणी) हैं। ये नित्य अनादि होकर भी नित्य किशोरी हैं, सुरूपा होकर भी प्रिय सखियोंके लिये असुरूपा (प्राणरूपा) हैं। ये स्वतन्त्र असमोर्ध्व माधुर्य और सौन्दर्यरूपा होकर भी प्रियतम श्रीकृष्णके सौन्दर्य-माधुर्य-रसके आस्वादनके लिये नित्य पिपासु और लालायित रहती हैं।'

प्रेम-विलासरूप श्रीराधा-कृष्णकी विलक्षण स्वरूपभूत लीला श्रीराधा-कृष्णमें ही अभिव्यक्त रहती है। दोके समरुचि और समवासनावाले मन एकाकार हो जाते हैं। इस प्रेम-विलासमें सम्पूर्ण तन्मयता होनेके कारण और स्वरूप-शक्तिमान् शृङ्गार-रसघन-मूर्ति श्रीकृष्ण और स्वरूपाशक्ति महाभावघन-मूर्ति श्रीराधाकी जो एकात्मता होती है, वह जीव-ब्रह्मके अभेद-ज्ञानके समान नहीं है। यहाँ एक आत्मा होनेपर भी दो रहते हैं और ऐसी रसराज-महाभावकी पृथक्ता रहते हुए ही नित्य एकात्मता है। इसमें परस्पर विलास और रसास्वादन है, परंतु श्रीराधा-कृष्णकी तात्त्विक एकता अक्षुण्ण रहनेके साथ ही श्रीराधा और श्रीकृष्णके प्रेमके सर्वातिशायी होने तथा परस्पर एक-दूसरेके आश्रयालम्बन तथा विषयालम्बन बने एक-दूसरेके सुखमें ही सुखी होनेकी समचित्त सत्ताके कारण वैसे भी कोई पृथक्ता नहीं रहती। इस प्रेम-विलासमें भी विवर्त होता है—यहाँतक कि श्रीराधाको श्यामसुन्दरके संयोगमें भी वियोगका अनुभव होता है। उन्हें घरमें वन, वनमें घर; क्षणकालमें दीर्घकाल, दीर्घकालमें क्षणकाल; सुखमें दुःख, दुःखमें सुख; गरमीमें सरदी और सरदीमें गरमीका अनुभव होता है। कभी-कभी वे अपनेको 'कान्त' (श्रीकृष्ण) और श्रीकृष्णको 'कान्ता' (राधा) मानकर तदनुरूप व्यवहार करने लगती हैं। पर यह

रज्जु-सर्पवाला भ्रमरूप विवर्त नहीं है। यह प्रेमराज्यकी एक विलक्षण वाञ्छनीय प्रेमवैचित्त्य स्थिति है।

इस मधुरतम प्रेम-विलासमें कवियोंकी भाषामें 'नायक-नायिका' नाम आनेपर भी वस्तुतः श्रीराधा-कृष्ण दिव्य महाभाव और रसराज हैं। प्राकृत नायक सर्वथा नश्वर, कर्मपरवश, प्राकृत गुणोंसे आबद्ध और विषय-रसका लोभी होनेके कारण यथार्थ रससे सर्वथा शून्य है। भौतिक रसका वर्णन और विश्लेषण करनेवाले लौकिक रसज्ञ कविगण अपने लौकिक काव्यादिमें प्राकृत पाञ्चभौतिक नश्वर-शरीरधारी भोग-विलासरत मोहावृत नायक-नायिकाओंके आधारपर जो रसनिष्पत्तिके दृष्टान्त देते हैं, वे सब उन कवियोंकी केवल वर्णनचातुरीमात्र हैं। विचार करके देखा जाय तो इससे विभावकी विरूपताके कारण यथार्थ रसके विपरीत घृणित रस-विरसका ही उदय होता है; क्योंकि कृमि, विष्ठा और भस्म ही शरीरके परिणाम हैं, ऐसे प्राकृत शरीरवाले नायकोंका तो सब कुछ अनित्य, असुख, दुःख-योनि भोगोंपर ही अवलम्बित है। उनके द्वारा अखण्ड, अभेद्य, नित्य, निरवद्य भगवत्स्वरूप रसका यथार्थ आस्वादन नहीं होता और न उनसे आत्यन्तिक दुःख-निवृत्ति और परमानन्दकी प्राप्ति ही होती है। वस्तुतः विनाशी भोग-जगत् सर्वथा कुरस, विरस और अरसरूप ही है। उसमें कुत्सित रस, विपरीत रस और भगवदानन्दस्वरूप रसका अभावरूप 'अरस' ही परिपूर्ण हैं। परमरसरूप व्रजेन्द्रनन्दन श्रीकृष्ण ही रस-समुद्र, रसशेखर हैं और श्रीराधामुख्या श्रीगोपसुन्दरियोंका विशुद्ध प्रेम ही रसोल्लासकी पराकाष्ठा हैं। यह परम मधुर-रस भोगोंमें तो है ही नहीं, स्वरूपगत तात्त्विक भेद न होनेपर भी निर्विशेष ब्रह्ममें भी यह रसमयता अनभिव्यक्त है और अन्तर्यामी परमात्मामें आंशिक विकास होनेपर भी उनके साक्षिरूपमें उदासीनताकी लीलामें प्रवृत्त रहनेके कारण वे भी इस रसके रसिक नहीं हैं। इसी प्रकार अन्यान्य भगवद्रूपोंमें भी रसकी अनभिव्यक्ति है। एकमात्र व्रजेन्द्रनन्दन श्रीकृष्ण ही पूर्ण, पूर्णतम अखिलरसामृतमूर्ति हैं।

इसीसे इस रसकी साधना करनेवाले साधक तथा उसे प्राप्त सिद्ध भक्तगण मुक्तिकी कभी वाञ्छा तो करते ही नहीं, उसे देनेपर भी स्वीकार नहीं करते—'**दीयमानं**

****

न गृह्णन्ति'। भगवान्‌की सेवा करनेपर उनके दिव्य लोकादिकी प्राप्तिरूप प्रेम-सेवोत्तरा मुक्तिका स्वीकार करना भी वे प्रेममें कलङ्क ही मानते हैं। वे कहते हैं कि इस पवित्र भगवत्-प्रेमरूप परमधर्ममें किसी प्रकारके भी मोक्षकी अभिसंधि रखना कैतव (कपट) है; क्योंकि मुक्तिमें भी 'स्व'को बन्धन-मुक्त करनेकी इच्छाके रूपमें स्व-सुख-वासना रहती है, जो इस पवित्र प्रेमके क्षेत्रसे सर्वथा बहिष्कृत है। इसीसे व्रजके लोग कहा करते हैं—**'मुक्तिहू लौन-सी खारी लागै।'** प्रेमी भक्तोंके वचन हैं—

निर्वाणनिम्बफलमेव रसानभिज्ञा-
श्चूषन्तु नाम रसतत्त्वविदो वयं तु।
श्यामामृतं मदनमन्थरगोपरामा-
नेत्राञ्जलीचुलुकितावसितं पिबाम॥

'विशुद्ध दिव्य रससे अनभिज्ञ लोग निर्वाण (मोक्ष)-रूप निम्बफल चूसते रहें। प्रियतमके नाम-रस-तत्त्वको जाननेवाले हमलोग तो अप्राकृत मदनके आवेशमें मन्थर गतिसे चलती हुई श्रीगोपाङ्गनाओंके नेत्ररूपी अञ्जलिके द्वारा पान करते समय गिरे हुए (उच्छिष्ट) श्यामामृतका ही पान करेंगे।'

इस मधुर प्रेमराज्यमें ममता और रागका परित्याग नहीं है, वरं उनका सर्वतोभावेन प्रियतम श्रीनन्दनन्दनमें नियोजन है। प्रेमियोंमें जो त्याग-वैराग्य देखा जाता है, वास्तविक होनेपर भी है वह अद्वितीय विषयालम्बन श्रीकृष्णमें परमानुरागका आनुषङ्गिक फल ही। उनका यह वैराग्य संसार-बन्धनसे मुक्त होकर स्वयं मुक्तिसुख प्राप्त करनेके लिये नहीं है, वह है केवल 'श्रीकृष्ण-सुखार्थ'—'श्रीकृष्ण-प्रीत्यर्थ'। विषय-विराग वस्तुतः प्रेम-रस-कल्पवृक्षका मूल नहीं है। भगवच्चरणोंमें अनन्य अनुराग ही मूल है। इसलिये प्रेमी रसिकजन न तो स्व-सुखार्थ किसी वस्तु या स्थितिको स्वीकार करते हैं और न त्याग ही करते हैं। उनके लिये प्रेम-रसमें बाधक जो कुछ भी कुरस, विरस, अरस है, वह सहज ही हेय, घृणित, अनावश्यक, अरुचिकर तथा सर्वथा त्याज्य है।

इसीसे इस प्रेम-राज्यमें शान्तरसका प्राधान्य तो है ही नहीं, उसका विशेष आदर

भी नहीं है; क्योंकि यहाँ ममता, राग, विषय-संग्रह आदि सभी कुछ हैं। अवश्य ही वह सारी ममता, आसक्ति है—परम प्रियतम नन्दनन्दन श्रीकृष्णमें ही और सारे विषय भी उन्हींके सेवनके लिये हैं। यहाँ श्रीकृष्णकी भगवत्ता या उनके परमेश्वरत्वकी कोई पूछ नहीं है। यहाँ तो, बस, एक ही वस्तु है—'श्रीकृष्ण ही हमारे हैं, केवल वे ही हमारे हैं।' यों सारी ममता उन्हींमें केन्द्रित है। यहाँ दास्य, सख्य, वात्सल्य उत्तरोत्तर विकसित रूप हैं; पर उनमें भी सारा ममत्व केवल श्रीकृष्णमें ही समर्पित है। मधुर-रसकी सजीव प्रतिमा श्रीराधामुख्या गोपाङ्गनाओंमें तो इस भावका अतुलनीय, असीम पूर्ण प्रकाश है।

श्रीनारदपञ्चरात्रमें प्रेमका लक्षण बतलाया गया है—

अनन्यममता विष्णौ ममता प्रेमसंगता।
भक्तिरित्युच्यते भीष्मप्रह्लादोद्धवनारदैः॥

'जिस भक्तिमें सम्पूर्ण सांसारिक प्राणिपदार्थोंके प्रति ममता दूर होकर एकमात्र श्रीभगवान्में ही अनन्य ममता हो जाती है, श्रीभीष्मपितामह, प्रह्लाद, उद्धव और देवर्षि नारद आदि महात्माओंने उसीको प्रेम कहा है।' भगवान् श्रीराम कहते हैं—

जननी जनक बंधु सुत दारा। तनु धन भवन सुहृद परिवारा॥
सब कै ममता ताग बटोरी। मम पद मनहि बाँध बरि डोरी॥
सो सज्जन मम उर बस कैसें। ....॥

'माता, पिता, भाई, पुत्र, स्त्री, तन, धन, मकान, सुहृद्, परिवार—सबकी ममताके धागोंको एक जगह बटोरकर और उसकी एक ही मजबूत डोरी बँटकर जो अनन्य ममतारूपी उस डोरीसे अपने मनको मेरे चरणोंके साथ बाँध देता है, वह सज्जन मुझे अत्यन्त प्रिय है।' ममताकी इस अनन्यता और आत्यन्तिकतासे समृद्ध प्रीति ही प्रगाढ़ प्रेम है। ऐसे प्रेमका आविर्भाव होनेपर 'सर्वत्याग' अपने-आप ही हो जाता है और फिर प्रेमभङ्गके बड़े-से-बड़े प्रत्यक्ष हेतु भी उस प्रेमको तनिक भी क्षीण नहीं कर सकते।

सर्वथा ध्वंसरहितं सत्यपि ध्वंसकारणे।
यद्भावबन्धनं यूनोः स प्रेमा परिकीर्तितः॥

'ध्वंसका प्रत्यक्ष कारण उपस्थित होनेपर भी जिसका किसी प्रकार भी ध्वंस नहीं होता, प्रेमी-प्रेमास्पदके ऐसे सुदृढ़ भावबन्धनको ही 'प्रेम' कहा जाता है।'

यही विशुद्ध प्रेम स्व-सुख-वाञ्छा-कल्पना-रहित महाभावमयी श्रीराधा तथा उनकी कायव्यूहरूपा श्रीगोपाङ्गनाओंका स्वरूप या स्वभाव है। इसीसे इस मधुर प्रेम-राज्यमें उनके द्वारा प्रियतम नन्दनन्दन श्रीकृष्णकी मधुरतम कान्तभावसे सेवा-आराधना होती है। भगवान् श्रीकृष्णका ऐश्वर्य-ज्ञान श्रीराधा एवं गोपसुन्दरियोंके परम मधुरातिमधुर देहातीत प्रेमको किसी कालमें किंचित् भी स्पर्श नहीं कर सकता। वे अपना सारा प्रेम, अपनी सारी ममता श्रीकृष्णको समर्पितकर श्रीकृष्णसुखके लिये ही श्रीकृष्णका सेवन करती हैं। न वे श्रीकृष्णके ऐश्वर्यको जानती-मानती हैं, न उसे देखनेकी कभी उनमें इच्छा ही जागती है। उन्हें श्रीकृष्णके ऐश्वर्यकी कोई स्मृति ही नहीं है। वरं श्रीकृष्णके ही चतुर्भुजरूपको देखकर वे डरकर संकोचमें पड़ जाती हैं और श्रीराधाजीके सामने तो श्रीकृष्ण इच्छा करनेपर भी अपने ऐश्वर्यका किंचित् भी प्रकाश नहीं रख सकते या यों कहना चाहिये कि भगवान् श्रीकृष्ण विशुद्ध माधुर्यभावमण्डित प्रेमके अधीन हैं। अतएव उनका ऐश्वर्य भी उस विशुद्ध प्रेमके ही अनुगत रहता है, उसकी सेवामें अपनेको लगाये रखना चाहता है। जहाँ विशुद्ध माधुर्यका ही विकास है, वहाँ भी—लीलारसकी पुष्टिके लिये तथा लीलारसास्वादनमें विशेषता लानेके लिये भगवान्की इच्छा-शक्तिका संकेत पाकर प्रायः उनको बिना ही जनाये ऐश्वर्यशक्ति प्रकट होकर माधुर्यकी सेवा कर जाती है। पूतना-तृणावर्त-उद्धार, यमलार्जुन-उद्धार, कालिय-दमन, गोवर्धनधारण, इन्द्र-मानभङ्ग, ब्रह्मा-मोह और रासलीलामें असंख्य श्रीकृष्णस्वरूपोंका प्राकट्य आदि उनके ऐश्वर्यकी ही लीलाएँ थीं। पर इससे व्रजके उस समयके लीलासङ्गियोंपर कोई भी प्रभाव नहीं पड़ा, वे श्रीकृष्णमें किसी भी प्रकारके ऐश्वर्यकी आंशिकरूपसे भी विद्यमानता न मानकर उन्हें सतत अपना प्यारा-दुलारा व्रजेन्द्रनन्दन कन्हैया ही मानते रहे। प्रत्यक्ष ऐश्वर्यलीला देखकर भी शुद्ध माधुर्यवश उन्हें उसमें ऐश्वर्य नहीं दिखायी देता और जहाँ जरा भी ऐश्वर्यरूप दिखायी दिया, वहीं वे अपने ही प्रियतम श्यामसुन्दरको श्यामसुन्दर न मानकर अन्य कुछ मानने लगे। ऐसा ही एक लीलाप्रसङ्ग आता है—

****

एक बार वसन्तकालमें श्रीकृष्ण गोवर्धनपर समस्त श्रीगोपसुन्दरियोंके साथ रास-विहार कर रहे थे। इसी समय श्रीकृष्णके दिव्य मनमें गोपीसमूहकी मूलस्वरूपा श्रीराधाजीके साथ एकान्त विहार करनेकी स्वरूपमयी स्फुरणा हुई। वे श्रीराधाको अपना अभिप्राय बताकर रासस्थलीसे सहसा अन्तर्धान हो गये और एक निभृत निकुञ्जमें जाकर राधाकी प्रतीक्षा करने लगे। इधर गोपाङ्गनाओंने जब श्रीकृष्णको वहाँ नहीं देखा, तब वे आकुल होकर उन्हें ढूँढ़ने चलीं। ढूँढ़ते-ढूँढ़ते उसी निकुञ्जके अंदर जाकर दूरसे देखा तो एक कुञ्जमें उन्हें श्रीकृष्ण बैठे दिखायी दिये। इधर श्रीकृष्णने गोपियोंको देखा, तब वे सोचने लगे कि 'मैं सबको छोड़कर रासस्थलीका परित्याग करके इस निभृत निकुञ्जमें अकेला क्यों बैठा हूँ—गोपियोंके इस प्रकार पूछनेपर मैं क्या उत्तर दूँगा?' और गोपाङ्गनाएँ इतनी निकट आ गयी थीं कि दूसरे कुञ्जमें जाकर छिपनेका भी उनके लिये अब अवकाश नहीं रह गया था। तब वे सोचने लगे कि 'यदि मेरे दो हाथ और होते तो मैं चतुर्भुज होकर अपनेको छिपा सकता; पर दो हाथ कहाँसे आयें?' इस प्रकार सोचनेका यह अर्थ नहीं समझना चाहिये कि भगवान्‌में वहाँ स्वरूपभूत ऐश्वर्यका अभाव हो गया था। वहाँ भी पूर्ण ऐश्वर्य है और उसकी वहाँ अनुभूति भी है; किंतु विशेषता यही है कि वहाँ वह ऐश्वर्य माधुर्यकी आड़में छिपा है। प्रियतम श्रीश्यासुन्दर व्रजेन्द्रनन्दन व्रजमें स्वयं तो प्रायः प्रत्यक्षरूपमें ऐश्वर्यको अङ्गीकार नहीं करते, पर उनकी ऐश्वर्यशक्ति ऐसे अवसरपर सेवाका लाभ उठानेसे नहीं चूकती। यहाँ भी वह भगवान्‌के संकल्पाभासका ही सुयोग पाकर क्रियाशील हो गयी और उसने उसी क्षण भगवान् श्रीकृष्णको शङ्ख-चक्र-गदा-पद्मधारी चतुर्भुज बना दिया। इसी समय गोपाङ्गनाएँ वहाँ आ पहुँचीं और आते ही वे कुञ्जमें अपने प्राणवल्लभ नवीन-नीरद-कान्ति द्विभुज मुरलीमनोहरको न देखकर हताश-उदास हो गयीं। उन्होंने चतुर्भुज नारायणको देखा, इससे तुरंत ही उनका उछलता हुआ कान्ताभाव संकुचित हो गया एवं वे हाथ जोड़कर श्रीनारायणकी स्तुति-विनती करके श्रीकृष्णको खोजनेके लिये दूसरे निकुञ्जकी ओर चली गयीं। इसके पश्चात् पूर्वसंकेतानुसार श्रीराधाजी वहाँ पहुँचीं। श्रीकृष्ण निर्विघ्न-निर्बाध एकान्तमें राधाको देखकर प्रफुल्लित हो गये और 'मैं आज चार हाथोंसे श्रीराधाके साथ विनोद

करूँगा'—यह विचार आनेपर उन्हें और भी आनन्द आया। परंतु वे यह देखकर आश्चर्य करने लगे कि श्रीराधा जितना ही समीप आ रही हैं, उतनी ही शीघ्रतासे दोनों हाथ विलुप्त हुए जा रहे हैं। उन्होंने चतुर्भुज बने रहनेका प्रचुर प्रयास भी किया, पर स्पष्टरूपसे श्रीराधाकी दृष्टि पड़नेसे पूर्व ही उनके दोनों हाथ अन्तर्धान हो गये और वे पूर्ववत् द्विभुज ही रह गये।

यह महाभावस्वरूपा श्रीराधाके अप्रतिम माधुर्यका ही एक विलक्षण प्रभाव है कि उसके सामने भगवान्‌की ऐश्वर्य-शक्ति किसी प्रकार भी अपनेको प्रकटरूपमें नहीं रख सकती। अन्यान्य गोपसुन्दरियोंका भाव भी शुद्ध माधुर्यमय ही था, तथापि श्रीराधाके भावकी अपेक्षा उसमें कुछ न्यूनता थी। इसीसे किसी अंशमें ऐश्वर्य-शक्ति उनके सामने अपनेको अभिव्यक्त रख सकी और श्रीकृष्णकी इच्छा-शक्तिका संकेत पाते ही उस सुयोगका लाभ उठानेकी इच्छासे उसने द्विभुज श्यामसुन्दरको चतुर्भुज नारायणके रूपमें प्रकट कर दिया। परंतु राधाका भाव अत्यन्त प्रबल और सर्वातिशायी होनेके कारण इतना प्रभावशाली था कि जैसे करोड़ों सूर्योंके उदय होनेपर सामान्य जुगनूका कहीं पता ही नहीं लगता, वैसे ही श्रीराधाके माधुर्यपूर्ण प्रेमके सामने तत्काल ही ऐश्वर्यको छिपना पड़ा। इस लीलाकी बात श्रीवृन्दादेवीने श्रीपौर्णमासीसे कही थी। इस प्रसङ्गपर ललितमाधवनाटकका एक श्लोक है—

गोपीनां पशुपेन्द्रनन्दनजुषो भावस्य कस्तां कृती
विज्ञातुं क्षमते दुरूहपदवीसंचारिणः प्रक्रियाम्।
आविष्कुर्वति वैष्णवीमपि तनुं तस्मिन् भुजैर्जिष्णुभि-
र्यासां हन्त चतुर्भिरद्भुतरुचिं रागोदयः कुञ्चति॥

'गोपाङ्गनाओंके पशुपेन्द्रनन्दन (नन्दनन्दन) निष्ठ और दुरूह मार्गपर चलनेवाले भावकी प्रक्रियाको (एकमात्र व्रजेन्द्रनन्दन श्रीकृष्ण ही गोपियोंके इस कान्ता-प्रेमके विषयालम्बन हैं—इस भावकी पद्धतिको) समझनेमें कौन कृती व्यक्ति समर्थ है? क्योंकि आश्चर्यका विषय है कि अपने द्विभुज रूपको छिपानेके लिये स्वयं श्रीनन्दनन्दन ही यदि अपने शङ्ख-चक्र-गदा-पद्मधारी विजयशील चार भुजाओंके द्वारा सुशोभित अपनी ही विष्णुमूर्ति प्रकट करते हैं तो उससे भी गोपाङ्गनाओंके अनुरागका

उल्लास—कान्ताभावका प्रेम संकुचित हो जाता है।'

किसी कल्पमें एक समय श्रीकृष्णके विरहसे अधीर होकर श्रीराधाजी यमुनामें कूद पड़ी थीं; यह देखकर विशाखादि सखियाँ भी यमुनामें कूद गयीं। तब सूर्यसुता यमुनाजी उनको सूर्यलोकमें ले जाकर सूर्यदेवताकी देख-रेखमें छोड़ आयीं। वहाँ भी श्रीकृष्णके वियोगमें राधाजी अत्यन्त व्याकुल हो गयीं। तब सूर्यपत्नी छायाने श्रीराधाको सान्त्वना प्राप्त करानेके लिये एक उपाय सोचा। छायादेवीने विचार किया कि 'सूर्यमण्डल-मध्यवर्ती श्रीनारायण स्वरूपतः श्रीकृष्णसे अभिन्न हैं। अतः सूर्यमण्डल-स्थित नारायण ही श्रीराधाके प्रियतम हैं, उनसे मिलते ही श्रीराधाको सान्त्वना प्राप्त हो जायगी।' यह सोचकर उन्होंने राधासे कहा—'राधे! तुम व्याकुल मत होओ, तुम्हारे प्राणवल्लभ इस सूर्यमण्डलमें ही स्थित हैं।' छायादेवीकी बात सुनकर राधा-सखी विशाखाने छायासे जो कुछ कहा था, वही उपर्युक्त श्लोकमें है। विशाखाने इससे छायादेवीको यह समझाया कि 'तुम समझती हो विष्णुमूर्तिके दर्शन करते ही श्रीराधाकी विरह-व्यथा शान्त हो जायगी; पर यह तुम्हारी भ्रान्त-धारणा है। इस ऐश्वर्यमयी विष्णुमूर्तिकी बात तो दूर, स्वयं व्रजेन्द्रनन्दन भी कौतुकवश अपने व्रजके सारे माधुर्यको ज्यों-का-त्यों बनाये हुए ही यदि चतुर्भुज रूप धारण कर लेते हैं तो उस पूर्ण-माधुर्यमय चतुर्भुज रूपको देखकर ही श्रीराधाका कान्ताभाव संकुचित हो जाता है। वरं राधाके सामने ऐश्वर्यप्रधान चतुर्भुज रूप ठहर ही नहीं सकता। वस्तुतः वे वेणुकरधारी गोपवेश नवकिशोर नटवर श्यामसुन्दरके सिवा अन्य किसी रूपको देखना जानती ही नहीं, तब विष्णुस्वरूपकी क्या बात है।'

महाभावरूपा श्रीराधा प्रेममयी हैं, श्रीकृष्ण-प्रेममें वे अपनेको सदा भूली रहती हैं। वे अपने तन, मन, वचन, प्राण, आत्मा—सभीसे मुरलीमनोहर व्रजेन्द्रनन्दन एकमात्र परम प्रियतम नव-नीरद-नील द्विभुज श्रीश्यामसुन्दरका ही नित्य सेवन करती हैं। उन्हींमें उनका पूर्णानुराग है और वे अपनेको एक ओर परम दीन-हीन मानती हुई भी दूसरी ओर प्रियतम श्रीकृष्ण-धनका धनी मानती हैं। उनके भाव-समुद्रमें नित्य-निरन्तर नयी-नयी रसमयी तरङ्गें उठा करती हैं। प्रेम-सरिताके संगम और विरह—सम्भोग और विप्रलम्भ—ये दो तट हैं। यद्यपि श्रीराधा-माधवकी स्वरूपतः

नित्य एकता है, तथापि मिलनकी इच्छा स्वाभाविक रहती है और मिलनमें महान् आनन्दकी अनुभूति भी होती है। किंतु श्रीकृष्ण-सुखेच्छामयी श्रीराधा कहती हैं—

चाहता मन है नित संयोग। इसीसे लगता दुखद वियोग॥
नहीं पर तनिक स्वसुख की चाह। इसीसे मुझे न कुछ परवाह॥
मिलन हो या हो नित्य विछोह। किसी भी स्थितिमें रहा न मोह॥
रही, बस, एक लालसा जाग। बढ़े नित नव तुममें अनुराग॥
दुःख गुरु हो या सुख सुविशाल। तुम्हारे सुखसे रहूँ निहाल॥
रहो तुम सदा परम सुखरूप। मुझे सम है छाया या धूप॥
नरकका डर न स्वर्गकी चाह। न जाती कभी मुक्तिकी राह॥
प्रेम-बन्धन नित रहे अटूट। भले संकटसे मिले न छूट॥
नहीं प्रतिकूल, न कुछ अनुकूल। तुम्हारा सुख ही सब सुख मूल॥
तुम्हें यदि सुख हो, हे हृदयेश! विरह-दुख देगा दुःख न लेश॥
तुम्हारा वदन प्रफुल्लित देख। दुःखकी नहीं रहेगी रेख॥
करो तुम अपने मनकी, नाथ! छोड़ दो, चाहे रक्खो साथ॥
लगेगा शीतल दारुण दाह। नहीं निकलेगी मुखसे आह॥
एक अनुभवयुत दृढ़ विश्वास। सदा तुम रहते मेरे पास॥
दिखायी पड़ो, रहो या गुप्त। कभी होते न पाससे लुप्त॥
छा रही सुखकी मुख मुसकान। यही बस, मेरे सुखकी खान॥
देख तुम रहे सभी, सब काल। सुखी मैं हूँ कि नहीं, हर हाल॥

एक बार उन्होंने अपनी एक अन्तरङ्ग सखीसे अपनी स्वरूपस्थिति बतलाते हुए कहा—

दूर रहें या पास, नित्य ही रहते एक साथ निर्बाध।
लहराता अनन्त सागर है, भरा प्रेम-रस-अमृत अगाध॥
उठती रहतीं विविध भाँतिकी ऊपर लहरें क्षुद्र-महान।
लोग देखकर उन्हें लगाते दूर-पासका मन अनुमान॥
हम दोनों नित एकरूप हैं, एक तत्त्व हैं, नित संयोग—
नित्य मिलन रहता अटूट, हो चाहे विप्रलम्भ-सम्भोग॥
नित्य मिलन, नित रस-आस्वादन, नित्य अतृप्ति, नित्य नव चाह॥

मिलन विरहमय, विरह मिलनमय, लीलोदधि विचित्र अवगाह ॥
मोद-विषाद, हास्य मृदु, रोदन, निपट निराशा, अति उत्साह।
परम मधुरतम, परम दिव्य, शुचि लीलारस-माधुरी-प्रवाह ॥

जैसे परमानन्द-महार्णव भगवान् युगपत् नित्यानन्त-अचिन्त्यानिर्वचनीय-विरुद्ध-गुण-धर्माश्रय हैं, वैसे ही उनकी शक्ति श्रीराधाजी एवं इन दोनोंका मधुर 'लीलाप्रेमविलास' भी नित्य अचिन्त्य अनिर्वचनीय है।

श्रीराधा-माधवके इस मधुर लीला-प्रेम-विलासके परम दिव्य साम्राज्यमें पहुँचना और दिव्य प्रेमरसके द्वारा श्रीराधा-माधवके चरणोंका नित्य प्रक्षालन-पूजन करना ही जीवका पञ्चम पुरुषार्थ है। यही परम साधना है, यही परम प्रेम है और यही परम साध्य है—'**साधन सिद्धि राम पग नेहू।**'

इस परमानन्द परमरसमय दिव्य सौन्दर्य-माधुर्य-समुद्रमें अवगाहन करनेके लिये आवश्यकता है स्व-सुख-वाञ्छा-कल्पनासे सर्वथा रहित श्रीराधा-माधव-सुख-सेवा-स्वरूपिणी मञ्जरियोंके परमत्यागका आदर्श भाव ग्रहण करके उनका अनुकरण करते हुए अनन्य साधना करनेकी। इन मञ्जरियोंकी कृपा-प्राप्तिके लिये सारे संदेह-भ्रमोंसे दूर रहकर श्रीराधा-माधवको प्रसन्न करनेवाले नाम-लीला-गुण-श्रवण-कीर्तन करते हुए कातरभावसे श्रीराधारानीसे प्रार्थना करनी चाहिये। श्रीराधारानीकी कृपासे उनके चरणोंका प्रेम प्राप्त होना सहज है।

श्रीराधारानीके तत्त्व, स्वरूप तथा लीलाके सम्बन्धमें यहाँ आज (दिनमें और अभी) जो कुछ कहा गया है, इसमें शास्त्र तथा प्रातःस्मरणीय प्रेमी महात्माओंके वचनोंका तो पूर्णरूपसे आश्रय लिया ही गया है; पर यह कोई साहित्यिक आलोचना नहीं है, न निरी श्रद्धा-भावुकता ही है। कुछ ऐसे प्रत्यक्ष-प्राप्त अनुभव भी इसके साथ हैं, जिनका युक्तियुक्त खण्डन किये जानेपर भी, परम सत्य होनेके कारण, जो नित्य अक्षुण्ण हैं और रहेंगे। अन्तमें श्रीराधारानीके श्रीचरणोंमें हम प्रार्थना करें—

श्रीराधारानी-चरन बंदौं बारंबार।
जिन के कृपा-कटाच्छ तें रीझैं नंदकुमार ॥
जिन के पद-रज-परस तें स्याम होयँ बेमान।

****

बदौं तिन पद-रज-कननि मधुर रसनि के खान ॥
जिन के दरसन हेतु नित बिकल रहत घनश्याम।
तिन चरननि में बसै मन मेरौ आठौं जाम ॥
जिन पद-पंकज पै मधुप मोहन-दृग मँडरात।
तिन की नित झाँकी करन मेरौ मन ललचात ॥
'रा' अक्षर के सुनत ही मोहन होत बिभोर।
बसै निरंतर नाम सो 'राधा' नित मन मोर ॥

बोलो श्रीश्रीवृषभानुनन्दिनी कीर्तिदाकुमारीकी जय !

——::×::——

श्रीराधाका स्वरूप और महत्त्व

(सं॰ २०२२ वि॰ के श्रीराधाष्टमी-महोत्सवपर प्रवचन)

[प्रथम—दिनमें]

मञ्जुस्वभावमधिकल्पलतानिकुञ्जं
व्यञ्जन्तमद्भुतकृपारसपुञ्जमेव ।
प्रेमामृताम्बुधिमगाधमबाधमेतं
राधाभिधं द्रुतमुपाश्रय साधु चेतः ॥
पीतारुणच्छविमनन्ततडिल्लताभां
प्रौढानुरागमदविह्वलचारुमूर्तिम् ।
प्रेमास्पदं व्रजमहीपतितन्महिष्यो-
र्गोविन्दवन्मनसि तां निदधामि राधाम् ॥

शक्तिमान्‌के साथ शक्तिका नित्य, अभिन्न तथा अविनाभाव सम्बन्ध रहता है। अतएव भगवान्‌की ह्लादिनीरूपा स्वरूपाशक्ति श्रीराधाजी भगवान्‌में कालकल्पनातीत कालसे ही अभिन्नभावसे स्थित हैं और सदा रहेंगी। साथ ही ये पृथक् मूर्तरूपसे भी नित्य लीलायमान हैं। जब स्वयं भगवान् श्रीकृष्णका इस पुण्यभूमिमें आविर्भाव होता है, तब वे भी लीलाके लिये प्रकट हुआ करती हैं। इस बार भी गत द्वापरके अन्तमें गोपराज श्रीवृषभानु और श्रीकीर्तिदा रानीके घर इनका मङ्गल प्राकट्य हुआ था—भाद्रपद शुक्ल ८ चन्द्रवारको मध्याह्नके समय अनुराधा नक्षत्रमें। श्रीवृषभानु-कीर्तिदा पूर्वजन्ममें राजा सुचन्द्र तथा रानी कलावतीके नामसे प्रसिद्ध थे। इन दोनोंने दीर्घकालतक तप करके ब्रह्माजीसे यह वरदान प्राप्त किया था कि 'द्वापरके अन्तमें स्वयं श्रीराधा तुम दोनोंकी पुत्री होंगी।' श्रीराधाजीका मङ्गलमय प्राकट्य उनके ननिहालमें कालिन्दीतटपर स्थित रावल-ग्राममें हुआ था। प्राकट्यके समय अकस्मात् प्रसूतिगृहमें एक ऐसी दिव्य प्रखर ज्योति फैल गयी कि जिसके तेजसे अपने-आप ही सबकी आँखें मुँद गयीं। इसी समय ऐसा भान हुआ मानो देवी कीर्तिदाके प्रसव हुआ है। पर प्रसवमें केवल हवा निकली और जब कीर्तिदा तथा समीपमें स्थित श्रीगोपाङ्गनाओंके नेत्र खुले, तब उनको दिखायी दिया कि वायुमें कम्पन-सा हो रहा है और उसमें सहसा एक परम सुन्दर दिव्य लावण्यमयी बालिका प्रकट हो गयी है। कीर्तिदाने यही समझा कि इस परम दिव्य ज्योतिर्मयी कन्याका जन्म मेरे ही उदरसे हुआ है। उन्होंने मन-ही-मन दो लाख गो-दानका संकल्प किया। अन्तरिक्षसे सुर-समुदायने इतने सुगन्धित सुन्दर सुकोमल सुर-सुमनोंकी वर्षा की कि चारों ओर ढेर-के-ढेर वे पुष्प स्वयं ही सुन्दर ढंगसे सुसज्जित हो गये। सब दिशाओंमें एक अभूतपूर्व आनन्दकी धारा बहने लगी। स्वयं भगवान् श्रीकृष्णचन्द्रके प्राकट्यके समय जो आनन्द-रसकी धारा बही थी, आज उनकी आनन्द-रस-भावमयी इन हृदयेश्वरीके प्राकट्यके समय वही रस मानो समुद्र बनकर उमड़ चला और सभी दिशाएँ उस आनन्द-रससे आप्लावित हो गयीं।

नन्द-यशोदाके घर प्रकट हुए थे जब राधाप्रिय श्याम।
हुई प्रवाहित थी तब रस-आनन्द-सुधा-सरिता अभिराम॥

आज श्यामकी हृदयवल्लभा प्रकट हुई जब रावल-ग्राम।
उमड़ चला वह रस सागर बन प्लावितकर सब दिशा ललाम॥

फिर, सभी दिशाएँ जयध्वनिसे गूँज उठीं, ऋषिवर करभाजन, शृङ्गी, गर्ग और मुनि दुर्वासा पहलेसे ही पधारे हुए थे। उन्होंने बालिकाके मङ्गल ग्रह-नक्षत्रोंका शोध किया और कुण्डली बनायी। सम्पूर्ण व्रज-मण्डलमें यह शुभ समाचार फैल गया। महाभाग नन्द-यशोदा सदल-बल उपहार लेकर पधारे। घर-घर बधाइयाँ बँटने लगीं। देवर्षि नारद आये और आनन्दरसमयी श्रीराधिकाका दर्शन-स्तवन करके कृतार्थ हो गये।

श्रीराधाके सम्बन्धमें इधर कुछ विशेष चर्चा होने लगी है। देशमें स्थान-स्थानपर राधाष्टमी-महोत्सव मनाये जाने लगे हैं। राधा-साधनाके लिये भी विभिन्न स्थानोंपर विभिन्न प्रकारकी संस्थाओंका निर्माण हुआ है ये सब शुभ लक्षण हैं। पर साथ ही शोधकर्ता तथा साहित्यिक महानुभावोंके द्वारा भी इधर बहुत कुछ लिखा जाने लगा है। शोधकर्ता महोदय राधाकी ऐतिहासिकतापर विचार करते हुए पहलेसे ही कल्पना-काननमें विचरण करने लगते हैं। 'अवतारवादकी कल्पना कबसे हुई? श्रीकृष्णको अवतार माननेकी कल्पना कबसे हुई? श्रीकृष्णकी भगवान्‌के रूपमें कबसे पूजा होने लगी?' इत्यादि। मानो अवतार, श्रीकृष्णका भगवान् होना, उनकी पूजा—ये सभी कल्पना-प्रसूत ही हैं; वास्तविक नहीं। कितने वर्ष पुराने किस ग्रन्थमें श्रीकृष्णका नाम आता है, किसमें राधाका नाम आता है, इसकी खोज होती है और यदि किसी पुराने ग्रन्थमें श्रीकृष्ण या राधाका नाम मिल गया तो ये या तो निस्संकोच यह कह देते हैं कि वह ग्रन्थ ही आधुनिक है, पुराना नहीं; अथवा उसमें जो श्रीकृष्ण या राधाको लेकर प्रसङ्ग आये हैं, वे प्रक्षिप्त हैं, पीछेसे जोड़े गये हैं!

शोधकर्ताओंकी शोधका नमूना देखिये—'देवोपासनाकी प्रवृत्ति हुई, देवता शक्तिके बिना निर्बल प्रतीत होने लगे; इसलिये देवताओंकी शक्तिकी भी कल्पना की जाने लगी। इस तरह कृष्णके साथ भी उनकी शक्तिकी आवश्यकता हुई और कृष्णोपासकोंको जब रुक्मिणी, सत्यभामासे संतुष्टि नहीं हुई, तब राधाका आविष्कार हो गया'''। धर्म और साहित्यके माध्यमसे कृष्णका परिचय तो पहलेसे था, राधाका

कालान्तरमें हुआ। राधाका नाम महाभारत, हरिवंश, श्रीमद्भागवत आदिमें नहीं है। पद्मपुराणमें है। इसलिये राधा सर्वथा काल्पनिक हैं।'

इन महानुभावोंको यह ज्ञात होना चाहिये कि इन ग्रन्थोंमें यशोदाके सिवा किसी भी गोपीका नामोल्लेख नहीं है, तब राधाका ही कैसे होता? पद्मपुराणमें स्पष्ट है ही, पर पद्मपुराणके लिये ये कहते हैं कि 'प्रथम तो पद्मपुराण ही पुराना नहीं, इसकी रचना छठी या आठवीं शताब्दीके आस-पास हुई होगी। पर उस समय भी राधाकी प्रसिद्धि नहीं थी, इससे राधाके सम्बन्धमें जो कुछ पद्मपुराणमें उल्लेख है वह सब अवश्य ही पीछेसे जोड़ा गया है।' मत्स्यपुराणमें राधाका उल्लेख है, पर उसको शोधकर्ता लोग प्रामाणिक नहीं मानते। ब्रह्मवैवर्तपुराणमें बहुत स्पष्ट वर्णन है। उसके सम्बन्धमें ये कहते हैं कि 'ब्रह्मवैवर्तपुराणके सम्बन्धमें उनका संशय और अविश्वास सबसे अधिक है।' गाथा-सप्तशतीमें राधाका स्पष्ट नाम आया है, वह कुछ पुरानी भी है। अतः उसमें आये हुए इस प्रसङ्गको भी ये प्रक्षिप्त और पीछेसे जोड़ा हुआ मानते हैं। श्रीजीव गोस्वामीने 'ऋक्-परिशिष्ट'की एक श्रुति अपने 'श्रीकृष्णसंदर्भ'में उद्धृत की है। वैष्णव दार्शनिक श्रीबलदेव विद्याभूषणने अपनी 'प्रमेयरत्नावली'में अथर्ववेदीय श्रुतिका मन्त्रांश उद्धृत किया है। इन दोनोंमें ही 'राधा' नामका स्पष्ट उल्लेख है। पर इनको भी ये प्रक्षिप्त कह देते हैं।

महाभारतके प्रसिद्ध टीकाकार श्रीनीलकण्ठजीने 'मन्त्र-भागवत'में ऋग्वेद (३। ३३। १२) के मन्त्रका 'राधा'परक बहुत सुन्दर अर्थ किया है। और भी बहुत-से प्रमाण हैं, परंतु शोधकर्ता महानुभावोंका तो प्रायः इस एक निश्चित धारणाको लेकर ही शोधकार्यमें प्रवृत्त होना पाया जाता है कि ''अवतारवाद कल्पना है, श्रीकृष्ण भगवान्‌के अवतार नहीं थे, उनके अवतारकी कल्पना तथा उनकी उपासना किसी काल-विशेषमें प्रचलित हुई है, 'राधा'की कल्पना अत्यन्त आधुनिक है और वह सर्वथा मनगढ़ंत है।'' और इसी धारणाको अपने शोधके द्वारा वे परिपुष्ट करते देखे जाते हैं। इसीलिये जहाँ कहीं किसी ग्रन्थमें उनको इनके नाम मिल जाते हैं; तो ये उस ग्रन्थ या प्रसङ्गको ही अत्यन्त आधुनिक, काल्पनिक या प्रक्षिप्त मानकर छोड़ देते हैं। उसपर विचार ही नहीं करते। कुछ सज्जन शायद विचार करते ही होंगे और घरमें

व्यक्तिगत रूपमें शायद मानते-पूजते भी होंगे, पर लिखेंगे तो ऐसा ही!

ये उन वेद-वेदाङ्गपारंगत, भगवत्प्राप्त प्रातःस्मरणीय आचार्य, महात्मा और दार्शनिक विद्वान्—जैसे सर्वमान्य अद्वैत-वेदान्ताचार्य श्रीशंकराचार्य, वैष्णवाचार्य श्रीनिम्बार्काचार्य, श्रीमध्वाचार्य, श्रीवल्लभाचार्य, प्रेमावतार श्रीचैतन्यमहाप्रभु, आचार्य श्रीहितहरिवंशजी, गोस्वामी श्रीसनातन, श्रीरूप और श्रीजीव तथा ऐसे ही अनेक महानुभावोंकी वाणीको भी, जिन्होंने श्रीकृष्ण, राधा, गोपी आदिके नामों तथा लीलाओंका अपने ग्रन्थोंमें बार-बार स्पष्ट शब्दोंमें उल्लेख करके उनके प्रति अपनी भक्ति प्रकट की है और लोगोंको सर्वविध कल्याणके लिये उनकी भक्ति-पूजा-आराधना करनेकी आज्ञा तथा प्रेरणा की है—और जिनमेंसे बहुतोंको श्रीकृष्ण, श्रीराधा और श्रीगोपीजनोंके साक्षात् दर्शनका भी सौभाग्य प्राप्त हो चुका है—अप्रामाणिक ही मानते हैं। इनके अपने अश्रद्धा-संशयपूर्ण तम-घन-मानसमें जो कल्पनाएँ होती हैं, उन असत् कल्पनाओंको ही कुछ ग्रन्थोंके नाम लेकर ये सत्यका चोला पहना देते हैं और संतों-महात्माओंके द्वारा अनुभूत सत्यका खण्डन करने लगते हैं। अपनी उन कल्पनाओंकी सत्यता प्रमाणित करनेके लिये भी वैसी ही असत् कल्पनाओंके आधारपर रचित साहित्यको प्रमाण मान लेते हैं। श्रीफर्कुहरने लिख दिया कि 'राधा'की उपासना ईसवी सन् ११०० के आस-पास वृन्दावनमें प्रारम्भ हुई होगी और वहाँसे बंगाल आदि स्थानोंमें पहुँची होगी और एक बंगाली सज्जन डाक्टर श्रीशशिभूषणदास गुप्तके द्वारा 'श्रीराधाका क्रम-विकास' नामक एक पुस्तक लिखी गयी, जिसमें 'राधाकी कब कैसे कल्पना हुई और कैसे-कैसे उसमें विकास होता गया'—इस विषयपर अपनी अनर्गल कल्पनाओंको लिपिबद्ध किया गया है।' बस, नवीन शोधकर्त्ताओंके लिये ऐसे ही विचार या साहित्य उनके शोधका प्रधान आधार बन जाते हैं। मैं यह नहीं कहता कि इन सबकी नीयत बुरी थी। पर ये अविश्वासी हैं, श्रद्धारहित हैं, संशयात्मा हैं—यह तो निश्चित है; क्योंकि ये चलते ही हैं संदेहके संदिग्ध मार्गपर। और यह भी निश्चित है कि अश्रद्धालुका श्रम व्यर्थ हुआ करता है और श्रद्धासम्पन्नको ही यथार्थ ज्ञानकी उपलब्धि होती है। भगवान् श्रीकृष्णके वचन हैं—

अश्रद्धया हुतं दत्तं तपस्तप्तं कृतं च यत्।
असदित्युच्यते पार्थ न च तत् प्रेत्य नो इह ॥

(गीता १७। २८)

'अश्रद्धापूर्वक किया हुआ होम, दान, तपा हुआ तप और जो कुछ भी किया जाय, सब असत् कहा जाता है और अर्जुन ! न तो उससे यहाँ कोई लाभ होता है, न परलोकमें ही ।' और—

श्रद्धावाँल्लभते ज्ञानं तत्परः संयतेन्द्रियः ।
ज्ञानं लब्ध्वा परां शान्तिमचिरेणाधिगच्छति ॥

(गीता ४। ३९)

'श्रद्धाके साथ पूर्णरूपसे प्रयत्नमें लगे हुए और इन्द्रियोंके संयमी पुरुषको यथार्थ ज्ञानकी प्रप्ति होती है और ज्ञानको प्राप्त करके वह शीघ्र ही परम शान्तिको पा लेता है।' अतएव सत्यके शोधकोंको चाहिये कि वे अपनी कल्पनाकी और संदिग्धहृदय लेखकोंकी अपेक्षा उन दैवी-सम्पदासम्पन्न, सत्यवादी संतों, महात्माओं, प्रेमियों तथा आचार्योंकी वाणीपर श्रद्धापूर्वक विशेष ध्यान दें और आस्था स्थापन करें, जिन्होंने श्रीकृष्ण-राधाका साक्षात्कार किया है, उनके यथार्थ तत्त्वको समझा है और उनकी ऐतिहासिकताका भी अपनी तपःपूत निर्मल दृष्टिसे निश्चित ज्ञान प्राप्त किया है। श्रद्धासम्पन्न साधक तथा प्रेमभक्तिसे आराधना करनेवालोंका तो एकमात्र यही कर्तव्य है कि वे अविचल और परम श्रद्धाके साथ अनुभवी महान् आचार्यों और भगवत्प्रेमको प्राप्त महापुरुषोंके अनुभवको ही सर्वथा सत्य, आदर्श, आदरणीय और अनुकरणीय मानकर परात्पर पुरुषोत्तम भगवान् श्रीकृष्णके साथ ही उनकी नित्य स्वरूपाशक्ति श्रीराधाजीकी आराधना-उपासना करके सच्चे अर्थमें अपना जीवन सफल करें। वे न तो समालोचकोंके और अनर्गल लिखनेवाले अन्यान्य लेखकोंके विचारोंकी ओर ध्यान दें और न उनका खण्डन ही करें। उन्हें तो अवकाश ही नहीं मिलना चाहिये—अपने परमाराध्य भगवान् श्रीराधामाधवके स्मरण, चिन्तन, अर्चन और सेवनसे।

शोधकों, समालोचकों, साहित्यिकों और कवियोंकी श्रीराधा उनके विचारानुसार

तर्ककी कसौटीपर खरी उतरी हुई श्रद्धाकी मूर्ति हों, तर्कपर खरी न उतरती हों, ऐतिहासिक हों, कल्पनाप्रसूत—औपन्यासिक हों या कवियोंके शृङ्गार-वर्णनकी साधन हों—कैसी भी हों, मेरा उनसे कोई विवाद नहीं है। वे स्वतन्त्रातापूर्वक अपनी आँखसे राधाके स्वरूपको देखें और उसपर आचार-विचार करें। उन सबके प्रति मैं नमस्कार करता हूँ। पर मैंने शुद्ध श्रद्धासे जो कुछ समझ पाया है और भगवान् श्रीकृष्ण, श्रीराधा और श्रीगोपाङ्गनाओंने अनन्त कृपापूर्वक मुझ नगण्यको अपना जैसा जो कुछ परिचय प्रदान किया है, उसके अनुसार और विशेषकर श्रीराधामाधवकी अहैतुकी कृपासे मेरी दृष्टिमें—

१—श्रीकृष्ण परात्पर ब्रह्म पूर्ण पुरुषोत्तम साक्षात् भगवान् हैं।

२—श्रीराधा उन्हीं भगवान् श्रीकृष्णकी स्वरूपभूता उनसे नित्य अभिन्न नित्य शक्ति हैं।

३—श्रीगोपाङ्गनाएँ श्रीराधाका ही अनुसरण करनेवाली उन्हींकी कायव्यूहरूपा भगवान्की ही शक्तियाँ हैं।

४—श्रीकृष्णका, श्रीराधाका इस पुण्यभूमिपर आविर्भाव हुआ करता है। इस विगत द्वापरके अन्तमें भी अवश्य हुआ था, अतएव वे सर्वथा ऐतिहासिकस्वरूप भी हैं।

५—श्रीकृष्ण, श्रीराधा तथा श्रीगोपाङ्गनाओंमें प्रेम सर्वथा कामगन्ध-लेशशून्य, परम पवित्र है।

६—श्रीराधा तथा श्रीगोपाङ्गनाओंमें स्व-सुख-कामना-लेशकी गन्ध भी नहीं है। वे परमप्रेष्ठ श्रीकृष्णके सुख-साधनके रूपमें ही जीवन धारण करती हैं। उनका सर्वस्व श्रीकृष्णसुखके लिये ही सहज समर्पित है।

७—श्रीकृष्ण, श्रीराधा और श्रीगोपाङ्गनाओंकी लीला लौकिक दीखनेपर भी सर्वथा अलौकिक है और दिव्य है तथा बिना उसका तत्त्व समझे सर्वांशमें अनुकरणीय नहीं है।

मुझे अपनी दृष्टिसे इस तत्त्व-सिद्धान्तमें तनिक भी संदेह नहीं है। पर मेरा यह भी आग्रह नहीं है कि सब लोग, न जँचनेपर भी इसे मान ही लें। हाँ, यहाँ

उपस्थित सभीसे मेरी यह विनीत प्रार्थना अवश्य है कि आज श्रीराधा-प्राकट्यके इस पवित्र अवसरपर वे सब लोग भी, उचित समझें तो मेरे उपर्युक्त निवेदनपर ध्यान देकर इसीके अनुसार अविचल, तीव्र और अनन्य श्रद्धा-भक्तिके साथ श्रीराधामाधवकी आराधना-उपासनामें लगनेका निश्चय करें और तदनुसार साधन भी प्रारम्भ कर दें।

करौ कृपा श्रीराधिका, बिनवौं बारंबार।
बनी रहै स्मृति मधुर सुचि मंगलमय सुखसार॥
श्रद्धा नित बढ़ती रहै, बढ़ै नित्य विश्वास।
अर्पण हों अवशेष अब जीवनके सब श्वास॥

श्रीराधारानीके श्रीचरणोंमें कोटि-कोटि नमस्कार।

(द्वितीय—रात्रिमें)

नमस्ते श्रियै राधिकायै परायै
नमस्ते नमस्ते मुकुन्दप्रियायै।
सदानन्दरूपे प्रसीद त्वमन्तः
प्रकाशे स्फुरन्ती मुकुन्देन सार्धम्॥
अमन्दप्रेमाङ्कश्लथसकलनिर्बन्धहृदयं
दयापारं दिव्यच्छवि मधुरलावण्यललितम्।
अलक्ष्यं राधाख्यं निखिलनिगमैरप्यतितरां
रसाम्भोधेः सारं किमपि सुकुमारं विजयते॥

भगवान् नित्य सत्य परिपूर्ण परात्पर तत्त्वके रूपमें एक हैं। उनके अतिरिक्त अन्य कुछ भी नहीं है। वे ही भगवान् विभिन्न विचित्र लीलाओंके भेदसे कहीं श्रीनारायण आदि विलास-परतत्त्वके रूपमें, कहीं श्रीराम-नृसिंहादि, स्वांश-परतत्त्वरूपमें, कहीं अन्तर्यामी परमात्मा-परतत्त्वरूपमें और कहीं भेदरहित ब्रह्म-परतत्त्वरूपमें प्रकट हैं। भगवान् नित्य सच्चिदानन्द हैं। सत्-चित्-आनन्दरूपमें उनकी स्वरूपाशक्तिका ही विलास है। वे स्वरूपाशक्ति ही संधिनी, संविद् और ह्लादिनीके नामसे प्रकाशित हैं। भगवान्‌की ये स्वरूपाशक्ति अमूर्त और मूर्त दोनों रूपोंमें ही नित्य विद्यमान हैं। अमूर्त या भावरूपमें ये नित्य ही भगवान्‌में स्वरूपतः अन्तर्हित हैं और समूर्तरूपमें नित्य

पृथक् लीलायमान हैं। वस्तुतः शक्ति और शक्तिमान्‌का नित्य अभेद है। अतएव भगवान्‌की ह्लादिनी शक्ति भाव या अमूर्तरूपसे शक्तिमान् परात्पर तत्त्वमें नित्य ही वर्तमान हैं। यही भगवान्‌का निर्विशेष आनन्द-ब्रह्मरूप है। यहाँ परात्पर-तत्त्व भगवान् केवल 'ह्लादात्मा' हैं—आत्यन्तिक सुखस्वरूप हैं और जहाँ स्वरूपानन्दरूपा ये ही ह्लादिनी शक्ति मूर्तिरूपमें हैं, परात्पर-तत्त्व भगवान्‌से पृथक् प्रकट हैं, वहाँ भगवान् केवल 'ह्लादात्मा' या आत्यन्तिक सुखस्वरूप ही नहीं हैं, मूर्तिमती ह्लादिनीके द्वारा पृथक्-रूपसे नित्य सेवित होनेके कारण वे स्वयं सुखस्वरूप होते हुए ही अनिर्वचनीय अत्यन्त मधुर दिव्य सुखका आस्वादन भी करते हैं तथा वितरण भी। **'ह्लादात्मापि ह्लादते ह्लादयति च।'** ये ही हैं श्रीकृष्ण—ये ही हैं आनन्द-ब्रह्मके प्रतिष्ठास्वरूप परिपूर्णतम रसब्रह्म या समूर्त रसराज और इनसे पृथक् मूर्तरूपमें प्रकट परम मधुर रसताको प्राप्त इनकी स्वरूपभूता जो ह्लादिनी शक्ति हैं, वे ही नित्य पूर्ण आनन्दस्वरूपको भी आनन्द-रसास्वादन करानेवाली हैं—परिपूर्ण भाव या महाभावरूपा श्रीराधाजी।

'रस' और 'भाव' दोनों एक ही परात्पर-तत्त्वके स्वरूप हैं। परात्पर-तत्त्व नित्य भावसमन्वित—भाव-परिरम्भित है। इसी रसके प्रस्रवणसे नित्य-निस्सरित और प्रवाहित आनन्दधारासे ही अनन्त विश्वके अनन्त आनन्द-वैचित्र्यका विकास है। जो इस प्रकार समस्त भावों और समस्त रसोंके मूल हैं, वे ही महाभाव-परिरम्भित रसराज आनन्दमयी श्रीराधा और उनकी कायव्यूहरूपा गोपसुन्दरियोंसे परिवेष्टित अखिलरसामृतमूर्ति सच्चिदानन्द-विग्रह द्विभुज मुरलीमनोहर श्रीकृष्ण हैं और वे ही वस्तुतः सत्-शास्त्रों, महान् मनीषियों और सर्वोच्च स्तरपर पहुँचे हुए महात्मा प्रेमियोंके द्वारा सेव्य परम तत्त्व हैं।

जैसे एक मूर्तिमान् रसराज श्रीकृष्णके द्वारा ही समस्त रसोंका अस्तित्व और प्रकाश है, वैसे ही एकमात्र मूर्तिमती महाभावस्वरूपा श्रीराधाके द्वारा ही अमूर्त-समूर्त सभी भावोंका विकास और विस्तार है तथा उन-उन विभिन्न भावोंके अनुसार ही तदनुरूप रसतत्त्वका ग्रहण होता है। एक ही विद्युत्-ज्योति विविध विभिन्न वर्णोंके बल्बों—विद्युत्-प्रकाश-आधारोंके सम्पर्कमें आकर जैसे विभिन्न वर्णवाली दिखायी

देती है, वैसे ही एक ही भाव विभिन्न आधारोंके द्वारा उन-उनके अनुकूल रसतत्त्वका अनुभव करवाता है। एक ही रसका जो विभिन्न रूपोंमें आस्वादन है, उसमें आधार-भेदकी यह भाव-विभिन्नता ही कारण है। वैकुण्ठ आदिकी श्रीलक्ष्मी आदि, द्वारकाकी पट्टमहिषी आदि और विभिन्न-भावसमन्विता श्रीगोपाङ्गनाएँ—सभी इन मूल-महाभावरूपा ह्लादिनी (राधा) के ही विभिन्न विचित्र विकास हैं। इनमें गोपीभाव परम और चरम त्यागमय होनेके कारण सर्वश्रेष्ठ है।

धर्म सापेक्ष और निरपेक्ष—दो प्रकारका होता है; जिसमें दूसरी वस्तुकी अपेक्षा हो या जिससे दूसरी कोई विपरीत स्थिति उत्पन्न हो सकती हो, वह सापेक्ष है। जैसे सत्य-भाषण धर्म है, पर सत्य-भाषणमें कहीं-कहीं विपरीत भावकी सृष्टि हो सकती है और कहीं-कहीं दूसरे किसीकी हानि भी हो सकती है। अतः वह सापेक्ष है। इसी प्रकार संसारके प्रायः सभी धर्म किसी-न-किसी प्रकारकी अपेक्षा रखनेके कारण सापेक्ष हैं, परंतु व्रजाङ्गनाओंका यह प्रेम-धर्म सर्वथा निरपेक्ष है। इसमें एकमात्र श्रीकृष्ण-सुखके अतिरिक्त और कुछ भी नहीं है, अन्य किसीकी भी अपेक्षा नहीं है।

अतएव गोपसुन्दरियोंका प्रेम सर्वथा विशुद्ध है। वे निर्मल प्रेमकी प्रतिमा हैं। इसीलिये वहाँ भगवान्‌का ऐश्वर्य भी प्रायः अप्रकट ही रहता है। उनके सामने कहीं ऐश्वर्यका प्रकाश होता भी है तो वह विरहकी स्थितिमें। मिलन और विरह दोनों ही रति हैं, पर मिलनमें रतिका स्वरूप अत्यन्त शीतल रहता है और विरहमें अत्यन्त उष्ण! मिलनमें हृदयको ऐसी ठंढक मिलती है कि शीतलता पाकर जैसे जल घनीभूत हो जमकर बर्फ बन जाता है, वैसे ही हृदयका प्रेम भी घनीभूत होकर जम जाता है। वहाँ उस मिलनानन्दमें मुग्ध, महान् मोदसे प्रमुदित गोपी केवल माधुर्यमयी हो जाती है। अन्य सब कुछ उस माधुर्यमें छिप जाता है। 'प्रियतम श्रीकृष्ण मेरे अपने हैं, मेरे अपने प्राणवल्लभ हैं, मेरे अपने रमण हैं।' गोपीके अनुभवमें उस समय यही भान रहता है, श्रीकृष्णकी ईश्वरताका तनिक भी ज्ञान नहीं रहता। पर जब विरहकी स्थिति होती है, तब उसके तीक्ष्ण तापसे वह जमा हुआ शीतल प्रेम उष्णताको प्राप्त होकर तरल हो जाता है और नेत्रपथसे उष्ण जलधाराके रूपमें प्रवाहित होने लगता है। इसीसे रासपञ्चाध्यायीमें—विरहकी स्थितिमें ही गोपीकी दृष्टिमें श्रीकृष्णकी भगवत्ता

प्रतिभात होती है और वह कह उठती है—

'आप केवल यशोदानन्दन ही नहीं हैं, समस्त प्राणियोंके अन्तरात्माके साक्षी हैं और ब्रह्माजीके द्वारा विश्वरक्षाके लिये प्रार्थना किये जानेपर यदुकुलमें आविर्भूत हुए हैं'—

न खलु गोपीकानन्दनो भवा-
नखिलदेहिनामन्तरात्मदृक् ।
विखनसार्थितो विश्वगुप्तये
सख उदेयिवान् सात्वतां कुले ॥

(श्रीमद्भागवत १०। ३१। ४)

जैसे जमे हुए घीके बरतनमें नीचे तलेमें चमकती हुई काँचकी गोली पड़ी है, पर वह दिखायी नहीं देती; किंतु ज्यों ही घी गलता है त्यों ही वह नीचेकी गोली दीखने लगती है। इसी प्रकार भगवान्के विरहमें—भावी विरहकी आशङ्कामें भी मधुर प्रेमके तरल हो जानेपर उनके ऐश्वर्यकी झाँकी होने लगती है। जैसे रासपञ्चाध्यायीके प्रथमाध्यायमें जिस समय भगवान् श्रीकृष्ण गोपाङ्गनाओंको वापस लौट जानेको कहते हैं, उस समय भावी विरहकी आशङ्कासे गोपाङ्गनाओंका प्रेम उष्णताको प्राप्त होकर तरल हो जाता है और इससे वहाँ ऐश्वर्यको झाँकनेका अवसर मिल जाता है। तब वे कह उठती हैं—

'तुम सबके आत्मा हो, कुशल पुरुष अपने नित्य प्रिय आत्मामें प्रीति करते हैं और दुःख देनेवाले पति-पुत्रादिसे—संसारसे कोई प्रयोजन नहीं रखते, इसीलिये हे परमेश्वर ! तुम हमलोगोंपर प्रसन्न हो जाओ·········'—

कुर्वन्ति हि त्वयि रतिं कुशलाः स्व आत्मन्
नित्यप्रिये पतिसुतादिभिरार्तिदैः किम्।
तन्नः प्रसीद परमेश्वर·······' आदि।

(श्रीमद्भागवत १०। २९। ३३)

प्रेमकी विशुद्धिमें प्रधान तत्त्व है—सहज सम्पूर्ण समर्पण। स्व-सुखकी इच्छा, कामना, वासनाका तथा ममता, पृथक् अहंकार आदि सभीका समर्पण और श्रीभगवान्में ही वर्द्धनशील अनन्य नित्यप्रियता।

संसारमें कोई भी, कुछ भी, न तो नित्य प्रिय होता है और न किसीमें सदा-सर्वदा प्रियता उत्तरोत्तर बढ़ती ही रहती है। वहाँ कुछ दिनोंके व्यवहारके पश्चात् किसी-न-किसी समय उससे मन हट जाता है, उतनी अनुरक्ति नहीं रहती, बल्कि कभी-कभी तो विरक्ति हो जाती है। एक समयकी परम प्रियतमा पत्नीका सङ्ग भी पतिको अच्छा नहीं लगता और वह कहने लगता है—'देखो, मैं अभी आवश्यक कार्यमें व्यस्त हूँ, तुम इस समय मुझे अच्छी नहीं लगती।' पुत्र-पौत्रादिके स्नेहमें सनी बुढ़िया पत्नी भी यदि पति उसके प्रतिकूल कुछ बोलता है तो उसे बुरा मान जाती है, अलग रहना चाहती है। एक बार एक बुढ़िया माईके मुखसे यहाँतक सुना था कि 'यह बूढ़ा अब तो मर जाय तो सब सुखी हो जायँ।' प्यारे पतिके मरणमें दुःख तो होता ही नहीं, वह मरण मनाती है। पुत्रके प्रति पिता, पिताके प्रति पुत्र आदिमें भी ऐसे कुभाव आ जाते हैं। बहुत दिनोंके बीमार अत्यन्त आत्मीयसे भी मन ऊब जाता है और प्यारे घरवाले यह मनाने लगते हैं कि 'अब तो ईश्वर इनकी सुन लें, इनको उठा लें तो ये भी सुखी हो जायँ और घरवाले भी।' बन्धु-बान्धवों और इष्ट-मित्रोंका त्याग तो मनकी प्रतिकूलतामें तुरंत हो जाता है। इसका प्रधान कारण है संसारमें सभी अपने मनके अनुकूल अपना सुख चाहते हैं। इसलिये जहाँतक जिससे सुख मिलता है या मिलनेकी आशा-सम्भावना रहती है, वहाँतक प्रेम—प्रियता रहती है। पर सुखके स्थानपर जहाँ दुःख दिखायी देता है या दुःखकी सम्भावना भी दीखने लगती है, वहीं वह प्रेम—प्रियता नष्ट हो जाती है। किंतु विशुद्ध प्रेममें स्वसुखकी वासनाका लेश भी नहीं रहता। इसीसे वहाँ प्रियतमके सुखके लिये उनके प्रति सहज ही सम्पूर्ण समर्पण हो जाता है और ऐसा वह निर्मल प्रेम पल-पल बढ़ता रहता है—'**प्रतिक्षणवर्धमानम्**।' इस विशुद्ध प्रेमामृतमें एक ऐसा सुदुर्लभ दिव्य महान् माधुर्य रहता है, जिसके रसास्वादनके लिये परम रसामृतस्वरूप स्वयं भगवान् भी नित्य प्रलुब्ध और लालायित रहते हैं और इसीलिये स्वयं ह्लादात्मा—आत्यन्तिक सुख-स्वरूप होते हुए ही वे समर्पणमय प्रेमियोंके परम विशुद्ध दिव्य मधुर रसका सुखास्वादन भी करते हैं और वितरण भी किया करते हैं। भगवान् श्रीकृष्ण स्वयं रसराजस्वरूप हैं, पर विशुद्ध भावमयी गोपसुन्दरियोंके विशुद्ध

प्रेमरसका निरन्तर आस्वादन करनेके लिये ललचाते और उसका आस्वादन करते-कराते रहते हैं। यही नित्य-रास है, जो अनादिकालसे निरन्तर चलता रहता है और अनन्त कालतक सतत चलता रहेगा।

गोपाङ्गनाओंकी इस त्यागमयी रतिका मूल उद्‌गम—उत्स है— भगवान्‌की स्वरूपभूता ह्लादिनी शक्ति श्रीराधाजी। ये सब उसी मूलसे अङ्कुरित, पल्लवित, प्रफुल्लित और फलित मधुर मनोहर अमर तरुवरकी शाखाएँ हैं, जिनके आश्रयमें—जिनकी शीतल सुखमयी छायामें नित्य केवलानन्दस्वरूप भगवान् भी नित्य नव आनन्दका अनुभव करते हैं। आज उन्हीं श्रीराधारानीका, जो लीलाके लिये समय-समयपर इस पुण्यभूमिमें आविर्भूत हुआ करती हैं—मङ्गलमय आविर्भाव-दिवस है।

आजके इस नीच स्वार्थ-कलुषित संसारमें 'प्रेम' शब्दका अर्थ प्रायः माना जाता है कि हम जिससे प्रेम करते हैं, वह हमें सुख दे, हमारे मनोरथ पूर्ण करे, हमारे मनके अनुकूल व्यवहार-बतार्व करे, हमारे लिये त्याग करे, हमारा कृतज्ञ हो और हमारे प्रेम-ऋणका अधिक-से-अधिक बदला चुकाये। अभिप्राय यह कि प्रेमास्पदसे अपने सुखके लिये कुछ माँगने तथा प्राप्त करनेको ही 'प्रेम' की संज्ञा दे दी गयी है। पर श्रीराधारानी और उनकी कायव्यूहरूपा श्रीगोपाङ्गनाओंने इसके सर्वथा विपरीत प्रेमका एक दूसरा ही स्वरूप —दूसरा ही अर्थ अपने जीवनमें चरितार्थ किया है। उन्होंने दिया ही दिया और वे सदा देती ही रहेंगी। पर उन्होंने देनेको ही लेना माना तथा आगे भी सदा मानती रहेंगी। इसीसे उनका देना इतना मधुरातिमधुर है कि सर्वकाम, पूर्णकाम भगवान् श्रीकृष्ण उसे लालायित मनसे लेते रहते हैं और सदा लेना ही चाहते हैं। यथार्थमें विशुद्ध प्रेम देना जानता है, लेना जानता ही नहीं।

प्रेमास्पद प्रेमीके प्रेमका आदर करें, यह बात तो दूर रही, वे चाहे उसके प्रेमको जानें ही नहीं, जानकर भी चाहे न मानें, चाहे उलटे नीच अपमान—घोर तिरस्कार करें, वरं प्रेमके बदलेमें भीषण कष्ट, भयानक यातना दें—तब भी वह प्रेमी प्रेमास्पदपर रोष तो करे ही नहीं, उसके दोष भी उसको नहीं दिखायी दें, बल्कि उन दोषोंमें भी उसे प्रेमास्पदके पवित्र प्रेम तथा अत्यन्त निकटकी आत्मीयताके ही दर्शन

हों—यही प्रेमका यथार्थ आदर्श है।

राधामुख्या श्रीगोपाङ्गनाएँ इसी निर्मल प्रेमकी सजीव मूर्ति हैं। उनके पवित्र प्रेममें उनके लिये कुछ भी शेष नहीं बचता, उनका अपना अस्तित्व भी उनके अपने लिये नहीं रह जाता। वे केवल इतना जानती हैं कि वे श्रीकृष्णकी हैं; उनके देह-प्राण, मन-बुद्धि, अहंकार, आत्मा सभी श्रीकृष्णके हैं और प्रत्येक स्थितिमें—लोकदृष्टिमें प्रतिकूल-से-प्रतिकूल मानी जानेवाली अवस्थामें भी प्रेमास्पद श्रीकृष्णके मधुर प्रेम तथा उनके महान् दिव्य गुणोंके ही सहज मङ्गलदर्शन होते रहते हैं।

गोस्वामी श्रीतुलसीदासजीने चातक-प्रेम-प्रसङ्गमें यही कहा है—

बरषि परुष पाहन पयद पंख करौ टुक टूक।
तुलसी परी न चाहिऐ चतुर चातकहि चूक॥
उपल बरषि गरजत तरजि डारत कुलिस कठोर।
चितव कि चातक मेघ तजि कबहुँ दूसरी ओर॥
पबि पाहन दामिनि गरज झरि झकोर खरि खीझि।
रोष न प्रीतम दोष लखि तुलसी रागहि रीझि॥

(दोहावली २८२—२८४)

मेघ अपने अनन्य प्रेमी चातकको स्वातीका जल तो कभी दे ही नहीं, वरं कठोर पत्थरों—ओलोंकी वर्षा करके उसके पंखोंके टुकड़े-टुकड़े कर डाले, इतनेपर भी प्रेमके तत्त्वको जाननेवाले चतुर चातकके प्रेममें चूक नहीं पड़नी चाहिये। चातकका प्रेम इससे जरा भी न तो शिथिल होता है और न उसका प्रवाह ही रुकता है। मेघ गरज-गरजकर बड़ी रूखी तथा कठोर ध्वनि करता हुआ, कठोर पत्थर तो बरसाता ही है, साथ ही बड़ी डाँट-डपटके साथ तरजकर—तड़ककर वज्र भी गिराता है। फिर भी, क्या चातक अपने प्रियतम मेघके सिवा किसी दूसरेकी ओर ताकता है ? कभी नहीं ! इतना ही नहीं, मेघ बिजली गिराकर, ओले बरसाकर, बिजली चमकाकर, गरजकर, वर्षाकी झड़ी लगाकर और आँधीके प्रबल झोंके देकर अपनी सच्ची खीझ प्रकट करता है अर्थात् वह चातकको दिखलाता है कि मैं तुम्हारा प्रियतम नहीं, पूरा शत्रु हूँ। इतने प्रत्यक्ष दोषोंको देखकर भी चातकको अपने प्रियतमके प्रति तनिक भी

रोष नहीं होता। उसे अपने प्रियतमके दोष दीखते ही नहीं, वरं उसको मेघके इन कृत्योंमें अपने प्रति उसका अनुराग ही दिखायी देता है और वह इसीपर रीझ जाता है (कि मेरा प्रियतम मुझे अपना समझकर स्वच्छन्दतासे मेरे साथ अपने मनकी करके आत्मीयताका परिचय देता हुआ सुख प्राप्त कर रहा है)।

बध्यो बधिक पर्‍यो पुन्य जल उलटि उठाई चोंच।
तुलसी चातक प्रेम पट मरतहुँ लगी न खोंच॥

(दोहावली ३०२)

चातक (पपीहे) का एकाङ्गी प्रेम बहुत ऊँचा है। एक पपीहा उड़ रहा था। एक व्याधने उसे अपने बाणका लक्ष्य बनाया। चातक बुरी तरह घायल हो गया। मरणासन्न अवस्थामें उड़ता हुआ चातक गङ्गाजीके जलमें गिर गया। मरते समय पपीहेने अपनी चोंच ऊपर उठा ली, इसलिये कि गङ्गाजल उसकी चोंचमें प्रवेश न कर सके। जिस गङ्गाजलके पानको मृत्युशय्यापर पड़ा हुआ प्रत्येक धार्मिक हिंदू अपना अहोभाग्य समझता है, उसी गङ्गाजलकी एक बूँद भी अनजानमें उसके मुँहमें चली जाय, इसे गङ्गाजीपर पड़ा हुआ चातक अपने प्रेमके लिये कलङ्क मानता है। इसलिये उसने अपनी चोंचको ऊपर उठाये हुए मर जाना श्रेयस्कर समझा। इस प्रकार उस चातकने मरते समय भी अपने प्रेम-पटपर तनिक-सी भी खरोंच नहीं आने दी।

उष्नकाल अरु देह खिन, मग पंथी, तन ऊख।
चातक बतियाँ ना रुचीं अनजल सींचे रूख॥
अनजल सींचे रूख की छाया तें बरु घाम।
'तुलसी' चातक बहुत हैं, यह प्रबीन कौ काम॥

(दोहावली ३१०-३११)

गरमीके दिन थे, एक पपीहा उड़ता हुआ लम्बी यात्रापर जा रहा था। उड़ते-उड़ते उसे थकावटका अनुभव होने लगा था। गरमीके कारण उसकी देह जल रही थी। इतनेमें ही उसे एक सघन छायादार वृक्ष दीख पड़ा। उसपर बैठा हुआ पक्षी उसे श्रान्त-क्लान्त देखकर कहने लगा—'अरे चातक! तुम थक गये दीखते हो। क्यों नहीं इस वृक्षकी छायामें घड़ीभर विश्राम कर लेते? थकावट दूर हो जानेपर दूने वेगसे आगे जा सकोगे।' पपीहेने उसकी बात सुनी अनसुनी कर दी। वह आगे बढ़ता ही

गया। बात यह थी कि जिस वृक्षपर वह दूसरा पक्षी बैठा था, वह किसी नदी (गङ्गा) के किनारे था। उसकी सिंचाई वर्षाके जलसे नहीं हुई थी। अतः वह उसकी दृष्टिमें त्याज्य था। मेघका अनन्य प्रेमी चातक क्या परोक्षरूपसे भी मेघके अतिरिक्त किसी अन्यका आश्रय ले सकता था? आश्रय लेना तो दूर रहा, उसकी चर्चा भी उसे रुचिकर नहीं प्रतीत हुई। किसी अन्य जलसे सींचे हुए वृक्षकी छायाकी अपेक्षा घाम उसे वरणीय प्रतीत हुआ। चातक तो जगत्‌में अनेक हैं। परंतु इस प्रकारकी सूक्ष्म दृष्टि तो किसी प्रवीण—सूक्ष्मदर्शी चातककी ही हो सकती है।

चढ़त न चातक चित कबहुँ प्रिय पयोद के दोष।
तुलसी प्रेम पयोधि की ताते माप न जोख॥

(दोहावली २८१)

चातकके चित्तमें अपने प्रियतम मेघके दोष कभी चढ़ते ही नहीं, उसका चित्त सब अवस्थाओंमें प्रियतमके गुण ही देखता है; क्योंकि चातक प्रेमका समुद्र है, अतएव उसमें माप-तौल—लेन-देनका व्यवहार है ही नहीं।

असलमें प्रेम वही है, जो ध्वंसका प्रत्यक्ष कारण उपस्थित होनेपर भी ध्वंस-रहित रहे।

पर इस कथनका यह अभिप्राय नहीं कि श्रीकृष्ण अपनी स्वरूपभूता श्रीराधारानी और विशुद्ध प्रेमकी सजीव मूर्तियाँ श्रीगोपाङ्गनाओंका अपमान—तिरस्कार करते थे या उनको कष्ट-यन्त्रणा देते थे। यह तो उनके उस विशुद्ध प्रेमके स्वरूपका वर्णन है। जहाँ ऐसा प्रेम होता है, वहाँ भगवान् तो उसके ऋणी हो रहते हैं। और कभी उस ऋणसे अपनेको मुक्ति मिलना ही सम्भव नहीं मानते। और यह है भी सत्य ही। देनेपर लेना माननेवालोंका ऋण तो उत्तरोत्तर बढ़ेगा ही। अतः भगवान्‌के ये वचन सत्य ही हैं कि 'मैं देवताओंकी आयुमें भी तुमलोगोंका बदला नहीं चुका सकता।' **'न पारयेऽहं···विबुधायुषापि वः।'**

वैसे देखें तो श्रीकृष्णने गोपाङ्गनाओंको दुःख भी बहुत ही सांघातिक दिया। जिन्होंने दुस्त्यज स्वजनोंका तथा आर्यपथका सहज परित्याग करके—लोक-वेद-कुलकी कुछ भी परवा न करके सर्वसमर्पणपूर्वक श्रीकृष्णका सेवन किया, उन सबको

****

वे सहसा छोड़कर मथुरा पधार गये और फिर कभी उन्हें बुलाने—मिलनेका भी नाम नहीं लिया। यह क्या कम दुःख है? पर गोपाङ्गनाओंका और श्रीराधारानीका भाव तनिक भी नहीं बदला, वरं उनका विशुद्ध प्रेम इस कठिन वियोगकी स्थितिमें भी उत्तरोत्तर बढ़ता ही गया। एक बार श्रीकृष्णके इस कठोर व्यवहारको लेकर राधासे सहानुभूति तथा विशेष स्नेह रखनेवाली हिताकाङ्क्षिणी एक सखीने श्रीराधासे इतना-सा कह दिया कि 'राधे ! श्रीकृष्ण बड़े ही निष्ठुर—निर्दय हैं। उनपर विश्वास तथा उनके प्रति प्रेम करनेमें क्या लाभ है? तुम उनके वियोगमें इतनी दुःखी हो, रात-दिन जलती रहती हो, इसका उनको पूरा पता है; तब भी वे इस ओर तनिक भी ध्यान नहीं देते। ऐसी परिस्थितिमें तुम उनका मनसे त्याग कर दो तो सर्वोत्तम है, इस दुःखसे त्राण पानेका तो यही उपाय है।' सखीकी यह बात सुनकर श्रीराधाजीको बड़ी मर्मपीड़ा हुई। पर वे अत्यन्त मधुरहृदया होनेके कारण सखीका तीक्ष्ण तिरस्कार न करती हुई उससे कहने लगीं—

'सखी ! तुम ऐसी मूर्खता-भरी बातें मत करो। प्राणनाथकी निन्दा करके मेरे हृदयपर चोट मत पहुँचाओ। मेरे वे जीवनके जीवन सदा सुखी रहें। तुम मुझे उनके गुणोंकी और उनकी मीठी कुशलकी बात सुनाओ। वे दूर रहें या समीप, वस्तुतः वे मुझसे पलभर भी पृथक् नहीं रहते। वे निरन्तर (आठों पहर) मेरे हृदयमें बसे रहते हैं, कभी भी इधर-उधर नहीं जाते। मेरे हृदयमें तनिक भी दुःख-संताप नहीं है, वहाँ यदि ताप होता तो मेरे प्राण-प्रियतमका सुकोमल शरीर जल जाता। अतएव मेरे हृदयमें मुदिता तथा शीतलता भरी रहती है, इतना सुख रहता है कि वह वहाँ समाता नहीं। मुझको एक क्षणके लिये भी वे दुःखी देख लेते हैं तो लगातार विलखने लगते हैं। सखी! उनके सुखसे मेरे हृदयमें नित्य सुख-सागरकी लहरें उछलती रहती हैं !'—

सखी ! जनि करौ अयानी बात।
प्राननाथ की निंदा करि जनि करौ हिएँ आघात।
मेरे जीवन के जीवन वे सुखी रहैं दिन-रात॥
मोय सुनावौ तुम तिन के गुन मधुर, कलित कुशलात।
दूर रहैं या पास, न मोतें वे पलहू बिलगात॥

अंतर मेरे बसे निरंतर रहत, न इत-उत जात।
ताप जु रहै नेक मो अंतर, जरै सुकोमल गात॥
तातें रहैं मोद-सीतलता, सुख नहिं हिएँ समात।
मोय दुखी जो देखैं छिनहू, रहैं सतत बिललात॥
तिन के सुख सखि! मेरे हियँ नित सुख-सागर लहरात॥

श्रीराधाकी इन उक्तियोंको सुनकर सखी स्तम्भित—चकित हो गयी और श्रद्धापूर्ण उत्सुकताके साथ वह निर्निमेष श्रीराधाकी ओर देखती रह गयी—मानो वह श्रीराधाके श्रीमुखसे कुछ और सुनना चाहती है। तब श्रीराधाने उसे समझाते हुए विशुद्ध प्रेमके स्वरूपका संकेत करके अपनी स्थिति बतलायी। वे बोलीं—

'मेरे वे एकमात्र परम प्रियतम जिससे परम सुखी हों, वही मेरा धर्म है, वही कर्म है और वही एक श्रेष्ठ कर्तव्य है। फिर वह चाहे सदाके लिये बन्धन हो, चाहे अविलम्ब मोक्षकी प्राप्ति हो; चाहे तमोमय अज्ञान हो या फिर चाहे अपरोक्ष ज्ञान हो; चाहे अनन्तकालीन स्वर्ग-सुख हो या चाहे घोर नरक-यन्त्रणा हो; चाहे अशान्तिके बादल छाये हों या चाहे सब ओर नित्य शान्ति विराजित हो; चाहे अतिशय दारिद्र्य हो या चाहे अत्यन्त भोगविलास हो; चाहे कर्ममय जीवन हो या चाहे सम्पूर्ण कर्म-संन्यास हो। मेरा न तो बन्धन और मोक्षसे कुछ सम्बन्ध है, न अज्ञान-ज्ञानसे और न स्वर्ग-नरकसे ही। न मेरे लिये परम भोगैश्वर्यका कोई भी बन्धन है और न घोर दारिद्र्यका ही। मेरा किसी (प्राणी, परिस्थिति या पदार्थ) में भी न कहीं तनिक राग है और न वैराग्य ही है। एकमात्र प्रियतमका सुख ही मेरा जीवन है और वही मेरा सौभाग्य है।'—

जिससे परम सुखी हों मेरे एकमात्र वे परम प्रेष्ठ।
वही धर्म है, वही कर्म है, वही एक कर्तव्य श्रेष्ठ॥
फिर चाहे वह चिर बन्धन हो, हो चाहे तुरंत ही मोक्ष।
हो चाहे अज्ञान तमोमय, हो फिर भले ज्ञान अपरोक्ष॥
हो अनन्तकालीन स्वर्गसुख, चाहे नरक-यन्त्रणा घोर।
हों अशान्तिके बादल छाये, चाहे नित्य शान्ति सब ओर॥

हो अतिशय दारिद्र्य भले, हो चाहे अतिशय भोगविलास।
हो चाहे कर्मोंका जीवन, चाहे पूर्ण कर्म-संन्यास॥
बन्ध-मोक्ष, अज्ञान-ज्ञानसे, स्वर्ग-नरकसे नहिं सम्बन्ध।
रहा न भोगैश्वर्य, परम दारिद्र्य घोरका कुछ भी बन्ध॥
नहीं किसीमें राग तनिक भी, नहीं किसीसे भी वैराग्य।
प्रियतमका, बस, एकमात्र सुख ही मेरा जीवन, सौभाग्य॥

श्रीराधा महाभावरूपा हैं और बड़ी उदारताके साथ नित्य निरन्तर भावका प्रवाह बहाती रहती हैं। वे सर्वथा त्यागमयी हैं। उनमें स्वसुखकी वासना है ही नहीं। केवल श्रीकृष्णसुख-कामना है। साथ ही वे यह भी चाहती हैं कि जैसे मेरेद्वारा प्रियतम श्रीकृष्णको सुख होता है, वैसे ही मेरी कायव्यूहरूपा समस्त गोपाङ्गनाओंके द्वारा भी उन्हें सुख मिले और उनके सुखसे मेरी वे सब सखियाँ भी परम सुखी हों। वे श्रीकृष्णको केवल अपनी ही वस्तु मानकर उनको अपने ही प्रणयकक्षमें बंद नहीं रखतीं, बल्कि सबके सुखकी वस्तु बनाकर वे सबको सुखी करना चाहती हैं। उनके अनन्त विशुद्ध प्रेममें यह स्वाभाविक उदारता है।

राधा नहीं चाहतीं निज सुख निज प्रियतमसे किसी प्रकार।
केवल प्रियतमके सुखसे वे होतीं परम सुखी अविकार॥
केवल यही चाहतीं, प्रतिपल प्रियतम सुखी रहें अविराम।
पल-पल उनको सुखी देखना-करना—यही एक, बस, काम॥
भक्त-पराधीनता उनका है निर्मल स्वभाव अभिराम।
राधा-पराधीन हो रहना लगता उन्हें अतुल सुखधाम॥
राधा नहीं चाहतीं लेकिन उनपर अपना ही अधिकार।
सभी प्राप्त हों प्रियतम-सुखको, करतीं यह अभिलाष उदार॥
मुक्तहस्तसे वितरण करतीं प्रियको, प्रिय-सुखको भर मोद।
सुखी करो सबको, नित प्रियसे कहतीं कर गंभीर विनोद॥
मैं गुणहीन, मलीन सर्वथा, क्यों मुझपर इतना व्यामोह?
मुझसे सभी अधिक सुन्दर, शुचि, मधुर, शील-सद्गुण-संदोह॥

****

प्रेम-रसास्वादन कर सबका, मुझे करो प्रिय ! सुखका दान।
रस-सागर ! नटनागर ! प्रियतम ! मेरे एकमात्र भगवान ॥

कैसा महान् आदर्श त्याग है ! इसीलिये रासमण्डलमें असंख्य गोपाङ्गनाओंका समावेश है और असंख्य रूपोंमें—प्रत्येक दो-दो गोपाङ्गनाओंके बीचमें अगणित रूपोंमें प्रकट होकर श्रीकृष्ण उनके विशुद्ध प्रेमका रसास्वादन कर—करा रहे हैं। श्रीराधारानीकी ही महान् उदारताका यह कैसा विलक्षण आश्चर्यपूर्ण मनोहर फल है !

प्रेममयी व्रजरमणी-गण-मण्डलमें हुए सुशोभित श्याम।
अगणित राशि तारिकामें अकलङ्क पूर्ण बिधु विमल ललाम ॥
अथवा नव नीलाभ-श्याम घन दामिनि-दलमें रहे विराज।
घन दामिनि, दामिनि घन अन्तर अगणित उभय अतुल द्युति साज ॥

श्रीराधाका यह श्याम-प्रेम सीमित नहीं है। वह अनन्त है और वे उसका वितरण करके परम सुखी होती हैं। वे हर समय सचेत और सचेष्ट रहती हैं कि उनकी सखियाँ भी उन्हींकी भाँति प्रियतमसुखका आस्वादन करें। प्रत्येक क्षेत्रमें उनका यह सहज उदारस्वभाव क्रियाशील रहता है।

झूलन-लीला हो रही है। प्रियतम श्रीकृष्ण और उनकी आत्मस्वरूपा श्रीराधिकाजी एक हेमोज्ज्वल हिंडोलेपर विराजमान हैं। सखियाँ झुला रही हैं। इतनेमें राधाजीके मनमें आता है कि यह सुख मेरी सखियोंको भी मिले। मनमें क्या आता है, हमारी श्रीराधाका यह नित्यव्रत ही है। श्रीराधाजी प्रेम-कल्पलता हैं और सखियाँ सब उस लताकी पल्लव-पुष्प-स्वरूपा हैं। अतएव प्रतिपल अपना रस देकर वे उनको प्रफुल्ल और पुष्ट करती रहती हैं। वे अपनी सखियोंको सुखी किये बिना सुखी नहीं हो सकतीं। इसलिये वे प्रियतम श्रीकृष्णको नेत्रोंके द्वारा इङ्गित करती हैं कि मैं जिस प्रकार प्रियतमकी बायीं ओर विराजमान हूँ, इसी प्रकार एक-एक करके सभी सखियोंको अपनी दायीं ओर बैठाकर उन्हें सुख प्रदान करें। और इस इङ्गितके अनुसार ही श्यामसुन्दरके द्वारा सखियोंके सुखदानकी मधुर एवं उदार लीला आरम्भ हो जाती है।

राधादृगिङ्गितनयाल्ललितामधारि-
राकृष्य दक्षिणभुजं विनिधाय तस्याः ।
कण्ठे परं भुजमसौ दवितांसदेशे
मध्ये तयोः स विबभौ तडितोरिवाब्दः ॥
कौन्द्यब्रवीत् पश्यताल्यो ज्योतिश्चक्रे चले पुरः ।
राधानुराधयोर्मध्ये पूर्णोऽयं मुदितो विधुः ॥

राधाप्राणप्रियतम रसिकशिरोमणि श्यामसुन्दर पहले श्रीमती ललिताको अपनी दाहिनी ओर बैठाते हैं और अपनी दक्षिण भुजा उसके कंधेपर रखकर राधाकी भाँति ही उसे सुख देने लगते हैं। यह देखकर सखी कुन्दलता मृदु मुसुकानके साथ कहती हैं—'देखो-देखो, सखियो! आज यह कलङ्कहीन पूर्ण चन्द्र अपनी प्रियतमा राधा और अनुराधाको अपने वाम और दक्षिणमें लिये ज्योतिर्मण्डलके साथ आकाशसे पृथ्वीपर उतर शोभा-विस्तार करता हुआ झूला झूल रहा है।'

तदनन्तर इसी प्रकार ललिता, विशाखा आदि जितनी प्रमुख सखियाँ वहाँ थीं, एक-एक करके सबको प्रियतम श्यामसुन्दर अपनी दाहिनी ओर बैठाकर और उन्हें सुख प्रदानकर रासेश्वरी निज प्राणेश्वरी श्रीराधाकी इच्छा पूर्ण करने लगे। श्रीराधाको श्यामसुन्दरकी इस लीलासे बड़ा ही सुख मिल रहा है। पर सखियोंके स्नेहसे सनी विश्वानन्ददायिनी श्रीराधाकी कामना इससे पूर्ण नहीं हुई। उनके मनमें सखी-सुख-कामनाका एक नया स्वरूप उत्पन्न हो गया—

अथावरुह्य हिन्दोलाद् द्वाभ्यां द्वाभ्यां विराजितम्।
विशाखाललितादिभ्यां श्रीराधाऽऽन्दोलयत् प्रियम्॥
ततोऽवरूढा ललितादयस्तदा
राधेङ्गितैः काञ्चनवल्लिकादिकाः ।
आरोहयामासुरधःस्थिताः सखी-
र्हिन्दोलिकां तां क्रमशो बलाच्छनैः ॥
गोविन्दं दोलयामासुर्गायन्त्यस्ताः सराधिकाः ॥

वे चाहने लगीं कि 'मेरी प्राणप्रिया ये सखियाँ प्रियतम श्यामसुन्दरके दोनों ओर

हिंडोलेपर विराजित हों और मैं हिंडोलेसे उतरकर इनको झुलाऊँ।' अतएव वे स्वयं नीचे उतर गयीं। राधाके सुखसे ही परम सुखी प्रियतम श्यामसुन्दर राधाके इङ्गितके अनुसार दो-दो सखियोंको दोनों ओर बैठाकर उन्हें सुख देने लगे और स्वयं श्रीराधा उन्हें झुलाने लगीं। सखियोंने भी निज-सुख-कामनासे नहीं, प्राणप्रियतम श्रीकृष्ण और अपनी आधाररूपा श्रीराधारानीकी इच्छा पूर्ण हो और वे सुखी हों, इसी हेतुसे इस लीलाको स्वीकार किया।

इनके अतिरिक्त ऐसी सौभाग्यवती बहुत-सी सखियाँ (मञ्जरियाँ) थीं, जो केवल श्रीराधा-माधवके सेवा-सुखसागरमें ही नित्य निमग्न रहती थीं। इसीमें उनको परम सुख प्राप्त होता था। सखी-सुख-मनोरथा श्रीराधाके मनमें आया कि इन सेवामयी सखियोंको भी श्यामसुन्दरके बगलमें बैठाकर झुलाया जाय और इस प्रकार इन्हें भी श्याम-सुख-रसका साक्षात् आस्वादन मिले। अतः ललिता आदि सखियोंको झुला लेनेके बाद वे स्नेहाकुल हृदयसे इन सखियोंको सेवाके छलसे और किसी प्रकार भी स्वीकार न करनेपर स्नेहके बलसे हिंडोलेपर उसी प्रकार प्रियतम श्यामसुन्दरके बायें-दाहिने दोनों ओर बैठाकर स्वयं प्रधान सखियोंके साथ मधुर गीत गाती हुई उन्हें झुलाने लगीं।

सेवापरायणा सखियोंने भी केवल और केवल परम प्रेमस्वरूपा अपनी जीवन-सर्वस्व श्रीराधारानीके सुखके लिये ही श्रीश्यामसुन्दरके साथ झूलना स्वीकार किया और इससे श्रीराधारानीको एवं राधारानीके सुखसे श्यामसुन्दरको सुखी होते देखकर उन्होंने अपना परम सौभाग्य माना। श्रीराधारानीका यह महान् त्यागमय कल्पनातीत आदर्श प्रेम और उनकी प्रेमानुगमन करनेवाली सखियोंकी राधा-सुख-स्पृहा सर्वथा अलौकिक हैं। उनका जीवन धन्य है, जो इस त्यागमय दुर्लभ प्रेमरसका आस्वादन करके मानव-जीवनको सफल करते हैं।

वास्तवमें राधारानी और उनकी अनुगामिनी गोपसुन्दरियोंके प्रेममें सबसे बड़ी महत्त्वकी वस्तु है—उनकी अभिमानशून्यता, दैन्य और सम्पूर्ण त्याग। अवश्य ही वहाँ 'मान' होता है, पर वह मान विशुद्ध प्रेमका ही एक स्वरूप है, जो प्रियतमको सुख देनेके लिये ही होता है। वह मानकी 'लीला' है, दूषित 'अभिमान' रूप मान

नहीं। वहाँ तो नित्य अपनेमें गुणोंका सर्वथा अदर्शन तथा प्रियतममें अनन्त सद्गुणोंका समुद्र लहराता दीखता है। रहा त्याग, सो वह भी स्वाभाविक ही है। त्यागसे ही प्रेमका उदय होता है। जहाँ जितना अधिक त्याग है—वहाँ उतना ही अधिक प्रेमका विकास है और उतना ही अधिक सुख है। 'स्व' तथा 'स्व' का अर्थ—स्वार्थ जितना सीमित होता है, उतना ही गंदा होता है और जितना विस्तृत होता है, उतना ही पवित्र होता है। राधारानीके स्वार्थकी सीमा असीम है। अखिलभुवनमोहन सुरमुनिदुर्लभ-चरण-रजःकण अनन्तसुखसमुद्र प्रेमरसमाधुर्यनिधि स्वयं भगवान्‌के पार्श्वमें बैठकर झूलनेमें कितना सुख तथा गौरव प्राप्त है उनको—जरा कल्पना कीजिये। राधा चाहतीं तो वे अपने प्राणवल्लभका सारा सुख स्वयं अकेली ही ग्रहण कर सकतीं; क्योंकि श्रीकृष्ण सर्वथा उनके प्रेमाधीन हैं। परंतु राधाको यह स्वीकार नहीं है। वे अपने उन सुर-मुनि-ध्यानदुर्लभ प्राणनाथके सुखका सबमें वितरण करना चाहती हैं और चाहती भी उतना ही हैं, जितना उनको प्राप्त है। इसीसे वे स्वयं झूलेसे उतरकर सखियोंको झूलेपर चढ़ाती हैं और स्वयं अपने हाथों उन्हें झुलाती हैं तथा इसमें उससे भी अधिक सुखका अनुभव करती हैं, जितना स्वयं झूलेपर प्राणवल्लभके पार्श्वमें विराजकर झूलनेमें प्राप्त कर रही थीं। इस प्रकारके महान् त्यागकी नींवपर ही विशुद्ध प्रेमका मङ्गलमय आनन्दमय अखिल-विश्व-कल्याणकारी सुन्दर भव्य विशाल प्रासाद खड़ा होता है।

सौतिया-डाह या पर-सुख-असहिष्णुता वहाँ होती है, जहाँ स्व-सुख-वासना है। राधामें स्व-सुख-वासनाका लेश-गन्ध भी नहीं है। इससे डाह, पर-सुख-असहिष्णुताकी तो कल्पना ही नहीं है। बल्कि यहाँ तो इच्छापूर्वक निज-सुखका त्याग और पर-सुख-विधान करके विशेष सुखकी प्राप्ति की जाती है। आज जो समस्त विश्व-मानसमें एक भयानक द्वेष, पर-सुख-असहिष्णुता, भीषण कलह तथा हिंसाकी आग जल उठी है, एवं पता नहीं, वह कब भयानक मूर्तरूपमें भड़ककर मानवजातिका विनाश कर देगी, इसका प्रधान कारण है—स्वार्थका अत्यन्त संकुचित-सीमित हो जाना, मानवका एक छोटी-सी परिधिमें ही सुखकी कल्पना करना और स्व-सुख-वासनाको ही एकमात्र जीवनका ध्येय बना लेना।

विश्वबन्धुत्व या विश्वप्रेमकी कितनी ही लम्बी-चौड़ी बातें की जायँ, विशाल योजनाएँ बनायी जायँ, सह-अस्तित्व या पञ्चशीलके नारे लगाये जायँ—जबतक मानव पर-सुखको ही निज-सुख नहीं मानेगा, जबतक निज-सुखका त्यागी और पर-सुखका विधायक नहीं बनेगा, तबतक सच्चे अर्थमें विश्वप्रेमका उदय कभी नहीं होगा। हमारी श्रीराधारानीने विश्वके सामने त्यागपूर्ण विशुद्ध प्रेमका जो एक महान् आदर्श उपस्थित किया है, वह अतुलनीय है—अनुपमेय है। उसका तनिक-सा भी भाव आजके विश्व-मानवमें आ जाय तो अखिल विश्व सुखी हो सकता है।

यह तो विश्व-मानवके कल्याणकी बात हुई। पर आजका विषयवासना-विमुग्ध कामोपभोगपरायण मोहावृत—ईश्वर तथा सत्कर्ममें अविश्वास करनेवाला मानव इस ओर क्यों ध्यान देने लगा? वह तो विनाशको ही विकास माने हुए है! वस्तुतः इस प्रेमकी चर्चा तो करनी है—प्रेमरसकी सच्ची पिपासावाले साधकोंके लिये। यह परम विशुद्ध प्रेम वस्तुतः केवल भगवान्‌में ही हो सकता है और इसका उदय भी उन्हीं सच्चे सौभाग्यशाली व्यक्तियोंके जीवनमें सम्भव है, जो भुक्ति-मुक्तिकी स्पृहाका सर्वथा त्याग करके एकमात्र श्रीराधा-माधव-चरणानुरागके लिये ही जीवनका एक-एक क्षण लगानेको प्रस्तुत हैं।

इस प्रेमका आधार है त्याग। त्याग भी ऐसा-वैसा नहीं, सर्वत्याग सम्पन्न हो जानेपर बन्धनमुक्तिरूप जिस मोक्षकी प्राप्ति होती है, उस दुर्लभ मोक्षका भी त्याग कर देना पड़ता है। मोक्षका परित्याग या तो जगत्‌के भोगासक्त और पाप-परायण विषयी और पामर लोग करते हैं, या वे करते हैं, जिनको मोक्षसे भी बढ़कर कोई विशेष वस्तु मिल जाती है। वह मोक्षसे भी श्रेष्ठ वस्तु है—भगवत्प्रेम। यही पञ्चम पुरुषार्थ है। इसकी प्राप्ति—विशेषतया गोपीभावके रूपमें इस प्रेमकी प्राप्तिके साधन संक्षेपमें नीचे दिये हैं। प्रेमके साधकमें निम्नलिखित प्रकारकी एकान्त अनन्य लालसा, श्रद्धाविश्वासपूर्ण निश्चयबुद्धि और दृढ़ साधन-प्रवृत्ति होनी चाहिये।

'जिन श्रीराधामाधवका प्रेम लाखों बार अग्निमें तपाये हुए स्वर्णके समान शुद्ध और उज्ज्वल है। (सोना तो अधिक-से-अधिक पाँच बार तपानेपर ही शुद्ध माना जाता है। पर श्रीराधा-माधवका प्रेम परम विशुद्ध है, इसलिये उसे लाखों बार तपाये

सोनेकी उपमा दी गयी है—यद्यपि यह भी उस विशुद्ध प्रेमके उपयुक्त उपमा नहीं है।) चकोरके नेत्र जैसे चन्द्रमाकी ओर लगे रहते हैं और चातक जैसे अनन्य निष्ठासे मेघसे ही जलबिन्दु ग्रहण करता है, इसी प्रकार जिन श्रीराधाके माधवके प्रति और श्रीमाधवके राधाके प्रति प्रेम-नियम हैं, जो महाभावरूपा श्रीराधाजी और रसराज श्रीकृष्ण दोनों अनुपम परमानन्दके धाम हैं, जो पवित्र सौन्दर्य और माधुर्यके असीम सागर हैं, जो नित्य सत्-चित्स्वरूप हैं, उन श्रीराधामाधवकी दिव्य मधुर छविको ही मैं सदा सब दिशाओंमें देखता रहूँ। उनकी चरण-धूलिकी प्रीतिको छोड़कर कभी भी और कुछ भी चाहूँ ही नहीं। न कहीं कुछ भी और सुनूँ, न दूसरा कुछ भी मुखसे उच्चारण करूँ। मेरा मन सदा अनन्यभावसे श्रीराधेश्यामके नाम-गुणमें संलग्न रहे। श्रीराधा-माधव-युगलकी चरणरजका सुन्दर प्रेम निरन्तर प्रतिपल बढ़ता रहे और श्रीराधा-माधव-युगल-सेवाका कोई बहुत छोटा-सा काम मुझे मिल जाय। मैं राग-द्वेष, कामना, ममताका त्याग करके हृदयको शुद्ध रखूँ और किसी सखी मञ्जरी (श्रीराधा-माधवकी सेवामें संलग्न, सेवाके स्वरूप और सेवा-पद्धतिको जाननेवाली) के अनुगत रहकर बुद्धि, मन और इन्द्रियोंका संयम करके मञ्जरीके कृपा-प्रसादसे मुझे जो सेवाका कार्य मिले, उसे सदा करता रहूँ और इसीमें जीवनको सदा धन्य समझूँ और मेरा मन पवित्र आनन्दसे भरा रहे।'

लाखों बार तपाये उज्ज्वल शुद्ध स्वर्ण सम जिनका प्रेम।
चन्द्र-चकोर मेघ-चातक सम नित्य परस्पर जिनके नेम॥
परमानन्दधाम जो दोनों, महाभाव-रसराज अनूप।
शुचि सौन्दर्य असीम सिन्धु, माधुर्य नित्य चिन्मय सद्रूप॥
उन राधा-माधवकी छबि मैं निरखूँ दिव्य मधुर सब ओर।
उनकी चरण-धूलि-रति तजकर चाहूँ नहीं कभी कुछ और॥
सुनूँ न कुछ भी कहीं और कुछ नहीं उचारूँ मुखसे अन्य।
राधेश्याम-नाम-गुणमें ही लगा रहे मन सदा अनन्य॥
युगल-चरण-रज-प्रीति निरन्तर पल-पल हो वर्द्धित अभिराम।
मिले युगल-सेवाका मुझको छोटा-सा कोई कुछ काम॥

राग-द्वेष, कामना-ममता छोड़ रखूँ मैं अन्तर-शुद्धि।
सखी-मंजरीके अनुगत रह, कर संयम मन-इन्द्रिय-बुद्धि॥
करूँ सदा सेवा जो मुझको मिले, वही, मंजरी-प्रसाद।
धन्य सदा समझूँ जीवन मैं, भरा रहे मन शुचि आह्लाद॥

मञ्जरी-सेवापद्धतिमें नया साधक किसी मञ्जरीके अनुगत रहकर उनके आज्ञानुसार सेवा किया करता है—

सखीनां सङ्गिनीरूपामात्मानं वासनामयीम्।
आज्ञासेवापरां तत्तत्कृपालंकारभूषिताम्॥

इस प्रेमके साधकको चाहिये कि वह अपनेको अपनी सेवा-वासनाके अनुसार श्रीरूपमञ्जरी, श्रीरसमञ्जरी, श्रीरतिमञ्जरी आदि सखियोंमेंसे किसीके साथ रहकर, उनके कृपारूपी आभूषणोंसे विभूषित तथा निरन्तर उनकी आज्ञाके अनुसार सेवामें तत्परतासे संलग्न समझे।

इन सर्वथा निष्काम सेविकाओंके प्रसाद तथा इनके आज्ञानुसार आचरणसे सेवाधिकार प्राप्त होता है और यह सेवाधिकार ही प्रेमके साधकको समस्त मोक्षोंसे उपरत करके नित्य-निरन्तर स्वयं भगवान्‌के साथ भगवत्प्रेममें बाँधकर सेवामें नियुक्त रखता है।

सेवाकी महत्ताका और सेवाके लिये मोक्ष-त्यागका सिद्धान्त बतलाते हुए भगवान् कपिलदेव कहते हैं—

सालोक्यसार्ष्टिसामीप्यसारूप्यैकत्वमप्युत।
दीयमानं न गृह्णन्ति विना मत्सेवनं जनाः॥

(श्रीमद्भागवत ३। २९। १३)

'मेरे (भगवान्‌के) प्रेमीजन मेरी सेवाको छोड़कर, दिये जानेपर भी, भगवान्‌के नित्य धाममें निवासरूप—सालोक्य, भगवान्‌के समान ऐश्वर्य-भोग—सार्ष्टि, भगवान्‌की नित्य समीपता—सामीप्य, भगवान्‌के समान रूपप्राप्ति—सारूप्य और भगवान्‌के साथ एक हो जाना—ब्रह्मस्वरूप प्राप्त कर लेना—ये पाँच प्रकारके मोक्ष नहीं ग्रहण करते।'

श्रीराधाजीके चरणोंमें ऐसी विनीत प्रार्थना करें, वे अपनी सहज कृपासे हमें ऐसी

बुद्धि और साधना प्राप्त करा दें।

श्रीराधारानी-चरन बिनवौं बारंबार।
बिषय-बासना नास कर करौ प्रेम संचार॥
तुम्हरी अनुकंपा अमित अबिरत अकल अपार।
मो पर सदा अहैतुकी बरसत रहत उदार॥
अनुभव करवावौ तुरत, जातें मिटैं बिकार।
रीझैं परमानंदघन मो पै नंदकुमार॥
पर्‌यौ रहौं नित चरन-तल, अर्‌यौ प्रेम-दरबार।
प्रेम मिलै मोय दुहुन के पद-कमलनि सुखसार॥

बोलो माधवप्रेम-मूरति श्रीराधारानीकी जय-जय!

——::×::——

रसस्वरूप श्रीकृष्ण और भावस्वरूपा गोपाङ्गनासमन्वित श्रीराधाजीका तत्त्व-महत्त्व

(सं॰ २०२३ वि॰ के श्रीराधाष्टमी-महोत्सवपर प्रवचन)

नवललितवयस्कौ नव्यलावण्यपुञ्जौ
नवरसचलचित्तौ नूतनप्रेमवृत्तौ।
नवनिधुवनलीलाकौतुकेनातिलोलौ
स्मर निभृतनिकुञ्जे राधिकाकृष्णचन्द्रौ॥
द्रुतकनकसुगौरस्निग्धमेघौघनील-
च्छविभिरखिलवृन्दारण्यमुद्भासयन्तौ।
मृदुलनवदुकूले नीलपीते दधानौ
स्मर निभृतनिकुञ्जे राधिकाकृष्णचन्द्रौ॥

रसब्रह्म

श्रुतियोंमें विभिन्न नामोंसे परात्पर ब्रह्म-तत्त्वका वर्णन किया गया है और प्रसङ्गानुसार वह सभी सत्य है तथा सभीमें एक पूर्ण सामञ्जस्य है। अन्न, प्राण, मन, विज्ञान (तैत्तिरीय-उप० ३। ३। ५) आदि विभिन्न नामोंका निर्देश करनेके पश्चात् श्रुतिने 'आनन्द'के नामसे ब्रह्मका वर्णन किया—

आनन्दो ब्रह्मेति व्यजानात्, आनन्दाद्ध्येव खल्विमानि भूतानि जायन्ते, आनन्देन जातानि जीवन्ति, आनन्दं प्रयन्त्यभिसंविशन्ति।

(तैत्तिरीय-उप० ३। ६)

अर्थात् यह निश्चयपूर्वक जान लिया कि 'आनन्द' ही ब्रह्म है, आनन्दस्वरूप परात्पर तत्त्वसे ही ये समस्त प्राणी उत्पन्न होते हैं, उत्पन्न होकर आनन्दके द्वारा ही जीवित रहते हैं और अन्तमें आनन्दस्वरूपमें ही प्रविष्ट हो जाते हैं।

श्रुतियोंने विभिन्न प्रकारसे 'आनन्दब्रह्म' का सविस्तर वर्णन किया। परंतु परात्पर तत्त्वके स्वरूप-निर्देशकी चर्चा अभी अधूरी ही रह गयी। अतएव श्रुतिने परात्पर तत्त्वकी रसस्वरूपता या 'रसब्रह्म'की रहस्यमयी चर्चा करते हुए संक्षेपसे कहा—

यद्वै तत् सुकृतम्। रसो वै सः, रसँ ह्येवायं लब्ध्वाऽऽनन्दी भवति।

(तैत्तिरीय-उप० २। ७)

'जो स्वयं कर्ता—स्वयंरूप तत्त्व है, वही रस है—पूर्ण रसस्वरूप है। उस रसस्वरूपको प्राप्त करके ही जीव आनन्दयुक्त होता है।'

जो 'आनन्दब्रह्म' जगत्का कारण है, यह 'रसब्रह्म' ही उसका मूल है। यह 'रसब्रह्म' ही 'लीलापुरुषोत्तम' और 'रसिक ब्रह्म' है। जैसे सविशेष धूप ही निर्विशेष या अमूर्त सुगन्धका विस्तार करता है, वैसे ही एक सविशेष रसतत्त्वके अवलम्बनसे ही 'निर्विशेष आनन्द-तत्त्व' का प्रकाश होता है। अतएव जैसे धूप ही सौरभकी प्रतिष्ठा है, वैसे ही 'रस' ही 'आनन्द' की प्रतिष्ठा है। सविशेष रसब्रह्ममें ही निर्विशेष आनन्दब्रह्म प्रतिष्ठित है। रसरूप भगवान् श्रीकृष्णने इसीसे **'ब्रह्मणो हि प्रतिष्ठाहम्'** की घोषणा करके इस सत्य सिद्धान्तको स्पष्ट किया है।

रसकी उपलब्धिमें भाव आवश्यक

इस 'रस'की उपलब्धि 'भाव' के बिना नहीं होती। 'भावुक' हुए बिना 'रसिक' नहीं हुआ जाता। 'भावग्राह्य' या भावसाध्य रसका प्रकाशन—आस्वादन भावके बिना सम्भव नहीं। अतएव जहाँ 'रस'का प्रकाश है, वहाँ भावकी विद्यमानता है ही। इसीसे प्रेमरसास्वादनकारी ज्ञानी पुरुषोंने यह साक्षात्कार किया है कि सृष्टिके मूलमें—प्रकाश और प्रलय सभी अवस्थाओंमें—भावपरिरम्भित, भावके द्वारा आलिङ्गित रसके उत्स—मूल स्रोतसे ही रसानन्दकी नित्य धारा प्रवाहित है। इस प्रकार जिस रस और भावकी लीलासे ही—उनकी नृत्यभङ्गिमासे ही समस्त विश्वका विविध विलासवैचित्र्य सतत विकसित, अनुप्राणित और आवर्तित है, सभी रसों और भावोंका जो मूल आत्मा और प्राण है, वह एक महाभावपरिरम्भित रसराज या आनन्दरस-विलास-विलसित महाभावस्वरूपिणी श्रीराधासे समन्वित श्रीकृष्ण ही (दूसरे शब्दोंमें अभिन्नतत्त्व श्रीराधा-माधव ही) समस्त शास्त्रोंके तथा महामनीषियोंके द्वारा नित्य अन्वेषणीय परात्पर परिपूर्ण तत्त्व हैं।

भावका अभिप्राय—भक्ति

'भाव' शब्दका अभिप्राय 'भक्ति'से है। भगवान् भावसाध्य—भावग्राह्य हैं, इसका अर्थ है—वे भक्तिसे प्राप्त होते हैं। भगवान्ने कहा है—मैं एकमात्र अनन्य भक्तिसे ही ग्राह्य हूँ—'**भक्त्याहमेकया ग्राह्यः**'। यही परमानन्दका रसास्वादन है। भक्तिशून्य या भावरहित होकर कोई भी (किसी भी विषयसे किसी भी परिस्थितिमें) इस आनन्दको प्राप्त नहीं कर सकता और समस्त भक्तिकी मूल आकर हैं—श्रीराधा। जैसे समूर्त रसराज श्रीकृष्णसे ही समस्त रसोंका आविर्भाव हुआ है, वैसे ही मूर्तिमती महाभावस्वरूपिणी श्रीराधासे ही अमूर्त और मूर्त सभी भावोंका—विभिन्न भक्ति-भावोंका, भक्ति-स्वरूपोंका विस्तार हुआ है और भावानुसार भक्ति-स्वरूपोंमेंसे स्वरूपानुसार ही रसतत्त्वकी उपलब्धि होती है। जैसे एक ही प्रकाश-ज्योतिके नीले, पीले, लाल, हरे आदि विविध वर्णोंके स्फटिकोंपर पड़नेसे विविध वर्णविशेष दिखायी देते हैं, वैसे ही भक्तिके रूपमें प्रकट श्रीराधा ही अमूर्त भावविशेषके रूपमें दास्य,

****

सख्य, वात्सल्यादि भाववाले विभिन्न भक्तोंमें उसी रूपमें प्रकट होकर उसीके अनुसार उसीके उपयोगी रसतत्त्वको प्राप्त कराती हैं। पटरानी-रूपमें, लक्ष्मी आदिके रूपमें, गोपीरूपमें जितनी भी भगवान्‌की कान्ता देवियाँ हैं, वे सभी श्रीराधाकी समूर्त अवस्थाविशेष हैं। जिस अवस्थामें महाभावरूपा स्वयं राधा और रसराज श्रीकृष्ण प्रेमविलास-वारिधिमें लीलायमान हैं, जहाँ 'रमण' और 'रमणी'की भेदबुद्धिकी भी कल्पना नहीं रह जाती, वह सम्पूर्ण रस-भावाद्वैत ही विशुद्ध प्रेमविलासकी असीम सीमा है—निरवधि अवधि है।

शक्ति और शक्तिमान्

श्रीराधाजी भगवान् श्रीकृष्णकी नित्य अभिन्न स्वरूपा-शक्ति हैं। शक्तिमान्‌में शक्ति दो रूपोंमें रहती है—'अमूर्त' रूपमें और 'मूर्त' रूपमें। शक्तिमान्‌में जो शक्तिकी नित्य सत्ता है, वह अमूर्त है और जो स्वरूपसे सर्वथा सर्वदा सब प्रकारसे अभिन्न होते हुए उस दिव्य शक्ति-सत्ताकी अधिष्ठात्रीरूपमें भिन्न रूपसे प्रकट विविध विचित्र स्वरूपभूता लीलामयी-लीलाकारिणी है, वह मूर्त है। भगवान्‌के अचिन्त्यानन्त स्वरूपोंमें जैसे 'आनन्द' स्वरूप प्रधान है, वैसे ही उनकी अचिन्त्यानन्त शक्तियोंमें आनन्दरूपा 'ह्लादिनी' शक्ति प्रधान है। स्वयं रसरूप रसराज भगवान् जिस दिव्य आनन्दमयी शक्तिके द्वारा स्वरूपानन्दका रसास्वादन करते हैं और प्रेमी भक्तोंको स्वरूपानन्द-रसका आस्वादन कराते हैं, उसी शक्तिका नाम 'ह्लादिनी' है। वही स्वरूपतः नित्य अभिन्न और लीलामयी अधिष्ठात्री मूर्तिके रूपमें नित्य भिन्न है, वही श्रीराधा हैं। ये ही भक्ति-साम्राज्यमें प्रविष्ट होकर लीलासे ही क्रमशः घनताकी अवस्थामें उन्नत होती हुई रति, प्रेम, स्नेह, मान, प्रणय, राग, अनुराग, भाव और महाभाव—नाम धारण करती हैं। यह महाभाव-प्रेमरसकी मूर्तिमान् दिव्य सजीव प्रतिमा ही श्रीराधा हैं। ये श्रीराधा परम पावन श्रीकृष्ण-प्रेमकी ही प्रगाढ़तम अवस्था 'मादनाख्य महाभावस्वरूपा' हैं। इसीको प्रेमराज्यके अनुभवी पुरुषोंने 'श्रीकृष्णप्रणयविकृति' कहा है। यह मादनाख्य महाभाव श्रीकृष्णप्रणयका ही परमघन विकार है, चरम और परम परिणति है, अवश्य ही वह नित्य है। विकार और परिणति लीलामें ही हैं।

****

पूर्णब्रह्मके तीन रूप

परात्पर पूर्णब्रह्म-तत्त्वके तीन रूप हैं—ब्रह्म, परमात्मा और भगवान्। '**ब्रह्मेति परमात्मेति भगवानिति शब्द्यते**' (श्रीमद्भागवत)। परात्पर तत्त्व रसरूप है, अतः इन तीनों ही रूपोंमें रस-स्वरूपता विद्यमान है। पर लीला-भेदसे तीनोंमें भेद है। ब्रह्म रसस्वरूप है, पर उस निर्विशेष निर्धर्म निष्क्रिय निर्गुण निराकार तत्त्वमें शक्तिका प्राकट्य नहीं है, अतः ब्रह्म तत्त्वतः 'रसरूप' होनेपर भी 'रसिक' नहीं है। परमात्मामें सगुण निराकार होनेसे शक्तिका आंशिक प्रकाश है; वह साक्षी है, द्रष्टा है, पर 'रसिक' वह भी नहीं है और षडैश्वर्यपूर्ण पूर्णशक्तिविकसित भगवत्स्वरूपमें शक्तिका विविध विचित्र विकास होनेके कारण जितने भगवत्स्वरूप हैं, सभी रसस्वरूप होनेके साथ ही 'रसिक' भी हैं। परंतु सभी (तत्त्वतः अभिन्न) भगवत्-स्वरूपोंमें समस्त रसोंका एक ही साथ पूर्ण प्रकाश नहीं होता। सम्पूर्ण रसलीलाविलासमण्डित केवल श्रीकृष्ण ही अखिलरसामृतमूर्ति हैं। अतएव श्रीकृष्ण 'रसिकशेखर' हैं। इन 'रसिकशेखर' श्रीकृष्णका परम रस जिसके द्वारा आस्वादित होता है और श्रीकृष्ण जिस अत्युन्नत भावमयी राधाके रसास्वादनके लिये लालायित रहते हैं, वही मादनाख्य महाभावरूपा शक्ति है। वही महाभावरूपा श्रीराधा हैं।

भक्तिके भेद और प्रेमाभक्तिके पाँच स्तर

भक्तिके कई भेद हैं—सामान्य भक्ति, श्रीकृष्णमें कर्मार्पणादिरूप आरोपसिद्धा भक्ति, कर्ममिश्रा-ज्ञानमिश्रा आदि सङ्गसिद्धा भक्ति, अकिंचना या केवला स्वरूपसिद्धा भक्ति आदि। इनके प्रकार बहुत-से हैं—नवधा, एकादशधा, शतधा, सहस्रधा आदि। जो लोग कर्म, ज्ञान तथा योग आदिकी भाँति भक्तिको साधनका अङ्ग मानते हैं, वे अपने-अपने स्तरके भावानुसार मोक्षतकको प्राप्त हो सकते हैं, परंतु उन्हें पञ्चम पुरुषार्थरूप 'भगवत्प्रेम'की प्राप्ति नहीं होती। उनकी वह साधन-भक्ति सकाम होनेपर भोगप्रदायिनी और निष्काम होनेपर अन्तःकरणकी शुद्धिके द्वारा मोक्षप्रदायिनी होती है।

प्रेमरूपा भक्तिके पाँच स्तर हैं—शान्त, दास्य, सख्य, वात्सल्य और मधुर। आनन्दस्वरूप निर्विशेष ब्रह्ममें शक्तिकी अभिव्यक्ति नहीं है, परमात्मामें शक्तिका

आंशिक विकास होनेके कारण वहाँ ह्लादिनी चित्-शक्तिका भी अस्तित्व किंचित् प्रकट है। अतएव 'शान्त' भक्त भगवान्में ममतायुक्त न होनेपर भी सामान्यरूपसे माधुर्यका अनुभव करता है, पर उसकी यह साधारण माधुर्यकी अनुभूति भगवान्के ऐश्वर्यज्ञानको ढक नहीं सकती—यहाँतक कि श्रीवैकुण्ठका जो माधुर्यानुभव है, उसमें भी ऐश्वर्यकी अनुभूति प्रत्यक्ष प्रकट रहती है। माधुर्यभावके साधनसे ही उत्पन्न प्रेमविशेष ही वास्तविक माधुर्यका अनुभव है। यही सर्वोत्तम रसास्वादन है। इस माधुर्य-रसास्वादनमें ऐश्वर्यादिका अनुभव सर्वथा अदृश्य हो जाता है। श्रीवैकुण्ठसे लेकर द्वारकातक सभी धामोंमें माधुर्यके साथ ऐश्वर्यका पूर्ण प्रकाश है। यद्यपि उसमें कुछ तारतम्य है और इसी ऐश्वर्यशून्य माधुर्यके विकासकी दृष्टिसे ही प्रेमीजन द्वारकामें श्रीकृष्णको पूर्ण, मथुरामें पूर्णतर और व्रज-गोकुलमें पूर्णतम कहते हैं।

कृष्णस्य पूणतमता व्यक्ताभूद् गोकुलान्तरे।
पूर्णता पूर्णतरता द्वारकामथुरादिषु॥

(भक्तिरसामृतसिन्धु)

इसका कारण यह है कि व्रजकी लीलामें श्रीकृष्णके माधुर्यका पूर्ण प्रकाश है। यहाँ भगवान् 'देव' नहीं हैं, 'नर—मनुष्य' हैं, अखिलब्रह्माण्डाधिपति परमेश्वर नहीं हैं—'निजजन' हैं। भगवान् यहाँ 'नरवपु' में नरलीला करते हैं। अवश्य ही यह कभी नहीं भूलना चाहिये कि भगवान्की यह 'नरलीला' प्राकृत नर-लीला—कर्मजनित पाञ्चभौतिक जडदेहसम्पन्न जीवके कर्मविशेष नहीं है। यह नराकृति नित्य सत्य सच्चिदानन्द—परमब्रह्मकी स्वरूप-लीला है। यहाँ जड मायाका राज्य नहीं है, भगवत्स्वरूपा चिच्छक्ति योगमायाका साम्राज्य है—विशुद्ध प्रेम, अनन्य प्रीति, एकमात्र शुद्ध माधुर्यका राज्य है। वैसे तत्त्वतः भगवत्स्वरूपमें पूर्ण, पूर्णतर और पूर्णतमका कोई भेद नहीं है। उनका कोई भी स्वरूप खण्ड, अपूर्ण, जड वस्तुओंकी भाँति परस्पर भिन्न या प्रतियोगी नहीं है। वे नित्य ही सम रूपसे पूर्ण हैं। श्रुतिमें कहा है—

पूर्णमदः पूर्णमिदं पूर्णात्पूर्णमुदच्यते।
पूर्णस्य पूर्णमादाय पूर्णमेवावशिष्यते॥

माधुर्यादि गुणसमूहके प्रकाशके तारतम्यकी दृष्टिसे ही उन्हें पूर्णतम, पूर्णतर और पूर्ण कहा गया है, जो लीला-साम्राज्यमें सार्थक और यथार्थ है।

'नर-भाव'की भगवान्‌की लीला, 'नरके कर्म' नहीं

परंतु यह बार-बार स्मरण रखना है कि इस माधुर्यका अर्थ पूर्णैश्वर्यमय नित्यस्वरूपस्थित श्रीभगवान्‌की 'नर-भाव'की मधुरतम लीला है। इस 'नर-भावमें' प्राकृत मनुष्यके कर्मकी कोई कल्पना नहीं है। यह केवल भगवत्सम्बन्धयुक्त है, भगवान्‌की ही चिन्मयी लीला है। भगवदैश्वर्यविहीन केवल मनुष्यभावको, चाहे वह कितना ही सुन्दर हो, शुद्ध माधुर्य नहीं कहा जा सकता। भगवान्‌का यह 'नर-भाव' मनुष्यमें दिव्यप्रेमसुधा-रसमय स्वभाव—स्व-रूप-वितरणके लिये ही है। ईश्वरभाव रहनेसे ऐश्वर्यका प्रकाश रहता है और ऐश्वर्यमें मनुष्यके साथ समजातीयता न रहनेसे प्रेमास्पद भगवान् और प्रेमी मानवका निकटतम, निर्बाध, निःसंकोच मिलन नहीं हो सकता—मनुष्य ईश्वरको बहुत दूर मानता है और अपनेसे सर्वथा भिन्नजातीय तथा बहुत ही ऊँचा मानता है। उसमें ईश्वरके प्रति मान-सम्भ्रम रहता है, उनसे भय लगा रहता है और समीप जानेमें सदा ही उसे हिचक होती है। पर पूर्णैश्वर्यमय स्वयं भगवान्‌का ऐश्वर्य जब उनकी इच्छासे ही माधुर्यके द्वारा आच्छादित हो जाता है, तब प्रेमास्पद भगवान् मनुष्य-से बनकर प्रेमी मनुष्यके बहुत समीप पहुँच जाते हैं और सजातीय नरलीलाके द्वारा परस्पर रसास्वादन करते-कराते हुए दिव्यरसका प्रवाह बहाते हैं। साधारण 'मनुष्य' और 'नराकृति परब्रह्म'में भेद यही है कि मनुष्य कर्मबद्ध पाञ्चभौतिक जन्ममरणधर्मा देहसे जुड़ा हुआ है और भगवान्‌के स्वरूप, गुण, क्रिया आदि सभी वस्तुएँ उनसे नित्य अभिन्न, स्वरूपभूत, चिदानन्दघन हैं, अप्राकृत—दिव्य हैं और उनमें देह-देहीका भेद नहीं है।

माधुर्य

'माधुर्य'का अर्थ जैसे पूर्णैश्वर्यमय स्वयं-भगवान्‌की दिव्य 'नरलीला' है, वैसे ही अशेष-अचिन्त्य-अतुल सौन्दर्य, लालित्य, सौशील्य, औदार्य, वैदग्ध्य आदि परम आकर्षक गुणसमूह भी हैं। वह ऐसा माधुर्य है, जो चराचर समस्त जगत्‌के साथ ही

स्वयं श्रीकृष्णके चित्तको भी आकर्षित तथा विमोहित करता है। उन नराकृति परब्रह्मके नर-वपुका असमोर्ध्व सौन्दर्य, माधुर्य, वैचित्र्य, वैदग्ध्य ही उनका 'रूपमाधुर्य', 'वेणुमाधुर्य', प्रेममाधुर्य और 'लीलामाधुर्य' है। यह माधुर्यचतुष्टयी स्वयंभगवान् व्रजेन्द्रनन्दज श्रीकृष्णमें ही प्रकाशित है, अन्यत्र कहीं नहीं। यही इस रूपकी विशेषता है।

अखिल-अनन्त-अतुल-सौन्दर्य-सुधा-सागर, कोटि-कोटि-कंदर्प-लावण्याश्रय, रासरसिकशेखर, नित्य-निरतिशयानन्दस्वरूप, दिव्यदीप्तिच्छटाविभूषित, आत्माराम-गणाकर्षी, मुनिमनमोहन भगवान् श्रीकृष्णका मधुरातिमधुर स्वरूप नित्य किशोर है। जिसके क्षणभरके लिये दृष्टिपथमें आते ही या जिसकी क्षणिक स्मृतिसे ही आनन्दाम्बुधि उमड़ उठता है, वह किशोर रूप धर्मी है एवं बाल्य और पौगण्ड उस नित्य-किशोर स्वरूपके धर्म हैं। पाँच वर्षतक कौमार, दस वर्षतक पौगण्ड और पंद्रह वर्षतक कैशोर माना जाता है। इसके बाद यौवन है। वात्सल्यरसमें कौमार, सख्यरसमें पौगण्ड और उज्ज्वलरसमें कैशोर वयकी उपादेयता है। श्रीकृष्णका नित्य-स्वरूप किशोर है। धर्मीके बिना धर्मकी सत्ता नहीं होती, अतः कैशोरके बिना बाल्य और पौगण्डकी स्वतन्त्र सत्ता नहीं है। वात्सल्य और सख्यरसके आवेशमें नित्यकिशोर श्रीकृष्णमें ही क्रमसे कौमार और पौगण्डकी अभिव्यक्ति होती है। इसी प्रकार श्रीराधाजी तथा उनकी कायव्यूहरूपा गोपाङ्गनाएँ भी नित्य किशोरी हैं।

कैशोर-रूपमें ही श्रीराधा और उनकी कायव्यूहरूपा स्वरूप-शक्तियोंके साथ दिव्य रसलीला होती है। व्रजके अतिरिक्त कहीं भी काम कषायशून्य नहीं है। उसमें किसी-न-किसी रूपमें आत्मसुख-कल्पना-गन्ध-लेश-रूप कषाय रहता ही है। परंतु श्रीराधा और उनकी कायव्यूहस्वरूपा व्रजाङ्गनाएँ नित्य स्व-सुख-काम-लेश-कल्पना-गन्धशून्य हैं। एकमात्र श्रीकृष्ण-सुखके लिये उनका श्रीकृष्णके साथ सम्बन्ध है। श्रीकृष्णप्रेयसी व्रजाङ्गनाओंके समस्त उद्यम, समस्त प्रयत्न केवल श्रीकृष्ण-सुख-विधानके लिये ही होते हैं।

तासां श्रीकृष्णसौख्यार्थमेव केवलमुद्यमः।

(उज्ज्वलनीलमणि)

****

व्रजाङ्गनाओंका—विशेषरूपसे श्रीराधाका जीवन केवल श्रीकृष्णसुखमय ही है। उनका खान-पान, शयन-जागरण, व्यवहार-बर्ताव, आशा-आकाङ्क्षा, भोग-त्याग तो सब श्रीकृष्णके सुखार्थ हैं ही, उनकी भगवान् श्रीकृष्णके भयानक वियोग-व्यथासे पीड़ित विरह-तापदग्ध देहमें प्राणोंकी रक्षाके लिये होनेवाला आर्त क्रन्दन भी श्रीकृष्ण-सुखके लिये है। श्रीकृष्णके वियोगमें वे परम संतप्ता हैं, मिलनसे उन्हें शीतल परमानन्दकी प्राप्ति होगी; पर इस अपने दुःखनाश और आनन्दलाभके लिये वे नहीं रोतीं-कराहतीं। उनके उस आर्त क्रन्दनमें भी केवल श्रीकृष्णसुख ही तात्पर्य है। वस्तुतः मिलन और वियोग—'सम्भोग' और 'विप्रलम्भ'—दोनों ही रति हैं और दोनोंमें ही परमानन्द-रसकी अनुभूति रहती है। संसारके प्राणी-पदार्थोंके वियोगमें जहाँ केवल दुःख-ही-दुःख, रोना-ही-रोना है, वहाँ भगवान्‌के वियोगमें प्रेमीके मनमें प्रियतम श्रीकृष्णकी सुखरसमयी संनिधिका अनुभव होता है। वह होता है संयोग तथा वियोग दोनोंमें ही—संयोगमें बाहर और वियोगमें भीतर। वरं संयोगमें जहाँ समय-स्थान आदिकी निर्बाध स्थिति नहीं है, बहुत-से प्रतिबन्धक हैं और केवल एक ही स्थानपर परस्पर मिलन तथा दर्शन होते हैं, वहाँ वियोगमें समय-स्थानकी कोई बाधा नहीं, सर्वत्र निर्बाध स्वतन्त्र स्थिति है और एक ही जगह नहीं, उस श्रीकृष्णवियोगके दिव्योन्मादमें सर्वत्र श्रीकृष्णका मिलन, उनके मधुर दर्शन प्राप्त होते हैं। श्रीराधाजी कहती हैं—

संगमविरहविकल्पे वरमिह विरहो न संगमस्तस्य।
एकः स एव सङ्गे त्रिभुवनमपि तन्मयं विरहे॥

'मिलन और विरह—इन दोनोंमें यदि विकल्प हो तो इनमें प्रियतमका विरह ही श्रेष्ठ है, उनके मिलनकी आवश्यकता नहीं है; क्योंकि मिलनमें केवल एक ही जगह वे एक दीखते हैं, पर उनके विरहमें तो तीनों लोक ही तन्मय (श्रीकृष्णमय) दीखते हैं।'

'जित देखौं तित स्याममयी है।'

यहाँ निकुञ्जलीलाके एक मधुर प्रसङ्गका संकेत किया जाता है, जिससे यह पता लगेगा कि परम दुःखद वियोगमें सुखद मिलनके लिये होनेवाला क्रन्दन भी अपने सुखके लिये नहीं, सर्वथा केवल श्रीकृष्ण-सुखके लिये ही है।

****

रसमय रसिकेन्द्रशिरोमणि भगवान् श्रीकृष्ण दिव्य परम रसमयी श्रीराधाके साथ निकुञ्जमें विराजमान हैं। एक अन्तरङ्ग सेविका सखी उनके पास है। नाना प्रकारका दिव्य रसालाप हो रहा है। श्रीराधा उस समय परमानन्दस्वरूप प्रियतम श्रीकृष्णको विशेष सुखानुभव करते जानकर आह्लाद-सुधा-सरितामें बही जा रही हैं। उनमें परमानिर्वचनीय रसमत्तताका आविर्भाव हो रहा है। श्रीकृष्णने उनकी मिलन-रस-मत्तताको देखकर यह इच्छा की कि 'राधाका विरहजनित तीव्र संताप कैसा होता है, उसमें किस प्रकारकी स्थिति होती है, यह भी देखा जाय।'

सत्यसंकल्प श्रीकृष्णकी ऐसी इच्छा होते ही श्रीराधाके अनुरागसागरमें अकस्मात् आत्यन्तिक बाढ़ आ गयी। यह संवर्धित प्रगाढ़ अनुराग ही प्रेमोत्कर्ष है। इस अवस्थामें एक ऐसी विलक्षण तृष्णाका उदय होता है, जिससे बार-बार अनुभूत प्रियतम श्रीकृष्णका सङ्ग भी अननुभूत प्रतीत होता है। इस प्रगाढ़ अनुरागजनित प्रबल तृष्णामें निरन्तर निर्बाध श्रीकृष्ण-मिलन होनेपर भी ऐसा प्रतीत होता है कि श्रीकृष्ण मिले ही नहीं। कभी-कभी प्रेमोत्कर्षकी स्थितिमें यहाँतक हो जाता है कि प्रत्यक्ष अति समीपमें स्थित व्यवधानशून्य मिलनकी स्थितिमें भी उनके अमिलनकी अनुभूति होती है।

प्रियस्य संनिकर्षेऽपि प्रेमोत्कर्षस्वभावतः।
या विश्लेषधियाऽऽर्तिस्तत् प्रेमवैचित्त्यमुच्यते॥

(उज्ज्वलनीलमणि)

'प्रियतमके पास रहनेपर भी प्रेमके उत्कर्षके कारण उनके न रहनेकी—विरहकी स्फूर्ति होती है और उससे भाँति-भाँतिके विरहविकारोंका विकास होता है, तो उसे 'प्रेमवैचित्त्य' कहते हैं।'

श्रीराधाके ऐसे प्रेमवैचित्त्यका एक उदाहरण इस प्रकार दिया गया है—

आभीरेन्द्रसुते स्फुरत्यपि पुरस्तीव्रानुरागोत्थया
विश्लेषज्वरसम्पदा विवशधीरत्यन्तमुद्घूर्णिता।
कान्तं मे सखि दर्शयेति दशनैरुद्घूर्णशष्पाङ्कुरा
राधा हन्त तथा व्यचेष्टत यतः कृष्णोऽप्यभूद्विस्मितः॥

''रसिकशेखर व्रजेन्द्रनन्दनके समीप उपस्थित होनेपर भी परमानुरागमयी श्रीराधा

विषम विरहतापसे विकल हो गयीं और अत्यन्त उद्घूर्णित होकर दाँतोंमें तृण दबाकर कहने लगीं—'सखि! मेरे प्रियतम प्राणवल्लभ कहाँ हैं? उनके तुरंत दर्शन कराओ।' श्रीराधाकी इस प्रेमविह्वलताको देखकर श्रीकृष्ण विस्मित हो गये।''

श्रीराधाके शरीरमें प्रेमवैचित्त्यके कारण विविध प्रकारके विरह-विकार उत्पन्न हो गये और स्वजन-प्रेमरसास्वादनपरायण श्यामसुन्दर श्रीकृष्ण राधाकी विचित्र विरह-भङ्गिमा—परम अद्भुत प्रेमविकार-वैचित्त्यको देख-देखकर मुग्ध होने लगे। देखते-ही-देखते राधाका विरह-विकार अत्यन्त प्रबल हो गया और वे जोर-जोरसे क्रन्दन करने लगीं—

'कहाँ गये तुम, कहाँ छिपे? हे नाथ! रमण! जीवन-आधार!'
विरह-प्रेमवैचित्त्य-विकल राधा कर उठी करुण चीत्कार॥
'विषम विरह-दावानलसे हो रहा दग्ध यह दीन शरीर।
प्राण-पखेरू उड़ा चाहता, त्याग इसे, हो परम अधीर॥
'यद्यपि मैं अतिशय अयोग्य हूँ, सहज मलिन, गुण-रूप-विहीन।
मान बढ़ाकर तुमने मेरा, मुझे कर दिया धृष्ट, अदीन॥
लगी मानने तुम्हें प्राणवल्लभ, मैं मनमें कर अभिमान।
लगा, तुम्हें मिलता होगा मुझसे कुछ सुख विशेष रसखान!॥
'परमानन्दसुधार्णव तुम हो नित्य अनन्त अगाध अपार।
क्या आनन्द तुम्हें दे सकती गुण-दरिद्र मैं, दोषागार॥
तो भी तुम मुझसे मिलते हो, हृदय लगाते, देते स्नेह।
बरसाते रहते तुम संतत मुझपर प्रेम-सुधा-रस-मेह॥
'कोटि-कोटि सुन्दरियाँ हैं—गुण-शील-रूप-सौन्दर्यनिधान।
उन्हें छोड़, तुम मुझे निरन्तर देते रहते शुचि रसदान॥
निश्चय ही मिलता होगा तुमको इससे अतिशय आनन्द।
मुझसे बिछुड़ हो रहे तुम उस सुखसे वञ्चित, हे स्वच्छन्द!॥
'विरह-वेदनासे यदि प्रियतम! मेरे चले जायँगे प्राण।
वञ्चित सदा रहोगे फिर तुम इस सुखसे, प्राणोंके प्राण!॥
करुण विलाप करोगे फिर तुम मेरे लिये नित्य, नँदलाल!

रह जायेंगे प्राण, न होगा दुःख तुम्हें, मेरे उर-माल! ॥
'मिलकर प्राण बचा लो मेरे अभी तुरंत परम सुकुमार।
करो शीघ्र आनन्दलाभ फिर, प्रियतम हे व्रजराजकुमार! ॥
तुम्हें तनिक सुख होता तो, रहता न मुझे प्राणोंका मोह।
कोटि-कोटि हैं प्राण निछावर तुमपर परानन्द-संदोह ॥

'हे नाथ! हे रमण! हे मेरे जीवनके आधार! तुम कहाँ चले गये? कहाँ जा छिपे?' प्रेमवैचित्त्यजनित विरहसे व्याकुल राधा करुणस्वरमें चीत्कार करने लगीं—'प्राणनाथ! तुम्हारे विरहकी विषम ज्वालाओंसे मेरा यह दीन शरीर दग्ध हुआ जा रहा है। मेरा प्राणपखेरू अत्यन्त अधीर हो उठा है और वह इस देह-पिञ्जरको त्यागकर उड़ ही जाना चाहता है। यद्यपि मैं अतिशय अयोग्य हूँ, सहज ही मलिन तथा गुण-रूपसे रहित हूँ, पर तुमने मुझ अयोग्यका मान बढ़ाकर मुझे धृष्ट बना दैन्यभावसे दूर कर दिया। मैं मनमें अभिमान करके तुमको अपना प्राण-वल्लभ मानने लगी। हे रसखान! मुझे लगा कि मुझसे तुमको कुछ विशेष सुख मिलता होगा। प्राणनाथ! तुम परमानन्दसुधाके नित्य अनन्त अगाध अपार समुद्र हो, ऐसे तुमको मैं गुणोंकी दरिद्र तथा दोषोंकी आगार क्या आनन्द दे सकती हूँ। इतनेपर भी, तुम मुझ नगण्यसे मिलते हो, मुझे हृदय लगाते हो और स्नेह देते हो एवं नित्य-निरन्तर मुझपर प्रेम-सुधा-रसकी वर्षा करते रहते हो। प्रियतम! मुझसे सर्वथा श्रेष्ठ गुण, शील, रूप और सौन्दर्यकी निधान करोड़ों-करोड़ों सुन्दरियाँ हैं; तुम उनको छोड़कर अपना पवित्र रस निरन्तर मुझे देते रहते हो। इससे ऐसा समझमें आता है कि तुमको मुझसे अवश्य अतिशय आनन्द मिलता है। (मैं योग्य नहीं भी हूँ, तो भी तुम मेरे प्रति विशेष स्नेह रखनेके कारण मुझसे आनन्द पाते होओगे।) अब तुम मुझसे बिछुड़ गये, इससे तो हे निरङ्कुश! तुम मुझसे मिलनेवाले उस आनन्दसे वञ्चित हो रहे हो। और यदि कहीं भीषण विरहवेदनासे मेरे प्राण चले जायँगे, तब तो हे मेरे प्राणोंके प्राण! तुम इस सुखसे सदाके लिये वञ्चित हो जाओगे। फिर तुम, हे नन्दलाल! मेरे लिये सदा करुण विलाप करते रहोगे और यदि मेरे प्राण रह जायँगे तो फिर, हे रमण! हे मेरे कण्ठहार! तुमको यह दुःख नहीं होगा। इसलिये तुम अभी

श्रीराधाकृष्णाभ्यां नमः

49

श्रीराधा-माधव-चिन्तन

ग्रन्थकार- हनुमानप्रसाद पोद्दार

शीघ्र-से-शीघ्र मिलकर मेरे परम सुकुमार प्राणोंको बचा लो। प्रियतम! व्रजराजकुमार! मुझे प्राणदान देकर तुम शीघ्र आनन्द प्राप्त करो! मैं इसीलिये प्राण बचाना चाहती हूँ कि तुमको सुख मिले, तुम्हें जरा भी दुःख न हो। तुम्हें यदि मेरे मरनेसे कहीं तनिक भी सुख होता तो मुझे प्राणोंका मोह नहीं रहता। मैं प्रसन्नतासे मरती, अपनेको परम सौभाग्यशालिनी समझती। हे परमानन्दसंदोह! मेरे तो कोटि-कोटि प्राण तुमपर सदा न्योछावर हैं।'

यों प्रेमवैचित्त्योन्मादिनी प्रबल-विरहसंतप्ता श्रीराधा विलाप करती-करती मूर्च्छित होकर प्रियतम श्यामसुन्दरकी गोदमें ढुलक पड़ीं। अभीतक तो अखिलरसामृतमूर्ति राधाप्राण श्रीकृष्ण राधाकी विचित्र प्रेमावेशभङ्गिमाको देख-देखकर मुग्ध और पुलकित हो रहे थे। पर अब उनसे नहीं रहा गया। उन्होंने दृढ़ संकल्पके साथ श्रीराधाके केशोंको सहलाते हुए बड़े मधुर स्वरमें कहा—

उठो, प्राणप्रतिमे ! मैं कबसे आया बैठा तेरे पास।
कबसे तुझे निहार रहा हूँ, देख रहा शुचि प्रेमोच्छ्वास॥
धन्य पवित्र प्रेम यह तेरा, हूँ मैं धन्य, प्रेमका पात्र।
नित्यानन्द-विधायिनि मेरी, तू ही एक ह्लादिनी मात्र॥

'मेरी प्राणप्रतिमा राधा! उठो! मैं कबसे आकर तुम्हारे पास बैठा हूँ, मैं कबसे तुमको और तुम्हारे पवित्र प्रेमोच्छ्वासको देख रहा हूँ। तुम्हारे इस पवित्र प्रेमको धन्य है। मैं भी धन्य हूँ जो तुम्हारे इस प्रेमका पात्र हूँ। राधे! मेरा नित्य आनन्दविधान करनेवाली तुम्हीं हो और एकमात्र तुम्हीं मेरी ह्लादिनी—आह्लादरूपा हो।'

भगवान् श्रीकृष्णके द्वारा प्रबुद्ध किये जानेपर राधाका 'प्रेमवैचित्त्य' भङ्ग हो जाता है। वे अपनेको प्रियतम श्रीकृष्णके क्रोडमें देखकर परम सुखी हो जाती हैं।

श्रीव्रजाङ्गनाओंके प्रेममें कोई भी उपाधि, आवरण या किसी प्रकारका कोई अन्य हेतु नहीं है। वहाँ न ऐश्वर्यज्ञान है, न धर्माधर्मज्ञान है, न भाव-उत्पादनके लिये रूप-गुणादिकी आवश्यकता या स्मृति है और न स्वसुखानुसंधान ही है। जो रमण-रमणी-बोध कान्ताभावका जीवनस्वरूप है—व्रजाङ्गनाओंके पवित्र प्रेममें उसका भी अभाव है। वहाँ है केवल और केवल सहज परम त्यागस्वरूप

अनुराग-महासागरका महाप्लावन और व्रजाङ्गनाएँ हैं नित्य निरन्तर उसीमें पूर्णतया निमग्न, उसमें अपनेको सर्वथा खोयी हुई। उनकी प्रत्येक गतिविधि, प्रत्येक चेष्टा, प्रत्येक क्रिया सर्वथा श्रीकृष्णसुखमय, श्रीकृष्णानुरागकी ही एकमात्र अभिव्यक्ति है। जिस परमानन्दमयी शक्तिसे परात्पर तत्त्व—ब्रह्म अनादिकालसे सदा ही आनन्दी है, श्रीराधा उसी परमानन्दमयी शक्तिका अनादि मूर्तविग्रह हैं। वे परमानन्दमयी भगवत्स्वरूपा पराशक्ति ही कायव्यूहस्वरूपमें असंख्य मूर्तियोंमें प्रकट होकर स्वयं रसराजको अत्यन्त चमत्कारपूर्ण परमानन्द प्रदान करती रहती हैं। अनादि-अनन्त काल श्रीराधाकी यह स्वरूपानुबन्धिनी कृष्णानुकूलता—कृष्ण-सुखप्रदानकी पराकाष्ठा उत्तरोत्तर वर्धमान रहती है, यही परमाश्चर्य है। श्रीराधा-कृष्णका यह मधुरतम लीलाविलास प्राकृत नीच कामोपभोग नहीं है, यह केवल कृष्णसुखमयी प्रीतिका अनुभाव है। यह भगवत्प्रीति भगवत्स्वरूपा ह्लादिनीका ही परिपाक-विशेष है। जबतक प्राकृत जीवगत कामके संस्कार या इस प्रकारका कोई कामजनित पुरुष या नारीरूपका अभिमान रहेगा, तबतक कायव्यूहरूपा व्रजाङ्गनाओंसे समन्वित श्रीराधा और रसराज भगवान्‌की दिव्य मधुरतम प्रेमलीलाका रहस्य समझमें नहीं आ सकता।

सच्चिदानन्द-शरीर श्रीकृष्ण और गोपाङ्गनाएँ

जो जिस विषयकी कामनावाले होते हैं, वे उस विषयमें ही दीन हैं। अर्थकामी अति दरिद्र एक पैसेके लिये दीन-दरिद्र है तो सम्राट् सारी पृथ्वीका राज्य प्राप्त करनेके लिये दीन-दरिद्र है। दरिद्र तथा सम्राट् दोनों ही कामनाके कारण दीन हैं और उनकी यह दीनता कभी मिट नहीं सकती; क्योंकि समस्त प्राकृत विषयभोग अपूर्ण और विनाशी हैं। अतएव नयी-नयी कामना उठती रहती है, कामनाकी पूर्णतया निःशेष पूर्ति कभी होती ही नहीं; और जबतक कामना है, तबतक दीनता है। एकमात्र भगवान् ही नित्य पूर्णकाम हैं, वे कदापि दीन नहीं हैं। उनमें जो यह भक्तोंके प्रेमरसके आस्वादनकी कामना-सी देखी जाती है, वह कामना नहीं है, वह तो स्वरूप-वितरणके लिये उनका प्रेम-अनुग्रह है; क्योंकि अपना ही स्वरूपभूत रस प्रेमियोंको वितरण करके उनसे वे वही रस लेते हैं और जितना लेते हैं, उससे असंख्यगुना अधिक देते

रहते हैं। जगत्‌को पवित्र प्रेमका पाठ सिखाते हुए वे त्याग तथा केवल 'देने'की ही महत्ताका परिस्थापन करते हैं। जगत्‌के विषयानुरागी मायाग्रस्त प्राणिमात्र भीषण कामानलसे जल रहे हैं। कामका अर्थ है—जो पाञ्चभौतिक शरीर अन्न-जलादिके द्वारा संवर्धित है और मल-मूत्र जिसका परिणाम है, उसके तृप्त करनेकी इच्छा। प्राकृत वस्तुमें कभी विशुद्ध रसका उदय नहीं हो सकता। जो लोग प्राकृत वस्तुओंमें रस मानते हैं, वे वस्तुतः भ्रममें हैं। कृमि, भस्म या विष्ठा जिस नश्वर प्राकृत शरीरका परिणाम है, उसमें कभी रस नहीं उत्पन्न होता, विरस या कुरसका ही उदय होता है। दिव्यरसके स्वरूप तो एकमात्र भगवान् श्रीकृष्ण ही हैं। अतः उनके सिवा किसीमें भी कभी परकीया-रसकी प्रतिष्ठा नहीं हो सकती। जो वैसा मानते-करते हैं, वे निश्चय ही नरकगामी होते हैं। वस्तुतः लौकिक स्वकीया-रस भी वह दिव्य रस नहीं है। अतएव नित्य सच्चिदानन्दघनविग्रह भगवान् और उनकी स्वरूपाशक्तियाँ जो श्रीकृष्णके रमण—स्वरूप-वितरण-लीलाकी उपकरणरूपा हैं, वे अन्न-जलादिके द्वारा परिपुष्ट प्राकृत देहसे युक्त नहीं हैं। इसलिये उनका यह रासविलास, उन देवियोंकी सर्वात्मसमर्पणक्रिया और भगवान्‌का उन्हें स्वीकार करना कदापि लौकिक कामविलास नहीं हैं। वह विशुद्ध रसका ही विशुद्ध विलास है। नित्य पूर्णकाम, पूर्णैश्वर्यरूप भगवान्‌में सर्वात्मसमर्पण करना ही परम धर्म है और यही जीवका परम सौभाग्य है। इसमें नारी-पुरुषका भेद नहीं है। भगवान् सबके आत्मा हैं, सब देवियोंके पतियोंके भी आत्मा हैं, सबके परम आधार हैं; अतः उनमें अनन्य अनुराग करना ही चरम पुरुषार्थ है।

भगवत्स्वरूपा भगवती साक्षात् लक्ष्मीजी श्रीभगवान्‌का स्तवन करती हुई (श्रीमद्भागवत ५। १८ में) कहती हैं—

स्त्रियो व्रतैस्त्वा हृषिकेश्वरं स्वतो
ह्याराध्य लोके पतिमाशासतेऽन्यम्।
तासां न ते वै परिपान्त्यपत्यं
प्रियं धनायूंषि यतोऽस्वतन्त्राः॥ १९॥

स वै पतिः स्यादकुतोभयः स्वयं
समन्ततः पाति भयातुरं जनम्।
स एक एवेतरथा मिथो भयं
नैवात्मलाभादधि मन्यते परम्॥ २०॥
या तस्य ते पादसरोरुहार्हणं
निकामयेत् साखिलकामलम्पटा।
तदेव रासीप्सितमीप्सितोऽर्चितो
यद्भग्नयाच्ञा भगवन् प्रतप्यते॥ २१॥
मत्प्राप्तयेऽजेशसुरासुरादय-
स्तप्यन्त उग्रं तप ऐन्द्रियेधियः।
ऋते भवत्पादपरायणान्न मां
विन्दन्त्यहं त्वद्धृदया यतोऽजित॥ २२॥
स त्वं ममाप्यच्युत शीर्ष्णि वन्दितं
कराम्बुजं यत्त्वदधायि सात्वताम्।
बिभर्षि मां लक्ष्म वरेण्य मायया
क ईश्वरस्येहितमूहितुं विभुः॥ २३॥

'भगवन! आप इन्द्रियोंके अधीश्वर हैं, स्त्रियाँ तरह-तरहके कठोर व्रतोंके द्वारा आपकी ही आराधना करके अन्य लौकिक पतियोंकी इच्छा किया करती हैं। किंतु वे पति उनके प्रिय पुत्र, धन एवं आयुकी रक्षा नहीं कर सकते; क्योंकि वे स्वयं ही परतन्त्र हैं। सच्चा पति (रक्षा करनेवाला ईश्वर) वही है, जो स्वयं सर्वथा निर्भय हो और दूसरे भयभीत लोगोंकी सब प्रकारसे रक्षा कर सके। ऐसे पति एकमात्र आप ही हैं। यदि एकसे अधिक ईश्वर माने जायँ तो उन्हें एक-दूसरेसे भय होनेकी सम्भावना है। अतएव आप अपनी प्राप्तिसे बढ़कर और किसी लाभको नहीं मानते। भगवन्! जो स्त्री आपके चरणकमलोंका पूजन ही चाहती है और किसी वस्तुकी इच्छा नहीं करती, उसकी सभी कामनाएँ पूर्ण हो जाती हैं। किंतु जो किसी एक कामनाको लेकर आपकी उपासना करती है, उसे वही वस्तु आप देते हैं; और जब भोग समाप्त होनेपर वह वस्तु नष्ट हो जाती है, तब उसके लिये उसे संतप्त होना पड़ता है। अजित! मुझे

पानेके लिये इन्द्रियसुखके अभिलाषी ब्रह्मा, रुद्र आदि समस्त सुरासुरगण घोर तपस्या करते रहते हैं; किंतु आपके चरणकमलोंका आश्रय लेनेवाले भक्तके सिवा मुझको (आपकी सेविका लक्ष्मीको) कोई नहीं पा सकता; क्योंकि मेरा मन तो सदा आपमें ही लगा रहता है। अच्युत! आप अपने जिस वन्दनीय कर-कमलको भक्तोंके मस्तकपर रखते हैं, उसे मेरे सिरपर भी रखिये। वरेण्य! आप मुझे केवल श्रीलाञ्छनरूपसे अपने वक्षःस्थलमें ही धारण करते हैं, सो आप सर्वसमर्थ हैं। आप अपनी मायासे जो लीलाएँ किया करते हैं, उनका रहस्य कौन जान सकता है।'

आनन्दकी तरतमता और सर्वोच्च प्रेमानन्द

श्रुतिमें लौकिक आनन्द तथा ब्रह्मानन्दकी तरतमताके विषयमें विचार किया गया है। उससे यह सिद्ध होता है कि आनन्द 'निर्विशेष' नहीं है, उसमें तारतम्य है। तैत्तिरीय-उपनिषद्में कहा गया है कि जो मनुष्य युवक हो, साधुस्वभाव हो, वेदोंका अध्ययन कर चुका हो, कर्मकुशल हो, दृढ़—स्वस्थ-शरीर हो, बलवान् हो और धन-वैभवसे पणिपूर्ण सारी पृथ्वी जिसके अधिकारमें हो, उसे जो आनन्द प्राप्त होता है, वह मनुष्यलोकका एक श्रेष्ठ आनन्द है। इस मनुष्यानन्दसे सौगुना आनन्द मनुष्य-गन्धर्व (जो कर्मसाधनाके द्वारा गन्धर्वत्वको प्राप्त हुआ हो) को है। मनुष्य-गन्धर्वोंकि आनन्दसे सौगुना आनन्द देवगन्धर्व (जन्मसे गन्धर्व) को है। इससे सौगुना आनन्द चिरस्थायी पितृलोकके पितरोंको है। उनसे सौगुना आनन्द आजानज (शास्त्रोक्त कर्मविशेषके अनुष्ठानसे जो देवलोकमें उत्पन्न हुए हों) नामक देवताओंको है। उसका सौगुना कर्मदेवोंको, उनसे सौगुना (आठ वसु, एकादश रुद्र, द्वादश आदित्य एवं अश्विनीकुमार) देवताओंको, उनसे सौगुना इन्द्रको, इन्द्रसे सौगुना बृहस्पतिको और उससे सौगुना प्रजापति ब्रह्माको है। पर ये एक-से-एक बढ़कर समस्त आनन्द 'ब्रह्मानन्द'की तुलनामें सर्वथा तुच्छ हैं। उस ब्रह्मानन्दका यथार्थ परिमाण हो ही नहीं सकता। इसीसे श्रुति कहती है।

.यतो वाचो निवर्तन्ते अप्राप्य मनसा सह। आनन्दं ब्रह्मणो विद्वान् न बिभेति कुतश्चनेति।

(तैत्तिरीय-उप० २।९।१)

'मनके सहित वाणी आदि सभी इन्द्रियाँ उसे न पाकर जहाँसे लौट आती हैं, उस ब्रह्मके आनन्दका ज्ञाता विद्वान् किसीसे भी भय नहीं करता।'

उस ब्रह्मानन्दसे भी परम उत्कृष्ट है—भक्त्यानन्द। भक्तिरसामृतसिन्धुमें कहा है—

ब्रह्मानन्दो भवेदेष चेत् परार्द्धगुणीकृतः।
नैति भक्तिसुखाम्भोधेः परमाणुतुलामपि॥

(१।१।३८)

'ब्रह्मानन्दको यदि परार्धगुना कर दिया जाय, तब भी वह श्रीकृष्णभक्तिसुधा-समुद्रकी तुलनामें एक परमाणुके समान भी नहीं ठहरता।'

प्रह्लाद कहते हैं—

त्वत्साक्षात्करणाह्लादविशुद्धाब्धिस्थितस्य मे।
सुखानि गोष्पदायन्ते ब्रह्मण्यपि जगद्गुरो॥

'जगद्गुरो! तुम्हारे साक्षात्कारजनित विशुद्ध आनन्द-समुद्रमें निमग्न मेरे लिये ब्रह्मानन्द भी गोष्पद (गौके खुरसे बने हुए गड्ढे) के समान प्रतीत होता है।'

श्रीमद्भागवतमें ऋषियोंने तथा प्रचेतागणने कहा है—

तुलयाम लवेनापि न स्वर्गं नापुनर्भवम्।
भगवत्सङ्गिसङ्गस्य मर्त्यानां किमुताशिषः॥

(१।१८।१३; ४।३०।३४)

'भगवत्प्रेमी भक्तोंके क्षणमात्रके सङ्गके साथ स्वर्ग और मोक्षकी भी तुलना नहीं की जा सकती, फिर मनुष्योंके तुच्छ भोगोंकी तो बात ही क्या है?'

प्रश्न होता है—ब्रह्मानन्दकी अपेक्षा भक्त्यानन्द—भगवत्सेवानन्द—प्रेमानन्द श्रेष्ठ क्यों है? वह इसलिये है कि ब्रह्मानन्द एकरूप है, उसमें विलास या नव-नवायमानता (नित्य नया-नया विकास) नहीं है। भगवत्सेवानन्दमें अनन्त वैचित्रीका विलास है। भगवत्सेवानन्दमें भी श्रीकृष्णसेवानन्द सर्वश्रेष्ठ है। परंतु गोपीभावापन्न माधुर्य-रसप्रेमी भक्त 'सेवानन्द' (सेवासे मिलनेवाला आनन्द) भी नहीं चाहते। वे तो केवल 'अहैतुकी सेवा' चाहते हैं। सेवानन्दमें सेवकके मनमें अपने आनन्दका अनुसंधान,

आवेश, अभिसंधि या पिपासा रह सकती है; पर श्रीकृष्णके माधुर्यप्रेमी भक्त उस आनन्दको भी विघ्न मानते हैं, यदि वह सेवामें बाधक हो।

एक दिन निकुञ्जमें एक गोपी श्रीराधामाधवको पंखा झल रही थी। श्रीराधामाधवको पंखेकी हवासे सुख मिला और उनकी सुखमयी मुखाकृतिको देखकर गोपीको इतना आनन्द प्राप्त हुआ कि उस आनन्दके कारण उसमें 'स्तम्भ' नामक सात्त्विक भावका उदय हो गया, इससे हाथमें जडता आ गयी और क्षणभरके लिये पंखा झलना रुक गया। इस विघ्नको देखकर गोपीने अपने उस आनन्दको धिक्कार देकर उसका बड़ा तिरस्कार किया और भविष्यमें ऐसे आनन्दकी प्राप्ति न हो—इसका निश्चय किया।

विशुद्ध माधुर्यमें ऐश्वर्यका अदर्शन तथा विशुद्ध प्रेममयी गोपाङ्गनाओंकी महिमा

भगवान्‌के प्रति होनेवाली भक्तिमें भेद रहता है—यहाँतक कि व्रजधामके माधुर्य-प्रेमकी अनुभूतिमें भी तारतम्य पाया जाता है। दास्य, सख्य, वात्सल्य—मधुर-रसके ही अङ्ग हैं; पर इनमें भी रूप तथा कर्ताके भेदसे तरतमता आ जाती है। वैसे, शान्तरस-(शान्तरस वस्तुतः माधुर्यकी कोटिमें बहुत ही थोड़े अंशमें आता है) की अपेक्षा दास्य-प्रेममें, दास्यकी अपेक्षा सख्य-प्रेममें, सख्यकी अपेक्षा वात्सल्य-प्रेममें श्रेष्ठता है। उन सबकी अपेक्षा व्रजाङ्गनाओंके माधुर्यमें उत्कृष्टता है, किंतु ह्लादिनीके विकासकी तरतमताके अनुसार इनके प्रेम तथा माधुर्यमें भी तारतम्य है। इन सब गोपाङ्गनाओंमें भी ह्लादिनी-सार महाभावरूपा श्रीराधाका प्रेम सर्वश्रेष्ठ है। श्रीराधामें सभी प्रकारके प्रेमका पूर्ण प्रकाश है। यों तो व्रजके दास्य, सख्य तथा वात्सल्य-प्रेममें भी ऐश्वर्यका विकास नहीं है। दास्यभावके प्रेमी श्रीकृष्णको सेव्य मानव मानकर, सखागण अपने-अपने भावानुसार समानरूपसे सखा मानकर, वात्सल्य-प्रेममयी यशोदा और नन्दबाबा उन्हें पुत्र मानकर ही उनसे यथोचित प्रेम करते हैं। ऐश्वर्यकी भावना उनमें कभी जाग्रत् ही नहीं होती। इसीसे सखा गोपबालक श्रीकृष्णको हार जानेपर उन्हें घोड़ा बना लेते और उनपर चढ़्ढी

करते हैं। नन्द-यशोदा वरुणलोकका आश्चर्य और मोहनके मुखमें विश्वरूपका दर्शन करनेपर भी उन्हें अपना पुत्र ही मानते हैं, कभी परमेश्वर नहीं मानते। वसुदेव-देवकीके समान उनमें ऐश्वर्ययुक्त भक्ति नहीं है और कायव्यूहरूपा गोपाङ्गनाओंसहित श्रीराधा तो उन्हें अपना परमप्रेष्ठ मानती हैं एवं सर्वथा श्रीकृष्णसुखवाञ्छामयी होकर नित्य-निरन्तर उनकी स्वच्छन्द सेवामें सतत प्रवृत्त रहती हैं। उनके सामने भगवान्का ऐश्वर्यमय चतुर्भुज रूप भी कभी प्रकट नहीं हो सकता। इसीसे भगवान् श्रीकृष्ण अपनेको उनका नित्य ऋणी मानते हैं, बदला चुका ही नहीं सकते । वे कहते हैं—

न पारयेऽहं निरवद्यसंयुजां
स्वसाधुकृत्यं विबुधायुषापि वः।
या माभजन् दुर्जरगेहशृङ्खलाः
संवृश्च्य तद् वः प्रतियातु साधुना॥

(श्रीमद्भा० १०। ३२। २२)

गोपाङ्गनाओ! तुमने मेरे लिये घर-बारकी उन कठिन बेड़ियोंको तोड़ डाला, जिन्हें बड़े-बड़े योगी-यति भी नहीं तोड़ पाते। मेरे साथ तुम्हारा यह मिलन सर्वथा विशुद्ध तथा सर्वथा निर्दोष है। यदि मैं देवताके शरीरसे—अमरजीवनसे अनन्त कालतक तुम्हारे प्रेम, सेवा और त्यागका बदला चुकाना चाहूँ, तो भी नहीं चुका सकता। मैं सदाके लिये तुम्हारा ऋणी हूँ। तुम अपने सौम्य स्वभावसे, प्रेमसे मुझे उऋण कर सकती हो। परंतु मैं तो तुम्हारा ऋणी ही हूँ।

भगवान्की यह नित्य प्रतिज्ञा है कि 'जो जिस भावसे शरण होकर मुझे जैसे भजता है, वैसे ही मैं उसे भजता हूँ—उसके भजनके अनुरूप फल प्रदान करता हूँ'—

ये यथा मां प्रपद्यन्ते तांस्तथैव भजाम्यहम्॥

(गीता)

परंतु श्रीगोपाङ्गना और विशेषरूपसे श्रीराधाजीके लिये भगवान्की यह प्रतिज्ञा सदा असफल ही रहती है। इसका कारण यही है कि श्रीराधा तथा गोपाङ्गनाओंमें न तो धर्म, अर्थ एवं भोगकी कामना है न वे मोक्षकी ही कामना करती हैं। उनकी तो

एकमात्र कामना, लालसा, स्पृहा, इच्छा, तृष्णा, वासना—कुछ भी कहें, है 'प्रियतम श्रीकृष्णका सुखविधान'। उनकी मनोकामना पूर्ण करें तो श्रीकृष्णको उनसे सुख ही प्राप्त करना पड़ेगा। श्रीकृष्ण बदलेमें कुछ दे ही नहीं सकते। अतएव यहाँ श्रीकृष्ण कभी भी दाता नहीं हैं, सदा ऋणी हैं और यह ऋण नित्य नव-नव रूपमें बढ़ता ही जाता है। एवं चमत्कारकी बात तो यह है कि ऋणदाता गोपसुन्दरियाँ अपनेको सदा-सर्वदा लेनेवाली अनुभव करती हैं और श्रीकृष्ण उनके इस बढ़ते हुए ऋणको सदा बढ़ाते ही रहना चाहते हैं। प्रेमका अद्भुत चमत्कार!

श्रीकृष्णके साथ काम, कर्म, लोक, धर्म, शास्त्र, मोक्ष आदि किसी भी भाव, वस्तु या मनोरथसे शून्य विशुद्ध प्रेममय निरुपाधिक संयोग एकमात्र श्रीव्रजाङ्गनाओंका ही है। ऐसा और कहीं भी न हुआ है, न है। इन गोपियोंकी मूल आधाररूपा और इनमें सर्वश्रेष्ठ हैं—श्रीराधाजी, जो अचिन्त्य-अनिर्वचनीय परम त्यागकी सहज सुन्दर दिव्य चेतन प्रतिमा हैं। श्रीराधा अङ्गी हैं—गोपाङ्गनाएँ उनके अङ्ग-प्रत्यङ्ग हैं। वे श्रीराधामाधवके अद्भुत अनिर्वचनीय कामगन्ध-लेशशून्य दिव्य विलासरसके आस्वादनवैचित्र्यका सम्पादन करनेवाली हैं, उनके रसास्वादनकी उपकरणरूपा हैं। श्रीराधाजी भी नित्य अपने हृदयकी परम पवित्र स्नेह-सुधा इन गोपाङ्गनाओंके जीवनमें उँडेलती रहती हैं और इनके द्वारा श्रीकृष्णका सुखसम्पादन होते देखकर नित्य प्रमुदित-प्रफुल्लित रहती हैं।

भगवान् श्रीकृष्णके सखा बृहस्पतिजीके शिष्य परम ज्ञानी उद्धव व्रजमें श्रीगोपाङ्गनाओंकी प्रेम-विह्वलता तथा भगवान् श्रीकृष्णमें उनकी प्रेम-तन्मयताको देखकर प्रेमानन्दपूर्ण हृदयसे श्रीराधामुख्या गोपियोंको नमस्कार करते हुए कहते हैं—

नायं श्रियोऽङ्ग उ नितान्तरतेः प्रसादः
स्वर्योषितां नलिनगन्धरुचां कुतोऽन्याः।
रासोत्सवेऽस्य भुजदण्डगृहीतकण्ठ-
लब्धाशिषां य उद्गाद् व्रजवल्लवीनाम्॥
आसामहो चरणरेणुजुषामहं स्यां
वृन्दावने किमपि गुल्मलतौषधीनाम्।

या दुस्त्यजं स्वजनमार्यपथं च हित्वा
भेजुर्मुकुन्दपदवीं श्रुतिभिर्विमृग्याम् ॥
या वै श्रियार्चितमजादिभिराप्तकामै-
र्योगेश्वरैरपि यदात्मनि रासगोष्ठ्याम् ।
कृष्णस्य तद् भगवतश्चरणारविन्दं
न्यस्तं स्तनेषु विजहुः परिरभ्य तापम् ॥
वन्दे नन्दव्रजस्त्रीणां पादरेणुमभीक्ष्णशः ।
× × × ×

(श्रीमद्भा॰ १०। ४७। ६०—६३)

'भगवान् श्रीकृष्णने रासोत्सवके समय इन व्रजाङ्गनाओंके गलेमें अपनी भुजा डाल-डालकर इनके मनोरथ पूर्ण किये। इन्हें भगवान्ने जिस कृपा-प्रसादका वितरण किया, इन्हें जैसा प्रेमदान दिया, वैसा प्रेम भगवान्की परम प्रेयसी, नित्यसङ्गिनी, नित्य वक्षःस्थलविहारिणी लक्ष्मीजीको भी प्राप्त नहीं हुआ। कमलकी-सी सुगन्ध और कान्तिसे सम्पन्न देवाङ्गनाओंको भी वह नहीं मिला, फिर दूसरी स्त्रियोंकी तो बात ही क्या है? मेरे लिये सबसे श्रेष्ठ यही होगा कि मैं इस वृन्दावनधाममें कोई क्षुद्र झाड़ी, लता या ओषधि ही बन जाऊँ—जिससे इन व्रजाङ्गनाओंकी चरणधूलि मुझे निरन्तर सेवन करनेको मिलती रहे। इन गोपियोंकी कैसी महिमा है! जिनका त्याग अत्यन्त कठिन है, उन स्वजनोंका तथा आर्यपथ—लोक-वेदकी श्रेष्ठ मर्यादाका सहज परित्याग करके इन्होंने भगवान्की पदवीको—उनके परम प्रेमको प्राप्त कर लिया है, जिसको श्रुतियाँ नित्य ढूँढ़ती रहती हैं, पर पाती नहीं (नेति-नेति पुकारकर रह जाती) हैं। स्वयं भगवती लक्ष्मीजी जिनकी पूजा करती रहती हैं, ब्रह्मा, शंकर प्रभृति परम समर्थ देवता तथा पूर्णकाम, आत्माराम एवं बड़े-बड़े योगेश्वर अपने हृदयमें जिनका चिन्तन करते रहते हैं, भगवान् श्रीकृष्णके उन्हीं दुर्लभ चरणारविन्दोंको रासलीलाके समय गोपाङ्गनाओंने अपने वक्षःस्थलपर धारण किया और उनका आलिङ्गन करके अपने हृदयके (चिरकालीन) तापको—विरह-वेदनाको शान्त किया! उन नन्दबाबाके व्रजमें रहनेवाली गोपाङ्गनाओंकी चरणधूलिको मैं बार-बार नमस्कार करता हूँ।'

भगवान् श्रीकृष्णकी भाँति ही श्रीराधारानीका दिव्य 'सच्चिदानन्दवपु' नित्य है और जैसे भगवान् श्रीकृष्णका लीलासे आविर्भाव होता है, वैसे ही प्रियतम श्रीकृष्णके सुखसम्पादनार्थ और लौकिक दृष्टिसे त्यागमय परम प्रेमकी दीक्षा-शिक्षा देकर विश्वको पवित्र करनेके लिये श्रीराधाजीका भी मङ्गलमय आविर्भाव हुआ करता है। आज उन्हीं राधारानीके मङ्गलप्राकट्यका महामहोत्सव-पर्व है।

श्रीराधारानीने तथा उनकी अङ्गभूता श्रीगोपाङ्गनाओंने अपने सर्वत्यागमय अनिर्वचनीय परम प्रेमके द्वारा ही रसमय भगवान् श्रीकृष्णके यथार्थ स्वरूपके दर्शनका एवं उनके यथार्थ मिलनका सौभाग्य प्राप्त किया। श्रुतियोंके तथा महापुरुषोंके नित्य अन्वेषणीय रासविहारी व्रजेन्द्रनन्दन भगवान् श्रीकृष्णकी परम दुर्लभ सर्वाङ्ग-प्रेमसेवाका सर्वाङ्गपूर्ण नित्य अधिकार प्राप्त किया। इस गोपी-प्रेम या राधा-प्रेमके यथाशक्ति यथार्थ अनुकरणसे ही इस दिव्य प्रेमराज्यमें प्रवेश प्राप्त हो सकता है और वह श्रीराधारानी अथवा उनकी अङ्गभूता व्रजाङ्गनाओंके आनुगत्यजनित अनुग्रहके बिना प्राप्त नहीं हो सकता; क्योंकि परम त्यागमय प्रेमकी शिक्षा इस विषय-जगत्में तो सम्भव ही नहीं, साधनजगत्में भी परम दुर्लभ है। प्रायः सभीमें किसी-न-किसी प्रकारकी कामना वर्तमान रहती है—भले ही वह ऊँची-से-ऊँची अपवर्ग-मोक्षकी कामना ही क्यों न हो। विशुद्ध प्रेमसेवाका वास्तविक स्वरूप तो ये श्रीगोपाङ्गनाएँ ही हैं—श्रीराधाजी ही हैं। अतः परम प्रेमस्वरूपिणी श्रीगोपाङ्गनाओंके तथा परमोत्कृष्ट श्रीकृष्णप्रेमि-शिरोमणिस्वरूपा श्रीकृष्णकी हृदयेश्वरी नित्य निकुञ्जेश्वरी महाभावस्वरूपा श्रीराधाजीके आनुगत्यसे ही इस दिव्य प्रेमके स्वरूपका कुछ पता लग सकता है और प्रेमराज्यमें प्रवेशका अधिकार मिल सकता है। श्रीराधाजीके प्रत्यक्ष आनुगत्यकी हमारी स्थिति न हो तो उनकी किंकरी किसी मञ्जरी-सखीका आनुगत्य करके सच्चिदानन्दघनरस प्रेमविग्रह परम प्रियतम श्रीकृष्णकी सेवाका सौभाग्य प्राप्त करना चाहिये। आइये, एक साधक भक्तके साथ मिलकर उन्हींके भाषामें हम मञ्जरियोंमें अन्यतमा श्रीरूपमञ्जरीकी प्रार्थना करें—

श्रीरूपमञ्जरि निजेश्वरयोः पदाब्ज-
सेवामृतैरविरतं परिपूरितासि ।
त्वत्पादपङ्कजगतौ मयि दीनजन्तौ
दृष्टिं कदा विकिरसि स्वकृपाभरेण ॥

'हे श्रीरूपमञ्जरी! आप अपने स्वामी श्रीकृष्ण एवं स्वामिनी श्रीराधाके चरणकमलोंकी विविध सेवारूप अमृतसे नित्य-निरन्तर परिपूर्ण रहती हैं। देखें—वह दिन कब आता है, जब आप मुझ दीनपर अपनी कृपाभरी दृष्टि डालेंगी? मुझे तो आपके चरण-कमलोंका ही सहारा है।'

बोलो, भाव एवं रसरूप श्रीराधामाधवकी जय-जय !

——::×::——

श्रीराधाके दिव्य रूप और उनके आराधनका महत्त्व

(सं० २०२५ वि० के श्रीराधाष्टमी-महोत्सवपर प्रवचन)

रसवलितमृगाक्षीमौलिमाणिक्यलक्ष्मीः
प्रमुदितमुरवैरिप्रेमवापीमराली ।
व्रजवरवृषभानोः पुण्यगीर्वाणवल्ली
स्नपयति निजदास्ये राधिका मां कदा नु ॥
व्रजकुलमहिलानां प्राणभूताखिलानां
पशुपपतिगृहिण्याः कृष्णवत् प्रेमपात्रम् ।
सुललितललितान्तःस्नेहफुल्लान्तरात्मा
स्नपयति निजदास्ये राधिका मां कदा नु ॥

परात्पर समग्र भगवान्‌का स्वरूप-तत्त्व और उनका भगवत्स्वरूप सच्चिदानन्द-शरीर

परात्पर परमतत्त्व-स्वरूप एक है। उसकी प्रधानतया तीन नामरूपोंमें अभिव्यक्ति

होती है—'ब्रह्म', 'परमात्मा' और 'भगवान्'—

ब्रह्मेति परमात्मेति भगवानिति शब्द्यते।

(श्रीमद्भागवत १।२।११)

—या यों कह सकते हैं—'निर्गुण-निराकार-निर्विशेष', 'सगुण-निराकार-सविशेष' और 'सगुण-साकार-सविशेष।' तीनोंकी पृथक्-पृथक् अनुभूति होती है—तीन प्रकारके साधकोंको। निर्गुण-निराकार ब्रह्मकी ज्ञानियोंको, सगुण-निराकारकी योगियोंको और सगुण-साकारकी भक्तोंको। वस्तुतः ये तीन पृथक्-पृथक् भिन्न तत्त्व नहीं हैं। एक ही सत्य तीन रूपोंमें नित्य प्रकाशित है। इन तीनोंका तथा इनसे संयुक्त समस्त तत्त्वोंका जो एक समग्र स्वरूप है, वही परात्पर परमतत्त्व स्वयं-भगवान् हैं। वे भगवान् सच्चिन्मय ब्रह्म (निराकार-निर्गुण ब्रह्म) की, अविनाशी अमृत (नित्य-तत्त्वज्ञानरूप मुक्ति) की, शाश्वत नित्यधर्म (भक्तिरूपी परमधर्म) की और ऐकान्तिक सुख (प्रेमरसमय परमानन्द) की प्रतिष्ठा या आश्रय हैं—

ब्रह्मणो हि प्रतिष्ठाहममृतस्याव्ययस्य च।
शाश्वतस्य च धर्मस्य सुखस्यैकान्तिकस्य च॥

(गीता १४।२७)

महाभारत, श्रीमद्भगवद्गीता तथा श्रीमद्भागवतके समग्र-भगवान् श्रीकृष्ण इन्हीं परात्पर परतत्त्व स्वयं-भगवान्के रूपमें ज्ञानियोंके उपास्य निर्विशेष अखण्ड चित्सत्तामात्र ब्रह्मको अपनी महिमा बता रहे हैं—

मदीयं महिमानं च परं ब्रह्मेति शब्दितम्।

(श्रीमद्भागवत ८।२४।३८)

'मेरी महिमा ही परब्रह्म-शब्दसे कही जाती है।'

पद्मपुराणमें भगवान् शंकर श्रीवृन्दावनविहारीकी वन्दना करते हैं—

यन्नखेन्दुरुचि ब्रह्म ध्येयं ब्रह्मादिभिः सुरैः।
गुणत्रयमतीतं तं वन्दे वृन्दावनेश्वरम्॥

'जिनके नखचन्द्रकी ज्योतिरूप ब्रह्मका ब्रह्मादि देवगण भी ध्यान करते हैं, उन

त्रिगुणातीत वृन्दावनेश्वरकी मैं वन्दना करता हूँ।'

इसीसे केवल ब्रह्मको प्राप्त होना समग्र-भगवान्‌को पूर्णरूपसे प्राप्त होना नहीं है। भगवान् श्रीकृष्ण ज्ञानकी परानिष्ठाका वर्णन करते हुए 'विशुद्ध बुद्धि' आदि साधनोंके द्वारा 'ममतारहित' तथा 'प्रशान्त-अन्तःकरण' होनेपर ब्रह्मभावकी योग्यताका प्राप्त होना बतलाते हैं। इसके बाद कहते हैं—

ब्रह्मभूतः प्रसन्नात्मा न शोचति न काङ्क्षति।
समः सर्वेषु भूतेषु........................ ॥

(गीता १८। ५४)

'वह साधक साधनाके परिपक्व होनेपर ब्रह्मरूप हो जाता है। (तदनन्तर उस ब्रह्मके साथ एकात्मताको प्राप्त हुए पुरुषके लक्षणोंका वर्णन करते हुए कहते हैं कि) वह प्रसन्नात्मा (आनन्दमय) हो जाता है, न शोक करता है, न आकाङ्क्षा करता है और सब भूतोंमें समत्व-लाभ कर चुकता है।'

पर अभी भगवान्‌को 'जो कुछ तथा जैसे कुछ वे हैं'—**'यावान् यश्चास्मि'** उस रूपमें तत्त्वतः जानना अवशेष रह जाता है। अतः इसके बाद भगवान् कहते हैं कि वह साधक मेरी (भगवान्‌की) पराभक्ति—(परमप्रेम) को प्राप्त करता है—**'मद्भक्तिं लभते पराम्'**,जिसके द्वारा वह साधक भगवान्‌को समग्ररूपसे जानकर उनकी लीलामें प्रविष्ट हो जाता है।

यहाँ संक्षेपमें इतना ही समझना है कि ब्रह्म, परमात्मा और भगवान्—इन सबका जो एक महान् सम्मिलित दिव्य तत्त्वरूप है, वही समग्ररूप है और वही श्रीकृष्ण हैं।

ये जहाँ सगुण कहे जाते हैं, वहाँ भी निर्गुण ही हैं और साकार होकर भी निराकार ही हैं; क्योंकि न तो इनमें प्रकृतिजनित सत्त्व-रज-तम गुण हैं और न इनका चिन्मय भगवत्स्वरूपसे अतिरिक्त कोई पाञ्चभौतिक देह ही है।

योऽसौ निर्गुण इत्युक्तः शास्त्रेषु जगदीश्वरः।
प्राकृतैर्हेयसंयुक्तैर्गुणैर्हीनत्वमुच्यते ॥

'शास्त्रोंमें जगदीश्वरको जो निर्गुण कहा गया है, इससे उनमें किसी हेयगुण

(प्राकृतिक सत्त्वादि) गुणोंके संयोगका ही अभाव बतलाया गया है।' इसीसे वे निर्गुण हैं।

इसी प्रकार उनके भगवत्स्वरूप दिव्य शरीरमें भौतिक मेद-मांस-अस्थि आदि भी नहीं हैं। पद्मपुराणमें कहा गया है—

न तस्य प्राकृता मूर्तिर्मेदोमांसास्थिसम्भवा।
……………………सर्वात्मा नित्यविग्रहः॥

(पद्मपुराण, पाताल० ७७। ४३)

'श्रीभगवान्‌की श्रीमूर्ति प्राकृतिक मेद-मांस-अस्थि आदिके द्वारा निर्मित नहीं है। वह सबका आत्मस्वरूप नित्य श्रीविग्रह है।'

भगवती श्रीरुक्मिणीजी प्रियतम भगवान् श्रीकृष्णसे कहती हैं—

त्वक्श्मश्रुरोमनखकेशपिनद्धमन्त-
र्मांसास्थिरक्तकृमिविट्कफपित्तवातम्।
जीवच्छवं भजति कान्तमतिर्विमूढा
या ते पदाब्जमकरन्दमजिघ्रती स्त्री॥

(श्रीमद्भागवत १०। ६०। ४५)

'जिसको आपके चरणारविन्द-मकरन्दकी सुगन्ध सूँघनेको नहीं मिली है, वही मूढ़ स्त्री (बाहर) किसी चमड़ी, दाढ़ी-मूँछ, रोम, नख और केशोंके द्वारा ढके हुए और भीतर मांस, हड्डी, खून, कीड़े, मल-मूत्र, कफ, पित्त और वातसे भरे हुए पुरुष-शरीररूप जीते हुए शव (मुर्दे) को प्रियतम पति समझकर सेवन करती है।'

इससे सिद्ध है कि भगवान् श्रीकृष्णका दिव्य शरीर इन भौतिक पदार्थोंसे रहित दिव्य भगवत्स्वरूप है।

पद्मपुराण, पातालखण्डके एक कथा-प्रसङ्गमें आया है कि एक बार भगवान् शंकरको सजल-जलद-नील-स्निग्धश्यामवर्ण अखिल-कल्याण-गुण-मन्दिर भगवान् श्रीकृष्णने दर्शन देकर हँसते हुए उनसे इस प्रकार सुधा-मधुर वचन कहे—

यदद्य मे त्वया दृष्टमिदं रूपमलौकिकम्।
घनीभूतामलप्रेमसच्चिदानन्दविग्रहम्॥

नीरूपं निर्गुणं वापि क्रियाहीनं परात्परम्।
वदन्त्युपनिषत्संघा इदमेव ममानघ ॥
प्रकृत्युत्थगुणाभावादनन्तत्वात्तथेश्वरम् ।
असिद्धत्वान्मद्गुणानां निर्गुणं मां वदन्ति हि ॥
अदृश्यत्वान्ममैतस्य रूपस्य चर्मचक्षुषा।
अरूपं मां वदन्त्येते वेदाः सर्वे महेश्वर ॥

(पद्मपुराण, पातालखण्ड २। ६६—६९)

'हे अनघ! तुमने जो आज मेरा यह अलौकिक रूप देखा है, उपनिषत्-समूह मेरे इसी घनीभूत निर्मल प्रेममय सच्चिदानन्दमय रूपका ही निर्गुण, निराकार, निष्क्रिय और परात्पर ब्रह्म कहकर प्रतिपादन करते हैं। मुझमें प्रकृतिजनित गुण न होने तथा मेरे (भगवत्स्वरूपभूत) गुण लोकदृष्टिमें सिद्ध न होनेके कारण सब मुझे 'निर्गुण' कहते हैं। मेरा कहीं अन्त न होनेसे लोकोंमें मैं 'ईश्वर' कहा जाता हूँ। महेश्वर! चर्मचक्षुओंके द्वारा मेरा यह चिदानन्दमय दिव्य रूप किसीको दीखता नहीं, इसीलिये वेदसमूह मुझे अरूप या 'निराकार' कहते हैं।'

भगवान्‌की स्वरूपाशक्ति श्रीराधाजीका स्वरूप-तत्त्व और उसका दिव्य चिन्मय शरीर

अतएव ये सगुण-साकार भी वस्तुतः निर्गुण-निराकार ही हैं। ये नित्य सच्चिदानन्द हैं। साथ ही, इनमें इनकी स्वरूपाशक्तिका नित्य दिव्य विलास है। निर्विशेषता हो या सविशेषता, उस स्वरूपाभिन्न शक्तिका कभी, किसी भी क्षण इनमें अभाव नहीं होता—सत्-चित्-आनन्दस्वरूप सत्ताके लिये उसका होना अनिवार्यरूपसे आवश्यक है। वह स्वरूपा-शक्ति ही भगवान्‌को नित्य शक्तिमान् रखती है। वह भगवान्‌से पृथक् वस्तु नहीं है, न कहीं बाहरसे उसका आना-जाना होता है। वह नित्य स्वरूपगत है। वही दिव्य मूल प्रकृति है। संधिनी, संविद् और ह्लादिनीके नामसे वही प्रकाशित है। वही अनन्त शक्तियोंकी मूलाधार है। उसीका नाम 'श्रीराधा' है। भगवान् शिव पार्वतीजीसे कहते हैं—

तत्प्रिया प्रकृतिस्त्वाद्या राधिका कृष्णवल्लभा।
तत्कलाकोटिकोट्यंशा दुर्गाद्यास्त्रिगुणात्मिकाः॥
तस्याङ्घ्रिरजसः स्पर्शात् कोटिविष्णुः प्रजायते॥

(पद्मपुराण, पातालखण्ड ६९। ११७-११८)

'उनकी प्रियतमा कृष्णवल्लभा श्रीराधिका ही आद्याप्रकृति हैं। उन राधिकाके कोटि-कोटि कलांशसे ही त्रिगुणमयी दुर्गा आदि देवियोंका प्रादुर्भाव होता है। उन राधिकाके पद-रज-स्पर्शसे करोड़ों विष्णुओंका (व्यापक-पालक शक्तियोंका) उदय हुआ करता है।'

श्रीराधाके स्वरूप-तत्त्वकी महिमाके प्रसङ्गमें ब्रह्मवैवर्तपुराणमें आया है—

''श्रीभगवान्‌के श्रीअङ्गसे सर्वश्रेष्ठ भगवान्‌की अभिन्न-स्वरूपा महाशक्ति मूल प्रकृति राधाका आविर्भाव हुआ। वे ही पाँच रूपोंमें अभिव्यक्त हुईं—राधा, लक्ष्मी, दुर्गा, सरस्वती और सावित्री। इनमें मूल प्रकृतिरूपा श्रीराधा भगवान्‌के प्रेम और प्राणोंकी अधिदेवी तथा पञ्चप्राणस्वरूपिणी हैं। वे परमात्मा श्रीकृष्णको प्राणोंसे भी बढ़कर प्रिय हैं, सम्पूर्ण देवियोंमें अग्रगण्य हैं, सबकी अपेक्षा इनमें सुन्दरता अधिक है। इनमें सभी सद्‌गुण सदा विद्यमान हैं। ये परम सौभाग्यवती और मानिनी हैं। इन्हें अनुपम गौरव प्राप्त है। परब्रह्मका वामार्द्धाङ्ग ही इनका स्वरूप है। ये ब्रह्मके समान ही गुण और तेजसे सम्पन्न हैं। इन्हें परावरा, सारभूता, परमाद्या, सनातनी, परमानन्दरूपा, धन्या, मान्या और पूज्या कहा जाता है। ये नित्यनिकुञ्जेश्वरी, रासक्रीड़ाकी अधिष्ठात्री देवी हैं। परमात्मा श्रीकृष्णके रासमण्डलमें इनका आविर्भाव हुआ है। इनके विराजनेसे रासमण्डलकी विचित्र शोभा होती है। गोलोकधाममें रहनेवाली ये देवी 'रासेश्वरी' एवं 'सुरसिका' नामसे प्रसिद्ध हैं। रासमण्डलमें पधारे रहना इन्हें बहुत प्रिय है। ये गोपीके वेषमें विराजती हैं। ये परम आह्लादस्वरूपिणी हैं। इनका विग्रह संतोष और हर्षसे परिपूर्ण है। ये निर्गुणा (लौकिक त्रिगुणोंसे रहित स्वरूप-भूतगुणवती), निर्लिप्ता (लौकिक विषय-रागसे रहित), निराकार (पाञ्चभौतिक शरीरसे रहित, दिव्यचिन्मयस्वरूपा), आत्मस्वरूपिणी (श्रीकृष्णकी आत्मा) नामसे विख्यात हैं। इच्छा और अहंकारसे ये रहित हैं। भक्तोंपर कृपा करनेके

लिये ही इन्होंने अवतार धारण कर रखा है। वेदोक्त विधिके अनुसार ध्यान करनेसे विद्वान् पुरुष इनके रहस्यको समझ पाते हैं। सुरेन्द्र एवं मुनीन्द्र तथा ईश्वर-कोटिके देवता भी अपने चर्मचक्षुओंसे इन्हें देखनेमें असमर्थ हैं। ये अग्निशुद्ध नीले रंगके दिव्य वस्त्र धारण करती हैं। अनेक प्रकारके दिव्य आभूषण इन्हें सुशोभित किये रहते हैं। इनकी कान्ति करोड़ों चन्द्रमाओंके समान प्रकाशमान है। इनका सर्वशोभासम्पन्न श्रीविग्रह सम्पूर्ण ऐश्वर्योंसे सम्पन्न है। भगवान् श्रीकृष्णके भक्तको दास्य-रति प्रदान करनेवाली एकमात्र ये ही हैं; क्योंकि सम्पूर्ण सम्पत्तियोंमें ये इस दास्यसम्पत्तिको ही परम श्रेष्ठ मानती हैं। श्रीवृषभानुके घर पुत्रीके रूपसे ये पधारी हैं। इनके चरणकमलका संस्पर्श प्राप्त कर पृथ्वी परम पवित्र हो गयी है। मुने! जिन्हें ब्रह्मा आदि देवता नहीं देख सके, वे ही ये देवी भारतवर्षमें सबके दृष्टिगोचर हो रही हैं। ये स्त्री-रत्नोंमें साररूपा हैं। ये भगवान् श्रीकृष्णके वक्षःस्थलपर इस प्रकार विराजती हैं, जैसे आकाशस्थित नवीन नील मेघमें बिजली चमक रही हो। इन्हें पानेके लिये ब्रह्माने साठ हजार वर्षोंतक तपस्या की थी। उनकी तपस्याका उद्देश्य यही था कि इनके चरण-कमलके नखके दर्शन सुलभ हो जायँ, जिससे मैं परम पवित्र बन जाऊँ; परंतु स्वप्नमें भी वे इन भगवतीके दर्शन प्राप्त न कर सके, फिर प्रत्यक्षकी तो बात ही क्या है। उसी तपके प्रभावसे ये देवी वृन्दावनमें प्रकट हुई हैं—धराधामपर इनका पधारना हुआ है, जहाँ ब्रह्माजीको भी इनका दर्शन प्राप्त हो सका। ये ही देवी भगवती राधाके नामसे प्रसिद्ध हैं।'

(ब्रह्मवैवर्त, प्रकृतिखण्ड १। ४१—५३)

ब्रह्माजीने श्रीराधासे कहा है—

श्रीकृष्णस्त्वमियं राधा त्वं राधा वा हरिः स्वयम्।
..........................इति केन निरूपितम्॥

× × ×

अस्यांशा त्वं त्वदंशो वाप्ययं केन निरूपितम्।

'आप राधा श्रीकृष्ण हैं, या स्वयं श्रीहरि ही राधा हैं—इसका निरूपण कौन करे।'

× × ×

'आप इनका अंश हैं या ये आपका अंश हैं—इसका निरूपण कौन करे।' नारदपञ्चरात्रमें भगवान् शिवके ये वचन हैं—

यथा ब्रह्मस्वरूपश्च श्रीकृष्णः प्रकृतेः परः।
तथा ब्रह्मस्वरूपा च निर्लिप्ता प्रकृतेः परा॥

(२।३।५१)

'जैसे श्रीकृष्ण विकाररूपा प्रकृतिसे परे ब्रह्मस्वरूप हैं, वैसे ही श्रीराधाजी प्रकृतिसे परे निर्लिप्त ब्रह्मस्वरूपा हैं।'

भगवान् श्रीराधामाधव दोनों नित्य 'परस्परविरोधिगुणधर्माश्रयी'

यहाँ यह प्रश्न होता है कि भगवान् तथा उनकी शक्ति श्रीराधाजी एक ही कालमें एक ही साथ 'निर्गुण भी, सगुण भी', 'निराकार भी, साकार भी', 'अव्यक्त भी, व्यक्त भी' आदि कैसे हैं? इसका उत्तर स्पष्ट है कि भगवान् सर्वथा, सर्वदा, स्वभावतः ही नित्य 'परस्परविरोधिगुणधर्माश्रयी' हैं।

वे अजन्मा होते हुए भी जन्म लेते हैं, अविनाशी होते हुए भी अन्तर्धान होनेकी लीला करते हैं, समस्त लोकोंके महान् ईश्वर होते हुए भी भक्तोंके पराधीन रहते हैं (गीता ४।६*)। जिनके भीतर-बाहर नहीं हैं, पूर्वापर नहीं हैं, जो जगत्के पूर्व भी हैं, पर भी हैं, बाहर भी हैं, भीतर भी हैं, जो स्वयं जगत् हैं, वे अव्यक्त नराकृति ब्रह्म यशोदा मैयाके हाथों उनके अपने प्राकृत पुत्रकी तरह ऊखलमें रस्सीसे बँध जाते हैं (श्रीमद्भागवत १०।९।१३-१४†)

---

* अजोऽपि सन्नव्ययात्मा भूतानामीश्वरोऽपि सन्।
प्रकृतिं स्वामधिष्ठाय सम्भवाम्यात्ममायया॥

† न चान्तर्न बहिर्यस्य न पूर्वं नापि चापरम्।
पूर्वापरं बहिश्चान्तर्जगतो यो जगच्च यः॥
तं मत्वाऽऽत्मजमव्यक्तं मर्त्यलिङ्गमधोक्षजम्।
गोपिकोलूखले दाम्ना बबन्ध प्राकृतं यथा॥

वे एक होकर ही असंख्य गोपियोंके साथ असंख्य रूपोंमें रासक्रीड़ा करते हैं।

उनमें एक ही साथ बृहत्त्व और क्षुद्रत्व, विभुत्व और अणुत्व, अपरिच्छिन्नत्व और परिच्छिन्नत्व विद्यमान रहते हैं। इसी प्रकार उनकी स्वरूपा-शक्ति राधिकामें भी 'परस्परविरोधी गुण-धर्म' साथ-साथ रहते हैं । वे भी निर्गुण, निराकार, निर्लिप्त, आत्मस्वरूप, निरीह, निरहंकार होते हुए नित्य दिव्य भावविग्रहरूपा हैं तथा भक्तानुग्रहविग्रहा हैं—

निर्गुणा च निराकारा निर्लिप्ताऽऽत्मस्वरूपिणी ।
निरीहा निरहंकारा भक्तानुग्रहविग्रहा ॥

एवं—

विभुरपि कलयन् सदातिवृद्धिं
गुरुरपि गौरवचर्यया विहीनः ।
मुहुरुपचितवक्रिमापि शुद्धो
जयति मुरुद्विषि राधिकानुरागः ॥

श्रीराधाका प्रेम विभु (पूर्ण) होनेपर भी सदा वर्धनशील, गुरु (सर्वोत्कृष्ट) होनेपर भी गौरव आदिसे विहीन है और उसमें बढ़ी हुई वक्रिमा होते हुए भी वह शुद्ध है।

शुद्ध प्रेम श्रीराधाका है नित्य पूर्ण, विभु, नित्य अपार ।
किंतु देखता कमी नित्य, बढ़ता रहता पल-पल सुखसार ॥
अति गुरु, वह सर्वोत्कृष्ट, अति गौरवमय, अत्यन्त महान ।
गौरव-अहंकारसे विरहित किंतु पवित्र दैन्यकी खान ॥
बढ़ी हुई वक्रिमा अनोखी आती उसमें बिना प्रयास ।
किंतु सुनिर्मल सरल, बढ़ाती नित शुचिता-सरलता-मिठास ॥
नित्य विरुद्ध धर्म-गुण-आश्रययुक्त शुद्ध राधा-अनुराग ।
धन्य-धन्य प्रियतम-स्वभाव-अनुगत नित शुचि विरागमय राग ॥

महाभावस्वरूपा श्रीराधाके द्वारा ही अमूर्त-मूर्त सभी भावोंका विकास-विस्तार तथा उन-उन भावोंके अनुसार तदनुरूप रसतत्त्वका ग्रहण होता रहता है। परात्पर

भगवान् श्रीकृष्ण स्वयं रसस्वरूप हैं और उन्हींकी अभिन्नस्वरूपा आनन्दरूपिणी श्रीराधा भावस्वरूपा हैं। इन्हींकी व्यक्त लीलाक्षेत्रमें नित्य व्यक्त लीला चलती है और ये ही अव्यक्त लीलाक्षेत्रमें स्वरूपगत लीलामय रती हैं। इनकी कायव्यूहरूपा भावसमन्विता श्रीगोपाङ्गनाएँ इन्हीं मूल महाभावरूपा ह्लादिनी शक्ति श्रीराधाके अनन्त विचित्र विकास-विलास हैं। इस 'भाव' में परम और चरम त्याग है।

इस पवित्रतम प्रेमराज्यके दिव्य लीलाक्षेत्रमें श्रीराधाजी, उन अत्यन्त मधुर दिव्य अमृतफलयुक्त नित्य वृक्षकी शाखा-प्रशाखारूपा श्रीगोपाङ्गनाएँ अथवा इनके अनुगत रहनेवाले इसी श्रेणीके विशुद्ध प्रेमी भक्तोंके द्वारा जो कुछ भी भोग-त्याग, वासना-कामना, साधन-भजन और चेष्टा-क्रिया आदि होते हैं, सब सहज ही अपने प्रियतम भगवान्‌की सेवाके लिये ही होते हैं। प्रियतम भगवान्‌की सेवा बनती रहे और उन्हें सुख प्राप्त होता रहे, यही उनके जीवनका—जीवनके प्रत्येक विचार-आचारका एकमात्र प्रयोजन होता है। वे सेवाके द्वारा प्रियतम भगवान्‌को सुखी करना चाहते हैं, पर स्वयं सुखी होनेके लिये उनकी सेवा करते हों—यह बात उनकी कल्पनामें भी कभी नहीं आती। यह सत्य है कि प्रियतमको सुखी देखनेपर—उनके द्वारा अवाञ्छनीय होनेपर भी उन्हें कोटि-कोटिगुना अधिक सुख मिलता है; परंतु वे इस निजसुख-प्राप्तिके लिये सेवा नहीं करते, वरं जिस निजसुखसे प्रियतम-सेवामें जरा भी बाधा पड़ती है, उसे वे महान् अपराध मानकर उसका तिरस्कार तथा वर्जन करते हैं।

एक बार एक प्रेमिका गोपी अपने प्रियतम भगवान्‌की सहज सेवा कर रही थी। उसको दिखायी दिया—भगवान्‌के मुखमण्डलपर प्रसन्नता छा रही है। यों उनकी प्रसन्नमुद्रा देखते ही गोपीका सुख-समुद्र उमड़ा। नेत्रोंमें प्रेमाश्रु आ गये। सुख-सागरमें निमग्न होनेसे देह-स्तम्भरूप सात्त्विक भावका उदय हो गया। क्षणभरके लिये सेवाका कार्य रुक गया। बादमें जब चेतना हुई, तब उसने अपने इस सुखको प्रियतमकी सेवाका बाधक मानकर असह्य पश्चात्ताप-पीड़ाका अनुभव किया। अपनेको तथा अपने उस सुखको उसने धिक्कार दिया। वस्तुतः इस प्रकारके प्रेमीजन सेवाके जरा-से व्यवधानको भी सहन नहीं कर सकते। उनका स्मरण, चिन्तन, कर्म—सभी कुछ सहज ही प्रियतम भगवान्‌का सेवा-सुखस्वरूप ही हो जाता है।

सेवा करती नित प्रियतमकी, प्रियको सुख पहुँचाने हेतु।
करती सब मर्यादा-रक्षा, देती तोड़ सहज श्रुति-सेतु॥
प्रियतमको सुख पहुँचे, उसका एकमात्र इतना ही धर्म।
नहीं समझती अपने भले-बुरेका अन्य दूसरा मर्म॥
उसकी सेवासे नित होता प्रियतमको शुचि सुख स्वच्छन्द।
इसे देखकर मिलता उसको लाखोंगुना अधिक आनन्द॥
पर निजसुख वह होता यदि प्रियतम-सुखमें बाधक क्षण एक।
तो वह उसे मानती पातक, घोर दुःख तजती सविवेक॥
नरक-स्वर्गकी, दुःख-सुखोंकी करती नहीं कभी परवाह।
एकमात्र मन रहती बढ़ती नित प्रिय-सुखकी निर्मल चाह॥
सेवा-सुख-स्वरूप प्रियतमका बन जाता उसका सुचि रूप।
अहं-रहित नित होती रहती उससे सेवा परम अनूप॥

जैसे पुष्पमें मधुका संचार केवल मधुप्रेमी मधुकरके लिये ही होता है, वैसे ही श्रीराधा जिसकी आदर्श हैं उस गोपीका—उस प्रेमी भक्तका प्रेम-रस—उस भक्तरूपी सुन्दर सुगन्धित सरोजमें संचरित प्रेम-मधु और इस प्रकारके प्रेमका अभ्युदय करनेमें निमित्त होनेवाले श्रवण-कीर्तनादि साधन भी सब प्रियतम श्रीकृष्ण-मधुकरके लिये ही होते हैं। इन सबपर उन्हींका एकान्त एकाधिकार होता है।

एक भक्त वह है, जो कर्म करके भगवान्‌के अर्पण करता है। ऐसे भक्तके लिये भगवान् गीता (९। २७-२८) में कहते हैं कि 'तुम जो कुछ भी खाते हो, हवन करते हो, दान करते हो, तप करते हो, कुछ भी करते हो—सब मेरे अर्पण करो। इसका फल होगा शुभाशुभ फलरूप कर्मबन्धनसे मुक्ति और अन्तमें मेरी (भगवान्‌की) प्राप्ति।'

दूसरा भक्त वह है, 'जो भगवान्‌की सेवाके लिये (तदर्थ) ही कर्मोंका भलीभाँति आचरण करता है, उसकी न कर्ममें आसक्ति है न फलमें—अतएव उसका कर्मोंद्वारा बन्धन होता ही नहीं।' (गीता ३। ९)

तीसरा भक्त वह है, 'जो राग-द्वेषसे सर्वथा रहित है, भगवान्‌के परायण है,

भगवान्‌का ही भक्त है, वह अपना कोई कर्म करता ही नहीं, भगवान्‌का ही कर्म करता है—'**मत्कर्मकृत्**' (गीता ११। ५५)। उनके द्वारा सहज ही सतत भगवान्‌की सेवा होती है।'

इस प्रकार भगवत्सेवा ही जिसके जीवनका स्वभाव-स्वरूप बन गयी है, वही प्रेमी भक्त है—वही गोपी है। गोपीके पास अपना मन नहीं है, भगवान्‌का मन ही उसका मन बन गया है। उसके अपने स्वतन्त्र प्राण नहीं हैं, भगवान्‌के प्राण ही उसे अनुप्राणित रखते हैं। उसके अपने देहसम्बन्धके सभी सम्बन्धी तथा कर्म प्रियतम भगवान्‌के लिये परित्यक्त हो गये हैं—

ता मन्मनस्का मत्प्राणा मदर्थे त्यक्तदैहिकाः।

(श्रीमद्भागवत १०। ४६। ४)

वस्तुतः उसमें सुख-दुःखका भोग करनेवाले अपने पृथक् 'अहं' का अस्तित्व ही नहीं रह जाता। भगवान्‌का 'स्व' उसके 'स्व'को आत्मसात् कर लेता है। अतएव उस प्रेमी भक्तका—उस गोपीका प्रत्येक विचार-आचार केवल भगवत्प्रीतिके लिये ही होता है। निज सुखके लिये संसारके भोगोंकी तो बात ही क्या, मुक्तितककी भी कामना उसमें नहीं रह जाती—

होता है उससे, बस, केवल प्रियतमका सुख-प्रीति-विधान।
स्वयं सुखी होनेकी वाञ्छा तनिक न पाती मनमें स्थान॥

वह स्वसुख-कामना-वासनाका सर्वथा सहज त्यागी होता है।

कामके नीच-उच्च स्वरूप

विषयी मनुष्य पाप तथा नरकके बीजरूप 'विषय-भोगोंकी कामना' करता है; दिव्य भोग चाहनेवाला पुरुष वैध पुण्यकर्म करके स्वर्गकी कामना करता है; मुमुक्षु साधक अन्तःकरणकी शुद्धिके द्वारा तत्त्वज्ञानरूप मोक्षकी कामना करता है और भक्त भी भक्तिके द्वारा भगवान्‌को प्रसन्न करके अपनी रुचिके अनुकूल भगवान्‌के दर्शन तथा सालोक्यादिकी कामना करता है। ये सभी एक-से-एक ऊँचे हैं। पहले पापकर्मा भोगकामीके अतिरिक्त अन्य तीनों ही—पुण्यपुरुष हैं और उनका यह 'काम' भाव

अपने-अपने क्षेत्रमें सर्वथा सराहनीय और अवश्य सेवनीय है; पर श्रीराधा एवं उनके अनुयायी भक्तगण इन सभीसे आगे बढ़े हुए हैं। वे भगवान्‌से कुछ भी पानेके लिये अपनी कोई रुचि ही नहीं रखते। वे तो केवल भगवान्‌के 'लीलाक्षेत्र' बने रहते हैं। इसी त्यागमय सर्वोच्च परम प्रेमका साकार दिव्य विग्रह श्रीराधा हैं। इसीलिये नित्य, सर्वतन्त्र-स्वतन्त्र श्रीभगवान् प्रेमविवश हुए श्रीराधाके अधीन रहते हैं।

नीच 'काम'

'काम' रहेगा, तबतक होंगे 'पाप', मिलेंगे 'दुःख' अपार।
'काम-नाश'का देते शुभ संदेश इसीसे गीताकार* ॥

उच्च 'काम'

भौतिक सुख-ऐश्वर्य, विविध स्वर्गादि देवलोकोंके भोग-
प्राप्ति हेतु जो होता है जीवोंका तन-मन-धन-संयोग ॥
यज्ञ-दान-तप-सेवा-पूजा-देवाराधन-पुण्याचार।
वह भी 'काम' सुनिश्चित है; है शुद्ध, तदपि बन्धन-आधार ॥

आदर्श उच्च 'काम'

सबसे ऊँचा है वह सत्पुरुषोंद्वारा सेवित शुभ 'काम'।
परमादर्श, सफलकर जीवन, शास्त्रविचार, कर्म निष्काम ॥
अन्तःकरण-शुद्धिके द्वारा देता मोक्ष-तत्त्वका ज्ञान।
है मुमुक्षुजनका नित वाञ्छित, श्लाघ्य, 'विनाशक मोहाज्ञान' ॥

सर्वोच्च 'काम'

इससे ऊँची भक्ति-'कामना', जिससे सर्वेश्वर भगवान्।
सेवित होते नित्य, अनन्तैश्वर्य-भूति-श्री-मोद-निधान ॥

---

* 'गीतावक्ता भगवान् श्रीकृष्ण'—देखिये गीता, तृतीय अध्यायका अन्तिम अंश—
जहि शत्रुं महाबाहो कामरूपं दुरासदम् ॥

बार-बार दर्शन देते, करते जनकी रुचिके अनुसार।
देते सालोक्यादि पञ्चविध मुक्ति सहज ही परम उदार॥

कामनाशका उपाय और काम तथा प्रेमका भेद

'काम' सृष्टिका मूल *, काम है सहज जीवका निज संस्कार।
अतः मिटा देना उसका अस्तित्व असम्भव-सा व्यापार॥
कभी 'काम-रिपु'का केवल बल-संयमसे होता न विनाश।
'प्रेम'-रूप आते ही पर वह होता नष्ट, बिना आयास॥
'काम-नाश'का इसीलिये है साधन एक नित्य अव्यर्थ—
'त्याग-विशुद्ध प्रेम'में परिणत कर दे उसे, समझकर अर्थ॥
'प्रेम'-रूपमें परिणत हो, फिर काम नहीं रह जाता 'काम'।
लौह स्वर्ण बन जानेपर ज्यों हो जाता है शुद्ध ललाम॥
'काम' नित्य 'विषमिश्रित मधु' है, 'प्रेम' नित्य शुचि सुधा अनूप।
काम 'दुःखपरिणामी' निश्चित, 'प्रेम' नित्य आनन्दस्वरूप॥
'काम' अन्धतम प्राप्त कराता निन्दित नरक, तमोमय लोक।
'प्रेम' ज्योतिमय रवि देता सुख, दिव्य लोक, निर्मल आलोक॥
'काम' स्व-सुखमय, सदा चाहता विविध भोग-अपवर्ग-पदार्थ।
'प्रेम' त्यागमय प्रियसुखकामी, मुनिवाञ्छित 'पञ्चम पुरुषार्थ'॥

प्रेम

पर जिनमें अपनी रुचि कुछ भी नहीं, नहीं कुछ पाना शेष।
नहीं कामना भुक्ति-मुक्तिकी, नहीं वासनाका लवलेश॥
साधन-साध्य प्रेम-सेवा ही, त्यक्त सभी विधि काम-विचार।
सालोक्यादि मुक्ति, दर्शन भी सेवा बिना नहीं स्वीकार॥

---

* पहले एक वह आत्मा ही था, उसने कामना की—
आत्मैवेदमग्र आसीदेक एव। सोऽकामयत।
(बृहदारण्यक० ३। १। ५)

वहीं त्यागमय परम प्रेम है, रसिक प्रेमियोंका आदर्श।
परमहंस-तापस-ऋषिवाञ्छित वही सुदुर्लभ 'परमोत्कर्ष'॥

राधा—प्रेमप्रतिमा

राधा इसी नित्य निर्मल अति त्याग-प्रेमकी केवल मूर्ति।
परम प्रेमरूपा वह करती नित माधव-मन-इच्छा-पूर्ति॥
नहीं 'त्याग' करती वह कुछ भी, करती नहीं कभी वह 'प्रेम'।
स्वयं प्रतिष्ठा 'त्याग-प्रेम' की, सहज शुद्ध ज्यों निर्मल हेम॥
उसके दिव्य प्रेम-रस-आस्वादनमें हरि नित रहते लीन।
नित्य स्वतन्त्र, पूर्ण वे रहते प्रेमविवश राधा-आधीन॥

वर्तमान भौतिक जगत्के लिये भी राधाभावके परिचय तथा प्रचारकी परमावश्यकता

मानवके गौरव तथा अभिमानके प्रतीक वर्तमान विज्ञानके विकास-द्युति-सम्पन्न स्वर्णयुगमें अथवा आध्यात्मिक दृष्टिसे प्रायः सर्वत्र विस्तृत तमोमय घोर अज्ञानके युगमें, जिसमें प्रतिक्षण वर्धमान, नित्य अतृप्त भोगलिप्साके प्रभाव तथा मानवोचित त्यागके अभावसे मनुष्य असुर बन गया है—मानवके कर्तव्यपर गम्भीर विचार करना परमावश्यक है। यदि इस पतनके प्रवाहकी गति नहीं रुकी तो पता नहीं, विश्वमानव कितने दीर्घकालके लिये, कितने घोर अन्धकार-गर्तमें गिरनेको बाध्य होगा।

जलकी धारा जबतक प्रवाहित रहती है, उसका गंदापन नष्ट होकर उसका वह जल निर्मल, शुद्ध बनता चला जाता है; परंतु शुद्ध जल भी यदि एक गड्ढेमें भरकर बंद कर दिया जाता है तो वह अत्यन्त मलिन हो जाता है, सड़कर वह गंदे कीड़ोंकी विहार-स्थली बन जाता है और नाना प्रकारके रोग-विस्तारमें कारण बनता है। इसी प्रकार जबतक सर्वलोक-कल्याणकारिणी भारतीय आर्य-संस्कृतिके अनुसार मानवकी जीवनधारा—विचार-कर्म-धारा अपने 'अहं'को अखिल विश्वप्राणियोंके 'अहं'में मिलाकर—अपने 'स्व'को सबमें देखकर सबके सुख-हित-सम्पादनमें अखण्डरूपसे प्रवाहित थी, तबतक सबका कल्याण ही अपना कल्याण समझा जाता था तथा

सर्वहितकारी विचार एवं क्रियाकलाप चलते थे। परंतु जबसे मानवका 'स्व' छोटे-से सीमाबद्ध दायरेमें रुककर संकुचित और सीमित हो गया है, तबसे वह गड्ढेमें इकट्ठे हुए सड़े जलकी भाँति दूषित हो गया है। इसीसे उस 'स्व'का अभिलषित 'अर्थ'—'स्वार्थ' भी बहुत ही संकुचित होकर अत्यन्त निम्नस्तरपर आ गया। इसी नीच स्वार्थके कारण सर्वत्र त्यागका अभाव बढ़ता जा रहा है और मनुष्य विभिन्न कारणोंकी उद्भावना करके एक-दूसरेका शत्रु बनकर अपने ही विनाशपर तुल गया है। आज केवल राजनीतिमें ही नहीं, प्रायः सभी क्षेत्रोंमें—हमारा ही नहीं, व्यक्तिगत जीवनसे लेकर समस्त विश्वगत मानव-जीवनतक प्रायः इसी विनाशकी भयानक भूमिपर आ गया है। इसीलिये लोक-कल्याणकारी विज्ञानका भी मानवकी विपरीतदर्शिनी तामसी बुद्धिके कारण अवाञ्छनीय जनविध्वंसकारी उद्दण्ड प्रलय-काण्डोंमें प्रयोग किया जा रहा है। ऐसे दुस्समयमें त्यागकी महिमा बतलानेवाले साधनकी—त्यागमय पवित्र चरित्रके अध्ययन, परिचय, दर्शन और तदनुरूप जीवन-निर्माणके पुनीत कार्यकी बड़ी आवश्यकता है।

अध्यात्मिक जगत्के साधन-क्षेत्रमें तो सर्वोच्च साधनपदपर समारूढ़ तीव्र मुमुक्षु—मोक्षकामी पुरुष भी बन्धनमुक्तिके स्वार्थवश मोक्षकी कामना करता है। यद्यपि यह कामना कामना नहीं मानी जाती, वह त्याज्य नहीं, वरं बड़े पुण्यफलोंसे प्राप्त, आदरणीय और वरणीय है, तथापि स्वार्थत्यागकी अत्युच्च भूमिकापर पहुँचनेके लिये इस कामनाका त्याग भी परमावश्यक है। इसके लिये भी ऐसे पुनीत चरित तथा परम पावन साधनके परिचयकी अनिवार्य आवश्यकता है। ऐसा त्यागमय जीवन सर्वत्यागमयी 'श्रीराधाजी'का है और इस प्रकारका साधन स्व-सुख-वाञ्छा-कल्पना-लेशगन्धसे शून्य पवित्रतम 'प्रेम' है।

श्रीराधाजीके तथा श्रीगोपाङ्गनाओंके पुनीत चरितमें इसी परम त्यागमय पुनीत साधन तथा साध्य-स्वरूपके दर्शन प्राप्त होते हैं। अतएव उसका गम्भीर हृदयसे संयतेन्द्रिय होकर जितना भी स्मरण-चिन्तन-मनन किया जाय, उतना ही मङ्गल है।

प्रेम सीमित 'स्व'-रूपको तथा अपने सीमित स्वार्थको भुलाकर प्रेमास्पदके अखण्ड स्मरण तथा उसीके सुख-हित-सम्पादनरूप स्वार्थमें अपनेको खो देता है,

परंतु इतनेपर भी न अभिमान करता है न अहसान। आजका मानव यदि यह पाठ सीख ले तो वह सच्चा धर्मभक्त, जातिभक्त, देशभक्त, विश्वभक्त या विश्वमय प्रभुका अनन्य भक्त बन सकता है। पर इसके अभावमें आज मनुष्य धर्म, जाति, देश, विश्व तथा विश्वात्मा भगवान्‌को भूलकर अपने कल्पित तथा सीमित नाम-रूपके सेवन तथा सुख-हित-सम्पादनमें लगा है, जिसका परिणाम पतन और विनाश है। इसीलिये प्रेम-साधनकी आवश्यकता है। इस प्रेम-साधनमें संलग्न होनेके लिये मनुष्यको बनना है—सच्चा प्रेमी। अर्थात् एकमात्र प्रेमास्पदको सुखका—सेव्य-सुखका विषय तथा अपनेको एकमात्र उसके सुखका सेवक—या सुखका आश्रय बना लेना। इसके लिये राधा-चरित्रके, राधा-जीवनके स्मरणकी, राधाके त्यागमय आदर्श जीवनके अध्ययनकी आवश्यकता है। इसीलिये इस प्राचीन परम्परागत राधा-प्राकट्य-महोत्सवको नवीन रूपमें मनानेका यह क्षुद्र प्रयास है। अभी तो केवल विचारमात्र ही है, प्रयासका प्रारम्भ नहीं हुआ है। ऐसे प्रयासके लिये राधा-जीवनसे परिचित तथा उसमें श्रद्धा-सम्पन्न प्रयास करनेवालोंकी आवश्यकता है। अभी तो न रङ्गमञ्च है और न अभिनेता ही। केवल बाह्य विचारमात्र है। श्रीराधा इस अभावकी पूर्ति करेंगी, तभी कुछ होगा। तबतक इस उत्सवसे जो कुछ सद्भावना प्राप्त होती है, वही एक परम लाभकी वस्तु है। श्रीराधाचरितको समझनेके लिये तपस्या तथा संयमकी तो आवश्यकता है ही, बार-बार उनके चरित्रको गम्भीरतासे हृदयंगम करना भी अत्यन्त प्रयोजनीय है।

श्रीराधाका परिचय तथा पूजन

मेरी उन श्रीराधाजीने कृपा-परवश होकर मुझको अपने स्वरूपका जो कुछ परिचय कराया, उसका मोटा रूप यह है—

मेरी आराध्या राधाका स्वरूप-तत्त्व

राधारानी देतीं प्रियको पल-पल नया-नया आनन्द।
उस आनँदसे शत-शतगुण आनन्द प्राप्त करतीं स्वच्छन्द॥

तन-मन-धन-जीवन-मति-गति, सब वस्तु, कर्म-आचार-विचार।
प्रियतमके सब सहज समर्पित नित सुख-सेवा-रत, अविकार॥
किंतु न रहता उन्हें कभी भी अपने देनेका कुछ भान।
कभी न आता उनके मनमें निज कृतिका किंचित् अभिमान॥
रागरहित शृङ्गार विलक्षण, भोगरहित नित भोग महान।
प्रियतम-सुख हित दैन्ययुक्त सब हैं, अभिमानरहित अतिमान॥
निजसुख-वाञ्छा-विरहित ममता, नित विरागमय प्रिय-आसक्ति।
भोजन-पान स्वादविरहित निज, प्रिय-सुख-हेतु मुक्त अनुरक्ति॥
मलिन काम-तमका न कभी हो पाता उनमें लेश-प्रवेश।
रहता नित्य प्रकाशित शुचितम दिव्य ज्योतिमय प्रेम-दिनेश॥
संयमपूर्ण सहज चलते नित देह-गेहके सब व्यवहार।
वे भी सब प्रिय-सुख-साधन ही होते, निजको सदा बिसार॥
अतुलनीय सौन्दर्य-शील, सद्गुण, स्वभाव, सद्भाव, सुरूप।
मेरी राधाके ये कृष्णाकर्षी पावन दिव्य अनूप॥
नित्य सेविका वे प्रियतमकी, विनय-विनम्र सहज मन-दीन।
कहतीं, सदा मानतीं निजको दुर्लभ श्याम-प्रेम-धन-हीन॥
किंतु श्याम नित रीझे रहते, करते नित नूतन मनुहार।
परमाराध्य मानते निर्मल मनसे प्रियतम नन्दकुमार॥

इसके एक-एक शब्दपर तथा उसके अर्थपर ध्यान दीजिये और तदनुसार अपना जीवन निर्माण करनेका सत्प्रयास श्रीराधा-माधवके अनुग्रह-बलके आधारपर ही अत्यन्त दीनताके साथ कीजिये। श्रीराधाके इस भावपर सदा खूब लक्ष्य रखिये— 'राधा कभी भी अपनेमें प्रेम या कोई गुन नहीं देखतीं, वे सदा ही अपनेमें अशेष त्रुटियोंके— दोषोंके दर्शन करती हैं और अपनेको सेवाके अयोग्य मानती हुई भी निरन्तर प्रियतमके उदार रसमय हृदयकी वदान्यताके भरोसे उन्हींको एकमात्र जीवनका परमाराध्य मानकर उनकी अहर्निश पूजा किया करती हैं। उनकी पूजा-आराधना-अर्चनामें कभी विराम नहीं आता। वह चलती रहती है और चलती ही रहेगी।' इस प्रकारके परम श्रेष्ठ परम त्यागमय जीवन-दर्शनसे युक्त श्रीराधाका—जो भगवान्की

अभिन्नस्वरूपा होनेपर भी भगवान्‌की नित्य आराधिका बनकर परम प्रेमका अनुष्ठान करती हैं और उससे सहज ही हमारे सामने एक परमोज्ज्वल आदर्श उदाहरण उपस्थित हो जाता है —हमें नित्य-निरन्तर पूजन-आराधन भक्तिपूर्वक करना चाहिये। इससे उनके प्रियतम भगवान् श्रीकृष्णकी हमपर कृपा-सुधा-धारा अनायास अनवरतरूपसे बरसने लगेगी। भगवान् श्रीकृष्णने भगवान् शिवसे कहा है—

सकृदावां प्रपन्नो वा मत्प्रियामेकिकां सुत।
सेवतेऽनन्यभावेन स मामेति न संशयः॥
यो मामेव प्रपन्नश्च मत्प्रियां न महेश्वर।
न कदापि स चाप्नोति मामेवं ते मयोदितम्॥
सकृदेव प्रपन्नो यस्तवास्मीति वदेदपि।
साधनेन विनाप्येव मामाप्नोति न संशयः॥
तस्मात् सर्वप्रयत्नेन मत्प्रियां शरणं व्रजेत्।
आश्रित्य मत्प्रियां रुद्र मां वशीकर्तुमर्हसि॥

(पद्मपुराण, पातालखण्ड ८२। ८३—८६)

''वत्स ! जो व्यक्ति केवल एक बार हम दोनोंकी शरणमें आकर अथवा एकमात्र मेरी प्रिया (श्रीराधा) की ही शरणमें आकर उनकी अनन्य भावसे सेवा करता है, वह निस्संदेह मुझको प्राप्त होता है। महेश्वर! इसके विपरीत जो केवल मेरी शरण आ गया है, पर मेरी प्रियाकी शरण नहीं आया, वह मुझको कभी प्राप्त नहीं होगा—यह मैं सत्य कहता हूँ। जो व्यक्ति एक बार भी हमलोगोंकी शरण आकर 'मैं तुमलोगोंका हूँ' यों कह देता है, वह बिना ही साधन मुझको प्राप्त होता है—इसमें कोई संदेह नहीं है। अतएव सब प्रकारसे प्रयत्न करके मेरी प्रियतमा राधाकी शरण ग्रहण करे। हे रुद्र ! यदि मुझे वशमें करना चाहते हो तो मेरी प्रियतमा (राधा) का आश्रय ग्रहण करो।''

इसी प्रकार श्रीराधाकी प्रसन्नता प्राप्त करनेके लिये उनके नित्य परमाराध्य प्रियतम भगवान् श्रीकृष्णके अनन्यशरण होकर उनकी उपासना-आराधना करनी चाहिये। जो श्रीराधाजीकी तो उपासना करता है, पर श्रीकृष्णकी अवहेलना करता है, उसपर श्रीराधाजी प्रसन्न नहीं होतीं।

अतएव साधकोंको सच्चे मनसे श्रीराधाके नित्य परमाराध्य भगवान् श्रीकृष्णकी और श्रीकृष्णकी आत्मरूपा परमप्रिया श्रीराधाजीकी उपासना करनी चाहिये। अभिप्राय यह कि युगलस्वरूपकी उपासना-आराधना करनी चाहिये।

पर इस प्रेमराज्यके साधनमें त्यागकी बहुत बड़ी तथा अनिवार्य आवश्यकता है। कहीं श्रीराधाप्रेष्ठ भगवान् श्रीकृष्णसे तथा उनकी प्राणेश्वरी श्रीराधासे कुछ सुख प्राप्त करनेकी वासना न जाग उठे, इससे हमें सर्वथा तथा सर्वतोमुखी त्यागमूर्ति 'मञ्जरी'रूपसे उपासना करके—उत्तरोत्तर दिव्य प्रलोभनोंकी बहुलतामें भी परम त्यागके तपस्यापूर्ण पवित्र आदर्शपर दृढ़ रहते हुए श्रीराधा-माधवको प्रसन्न करनेका प्रयास करना चाहिये।

आज श्रीराधा-जन्माष्टमी-महोत्सवका महान् पवित्र पर्वदिवस है। हमलोग श्रीराधा-माधवसे प्रार्थना करें कि वे हमपर अपनी सहज कृपाकी वर्षा करें, जिससे हमलोग लोक-परलोक तथा दिव्य भोग-मोक्षके प्रलोभनोंसे बचकर उनकी प्रेम-रसमयी सेवा करनेका सुअवसर तथा सौभाग्य प्राप्त कर सकें—

प्रार्थना

श्रीराधामाधव कर हमपर सहज कृपावर्षा भगवान—
ठुकरा सकें सभी भोगोंको जिससे, दें यह शुभ वरदान॥
सहज त्याग दें लोक और परलोकोंके हम सारे भोग।
लुभा सकें न दिव्य लोकोंके भोग, मोक्षका शुचि संयोग॥
बने रहें हम रस-निकुञ्जकी क्षुद्र मञ्जरी सेवारूप।
सखी-दासियोंकी दासी, अतिशय नगण्य, अति दीन अनूप॥
पड़ती रहे सदा हमपर उन सखि-मञ्जरियोंकी पद-धूल।
करती रहे कृतार्थ, बनाती रहे हमें सेवा-अनुकूल॥

बोलो श्रीकृष्णवल्लभा श्रीराधारानी तथा उनके परमाराध्य
श्रीकृष्णकी जय जय!!

——::×::——

श्रीराधामाधवका दिव्य स्वरूप

(सं० २०२६ वि० के श्रीराधाष्टमी-महोत्सवपर प्रवचन)

दूरादपास्य स्वजनान् सुखमर्थकोटिं
सर्वेषु साधनवरेषु चिरं निराशः।
वर्षन्तमेव सहजाद्भुतसौख्यधारां
श्रीराधिकाचरणरेणुमहं स्मरामि॥
अमन्दप्रेमाङ्कश्लथसकलनिर्बन्धहृदयं
दयापारं दिव्यछवि मधुरलावण्यललितम्।
अलक्ष्यं राधाख्यं निखिलनिगमैरप्यतितरां
रसाम्भोधेः सारं किमपि सुकुमारं विजयते॥

श्रीराधामाधव—प्रेमतत्त्व और रसतत्त्व

भगवान् श्रीकृष्ण सच्चिदानन्दस्वरूप हैं। सत्, चित्, आनन्द—ये तीनों शक्तियाँ नित्य ही पूर्णरूपमें उनके स्वरूपगत हैं। शक्ति और शक्तिमान्‌में कोई भेद नहीं होता। इन परात्पर भगवान्‌के सिवा अन्य कुछ भी नहीं है। पर इनकी शक्तियाँ जहाँ अमूर्तरूपमें हैं, वहाँ लीलाका प्राकट्य नहीं है और जहाँ मूर्तरूपमें हैं, वहाँ वे नित्य अभिन्न होते हुए भी भिन्नरूपमें स्थित होकर नित्य लीला करती रहती हैं। जिस स्वरूपमें लीलाका प्राकट्य नहीं है, वह भगवान्‌का 'निर्विशेष ब्रह्मरूप' है और जहाँ लीलाका प्राकट्य है, वहाँ वे 'सगुण निराकार परमात्मा' और 'सगुण साकार लीलापुरुषोत्तम भगवान्' हैं। भगवान्‌की अभिन्न स्वरूपाशक्तिकी लीलाके अनन्त भेद हैं; पर उनमें चिच्छक्ति, मायाशक्ति और जीवशक्ति—ये तीन प्रधान हैं। चिच्छक्ति 'अन्तरङ्गा', मायाशक्ति 'बहिरङ्गा' और जीवशक्ति 'तटस्था' हैं। ये मायाशक्ति और जीवशक्ति ही गीतोक्त 'परा' और 'अपरा' प्रकृतियाँ हैं।

सत्, चित्, आनन्द—ये तीनों शक्तियाँ भगवान्‌से अभिन्न और एक ही शक्तिके तीन रूप हैं। इनमें 'आनन्द' चित्-स्वरूपाशक्तिका प्रत्यक्ष रूप है। आनन्द 'ह्लादिनी', सत् 'संधिनी' और चित् 'संवित्' शक्ति है। अन्तरङ्गा चिच्छक्ति—आनन्द ही ह्लादिनी श्रीराधा हैं। ये श्रीराधिका श्रीकृष्णकी सर्वथा अभिन्न नित्य स्वरूपाशक्ति हैं। मूर्तिमती ह्लादिनी शक्ति नित्य आनन्दाकार, आनन्दयोनि तथा

आनन्दस्वरूप श्रीकृष्णको अनिर्वचनीय मधुर दिव्य आनन्दका आस्वादन करती हैं और उनके आनन्दसे स्वयं भी अचिन्त्य दिव्य सुखका आस्वादन करती हैं।

श्रीकृष्ण श्रीराधाजीसे नित्य अभिन्न तथा सर्वथा एक होते हुए ही 'आनन्दब्रह्म'के प्रतिष्ठास्वरूप (**ब्रह्मणो हि प्रतिष्ठाहम्**) परिपूर्णतम रसराज या अचिन्त्य रस-ब्रह्मतत्त्व हैं। इन श्रीकृष्ण और श्रीराधाके रूपमें ही वस्तुतः विशुद्ध अनन्य 'रस' और 'प्रेम' हैं। ये इस जड-प्राकृत जगत्से सर्वथा अतीत हैं। श्रीकृष्ण सर्वैश्वर्यरूप 'स्वयं-भगवान्' हैं। उनमें जैसे दिव्य अनन्त ऐश्वर्यका प्रकाश है, वैसे ही उनकी अन्तरङ्गा स्वरूपाशक्ति ह्लादिनी श्रीराधाजीमें भी है। जैसे भगवान् श्रीकृष्णका असमोद्र्ध्व माधुर्य अनन्त ऐश्वर्यसे समावृत है, वैसे ही श्रीराधाजीके श्रीकृष्णाकर्षी परम मधुर स्वरूपपर भी ऐश्वर्यका दिव्य आवरण है। पर जहाँ अनावृत लीला है, वहाँ भगवान् सर्वाकर्षकत्वादि स्वरूपभूत गुणोंसे सम्पन्न, मधुरतम अप्राकृत विचित्र लीला-विहार-परायण हैं। यह सर्वापेक्षा अन्तरङ्ग रसराज-स्वरूप ही 'रसतत्त्व' है और इस रसतत्त्वको नित्य नव-नव रूपमें आनन्द प्रदान करनेवाली अप्राकृत परमाह्लादस्वरूपा श्रीराधा ही 'प्रेमतत्त्व' हैं। ये नित्य एक ही दो रूपोंमें लीलायमान, नित्य परस्पर आकृष्ट हैं। श्रीकृष्ण आकृष्ट हैं—प्रेमके प्रति; और श्रीराधा आकृष्ट हैं—रसके प्रति! इनकी यह प्रेम-रसमयी अन्तरङ्ग-स्वरूपभूता लीला ही श्रीराधा-माधवका नित्य विलास-विहार है। इसमें सर्वदा सर्वत्र केवल पवित्रतम, प्राकृत जगत्से अतीत माधुर्य-ही-माधुर्य है।

राधाजी श्रीकृष्णकी और श्रीकृष्ण राधाजीकी आत्मा

श्रीकृष्णकी आत्मा श्रीराधाजी हैं और राधिकाजीकी आत्मा श्रीकृष्ण हैं। दोनोंमें लेशमात्र भी अन्तर नहीं है। भगवान् श्रीकृष्णके अन्तर्धान हो जानेपर वियोग-दुःख-कातरा रानियाँ कालिन्दी—यमुनाजीके तटपर आती हैं और कालिन्दीकी अधिष्ठात्री-देवीको मूर्तिमती तथा प्रफुल्लित देखकर पूछती हैं—'जैसे हम श्रीकृष्णकी धर्मपत्नियाँ हैं, वैसे ही तुम भी हो; हम विरहाग्निमें जली जा रही हैं, पर तुम प्रसन्न दीखती हो। कल्याणि! इसका कारण बताओ।' रानियोंकी यह बात सुनकर यमुनाजी हँस पड़ीं; फिर प्रियतमकी पत्नी होनेके नाते उन्हें अपनी ही बहन मानकर उनके दुःखसे द्रवित होकर बोलीं—

आत्मारामस्य कृष्णस्य ध्रुवमात्मास्ति राधिका।
तस्या दास्यप्रभावेण विरहोऽस्मान् न संस्पृशेत्॥
तस्या एवांशविस्तारा: सर्वा: श्रीकृष्णनायिका:।
नित्यसंयोग एवास्ति तस्या: साम्मुख्ययोगत:॥
स एव सा स सैवास्ति वंशी तत्प्रेमरूपिका।

(स्कन्द०, भा० मा० २।११—१३)

''आत्मामें ही रमण करनेके कारण भगवान् श्रीकृष्ण 'आत्माराम' हैं और उनकी आत्मा हैं—श्रीराधाजी। मैं दासीकी तरह श्रीराधाकी सेवा करती रहती हूँ। उनकी सेवाके प्रभावसे भगवान्का विरह मुझे स्पर्श नहीं करता। भगवान्की जितनी भी रानियाँ हैं, सब श्रीराधाके ही अंशका विस्तार हैं। भगवान् श्रीकृष्ण और श्रीराधा सदा एक-दूसरेके सम्मुख हैं, उनका परस्पर नित्य संयोग है; इसलिये राधाके स्वरूपमें अंशत: विद्यमान श्रीकृष्णकी अन्य रानियोंको भी भगवान्का संयोग प्राप्त है (इस बातको वे जानतीं नहीं)। श्रीकृष्ण ही राधा हैं और राधा ही श्रीकृष्ण हैं। उन दोनोंका प्रेम ही वंशी है।''

आत्मा तु राधिका तस्य तयैव रमणादसौ।
आत्माराम इति प्रोक्त ऋषिभिर्गूढवेदिभि:॥

(स्कन्दपुराण)

''श्रीराधिकाजी भगवान् श्रीकृष्णकी आत्मा हैं। उनमें सदा रमण करनेके कारण ही रहस्य-रसके मर्मज्ञ ज्ञानी पुरुष श्रीकृष्णको 'आत्माराम' कहते हैं।''

इसी प्रकार भगवान् श्रीकृष्ण कहते हैं कि 'मैं राधाके हृदयमें आत्मारूपसे स्थित हूँ'—

अहं राधाया हृदये आत्मरूपेण संस्थित:।

श्रीराधाका तत्त्व, महत्त्व, स्वरूप आदि

श्रीराधाजीके तत्त्व, महत्त्व, स्वरूप, महाभाव, प्रेम तथा लीलाके शास्त्रोंमें असंख्य वचन हैं। यहाँ केवल भगवत्स्वरूप त्रिदेव—भगवान् शिव, भगवान्

नारायण, भगवान् ब्रह्मा और स्वयं भगवान् श्रीकृष्णके कुछ वचन उद्धृत किये जाते हैं। इन वचनोंसे श्रीराधाजीके स्वरूप-महत्त्वका कुछ अनुमान हो सकेगा।

भगवान् शिवके वचन

(१)

भगवान् शिव कहते हैं—

यथा ब्रह्मस्वरूपश्च श्रीकृष्णः प्रकृतेः परः।
तथा ब्रह्मस्वरूपा च निर्लिप्ता प्रकृतेः परा॥
आविर्भावस्तिरोभावस्तस्याः कालेन नारद।
न कृत्रिमा च सा नित्या सत्यरूपा यथा हरिः॥

(नारदपञ्चरात्र, द्वितीय रात्रि, तृतीय अध्याय ५१, ५४)

'जैसे ब्रह्मस्वरूप श्रीकृष्ण प्रकृतिसे पर—अतीत हैं, वैसे ही श्रीराधा भी ब्रह्मस्वरूपा, निर्लिप्ता और प्रकृतिसे अतीत हैं। नारद! समयपर उनका आविर्भाव और तिरोभाव होता है। हरिकी तरह ही वे भी अकृत्रिमा, नित्या और सत्यरूपा हैं।'

राधा रासेश्वरी रम्या रामा च परमात्मनः॥
रासोद्भवा कृष्णकान्ता कृष्णवक्षःस्थलस्थिता।
कृष्णप्राणाधिदेवी च महाविष्णोः प्रसूरपि॥
सर्वाद्या विष्णुमाया च सत्या नित्या सनातनी।
ब्रह्मस्वरूपा परमा निर्लिप्ता निर्गुणा परा॥

(नारदपञ्चरात्र, द्वि० रा०, अ० ४। ४८—५०)

'परमात्माकी पराशक्ति राधा रासेश्वरी, रम्या, रामा, कृष्णकामिनी, रासोद्भवा, कृष्णकान्ता, कृष्णवक्षःस्थलस्थिता, कृष्णप्राणाधिदेवी और महाविष्णुकी भी जननी हैं। वे ब्रह्मस्वरूपा, परमा, निर्लिप्ता (संसारासक्तिसे सर्वथा रहित, निर्लेप), निर्गुणा (प्राकृत गुणोंसे अतीत स्वरूपभूत सौन्दर्य-माधुर्यादि गुणोंसे युक्त) एवं परा (प्रपञ्चातीत स्वरूपस्थित) हैं।'

(२)

देवर्षि नारदजीसे भगवान् शिव कहते हैं—

अन्तरङ्गैस्तथा नित्यविभूतैस्तैश्चिदादिभिः ।
गोपनादुच्यते गोपी राधिका कृष्णवल्लभा ॥
देवी कृष्णमयी प्रोक्ता राधिका परदेवता ।
सर्वलक्ष्मीस्वरूपा सा कृष्णाह्लादस्वरूपिणी ॥
ततः सा प्रोच्यते विप्र ह्लादिनीति मनीषिभिः ।
तत्कलाकोटिकोट्यंशा दुर्गाद्यास्त्रिगुणात्मिकाः ॥
सा तु साक्षान्महालक्ष्मीः कृष्णो नारायणः प्रभुः ।
नैतयोर्विद्यते भेदः स्वल्पोऽपि मुनिसत्तम ॥
इयं दुर्गा हरी रुद्रः कृष्णः शक्र इयं शची ।
सावित्रीयं हरिर्ब्रह्मा धूमोर्णासौ यमो हरिः ॥
बहुना किं मुनिश्रेष्ठ विना ताभ्यां न किंचन ।
चिदचिल्लक्षणं सर्वं राधाकृष्णमयं जगत् ॥
इत्थं सर्वं तयोरेव विभूतिं विद्धि नारद ।
न शक्यते मया वक्तुं वर्षकोटिशतैरपि ॥

(पद्म०, पाताल०, अध्याय ८१ । ५२—५८)

"नारदजी! श्रीकृष्णप्रिया राधा अपनी चैतन्य आदि नित्य रहनेवाली अन्तरङ्ग विभूतियोंसे इस प्रपञ्चका गोपन—संरक्षण करती हैं, इसलिये उन्हें 'गोपी' कहते हैं। वे श्रीकृष्णकी आराधनामें तन्मय होनेके कारण 'राधिका' कहलाती हैं। श्रीकृष्णमयी होनेसे ही वे 'परा देवता' हैं। सम्पूर्ण-लक्ष्मीस्वरूपा हैं। श्रीकृष्णके आह्लादका मूर्तिमान् स्वरूप होनेके कारण मनीषीजन उन्हें 'ह्लादिनी' शक्ति कहते हैं। दुर्गादि त्रिगुणात्मिका शक्तियाँ उनकी कलाके करोड़वेंका भी करोड़वाँ अंश हैं। श्रीराधा साक्षात् महालक्ष्मी हैं और भगवान् श्रीकृष्ण साक्षात् नारायण हैं। मुनिश्रेष्ठ! इनमें थोड़ा-सा भी भेद नहीं है। श्रीराधा दुर्गा हैं और श्रीकृष्ण रुद्र। श्रीकृष्ण इन्द्र हैं तो ये शची (इन्द्राणी) हैं। वे सावित्री हैं तो ये साक्षात् ब्रह्मा हैं। श्रीकृष्ण यमराज हैं तो

ये उनकी पत्नी धूमोर्णा हैं। अधिक क्या कहा जाय, उन दोनोंके बिना किसी भी वस्तुकी सत्ता नहीं है। जड-चेतनमय सारा संसार श्रीराधाकृष्णका ही स्वरूप है। नारदजी! इस प्रकार सबको उन्हीं दोनोंकी विभूति समझो। मैं नाम ले-लेकर गिनाने लगूँ तो सौ करोड़ वर्षोंमें भी उस विभूतिका वर्णन नहीं कर सकता।''

भगवान् नारायणके वचन

भगवान् श्रीनारायण कहते हैं—

प्राणाधिकप्रियतमा सर्वाभ्यः सुन्दरी परा॥
सर्वयुक्ता च सौभाग्यभागिनी गौरवान्विता।
वामाङ्गार्धस्वरूपा च गुणेन तेजसा समा॥
परावरा सारभूता परमाद्या सनातनी।
परमानन्दरूपा च धन्या मान्या च पूजिता॥
रासक्रीडाधिदेवी श्रीकृष्णस्य परमात्मनः।
रासमण्डलसम्भूता रासमण्डलमण्डिता॥
रासेश्वरी सुरसिका रासावासनिवासिनी।
गोलोकवासिनी देवी गोपीवेषविधायिका॥
परमाह्लादरूपा च संतोषहर्षरूपिणी।
निर्गुणा च निराकारा निर्लिप्ताऽऽत्मस्वरूपिणी॥
निरीहा निरहंकारा भक्तानुग्रहविग्रहा।
वेदानुसारिध्यानेन विज्ञाता सा विचक्षणा॥
दृष्टिदृष्टा न सा चेशैः सुरेन्द्रैर्मुनिपुङ्गवैः।
वह्निशुद्धांशुकधरा नानालंकारभूषिता॥
कोटिचन्द्रप्रभा पुष्टसर्वश्रीयुक्तविग्रहा।
श्रीकृष्णभक्तिदास्यैककरी च सर्वसम्पदाम्॥
अवतारे च वाराहे वृषभानुसुता च या।
तत्पादपद्मसंस्पर्शात् पवित्रा च वसुंधरा॥

ब्रह्मादिभिरदृष्टा या सर्वैर्दृष्टा च भारते।
स्त्रीरत्नसारसम्भूता कृष्णवक्षःस्थले स्थिता॥
यथाम्बरे नवघने लीला सौदामनी मुने।
षष्टिवर्षसहस्राणि प्रतप्तं ब्रह्मणा पुरा॥
यत्पादपद्मनखरदृष्टये चात्मशुद्धये।
न च दृष्टं च स्वप्नेऽपि प्रत्यक्षस्य तु का कथा॥
तेनैव तपसा दृष्टा भुवि वृन्दावने वने।

(श्रीदेवीभागवत ९।१।४४—५७)

''ये परमात्मा श्रीकृष्णको प्राणसे भी बढ़कर प्रिय हैं। सम्पूर्ण देवियोंकी अपेक्षा इनमें सुन्दरता अधिक है। इनमें सभी सद्‌गुण सदा विद्यमान हैं। ये परम सौभाग्यवती हैं। इन्हें अनुपम गौरव प्राप्त है। परब्रह्मका वामार्द्धाङ्ग ही इनका स्वरूप है। ये ब्रह्मके समान ही गुण और तेजसे सम्पन्न हैं। इन्हें परावरा, सारभूता, परमाद्या, सनातनी, परमानन्दरूपा, धन्या, मान्या और पूज्या कहा जाता है। ये नित्यनिकुञ्जेश्वरी रासक्रीड़ाकी अधिष्ठात्री देवी हैं। परमात्मा श्रीकृष्णके रासमण्डलमें इनका आविर्भाव हुआ। इनके विराजनेसे रासमण्डलीकी विचित्र शोभा होती है। गोलोकधाममें रहनेवाली ये देवी 'रासेश्वरी' एवं 'सुरसिका' नामसे प्रसिद्ध हैं। रासमण्डलमें पधारे रहना इन्हें बहुत प्रिय है। ये गोपीके वेषमें विराजती हैं। ये परम आह्लादस्वरूपिणी हैं। इनका विग्रह संतोष और हर्षसे परिपूर्ण है। ये निर्गुण (प्राकृतिक त्रिगुणोंसे रहित स्वरूपभूत दिव्य-गुणवती), निराकारा (पाञ्चभौतिक शरीरसे रहित, दिव्यचिन्मयस्वरूपा), निर्लिप्ता (लौकिक विषय-रागसे रहित), आत्मस्वरूपिणी (श्रीकृष्णकी आत्मा) नामसे विख्यात हैं। इच्छा और अहंकारसे रहित हैं। भक्तोंपर कृपा करनेके लिये ही इन्होंने अवतार धारण कर रखा है। वेदोक्त विधिके अनुसार ध्यान करनेसे विद्वान् पुरुष इनके रहस्यको समझ पाते हैं। सुरेन्द्र एवं मुनीन्द्र तथा ईश्वरकोटिके देवता भी अपने चर्म-चक्षुओंसे इन्हें देखनेमें असमर्थ हैं। ये नीले रंगके दिव्य वस्त्र धारण करती हैं, अनेक प्रकारके दिव्य आभूषण इन्हें सुशोभित किये रहते हैं। इनकी कान्ति करोड़ों चन्द्रमाओंके समान प्रकाशमान है। इनका सर्वाङ्गसम्पन्न श्रीविग्रह सम्पूर्ण ऐश्वर्योंसे सम्पन्न है। ये भगवान् श्रीकृष्णकी भक्ति एवं दास्यकी एकमात्र प्रदान करनेवाली तथा सम्पूर्ण सम्पत्तियोंको

देनेवाली हैं। श्वेतवराहकल्पमें श्रीवृषभानुके घर पुत्रीके रूपसे ये पधारी हैं। इनके चरण-कमलका संस्पर्श प्राप्तकर पृथ्वी परम पवित्र हो गयी है। मुने! जिन्हें ब्रह्मा आदि देवता भी नहीं देख सके, वे ही ये देवी भारतवर्षमें सबके दृष्टिगोचर हो रही हैं। ये स्त्रीमय रत्नोंके सारसे प्रकट हुई हैं। ये भगवान् श्रीकृष्णके वक्षःस्थलपर इस प्रकार विराजती हैं, जैसे आकाशस्थित नवीन नील मेघोंमें बिजली चमक रही हो। इन्हें पानेके लिये ब्रह्माने साठ हजार वर्षोंतक तपस्या की है। उनकी तपस्याका उद्देश्य यही था कि 'इनके चरण-कमलके नखके दर्शन सुलभ हो जायँ, जिससे मैं परम पवित्र बन जाऊँ।' परंतु स्वप्नमें भी वे इन भगवतीके दर्शन प्राप्त न कर सके, फिर प्रत्यक्षकी तो बात ही क्या है। उसी तपके प्रभावसे ये देवी 'वृन्दावन' नामक वनमें ब्रह्माके सामने प्रकट हुई हैं—धराधामपर इनका पधारना हुआ है।''

भगवान् ब्रह्माके वचन

(१)

ब्रह्माजी श्रीराधासे कहते हैं—

त्वं कृष्णाङ्गार्द्धसम्भूता तुल्या कृष्णेन सर्वतः।
श्रीकृष्णस्त्वमयं राधा त्वं राधा वा हरिः स्वयम्॥
नहि वेदेषु मे दृष्ट इति केन निरूपितम्।

× × ×

पुरुषाश्च हरेरंशास्त्वदंशा निखिलाः स्त्रियः॥
आत्मना देहरूपा त्वमस्याधारस्त्वमेव हि।
अस्यास्तु प्राणैस्त्वं मातस्त्वत्प्राणैरयमीश्वरः॥
किमहो निर्मितः केन हेतुना शिल्पकारिणा।
नित्योऽयं च तथा कृष्णस्त्वं च नित्या तथाम्बिके॥
अस्यांशा त्वं त्वदंशो वाप्ययं केन निरूपितः।

(ब्रह्मवैवर्तपुराण, श्रीकृष्णजन्मखण्ड, अध्याय १५। १०१-१०२, १०४—१०७)

'तुम श्रीकृष्णके आधे अङ्गसे प्रकट हुई हो, अतः सभी दृष्टियोंसे श्रीकृष्णके

समान हो। तुम स्वयं श्रीकृष्ण हो और ये श्रीकृष्ण स्वयं राधा हैं, अथवा तुम राधा हो और ये स्वयं श्रीकृष्ण हैं—इस बातका किसीने निरूपण किया हो, ऐसी बात मैंने वेदोंमें नहीं देखी है।'

× × ×

'जैसे समस्त ब्रह्माण्डमें सभी जीवधारी श्रीकृष्णके अंशांश हैं, उसी प्रकार उन सबमें तुम्हीं शक्तिरूपिणी होकर विराजमान हो। समस्त पुरुष श्रीकृष्णके अंश हैं और सारी स्त्रियाँ तुम्हारी अंशभूता हैं। परमात्मा श्रीकृष्णकी तुम देहरूपा हो, अतः तुम्हीं उनकी आधारभूता हो। माँ! इनके प्राणोंसे तुम प्राणवती हो और तुम्हारे प्राणोंसे परमेश्वर श्रीहरि प्राणवान् हैं। अहो! क्या किसी शिल्पीने किसी हेतुसे इनका निर्माण किया है? कदापि नहीं । अम्बिके! ये श्रीकृष्ण नित्य हैं और तुम ही नित्या हो। तुम इनकी अंशस्वरूपा हो या ये ही तुम्हारे अंश हैं, इसका निरूपण किसने किया है?'

(२)

श्रीब्रह्माजी श्रीकृष्णका स्तवन करते हैं—

अनादिमाद्यं पुरुषोत्तमोत्तमं
श्रीकृष्णचन्द्रं निजभक्तवत्सलम्।
स्वयं त्वसंख्याण्डपतिं परात्परं
राधापतिं त्वां शरणं व्रजाम्यहम्॥
गोलोकनाथस्त्वमतीवलीलो
लीलावतीयं निजलोकलीला।
वैकुण्ठनाथोऽसि यदा त्वमेव
लक्ष्मीस्तदेयं वृषभानुजा हि॥
त्वं रामचन्द्रो जनकात्मजेयं
भूमौ हरिस्त्वं कमलालयेयम्।
यज्ञावतारोऽसि यदा तदेयं
श्रीदक्षिणा स्त्री पतिपत्निमुख्या॥

त्वं नारसिंहोऽसि रमा हृदीयं
नारायणस्त्वं च नरेण युक्तः।
तदा त्वियं शान्तिरतीव साक्षा-
च्छायेव याता च तवानुरूपा॥
त्वं ब्रह्म चेयं प्रकृतिस्तटस्था
कालो यदेमां च विदुः प्रधानम्।
महान् यदा त्वं जगदङ्कुरोऽसि
राधा तदेयं सगुणा च माया॥
यदान्तरात्मा विदितश्चतुर्भि-
स्तदा त्वियं लक्षणरूपवृत्तिः।
यदा विराड्देहधरस्त्वमेव
तदाखिलं वा भुवि धारणेयम्॥
श्यामं च गौरं विदितं द्विधा मह-
स्तवैव साक्षात्पुरुषोत्तमोत्तम।
गोलोकधामाधिपतिं परेशं
परात्परं त्वां शरणं व्रजाम्यहम्॥
सदा पठेद् यो युगलस्तवं परं
गोलोकधाम प्रवरं प्रयाति सः।

(गर्ग० गोलोक० १६। २२—२८$\frac{1}{2}$)

"आप अनादिकालसे वर्तमान तथा सबके उत्पत्ति-स्थान हैं। सर्वश्रेष्ठ 'पुरुषोत्तम' आपकी उपाधि है। आप अपने भक्तजनोंपर दया करनेवाले और 'श्रीकृष्ण' नामसे विख्यात हैं। समस्त ब्रह्माण्डोंके आप स्वयं स्वामी हैं। आपसे परे दूसरा कोई नहीं है। आप राधिकाजीके प्राणनाथ हैं। मैं आपकी शरणमें आया हूँ। आप गोलोकके नायक हैं। आपकी लीलाएँ बहुत-सी हैं। अपने धाममें लीला दिखलानेवाली यह श्रीराधा भी लीलावती हैं। आप जहाँ वैकुण्ठाधिराज हैं, वहाँ ये वृषभानुकी लाड़िली ही 'लक्ष्मी' हैं। जब भूमण्डलपर आप श्रीरामचन्द्र हैं तो ये

विदेहकुमारी 'सीता' हैं। आप श्रीविष्णु हैं तो ये 'कमलालया'। जब आप यज्ञावतार धारण करते हैं तब ये पत्नियोंमें शिरोमणि 'दक्षिणामूर्ति' बन जाती हैं। आप भगवान् नृसिंह हैं तो आपके हृदयमें स्थित इनका नाम 'रमा' है। आप नर-नारायणके वेषमें पधारते हैं तो ये 'शान्ति' कहलाती हैं। आपके साथ इनका अत्यन्त सादृश्य है। छायाकी भाँति ये निरन्तर आपका अनुसरण किया करती हैं। आप ब्रह्म हैं, तो ये 'तटस्था प्रकृति' (जीव) बन जाती हैं। जहाँ आप काल हैं, वहाँ ये 'प्रधान' रूपा हैं। जब आप संसारका बीजभूत महद्रूप धारण करते हैं, तब ये 'सगुण माया'के रूपमें प्रकट होती हैं। आप मन, बुद्धि, चित्त एवं अहंकार—इन चारोंसे युक्त अन्तरात्मा होते हैं तो इनका 'लक्षण' अथवा 'वृत्ति'के रूपमें अवतार होता है। आपके विराट्रूप होनेपर तो ये सम्पूर्ण चराचरको धारण करनेवाली 'धरा' नामसे प्रसिद्ध होती हैं। पुरुषोत्तम! ये जो श्याम और गौर—दो प्रकारके रूप दिखायी देते हैं, स्वयं आपके ही तेज हैं। आप गोलोकधामके प्रभु हैं। महान् पुरुष भी आपके अधीन रहते हैं, आप परसे भी पर—अर्थात् सर्वश्रेष्ठ हैं। मैं आपकी शरण लेता हूँ। जो पुरुष इस युगल-स्तवका सदा पाठ करता है, उसे उत्तम गोलोकधाम, जो सबमें प्रधान गिना जाता है, प्राप्त हो जाता है।''

भगवान् श्रीकृष्णके वचन

स्वयं श्रीकृष्ण कहते हैं—

त्वं मे प्राणाधिका राधे प्रेयसी च वरानने।
यथा त्वं च तथाहं च भेदो हि नावयोर्ध्रुवम्॥
यथा क्षीरे च धावल्यं यथाग्नेर्दाहिका सती॥
यथा पृथिव्यां गन्धश्च तथाहं त्वयि संततम्।
विना मृदा घटं कर्तुं विना स्वर्णेन कुण्डलम्॥
कुलालः स्वर्णकारश्च न हि शक्तः कदाचन।
तथा त्वया विना सृष्टिमहं कर्तुं न च क्षमः॥
सृष्टेराधारभूता त्वं बीजरूपोऽहमच्युतः।

× × ×

त्वं मे शोभास्वरूपासि देहस्य भूषणं यथा।
कृष्णं वदन्ति मां लोकास्त्वयैव रहितं यदा॥
श्रीकृष्णं च तदा तेऽपि त्वयैव सहितं परम्।
त्वं च श्रीस्त्वं च सम्पत्तिस्त्वमाधारस्वरूपिणी॥
सर्वशक्तिस्वरूपासि सर्वरूपोऽहमक्षरः।
यदा तेजःस्वरूपोऽहं तेजोरूपासि त्वं तदा॥
न शरीरी यदाहं च तदा त्वमशरीरिणी।
सर्वबीजस्वरूपोऽहं सदा योगेन सुन्दरि॥
त्वं च शक्तिस्वरूपा च सर्वस्त्रीरूपधारिणी।
ममाङ्गांशस्वरूपा त्वं मूलप्रकृतिरीश्वरी॥
शक्त्या बुद्ध्या च ज्ञानेन मया तुल्या वरानने।
आवयोर्भेदबुद्धिं च यः करोति नराधमः॥
तस्य वासः कालसूत्रे यावच्चन्द्रदिवाकरौ।
पूर्वान् सप्त परान् सप्त पुरुषान् पातयत्यधः॥
कोटिजन्मार्जितं पुण्यं तस्य नश्यति निश्चितम्।
अज्ञानादावयोर्निन्दां ये कुर्वन्ति नराधमाः॥
पच्यन्ते नरके घोरे यावच्चन्द्रदिवाकरौ।

(ब्रह्मवैवर्तपुराण, श्रीकृष्णजन्मखण्ड १५। ५७—७०)

"सुमुखि राधे! तुम मेरे लिये प्राणोंसे भी बढ़कर प्रियतमा हो। जैसी तुम हो, वैसा मैं हूँ; निश्चय ही हम दोनोंमें कोई भेद नहीं है। जैसे दूधमें धवलता, अग्निमें दाहिकाशक्ति और पृथ्वीमें गन्ध होती है, उसी प्रकार तुममें मैं नित्य व्याप्त हूँ। जैसे कुम्हार मिट्टीके बिना घड़ा नहीं बना सकता तथा जैसे स्वर्णकार सुवर्णके बिना कदापि कुण्डल नहीं तैयार कर सकता, उसी प्रकार मैं तुम्हारे बिना सृष्टि-रचनामें समर्थ नहीं हो सकता। तुम सृष्टिकी आधारभूता हो और मैं अच्युत बीजरूप हूँ। साध्वि ! जैसे आभूषण शरीरकी शोभाका हेतु है, उसी प्रकार तुम मेरी शोभा हो। जब मैं तुमसे अलग रहता हूँ, तब लोग मुझे 'कृष्ण' (काला-कलूटा) कहते हैं और जब तुम साथ

हो जाती हो, तब वे ही लोग मुझे 'श्रीकृष्ण' (शोभाशाली कृष्ण) की संज्ञा देते हैं। तुम्हीं श्री हो, तुम्हीं सम्पत्ति हो और तुम्हीं आधारस्वरूपिणी हो। तुम सर्वशक्तिस्वरूपा हो और मैं अविनाशी सर्वरूप हूँ। जब मैं तेजःस्वरूप होता हूँ, तब तुम भी तेजोरूपिणी होती हो। जब मैं शरीररहित होता हूँ, तब तुम भी अशरीरिणी हो जाती हो। सुन्दरि ! मैं तुम्हारे संयोगसे ही सदा सर्वबीजस्वरूप होता हूँ। तुम शक्तिस्वरूपा तथा सम्पूर्ण स्त्रियोंका स्वरूप धारण करनेवाली हो। मेरा अङ्ग और अंश ही तुम्हारा स्वरूप है। तुम मूलप्रकृति ईश्वरी हो। वरानने! शक्ति, बुद्धि और ज्ञानमें तुम मेरे ही तुल्य हो। जो नराधम हम दोनोंमें भेदबुद्धि करता है, उसका 'कालसूत्र' नामक नरकमें तबतक निवास होता है, जबतक जगत्में चन्द्रमा और सूर्य विद्यमान हैं। वह अपने पहले और बादकी सात-सात पीढ़ियोंको नरकमें गिरा देता है। उसका करोड़ों जन्मोंका पुण्य निश्चय ही नष्ट हो जाता है। जो नराधम अज्ञानवश हम दोनोंकी निन्दा करते हैं, वे जबतक चन्द्रमा और सूर्यकी सत्ता है, तबतक घोर नरकमें पकाये जाते हैं।''

श्रीराधाप्रेम—दिव्य मधुर-रस

प्राकृत जगत् कामजगत् है। इस प्राकृत जगत्में सभी कुछ जघन्य काम-दोषसे दूषित है। प्रकृतिसे पर, अज, अव्यय, अच्युत, रस-भावमय भागवत-राज्य दूषित काम-राज्यसे सर्वथा अतीत है। वहाँ जाकर तो काम जल-भुनकर भस्मका ढेर हो गया है या यों कहना चाहिये कि चिन्मय 'प्रेम-रस'स्वरूप श्रीराधा-माधव तथा श्रीराधाकी कायव्यूहरूपा श्रीकृष्णरस-भावितचित्ता गोपाङ्गनाओंके प्रेमराज्यकी सीमामें कामका प्रवेश ही नहीं है। वहाँकी सारी रस-प्रेमकी दिव्य लीलाएँ इन्द्रियातीत, अप्राकृत, भावस्वरूपा होती हैं। इसीसे प्राकृत जगत्के स्थूल पाञ्चभौतिक देहाभिमानी, कर्मपरतन्त्र, मायाविजड़ित, कामकलुषचित्त लोग उस प्रपञ्चातीत सच्चिदानन्दस्वरूप श्रीराधा-माधवके प्रेमकी, उनके अत्यन्त निगूढ़ प्रेम-विलास-विहार-लीलाके स्वरूपकी वास्तविक धारणा ही नहीं कर सकते और श्रीराधा-माधव तथा उनकी प्रेमलीलाको प्राकृत प्रपञ्चान्तर्गत स्थूल जगत्के स्त्री-पुरुषों—नायक-नायिकाओंके सदृश समझकर अपनी तमसाच्छादित बुद्धिका आश्रय लेते हैं तथा

और भी घने अन्धकारमें पड़ जाते हैं!

यह प्रत्यक्ष है कि जगत्में जो कुछ भी, जितने भी, क्षुद्र और विशाल विचार तथा कार्य होते हैं, सभी 'आत्मसुखार्थ'—स्व-सुखवासनाकी पूर्तिके लिये होते हैं। बृहदारण्यक-उपनिषद् (अध्याय ४ ब्राह्मण ५) में महर्षि याज्ञवल्क्य अपनी पत्नी मैत्रेयीसे ठीक ही कहते हैं—

'न वा अरे पत्युः कामाय पतिः प्रियो भवति, आत्मनस्तु कामाय पतिः प्रियो भवति। न वा अरे जायायै कामाय जाया प्रिया भवति, आत्मनस्तु कामाय जाया प्रिया भवति।' आदि।

'अरे, यह निश्चय है कि पतिकी प्रीतिके—पति-सुखके प्रयोजनके लिये पति प्रिय नहीं होता, अपने ही प्रयोजनके लिये पति प्रिय होता है; स्त्रीके प्रयोजनके लिये स्त्री प्रिया नहीं होती, अपने ही प्रयोजनके लिये स्त्री प्रिया हुआ करती है।' इसी प्रकार पुत्र, वित्त, पशु, ब्राह्मण, क्षत्रिय, देवता, वेद आदि सभी कुछ उनके प्रयोजनके लिये नहीं, अपने प्रयोजनके लिये—अपने सुखके लिये ही प्रिय हुआ करते हैं। वस्तुतः जगत्में हमारा व्यवहार-व्यापार, आकर्षण, प्रेम, स्नेह, भक्ति, सेवा—सभी कुछ आत्मसुखकामना, सीमित स्वार्थपरता, आत्मेन्द्रिय-सुखेच्छासे ही प्रेरित होते हैं। क्षुद्र भोग-स्वार्थ ही हमारे सारे कर्मोंके कारण होते हैं—यहाँतक कि भोग-त्याग, भजन-कीर्तन, संयम-तप तथा योग-ज्ञानादिके साधन भी प्रायः कामनामूलक ही होते हैं। मोक्षप्राप्ति या दिव्य भगवत्-लोककी प्राप्तिकी कामना भी तो कामना ही है। वहाँ भी कुछ पानेके लिये दिया जाता है।

पर इस समर्पणमय प्रेममें कहीं भी आत्मसुखकी वासनाके गन्धलेशकी भी कल्पना नहीं होती। भक्तलोग इसीको 'व्रज-रस' कहते हैं। इसके चार भेद हैं—'दास्य', 'सख्य', 'वात्सल्य' और 'मधुर'। इसके पहले एक 'शान्त' रस है, जिसमें इन्द्रिय-मनपर पूर्ण नियन्त्रण हो जाता है और भक्त दास्यरसके स्तरपर पहुँच जाता है। इन चारोंमें सबकी अपेक्षा महत्त्वपूर्ण तथा श्रेष्ठतम रस है—'मधुर-रस'। इसी मधुर-रसका नाम 'गोपीप्रेम' या 'श्रीराधाप्रेम' है। गोपाङ्गनाएँ श्रीराधाकी ही कायव्यूहरूपा हैं, इसलिये गोपीप्रेम या राधाप्रेम एक ही वस्तु है।

तथापि प्रेमके प्रेम, स्नेह, मान, प्रणय, राग, अनुराग, भाव और महाभाव—इन आठ स्तरोंमें सर्वोच्च महाभावका प्राकट्य श्रीराधामें ही है। ह्लादिनीका सार 'प्रेम' है और प्रेमका सार 'महाभाव'। अतएव श्रीराधा महाभावरूपा हैं।

निजेन्द्रिय-सुख-कामनाका अभाव तो 'दास्यरति' में ही हो जाता है। परंतु पूर्णत्यागमय समर्पण, त्याग और समर्पणका भी समर्पण—केवल और केवल प्रियतम श्रीकृष्णके सुखकी स्वभाव-सहज स्वरूपताका लाभ राधामें ही होता है। वहाँ भोग-त्याग, बन्ध-मोक्ष,अनुरक्ति-विरक्ति—सभीकी विस्मृति है। केवल प्रियतमका सुख ही जीवन है, फिर वह चाहे भोगमें हो या त्यागमें, बन्धमें हो या मोक्षमें, अनुरक्तिमें हो या विरक्तिमें। साधनकी भूमिकामें श्रीराधा या गोपी 'आश्रयालम्बन' है और प्रियतम श्रीकृष्ण 'विषयालम्बन'। परंतु प्रेमकी परिपक्व स्थिति आश्रयालम्बनको विषयालम्बनमें परिणत कर देती है। प्रेमी प्रेमास्पद बन जाता है और प्रेमास्पद प्रेमी। प्राण-प्रियतमा राधा 'आराध्या' बन जाती हैं और प्राण-प्रियतम श्रीकृष्ण 'आराधक' बन जाते हैं। अवश्य ही राधा आराधन ही करती हैं, वे नहीं बदलतीं, वे आराध्या नहीं बनतीं; पर श्रीकृष्ण राधाभावके सौन्दर्य-माधुर्यसे प्रलुब्ध होकर राधाकी आराधना करने लगते हैं। दोनों सहज ही एक-दूसरेकी सुख-स्वरूपताको प्राप्त हैं। यहाँ 'मैं' को 'तुम' बन जाना पड़ता है। वस्तुतः है भी यही बात। जबतक अपना 'मैं'पन पृथक् रहता है, तबतक प्राणोंके साथ प्राणोंका, मनके साथ मनका और आत्माके साथ आत्माका पूर्ण एकत्व नहीं होता। अतएव तबतक प्रेम भी अस्थायी ही रहता है। पर जहाँ 'मैं' 'तू'में बदल जाता है, वहाँ प्रेमका चरम उत्कर्ष होता है। यही राधा-प्रेमका विलक्षण लक्षण है। इसीसे इस मधुर-रसका नाम 'उज्ज्वल रस' है; क्योंकि इसमें इन्द्रियोंकी तो बात ही नहीं, बड़े-से-बड़े भोगसुख तथा मोक्षतककी कामना-कालिमाका क्षुद्र कलुष-कण भी नहीं रह जाता। यही परम पवित्र प्रेम है।

जीव जबतक इस पवित्र प्रेमके मार्गपर आरूढ़ होकर नहीं चलने लगता, तबतक शान्ति-सुख उससे सदा दूर ही रहते हैं। यह सारा जगत्—जगत्के सभी नर-नारी परात्पर 'रसतत्त्व' पुरुषोत्तम 'भगवान्' तथा 'प्रेमतत्त्व'-रूपा उनकी 'परा प्रकृति'के ही अंश हैं। अतएव इस जीव-जगत्में पुरुषमें 'रस' और नारीमें 'प्रेम'का

कण विद्यमान है। पर वह इतना नगण्य है कि उससे जीव कभी तृप्त नहीं होता। इसीसे वह जहाँ भी रस और प्रेम देखता है, वहीं पागलकी तरह दौड़ने लगता है। पर भ्रमवश वह खोजता है इस रस और प्रेमको प्राकृतिक विषयोंमें ही। वह गरमीसे झुलसते हुए प्यासे हरिनकी भाँति एक विषयसे दूसरे विषयमें भटकता है, पर कहीं भी उसे शीतल सुधा-सलिल नहीं मिलता, उसकी पिपासा नहीं मिटती और उसके अपने जीवनकी ज्वाला शान्त नहीं होती। इसीसे वह सदा निराश, अशान्त, उद्विग्न, हजारों-हजारों चिन्ताओंकी ज्वालासे जलता और मोहवश नये-नये व्यर्थ-अनर्थके कर्मपाशमें बँधता रहता है। मनुष्य-जीवनके परम लाभसे वञ्चित रहकर यहाँ अशान्ति, दुःख, चिन्ताका जीवन बिताता हुआ शरीर छोड़ जाता है और मृत्युके पश्चात् बार-बार आसुरी योनि और नरकोंकी यातना भोगनेको बाध्य होता है। इसका एकमात्र कारण यही है कि वह वास्तविक 'रस' तथा 'प्रेम'को नहीं जानता-पहचानता। उसे पता ही नहीं है कि श्रीकृष्ण और राधा ही 'रसतत्त्व' और 'प्रेमतत्त्व' हैं।

शरीर और नामकी 'अहंता' तथा जगत्‌के प्राणिपदार्थोंकी 'ममता'के अज्ञानमें स्थित, विषय-विलास-विभ्रम-ग्रस्त, मोहावृत मनुष्य विषयोंमें सुखकी आशा रखकर निरन्तर परिस्थिति-परिवर्तन तथा विषयसुखकी सुलभता एवं विशालताके लिये राग-द्वेष, काम-क्रोध, लोभ-मद, दर्प-अभिमान, द्रोह-हिंसा आदिके वश होकर व्यक्तिगत हेतुसे अथवा देश, राष्ट्र, धर्म, जाति, दल, मत, पंथ, सम्प्रदाय, भाषा, भूमिकी सीमा, स्वाभिमान-रक्षा, नीतिपरायणता, सेवा और जन-कल्याण आदिके नामपर कलह, द्वेष, वैर, हिंसाकी सृष्टि करके जगत्‌को नरकमय बनाये रखता है।

सर्वत्यागसे ही समर्पणमय प्रेमका उदय

श्रीगोपी तथा श्रीराधाके समर्पणमय प्रेमसे जगत्‌के लोगोंको जो महान् त्यागकी शिक्षा मिलती है, वह अन्यत्र दुर्लभ है। यह नियम है कि छोटे या बड़े, किसी भी क्षेत्रमें, व्यक्ति या समष्टिमें जितना अधिक दूसरेके लिये 'त्याग' होगा, उतना ही विशुद्ध प्रेम बढ़ेगा और जितना-जितना प्रेम बढ़ेगा, उतना-ही-उतना 'त्याग' अधिक होगा। यों त्याग और प्रेममें परस्पर होड़ लग जायगी और इससे मनुष्यका त्यागमय

प्रेम-जीवन सर्वत्र सहज ही शुद्ध आनन्द तथा सुख-शान्तिका विस्तार कर देगा; क्योंकि प्रेम देना जानता है, लेना नहीं। आज यदि जगत्‌के सभी मानव अपने सुखको भुलाकर, अपने सीमित स्वार्थको छोड़कर, अपने हितकी चिन्ता न करके दूसरेके स्वार्थको अपना स्वार्थ समझने लगें तो सभी सबको सुख पहुँचाने तथा सभी सबका हित करनेवाले हो जायँगे। इससे सभीका सहज सुख-हित-साधन होगा। संदेह तथा द्वेषवश उत्पन्न हुए मनके भयसे तथा स्वार्थ-साधनकी इच्छासे आत्मरक्षाके साधनोंका चिन्तन, निर्माण तथा संग्रह नहीं होगा। दूसरोंपर आक्रमण करनेके लिये विचार तथा तैयारी नहीं होगी। नये-नये विध्वंसक शस्त्रोंके निर्माण, भीषण समर-सज्जा, विशाल सैन्य-वाहिनी, विनाशक कीटाणुओंका संग्रह और विज्ञानका दुरुपयोग नहीं होगा। रात-दिनकी अशान्ति, चिन्ता, भय, संदेहके साथ ही समय, बुद्धि, शक्ति और विशाल अर्थराशिकी बुरी तरहसे होती हुई बरबादी मिट जायगी। पर यह होगा तभी, जब लोग भगवान्‌की ओर 'त्यागमय प्रेम'के पवित्र समर्पण-मार्गपर अग्रसर होंगे। राधाभाव हमें यही सिखाता है। वहाँ 'तत्सुखसुखी' * भावके साथ 'अखिल आचारका अर्पण' तथा 'प्रियतमका मधुर सुख-स्मरण' † ही जीवनका स्वरूप बन जाता है। यही सच्चा 'अभेद-दर्शन' है। इसीमें यथार्थ 'समत्व' है। जहाँ मनमें अपना-परायापन है—निजसुखकी वाञ्छा है, वहाँ कभी अभेद और समत्व नहीं हो सकता, यह निर्विवाद सत्य तथा सिद्ध है। श्रीराधा तथा गोपीके जीवन-दर्शनसे, उनके पवित्र प्रेमसे हमें यही सीखना है।

यही त्याग जब परमार्थ-क्षेत्रमें आ जाता है, (और आना ही चाहिये; क्योंकि मानव-जीवनका उद्देश्य भोग है ही नहीं, भगवान्-हैं) तब यह परम पवित्र प्रेम बनकर भगवान्‌के साथ अपने नित्य अभेदकी स्थितिको प्राप्त करा देता है। फिर बन्ध-मोक्ष या जन्म-मरणकी कल्पना नहीं रह जाती। जैसे प्रेमी भक्त भगवान्‌के लिये पागल

---

* नास्त्येव तस्मिंस्तत्सुखसुखित्वम्। (नारदभक्तिसूत्र २४)

† नारदस्तु तदर्पिताखिलाचारिता तद्विस्मरणे परमव्याकुलतेति। (नारदभक्तिसूत्र१९)

हो जाता है, वैसे ही भगवान् भी भक्तके लिये पागल रहते हैं। वे अपनी सारी सत्ता-भगवत्ताको भुलाकर भक्तके 'हृदय' बन जाते हैं और उसे अपना 'हृदय' बना लेते हैं। श्रीराधा पूर्वराग करके जैसे श्रीकृष्ण-प्रेममें उन्मादिनी होती हैं, वैसे ही श्रीकृष्णमें भी राधाके प्रेममें पूर्वरागकी मधुर लीला होती है।

इस पूर्वरागके दस लक्षण बतलाये गये हैं—लालसा, उद्वेग, जडता, कृशता, जागरण, व्यग्रता, व्याधि, उन्माद, मोह और मरणोद्यम। ये सभी दिव्य होते हैं। जागतिक भोग-प्रपञ्चमें, कामकलुषित नर-नारियोंमें इनका विकास नहीं होता। इनके नामपर जो विरह तथा दर्शन-लालसाकी कल्पना की जाती है, वह सर्वथा स्वसुख इच्छाको लेकर, कामनाके कलुषित भावको रखकर होती है। उसमें त्याग नहीं होता। इसीसे उसका परिणाम दुःख, उद्वेग, आसुरी योनियोंकी तथा नरकोंकी प्राप्ति होता है, यदि वास्तवमें मनुष्य यथार्थ सुख चाहता हो तो उसके लिये यही एकमात्र परम साधन है और यही साध्य भी है।

गोस्वामी तुलसीदासजीके शब्दोंमें—

सब कर मत खगनायक एहा। करिअ राम पद पंकज नेहा॥

× × ×

साधन सिद्धि राम पग नेहू।

× × ×

चहौं न सुगति, सुमति सम्पति कछु, रिधि-सिधि, बिपुल बड़ाई।
हेतुरहित अनुराग राम पद बढ़ौ अनुदिन अधिकाई॥

शुद्ध प्रेमकी झाँकी

शुद्ध प्रेम राधा माधवका सहज मिटा देता सब चाह।
रहती नहीं मोक्ष-सुख-इच्छा, नहीं नरक-दुखकी परवाह॥
भोग-कामना, निज-इन्द्रिय-सुखकी न वासना रहती शेष।
हो जाते युग-युगके सारे दुःखप्रद अभाव निःशेष॥
मिट जाते मद-मान-गर्व-ममता-आसक्ति, ईरषा-डाह।
छा जाते मन त्याग-प्रेम-आनन्द, नहीं रहता उर-दाह॥

****

लाभ-हानि, सुख-दुःख, शुभाशुभका रह पाता नहीं विवेक।
एकमात्र प्रियतम-सुख ही जीवन-स्वभाव—जीवनकी टेक॥
सहज समर्पण हो जाता सब रहता नहीं किंतु वह याद।
कहीं तनिक अभिमान न रहता, होता प्रकट दैन्य अविवाद॥
पाता वह अनन्त सुख अनुपम प्रियतमको लख सुखी अगाध।
बार-बार सुख देनेकी बढ़ती परंतु उसके मन साध॥
त्याग बिना न कभी हो पाता प्रेमराज्यमें तनिक प्रवेश।
भुक्ति-मुक्ति, निजसुख-इच्छाका रहता नहीं तनिक-सा लेश॥
तब भगवान स्वयं बन जाते उसके प्रियतम प्राणाराम।
जग उठती उनके मन 'रस-आस्वादन' की लालसा ललाम॥
रसमय, रसिक, रससुधा-सागर स्वयं नित्य जो हैं रसराज।
वे अतृप्त नित करते उस रसका आस्वादन, तज सब लाज॥
इसीलिये वे राधा-गोपीजनके रहते नित्य अधीन।
ऋण न चुका सकते वे उनका, नित्य मानते निजको दीन॥
राधा इधर मानती निजको नित्य प्रेमधनकी कंगाल।
सदा सकुचती रहती, निज प्रति लख प्रियतमका भाव रसाल॥
इस पवित्रतम प्रेमराज्यका रख मनमें आदर्श महान।
मानवमात्र त्यागपथपर चल भजें नित्य रसनिधि भगवान्॥
राधा-गोपी-प्रेम मधुर पावनका यह संदेश उदार।
दुर्लभ जो अति मधुर-सुधा-भगवद्रसका शुचि पारावार॥
मानव-जीवनका हो यह, बस, एकमात्र शुभ लक्ष्य पवित्र।
शुद्ध प्रेम-रस-सागरमें निमग्न रहना संतत सर्वत्र॥
राधाष्टमी-महोत्सवका है केवल यही लाभ अति श्रेष्ठ।
एकमात्र श्रीराधामाधव बन जायें जीवनके प्रेष्ठ॥

इस प्रेमकी प्राप्तिके लिये हमें क्या करना चाहिये?

यह पवित्र भगवत्प्रेम ही जीवनका परम लक्ष्य है—जो यह मानकर अपना

जीवन बनाता है, वही वास्तवमें मनुष्य कहलाने योग्य है। भोगोंमें आसक्त, अशान्त तथा पापजीवन मनुष्यसे तो कर्मके अनधिकारी पशु आदि भी श्रेष्ठ हैं। अतएव इस लक्ष्यको सामने रखकर, इसके लिये दृढ़ संकल्प करके मानवको सतत प्रयत्नशील होना चाहिये। नीचे लिखे कुछ साधन इसमें सहायक और लाभप्रद हो सकते हैं—

(१) भगवत्प्रेमको ही जीवनका एकमात्र परम उद्देश्य समझना और इसे हर हालतमें निरन्तर लक्ष्यमें रखकर ही सब काम करना।

(२) जहाँतक बने, सहज ही स्वरूपतः भोग-त्याग तथा भोगासक्तिका त्याग करना। जगत्‌के किसी भी प्राणी-पदार्थ-परिस्थितिमें राग न रखना।

(३) अभिमान, मद, गर्व आदिको तनिक-सा भी आश्रय न देकर सदा अपनेको अकिंचन, भगवान्‌के सामने दीनातिदीन मानना।

(४) कहीं भी ममता न रखकर सारी ममता एकमात्र भगवान् प्रियतम श्रीकृष्णके चरणोंमें केन्द्रित कर देना।

(५) जगत्‌के सारे कार्य उन भगवान्‌की चरण-सेवाके भावसे ही करना।

(६) किसी भी प्राणीमें द्वेष-द्रोह न रखकर, सबमें श्रीराधा-माधवकी अभिव्यक्ति मानकर सबके साथ विनयका, यथासाध्य उनके सुख-हित-सम्पादनका बर्ताव करना। सबका सम्मान करना, पर स्वयं कभी मान न चाहना, न कभी स्वीकार करना।

(७) जगत्‌का स्मरण छोड़कर नित्य-निरन्तर भगवान्‌के स्वरूप, नाम, लीला आदिका प्रेमके साथ स्मरण करना।

(८) प्रतिदिन नियत संख्यामें, जितना जो सुविधापूर्वक कर सकें—

हरे राम हरे राम राम राम हरे हरे।
हरे कृष्ण हरे कृष्ण कृष्ण कृष्ण हरे हरे॥

या पहले 'हरे कृष्ण' से शुरू करके जप करना। दिनभर इस सोलह नामके मन्त्रको रटते रहना। सुविधा हो तो कुछ समयतक इसीका कीर्तन करना।*

---

* जो लोग केवल 'श्रीराधामाधव' नामका ही जप करना चाहते हैं, वे वही कर सकते हैं। यों

(९) स्व-सुख-वाञ्छाका, निज-इन्द्रिय-तृप्तिका, अपने मनके अनुकूल भोग-मोक्षकी इच्छाका सर्वथा परित्याग करके भगवान् श्रीकृष्णको ही प्रियतम-रूपसे भजना तथा प्रत्येक कार्य केवल उन्हींके सुखार्थ करना।

(१०) आगे बढ़े हुए प्रेमी साधक 'मञ्जरी'भावसे उपासना कर सकते हैं। मञ्जरीभावका अर्थ है—अपनेको श्रीराधाजीकी किंकरी मानकर आठों पहर श्रीराधामाधवके सुख-सेवा-सम्पादनमें अपनेको सर्वथा खो देना—केवल सेवामय बना देना।

(११) अपने साधन-भजन तथा भगवत्कृपासे होनेवाली अनुभूतियोंको यथासाध्य गुप्त रखना।

तो 'हरे' 'कृष्ण' 'राम'—इनका भी अर्थ 'राधामाधवपरक' भी किया जाता है, अतएव राधामाधवभावसे भी षोडशनाम-महामन्त्रका जपकीर्तन हो सकता है—

अर्थ यों है—

'हरे'—

हरति श्रीकृष्णमनः कृष्णाह्लादस्वरूपिणी।
अतो हरेत्यनेनैव राधिका परिकीर्तिता॥

"जो श्रीकृष्णके मनको हरण करती हैं, वे 'हरा' हैं अर्थात् 'कृष्णमनोहरा' हैं। श्रीकृष्णाह्लाद-स्वरूपिणी वे श्रीराधिकाजी ही 'हरे' नामसे कही जाती हैं।"

'कृष्ण'—

आनन्दैकसुखस्वामी श्यामः कमललोचनः।
गोकुलानन्दनो नन्दः कृष्ण इत्यभिधीयते॥

"जो आनन्द एवं सुखके एकमात्र स्वामी हैं और जो गोकुलको आनन्द देनेवाले तथा स्वयं आनन्दरूप हैं, वे आनन्द-रस-लीला-विग्रह कमललोचन श्यामसुन्दर ही 'कृष्ण' नामसे कहे जाते हैं।"

'राम'—

'रा'कारः श्रीमती राधा 'म'कारो मधुसूदनः।
द्वयोर्विग्रहसंयोगाद् 'राम' नाम भवेत् किल॥

"'रा'कार श्रीमती राधाका और 'म'कार मधुसूदन—कृष्णका वाचक है। इन दोनों स्वरूपोंके संयोगसे 'राम' नाम बनता है।"

(१२) सम्मान-पूजा-प्रतिष्ठाको विषके समान समझकर उनसे सदा बचना। बुरा कार्य न करना, पर अपमानको अमृतके समान मानकर उसका आदर करना।

उपर्युक्त बारह साधनोंको श्रद्धा-प्रेमपूर्वक अपनानेका प्रयत्न करनेपर श्रीराधामाधवकी सहज कृपासे हमारा जीवन उनके प्रेम-मार्गपर चलने लायक बन सकेगा, ऐसी आशा है।

आज श्रीराधाजन्माष्टमीका महोत्सव मनाने, श्रीराधामाधवका पवित्र स्मरण करने तथा उनके सम्बन्धमें कुछ चर्चा करनेका सौभाग्य श्रीराधामाधवकी कृपासे ही मिला है। उनकी बार-बार जय-जयकार करें।

प्रार्थना

राधा-माधव-पद-कमल बंदौ बारंबार।
मिल्यौ अहैतुक कृपा तैं यह अवसर सुभ-सार॥
दीन-हीन अति, मलिन-मति, बिषयनि कौ नित दास।
करौं बिनय केहि मुख, अधम मैं, भर मन उल्लास॥
दीनबंधु तुम सहज दोउ, कारन-रहित कृपाल।
आरतिहर अपुनौ बिरुद लखि मोय करौ निहाल॥
हरौ सकल बाधा कठिन, करौ आपुने जोग।
पद-रज-सेवा कौ मिलै मोय सुखद संजोग॥
प्रेम-भिखारी पर्‌यौ मैं आय तिहारे द्वार।
करौ दान निज-प्रेम सुचि, बरद जुगल-सरकार॥
श्रीराधा-माधव-जुगल हरन सकल दुखभार।
सब मिलि बोलौ प्रेम तैं तिनकी जै-जै-कार॥

बोलो श्रीराधामाधवकी जय! जय!!

——::×::——

श्रीराधा-माधवका मधुर रूप-गुण-तत्त्व

(सं० २०२७ वि० के श्रीराधाष्टमी-महोत्सवपर प्रवचन)

(दिनका प्रवचन)

श्रीराधां परमाराध्यां कृष्णसेवापरायणाम्।
श्रीकृष्णाङ्गसदाध्यात्रीं परमाभक्तिरूपिणीम्॥

स्वेदकम्पकण्टकाश्रुगद्गदादिसंचितामर्षहर्षवामतादिभावभूषणाञ्चिता।
कृष्णनेत्रतोषिरत्नमण्डनालिदाधिका मह्यमात्मपादपद्मदास्यदास्तु राधिका॥
या क्षणार्धकृष्णविप्रयोगसंततोदिता नैकदैन्यचापलादिभाववृन्दमोदिता।
यत्नलब्धकृष्णसङ्गनिर्गताखिलाधिका मह्यमात्मपादपद्मदास्यदास्तु राधिका॥

आज श्रीराधा-प्राकट्य-महोत्सवका मङ्गल दिवस है। श्रीराधाके तीन रूप हैं—

१. शक्तिमान् 'रस'ब्रह्मकी 'भाव'रूपा नित्य ह्लादिनी-स्वरूपाशक्ति, जो अनादिकालसे 'अमूर्त'रूपमें शक्तिमान्के साथ अपृथक्‌रूपमें विराजित है।

२. उसी 'महाभाव'रूपा ह्लादिनी नित्या शक्तिका अतुलनीय अनन्त सौन्दर्यमाधुर्यमय 'मूर्त'रूप, जो पृथक्‌रूपमें रहकर, सर्वत्यागपूर्वक प्रियतम श्रीकृष्णसुखैकजीवना होकर, उनके मनोऽनुकूल सेवाके लिये अनन्त विचित्र लीला करती हैं और उनके स्व-सुखवाञ्छारहित परम त्यागमय विशुद्ध सेवा-रसका मधुर आनन्दास्वादन पूर्णकाम भगवान् श्रीकृष्ण नित्य अतृप्तरूपसे उत्तरोत्तर बढ़ती हुई लालसाके साथ करते रहते हैं।

३. भक्तिकी सर्वोच्च परिणतिका वह दिव्य रूप, जिसमें भुक्ति-मुक्तिकी समस्त वासनाओंका पूर्ण त्याग होकर केवल भगवत्प्रीत्यर्थ उनका अनन्य सेवन-भजन किया जाता है।

आजके दिन मङ्गलमय वृषभानुपुरके रावल ग्राममें इस धराधाममें अमूर्त राधाका 'मूर्त'रूपमें प्राकट्य हुआ था, जिसने अपने जीवनके एक-एक क्षण, एक-एक विचार, एक-एक क्रियाको नित्य प्रेष्ठतम श्रीकृष्णकी सेवामें लगाकर साधकों, भक्तों तथा जगत्के सभी लोगोंके सामने सहज ही भक्तिके यथार्थ स्वरूपका एक अत्यन्त महत्त्वपूर्ण जीता-जागता उदाहरण उपस्थित किया।

भगवान् श्रीकृष्ण और श्रीराधाजीके सम्बन्धमें प्राचीन शास्त्रोंमें तथा अनुभवी

संतों-भक्तोंकी मङ्गलमयी वाणीमें बहुत कुछ लिखा-कहा गया है। संयम-नियम तथा श्रद्धा-विश्वासका अवलम्बन करके यदि उसका अध्ययन-मनन किया जाय तो श्रीराधा-माधवके स्वरूपकी पहले धारणा, पश्चात् अनुभूति हो सकती है और उनकी उपासना करके हम अपना जीवन सफल कर सकते हैं।

त्यागकी आवश्यकता

भगवत्प्राप्ति या आत्मसाक्षात्कार और लौकिक अभ्युदय—सभीकी सिद्धिके लिये त्यागकी आवश्यकता है। त्यागके बिना कभी सफलता नहीं मिलती। त्यागीके पास 'सिद्धि' अपने-आप दौड़ी जाती है और 'भोगी'का जीवन निश्चित असफल होता है। त्यागमें शान्ति-सुख है, भोगमें अशान्ति-दुःख है। श्रीराधाके भाव, चरित्र, विचार तथा क्रियाका अध्ययन करनेसे हमें त्यागकी सफल शिक्षा मिलती है। प्रेमके बिना साध्य वस्तुकी पूर्ण प्राप्ति नहीं होती और त्यागके बिना प्रेमकी कल्पना भी विडम्बना है। प्रेममें ग्रहण नहीं है, त्याग है; वह लेन-देनका व्यापार नहीं है समर्पण है। प्रेम देना जानता है, लेना नहीं। इसीलिये कहा गया है कि जहाँ प्रेमके लिये ही प्रेम है, वहाँ 'प्रेम' है; जहाँ कुछ भी पानेके लिये प्रेम है, वहाँ वह प्रेम नहीं है, 'काम' है। प्रेम 'निर्मल भास्कर' है, काम 'मलयुक्त अन्धकार' है। फिर चाहे 'प्रेम' का नाम 'काम' हो या 'काम'का नाम 'प्रेम' हो। नाममें कोई तत्त्व नहीं है, तत्त्व है भावमें। गोपाङ्गनाओंके और श्रीराधाके प्रेमका नाम काम है, पर वह 'काम' है केवल प्रियतम श्रीकृष्णको सुख पहुँचानेकी अनन्य कामना, जिसका सर्वत्यागकी भूमिकामें ही उदय होता है। भगवान् ही नहीं, संसारमें किसीसे भी प्रेम करना हो तो उससे कभी भी, कुछ भी प्राप्त करनेकी कल्पना भी न करो। तुम्हारे पास जो कुछ है, परम सुख मानकर उसे देते रहो उसके सुख-हित-सम्पादनार्थ। अपनेको भूल जाओ, भूले रहो सर्वथा और सर्वदा। धर्ममें प्रेम है तो धर्मके लिये दो, बदलेमें कुछ मत चाहो; चाहो तो धर्मार्थ देनेकी ही वृत्ति और स्थिति चाहो। देशके प्रति प्रेम है तो देशके लिये अपना तथा अपने सर्वस्वका हँसते हुए बलिदान कर दो, बदलेमें कभी कुछ चाहो मत, चाहो तो यही कि देशका सुख-हित ही नित्य अपने जीवनका स्वरूप बना रहे और उसके

लिये त्यागकी शक्ति-वृत्ति सदा बढ़ती रहे। पिता-पुत्र, भाई-भाई, गुरु-शिष्य, पड़ोसी-पड़ोसी, पति-पत्नी, मित्र-मित्र—सबमें इसी त्याग-भावनासे देनेकी वृत्ति रखो, पानेकी नहीं। उत्तरोत्तर प्रेम बढ़ेगा और साथ ही आनन्द बढ़ेगा। यह याद रखना चाहिये—जहाँ त्याग है, वहाँ प्रेम है और जहाँ प्रेम है, वहीं आनन्द है। इसके विपरित जहाँ ग्रहण है, वहाँ स्वार्थ है और जहाँ स्वार्थ है, वहीं दुःख है। व्रजके मधुर प्रेममें राधा तथा गोपसुन्दरियोंकी रागात्मिका मधुर भक्तिमें पद-पदपर इस 'त्याग'की शिक्षा मिलती है, जिससे त्यागके स्वरूपका पता लगता है, त्यागयुक्त साधनाको प्रोत्साहन मिलता है और त्यागके परम शक्तिमय पाथेयको साथ लेकर साधक निष्काम कर्मयोग, विशुद्ध भक्तियोग और तत्त्वज्ञानके मार्गपर अग्रसर होकर अपने ध्येयको सहज ही प्राप्त कर सकता है।

आज इस राधाष्टमीके महोत्सवपर हमलोगोंको श्रीराधाका मङ्गल-स्मरण करके उनके द्वारा प्रदर्शित त्यागमय प्रेम-पथका ग्रहण करना है, तभी उत्सवकी सार्थकता है। यह निश्चितरूपसे जान लेना चाहिये कि विशुद्ध प्रेम, प्रेमरूपा भक्ति, भाव-राग-अनुरागका पथ अथवा रसमार्ग सर्वथा संयममय और त्यागमय है। केवल परम त्यागकी नींवपर ही पवित्र प्रेमका मङ्गल-शोभन प्रासाद बन सकता है, कामके ऊपरसे चमकते गंदे कीचड़पर नहीं। प्रीति, स्नेह, मान, प्रणय, राग, अनुराग, भाव, महाभाव—सभीमें उत्तरोत्तर त्याग और समर्पणकी वृद्धि है। जैसे भगवान्‌का सौन्दर्य-माधुर्य प्रतिक्षण वर्द्धमान है, उसी प्रकार प्रेमी भक्तका प्रेम, उसके त्यागमय समर्पणका भाव उत्तरोत्तर प्रतिक्षण वर्धमान होना चाहिये। जो भगवान्‌से प्रेम भी करना चाहता है और भोग-जगत्‌में छिपी आसक्ति रखकर भगवान्‌से भोगवासनाकी पूर्ति कराना चाहता है, वह स्वयं ही अपनी वञ्चना करके अपने लिये नरकका मार्ग प्रशस्त कर रहा है और जगत्‌के प्राणियोंके सामने पतनकारक उदाहरण रख रहा है। अतएव इस क्षेत्रमें आनेवालोंको बड़ी सावधानीके साथ संयम-नियमका पालन करते हुए अपने इन्द्रिय-मन-बुद्धि-प्राण-आत्मा सबको परम प्रेमास्पद भगवान्‌के समर्पणके लिये प्रस्तुत करना चाहिये। इस पवित्र प्रेमके क्षेत्रमें भगवान् केवल त्यागमय अनन्य प्रेमवासनाको देखते हैं—जाति, कुल, विद्या, पद, अधिकार, लोक आदि कुछ भी

नहीं देखते, न पिछला इतिहास ही देखते हैं। वे देखते हैं केवल हमारे चित्तकी वर्तमान स्थितिको, समर्पणकी शुद्ध इच्छाको। वह यदि शुद्ध, तीव्र और एकान्त हो तो प्रेमास्पद भगवान् तत्काल हमें स्वीकार कर लेते हैं और हमारी सारी दुर्बलताओंका तुरंत हरण करके हमें अपना दुर्लभ प्रेम प्रदान करते हैं। इस त्यागकी—इस पूर्ण समर्पणकी शिक्षा मिलती है श्रीराधाके पावन-निर्मल चरित्रसे, उनकी आदर्श जीवन-लीलाओंसे। आज हमें उसीका, उनके उन्हीं गुणोंका स्मरण-मनन करना है।

श्रीराधाके दिव्यगुण

जो श्रीराधाजी अचिन्त्यानन्तदिव्यगुण-स्वरूप, सुर-ऋषि-मुनि-मन-आकर्षक, स्वयं-भगवान् श्रीकृष्णके मनको अपने स्वाभाविक दिव्यगुणोंसे नित्य आकर्षित रखनेवाली हैं, जो विशुद्ध श्रीकृष्ण-प्रेम-रत्नकी खान हैं, सती अनसूया-अरुन्धती आदि जिनके पातिव्रतधर्मकी, लक्ष्मी-पार्वती आदि जिनके सौन्दर्य-सौभाग्यकी इच्छा करती हैं, श्रीकृष्ण भी जिनके सद्गुणोंकी गणना नहीं कर सकते और स्वयं श्रीकृष्ण जिनके गुणोंके वशमें हुए रहते हैं, उन दिव्यगुणमयी राधाके असंख्य गुण हैं। अनुभवी भक्तोंने विविध प्रकारसे उनके कुछ गुणोंके दर्शन किये हैं और उनमेंसे कुछ मुख्य-मुख्य गुणोंके नाम बताये हैं। उन्हींमेंसे दो स्थलोंपर बताये हुए इक्यावन प्रधान सहज गुण ये हैं—

१-मधुरा, २-नित्य-नव-वयस्का, ३-चञ्चलकटाक्षविशिष्टा, ४-उज्ज्वल-मृदुमधुरहास्यकारिणी, ५-चारुसौभाग्यरेखाढ्या (हाथ-पैर आदि अङ्गोंपर सौभाग्य-सूचक रेखाओंवाली), ६-गन्धोन्मादितमाधवा (अपनी अङ्ग-सुगन्धसे श्रीकृष्णको उन्मत्त बनानेवाली), ७-संगीतप्रसराभिज्ञा (संगीतविद्यामें निपुणा), ८-रम्यवाक् (मधुरभाषिणी), ९-नर्मपण्डिता, १०-विनीता, ११-करुणापूर्णा (करुणासे पूर्ण हृदयवाली), १२-विदग्धा, १३-पाटवान्विता (सभी कामोंमें चतुरा), १४-लज्जा-शीला, १५-सुमर्यादा (प्रेम-मर्यादाकी भलीभाँति रक्षा करनेवाली), १६-धैर्य-शालिनी, १७-गाम्भीर्यशालिनी (गम्भीरहृदयवाली), १८-सुविलासा (हावभावादिके द्वारा अपने मनोभावोंको समझानेमें चतुर), १९-महाभाव-परमोत्कर्षतर्षिणी

(विशुद्ध त्यागमय प्रेमके उत्तरोत्तर उत्कर्षके लिये व्यग्र रहनेवाली), २०-गोकुल-प्रेमवसति (गोवंशके प्रति प्रेमकी निवासस्थली), २१-जगत्-श्रेणीलसद्-यशा (सारे लोकोंमें जिनका यश व्याप्त है, ऐसी), २२-गुर्वर्पित-गुरुस्नेहा (गुरुजनोंके पूर्ण स्नेहको प्राप्त), २३-सखिप्रणयितावशा (सखियोंके प्रेमके वशीभूत), २४-कृष्ण-प्रियावलिमुख्या (श्रीकृष्णकी प्रियाओंमें मुख्य) और २५-नित्याधीनमाधवा (श्रीमाधव जिनके नित्य अधीन हैं)।

१-अखिलविकारशून्या-नित्यानन्दमयी, २-भोगत्याग-समर्पितात्मा, ३-अचिन्त्यानन्तदिव्यपरमानन्दस्वरूपा, ४-प्रीतिपराकाष्ठामहाभावस्वरूपा, ५-स्वसुखानुसंधानकल्पना-लेशशून्या, ६-पतिव्रताशिरोमणि-अरुन्धती-अनसूयादिद्वारा पूजनीया, ७-श्यामविधुवदनचकोरी, ८-श्रीकृष्णमनोमनस्विनी, ९-श्रीकृष्णप्राणप्राणा, १०-ऋषिमुनिमनःकर्षकचित्ताकर्षिणी, ११-श्रीकृष्णहृदया, १२-श्रीकृष्णजीवना, १३-श्रीकृष्णस्मृतिरूपा, १४-श्रीकृष्णसुखैकमना, १५-श्रीकृष्णा-नन्दप्रवर्धिनी, १६-श्रीकृष्णप्राणाधिदेवी, १७-श्रीकृष्णाराध्या, १८-श्रीकृष्णाराधिका, १९-नित्यकृष्णानुकूल्यमयी, २०-श्रीकृष्णप्रेमतरंगिणी, २१-श्रीकृष्णार्पितमनोबुद्धि, २२-श्रीकृष्णसेवामयी, २३-श्रीकृष्णाश्रया, २४-श्रीकृष्णाश्रिता, २५-श्रीकृष्ण-कीर्तिध्वजा, २६-श्रीकृष्णात्मस्वरूपा।

इनमें श्रीराधाका एक-एक गुण उनके जीवनका एक-एक इतिहास है। ये गुण भक्तोंके आदर्श ज्योतिर्मय पथ हैं, कर्मयोगियोंके त्यागकी शिक्षा देनेवाले हैं और ज्ञानियोंके तत्त्वका साक्षात्कार करानेवाले हैं।

श्रीराधा-गोपी-प्रेमका उच्च आदर्श

श्रीराधा-गोपी-प्रेम भगवान् श्रीराधा-माधवकी अत्यन्त निगूढ़ परम-पावन लीलाका तो एक महत्त्वपूर्ण स्वरूप है ही, इसमें आध्यात्मिक साधनाका बहुत ऊँचा आदर्श प्राप्त होता है। इस श्रीराधा-माधव-प्रेमका मङ्गल-स्मरण करानेवाले इस राधाष्टमी-महोत्सवके अन्यान्य मङ्गलकार्योंके अतिरिक्त विशेष आवश्यक तथा

****

अवश्यकर्त्तव्य तो उस आदर्शको प्राप्त करके उसे यथासाध्य जीवनमें उतारना है—

१—जीवनका चरम और परम लक्ष्य एकमात्र भगवत्प्रेम या भगवान्‌की प्राप्ति ही हो जाय।

२—बुद्धि केवल भगवान्‌का ही विचार करे और जीवनको निरन्तर निश्चितरूपसे भगवान्‌की ओर ही लगाती रहे।

३—मन नित्य-निरन्तर भगवान्‌के ही नाम-रूप-गुण-लीला-तत्त्व-महत्त्वके मङ्गलमय स्मरणमें ही अनवरत रूपसे लगा रहे।

४—समस्त इन्द्रियाँ सदा-सर्वदा केवल भगवद्विषयोंका ही ग्रहण करती रहें।

५—जीवनका प्रत्येक क्षण, प्रत्येक पदार्थ, प्रत्येक सम्बन्ध, प्रत्येक परिस्थिति, प्रत्येक विचार और प्रत्येक कार्य केवल—और केवल भगवान्‌से ही सम्बन्धित हो।

६—चित्तभूमिसे क्षणभर भी भगवान् न हटें। नित्य नयी उमंग तथा नित्य-नवीन उत्साहके साथ भगवान्‌का स्मरण-सेवन होता रहे।

७—सारी आसक्ति, सारी ममता केवल एकमात्र भगवान्‌में ही हो जाय और मनमें केवल भगवत्स्मरण तथा भगवत्सेवाकी विशुद्ध कामना—लालसा रहे और वह उत्तरोत्तर बढ़ती चली जाय।

८—जीवन राग-द्वेष, भोग-ममता-कामना, मद-अभिमान, शोक-विषाद, भय-संदेह और असूया-ईर्ष्यासे सर्वथा रहित हो जाय।

९—प्रत्येक परिस्थितिमें भगवान्‌के कृपा तथा प्रीतिसे पूर्ण मङ्गल विधानके दर्शनसे अनुकूलता तथा आनन्दका अनुभव हो।

१०—जीवन सदा विनय-विनम्र, संयम-नियमपूर्ण, सदाचारपूर्ण, सहज त्याग-रूप तथा सदा-सर्वत्र भगवदीय शान्ति तथा सुखका अनुभव करनेवाला हो।

११—सदा-सर्वत्र श्रीराधा-माधवके नित्य-नूतन परमानन्द-मङ्गलमय, पवित्र सौन्दर्य-माधुर्यमय स्वरूपके तथा उनके प्रेमके दर्शन होते रहें और पल-पलमें चित्तके दिव्य भागवतानन्द-सागरमें अनन्त विविध-विचित्र आनन्द-रस-तरंगें उछलती रहें।

साधनामय जीवनके आदर्शकी ये कुछ बातें जीवनमें अवश्य आ जायँ, इसका

पूर्ण प्रयत्न किया जाय और श्रीराधा-माधवके चरणोंमें इसके लिये कातर प्रार्थना करते रहें। तभी इस मङ्गल-महोत्सवकी सार्थकता और सफलता है।

श्रीराधा-माधव-जुगल ! कीजै कृपा महान।
जा सौं मैं करतौ रहूँ प्रेम-सुधा-रस-पान॥
द्वन्द्वनि में समता रहै, सकल विषमता खोय।
पद-कमलनि में ही सदा ममता सगरी होय॥
मन सुमिरन करतौ रहै मधुर मनोहर नित्य।
नाम-रूप-गुन कौ, सकल तजि कै भोग अनित्य॥
जय श्रीराधा जयति जय, जय माधव घनश्याम।
जयति समरपनमय बिमल प्रेम नित्य सुखधाम॥

बोलो श्रीश्रीराधारानी और उनके परमाराध्य भगवान् श्रीकृष्णकी जय-जय !

[२]

(रात्रिका प्रवचन)

वन्दे वृन्दावनानन्दां राधिकां परमेश्वरीम्।
गोपिकां परमां श्रेष्ठां ह्लादिनीं शक्तिरूपिणीम्॥
हरिपदनखकोटीपृष्ठपर्यन्तसीमा-
तटमपि कलयन्तीं प्राणकोटेरभीष्टम्।
प्रमुदितमदिराक्षीवृन्दवैदग्धिदीक्षा-
गुरुमतिगुरुकीर्तिं राधिकामर्चयामि॥
अतिचटुलतरं तं काननान्तर्मिलन्तं
व्रजनृपतिकुमारं वीक्ष्य शङ्काकुलाक्षी।
मधुरमृदुवचोभिः संस्तुता नेत्रभङ्ग्या
स्नपयति निजदास्ये राधिका मां कदा नु॥

श्रीराधा-प्राकट्य-महोत्सवके सुअवसरपर आज श्रीराधारानी तथा उनके अभिन्नस्वरूप भगवान् श्रीकृष्णके स्वरूप, तत्त्व, महत्त्व, प्रेम तथा प्रेमके स्वरूपका स्मरण करके उनसे विनीत प्रार्थना करना है कि वे हमारे हृदयोंमें विशुद्ध प्रेमकी

पिपासाका उदय करें और अनुग्रहपूर्वक प्रेमदान करके कृतार्थ करें। अब पहले मूल परिपूर्णतम परात्पर तत्त्वका स्मरण किया जा रहा है।

(१)

परिपूर्णतम 'रस'ब्रह्मस्वरूप

सृष्टिके पूर्व सर्वकारण-कारण परात्पर तत्त्व 'भाव'-परिरम्भित 'रस'-रूपमें विद्यमान था। उसी 'भाव'-'रस'रूप मूल तत्त्वसे आनन्दधारा निकलकर विश्वमें विविध आनन्द-वैचित्र्यके रूपमें विकसित हुई। यह परात्पर तत्त्व ही समस्त भावों तथा रसोंका मूल है। यही एक महाभाव-परिरम्भित 'रसराज' श्रीराधा-मुख्या अनन्त गोपाङ्गनाओंसे परिवेष्टित अनन्त परमानन्द-स्वरूप श्रीकृष्ण परिपूर्ण परात्पर तत्त्व हैं। '**सर्वरसः**'के नामसे इन अखिलरसामृतमूर्ति रसराज-स्वरूपका ही निर्देश होता है। स्मरण रखना चाहिये कि 'भाव'के बिना 'रस' नहीं है, 'रस'के बिना 'भाव' नहीं है और 'रस' तथा 'भाव' के बिना 'आनन्द' नहीं है।

महाभावरूपी श्रीराधा अमूर्तरूपमें नित्य रसराज श्रीकृष्णसे परिरम्भित हैं। शक्ति नित्य-निरन्तर शक्तिमान्में निहित है और वही महाभाव श्रीराधाके मूर्तरूपमें 'मादनमहाभाव'रूप परिपूर्ण प्रेमका स्वरूप धारण किये अपनी कायव्यूहरूपा सेवोपकरणस्थानीया व्रजसुन्दरियोंके साथ प्रेष्ठतम श्रीकृष्ण केवल श्रीकृष्णसुखतात्पर्यमयी साक्षात् सेवारूप बना हुआ नित्य-निरन्तर सेवामें संलग्न है। प्रियतमके सुखेच्छानुसार वियोग-संयोग—दोनोंमें सुखमय सेवा-संयोगका अनुभव करती हुई श्रीराधा सेवामय बनी रहती हैं।

इन परात्पर तत्त्व भगवान्को श्रुतियोंने 'अन्न', 'प्राण', 'मन', विज्ञान' (तैत्तिरीय-उ० ३। २—५) आदि नाम देकर अन्तमें 'विज्ञान' नामसे व्यक्त किया, (तैत्तिरीय-उ० ३। ५) इसमें भी जब कमी प्रतीत हुई, तब 'आनन्द' नामसे निर्देश किया।

आनन्दो ब्रह्मेति व्यजानात्। आनन्दाद्ध्येव खल्विमानि भूतानि जायन्ते। आनन्देन जातानि जीवन्ति, आनन्दं प्रयन्त्यभिसंविशन्तीति।

(तैत्तिरीय-उ० ३। ६)

'आनन्द ही ब्रह्म है, इस प्रकार जाना। आनन्दस्वरूपसे ही ये सब भूतप्राणी उत्पन्न होते हैं, उत्पन्न होकर आनन्दके द्वारा ही जीवन-धारण करते हैं और अन्तमें उस आनन्दमें प्रविष्ट हो जाते हैं।'

आनन्दं ब्रह्मणो विद्वान् न बिभेति कुतश्चन।

(तैत्तिरीय-उ० २।९)

'आनन्दो ब्रह्मेति व्यजानात्' (तै० उ० ३।६)

'विज्ञानमानन्दं ब्रह्म' (बृह० उ० ३।९।२८)

—इस प्रकार जगह-जगह श्रुतियोंमें ब्रह्मको 'आनन्द'रूप बतलाया है और कहा है कि 'ब्रह्मके आनन्दस्वरूपको जाननेपर कभी भी भयग्रस्त नहीं होना पड़ता।' पर श्रुतिने इससे भी विशेष एक रहस्यका तत्त्व और बतलाया है। कहा है—

'यदैतत् सुकृतम्। रसौ वै सः। रसं ह्येवायं लब्ध्वाऽऽनन्दी भवति।'

(तैत्तिरीय-उ० २।७)

'वे जो स्वयंकर्ता ('स्वयंरूप' तत्त्व या 'स्वयं भगवान्') हैं, वे पूर्ण रसस्वरूप हैं। इन रसस्वरूप ब्रह्मको प्राप्त करनेपर जीव आनन्दमय हो जाता है।'

जगत्का कारण आनन्द जिससे विकीर्ण होता है, उस 'आनन्द-ब्रह्म'का कारणस्वरूप होनेसे श्रुतिने 'रस-ब्रह्म'को ही परिपूर्ण परात्परस्वरूप बतलाया है। 'सुकृत' शब्दसे 'स्वयंकर्ता' और **'रसो वै सः'** मन्त्रके **'सः'** पदके द्वारा 'पुरुषस्वरूप' सूचित होता है। अतएव वह 'रसब्रह्म' ही 'लीलापुरुषोत्तम' और 'रसिक परब्रह्म' है, ऐसा सिद्ध होता है। 'रसिक' ब्रह्म स्वयं अनन्त आनन्दराशि है, इसलिये उसमें दूसरोंमें 'आनन्द' और 'रस' वितरण करनेकी शक्ति विद्यमान है।

जैसे सविशेष मूर्त पुष्पसे निर्विशेष अमूर्त सुगन्ध सर्वत्र फैलती है, वैसे ही 'सविशेष रसतत्त्व'से 'निर्विशेष आनन्द'का विकास होता है। अतएव पुष्पमें ही जैसे सुगन्ध प्रतिष्ठित है, वैसे ही रसमें ही आनन्दकी प्रतिष्ठा है। गीतामें भगवान्ने कहा है—**'ब्रह्मणो हि प्रतिष्ठाहम्।'** 'मैं श्रीकृष्ण ब्रह्मकी प्रतिष्ठा (आश्रय) हूँ।' अभिप्राय यह कि सविशेष रसब्रह्ममें ही निर्विशेष आनन्दब्रह्म प्रतिष्ठित है। अतएव यह मानना

चाहिये कि 'आनन्दस्वरूपता' ही परात्पर तत्त्वकी शेष सीमा या परिपूर्ण स्वरूप नहीं है, 'रस-स्वरूपता' ही उसका परिपूर्ण स्वरूप है।

रसानन्दस्वरूप श्रीकृष्णकी रसास्वादन-समुत्सुकता

ये परिपूर्ण परात्पर दिव्य रसानन्दस्वरूप ब्रह्म श्रीकृष्ण, सेवानन्दका बहिष्कार करके केवल विशुद्ध सेवा करनेवाली राधामुख्या गोपसुन्दरियोंकी पवित्र सेवाका 'आनन्द'-रसास्वादन करनेके लिये सदा समुत्सुक रहते हैं।

आनन्दके स्वरूपमें तारतम्य

आनन्दके स्वरूपमें बड़ा तारतम्य है। श्रुतिमें 'लौकिक आनन्द' और 'ब्रह्मानन्द'के भेद बतलाये गये हैं। तैत्तिरीय-उपनिषद्में कहा गया है—''युवावस्था' हो, श्रेष्ठ आचरण हो, वेदशिक्षा, शासनकुशलता, सफल कर्मण्यता, रोगरहित सम्पूर्ण अङ्ग तथा इन्द्रियसे युक्त बलवान् सुदृढ़ शरीर और धन-सम्पत्तिसे पूर्ण पृथ्वीपर अधिकार—यों जिसमें मनुष्यलोकके सब प्रकारके श्रेष्ठ भोगानन्द प्राप्त हों, वह 'मानुषानन्द' है। जो मनुष्ययोनिमें उत्तम कर्म करके 'गन्धर्व'-योनिको प्राप्त होते हैं, उनको 'मनुष्य-गन्धर्व' कहते हैं। इन 'मनुष्य-गन्धर्वों'का आनन्द 'मानुषानन्द'से सौगुना है। अर्थात् उपर्युक्त मानुषानन्द-जैसे सौ आनन्दोंको एकत्र करनेपर आनन्दकी जो एक राशि होती है, उतना आनन्द इन 'मनुष्य-गन्धर्वों'का है। मनुष्य-गन्धर्वोंके आनन्दका सौगुना 'देव-गन्धर्वों'का (देवजातीय जन्मजात गन्धर्वोंका) है। इस आनन्दका सौगुना आनन्द चिरस्थायी 'पितृलोक'को प्राप्त 'पितरों'का है। उसका सौगुना आनन्द 'आजानज देवों'का (जो स्मृति-शास्त्रोक्त कर्मोंके फलस्वरूप इस देवलोकको प्राप्त होते हैं, उनका) है। उसका सौगुना आनन्द 'कर्म-देवताओं'का—जो वेदोक्त कर्मोंके फलरूपमें इस देवलोकको प्राप्त हैं—है। इसका सौगुना आनन्द वसु, आदित्य आदि 'नित्य देवताओं'का है। इन देवताओंके आनन्दका सौगुना आनन्द 'इन्द्र'का है। '**अकामहत**'—इन समस्त लोकों—भोगोंकी कामनासे रहित

श्रोत्रियको यह आनन्द स्वतः ही प्राप्त है। इन्द्रके आनन्दका सौगुना आनन्द 'बृहस्पति'का है। बृहस्पतिके आनन्दका सौगुना आनन्द 'प्रजापति'का है। ऐसे जो प्रजापतिके एक सौ आनन्द हैं, वह 'ब्रह्मा'का एक आनन्द है और यह आनन्द ब्रह्मलोकतकके भोगोंमें कामनारहित श्रोत्रियको सहज ही प्राप्त है।'

रसानन्दकी उत्कर्षता

इस प्रकार उत्तरोत्तर आनन्दकी अधिकताका वर्णन करते हुए यह दिखाया गया है कि ये जितने भी आनन्द हैं, 'ब्रह्मानन्द'की तुलनामें अति तुच्छ हैं। इसीलिये इसके बाद ही श्रुति कहती है कि मन-वाणी उस परमानन्दस्वरूपको न पाकर लौट आते हैं, वेदलक्षण-वाक्यकी निवृत्ति हो जाती है। वेद भी इस 'ब्रह्मानन्द'के परिमाणका निर्धारण नहीं कर सकता। इस प्रकारका अवाङ्मनसगोचर आनन्द ही 'ब्रह्मानन्द' है। इस ब्रह्मानन्दसे भी अत्यन्त उत्कर्षसे युक्त 'रसानन्द'—भक्त्यानन्द कहा गया है।

सेवानन्द सबसे बढ़कर

ब्रह्मानन्दो भवेदेष चेत् परार्द्धगुणीकृतः।
नैति भक्तिसुखाम्भोधेः परमाणुतुलामपि॥

(भक्तिरसामृतसिंधु ११। १९-२०)

''एकके ऊपर १७ सुन्ना लगानेपर जो संख्या होती है, उसका नाम है 'परार्द्ध'। ब्रह्मानन्दको परार्द्धकी संख्यासे गुणा करनेपर जिस आनन्दकी उपलब्धि होती है, वह आनन्द भी भक्ति-सुख-सागरकी तुलनामें एक परमाणुके समान भी नहीं है। अर्थात् उस आनन्दसे भी भक्ति-सुख अनन्तगुना अधिक है।'' श्रीमद्भागवतमें आया है—

तुलयाम लवेनापि न स्वर्गं नापुनर्भवम्।
भगवत्सङ्गिसङ्गस्य मर्त्यानां किमुताशिषः॥

श्रीमद्भागवतमें ऐसे कई प्रसङ्ग मिलते हैं, जिनमें ब्रह्मानन्द, कैवल्यमोक्ष आदिकी अपेक्षा भक्ति, प्रेम, लीला-कथा, भगवत्प्रेमियोंके सङ्ग तथा भगवत्सेवा

आदिको बहुत ऊँचा बताया गया है।

श्रीयादवेन्द्रपुरी महाराज कहते हैं—

नन्दनन्दनकैशोरलीलामृतमहाम्बुधौ ।
निमग्नानां किमस्माकं निर्वाणलवणाम्भसा ॥

'श्रीनन्दनन्दनकी किशोरावस्थामें की हुई सुन्दर लीलारूप महान् अमृत-समुद्रमें निमग्न हमलोगोंको निर्वाण-मुक्तिरूप खारे समुद्रकी क्या आवश्यकता है?'

इसीसे भगवत्सेवापरायण जन दिये जानेपर भी सेवाको छोड़कर पाँच प्रकारकी मुक्तियोंको भी स्वीकार नहीं करते। भगवान्ने कहा है—

सालोक्यसार्ष्टिसामीप्यसारूप्यैकत्वमप्युत ।
दीयमानं न गृह्णन्ति विना मत्सेवनं जनाः ॥

(श्रीमद्भागवत ३ । २९ । १३)

'ऐसे सेवाव्रती मेरे जन मेरी सेवाको छोड़कर, दिये जानेपर भी मेरे धाममें नित्य-निवास, मेरे समान ऐश्वर्य-प्राप्ति, मेरी नित्य-समीपता, मेरे-जैसा रूप और मेरे अंदर समा जाना—ब्रह्मरूप हो जाना—इन पाँच प्रकारके मोक्षको स्वीकार नहीं करते।' क्योंकि यह भगवत्-सेवानन्द ब्रह्मानन्दसे कहीं श्रेष्ठ है। ब्रह्मानन्द नित्य एक-रस है, उसमें विलास या नित्य-नूतनता नहीं है; फिर, वह अनुभवमें भी नहीं आता; क्योंकि उसका अनुभव करनेवाला कोई रहता नहीं। पर भगवत्सेवानन्द-सागरमें निरन्तर अनन्त विचित्र विलास-तरंगें उठती हैं।

विशुद्ध सेवाके लिये 'सेवानन्द'का भी त्याग

इतनेपर भी जो वास्तविक प्रेमी महानुभाव हैं, वे इस सेवानन्दकी भी इच्छा नहीं करते। वे चाहते हैं—'विशुद्ध अहैतुकी सेवा'। सेवा करते हैं—सेवाके लिये ही। सेवामें यदि कहीं अपने आनन्दका अनुसंधान या आनन्दप्राप्तिकी वासना रहती है—उसका किंचित् भी आवेश-लेश रहता है, तो उसे प्रेमराज्यमें कलङ्क और प्रेम-सेवाका विघ्न माना जाता है और वे इस प्रकारके आनन्दको अपना घोर विरोधी

****

मानकर उसका तिरस्कार करते हैं।

एक बार प्रियतम श्रीकृष्ण एक दिन खेलते-खेलते बहुत थक गये थे, इसीसे वे निकुञ्जमें ठीक समयपर नहीं पहुँच पाये। श्रीराधारानी उनकी प्रतीक्षा कर रही थीं। वे जब पधारे तो उन्हें अत्यन्त श्रान्तक्लान्त और उनके विशाल भालपर श्रम-बिन्दु-कण देखकर राधाजीको बड़ी मनोव्यथा हुई। वे आदरपूर्वक उन्हें सुकोमल सुरभित सुमन-शय्यापर शयन कराकर पंखा झलने लगीं और जब स्वेद-बिन्दु नहीं रहे, तब राधाजीको अपार आनन्द मिला। फिर वे धीरे-धीरे उनके पैर दबाने लगीं। श्यामसुन्दरकी श्रान्ति दूर हो गयी, उनके मोहन मुखपर मधुर मृदुहास्यका समुदय हो गया। राधारानीने चाहा—'अब इन्हें कुछ देरतक नींद आ जाय तो इनमें और भी स्फूर्ति आ सकती है।' श्यामसुन्दरके नेत्र निमीलित हो गये। राधा धीरे-धीरे उनके पैर दबा रही थीं। अपने परमाराध्य, प्राणप्राण प्रियतम माधवको इस प्रकार परम आनन्दसे सोते हुए देखकर राधारानीके आनन्दका पार न रहा। उनके शरीरमें आनन्द-जनित लक्षण उत्पन्न होने लगे। क्षणभरके लिये 'स्तम्भ' दशा हो गयी और पैर दबाना रुक गया। दूसरे ही क्षण पवित्र अनन्य 'सेवाव्रत'ने प्रकट होकर उन्हें मानो कहा—'राधा ! तुम सेवानन्दमें निमग्न होकर सेवा-परित्यागका पातक कर रही हो।' बस, वे तुरंत सावधान हो गयीं और अपने सेवानन्दको धिक्कार देकर उसका तिरस्कार करती हुई बोलीं—'सचमुच, आज मैंने यह बड़ा पाप—अत्यन्त अपराध किया, जो अपने सुखकी चाह रखकर, सेवा-सुखकी परवा न कर आनन्दमें डूब गयी, सेवाके विघ्न सेवानन्दकी साध रखकर सेवा छोड़ बैठी। हाय! मेरे-जैसी जगत्में दूसरी कौन ऐसी स्वार्थसनी नारी होगी, जो अनन्य-सेवा-व्रतकी रक्षा करते हुए प्रियतम-सेवा न कर सकी—

नव निकुञ्जमें कृष्ण प्रेष्ठतम थके शरीर पधारे आज।
श्रान्त कलेवर था, सुभालपर श्रम-कण-बिन्दु रहे थे भ्राज॥
राधा श्रमित देख प्रियतमको हुई दुखी, कर मधु मनुहार।
सुला दिया कोमल कुसुमोंकी शय्यापर प्रियको, दे प्यार॥
करने लगी तुरत, सुरभित पंखेसे, उनको मधुर बयार।

श्रम कम हुआ, स्वेद-कण सूखे, राधाको सुख हुआ अपार ॥
करने लगी पाद-संवाहन मृदु कर-कमलोंसे अति स्नेह।
श्रान्ति मिटी, मोहन-मुखपर बरसा मृदु-मधुर हास्यका मेह ॥
राधाने चाहा—'प्रियतम अब कर लें निद्राको स्वीकार।
सो जायें कुछ काल, बढ़े जिससे शरीरमें स्फूर्ति-सँभार' ॥
नेत्र निमीलित हुए श्यामके, सोये सुखकी नींद मुकुन्द।
शायित प्रियको देख परम सुख, बढ़ा अमित राधा-आनन्द ॥
होने लगे उदय तनमें आनन्द-चिह्न फिर विविध प्रकार।
हुआ उदय जब 'स्तम्भ', पाद-संवाहन छूटा तब 'क्षण' बार ॥
प्रकट हुआ 'सेवाव्रत', तत्क्षण बोला श्रीराधासे आप।
'सेवानन्द-विभोर! किया कैसे सेवा तजनेका पाप?' ॥
चौंकी, सजग हो गयी राधा, मनसे निकली करुण पुकार।
बना विघ्न 'सेवा'का 'सेवानन्द' जान, देकर धिक्कार ॥
तिरस्कार कर उसका बोली—"मैं मन रख निज सुखकी चाह।
आनँद-मग्न हुई, सेवाकी मैंने की न तनिक परवाह ॥
सचमुच मैंने किया आज यह घोर पाप, अतिशय अपराध।
सेवा त्याग रखी मन मैंने 'सेवानन्द'—विघ्नकी साध ॥
कौन स्वार्थसे सनी जगत्में मेरे-जैसी होगी अन्य।
जो न कर सकी प्रियतम-सेवा रख 'सेवाव्रत'-भाव अनन्य" ॥

विशुद्ध सेवा-रसास्वादनके लिये भगवान्‌के ज्ञान-ऐश्वर्यपर चिच्छक्तिके द्वारा आवरण

इस क्षेत्रमें केवल 'कृष्णसुख-तात्पर्यमयी' विशुद्ध सेवाके लिये प्रेममूर्ति गोपाङ्गनाएँ लोकधर्म, वेदधर्म, लज्जा, धैर्य, देहसुख, आत्मसुख, मुक्तिसुख—सबका सहज त्याग करके अत्यन्त प्रीतिके साथ सेवावेशमें तन्मय हुई सेवा-संलग्न रहती हैं। इन समस्त गोपाङ्गनाओंमें श्रीराधारानी ही सर्वशिरोमणि हैं। श्रीराधाने ही अपनी महान्

कृष्णसेवाकी अतृप्ति तथा अधीरतामें अपने कायव्यूहरूपमें अनन्त कोटि गोपियोंका रूप धारण किया है। श्रीराधासे ही सब गोपियोंका विस्तार है।

ये कोटि-कोटि-कन्दर्प-कमनीय-सौन्दर्य भगवान्‌की स्वरूपाशक्तियाँ अपने कोटि-कोटि आत्माओंसे भी अधिक प्रिय मानकर श्रीकृष्णकी सेवा-उपासना करती रहती हैं और सर्वलोकमहेश्वर अनन्तैश्वर्यस्वरूप, माधुर्य-सौन्दर्य-सुधा-रस-समुद्र, अनन्त परमानन्दोदधि, नित्य-सत्य, चित्स्वरूप भगवान् श्रीकृष्ण अपने स्वरूपानन्दसे भी बढ़कर इस दुर्लभ प्रेमरसानन्दमय विशुद्ध सेवा-रसका आस्वादन करनेके लिये सतृष्ण बने हुए, अपनी ही पवित्र इच्छासे, अपनी ही स्वरूपभूता चिच्छक्तिके द्वारा अपने समस्त ज्ञान-ऐश्वर्यको आवृत कर और समस्त हानि-ग्लानिको भूलकर श्रीराधारानी तथा उन रसमहाविटपकी शाखास्वरूपा श्रीगोपाङ्गनाओंके प्रेमानुरूप नित्य-नव असमोर्ध्व सौन्दर्य-माधुर्य-लीला-विलासका उदय करके उनके द्वारा प्राप्त परम विशुद्ध 'सेवानन्द'का सदा-सर्वदा अतृप्त हृदयसे आस्वादन करते रहते हैं।

न हानिं न ग्लानिं न निजगृहकृत्यं व्यसनितां
न घोरं नोद्घूर्णां न किल कदनं वेत्ति किमपि।
वराङ्गीभिः स्वाङ्गीकृतसुहृदनङ्गाभिरमिते
हरिर्वृन्दारण्येमु परमनिशच्चैर्विहरति॥

'अनङ्ग-प्रेमको जिन्होंने अपना बन्धु मान लिया है, उन व्रजसुन्दरियोंसे घिरे हुए सर्वदोष-प्रपञ्च-माया-हरणकारी स्वयं भगवान् हरि वृन्दावनके निभृतनिकुञ्जोंमें नित्य विहार करते हैं। वे इस विहारमें इतने मुग्ध रहते हैं कि अपनी हानि, ग्लानि, गृहकृत्य, दुःख, भय, सम्भ्रम और लोकनिन्दा—किसीको भी नहीं जानते।'

इसमें ऐश्वर्यका कहीं रंचमात्र भी प्रकाश नहीं है। केवल और केवल विशुद्ध अनिर्वचनीय दिव्य माधुर्य ही सर्वत्र मूर्तिमान् है। इस माधुर्यमें श्रीकृष्ण सर्वथा ऐश्वर्य-ज्ञानविस्मृत हैं।

क्या भगवान्‌के ज्ञान-ऐश्वर्यका आवृत होना सम्भव है? और है तो क्या वह दोष नहीं है?

यहाँ यह प्रश्न होता है कि 'नित्य परिपूर्णतम ज्ञानस्वरूप भगवान् श्रीकृष्णके

अपने स्वरूपभूत ऐश्वर्य तथा स्वरूपभूत ईश्वरता-ज्ञानको भी क्या कोई आवृत कर सकता है? कर सकता है तो वह कौन है? तथा जिनका ऐश्वर्य-ज्ञान आच्छन्न किया जा सकता है, वे क्या पूर्णज्ञान-ऐश्वर्य-शक्तिरूप भगवान् हैं?'—इसका उत्तर यह है—

''यह सर्वथा निर्विवाद सत्य है कि भगवान्‌के परम ज्ञानस्वरूप ऐश्वर्यको—उनकी भगवत्ताको कोई भी आवृत नहीं कर सकता; परंतु मायावृति अविद्या जैसे जीवको संसार-बन्धनमें फँसाकर दुःखका अनुभव करानेके लिये उसके ज्ञानको आवृत करती है और जैसे गुणातीता श्रीव्रजेश्वरी यशोदा आदि महाभाग व्रजपरिकरों या श्रीकृष्णके परिवारके लोगोंको महान् मधुरतम श्रीकृष्णलीला-सुखका अनुभव करानेके लिये चित्-शक्तिकी वृत्ति योगमाया उनके ज्ञानको आवृत कर रखती है, ठीक वैसे ही, स्वयं श्रीकृष्णको उनके 'स्वरूपानन्द'से भी बहुत बढ़े हुए 'आनन्दातिशय'का अनुभव करानेके लिये उन्हींकी स्वरूपभूत इच्छासे, उन्हींकी अपनी चिच्छक्तिकी सारवृत्ति 'प्रेम' ही उनके ऐश्वर्य-ज्ञानको आवृत कर रखता है। यह प्रेम भगवान् श्रीकृष्णका अपना ही स्वरूप है या उनकी अपनी ही लीलामयी स्वरूपाशक्ति है, अतएव उसके द्वारा होनेवाली आवृति न तो दोषरूप होती और न इससे उनकी भगवत्तामें ही कोई बाधा आ सकती है। यह उनकी लीला है, जो उन लीलापुरुषोत्तमसे सदा सर्वथा अभिन्न है।''

माधुर्यलीलाके समय भी ऐश्वर्यकी विद्यमानता

यह भी सर्वथा सत्य है कि श्रीकृष्ण केवल 'षडैश्वर्यपूर्ण' भगवान् ही नहीं—वे अनन्त-अनन्त ऐश्वर्यस्वरूप हैं। उनका दिव्य ऐश्वर्य स्वरूपभूत होनेसे कभी हट या मिट नहीं सकता। इसी प्रकार उनका दिव्य माधुर्य भी अनन्त तथा स्वरूपभूत है। वह भी सदा उनके स्वरूपगत रहता है। परंतु लीलामें कहीं केवल ऐश्वर्यकी लीला होती है, कहीं ऐश्वर्यके साथ किंचित् माधुर्य रहता है, कहीं माधुर्यकी प्रधानता होती है और कहीं केवल माधुर्य ही रहता है। वृन्दावनकी मधुर-लीलामें वृन्दावनके

विविध-भावसम्पन्न प्रेमीजनोंको विविधरूपोंमें केवल माधुर्यका ही अनुभव होता है।

वहाँ भी ऐश्वर्य है, समय-समयपर उसका प्राकट्य भी होता है; पर वहाँके प्रेमियोंको उसका पता ही नहीं लगता। छः दिनके श्रीकृष्णने शिशुघातिनी अपार बलवती पूतना राक्षसीके प्राणोंको मातृस्तन चूसनेके रूपमें चूस लिया, किसी सुदर्शन चक्रका स्मरण नहीं किया। पर वात्सल्य-प्रेमरसमयी यशोदा मैयाके मनको इतना प्रत्यक्ष ऐश्वर्य स्पर्श भी नहीं कर सका। उन्होंने समझा—'भगवान् नारायणने मेरे लालाको बचाया है।' और वे स्वस्तिवाचन कराने तथा गौकी पूँछ लालापर फिराने लगीं।' शिशुत्वकी मुग्धतामें लाला भी सरल कोमल दृष्टिसे माताके मुँहकी ओर ऐसे ताकते रहे, मानो कुछ हुआ ही नहीं। इसी प्रकार शकटभञ्जन, अघासुर-उद्धार, ब्रह्माको अनन्तरूपमें भगवद्दर्शन, गोवर्धनधारण, कालियमर्दन, विशाल-वृक्षोत्पाटन, कुबेरपुत्रोंपर अनुग्रह आदि प्रत्यक्ष ऐश्वर्य-प्रकाशकी लीलाओंमें भी, कहीं भी उन्हें ऐश्वर्य नहीं दिखायी दिया। वहाँके महामहिम माधुर्यने वृन्दावनवासियोंके एकच्छत्र माधुर्य-राज्यमें ऐश्वर्यको आने ही नहीं दिया। वह दूरसे ही झाँकता रह गया।

यह बतलाया जा चुका है कि भगवान्का ऐश्वर्य सदा ही विद्यमान रहता है। वास्तवमें ऐश्वर्यरहित केवल 'मुग्धता' तो भगवान्का माधुर्य है ही नहीं। ऐसी मुग्धता या मोह तो संसारके विषयासक्त लोगों और बच्चोंमें भी रहता है। उसका क्या महत्त्व है? इस माधुर्यमें तो श्रीकृष्णकी सर्वज्ञता, विभुता, सर्वशक्तिमत्ता, ज्ञानस्वरूता, आनन्दमयता आदि सभी ऐश्वर्य-गुण माधुर्यकी मुग्धताके पीछे सभी समय छिपे रहते हैं और समय-समयपर अपना लीलाकार्य करते हैं। इसीसे इस 'भगवत्स्वरूप-माधुर्य'का प्रकाश होता है।

वृन्दावनमें भी ऐश्वर्यकी लीलामें भेद होता है। वृन्दावनवासियोंपर किसी प्रकारका प्रभाव न पड़नेपर भी कहीं ऐश्वर्यका विशेष प्रकाश होता है, कहीं कम प्रकाश होता है, कहीं बिलकुल ही नहीं हो पाता। यहाँतक कि श्रीगोपाङ्गनाओंके सामने एक बार चतुर्भुज रूपका प्राकट्य हुआ था, पर श्रीराधारानीके सामने आते ही वह लुप्त हो गया। उनके निकट ऐश्वर्य प्रकट रह ही नहीं पाया। इसका कारण यही है

कि सभीके भावोंमें, अधिकारमें, स्थितिमें न्यूनाधिकता है और उसीके अनुसार उन्हें भगवत्प्रेम-रसका अनुभव होता है। भक्तोंके प्रेमकी तरतमताके कारण ही माधुर्यके विकासमें तारतम्य रहता है। सभीका प्रेम भगवान्‌में एक-सा नहीं होता। यहाँतक कि गोपाङ्गनाओंमें भी सबकी प्रीति समान नहीं मानी जाती।

अवश्य ही वृन्दावनकी रागात्मिका भक्तिमें माधुर्यका ही साम्राज्य है; 'प्रियतममें गाढ़ तृष्णा', 'परम आविष्टता' और 'प्रियतम श्रीकृष्णकी सुखतात्पर्यमयी विशुद्ध सेवा' ही इस भक्तिके प्राण या आत्मा हैं। इसीसे इस भक्तिके धनी व्रजवासियोंके तन-मन-धन-यौवन-धर्म-ज्ञान—सभी श्रीकृष्णके प्रति सहज समर्पित हैं। उनका राग-विराग श्रीकृष्णके लिये ही है। इस भक्तिके चार स्तर हैं—'दास्य', 'सख्य', 'वात्सल्य' और 'मधुर'। 'शान्त'रस तो इन चारोंकी भित्तिभूमि है, जिसमें मन-इन्द्रिय संयमपूर्ण होकर दास्यभक्तिकी योग्यता प्राप्त होती है। इनमें सर्वापेक्षा श्रेष्ठ सर्वशिरोमणि भक्ति है मधुर और उस मधुर भक्तिका भी स्वसुख-वासनासे सर्वथा शून्य पूर्ण विकास केवल व्रजसुन्दरियोंमें है।

भगवान् प्रेमसेवाके ऋणी

इस प्रेमसेवाका बदला चुकानेमें अपनेको सर्वथा असमर्थ समझकर चिरऋणी मानते हुए श्रीकृष्ण अपनी परम प्रेयसी श्रीगोपाङ्गनाओंसे कहते हैं—

न पारयेऽहं निरवद्यसंयुजां
स्वसाधुकृत्यं विबुधायुषापि वः।
या माभजन् दुर्जरगेहशृङ्खलाः
संवृश्च्य तद् वः प्रतियातु साधुना॥

(श्रीमद्भागवत १०।३२।२२)

'गोपाङ्गनाओ ! तुमने मेरे लिये घर-गृहस्थीकी उन वेड़ियोंको तोड़ दिया, जिन्हें बड़े-बड़े योगी-यति भी नहीं तोड़ पाते। मुझसे तुम्हारा यह मिलन, यह आत्मिक संयोग सर्वथा निर्मल और सर्वथा निर्दोष है। यदि मैं अमर शरीरसे—अमरजीवनसे अनन्तकालतक तुम्हारे प्रेम, सेवा और त्यागका बदला चुकाना चाहूँ तो भी नहीं चुका

सकता। मैं जन्म-जन्मके लिये तुम्हारा ऋणी हूँ। तुम अपने सौम्य स्वभावसे, प्रेमसे मुझे उऋण कर सकती हो; परंतु मैं तो तुम्हारा ऋणी ही हूँ।'

प्रेमराज्यमें मधुररूपमें भगवान्‌की प्राप्ति

इस दिव्य प्रेमके विशाल राज्यमें ही परम मधुर भगवान्‌का नित्य संयोग प्राप्त होता है। नित्य-मधुरातिमधुर भगवान्‌के पावन-मधुर चरणयुगलोंकी प्राप्ति इस प्रेमसे ही होती है; क्योंकि यहाँ भगवान् सहज ही अपनी भगवत्ताको भूलकर प्रेमपरवश हुए रहते हैं। इसीसे एक भक्त कहते हैं—

गोपालाङ्गणकर्दमेषु विहरन् विप्राध्वरे लज्जसे
ब्रूषे गोकुलहुंकृतैः स्तुतिशतैर्मौनं विधत्से सताम्।
दास्यं गोकुलपुंश्चलीषु कुरुषे स्वाम्यं न दान्तात्मसु
ज्ञातं कृष्ण तवाङ्घ्रिपङ्कजयुगं प्रेमैकलभ्यं मुहुः॥

'श्रीकृष्ण! तुम गोपालोंके कीचड़से भरे आँगनमें तो विहार करते हो, पर ब्राह्मणोंके यज्ञमें प्रकट होनेमें तुम्हें लज्जा आती है। एक बछड़ेकी या छोटे-से गोपशिशुकी हुंकार सुनकर 'हाँ, आया'—बोल उठते हो; पर सत्पुरुषोंके सैकड़ों स्तुतियाँ करनेपर भी मौन रह जाते हो। गोकुलकी ग्वालिनियोंकी तो गुलामी स्वीकार करते हो, पर इन्द्रिय-संयमी पुरुषोंके द्वारा प्रार्थना करनेपर भी उनके स्वामी बनना तुम्हें स्वीकार नहीं है। इससे पता लगता है कि तुम्हारे चरण-कमल-युगलकी प्राप्ति एकमात्र प्रेमसे ही सम्भव है।'

रसब्रह्म केवल भावग्राह्य

श्रुतिमें इस बातका भी संकेत मिलता है कि निर्विशेष या अमूर्त आनन्दब्रह्मकी प्रतिष्ठास्वरूप वह समूर्त रसब्रह्म केवल 'भाव' नामक चिदानन्दमयी वृत्तिके द्वारा ही ग्राह्य होता है—

भावग्राह्यमनीडाख्यं भावाभावकरं शिवम्।
कलासर्गकरं देवं ये विदुस्ते जहुस्तनुम्॥

(श्वेताश्वतर० ५। १४)

''केवल 'भाव'से ही प्राप्त होनेयोग्य, आश्रयरहित (अशरीरी), जगत्की सृष्टि और प्रलय करनेवाले शिव—कल्याणस्वरूप देव परमेश्वरको जो साधक जान लेते हैं, वे शरीरको सदाके लिये त्याग देते अर्थात् जन्म-मृत्युके चक्रसे मुक्त हो जाते हैं।''

वह प्राकृत शरीरसे अतीत दिव्य सच्चिदानन्दमय विग्रह है। इसलिये उसे 'आश्रयरहित'—'निराकार' कहा जाता है।

भावकी पराकाष्ठा श्रीराधारानीमें

'भाव' शब्दका प्रसिद्ध अर्थ है—'भक्ति'। वस्तुतः महाभावस्वरूपा श्रीराधाजी ही समस्त भक्तिस्वरूपोंका मूल स्रोत हैं। अतएव श्रीराधाके परिचयमें भक्तिकी समस्त अवस्थाओंका परिचय स्वतः ही प्राप्त हो जाता है। जैसे सम्पूर्ण रसोंके अधिपति श्रीकृष्णसे सब रसोंका प्रकाश है, वैसे ही एक मूर्तिमती महाभावस्वरूपा श्रीराधारानीसे ही अव्यक्त-व्यक्त, अमूर्त-मूर्त—सभी भावोंका, भक्तियोंका विकास-विस्तार होता है और वह तदनुरूप रसतत्त्वको ग्राह्य करवा देता है। ह्लादिनी, प्रेम, भाव, महाभाव, प्रीति, अनुरक्ति आदि सब एक श्रीराधारानीके ही अमूर्त भावविशेष हैं।

भावकी पराकाष्ठा ही महाभाव है। यह महाभाव रूढ़ और अधिरूढ़ भेदसे दो प्रकारका है। श्रीकृष्णमें बद्धमूल कान्त (प्रेष्ठ)-भाव 'रूढ़-महाभाव' है। और जिस अवस्थामें श्रीकृष्णके दर्शन-स्पर्शनादि सुखकी तुलनामें अनन्तकोटिब्रह्माण्डान्तर्गत भूत-भविष्य-वर्तमानके समस्त सुख तथा ब्रह्मानन्दपर्यन्तमें कोई लेशमात्र भी सुख नहीं रह जाता और जिस अवस्थामें श्रीकृष्णके अदर्शनादिजनित दुःखकी तुलनामें करोड़ों-करोड़ों साँप-बिच्छू आदिके द्वारा डँसे जानेका तथा नरकादिका घोर कष्ट भी लेशमात्र दुःख नहीं है—यह अनुभव होता है, उस अवस्थाको 'अधिरूढ़ महाभाव' कहते हैं। यह अधिरूढ़ महाभाव भी 'मोदन' तथा 'मादन' रूपमें दो प्रकारका है। मोदन महाभाव केवल श्रीराधायूथमें ही सम्भव है। इसीको विरह-दशामें 'मोहन' कहा जाता है।

इस मोदन महाभावसे भी अत्यन्त उत्कृष्ट है—ह्लादिनी महाशक्तिका स्थिरांश 'मादन' नामक महाभाव, जो केवल श्रीराधारानीमें ही नित्य विराजित है—

सर्वभावोद्गमोल्लासी मादनोऽयं परात्परः ।
राजते ह्लादिनीसारो राधायामेव यः सदा ॥

(उज्ज्वलनीलमणि १४ । २१९)

"प्रेमकी जिस अवस्थामें सब प्रकारके भावोंका पूर्ण विकास होता है और जो स्वरूपाशक्ति ह्लादिनीका सर्वोत्तम एकमात्र सार है, वह परात्पर 'मादन' नामक महाभाव एकमात्र श्रीराधामें ही सदा-सर्वदा प्रकट रहता है"—

रागात्मिका भक्ति

रागात्मिका भक्तिके दो प्रकार हैं—'सम्बन्धरूपा' और 'कामरूपा'। जिस रागात्मिकामें पिता-माता-बन्धु-स्वामी आदि कोई सम्बन्ध कृष्णसेवामें कारण और नियामक है—उसे 'सम्बन्धरूपा' कहते हैं और नित्यसिद्ध रागवश जो कृष्णसुखतात्पर्यमयी सेवाकी कामनामें तन्मय होकर सर्वनिरपेक्ष भावसे, किसी भी सम्बन्धकी अपेक्षा न रखकर सेवा करते हैं, उनकी रागात्मिका भक्तिको 'कामरूपा' कहते हैं। उनकी कृष्णसेवामें प्रवर्तक केवल 'काम' ही होता है। यह काम है—केवल 'श्रीकृष्णसुखतात्पर्यमयी सेवाकी विशुद्ध वासना'। अतएव यह 'इन्द्रियसुखवासनायुक्त काम' नहीं है, यह 'त्यागमय विशुद्ध प्रेम' है। इसीलिये—

—प्रेमैव गोपरामाणां काम इत्यगमत् प्रथाम्।

"गोपसुन्दरियोंके प्रेमको ही 'काम'के नामसे कहा जाता है।"

भगवान् श्रीकृष्णके अवतारके साधु-परित्राण, दुष्कृतविनाश, धर्मसंस्थापन आदि अनेक विभिन्न प्रयोजन होनेपर भी उनके माधुर्यमय स्वरूपका मुख्य मधुर प्रयोजन है—'स्वरूपाशक्ति श्रीराधा और उनकी कायव्यूहरूपा श्रीव्रजसुन्दरियोंके पवित्र प्रेम-रसानन्दका आस्वादन' और 'स्वरूपभूत अपने प्रेमरसानन्दका वितरण'।

इसके अनेक स्वरूप हैं—जैसे—१.अपने स्वरूपके प्रति अपनी स्वरूपा-शक्ति श्रीराधाका जो विलक्षण प्रेम है, उसकी महिमाका आस्वादन, २.एकमात्र श्रीराधामें ही प्रकट मादनाख्य महाभावके द्वारा आस्वाद्य स्वरूपके आश्चर्य-चमत्कारमय विलक्षण अपने ही माधुर्यका आस्वादन और ३.श्रीराधाके रूपमें अपनेसे (श्रीकृष्णसे) भी

अनन्तगुना अधिक श्रीकृष्णसेवा-माधुर्यका आस्वादन।

भगवान् श्रीकृष्णके प्राकट्यके इस मुख्य प्रयोजनकी सिद्धिका परम आधारभूत तथा क्रियात्मक एकमात्र दिव्य साधन हैं—रस-सुधा-सागरकी अनन्त विचित्र तरंगोंसे आप्लावित-हृदय सर्वत्यागमयी श्रीराधा।

मादन-अवस्थामें प्रेमरसके विचित्र आस्वादन

श्रीराधाकी मादनाख्य सर्वश्रेष्ठ भक्तिकी 'गाढ़ तृष्णा' और 'इष्टमें परमाविष्ट-मति'—इन दो भावोंके कारण श्रीराधा तथा 'समर्था'रतिवती श्रीगोपाङ्गनाओंकी 'प्रियतम-सुख-तात्पर्यमयी' सहज स्वाभाविक चेष्टारूपी सुधारस-तरंगें नित्य नये-नये रूपोंमें तरंगित होती रहती हैं। यहाँतक कि प्रियतम श्रीकृष्णके 'नाम', उनकी कण्ठध्वनि तथा उनके स्वरूप आदिके तनिक-से बाह्य सम्बन्धमात्रसे ही श्रीराधाकी उन्मादावस्था हो जाती है और वे विश्वविस्मारिणी उस मत्तस्थितिमें ही मधुरतम प्रियतम-प्रेम-पीयूषका आस्वाद प्राप्त करती रहती हैं। दो तरंगोंके दर्शन कीजिये—

१.एक बार दो सखियोंके साथ श्रीराधाजी प्रियतम श्रीकृष्णकी मधुर चर्चा कर रही थीं कि उन्होंने किसीसे 'कृष्ण' यह मधुर नाम सुना। नामके इन अक्षरोंके सुनते ही उस नामके नामीके प्रति मनमें प्रेम उमड़ चला। उसी समय मधुर वंशीध्वनि सुनायी दी। उसके कानमें पड़ते ही वंशीवालेके प्रति मनमें प्रीति उछलने लगी। इसी बीच किसीने श्रीकृष्णका चित्र उन्हें दिखा दिया। चित्र देखते ही उनके मनमें जिसका चित्र है, उसके प्रति अकस्मात् आत्यन्तिक रतिका उदय हो आया। राधारानी जानती भी नहीं हैं कि यह दिव्य सुधा-मधुर 'कृष्ण' नाम किसका है, मधुर मुरलीमें किसका मधुर मनोहर कण्ठस्वर सुनायी दे रहा है और चित्रमें अङ्कित मनोहर मूर्ति किसकी है। आश्चर्यकी बात यह है कि इसके पता लगानेकी जरा भी अपेक्षा न रखकर तीनोंके ही द्वारा एक ही कालमें राधारानीका चित्त अनिवार्यरूपसे अपहृत हो गया, तब राधारानी अपनेको धिक्कारती हुई बोलीं—

एकस्य श्रुतमेव लुम्पति मतिं कृष्णेति नामाक्षरं
सान्द्रोन्मादपरम्परामुपनयत्यन्यस्य वंशीकलः।
एष स्निग्धघनद्युतिर्मनसि मे लग्नः परो वीक्षणात्
कष्टं धिक् पुरुषत्रये रतिरभून्मन्ये मृतिं श्रेयसीम्॥

(विदग्धमाधव, अंक २। ९)

"एकके—'कृष्ण' इस नामके अक्षर कानोंमें पड़ते ही मेरे मनको लूट लेते हैं, दूसरेकी वंशीध्वनि घनीभूत उन्माद-परम्पराकी प्राप्ति करा देती है और स्निग्ध मेघश्याम कान्तिवाला पुरुष तो एक बारके दर्शनमात्रसे मेरे हृदयमन्दिरमें आ बसा है। छिः! कितने कष्टकी बात है कि तीन पुरुषोंमें मेरा प्रेम हो गया। इस अवस्थामें तो मर जाना ही मेरे लिये श्रेयस्कर है।"

२.श्रीराधारानी एक दिन निकुञ्जमें बड़े प्रेमसे प्रियतम श्यामसुन्दरको भोजन करा रही थीं। उन्होंने अपने कर-कमलोंसे कई प्रकारके षड्रसयुक्त पदार्थ बनाये थे; वे बड़े चाव तथा मनुहारसे उन्हें परोस रही थीं और प्रियतम सराह-सराहकर मधुर मुसकाते तथा आदर्श विनोद करते हुए भोग लगा रहे थे। इसी बीच एक सखा वहाँ आ गया और उसने कहा—'प्यारे कन्हैया! मैंने तो सुना था कि श्यामसुन्दर अभी कालिन्दी-कूलपर क्रीड़ा कर रहे हैं, तुम यहाँ कैसे कब आ गये?' सखाके वचनोंमें 'मैंने सुना था' यह वाक्य तथा 'तुम यहाँ कैसे कब आ गये?' यह वाक्य तो राधाको सुनायी ही नहीं दिये, उनके कानमें केवल यह वाक्य पहुँचा—'श्यामसुन्दर अभी कालिन्दी-कूलपर क्रीड़ा कर रहे हैं।' बस, राधाको प्रेमवैचित्त्य-दशा प्राप्त हो गयी। वे भूल गयीं कि श्यामसुन्दर यहीं विराजित हैं और भोजन कर रहे हैं; वे अत्यन्त व्याकुल हो गयीं और बोलीं—

'याद पड़ रहा है आये थे, भोजन करने मोहन श्याम।
परस रही थी मैं उनको अति रुचिकर भोज्यपदार्थ तमाम॥
यह मेरा भ्रम था, माधव तो खेल रहे कालिन्दी-कूल।
आये क्यों न अभी? क्या क्रीड़ामें वे गये सभी कुछ भूल॥
भूखे होंगे, कैसे उन्हें बुलाऊँ अब मैं यहाँ तुरंत?

हृदय विदीर्ण हो रहा, कैसे हो इस मेरे दुखका अन्त ॥
बना-बनाया भोजन क्या यह नहीं आयगा प्रियके काम ?।
क्या वे इसे धन्य करनेको नहीं पधारेंगे सुखधाम ?' ॥
माधव सुन हँस रहे प्रियाका यह मधु प्रेमविलाप-विलास।
बोले—'राधे! चेत करो, देखो मैं रहा तुम्हारे पास ॥
छोड़ दिया क्यों तुमने वस्तु परसना, होकर व्यर्थ उदास?
भूखा मैं यदि रह जाऊँगा, होगी तुम्हें भयानक त्रास' ॥
यों कह, मृदु हँस, माधवने पकड़ा राधाका कोमल-हाथ।
चौंकी, बोली—'हाय ! हो गयी मुझसे बड़ी भूल यह नाथ!' ॥
कैसी मैं अधमा हूँ, जो मैं भ्रमसे गयी जिमाना भूल।
व्यर्थ मान बैठी, प्रिय ! तुम हो खेल रहे कालिन्दी-कूल ॥
लगी प्रेमसे पुनः परसने विविध स्वादयुत वस्तु ललाम।
भोग लगाने लगे, मधुर लीला पर हँसकर प्रियतम श्याम ॥

इस प्रकार राधारानीके प्रेम-रस-सागरमें अनेक नयी-नयी तरंगें उठ-उठकर उन्हें नित्य नवीन प्रेमानन्द-रसका आस्वादन कराती रहती हैं। पर इन सबमें सहज उद्देश्य होता है—एक ही प्रियतम श्रीकृष्णका सुख-सम्पादन। राधाके जीवनका सब कुछ एकमात्र इसीलिये है।

महत्त्व और प्रार्थना

भगवान् श्रीकृष्ण और श्रीराधाके महत्त्व तथा उपासनाके सम्बन्धमें शास्त्रोंमें और भक्त-संतोंकी वाणीमें बहुत कुछ लिखा गया है। यहाँ 'पद्मपुराण, पातालखण्ड'के कुछ शब्द उद्धृत किये जा रहे हैं, जो भगवान् शंकर और भगवान् श्रीकृष्णके संवादके हैं। श्रीमहादेवजीको मनोहर यमुनाजीके तटपर सर्वदेवेश्वरेश्वर भगवान् श्रीकृष्णके इस रूपमें दर्शन होते हैं—"उनकी किशोर अवस्था है, मनोहर गोपवेष है, प्रिया श्रीराधिकाजीके कंधेपर अपनी मनोहर वाम भुजा रखे हैं, असंख्य गोपियोंसे घिरे हुए हैं, मधुर-मधुर हँस रहे हैं और सबको हँसा रहे हैं। उनके शरीरकी कान्ति सजल

जलदके सदृदश स्निग्ध श्याम-वर्ण है। वे कल्याणगुणधाम हैं।' उन्होंने हँसते हुए भगवान् शंकरसे कहा—'रूद्र! आपने आज जो मेरे इस अलौकिक दिव्य रूपका दर्शन किया है, उपनिषद् मेरे इसी घनीभूत निर्मल प्रेममय सच्चिदानन्द-विग्रहको अरूप (निराकार), निर्गुण, निष्क्रिय और परात्पर ब्रह्म कहते हैं। मुझमें प्रकृतिजनित गुण नहीं हैं और मेरे गुण (प्राकृतिक दृष्टिसे) सिद्ध नहीं हैं, इसीसे सब मुझको 'निर्गुण' कहते हैं। मेरा कहीं अन्त नहीं है, इससे लोगोंके द्वारा मैं 'ईश्वर' कहा जाता हूँ। महेश्वर! मेरा यह रूप (प्राकृतिक—पाञ्चभौतिक न होनेके कारण) चर्मचक्षुओंसे इसे कोई देख नहीं सकता, इसलिये वेद मुझे अरूप या 'निराकार' बतलाते हैं। मैं ही चेतन-अंशके रूपमें सर्वव्यापी हूँ, इससे पण्डितगण मुझे 'ब्रह्म' कहते हैं और मैं विश्व-प्रपञ्चका कर्ता नहीं हूँ, इससे बुधजन मुझे 'निष्क्रिय' कहते हैं। शिव! वास्तवमें ही यह विश्व-सृष्टि आदि कार्य मैं स्वयं नहीं करता! मेरे अंश-गण ही मायागुणके द्वारा सृष्टि आदि कार्य करते रहते हैं।'

फिर भगवान् श्रीकृष्णने कहा—'मैं सदा ही इन गोपियोंके प्रेममें विह्वल रहता हूँ—× × ×ये मेरी प्रिया हैं, इनका नाम राधिका है। इनको परम देवता समझो; मैं इनके वशीभूत रहकर सदा ही इनके साथ लीला-विहार करता रहता हूँ।'

इसके बाद, गोपीगण, नन्द-यशोदा, गौ तथा वृन्दावन आदिकी महिमा बतलानेके पश्चात् भगवान् महादेवके द्वारा युगलस्वरूपके साक्षात्कारका उपाय पूछनेपर भगवान् श्रीकृष्ण कहते हैं—

'रुद्र! जो एक बार हमारी शरणमें आ जाता है, वह दूसरे उपाय छोड़कर निरन्तर हमारी ही उपासना करता है। × × जो एकमात्र मेरी प्रिया (राधा) की अनन्यभावसे सेवा करता है, वह बिना किसी साधनके निश्चय ही मुझको प्राप्त होता है। × × अतएव यदि कोई मुझे वशमें करना चाहे तो सब प्रकारसे प्रयत्न करके मेरी प्रियाके शरणापन्न हो—'

तस्मात् सर्वप्रयत्नेन मत्प्रियां शरणं व्रजेत्।

(पद्मपुराण, पाताल० ५१। ८६)

अतएव हम सबको भगवान् श्रीकृष्णकी परम प्रियतमा, विशुद्ध प्रेमकी

घनीभूतमूर्ति श्रीराधारानीके चरणोंमें विनयपूर्वक प्रणाम करके उनके शरण होना है और उनके प्राकट्य-महोत्सवके शुभ मङ्गल-दिवसपर उनकी जय-जयकार करते हुए उनसे प्रेमकी भीख माँगनी है—

रसस्वरूप श्रीकृष्ण परात्पर, महाभावरूपा राधा।
प्रेम विशुद्ध दान दो, कर करुणा अति, हर सारी बाधा॥
सच्चा त्याग उदय हो, जीवन श्रीचरणोंमें अर्पित हो।
भोग-जगत्‌की मिटे वासना, सब कुछ सहज समर्पित हो॥
लग जाये श्रीयुगलरूपमें मेरी अब ममता सारी।
हो अनन्य आसक्ति, प्रीति शुचि, मिटे मोह-भ्रम-तम भारी॥
जय हो पूर्ण परात्पर रस माधव मोहनकी जय जय हो।
जय हो महाभावरूपा राधारानीकी जय जय हो॥

जय जय श्रीराधारानीकी जय जय।

——::×::——

श्रीकृष्ण

प्रार्थना

राधा-दृष्टि-कटाक्षरूप चञ्चल अञ्चलसे नित्य व्यजित।
रहते, तो भी बहती जिनके तनसे स्वेदधार अविरत॥
राधा-अङ्ग-कान्ति अति सुन्दर नित्य निकेतन करते वास।
तो भी रहते क्षुब्ध, नित्य मन करता नव विलास-अविलाष॥
राधा मृदु मुसुकानरूप नित मधुर सुधा-रस करते पान।
तो भी रहते नित अतृप्त जो रसमय नित्य स्वयं भगवान्॥
राधा-रूप-सुधोदधिमें जो करते नित नव ललित विहार।
तो भी कभी नहीं मन भरता, पल-पल बढ़ती ललक अपार॥
ऐसे जो राधा-गत-जीवन, राधामय, राधा-आसक्त।
उनके चरण-कमलमें रत नित रहे हुआ मम मन अनुरक्त॥

——::×::——

श्रीकृष्ण पूर्णब्रह्म भगवान् हैं

गीताके अनुसार यह सिद्ध है कि ईश्वर अपनी इच्छासे अपनी प्रकृतिमें अधिष्ठित होकर जब चाहें तभी लीलासे अवतार धारण कर सकते हैं। संसारमें भगवान्के अनेक अवतार हो चुके हैं, अनेक रूपोंमें प्रकट होकर मेरे उन लीलामय नाथने अनेक लीलाएँ की हैं—**'बहूनि मे व्यतीतानि जन्मानि'**। कला और अंशावतारोंमें कई क्षीरसागरशायी भगवान् विष्णुके होते हैं, कुछ भगवान् शिवके होते हैं, कुछ सच्चिदानन्दमयी योगशक्तिदेवीके होते हैं; किसीमें कम अंश रहते हैं, किसीमें अधिक, अर्थात् किसी लीलामें भगवान्की शक्ति-सत्ता न्यून प्रकट होती है, किसीमें अधिक। इसीलिये सूतजी महाराजने मुनियोंसे कहा है—

एते चांशकलाः पुंसः कृष्णस्तु भगवान् स्वयम्।

(श्रीमद्भा० १।३।२८)

मीन-कूर्मादि अवतार सब भगवान्के अंश हैं, कोई कला है, कोई आवेश है; परंतु श्रीकृष्ण स्वयं भगवान् हैं!

वास्तवमें भगवान् श्रीकृष्ण सब प्रकारसे पूर्ण हैं। उनमें सभी पूर्व और आगामी अवतारोंका पूर्ण समावेश है। भगवान् श्रीकृष्ण अनन्त ऐश्वर्य, अनन्त बल, अनन्त यश, अनन्त श्री, अनन्त ज्ञान और अनन्त वैराग्यकी जीवन्त मूर्ति हैं। प्रारम्भसे लेकर लीलावसानपर्यन्त उनके सम्पूर्ण कार्य ही अलौकिक—चमत्कारपूर्ण हैं। उनमें सभी शक्तियाँ प्रकट हैं। बाबू बंकिमचन्द्र चटर्जीने भगवान् श्रीकृष्णको अवतार माना है और लाला लाजपतराय आदि विद्वानोंने महान् योगेश्वर। परंतु इन महानुभावोंने भगवान् श्रीकृष्णको जगत्के सामने भगवान्की जगह पूर्ण मानवके रूपमें रखना चाहा है। मानव कितना भी पूर्ण क्यों न हो, वह है मानव ही; दूसरी ओर भगवान् भगवान् ही हैं, वे अचिन्त्य और अतर्क्य-शक्ति हैं। महामना बंकिम बाबूने अपने भगवान् श्रीकृष्णको सर्वगुणान्वित, सर्वपापसंस्पर्शशून्य, आदर्शचरित्र पूर्ण मानवके रूपमें

विश्वके सामने उपस्थित करनेके अभिप्रायसे उनके अलौकिक ऐश्वर, मानवातीत, मानव-कल्पनातीत, शास्त्रातीत और नित्य-मधुर चरित्रोंको उपन्यास बतलाकर उड़ा देनेका प्रयास किया है; उन्होंने भगवान्के ऐश्वर्यभावके कुछ अंशको—जो उनके मनमें निर्दोष जँचा है—मानकर, शेष रस और ऐश्वर्यभावको प्रायः छोड़ दिया है। इसका कारण यह है कि वे भगवान् श्रीकृष्णको पूर्ण मानव आदर्शके नाते भगवान्का अवतार मानते थे, न कि भगवान्की स्वरूप-सत्तासे अलौकिक शक्तिके नाते। यह बात खेदके साथ स्वीकार करनी पड़ती है कि विद्याबुद्धिके अत्यधिक अभिमानने भगवान्को तर्ककी कसौटीपर कसनेमें प्रवृत्त कराकर आज मनुष्य-हृदयको श्रद्धाशून्य, शुष्क, रसहीन बनाना आरम्भ कर दिया है। इसीलिये आज हम अपनेको भगवान् श्रीकृष्णके वचनोंका माननेवाला कहते हैं, परंतु भगवान् श्रीकृष्णको भगवान् माननेमें और उनके शब्दोंका सीधा अर्थ करनेमें हमारी बुद्धि सकुचाती है और ऐसा करनेमें हमें आज अपनी तर्कशीलता और बुद्धिमत्तापर आघात लगता हुआ-सा प्रतीत होता है। भगवान्का सारा जीवन ही दिव्य लीलामय है, परंतु उनकी लीलाओंको समझना आजके हम-सरीखे अश्रद्धालु मनुष्योंके लिये बहुत कठिन है—इसीसे उनकी चमत्कारपूर्ण लीलाओंपर मनुष्यको शङ्का होती है और इसीलिये आजकलके लोग उनके दिव्यरूपावतारसे पूतनावध, शकटासुर-अघासुरवध, अग्निपान, गोवर्धनधारण, दधि-नवनीतभक्षण, कालिय-दमन, चीरहरण, रासलीला, यशोदाको मुखमें विराट्रूप दिखलाने, सालभरतक बछड़े और बालकरूप बने रहने, पाञ्चालीका चीर बढ़ाने, अर्जुनको विराट्-स्वरूप दिखलाने और कौरवोंकी राजसभामें विलक्षण चमत्कार दिखलाने आदि लीलाओंपर संदेह करते हैं। वे यह नहीं सोचते कि जिन परमात्माकी मायाने जगत्को मनुष्यकी बुद्धिसे अतीत नाना प्रकारके अद्भुत वैचित्र्यसे भर रखा है, उन मायापति भगवान्के लिये कुछ भी असम्भव नहीं है, बल्कि इन ईश्वरीय लीलाओंमें ही उनका ईश्वरत्व है, परंतु यह लीला मनुष्यबुद्धिसे अतर्क्य है। इन लीलाओंका रहस्य समझ लेना साधारण बात नहीं है। जो भगवान्के दिव्य जन्म और कर्मके रहस्यको तत्त्वतः समझ लेता है, वह तो उनके चरणोंमें सदाके लिये स्थान ही पा जाता है। भगवान्ने कहा है—

जन्म कर्म च मे दिव्यमेवं यो वेत्ति तत्त्वतः।
त्यक्त्वा देहं पुनर्जन्म नैति मामेति सोऽर्जुन॥

(गीता ४।९)

'मेरे दिव्य जन्म और दिव्य कर्मको जो तत्त्वसे जान लेता है, वह शरीर छोड़कर पुनः जन्म नहीं लेता; वह तो मुझको ही प्राप्त होता है।' जिसने भगवान्के दिव्य अवतार और दिव्य लीला-कर्मोंका रहस्य जान लिया, उसने सब कुछ जान लिया। वह तो फिर भगवान्की लीलामें उनके हाथका एक यन्त्र बन जाता है। लोकमान्य लिखते हैं कि 'भगवत्प्राप्ति होनेके लिये (इसके सिवा) दूसरा कोई साधन अपेक्षित नहीं है, भगवत्की यही सच्ची उपासना है।' परंतु तत्त्व जानना श्रद्धापूर्वक भगवद्भक्ति करनेसे ही सम्भव होता है। जिन महात्माओंने इस प्रकार भगवान् श्रीकृष्णको यथार्थरूपसे जान लिया था, उन्हींमेंसे श्रीसूतजी महाराज थे, जो हजारों ऋषियोंके सामने यह घोषणा करते हैं कि **'कृष्णस्तु भगवान् स्वयम्'** और भगवान् वेदव्यासजी तथा ज्ञानिप्रवर शुकदेवजी महाराज इसी चरणको अपनी रचनामें ग्रथितकर और गानकर इस सिद्धान्तका सानन्द समर्थन करते हैं।

भगवान् श्रीकृष्णको नारायण ऋषिका अवतार कहा गया है। नर-नारायण ऋषियोंने धर्मके हृदय और दक्षकन्या मूर्तिके गर्भसे उत्पन्न होकर महान् तप किया था। कामदेव अपनी सारी सेनासमेत बड़ी चेष्टा करके भी इनके व्रतका भङ्ग नहीं कर सका (भागवत २।७।८) ये दोनों भगवान् श्रीविष्णुके अवतार थे। देवीभागवतमें इन दोनोंको हरिका अंश **(हरेरंशौ)** कहा गया है (दे० भा० ४।५।१५) और भागवतमें कहा गया है कि भगवान्ने चौथी बार धर्मकी कलासे नर-नारायण ऋषिके रूपमें आविर्भूत होकर घोर तप किया था। भागवत और देवीभागवतमें इनकी कथाका विस्तार है। महाभारत और भागवतमें भगवान् श्रीकृष्ण और अर्जुनको कई जगह नर-नारायणका अवतार बतलाया गया है (वनपर्व ४०।१२; भीष्मपर्व ६६।११; उद्योगपर्व ९६।४६ आदि; श्रीमद्भागवत ११।७।१८; १०।८९।३२-३३ आदि)।

दूसरे प्रमाण इस बातके भी मिलते हैं कि वे क्षीरसागरनिवासी भगवान् विष्णुके

अवतार हैं। कारागारमें जब भगवान् प्रकट होते हैं, तब शङ्ख-चक्र-गदा-पद्मधारी श्रीविष्णुरूपसे ही पहले प्रकट होते हैं तथा भागवतमें गोपियोंके प्रसङ्गमें तथा अन्य स्थलोंमें उन्हें 'लक्ष्मी-सेवितचरण' कहा गया है, जिससे श्रीविष्णुका बोध होता है। भीष्मपर्वमें ब्रह्माजीके वाक्य हैं—

हे देवतागणो! सारे जगत्‌का प्रभु मैं इनका ज्येष्ठ पुत्र हूँ, अतएव—

वासुदेवोऽर्चनीयो वः सर्वलोकमहेश्वरः ॥
तथा मनुष्योऽयमिति कदाचित् सुरसत्तमाः ।
नावज्ञेयो महावीर्यः शङ्खचक्रगदाधरः ॥

(महा० भीष्म० ६६। १३-१४)

'सम्पूर्ण लोकोंके महेश्वर इन वासुदेवकी पूजा करनी चाहिये। हे श्रेष्ठ देवताओ! साधारण मनुष्य समझकर इनकी कभी अवज्ञा न करना। कारण, ये शङ्ख-चक्र-गदाधारी महावीर्य (विष्णु) भगवान् हैं।' जय-विजयकी कथासे भी उनका विष्णु-अवतार होना सिद्ध है। इस विषयके और भी अनेक प्रमाण हैं।

तीसरे इस बातके भी अनेक प्रमाण मिलते हैं कि भगवान् श्रीकृष्ण साक्षात् परब्रह्म पुरुषोत्तम सच्चिदानन्दघन थे। भगवान्‌ने गीता और अनुगीतामें स्वयं स्पष्ट शब्दोंमें अनेक बार ऐसा कहा है—

अहं सर्वस्य प्रभवो मत्तः सर्वं प्रवर्तते ॥ (गीता १०। ८)

मत्तः परतरं नान्यत् किंचिदस्ति धनंजय ।
मयि सर्वमिदं प्रोतं सूत्रे मणिगणा इव ॥ (गीता ७। ७)

.... **सर्वलोकमहेश्वरम् ॥** (गीता ५। २९)

अथवा बहुनैतेन किं ज्ञातेन तवार्जुन ।
विष्टभ्याहमिदं कृत्स्नमेकांशेन स्थितो जगत् ॥ (गीता १०। ४२)

यो मामेवमसम्मूढो जानाति पुरुषोत्तमम् ।
स सर्वविद्भजति मां सर्वभावेन भारत ॥ (गीता १५। १९)

ब्रह्मणो हि प्रतिष्ठाहममृतस्याव्ययस्य च ।
शाश्वतस्य च धर्मस्य सुखस्यैकान्तिकस्य च ॥ (गीता १४। २७)

गीतामें ऐसे श्लोक बहुत हैं, उदाहरणार्थ थोड़े-से लिखे हैं। इनके सिवा महाभारतमें पितामह भीष्म, संजय, भगवान् व्यास एवं नारदके तथा श्रीमद्भागवतमें नारद, ब्रह्मा, इन्द्र, श्रीगोपीजन, ऋषिगण आदिके ऐसे अनेक वाक्य हैं, जिनसे यह सिद्ध होता है कि श्रीकृष्ण पूर्ण परात्पर सनातन ब्रह्म हैं। अग्रपूजाके समय भीष्मजी कहते हैं—

कृष्ण एव हि लोकानामुत्पत्तिरपि चाव्ययः।
कृष्णस्य हि कृते विश्वमिदं भूतं चराचरम्॥
एष प्रकृतिरव्यक्ता कर्ता चैव सनातनः।
परश्च सर्वभूतेभ्यस्तस्मात् पूज्यतमोऽच्युतः॥

(महा० सभा० ३८। २३-२४)

'श्रीकृष्ण ही लोकोंके अविनाशी उत्पत्तिस्थान हैं, इस चराचर विश्वकी उत्पत्ति इन्हींके लिये हुई है। ये ही अव्यक्त प्रकृति और सनातन कर्ता हैं, ये ही अच्युत सर्वभूतोंसे श्रेष्ठतम और पूज्यतम हैं।' जो ईश्वरोंके ईश्वर होते हैं, वे ही महेश्वर या परब्रह्म कहलाते हैं—

तमीश्वराणां परमं महेश्वरम्। (श्वेताश्वतर उ० ६। ७)

मनुष्यरूप असुरोंके अत्याचारों और पापोंके भारसे घबराकर पृथ्वी देवी गौका रूप धारणकर ब्रह्माजीके साथ जगन्नाथ भगवान् विष्णुके समीप क्षीरसागरमें जाती हैं। (भगवान् विष्णु व्यष्टि पृथ्वीके अधीश्वर हैं, पालनकर्ता हैं। इसीसे पृथ्वी उन्हींके पास गयी।) तब भगवान् कहते हैं, 'मुझे पृथ्वीके दुःखोंका पता है, ईश्वरोंके ईश्वर कालशक्तिको साथ लेकर पृथ्वीका भार हरण करनेके लिये पृथ्वीपर विचरण करेंगे। देवगण उनके आविर्भावसे पहले ही वहाँ जाकर यदुवंशमें जन्म ग्रहण करें।'

वसुदेवगृहे साक्षाद्भगवान् पुरुषः परः।
जनिष्यते तत्प्रियार्थं सम्भवन्तु सुरस्त्रियः॥

'साक्षात् परम पुरुष भगवान् वसुदेवके घरमें अवतीर्ण होंगे, अतः देवाङ्गनागण उनकी सेवाके लिये वहाँ जाकर जन्म ग्रहण करें।' फिर कहा कि 'वासुदेवके कलास्वरूप सहस्रमुख अनन्तदेव श्रीहरिके प्रियसाधनके लिये पहले जाकर अवतीर्ण

होंगे और भगवती विश्वमोहिनी माया भी प्रभुकी आज्ञासे उनके कार्यके लिये अवतार धारण करेंगी ।' इससे भी यह सिद्ध होता है, भगवान् श्रीकृष्ण पूर्ण ब्रह्म थे। अब यह शङ्का होती है कि यदि वे पूर्ण ब्रह्मके अवतार थे तो नर-नारायण और श्रीविष्णुके अवतार कैसे हुए और भगवान् विष्णुके अवतार तथा नर-नारायण ऋषिके अवतार थे तो पूर्ण ब्रह्मके अवतार कैसे? इसका उत्तर यह है कि भगवान् श्रीकृष्ण वास्तवमें पूर्ण ब्रह्म ही हैं। वे साक्षात् स्वयं भगवान् हैं; उनमें सारे भूत, भविष्य, वर्तमानके अवतारोंका समावेश है। वे कभी विष्णुरूपसे लीला करते हैं, कभी नर-नारायण-रूपसे और कभी पूर्ण ब्रह्म—सनातन ब्रह्मरूपसे। सारांश यह कि वे सब कुछ हैं—वे पूर्ण पुरुषोत्तम हैं, वे सनातन ब्रह्म हैं, वे गोलोकविहारी महेश्वर हैं, वे क्षीरसागरशायी परमात्मा हैं, वे वैकुण्ठनिवासी विष्णु हैं, वे सर्वव्यापी आत्मा हैं, वे बदरिकाश्रमसेवी नर-नारायण ऋषि हैं, वे प्रकृतिमें गर्भ स्थापन करनेवाले विश्वात्मा हैं और वे विश्वातीत भगवान् हैं। भूत, भविष्यत्, वर्तमानमें जो कुछ है, वे वह सब कुछ हैं और जो उनमें नहीं है, वह कभी कुछ भी कहीं नहीं था, न है और न होगा। बस, जो कुछ है, सब वे ही हैं; इसके सिवा वे क्या हैं, यह एकमात्र वे ही जानते हैं। हमारा कर्तव्य तो उनकी चरणधूलिकी भक्ति प्राप्त करनेके लिये प्रयत्न करनामात्र है; इसके सिवा और किसी बातमें न तो हमारा अधिकार है और न इस परम साधनका परित्याग करके अन्य प्रपञ्चमें पड़नेसे लाभ ही।

साधकोंका कर्तव्य

जो लोग विद्वान् हैं, बुद्धिमान् हैं, तर्कशील हैं, वे अपने इच्छानुसार भगवान् श्रीकृष्णके जीवनकी समालोचना करें—उन्हें महापुरुष मानें, योगेश्वर मानें, परम पुरुष मानें, पूर्ण मानव मानें, अपूर्ण मानें, राजनीतिक नेता मानें, कुटिल नीतिज्ञ मानें, संगीत-विद्या-विशारद मानें या कविकल्पित पात्र मानें; जो कुछ मनमें आये, वह मानें। साधकोंकी दृष्टिमें तो—साँवरे मनमोहनके चरण-कमल ही दीनजनोंके लिये अंधेकी लकड़ी हैं, कंगालके धन हैं, प्यासेके पानी हैं, भूखेकी रोटी हैं, निराश्रयके आश्रय हैं, निर्बलके बल हैं, प्राणोंके प्राण हैं, जीवनके जीवन हैं, देवोंके देव हैं, ईश्वरोंके ईश्वर हैं और ब्रह्मोंके ब्रह्म हैं, सर्वस्व वे ही हैं—बस।

मोहन बसि गयौ मेरे मनमें।
लोकलाज, कुलकानि छूटि गयी, वाकी नेह लगन में॥
जित देखूँ तित ही वह दीखै, घर बाहर, आँगन में।
अंग-अंग प्रति रोम-रोम में, छाय रह्यौ तन-मन में॥
कुंडल झलक कपोलन सोहै, बाजूबंद भुजन में।
कंकन कलित, ललित बनमाला, नूपुर-धुनि चरनन में॥
चपल नैन, भ्रकुटी बर बाँकी, ठाढ़ौ सघन लतन में।
नारायन बिन मोल बिकी हूँ, याकी नैक हसन में॥

अतएव साधकोंको बड़ी सावधानीसे अपने साधन-पथकी रक्षा करनी चाहिये। मार्गमें अनेक बाधाएँ हैं। विद्या, बुद्धि, तप, दान, यज्ञ आदिके अभिमानकी बड़ी-बड़ी घाटियाँ हैं; भोगोंकी अनेक मनहरण वाटिकाएँ हैं, पद-पदपर प्रलोभनकी सामग्रियाँ बिखरी हैं, कुतर्कका जाल तो सब ओर बिछा हुआ है, दम्भ-पाखण्डरूपी मार्गके ठग चारों ओर फैल रहे हैं, मान-बड़ाईके दुर्गम पर्वतोंको लाँघनेमें बड़ी वीरतासे काम लेना पड़ता है; परंतु श्रद्धाका पाथेय, भक्तिका कवच और प्रेमका अङ्गरक्षक सरदार साथ होनेपर कोई भय नहीं है। उनको जानने, पहचानने, देखने और पानेके लिये इन्हींकी आवश्यकता है; कोरे सदाचारके साधनोंसे और बुद्धिवादसे काम नहीं चलता। भगवान्‌के ये वचन स्मरण रखने चाहिये—

नाहं वेदैर्न तपसा न दानेन न चेज्यया।
शक्य एवंविधो द्रष्टुं दृष्टवानसि मां यथा॥
भक्त्या त्वनन्यया शक्य अहमेवंविधोऽर्जुन।
ज्ञातुं द्रष्टुं च तत्त्वेन प्रवेष्टुं च परंतप॥

'हे अर्जुन! शत्रुसूदन! जिस प्रकार तुमने मुझे देखा है, उस प्रकार वेदाध्ययन, तप, दान और यज्ञसे मैं नहीं देखा जा सकता। केवल अनन्य भक्तिसे ही मेरा देखा जाना, तत्त्वसे समझा जाना और मुझमें प्रवेश होना सम्भव है।'

——::×::——

श्रीराधाके प्रति भगवान् श्रीकृष्णका तत्त्वोपदेश

श्रीब्रह्मवैवर्तपुराणान्तर्गत कृष्ण-जन्मखण्डके १२६वें अध्यायमें कहा गया है कि एक बार भगवान् श्रीकृष्णचन्द्र द्वारकासे वृन्दावन पधारे। उस समय उनकी वियोग-व्यथासे संतप्त गोपियोंकी विचित्र दशा हो गयी। प्रियसंयोगजन्य स्नेहसागरकी उत्ताल तरङ्गोंमें उनके मन और प्राण डूब गये। गोपीश्वरी श्रीराधिकाजीकी तो बड़ी ही अपूर्व स्थिति थी। उनकी चेतनाशून्य दशासे गोपियोंने समझा कि हाय! क्या नाथके संयोगने ही हमें अनाथ कर दिया। वे चिल्ला-चिल्लाकर कहने लगीं—

किं कृतं किं कृतं कृष्ण! त्वया राधा मृता च नः।
राधां जीवय भद्रं ते यास्यामः काननं वयम्॥
अन्यथा स्त्रीवधं तुभ्यं दास्यामः सर्वयोषितः॥

(७८-७९)

'श्रीकृष्ण! तुमने यह क्या किया? यह क्या किया? हाय! हमारी राधिका तो प्राणोंसे वियुक्त हो गयी। तुम्हारा मङ्गल हो, तुम शीघ्र ही हमारी राधाको जीवित कर दो; हम उनके साथ वनको जाना चाहती हैं। यदि तुमने ऐसा न किया तो हम सभी स्त्री-वधका पाप तुम्हारे सिर मढ़ेंगी।' क्या खूब! श्रीराधा क्या श्रीकृष्णकी नहीं थीं जो उनके लिये इतने कड़े शब्दोंका प्रयोग किया गया? परंतु प्रणयकोपने गोपियोंको यह बात भुला दी थी। उनकी ऐसी आतुरता देखकर भगवान्‌ने अपनी अमृतमयी दृष्टिसे राधामें जीवनका संचार कर दिया। मानिनी राधा रोती-रोती उठ बैठी। गोपियोंने उसे गोदमें लेकर बहुत कुछ समझाया-बुझाया, परंतु उसका कलेजा न थमा। अन्तमें श्रीकृष्णचन्द्रने उसे ढाढ़स बँधाते हुए कहा—

'राधे! मैं तुमसे परम श्रेष्ठ आध्यात्मिक ज्ञानका वर्णन करता हूँ, जिसके श्रवणमात्रसे हल जोतनेवाला मूर्ख मनुष्य भी पण्डित हो जाता है। तुम मुझे अपनी

ही स्वरूपभूता रुक्मिणी आदि महिषियोंका पति मानकर क्यों दुःख करती हो ? मैं तो स्वभावसे ही सभीका स्वामी हूँ। राधे! कार्य और कारणके रूपमें मैं ही अलग-अलग प्रकाशित हो रहा हूँ। मैं सभीका एकमात्र आत्मा हूँ और अपने स्वरूपमें प्रकाशित हूँ। ब्रह्मासे लेकर तृणपर्यन्त समस्त जीवोंमें मैं ही व्यक्त हो रहा हूँ। मैं स्वभावसे ही परिपूर्णतम श्रीकृष्णस्वरूप हूँ। दिव्यधाम, गोलोक तथा सुरम्य क्षेत्र गोकुल और वृन्दावनमें मेरा निवास है। मैं स्वयं ही द्विभुज गोप-वेषसे तुम्हारे परम प्रियतम बालकरूपमें गोप-गोपी और गौओंके सहित वृन्दावनमें रहता हूँ। वैकुण्ठमें मेरा परम शान्त सनातन चतुर्भुज रूप है, वहाँ मैं लक्ष्मी और सरस्वतीका पति होकर दो रूपोंमें रहता हूँ। पृथ्वीमें समुद्रकी जो मानसी कन्या मर्त्यलक्ष्मी है, उसके साथ मैं श्वेतद्वीपमें क्षीरसमुद्रके भीतर चतुर्भुजरूपसे रहता हूँ। मैं ही धर्मस्वरूप, धर्मवक्ता, धर्मनिष्ठ, धर्ममार्गप्रवर्तक ऋषिवर नर और नारायण हूँ। पुण्यक्षेत्र भारतमें धर्म-परायणा पतिव्रता शान्ति और लक्ष्मी मेरी स्त्रियाँ हैं, मैं उनका पति हूँ तथा मैं ही सिद्धिदायक सिद्धेश्वर सतीपति मुनिवर कपिल हूँ। सुन्दरि ! इस प्रकार मैं नाना रूपोंसे विविध व्यक्तियोंके रूपमें विराजमान हूँ। द्वारकामें मैं चतुर्भुजरूपसे सर्वदा श्रीरुक्मिणीजीका पति हूँ और सत्यभामाके शुभ गृहमें क्षीरोदशायी भगवान्‌के रूपसे रहता हूँ। इसी प्रकार अन्यान्य महिषियोंके महलोंमें भी मैं पृथक्-पृथक् शरीर धारणकर रहता हूँ। मैं ही अर्जुनके सारथिरूपसे ऋषिवर नारायण हूँ। मेरा अंश धर्म-पुत्र नर-ऋषि ही महाबलवान् अर्जुनके रूपमें प्रकट हुआ है। इसने मुझे साररूपमें पानेके लिये पुष्कर क्षेत्रमें मेरी आराधना की थी। और राधे! तुम भी जिस प्रकार गोलोक और गोकुलमें राधारूपसे रहती हो, उसी प्रकार वैकुण्ठमें महालक्ष्मी और सरस्वती होकर विराजमान हो। तुम ही क्षीरसागरशायी भगवान् विष्णुकी प्रिया मर्त्यलक्ष्मी हो और तुम ही धर्म-पुत्र नरकी कान्ता लक्ष्मीस्वरूपा शान्ति हो तथा तुम ही भारतमें कपिलदेवकी प्रिया सती भारती हो। तुम ही मिथिलामें सीताके रूपसे प्रकट हुई थी और तुम्हारी ही छाया सती द्रौपदी है। तुम ही द्वारकामें महालक्ष्मी रुक्मिणी हो, तुम ही अपने कलारूपसे पाँचों पाण्डवोंकी प्रिया द्रौपदी हुई हो तथा तुम्हींको रामकी प्रिया सीताके रूपसे रावण हर ले गया था। अधिक क्या कहूँ—

नानारूपा यथा त्वं च छायया कलया सति।
नानारूपस्तथाहं च स्वांशेन कलया तथा॥
परिपूर्णतमोऽहं च परमात्मा परात्परः।
इति ते कथितं सर्वमाध्यात्मिकमिदं सति।
राधे सर्वापराधं मे क्षमस्व परमेश्वरि॥

(१००—१०२)

'जिस प्रकार अपनी छाया और कलाओंके द्वारा तुम नाना रूपोंमें प्रकट हुई हो, हे सति ! उसी प्रकार अपने अंश और कलाओंसे मैं भी विविध रूपोंमें प्रकट हुआ हूँ। वास्तवमें तो मैं प्रकृतिसे परे सर्वत्र परिपूर्ण साक्षात् परमात्मा हूँ। सति! मैंने तुमको यह सम्पूर्ण आध्यात्मिक रहस्य सुना दिया। मेरी परम ईश्वरी राधे! तुम मेरे सब अपराध क्षमा करो।'

भगवान्‌के ये गूढ़ रहस्यमय वचन सुननेपर श्रीराधिका और गोपियोंका क्षोभ दूर हो गया, उन्हें अपने वास्तविक स्वरूपका भान हो गया और उन्होंने चित्तमें प्रसन्न होकर भगवान् श्रीकृष्णके चरण-कमलोंमें प्रणाम किया।

——::×::——

श्रीकृष्णका स्वरूप-तत्त्व

वृन्दावनं परित्यज्य पादमेकं न गच्छति।

—इसपर यह शङ्का उठायी जाती है कि यदि श्रीकृष्ण वृन्दावन छोड़कर कहीं नहीं जाते तो सर्वव्यापी कैसे हुए? यह शङ्का भगवान्‌के स्वरूप और स्वभावको न जाननेके कारण ही उठायी जाती है। भगवान् प्रेमस्वरूप हैं, प्रेमकी निधि हैं, प्रेममें ही प्रकट होते हैं, प्रेमियोंके साथ रहते हैं, प्रेमियोंको सुख देने तथा उनके साथ प्रेममयी लीलाएँ करनेमें ही उनको आनन्द मिलता है। श्रीरामचरितमानसमें भगवान् शंकरका कथन है—'**हरि ब्यापक सर्बत्र समाना। प्रेम तें प्रगट होहिं मैं जाना॥**' भगवान् सर्वत्र व्यापक हैं, कण-कणमें उनकी स्थिति है; किंतु प्रेमसे ही वे प्रकट

होते हैं। ब्रह्मरूपसे, निर्गुण-निराकार स्वरूपसे वे सर्वत्र हैं, सर्वदा हैं और सबमें हैं—इसको कौन अस्वीकार कर सकता है? किंतु सगुण-साकार विग्रह, जो कोटि-कोटि कन्दर्पका दर्प दलन करनेवाला है, सर्वत्र नहीं—प्रेम-धाममें ही प्रकट होता है। प्रेमके भूखे बाँकेविहारी प्रेमधाम वृन्दावन छोड़कर और कहाँ रह सकते हैं। जहाँ श्रीकृष्णको तन-मन-प्राण समर्पित करनेवाली प्रेममयी गोपियाँ नहीं हैं, श्रीकृष्णको ही जीवन-सर्वस्व मानकर तदेकप्राण होकर रहनेवाली श्रीराधारानी नहीं हैं तथा श्यामसुन्दरको सुख पहुँचानेके लिये ही जीवन धारण करनेवाले प्रेमी ग्वाल-बाल नहीं हैं, वहाँ प्रेमपरवश श्रीकृष्ण कैसे रह सकते हैं। अतः जो प्रेमस्वरूप प्रेमास्पद श्रीकृष्णको पाना चाहता है, वह वृन्दावनका आश्रय ले; गोपी, ग्वाल-बाल तथा श्रीराधारानीकी कृपा प्राप्त करे। तभी वह गोपीवल्लभकी रूपमाधुरीका पान कर सकता है। जिसके हृदयरूपी व्रजमें वृन्दावन, गोप-बालक, श्रीगोपीजन, श्रीराधा तथा श्रीकृष्णकी प्यारी गौएँ हैं, जो इन सबके साथ श्रीकृष्णको अपने हृदयमन्दिरमें बिठाकर उनका चिन्तन करता है, वह प्रेमानन्दमय श्रीकृष्णको शीघ्रतापूर्वक पा सकता है।

भगवान् सूर्यका प्रकाश तीनों लोकोंमें सर्वत्र व्यापक है, वह प्रकाश सूर्यमण्डलसे आता है, उसका केन्द्र सूर्यमण्डल है। जहाँतक प्रकाश जाता है, वहाँतक सूर्यमण्डल नहीं जाता; वह उससे छोटा है, तो भी इस पृथ्वीसे बहुत बड़ा है। उस मण्डलमें रहनेवाले अधिदेवतारूप जो भगवान् आदित्य हैं, जिन्हें नारायण अथवा सूर्यनारायण कहते हैं, जिनके परम सुन्दर कमनीय विग्रहमें यथास्थान केयूर, मकराकृति-कुण्डल, किरीट, हार आदि भी शोभा पाते हैं, वे अपने मण्डलसे भी छोटे हैं तथा सदा अपने धाममें ही रहते हैं; परंतु वह प्रकाश और वह मण्डल सब उन्हींसे हैं। यदि वे न हों तो प्रकाश अथवा मण्डलकी सत्ता ही न रहे। सूर्यके उस अधिदैवरूपकी प्राप्तिके लिये आदित्यलोकमें ही जाना पड़ेगा, वरुणलोकमें नहीं; किंतु वे कारणरूपसे या तेज—प्रकाशरूपसे सभी लोकोंमें व्यापक हैं। यही बात श्रीकृष्णके सम्बन्धमें भी है। इनके सर्वत्र व्यापक रूपको 'ब्रह्म' कहा गया है, जिसकी उपमा प्रकाशसे दी गयी है। यह निर्गुण-निराकार रूप है। श्रीकृष्णका जो दूसरा

रूप सगुण-निराकार है, वह मण्डलके स्थानपर है; इसी रूपको हम 'परमात्मा' कहते हैं। इसका भी अन्तरात्मभूत जो स्वरूप है, वही 'भगवान्' कहलाता है। ये भगवान् ही 'श्रीकृष्ण' हैं। ये अपने मण्डलमें, अपने नित्य-धाम वृन्दावनमें ही रहते हैं। जहाँ प्रकट होते हैं, वहाँ वृन्दावनको साथ लेकर ही प्रकट होते हैं। अथवा यों कहिये कि जहाँ ये प्रकट होते हैं, वहीं वृन्दावन है। इस प्रकार श्रीकृष्णके ही तीन रूप भगवान्, परमात्मा और ब्रह्म नाम धारण करते हैं। तीनोंकी सत्ता श्रीकृष्णसे ही है। श्रीमद्भागवतमें भी कहा है—

वदन्ति तत् तत्त्वविदस्तत्त्वं यज्ज्ञानमद्वयम्।
ब्रह्मेति परमात्मेति भगवानिति शब्द्यते॥

भगवत्स्वरूपके ज्ञाता इस बातको जानते हैं कि भगवान् सर्वव्यापक हैं। जो सर्वव्यापी तत्त्व है, वह कभी कोई भी स्थान छोड़कर कहीं नहीं जाता। वह कहाँ नहीं है, जहाँ जाय? सर्वत्र वही-वह तो है। जिनके पास आँख है, वे सर्वत्र उसीका दर्शन करते हैं, दूसरे लोग नहीं—'**चक्षुष्मन्तोऽनुपश्यन्ति नेतरेऽतद्विदो जनाः।**' इस दृष्टिसे भी, यह कहना कि भगवान् वृन्दावन छोड़कर कभी कहीं नहीं जाते, सर्वथा सत्य है। इससे उनकी व्यापकता ही सिद्ध होती है। जो सर्वत्र व्यापक नहीं है, वह एक स्थानसे दूसरे स्थानपर गये बिना रह नहीं सकता। श्रीकृष्ण वृन्दावनसे तथा श्रीराम अयोध्यासे अन्यत्र नहीं जाते, इस कथनका यह अर्थ भी है कि वृन्दावनमें श्रीकृष्णका ही दर्शन होता है और साकेतधाममें श्रीरामका ही।

——::×::——

गीता और भागवतके श्रीकृष्ण

कुछ लोग गीताके श्रीकृष्णको निपुण तत्त्ववेत्ता, महायोगेश्वर, निर्भय योद्धा और अतुलनीय राजनीति-विशारद मानते हैं, परंतु भागवतके श्रीकृष्णको इसके विपरीत नचैया, भोग-विलास-परायण, गाने-बजानेवाला और खिलाड़ी समझते हैं; इसीसे वे भागवतके श्रीकृष्णको नीची दृष्टिसे देखते हैं या उनको अस्वीकार करते हैं और गीताके या महाभारतके श्रीकृष्णको ऊँचा या आदर्श मानते हैं। वास्तवमें यह बात ठीक नहीं है। श्रीकृष्ण जो भागवतके हैं, वे ही महाभारत या गीताके हैं। एक ही भगवान्‌की भिन्न-भिन्न स्थलों और भिन्न-भिन्न परिस्थितियोंमें भिन्न-भिन्न लीलाएँ हैं। भागवतके श्रीकृष्णको भोग-विलास-परायण और साधारण नचैया-गवैया समझना भारी भ्रम है। अवश्य ही भागवतकी लीलामें पवित्र और महान् दिव्य प्रेमका विकास अधिक था; परंतु वहाँ भी ऐश्वर्य-लीलाकी कमी नहीं थी। असुर-वध, गोवर्द्धन-धारण, अग्नि- पान, वत्स-बालरूप-धारण आदि भगवान्‌की ईश्वरीय लीलाएँ ही तो हैं। नवनीत-भक्षण, सखा-सह-विहार, गोपी-प्रेम आदि तो गोलोककी दिव्य लीलाएँ हैं। इसीसे कुछ भक्त भी वृन्दावनविहारी मुरलीधर रसराज प्रेममय भगवान् श्रीकृष्णकी ही उपासना करते हैं, उनकी मधुर भावनामें—

कृष्णोऽन्यो यदुसम्भूतो यः पूर्णः सोऽस्त्यतः परः।
वृन्दावनं परित्यज्य स क्वचिन्नैव गच्छति॥

—यदुनन्दन श्रीकृष्ण दूसरे हैं और वृन्दावनविहारी पूर्ण श्रीकृष्ण दूसरे हैं। पूर्ण श्रीकृष्ण वृन्दावन छोड़कर कभी अन्यत्र गमन नहीं करते। बात ठीक है—

जिन्ह कें रही भावना जैसी। प्रभु मूरति तिन्ह देखी तैसी॥

इसी प्रकार कुछ भक्त गीताके 'तोत्त्रवेत्रैकपाणि' योगेश्वर श्रीकृष्णके ही उपासक हैं। रुचिके अनुसार उपास्यदेवके स्वरूपभेदमें कोई आपत्ति नहीं; परंतु जो लोग भागवत या महाभारतके श्रीकृष्णको वास्तवमें भिन्न-भिन्न मानते हैं या किसी एकका अस्वीकार करते हैं, उनकी बात कभी नहीं माननी चाहिये। महाभारतमें भागवतके और भागवतमें महाभारतके श्रीकृष्णके एक होनेके अनेक प्रमाण

मिलते हैं। एक ही ग्रन्थकी एक बात मानना और दूसरीको मनके प्रतिकूल होनेके कारण न मानना वास्तवमें यथेच्छाचारके सिवा और कुछ भी नहीं है।

साधकोंको इन सारे बखेड़ोंसे अलग रहकर भगवान्‌को पहचानने और अपनेको 'सर्वभावेन' उनके चरणोंमें समर्पणकर—शरणागत होकर उन्हें प्राप्त करनेकी चेष्टा करनी चाहिये।

——::×::——

भगवान् श्रीकृष्णके प्राकट्यपर स्वागतोत्सव

(सं० २०१७ वि० के जन्माष्टमी-महोत्सवपर प्रवचन)

वसुदेवसुतं देवं कंसचाणूरमर्दनम्।
देवकीपरमानन्दं कृष्णं वन्दे जगद्गुरुम्॥

मञ्जीरनूपुररणन्नवरत्नकाञ्ची-
श्रीहारकेसरिनखप्रतियन्त्रसङ्घम्।
दृष्ट्यार्तिहारिमसिबिन्दुविराजमानं
वन्दे कलिन्दतनुजातटबालकेलिम्॥

आज महामहिमामयी श्रीकृष्ण-जन्माष्टमीका महामहोत्सव है। वैवस्वतमन्वन्तरीय अष्टाविंश चतुर्युगके द्वापरके अन्तमें भाद्रमासकी कृष्णाष्टमीके दिन पृथ्वीको श्रीकृष्णके प्राकट्यका महान् सौभाग्य प्राप्त हुआ था। अखिल विश्वब्रह्माण्डके लिये आजका दिन महान् महिमामय, महान् मङ्गलमय, महान् मधुमय और महान् ममतामय तथा परम धन्य है। आजके ही दिन असुरोंके अत्याचारोंसे उत्पीड़ित, कामना, वासना, दुःख, दैन्य और दारिद्र्य आदिके तीव्र ताड़नसे संत्रस्त तथा क्षत-विक्षत, बहिर्मुखता एवं जडवादसे जर्जरित और प्रेमरस-सुधा-धारासे रहित सर्वथा शुष्क जगत्‌में अखिलरसामृतसिन्धु, षडैश्वर्यसम्पूर्ण सर्वलोकमहेश्वर स्वयं भगवान्‌का आविर्भाव हुआ था। भगवान्‌के अवतारमें क्या हेतु होता है, इसे तो भगवान् ही जानते हैं; पर जान पड़ता है कि इसमें प्रधान हेतु है भगवान्‌की अपनी

घनीभूत परमानन्द-रस-रूप लीलाविग्रहको प्रकट करनेकी मङ्गलमयी इच्छा। वैसे, साधुजनोंका परित्राण, दुष्टोंके विनाशके द्वारा भूमिका भार-हरण और धर्मसंरक्षण या धर्मसंस्थापनके मङ्गलमय कार्य भी श्रीभगवान्‌के अवतीर्ण होनेमें कारण बतलाये गये हैं। स्वयं भगवान् श्रीकृष्णने ही गीता, चतुर्थ अध्यायके ८वें श्लोकमें कहा है—

परित्राणाय साधूनां विनाशाय च दुष्कृताम्।
धर्मसंस्थापनार्थाय सम्भवामि युगे युगे॥

'साधु पुरुषोंके परित्राण, दुष्टोंके विनाश और धर्म संस्थापनके लिये मैं युग-युगमें उत्तम रीतिसे प्रकट होता हूँ (**सम्भवामि**)।' पर केवल यही कारण नहीं है—भगवान्‌ने ही इससे पहले छठे और सातवें श्लोकमें अन्य कारणोंका भी स्पष्ट संकेत किया है—

अजोऽपि सन्नव्ययात्मा भूतानामीश्वरोऽपि सन्।
प्रकृतिं स्वामधिष्ठाय सम्भवाम्यात्ममायया॥
यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत।
अभ्युत्थानमधर्मस्य तदाऽऽत्मानं सृजाम्यहम्॥

'मैं अजन्मा, अव्ययात्मा और समस्त भूतोंका ईश्वर रहते हुए ही अपनी प्रकृतिको स्वीकार करके अपनी मायासे (योगमायाको साथ लेकर) उत्तमरीतिसे प्रकट होता हूँ। जब-जब धर्मकी ग्लानि तथा अधर्मका अभ्युत्थान होता है, तब-तब मैं अपनेको प्रकट करता हूँ!' इनमेंसे छठे श्लोकमें अजन्मा, अविनाशी तथा सर्वभूतमहेश्वर होकर भी जन्म लेने, अन्तर्धान होने तथा छोटेसे पराधीन बालक बननेका संकेत करके 'विरुद्ध-धर्माश्रयी' स्वयं भगवान्‌के पूर्ण आविर्भावकी बात कही गयी है; और सातवें श्लोकमें सदुपदेशके द्वारा धर्मग्लानिरूप अधर्मके अभ्युत्थानका नाश करनेवाले अथवा कामकलुषित विषयसेवनरूप अधर्मके अभ्युत्थानको ध्वंसकर परम त्यागमय मधुरतम विशुद्ध (गोपी-) प्रेमधर्मके संस्थापनकी ओर संकेत किया गया है।

भगवान् श्रीकृष्ण स्वयं भगवान् हैं, अतएव उनके द्वारा सभी लीलाओंका सुसम्पन्न होना इष्ट है—इसके अनुसार उनके प्राकट्यमें भी विभिन्न कारण हो सकते हैं और वे सभी सत्य हैं।

भगवान् श्रीकृष्णके प्राकट्यका काल था भाद्रपदकी अँधियारी अष्टमीकी अर्धरात्रि और स्थान था अत्याचारी कंसका कारागार। पर स्वयं भगवान्‌के प्राकट्यसे काल, देश

आदि सभी परम धन्य हो गये। उस मङ्गलमयी घटनाको हुए पाँच हजारसे अधिक वर्ष बीत चुके हैं; परंतु प्रतिवर्ष वही पवित्र भाद्रमास, वही पावन कृष्णपक्षकी अष्टमी आती है और पृथ्वीके परम सौभाग्यकी नवीन स्मृति जाग्रत् करके चली जाती है। आज भी, इस दिन हम बहिर्मुखी जीवोंको न देखनेपर भी पृथ्वीके वक्षःस्थलपर एक विलक्षण आनन्दका महानृत्य होता है और आज भी सौभाग्यवान् भक्तजन इस नित्यस्मरणीय महान् मङ्गलमयी तिथिकी पूजा, जन्ममहोत्सवका आयोजन तथा जन्माष्टमीव्रतका पालन करके धन्य होते हैं; और आज भी प्रेमी भक्त अपने प्राण-प्रियतमके आविर्भावका शुभ-दर्शन प्राप्त करते हैं। भगवान् श्रीकृष्णके इस आविर्भावके समयका बड़ा ही सुन्दर वर्णन दिव्य-रस-सागर-हृदय श्रीशुकदेवजीने किया है। आज इस आविर्भावके कालमें हम उसीका कुछ रसास्वादन करें तथा मन-ही-मन वैसा ही चिन्तन-ध्यान करें। बड़ा ही दिव्य आयोजन है। वे कहते हैं—

अथ सर्वगुणोपेतः कालः परमशोभनः।

'काल समस्त शुभ गुणोंसे युक्त और परम शोभन हो गया।' काल नित्य ही जगत्‌के सृजन-संहारमें लगा रहता—बनाता है, फिर बिगाड़ देता है; इससे जगत्‌में कोई भी उससे प्यार नहीं करता। परंतु कालके आधार भगवान् उसकी कभी उपेक्षा नहीं करते। वे कालके नियन्ता होकर भी कालमें ही प्रकट होते हैं और कालमें ही अन्तर्धान भी होते हैं। कालको भगवान् यदि यह सौभाग्य न प्रदान करते तो शायद उस बेचारेके दुःखका कहीं पार नहीं रहता। आज जब कालको यह पता लगा कि परिपूर्णतम स्वयं भगवान् मेरे अंदर प्रकट हो रहे हैं, तब उसके आनन्दकी सीमा नहीं रही और अपने समस्त गुणोंको प्रकट करके वह परम शोभन बन गया। उसने प्रत्येक ऋतु तथा प्रत्येक समय-विशेषसे चुन-चुनकर सभी सद्‌गुणोंको अपनेमें धारण कर लिया और वह विलक्षणरूपसे सुसज्जित हो गया। वसन्त ऋतुका मलय-समीर, कोकिलका कूजन, भ्रमरकी गुंजार, आम्रमें नवीन मौरका उदय, अशोक और चम्पाका मुक्त-हास्य, वर्षाका कदम्बानिल, शरद्‌की स्वच्छता और प्रसन्नता, हेमन्तकी मालती, शिशिरके कुन्द-कुसुम, दिवसकी कमलिनी, रात्रिकी कुमुदिनी, प्रातःकालकी देवपूजा और कर्म-प्रवृत्ति, मध्याह्नकी भोजनप्रवृत्ति तथा पवित्र प्रभुसेवारूप आजीविकाका कार्य, सायाह्नका देवपूजन तथा सात्त्विक आनन्दोत्सव, निशाका शान्तभाव,

रात्रिशेषका उत्साहपूर्ण जागरण, सत्ययुगकी तपस्या, त्रेताका यज्ञ, द्वापरकी परिचर्या और कलियुगका श्रीहरिनाम-संकीर्तन—इत्यादि कालके भंडारमें जहाँ, जो सद्‌गुण थे, सभीको अपनेमें धारण करके वह सर्वाङ्ग-सुन्दर हो गया!

यर्ह्येवाजनजन्मर्क्षं शान्तर्क्षग्रहतारकम्।

'उस समय चन्द्रमा रोहिणी नक्षत्रमें स्थित थे और आकाशमें सभी नक्षत्र, ग्रह, तारे शान्त और सौम्य हो रहे थे।'

सूर्यादि नवग्रह, अश्विनी आदि सत्ताईस नक्षत्र, जन्मसम्पत् आदि तारागण उग्र, शान्त, वक्र, उच्च, नीच आदि विभिन्न भावोंसे कालके सृजन-संहार-कार्यमें सहायता किया करते हैं। कर्मफलानुसार काल जब, जिसको, जैसा कुछ दुःख-सुख भुगताना चाहता है, ये भी तब उसके लिये वैसे ही उग्र, शान्त, वक्र आदि होकर कालका साथ दिया करते हैं। आज परिपूर्णतम भगवान् श्यामसुन्दरके शुभागमनके समय वे सभी अपनी उग्रता, वक्रताका परित्याग करके शान्त हो रहे हैं और कोई वक्र-गतिसे, कोई अतिचार-गतिसे, तो कोई महातिचार-गतिसे अपने-अपने उच्च स्थानोंमें स्थित होकर श्रीभगवान्‌का अभिनन्दन करनेमें सानन्द संलग्न हैं। उस समय रोहिणी नक्षत्र था। भगवान्‌ने उसको अपने जन्म-नक्षत्रके रूपमें स्वीकार करके धन्यातिधन्य कर दिया। पर श्रीशुकदेवजीने रोहिणी नक्षत्र स्पष्ट नाम न लेकर **'अजनजन्मर्क्षम्'**—इस गुप्तार्थ-पदके द्वारा रोहिणीका नाम संकेत किया। जिनका साधारण जीवोंकी भाँति कर्मफलजनित जन्म नहीं होता, उनको 'अजन' कहते हैं—उन भगवान्‌के नाभिकमलसे जिनका जन्म होता है, वे ब्रह्मा 'अजनजन्मा' कहलाते हैं। वे ब्रह्मा जिस नक्षत्रके अधिष्ठाता हैं, उसका नाम होता है 'अजनजन्मर्क्ष' अर्थात् रोहिणी नक्षत्र, क्योंकि रोहिणीके अधिष्ठाता ब्रह्मा हैं। शास्त्रोंमें कहा गया है कि अपने या अपने स्वजनोंका जन्म-नक्षत्र प्रकट नहीं करना चाहिये। अतएव श्रीशुकदेवजी भी अपने परम प्रिय श्यामसुन्दरके जन्म-नक्षत्रको गुप्त रखनेके लिये स्पष्ट 'रोहिणी' न कहकर **'अजनजन्मर्क्षम्'** कहते हैं।

जहाँ भगवान् श्रीकृष्णका नाम-गुण कीर्तन होता है, वहाँसे सभी पाप-ताप, विघ्न-बाधाएँ तत्काल दूर भाग जाते हैं; वे वहाँके समीप भी नहीं रह सकते, वरं

विविध प्रकारसे शुभ लक्षण ही वहाँ आकर एकत्र हो जाते हैं। तब स्वयं भगवान् जहाँ पृथ्वीकी पीड़ा मिटानेके लिये अवतीर्ण होते हों, वहाँ वार, तिथि, नक्षत्र, योग आदिके अनन्त शुभ-सूचक होनेमें कौन-सी आश्चर्यकी बात है?

जगत्‌का प्रत्येक कार्य काल, दिशा और देशके अधीन है; इसीसे जगत्‌में काल, दिशा और देशका विचार करके ही कार्य किया जाता है। यद्यपि श्रीभगवान्‌की दिव्यलीलामें काल, दिशा और देशकी कोई बाध्य-बाधकता नहीं है—वे स्वयं ही काल, दिशा और देशके नियन्ता हैं, तथापि वे जब धराधाममें अवतीर्ण होते हैं, तब काल, दिशा और देशपर कृपा करके उनके साथ अपना पवित्र सम्बन्ध जोड़कर उन्हें धन्य और कृतार्थ कर देते हैं। इसीलिये आज 'काल'की ही भाँति 'दिशा' और 'देश' भी समस्त सद्‌गुणोंसे सुशोभित हो रहे हैं।

दिशः प्रसेदुर्गगनं निर्मलोडुगणोदयम्।

दसों दिशाएँ प्रसन्न हो गयीं, आकाशमें तारे जगमगाने लगे। किसी भी दिशामें कहीं तनिक भी मलिनता नहीं रह गयी। सर्वत्र परमानन्दपूर्ण स्वच्छता छा गयी। सभी दिक्पति परम प्रफुल्लित आनन्दपूर्ण हृदयसे अपने स्वामीके शुभागमनका अभिनन्दन करनेके लिये समस्त दिशाओंको सुसज्जित करके दिग्वधुओंके साथ हाथोंमें अर्घ्यपात्र लेकर उनकी प्रतीक्षा करने लगे। गगनमें तारे जगमगा उठे—मानो अपने-अपने अनन्त अङ्कपात्रोंमें स्तर-स्तरपर हीरोंके पुष्प सजाकर विष्णुपदमें अञ्जलि अर्पण करनेकी इच्छासे वे खड़े हों। काल और दिशाकी भाँति देश भी मङ्गल-शृङ्गारसे सुसज्जित हो गया। भूः-भुवः-स्वः—सभी देशोंमें आनन्दकी बाढ़ आ गयी। मङ्गलमयके मङ्गल आगमनसे सभी देश आनन्द-मङ्गल परिपूर्ण हो गये।

मही मङ्गलभूयिष्ठपुरग्रामव्रजाकरा।

पृथ्वीके सभी बड़े-बड़े नगर, छोटे-छोटे गाँव, अहीरोंकी बस्तियाँ और रत्नोंकी खानें आनन्द-मङ्गलकी क्रीड़ाभूमि बन गयीं। विविध हेतुओंकी अवतारणा करके नगरोंके मार्ग परिष्कृत तथा सुगन्धित हो गये। धनियोंके प्रासादोंमें विलक्षण दीपमालिकाएँ आलोकित हो गयीं, सर्वत्र शङ्खध्वनि होने लगी, विविध वाद्य बजने लगे, जगह-जगह पूजा तथा स्तुतियाँ होने लगीं। मन्त्रोच्चारणकी ध्वनि उठने लगी।

खानें रत्नोंको स्वयमेव बाहर फेंकने लगीं। नाना प्रकारसे नाना कारणोंसे सर्वत्र आनन्दमयके शुभागमनकी आनन्दधारा बह चली। पृथ्वीके समस्त स्थानोंको आनन्दप्लावित करके आनन्दमयका शुभागमनानन्द मूर्तिमान् होकर नद, नदी, सरोवर, अरण्य, पर्वत आदिमें सभी जगह व्याप्त हो गया।

नद्यः प्रसन्नसलिला ह्रदा जलरुहश्रियः।

नदियोंका जल निर्मल हो गया। रात्रिके समय भी सरोवरोंमें कमल खिल उठे। गङ्गा, यमुना, सरस्वती, नर्मदा, गोदावरी, गोमती, कावेरी, शोण, सिन्धु आदि सभी नद-नदियोंका मटमैलापन सहसा दूर हो गया। उनको मानो अपने जन्मस्थान—पर्वतके गुप्तगह्वरसे ऐसा कोई समाचार मिल गया है, जिसे वे कलकलनादसे तटभूमियोंके कानोंमें सुनाने लगीं और उत्ताल तरङ्गोंके रूपमें मानो भुजाओंको उठाकर नाचती हुई बड़े वेगसे समुद्रको यह संवाद सुनानेके लिये दौड़ पड़ीं।

सरोवरोंमें असंख्य कमलोंकी पंक्तियाँ विकसित हो उठीं। मायाबद्ध जीव जैसे स्त्री, पुत्र, परिवार, घर, शरीरको छोड़कर अन्य किसीसे सम्बन्ध नहीं रखता, उसी प्रकार बेचारे सीमाबद्ध सरोवर भी अपनी सीमामें ही बँधे रहते हैं। मायाबद्ध जीवपर जब श्रीकृष्णकी कृपा होती है, तब वह मायाबद्ध रहता हुआ ही जैसे श्रीकृष्ण-भक्तोंकी बातें सुनता है और उन भक्तोंके द्वारा होनेवाली भगवत्सेवाके आनन्दोच्छ्वासको देखता है, वैसे ही सीमाबद्ध सरोवरोंको भी आज श्रीकृष्ण-कृपा प्राप्त हुई है; इसीसे वे कमलोंके खिलनेके बहाने असंख्य कानोंसे नद-नदियोंकी आनन्दपूर्ण कलकलध्वनि सुन रहे हैं और खुली आँखोंसे उनके आनन्दोच्छ्वासको देख रहे हैं!

नदियोंको जो सौभाग्य किसी अवतारमें नहीं मिला, वह श्रीकृष्णावतारमें मिला। इसी अवतारमें श्रीकालिन्दीजी भगवान् श्रीकृष्णकी चतुर्थ पटरानी बनेंगी और अवतार लेते ही श्यामसुन्दर ग्वालबालों तथा गोपाङ्गनाओंको साथ लेकर कालिन्दीजीमें क्रीड़ा करेंगे—इन बातोंको सोचकर नदियाँ सुप्रसन्न हो गयीं। और इस अवतारमें भगवान् कालियदमन करके कालीदह नामक सरोवरको विषहीन बना देंगे, इस बातको

सोचकर सरोवरोंने कमलोंके बहाने अपने हृदयोंको ही श्रीकृष्णके चरणोंमें समर्पण कर दिया। मानो वे कह रहे हैं कि हमारे जीवनका सारा विष दूर करके आप हमें कृतार्थ करेंगे।

द्विजालिकुलसंनादस्तवका वनराजयः ।

वनोंमें वृक्षोंकी पंक्तियाँ विविध वर्णके सुगन्धित पुष्पोंसे लद गयीं और शुक-पिकादि पक्षी मधुर ध्वनि करते हुए चहक उठे तथा मधुपानमत्त भ्रमरोंकी गुंजारसे सारी वनभूमि मुखरित हो उठी!

निर्जन अरण्यकी शोभा उस समय भला कौन देखता; परंतु उसे आज अपनी शोभा दूसरोंको थोड़े ही दिखानी है, उसे तो पूर्णरूपसे सज-धजकर **'स्वान्तःसुखाय'** अपना आनन्द प्रकट करना है। इसीसे उन वृक्षों आदिने भी अपनी सजावटमें कोई कमी नहीं रखी। साल, तमाल, ताल, आम, अशोक, चम्पा, मौलसिरी, वट, अश्वत्थ आदि सभीने अपने पुराने पत्ते तुरंत फेंक दिये और नये-नये कोमल अरुण पल्लवोंको धारण कर लिया। सबमें नये मौर फूट निकले। मौरोंके बीच-बीचमें पुष्प विकसित हो गये और उन पुष्पोंके गुच्छे-के-गुच्छे मृदु-मन्द पवनके मधुर हिलोरोंके साथ नूतन नृत्य करने लगे। मालती आदिकी लताएँ वृक्षोंकी शाखा-प्रशाखाओंमें लिपटकर वहाँ मधुर कुसुम-हास्यका विस्तार करने लगीं। जुही, चमेली आदि सब पत्र-शून्य होकर केवल विकसित कुसुमोंसे ढक गयीं। रात्रिके समय सोये हुए भ्रमर मानो स्वप्नमें किसी गुप्त परमानन्द-संवादको पाकर सहसा जाग उठे और मधुर गुंजार करते हुए पुष्पोंके पास जा-जाकर आनन्द-समारोहका कारण पूछने लगे। शाखाओंपर घोंसलोंमें सोये हुए पक्षिगण भ्रमरोंकी झंकारसे जाग्रत् होकर अपनी कमनीय काकलीसे वनप्रान्तको निनादित करते हुए अकस्मात् उदय हुए आनन्दका कारण जाननेके लिये इधर-उधर वृक्षोंपर उड़ने लगे। आम्रवृक्षमें असमय मौर देखकर कोयलोंके आनन्दकी सीमा नहीं रही। वे बड़े वेगसे उड़कर शाखाओंपर पहुँच गयीं और पञ्चम स्वरमें तान छेड़कर आनन्दमग्न हो गयीं। इस प्रकार सर्वत्र महान् आनन्दके पूर्ण विकाससे समस्त अरण्य सर्वथा 'आनन्दभवन' बन गया।

भगवान् श्रीकृष्णके शुभागमनका आनन्द आकाश, पृथ्वी और जलको

श्रीराधाकृष्णाभ्यां नमः

49

श्रीराधा-माधव-चिन्तन

ग्रन्थकार- हनुमानप्रसाद पोद्दार

आनन्दमत्त बनाकर अब वायुके निकट पहुँचा—

ववौ वायुः सुखस्पर्शः पुण्यगन्धवहः शुचिः ।

परम पवित्र शीतल-मन्द-सुगन्ध वायु अपने स्पर्शसे सबको सुख-दान करती हुई बहने लगी।

वर्षाऋतुके घोर जलवर्षणसे वायुमें आर्द्रता तथा बीच-बीचमें होनेवाली कड़ी धूपसे उसमें कुछ उष्णता भी आ गयी थी। पर वसन्तके अन्तमें जो मलय-पवन निर्वासित कर दिया गया था, वह अब श्रीभगवान्के शुभागमनोत्सवके कारण अपने निर्वासन-दण्डसे मुक्त होकर लौट आया एवं वर्षाकालीन उस नातिशीतोष्ण वायुके साथ मिल गया। अब दोनोंने मिलकर खोज-खोजकर जहाँ-जहाँ उन्हें उत्तम सद्गन्ध प्राप्त हुई, उसे वहाँसे लेकर अपने सारे अङ्गोंपर लगा लिया और आनन्दमत्त हो वे वृक्षोंके मस्तकों, रमणियोंके अञ्चलों तथा प्रासादशिखरोंकी पताकाओंके साथ क्रीड़ा करने लगे। श्रीभगवान् आ रहे हैं, इसलिये उस समय वायुने 'रज' (धूल) को लेकर खेलना छोड़ दिया और सात्त्विक आनन्दके साथ वह खेलने लगी। इसी कारण वह अपने स्पर्शसे सबको सुख देनेवाली बन गयी।

यों जब श्रीगोविन्दके शुभागमनानन्दसे पृथ्वी मङ्गलमयी, जल कमलाच्छादित, वायु सुगन्धसम्पन्न तथा सुखसेव्य हो गयी और निर्मल आकाश तारामालाओंसे जगमगा उठा, तब अग्नि भी निश्चेष्ट नहीं रह सकी। पृथ्वी, जल, तेज, वायु और आकाश—ये पञ्चभूत मिलकर ही तो जगत्का सारा काम करते हैं। आज जब श्रीकृष्णके शुभागमन महोत्सवके समय इनमेंसे चार आनन्दोन्मत्त हो रहे हैं, तब अकेली अग्नि कैसे इस परम सौभाग्यसे वञ्चित रह सकती है। अतएव—

अग्नयश्च द्विजातीनां शान्तास्तत्र समिन्धत ।

द्विजोंके होमकुण्डोंकी कभी न बुझनेवाली अग्नियाँ, जो कंसके अत्याचारसे बुझ गयी थीं, जल उठीं। उन्हें जलाना नहीं पड़ा। लकड़ीके अंदरसे अपने-आप ही प्रज्वलित होकर वे दक्षिणावर्त हुई अपनी शिखाओंको हिला-हिलाकर नाचने लगीं। श्रीगोविन्दके शुभागमनके महानन्दमें उनके लिये घृतकी आहुति, मन्त्रपाठ अथवा ईंधनकी आवश्यकता नहीं हुई। वे अपने-आप ही प्रकट होकर होममण्डपोंको आलोकित करने लगीं।

श्रीकृष्णका शुभागमन-महानन्द बाह्यजगत्को प्रमुदित और पुलकित करके अन्तर्जगत्में जा पहुँचा—

मनांस्यासन् प्रसन्नानि साधूनामसुरद्रुहाम्।

असुरद्रोही साधुओंका चित्त सहसा प्रसन्नतासे भर गया। भगवद्भक्तोंके हृदय सहसा अतर्कित, असम्भावित और अप्रत्याशित आनन्दसे परिपूर्ण हो गये। कहाँसे, किसलिये, कैसे इस परमानन्दने आकर उनके हृदयोंमें प्रवेश किया, इसका तो उन्हें पता ही नहीं लगा। वे आनन्दसे भरकर पुलकित हो गये। उनके नेत्रोंसे प्रेमानन्दके सुधाबिन्दु झरने लगे और वे सब इस आनन्दके नित्य स्थित रहनेके लिये भगवान्से प्रार्थना करने लगे। असुरनिकन्दन श्रीकृष्णचन्द्रके शुभागमनकी सूचना पाकर असुरोंके अत्याचारसे उत्पीड़ित देवताओंके हृदयोंमें शक्ति और आशाका संचार हो गया। असुर-समुदाय अपनी भयानक मूर्ति और सहज हिंसाप्रवृत्तिके कारण सभीके 'अप्रिय' होते हैं। इसलिये असुरके अतिरिक्त जीवमात्र ही 'असुरद्रोही' हैं। इस सिद्धान्तसे साधु-प्रकृतिके सभी 'असुरद्रोही' जीव प्रसन्न हो गये। पर भगवान्के भक्तोंका सुख तो सदा अवर्णनीय है। बादलसे गिरी हुई जलकी बूँद मेघप्रिय चातकको जैसी सुखदायिनी होती है, वैसी अन्य किसीको भी नहीं होती। यह बात सत्य है कि उससे दूसरोंकी भी प्यास बुझती है, पर वे केवल मेघके जलकी ही बाट नहीं देखते। उनको नद, नदी, सरोवर, झरने—बहुत जगह जल दिखायी देता है; कहींसे भी लेकर वे अपनी पिपासा शान्त कर सकते हैं। पर श्रीभगवच्चरणाश्रित एकनिष्ठ अनन्य भक्तोंके आनन्दका स्रोत तो केवल श्रीभगवान्का चरण-प्रान्त ही है। जो लोग भोगाश्रित हैं, भगवच्चरणाश्रित नहीं हैं—उनके सुखके लिये स्त्री-पति, पुत्र-परिवार, धन-जमीन, विषय-वैभव, मान-सम्मान, प्रशंसा-यश, पद-अधिकार आदि अनेक वस्तुएँ हैं। इसीलिये वे श्रीभगवच्चरणारविन्दप्रीतिरसके दिव्य आनन्दका पूर्णास्वादन नहीं कर पाते। फिर, जैसे बादलोंका निर्मल जल भी यदि गंदे कूड़े-भरे स्थानोंमें गिरता है तो वह निर्मल नहीं रहता, उसी प्रकार श्रीभगवान्का परमानन्द नित्य परम निर्मल होनेपर भी, जिन लोगोंका जीवन, कामना, वासना, भोगासक्ति-भोगसुखास्थारूपी गंदे कूड़ेसे भरा है, उनके लिये वह विषयानन्दके रूपमें

ही प्रकट होता है। जैसे अत्यन्त उत्तप्त स्थानपर गिरी हुई जलकी बूँदें पड़ते ही सूख जाती हैं तथा ताप और भी बढ़ जाता है, वैसे ही अविश्वास, भोगासक्ति तथा बहिर्मुखतासे उत्तप्त जीवोंके समीप पहुँचा हुआ भगवत्-सम्बन्धजनित आनन्दबिन्दु भी उनकी भगवद्विमुखताके कारण तुरंत (उनके लिये) लुप्त हो जाता है और उन बहिर्मुख तथा अविश्वासी जीवोंका ताप बढ़ जाता है। आज श्रीभगवान्के शुभागमनका पूर्ण प्रकाश होनेसे श्रीभगवच्चरणाश्रित अनन्य भक्तोंके हृदयमें आनन्दका जो महान् प्रवाह बहने लगा, वह आनन्द भोगकामना-वासना-भरे हृदयके लोगोंको नहीं मिला। वे उस समय प्राकृतिक शोभा-सम्पत्तिकी विपुलताको देखकर विषयानन्दका ही अनुभव करने लगे। और कंसादि असुरोंके बहिर्मुखता, भोगासक्ति और अविश्वाससे भरे उत्तप्त हृदयोंमें यह विषयानन्द भी ठहर नहीं सका, वरं उनका ताप और भी बढ़ गया। अस्तु,

श्रीगोविन्दका यह शुभागमन-महानन्द पृथ्वी, आकाश, वायु, जल, अग्नि, नद, नदी, पर्वत आदि सभीको आनन्द-प्लावित करके, भक्तोंके हृदयोंमें श्रीभगवच्चरणोंके प्रत्यक्ष प्राप्त होनेकी महत्सुखाशाका मधुर संगीत गाकर, विषयी जीवोंके हृदयोंको विषयानन्दसे भरकर और बहिर्मुख जीवोंके मनोंको भीषण भयसे प्रकम्पितकर अब स्वर्गमें जा पहुँचा।

जायमानेऽजने तस्मिन् नेदुर्दुन्दुभयो दिवि।

अजन्मा भगवान्के जन्म—आविर्भावके समय स्वर्गमें देवताओंकी दुन्दुभियाँ बज उठीं। भगवान्का शुभागमन-महानन्द जब भुवर्लोकसे ऊपर उठकर स्वर्लोकमें पहुँचा, तब एक ही साथ असंख्य देवदुन्दुभियोंने बजकर अपने मधुरनादसे समस्त स्वर्गलोकको छा लिया। स्वर्गमें प्रतिदिन नियत समयपर देववादकोंके द्वारा ब्रह्मताल, रुद्रताल आदि तालोंसे देवदुन्दुभियाँ बजायी जाती हैं; परंतु आज इस महानन्दमें सर्वथा स्वतन्त्र होकर वे सब अपने-आप ही बजने लगीं—

अनाहता दुन्दुभयो देवानां प्राणुदंस्तदा।

गम्भीर मध्यनिशाकी स्तब्धताको भङ्ग करके समस्त स्वर्गको निनादित और आनन्दमुखरित करती हुई वे दुन्दुभियाँ बिना ही बजाये बज उठीं। देवसभाके संगीत-

रस-विशारद हाहा, हूहू, तुम्बुरु आदि गन्धर्व और किम्पुरुषगण दुन्दुभियोंके इस मधुर नादसे सहसा जाग्रत् हो गये और परमानन्दपूर्ण हृदयसे श्रीभगवान्‌का पवित्र गुणगान करने लगे। उन्हींके साथ-साथ आनन्दमत्त सिद्ध-चारणगण भी स्तवन करने लगे—

जगुः किंनरगन्धर्वास्तुष्टुवुः सिद्धचारणाः।

गन्धर्व तथा किंनरगण देवराज इन्द्र तथा देवताओंका आनन्द बढ़ानेके लिये ही देवसभामें मधुर तान छेड़ा करते हैं। सिद्ध और चारणोंका जीवन भी देवताओंके स्तुतिगानमें ही बीतता है। पर आज देवेन्द्रवाञ्छित-चरणारविन्द भूमिपर प्रकट होने जा रहे हैं, अतः वे भी उसके अनिर्वचनीय महानन्दसे मत्त होकर अपने स्वभावसिद्ध शान्त स्निग्ध मधुर कण्ठसे भी कहीं विलक्षण मधुरता तथा सुरीलेपनको प्राप्त करके श्रीभगवान्‌का मङ्गलमय गुणगान करने लगे। इस प्रकार गन्धर्व-किंनर और सिद्ध-चारणोंके मधुर सात्त्विक गीतोंको सुनकर देवसभाके नृत्य-श्रमसे परिश्रान्त तथा अमृतपानसे प्रमत्त विद्याधरियाँ तथा अप्सराएँ भी नवीन उत्साहसे आनन्द-जाग्रत् होकर सर्वथा नवीन रूपसे नृत्य करने लगीं—

विद्याधर्यश्च ननृतुरप्सरोभिः समं तदा॥

उर्वशी, मेनका, रम्भा आदि स्वर्गकी अप्सराओं तथा विद्याधरियोंकी दिनभरकी सारी नाचगानकी थकावट दूर हो गयी और वे अप्राकृत परमानन्दसे परिपूर्ण हो स्वर्गके विलास-नृत्यकी सारी बातोंको भूलकर श्रीगोविन्द-गुणगानमें मत्त गन्धर्व-किंनरोंके गोविन्द-गुणगानकी शुद्ध सत्त्वमयी तालोंमें ताल मिलाकर मधुर नृत्य करने लगीं। इस प्रकार सारा स्वर्ग गान तथा नृत्यकी मधुरतम ध्वनिसे भर गया। देवताओंके समस्त शयन-प्रासाद मुखरित हो उठे। सभी देवता सहसा जगकर आश्चर्यचकित नेत्रोंसे देखने लगे और आनन्दमग्न होकर मन्त्रमुग्धकी भाँति परमानन्दकी प्रेरणासे अपने-अपने स्थानको छोड़कर तुरंत नन्दनवनमें जा पहुँचे तथा स्वर्गके पारिजात-सुमनोंको चुन-चुनकर पृथ्वीपर बरसाने लगे—

मुमुचुर्मुनयो देवाः सुमनांसि मुदान्विताः।

बड़े-बड़े देवता तथा मुनिगण आनन्दमें भरकर पृथ्वीके सौभाग्यकी सराहना करने लगे। श्रीभगवान्‌के शुभागमनसे आज पृथ्वी महान् आनन्द-शृङ्गारसे सुसज्जित

है, उसी आनन्दकी एक लहर स्वर्गमें आयी है। अतएव पृथ्वी '**स्वर्गादपि गरीयसी**'—पृथ्वी स्वर्गसे भी बढ़कर सौभाग्यमयी है; तभी तो श्रीभगवान् उसपर अवतीर्ण हो रहे हैं। इसी परम सफलजीवन पृथ्वीके सौभाग्यका अभिनन्दन करनेके लिये देवताओंने पृथ्वीपर नन्दन-काननके देवसुमनोंकी वर्षा आरम्भ कर दी। सफलतामें सभी पूजा करने लगते हैं—यह स्वभावसिद्ध बात है।

अवश्य ही इस अप्राकृत महानन्दका यथार्थ स्वरूप कोई नहीं जानता, पर चुपकेसे आकर इस महानन्दने सबको आनन्दमत्त कर दिया है। आज चौदहों भुवन आनन्दसे नाच उठे हैं। इस आनन्दके उच्छ्वाससे सप्तसिन्धुओंमें भी आनन्द-क्षोभ हो गया। वे भी मृदु-मन्द गर्जना करते हुए उत्ताल तरङ्गोंकी भङ्गिमा दिखा-दिखाकर नृत्य करने लगे।

समुद्रकी कन्या लक्ष्मीजी नारायणकी पत्नी हैं, मानो इसी सम्बन्धसूत्रसे गौरवमण्डित होकर सिन्धु गर्जनाके रूपमें यह घोषणा कर रहा है कि 'आज जिनके शुभागमनमें समस्त विश्वब्रह्माण्ड परम आनन्दमें बह रहा है, वे हमारे अपने ही हैं—हमारे जामाता ही हैं।' इस प्रकार समुद्रका गर्जन सुनकर दिक्प्रान्तवर्ती मेघसमुदाय भी मुखर हो उठे—

मन्दं मन्दं जलधरा जगर्जुरनुसागरम्।

उन्होंने भी मृदु-मृदु गर्जना करके कहा—'अरे! हमारा और उनका तो वर्ण ही एक है। हम भी नीलश्याम और वे भी नीलश्याम! अतएव ये हमारे सखा ही हैं।' क्रमशः श्रीभगवान्‌के सम्बन्ध-गौरव तथा वर्णसाम्य-गौरवसे प्रमत्त जलनिधि तथा जलद-निकर अपने-अपने सौभाग्यकी गाथा गाने लगे। इसी समय—

निशीथे तम उद्भूते जायमाने जनार्दने।
देवक्यां देवरूपिण्यां विष्णुः सर्वगुहाशयः।
आविरासीद् यथा प्राच्यां दिशीन्दुरिव पुष्कलः॥

'भाद्रपदकी अँधियारी रात्रिमें सबके हृदयोंमें रहनेवाले भगवान् जनार्दन 'देवरूपिणी' देवकीके गर्भसे वैसे ही प्रकट हुए, जैसे पूर्व दिशामें सोलहों कलाओंसे परिपूर्ण चन्द्रका उदय हुआ हो।'

इसमें देवकीजीको 'देवरूपिणी' कहा गया। इसका भाव यह है कि उनका दिव्य शरीर था। भगवान् नित्य स्वप्रकाश हैं। उन स्वप्रकाश विचित्र विविध लीलामय श्रीभगवान्‌का नाम 'देव' है। उनका रूप—श्रीविग्रह सच्चिदानन्दमय है—

ईश्वरः परमः कृष्णः सच्चिदानन्दविग्रहः।

उन 'देव'—भगवान्‌का ऐसा जो रूप है, उसे 'देवरूप' कहते हैं—अतः ऐसा जिनका रूप है, वे श्रीदेवकीजी 'देवरूपिणी' हैं। उनकी देह हमारी तरह प्राकृत नहीं है, शुद्ध सच्चिदानन्दमय है। तभी उनके सामने उनके पुत्ररूपमें स्वप्रकाश भगवान्‌का आविर्भाव हुआ है। चन्द्रमा, सूर्य, अग्नि, विद्युत् आदि ज्योतियाँ जो जगत्‌को प्रकाशित करती हैं, उनमेंसे कोई भी स्वप्रकाश नहीं है।

यदादित्यगतं तेजो जगद् भासयतेऽखिलम्।
यच्चन्द्रमसि यच्चाग्नौ तत्तेजो विद्धि मामकम्॥

(गीता १५।१२)

'चन्द्र, सूर्य, अग्नि आदिकी जिस ज्योतिसे सम्पूर्ण जगत् प्रकाशित होता है, वह मेरी ही (अङ्ग-) ज्योति है।' यहाँतक कि भगवान्‌का सच्चिदानन्दमय परम धाम भी स्वप्रकाश है। इन सूर्य-चन्द्रादिकी ज्योतियाँ वहाँ नहीं हैं—

न तद्भासयते सूर्यो न शशाङ्को न पावकः।
यद् गत्वा न निवर्तन्ते तद्धाम परमं मम॥

(गीता १५।६)

वह स्वप्रकाश परमधाम, जिसको प्राप्त होकर पुनः संसारमें लौटना नहीं पड़ता, यहाँके इन सूर्य, चन्द्रमा और अग्निकी ज्योतिसे प्रकाशित नहीं है। श्रुति कहती है—

तमेव भान्तमनुभाति सर्वं तस्य भासा सर्वमिदं विभाति।

'स्वप्रकाश श्रीभगवान्‌की (अङ्ग) ज्योतिसे ही सूर्य-चन्द्रादि सब ज्योतिर्मय हैं और उनकी ज्योति (अङ्ग-छटा) से ही यह सम्पूर्ण विश्व प्रकाशित है।' इस प्रकार श्रीभगवान् ही सबके प्रकाशक हैं, भगवान्‌का कोई प्रकाशक नहीं है।

माता-पिता अपने पुत्रका जगत्‌में प्रकाश करते हैं, इसीसे वे पुत्रके प्रकाशक कहे जाते हैं। श्रीभगवान्‌के पिता-माता श्रीभगवान्‌को जगत्‌में प्रकट करते हैं, अतः वे भी

भगवान्‌के प्रकाशक हैं। श्रीभगवान् स्वप्रकाश हैं। अतएव वे अपनी 'स्वप्रकाशिका शक्तिके अतिरिक्त अन्य किसीसे प्रकाशित हो नहीं सकते। अतएव वसुदेव-देवकीरूप भगवान्‌के पिता-माता भी भगवान्‌की सच्चिदानन्दमयी स्वप्रकाशिका शक्ति ही हैं। वे उन्हींके 'शुद्ध सत्त्व'की घनीभूत मूर्ति हैं।'

परंतु वस्तुतः प्राकृत जीवोंकी भाँति न तो भगवान् माताके गर्भमें आते हैं, न कर्मपरवश उनका जन्म होता है और न उनका विग्रह ही उनसे भिन्न-पाञ्चभौतिक होता है। वे भगवान् स्वेच्छामय दिव्य वपुमें प्रकट होते हैं। वे ही जगत्-पिता हैं, सबके जन्मदाता हैं, उन्हींसे अनन्तकोटि ब्रह्माण्डोंका उदय होता है। पर जो भगवान्‌को पुत्ररूपसे स्नेह करते हैं, उन वात्सल्य-प्रेमयुक्त भक्तोंको श्रीभगवान् माता-पिताके रूपमें स्वीकार करके उन्हें धन्य कर देते हैं। भगवती देवकी अनन्य वात्सल्य-प्रेमसे श्रीभगवान्‌को पुत्ररूपमें प्राप्त करना चाहती थीं, इसीलिये उनमें वात्सल्य-प्रेमको और अपने प्रति पुत्र-भावको सुदृढ़ करनेके लिये अपने आविर्भावसे पहले भगवान्‌ने अपनी अचिन्त्य शक्ति—स्वजन-मन-मोहिनी मायासे देवकीमें गर्भलक्षण उत्पन्न कर दिये थे। वे असलमें गर्भमें नहीं आये थे। उनका चतुर्भुज दिव्य रूपसे प्रकट होना यही प्रत्यक्ष सिद्ध करता है। तथापि देवकीजीने समझा कि मेरे गर्भसे ही पुत्र उत्पन्न हुआ है। इसीसे वे पूर्ण वात्सल्यसे पुत्ररूपी भगवान्‌का लालन-पालन करती हैं। इस अगाध वात्सल्य-प्रेमसागरमें भगवान्‌की सारी भगवत्ता डूब जाती है। पर जहाँ ऐश्वर्यज्ञानमिश्रित वात्सल्य-प्रेम होता है, वहाँ बीच-बीचमें भगवत्ताकी स्फुरणा भी होती है। अवश्य ही वह स्थायी नहीं होती। श्रीदेवकीजी और श्रीवसुदेवजीका वात्सल्य-प्रेम ऐश्वर्य-ज्ञान-मिश्रित था, इससे समय-समयपर उन्हें अपने पुत्र श्रीकृष्णमें भगवान्‌का बोध भी हुआ करता था। इसीसे वे लालन-पालनके साथ ही इनकी स्तुति-प्रार्थना भी करते थे। ऐश्वर्य-ज्ञान-विहीन सर्वथा विशुद्ध प्रेम तो वृन्दावनमें था और उसकी बड़ी ही मधुर अभिव्यक्ति वृन्दावन-लीलामें देखी जाती है।

भगवान् अनन्तकोटि ब्रह्माण्डोंमें व्याप्त विष्णु हैं और वे ही भक्तके प्रेमानुरूप क्षुद्र बालकरूपधारी हैं। वे सदा ही बृहत् और सदा ही क्षुद्र हैं—

अणोरणीयान् महतो महीयान्।

वे ही सबके हृदयोंमें व्याप्त अन्तर्यामी हैं, वे ही सर्वातीत हैं और वे ही सर्वगुणमय, लीलामय, अखिलरसामृतमूर्ति श्रीभगवान् हैं। पुरुषावतार, गुणावतार, लीलावतार, मन्वन्तरावतार, अंशावतार, कलावतार, आवेशावतार, प्रभवावतार, वैभवावतार और परावस्थावतार—सभी उन्हींसे होते हैं। वे ही सब अवतारोंके अवतारी साक्षात् स्वयं भगवान् हैं। समस्त अवतार उन्हींके अन्तर्गत हैं। उन्हींमें सब सम्मिलित हैं; क्योंकि सब कुछ वे ही हैं। वैवस्वत मन्वन्तरके अष्टाविंश चतुर्युगके द्वापरमें प्रकट होनेवाले ये भगवान् ही सबकी प्रतिष्ठा, सबके अवतारी, सर्वमय, सर्वातीत, सर्वरूप, नित्य-सगुण, नित्य-निर्गुण, अचिन्त्यानन्तगुणसमुद्र, अखिलप्रेम-रसामृतसिन्धु, षोडशकलापूर्ण, षडैश्वर्यसम्पन्न, हानोपादानरहित, दिव्यसच्चिदानन्दमय-विग्रह पूर्ण पुरुषोत्तम भगवान् हैं। साथ ही, वे पूर्ण आदर्श मानव, सकल कलापूर्ण परम योगीश्वर, लोकनेता, परम राजनीतिक, राज्य-निर्माता, राज्यत्यागी, धर्मोपदेष्टा, आचार्य, सौन्दर्य-माधुर्य-निधि, सर्वचित्ताकर्षक, मुनिमनमोहन, आत्मारामगणाकर्षी, मधुर-प्रेमी, प्रेम-परवश और जन-वत्सल स्वजन हैं। जिस किसी भी दृष्टिसे इनको देखा जाय, उसीमें इनके परिपूर्णतम दर्शन होते हैं।

विषयासक्ति और भोगवासनामें फँसे हुए, माया-मोहके पदाघातसे जर्जरित और स्पन्दनहीन जगत्के प्राणी कभी भी तनिक चेतना प्राप्त करके, विश्वासके नेत्रोंको खोलकर एक बार देखें तो उन्हें पता लगेगा कि भाद्रमासकी इस कृष्णाष्टमीको पाकर पृथ्वी स्वर्गकी अपेक्षा भी परम श्रेष्ठ हो गयी। हम पृथ्वीके जीव समझें या न समझें, इस सर्वपूज्य तिथि तथा इस मध्यनिशाको पाकर पृथ्वी धन्य है, पृथ्वीके जीव धन्य हैं, पृथ्वीके आकाश-वायु-अग्नि धन्य हैं। पृथ्वीके नद-नदी-सरोवर धन्य हैं, पृथ्वीके पर्वत-समुद्र धन्य हैं, पृथ्वीके सूर्य-चन्द्र धन्य हैं, पृथ्वीके सभी पदार्थ धन्य हैं और जिस ब्रह्माण्डमें यह पृथ्वी है, वह ब्रह्माण्ड धन्य है एवं इस तिथिको माननेवाले भी सब धन्य हैं तथा सभीके प्रति साष्टाङ्ग प्रणाम करके मैं भी धन्य होता हूँ। भगवान्का आविर्भाव होनेवाला ही है। उपर्युक्त वर्णनके अनुसार हम सभी आनन्द-शृङ्गारसे अपने-अपने मनोंको सजाकर उनके स्वागतकी तैयारी करें।

अन्तमें मैं इस पुरानी प्रार्थनाको बार-बार दुहराकर भगवान् श्रीश्यामसुन्दरके चरणोंमें प्रणाम करता हूँ। आप भी चाहें तो मेरे साथ ही मन-ही-मन यह प्रार्थना कर सकते हैं—

जाहि देखि चाहत नहीं कछु देखन मन मोर।
बसै सदा मोरे दृगनि सोई नन्दकिशोर॥
तन-मन सब लिपटे रहें नित प्रियतम के अंग।
भुक्ति-मुक्ति की कल्पना करै न यह सुख भंग॥
भूलि जाय सुधि जगतकी, भूलै घर की बात।
हिय सौं हिय लाग्यौ रहै बिनु बाधा दिन-रात॥
इन्द्रिय-मन-बुधि-आतमा बनैं स्यामके धाम।
सब मैं सदा बस्यौ रहै प्रियतम मधुर ललाम॥

बोलो आनन्दकन्द भगवान् श्रीकृष्णचन्द्रकी जय!

——::×::——

श्रीकृष्णका प्राकट्य

(सं० २०१४ वि० के श्रीकृष्णजन्माष्टमी-महोत्सवपर प्रवचन)

मूकं करोति वाचालं पङ्गुं लङ्घयते गिरिम्।
यत्कृपा तमहं वन्दे परमानन्दमाधवम्॥
यन्नखेन्दुरुचिर्ब्रह्म ध्येयं ब्रह्मादिभिः सुरैः।
गुणत्रयमतीतं तं वन्दे वृन्दावनेश्वरम्॥
अविस्मृतिः कृष्णपदारविन्दयोः
क्षिणोत्यभद्राणि शमं तनोति च।
सत्त्वस्य शुद्धिं परमात्मभक्तिं
ज्ञानं च विज्ञानविरागयुक्तम्॥

'भगवान् श्रीकृष्णके चरणारविन्दोंकी स्मृति सदा बनी रहती है तो उसके

प्रभावसे समस्त पापों तथा अशुभोंका नाश कल्याणकी प्राप्ति, अन्तःकरणकी शुद्धि, परमात्माकी भक्ति और वैराग्ययुक्त ज्ञान-विज्ञानकी प्राप्ति अपने-आप हो जाती है।' आज उन्हीं भगवान् श्रीकृष्णके प्राकट्य-महोत्सवका मङ्गलमय दिवस है; इस महान् मङ्गलमय अवसरपर आप, हम सब भगवान् श्रीकृष्णका पवित्र स्मरण करके जीवनको पवित्र और मङ्गलमय बनायें।

अवतार तथा अवतारके कारण और स्वरूप

अवतारका अर्थ है—अवतरण, परब्रह्मका उतरना। भगवान् सर्वातीत हैं, सर्वमय हैं, सर्वव्यापक हैं, सदा-सर्वत्र विराजित हैं; पर उन्होंने अपनी 'सर्वभवन-सामर्थ्य'से—मायासे—योगमायासे अपनेको ढँक रखा है। अपनी इच्छासे ही लीलाके लिये कभी-कभी वे इस आवरणको किसी अंशमें हटाकर लोकके सामने प्रकट हो जाते हैं, यही उनका अवतरण है। इसीका नाम अवतार है। यह अवतार स्वयं अक्षर ब्रह्म, भगवान् विष्णुका भी होता है और किसी शुद्ध सत्त्वको आधार बनाकर भी होता है। भगवान्‌के इस अवतारको श्रीशंकराचार्य-सरीखे अद्वैतवादी महापुरुषोंने भी मुक्तकण्ठसे स्वीकार किया है। जो लोग यह कहते हैं कि 'कोई मनुष्य अपनी उन्नति करते-करते जब महान् गुणोंसे सम्पन्न होकर उच्च स्तरपर पहुँच जाता है, तब उसीको भगवान्‌का अवतार कहते हैं, उनका यह कहना ठीक नहीं है। यह तो 'आरोहण' है—चढ़ना है, अवतरण—उतरना नहीं। भगवान् तो अवतरित होते हैं।

ये अवतार अनेक प्रकारके होते हैं—लीलावतार, पुरुषावतार, अंशावतार, कलावतार, गुणावतार, युगावतार, आवेशावतार, विभवावतार और अर्चावतार आदि। सभी अवतारोंमें लीलाके लिये अवतरण होता है, अतः सभीको अवतार कहा जाता है और इन अवतारोंमें कोई छोटा-बड़ा नहीं है। जब सबका भगवान्‌से प्रादुर्भाव है, तब सभी पूर्ण हैं। शास्त्र कहते हैं—

सर्वे नित्याः शाश्वताश्च देहास्तस्य परात्मनः।
हानोपादानरहिता नैव प्रकृतिजाः क्वचित्॥

परमानन्दसंदोहा ज्ञानमात्राश्च सर्वतः।
सर्वे सर्वैर्गुणैः पूर्णाः सर्वदोषविवर्जिताः॥

ये सभी नित्य हैं, शाश्वत हैं; इनके हानोपादानरहित अप्राकृत देह हैं, प्रकृतिसे उत्पन्न नहीं हैं। ये जन्म-मृत्यु आदि सर्वदोषोंसे रहित, सर्वगुणसम्पन्न, पूर्ण और ज्ञानस्वरूप, परमानन्दसंदोह हैं।' इनमें देश, काल या शक्तिके कारण किसी प्रकारका तारतम्य नहीं है। शक्तिके प्रकाशकी न्यूनाधिकतासे ही इनमें तारतम्य माना जाता है। एक बलवान् पुरुषमें पाँच मन बोझ उठानेकी शक्ति है, पर जहाँ एक छटाँक वजन ही उठाना है, वहाँ एक छटाँक वजन उठानेपर यह नहीं कहा जा सकता कि उसमें पाँच मन उठानेकी शक्ति नहीं है। शक्ति तो पूरी है, पर वहाँ शक्तिके प्रकाशका प्रयोजन नहीं है। इसी प्रकार पूर्ण शक्तिमान् भगवान्के अवतारमें प्रयोजनानुसार किसीमें कम शक्तिका प्रदर्शन है, किसीमें अधिकका। इस शक्तिके प्राकट्य और अप्राकट्यके तारतम्यको लेकर ही पूर्णत्व और अंशत्वका कथन है। इसीसे कहा गया है—

प्रकाशिताखिलगुणः स्मृतःपूर्णतमो बुधैः।
असर्वव्यञ्जकः पूर्णतरः पूर्णोऽल्पदर्शकः॥

"भगवान् जब अपने अशेष गुणोंको प्रकट करते हैं, तब वे 'पूर्णतम' कहे जाते हैं; जब सब गुणोंको प्रकट न करके बहुत-से गुणोंको प्रकट करते हैं, तब 'पूर्णतर' और जब उनसे भी कम गुणोंको प्रकट करते हैं तब 'पूर्ण' कहलाते हैं!" श्रीलघुभागवतामृतमें कहा है—

अंशत्वं नाम शक्तीनां सदाल्पांशप्रकाशिता।
पूर्णत्वं च स्वेच्छयैव नानाशक्तिप्रकाशिता॥

"अनन्त शक्तिशाली भगवान् जब अल्पशक्तियोंको प्रकट करते हैं, तब वह अवतार 'अंश' कहलाता है और जिसमें अपनी इच्छासे बहुत-सी शक्तियोंको प्रकट करते हैं, वह 'पूर्ण' कहा जाता है।"

शक्ति क्या है? इस विषयमें कहा है—

शक्तिरैश्वर्यमाधुर्यकृपातेजोमुखा गुणाः।
शक्तेर्व्यक्तिस्तथाव्यक्तिस्तारतम्यस्य कारणम्॥

'ऐश्वर्य, माधुर्य, कृपा और तेज आदि गुण ही शक्ति कहलाते हैं। इन शक्तियोंका प्राकट्य और अप्राकट्य ही तारतम्यका कारण है।' नहीं तो भगवान्‌के सभी अवतार पूर्ण हैं।

जहाँ जैसा लीलाक्षेत्र होता है, वहाँ उसीके अनुसार शक्तिका प्रकाश होता है—शक्ति समान होनेपर भी वहाँ प्राकट्यके भेदसे फलमें भी भेद दिखायी देता है। जैसे—

शक्तिः समापि पुर्यादिदाहे दीपाग्निपुञ्जयोः।
शीताद्यार्ति च येनाग्निपुञ्जादेवसुखं भवेत्॥

'नगरको जलानेके लिये एक दीपकमें जो शक्ति है, अग्निपुञ्जमें भी वही शक्ति है; (इस दृष्टिसे) दोनों समान हैं। पर अग्निपुञ्जकी एक विशेषता है—शीतादि कष्टको दूर करना हो तो वह दीपककी ज्योतिसे नहीं होता; शीतनाशका सुख तो अग्निपुञ्जसे ही मिल सकता है।'

इसी प्रकार अवतारोंकी अंश-कलादिरूपमें अभिव्यक्ति होती है।

परब्रह्म भगवान्‌के ही रूपान्तर भूमापुरुष अन्तर्यामी भगवान् शुद्ध सत्त्वको आधार बनाकर असुरसंहार, साधुसंरक्षण तथा धर्मस्थापनादि-रूप लीलाके लिये अपने इच्छानुसार देश आदिके आवरणको हटाकर ज्ञान या क्रियारूप अंशसे लोकमें प्रकट होते हैं; तब उन्हें 'अंशावतार' कहा जाता है। पर कभी-कभी अनन्त कल्याणगुणगणपरिपूर्ण 'स्वयं भगवान्' परात्पर ब्रह्म पूर्ण पुरुषोत्तम किसी सत्त्वादिको आधार न बनाकर अपने नित्य अप्राकृत दिव्य सच्चिदानन्दस्वरूपसे—जो दिव्य शरीर-इन्द्रिय-अन्तःकरणादिरूपसे अप्रकट हैं—असुरोद्धार, साधुपरित्राण, धर्म-स्थापनादि प्रयोजनको लेकर प्रधानतया साधननिरपेक्ष अपने सम्बन्ध या दर्शनमात्रसे ही सबका उद्धार करनेके लिये अपने माधुर्य और ऐश्वर्ययुक्त स्वरूपसे अंशांशसहित अपनेको इच्छित लोकमें प्रकट करते हैं, तब उसे 'पूर्णावतार' कहते हैं। यह अवतार कहलानेपर भी वस्तुतः 'स्वयं भगवान्‌का पूर्ण आविर्भाव' होता है। ऐसा पूर्ण आविर्भाव बहुत कम हुआ करता है। यही परात्पर ब्रह्मका पूर्णाविर्भाव पूर्णतम पुरुषोत्तम भगवान् श्रीकृष्णचन्द्र हैं। श्रीकृष्णावतार अनेक कल्पोंमें होता है,

परंतु स्वयं भगवान्‌का पूर्णाविर्भाव सारस्वत कल्पमें ही होता है। इस परिपूर्णाविर्भावमें समस्त अंश-कलाओंका भी समावेश रहता है—जैसे स्वाभाविक ही करोड़ रुपयोंमें सौ, दौ-सौ, हजार, दो हजारका रहता है। इसीसे श्रीकृष्णको नारायण ऋषिके अवतार, अंशावतार, भगवान् श्रीनारायणके कृष्णकेशावतार, क्षीरोदशायी, सहस्रशीर्षा, वैकुण्ठाधिपति महानारायण, श्वेतद्वीपपति विष्णु भी कहते हैं और इसीसे इस साधननिरपेक्ष उद्धार करनेवाले आविर्भावमें भी असुरोद्धार, साधुपरित्राण और धर्मसंस्थापन आदि अंशकलावतारोंके कार्य भी सुसम्पन्न होते देखे जाते हैं। परंतु वास्तवमें श्रीकृष्ण साक्षात् परात्पर पूर्ण ब्रह्म, पूर्ण पुरुषोत्तम, सर्वव्यापक, सर्वकर्ता, सर्वमय, सर्वातीत, अप्रमेय, दिव्यानन्दस्वरूप, प्राकृतिक गुणरहित, स्वरूपभूत दिव्य कल्याणगुणगणवारिधि, आनन्दाकार, सर्वशक्तिविशिष्ट, अंशकलापूर्ण 'स्वयं भगवान्' हैं। अन्य अवतार 'अंश-कला' हैं—

एते चांशकलाः पुंसः कृष्णस्तु भगवान् स्वयम्।

'भगवान्' शब्दका अर्थ

अष्टाङ्गयोगी लोग इन्हीं भगवान्‌को 'परमात्मा', उपनिषद्-निष्ठ वेदान्ती 'ब्रह्म' और ज्ञानयोगी 'ज्ञान' कहते हैं—

भगवान् परमात्मेति प्रोच्यतेऽष्टाङ्गयोगिभिः।
ब्रह्मेत्युपनिषन्निष्ठैर्ज्ञानं च ज्ञानयोगिभिः॥

(स्कन्दपुराण)

श्रीमद्भागवतमें कहा है—

वदन्ति तत् तत्त्वविदस्तत्त्वं यज्ज्ञानमद्वयम्।
ब्रह्मेति परमात्मेति भगवानिति शब्द्यते॥

(१।२।११)

श्रीकृष्ण ही ये 'स्वयं भगवान्' हैं, श्रीकृष्ण ही परमात्मा हैं और श्रीकृष्ण ही ब्रह्म हैं। 'भगवत्' शब्दकी निरुक्ति है—

ऐश्वर्यस्य समग्रस्य वीर्यस्य यशसः श्रियः।
ज्ञानवैराग्ययोश्चैव षण्णां भग इतीङ्गना॥
ज्ञानशक्तिबलैश्वर्यवीर्यतेजांस्यशेषतः।
भगवच्छब्दवाच्यानि विना हेयैर्गुणादिभिः॥

'अनन्त ऐश्वर्य, अनन्त वीर्य, अनन्त यश, अनन्त श्री, अनन्त ज्ञान और अनन्त वैराग्य—ये छः भग जिसमें स्वरूपभूत रूपसे नित्य वर्तमान हैं, वे भगवान् हैं।'

'ज्ञान, शक्ति, बल, ऐश्वर्य, वीर्य, तेज—इनका नाम भग है। ये सब अनन्तरूपसे जिसमें वर्तमान् हैं, वे भगवान् हैं।'

ये सभी गुण भगवान् श्रीकृष्णमें नित्य-निरन्तर स्वरूपतः वर्तमान हैं। 'न्यायविवरण' में भगवान् वासुदेवकी पूर्णताके सम्बन्धमें कहा गया है—

पूर्णानन्दः पूर्णभुक् पूर्णकर्ता पूर्णज्ञानः पूर्णभाः पूर्णशक्तिः।
पूर्णैश्वर्याद् भगवान् वासुदवो विरुद्धशक्तिर्न च दोषस्पृगीशः॥

'षडैश्वर्यपूर्ण भगवान्में पूर्ण आनन्द, पूर्ण भोक्तृत्व, पूर्ण कर्तृत्व, पूर्ण ज्ञान, पूर्ण ज्योति, पूर्ण शक्ति, पूर्ण ऐश्वर्य, विरुद्धशक्तित्व और अदोषस्पर्शित्व विद्यमान हैं।

भगवान्में विरुद्ध धर्मोंका आश्रयत्व

भगवान् विरुद्धधर्माश्रय हैं; जो विरुद्धधर्माश्रय नहीं होता, वह पूर्ण नहीं होता। इसीसे श्रुतियोंने ब्रह्ममें विरुद्धधर्मोंका समाश्रय बतलाया है—

अणोरणीयान् महतो महीयान्। (कठ० १।२।२०)

'वह सूक्ष्मसे भी सूक्ष्म और महान्से भी महान् है।'

आसीनो दूरं व्रजति शयानो याति सर्वतः। (कठ० १।२।२१)

'बैठा हुआ ही दूर चला जाता है, सोता हुआ ही सब ओर चला जाता है।'

तदेति तन्नैजति तद् दूरे तद्वन्तिके। (ईश० ५)

'वह चलता है और नहीं भी चलता; वह दूर है और पास भी है।'

तुरीयमतुरीयमात्मानमनात्मानमुग्रमनुग्रं वीरमवीरं महान्तममहान्तं

विष्णुमविष्णुं ज्वलन्तमज्वलन्तं सर्वतोमुखमसर्वतोमुखम्।

(नृसिंहोत्तरतापनीयोप० षष्ठ खण्ड)

'जो तुरीय भी है, अतुरीय भी आत्मा भी है और अनात्मा भी , उग्र भी है और अनुग्र (शान्त) भी, वीर भी है और अवीर भी है, महान् भी है, अमहान् (अल्प) भी है, विष्णु (व्यापक) भी है, अविष्णु (एकदेशीय) भी है, प्रकाशमान भी है, अप्रकाशमान भी है, सर्वतोमुख (सब ओर मुखवाला) भी है, असर्वतोमुख (एक ओर मुखवाला) भी है।'

पुराणोंमें कहा है—

अस्थूलोऽणुरूपोऽसावविश्वो विश्व एव च।
विरूद्धधर्मरूपोऽसावैश्वर्यात् पुरुषोत्तमः॥

(ब्रह्मपुराण)

यों नित्य युगपत विरुद्ध-धर्माश्रयता परब्रह्मका लक्षण है। भगवान् श्रीकृष्णने स्वयं अपने श्रीमुखसे—

अजोऽपि सन्नव्ययात्मा भूतानामीश्वरोऽपि सन्।
प्रकृतिं स्वामधिष्ठाय सम्भवाम्यात्ममायया॥

—अजन्मा, अविनाशिस्वरूप और समस्त प्राणियोंके ईश्वर होते हुए ही जन्म ग्रहण करनेकी बात कहकर अपने विरुद्धधर्माश्रय होनेका वर्णन किया है। 'मुझ अव्यक्तमूर्तिसे यह सारा जगत् परिपूर्ण है। ये समस्त भूत मुझमें हैं, मैं इनमें नहीं हूँ। ये भूत मुझमें नहीं हैं, मेरे योगैश्वर्यको तुम देखो।' गीतोक्त यह कथन भी 'विरुद्धधर्माश्रयत्व'का वर्णन है।

भगवान् श्रीकृष्ण महान् भोगी होकर भी परम योगी, विभक्त होकर भी सदा अविभक्त, सर्वकर्ता होकर भी सदा अकर्ता, दृश्य होकर भी अदृश्य, परिच्छिन्न होकर भी विभु, जन्म लेनेवाले होकर भी अजन्मा, सापेक्ष होकर भी सदा निरपेक्ष, (प्रेमीके सामने) महामुग्ध होकर भी परम चतुर, (प्रेमके राज्यमें) सकाम होकर भी नित्य पूर्णकाम, (प्रेमराज्यमें) दीन होकर भी नित्य अदीन, भक्त-प्रेमवश पराधीन होकर भी परम स्वतन्त्र, बन्धनयुक्त होकर भी नित्यमुक्त, प्रमेय होकर भी अप्रमेय, भक्तिगम्य

होकर भी परम अगम्य, ममतायुक्त होकर भी नित्य निर्मम, अनेक होकर भी सदा एक, अत्यन्त बुभुक्षित होकर भी नित्यतृप्त और सर्वसम्बन्धयुक्त होनेपर भी सर्वसम्बन्धविरहित हैं। ये बातें उनके लीलाचरितमें सुस्पष्ट हैं।

श्रीकृष्ण सच्चिदानन्दघनविग्रह स्वयं भगवान्

यहाँ यह बात भी जान लेनी चाहिये कि भगवान् श्रीकृष्णका शरीर और उनका आत्मा पृथक्-पृथक् नहीं हैं। वे सर्वतोरूपेण सच्चिदानन्दरसमय हैं; उनके मन, बुद्धि, इन्द्रिय, अङ्ग, अवयव—सभी अप्राकृत, भगवत्स्वरूप हैं। उनका वह स्वरूपभूत भगवद्देह नित्य-अवितर्क्य-ऐश्वर्यसम्पन्न चिन्मय है और परिच्छिन्न होकर भी विभु है। वे कर्मवश पाञ्चभौतिक देह नहीं धारण करते, स्वेच्छासे अपने नित्य सच्चिदानन्दवपुको प्रकट करते हैं—

स्वेच्छामयस्य न तु भूतमयस्य कोऽपि।

पद्मपुराण, पातालखण्डमें भगवान् श्रीकृष्णने अपने ही दूसरे लीलास्वरूप भगवान् श्रीरुद्रको दर्शन देकर अपने निराकार, निर्गुण, व्यापक निष्क्रिय ब्रह्मरूपकी व्याख्या करते हुए कहा है—"रुद्र! तुम इस समय मेरे जिस अलौकिक अप्राकृतिक दिव्य रूपको देख रहे हो, वह निर्मल प्रेमका पुञ्ज है, सच्चिदानन्दमय है। मेरा यह रूप पाञ्चभौतिक आकारवाला नहीं है। तथा दिव्य चक्षुओंसे ही यथार्थ देखा जाता है; इसलिये वेद इसे 'निराकार' कहते हैं। प्राकृतिक सत्त्व-रज-तम मेरे गुण नहीं हैं, वे अप्राकृत—स्वरूपभूत हैं तथा उन दिव्य गुणोंका अन्त नहीं है; इससे मुझे 'निर्गुण' कहा गया है। मैं अपने चैतन्य अव्यक्तरूपसे सर्वत्र व्यापक हूँ, इससे मुझको 'व्यापक' ब्रह्म कहा जाता है। मैं इस प्रपञ्चका कर्ता नहीं हूँ, मेरे अंश ही मायामय गुणोंके द्वारा सृष्टि आदि कार्य करते हैं; इसलिये शास्त्र मुझको 'निष्क्रिय' कहते हैं।"

अतएव श्रीकृष्णका श्रीविग्रह नित्य सच्चिदानन्दघन श्रीकृष्णस्वरूप ही है। महाभारतमें श्रीकृष्णका परब्रह्म होना स्थान-स्थानपर सिद्ध है—उनकी लीलासे भी और उनके सम्बन्धमें कहे हुए महापुरुषोंके वचनोंसे भी।

***

सच्ची बात तो यह है कि महाभारतके महानायक ही हैं—सच्चिदानन्दघन अखिलप्रेमामृतसिन्धु सर्वात्मा परात्पर ब्रह्म भगवान् श्रीकृष्ण। समस्त महाभारत आद्यन्त तथा मध्यमें भी भगवान् श्रीकृष्णके गुण-माहात्म्यसे ही परिपूर्ण है। भगवान् व्यासदेव, मार्कण्डेयमुनि, नारद, अङ्गिरा, भृगु, सनत्कुमार, असित, देवल, परशुराम, भगवान् ब्रह्मा, पितामह भीष्म आदिके द्वारा भगवान् श्रीकृष्णकी महिमाका महाभारतमें स्थान-स्थानपर विशद वर्णन है। स्वयं भगवान् श्रीकृष्णने अपना महत्त्व बतलाया है। यहाँ भीष्मपितामहके दो-चार वाक्य उद्धृत किये जाते हैं—

तस्माद् ब्रवीमि ते राजन्नेष वै शाश्वतोऽव्ययः।
सर्वलोकमयो नित्यः शास्ता धात्राधरो ध्रुवः॥
यो धारयति लोकांस्त्रींश्चराचरगुरुः प्रभुः।
योद्धा जयश्च जेता च सर्वप्रकृतिरीश्वरः॥
राजन् सर्वमयो ह्येष तमोरागविवर्जितः।
यतः कृष्णस्ततो धर्मो यतो धर्मस्ततो जयः॥
वासुदेवो महद् भूतं सर्वदैवतदैवतम्।
न परं पुण्डरीकाक्षाद् दृश्यते भरतर्षभ॥
सर्वभूतानि भूतात्मा महात्मा पुरुषोत्तमः।
केशवः परमं तेजः सर्वलोकपितामहः॥
एनमाहुर्हृषीकेशं मुनयो वै नराधिप।
ये च कृष्णं प्रपद्यन्ते ते न मुह्यन्ति मानवाः॥
भये महति मग्नांश्च पाति नित्यं जनार्दनः।

(भीष्मपर्व० अ० ६६। ६७)

'राजन्! भगवान् श्रीकृष्ण सर्वलोकमय, सनातन, अविनाशी, नित्य, शासक, धरणीधर और अचल हैं। इन चराचर-गुरु भगवान् श्रीहरिने तीनों लोकोंको धारण कर रखा है। ये ही विजयी हैं, ये ही विजय हैं, ये ही योद्धा हैं और सबके परमकारण परमेश्वर भी ये ही हैं। राजन्! ये श्रीहरि सर्वस्वरूप तथा तम और रजसे विवर्जित हैं। ये श्रीकृष्ण जहाँ हैं, वहीं धर्म है और जहाँ धर्म है, वहीं विजय है। भरतश्रेष्ठ!

वसुदेवनन्दन श्रीकृष्ण वास्तवमें महान् हैं, ये समस्त देवताओंके परम आराध्य हैं। कमलनयन श्रीकृष्णसे बढ़कर या इनके अतिरिक्त दूसरा कोई दिखायी ही नहीं देता। ये भगवान् ही सर्वभूतमय हैं, ये ही सबके आत्मा हैं, ये ही महात्मा हैं और पुरुषोत्तम हैं। नरनाथ! ये भगवान् केशव सम्पूर्ण लोकोंके पितामह हैं। ये परम तेज हैं। मुनिजन इनको हृषीकेश कहते हैं। जो मानव भगवान् श्रीकृष्णकी शरण लेते हैं, वे कभी मोहमें नहीं पड़ते। भगवान् जनार्दन महान् भयमें निमग्न उन मनुष्योंकी सदा रक्षा करते हैं।'

महाभारतका गहराईसे अध्ययन-मनन करनेवाले पुरुष यह भलीभाँति जानते हैं कि महाभारतके मुख्य प्रतिपाद्य भगवान् श्रीकृष्ण ही हैं। महाभारतके आदिपर्वमें ही कहा गया है—

भगवान् वासुदेवश्च कीर्त्यतेऽत्र सनातनः।
स हि सत्यमृतं चैव पवित्रं पुण्यमेव च॥
शाश्वतं ब्रह्म परमं ध्रुवं ज्योतिः सनातनः।
यस्य दिव्यानि कर्माणि कथयन्ति मनीषिणः॥
असच्च सदसच्चैव यस्माद् विश्वं प्रवर्तते।
यत्तद् यतिवरा मुक्ता ध्यानयोगबलान्विताः॥
प्रतिबिम्बमिवादर्शे पश्यन्त्यात्मन्यवस्थितम्।

इस महाभारतमें सनातन भगवान् वासुदेवकी महिमा ही गायी गयी है। वे ही सत्य हैं, वे ही ऋत हैं, वे ही पावन और पवित्र हैं। वे ही शाश्वत परब्रह्म हैं, नित्य अविचल ज्योतिःस्वरूप सनातन पुरुष हैं। मनीषीविद्वान् उन्हींकी दिव्य लीलाओंका वर्णन करते हैं। असत् और सत् तथा यह सत् और असत्‌रूप सारा विश्व उन्हींसे उत्पन्न हुआ है। ध्यानयोगके बलसे समन्वित जीवन्मुक्त संन्यासीगण दर्पणमें प्रतिबिम्बकी भाँति अपने अन्तःकरणमें इन्हीं परमात्माका साक्षात्कार करते हैं।'

आचार्य श्रीमदानन्दतीर्थ भगवत्पादने 'श्रीमहाभारततात्पर्यनिर्णय' नामक ग्रन्थमें इस बातको उदाहरण देकर भलीभाँति सिद्ध कर दिया है।

महाभारतान्तर्गत विश्वविख्यात सर्वलोकसमादृत श्रीभगवद्गीतामें भगवान् श्रीकृष्णचन्द्र स्वयं कहते हैं—

मत्तः परतरं नान्यत् किंचिदस्ति धनंजय।
मयि सर्वमिदं प्रोतं सूत्रे मणिगणा इव॥

(७।७)

'धनञ्जय! मेरे अतिरिक्त दूसरी कोई भी वस्तु नहीं है। यह सम्पूर्ण जगत् सूत्रमें सूत्रकी मणियोंके सदृश मुझमें गुँथा हुआ है।'

यस्मात् क्षरमतीतोऽहमक्षरादपि चोत्तमः।
अतोऽस्मि लोके वेदे च प्रथितः पुरुषोत्तमः॥

(१५।१८)

'मैं क्षरसे अतीत और अक्षरसे उत्तम हूँ। इससे लोक-वेदमें 'पुरुषोत्तम' नामसे प्रसिद्ध हूँ।'

यच्चापि सर्वभूतानां बीजं तदहमर्जुन।
न तदस्ति विना यत्स्यान्मया भूतं चराचरम्॥

(१०।३९)

'अर्जुन! जो सब भूतोंकी उत्पत्तिका बीज है, वह भी मैं ही हूँ। चर अथवा अचर कोई भी ऐसा भूत नहीं है, जो मुझसे रहित हो।'

गतिर्भर्ता प्रभुः साक्षी निवासः शरणं सुहृत्।
प्रभवः प्रलयः स्थानं निधानं बीजमव्ययम्॥

(९।१८)

'मैं ही गति, भर्ता, प्रभु, साक्षी, निवास, शरण, सुहृद्, उत्पत्ति, प्रलय, सबका आधार, निधान तथा अविनाशी कारण हूँ।'

ब्रह्मणो हि प्रतिष्ठाहममृतस्याव्ययस्य च।
शाश्वतस्य च धर्मस्य सुखस्यैकान्तिकस्य च॥

(१४।२७)

'मैं अविनाशी ब्रह्मकी, अमृतकी, नित्यधर्मकी और ऐकान्तिक सुखकी प्रतिष्ठा हूँ—सबका आधार हूँ।'

मत्तः सर्वं प्रवर्तते । (१०।८)

'सब मुझसे ही प्रवर्तित है।'

अहं कृत्स्नस्य जगतः प्रभवः प्रलयस्तथा ।

(७।६)

'मैं सम्पूर्ण जगत्की उत्पत्ति और प्रलय हूँ।'

भोक्तारं यज्ञतपसां सर्वलोकमहेश्वरम् ।

(५।२९)

'मैं समस्त यज्ञ-तपोंका भोक्ता और सर्वलोकोंका महान् ईश्वर हूँ।'

विष्टभ्याहमिदं कृत्स्नमेकांशेन स्थितो जगत् ।

(१०।४२)

'इस सम्पूर्ण जगत्को मैंने एक अंशमें धारण कर रखा है।'

यो मां पश्यति सर्वत्र सर्वं च मयि पश्यति ।

(६।३०)

'जो मुझे सर्वत्र देखता है और सबको मुझमें देखता है।'

अहं हि सर्वयज्ञानां भोक्ता च प्रभुरेव च ।

(९।२४)

'मैं ही समस्त यज्ञोंका भोक्ता और प्रभु हूँ।' अर्जुनने गीतामें कहा है—

परं ब्रह्म परं धाम पवित्रं परमं भवान् ।
पुरुषं शाश्वतं दिव्यमादिदेवमजं विभुम् ॥

(१०।१२)

'भगवन्! आप परब्रह्म, परमधाम, परमपवित्र, सनातनपुरुष, दिव्यपुरुष, आदिदेव, अजन्मा और विभु हैं।'

श्रीमद्भागवतमें तो श्रीकृष्णके परब्रह्मत्व, उनकी स्वयं भगवत्स्वरूपता तथा उनके अनन्त महत्त्वका ही वर्णन श्रीव्यासदेवजीने किया है। उसकी तो रचना ही उन्हींकी स्वरूपव्याख्या तथा लीलाकथाके वर्णनके लिये हुई है।

यहाँ यह प्रश्न हो सकता है कि ''जब भगवान् श्रीकृष्ण 'पूर्ण परात्पर ब्रह्म',

'ब्रह्मकी भी प्रतिष्ठा', सर्वथा सच्चिदानन्दमयस्वरूप हैं, तब उनका स्वरूप और आकार प्राकृत तथा उनके कार्य—स्नान, भोजन-शयनादि तथा अन्यान्य व्यवहार-बर्ताव प्राकृत मनुष्यके-से क्यों दिखायी पड़ते हैं?'' इसका उत्तर यह है कि प्रथम तो भगवान् स्वयं 'सर्व-भवन-समर्थ' हैं—वे चाहे जैसे बन सकते हैं और यहाँ तो वे मनुष्य-लीला ही करते हैं। दूसरे, उन्होंने स्वयं इस प्रश्नका उत्तर गीतामें दे दिया है—

नाहं प्रकाशः सर्वस्य योगमायासमावृतः।
मूढोऽयं नाभिजानाति लोको मामजमव्ययम्॥

(७।२५)

'योगमायासे पूरा-पूरा ढका रहनेके कारण मैं समस्त लोगोंकी दृष्टिमें प्रकाशित नहीं होता। इसलिये मूढ़लोग मेरे इस अजन्मा और अविनाशी स्वरूपको नहीं जान पाते—मुझको जन्म-मृत्युशील प्राकृतदेहधारी मानते हैं।'

अवजानन्ति मां मूढा मानुषीं तनुमाश्रितम्।
परं भावमजानन्तो मम भूतमहेश्वरम्॥

(९।११)

'मैं सम्पूर्ण भूतोंका महान् ईश्वर हूँ, मेरे इस परमभाव (उत्कृष्ट माहात्म्य) को वे मूढ़लोग नहीं जानते और मुझे मनुष्यके सदृश शरीर धारण किये देखकर प्राकृतशरीरधारी मनुष्य मान लेते हैं और मेरा अपमान करते हैं।'

श्रीयामुन मुनिने कहा है—

तद्ब्रह्मकृष्णयोरैक्यात्......................................।

उस ब्रह्म और श्रीकृष्णमें वैसा ही एकत्व है, जैसा किरणोंमें और सूर्यमें होता है।

अतएव दिव्य सच्चिदानन्दघन प्रेमानन्द-रस-विग्रह भगवान् श्रीकृष्ण विरुद्धधर्माश्रयी साक्षात् पूर्णब्रह्म पूर्ण पुरुषोत्तम प्रभु हैं।

गीतामें तीन प्रकारके अवतारोंका संकेत और भगवान् श्रीकृष्णका महत्त्व

उन्होंने गीतामें अवतारके प्रसङ्गमें अपने इस पूर्णाविर्भाव तथा अपने

अंशावतारोंका वर्णन सांकेतिक भाषामें सूत्ररूपसे बहुत सुन्दर किया है। वे कहते हैं—

अजोऽपि सन्नव्ययात्मा भूतानामीश्वरोऽपि सन्।
प्रकृतिं स्वामधिष्ठाय सम्भवाम्यात्ममायया॥
यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत।
अभ्युत्थानमधर्मस्य तदाऽऽत्मानं सृजाम्यहम्॥
परित्राणाय साधूनां विनाशाय च दुष्कृताम्।
धर्मसंस्थापनार्थाय सम्भवामि युगे युगे॥

(४। ६—८)

इन श्लोकोंका साधारण शब्दार्थ है—

'मैं अजन्मा, अव्ययात्मा और सर्वभूतोंका ईश्वर रहता हुआ ही अपनी प्रकृतिको (अपने स्वभावको) स्वीकार करके अपनी मायासे (योगमायाको साथ लेकर) उत्पन्न—उत्तम रीतिसे प्रकट होता हूँ **(सम्भवामि)**।'

'जब-जब धर्मकी ग्लानि और अधर्मका अभ्युत्थान होता है, तब-तब मैं अपने रूपको रचता हूँ।'

'साधु पुरुषोंके परित्राण, दुष्टोंके विनाश और धर्मसंस्थापनके लिये मैं युग-युगमें उत्तम रीतिसे प्रकट होता हूँ **(सम्भवामि)**।'

साधुओंका परित्राण, दुष्टोंका दमन और धर्मका संरक्षण-संस्थापन—भगवदवतारके ये तीन कार्य सुप्रसिद्ध हैं। इन तीनोंका वर्णन तथा इनके लिये प्रकट होनेकी बात आठवें श्लोकमें आ जाती है। फिर छठे श्लोकमें '**सम्भवामि**' और सातवेंमें '**आत्मानं सृजामि**' कहनेकी क्या आवश्यकता थी? तीनोंमें ही प्रकारान्तरसे अपने प्रकट होनेकी बात ही कही गयी है—छठे तथा आठवें दोमें '**सम्भवामि**' तथा सातवेंमें '**आत्मानं सृजामि**' कहा है। अतएव ऐसा प्रतीत होता है— तीन श्लोकोंमें तीन प्रकारके अवतारोंका संकेत है। मैं अज, अव्ययात्मा और सर्वभूतमहेश्वर होकर भी अपनी प्रकृतिको स्वीकार करके आत्ममायासे प्रकट होता हूँ, इसमें अपने 'विरुद्धधर्माश्रयी' परब्रह्म स्वरूपके पूर्णाविर्भावका संकेत है। दूसरेमें

सदुपदेशके द्वारा धर्मग्लानि तथा अधर्मके अभ्युत्थानका नाश करनेवाले 'आचार्यावतार'का संकेत है तथा तीसरेमें साधुसंरक्षण, दुष्टदलन और धर्मसंरक्षण-संस्थापन करनेवाले 'अंशावतार'का संकेत है।

श्रीकृष्ण पूर्ण पुरुषोत्तम स्वयं भगवान् हैं—यह गीताके उपर्युक्त श्लोकमें आये हुए '**प्रकृतिं स्वामधिष्ठाय**' और '**आत्ममायया सम्भवामि**' पदोंके गाम्भीर्यपर ध्यान देकर समझनेसे और भी सुस्पष्ट हो जाता है। इसके पश्चात् ही भगवान् श्रीकृष्ण अपने इस स्वरूप तथा इसकी लीलाओंके जानने-समझनेका फल बतलाते हुए कहते हैं—

जन्म कर्म च मे दिव्यमेवं यो वेत्ति तत्त्वतः।
त्यक्त्वा देहं पुनर्जन्म नैति मामेति सोऽर्जुन॥

(४।९)

'अर्जुन! मेरे इस दिव्य जन्म और कर्मको जो मनुष्य तत्त्वसे—यथार्थरूपसे जान लेता है, वह शरीरको त्यागकर फिर जन्मको नहीं प्राप्त होता, (वह जन्म-मरणसे छूटकर) मुझको ही प्राप्त होता है।'

जिस जन्म और जिन कर्मोंको जाननेसे जाननेवालेका जन्म होना बंद हो जाय, वे जन्म-कर्म कैसे विलक्षण हैं और वे केवल भगवान्‌के ही हो सकते हैं—यह सहज ही समझमें आ सकता है।

आज इन्हीं ज्ञानविज्ञानस्वरूप, पूर्ण परात्पर ब्रह्म, पूर्ण पुरुषोत्तम, सर्वातीत, सर्वमय, षडैश्वर्यपरिपूर्ण, अचिन्त्यानन्तैश्वर्यशक्तिस्वरूप, महान् योगेश्वरेश्वर, प्रकृति-स्वामी, अचिन्त्यानन्तकल्याणगुणगणाकर, पञ्चाशदीश्वरीयगुणसम्पन्न, सकलगुणमय, नित्य-निर्गुण, स्वरूपभूतदिव्यगुणसम्पन्न, सदास्वरूपसम्प्राप्त, सर्वज्ञ, नित्यनूतन, सच्चिदानन्दसान्द्राङ्ग, सर्वसिद्धिनिषेवित, आदर्श कर्मयोगी, धर्मसंस्थापक, दुष्ट-दलन, असुरोद्धारक, हतारिगतिदायक, गीतोपदेशक, अनन्तसौन्दर्यमाधुर्यस्वरूप, प्रेमानन्दरसमय, शान्त-दास्य-सख्य-वात्सल्य-मधुररसनिषेवित, श्रीराधानायक, श्रीराधात्मस्वरूप, श्रीराधापादाब्जमधुकर, श्रीराधाप्राणेश्वर, श्रीराधाराधित, श्रीगोपी-जनमनमोहन, श्रीगोपीकान्त, श्रीगोपीजनजीवनधन, मुरलीमनोहर, शिखि-पिच्छधारी, श्रीमथुरानायक, श्रीरुक्मिणीरमण, श्रीद्वारकाधीश, दिव्यनायक, दिव्यसखा,

दिव्यबालक, आदर्श गुरु, आदर्श शिष्य, आदर्श पुत्र, आदर्श प्रेमी, सकलकला-निपुण, नृत्यगीतवाद्यविशारद, ललितकलाकुशल, अश्वचालनकलाचतुर, भक्तप्रिय, भक्तभक्तिमान्, भक्तभयहारी, भक्तसर्वस्व, भक्तचरणरजोऽभिलाषी, भक्तप्रतिज्ञारक्षक, भक्ताधीनस्वभाव, भक्तऋणयुक्त, शरणागतवत्सल, दीनबन्धु, पतितपावन, देवकी-वसुदेव-कुमार, नन्द-यशोदा-नन्दन, व्रज-बालक, व्रजबालसखा, सुदामार्जुनसखा, पाण्डवदूत, कृष्णासखा, परमवदान्य, परमशूर, परमराजनीतिज्ञ, शौर्य-वीर्य-निधि, युद्ध-कला-विशारद, शार्ङ्गधन्वा, रण-नीतिनिपुण, महापुरुषप्रधान, अखिलजगद्गुरु, महान् आदर्श पुरुष, महामानव, लोकनायक, लोकसंग्रहकारी, इन्द्रिय-मनोवशकारी, अद्भुतजन्मकर्मा, षोडशकलापूर्ण, सच्चिदानन्दघनविग्रह, भगवान् श्रीकृष्णका प्राकट्य-महोत्सव है। ये भगवान् नित्य हैं, इनकी लीला नित्य है। तथापि इनका प्राकट्य होता है भाद्रपदकी कृष्णाष्टमीको।

श्रीकृष्णका आविर्भाव

भाद्रपदकी अँधियारी अष्टमीकी अर्धरात्रिको कंसके कारागारमें परम अद्भुत चतुर्भुज नारायणरूपसे इनका प्राकट्य हुआ। देवकी इनके चतुर्भुज रूपकी तीव्र प्रभाको नहीं सह सकीं और बोलीं—'विश्वात्मन्! अपने इस शङ्ख-चक्र-गदा-पद्मधारी अलौकिक रूपको छिपा लो।' भक्तवत्सल भगवान्ने श्रीवसुदेव-देवकीको उनके पूर्व-पूर्व जन्मोंकी याद दिलाकर बताया कि 'मैं सर्वेश्वर प्रभु ही तुम्हारा पुत्र बना हूँ' और फिर प्राकृत शिशुका-सा रूप धारण कर लिया। श्रीवसुदेवजी भगवान्की आज्ञाके अनुसार शिशुरूप भगवान्को नन्दालयमें श्रीयशोदाके पास सुलाकर बदलेमें यशोदात्मजा जगदम्बा महामायाको ले आये। भगवान् शिशुको ले जाने, वहाँ सुलाने और कन्याको लेकर कारागारमें लौट आनेकी क्रियाको भगवान्की मायासे किसीने नहीं जाना। नन्दालयमें तो कुछ भी, किसीको भी पता नहीं लगा। श्रीविष्णुपुराण तथा श्रीमद्भागवतमें इस लीलाका तथा इसके आगेकी समस्त लीलाओंका बहुत सुन्दर वर्णन है। उसे पढ़-सुनकर जीवनको सफल बनाना चाहिये।

हमारे पं० श्रीरामनारायणदत्तजी शास्त्रीने बहुत सुन्दर लिखा है—

भादौं की थी असित अष्टमी, निशा अँधेरी।
रस की बूँदें बरस रहीं फिर घटा घनेरी॥
मधु निद्रा में मत्त प्रचुर प्रहरी थे सोये।
दो बंदी थे जगे हुए चिन्तामें खोये॥
सहसा चन्द्रोदय हुआ ध्वंस हेतु तम वंश-के।
प्राची के नभ में तथा कारागृह में कंस के॥
प्रसव हुआ, पर नहीं पेट से बालक निकला।
व्यक्त ब्योम में विमल विश्व का पालक निकला॥
वय किशोर, घनश्याम मनोहर आभा तन की।
मोहक छवि थी अमित इन्दु, शतकोटि मदनकी॥
चार भुजाओंमें गदा, शङ्ख, चक्र थे, पद्म था।
मन्दिर की ले मान्यता वन्दित बंदी-सद्म था॥
पिता हुए आश्चर्य-चकित, थी विस्मित माता।
अद्भुत शिशु वह मन्द-मन्द हँसता, मुसकाता॥
सुनकर अपना स्तवन मुदित हो मुख से बोला।
गूढ रहस्य अतीत जन्म का मानो खोला॥
'माँगा मुझ-सा पुत्र था तुमने कर आराधना।
सिद्ध हुई वह पूर्व की आज तुम्हारी साधना॥
डर न कंस का करो, मुझे गोकुल पहुँचाओ।
और यहाँ नवजात नन्दतनया को लाओ॥
यों कह लौकिक बाल सदृश होकर वह रोया।
क्लेश असह वसुदेव-देवकी का सब खोया॥
सुरसुन्दरियों के सुभग हाथ सुमन से सज उठे।
घन-गर्जनके साथ ही देव-नगारे बज उठे॥
एक-एक कर बाधाओं की कड़ियाँ टूटीं।

पैरों की बेड़ी टूटी, हथकड़ियाँ छूटीं॥
लोह-अर्गला हटी, खुल गये सब दरवाजे।
सोये प्रहरी सभी, खड़े थे जो सब साजे॥

दोनों जननी-जनक के दूर हुए बन्धन वहाँ।
क्यों न मुक्त हों, मुक्ति के आये जीवन-धन वहाँ॥

कुसुम-वृष्टि हो रही, सृष्टि थी रस में डूबी।
पुत्र-वत्सला एक व्यथा से बैठी ऊबी॥
सुत को उर से लगा देवकी दुख से रोई।
मेरे लल्ला को मत मुझ से छीने कोई॥

धीरज दे, वसुदेव प्रिय शिशु को अपनी गोद ले।
प्रस्थित गोकुल को हुए, शेष छत्र बनकर चले॥

कालिन्दी बढ़ रही, न मिलती थाह कुछ कहीं।
चञ्चल तुङ्ग तरङ्ग भयानक भँवर उठ रहीं॥
कण्ठ-मग्न थे पिता, पुत्र ने पाँव बढ़ाया।
ले पद-पद्म-पराग नदी ने शीश चढ़ाया॥

कैसा जादू-सा हुआ, बाढ़ कहाँ को बह गयी।
वह अगाध जलराशि थी घुटनों तक ही रह गयी॥

सुप्त यशोदा गोद मोदप्रद बालक देकर।
लौट गये वसुदेव नन्द-तनया को लेकर॥
मिला अमित आनन्द नन्द को चौथेपन में।
अतिशय भरा उछाह गोप-गोपीजन मनमें॥

बजी बधाई नंद-घर, वंदी यश गाने लगे।
वसन-विभूषण-रत्न-धन द्विज-याचक पाने लगे॥

महानुभावोंकी विलक्षण मान्यता

श्रीगौड़ीय सम्प्रदायके महानुभाव तो मानते हैं कि जिस समय कारागारमें

श्रीवसुदेव-देवकीके सम्मुख चतुर्भुजरूपमें भगवान् प्रकट हुए थे, उसी समय नन्दबाबाके घरपर भी यशोदानन्दन प्रकट हुए थे। श्रीमद्भागवत, दशमस्कन्धके पञ्चम अध्यायके प्रथम श्लोकमें आया है—

नन्दस्त्वात्मज उत्पन्ने जाताह्लादो महामनाः ।

'श्रीनन्दजीके आत्मज (पुत्र) उत्पन्न होनेपर उन महामनाको परमाह्लाद हुआ।' श्रीनन्दजीके यहाँ भगवान् पुत्ररूपमें प्रकट न हुए होते तो शुकदेवजी '**आत्मज उत्पन्ने**' पुत्र पैदा हुआ न कहकर '**स्वात्मजं मत्वा**' 'अपना पुत्र मानकर' कहते। इन महाभुवोंका कहना है कि श्रीवसुदेव-देवकीकी भक्ति ऐश्वर्यमिश्रित वात्सल्यमयी थी और श्रीनन्दयशोदाकी ऐश्वर्यगन्धशून्य विशुद्ध वात्सल्यमयी। इसीसे वसुदेव-देवकीके सामने भगवान् शङ्ख-चक्र-गदा-पद्मधारी चतुर्भुज अद्भुत बालकके रूपमें आविर्भूत हुए। भगवान्‌के इस ऐश्वर्यमय रूपको देखकर उन्होंने समझा कि श्रीभगवान् नारायण हमारे पुत्ररूपमें प्रकट हुए हैं; अतएव उन्होंने हाथ जोड़कर इनकी स्तुति की और भगवान्‌ने भी पूर्व-जन्मोंकी स्मृति दिलाकर अपने साक्षात् भगवान् होनेका परिचय दिया। इसमें ऐश्वर्य प्रत्यक्ष है। तदनन्तर वात्सल्य-भावका उदय होनेपर कंसके भयसे उन्होंने भगवान्‌से बार-बार चतुर्भुजरूपको छिपाकर द्विभुज साधारण शिशु बननेके लिये अनुरोध किया।

इससे यह सिद्ध है कि श्रीवसुदेव-देवकीका वात्सल्य-प्रेम-ऐश्वर्यमिश्रित था और भगवान्‌का ऐश्वर्यमय चतुर्भुजरूप ही उनका आराध्य था तथा वे उसको पुत्ररूपमें प्राप्त करना तथा देखना चाहते थे। परंतु श्रीनन्द-यशोदाका वात्सल्य-प्रेम विशुद्ध था, उसमें ऐश्वर्य-ज्ञानका तनिक भी सम्बन्ध नहीं था; इससे उनके सामने भगवान् द्विभुज प्राकृत बालकके रूपमें ही आविर्भूत हुए और उन्होंने कोई स्तुति-प्रार्थना भी नहीं की। पुत्र समझकर गोदमें उठा लिया और नवजात बालकके कल्याणार्थ जातकर्मादि करवाये।

यह प्रसिद्ध ही है कि भगवान् उसी रूपमें भक्तके सामने प्रकट होते हैं, जो रूप भक्तके मनमें होता है। श्रीभागवतमें श्रीब्रह्माजीने कहा है—

यद् यद् धिया त उरुगाय विभावयन्ति
तत् तद् वपुः प्रणयसे सदनुग्रहाय ।

'भगवन्! आपके भक्त जिस स्वरूपकी निरन्तर भावना करते हैं, आप उसी रूपमें प्रकट होकर भक्तोंकी कामना पूर्ण करते हैं।'

श्रीमद्भागवतमें जो यह स्पष्ट वर्णन नहीं आया है—इसका कारण यह बताया जाता है कि श्रीशुकदेवजी भक्तराज परीक्षित्‌को कथा सुना रहे थे। परीक्षित्‌का सम्बन्ध वसुदेवजीसे था। अतः उन्हें विशेष आनन्द देनेके लिये शुकदेवजीने नन्दालयमें भी भगवान्‌के प्रकट होनेका स्पष्ट वर्णन नहीं किया; परंतु उनका प्रेमपूर्ण हृदय माना नहीं और इस श्लोकमें उनके श्रीमुखसे '**नन्दस्त्वात्मज उत्पन्ने**' के रूपमें रहस्य प्रकट हो ही गया। श्रीमद्भागवतमें और भी संकेत है—कंसने जब गोकुलसे लायी हुई यशोदाकी कन्याको देवकीकी कन्या समझकर उसे मारनेके लिये शिलापर पटकना चाहा, तब वह उसके हाथसे छूटकर आकाशमें चली गयी और देवीरूपसे प्रकट हुई। उस समय भागवतमें उसके लिये '**अदृश्यतानुजा विष्णोः**' अर्थात् 'कंसने भगवान्‌की अनुजा (छोटी बहिन)को देखा'—यों लिखा है। पर यदि भगवान् श्रीकृष्ण केवल श्रीदेवकीके पुत्र होते तो यशोदाकी कन्याको भगवान्‌की 'अनुजा' कहना युक्तियुक्त तथा सत्य न होता। किंतु परमानन्दघनविग्रह भक्तवाञ्छाकल्पतरु श्रीभगवान् जिस समय कंस-कारागारमें वसुदेव-आत्मजरूपमें प्रकट हुए थे, ठीक उसी समय गोकुलमें नन्दात्मजके रूपमें भी प्रकट हुए थे तथा उसीके थोड़ी देर बाद योगमाया कन्याके रूपमें प्रकट हुई थीं। श्रीहरिवंशमें आया है—

गर्भकाले त्वसम्पूर्णे अष्टमे मासि ते स्त्रियौ।
देवकी च यशोदा च सुषुवाते समं तदा॥

अर्थात् गर्भकाल पूरा होनेके पहले ही आठवें महीनेमें 'देवकी और यशोदा दोनोंने एक ही साथ प्रसव किया था।' इसपर यह कहा जा सकता है कि 'जिस समय देवकीजीके भगवान् पुत्ररूपमें प्रकट हुए, उसी समय यशोदाजीके योगमाया प्रकट हुईं।' पर ऐसा कहना बनता नहीं; क्योंकि श्रीमद्भागवत (१० । ३ । ४७) में यह स्पष्ट उल्लेख है कि ''श्रीभगवान्‌से प्रेरित वसुदेवजीने पुत्रको गोदमें लेकर कारागारसे बाहर निकलनेकी इच्छा की, उस समय 'योगमाया' प्रकट हुईं।'' अतएव कारागारमें भगवान्‌का और गोकुलमें योगमायाका प्राकट्य आगे-पीछे हुआ, एक ही समय नहीं

****

हुआ था। इसपर यह कहा जा सकता है कि गोकुलमें 'भगवान् प्रकट हुए' इसमें स्पष्ट प्रमाण क्या है? तो इसके समाधानमें 'श्रीकृष्णयामल'का कहना है कि नन्दपत्नी यशोदाके यमज संतान हुई थी; पहले एक पुत्र हुआ, तदनन्तर एक कन्या हुई। पुत्र साक्षात् श्रीगोविन्द थे और कन्या थी स्वयं अम्बिका (योगमाया)। यशोदाकी इस कन्याको ही वसुदेवजी मथुरा ले गये थे—

नन्दपत्न्यां यशोदायां मिथुनं समपद्यत।
गोविन्दाख्यः पुमान् कन्या साम्बिका मथुरां गता॥

इस स्पष्टोक्तिसे योगमायाको 'श्रीकृष्णकी अनुजा' कहा जाना भी सार्थक हो गया।

इसपर फिर कहा जा सकता है—'श्रीवसुदेवजी जब शिशु श्रीकृष्णको लेकर गोकुल गये, तब वहाँ उन्हें केवल शिशु बालिका ही क्यों दिखायी दी, बालक क्यों नहीं दिखायी दिया? और बालक भी था तो फिर वह बालक कहाँ गया? वहाँ दो बालक होने चाहिये।' इस शङ्काका समाधान यह है कि इनके वहाँ पहुँचते ही उसी क्षण इनका बालक उस बालकमें विलीन हो गया। इन्हें पता ही नहीं लगा कि वहाँ कोई बालक और भी था। वरं महानुभावोंने यहाँतक माना है कि जिस समय कंसके कारागारमें देवकीने यह प्रबल इच्छा की कि श्रीभगवान्के चतुर्भुजरूपका गोपन हो जाय, उसी समय यशोदाहृदयस्थ भगवान्का द्विभुज बालकरूप उस चतुर्भुजरूपको छिपाकर देवकीके सामने आविर्भूत हो गया (**यदा स्वाविर्भूतचतुर्भुजरूपाच्छादनाय श्रीदेवकीच्छाजायत, तदा यशोदाहृदयस्थद्विभुजरूपस्य तद्रूपाच्छादनपूर्वकाविर्भाव-स्तत्रासीदिति गम्यते— 'वैष्णवतोषिणी'**)। यशोदाके यहाँ प्रकट भगवान् वहाँसे तुरंत यहाँ आकर प्रकट हो गये और उनमें भगवान्का शङ्ख-चक्र-गदा-पद्मधारी चतुर्भुजरूप तुरंत वैसे ही विलीन हो गया, जैसे बादलमें बिजली विलीन हो जाती है—

वसुदेवसुतः श्रीमान् वासुदेवोऽखिलात्मनि।
लीनो नन्दसुते राजन्! घने सौदामनी यथा॥

(श्रीकृष्णयामल)

श्रीभागवतमें भी देवकी और यशोदा दोनोंके सामने ही प्रकट होनेका एक संकेत है—

देवक्यां देवरूपिण्यां विष्णुः सर्वगुहाशयः।
आविरासीद् यथा प्राच्यां दिशीन्दुरिव पुष्कलः॥

(१०।३।८)

यहाँ 'देवकी' शब्द 'देहली-दीपक' न्यायसे श्रीदेवकीजी और श्रीयशोदाजी दोनोंका ही वाचक है; क्योंकि यशोदाजीका भी दूसरा नाम 'देवकी' था। श्रीहरिवंशपुराणमें आया है—

द्वे नाम्नी नन्दभार्याया यशोदा देवकीति च।
अतः सख्यमभूत्तस्या देवक्या शौरिजायया॥

'नन्दभार्या यशोदाके यशोदा और देवकी—दो नाम थे, इसीलिये उनका नामसाम्यके कारण वसुदेव-पत्नी देवकीसे सख्यभाव था।'

इस वाक्यसे भी यह कहा जा सकता है कि सांकेतिक भाषामें श्रीशुकदेवजीने दोनों जगह भगवान्‌के प्राकट्यकी बात कह दी।

एक अस्पष्ट संकेत और भी है—

यशोदा नन्दपत्नी च जातं परमबुध्यत।
न तल्लिङ्गं परिश्रान्ता निद्रयापगतस्मृतिः॥

(श्रीमद्भा० १०।३।५३)

नन्दपत्नी यशोदाको यह तो ज्ञात हुआ कि संतान हुई है; परंतु श्रम और निद्रा (भगवत्प्रेरित स्वजनमोहिनी माया) के कारण अचेत होनेसे वे यह न जान सकीं कि पुत्र है या कन्या!

इससे भी नन्दालयमें भगवान्‌के प्राकट्यका संकेत है।

महानुभावोंका कहना है कि भगवान्‌के दो रूप हैं—'ऐश्वर' और 'ब्राह्म'। 'ऐश्वर' मायायुक्त है और 'ब्राह्म' स्वरूप मायातीत है। अचिन्त्यानन्त-अतुलनीय-कल्याण-गुणगणसम्पन्न स्वमायाविशिष्ट 'ऐश्वर' रूपके द्वारा इस विश्वब्रह्माण्डका सृजन-पालन आदि होता है। भगवान्‌का शुद्ध ब्रह्मस्वरूप उत्पादन-पालनादि

लीलाओंसे रहित, केवल आनन्द-प्रेममय है। अतः वसुदेवजीके यहाँ जिस रूपका प्राकट्य हुआ था, वह 'ऐश्वर' रूप था और 'नन्दात्मज' रूपसे ब्रह्म-स्वरूप भगवान् अवतरित हुए थे। श्रीवसुदेवजीके यहाँ आविर्भूत 'ऐश्वर'रूप नन्दात्मज ब्राह्मस्वरूपमें विलीन हो गया था। रास आदि मधुरतम लीलाओंमें 'ब्राह्म' स्वरूप प्रकट था और असुर-वध, अग्नि-पान आदि लीलाओंमें 'ऐश्वर' स्वरूप रहता था। जब भगवान्‌को श्रीअक्रूरजी मथुरा ले गये, तब 'ऐश्वर' स्वरूपसे भगवान् उनके साथ चले गये और भगवान्‌का विशुद्ध आनन्द-प्रेममय ब्राह्म-स्वरूप गोपनरूपसे गोपाङ्गनाओंके साथ व्रजमण्डलमें रह गया। यही **'वृन्दावनं परित्यज्य पादमेकं न गच्छति'**का रहस्य है।

यद्यपि श्रीभागवतमें इसका स्पष्ट उल्लेख नहीं है तथा यह क्लिष्ट कल्पना-सी भी है, तथापि महानुभावोंके उपर्युक्त विवेचनके अनुसार श्रीभगवान् 'नन्दात्मज' रूपमें भी अवतीर्ण हुए हों तो कोई आश्चर्यकी बात नहीं है। श्रीमद्भागवतमें ही वर्णन है—भगवान् श्रीकृष्ण रासमण्डलमें कोटि-कोटि गोपाङ्गनाओंमें प्रत्येक दो गोपियोंके बीच एक-एक रूपमें प्रकट हुए थे। मिथिलामें श्रुतदेव ब्राह्मण और मिथिलानरेश बहुलाश्व दोनों ही भक्तोंके घर एक ही साथ पार्षदोंसहित अलग-अलग गये थे। द्वारकामें नारदजीने सोलह हजार रानियोंमेंसे प्रत्येक रानीके महलमें भगवान् श्रीकृष्णको विभिन्न लीला करते देखा था। ऐसे सर्वशक्तिमान् सर्वभवनसमर्थ स्वयं भगवान् श्रीवसुदेव-देवकीके यहाँ कंसके कारागारमें और श्रीनन्द-यशोदाके घर गोकुलमें पृथक्-पृथक् प्रकट हो जायँ, इसमें कौन बड़ी बात है।

जो कुछ भी हो, आज इन लीलामय पूर्ण पुरुषोत्तम स्वयं भगवान्‌का प्राकट्य-महोत्सव है। आजका दिन समस्त विश्वके लिये मङ्गलमय है। इन्होंने व्रजमें वात्सल्य-सख्य-मधुरभावकी अनुपम लीलाएँ कीं, असुरोंका उद्धार किया, कंसादिका उच्छेद-साधन करके समाज-कल्याण किया, कुरुक्षेत्रके रणाङ्गणमें महान् आश्चर्यप्रद सर्वलोककल्याणकारी समस्त देशकालपात्रोपयोगी विविध अर्थमयी दिव्य भगवद्वाणीस्वरूप श्रीमद्भगवद्गीताका दिव्य गान किया, राज्यों तथा राजाओंका निर्माण किया, स्वयं सदा निरपेक्षस्वरूप स्थित रहकर विभिन्न विचित्र लीलाएँ कीं और अन्तमें अपने दिव्य देहसे ही सबके देखते-देखते परमधामको पधार गये।

इनके स्वरूप, तत्त्व, रहस्य तथा सौन्दर्य-माधुर्य-ऐश्वर्यादि अचिन्त्यानन्त-

कल्याणगुणगणोंका वर्णन कोटि-कोटि जन्मोंमें ब्रह्मा, शेष, शारदा भी नहीं कर सकते—मेरा तो यह अपने मन तथा '**निज गिरा पावन करन हित**' उनके गुणोंका किंचित् स्मरणमात्र है। इसमें भी उनकी कृपा ही कारण है। मेरी निस्सीम नीचता और अधमताका पार नहीं और उन सहज कृपालुकी कृपाका पार नहीं। अस्तु,

प्रणाम और प्रार्थना

हमारा यह विश्व, परम पावन भारतभूमि, द्वारकापुरी, कुरुक्षेत्रका रणाङ्गण, मथुरामण्डल, व्रजभूमि, गोकुल, नन्दालय अति धन्य हैं, जहाँ स्वयं भगवान्ने प्रकट होकर विविध प्रकारकी दिव्य और आदर्श लीलाएँ कीं। लोकपितामह ब्रह्माजीके शब्दोंमें हम भी उनके प्रति प्रणाम और प्रार्थना करें—

नौमीड्य तेऽभ्रवपुषे तडिदम्बराय
गुञ्जावतंसपरिपिच्छलसन्मुखाय ।
वन्यस्रजे कवलवेत्रविषाणवेणु-
लक्ष्मश्रिये मृदुपदे पशुपाङ्गजाय ॥

अहो ईड्य नव घन तन स्याम। तडिदिव पीत वसन अभिराम ॥
मोर पिच्छ छवि छाजत भाल। नैन बिसाल सु उर बनमाल ॥
रस पुंजा गुंजा अवतंस। कवल बिषान बेत्र बर बंस ॥
मृदु पद बृंदाबिपिन बिहार। नमो नमो ब्रजराज कुमार ॥

बोलो व्रजबाल नन्द-यशोदालालकी जय!

——::×::——

श्रीकृष्णजन्म-महोत्सव

(भाद्रपद कृष्ण ८, २०१५ वि॰ को श्रीकृष्ण-जन्मभूमि मथुरामें श्रीकृष्ण-मन्दिरके उद्घाटन-महोत्सवपर भाषण)

वसुदेवसुतं देवं कंसचाणूरमर्दनम्।
देवकीपरमानन्दं कृष्णं वन्दे जगद्गुरुम्॥
मूकं करोति वाचालं पङ्गुं लङ्घयते गिरिम्।
यत्कृपा तमहं वन्दे परमानन्दमाधवम्॥
नवीनजलदावलीललितकान्तिकान्ताकृति
स्फुरन्मकरकुण्डलप्रतिमचारुगण्डस्थलम्।
प्रफुल्लनलिनायतेक्षणमनुक्षणैकक्षणं
चकास्तु मम मानसे सदयकृष्णतत्त्वं श्रिया॥

भूमण्डलमें सबसे श्रेष्ठ और पवित्र देश है—भारतवर्ष। देवता भी इसमें जन्म ग्रहण करनेके लिये लालायित रहते हैं। भारतवर्षमें सप्तपुरियाँ सर्वश्रेष्ठ और परम पवित्र हैं—

अयोध्या[१] मथुरा[२] माया[३] काशी[४] काञ्ची[५] अवन्तिका[६]।
पुरी द्वारावती[७] चैव सप्तैता मोक्षदायिकाः॥

इनमें भी स्वयं भगवान्‌की प्राकट्य-लीलास्थली होनेके कारण अयोध्या तथा मथुराकी विशेषता है। उपर्युक्त श्लोकमें सबसे पहले 'अजन्माकी जन्मभूमि' इन्हीं दोनों पावन पुरियोंके नाम देकर इनका महत्त्व प्रदर्शित किया गया है। पद्मपुराणमें मथुराका माहात्म्य बतलाते हुए स्वयं भगवान् कहते हैं—

अहो न जानन्ति नरा दुराशयाः
पुरीं मदीयां परमां सनातनीम्।
सुरेन्द्रनागेन्द्रमुनीन्द्रसंस्तुतां
मनोरमां तां मथुरां सनातनीम्॥

काश्यादयो यद्यपि सन्ति पुर्य-
स्तासां तु मध्ये मथुरैव धन्या।
यज्जन्ममौञ्जीव्रतमृत्युदाहै-
र्नृणां चतुर्द्धा विदधाति मुक्तिम्॥

× × ×

बालकोऽपि ध्रुवो यत्र ममाराधनतत्परः।
प्राप स्थानं परं शुद्धं यन्न युक्तं पितामहैः॥
तां पुरीं प्राप्य मथुरां मदीयां सुरदुर्लभाम्।
खञ्जो भूत्वान्धको वापि प्राणानेव परित्यजेत्॥

'अहो! कितने आश्चर्यकी बात है कि दूषित चित्तवाले मनुष्य मेरी इस उत्कृष्ट सनातन एवं मनोरम पुरीको, जिसकी देवराज इन्द्र, नागराज अनन्त और बड़े-बड़े मुनीश्वर भी स्तुति करते हैं, नहीं जानते। यद्यपि काशी आदि अनेक मोक्षदायिनी पुरियाँ हैं, तथापि उन सबमें मथुरापुरी ही धन्य है; क्योंकि यह अपने क्षेत्रमें जन्म, उपनयन, मृत्यु और दाहसंस्कार—इन चारों ही कारणोंसे मनुष्यको मुक्ति देती है। ध्रुवने बालक होनेपर भी जहाँ मेरी (भगवान्की) आराधना करके उस परम विशुद्ध धामको प्राप्त किया, जो पितामह ब्रह्मा आदिको भी नहीं मिला। वह मेरी मथुरापुरी देवताओंके लिये भी दुर्लभ है; वहाँ पहुँचकर लँगड़े-अंधे मनुष्यको भी प्राणत्यागपर्यन्त वहीं निवास करना चाहिये।'

इस परम पावनी मथुरानगरीमें कंसके कारागारका वह स्थान परम धन्य है, जहाँ सर्वलोकमहेश्वर, सर्वात्मा, सर्वमय और सर्वातीत योगेश्वरेश्वर स्वयं भगवान्का दिव्य प्राकट्य हुआ था और हमलोग भी परम धन्य हैं, जो आज उनके दिव्य जन्म-महोत्सवके इस परम पावन धन्य दिवसपर—उसी परम पावन स्थानपर एकत्र होनेका सौभाग्य प्राप्त कर रहे हैं, जहाँ उनका दिव्य जन्म हुआ था। हम कृतज्ञ हैं प्रातःस्मरणीय महामना मालवीयजीके तथा आदर्श-चरित्रधर्महृदय श्रीजुगलकिशोरजी बिड़लाके—जिनके उत्साह, लगन, सदाग्रह, अध्यवसाय, प्रयत्न तथा उदारतासे यह श्रीकृष्णजन्मभूमि पुनः श्रीकृष्णजन्मभूमिके गौरवको प्राप्त कर सकी। आरम्भसे लेकर

अबतकके इसके कार्यसंचालक, इसकी समितिके उत्साही तथा कर्मठ सभी सदस्य समस्त देशवासियोंकी कृतज्ञताके पात्र हैं, जिन्होंने इस पवित्र कार्यमें समय, सम्मति, सत्परामर्श, सहायता और साहस प्रदानकर देशका मुख उज्ज्वल किया है। मेरे सम्मान्य मित्र श्रीभगवानदासजी भार्गव तथा पं० देवधरजी शर्माका तो मैं विशेषरूपसे कृतज्ञ हूँ, जो वर्षोंसे अत्यन्त निर्भीकता, बुद्धिमत्ता तथा उदारताके साथ सारे बाधा-विघ्नोंका सामना करते तथा उन्हें हटाते हुए इस श्रीकृष्णजन्मभूमिके महान् कार्यको आगे बढ़ा रहे हैं और जिनकी कृपा तथा प्रेमभरे आग्रहसे मुझे सर्वथा असमर्थ एवं अयोग्य होनेपर भी आज यह सौभाग्य प्राप्त हुआ है। पवित्र व्रजभूमिकी पावन रजका स्पर्श करने, यहाँ इस महान् पवित्र कार्यमें सम्मिलित होने तथा आप सबके दर्शनका सौभाग्य प्राप्त करनेमें मेरे सम्मान्य स्वामीजी श्रीअखण्डानन्दजीका प्रेमभरा व्यक्तिगत आवाहन भी कारण है, अतएव मैं उनका भी हृदयसे कृतज्ञ हूँ।

श्रीकृष्णजन्मभूमि-उद्धारके इस महान् कार्यसे देशका मुख उज्ज्वल हुआ है। किसी एक पद्धतिसे होनेवाली पूजास्थलीको तथा किसी अवतार अथवा महापुरुषके जन्म या लीला-स्थलको बलात् हस्तगत करके उसपर अपना अधिकार जमाना पाप है और ऐसा अधिकार जबतक रहता है, तबतक वह कलङ्क, वह पाप, उस पापकी स्मृति तथा तज्जन्य रागद्वेष बना रहता है। यहाँका यह पाप-कलङ्क मिटनेसे देशका मुख यथार्थमें ही उज्ज्वल हुआ। कुछ दिनों पहलेतक हमारे देशमें 'पर-राज्य' था—अब 'स्व-राज्य' है। इस समय तो ऐसा एक भी कलङ्क नहीं रहना चाहिये। सोमनाथ-मन्दिरका पुनरुद्धार स्वर्गीय सरदार पटेल महोदयके पावन प्रयत्नसे हुआ। ऐसे ही श्रीकाशीके पवित्र मन्दिर, अयोध्यापुरीके पावन-स्थान, सिद्धपुरके मन्दिर तथा अन्यान्य सभी पवित्र स्थानोंका उद्धार होना चाहिये। हमारे मुसलमान भाइयोंको चाहिये कि वे स्वतन्त्र देशके नागरिकोंकी दृष्टिसे देशपर लगे इन पाप-कलङ्कोंके जितने स्मारक हैं, उन सबको पुण्य-दर्शन बना दें। हिंदू अपने धर्म-स्थानोंपर उपासना करें, मुसलमान अपने स्थानोंपर। इसी प्रकार सभी अपने-अपने पवित्र स्थानोंपर निर्विघ्नतासे पूजा करें—तभी देशकी शोभा है। तभी राज्यकी शोभा है। आजकल—गरीबोंकी गरीबीका लाभ उठाकर ईसाई-प्रचारक देशमें जहाँ-तहाँ बड़े जोरसे ईसाई-मतका

प्रचार कर रहे हैं। कहीं-कहीं कई मतोंके लोग मन्दिर-मूर्ति आदिका ध्वंस कर रहे हैं—यह देशपर पाप-कलङ्क है। भगवान् दो नहीं हैं, वे सभीके हैं—हिंदूके भी मुसलमानके भी, ईसाई-पारसीके भी तथा अन्यान्य सभीके। मान्यता तथा पद्धति भिन्न-भिन्न हैं तथा अपनी-अपनी पद्धतिसे सबको निर्दोष पूजा करनेकी स्वतन्त्रता होनी चाहिये। इसीलिये ऐसे स्थानोंके उद्धारकी परम आवश्यकता है, जिनपर दूसरी पद्धतिवालोंने बलात् अधिकार कर रखा है और जो उस पापके स्मारकरूपमें विद्यमान हैं!

हमारे श्रीकृष्ण तो ऐसे हैं कि उनकी ओर जिसकी दृष्टि गयी, वही अपनी सुध-बुध भूलकर लट्टू हो गया—अपने सम्प्रदायमें रहते हुए ही श्रीकृष्णका प्रेमी बन गया—ऐसे अनेकों मुसलमान महानुभाव हुए हैं और आज भी हैं। उनमेंसे कुछके उद्गार मैं यहाँ आपको सुना रहा हूँ। यूरोपियन बहुत-से भक्त-हृदय नर-नारी ऐसे हैं, जो श्रीकृष्णके चरणोंमें अपना सब कुछ न्योछावर कर प्रेमभिखारी बने हुए हैं। ऐसे वर्तमानके कई मुसलमान, यूरोपियन भाग्यशाली नर-नारियोंसे मेरा परिचय है। अब कुछ उद्गार सुनिये—

रहीमजी श्यामसुन्दरकी छबिको चित्तसे टाल ही नहीं सकते। वे गाते हैं—

कमल-दल नैननि की उनमानि।
बिसरत नाहिं मदनमोहन की मंद-मंद मुसुकानि॥
दसनन की दुति चपलाहू ते चारु चपल चमकानि।
बसुधा की बस करी मधुरता, सुधा-पगी बतरानि॥
चढ़ी रहै चित हिय बिसाल की मुक्तमाल लहरानि।
नृत्य समय पीतांबरकी वह फहरि-फहरि फहरानि॥
अनुदिन श्रीबृंदाबन ब्रज में आवन-जावन जानि।
छबि रहीम चित ते न टरति है, सकल स्याम की बानि॥

वाहिद नन्दनन्दनपर निरन्तर लगन रहनेकी शुभकामना करते हैं—

सुंदर सुजान पर, मंद मुसुकान पर,
बाँसुरीकी तान पर ठौरन ठगी रहै।

मूरति बिसाल पर, कंचन की माल पर,
खंजन-सी चाल पर खौरन खगी रहै॥
भौंहैं धनु मैन पर, लौने युग-नैन पर,
सुद्धरस बैन पर वाहिद पगी रहै।
चंचल से तन पर, साँवरे बदन पर,
नंदके नँदन पर लगन लगी रहै॥

रसिक रसखानजी तो पशु-पक्षी-पत्थर बनकर भी कन्हैयाके दास रहना चाहते हैं—

मानुष हौं तौ वही रसखानि बसौं मिलि गोकुल गाँव के ग्वारन।
जो पसु हौं तौ कहा बस मेरौ, चरौं नित नंद की धेनु मझारन॥
पाहन हौं तो वही गिरि कौ, जो कियौ सिर छत्र पुरंदर धारन।
जो खग हौं तौ बसेरौ करौं वहि कालिंदी कूल कदंब की डारन॥

नजीर जय बोलते-बोलते नहीं थकते—

तारीफ करूँ मैं अब क्या-क्या उस मुरली-धुनके बजैया की,
नित सेवा-कुंज फिरैयाकी और बन-बन गऊ चरैया की।
गोपाल बिहारी बनवारी दुख-हरना मेहर-करैया की,
गिरिधारी सुंदर श्याम बरन और पंदड़ जोगी भैया की।
यह लीला है उस नंद-ललन मनमोहन जसुमति-छैया की,
रस ध्यान सुनो, दंडौत करो, जै बोलो कृष्ण कन्हैया की।

देवी ताज तो सब कुछ सहकर उनकी बनी रहना चाहती हैं—

सुनो दिलजानी, मेरे दिलकी कहानी, तुम
दस्त ही बिकानी, बदनामी भी सहूँगी मैं।
देवपूजा ठानी, औ निवाज हूँ भुलानी, तजे
कलमा-कुरान सारे, गुनन गहूँगी मैं॥
साँवला, सलोना, सिरताज सर कुल्लेदार;
तेरे नेह-दाघ में निदाघ ही दहूँगी मैं।

नंदके कुमार, कुरबान ताँड़ी सूरतपर
ताँड़े नाल प्यारे हिंदुवानी हो रहूँगी मैं॥

ये भक्त तो हर शैमें उन्हींका नूर देखते हुए उनके कदमोंमें ही बसे रहना चाहते हैं—

जहाँ देखो वहाँ मौजूद मेरा कृष्ण प्यारा है,
उसीका सब है जल्वा, जो जहाँमें आशकारा है॥
तेरा दम भरते हैं हिंदू अगर नाकूस बजता है,
तुम्हींको शेखने प्यारी अजाँ देकर पुकारा है।
न होते जल्वागर तुम तो, यह गिरजा कबका गिर जाता,
निसारी को भी तो आखिर तुम्हारा ही सहारा है॥
तुम्हारा नूर है हर शै में, कोसे कोह तक प्यारे,
इसीसे कहके हरि-हर तुमको हिंदूने पुकारा है।
गुनह बख्शो, रसाई दो, बसा लो अपने कदमोंमें,
बुरा है या भला है, जैसा है प्यारा तुम्हारा है॥

हज़रत नफीस खलीलीने तो कन्हैयाकी छबिपर अपना दिल ही उड़ा दिया है—

कन्हैयाकी आँखें हिरन-सी नसीली।
कन्हैयाकी शोखी कली-सी रसीली॥
कन्हैयाकी छबि दिल उड़ा लेनेवाली।
कन्हैयाकी सूरत लुभा लेनेवाली॥
कन्हैयाकी हर बातमें एक रस है।
कन्हैयाका दीदार सीमी क़फ़ है॥

इसीलिये तो हिंदी-साहित्य-गगनके शरदिन्दु श्रीभारतेन्दुने कहा था—

इन मुसलमान हरिजनन पै कोटिन हिंदू वारियै।

पर ये हरिके जन मुसलमान क्या करते, बेचारे लाचार थे। उस साँवरे सलोनेकी छबिमाधुरीमें जादू ही ऐसा है—जिसने इस ओर भूले-भटके भी निहार लिया, वही लुट गया। इसीलिये तो यह घोषणा की गयी है—

मा यात पान्थाः पथि भीमरथ्या
दिगम्बरः कोऽपि तमालनीलः।

****

विन्यस्तहस्तोऽपि नितम्बबिम्बे
धूतः समाकर्षति चित्तवित्तम्॥

'अरे पथिको ! उस राह मत जाना, वह रास्ता बड़ा ही भयावना है। वहाँ अपने नितम्ब-बिम्बपर हाथ रखे जो तमाल-सरीखा नीलश्याम धूत बालक नंगधड़ंग खड़ा है, वह अपने समीप होकर जानेवाले किसी भी पथिकका चित्तरूपी धन लूटे बिना नहीं छोड़ता।'

इन्हीं सर्वजन-मन-मोहन श्रीकृष्णका उन्हींकी पुण्य-जन्मस्थलीमें आज पुनः प्राकट्य हो रहा है, यह हमारे लिये बड़े ही सौभाग्यकी बात है।

श्रीकृष्णका स्वरूप

अब 'श्रीकृष्ण क्या हैं?' यह प्रश्न रहता है और यह सदा बना ही रहेगा; क्योंकि असीम-अनन्तकी सीमा कौन बता सकता है और कौन उनके स्वरूपका अन्त पा सकता है। वे सब कुछ हैं, सब कुछसे परे हैं—सर्वमय हैं, सर्वातीत हैं। अनन्त, ससीम, अलौकिक, लौकिक—विरुद्ध धर्म-गुणोंका उनमें एक ही समय पूर्ण प्रकाश है। उनको जो जिस दृष्टिसे देखते हैं, उन्हें वे वैसे ही दिखायी देते हैं—उनकी कल्पनासे नहीं, वे सब समय सभी कुछ हैं ही। भावुक भक्तोंकी बात छोड़िये, महात्माजीके साथी और अनुयायी प्रसिद्ध बुद्धिवादी श्रीकाका कालेलकरजीने लिखा है—

'××× श्रीकृष्णने आर्यजनताको अधिक अन्तर्मुख बनाया है, अधिक आत्मपरायण बनाया है। भोग और त्याग, गृहस्थाश्रम और संन्यास, प्रवृत्ति और निवृत्ति, कर्म और ज्ञान, इहलोक और परलोक इत्यादि सब द्वन्द्वोंका विरोध आभास-रूप है, सबमें एक ही तत्त्व रहा है—अपने जीवन और उपदेशसे श्रीकृष्णने यह बात सिद्ध करके बता दी है। आर्यजीवनपर अधिक-से-अधिक प्रभाव तो श्रीकृष्णका ही है, फिर भी इस प्रभावका स्वरूप ठहराना कठिन है। जिस प्रकार अत्यन्त सरल भाषामें लिखी गयी भगवद्गीताके अनेक अर्थ किये गये हैं, उसी प्रकार श्रीकृष्णके जीवनमें विद्यमान रहस्यका भी विविध प्रकारसे वर्णन होता रहा है। ×××महाभारतके श्रीकृष्ण, श्रीमद्भागवतके श्रीकृष्ण, गीतगोविन्दके श्रीकृष्ण,

चैतन्यमहाप्रभुके श्रीकृष्ण और तुकाराम बुवाके श्रीकृष्ण एक होते हुए भी भिन्न हैं। आजकलके जमानेमें भी नवीनचन्द्र सेनके श्रीकृष्ण बंकिमचन्द्रके श्रीकृष्णसे भिन्न हैं। गांधीजीके श्रीकृष्ण तिलकके श्रीकृष्णसे जुदा हैं और श्रीअरविन्दके श्रीकृष्ण तो सबसे ही न्यारे हैं। ऐसे सुलभ और दुर्लभ, एक और अनेक, रसिक और वैरागी, त्यागी और संग्राहक, प्रेमिल और निष्ठुर, मायावी और सरल श्रीकृष्णकी जयन्ती किस प्रकार मनायी जाय, यह ठहराना बड़ा कठिन है—×××'

श्रीकृष्ण स्वयं भगवान्

भगवान् श्रीकृष्ण समस्त अवतारोंके मूल अवतारी, चतुर्व्यूहमें सर्वप्रथम भगवान् वासुदेव, समस्त भगवत्स्वरूपोंके अंशी, ब्रह्मकी प्रतिष्ठा, सर्वेश्वरेश्वर, सर्वलोकमहेश्वर, निर्गुण—स्वरूपभूतगुणमय, निराकार—भौतिक आकाररहित, परमेश्वर, अचिन्त्यानन्त-सद्गुण-समुद्र, सर्वगुणमय, सर्वमय, सर्वातीत, सर्वात्मा, सर्वजीवप्राण, अखिलप्रेमामृतसिन्धु, षोडशकलापूर्ण, षडैश्वर्यसम्पन्न, हानोपादानरहित नित्य सत्य दिव्य चिन्मय भगवद्देहरूप, दिव्य सच्चिदानन्द प्रेमघनमूर्ति पूर्ण पुरुषोत्तम स्वयं भगवान् हैं—ऐसा विभिन्न शास्त्रोंमें, वेद, उपनिषद्, पुराण, इतिहास, तन्त्र तथा ऋषि-मुनि-रचित एवं अनुभवी महात्माओंके द्वारा प्रणीत ग्रन्थोंमें बार-बार कहा गया है। इसके अतिरिक्त उनमें ऐसे सभी भावों तथा गुणोंका विकास है, जो कहीं भी एक स्थानपर नहीं मिलते। समस्त विभूतियाँ, समग्र जगत् उनके एक ही अंशमें स्थित है—*'विष्टभ्याहमिदं कृत्स्नमेकांशेन स्थितो जगत्।'* उनमें 'पूर्ण मानवता' एवं पूर्ण भगवत्ताका युगपत् प्रकाश है तथा वे 'अभ्युदय' और 'निःश्रेयस' के साकार विग्रह हैं। जड तथा चेतन उन्हींकी प्रकृति हैं, क्षर-अक्षर उन्हीं पुरुषोत्तमके आश्रित हैं। महाभारत आदिपर्व (अध्याय ६३, श्लोक ९९ से १०४) में श्रीकृष्णके प्राकट्यका वर्णन करते हुए कहा गया है—

'विश्ववन्दित महायशस्वी भगवान् जगत्के जीवोंपर अनुग्रह करनेके लिये वसुदेवजीके द्वारा श्रीदेवकीजीसे प्रकट हुए। वे भगवान् आदि-अन्तसे रहित, द्युतिमान्, सम्पूर्ण जगत्के कर्ता और प्रभु हैं। वे ही अव्यक्त, अक्षरब्रह्म और

त्रिगुणात्मकप्रधान हैं। वे आत्मा, अव्यय, प्रकृति (उपादान), प्रभव (उत्पत्तिकारण), प्रभु (अधिष्ठाता), पुरुष, विश्वकर्मा, सत्त्वगुणसे प्राप्त होनेयोग्य, प्रणवाक्षर, अनन्त, अचल, देव, हंस, नारायण, प्रभु, धाता, अजन्मा, अव्यक्त, पर, अविनाशी, कैवल्य, निर्गुण, विश्वरूप, अनादि, जन्मरहित और अविकार हैं। वे सर्वव्यापी, परमपुरुष परमात्मा, सबके कर्ता और सम्पूर्ण भूतोंके पितामह हैं। उन्होंने ही धर्मके संवर्धनके लिये अन्धक और वृष्णियोंके कुलमें बलराम और श्रीकृष्णरूपमें अवतार लिया था। वे दोनों भाई सम्पूर्ण अस्त्र-शस्त्रोंके ज्ञाता, महापराक्रमी और समस्त शास्त्रोंके ज्ञानमें प्रवीण थे।' इससे भी भगवान् श्रीकृष्ण स्वयं भगवान् हैं, यह सिद्ध होता है।

श्रीकृष्ण सर्वगुणसम्पन्न पूर्ण पुरुष

भगवान् श्रीकृष्ण परमयोगी, योगसिद्ध, योगेश्वर महापुरुष हैं। इसके अनेक प्रमाण हैं। वे वर्णाश्रमधर्मानुसार आचरण करनेवाले थे तथा नित्य नियमितरूपसे विहित-कर्मानुष्ठान करते थे। ब्राह्ममुहूर्तमें उठकर आत्मध्यान, स्नान, संध्योपासन, सूर्योपस्थान, देवर्षि-पितृ-तर्पण तथा गुरुजनोंको प्रणाम करते थे। वे महादानी थे। प्रतिदिन वस्त्रालंकारोंसे विभूषित ८४०१३ दुग्धवती गौओंका दान करते थे। माता-पिताकी सेवा करते थे। गुरुसेवक थे। ब्रह्मण्य थे—भक्ति-श्रद्धापूर्वक ब्राह्मणोंकी पूजा करते थे। महान् ऋषियों, मुनियोंके द्वारा सुपूजित थे। सर्वज्वरहारी थे—इन्द्रका शक्ति-गर्व-ज्वर, ब्रह्माका ज्ञान-गर्व-ज्वर, राजाओंका बल-गर्व-ज्वर उन्होंने अनायास हरण कर लिया था। वे लोकनायक थे। स्वयं आप्तकाम, पूर्णकाम होनेपर भी लोकसंग्रहके लिये आदर्श शुभकार्य किया करते थे। वे सदा निष्काम थे। उन्होंने अत्याचारी राजाओंका ध्वंस किया, पर स्वयं कहीं भी राज्यग्रहण नहीं किया। वे ममता-शून्य थे, गान्धारीके द्वारा अपने विशाल परिवारके विनाशका शाप सुनकर प्रसन्न हुए थे। वे लोकसेवक तथा दीन-दुर्बलोंके बन्धु थे। दुष्टोंका नाश करके उन्हें अपने परम धाममें पहुँचाना उनका सहज कर्म था। उनकी दीर्घ आयुका प्रत्येक दिन नहीं तो, प्रत्येक सप्ताह धर्मसंस्थापनार्थ युद्ध करने तथा दुष्टोंका दमन करनेमें ही

बीता। जिस समय वे अवतीर्ण हुए, उसी समयसे उनका यह दुष्टोद्धारकार्य आरम्भ हो गया था। जिस समय वे नंग-धड़ंग बालक थे, उसी समय पूतना, शकटासुर, तृणावर्त आदि असुरोंको उन्होंने अमरधाम पहुँचा दिया था। गोकुलवृन्दावनमें ग्यारह वर्षतक गौएँ चरायीं, ग्वाल-सखाओंके साथ धमाचौकड़ी मचायी, गोपबालकोंके साथ विविध विचित्र लीलाएँ कीं, निभृत निकुञ्जोंमें रसकी नदियाँ बहायीं; पर उस समय भी वे असुर-राक्षसोंकी चटनी बनानेसे नहीं चूके। पता नहीं, कहाँसे बलका भण्डार उनमें आ गया। शिक्षा प्राप्त करने उज्जैन तो कंस-वधके बहुत दिनों बाद गये थे, परंतु मुष्टिक-चाणूरका चूरन तो इससे पहले ही बना दिया। कूट-शल-तोशलको तिनकेकी ज्यों तोड़ दिया तथा कुवलयापीड एवं सहस्र-सहस्र हाथियोंके बल रखनेवाले मामा कंसका कचूमर निकाल दिया। सारा बल तो इन्हींसे आता है। फिर इसमें आश्चर्यकी कौन-सी बात है।

श्रीकृष्ण बड़े अलौकिक अद्भुतकर्मा हैं! उन्होंने अपने जीवनमें बड़े-बड़े अद्भुत कार्य किये। सबसे पहले कंसके कारागारमें शङ्ख-चक्र-गदा-पद्मधारी, अमिततेजस्वी, सर्वालङ्कारविभूषित अद्भुत चतुर्भुज रूपमें प्रकट हुए; फिर पूतनावध, कुबेरपुत्रोंका उद्धार, ब्रह्माजीका मोहभङ्ग, दावानलपान, गोवर्धनके रूपमें पूजा-ग्रहण तथा गोवर्धन-धारण, इन्द्रगर्वहरण, वरुणलोकमें पूजा स्वीकार करना, गोपोंको ब्रह्म तथा परमधामका दर्शन कराना, रासलीला—दो-दो गोपियोंके बीचमें एक-एक स्वरूप प्रकट कर देना, सुदर्शनका उद्धार, शङ्खचूडका उद्धार, मथुराके मार्गमें अक्रूरको भगवद्दर्शन कराना, कुब्जाको सीधी करना, कंसके दरबारमें अनेक रूप दिखाना, मृत गुरुपुत्रको लाना, नृगका उद्धार, ऋषियोंका स्तवन स्वीकार करना, मृत देवकी-पुत्रोंको लाना, मिथिलामें एक ही साथ द्विविध रूप धारण करना, द्रौपदीका चीर बढ़ाना, एक पत्ता खाकर सशिष्य दुर्वासाका पेट भर देना, व्रजमें माताको, कौरवसभामें दुर्योधनादिको, रणक्षेत्रमें अर्जुनको तथा द्वारका लौटते समय उत्तङ्कको विविध विचित्र विराट्रूप दिखलाना, अर्जुनको दिखाये गये विराट्रूपमें भविष्यके चित्र—भीष्म-द्रोणादिके उत्तमाङ्गोंको अपने कालरूपकी विकराल दाढ़ोंमें चूर-चूर दिखला देना, जयद्रथवधके समय सूर्यको अकालमें ही छिपा देना, उत्तराके गर्भमें मरे

हुए परीक्षित्‌को जिला देना, नारदको प्रत्येक महलमें दर्शन देना तथा त्रिभुवनमोहन दिव्य विग्रहका इस शरीरसे ही परमधाम पधारना—आदि सभी अद्भुत, अलौकिक कर्म हैं।

श्रीकृष्णकी नृत्यकला-निपुणता भी अद्भुत ही है। शिवनृत्य 'ताण्डव' और पार्वतीनृत्य 'लास्य' कहलाते हैं; परंतु श्रीकृष्णका रासमण्डलका नृत्य सर्वथा निराले ढंगका है और क्रोधोन्मत्त भीषण विषधर भुजङ्गमके भयानक फणोंपर नृत्य करना तो नृत्यकलाकी पराकाष्ठा है। कैसी शरीरसाधना, चरण-लाघव और विचित्र मनोयोग है! संगीतमें चार मत— १. नारदमत संगीत, २. भरतमत संगीत, ३. हनुमन्मत संगीत और ४. श्रीकृष्णमत संगीत प्रसिद्ध हैं। इनमें सबसे अधिक चमत्कारपूर्ण तथा कठिन है—श्रीकृष्णमत संगीत।

संगीतशास्त्रके तो श्रीकृष्ण महान् आचार्य हैं। इनकी मुरलीकी मधुर ध्वनि चतुर्दश भुवनोंको मोहित कर लेती है। इस मुरलीध्वनिने ही कोटि-कोटि व्रजसुन्दरियोंको सब कुछ विस्मृत करा दिया था और वे रात्रिके समय आकर्षित होकर श्यामसुन्दरके पास चली आयी थीं। देवर्षि नारदजीने दो वर्षतक इनकी पटरानी श्रीजाम्बवती और सत्यभामाके निकट संगीत-शास्त्रका अभ्यास किया था, तदनन्तर दो वर्षतक श्रीरुक्मिणीजीसे संगीतकी शिक्षा प्राप्त करके पूर्ण निपुणता लाभ की थी। जिनकी रानियाँ नारदजी-जैसे प्रसिद्ध-संगीतविशारदको संगीतकी अनुपम शिक्षा दे सकती हैं, उनका अपना संगीतशास्त्रका ज्ञान कितना अगाध होगा!

श्रीकृष्ण सच्चे आदर्श मित्र थे। राग-द्वेषसे सर्वथा रहित होकर भी वे कहते थे—'अर्जुनके शत्रु मेरे शत्रु हैं और उसके मित्र मेरे मित्र हैं।' उन्होंने सात्यकिसे कहा—मैं अपने माता-पिताकी, तुमलोगोंकी, भाइयोंकी तथा अपने प्राणोंकी रक्षा करना भी उतना आवश्यक नहीं समझता, जितना रणमें अर्जुनकी रक्षा करना समझता हूँ—

न पिता न च मे माता न यूयं भ्रातरस्तथा।
न च प्राणास्तथा रक्ष्या यथा बीभत्सुराहवे॥

वृन्दावनमें तो हजारों ग्वालबालोंके सखा बनकर रहे ही। उनसे निःसंकोच बर्ताव

किया-कराया, खेलमें हारकर उनके घोड़े बनकर उन्हें पीठपर चढ़ाया। द्वारकामें द्वारकाधीश होनेके बाद भी सुदामा-सरीखे निर्धन ब्राह्मणको गले लगाया, अपने प्रेमाश्रुओंसे उसके चरण धोये। उसके पैर दबाये, उसके चरणामृतसे महलोंको पवित्र किया और उसके लाये हुए फर्शपर बिखरे चिउरोंके दानोंको बटोरकर खड़े-खड़े ही खा गये तथा उनका स्वाद बताते हुए नहीं थके।

श्रीकृष्ण सच्चे गोसेवक थे। बरसों गायोंके पीछे-पीछे वन-वन भटके, उनकी सेवा की, उन्हें प्यार दिया, उनका प्यार लिया। उनका दूध पिया और उनको अपना स्वरूप दे दिया।

श्रीकृष्ण घोड़ा हाँकनेकी कलामें परम निपुण थे। इन्हींके अश्वसंचालन-कौशलने भीष्म, द्रोण, कर्णादिके भीषण बाणोंसे अर्जुनको सदा बचाया था। इनके सारथिपनकी कुशलताको देखकर दोनों ओरकी सेनाके सभी प्रमुख योद्धा चकित हो गये थे। श्रीकृष्ण परम नीतिज्ञ, राजनीतिविशारद, कूटनीतिके परम ज्ञाता थे। इन्होंने युद्धमें समय-समयपर पाण्डवोंकी नीति-शिक्षा देकर महान् विपत्तियोंसे बचाया था। इस कार्यमें इनकी निपुणता प्रसिद्ध ही है। श्रीकृष्ण बहुत बड़े वाग्मी थे। इनके भाषण अत्यन्त महत्त्वपूर्ण होते थे। जब ये दूत बनकर कौरव-दरबारमें गये थे, तब बहुत-से बड़े-बूढ़े ज्ञानी ऋषि-मुनि इनका भाषण सुननेके लिये बड़ी दूर-दूरसे वहाँ पधारे थे।

श्रीकृष्णकी शरणागत-वत्सलता प्रसिद्ध है। इन्होंने अनन्यरूपसे अपनी शरणमें आये हुए पुरुषके समस्त पापोंके नाश करनेका जिम्मा लेनेकी खुली घोषणा की है।

श्रीकृष्ण बड़े ही विनोदी थे—बालकपनमें ग्वाल-बालोंके साथ, गोपसुन्दरियोंके साथ इनका विनोद चलता था। रुक्मिणीजीसे एक दिन ऐसा विनोद किया कि उनको मूर्च्छा हो गयी। भीमसेनके साथ इनका हँसी-मजाक खूब चलता था। इनके स्वभावमें ही विनोदप्रियता थी। ये सदा हँसमुख ही रहते थे।

इनकी रसिकता परम प्रसिद्ध है। ये स्वयं रसरूप हैं, रसराज हैं, रसपूर्ण हैं। इनका व्रज रसपूर्ण है, माता-पिता रसपूर्ण हैं, सखा-मित्र रसपूर्ण हैं, गोपरमणियाँ तो रसकी अनन्त सुधासागर ही हैं। करोड़ों-करोड़ों भाग्यवान् नर-नारी इन रसराजकी रसोपासनासे अपनेको धन्य कर चुके हैं।

श्रीकृष्ण जगद्गुरु

अब थोड़ा-सा इनके 'जगद्गुरु' रूपपर विचार करें। वैसे तो ये स्वरूपसे ही नित्य जगद्वन्द्य जगद्गुरु हैं। पर इनकी 'गीता' ऐसी विचित्र वस्तु है कि उसने समस्त विश्वको सदाके लिये इनका शिष्य बना दिया है। इनकी वह भगवद्गीता अनन्त अर्थमयी है। जो जिस भावसे उसे देखता है, उसको वही भाव गीतामें मिल जाता है तथा गीतासे ही उसका कार्य सफल होता है। बंगालके क्रान्तिकारी त्यागमूर्ति नवयुवकोंके एक हाथमें बम तथा दूसरेमें गीता रहती थी। बड़े-बड़े धनी गृहस्थोंका पथ-प्रदर्शन गीता करती है और अरण्यवासी सर्वत्यागी विरक्त वैखानसको भी गीता ही मार्ग-दर्शन कराती है! शासनभारके उत्तरदायित्वको लिये हुए राजपुरुष भी गीताकी शरण लेते हैं और त्यागी-संन्यासी भी गीतासे ही प्रकाश प्राप्त करते हैं। गीताके हजारों भाष्य एवं अनुवाद विविध भाषाओंमें हैं और अभी हुए ही चले जा रहे हैं। गीतामें ही सबको अपने सिद्धान्तका मूल दिखलायी देता है। सांख्य, योग, वेदान्त, उपासना, राजनीति, समाज-नीति—सभीके मूल तत्त्व सरल संक्षिप्त व्याख्यासहित इसमें हैं। ज्ञानयोग, भक्तियोग, कर्मयोग, कर्मसंन्यास, नैष्कर्म्य, सर्व-धर्म-संन्यास, द्वैत, अद्वैत, शुद्धाद्वैत, विशिष्टाद्वैत, द्वैताद्वैत आदि सभी मतोंके माननेवाले आचार्यों तथा उनके अनुयायियोंने गीतासे ही अपने मतकी पुष्टि की है। 'प्रस्थानत्रयी'में गीताके बिना काम नहीं चलता। आज भी विद्वानों एवं राजनीतिक महारथियोंका तथा अन्य क्षेत्रके लोगोंका भी काम गीताके बिना नहीं चलता। लोकमान्य तिलक महाराजने कारागारमें गीतापर 'गीतारहस्य' नामक विशाल भाष्य लिखा। महात्मा गाँधीजीने 'अनासक्तियोग' लिखा, संत विनोबाने 'गीताप्रवचन' लिखा, श्रीजयदयालजीने 'गीतातत्त्वविवेचनी' टीका लिखी। न जाने कितने ग्रन्थ और लिखे गये तथा लिखे जा रहे हैं, कितने पद्यानुवाद हुए तथा हो रहे हैं! अभी-अभी हमारे डॉ० श्रीहरिवंशरायजी बच्चन—हिंदीके प्रसिद्ध कविने अवधी भाषामें 'जनगीता' लिखी है, जो दिल्लीसे प्रकाशित हुई है। अबतक अनेकों ऋषि, महर्षि, आचार्य, कवि, मनीषी हो गये; परंतु रणक्षेत्रमें सारथिके रूपमें हाथमें चाबुक लिये और घोड़ोंकी लगाम थामे रथपर बैठे श्रीकृष्णके द्वारा कही गयी इस छोटी-सी गीता-जैसी कोई भी पुस्तक

आजतक नहीं निकली। प्रातः स्मरणीय आचार्य श्रीशंकराचार्य-सदृश संसारके सर्वमान्य अद्वितीय दार्शनिक महापुरुषने भी गीताकी शरण ली और अपने मतको गीताके अनुकूल सिद्ध करनेमें ही अपने सिद्धान्तकी सफलता समझी। श्रीशंकराचार्यने गीताकर्ता श्रीकृष्णको ईश्वर न माननेवालोंको अपने गीताभाष्यमें 'मूर्ख' कहा है। और उन्हींके अनुयायी श्रीमधुसूदन सरस्वतीने तो 'वंशीविभूषितकर' श्रीकृष्णके अतिरिक्त अन्य तत्त्वके जाननेसे भी इन्कार कर दिया और यह स्पष्ट कह दिया कि 'जो लोग श्रीकृष्णके प्रमाणित माहात्म्यको नहीं सहन कर सकते वे नरकगामी होंगे।'

वर्तमान युगके असंख्य देशी-विदेशी प्रसिद्ध विद्वानोंने—जिनमें लोकमान्य तिलक, श्रीअरविन्द, महात्मा गांधी, स्वामी विवेकानन्द, महात्मा थारो, सर एडविन आरनाल्ड, श्रीआगस्ट विल्हेल्म वान श्लीगल, श्रीविल्हेल्म वान हुम्बोल्ट, श्री जे० एम्० फर्क्यूहर, श्रीएफ० टी० ब्रुक्स आदि अनेकों नाम गिनाये जा सकते हैं—गीताकी महान् प्रशंसा की है और उसको अपना पथ-प्रदर्शक माना है। उनके गीता-सम्बन्धी उद्गारोंका कुछ अंश नीचे दिया जाता है।

महात्मा गांधी

जब मुझे शङ्काएँ घेरती हैं, निराशाएँ मेरी सामना करती हैं और मुझे आकाशमण्डलपर कोई ज्योतिकी किरण दृष्टिगोचर नहीं होती, उस समय मैं गीताकी ओर ध्यान देता हूँ। उसमें कोई-न-कोई श्लोक मुझे शान्तिदायक अवश्य मिल जाता है और घोर शोकाकुल-अवस्थामें मैं तुरंत मुस्कराने लगता हूँ। मेरा जीवन बाह्य दुःखपूर्ण घटनाओंसे पूर्ण है और यदि उनके प्रत्यक्ष एवं अमिट कोई चिह्न मुझपर नहीं रह गये हैं तो इसका श्रेय भगवद्गीताके उपदेशोंको ही है।

श्रीअरविन्द

गीताका अध्ययन हमें न तो एक विद्यार्थीकी भाँति इसके विचारोंकी जाँच करने तथा आत्मविद्या-सम्बन्धी दर्शन-ग्रन्थोंके इतिहासमें इसे स्थान देनेकी दृष्टिसे करना है

और न हमें भाषा-विश्लेषककी भाँति इसकी भाषाकी ही आलोचना करनी है। हम तो अपनी सहायता और प्रकाशके लिये इसकी शरण लेते हैं। हमारा कर्तव्य इसके वास्तविक और सजीव संदेशको पहचानना है, जिससे मनुष्यमात्र अपनी पूर्णता तथा सर्वोत्कृष्ट आध्यात्मिक उन्नतिको प्राप्त कर सकता है।

लोकमान्य तिलक

सारे संसारके साहित्यमें गीताके समान कोई ग्रन्थ नहीं है। गीता हमारे ग्रन्थोंमें एक अत्यन्त तेजस्वी और निर्मल हीरा है। दुःखी आत्माको शान्ति पहुँचानेवाला, आध्यात्मिक पूर्णावस्थाकी पहचान करा देनेवाला और संक्षेपमें चराचर जगत्के गूढ़ तत्त्वोंको समझा देनेवाला गीताके समान कोई भी ग्रन्थ सम्पूर्ण विश्वकी किसी भी भाषामें नहीं है।

वर्ण, आश्रम, जाति, देश आदिका कोई भी भेद न रखकर सबके लिये एक-सी सद्‌गतिका बोध करानेवाला, दूसरे धर्मग्रन्थोंके प्रति सहिष्णुता प्रदर्शित करनेवाला यह ज्ञान, भक्ति और कर्मयुक्त गीताग्रन्थ सनातन वैदिक धर्मरूपी विशाल वृक्षका एक अत्यन्त मधुर और अमृत पदकी प्राप्ति करा देनेवाला अमर फल है।

हिंदू-धर्म और नीतिशास्त्रके मूलतत्त्व जिन्हें जानने हों, उन्हें इस अपूर्व-ग्रन्थका अवश्य और सबसे पहले अध्ययन करना चाहिये। कारण योग, सांख्य, न्याय, मीमांसा, उपनिषद् और वेदान्त आदिके रूपमें क्षराक्षर सृष्टि तथा क्षेत्र-क्षेत्रज्ञके ज्ञानपर विचार करनेवाले प्राचीन शास्त्रोंके यथासाध्य पूर्णावस्थाको पहुँच चुकनेके बाद जो वैदिक धर्मका ज्ञानमूलक, भक्तिप्रधान और कर्मयोगपरायण स्वरूप बना और जो स्वरूप वर्तमान प्रचलित वैदिक धर्मका मूलरूप है, उसी स्वरूपका इस भगवद्गीतामें प्रतिपादन किया गया है। इसलिये यह कहा जा सकता है कि हिंदू-धर्मके सारे तत्त्वोंको संक्षेपमें और असंदिग्धरूपसे समझानेवाला गीता-सदृश दूसरा कोई भी ग्रन्थ संस्कृतवाङ्मयमें नहीं है।

महात्मा थारो

प्राचीन युगकी सभी स्मरणीय वस्तुओंमें भगवद्गीतासे श्रेष्ठ कोई भी वस्तु नहीं है। भगवद्गीतामें इतना उत्तम सर्वव्यापी ज्ञान है कि उसके लिखनेवाले देवताको हुए अनेकों वर्ष हो जानेपर भी उसके समान दूसरा एक भी ग्रन्थ अभीतक नहीं लिखा गया। गीताके साथ तुलना करनेपर जगत्का आधुनिक समस्त ज्ञान मुझे तुच्छ लगता है। विचार करनेसे इस ग्रन्थका महत्त्व मुझे इतना अधिक जान पड़ता है कि किसी समय तो ऐसा विचार हो जाता है कि यह तत्त्व-ज्ञान किसी और ही युगमें लिखा गया होना चाहिये। मैं नित्य प्रातःकाल अपने हृदय और बुद्धिको गीतारूपी पवित्र जलमें अवगाहन कराता हूँ।

श्रीजे॰ एम्॰ फर्क्यूहर एम्॰ ए॰

जगत्के सम्पूर्ण साहित्यमें, चाहे सार्वजनिक लाभकी दृष्टिसे देखा जाय और चाहे व्यावहारिक प्रभावकी दृष्टिसे देखा जाय, भगवद्गीताके जोड़का अन्य कोई भी काव्य नहीं है। दर्शनशास्त्र होते हुए भी यह सर्वदा पद्यकी भाँति नवीन और रसपूर्ण है; इसमें मुख्यतः तार्किक शैली होनेपर भी यह एक भक्ति-ग्रन्थ है; यह भारतवर्षके प्राचीन इतिहासके अत्यन्त घातक युद्धका एक अभिनयपूर्ण दृश्य-चित्र होनेपर भी शान्ति तथा सूक्ष्मतासे परिपूर्ण है; और सांख्य-सिद्धान्तोंपर प्रतिष्ठित होनेपर भी यह उस सर्व-स्वामीकी अनन्य भक्तिका प्रचार करता है। अध्ययनके लिये इससे अधिक आकर्षक सामग्री अन्यत्र कहाँ उपलब्ध हो सकती है।

श्रीएफ॰ टी॰ ब्रुक्स

श्रीमद्भगवद्गीता भारतके विभिन्न मतोंको मिलानेवाली रज्जु तथा राष्ट्रिय जीवनकी अमूल्य सम्पत्ति है। भारतवर्षका राष्ट्रिय धर्म-ग्रन्थ बननेके लिये जिन-जिन तत्त्वोंकी आवश्यकता है, वे सब श्रीमद्भगवद्गीतामें मिलते हैं। इसमें केवल उपर्युक्त बातें ही नहीं हैं, अपितु यह सबसे बढ़कर भावी विश्वधर्मका धर्म-ग्रन्थ है। भारतवर्षके प्रकाशपूर्ण अतीतका यह महादान मनुष्यजातिके और भी उज्ज्वल भविष्यका निर्माता है।

****

सर एडविन आरनल्ड

इतने उच्च कोटिके विद्वानोंके पश्चात् जो मैं इस आश्चर्यजनक काव्यको अनूदित करनेका साहस कर रहा हूँ, वह केवल इन विद्वानोंके परिश्रमसे उठाये हुए लाभकी स्मृतिरूपमें है और इसका दूसरा कारण यह भी है कि भारतवर्षके इस सर्वप्रिय काव्यमय दार्शनिक ग्रन्थके बिना अंगरेजी-साहित्य निश्चय ही अपूर्ण रहेगा।

श्रीहेल्मूट फ़ॉन ग्लाज़ेनप्प

हम देखते हैं कि इस ग्रन्थमें श्रीकृष्ण, जो भगवान् विष्णुके पूर्णावतार थे, साक्षात् सामने आकर अपने विशिष्ट मोक्षके सिद्धान्तका प्रतिपादन करते हैं। वे भगवान् सर्वज्ञ एवं सर्वशक्तिसम्पन्न हैं तथा विश्वके शाश्वत नियन्ता भी हैं। जो लोग उनमें श्रद्धा रखकर उनकी उपासना करते हैं, उन्हें वे कृपापूर्वक मुक्तिरूपी फल प्रदान कर देते हैं। वे अर्जुनके सम्मुख मस्तकपर मुकुट धारण किये, हाथोंमें गदा और चक्र लिये, दिव्यमालाम्बर-विभूषित, मनोमोहक सुगन्धसे सुवासित, अनेक नेत्रों और अनेक मुखवाले तेजोमय दिव्य शरीरको धारण किये हुए प्रकट होते हैं।

श्रीऑटो स्ट्रौस

भगवद्गीताके अतिरिक्त ऐसा कोई दूसरा भारतीय ग्रन्थ नहीं है, जिसकी भारतवर्षमें एवं अन्यान्य देशोंमें दूर-दूरतक इतनी प्रसिद्धि हुई हो और जिसको ईश्वरीय संगीत मानकर हिंदुस्तानमें सभी लोग इतना प्रेम करते हों।

श्रीऑगस्ट विल्हेल्म फ़ॉन श्लीगल

संसारमें जितने भी ग्रन्थ हैं, उनमें भगवद्गीता-जैसे सूक्ष्म और उन्नत विचार कहीं नहीं मिलते। जिस समय मैंने इसको पढ़ा, उस समय मैं विधाताका सदाके लिये ऋणी बन गया कि उन्होंने मुझको इस ग्रन्थका परिचय प्राप्त करनेके लिये जीवित रखा।

श्रीविल्हेल्म फ़ान हुंवोल्ट

आध्यात्मिक काव्यका जो सच्चा आदर्श है, उसके जितने समीप भगवद्गीता

****

पहुँची है, उतना इस विषयका छोटा-सा भी प्राचीन ग्रन्थ—जो हमें आज उपलब्ध है, नहीं पहुँच सका है। जिन्हें लोग आध्यात्मिक या उपदेशात्मक काव्य कहते हैं, उनसे तो यह ग्रन्थ बिलकुल ही निराला है।

जननेता और सुधारक

यह सब कुछ होनेके साथ ही श्रीकृष्णको 'पूँजीपति कँस' तथा उसके अनुयायियोंके विरोधी 'जननेता' भी कह सकते हैं, जिन्होंने महान् क्रान्ति करके अत्याचारीका सपक्ष विनाश किया और उग्रसेनको राजा बनाकर मानो जन-राज्यकी स्थापना की तथा देशको आसुरी अधिकारसे मुक्त किया। श्रीकृष्ण 'समाजसुधारक' भी हैं। उन्होंने गोवर्धन-पूजाकी नयी प्रथा चलायी तथा और भी बहुत सुधार किये और दृढ़ताके साथ उनका पालन किया-कराया। गरीबोंके साथ मिलकर रहनेमें उनको सदा ही आनन्द आता था। इससे भी वे गरीबोंके बन्धु माने जाते हैं।

स्त्रीजातिके रक्षक

वे स्त्रीजातिके भी बड़े रक्षक थे तथा उनका सम्मान करते थे। व्रजकी गोपरमणियाँ इसका प्रत्यक्ष उदाहरण हैं। एक बड़ी विचित्र घटना है। प्राग्ज्योतिषपुरमें १६००० राजकन्याएँ कैद थीं। श्रीकृष्णने भौमासुरका वध करके उन कन्याओंको छुड़ाया। पर उनसे अब विवाह कौन करता? अतः श्रीकृष्णने उन कन्याओंपर दया करके उन्हें अपनाया तथा स्वयं उनको अपनी रानी बनाना स्वीकार किया।

तामस भावोंकी भी सुन्दर अभिव्यक्ति

श्रीकृष्णके अनन्त सद्गुण हैं, उनका वर्णन कौन कर सकता है। पर जब वे पूर्ण मानव हैं, पूर्ण भगवान् हैं, तब उनमें 'तामसी' कहे जानेवाले भावोंका भी समावेश होना चाहिये; वे स्वयं ही कहते हैं—

ये चैव सात्त्विका भावा राजसास्तामसाश्च ये।
मत्त एवेति तान् विद्धि.................. ॥

'जितने भी सात्त्विक, राजस, तामस भाव हैं—सब मुझसे ही होते हैं, यों जानो।'—तब बेचारे ये राजस, तामस भाव कहाँ जायँ? सो राजस भाव तो प्रवृत्तिमें है ही। तामस भावोंमें काम, क्रोध, लोभ, भय, चोरी, परपीडन, मिथ्याभाषण आदि माने जाते हैं। अतः श्रीकृष्णमें भी काम है—प्रेममयी गोपाङ्गनाओंके मधुर रसके तथा वात्सल्यमयी श्रीयशोदा मैयाके वात्सल्य रसके आस्वादनकी लालसा इन्हें नित्य रहती है, यह उनका 'काम' है। इसके अतिरिक्त, वे अपने भक्तोंकी—प्रेमियोंकी सदिच्छा पूर्ण करनेकी सदा कामना करते हैं। यह भी उनका 'काम' है। बाललीलामें गोदसे उतार देनेपर मातापर क्रोध करते हैं तथा दहीका मटका फोड़ डालते हैं—यह 'क्रोध' है। राक्षसों-असुरोंपर क्रोध करके वधके द्वारा उनका उद्धार करते हैं, यह भी 'क्रोध' है। यशोदा मैयाका स्तन्य-पान करनेसे कभी अघाते ही नहीं और प्रेमीजनोंको सुख देनेसे कभी तृप्त होते ही नहीं, यह उनका 'लोभ' है। माताकी छड़ी तथा लाल आँखें देखकर भयभीत हो आँखोंमें आँसू भर लेते हैं और भाग छूटते हैं, यह उनका 'भय' है। अपनी जादूभरी तिरछी नजरसे देखकर और मुरली-ध्वनि सुनाकर सबके चित्तवित्तकी नित्य चोरी करते रहते हैं, यह उनकी 'चोरी' है। अथवा गोपीजनोंके मनमें जब श्रीकृष्णको माखन खिलानेकी नयी पद्धति आती है और वे यह चाहती हैं कि श्रीकृष्ण हमारे घरोंमें चोरीसे आकर घुस जायँ और हम उन्हें देखती रहें—इस प्रकार उनके मनोंमें इच्छा उत्पन्न करके उन्हींकी इच्छापूर्तिके लिये उनके घरोंसे माखन चुराकर खाना भी 'चोरी' है। प्रेमियोंके मनोंको चुराना तो उनका स्वभाव ही है। प्रेमियोंको चिरकालतक विरहयातनाका सुख देते रहते हैं, यह उनका 'परपीडन' है और प्रेमरसकी वृद्धिके लिये वाक्छल करना 'मिथ्याभाषण' है। अथवा स्वयं स्वरूपतः कुछ भी नहीं खानेवाले होनेके कारण मैयासे कहते हैं 'मैंने मिट्टी नहीं खायी'—यह भी मिथ्याभाषण है।

उपसंहार

श्रीकृष्णके अनन्त गुणोंका कोई भी वर्णन नहीं कर सकता। हमारा बड़ा सौभाग्य है कि जिस भारत-भूमिमें भगवान् श्रीकृष्ण प्रकट हुए, उसीमें आज हम भी जीवन

धारण कर रहे हैं और तुच्छ मच्छरके अनन्त आकाशमें उड़नेके सदृश उनके गुणगानका प्रयास कर रहे हैं। आपलोगोंने मुझको कृपापूर्वक यह सौभाग्य प्रदान किया, इसके लिये मैं आपके प्रति हृदयसे कृतज्ञता प्रकट करता हूँ और आज्ञानुसार श्रीकृष्णमन्दिरका उद्‌घाटन करता हूँ।

'बोलो आनन्दकन्द भगवान् श्रीकृष्णचन्द्रकी जय!'

::×::

स्वयं भगवान्‌का दिव्य जन्म

(सं० २०१५वि० के श्रीकृष्ण-जन्म-महोत्सवपर मथुरामें प्रवचन*)

मुदिरमदमुदारं मर्दयन्नङ्गकान्त्या
वसनरुचिनिरस्ताम्भोजकिञ्जल्कशोभः ।
तरुणिमतरणीक्षाविक्लवद्‌बाल्यचन्द्रो
व्रजनवयुवराजः काङ्क्षितं मे कृषीष्ट ॥

नवजलधरवर्णं चम्पकोद्भासिकर्णं
विकसितनलिनास्यं विस्फुरन्मन्दहास्यम्।
कनकरुचिदुकूलं चारुबर्हावचूलं
कमपि निखिलसारं नौमि गोपीकुमारम्॥

अजन्माका जन्म

आज श्रीकृष्णजन्माष्टमी है। निखिल विश्वब्रह्माण्डके लिये महान् महिमामय, महान् मङ्गलमय, महान् मधुमय और महान् ममतामय यह धन्य दिवस है। आजके ही दिन इसी भारतमें, मथुराके कंस-कारागारमें सर्वलोकमहेश्वर, सकल-ईश्वरेश्वर,

---

* इस प्रवचनमें आया हुआ एक प्रसङ्ग पहले एक अन्य प्रवचनमें आ चुका है, अतः उस प्रसङ्गको निकालकर यह प्रवचन संक्षिप्त कर दिया गया है।

सर्वशक्तिमान् नित्य निर्गुण-सगुण, सकल अवतारमूल, सर्वमय-सर्वातीत अखिलरसामृतसिन्धु स्वयं भगवान् श्रीकृष्णका दिव्य जन्म हुआ था। यह नित्य अजन्माका जन्म बड़ा ही विलक्षण है। इस दिव्य जन्मको जाननेवाले पुरुष जन्मबन्धनसे मुक्त हो जाते हैं। जिस मङ्गलमय क्षणमें इन परमानन्दघनका प्राकट्य हुआ, उस समय मध्यरात्रि थी, चारों ओर अन्धकारका साम्राज्य था; परंतु अकस्मात् सारी प्रकृति उल्लाससे भरकर उत्सवमयी बन गयी। महाभाग्यवान् श्रीवसुदेवजीको अनन्त सूर्य-चन्द्रके सदृश प्रचण्ड शीतल प्रकाश दिखलायी पड़ा और उसी प्रकाशमें दिखलायी दिया एक अद्भुत बालक—श्यामसुन्दर, चतुर्भुज, शङ्ख, गदा, चक्र और पद्मसे सुशोभित। कमलके समान सुकोमल और विशाल नेत्र, वक्षःस्थलपर श्रीवत्स तथा भृगुलताके चिह्न, गलेमें कौस्तुभमणि, मस्तकपर महान् वैदूर्य-रत्न-खचित चमकता किरीट, कानोंमें झलमलाते हुए कुण्डल, जिनकी प्रभा अरुणाभ कपोलोंपर पड़ रही है, सुन्दर काले घुँघराले केश, भुजाओंमें बाजूबंद और हाथोंमें कङ्कण, कटिदेशमें देदीप्यमान करधनी—सब प्रकारसे सुशोभित अङ्ग-अङ्गसे सौन्दर्यकी रसधारा बह रही है। कैसा अद्भुत बालक ! मानव-बालक माताके उदरसे निकलते हैं, तब उनकी आँखें मुँदी होती हैं—दाई पोंछ-पोंछकर उन्हें खोलती है; पर इनके तो आकर्ण विशाल, निर्मल, पद्मसदृश सुन्दर नेत्र हैं। सम्भव है, कहीं अधिक भुजावाला बालक भी जन्म जाय; परंतु इनके तो चारों हाथ दिव्य आयुधोंसे सुशोभित हैं। साधारणतया अलङ्कारोंसे बालकोंकी शोभा बढ़ा करती है; किंतु यहाँ तो ऐसा शोभामय बालक है कि जिसके दिव्य देहसे संलग्न होकर अलङ्कारोंको भी शोभा प्राप्त हो रही है। ऐसा अपूर्व बालक कभी किसीने कहीं नहीं देखा-सुना । यही दिव्य जन्म है। वास्तवमें भगवान् सदा ही जन्म और मरणसे रहित हैं। जन्म और मृत्यु प्राकृतिक देहमें ही होते हैं। भगवान्का मङ्गलविग्रह अप्राकृत ही नहीं, अपितु दिव्य भगवत्स्वरूप है। न वह कर्मजनित है न पाञ्चभौतिक है। वह नित्य सच्चिदानन्दमय 'भगवद्देह' है। शाश्वत और हानोपादानरहित, स्वरूपमय है। उसके आविर्भावका नाम 'जन्म' है और उसके इस लोकसे अदृश्य हो जानेका नाम 'देहत्याग' है।

****

प्राकृतदेह और भगवद्देह

देह प्रधानतया दो प्रकारके होते हैं—प्राकृत और अप्राकृत। प्रकृतिराज्यके समस्त देह प्राकृत हैं और प्रकृतिसे परे दिव्य चिन्मयराज्यके अप्राकृत। प्राकृत देहका निर्माण स्थूल, सूक्ष्म और कारण—इन तीन भेदोंसे होता है। जबतक 'कारण' देह रहता है, तबतक प्राकृत देहसे मुक्ति नहीं मिलती। इस त्रिविध-देहसमन्वित प्राकृत देहसे छूटकर—प्रकृतिसे विमुक्त होकर केवल आत्मरूपमें ही स्थित होने या भगवान्के चिन्मय पार्षदादि दिव्य स्वरूपकी प्राप्ति होनेका नाम ही 'मुक्ति' है। मैथुनी-अमैथुनी, योनिज-अयोनिज—सभी प्राकृत शरीर वस्तुतः योनि और विन्दुके संयोगसे ही बनते हैं। इनमें कई स्तर हैं। अधोगामी बिन्दुसे उत्पन्न शरीर अधम है और ऊर्ध्वगामीसे निर्मित उत्तम। कामप्रेरित मैथुनसे उत्पन्न शरीर सबसे निकृष्ट है। किसी प्रसङ्गविशेषपर ऊर्ध्वरेता पुरुषके संकल्पसे बिन्दुके अधोगामी होनेपर उससे उत्पन्न होनेवाला शरीर उससे उत्तम द्वितीय श्रेणीका है; ऊर्ध्वरेता पुरुषके संकल्पमात्रसे केवल नारी-शरीरके मस्तक, कण्ठ, कर्ण, हृदय या नाभि आदिके स्पर्शमात्रसे उत्पन्न शरीर द्वितीयकी अपेक्षा भी उत्तम तृतीय श्रेणीका है। इसमें भी नीचेके अङ्गोंकी अपेक्षा ऊपरके अङ्गोंके स्पर्शसे उत्पन्न शरीर अपेक्षाकृत उत्तम है। बिना स्पर्शके केवल दृष्टिद्वारा उत्पन्न उससे भी उत्तम चतुर्थ श्रेणीका है और विना ही देखे संकल्प-मात्रसे उत्पन्न शरीर उससे भी श्रेष्ठ पञ्चम श्रेणीका है। इनमें प्रथम और द्वितीय श्रेणीके शरीर 'मैथुनज' हैं। शेष तीनों 'अमैथुनज' हैं। अतएव दोनोंकी अपेक्षा ये तीनों श्रेष्ठ तथा शुद्ध हैं। इनमें सर्वोत्तम पञ्चम शरीर है। स्त्री-पिण्ड या पुरुष-पिण्ड बिना भी शरीर उत्पन्न होते हैं; परंतु उनमें भी सूक्ष्म योनि और बिन्दुका सम्बन्ध तो रहता ही है। प्रेतादि लोकोंमें वायुप्रधान और देवलोकादिमें तेजःप्रधान तत्तत्-लोकानुरूप देह भी प्राकृतिक—भौतिक ही हैं। योगियोंके सिद्धिजनित 'निर्माण-शरीर' बहुत शुद्ध हैं; परंतु वे भी प्रकृतिसे अतीत नहीं हैं। अप्राकृत पार्षदादिके अथवा भगवान्के मङ्गलमय लीलासङ्गियोंके भावदेह अप्राकृत हैं और वे प्राकृत शरीरसे अत्यन्त विलक्षण हैं। पर वे भी भगवद्देहसे निम्नश्रेणीके ही हैं। भगवद्देह तो भगवत्स्वरूप तथा सर्वथा अनिर्वचनीय हैं।

भगवान् नित्य सच्चिदानन्दमय हैं, इसलिये भगवान्के सभी अवतार नित्य सच्चिदानन्दघन ही होते हैं। पर लीला-विकासके तारतम्यसे अवतारोंमें भेद होता है। प्रधानतया अवतारोंके चार प्रकार माने गये हैं—पुरुषावतार, गुणावतार, लीलावतार और मन्वन्तरावतार।

पुरुषावतार

भगवान्ने आदिमें लोकसृष्टिकी इच्छासे महत्तत्त्वादि-सम्भूत षोडशकलात्मक पुरुषावतार धारण किया था। भगवान्के चतुर्व्यूह हैं—श्रीवासुदेव, संकर्षण, प्रद्युम्न और अनिरुद्ध। 'भगवान्' शब्द श्रीवासुदेवके लिये प्रयुक्त होता है। इन्हींको 'आदिदेव नारायण' भी कहा जाता है। पुरुषावतारके तीन भेद हैं। इनमें आद्यपुरुषावतार उपर्युक्त षोडशकलात्मक पुरुष हैं, ये ही 'श्रीसंकर्षण' हैं। इन्हींको 'कारणार्णवशायी' या 'महाविष्णु' कहते हैं। पुरुषसूक्तमें वर्णित 'सहस्रशीर्षा पुरुष' ये ही हैं। ये अशरीरी प्रथम पुरुष कारण-सृष्टि अर्थात् तत्त्वसमूहके आत्मा हैं।

आद्य पुरुषावतार भगवान् ब्रह्माण्डमें अन्तर्यामीरूपसे प्रविष्ट होते हैं, वे द्वितीय पुरुषावतार 'श्रीप्रद्युम्न' हैं। ये ही 'गर्भोदकशायी' हैं। इन्हीं पद्मनाभ भगवान्के नाभिकमलसे हिरण्यगर्भका प्रादुर्भाव होता है—

यस्याम्भसि शयानस्य योगनिद्रां वितन्वतः।
नाभिह्रदाम्बुजादासीद् ब्रह्मा विश्वसृजां पतिः॥

(श्रीमद्भा० १।३।२)

तृतीय पुरुषावतार 'श्रीअनिरुद्ध' हैं, जो प्रादेशमात्र विग्रहसे समस्त जीवोंमें अन्तर्यामीरूपसे स्थित हैं, प्रत्येक जीवमें अधिष्ठित हैं। ये क्षीराब्धिशायी सबके पालनकर्ता हैं।

केचित् स्वदेहान्तर्हृदयावकाशे प्रादेशमात्रं पुरुषं वसन्तम्।
चतुर्भुजं कञ्जरथाङ्गशङ्खगदाधरं धारणया स्मरन्ति॥

(श्रीमद्भा० २।२।८)

गुणावतार

श्रीविष्णु, श्रीब्रह्मा और श्रीरुद्र गुणावतार (सत्त्व, रज और तमकी लीलाके

लिये ही प्रकट) हैं। इनका आविर्भाव गर्भोदकशायी द्वितीय पुरुषवतार 'प्रद्युम्न' से होता है।

द्वितीय पुरुषावतार लीलाके लिये स्वयं ही इस विश्वकी स्थिति, पालन तथा संहारके निमित्त तीनों गुणोंको धारण करते हैं; परंतु उनके अधिष्ठाता होकर 'विष्णु', 'ब्रह्मा' और 'रुद्र' नाम ग्रहण करते हैं। वस्तुतः ये कभी गुणोंके वश नहीं होते। नित्य स्वरूपस्थित होते हुए ही त्रिविधगुणमयी लीला करते हैं।

लीलावतार

भगवान् जो अपनी मङ्गलमयी इच्छासे विविध दिव्य मङ्गल-विग्रहोंद्वारा बिना किसी प्रयासके अनेक विविध विचित्रताओंसे पूर्ण नित्य-नवीन रसमयी क्रीड़ा करते हैं, उस क्रीड़ाका नाम ही 'लीला' है। ऐसी लीलाके लिये भगवान् जो मङ्गलविग्रह प्रकट करते हैं, उन्हें 'लीलावतार' कहा जाता है। चतुस्सन (सनकादि चारों मुनि), नारद, वराह, मत्स्य, यज्ञ, नर-नारायण, कपिल, दत्तात्रेय, हयग्रीव, हंस, ध्रुवप्रिय विष्णु, ऋषभदेव, पृथु, श्रीनृसिंह, कूर्म, धन्वन्तरि, मोहिनी, वामन, परशुराम, श्रीराम, व्यासदेव, श्रीबलराम, बुद्ध और कल्कि लीलावतार हैं। इन्हें 'कल्पावतार' भी कहते हैं।

मन्वन्तरावतार

स्वायम्भुव आदि चौदह मन्वन्तरोंमें होनेवाले मन्वन्तरावतार माने गये हैं। प्रत्येक मन्वन्तरके कालतक प्रत्येक अवतारका लीलाकार्य होनेसे उन्हें 'मन्वन्तरावतार' कहा गया है।

शक्ति-अभिव्यक्तिके भेदसे नामभेद

भगवान्के सभी अवतार परिपूर्णतम हैं, किसीमें स्वरूपतः तथा तत्त्वतः न्यूनाधिकता नहीं है; तथापि शक्तिकी अभिव्यक्तिकी न्यूनाधिकताको लेकर उनके चार प्रकार माने गये हैं—'आवेश', 'प्राभव', 'वैभव' और 'परावस्थ'। उपर्युक्त अवतारोंमें चतुस्सन, नारद, पृथु और परशुराम आवेशावतार हैं। कल्किको भी आवेशावतार कहा गया है।

****

'प्राभव' अवतारोंके दो भेद हैं, जिनमें एक प्रकारके अवतार तो थोड़े ही समयतक प्रकट रहते हैं—जैसे 'मोहिनी-अवतार' और 'हंसावतार' आदि, जो अपना-अपना लीलाकार्य सम्पन्न करके तुरंत अन्तर्धान हो गये। दूसरे प्रकारके प्राभव अवतारोंमें शास्त्रनिर्माता मुनियोंके सदृश चेष्टा होती है। जैसे महाभारत-पुराणादिके प्रणेता भगवान् वेदव्यास, सांख्यशास्त्रप्रणेता भगवान् कपिल एवं दत्तात्रेय, धन्वन्तरि और ऋषभदेव—ये सब प्राभव अवतार हैं; इनमें आवेशावतारोंसे शक्ति-अभिव्यक्तिकी अधिकता तथा प्राभवावतारोंकी अपेक्षा न्यूनता होती है।

वैभवावतार ये हैं—कूर्म, मत्स्य, नर-नारायण, वराह, हयग्रीव, पृश्निगर्भ, बलभद्र और चतुर्दश मन्वन्तरावतार। इनमें कुछकी गणना अन्य अवतार-प्रकारोंमें भी की जाती है।

परावस्थावतार प्रधानतया तीन हैं—श्रीनृसिंह, श्रीराम और श्रीकृष्ण। ये षडैश्वर्यपरिपूर्ण हैं।

नृसिंहरामकृष्णेषु षाड्गुण्यं परिपूरितम्।
परावस्थास्तु ते........................

इनमें श्रीनृसिंहावतारका कार्य एकमात्र प्रह्लाद-रक्षण एवं हिरण्यकशिपु-वध ही है तथा इनका प्राकट्य भी अल्पकालस्थायी है। अतएव मुख्यतया श्रीराम और श्रीकृष्ण ही परावस्थावतार हैं।

इनमें भगवान् श्रीकृष्णको **'एते चांशकलाः पुंसः कृष्णस्तु भगवान् स्वयम्'** कहा गया है। अर्थात् उपर्युक्त सनकादि-लीलावतार भगवान्‌के अंश-कला—विभूतिरूप हैं। श्रीकृष्ण साक्षात् स्वयं भगवान् हैं। भगवान् श्रीकृष्णको विष्णुपुराणमें 'सित-कृष्ण-केश' कहकर पुरुषावतारके केशरूप अंशावतार बताया गया है। महाभारतमें कई जगह इन्हें नरके साथी नारायण-ऋषिका अवतार कहा गया है, कहीं वामनावतार और कहीं भगवान् विष्णुका अवतार बताया गया है। वस्तुतः ये सभी वर्णन ठीक हैं! विभिन्न कल्पोंमें भगवान् श्रीकृष्णके ऐसे अवतार भी होते हैं; परंतु इस सारस्वत कल्पमें स्वयं भगवान् अपने समस्त अंश-कला-वैभवोंके साथ परिपूर्णरूपसे प्रकट हुए हैं। अतएव इनमें सभीका समावेश है। ब्रह्माजीने स्वयं

****

इस पूर्णताको अपने दिव्य नेत्रोंसे देखा था। सृष्टिमें प्राकृत-अप्राकृत जो कुछ भी तत्त्व हैं, श्रीकृष्ण सभीके मूल तथा आत्मा हैं। वे समस्त जीवोंके, समस्त देवताओंके, समस्त ईश्वरोंके, समस्त अवतारोंके एकमात्र कारण, आश्रय और स्वरूप हैं। सित-कृष्णकेशावतार, नारायणावतार, पुरुषावतार—सभी इनके अन्तर्गत हैं। वे क्या नहीं हैं? वे सबके सब कुछ हैं, वे ही सब कुछ हैं। समस्त पुरुष, अंश-कला, विभूति, लीला-शक्ति आदि अवतार उन्हींमें अधिष्ठित हैं। इसीसे स्वयं भगवान् हैं—'**कृष्णस्तु भगवान् स्वयम्।**'

लोचन मीन, लसैं पग कूरम, कोल धराधर की छवि छाजैं।
वे बलि मोहन साँवरे राम हैं दुर्जन राजन कौ हनि भ्राजैं॥
हैं बल में बल, ध्यान में बुद्ध, लखें कलकी बिपदा सब भाजैं।
मध्य नृसिंह हैं, कान्ह जू मैं सिगरे अवतारन के गुन राजैं॥

किन्हीं महानुभावोंने तीन तत्त्व माने हैं—'विष्णु' 'महाविष्णु' और 'महेश्वर'। भगवान् श्रीकृष्णमें इन तीनोंका समावेश है। ब्रह्मवैवर्तपुराण (श्रीकृष्णखण्ड) में आया है कि पृथ्वी भाराक्रान्त होकर ब्रह्माजीकी शरण जाती है। ब्रह्माजी देवताओंको साथ लेकर महेश्वर श्रीकृष्णके गोलोकधाममें पहुँचते हैं। नारायण-ऋषि भी उनके साथ रहते हैं। ब्रह्मा तथा देवताओंकी प्रार्थनापर भगवान् श्रीकृष्ण अवतार ग्रहण करना स्वीकार करते हैं। तब अवतारका आयोजन होने लगता है। अकस्मात् एक मणि-रत्नखचित अपूर्व सुन्दर रथ दिखायी पड़ता है। उस रथपर शङ्ख-चक्र-गदा-पद्मधारण किये हुए महाविष्णु विराजित हैं। वे नारायण रथसे उतरकर महेश्वर श्रीकृष्णके शरीरमें विलीन हो जाते हैं—***'गत्वा नारायणो देवो विलीनः कृष्णविग्रहे।'***

परंतु महाविष्णुके विलीन होनेपर भी श्रीकृष्णावतारका स्वरूप पूर्णतया नहीं बना तब एक दूसरे स्वर्णरथपर आरूढ़ पृथ्वीपति श्रीविष्णु वहाँ दिखायी दिये और वे भी श्रीराधिकेश्वर श्रीकृष्णके शरीरमें विलीन हो गये—***'स चापि लीनस्तत्रैव राधिकेश्वरविग्रहे।'***

अब अवतारके लिये पार्थिव मानुषी तत्त्वकी आवश्यकता हुई। नारायण-

ऋषि वहाँ थे ही, वे भी उन्हींमें विलीन हो गये। यों महाविष्णु विष्णु-नारायणरूप स्वयं महेश्वर भगवान् श्रीकृष्णने अवतार लिया तथा नारायणके साथी नर-ऋषि अर्जुनरूपसे अवतार-लीलामें सहायतार्थ अवतरित हुए।

श्रीमद्भागवतके अनुसार असुररूप दुष्ट राजाओंके भारसे आक्रान्त दुःखिनी पृथ्वी गोरूप धारण करके करुण क्रन्दन करती हुई ब्रह्माजीके पास जाती है और ब्रह्माजी भगवान् शंकर तथा अन्यान्य देवताओंको साथ लेकर क्षीरसागरपर पहुँचते हैं और क्षीराब्धिशायी पुरुषरूप भगवान्का स्तवन करते हैं। ये क्षीरोदशायी पुरुष ही व्यष्टि पृथ्वीके राजा हैं, अतएव पृथ्वी अपना दुःख इन्हींको सुनाया करती है। ब्रह्मादि देवताओंके स्तवन करनेपर ब्रह्माजी ध्यानमग्न हो जाते हैं और उन समाधिस्थ ब्रह्माजीको क्षीराब्धिशायी भगवान्की आकाशवाणी सुनायी देती है। तदनन्तर वे देवताओंसे कहते हैं—

गां पौरुषीं मे शृणुतामराः पुन-
र्विधीयतामाशु तथैव मा चिरम्॥
पुरैव पुंसावधृतो धराज्वरो
भवद्भिरंशैर्यदुषूपजन्यताम्।
स यावदुर्व्या भरमीश्वरेश्वरः
स्वकालशक्त्या क्षपयंश्चरेद् भुवि॥
वसुदेवगृहे साक्षाद् भगवान् पुरुषः परः।
जनिष्यते तत्प्रियार्थं सम्भवन्तु सुरस्त्रियः॥

(श्रीमद्भा० १०।१।२१—२३)

'देवताओ! मैंने भगवान्की आकाशवाणी सुनी है, उसे तुमलोग मेरे द्वारा सुनो और फिर बिना विलम्ब इसीके अनुसार करो। हमलोगोंकी प्रार्थनाके पूर्व ही भगवान् पृथ्वीके संतापको जान चुके हैं। वे ईश्वरोंके भी ईश्वर अपनी कालशक्तिके द्वारा धराका भार हरण करनेके लिये जबतक पृथ्वीपर लीला करें, तबतक तुमलोग भी यदुकुलमें जन्म लेकर उनकी लीलामें योग दो। वे परम पुरुष भगवान् स्वयं वसुदेवजीके घरमें प्रकट होंगे। उनकी तथा उनकी प्रियतमा (श्रीराधाजी) की सेवाके लिये देवाङ्गनाएँ भी वहाँ जन्म धारण करें।'

क्षीरोदशायी भगवान्‌के इस कथनका भी यही अभिप्राय है कि 'साक्षात् परम पुरुष स्वयं भगवान् प्रकट होंगे, वे क्षीराब्धिशायी नहीं। अतएव स्वयं पुरुषोत्तम भगवान् ही, जिनके अंशावतार नारायण हैं, वसुदेवजीके घर प्रकट हुए थे। देवकीजीकी स्तुतिसे भी यही सिद्ध है—

यस्यांशांशांशभागेन विश्वोत्पत्तिलयोदयाः।
भवन्ति किल विश्वात्मंस्तं त्वाद्याहं गतिं गता॥

(श्रीमद्भा० १०। ८५। ३१)

'हे आद्य ! जिस आपके अंश (पुरुषावतार) का अंश (प्रकृति) है, उसके भी अंश (सत्त्वादि गुण) के भाग (लेशमात्र) से इस विश्वकी उत्पत्ति, स्थिति और प्रलय हुआ करते हैं, विश्वात्मन्! आज मैं उन्हीं आपके शरण हो रही हूँ।'

अब रही 'सित-कृष्ण-केश'की बात, सो यों कहा गया है कि इसका प्रयोग भगवान्‌के श्वेत या श्यामवर्णकी शोभाके लिये किया गया है। श्रीबलरामजीका वर्ण उज्ज्वल है और श्रीकृष्णका नीलश्याम। श्रीमद्भागवतके प्रसिद्ध भक्तप्रेमी वैष्णव टीकाकार श्रीविश्वनाथ चक्रवर्तीने इसका बड़ा विलक्षण अर्थ किया है—***सितो रुद्रः कृष्णो विष्णुः को ब्रह्मा तेषामपीश्वरः।*** अर्थात् ब्रह्मा, विष्णु और रुद्रके अधीश्वर। श्रीरूपगोस्वामी कहते हैं—

कलया चातुर्येण सिता निबद्धाः कृष्णा अतिश्यामाः केशा येन इति रसिकशिखावतंसस्य व्यञ्जनात् कृष्णत्वं प्राप्यते।

—अर्थात् कलाचातुरीसे बाँधे हुए श्यामकेशवाले श्रीकृष्ण। एक दूसरा अर्थ यह है—

यः सितकृष्णकेशः क्षीराब्धिशयः सोऽपि यत्कलयैव भवति स कृष्णो जातः सन् कर्माणि करिष्यति।

—अर्थात् 'जो सितकृष्णकेश क्षीराब्धिशायी हैं—वे भी जिस कृष्णकी कला हैं।' ऐसे ही और भी अर्थ किये गये हैं। पर यही मानना चाहिये कि स्वयं भगवान् परिपूर्णतम श्रीकृष्णमें श्रीकृष्णावतारके भी सभी अवतारकारणोंका एकत्र समावेश है। एकमें ही और एकसे ही सबका कार्य-सुसम्पन्न हो जाता है।

सबसे बड़ा प्रमाण तो है—गीतामें कहे हुए भगवान् श्रीकृष्णके अपने वाक्य, जो उनके परिपूर्णतम, सबके आदि, स्वयं भगवान् होनेकी घोषणा करते हैं। उनमेंसे कुछ थोड़े-से यहाँ उद्‌धृत किये जाते हैं—

क्षरः सर्वाणि भूतानि कूटस्थोऽक्षर उच्यते।

(१५।१६)

उत्तमः पुरुषस्त्वन्यः परमात्मेत्युदाहृतः।
यो लोकत्रयमाविश्य बिभर्त्यव्यय ईश्वरः॥

(१५।१७)

यस्मात् क्षरमतीतोऽहमक्षरादपि चोत्तमः।
अतोऽस्मि लोके वेदे च प्रथितः पुरुषोत्तमः॥

(१५।१८)

"समस्त भूत 'क्षर' हैं और कूटस्थ 'अक्षर' है; इन दोनोंसे पृथक् एक 'उत्तम पुरुष' हैं, जिन्हें अविनाशी परमात्मा कहते हैं, जो ईश्वर हैं और त्रिलोकीमें व्याप्त रहकर सबका धारण-पोषण करते हैं। मैं 'क्षर'से अतीत हूँ और अक्षर (कूटस्थ) से भी उत्तम हूँ; इसीलिये लोक और वेदमें मेरा 'पुरुषोत्तम' नाम प्रसिद्ध है।"

ब्रह्मणो हि प्रतिष्ठाहममृतस्याव्ययस्य च।
शाश्वतस्य च धर्मस्य सुखस्यैकान्तिकस्य च॥

(१४।२७)

'मैं अविनाशी ब्रह्मकी प्रतिष्ठा हूँ तथा अमृत, शाश्वत धर्म और ऐकान्तिक सुखकी प्रतिष्ठा हूँ। अर्थात् ब्रह्म, अमृत, शाश्वत धर्म, ऐकान्तिक सुख—सबका आधार मैं ही हूँ।'

गीतामें और भी बहुत-से वचन हैं, जो भगवान् श्रीकृष्णको पूर्णतम स्वयं भगवान् सिद्ध करते हैं। यों श्रीकृष्ण स्वयं भगवान् तो हैं ही, साथ ही वे अनन्त विभूति और शक्तिसे सम्पन्न सर्वाङ्गपूर्ण योगेश्वरेश्वर सर्वकलाकुशल ऐतिहासिक महापुरुष भी हैं। उनकी सभी लीलाएँ महामानवके आदर्शको उपस्थित करती हैं। श्रीमद्भागवत तथा महाभारत तो उनके महत्त्वपूर्ण लीलाचरित्र तथा तत्त्वव्याख्यानसे भरे ही हैं, विभिन्न पुराणोंमें भी उनकी लीलाका बड़ा सुन्दर वर्णन है। वे परम सुन्दर,

परम मधुर,परम कोमल होनेके साथ ही महाकालरूप, अत्यन्त विकट और महान् कठोर हैं। उनकी लीलामें सर्वत्र 'षडैश्वर्यपूर्णता' के साथ-साथ 'विरुद्धधर्माश्रयता'के नित्य दर्शन होते हैं।

श्रीकृष्णका रूप-सौन्दर्य

उनका वह द्विभुज रूप कितना सुन्दर तथा मधुर है, इसे कोई बता नहीं सकता। एक महात्माने कहा है कि 'श्रीकृष्णके इस मायातीत या गुणातीत नित्यरूपका वर्णन करनेकी शक्ति चौदह भुवनोंमें किसीमें भी है, ऐसा मुझे विश्वास नहीं है।' शास्त्रोंमें जो वर्णन है, वह तो ध्यानकी सुकरताके लिये उनके रूपका आभासमात्र है। कर्दम ऋषिने जो रूप देखा था, वह चतुर्भुज था। ध्रुव, अर्जुन तथा अन्यान्य भक्तोंने भी उस रूपके दर्शन किये थे। यद्यपि ये सभी रूप एक-से नहीं थे, तथापि थे एक ही। परंतु ये उनकी ऐश्वर्यभूमिके रूप हैं। माधुर्यक्षेत्रमें उनका द्विभुज रूप ही प्रकट होता है; वह 'स्वजन-मोहन' ही नहीं, 'स्वमन-मोहन' भी है। वह नित्य नव-किशोर नटवर विग्रह है। गोपवेश है। हाथमें मधुर मुरली लिये कदम्बके नीचे विराजित है। श्याममेघके सदृश नीलाभ श्यामवर्ण है। पीत वसन पहने हैं। गलेमें गुञ्जाहार और वनमाला सुशोभित हैं। वदनपर नित्य मधुर मोहन स्मित हास्य है। चारों ओर गोपबालक तथा गोपदेवियाँ घेरे हैं। किसकी क्षमता है जो इस अनन्त सौन्दर्य-माधुर्यको भाषाके द्वारा व्यक्त कर सके!

व्रजमें प्रकट भगवान्‌के स्वरूप-सौन्दर्यपर उनकी वात्सल्यमयी माता तथा मातृस्थानीया गोपमाताएँ, उनकी परम प्रेयसी गोपरमणियाँ और उनके सब प्रकारके सखागण तो अपने-अपने भावानुसार मुग्ध थे ही—उनकी मुग्धताके तो असंख्य उदाहरण हैं; संसारमें कोई भी प्राणी ऐसा नहीं था, जिसकी दृष्टि एक बार उनके सौन्दर्यपर पड़ी हो और वह अपनेको भूल न गया हो। नामकरण-संस्कार करानेके लिये आचार्य पधारते हैं और शिशु श्रीकृष्णके अश्रुतपूर्व दिव्य रूप-सौन्दर्यको देख विचित्र दशाको प्राप्त होकर अपने-आपको भूल जाते और कहने लगते हैं—

धैर्यं धिनोति बत कम्पयते शरीरं
रोमाञ्चयत्यतिविलोपयते मतिं च॥

हन्तास्य नामकरणाय समागतोऽह-
मालोपितं पुनरनेन ममैव नाम ॥

'(मेरा) धैर्य छूट रहा है, शरीर कम्पित और रोमाञ्चित हो रहा है तथा बुद्धि भी लोप हुई जा रही है। आश्चर्य है ! जिनके नामकरणके लिये मैं यहाँ आया, उन्होंने तो स्वयं मेरा नाम ही मिटा दिया है।' नामरूप मिटनेपर ही तो मुक्ति होती है। सचमुच जिस भाग्यवान्को उनके रूप-सौन्दर्यकी झाँकी हो जाती है, उनके लिये फिर नाम-रूपात्मक संसार कैसे रह सकता है।

भक्त बिल्वमङ्गलको प्रथम बार जब श्रीश्यामसुन्दरके रूप-सौन्दर्यकी जरा-सी झाँकी हुई तभी वे सदाके लिये अपने मनको लुटा बैठे। वे कहते हैं—

शैवा वयं न खलु तत्र विचारणीयं
पञ्चाक्षरीजपपरा नितरां तथापि।
चेतो मदीयमतसीकुसुमावभासं
स्मेराननं स्मरति गोपवधूकिशोरम् ॥

'मैं शैव हूँ, इस सम्बन्धमें तो कुछ विचार करनेकी आवश्यकता ही नहीं है; मैं सदा-सर्वदा '**नमः शिवाय**' यह पञ्चाक्षर-मन्त्र भी जपता रहता हूँ। इतना सब होते हुए भी मेरा मन तो अब निरन्तर अतसी-कुसुमसुन्दर गोप-वधू-किशोर श्रीश्यामसुन्दरके मधुर मुसकानभरे मुखका ही स्मरण करता रहता है।'

अद्वैतनिष्ठासम्राट्, अद्वैतसिद्धिके रचयिता श्रीमधुसूदन स्वामीने अपनी दशाका बड़ा ही मार्मिक वर्णन किया है—

अद्वैतवीथीपथिकैरुपास्याः स्वाराज्यसिंहासनलब्धदीक्षाः।
शठेन केनापि वयं हठेन दासीकृता गोपवधूविटेन ॥

अद्वैतपथसे स्वाराज्य-सिंहासनपर आरूढ़ हुए ऐसे-ऐसे ज्ञान महारथियोंको भी यह शठ गोपीवल्लभ हठपूर्वक अपना दास बना लेता है, फिर दूसरा कोई तत्त्व उन्हें सूझता ही नहीं। इसीसे वे कह उठते हैं—

वंशीविभूषितकरान्नवनीरदाभात्
पीताम्बरादरुणबिम्बफलाधरोष्ठात्।

पूर्णेन्दुसुन्दरमुखादरविन्दनेत्रात्
कृष्णात् परं किमपि तत्त्वमहं न जाने॥

पण्डितराज जगन्नाथ अपने चित्तसे कहते हैं—

रे चेतः कथयामि ते हितमिदं वृन्दावने चारयन्
वृन्दं कोऽपि गवां नवाम्बुदनिभो बन्धुर्न कार्यस्त्वया।
सौन्दर्यामृतमुद्गिरद्भिरभितः सम्मोह्य मन्दस्मितै-
रेष त्वां तव वल्लभांश्च विषयानाशु क्षयं नेष्यति॥

'अरे चित्त ! सावधान रहना। तू वृन्दावनमें गौएँ चरानेवाले, नवीन नील-नीरदके समान नीलश्याम कान्तिवाले उस अनिर्वचनीय पुरुषको अपना बन्धु मत बना लेना। कहीं बना लिया तो वह अपनी सौन्दर्य-सुधावर्षिणी मन्द मुसकानसे तुझे मोहित कर लेगा और तेरे समस्त प्रिय विषयोंको तुरंत नष्ट कर डालेगा।' सच है, उनकी सौन्दर्य-सुधामयी मुसकानके सामने विषय-विष कैसे रह सकता है!

औरोंकी तो बात ही क्या, बूढ़े व्यास एवं भीष्म-सरीखे महापुरुष तथा नारदादि ऋषि-मुनि भी उनके स्वरूप-सौन्दर्यको एकटकी लगाकर देखते ही रह जाते थे।

सुर-मुनि, मनुज-दनुज, पसु-पंछी, को अस जो जग जायौ।
लखि कै छबि-माधुरी ललन की, सुधि-बुधि नहिं बिसरायौ॥
जोगी, परम तपस्वी, ग्यानी, जिन निज निज मन मार्‌यौ।
तनिक निरखि मुसक्यान मधुर तिन बरबस जीवन वार्‌यौ॥
बिसर्‌यौ सहज बिराग, ब्रह्मसुख, थकित बिलोचन ठाढ़े।
तनु पुलकित, दृग प्रीति-सलिल, द्रुत हृदै, प्रेम-रस बाढ़े॥

× × × × ×

भगवान् एक ही हैं

कुछ महानुभाव ऐसा मानते हैं कि लीलामें अवतीर्ण भगवान् श्रीकृष्णका त्रिविध प्रकाश है—कुरुक्षेत्रमें श्रीकृष्ण पूर्ण सत् और ज्ञानी शक्तिप्रधान हैं, द्वारका और मथुरामें पूर्णतर चित् और क्रियाशक्तिप्रधान हैं एवं श्रीवृन्दावनमें श्रीकृष्ण पूर्णतम

आनन्द और इच्छाशक्तिप्रधान हैं। कुछ लोग महाभारत और श्रीमद्भागवतके श्रीकृष्णको दोतक मानते हैं। यह सब उनकी अपनी भावना है। ***'जिन्ह कें रही भावना जैसी। प्रभु मूरति तिन्ह देखी तैसी॥'*** वस्तुतः परिपूर्णतम भगवान् एक ही हैं, उनका अनन्त लीलाविलास है और लीलानुसार उनका स्वरूप-वैचित्र्य है। वस्तुतत्त्व एक ही है।

जिस किसी भी भावसे कोई उन्हें देखे—अपनी-अपनी दृष्टिके अनुसार उनके दर्शन करे, सब करते एक ही भगवान्‌के हैं। उनमें किसीको भी छोटा-बड़ा न मानकर अत्यन्त प्रेम-भक्तिके साथ अपने इष्ट-स्वरूपकी सेवामें ही लगे रहना चाहिये*। अस्तु,

आजका मङ्गल-दिवस

आज वही महान् मङ्गलमय दिवस है, जिस दिन स्वयं भगवान्‌का इस धराधामपर प्राकट्य हुआ था। हम धन्य हैं जो आज इस महामहोत्सवमें सम्मिलित होनेका सौभाग्य प्राप्तकर मानव-जीवनको सफल बना रहे हैं।

भगवान् प्रकट हुए मथुराके कंस-कारागारमें—यद्यपि कुछ भक्त उनका गोकुलमें प्रकट होना भी मानते हैं। जो कुछ भी हो, उनके प्राकट्यका उत्सव मनानेका सौभाग्य मिला नन्द-यशोदाको और व्रजवासियोंको ही। अतः हम भी उन्हींके साथ उत्सवमें सम्मिलित होकर, ग्वाल-बाल तथा नन्दबाबाके साथ मिलकर नाचें-गायें—

---

* एक सज्जन पूछते हैं कि क्या भगवान् श्रीराम भगवान् श्रीकृष्णसे किसी प्रकार न्यून हैं? इसका उत्तर यह है कि भगवान्‌में न्यूनताकी कल्पना करना ही अपराध है। वे दोनों सर्वथा एक ही हैं। लीलामें एक मर्यादापुरुषोत्तम, दूसरे लीला-पुरुषोत्तम। दोनों ही षडैश्वर्यपूर्ण भगवान् हैं। जैसे श्रीमद्भागवतमें भगवान् श्रीकृष्णके लिये 'कृष्णस्तु भगवान् स्वयम्' आया है, वैसे ही महारामायणमें भगवान् श्रीरामके लिये 'रामस्तु भगवान् स्वयम्' आया है। अतएव इनमें छोटे-बड़ेकी कल्पना नहीं करनी चाहिये।

हौं इक नई बात सुनि आई।
महरि जसोदा ढोटा जायौ, घर घर होति बधाई॥
द्वारें भीर गोप-गोपिनि की, महिमा बरनि न जाई।
अति आनंद होत गोकुल मैं, रतन भूमि सब छाई॥
नाचत वृद्ध तरुन अरु बालक, गोरस कीच मचाई।
सूरदास स्वामी सुख सागर सुंदर स्याम कन्हाई॥

× × × × ×

नंद कें आनंद भयौ, जै कन्हैयालाल की!

——::×::——

श्रीकृष्णका भूलोकमें प्राकट्य

(सं० २०१६ वि० के श्रीश्रीकृष्णजन्ममहोत्सवपर प्रवचन)

गोकुलाङ्गणमण्डनं कृतपूतनाभवमोचनं
कुन्दसुन्दरदन्तमम्बुजवृन्दवन्दितलोचनम्।
सौरभाकरफुल्लपुष्करविस्फुरत्करपल्लवं
दैवतव्रजदुर्लभं भज बल्लवीकुलवल्लभम्॥
तुण्डकान्तिदण्डितोरुपाण्डुरांशुमण्डलं
गण्डपालिताण्डवालिशालिरत्नकुण्डलम्।
फुल्लपुण्डरीकखण्डक्लृप्तमाल्यमण्डनं
चण्डबाहुदण्डमत्र नौमि कंसखण्डनम्॥

आज अजन्माके दिव्य जन्मका महामहोत्सव है। वे अजन्मा श्रीकृष्ण क्या हैं, कैसे हैं—इस रहस्यको वे ही जानते हैं। उन्होंने स्वयं कहा है—'मेरे प्राकट्यके रहस्यको न देवता जानते हैं न महर्षिगण ही।'

न मे विदुः सुरगणाः प्रभवं न महर्षयः।

तथापि उन्होंने अपने श्रीमुखसे गीतामें अपना जो परिचय दिया है, उसका स्मरण करके हम अपने जीवनको और अन्तःकरणको परम पवित्र कर सकते हैं। उनका

आत्मपरिचय बतलाता है कि वे कर्मोंसे सर्वथा अलिप्त रहते हैं और कर्मफलके प्रति सर्वथा निःस्पृह हैं (४।१४); सम्पूर्ण यज्ञ-तपोंके भोक्ता, सर्वलोकमहेश्वर, समस्त प्राणियोंके सुहृद् हैं (५।२९); वे सर्वत्र व्याप्त हैं और समस्त अनन्त चराचर जगत् उनमें है (६।३०); वे जलमें रस, चन्द्र-सूर्यमें प्रकाश, पृथ्वीमें गन्ध, जीवमात्रके जीवन, समस्त भूतोंके सनातन बीज, बुद्धिमानोंकी बुद्धि, तेजस्वियोंके तेज, बलवानोंके काम-राग-विवर्जित बल हैं (७।८—११); अष्टधा जड़ अपरा और चेतन परा—दोनों उनकी ही प्रकृति हैं (७।४-५); वे क्रतु, यज्ञ, स्वधा, औषध, मन्त्र, आज्य, अग्नि, हवन—समस्त श्रौत-स्मार्त कर्म और उनके साधन हैं (९।१६); वे जगत्के माता, पिता, पितामह, धाता, जानने योग्य, पवित्र ओंकार और वेदत्रयी हैं; वे ही गति, भर्ता, प्रभु, साक्षी, निवास, शरण्य, सुहृद्, उत्पत्ति-प्रलय, सर्वाधार, सर्वनिधान और अव्यय बीज हैं (९।१८); वे ही सत् हैं, असत् हैं; मृत्यु हैं, अमृत हैं (९।१९); वे सत् भी नहीं हैं, असत् भी नहीं हैं (१३।१२); वे सत्-असत् दोनोंसे परे हैं (११।३७)। वे महापापीको भी अनन्यभाक् होकर भजनेपर तुरंत धर्मात्मा, शाश्वती शान्तिका अधिकारी और भक्त बना लेते हैं (९।३१); उनका स्मरण करते हुए मरनेवाला उन्हींको निस्संदेह प्राप्त करता है (८।५); सम्पूर्ण जगत् उनके एक अंशमात्रमें स्थित है (१०।४२); उनके सिवा किंचिन्मात्र भी दूसरी वस्तु नहीं है, सारा चराचर जगत् सूत्रमें सूत्रके मनियोंकी भाँति उनमें गुँथा है (७।७)। वे आत्मारूपसे सर्वत्र सब प्राणियोंके हृदयमें स्थित हैं (१०।२०); वे अमृत, शाश्वत धर्म, ऐकान्तिक आनन्द और अविनाशी ब्रह्मकी भी प्रतिष्ठा हैं (१४।२७); वे क्षर जगत्से परे, कूटस्थ अक्षर ब्रह्मसे उत्तम और परम पुरुषोत्तम हैं (१५।१६-१७)। यह श्रीकृष्णका गीतोक्त संक्षिप्त आत्मपरिचय है।

इसके अतिरिक्त विभिन्न शास्त्र—वेद, उपनिषद्, पुराण, इतिहास, सर्वदर्शी ऋषि-मुनियोंद्वारा रचित और अनुभवी महापुरुषोंके द्वारा प्रणीत ग्रन्थों एवं सफल-जीवन महात्मा भक्तों—संतोंके अनुभवके अनुसार श्रीकृष्ण पुरुषावतार, गुणावतार, लीलावतार, मन्वन्तरावतार, प्राभव-वैभव और परावस्थावतार, अंश-कलावतार, अर्चावतार आदि सभी अवतारोंके मूल अवतारी, चतुर्व्यूहमें

सर्वप्रथम वासुदेव, सर्वेश्वरेश्वर, समस्त भगवत्स्वरूपोंके अंशी, सबके आदि, अनादि, निर्गुण, स्वरूपभूतगुणमय, निराकार, भौतिक आकारसे रहित, अचिन्त्यानन्तसद्गुण-समुद्र, सर्वातीत, सर्वमय, सर्वगुणमय, सर्वजीवप्राण, युगपद्-विरोधिगुणाश्रय, ज्ञानमूर्ति, अखिलप्रेमामृतसिन्धु, षडैश्वर्यसम्पन्न, षोडशकलापूर्ण, परम-प्रेमस्वरूप, रसस्वरूप, रसिकशिरोमणि, भक्तानुग्रहकातर, भक्त-भक्तिमान्, हानोपादानरहित नित्यसत्य सच्चिन्मय भगवद्देहरूप दिव्य सच्चिदानन्दघन रसघनमूर्ति परात्पर पूर्ण पुरुषोत्तम 'स्वयं भगवान्' हैं। उन्हीं अचिन्त्यानन्तमहिमामय सदा स्वमहिमामें सुप्रतिष्ठित भगवान्ने आजके शुभ दिन इस धराधामको पावन करनेके लिये दिव्य अवतार धारण किया था।

यह 'स्वयं भगवान्'का अवतरण था; इसलिये सितकृष्णकेशावतार, नर-नारायणावतार, वामनावतार आदि सभी इनके अन्तर्गत हैं। समस्त पुरुष, अंश, कला, विभूति तथा लीला, शक्ति आदि अवतार इन्हींमें अधिष्ठित हैं। इन्हीं अज, अविनाशी, सर्वेश्वरेश्वरका अवतार होनेसे यह अजन्माका जन्म है। ये भगवान् गर्भमें नहीं आये, मनमें आये और इन्होंने अपने दिव्य स्वरूपमें प्रकट होकर परम सौभाग्यशाली माता-पिताको आश्चर्यचकित कर दिया। इनके जन्म और कर्म सभी दिव्य हैं। इन्होंने स्वयं कहा है—

जन्म कर्म च मे दिव्यमेवं यो वेत्ति तत्त्वतः।
त्यक्त्वा देहं पुनर्जन्म नैति मामेति सोऽर्जुन॥

(गीता ४।९)

'अर्जुन! मेरा जन्म और कर्म दिव्य है—इस प्रकार जो तत्त्वसे जानता है, वह शरीरका त्याग करके पुनर्जन्मको नहीं प्राप्त होता, मुझे प्राप्त होता है।'

जिसके जन्मका रहस्य जाननेपर जाननेवालेका जन्म नहीं होता, उसका वह जन्म दिव्य है—इसमें क्या संदेह है।

वास्तवमें भगवान्का सच्चिदानन्दमय भगवद्देह नित्य, शाश्वत और हानोपादान-रहित भगवत्स्वरूपमय है। अप्राकृत ही नहीं, परम दिव्य है। जन्म-मृत्यु-युक्त, कर्म-जनित और पाञ्चभौतिक नहीं! इसीसे यह नित्य है। इसमें सृजन-विनाशकी

कल्पना ही नहीं है। इसीलिये भगवान्ने स्वयं गीतामें मानव-सदृश दीखनेवाले इस सच्चिदानन्द श्रीकृष्णविग्रहको प्राकृत मनुष्य-देह माननेवालोंको 'बुद्धिहीन' और 'मूढ़' कहा है। वे वहाँ 'परम भाव'—भगवद्भाव—भगवत्स्वरूपकी महिमाका संकेत करते हुए कहते हैं—

अव्यक्तं व्यक्तिमापन्नं मन्यन्ते मामबुद्धयः।
परं भावमजानन्तो ममाव्ययमनुत्तमम्॥

(७।२४)

"वे बुद्धिहीन लोग मेरे सर्वश्रेष्ठ 'परमभाव'—नित्य-चिदानन्दविग्रह भगवत्स्वरूपको न जानते हुए मुझ मायादृष्टिसे व्यक्त न होनेवाले भगवान्को व्यक्तिभावापन्न मनुष्य मानते हैं।"

अवजानन्ति मां मूढा मानुषीं तनुमाश्रितम्।
परं भावमजानन्तो मम भूतमहेश्वरम्॥

(९।११)

"समस्त भूत-प्राणियोंके महान् ईश्वर मुझ श्रीकृष्णके 'परमभाव'—'भगवत्स्वरूप' को न जानते हुए मूढ़लोग मुझको प्राकृत मनुष्यदेह धारण करनेवाला समझते हैं।"

'स्वयं भगवान्' श्रीकृष्णने प्रकट होकर अपनी लौकिक-अलौकिक लीलासे परम आदर्शकी स्थापना की, अधर्म तथा अधर्मियोंका नाश किया। धर्मकी प्रतिष्ठा की। अर्जुनको निमित्त बनाकर गीता-सरीखे ज्ञानभण्डारका द्वार सबके लिये खोला, प्रेमियोंके प्रेम-सुधा-रसका आस्वादन किया और उन्हें प्रेम-रसास्वादन कराकर धन्य किया। उनमें सभी गुणोंका, कलाओंका, योग-सांख्यका, ज्ञान-विज्ञानका पूर्ण लीला-प्रकाश था। वे ही व्रजेश्वर, मथुरेश्वर और द्वारकाधीश हैं। आज उन्हींका यह परमपावन प्राकट्य-महोत्सव है।

कुछ उच्च श्रेणीके परम वैष्णव महानुभावोंकी यह मान्यता अथवा अनुभूति कही जाती है कि 'स्वयं भगवान् श्रीकृष्ण जिस समय मथुरामें कंस-कारागारमें चतुर्भुजरूपसे श्रीवसुदेव-देवकीके सामने प्रकट हुए थे, ठीक उसी समय नन्दबाबाके

घरपर भी इन यशोदानन्दनका प्राकट्य हुआ था। इसका विशद विवेचन अन्यत्र किया गया है।

श्रीनन्द-यशोदाका वात्सल्य-प्रेम सर्वथा विशुद्ध था, उसमें ऐश्वर्यज्ञानका लेशमात्र भी सम्बन्ध नहीं था; इससे उनके सामने भगवान् द्विभुज प्राकृत बालकके रूपमें ही प्रकट हुए। उन्होंने कोई स्तुति-प्रार्थना भी नहीं की। निश्चित अपने उदरसे उत्पन्न पुत्र समझकर यशोदाने उन्हें गोदमें उठा लिया और नन्दबाबाने स्नान किया और वस्त्राभूषणोंसे सजकर वेदज्ञ ब्राह्मणोंको बुलाकर स्वस्तिवाचन और अपने पुत्रका जातकर्म-संस्कार कराया। देवता और पितरोंकी यथाविधि पूजा की। ब्राह्मणोंको वस्त्राभूषणोंसे सुसज्जित बीस लाख गौएँ दान दीं। रत्नोंसे और स्वर्णमण्डित वस्त्रोंसे ढके सात तिलपर्वत दान किये। बड़े-बड़े विचित्र मङ्गलमय बाजे बजवाये और आनन्दमत्त होकर वे तथा गोपगण एक-दूसरेपर दही, दूध, घृत तथा जल उड़ेलने लगे, एक-दूसरेके मुखपर मक्खन पोतने लगे तथा मक्खन उछाल-उछालकर उन्होंने महान् आनन्द-महोत्सव मनाया।

आहूय विप्रान् वेदज्ञान् स्नातः शुचिरलंकृतः ॥
वाचयित्वा स्वस्त्ययनं जातकर्मात्मजस्य वै।
कारयामास विधिवत् पितृदेवार्चनं तथा ॥
धेनूनां नियुते प्रादाद् विप्रेभ्यः समलंकृते।
तिलाद्रीन् सप्त रत्नौघशातकौम्भाम्बरावृतान् ॥

(श्रीमद्भागवत १०।५।१—३)

अवाद्यन्त विचित्राणि वादित्राणि महोत्सवे।

× × × ×

गोपाः परस्परं हृष्टा दधिक्षीरघृताम्बुभिः।
आसिञ्चन्तो विलिम्पन्तो नवनीतैश्च चिक्षिपुः ॥

(श्रीमद्भागवत १०।५।१३-१४)

वही नन्दबाबाका 'दधिकाँदौ' महोत्सव आज भी मनाया जाता है। कंस-कारागारमें तो किसी उत्सवको स्थान ही नहीं था। अतः भगवान् यशोदा-नन्दके

****

यहाँ उनके मनके विशुद्ध भावानुसार ही प्राकृत बालकरूपमें आविर्भूत हुए।

सर्वभवनसमर्थ, 'कर्तुमकर्तुमन्यथाकर्तुं शक्तिमान्'के लिये दोनों जगह एक साथ प्रकट होना तनिक भी असम्भव नहीं है। जो भगवान् करोड़ों गोपरमणियोंके साथ एक ही समय रासमण्डलमें दो-दो गोपियोंके बीच एक-एक रूपसे प्रकट हो गये थे, द्वारकामें जो हजारों रानियोंके राजप्रासादोंमें प्रत्येक रानीके यहाँ नारदजीको विविध लीला करते दिखायी दिये थे, वे भगवान् एक ही साथ गोकुलमें भी प्रकट हो सकते हैं और कंस-कारागार मथुरामें भी। क्या, कैसा, क्यों हुआ—यह तो श्रीभगवान् ही जानते हैं । अपने तो उनकी लीला-स्मृतिसे अन्तःकरणको पवित्र करना है।

वात्सल्य-स्नेह-राज्यमें ऐसा माना जाता है कि श्रीनन्द-यशोदा भगवान्के नित्य पिता-माता हैं। लीलाधाममें भगवान् सदा ही इनके पुत्ररूपमें अवतरित हुआ करते हैं। इनके इस लीला-जीवनकी बड़ी सुन्दर कथा है। गोपराज श्रीनन्द समस्त समृद्धियोंसे सम्पन्न थे, पर उनके पुत्र नहीं था। उनकी अवस्था ढल गयी थी। चौथापन समीप था। अतः प्रेमीहृदय व्रजवासियोंकी आशा-लता क्रमशः सूखती जा रही थी। इसलिये उपनन्द आदि वृद्ध गोपोंने परामर्श करके एक पुत्रेष्टि-यज्ञका आयोजन किया। सबने यज्ञ-पुरुषसे गोपराज नन्दको पुत्र प्रदान करनेकी प्रार्थना की।

इधर बाहर यज्ञ हो रहा था, ब्राह्मणोंकी वेदध्वनिसे आकाश मुखरित था। उधर गोपराज श्रीनन्द अन्तःपुरमें यशोदासे कह रहे थे—"यशोदारानी ! इस यज्ञके फलस्वरूप मेरे पुत्र नहीं होगा। मनमें पुत्रकी कामना भी है और पुत्रेष्टि-यज्ञमें मेरा विश्वास भी है। परंतु मेरे मनमें जिस प्रकारके पुत्रकी वासना सदा जाग्रत् है; उस प्रकारका पुत्र प्रदान करना कर्मजनित अपूर्वके लिये सहज नहीं है। यज्ञादि कर्मोंके सभी फल 'चञ्चल' हैं। मैं जिसको सदा अपने पुत्ररूपमें देखता हूँ, वह 'अचल' है। कर्मके फलस्वरूप उसे प्राप्त करनेकी आशा दुराशामात्र है। वह कर्मका फल है ही नहीं। मैंने जिसको अपने मनोरथपर बैठाया है और जिसको स्वप्नमें देखा है, वैकुण्ठाधिपति नारायण भी उसके समान सुन्दर नहीं हैं। मुझे ऐसा लगता है कि इस सौन्दर्यका जिसके हृदयने एक बार भी स्पर्श कर लिया है, उसका चित्त किसी प्रकार भी दूसरी ओर आकृष्ट नहीं हो सकता।"

व्रजराजकी यह बात सुनकर यशोदारानीने अत्यन्त उत्कण्ठाके साथ स्वप्नकी बात पूछी। इसपर नन्दराजने कहा—'देवी ! तुम मेरी नित्यसहधर्मिणी हो, सुख-दुःखकी नित्यसङ्गिनी हो। तुमसे क्या छिपाऊँ। अबतक मैंने इसको असम्भव समझकर ही तुमसे नहीं कहा था; क्योंकि ऐसी असम्भव बातका कहना पागलपन ही माना जायगा। पर आज तुम्हारे अनुरोधको न टाल सकनेके कारण मैं तुम्हें बता रहा हूँ—सुनो, मैं स्वप्नमें तथा मनोरथमें सदा-सर्वदा ही देखता हूँ—

श्यामश्चञ्चलचारुदीर्घनयनो बालस्तवाङ्कस्थले
दुग्धोद्गारिपयोधरे स्फुटमसौ क्रीडन् मयाऽऽलोक्यते।
स्वप्नस्तत् किमु जागरः किमथवेत्येतन्न निश्चीयते
सत्यं ब्रूहि सधर्मिणि स्फुरति किं सोऽयं तवाप्यन्तरे॥

'मैं देखता हूँ दिव्यातिदिव्य नीलमणि-सदृश श्यामसुन्दरवर्ण एक बालक, जिसके चञ्चल मनोहर नेत्र अत्यन्त विशाल हैं, तुम्हारी गोदमें स्थित होकर तुम्हारे दुग्धस्रावी पयोधरोंका दुग्ध पान कर रहा है और भाँति-भाँतिके खेल कर रहा है। उसे देखकर मैं अपने-आपको खो देता हूँ। सोता हूँ या जागता, कुछ भी पता नहीं चलता। यशोदे ! सत्य बताओ—क्या कभी तुमने भी स्वप्नमें इस बालकको देखा है?'

स्वामीकी बात सुनकर यशोदा आनन्दविह्वल होकर गद्गद कण्ठसे कहने लगी—'व्रजराज ! सचमुच मैं भी ठीक ऐसे ही बालकको सदा अपनी गोदमें खेलते देखती हूँ। स्वप्नमें उसे स्तन्यपान कराती हूँ, लाड़-प्यार करती हूँ। मैंने भी अति असम्भव समझकर ही संकोचवश कभी आपको यह बात नहीं बतायी थी। कहाँ मैं आभीर-स्त्री और कहाँ दिव्य स्पर्शमणि !'

व्रजराज नन्दने फिर कहा—'मैंने असम्भव समझकर इस वासनाको मनसे निकालनेकी बड़ी चेष्टा की, पर किसी प्रकार भी इस असम्भव वासनाकी निवृत्ति नहीं हुई। ज्ञात होता है अखिल ब्रह्माण्डकी सृष्टि करनेवाले भगवान् नारायणकी कृपादृष्टिसे ही यह अदृष्ट और अश्रुत वस्तु हमें दृष्टिगोचर हो रही है। नारायण कृपा करें तो न तो इस असम्भव वासनाका निवृत्त होना कठिन है और न इस दुर्लभ वस्तुका सुलभ

होना ही असम्भव है। उनकी जैसी इच्छा होगी, वैसा ही होगा।'

तदनन्तर नारायण-सेवानिष्ठ यशोदाकी सम्मतिसे नन्द-यशोदा दोनोंने तन-मन-वचनसे श्रीनारायण-चरण-शरणापन्न होकर एक वर्षके लिये श्रीहरिकी अत्यन्त प्रिय द्वादशीके दिन यथाविधि व्रत करनेका नियम लिया और व्रत आरम्भ कर दिया।

नन्द-यशोदाके द्वादशी-व्रतकी संख्यावृद्धिके साथ-ही-साथ स्वप्नमें देखे हुए दिव्यातिदिव्य परम सुन्दर बालकको पुत्ररूपमें प्राप्त करनेकी दम्पतिकी लालसा भी बढ़ती गयी। अब परम व्याकुलताकी परिस्थिति हो गयी। व्रतानुष्ठान सर्वाङ्गपूर्ण सम्पन्न हो गया। तब एक दिन उन्होंने सामान्य निद्राके समय स्वप्नमें अपने इष्टदेव चतुर्भुज शङ्ख-चक्र-गदा-पद्मधारी भगवान् नारायणको देखा। भगवान् नारायण उनके समीप आकर कृपापूर्ण दृष्टिसे उनकी ओर देखते हुए बड़ी मधुर वाणीमें बोले—

अहो मय्यभिषक्तौ भक्तौ कथं निर्विद्य खिद्येथे, योऽसावतसीकुसुमसुषमः सुकुमारः कुमारः शश्वदेवानुभवतोर्भवतोः कुमारतया स्फुरति, स तु सदा भवतोरेवानुगतः प्रतिकल्पं स्वभक्तिप्रवर्तनाय दिविमत्प्रवर्तितद्रोणधरारूपांश-कलावतोः।

'तद्भूरिभाग्यम्'इत्यादिरीत्या ब्रह्माद्यलभ्यसाक्षात्तत्फलसाक्षात्काराय स्वयमेव पृथिव्यां भवतोर्भवतोरेव भवं लभत एव। अचिरादेव रुचिरा रुचिरेषा युवयोः सफलतां बलिता।

'अहो नन्द-यशोदे ! तुम मुझमें आसक्त और मेरे परम भक्त हो। तुम इतने निर्विण्ण और खिन्न होकर क्यों कालयापन करते हो ? जो अतसीकुसुमके सदृश श्यामसुन्दर सुकुमार कुमार तुम्हारी अनुभूतिका विषय बनकर तुम्हारे पुत्ररूपमें तुम्हारे मनमें नित्य-निरन्तर स्फुरित होता है, वह तो तुम्हारा ही अनुवर्ती है। जगत्में वात्सल्य-प्रेमका प्रचार करनेके लिये मेरी प्रेरणासे तुम्हारे ही अंश द्रोण और धराके रूपमें स्वर्गमें आविर्भूत होकर प्रत्येक कल्पमें तीव्र तपस्या किया करते हैं। उनकी तपस्याका फल ब्रह्मादिके लिये अलभ्य है। उन्होंने तपस्या करके जो फल प्राप्त किया है, ब्रह्मादिके लिये उसका प्राप्त करना तो दूर रहा, उनके निवासस्थानपर बसनेपर सौभाग्य प्राप्त करनेपर भी ब्रह्मा अपनेको कृतार्थ मानते हैं। **'तद्भूरिभाग्यमिह**

जन्म किमप्यटव्याम्' आदि वचनोंसे ब्रह्माने स्वयं इसको स्वीकार किया है। तुम्हारे अंश द्रोण और धरारूपसे तप करके जिस फलको प्राप्त करना चाहते हैं, उसी फलका आस्वादन करनेके लिये तुम दोनों स्वयं पृथ्वीपर प्रकट हुए हो। तुम तनिक भी चिन्ता मत करो, शीघ्र ही तुमलोगोंका वह सुन्दर मनोरथ सफल होगा।' गोपराज नन्द श्रीनारायणके इन कृपादेश-वचनोंसे परम आशान्वित होकर प्रतिक्षण उस मनोहर बालकको पुत्ररूपमें प्राप्त करनेकी प्रतीक्षा करने लगे। यही स्थिति श्रीयशोदाजीकी थी। इन्हीं दिनों एक दिन एक अर्धवृद्धा तपस्विनी एक स्नातक ब्राह्मण-बालकको साथ लिये गोपराज नन्दकी सभामें पधारीं। दूरसे ही देखकर सभी सभासदोंको लगा कि ये कोई महान् प्रभावशालिनी तपस्विनी हैं। सब लोगोंने खड़े होकर हाथ जोड़े और बड़े आदरके साथ आसनादि देकर पूछा—'देवी ! आप कौन हैं ? आपको देखनेपर ऐसा लगता है मानो आप साक्षात् भगवान्की शक्ति योगमाया हैं और आपके साथका यह बालक ऐसा प्रतीत होता है मानो मुनि नारदजी ही बालक-मूर्ति धारण करके हमलोगोंके कल्याणार्थ यहाँ पधारे हैं।'

गोपराजके सभासदोंकी बात सुनकर तपस्विनीने मुसकराकर कहा—'मेरा नाम पौर्णमासी है। मैं तपस्विनी और दैवज्ञा हूँ। मेरे साथके इस बालकका नाम 'मधुमङ्गल' है। बालक स्नातक है। इसे देखकर नारदका स्मरण होना उचित ही है; क्योंकि इस बालककी प्रवृत्ति सचमुच नारद ऋषिके समान ही है।'

तपस्विनीकी बात सुनकर गोपराज-सभाके सदस्योंने हाथ जोड़कर कहा—'देवी ! हम आपकी सेवा करने योग्य बिलकुल ही नहीं हैं। इसपर भी आपने हमलोगोंपर इतनी महती कृपा क्यों की है, कुछ समझमें नहीं आता।' इसके उत्तरमें तपस्विनीने कहा—'बहुत शीघ्र ही तुमलोगोंका कोई एक अनिर्वचनीय सौभाग्य उपस्थित होनेवाला है, इसीलिये मैं यहाँ आयी हूँ।' तदनन्तर सबके पूछनेपर पौर्णमासीजीने बताया कि 'तुमलोगोंके प्राणाधिक प्रियतम गोपराज नन्दके एक पुत्र होगा और वह पुत्र अखिल जगत्को आनन्दसिन्धुमें निमग्न कर देगा।' पौर्णमासीकी यह बात सुनकर सभी परमानन्दसे उल्लसित और पुलकित होकर गद्गदवाणीसे कहने लगे—"देवी ! आपके शुभागमनसे हमारा यह बृहद्वन महान् तीर्थ हो गया है। हम

आपके लिये **'कृष्णान्तिके'** (यमुनाजीका नाम कृष्णा है, उनके समीप) एक पर्णशाला बना देंगे। आप उसीमें निवास करें। पौर्णमासीजी बोलीं—'तुम्हारा यह प्रतिश्रुति-वाक्य श्रुतिवाक्यके सदृश ही है। यह वाक्य नव्य—अभी-अभी उच्चारित होनेपर भी अव्यभिचारी सत्य है। मेरा निवास **'कृष्णान्तिके'** (कृष्णके समीप) ही होगा। तुम्हारे मुखसे **'यमुनातीरे'** न निकलकर **'कृष्णान्तिके'** शब्द निकला है, इससे प्रतीत होता है कि इस नन्दनन्दनका नाम 'कृष्ण' होगा और वह महान् प्रभावशाली होगा। उसके प्रभावकी बात क्या बतलाऊँ, उसके प्रभावसे परस्परविरोधी वस्तुओंमें कोई विरोध नहीं रह जायगा।''

तस्मिन् जातवति निर्दानवता पृथिव्यां भविष्यति, तदीयगुणे सदानवता। सगुणता विद्यादिप्रबन्धे तत्सम्बन्धे तु निर्गुणता। सकिंचनता विषयसम्पत्तौ तद्भक्तौ तु निष्किंचनता। इत्यादिकं विरूद्धायमानमपि सर्वैरनुरूद्धं करिष्यते।

(श्रीगोपालचम्पूः)

''नन्दनन्दनके जन्म ग्रहण करनेपर पृथ्वीमें **निर्दानवता-सदानवता, सगुणता-निर्गुणता, सकिंचनता-निष्किंचनता** आदि परस्परविरोधी प्रतीत होनेवाले कर्मोंका एक समावेश हो जायगा। इसका तात्पर्य यह है कि श्रीकृष्णके आगमनसे पृथ्वी दानवशून्य हो जायगी—वे पृथ्वीके समस्त दानवोंका विनाश कर देंगे। अतः **'निर्दानवता'** सिद्ध होगी। नन्दनन्दनकी अनन्त मधुर गुणावलीका पृथ्वीके भाग्यशाली व्यक्तियोंद्वारा नित्य नव रूपमें आस्वादन होगा, अतः **'सदानवता'** होगी। पृथ्वीके लोग विद्यादि गुणोंसे विभूषित होनेपर भी नन्दनन्दनके सम्बन्धके कारण सत्त्व, रज, तम—इन प्राकृत गुणोंसे अतीत हो जायँगे; इस प्रकार **'सगुणता'** और **'निर्गुणता'** दोनों सिद्ध होंगी और भगवत्सेवार्थ शरीर-निर्वाहके किंचित् विषययुक्तता—**'सकिंचनता'** होनेपर भी भक्तिके सम्बन्धको लेकर सर्वथा **'निष्किंचनता'** होगी। यों एक ही समय परस्पर-विरोधी वस्तुओंका सम्मेलन हो जायगा।''

पौर्णमासी देवीके लिये कालिन्दी-तटपर पवित्र पर्णशालाका निर्माण हुआ और नन्दनन्दनकी दर्शनाभिलाषासे मधुमङ्गलसहित वे वहाँ रहने लगीं।

ये पौर्णमासी देवी देवर्षि नारदजीकी शिष्या और श्रीकृष्णके अध्यापक सांदीपनि मुनिकी माता थीं। ये महान् शक्तिमती थीं और श्रीकृष्णकी मधुर लीलाका सब

प्रकारसे समाधान किया करती थीं। मधुमङ्गल इन पौर्णमासी देवीका पौत्र और श्रीसांदीपनिजीका पुत्र था। यह भगवान् श्यामसुन्दरका प्रिय सखा तथा परिहासरसिक—बड़ा विनोदी था। श्रीकृष्णकी गोष्ठ-लीला तथा गोपाङ्गनाओंकी सूर्य-पूजादि लीलाओंमें इसका नाम आया है। यही 'मसखरे मनसुखा'के नामसे प्रसिद्ध है।

भगवान् पहले वसुदेवजीकी भाँति नन्दबाबाके हृदयमें आये और फिर एक दिन यशोदामैयाने स्वप्नकी भाँति यह अनुभव किया कि वह पहले स्वप्नमें दीखा हुआ बालक एक बिजली-सी चमकती हुई बालिकाके साथ नन्दहृदयसे निकलकर उनके हृदयमें प्रवेश कर रहा है। बस, तभीसे यशोदाके दिव्य भगवद्भावमय गर्भ-लक्षण प्रकट होने लगे और आठ महीनोंके अनन्तर भाद्रमासकी कृष्णाष्टमीके मङ्गलमय दिन आनन्दमय श्रीगोविन्दके प्राकट्यसे पृथ्वी, स्वर्ग, आकाश, वायु आदि सभी परमानन्दरसमें निमग्न हो गये।

आज इस परमानन्द-रस-सागरमें डूबकर हम सभी उनके चरणकमलोंमें प्रार्थना करें—

स्तुति-नवक

सजल-जलद-नीलाभ श्याम तन परम मनोहर।
गोरोचन-चर्चित तमाल पल्लव सम सुन्दर॥
गोल भुजा आजानु प्रलम्बित मद-मनोज-हर।
कङ्कण-केयूरादि विभूषित परम रम्य वर॥ १॥
गुञ्जावलि-परिवेष्टित सुमन विचित्र सुशोभित।
चूड़ा मण्डित रत्न-मुकुट शिखिपिच्छ नवल युत॥
घुँघराली अलकावलि नील कपोल सुचुम्बित।
कुण्डल-द्युति कमनीय गण्ड-आभापर उजलित॥ २॥
विम्बाफल-बन्धूक पुष्पके सुषमा हारी।
अरुन अधर पर मधुर मुरलिका मञ्जुल धारी॥
हास्य मधुरतम त्रिभुवन-मोहन अति मुदकारी।
नासा-अग्र सुराजित मुक्ता मणि सहकारी॥ ३॥
बिंधे नेत्र गोपी-कटाक्ष-शरसे शोभित नित।
जिनके भ्रू-चालनसे गोपी-गण उन्मादित॥

सहज त्याग सब भोग, निरन्तर सुख-सेवा-रत।
श्यामाश्याम-सुखैक-वासना अति मन अतुलित ॥ ४ ॥
रेखात्रय राजित सुकण्ठमें खेल रहीं कल।
स्वर-संयुत मूर्च्छना राग-रागिनियाँ निर्मल ॥
कौस्तुभमणि देदीप्यमान विस्तृत वक्षःस्थल।
दिव्य रत्नमणि-हार, सुमन-माला शोभित गल ॥ ५ ॥
कटि किङ्किणि मृदु मधुर शब्द घण्टिका विकासित।
अरुण चरन-नख दिव्य ज्योतिसे ब्रह्म प्रकाशित ॥
मणिमय नूपुर चरण करत जग मोद-सुहासित।
पीत-वसन असमोर्ध्व ज्योतिमय देह सुलासित ॥ ६ ॥
अनुपम अङ्ग-सुगन्ध दिव्य सुर-मुनि-मनहारी।
खड़े सुललित त्रिभङ्ग कल्पतरु-मूल-विहारी ॥
साथ दिव्य गुण-रूपमयी वृषभानुकुमारी।
सदा अभिन्न, परम आराध्या राधा प्यारी ॥ ७ ॥
सखा-सुरभि-गोवत्स-बन्धु-प्रिय माधव मनहर।
नन्द-यशोदानन्दन विश्व-विमोहन नटवर ॥
हम सर्वथा अयोग्य, अनधिकारी, निकृष्टतर।
सहज दयावश करो हमें स्वीकार, मुरलिधर ॥ ८ ॥
दो उन प्रेमी भक्तोंके भक्तोंकी पद-रज।
जो सेवन-रत सदा प्रिया-प्रियतम-पद-पङ्कज ॥
परम सुदुर्लभ, जिसे चाहते हैं उद्धव-अज।
नहीं चाहते भुक्ति-मुक्ति, उस पद-रजको तज ॥ ९ ॥

कृष्णाय वासुदेवाय देवकीनन्दनाय च।
नन्दगोपकुमाराय गोविन्दाय नमो नमः ॥

बोलो आनन्दकंद भगवान् श्रीकृष्णचन्द्रकी जय!
नंदके आनंद भयौ, जै कन्हैयालाल की!

——::×::——

'स्वयं भगवान्' श्रीकृष्णका प्राकट्य

(सं० २०१८ वि० के श्रीकृष्णजन्माष्टमी-महोत्सवपर प्रवचन)

पूर्णेन्दुसुन्दरमुखोपरि कुञ्चिताग्राः
केशा नवीनघननीलनिभाः स्फुरन्तः ।
राजन्त आनतशिरःकुमुदस्य यस्य
नन्दात्मजाय सबलाय नमो नमस्ते ॥

× × × ×

सान्द्रानन्दपुरंदरादिदिविषद्वृन्दैरमन्दादरा-
दानम्रैर्मुकुटेन्द्रनीलमणिभिः संदर्शितेन्दिन्दिरम् ।
स्वच्छन्दं मकरन्दसुन्दरगलन्मन्दाकिनीमेदुरं
श्रीगोविन्दपदारविन्दमशुभस्कन्दाय वन्दामहे ॥

× × × ×

कम्पमाननवचम्पकावलीचुम्बितोत्पलसहोदरोदयम् ।
लास्यलालसनवीनवल्लवीपल्लवीकृतमुपास्महे महः ॥

बड़ी प्रतीक्षामें थे वे पुण्यजीवन पापी असुर-दैत्य-दानव-मानव, जिनको प्रभुके परम शुभ कर-कमलोंके चारु प्रहारसे ही कलेवर त्यागकर परम गतिको प्राप्त करना था; प्रतीक्षा कर रही थी पृथ्वी माता, जो असुरों तथा असुररूपधारी राजाओंके भीषण भारसे मुक्ति पानेके लिये भगवान्से आश्वासन प्राप्त कर चुकी थी; प्रतीक्षा कर रहे थे व्यास, नारद आदि सर्वथा निर्ग्रन्थ आत्माराम ऋषि-मुनि, जिनका हृदय भगवान्की मङ्गलमयी आनन्दमयी लीला-तरङ्गोंसे विक्षुब्ध मधुर मनोहर सर्वाकर्षक सच्चिदानन्दमय साकार स्वरूपका दर्शन करनेके लिये समुत्सुक था और जिनके हृदय भगवान्के भगवत्स्वरूप दिव्य लोकोत्तर गुणगणोंसे आकर्षित होकर उनकी अहैतुकी भक्तिसे भरपूर हो रहे थे; प्रतीक्षा कर रहे थे वे ऐश्वर्य-मिश्रित माधुर्यभक्ति-सम्पन्न परम

भाग्यवान् देवकी-वसुदेव, जो पूर्वजन्ममें पुत्ररूपमें प्रकट होनेके लिये स्वयं भगवान्से वरदान प्राप्त कर चुके थे; प्रतीक्षा कर रहे थे वे दिव्य वात्सल्यरसपूर्णहृदय नित्य पिता-माता नन्द-यशोदा, व्रजकी वे वात्सल्यमयी गोपमाताएँ, निर्मल सख्य-रस-सम्पन्न व्रजके वे महाभाग्यवान् ग्वाल-बाल, जो केवल इसी परम सुखके लिये भूमिपर अवतीर्ण हुए थे; प्रतीक्षा कर रही थीं वे परम भाग्यवती गौएँ एवं गोवत्सादि, जिनके रूपमें देवता, ऋषि-मुनि तथा महान् पुण्यजन अवतीर्ण हुए थे और स्वयं भगवान् जिनका स्तन्य पानकर, जिन्हें वन-वन चराकर, जिनके साथ घूम-घूमकर परम दिव्य सुख देना चाहते थे; और प्रतीक्षा कर रही थीं आकुल हृदयसे वे अचिन्त्यानन्तसौभाग्यशालिनी नित्यसिद्धा, साधनसिद्धा, कल्पोंतक कठोर तपस्या करके वरदानसे प्राप्त गोपी शरीरवाली श्रुतियाँ, स्वयं ब्रह्मविद्या, बड़े-बड़े ऋषि-मुनि तथा मिथिलाकी वे गोपीभाव-प्राप्त पुरन्ध्रियाँ, जो स्व-सुख-वाञ्छासे सर्वथा रहित, सर्वत्यागमय परम मधुर प्रीति-रसके द्वारा परमानन्दमय सच्चिदानन्दघन परम प्रियतम श्यामसुन्दर श्रीकृष्णको अनन्त सुख पहुँचानेके लिये एक-एक पल युगोंके समान बिता रही थीं। इनके अतिरिक्त और न जाने कितने प्राणी किन-किन विविध विचित्र भावोंको लेकर जिनकी प्रतीक्षा कर रहे थे, वे परात्पर सच्चिदानन्द परब्रह्म अवतारी 'स्वयं भगवान्' अपनी समस्त स्वरूपभूता दिव्य शक्तियोंको, समस्त दिव्य अंशोंको तथा सम्पूर्ण अवतारों एवं अवतार-कारणोंको लेकर प्रकट हुए कंसके कारागारमें अर्द्धनिशाके समय। उस समय अखिल विश्वब्रह्माण्डोंकी समस्त प्रकृति आनन्दोन्मत्त होकर अपने सम्पूर्ण अङ्गोंसे मधुरतम नृत्य करने लगी—

काल हो गया अतिशय शोभन सर्व शुभ गुणोंसे सम्पन्न।
विधु रोहिणि-गत हुए, ऋक्ष-ग्रह-तारे सभी सौम्यतापन्न॥
हुईं दिशाएँ अति प्रसन्न सब, तारे चमक उठे आकाश।
धरतीके सब नगर, ग्राम, व्रज, आकर हुए मङ्गलावास॥
नदियाँ थीं सब निर्मल-जल, निशि खिले ह्रदोंमें कमल अपार।
वृक्ष लदे सुमनोंसे, पिक-अलि करने लगे चहक-गुंजार॥
सुख-स्पर्श, शुचि, शीतल, मन्द, सुगन्ध बह चली मधुर बयार।

****

असुर-विरोधी साधु-मनोंमें हुआ तुरत सुखका संचार॥
सुर-दुन्दुभियाँ मधुर बज उठीं सहसा कर आनन्द अपार।
जन्म अजन्माका सुन सुर सब बने स्वयं आनन्दाकार॥
शुचि गन्धर्व, सुकिंनर गाने लगे छेड़ अति मधुमय तान।
करने लगे सिद्ध-चारण सब प्रमुदित मन पावन स्तुति गान॥
अर्द्धनिशामें नाच उठीं सब विद्याधरी, अप्सरा आज।
समुद सराह रहा धरतीका भाग्य परम देवर्षिसमाज॥
करने लगे सिन्धु मृदु गर्जन, मृदु-मृदु मेघ उठे सब गाज।
निशिमें प्रकट हुए जब सब ईश्वर-राजाओंके महाराज॥

अब इन परात्पर परब्रह्म श्रीकृष्णके तनिक स्वरूपचिन्तनका मङ्गल प्रयास कीजिये—

ये मधुर नरके आकारमें प्रकट भगवान् अनादि हैं और सबके आदि हैं, सबसे परे हैं, सबमें अनुस्यूत हैं, समस्त कारणोंके परम कारण हैं, सर्वगत, सर्वस्वरूप हैं और सर्वातीत सच्चिदानन्द-विग्रह स्वयं परब्रह्म हैं।

ईश्वरः परमः कृष्णः सच्चिदानन्दविग्रहः।
अनादिरादिर्गोविन्दः सर्वकारणकारणम्॥

(ब्रह्मसंहिता)

इस दृश्यमान अनन्त विश्व तथा इससे सर्वथा अतीत जो कुछ है या हो सकता है, उस सबका मूल, उन सबको जिसने अपनेमें ले रखा है, उस तत्त्वका पता लगाकर तथा अनुभव करके हमारे परम तत्त्वज्ञ ज्ञानी महापुरुष ऋषि-मुनियोंने उसका नाम बतलाया—'ब्रह्म'।

यह ब्रह्म शब्द उस तत्त्वका स्वरूपवाचक है। इसका अर्थ है—'बृहत्तम वस्तु'। **'बृंहति बृंहयति च इति ब्रह्म।'** अर्थात् जो बड़ा (बृहत्) होता—बढ़ता है **(बृंहति)**, और बड़ा (बृहत्) करता—बढ़ाता है **(बृंहयति)**, उसे 'ब्रह्म' कहते हैं। जो बड़ा बना सकता है—बढ़ा सकता है, उसमें निश्चय ही बड़ा बनानेकी शक्ति है। श्रुति कहती है—उसमें एक ही शक्ति नहीं है, अनेक शक्तियाँ हैं। **'परास्य**

शक्तिर्विविधैव श्रूयते।' (श्वेताश्वतर॰) और उसमें विविध अनन्त शक्तियाँ होनी ही चाहिये; क्योंकि वह सबसे बड़ा है। वह किसकी अपेक्षा और कितना बड़ा है, इसका कहीं उल्लेख न होनेसे यही मानना पड़ता है कि वह सबकी अपेक्षा तथा सभी विषयोंमें बड़ा है—बृहत् है। वह स्वरूपमें बड़ा है, वह शक्तिमें बड़ा है और वह शक्तिके कार्योंमें भी बड़ा है। स्वरूपमें सर्वापेक्षा बृहत् होनेके कारण ही वह सर्वगत है, सर्वाधार है, अनन्त है और विभु है। शक्तिमें बृहत् होनेके कारण ही वह शक्तियोंकी संख्यामें तथा प्रत्येक शक्तिके परिमाणमें भी अनन्त है। कार्यके द्वारा ही शक्तिका पता लगता है। श्रुतिद्रष्टा ऋषियोंने जब यह कहा है कि 'ब्रह्ममें अनन्त शक्तियाँ हैं' तब यह सिद्ध है कि उन्होंने ब्रह्मकी शक्तियोंके कार्योंको भी अवश्य देखा है। श्रुतियाँ जब ब्रह्मको 'अनन्त' बतलाती हैं—'**अनन्तं ब्रह्म**' तब ब्रह्मकी वह अनन्तता सभी विषयोंमें सिद्ध होती है—ब्रह्मके स्वरूपमें, उसकी शक्तियोंमें, उसके कार्योंमें और उसकी शक्ति-प्रकाशनकी विचित्रताओंमें। शक्तिकी क्रियासे ही 'निर्विशेष' वस्तु 'सविशेष' हो जाती है। जिस समय छिपी शक्ति प्रकट होकर क्रियाशीला होती है, उस समय उसकी क्रिया उसके 'स्वरूप' पर भी होती है। इससे उस 'स्वरूप' में भी 'विशेषता' आ जाती है। इसीसे ब्रह्मके द्विविध स्वरूपोंका वर्णन मिलता है। बृहदारण्यक उपनिषद् (२।३।१) में कहा गया है— '**द्वे वाव ब्रह्मणो रूपे मूर्तं चामूर्तं च**'। वस्तुतः ब्रह्मका स्वरूपभूत, उसकी शक्ति, स्वरूपकी विचित्रता, शक्तियोंकी विचित्रता और शक्तियोंके प्रकाशकी विचित्रता—सभी कुछ ब्रह्मका स्वरूपभूत, नित्य और अनादि है। वह ब्रह्म स्वरूपतः नित्य एक होते हुए ही, स्वरूपतः ही अनादिकालसे विविधस्वरूपसम्पन्न, विविधशक्तिसम्पन्न, विविधशक्ति-प्रकाश-प्रक्रिया-सम्पन्न है। नित्य एक होते हुए ही वह नित्य पृथक् सत्तारूप है। पृथक् सत्ता न माननेपर प्रत्येक स्वरूपकी अनादिता और नित्यता सम्भव नहीं होती। नित्य पृथक् सत्ता है—इसीसे ब्रह्म तथा ब्रह्मके विष्णु, नारायण, राम, कृष्ण, शिव, दुर्गा आदि सभी स्वरूप मायाकी उपाधिसे प्रतीत होनेवाले—छलमात्र नहीं हैं, बल्कि अनादि सत्य तथा नित्य हैं। एक होते हुए ही अनादिकालसे ही ये विविध रूपोंमें अभिव्यक्त हैं—'**एकोऽपि सन् बहुधा यो विभाति।**' वस्तुका स्वरूपगत धर्म उसके

प्रत्येक अणु-परमाणुमें वैसे ही सदा विद्यमान रहता है, जैसे अग्निके प्रत्येक कणमें दाहिका शक्ति है, जलके प्रत्येक कणमें अग्निनिर्वापकत्व गुण है। ब्रह्म नित्य शाश्वत सत्-चित्-आनन्दमय है, वह सर्वदा सर्वथा पूर्ण, सर्वग, सर्वगत, अनन्त और विभु है। अतएव उसका प्रत्येक स्व-रूप ही नित्य, शाश्वत, सत्-चित्-आनन्दमय और सर्वदा सर्वथा पूर्ण, सर्वग, सर्वगत, अनन्त और विभु है—

सर्वे नित्याः शाश्वताश्च देहास्तस्य परात्मनः।
हानोपादानरहिता नैव प्रकृतिजाः क्वचित्॥
परमानन्दसंदोहा ज्ञानमात्राश्च सर्वतः।
सर्वे सर्वगुणैः पूर्णाः सर्वदोषविवर्जिताः॥

'भगवान्‌के वे सभी रूप नित्य हैं, शाश्वत हैं, परमात्म-देह हैं। उनके देह जन्म-मरणसे रहित हैं, स्वरूपभूत हैं, कदापि प्रकृतिजनित नहीं; वे परमानन्दसंदोह हैं, सर्वतोभावेन ज्ञानैकस्वरूप हैं। वे सभी समस्त भगवद्गुणोंसे परिपूर्ण हैं एवं सभी दोषोंसे (माया-प्रपञ्चसे) सर्वथा रहित हैं।'

हम अपनी सीमित बुद्धिसे समझते हैं कि "एकसे अधिक 'विभु' वस्तुएँ नहीं हो सकतीं। स्थान कहाँ होगा—दूसरे विभुके लिये। अतः ब्रह्मस्वरूप इतने विभु कैसे हो सकते हैं।" हमारे लिये सोचना ठीक भी है; क्योंकि हमारी प्रकृतिजनित सीमित बुद्धि इससे आगेकी बात सोच ही नहीं सकती। परंतु शास्त्रोंने ब्रह्मको 'अचिन्त्यशक्ति' बतलाया है—उस अचिन्त्यशक्तिके प्रभावसे ही अनेक विभु स्वरूपोंकी सम्भावना सिद्ध होती है। हमारे युक्ति-तर्क वहाँ नहीं चलते। उन युक्ति-तर्कोंसे विचार सम्भव होता तो 'अचिन्त्य' शब्दका व्यवहार ही नहीं किया जाता। हमारे सीमित क्षेत्रवाले मन-बुद्धि तो वहाँतक पहुँच ही नहीं पाते। इसीसे यह कहा गया है—

अचिन्त्याः खलु ये भावा न तांस्तर्केण योजयेत्॥

अतएव यह मानना चाहिये कि एक ही ब्रह्म अनन्त स्वरूपोंमें नित्य प्रकट है। **'एकोऽपि सन् बहुधा यो विभाति'** (गो० पू० ता० उ०), **'बहुमूर्त्येकमूर्तिकम्'** (श्रीमद्भागवत)। विभु वस्तुके बिना ऐसा हो नहीं सकता। वस्तुतः ये विभिन्न विविध स्वरूप तत्त्वतः पृथक्-पृथक्, स्वतन्त्र स्वरूप नहीं हैं। ये सब एक ही परम स्वरूपकी

****

विभिन्न अभिव्यक्तियाँ या विभिन्न धर्ममात्र हैं।

लीलाके आवश्यकतानुसार इन सब स्वरूपोंमें शक्तिका विकास न्यूनाधिक होता है। इनमें ऐसे स्वरूप भी हैं, जिनमें समस्त शक्तियोंकी और समस्त शक्ति-विचित्रताओंकी पूर्णतम अभिव्यक्ति है और ऐसे स्वरूप भी हैं, जिनमें न्यूनतम अभिव्यक्ति है। इन दोनोंमेंसे प्रथम प्रकारके स्वरूपमें ही 'समग्र ब्रह्मभाव' का पूर्ण प्रकाश है। वस्तुतः ब्रह्मत्वका पर्यवसान भी उसीमें है। इसीसे वह 'ब्रह्मकी प्रतिष्ठा' है, ब्रह्मका आश्रय है। इसीसे ऐसे स्वरूपको 'परब्रह्म' कह सकते हैं। यह परब्रह्म 'स्वरूप' में पूर्णतम, 'शक्तियों' में पूर्णतम और 'शक्तियों'के विचित्र प्रकाशोंमें भी पूर्णतम है। इसीको 'पूर्णतम परब्रह्म' या 'समग्र ब्रह्म' कहते हैं। इससे जिसमें न्यूनतम शक्तिका प्रकाश है, उसे 'ब्रह्म' कह सकते हैं। यह 'ब्रह्म' स्वरूपतः ब्रह्म है, पर 'शक्तितः' नहीं है। इसमें स्वरूपका पूर्ण प्रकाश है, परंतु शक्तिका प्रकाश नहीं है। इसीसे यह 'निर्विशेष' है, निःशक्ति और निराकार है। इसकी 'निराकारता' यथार्थ सत्य है, क्योंकि इसमें शक्तिका प्रकाश नहीं है। शक्तिका प्राकट्य हुए बिना आकारादि विशेषताएँ सम्भव नहीं। यह 'ब्रह्म' शब्दके **'बृंहति'** अंशका परम सिद्ध रूप है (पर **'बृंहयति'** का नहीं)। परंतु इस निर्विशेष स्वरूपमें भी शक्तिका सर्वथा प्रकाश न हो, ऐसी बात भी नहीं है; क्योंकि 'स्वरूपगत' शक्ति तो इसमें है ही। यह ब्रह्म शून्य नहीं है, यह अस्तित्व रखता है। अतएव इसमें अस्तित्व-शक्ति है। आनन्दमय है, इससे इसमें 'आनन्दमयत्व-शक्ति' है और 'चेतन' है, इसलिये यह 'चिच्छक्ति-सम्पन्न' है। इसके अतिरिक्त, वस्तुतः एकमात्र परब्रह्म भगवान्‌के किसी भी स्वरूपमें शक्तिका कभी अभाव नहीं है। केवल उसकी अभिव्यक्ति नहीं है। अतएव हम 'ब्रह्म' को 'शक्तिरहित' न मानकर 'अव्यक्तशक्ति' मानते हैं। 'निर्विशेष' का अर्थ 'अव्यक्तशक्ति' ही होना चाहिये।

ब्रह्म आनन्दस्वरूप है, रसस्वरूप है—**'रसो वै सः'**। 'रस' शब्दके भी दो प्रकारके अर्थ होते हैं—एक वह जो आस्वाद्य है, जैसे मधु और दूसरा वह जो आस्वादन करता है, जैसे भ्रमर—ये दोनों ही रस हैं। अतएव रसका अर्थ होता है 'आस्वाद्य रस' और 'आस्वादक रसिक'। ब्रह्मके सभी रूप आनन्दरूपमें आस्वाद्य

हैं। परंतु जिस स्वरूपमें शक्तिकी अभिव्यक्ति नहीं—जैसे 'अव्यक्तशक्ति' ब्रह्म, वह स्वरूप आस्वादक या रसिक नहीं हो सकता।

जिन स्वरूपोंमें ऐश्वर्य, माधुर्य, सौन्दर्य, सौशील्य, प्रागल्भ्य, सर्वज्ञत्व, भक्त-वात्सल्य, भृत्यवश्यत्व आदि गुणोंकी अभिव्यक्ति है, वे ही भगवान् हैं। इनमेंसे जिस स्वरूपमें इन भगवदीय गुणोंकी तथा शक्तिकी जितनी ही अधिक अभिव्यक्ति हो, उसमें उतनी ही अधिक भगवत्ताका प्रकाश है। जिसमें इन गुणोंका तथा शक्तियोंका पूर्णतम प्रकाश है, वही स्वरूप पूर्णतम भगवान्, 'स्वयं भगवान्' है। अतः उपर्युक्त 'परब्रह्म' ही स्वयं भगवान् या पूर्णतम समग्र भगवान् है। उसमें 'आस्वाद्य'—रस-स्वरूपताकी भी पूर्णतम अभिव्यक्ति है और 'आस्वादन—चमत्कारकी भी चरम तथा परम परिणति है। इसीसे वह 'रसिकशेखर' है। निर्विशेष अर्थात् 'अव्यक्तशक्ति' ब्रह्म स्वरूपतः इससे अभिन्न होनेपर भी 'रसिक-शेखर' नहीं है। ये 'समग्र भगवान्' ही 'रसिकेन्द्रचूडामणि' हैं। ये प्रेमानन्दरस-स्वरूप परब्रह्म 'स्वयं भगवान्' अपने असमोर्ध्व रस-माधुर्यके द्वारा सभीका आकर्षण करते हैं—इसीसे इनका नाम है—'कृष्ण'।

ये श्रीकृष्ण स्वरूपतत्त्वकी दृष्टिसे न तो पृथक्-स्वरूप हैं, न पृथक्-शक्ति हैं और न विशेष-शक्ति ही हैं। ब्रह्मके निर्गुण-सगुण दो स्वरूप हैं— **'स्वरूपं द्विविधं चैव सगुणं निर्गुणात्मकम्।'** 'अव्यक्तशक्ति' ब्रह्मको 'निर्गुण' तथा 'व्यक्तशक्ति' ब्रह्मको 'सगुण' कहते हैं। इसका यह अर्थ कदापि नहीं है कि सगुण ब्रह्ममें कोई प्राकृतिक गुण है। भगवान्के किसी भी रूपमें प्राकृत गुण नहीं हैं—वे सदा ही भगवत्स्वरूप दिव्य चिन्मय गुणोंसे युक्त हैं; परंतु शक्ति या गुणोंके प्रकाशमें न्यूनाधिकताके कारण भेद दिखायी देता है। श्रीकृष्णमें गुणों और शक्तियोंका पूर्णतम प्रकाश है; इसलिये वे अंशी हैं, अन्य सब अंश हैं। शक्तिके अधिक प्रकाशसे अंशी और न्यून प्रकाशसे अंश। बस, यह अभिव्यक्तिजनित भेद है, स्वरूपगत नहीं। श्रीकृष्णमें समस्त शक्तियोंका पूर्णतम प्रकाश है। वे नित्य अचिन्त्यानन्त स्वरूपभूत दिव्य गुण-गणोंके निकेतन हैं, अचिन्त्यानन्तविरोधिधर्म-गुणाश्रय हैं, अखिलरसामृतसिन्धु हैं; इसीसे वे समस्त ईश्वरोंके परम ईश्वर, सर्वलोकमहेश्वर 'समग्र भगवान्' या सबके अंशी 'स्वयं भगवान्' हैं।

श्रीकृष्ण सच्चिदानन्दस्वरूपभूत श्रीविग्रहरूपसे साकार हैं, द्विभुज हैं, गोपवेशधारी हैं, वंशीधर हैं, नित्यनवकिशोर, नित्यनवकमनीय-कलेवर नटवर हैं। वे लीला-पुरुषोत्तम हैं।

श्रीकृष्ण ऐश्वर्य-माधुर्यके अनन्तानन्त निधि हैं, पर उनके भी दो रूप हैं—'ऐश्वर' और 'ब्राह्म'। वे ऐश्वर-रूपसे असुरोंका संहार, लोकधर्मका संस्थापन तथा अभ्युत्थान, साधु-परित्राण, दुष्टदलन आदि लीला-कार्य करते हैं और 'ब्राह्म'-स्वरूपसे माधुर्यका विस्तार करते हैं। उनके रूप-गुण-सौन्दर्य-माधुर्य इतने दिव्य चमत्कारपूर्ण तथा नित्यनव रूपमें प्रकट हैं कि वे निर्ग्रन्थ ऋषि-मुनियों, देवताओं, समस्त लक्ष्मियों—यहाँतक कि भगवत्स्वरूपोंको भी आकर्षित किये रहते हैं। दूसरोंकी बात तो दूर रही, उनकी वह परममधुर अनिर्वचनीय सुन्दरतारूप आकर्षिणी शक्ति स्वयं उन्हींके चित्तको आकर्षित और प्रलुब्ध कर देती हैं—

अपरिकलितपूर्वः कश्चमत्कारकारी
स्फुरति मम गरीयानेष माधुर्यपूरः।
अयमहमपि हन्त प्रेक्ष्य यं लुब्धचेताः
सरभसमुपभोक्तुं कामये राधिकेव॥

(ललितमाधव)

किसी मणिकी दीवालमें या दर्पणमें प्रतिबिम्बित अपनी रूपमाधुरीको देखकर श्रीकृष्ण आश्चर्यके साथ कहते हैं—'अहो! इस माधुरीका तो इससे पहले मैंने कभी अनुभव किया ही नहीं। मेरी यह माधुर्यराशि कितनी चमत्कारजनक है, कितनी महान् श्रेष्ठ है और कितनी मधुर है! इसे देखकर तो मेरा चित्त लुब्ध हो गया है। (श्रीराधिका इसे देखते-देखते कभी थकतीं ही नहीं, निर्निमेष नेत्रोंसे परम उत्सुकताके साथ नित्य-निरन्तर देखा ही करती हैं—इससे अनुमान होता है, वे ही इस रूप-माधुरीका पूरा रसास्वादन करती हैं।) अतएव मैं चाहता हूँ कि मैं भी श्रीराधिकाजीकी भाँति ही परम उत्सुकताके साथ इसका उपभोग करूँ।'

अखिलरसामृतसिन्धु श्रीकृष्णके माधुर्यका वर्णन करनेके लिये भाषामें न शब्द है न शक्ति ही। इसको तो जिसने देखा है, वही जानता है, पर वह भी बता नहीं

****

सकता; क्योंकि उसका हृदय ही सदाके लिये इस रूपमाधुरीके द्वारा अपहरण कर लिया जाता है।

ईसाई भक्त माइकेलने कहा है—

जिसने देखा कभी नयनभर मोहन-रूप बिना बाधा।
वही जान सकता है क्योंकर कुल-कलङ्किनी है राधा॥

वह रूपमाधुरी सर्वस्व हरण कर लेती है क्षणभरमें। परम-प्रेमी भक्त लीलाशुक श्रीबिल्वमङ्गल गाते हैं—

मधुरं मधुरं वपुरस्य विभोर्मधुरं मधुरं वदनं मधुरम्।
मधुगन्धि मृदुस्मितमेतदहो मधुरं मधुरं मधुरं मधुरम्॥

प्रातःस्मरणीय श्रीवल्लभाचार्य सर्वत्र मधुरता देखते हुए,

अधरं मधुरं वदनं मधुरं नयनं मधुरं हसितं मधुरम्।
हृदयं मधुरं गमनं मधुरं मधुराधिपतेरखिलं मधुरम्॥
वचनं मधुरं चरितं मधुरं वसनं मधुरं वलितं मधुरम्।
चलितं मधुरं भ्रमितं मधुरं मधुराधिपतेरखिलं मधुरम्॥

—इत्यादि शब्दोंसे उनकी सर्वाङ्गीण मधुरताका संकेत करते हैं। महाप्रभु चैतन्यके द्वारा कथित शब्दोंका कुछ भाव है—

कृष्ण-अङ्ग-लावण्य मधुरसे भी समधुरतम।
उसमें श्रीमुख-चन्द्र परम सुषमामय अनुपम॥
मधुरापेक्षा मधुर, मधुरतम उससे भी अति।
श्रीमुखकी मधु-सुधामयी ज्योत्स्नामयि सुस्मिति॥
इस ज्योत्स्ना-स्मिति मधुरका एक-एक कण अति मधुर।
होकर त्रिभुवन व्याप्त जो बना रहा सबको मधुर॥

श्रीकृष्णकी ज्योत्स्नामयी मधुर मुसकानके कणमात्रसे ही जगत्में जहाँ-तहाँ माधुर्यका विस्तार दीखता है। इनका मन्दस्मित ही जगत्में सम्पूर्ण आनन्द-विधान करता है। अन्यथा, जगत् तो दुखःमय है ही।

अतएव भगवान् श्रीकृष्णमें ऐश्वर्य-माधुर्य दोनोंका ही पूर्णतम प्रकाश है। तथापि

रस-जगत्में माधुर्यकी ही प्रधानता है; क्योंकि सब लोग वस्तुतः रस ही चाहते हैं, सब रसका ही अन्वेषण करनेमें लगे हैं। अवश्य ही, इस परम पवित्र भगवद्रसका संधान न होनेके कारण वे विषय-भोगोंके 'रस' नामको दूषित करनेवाले कुरस (कुत्सित रस), विरस (विपरीत रस) और अरस (सर्वथा शुष्क) का ही आस्वादन करते हैं और फलतः उनका जीवन अत्र-परत्र-सर्वत्र पाप-दोषमय, दुःख-ज्वालामय, उद्वेग-अशान्तिमय और नरकयन्त्रणामय हो जाता है। मनुष्य इससे बचे और यथार्थ रस—भगवद्रूप रस (**'रसौ वै सः'**) को प्राप्त कर धन्य, सफल और सुखी-जीवन हो जाय—इसीलिये श्रीनारदजीके उपदेशसे व्यासजीने रसराज भगवान्की परम मधुर लीला-कथाका पवित्र स्रोत बहाया और महाभागवत श्रीशुकदेवजीने मुमूर्षु राजा परीक्षित्को अगाध रसनिधिमें डुबाकर धन्य कर दिया। यह दिव्य रस भगवान्के माधुर्यमें ही है। अतएव माधुर्य ही प्रधान है। वैसे तो वस्तुतः भगवान् श्रीकृष्णका ऐश्वर्य भी माधुर्यके अनुगत ही है। उनके ऐश्वर्यका अणु-परमाणु भी माधुर्यसे ही सिञ्चित है। इसीसे श्रीकृष्णका ऐश्वर्य अन्य स्थलोंके ऐश्वर्यकी भाँति कदापि भयप्रद नहीं है। लोग भूलसे ऐश्वर्यमें ही भगवत्ता देखते हैं; पर श्रीकृष्णमें ऐश्वर्य-लीला ऐसी माधुर्य-मण्डित है कि वह परम भगवत्ताका प्रकाश करती हुई ही भगवान्को गौरव-गरिमाहीन, अपना 'निज जन' बना देती है। भक्त उनको अपना मानकर उनके चरणोंमें लुट पड़ता है, उन्हें आलिङ्गन करने लगता है। उनके हृदयसे चिपट जाता है, उन्हें गोदमें बैठा लेता है, स्वयं उनकी गोदमें बैठ जाता है, उनके गलबैयाँ देकर चलता है, साथ खाता-पीता है, एक साथ विहार करता है और भगवान्, सर्वगुण-गौरवमय होते हुए भी, यह सब सानन्द समुत्सुकताके साथ स्वीकार करते हैं—छल-कपटसे नहीं, मायासे नहीं, अभिनयके रूपमें नहीं, पर स्वयं ऐसे ही बनकर प्रेमरसका मधुर आस्वादन करने-करानेके लिये!

आज इन्हीं समग्र भगवान्, 'स्वयं भगवान्' श्रीकृष्णका प्राकट्य-महोत्सव है। यह स्मरण रखिये कि भगवान् श्रीकृष्ण कर्मवश जन्म लेनेवाले पाञ्चभौतिक देहधारी जीव नहीं हैं। ये नित्य सत्य सनातन सच्चिदानन्दस्वरूप हैं। देह-देही-भेदसे रहित हैं परस्पर-विरुद्ध-धर्माश्रय होनेके कारण इनमें जागतिक भावोंके दर्शन होते हैं, पर

इनके वे जागतिक भाव भी वस्तुतः चिदानन्दमय भगवत्स्वरूप ही हैं।

आप जिस रूपमें इनको देखना चाहें, देख सकते हैं; इनसे सम्बन्ध स्थापन करना चाहें, कर सकते हैं। ये सभी सम्बन्ध स्वीकार करनेको प्रस्तुत हैं। पर सम्बन्ध होना चाहिये अनन्य, अव्यभिचारी, पूर्ण तथा आत्माका, बाहरका नहीं।

ये हमारे हैं, हम इनके हैं। भगवान्, सबमें समान होते हुए भी जो इन्हें प्रेमसे भजता है, उसको अपने हृदयमें बसा लेते हैं और स्वयं उसके हृदयमें बसे रहते हैं—**'मयि ते तेषु चाप्यहम्'** (गीता)। इतना ही नहीं, वे स्वयं उसका हृदय बन जाते हैं और उसे अपना हृदय बना लेते हैं। श्रीमद्भागवतके वचन हैं—

साधवो हृदयं मह्यं साधूनां हृदयं त्वहम्।
मदन्यत् ते न जानन्ति नाहं तेभ्यो मनागपि॥

(९।४।६८)

'वे (प्रेमी) साधु मेरे हृदय हैं और मैं उन साधुओंका हृदय हूँ। वे मेरे अतिरिक्त किसीको नहीं जानते तो मैं उनके सिवा किसीको नहीं जानता।'*

बोलो नन्दनन्दन श्रीश्यामसुन्दरकी जय!

——::×::——

* यहाँ मैंने यह जो कुछ कहा है, वह अनुभवी वैष्णव महात्माओंका प्रसादमात्र है। मैं तो स्वरूप-तत्त्वसे सर्वथा अनभिज्ञ एक दीन-हीन-पामर प्राणी हूँ। उनके उद्गारोंको पूरा प्रकट भी नहीं कर सकता।

श्रीकृष्णका परम स्वरूप और उनका प्रेम

आपका पत्र मिला। आपका लिखना ठीक है। श्रीकृष्ण-प्रेमी भक्त वैष्णव सचमुच ऐसा ही मानते हैं कि तत्त्वरूप निराकार ब्रह्म भगवान् श्रीकृष्णकी अङ्गकान्ति हैं, परमात्मा उनके अंश हैं और षडैश्वर्य (समग्र ऐश्वर्य, धर्म, यश, श्री, ज्ञान और वैराग्य) के पूर्ण आधारस्वरूप भगवान् श्रीनारायण श्रीकृष्णके विलास-विग्रह हैं। श्रीकृष्ण और उनकी स्वरूपभूता श्रीराधा सर्वथा अभिन्न हैं। सर्वथा द्वैतरहित एक ही परम भगवत्तत्त्व लीला-रसास्वादनके लिये दो रूपोंमें प्रकट है। इन्हीं दो रूपोंको 'विषय' और 'आश्रय' कहा गया है। श्रीकृष्ण 'विषय' हैं और श्रीराधाजी 'आश्रय'। विषय 'भोक्ता' होता है और आश्रय 'भोग्य'। लीलाके लिये कभी-कभी श्रीकृष्ण 'आश्रय' बन जाते हैं और श्रीराधाजी 'विषय' सजती हैं। श्रीराधाजी भगवान् श्रीकृष्णके स्वरूपभूत आनन्दका ही मूर्तिमान् रूप हैं। परंतु लीलाके लिये श्रीराधारानी प्रेमके परिपूर्ण आदर्श हैं और भगवान् श्रीकृष्ण आनन्दके। इसीसे लीलामयी श्रीराधाजी भगवान् श्रीकृष्णकी सबसे श्रेष्ठ 'आराधिका' हैं, उन्हें निज सुखका बोध नहीं है। वे जानती हैं श्रीकृष्णके सुखको और श्रीकृष्णको सुखी देखकर ही नित्य परम सुखका अनुभव करती हैं। उनकी सङ्गिनी और सखी समस्त गोपियाँ भी इसी भावकी मूर्तियाँ हैं। वे श्रीराधाकृष्णके सुखसे ही सुखी होती हैं। उनमें निजेन्द्रियसुखकी वासना कल्पनाके लिये भी नहीं है। इसीसे वे प्रेममय भक्तिमार्ग और प्रेमी भक्तोंकी परम आदर्श पथप्रदर्शिका हैं।

——::×::——

चोर-जार-शिखामणि

व्रजे वसन्तं नवनीतचौरं गोपाङ्गनानां च दुकूलचौरम्।
अनेकजन्मार्जितपापचौरं चौराग्रगण्यं पुरुषं नमामि॥
अहिमकरकरनिकरमृदुमुदितलक्ष्मी-
सरसतरसरसिरुहसदृशदृशि देवे।
व्रजयुवतिरतिकलहविजयिनिजलीला-
मदमुदितवदनशशिमधुरिमणि लीये॥

एक सज्जन पूछते हैं—'गोपालसहस्रनाम'में भगवान्‌का एक नाम 'चोर-जार-शिखामणि' आया है। चोरी और जारी दोनों ही अत्यन्त नीच वृत्तियाँ हैं। भगवान्‌के भक्तकी तो बात ही दूर, जब साधारण विवेकवान् पुरुष भी 'चोरी-जारी' से बचे रहते हैं, तब फिर भगवान्‌में चोरी-जारीका होना कैसे सम्भव है? और यदि उनमें चोरी-जारी नहीं है तो फिर उनको चोर-जारोंका मुकुटमणि कहना क्या उन्हें गालियाँ देना नहीं है? और यदि वस्तुतः भगवान्‌में चोरी-जारीका होना माना जा सकता है तो फिर वे भगवान् कैसे हुए और उनके आदर्शसे दुनियाके लोग डूबे बिना कैसे रहेंगे? मेरी समझसे बुरी नीयतसे किसीने उनका यह नाम रख दिया है। इस सम्बन्धमें मैं आपका मत जानना चाहता हूँ।

इसके उत्तरमें अल्पमतिके अनुसार कुछ लिखनेका प्रयत्न किया जाता है। प्रश्नकर्ता महोदयको इससे कुछ संतोष हुआ तो अच्छी बात है। नहीं तो, इसी बहाने कुछ समय भगवच्चर्चामें बीतेगा और इस सुअवसरकी प्राप्तिके कारण प्रश्नकर्ता महोदय हैं, इसलिये मैं तो उनका कृतज्ञ हूँ ही।

यह बात सर्वथा सत्य है कि 'चोरी' और 'जारी' बहुत ही नीच वृत्तियाँ हैं और ऐसी वृत्तियाँ जिन लोगोंमें हैं, वे कदापि विवेकवान् और सदाचारी नहीं हैं। भक्तमें ऐसे दुर्गुण रह ही नहीं सकते; और भगवान्‌में तो इनकी कल्पना करना भी मूर्खताकी सीमा है। इतना होनेपर भी 'गोपालसहस्रनाम' में आया हुआ श्रीभगवान्‌का यह 'चोर-जार-शिखामणि' नाम न तो भगवान्‌को गाली देनेके लिये है और न किसीने बुरी नीयतसे ही इस नामको गढ़ लिया है। दृष्टिविशेषके अनुसार भगवान्‌में इस नामकी पूर्ण सार्थकता है और इसका रहस्य समझ लेनेपर फिर कोई शङ्का भी नहीं रहती।

सबसे पहले भगवान्‌का स्वरूप समझना चाहिये। स्वरूपभूत दिव्यगुणविशिष्ट

भगवान्में लौकिक गुणोंका—जो प्रकृतिसे उत्पन्न त्रिगुणके विकार हैं—सर्वथा अभाव है, इसलिये वे निर्गुण हैं। भक्तोंके परम आदर्श, लोकसंग्रहके आचार्य और विश्वके भरण-पोषण-कर्ता होनेसे वे समस्त सात्त्विक गुणोंको अपनेमें धारण करते हैं, इसलिये वे अशेषसद्गुणालंकृत हैं और प्रकृतिके द्वारा अखिल जगद्रूपमें उन्हींका प्रकाश होनेके कारण वे समस्त सदसद्गुणसम्पन्न हैं। भगवान् ही समस्त विश्वके निमित्त और उपादान कारण हैं। इस दृष्टिसे संसारके सभी भाव उन्हींसे उत्पन्न होते हैं,* सभी भावोंका सम्बन्ध उनसे जुड़ा हुआ है। इतना होनेपर भी उनके स्व-स्वरूपमें कोई दोष नहीं आता। उनके द्वारा सब कुछ होनेपर भी वे किसीके बन्धनमें नहीं हैं।†

किसी दृष्टिविशेषके हेतुसे उन्हें यदि संसारसे सर्वथा पृथक् माना जाय तो फिर यह तो मानना ही पड़ेगा कि संसारमें जो कुछ है, सभी भगवान्का है; क्योंकि वे 'सर्वलोकमहेश्वर'‡ हैं और संसारमें जितने भी पुरुष हैं, सबके देहमें 'देही' या आत्मारूपसे वे ही स्वयं विराजित हैं। § इस दृष्टिसे समस्त संसारके सम्पूर्ण पदार्थोंके स्वत्वपर अधिकार करनेसे और समस्त स्त्रियोंके पति होनेसे भी उनपर न परधनापहरणका दोष आ सकता है और न औपपत्यका ही।

परंतु यहाँ सर्वलोकमहेश्वर और विश्वात्मारूपमें स्थित भगवान्के सम्बन्धमें प्रश्न नहीं है, यहाँ तो प्रश्नकर्त्ता महोदय विश्वात्मा और सर्वलोकमहेश्वरसे भिन्न समझकर उन साकार-मङ्गलविग्रह भगवान्के सम्बन्धमें पूछते हैं, जो धर्मसंस्थापनार्थ

---

* ये चैव सात्त्विका भावा राजसास्तामसाश्च ये।
मत्त एवेति तान्विद्धि.................
(गीता ७। १२)

अर्थात् सत्त्वगुण, रजोगुण और तमोगुणसे उत्पन्न होनेवाले जितने भाव हैं, सबको तू मुझसे ही (उत्पन्न) जान।

† न च मां तानि कर्माणि निबध्नन्ति धनंजय। (गीता ९। ९)
अर्थात् हे अर्जुन! वे कर्म मुझको नहीं बाँधते।

‡ सर्वलोकमहेश्वरम् (गीता ५। २९)

§अहमात्मा गुडाकेश सर्वभूताशयस्थितः। (गीता १०। २०)

अर्जुन! सब भूतोंके हृदयमें आत्मारूपसे मैं ही स्थित हूँ।

ही धरातलपर अवतीर्ण होते हैं। उनका कहना है कि 'धर्मसंस्थापनार्थ अवतार ग्रहण करनेवाले भगवान् क्या ऐसा कोई भी कार्य कर सकते हैं; जो स्वरूपतः धर्मविरुद्ध हो और जिससे शुभ आदर्श नष्ट होनेके साथ ही धर्मस्थापनाके स्थानपर धर्मकी हानि होती हो ?'

इसके उत्तरमें यों तो यह कहना भी सर्वथा युक्तियुक्त और सत्य ही है कि भगवान्पर माया-जगत्के धर्मका कोई बन्धन लागू नहीं पड़ता, वे सर्वतन्त्रस्वतन्त्र हैं। वे जो कुछ करते हैं, वही उनका धर्म है और वे जो कुछ कहते हैं, वही शास्त्र है। अवश्य ही उनकी क्रियाका अनुकरण करना सबके लिये न तो उचित है और न सम्भव ही; क्योंकि भगवान्की क्रिया भगवान्के स्वधर्मानुकूल होती है। जीवमें भगवत्ता न होनेसे वह भगवान्के धर्मका आचरण नहीं कर सकता। भगवान् श्रीकृष्ण आग पी गये, वे वरुणलोकसे नन्दको ले आये, यमराजके यहाँसे गुरुपुत्रको लौटा लाये, उन्होंने दिनमें ही सूर्यको छिपा दिया, बाललीलामें कनिष्ठिका अँगुलीपर पहाड़ उठा लिया और अपने चरित्रोंसे ब्रह्माको भी मोहित कर दिया। जीव इनमेंसे कोई-सा भी कार्य नहीं कर सकता। इसीलिये भगवान्की क्रियाका अनुसरण भी मनुष्य नहीं कर सकता। हाँ, उनकी वाणीका—उनके उपदेशोंका पालन अवश्य करना चाहिये और इसीमें जीवोंका कल्याण है।

ऐसा होनेपर भी साकार-मङ्गलविग्रह भगवान्की लीलामें वस्तुतः ऐसी कोई क्रिया नहीं होती, जो शास्त्रविरुद्ध हो या जिसे हम चोरी-जारी या किसी पापकी श्रेणीमें रख सकें। मोहवश मूढ़लोग उनके स्वरूपको न समझनेके कारण ही उनकी क्रियाओंपर दोषारोपण कर बैठते हैं।* तब फिर इस 'चोरी-जारी' का क्या अर्थ है? अब इसीपर संक्षेपमें विचार करना है। यों तो वेदोंमें भी भगवान्को '**स्तेनानां पतये**

---

* अवजानन्ति मां मूढा मानुषीं तनुमाश्रितम्।
परं भावमजानन्तो मम भूतमहेश्वरम्॥

(गीता ९। ११)

'सब भूतोंके महेश्वररूप मेरे परम भावको न जाननेवाले मूढ़ मनुष्य ही मानव-शरीरधारी मुझ भगवान्को न पहचानकर मुझे तुच्छ समझते हैं।'

नमः' चोरोंका सरदार कहकर प्रणाम किया गया है। भगवान् श्रीरामको भी प्राचीन सद्ग्रन्थोंके आधारपर श्रीरामस्वरूपके अनुभवी गोस्वामी श्रीतुलसीदासजीने **'लोचन सुखद बिस्व चितचोरा'** कहा है। परंतु प्रधानरूपसे यह 'चोर-जार-शिखामणि' नाम भगवान् श्रीकृष्णके लिये ही प्रयुक्त हुआ है। श्रीमद्भागवतके अनुसार यह स्पष्ट है कि श्रीकृष्ण स्वयं भगवान् हैं—**'कृष्णस्तु भगवान् स्वयम्।'** गीतामें तो भगवान् श्रीकृष्णने अपने ही श्रीमुखसे बारम्बार अपनेको साक्षात् सर्वाधिपति सच्चिदानन्दघन परात्पर तत्त्व घोषित किया है। और इन भगवान्का 'चोर-जार-शिखामणि' नाम रखा गया है उन व्रज-गोपियोंके द्वारा, जिनके चरणोंकी पावन धूलि पानेके लिये देवश्रेष्ठ ब्रह्मा और ज्ञानिश्रेष्ठ उद्धव तिर्यगादि योनि और लता-गुल्मादि जड शरीर धारण करनेमें भी अपना सौभाग्य समझते हैं* तथा स्वयं भगवान् जिनका अपनेको ऋणी

---

* तद् भूरिभाग्यमिह जन्म किमप्यटव्यां
यद् गोकुलेऽपि कतमाङ्घ्रिरजोऽभिषेकम्।
यज्जीवितं तु निखिलं भगवान् मुकुन्द-
स्त्वद्यापि यत्पदरजः श्रुतिमृग्यमेव॥
(श्रीमद्भा० १०। १४। ३४)

श्रीब्रह्माजी कहते हैं—'भगवन्! मुझे इस धरातलपर व्रजमें—विशेषतः गोकुलमें किसी कीड़े-मकोड़ेकी योनि मिल जाय, जिससे मैं गोकुलवासियोंकी चरण-रजसे अपने मस्तकको अभिषिक्त करनेका सौभाग्य प्राप्त कर सकूँ, जिन गोकुलवासियोंके जीवन सम्पूर्ण-रूपसे आप भगवान् मुकुन्द हैं, जिनकी चरण-रजको अनादिकालसे अबतक श्रुति खोज रही है (परंतु पाती नहीं)।'

आसामहो चरणरेणुजुषामहं स्यां
वृन्दावने किमपि गुल्मलतौषधीनाम्।
या दुस्त्यजं स्वजनमार्यपथं च हित्वा
भेजुर्मुकुन्दपदवीं श्रुतिभिर्विमृग्याम्॥
(श्रीमद्भा० १०। ४७। ६१)

वन्दे नन्दव्रजस्त्रीणां पादरेणुमभीक्ष्णशः।
यासां हरिकथोद्गीतं पुनाति भुवनत्रयम्॥
(श्रीमद्भा० १०। ४७। ६३)

घोषित करते हैं*।

गोपियोंके घर माखन खाकर और यमुनातटपर उनके वस्त्रोंको कदम्बपर रखकर भगवान् श्रीकृष्ण चोर कहलाये तथा शारदीया पूर्णिमाकी रात्रिको गोपियोंमें आत्मरमणकर भगवान् 'जार' कहलाये। परंतु इस माखनखोरी, चीरचोरी और रासरमणके प्रेमराज्यसम्बन्धी रहस्यका किंचित् भी तत्त्व समझमें आ जाय तो फिर यह बात भलीभाँति जान ली जाती है कि न तो यह 'चोरी' वस्तुतः चोरी ही है और न वह 'रमण' कोई परस्त्रीसङ्गरूप व्यभिचार ही है।

शब्दोंको लेकर झगड़नेकी बात तो दूसरी है। तत्त्वज्ञ लोग शब्दोंपर ध्यान नहीं दिया करते, वे प्रसङ्गानुकूल उनके अर्थोंपर ध्यान देते हैं। वेदोंमें और गीतामें भी अच्छे भावोंमें 'काम' शब्दका प्रयोग हुआ है। भगवान् स्वयं एकसे अनेक होनेकी 'कामना' करते हैं।† धर्मसे अविरुद्ध 'काम' को वे अपना स्वरूप बतलाते हैं।‡

श्रीउद्धवजी कहते हैं—

'अहो ! इन गोपियोंकी चरण-रजका सेवन करनेवाले वृन्दावनमें उत्पन्न हुए गुल्म, लता और ओषधियोंमेंसे मैं कुछ भी हो जाऊँ (जिससे उन गोपियोंकी चरण-रज मुझे भी प्राप्त हो); क्योंकि इन गोपियोंने बहुत ही कठिनतासे त्याग किये जानेयोग्य स्वजनोंको और आर्यपथको त्यागकर भगवान् मुकुन्दके मार्गको प्राप्त किया है, जिसको श्रुतियाँ अनादिकालसे खोज रही हैं। ······मैं उन नन्द-व्रजवासिनी स्त्रियोंकी चरण-रेणुको बार-बार नमस्कार करता हूँ, जिनके द्वारा किया गया भगवान्‌की लीला-कथाओंका गान त्रिभुवनको पवित्र करता है।'

* न पारयेऽहं निरवद्यसंयुजां स्वसाधुकृत्यं विबुधायुषापि वः।
या माभजन् दुर्जरगेहशृङ्खलाः संवृश्च्य तद्वः प्रतियातु साधुना॥

(श्रीमद्भा० १०।३२।२२)

भगवान् श्रीकृष्ण कहते हैं—'प्रियाओ ! तुमने घरकी कठिन बेड़ियोंको निःशेषरूपसे तोड़कर मेरी सेवा की है, तुम्हारे इस साधुकार्यका बदला मैं देवताओंकी आयुमें भी नहीं चुका सकता। तुम अपनी ही उदारतासे मुझे इस ऋणसे मुक्त कर सकती हो।'

† 'सोऽकामयत' (तैत्तिरीय० २।६)

‡ धर्माविरुद्धो भूतेषु कामोऽस्मि भरतर्षभ।' (गीता ७।११) अर्थात् हे अर्जुन ! धर्मसे अविरुद्ध 'काम' मैं हूँ।

गोपियोंके दिव्य प्रेमको शास्त्रमें 'काम' कहा गया है* । श्रुतियोंमें और गीतामें 'रति' शब्द आता है।† गीतामें **'रमन्ति'** शब्द भी आया है। ‡परंतु इन सबका अर्थ ही दूसरा है। एक 'जन्म' शब्दको ही लीजिये। गीतामें भगवान्के लिये 'जन्म' शब्द आता है। भगवान् अजन्मा हैं, परंतु वे स्वयं अर्जुनसे कहते हैं—मेरे कई जन्म हो चुके हैं। § साथ ही यह भी कहते हैं कि मेरे जन्मके तत्त्वको जाननेवाला 'जन्म' से छूट जाता है। जरा सोचना चाहिये—जिसके 'जन्म' के तत्त्वको जाननेवाला जन्मसे छूट जाता है, उसका जन्म क्या उसी जातिका जन्म है, जिस जातिका उस जन्मसे छूटनेवाले साधारण मनुष्यका जन्म होता है ? वह अजन्माका जन्म है—दिव्य जन्म है। जन्म होनेपर भी वस्तुतः वह जन्म नहीं है। इसी प्रकार भगवान्का 'काम', उनकी 'चोरी', उनकी 'जारी', उनकी 'रति', उनका 'रमण' आदि सभी दिव्य हैं। जिन भगवान्का अनन्य भजन करनेवाले मनुष्य गुणातीत हो जाते हैं, उन नित्य निर्गुण भगवान्में बहिरङ्ग प्रकृतिके मलिन विकाररूप दुर्गुणोंकी कल्पना करना मूर्खता नहीं तो और क्या है?

तब फिर ये क्या हैं ? ये हैं भगवान् श्रीकृष्णकी स्वरूपभूता दिव्य लीलाएँ, जो दिव्य व्रजधाममें दिव्य व्रजवासियों और दिव्य व्रजबालाओंके साथ दिव्य देहमें दिव्यरूपसे होती हैं। इनमें न प्राकृत चोरी है, न प्राकृत रमण है और न प्राकृत देह है। अधिक क्या, वहाँकी प्रकृति ही प्राकृत नहीं है। इसीलिये यह रहस्य हमारी प्राकृत

---

* प्रेमैव गोपरामाणां काम इत्यगमत्प्रथाम्।

† आत्मक्रीड आत्मरतिः क्रियावानेष ब्रह्मविदां वरिष्ठः।

(मुण्डक॰ ३ । १ । ४)

यस्त्वात्मरतिरेव स्यात् (गीता ३ । १७)

‡ तुष्यन्ति च रमन्ति च। (गीता १० । ९)

§ बहूनि मे व्यतीतानि जन्मानि····· (गीता ४ । ५)

जन्म कर्म च मे दिव्यमेवं यो वेत्ति तत्त्वतः।
त्यक्त्वा देहं पुनर्जन्म नैति मामेति सोऽर्जुन॥

(गीता ४ । ९)

अर्थात् अर्जुन ! मेरा जन्म कर्म दिव्य है; इसको जो पुरुष तत्त्वतः जान लेता है, वह शरीरको त्यागकर फिर जन्मको नहीं प्राप्त होता, वह मुझको ही पाता है।

बुद्धिके ध्यानमें नहीं आता। हमारी बुद्धि बहिरङ्गा प्रकृतिके कार्यरूप समष्टिबुद्धिका एक अत्यन्त स्थूल रूप है, जो स्वयं प्रकृतिसम्भूत अज्ञानसे इतनी आच्छादित है कि अपने कारणरूप बहिरङ्गा प्रकृतिका भी रहस्य नहीं जान सकती, फिर इस प्रकृतिसे सर्वथा अतीत दिव्य-राज्यके खेलको यह बुद्धि कैसे समझ सकती है। इसीलिये ऐसे शब्दोंको पढ़-सुनकर हमारी बुद्धिमें मोह होता है और हम श्रीभगवान्‌को अपने-ही-सरीखा प्राकृत शरीरधारी मनुष्य मानकर और उनकी दिव्य लीलाओंको प्राकृत मनुष्योचित लौकिक क्रिया समझकर उनपर दोषारोपण करके, मोहवश उनका अनुकरण करने जाकर या पापबुद्धिकी प्रेरणासे उनकी दिव्य लीलाओंकी आड़में अपने पापका समर्थन करनेकी चेष्टा करके घोर नरककुण्डमें गिर पड़ते हैं ! यह हमारा ही अज्ञान है। अप्राकृत भगवान्‌की अप्राकृत लीलाओंका रहस्य अप्राकृत स्थितिमें पहुँचनेपर ही कोई जान सकता है। इसीलिये गीतामें भगवान् श्रीकृष्णने ब्रह्मभूत होनेके पश्चात् ही पराभक्तिके द्वारा अपने स्वरूपके यथार्थ ज्ञानकी प्राप्ति बतलायी है।* यह दुर्लभ स्थिति भगवत्कृपासे ही प्राप्त होती है। इस स्थितिमें पहुँचनेपर भगवान्‌की जिन दिव्य लीलाओंका यथार्थ प्रत्यक्ष होता है, वे मन-वाणीके अगोचर भगवत्स्वरूपमय होती हैं, उनका कोई भी वर्णन नहीं कर सकता।

हाँ, प्रेमराज्यके बाह्य स्तरकी कुछ स्थूल बातें, जो भगवत्कृपासे शुद्धान्तःकरणवाले पुरुषोंकी समझमें किसी अंशमें आ सकती हैं, उन्हींपर विचार किया जा सकता है और उनके अनुसार गोपियोंके घरमें दधिमाखनकी चोरीलीलाको हम भगवान्‌की 'भक्तपूजा-ग्रहण-लीला', वस्त्रचोरीको 'आवरण-हरण-लीला' और

---

* ब्रह्मभूतः प्रसन्नात्मा न शोचति न काङ्क्षति।
समः सर्वेषु भूतेषु मद्भक्तिं लभते पराम्॥
भक्त्या मामभिजानाति यावान् यश्चास्मि तत्त्वतः।
(गीता १८। ५४-५५)

भगवान् श्रीकृष्ण कहते हैं—

'ब्रह्मभूत होनेपर प्रसन्नात्मा पुरुष न तो किसी वस्तुके लिये शोक करता है न किसीकी आकाङ्क्षा करता है, वह सब भूतोंमें समभावसे ब्रह्मको देखता है; तब उसे मेरी पराभक्ति प्राप्त होती है और उस पराभक्तिके द्वारा वह मेरे स्वरूप-तत्त्वको यथार्थरूपमें जानता है।'

रास-रमणको अत्यन्त गोपनीय 'प्रेम-मिलन-लीला' कह सकते हैं।

भला, क्या कोई कह सकता है कि भगवान् श्रीकृष्णने किसी दिन भी किसी ऐसी गोपीके घरमें घुसकर माखन चुराया था, जो उस माखनको अपनी चीज समझती थी और जो भगवान्के द्वारा उसके चुरा लिये जानेपर दुःखी होती थी? श्रीकृष्णगतप्राणा, श्रीकृष्णभावितमति गोपिकाओंका तन-मन—सभी कुछ श्यामसुन्दर प्राणप्रियतम श्रीकृष्णका था। वे संसारमें जीती थीं श्रीकृष्णके लिये, घरमें रहती थीं श्रीकृष्णके लिये और घरके सारे काम करती थीं श्रीकृष्णके लिये । उनकी निर्मल और योगीन्द्रदुर्लभ पवित्र बुद्धिमें श्रीकृष्णके सिवा अपना कुछ था ही नहीं। श्रीकृष्णके लिये ही, श्रीकृष्णको सुख पहुँचानेके लिये ही, श्रीकृष्णकी निज सामग्रीसे ही श्रीकृष्णको पूजकर—श्रीकृष्णको सुखी देखकर वे सुखी होती थीं। प्रातःकाल निद्रा टूटनेके समयसे लेकर रातको सोनेतक वे जो कुछ भी करती थीं, सब श्रीकृष्णकी प्रीतिके लिये ही करती थीं। यहाँतक कि उनकी निद्रा भी श्रीकृष्णमें ही होती थी—स्वप्न और सुषुप्ति दोनोंमें ही वे श्रीकृष्णकी मधुर और शान्त लीला देखा करती थीं। रातको दही जमाते समय श्यामसुन्दरकी माधुरी छबिका ध्यान करती हुई प्रेममयी प्रत्येक गोपिका यह अभिलाषा करती थी कि 'मेरा दही सुन्दर जमे, श्रीकृष्णके लिये उसे बिलोकर मैं बढ़िया-सा और बहुत-सा माखन निकालूँ और उसे उतने ही ऊँचे छीकेपर रखूँ, जितनेपर श्रीकृष्णका हाथ आसानीसे पहुँच सके; फिर मेरे प्राणधन श्रीकृष्ण अपने सखाओंको साथ लेकर हँसते और क्रीड़ा करते हुए घरमें पदार्पण करें, माखन लूटें और लुटायें, आनन्दमें मत्त होकर मेरे आँगनमें नाचें और मैं किसी कोनेमें छिपकर इस लीलाको अपनी आँखोंसे देखकर जीवनको सफल करूँ।' रातभर गोपी इसी विचारमें रहती। प्रातःकाल जल्दी-जल्दी दही बिलोकर माखन निकालकर छीकेपर रखती। कहीं प्राणधन आकर लौट न जायँ, इसलिये वह सब कामोंको छोड़कर सबसे पहले दही बिलोती और छीकेपर माखन रखनेके बाद श्रीकृष्णकी प्रतीक्षामें व्याकुल हुई मन-ही-मन सोचती—'हा ! आज प्राणधन क्यों नहीं आये, इतना विलम्ब क्यों हो गया? क्या आज इस दासीका घर पवित्र न करेंगे? क्या आज मेरे समर्पण किये हुए माखनका भोग लगाकर स्वयं सुखी होकर मुझे सुखी न करेंगे?

इन्हीं विचारोंमें आँसू बहाती हुई गोपी क्षण-क्षणमें दौड़कर दरवाजेपर जाती, लज्जा छोड़कर राहकी ओर ताकती। श्यामसुन्दर आ रहे हैं या नहीं?—सखियोंसे पूछती। एक-एक निमेष उसके लिये युगके समान बीतता। भक्तवाञ्छाकल्पतरु भगवान् श्रीकृष्ण भी अनेक रूपोंमें एक ही साथ ऐसी प्रत्येक गोपीके घर पधारकर भोग लगाते, भक्तको सुखी देखकर सुखी होते और अपने सुखसे भक्तके सुखको अनन्तगुना बढ़ा देते!

अब आप ही बतलाइये, क्या इसका नाम चोरी है? जिस चोरीको स्मृतियोंमें अपराध माना गया है, दूसरेके धनपर मन ललचानेवाले कामनाके गुलाम विषयासक्त पामर प्राणी जिस घृणित चोरीको अपना पेशा मानते हैं, क्या उस चोरीसे इस चोरीकी किसी अंशमें भी तुलना हो सकती है? बड़े पुण्य-बलसे अनन्त जन्मोंके अनन्त सुकृतोंके फलस्वरूप भगवच्चरणोंमें मनुष्यकी मति होती है और उस निर्मल मतिसे साधना करते-करते भगवत्कृपासे कभी किसी भक्त-विशेषके द्वारा ही भगवान्‌के प्रति सर्वस्व समर्पित होता है, तब कहीं गोपिकाओंके इस महान् आदर्शकी कोई छाया उसमें आती है। फिर स्वरूपभूता गोपिकाओंके साथ भगवान्‌की इस प्रेमलीलाको मामूली चोरी समझना बुद्धिभ्रमके सिवा और क्या हो सकता है?

दूसरी चोरी भगवान् श्रीकृष्णने यमुना-तटपर उन महाभाग्यवती गोपकुमारियोंके वस्त्रोंकी की, जो कात्यायनी देवीकी साधना करके प्राणप्रियतम श्रीकृष्णको प्राणनाथरूपमें प्राप्त करना चाहती थीं। गोपियोंका भगवान्‌को प्राप्त करनेकी साधना करना भी प्रेमराज्यकी एक लीला ही थी। स्वरूपभूता गोपिकाओंको श्रीकृष्ण कब अप्राप्त थे? प्रेमका मार्ग दिखलानेके लिये—प्रेमराज्यमें प्रवेश किस प्रकार हो सकता है, कितने त्यागकी इसमें आवश्यकता है, इसीका दिग्दर्शन करानेके लिये ये सब लीलाएँ थीं। उसी प्रेमराज्यकी माधुरी भक्तोंको चखानेके लिये साक्षात् रसराज रसिकशेखर श्रीकृष्णने दिव्य परिकर और अपने दिव्य धामसहित अवतीर्ण होकर व्रजमें जो मधुर प्रेमलीलाएँ की थीं, उन्हींमें वस्त्र-हरण भी एक अनोखी लीला थी। यह लीला अत्यन्त रहस्यमयी है। विषयोंके आपातरमणीय नरकराज्यसे निकलकर दिव्य प्रेमराज्यमें प्रवेश किये बिना आनन्दसिन्धु रसराज श्रीकृष्णकी इस लीलाका

रहस्य समझमें नहीं आ सकता। विषय-मोहसे आवृत लौकिक दृष्टिसे तो भगवान्‌की इस दिव्य लीलामें दोष ही दिखलायी देगा और ऐसे लोगोंके लिये इतना ही उत्तर पर्याप्त है कि श्रीकृष्ण उस समय छः वर्षके बहुत छोटे बालक थे। किसी बुरी नीयतसे गोपियोंके वस्त्रोंको चुराना उनके लिये बन ही नहीं सकता। अथवा श्रीकृष्णने नदीमें नंगी होकर नहानेकी कुप्रथाको दूर करनेके लिये ऐसा किया था और इसीलिये उनसे कहा भी कि वस्त्रहीन होकर नहानेमें देवताओंका अपमान होता है*, ऐसा नहीं करना चाहिये। परंतु प्रेममार्गके साधक भक्तोंके लिये यही बात नहीं है। उनके लिये तो भगवान् सर्वत्यागका—सारे आवरणोंको हटाकर अपने सामने आनेका पाठ सिखानेके लिये ही यह लीला करते हैं। भगवत्-तत्त्वके ज्ञानमें—मल और विक्षेपरूप दो बड़े प्रतिबन्धकोंके नाश होनेपर भी—जबतक आवरण रहता है, तबतक बहुत बड़ी बाधा वर्तमान रहती है। आवरणका नाश सहजमें नहीं होता। अज्ञान इस सुकौशलसे जीवकी बुद्धिको ढके रखता है कि वह किसी तरह भी भगवान्‌के सामने निरावरण—बेपर्द होकर जानेकी अनुमति नहीं देती। इस वस्त्र-हरणकी लीलामें भक्तके बाह्याभ्यन्तर सभी प्रकारके आवरण नष्ट हो जानेका तत्त्व निहित है। आनन्द-सौन्दर्य-सुधा-निधि रसराजका चिदानन्द-रसमय रूप ही ऐसा मधुर है कि उसके सामने आनेपर किसी प्रकारकी सुधि नहीं रहती। देह-गेह, लज्जा-संकोच, मान-अपमान, अपना-पराया, लोक-परलोक—सभी उस अनुपम रूपसरिताकी प्रखर धारामें बह जाते हैं। फिर बाह्य वस्त्रोंके आवरणकी तो बात ही क्या है? गोपियोंमें बाह्याभ्यन्तर भगवान्‌के साथ कोई आवरण था—यह बात नहीं है । जिन श्रीकृष्णका एक बार सच्चे हृदयसे स्मरणमात्र करनेसे मायाके समस्त बन्धन सदाके लिये टूट जाते हैं, अज्ञानका मोटा पर्दा हमेशाके लिये फट जाता है, उन भगवान्‌का साक्षात् सङ्ग प्राप्त करनेवाली—उनके तत्त्वका नित्य अनुभव करनेवाली—उनकी दिव्य प्रेमलीलाओंमें सहायता करनेके लिये ही, उन्हींकी इच्छासे

---

* यूयं विवस्त्रा यदपो धृतव्रता व्यगाहतैतत्तदु देवहेलनम्।
(श्रीमद्भा० १०। २२। १९)

प्रकट होनेवाली उन्हींकी अपनी स्वरूपभूता दिव्य शक्तिसे विभिन्न स्वरूपोंमें प्रकट हुई गोपिकाओंमें किसी आवरणकी कल्पना करना तो भगवदपराध ही है। गोपिकाओंकी और भगवान्‌की ये लीलाएँ तो प्रेममार्गीय भक्तोंके लिये आदर्श मार्गदर्शिकारूपमें हुई हैं। जिस प्रेमके प्राकट्यमें तन-मनकी कुछ भी सुधि नहीं रहनी चाहिये, जिस प्रेमके दिव्य देशमें प्रेमास्पदके सामने उसकी प्राप्तिमें व्यवधानरूप या प्रेममें कलङ्करूप कोई भी आवरण नहीं रहना चाहिये, उस प्रेममें गोपिकाओंको आवरणरहित बनानेकी चेष्टामें भगवान्‌का वस्त्र-हरण-लीला करना कैसे दूषित हो सकता है ? जब साधारण लौकिक प्रेममें भी प्रेमी और प्रेमास्पदमें किसी आवरणकी गुंजाइश नहीं, तब एक ही भगवान्‌के द्विविधरूप रसराज और महाभावके पूर्ण मिलनमें वस्त्रावरणकी बाधा कैसे रह सकती है ? प्रेमसाम्राज्यके सम्राट् प्रेमतत्त्वके मूलाधार, दिव्य प्रेमविग्रह और समस्त जीवोंके आत्मारूप श्रीकृष्णके सामने कौन पर्देमें रह सकता है? अणु-अणुमें व्यापक विभु परमात्मा श्रीकृष्णके सामने अपना कोई भी अङ्ग कैसे छिपाकर रखा जा सकता है? मोहग्रस्त जीव अज्ञानवश अन्तर्यामीको न पहचानकर ही उनसे छिपने-छिपानेकी व्यर्थ चेष्टा किया करता है। परंतु भक्त अपने-आपेको उन्हींकी चीज मानकर उनके सामने खोल देता है और जहाँ भक्त होकर भी कोई इस आपेको खोलनेमें उसे किसी कारणसे संकोच होता है, वहाँ भक्तवत्सल भगवान् स्वयं उसको निरावरण करके अपने और उसके बीचके व्यवधानको पूर्णतया दूर करके दृढ़ आलिङ्गनके साथ उसे अपने आनन्दमय रससिन्धुमें डुबाकर रसमय बनानेके उद्देश्यसे बलपूर्वक उसके आवरणको हर लेते हैं। यही वस्त्रहरणलीलाका स्थूल रहस्य है। क्या इस लीलामें किसी भी समझदार पुरुषको बुरी नीयतका संदेह हो सकता है? क्या इस आवरण-भङ्गलीलाको कोई विज्ञ पुरुष चोरी कह सकते हैं?

भगवान् तो इतना ही नहीं करते, वे सबसे पहले तो भक्तके मनको चुरा लेनेका प्रयत्न करते हैं और जो भक्त भगवान्‌को अपना मन देना चाहता है, अन्तमें उस मनको वे चुरा ही लेते हैं ! जिसका मन चोरा गया; वह फिर उस मन-चोरसे अलग कैसे हो सकता है? इसीलिये गोपियोंकी लीलामें गोपियोंका श्रीकृष्णमें निरन्तर निवास दिखलाया जाता है।

श्रीराधाकृष्णाभ्यां नमः

49

श्रीराधा-माधव-चिन्तन

ग्रन्थकार- हनुमानप्रसाद पोद्दार

श्यामसुन्दरके बालसौन्दर्यके जादूसे बचनेके लिये नन्दबाबाकी गलीमें जानेसे मना किया जाता है—

बटाऊ ! वा मग तैं मति जइयो।
गली भयावनि भारी जा मैं सबरो माल लुटइयो॥
ठाढ़ो तहाँ तमाल-नील एक छैल छबीलो छैयो।
नंगे बदन मदन-मद मारत मधुर-मधुर मुसकैयो॥
देखन कौं अति भोरो छोरो, जादूगर बहु सैयो।
हरत चित्तधन सरबस तुरतहि, नहिं कोउ ताहि रुकैयो॥

अबतक तो चोरीके महत्त्वपर विचार हुआ, अब जारके अर्थपर कुछ विचार करना है। यह बात तो पहले कही ही जा चुकी है कि सब जीवोंके आत्मा होनेके कारण भगवान्‌में कभी औपपत्यकी—जारपनेकी कल्पना ही नहीं हो सकती; परंतु यहाँ साकार दिव्य-मङ्गल-विग्रह भगवान्‌को जो 'जारशिखामणि' कहा गया—इसीपर विचार करना है। भगवत्-सम्बन्धी रसोंमें प्रधान रस पाँच हैं—(१) शान्त, (२) दास्य, (३) सख्य, (४) वात्सल्य और (५) माधुर्य। इन पाँच रसोंका प्रयोग लौकिक प्रेममें भी होता है, परंतु भगवान्‌के साथ सम्बन्ध होनेसे ये पाँचों रस भक्तिके या भगवत्-प्रेमके उत्तरोत्तर बढ़े हुए पाँच भाव बन जाते हैं। इन पाँचोंमें सबसे ऊँचा रस है—माधुर्य ! माधुर्यमें शान्त, दास्य, सख्य और वात्सल्य—चारों ही रहते हैं। यह रस प्रेमका सर्वोच्च विकसितरूप होनेसे अत्यन्त ही स्वादु है। इस रसके रसिक लोग भोग-मोक्ष सबको तृणवत् त्यागकर भगवत्प्रेममें मतवाले रहते हैं। इसीसे इसका नाम मधुर है। शान्तरसमें शुद्धान्तःकरणकी भगवदभिमुखी वृत्तिका विकासमात्र होता है। दास्यमें भगवत्सेवाका तो अधिकार है; परंतु भगवान् इसमें ऐश्वर्यशाली हैं, स्वामी हैं, सेव्य हैं और भक्त दीन है, दास है और सेवक है। इसमें कुछ अलगाव-सा है और संकोच-सा है, परंतु सख्य, वात्सल्य और माधुर्यमें क्रमशः भगवान् अधिकाधिक निकटतम निजजन होते चले जाते हैं। सख्यमें ऐश्वर्य अप्रकट-सा और प्रेम प्रकट-सा रहता है। वात्सल्यमें ऐश्वर्यकी कभी-कभी छाया-सी आती है, भक्तमें स्नेहका विकास रहता है और माधुर्यमें तो भगवान् अपने सारे

ऐश्वर्यको भुलाकर—अपनी विभूतिको मिटाकर प्रियतम कान्तरूपमें भक्तके सामने प्रकट रहते हैं। इस रसमें न प्रार्थना है, न कामना है, न भय है और न संकोच है। समयविशेषपर प्रसङ्गानुकूल व्यवहारमें पूर्वोक्त चारों रसोंके दर्शन होनेपर भी प्रधान रस मधुर ही रहता है। प्रियतम मेरा है और मैं प्रियतमका हूँ; उसका सब कुछ मेरा है और मेरा तो एकमात्र प्रियतमको छोड़कर और कुछ है ही नहीं। इस रसमें भगवान्‌की जो सेवा होती है, वह मालिककी नहीं, प्रियतमकी होती है। प्रियतमके सुखी होनेमें ही प्रेमीको अपार सुख है, इसलिये सेवा भी अपार ही होती है । इस माधुर्यभावके दो प्रकार हैं—स्वकीयाभाव और परकीयाभाव। अपनी स्त्रीके साथ विवाहित पतिका जो प्रेम होता है, उसे स्वकीयाभाव कहते हैं और अन्य स्त्रीके साथ जो परपुरुषका प्रेमसम्बन्ध होता है, उसे परकीयाभाव कहते हैं। लौकिक प्रेममें इन्द्रियसुखकी प्रधानता होनेके कारण परकीयाभाव पाप है, घृणित है और नरकका कारण है, अतएव सर्वथा त्याज्य है; क्योंकि लौकिक परकीयाभावमें अङ्ग-सङ्गकी घृणित कामना है और प्रेमास्पद 'जार' पुरुष है। परंतु भगवत्प्रेमके दिव्य कान्ताभावमें परकीयाभाव स्वकीयाभावसे कहीं श्रेष्ठ है; क्योंकि इसमें अङ्ग-सङ्गकी या इन्द्रियसुखकी कोई आकाङ्क्षा नहीं है और प्रेमास्पद 'जार' नहीं, परंतु पति-पुत्रोंके अपने और समस्त विश्वके आत्मा स्वयं भगवान् हैं। स्वकीयाभावमें भी पतिव्रता पत्नी अपना नाम-गोत्र, मन-प्राण, धन-धर्म, लोक-परलोक—सभी कुछ पतिके अर्पण करके जीवनका प्रत्येक क्षण पतिकी सेवामें ही बिताती है; परंतु उसमें चार बातोंकी परकीयाकी अपेक्षा कमी होती है। प्रियतमका निरन्तर चिन्तन, मिलनकी अत्यन्त उत्कट अतृप्त उत्कण्ठा, प्रियतममें किसी भी दोषका न दीखना और कुछ भी न चाहना—ये चार बातें निरन्तर एक साथ निवास होनेके कारण स्वकीयामें नहीं होतीं; इसीलिये परकीयाभाव श्रेष्ठ है। भगवान्‌से नित्यमिलनका अभाव न होनेपर भी परकीयाभावकी प्रधानताके कारण गोपियोंको भगवान्‌का क्षणभरका अदर्शन भी असह्य होता था।* वे प्रत्येक काम करते समय निरन्तर श्रीकृष्णका चिन्तन करती

---

* अटति यद्भवानह्नि काननं त्रुटिर्युगायते त्वामपश्यताम्।
कुटिलकुन्तलं श्रीमुखं च ते जड उदीक्षतां पक्ष्मकृद् दृशाम्॥
(श्रीमद्भा० १० । ३१ । १५)

थीं* और श्रीकृष्णकी प्रत्येक क्रिया उन्हें ऐसी दिव्य गुणमयी दीखती थी कि एक क्षणभरके लिये भी उनसे उनका चित्त हटाये नहीं हटता था। अवश्य ही यह सदा स्मरण रखना चाहिये कि यह परकीयाभाव केवल व्रजमें अर्थात् लौकिक विषयवासनासे सर्वथा विमुक्त दिव्य प्रेमराज्यमें ही सम्भव है! इसीलिये श्रीचैतन्यचरितामृतमें कहा गया है—

परकीयाभावे अति रसेर उल्लास।
व्रज बिना इहार अन्यत्र नाहिं वास॥

'सर्वोच्च मधुर रसके उच्चतम परकीयाभावका उल्लास व्रजको अर्थात् दिव्य प्रेमराज्यको छोड़कर अन्यत्र कहीं नहीं होता। इसीलिये इस प्रेमराज्यके सम्राट् भगवान् श्रीकृष्ण व्रजको छोड़कर इस रूपमें अन्यत्र कहीं नहीं मिलते—

वृन्दावनं परित्यज्य पादमेकं न गच्छति।

गोपियोंका श्रीकृष्णप्रेम परकीयाबुद्धिसे था। इसीसे उनके लिये 'जारबुद्ध्यापि

---

* गोपियाँ कहती हैं—श्यामसुन्दर! जब आप दिनके समय वनमें विचरते हैं, तब आपको न देख सकनेके कारण हमारे लिये एक-एक पल युगके समान बीतता है। फिर शामको जब हम वनसे लौटते समय घुँघराली अलकावलियोंसे सुशोभित आपके श्रीमुखको देखती हैं, तब हमें आँखोंकी पलक बनानेवाले ब्रह्मा मूर्ख प्रतीत होते हैं (क्योंकि पलकोंका पड़ना हमें सहन नहीं होता)।'

* या दोहनेऽवहनने मथनोपलेप-
प्रेङ्खेङ्खनार्भरुदितोक्षणमार्जनादौ ।
गायन्ति चैनमनुरक्तधियोऽश्रुकण्ठ्यो
धन्या व्रजस्त्रिय उरुक्रमचित्तयानाः॥

(श्रीमद्भा० १०।४४।१५)

'जो गोपियाँ गायोंका दूध दुहते समय, धान आदि कूटते समय, दही बिलोते समय, आँगन लीपते समय, बालकोंको पालना झुलाते समय, रोते हुए शिशुओंको लोरी देते समय, घरोंमें छिड़काव करते तथा झाड़ू लगाते समय, प्रेमभरे हृदयसे आँखोंमें आँसू भरकर गद्गद वाणीसे श्रीकृष्णका नाम-गुण-गान किया करती हैं, उन श्रीकृष्णमें चित्त निवेशित करनेवाली गोपरमणियोंको धन्य है।'

संगताः' कहा गया है। जारबुद्धि अर्थात् जारभाव था, न कि विषय-वासनायुक्त कामप्रेरित घृणित मनोविकार !

भगवान्‌की अन्तरङ्गा शक्तियोंमें 'ह्लादिनी शक्ति' सर्वप्रधान है। यही भगवान्‌की 'प्रकृति', 'आत्ममाया' या योगमाया है। भगवान्‌का रसराजरूपमें प्राकट्य इसी ह्लादिनी शक्तिके निमित्तसे हुआ है। वास्तवमें शक्ति और शक्तिमान्‌के स्वरूपमें कोई भेद नहीं है, दिव्य लीलामें स्वयं भगवान् ही अपने सौन्दर्य और माधुर्यका दिव्य रसास्वादन करनेके लिये ह्लादिनी शक्तिसे महाभावरूपिणी श्रीराधाके रूपमें प्रकट होते हैं और उसीसे विभिन्न लीलाओंके लिये असंख्य शक्तियाँ भी प्रकट होती हैं, जो रसराज श्रीकृष्ण और महाभावरूपा श्रीराधाकी प्रेम-लीलामें श्रीराधाकी सहचरी होकर रहती हैं। श्रीराधाकृष्णके प्रेममिलनमें इन सबका संयोग रहता है और ये ही श्रीगोपियाँ हैं। इन गोपियोंका दिव्य वंशीध्वनिसे शारदीया पूर्णिमाकी रात्रिको भगवान् आवाहन करते हैं। भगवान्‌के आवाहनको सुनकर भला, किससे रहा जा सकता है? जिन गोपियोंका चित्त श्रीकृष्णने चुरा लिया था, वे '**कृष्णगृहीतमानसाः**' गोपियाँ उस दिव्य अनङ्गवर्धन वंशीसंगीतको सुनकर—जो जिस अवस्थामें थीं, उसी अवस्थामें—प्रियतमसे मिलनेके लिये भाग निकलती हैं; परंतु स्थूल देहसे नहीं। उनका वह देह तो वहीं रह जाता है, जिसको प्रत्येक गोप अपने पास सोया हुआ देखता है—

मन्यमानाः स्वपार्श्वस्थान्
स्वान् स्वान् दारान् व्रजौकसः ॥

(श्रीमद्भा० १० । ३३ । ३८)

अर्थात् व्रजवासियोंने रासमें गयी हुई अपनी पत्नियोंको अपने पासमें ही सोये हुए देखा।

ये सब जाती हैं दिव्य भावदेहसे—जो स्थूल, सूक्ष्म और कारणसे परे केवल व्रजप्रेमलीलाके सम्पादनार्थ ही प्रकट हुआ था और उन्हीं दिव्य भावदेहोंमें सच्चिदानन्दघन, योगेश्वरेश्वर, साक्षात् मन्मथ-मन्मथ, आप्तकाम, सत्यकाम, पूर्णकाम, दिव्य, चिदानन्दमय मङ्गलविग्रह भगवान् योगमायाको आश्रित करके रमणकी इच्छा

करते हैं और प्रत्येक भावदेहरूपा चिदानन्दमयी गोपीके साथ एक ही साथ अनेक रूपोंमें प्रकट होकर रासक्रीडा करते और आत्मारामरूपसे रमण करते हैं। वह रमण किस प्रकारका होता है, इसपर मुनिवर श्रीशुकदेवजी कहते हैं—

रेमे रमेशो व्रजसुन्दरीभि-
र्यथार्भकः स्वप्रतिबिम्बविभ्रमः ॥

(श्रीमद्भा० १० । ३३ । १७)

'जैसे बालक दर्पणमें अपने रूपको देखकर उसके साथ स्वच्छन्द खेलता है, उसी प्रकारसे लक्ष्मीपति भगवान् श्रीकृष्णने व्रजसुन्दरियोंके साथ रमण किया।' यह है संक्षेपमें भगवान्के जाररूपकी स्थूल व्याख्या! भला, इस दिव्य प्रेमलीलाको—परमात्माकी और जीवात्माकी या भगवान् और भक्तकी इस आदरणीय मिलनलीलाको कोई व्यभिचार कह सकता है?

केवल दही, माखन और वस्त्र ही नहीं, समस्त गोपियोंके सम्पूर्ण मन-प्राणको चुरा लेनेके कारण और एक-दोके साथ नहीं किंतु असंख्य देहोंमें असंख्य आत्मारूपसे निवास करनेवाले परमात्माके खेलकी भाँति, अगणित चिदानन्दमयी गोपियोंके साथ आत्मरमण करनेके कारण रसानुभूतिको प्राप्त भाग्यवती गोपियोंने डंकेकी चोट भगवान् श्रीकृष्णको 'चोर-जार-शिखामणि' कहा और ठीक ही कहा!!

अवश्य ही कुछ विषयकामी पुरुषोंने भगवान्की इन दिव्य लीलाको लौकिक चोरी-जारी मानकर इसका दुरुपयोग किया और अब भी कर रहे हैं; परंतु उनके ऐसा करनेसे न तो भगवान्के दिव्य भावमें कोई अन्तर पड़ सकता है और न गोपियोंका ही कुछ बिगड़ सकता है! हाँ, बुरी नीयतसे कवितामें, भावोंमें, आचरणमें, उपदेशमें और समझनेमें इसका दुरुपयोग करनेवाले नर-नारी अवश्य ही पापके भागी और नरकगामी होते हैं!

——::×::——

श्रीकृष्णचरित्रकी उज्ज्वलता

×××आपके पत्रमें ऐसे प्रश्न थे, जिनका उत्तर श्रीकृष्णचरित्रके स्मृतियोगमें स्थित चित्तकी सुस्थिर अवस्थामें ही किसी अंशमें लिखा जा सकता है। यह भी देर होनेका एक कारण है। आशा है, आप मुझे क्षमा करेंगे।

आपने अपने प्रश्नोंमें भगवान् श्रीकृष्णके व्रजचरित्रपर जो आक्षेप किये हैं और व्यङ्ग्यात्मक वाक्य लिखे हैं, वे तो ठीक नहीं हैं। यह ठीक है कि आप श्रीकृष्णको 'बहुत ही उज्ज्वल' रूपमें देखना चाहते हैं और यह भी सत्य है कि आपको श्रीकृष्ण-चरित्रका जो 'अपवित्र' (?) वर्णन मिलता है, उसे पढ़-सुनकर दुःख होता है। आपकी नीयत ठीक है, परंतु श्रीकृष्ण-चरित्रका मर्म समझे बिना ही उसपर दोषारोपण करना और उसे अपवित्र बतला देना उचित नहीं। आज आपके-ऐसे और भी बहुत-से लोग हैं, जो सच्चे हृदयसे श्रीकृष्णके चरित्रको अपनी कल्पनाके अनुसार उज्ज्वलताके साँचेमें ढला हुआ देखना चाहते हैं। परंतु वह उनकी कल्पना है। भगवान्‌को अपनी मर्यादाके अंदर बाँध रखनेकी उनकी यह कल्पना सचमुच हास्यास्पद ही है। भगवान् भगवान् ही हैं—उनकी लीलाओंकी परीक्षा हमारी मायाच्छन्न बुद्धि नहीं कर सकती।

आप श्रीकृष्णका भजन-चिन्तन कीजिये। भजनके प्रतापसे उनकी कृपाके द्वारा शुद्ध मतिके प्राप्त होनेपर आप श्रीकृष्णके व्रजचरित्रका महत्त्व कुछ समझ सकेंगे। उनका उज्ज्वल चरित्र देखना हो तो उनकी श्रीमद्भगवद्गीताको देखिये, जिसमें कहीं भी किंतु-परंतुके लिये गुंजाइश नहीं है। इसका यह अर्थ नहीं है कि उनका व्रजचरित्र उज्ज्वल नहीं है। वह तो परमोज्ज्वल है और परम पवित्र है, परंतु पहले उज्ज्वलकी उपलब्धि होनेपर ही परमोज्ज्वलकी ओर अग्रसर हुआ जा सकता है। गीताके चरम उपदेश भगवत्-शरणागतिको प्राप्त होनेपर ही आगे चलना सम्भव है। जो उनके गीतोक्त उज्ज्वल चरित्रको समझे बिना ही उनके परम उज्ज्वल व्रजचरित्रकी आलोचना करनेका दुस्साहस करते हैं, उनकी विवेककी आँखें चौंधिया जाती हैं और

वे अपनेको एक विलक्षण अँधेरेमें पाते हैं, जो उनकी आँखोंके न सहनेयोग्य आत्यन्तिक प्रकाशके कारण उत्पन्न होता है। इसीसे वे वास्तविक रहस्यको न समझकर नाना प्रकारके कुतर्क करके श्रीभगवान्पर दोषारोपण करते हैं या उनके उक्त चरित्रको मिथ्या कहकर बड़े भयानक पाप-पङ्कमें अपनेको फँसा लेते हैं। इसका यह अर्थ नहीं है कि मैं व्रजचरित्रके रहस्यको पूर्णतया जानता हूँ। मैं तो उनके उज्ज्वल गीता-रहस्यको भी नहीं जानता। आपने प्रश्नोंके उत्तरमें मेरी अपनी 'सम्मति' पूछी है, इसीसे कुछ लिख रहा हूँ। यही ठीक रहस्य है, यह मेरा दावा नहीं है। आपके लम्बे प्रश्नोंका अलग-अलग उत्तर न लिखकर संक्षेपमें एक ही साथ लिखता हूँ। कोई बात छूट जाय तो क्षमा कीजियेगा।

मैं श्रीगोपीजनोंके साथ की हुई भगवान् श्रीकृष्णकी लीलाओंको सर्वथा सत्य और परम पवित्र मानता हूँ। मेरी समझसे उनमें व्यभिचारका जरा भी दोष नहीं है। वह तो साधनके ऊँचे-से-ऊँचे स्तरकी परम पवित्र दिव्य अनुभूति है, जो परम दुर्लभ अत्यन्त कठिन गोपीरतिकी साधनामें सिद्ध परम विरक्त, एकान्त भगवद्-रसिक महापुरुषोंको ही उपलब्ध होती है।

श्रीराधारानीका नाम अवश्य ही श्रीमद्भागवतमें नहीं है। इससे यह कहनेका साहस नहीं करना चाहिये कि श्रीराधारानीकी 'कहानी' कल्पित है। वह 'कहानी' नहीं, सत्य सत्य है। श्रीमद्भागवतमें नाम नहीं है तो कहीं विरोध भी नहीं है। उसमें तो किसी भी गोपीका नाम नहीं है। अत्यन्त प्राचीन पद्मपुराणमें, ब्रह्मवैवर्तमें तथा गर्गसंहितादि सम्मान्य ग्रन्थोंमें उनकी लीला लिखी है और इससे भी बढ़कर उन महात्मा पुरुषोंकी अनुभूति प्रमाण है, जिन्होंने श्रीराधारानीका और उनकी कृपाका प्रत्यक्ष किया है। कोई न माने तो उसपर न तो कोई जोर है न आग्रह है। परंतु किसीके मानने-न-माननेसे सत्यका विनाश नहीं हो सकता। श्रीराधारानीका श्रीकृष्णके साथ विवाह हुआ था या नहीं—इस खोजकी आवश्यकता नहीं है, यद्यपि इसका भी वर्णन मिलता है। मेरा तो कहना यह है कि यदि केवल स्थूल दृष्टिसे श्रीकृष्णको साधारण मानव मानकर विचार करते हैं, तब तो श्रीकृष्ण जिस समय वृन्दावन छोड़कर मथुरा चले गये थे, उस समय उनकी उम्र ११ वर्षकी थी। रासलीलादि तो इससे भी बहुत पहलेकी घटनाएँ हैं। इतनी छोटी अवस्थामें कामक्रीडा हो नहीं

सकती। और यदि उन्हें सर्वशक्तिमान्, सर्वान्तर्यामी, सबके एकमात्र आत्मा, सर्वलोकमहेश्वर, सच्चिदानन्दघन स्वयं भगवान् मानते हैं, तब श्रीराधारानी बाहरसे कोई भी क्यों न हों, वे साक्षात् भगवती हैं, भगवान् श्रीकृष्णकी ह्लादिनी शक्ति हैं, उनके आनन्दस्वरूपका मूर्तरूप हैं, उनकी स्वरूपा शक्ति हैं। वे उनसे कदापि अलग नहीं हैं। आनन्द और प्रेमकी अति दिव्य लीलामें उनका—एक ही रूपका दो भावोंमें दिव्य नित्य प्रकाश है। श्रीराधारानी महाभावरूपा हैं और भगवान् श्रीकृष्ण परम प्रेमस्वरूप हैं। प्रेमका स्वरूप है प्रेमास्पदके सुखसे सुखी होना। जहाँ निजेन्द्रियतृप्तिकी वासना है, वहाँ तो प्रेम है ही नहीं; वहाँ तो कलुषित काम है। भगवान् श्रीकृष्ण श्रीमती राधारानीके प्रेमास्पद हैं और श्रीराधारानी श्रीकृष्णकी प्रेमास्पदा हैं। श्रीराधारानी जो कुछ करती हैं, श्रीकृष्णके सुखके लिये करती हैं और श्रीकृष्णको सुखी देखती हैं तो उनके सुखसे सुखी होनेका स्वभाव होनेके कारण श्रीराधारानीको अपार सुख होता है। इधर श्रीराधारानीको सुखी देखकर श्रीकृष्णका सुख बढ़ता है; क्योंकि श्रीराधारानी उनकी प्रेमास्पदा हैं और उनको सुखी करनेके लिये ही श्रीकृष्णकी प्रेमलीला होती है। इस प्रकार दोनों परस्पर एक-दूसरेको सुखी करते हुए और एक-दूसरेके सुखसे अपने सुखकी वृद्धि करते हुए लीलामें संलग्न रहते हैं। श्रीगोपीजन इन्हीं श्रीकृष्णकी स्वरूपाशक्ति ह्लादिनीकी घनीभूत मूर्तियाँ हैं, जो दिन-रात श्रीराधा-कृष्णके मिलन-सुखमें सुखका अनुभव करती हुई उनकी लीलामें संयुक्त रहती हैं। यह लीला अत्यन्त दिव्य है। श्रीराधा और श्रीकृष्ण दोनों ही प्रेमी हैं—दोनों ही प्रेमास्पद हैं; इसीसे भक्त कवि श्रीभगवतरसिकजीने एक पदमें कहा है—

परस्पर दोउ चकोर, दोउ चंदा।
दोउ चातक, दोउ स्वाती, दोउ घन, दोउ दामिनी अमंदा॥
दोउ अरबिंद, दोऊ अलि लंपट, दोउ लोहा, दोउ चुंबक।
दोउ आशिक, महबूब दोउ मिलि, जुरे जुराफा अंबक॥
दोउ मेघ, दोउ मोर, दोउ मृग, दोउ राग रस-भीने।
दोउ मनि बिसद, दोउ बर पंनग, दोउ बारि, दोउ मीने॥
भगवतरसिक बिहारिनि प्यारी, रसिक बिहारी प्यारे।

दोउ मुख देखि जिअत, अधरामृत पियत, होत नहिं न्यारे ॥

परंतु इन्हीं भगवतरसिकजीने ठीक ही कहा है—

भगवतरसिक रसिक की बातें रसिक बिना कोउ समुझि सकै ना ॥

यह सत्य है कि रासलीला आदिमें शृङ्गारका खुला वर्णन है और नायक-नायिकाओंकी भाँति चरित्रचित्रण है; परंतु उसके पढ़नेसे काम-वासना जाग्रत् होती है, यह बात ठीक नहीं। रासपञ्चाध्यायीका पाठ तो हृद्रोग—कामका नाश करनेवाला माना गया है और है भी यही बात । हाँ, उनकी बात दूसरी है जो भगवद्भावहीन हैं और उनके लिये रासलीलाका पढ़ना उचित भी नहीं है। यही तो अधिकारिभेदका रहस्य है। मेरी समझसे इस शृङ्गार और नायक-नायिकाकी लीलामें कुछ भी दोष नहीं है।

स्वयं समग्र ब्रह्म, पुरुषोत्तम, सर्वान्तर्यामी, सर्वलोकमहेश्वर, सर्वात्मा, सर्वाधिपति, अखिल विश्वब्रह्माण्डके एकमात्र आधार, सम्पूर्ण विश्वसमष्टिको अपने एक अंशमात्रसे धारण करनेवाले, सच्चिदानन्दविग्रह श्रीभगवान् तो गोपीनाथस्वरूपसे इस रसके नायक हैं; और उपर्युक्त ह्लादिनी शक्तिकी घनीभूत मूर्तियाँ—तत्त्वतः अभिन्नरूपा श्रीगोपीजन नायिका हैं। इनकी वह लीला भी सच्चिदानन्दमयी , अत्यन्त विलक्षण और हमलोगोंके प्राकृत मन-बुद्धिके सर्वथा अगोचर, दिव्य और अप्राकृत है। परंतु यदि थोड़ी देरके लिये यह भी मान लें कि इस लीलामें मिलन-विलासादिरूप शृङ्गारका ही रसास्वादन हुआ था, तो भी इसमें तत्त्वतः कोई दोष नहीं आता। अत्यन्त मधुर मिश्रीकी कड़वी तूँबीके शकलकी कोई आकृति गढ़ी जाय, जो देखनेमें ठीक तूँबी-सी मालूम होती हो, तो इससे वह तूँबी क्या कड़वी होती है ? अथवा क्या उसमें मिश्रीके स्वभाव-गुणका अभाव हो जाता है? बल्कि वह और भी लीलाचमत्कारकी बात होती है। लोग उसे खारी तूँबी समझते हैं, होती है वह मीठी मिश्री । इसी प्रकार सच्चिदानन्दघनमूर्ति भगवान् श्रीकृष्ण और उनकी अभिन्नस्वरूपा ह्लादिनीशक्तिकी घनीभूत मूर्ति श्रीगोपीजनोंकी कोई भी लीला कैसी भी क्यों न हो, उसमें लौकिक कामका कड़ुवा आस्वादन है ही नहीं, वहाँ तो नित्य दिव्य सच्चिदानन्दरस है। जहाँ मलिना माया ही नहीं है, वहाँ मायासे उत्पन्न कामकी कल्पना

कैसे की जा सकती है? कामका नाश तो इससे बहुत नीचे स्तरमें ही हो जाता है। हाँ, इसकी कोई नकल करने जाता है तो वह अवश्य पाप करता है। श्रीभगवान्‌की नकल कोई नहीं कर सकता। मायिक पदार्थोंके द्वारा अमायिकका अनुकरण या अभिनय नहीं हो सकता। कड़वी तूँबीके फलसे चाहे जैसी मिठाई बनायी जाय और देखनेमें वह चाहे जितनी भी सुन्दर हो, उसका कड़वापन नहीं जा सकता। इसीलिये जिन्होंने श्रीकृष्णकी रासलीलाकी नकल करके नायक-नायिकाका रसास्वादन करना चाहा है या जो चाहते हैं, वे तो डूबे हैं और डूबेंगे ही। श्रीकृष्णका अनुकरण तो सब बातोंमें केवल श्रीकृष्ण ही कर सकते हैं।

हाँ, आपका यह प्रश्न विचारणीय अवश्य है कि 'फिर भगवान् लोकसंग्रहके आदर्श कैसे माने जा सकते हैं?' इसका उत्तर यह है कि प्रथम तो किसीके बचपनके कार्य लोकसंग्रहके आदर्श हुआ नहीं करते। संसारके बहुत बड़े-बड़े आदर्श महात्माओंके बचपनके कार्य भी महात्माओंके योग्य ही हुए हैं, ऐसी बात नहीं है। व्रजलीला ११ वर्षकी उम्रके पहले ही समाप्त हो जाती है। दूसरे, यह रहस्य है कि व्रजलीलामें यह गोपीलीला अत्यन्त गोपनीय वस्तु है। इसका साक्षात्कार तो श्रीभगवान् और उनकी अन्तरङ्ग शक्तियोंको ही होता है। अन्य किसीका इसमें प्रवेश ही नहीं है। यह लीला न तो लोकालयमें होती है और न लोकसंग्रह इसका उद्देश्य ही है। यह तो बहुत ऊपर उठे हुए महात्माओंके अनुभव-राज्यमें होनेवाली अप्राकृत लीला है। इसका बाह्य लोकसंग्रहसे कोई सम्बन्ध नहीं। व्रजमें भी इस लीलाको प्रायः कोई नहीं जानते थे। बाहरवालोंकी तो बात ही क्या है, गोपोंने तो अपनी-अपनी पत्नियोंको अपने पास सोये हुए देखा था—

मन्यमानाः स्वपार्श्वस्थान् स्वान् स्वान् दारान् व्रजौकसः ॥

(श्रीमद्भा० १० । ३३ । ३८)

ब्रह्मादि देवता—मण्डपके अंदर होनेवाले कार्यको न देख पाकर, बाहरसे मण्डपकी शोभा देखकर ही मुग्ध और चकित होनेवाले लोगोंकी भाँति—केवल बाह्यभावको देख-देखकर चकित हो रहे थे। भगवान् शंकर और नारदको तथा किसी कालमें अर्जुनको गोपीभावकी प्राप्ति होनेपर ही इस लीलाके दर्शन हुए थे। इसीलिये

शिशुपालने भगवान्पर गालियोंकी बौछार करते समय कहीं गोपीलीलाका संकेत भी नहीं किया। अगर उसे पता होता तो वह इस विषयमें चुप न रहता। इसका यह तात्पर्य नहीं समझना चाहिये कि यह लीला हुई ही नहीं थी। महाभारतमें ही द्रौपदीने अपनी आर्तपुकारमें श्रीभगवान्को 'गोपीजनप्रिय' कहकर पुकारा है। द्रौपदी अन्तरङ्ग भक्ता थीं; इससे उनको इस रहस्यका कुछ पता था। अतएव लोकसंग्रहसे इसका कोई सम्बन्ध नहीं है। तब लोकसंग्रहके आदर्शमें कोई बाधा कैसे आ सकती है? यह तो साधारण लोककी बात है; जो अन्तरङ्ग साधक हैं, उनके लोकके लिये तो यही लोकसंग्रहका आदर्श है।

गोपियोंके चित्तमें वंशीध्वनि सुनकर काम (अनङ्ग) की वृद्धि हुई थी, यह बात सचमुच भागवतमें ही है और यह सत्य है; परंतु ऊपर कहा ही जा चुका है कि वह काम हमलोगोंका दूषित काम नहीं था। प्रेम भी अङ्गरहित ही होता है। गोपियोंका यह 'काम'— श्रीकृष्णविषयक प्रेम था—नित्यसिद्ध प्रेम था, जो वंशीकी ध्वनि सुनते ही प्रबल हो उठा और जिसने गोपीजनोंको प्रेममें बावली बनाकर श्रीभगवान्की ओर तत्क्षण ही प्रेरित कर दिया। भगवान् उनकी प्रेमसेवा स्वीकार करनेके लिये ही यमुनापुलिनपर उपस्थित थे। उन्होंने वंशीकी मोहिनी ध्वनिसे आवाहन करके गोपीजनोंको अपने निकट बुला लिया। यही प्रेमी भक्त और भगवान्की प्रेमलीला है! इसमें कामकी कहीं गन्ध भी नहीं है।

रही कवियोंकी बात, सो मेरी समझसे कवि तीन श्रेणियोंमें बाँटे जा सकते हैं—(१) वे भक्त कवि, जिन्होंने लीलाका प्रत्यक्ष अनुभव किया; (२) वे कवि, जिन्होंने लीलापर विश्वास करके श्रद्धा, भक्ति और पवित्रभावसे व्रजलीलाकी रचना की और (३) वे शृङ्गारी कवि, जो पवित्र या अपवित्र भावसे भी शृङ्गारका वर्णन करनेके लिये श्रीकृष्ण और श्रीराधारानी या गोपीजनोंको नायक-नायिकाके स्थानमें बैठाकर काव्यरचना करते हैं। नाम बतलानेकी और कौन किस श्रेणीमें है, यह निर्णय करनेकी मुझमें सामर्थ्य नहीं। किसके मनमें क्या था, कौन जान सकता है? हाँ, श्रीसूरदासजी, तुलसीदासजी, नन्ददासजी आदि भक्त कवियोंके प्रति मेरी श्रद्धा है और उन्होंने जो कुछ कहा है, अत्यन्त पवित्रभावसे कहा है—यह मेरा विश्वास है।

तुलसीदासजी यद्यपि श्रीरामभक्त थे, इसलिये यह आवश्यक नहीं कि वे श्रीकृष्णचरित्रका वर्णन करते ही, तथापि उन्होंने श्रीकृष्ण-गीतावलीमें श्रीकृष्णकी बाल-लीलाओंका संक्षेपमें बड़ा ही मधुर वर्णन किया है।

——::×::——

व्रजसुन्दरियोंके भगवान्

श्रीश्रीव्रजसुन्दरियोंको निबिड़ अरण्यमें छोड़कर आनन्दकन्द व्रजेन्द्रनन्दन श्रीकृष्णचन्द्र अन्तर्धान हो गये। वे सब विरहके आवेशमें अपने प्राण-प्रियतमको खोजने लगीं। खोजते-खोजते श्रीकृष्णमय बन गयीं। तदनन्तर श्रीकृष्णदर्शन-लालसासे कातर होकर प्रलाप करने और फूट-फूटकर रोने लगीं। ठीक इसी समय श्यामसुन्दर उनके बीचमें मधुर-मधुर मुसकराते हुए प्रकट हो गये। उनका मुख-कमल मन्द-मन्द मुसकानसे खिला हुआ था। पीताम्बर धारण किये हुए थे। गलेमें दिव्य वनमाला थी। उनका सौन्दर्य समस्त विश्व-प्राणियोंके मनको मथनेवाले, कामदेवके मनको भी मथनेवाला था। वे 'साक्षात्' मन्मथ-मन्मथ' थे। करोड़ों कामदेवोंसे भी सुन्दर मधुर मनोहर श्यामसुन्दरको अपने बीचमें पाकर व्रजसुन्दरियोंके प्राणहीन शरीरोंमें मानो दिव्य प्राण लौट आये। उनके नेत्र आनन्द और प्रेमसे खिल उठे। हठात् प्रियतमके प्राकट्यसे उनके हृदयमें नवीन स्फूर्ति आ गयी। उनके एक-एक अङ्गमें नवीन चेतना जाग उठी। उन्होंने अपने-अपने मनके अनुसार प्रियतमकी आव-भगत की—किसीने उनके कोमल कर-कमलोंको अपने हाथोंसे पकड़ लिया, किसीने चरणारविन्दका आलिङ्गन किया, किसीने चरण पकड़कर अपने हृदयपर रख लिया, किसीने उनका चबाया हुआ पान ग्रहण किया, किसीने प्रणय-कोपसे विह्वल होकर त्यौरी चढ़ाकर दूरसे ही भृकुटिपूर्ण कटाक्षपात किया और कोई-कोई निर्निमेष नेत्रोंके द्वारा उनके मनोहर मुखकमलका मधुर मकरन्द पान करने लगीं। उनका रोम-रोम खिल उठा । इस प्रकार विरहताप प्रशमित होनेपर वे अपने प्राणधन श्यामसुन्दरको घेरकर बैठ गयीं। अब फिर हास्य-कौतुक आरम्भ हुआ।

आनन्दकन्द श्रीकृष्णचन्द्र बड़े निष्ठुर हैं—बड़े छलिया हैं, यह बात उन्हींके मुखसे कहलानेके लिये व्रजसुन्दरियोंने मानो एक पहेली-सी रखकर उनसे पूछा—

भजतोऽनुभजन्त्येक एक एतद्विपर्ययम्।
नोभयांश्च भजन्त्येक एतन्नो ब्रूहि साधु भोः॥

(श्रीमद्भा० १०।३२।१६)

'श्यामसुन्दर! कुछ लोग तो ऐसे होते हैं, जो भजनेवालोंको ही भजते हैं—प्रेम करनेवालोंसे ही प्रेम करते हैं; कुछ लोग न भजनेवालोंको भजते हैं—प्रेम न करनेवालोंसे भी प्रेम करते हैं। तीसरे प्रकारके कुछ लोग ऐसे भी होते हैं, जो भजनेवालोंको भी नहीं भजते—प्रेम करनेवालोंसे भी प्रेम नहीं करते; फिर न करनेवालोंसे न करें, इसमें तो बात ही कौन-सी है। प्रियतम! बताओ, इन तीनोंमें तुम्हें कौन-सा अच्छा लगता है?' व्रजसुन्दरियोंके कहनेका तात्पर्य यह था कि इन तीनोंमें तुम किस श्रेणीके हो—यह स्पष्ट कहो।

इसके उत्तरमें आनन्दकन्द नन्दनन्दन श्यामसुन्दरने कहा—

मिथो भजन्ति ये सख्यः स्वार्थैकान्तोद्यमा हि ते।
न तत्र सौहृदं धर्मः स्वार्थार्थं तद्धि नान्यथा॥
भजन्त्यभजतो ये वै करुणाः पितरो यथा।
धर्मो निरपवादोऽत्र सौहृदं च सुमध्यमाः॥
भजतोऽपि न वै केचिद् भजन्त्यभजतः कुतः।
आत्मारामा ह्याप्तकामा अकृतज्ञा गुरुद्रुहः॥
नाहं तु सख्यो भजतोऽपि जन्तून्
भजाम्यमीषामनुवृत्तिवृत्तये।
यथाधनो लब्धधने विनष्टे
तच्चिन्तयान्यन्निभृतो न वेद॥
एवं मदर्थोज्झितलोकवेद-
स्वानां हि वो मय्यनुवृत्तयेऽबलाः।
मया परोक्षं भजता तिरोहितं

मासूयितुं मार्हथ तत् प्रियं प्रियाः ॥
न पारयेऽहं निरवद्यसंयुजां
स्वसाधुकृत्यं विबुधायुषापि वः ।
या माभजन् दुर्जरगेहशृङ्खलाः
संवृश्च्य तद् वः प्रतियातु साधुना ॥
(श्रीमद्भा० १० । ३२ । १७—२२)

भगवान्‌ने कहा, 'मेरी प्रिय सखियो ! जो भजनेपर ही भजते हैं—प्रेम करनेपर ही प्रेम करते हैं, उनका तो सारा उद्यम ही सर्वथा स्वार्थपूर्ण है; उनके न सौहार्द है और न तो धर्म ही। निरा बनियापन है—लेन-देन है; स्वार्थके अतिरिक्त उनका और कोई भी प्रयोजन नहीं है। जो लोग भजन न करनेपर, प्रेम न करनेपर भी प्रेम करते हैं, जैसे स्वभावसे ही करुणामय सज्जन और माता-पिता, उनका हृदय सौहार्दसे भरा होता है। उनका प्रेम सचमुच निर्मल है और वहाँ धर्म भी है। जो लोग भजन करनेपर भी नहीं भजते, प्रेम करनेपर भी प्रेम नहीं करते, फिर वे प्रेम करनेपर प्रेमका करनेका तो कोई प्रश्न ही नहीं है, ऐसे उदासीन लोग चार प्रकारके होते हैं—आत्माराम, आप्तकाम, अकृतज्ञ और गुरुद्रोही। सखियो! यदि तुम मेरे सम्बन्धमें पूछती हो तो मैं इन तीनों (सापेक्ष, निरपेक्ष और उदासीन) मेंसे कोई-सा भी नहीं हूँ। मैं यदि प्रेम करनेवालोंसे कभी वैसा प्रेमका व्यवहार नहीं करता तो इसका अर्थ यह नहीं है कि मैं उनसे प्रेम नहीं करता। मैं ऐसा इसीलिये करता हूँ कि उनकी चित्तवृत्ति मुझमें लगी रहे। मैं मिलकर फिर जब छिप जाता हूँ, तब भक्तोंकी वृत्ति मुझमें सारूप्य प्राप्त कर लेती है। जैसे किसी निर्धन मनुष्यको बहुत-सा धन मिल जाय और फिर खो जाय तो उसका हृदय धनकी चिन्ता करते-करते धनमय हो जाता है, वह सब कुछ भूलकर उसीमें तन्मय हो जाता है, वैसे ही मेरे छिप जानेपर भक्त मुझमें तन्मय हो जाते हैं। प्रियाओ! तुमलोगोंने अपनी समस्त वृत्तियोंको मुझमें अर्पण करके मेरे लिये लोकमर्यादा, वेदमार्ग और अपने आत्मीय स्वजनोंको भी छोड़ दिया है। यहाँ मैं इसीलिये छिप गया था कि तुम्हारे मनमें अपने सौन्दर्य और सुहागकी बात न उठ सके; तुम्हारा मन केवल मुझमें ही लगा रहे। मैं प्रत्यक्षमें नहीं दीखता था, पर था तो

तुम्हारे बीचमें ही। तुम्हारे प्रेमकी सारी दशाएँ देख रहा था। तुम्हारे प्रेममें निमग्न हो रहा था। अतएव तुम मुझपर दोषारोपण मत करो। तुम सब मुझे बड़ी प्रिय हो और मैं भी तुम्हारा प्यारा हूँ। तुम्हारा प्रेम सर्वथा निर्मल है—इसमें कहीं भी स्वार्थकी गन्ध नहीं है। तुमने मेरे लिये गृहस्थीकी उन बेड़ियोंको तोड़ डाला है, जिन्हें बड़े-बड़े समर्थ लोग भी नहीं तोड़ सकते। यदि मैं देव-शरीरसे—अमर जीवनसे अनन्त कालतक भी तुम्हारे प्रेम, त्याग और सेवाका बदला चुकाना चाहूँ तो नहीं चुका सकता। मैं सदाके लिये तुह्मारा ऋणी हूँ। तुम अपने सौम्य स्वभावसे ही मुझे उऋण कर सकती हो। मैं तो ऋण चुकानेमें असमर्थ ही हूँ।'

श्रीव्रजसुन्दरियोंके प्राणधन भगवान् लेन-देन करनेवाले व्यापारी नहीं हैं। प्रह्लादको वरका प्रलोभन देनेपर प्रह्लादने श्रीभगवान् नृसिंहदेवसे कहा था—'जो सेवक आपसे अपनी कामनाएँ पूर्ण करना चाहता है, वह सेवक नहीं, निरा व्यापारी है **(न स भृत्यः स वै वणिक्)** और जो सेवकसे सेवा करानेके लिये, उसका स्वामी बननेके लिये उसकी कामनाएँ पूरी करता है, वह स्वामी नहीं।' भगवान्ने गीतामें जो कहा है—

ये यथा मां प्रपद्यन्ते तांस्तथैव भजाम्यहम्॥

(४। ११)

'जो मुझे जैसे भजता है, उसे मैं वैसे ही भजता हूँ।'—यह तो साधारण नियम है। प्राणिमात्रके साथ भगवान्का यही व्यवहार है। पर यहाँ तो श्रीभगवान्ने इसको केवल स्वार्थपूर्ण उद्यम बतलाया है; क्योंकि इसमें स्पष्ट ही एक 'अपेक्षा' है। जहाँ अपेक्षा है, वहीं शर्त है और शर्तमें न स्वतन्त्रता है और न हृदयका एकाङ्गीभाव ही। खरीददार और बेचनेवाला दोनों जैसे स्वार्थकी 'अपेक्षा'से मिलते हैं, इसमें भी वैसा ही है। पर व्रजसुन्दरियोंके या भक्तोंके भगवान् अपने भक्तोंके साथ 'किसी स्वार्थके उद्यम'से प्रेम नहीं करते। उनका पारस्परिक भजन या प्रेम सर्वथा अहैतुक, अतएव प्रेममूलक और प्रेमस्वरूप ही होता है।

श्रीव्रजसुन्दरियोंके (प्रेमी भक्तोंके) भगवान् माता-पिताकी भाँति केवल करुणामय 'निरपेक्ष' प्रेमी भी नहीं हैं। माता-पिता स्नेहवश संतानके दोषोंको ढक देते हैं। उनकी करुणा—दया संतानको कभी उदास नहीं देख सकती, इसलिये संतानमें

दोष रह जानेकी सम्भावना रहती है। भगवान् अपने भक्तको सर्वथा निर्दोष—सारा कूड़ा-कर्कट जलाकर खरा सोना बना देते हैं। अतएव वे न तो वणिकोंकी भाँति सापेक्ष हैं, न माता-पिताकी भाँति निरपेक्ष।

भक्तोंके भगवान् 'आत्माराम' भी नहीं हैं। आत्मारामगण अपने स्वरूपमें मस्त रहते हैं। उनकी दृष्टिमें जगत्‌का कोई महत्त्व नहीं है, फलतः वे जगत्‌से उदासीन रहते हैं। ऐसे आत्मारामके लिये कोई भी कर्तव्य नहीं है—**'तस्य कार्यं न विद्यते'** (गीता ३।१७)। परंतु भगवान् तो अपने भक्तके लिये कार्य करते-करते कभी थकते ही नहीं। उनका कार्य कभी पूरा होता ही नहीं। वे अमर जीवनमें भक्तका कार्य करते रहनेपर भी कभी कामको पूरा हुआ नहीं मानते।

भक्तोंके भगवान् 'आप्तकाम' भी नहीं हैं। आप्तकाम वे होते हैं, जिनकी सारी कामनाएँ पूर्ण हुई रहती हैं, जिनमें किसी वस्तुकी वासना-कामनाकी गन्ध भी नहीं रहती। परंतु भक्तोंके भगवान् तो भक्तके प्रेमपूर्वक अर्पण किये हुए पत्र-पुष्प, फल-जल—यहाँतक कि चिउरोंकी कनियोंतकके लिये लालायित रहते हैं और कई दिनोंके भूखे प्राणीकी तरह आँगनमें बिखरे हुए कणोंको चुन-चुनकर खा जाते हैं। वे व्रजसुन्दरियोंके साथ रसमयी रासक्रीड़ाकी कामना करते हैं। मुरलीमें मधुर स्वर भरकर उनको अपने समीप बुलाते हैं। वात्सल्यमयी यशोदा मैयाका स्तन्यपान करनेके लिये मचल-मचलकर रोते हैं और व्रजसुन्दरियोंके घरोंका माखन-दही चुरा-चुराकर भोग लगाते हैं!

भगवान् कृतघ्न भी नहीं हैं। वे एक बार प्रणाम करनेवालेके सामने भी सकुचा जाते हैं—**'सकुचत सकृत प्रनाम किए हूँ'**; फिर भक्तकी तो बात ही क्या है। वे उसके तो अधीन ही हो जाते हैं। श्रीदुर्वासाजीसे भगवान्‌ने कहा है—

अहं भक्तपराधीनो ह्यस्वतन्त्र इव द्विज।
साधुभिर्ग्रस्तहृदयो भक्तैर्भक्तजनप्रियः॥

(श्रीमद्भा० ९।४।६३)

'दुर्वासाजी! मैं सर्वथा भक्तोंके अधीन हूँ, मुझमें तनिक भी स्वतन्त्रता नहीं है। मेरे साधु स्वभावके भक्तोंने मेरे हृदयपर अपना अधिकार कर लिया है। वे मुझसे

प्यार करते हैं और मैं उनसे।' अतएव भगवान् सदा ही कृतज्ञ हैं। कृतज्ञ कभी उदासीन नहीं होता।

आत्माराम और आप्तकाम भी उदासीन होते हैं, परंतु उनकी उदासीनता दूषित नहीं होती। वह तो उनके स्वरूपकी शोभा है। पर कृतघ्न और गुरुद्रोहीकी उदासीनता बड़ी भीषण होती है। इनमें भी गुरुद्रोही सबसे बढ़कर है। जो लोग मजेमें दूसरोंका माल उड़ाकर गर्वसे मूँछोंपर ताव देते हैं, उनसे भी वे अधिक बुरे हैं जो उपकारियोंके साथ द्रोह करते हैं। श्रीभगवान् ऐसे गुरुद्रोही नहीं हैं। वे भक्तोंका उपकार मानते हैं और अपनेको उनके सामने ले जानेमें भी सकुचाते हैं। मर्यादा-पुरुषोत्तम भगवान् श्रीरामचन्द्रजी भक्त हनुमान्‌से कहते हैं—

सुनु कपि तोहि समान उपकारी। नहिं कोउ सुर नर मुनि तनुधारी॥
प्रति उपकार करौं का तोरा। सनमुख होइ न सकत मन मोरा॥

इससे सिद्ध है कि भगवान् किसी भी श्रेणीके उदासीन भी नहीं हैं। तो वे क्या हैं? वे हैं व्रजसुन्दरियोंके ऋणी—वैसे भक्तोंके चिरऋणी! वे सर्वसमर्थ, सर्वैश्वर्यपरिपूर्ण होकर भी उनका बदला नहीं चुका सकते, अतएव वे अपेक्षासे प्रेम नहीं करते। वे सबके माता-धाता-पितामह होकर भी माता-पिताकी भाँति निरपेक्ष रहकर भक्तमें कोई दोष नहीं रहने देते। वे नित्य आत्माराम होकर भी उदासीन नहीं रह सकते। वे नित्य आप्तकाम होकर भी निष्काम नहीं रहते। वे अपने सहज उपकारोंसे सबको कृतज्ञ करनेवाले होकर भी स्वयं कृतज्ञ होते हैं और वे एकमात्र जगद्गुरु होनेपर भी श्रीव्रजसुन्दरियोंको—श्रीराधारानीको अपना प्रेम-गुरु मानते हैं और उनसे कभी द्रोह नहीं करते। यह है परम प्रेम-सुधासागर आनन्दकन्द व्रजेन्द्रनन्दन श्रीकृष्णचन्द्रका अपने मुँहसे दिया हुआ आत्म-परिचय! भगवान्‌ने स्वयं श्रीउद्धवजीसे कहा है—

न तथा मे प्रियतम आत्मयोनिर्न शंकरः।
न च संकर्षणो न श्रीर्नैवात्मा च यथा भवान्॥

'उद्धव! मुझे तुम-जैसे प्रेमी भक्त जितने प्रिय हैं, उतने प्रिय मेरे पुत्र ब्रह्मा, मेरे आत्मस्वरूप शंकर, मेरे भाई बलरामजी और मेरी अर्द्धाङ्गिनी लक्ष्मीजी भी नहीं हैं। और तो क्या, मेरा अपना आत्मा भी मुझे उतना प्रिय नहीं है।'

——::×::——

श्रीकृष्णदर्शनकी साधना

एक गुजराती सज्जन निम्नलिखित प्रश्नोंका उत्तर बड़ी उत्कण्ठाके साथ चाहते हैं। नाम प्रकाश न करनेके लिये उन्होंने लिख दिया है, इसलिये उनका नाम प्रकाशित नहीं किया गया है, प्रश्नोंके भावोंकी रक्षा करते हुए कुछ शब्द बदले गये हैं।

१-कई महात्मा पुरुष कहते हैं कि इस समय ईश्वरका दर्शन नहीं हो सकता। क्या यह बात माननेयोग्य है? यदि थोड़ी देरके लिये मान लें तो फिर भक्त तुलसीदास और नरसी मेहता आदिको इस कलियुगमें उस श्यामसुन्दरकी मनमोहिनी मूर्तिका दर्शन हुआ था, यह बात क्या असत्य है?

२-जैसे आप मेरे सामने बैठे हों और मैं आपसे बातें कर रहा हूँ, क्या प्यारे कृष्णचन्द्रका इस प्रकार दर्शन होना सम्भव है? यदि सम्भव है तो हमें क्या करना चाहिये कि जिससे हम उस मोहिनी मूर्तिको शीघ्र देख सकें?

३-जहाँतक ये चर्म-चक्षु उस प्यारेको तृप्त होनेतक नहीं देख सकेंगे, वहाँतक ये किसी कामके नहीं हैं। नेत्रोंको सार्थक करनेका 'सिद्ध-मार्ग' कौन-सा है, वह बताइये।

४-कृष्णदर्शनकी तीव्रतम विरहाग्नि हृदयमें जल रही है, न जाने वह बाहर क्यों नहीं निकलती! इसीसे मैं और भी घबरा रहा हूँ।

इन प्रश्नोंके साथ उक्त सज्जनने और भी बहुत-सी बातें लिखी हैं, जिनसे विदित होता है कि उनके हृदयमें भगवद्दर्शनकी अभिलाषा जाग्रत् हुई है। इन प्रश्नोंका यथार्थ उत्तर तो उन पूज्य महापुरुषसे मिलना सम्भव है, जो उस श्यामसुन्दरकी मनोहर और दिव्य रूप-माधुरीका दर्शन करके धन्य हो चुके हैं। परंतु महापुरुषोंकी अनुभवयुक्त वाणीसे जो कुछ सुननेमें आया है, उसीके आधारपर इन प्रश्नोंका उत्तर देनेकी कुछ चेष्टा की जाती है। प्रश्नकर्ता सज्जनने ये प्रश्न करके मुझको जो भगवत्-चर्चाका शुभ अवसर प्रदान किया है, इसके लिये मैं उनका कृतज्ञ हूँ। चारों प्रश्नोंका उत्तर पृथक्-पृथक् न लिखकर एक ही साथ लिखा जाता है।

मेरा दृढ़ विश्वास है कि इस युगमें भगवान्‌के दर्शन अवश्य हो सकते हैं, बल्कि अन्यान्य युगोंकी अपेक्षा थोड़े समयमें और थोड़े प्रयाससे ही हो सकते हैं। भक्तशिरोमणि तुलसीदासजी और नरसी मेहता आदि प्रेमियोंको भगवान्‌के प्रत्यक्ष दर्शन हुए हैं, इस बातको मैं सर्वथा सत्य मानता हूँ। यदि भक्त चाहे तो वह दो मित्रोंकी भाँति एक स्थानपर मिलकर भगवान्‌से परस्पर वार्तालाप कर सकता है। अवश्य ही भक्तमें वैसी योग्यता होनी चाहिये। भक्तोंके ऐसे अनेक पुनीत चरित इस बातके प्रमाण हैं। भगवान्‌के शीघ्र दर्शनका सबसे उत्तम उपाय दर्शनकी तीव्र और उत्कट अभिलाषा ही है। जिस प्रकार जलमें डूबता हुआ मनुष्य ऊपर आनेके लिये परम व्याकुल होता है, उसी प्रकारकी परम व्याकुलता यदि भगवद्दर्शनके लिये हो तो भगवान्‌का दर्शन होना कोई बड़ी बात नहीं। व्याकुलता बनावटी न होकर असली होनी चाहिये। किसीका इकलौता पुत्र मर रहा हो या किसीकी सैकड़ों वर्षोंसे बनी हुई इज्जत जाती हो, उस समय मनमें जैसी स्वाभाविक और निष्कपट व्याकुलता होती है, वैसी ही व्याकुलता परमात्माके दर्शनके लिये जिस परम भाग्यवान् भक्तके अन्तरमें उत्पन्न होती है, उसको दर्शन दिये बिना भगवान् कभी नहीं रह सकते। ऐसी व्याकुलता तभी होती है, जब वह भक्त संसारके समस्त पदार्थोंसे परमात्माको बड़ा समझता है, इस लोक और परलोकके समस्त भोगोंको अत्यन्त तुच्छ और नगण्य समझकर केवल एक परम प्यारे श्यामसुन्दरके लिये अपने जीवन, धन, ऐश्वर्य, मान, लोक-लज्जा, लोकधर्म और वेदधर्म—सबको समर्पण कर चुकता है! देवर्षि नारदजीने भक्तिका स्वरूप वर्णन करते हुए कहा है—

····तदर्पिताखिलाचारता तद्विस्मरणे परमव्याकुलतेति।

(नारदभक्तिसूत्र १९)

'अपने समस्त कर्म भगवान्‌को अर्पण कर देना और उन्हें भूलते ही परम व्याकुल होना भक्ति है।' जबतक जगत्‌के भोगोंकी इच्छा है, जबतक जगत्‌के अनित्य पदार्थ सुन्दर, सुखरूप और तृप्तिकर जान पड़ते हैं और जबतक उनमें रस आता है, तबतक हमारे हृदयका पूरा स्थान भगवान्‌के लिये खाली नहीं। गोसाईं तुलसीदासजी ने कहा है—

जो मोहि राम लागते मीठे।

तौ नवरस षटरस रस अनरस ह्वै जाते सब सीठे॥

'यदि मुझे भगवान् राम प्यारे लगते तो शृङ्गारादि नवों रस और अम्ल आदि छओं रस नीरस होकर सीठे (सारहीन—फीके) हो जाते।' हम अपने अन्तरमें भगवान्‌को जितना-सा स्थान देते हैं, उतना-सा उसका फल ही हमें प्राप्त होता है; परंतु जबतक हम अपने हृदयका पूरा आसन उस हृदयेश्वरके लिये सजाकर तैयार नहीं करते, जबतक हमारे अन्तःकरणमें अनवरत और निरन्तर अटूट तैलधाराकी भाँति भगवद्भावका स्रोत नहीं बहता, तबतक उसके लिये व्याकुलता नहीं हो सकती और जबतक हम व्याकुल नहीं होते तबतक भगवान् भी हमारे लिये व्याकुल नहीं होते; क्योंकि भगवान्‌की यह एक शर्त है—

ये यथां मां प्रपद्यन्ते तांस्तथैव भजाम्यहम्।

(गीता ४। ११)

'जो मुझको जैसे भजते हैं, मैं भी उनको वैसे ही भजता हूँ।' जब भक्त प्रेममें तन्मय होकर मतवालेकी तरह घर-बार, स्त्री-पुत्र, लोक-परलोक, हर्ष-शोक, मान-अपमान आदि सबका विसर्जन करके उस परमात्माके लिये परम व्याकुल होता है, एक क्षणभरके विछोहसे भी जो जलसे अलग की हुई मछलीके समान छटपटाने लगता है, भक्तिमती गोपियोंकी भाँति जिसके प्राण विरह-वेदनासे व्याकुल हो उठते हैं, उसको भगवान्‌के दर्शन अत्यन्त शीघ्र हो सकते हैं; परंतु हमलोगोंमें वैसी अनन्य व्याकुलता प्रायः नहीं है। इसीलिये दर्शनमें भी विलम्ब हो रहा है। हमलोग धन-संतान और मान-कीर्तिके लिये जितना जी-तोड़ परिश्रम और सच्चे मनसे प्रयत्न करते हैं, जितना छटपटाते हैं, उतना परमात्माके लिये क्या अपने जीवनभरमें कभी किसी दिन भी हमने प्रयत्न किया है या हम छटपटाते हैं? तुच्छ धन-मानके लिये तो हम भटकते और रोते फिरते हैं; क्या परमात्माके लिये व्याकुल होकर सच्चे मनसे हमने कभी एक भी आँसू गिराया है? इस अवस्थामें हम कैसे कह सकते हैं कि परमात्माके दर्शन नहीं होते। हमारे मनमें परमात्माके दर्शनकी लालसा ही कहाँ है। हमने तो अपना सारा मन अनित्य सांसारिक विषयोंके कूड़े-कर्कटसे भर रखा है।

****

जोरकी भूख या प्यास लगनेपर क्या कभी कोई स्थिर रह सकता है? परंतु हमारी भोग-लिप्सा और भगवान्‌के प्रति उदासीनता इस बातको सिद्ध करती है कि हमलोगोंको भगवान्‌के लिये जोरकी भूख या प्यास नहीं लगी। जिस दिन वह भूख लगेगी, उस दिन भगवान्‌को छोड़कर दूसरी कोई वस्तु हमें नहीं सुहायेगी। उस दिन हमारा चित्त सब ओरसे हटकर केवल उसीके चिन्तनमें तल्लीन हो जायेगा। जिस प्रकार विशाल साम्राज्यके प्राप्त हो जानेपर साधारण कौड़ियोंके तुच्छ व्यापारसे स्वाभाविक ही मन हट जाता है, उसी प्रकार जगत्‌के बड़े-से-बड़े भोग हमें तुच्छ और नीरस प्रतीत होने लगेंगे। उस समय हम अनायास ही कह उठेंगे—

इस जगकी कोई वस्तु न हमें सुहाती।
पल-पलमें श्यामल मूर्ति स्मरण है आती॥

भगवान्‌के परम मधुर और परम आनन्दस्वरूप होनेपर भी हमारा उनकी ओर पूरा आकर्षण नहीं है, इसका कारण यही है कि हमने उनके महत्त्वको भलीभाँति समझा नहीं; इसीलिये अमृतको छोड़कर हम रमणीय विषयोंके विषभरे लड्डुओंके लिये दिन-रात भटकते हैं और उन्हें खा-खाकर बारम्बार मृत्युको प्राप्त होते हैं। भगवान्‌के दर्शन दुर्लभ नहीं, दुर्लभ है उनके दर्शनकी दम्भशून्य और एकान्त लालसा ! जो भगवान् नित्य और सत्य हैं, सब समय सभी स्थानोंमें व्यापक हैं, किसी एक युगविशेषमें उनके दर्शन न हों—यह बात कैसे मानी जा सकती है। ऐसा कहनेवाले लोग या तो श्रद्धासे रहित हैं या भगवान्‌की महिमाका भाव समझनेके लिये उन्हें कभी अवसर नहीं मिला।

इसमें कोई संदेह नहीं कि इन नेत्रोंकी सफलता नित्य अतृप्तरूपसे उस नवीन नीलनीरजकान्ति श्यामसुन्दरकी विश्व-विमोहिनी रूपमाधुरीका दर्शन करनेमें ही है। परंतु जहाँतक भगवत्कृपासे इन नेत्रोंको दिव्य भाव नहीं प्राप्त होता, वहाँतक ये नेत्र उस रूप-छटाके दर्शनसे वञ्चित ही रहते हैं। नेत्रोंको दिव्य बनाकर उन्हें सार्थक करनेका 'सिद्धमार्ग' उपर्युक्त 'परम व्याकुलता' ही है। जिस महानुभावके हृदयमें श्रीकृष्णदर्शनकी तीव्रतम विरहाग्नि जल रही है, वह सर्वथा स्तुतिका पात्र है। विरहाग्नि प्रायः बाहर नहीं निकला करती और जब कभी वियोग-वेदना सर्वथा असह्य होकर

बाहर फूट निकलती है, तब वह उसके सारे पाप-तापोंको तुरंत जलाकर उसे प्रेममें पागल बना देती है। उस समय वह भक्त—अनन्य प्रेममें मतवाला भक्त—व्रजगोपियोंकी भाँति सब कुछ भूलकर उस प्राणाधिक मनमोहनके दर्शनके लिये दौड़ पड़ता है और अपनी सारी शक्ति और सारा उत्साह लगाकर उसको पुकारता है। बस, इसी अवस्थामें उसे भगवान्‌के दर्शन प्राप्त होते हैं। दर्शन उसी रूपमें होते हैं, जिस रूपमें वह दर्शन करना चाहता है एवं व्यवहार, बर्ताव या वार्तालाप भी प्रायः उसी प्रकारका होता है, जिस प्रकारका उसने पहले चाहा है।

ऐसी स्थितिको प्राप्त होनेके लिये साधकको चाहिये कि पहले वह सत्सङ्गके द्वारा भगवान्‌के अतुलनीय महत्त्वको कुछ समझे और उनके निरन्तर नाम-जप तथा ध्यानके द्वारा अपने अन्तरमें उनके प्रति कुछ प्रेम उत्पन्न करे। ज्यों-ज्यों भगवत्-प्रेमसे हृदय भरता जायगा, त्यों-ही-त्यों वहाँसे विषय हटते चले जायँगे। यों करते-करते जिस दिन वह अपना हृदयासन केवल परमात्माके लिये सजा सकेगा, उसी दिन और उसी क्षण उसके हृदयमें परम व्याकुलता उत्पन्न होगी और वह व्याकुलता अत्यन्त तीव्र होकर भगवान्‌के हृदयमें भी भक्तको दर्शन देनेके लिये वैसी ही व्याकुलता उत्पन्न कर देगी। इसके बाद तत्काल ही वह शुभ समय प्राप्त होगा, जिसमें भक्त और भगवान्‌का परस्पर प्रत्यक्ष मिलन होगा और उससे भूमि पावन हो जायगी।

——::×::——

सौन्दर्य-लालसा

××××× मनकी सौन्दर्य-लालसाको दबाइये मत, उसे खूब बढ़ने दीजिये; परंतु उसे लगानेकी चेष्टा कीजिये परम सुन्दरतम पदार्थमें। जो सौन्दर्यका परम अपरिमित निधि है, जिस सौन्दर्य-समुद्रके एक नन्हें-से कणको पाकर प्रकृति अभिमानके मारे फूल रही है और नित्य नये-नये असंख्य रूप धर-धरकर प्रकट होती और विश्वको विमुग्ध करती रहती है—आकाशका अप्रतिम सौन्दर्य, शीतल-मन्द-सुगन्ध वायुका सुख-स्पर्श-सौन्दर्य, अग्नि-जल-पृथ्वीका विचित्र सौन्दर्य, अनन्त विचित्र पुष्पोंके

विविध वर्ण और सौरभका सौन्दर्य, विभिन्न पक्षियोंके रंग-बिरंगे सुखकर स्वरूप और उनकी मधुर काकलीका सौन्दर्य, बालकोंकी हृदयहारिणी माधुरी, ललनाओंका ललित लावण्य तथा माता-पत्नी-मित्र आदिका मधुर स्नेह-सौन्दर्य—ये सभी एक साथ मिलकर भी जिस सौन्दर्य-सुधासागरके एक क्षुद्र सीकरकी भी समता नहीं कर सकते, उस सौन्दर्यराशिको खोजिये। उसीके दर्शनकी लालसा जगाइये, सारे अङ्गोंमें जगाइये। आपकी बुद्धि, आपका चित्त-मन, आपकी सारी इन्द्रियाँ, आपके शरीरके समस्त अङ्ग-अवयव, आपका रोम-रोम उसके सुषमा-सौन्दर्यके लिये व्याकुल हो उठे। बस, यह कीजिये। फिर देखिये, आपकी सौन्दर्य-लालसा आपको किस चिन्मय दिव्य सौन्दर्य-साम्राज्यमें ले जाती है। अहा ! यदि आपको एक बार उसकी जरा-सी झाँकी भी हो गयी तो आप निहाल हो जाइयेगा। फिर सौन्दर्य-लालसा मिटानी नहीं होगी। वह अमर हो जायगी और इतनी बढ़ेगी—इतनी बढ़ेगी कि मुक्तिसुखको भी खोकर स्वयं जीती-जागती बनी रहेगी और आप फिर उस सौन्दर्य-समुद्रमें नित्य डूबते-उतराते रहेंगे। वह ऐसा सौन्दर्य है कि जिसे दिन-रात अनन्त कालतक अविरत देखते रहनेपर भी तृप्ति नहीं होती, दर्शनकी प्यास कभी मिटती ही नहीं, '**अँखियाँ हरि दरसन की प्यासी**' ही बनी रहती हैं। प्यासके बुझनेकी तो कल्पना ही नहीं, वरं ईंधनयुक्त घृतकी आहुतिसे बढ़ती हुई अग्निकी भाँति उत्तरोत्तर बढ़ती हुई वह अनन्तकी ओर अग्रसर होती रहती है। पर यह प्यास—यह दर्शनकी बढ़ी हुई लालसा दर्शनसे भी अधिक सुखदायिनी होती है।

यह वह सौन्दर्य है, जिसे देखकर मुनियोंके मरे हुए मनोंमें भी जीवनका संचार हो जाता है।

श्रीवृषभानुनन्दिनी श्रीश्रीराधिकाजी कहती हैं—

नवाम्बुदलसद्द्युतिर्नवतडिन्मनोज्ञाम्बरः
सुचित्रमुरलीस्फुरच्छरदमन्दचन्द्राननः ।
मयूरदलभूषितः सुभगतारहारप्रभः
स मे मदनमोहनः सखि तनोति नेत्रस्पृहाम् ॥

'सखी ! नव जलधरकी अपेक्षा जिनकी सुन्दर कान्ति है, नवीन विद्युत्-मालासे

भी अधिक चमकीला जिनका मनोज्ञ पीताम्बर है, जिनका वदनचन्द्र निर्मल शारदीय पूर्ण चन्द्रमाकी अपेक्षा भी समुज्ज्वल तथा चित्र-विचित्र सुन्दर मुरलीके द्वारा सुशोभित है, जो मयूरपिच्छसे सुभूषित हैं और जिनके गलेमें निर्मल कान्तियुक्त श्रेष्ठ मोतियोंकी माला चमक रही है, वे मदनमोहन मेरे नेत्रोंकी दर्शन-स्पृहा बढ़ा रहे हैं।'

नेत्रोंकी ही क्यों—प्रत्येक इन्द्रियकी दर्शन-स्पृहा बढ़ रही है। सभी अङ्ग उनके मधुर मिलनकी उत्कट आकाङ्क्षासे आतुर हैं। बार-बार मिलनेपर भी वियोगकी—विरहकी ही अनुभूति होती है। वे फिर कहती हैं—

नदज्जलदनिःस्वनः श्रवणकर्षिसत्सिञ्जितः
सनर्मरससूचकाक्षरपदार्थभङ्ग्युक्तिकः ।
रमादिकवराङ्गनाहृदयहारिवंशीकलः
स मे मदनमोहनः सखि तनोति कर्णस्पृहाम् ॥

'सखि ! जिनकी कण्ठध्वनि मेघ-गर्जनके सदृश सुगाम्भीर है, जिनके आभूषणोंकी मधुर झनकार कानोंको आकर्षित करती है, जिनके परिहास-वचनोंमें विविध भावभङ्गिमाओंका उदय होता रहता है और जिनकी मुरलीध्वनिके द्वारा लक्ष्मी आदि देवियोंका हृदय-हरण होता रहता है, वे मदनमोहन मेरे कानोंकी श्रवणस्पृहाको बढ़ा रहे हैं।'

कुरङ्गमदजिद्वपुःपरिमलोर्मिकृष्टाङ्गनः
स्वकाङ्गनलिनाष्टके शशियूताब्जगन्धप्रथः ।
मदेन्दुवरचन्दनागुरुसुगन्धिचर्चार्चितः
स मे मदनमोहनः सखि तनोति नासास्पृहाम् ॥

'सखि! जिनके मृगमदविजयी श्रीअङ्गकी सौरभतरङ्गोंसे अङ्गनाएँ वशीभूत हो जाती हैं, जो अपने देहस्थित अष्टकमल (दो चरणकमल, दो करकमल, दो नेत्रकमल, एक नाभिकमल और एक मुखकमल) के द्वारा कर्पूरयुक्त कमलकी सुगन्धका विस्तार कर रहे हैं और जो कस्तूरी, कर्पूर, उत्कृष्ट चन्दन, अगुरु आदि सुगन्धि-द्रव्योंके द्वारा निर्मित अङ्गरागसे अङ्ग-विलेपन किये हुए हैं, वे मदनमोहन मेरी नासिकाकी सुगन्ध-स्पृहाको बढ़ा रहे हैं।'

****

हरिन्मणिकपाटिकाप्रततहारिवक्षःस्थलः

स्मरार्त्ततरुणीमनःकलुषहन्तृदोरर्गलः ।

सुधांशुहरिचन्दनोत्पलसिताभ्रशीताङ्गकः

स मे मदनमोहनः सखि तनोति वक्षःस्पृहाम् ॥

'सखि! जिनका विशाल वक्षःस्थल इन्द्रनीलमणिके कपाटके सदृश मनोहर है, जिनके अर्गलासदृश बाहुयुगल प्रेम-पीड़ित तरुणीसमुदायके मानस क्लेशको नाश करनेमें समर्थ हैं और जिनका अङ्ग चन्द्रमा, हरि-चन्दन, कमल, कर्पूर और बादलके सदृश सुशीतल है, वे मदनमोहन मेरे वक्षःस्थलकी स्पर्श-स्पृहाको बढ़ा रहे हैं।'

व्रजातुलकुलाङ्गनेतररसालितृष्णाहर-

प्रदीव्यदधरामृतः सुकृतिलभ्यफेलालवः ।

सुधाजिदहिवल्लिकासुदलवीटिकाचर्वितः

स मे मदनमोहनः सखि तनोति जिह्वास्पृहाम् ॥

'सखि ! जिनकी सुमधुर अधरसुधा उपमारहित व्रजकुलाङ्गनाओंके इतर रससमूहकी स्पृहाका अपहरण कर रही है तथा महान् पुण्यराशि होनेपर ही प्राप्त की जा सकती है और जिनके द्वारा चर्वित ताम्बूलकी बीड़ी अमृतको भी पराजित करती है, वे मदनमोहन मेरी जिह्वाकी रस-स्पृहाको बढ़ा रहे हैं।'

पण्डितराज जगन्नाथ विषयविमुग्ध मनको सावधान करते हैं—

रे चेतः कथयामि ते हितमिदं वृन्दावने चारयन्

वृन्दं कोऽपि गवां नवाम्बुदनिभो बन्धुर्न कार्यस्त्वया ।

सौन्दर्यामृतमुद्गिरद्भिरभितः सम्मोह्य मन्दस्मितै-

रेष त्वां तव वल्लभांश्च विषयानाशु क्षयं नेष्यति ॥

'रे चित्त ! मैं तेरे हितके लिये कहता हूँ। तू वृन्दावनमें गायोंको चराते हुए नवीन श्याममेघके समान कान्तिवाले किसीको अपना बन्धु मत बना लेना। वह सौन्दर्यसुधा बरसानेवाली अपनी मन्द मुस्कानसे तुझे मोहित करके तेरे प्रिय विषयोंको भी तुरंत नष्ट कर डालेगा।'

इस रूपमाधुरीका जिसने पान किया, वही इस रसको जानता है। दूसरोंको क्या पता।

कहते हैं कि मुसल्मान भक्त रसखान किसी स्त्रीपर आसक्त थे। पर वह बहुत मानिनी थी, बारम्बार इनका तिरस्कार किया करती थी। एक बार इन्होंने कहीं श्यामसुन्दर व्रजेन्द्रनन्दन आनन्दकन्द मदनमोहन भगवान् श्रीकृष्णचन्द्रका मनोहर चित्र देख लिया और उसी क्षणसे उनपर मोहित हो गये। लोगोंसे पूछा—'यह साँवरी सूरतवाला मेरा चित्तचोर कहाँ रहता है और इसका क्या नाम है?' बताया गया यह श्रीवृन्दावनधाममें रहता है और इसका नाम है 'रसखानि'। बस, वह उसी समय उन्मत्त-से होकर वृन्दावन पहुँच गये और उत्कट एवं अनन्य दर्शन-लालसाके फलस्वरूप गो-गोप-गोपी-परिवेष्टित निखिलसौन्दर्य-माधुर्य-रस-सुधा-सार-सर्वस्व परमानन्दघन व्रजचन्द्रके मन्मथ-मन्मथ रूपके दर्शन पाकर सदाके लिये उन्हींपर न्यौछावर हो गये। वे कहते हैं—

मोहन छबि रसखानि लखि, अब दृग अपने नाहिं।
ऐंचे आवत धनुष-से, छूटे सर-से जाहिं॥
या छबि पै रसखानि अब वारौं कोटि मनोज।
जाकी उपमा कबिन नहिं पाई, रहे सु खोज॥
मोहन सुंदर स्याम कौ देख्यौ रूप अपार।
हिय-जिय-नैननि मैं बस्यौ वह व्रजराजकुमार॥
मो मन-मानिक लै गयो चितै चोर नँद-नंद।
अब बेमन मैं का करूँ परी फेर के फंद॥

रसखान स्वयं तो रसखानिके रस सौन्दर्यपर मोहित थे ही। वे उस अनिवार्य मोहिनीकी महिमा गाते हुए पुकार-पुकारकर समस्त व्रजजनोंको सावधान कर रहे हैं—

कानन दै अँगुरी रहिबो
जबहीं मुरली-धुनि मंद बजैहै।
मोहिनी तानन सौं रसखानि
अटा चढ़ि गो-धन गैहै तो गैहै॥
टेरि कहौं सिगरे व्रजलोगनि

कालिह कोऊ कितनी समुझैहै।
माई री वा मुखकी मुसकानि
सम्हारि न जैहै न जैहै न जैहै॥

बस, उस मदनमोहन श्यामसुन्दरके सौन्दर्य-माधुरीकी लालसा हृदयमें जगाइये और कृतार्थ हो जाइये।

काम-क्रोध-लोभ-अभिमानादि जितने भी दुर्गुण हैं, छूटने बड़े कठिन हैं और इन्हें छोड़नेके फेरमें पड़कर जीवन गँवानेकी आवश्यकता भी नहीं है। इन सबके विषयको बदल दीजिये। देवर्षि नारदजीने कहा है—

तदर्पिताखिलाचारः सन् कामक्रोधाभिमानादिकं तस्मिन्नेव करणीयम्।

जब सब कुछ उन्हें सौंप दिया, तब फिर काम-क्रोधादि किसको देने जायँ? असलमें जैसे गङ्गाजीके निर्मल प्रवाहमें पड़कर गंदे नालेका पानी भी गङ्गाजल हो जाता है, वैसे ही काम-क्रोधादि दुर्गुण भी भगवान्‌से सम्बन्धित होकर, ब्रह्म-संस्पर्श पाकर भक्तिरूप या स्वयं भगवत्-स्वरूप, अतएव परम उपादेय बन जाते हैं।

इसीलिये भक्तगण मुक्तिका तिरस्कार करके जन्म-जन्ममें नित्य दासत्वकी कामना करते हैं। इसीसे प्रेमीजन प्राणवल्लभ प्रियतम श्यामसुन्दरपर प्रेमकोप तथा मान किया करते हैं और इसीसे भक्तोंका भक्ति-लोभ कभी मिटता ही नहीं। ये काम-क्रोध-लोभादि फिर भक्तके जीवनोपयोगी मधुर साधन बन जाते हैं। इनको वह कभी छोड़ना नहीं चाहता। यह भी एक मधुर और दिव्य कला है, जो सीखनेयोग्य है।

——::×::——

बिखरे सुमन

१—भगवान् श्रीकृष्ण भक्तवाञ्छाकल्पतरु हैं। उनका यह अवतार भक्तोंको सुख देनेके लिये ही हुआ है। भक्तोंको सुख देकर प्रसन्न होना, यह श्रीकृष्णका सहज स्वभाव है। यशोदा मैया डराती हैं, धमकाती हैं, ऊखलमें बाँधती हैं और भगवान् रोते हैं—यह सब यशोदाके वात्सल्यरसको पुष्ट करनेके लिये है। इस लीलाकी अन्तिम झाँकी यही है कि यशोदाको अपनी भूलपर पश्चात्ताप होता है, उनके हृदयमें वात्सल्यका समुद्र उमड़ आता है और वे अपने कन्हैयाको छातीसे लगाकर स्नेहाश्रुओंकी वर्षा करती हुई एक अनिर्वचनीय सुखमें डूब जाती हैं। सखाओंको पीठपर चढ़ाना उन्हें सख्यरसका आस्वादन करानेके लिये होता है तथा श्रीराधारानीकी इच्छाके अनुरूप सखी आदिका वेष धारण करके वे उन्हें दिव्यातिदिव्य माधुर्य-रस-सिन्धुमें निमग्न करते रहते हैं। इन लीलाओंमें भगवान्‌को, उनके परिकरोंको तथा प्रेमी भक्तोंको कितना आनन्द होता है—यह वाणीका विषय नहीं है। यह सुख और यह रस केवल स्वानुभवगम्य है। इसका आस्वादन श्रीप्रिया-प्रियतमकी अहैतुकी कृपासे ही सम्भव है।

२—श्रीकृष्ण-प्रेमका यह स्वभाव है कि भक्त अपनेको तो भूल जाता है, पर श्रीकृष्णके साथ अपना सम्बन्ध क्या है और उनकी सेवा क्या, कैसे करनी है—यह कभी नहीं भूलता।

३—भगवान् जगत्‌में आते हैं रसास्वादनके लिये, अपने दिव्य आनन्दरसका स्वयं पान करनेके लिये—अपने सखाओंके द्वारा सख्यरसका, अपने प्रेमियोंद्वारा मधुररसका और अपने माता-पिता आदिके द्वारा वात्सल्यरसका। इन रसोंका भगवान् स्वयं आस्वादन करते हैं और अपने माता-पिता-सखा आदिको कराते हैं।

४—भगवान्‌का जन्म अलौकिक है। वात्सल्यप्रेममयी कौसल्या या देवकी-यशोदाको इस प्रकारकी प्रतीति होती है कि मेरे पेटमें बालक है तथा गर्भके लक्षण भी दीखते हैं। पर वास्तवमें भगवान् न तो जीवकी भाँति गर्भस्थ होते हैं औन न माताके खाये हुए अन्नसे उनका शरीर बनता है। जो गर्भस्थ होता है तथा माताके खाये हुए अन्नसे बनता है, वह अविनाशी नहीं होता, न दिव्य ही होता है। पर

भगवान्‌का शरीर तो सच्चिदानन्दस्वरूप है, भगवान् ही है।

५—अन्तर्यामीरूपमें भगवान् सबके हृदयमें हैं, पर प्रेमियोंके हृदयमें वे प्रेमके सम्बन्ध-रूपसे रहते हैं, जैसे वात्सल्यभाववालेके हृदयमें पुत्ररूपमें, माधुर्यभाववालेके प्रियतमरूपमें, सख्यभाववालेके सखारूपमें।

६—भगवान्‌के दिव्य मङ्गलमय स्वरूपका दर्शन किसीको होना, न होना—यह भगवान्‌की इच्छापर निर्भर है।

७—नित्यसिद्धा वात्सल्य-प्रेमकी प्रतिमूर्ति हैं—यशोदा मैया। यशोदा मैया नित्यजननी हैं श्रीकृष्णकी और श्रीकृष्ण नित्यपुत्र हैं यशोदाके। यशोदा मैया वात्सल्यप्रेमकी ही घनीभूत मूर्ति हैं; उनमें और चीज है ही नहीं।

प्रश्न—श्रीकृष्णको पुत्ररूपमें प्यार करना तो यशोदाका अज्ञान है। इस प्रेमसे जब ज्ञान प्राप्त होगा, तभी तो उन्हें भगवत्तत्त्वकी प्राप्ति होगी न?

उत्तर—जो ज्ञान भगवान्‌को अलग रखे, जो ज्ञान भगवान्‌को अगोचर बताकर उन्हें न देखने दे, जो ज्ञान भगवान्‌को न सुनने दे, न स्पर्श करने दे, वह ज्ञान अच्छा कि यशोदाका यह अज्ञान अच्छा, जिसने भगवान्‌को प्राकृत बालककी भाँति पकड़ रखा है? जगत् भगवान्‌के पीछे चलता है, पर भगवान् यशोदा मैयाके पीछे चलते हैं।

भगवान्‌को पूर्णरूपसे अनुभव करना शुद्ध प्रेमी (रागात्मक) भक्तोंके लिये ही सम्भव है।

८—भगवान् श्रीकृष्ण अतर्क्य हैं; उनके स्वरूपका, ऐश्वर्यका, माधुर्यका तर्कसे अनुमान नहीं हो सकता। तर्कके लिये किसी दृष्टान्तकी आवश्यकता होती है, पर भगवान्‌के लिये कोई दृष्टान्त लागू नहीं होता। भगवान्‌का ऐश्वर्य-माधुर्यमय स्वरूप भगवान्‌के लिये ही सम्भव है; अतएव दृष्टान्तविहीन—जिनके लिये कोई दृष्टान्त सम्भव ही नहीं—के विषयमें तर्क आदि करनेकी सम्भावना ही नहीं है।

९—श्रीकृष्णका प्रत्यक्ष दर्शन हो और उनका माधुर्यभाव ठीक समझमें आ जाय, इसका सरल और मोघ उपाय है—सब ओरसे ममता, आसक्ति हटाकर सर्वथा श्रीराधाजीके चरणोंमें आत्म-सर्मपण। श्रीराधाकी कृपासे ही श्रीकृष्णके माधुर्य-रसका समास्वादन हो सकता है।

——::×::——

भगवान् श्रीकृष्णका स्वरूप और अवतारके हेतु

(सं० २०१९ वि० के जन्माष्टमी-महोत्सवपर प्रवचन)

मञ्जीरनूपुररणन्नवरत्नकाञ्ची-
श्रीहारकेसरिनखप्रतियन्त्रसंघम् ।
दृष्ट्यार्तिहारिमषिबिन्दुविराजमानं
वन्दे कलिन्दतनुजातटबालकेलिम् ॥
कुन्दप्रसूनविशदैर्दशनैश्चतुर्भिः
संदश्य मातुरनिशं कुचचूचुकाग्रम् ।
नन्दस्य वक्त्रमवलोकयतो मुरारे-
र्मन्दस्मितं मम मनीषितमातनोतु ॥
हर्तुं कुम्भे विनिहितकरं स्वादु हैयंगवीनं
दृष्ट्वा दामग्रहणचटुलां मातरं जातरोषाम् ।
पायादीषत्प्रचलितपदो नापगच्छन् न तिष्ठन्
मिथ्यागोपः सपदि नयने मीलयन् विश्वगोप्ता ॥
अंसालम्बितवामकुन्तलभरं मन्दोन्नतभ्रूलतं
किंचित्कुञ्चितकोमलाधरपुटं साचिप्रसारेक्षणम् ।
आलोलाङ्गुलिपल्लवैर्मुरलिकामापूरयन्तं मुदा
मूले कल्पतरोस्त्रिभङ्गललितं ध्यायेज्जगन्मोहनम् ॥

स्वयं-भगवान्का अवतरण

आजका यह दिन परम धन्य है। इसी दिन इसी भारतवर्षमें मथुराके

कंस-कारागृहके कृष्ण-तम-घन निभृत कक्षमें घनश्याम श्रीकृष्ण-अनिर्वचनीय-अचिन्त्य-अनन्त-ऐश्वर्य-सौन्दर्य-माधुर्य-परिपूर्ण, अनिर्वचनीय-अचिन्त्य-अनन्य-अनन्त-दिव्य-रस-सुधा-सार-समुद्र, अनिर्वचनीय-अचिन्त्य-अनन्त-सर्वविरुद्ध-गुण-धर्माश्रय, सर्वलोक-महेश्वर, सर्वातीत, सर्वमय, नित्य निर्गुण-सगुण, समस्त-अवतार-बीज, अनन्त-अद्भुत-शक्ति-सामर्थ्य-स्रोत, सहज अजन्मा-अविनाशी, सच्चिदानन्द-स्वेच्छा-विग्रह, स्वयं भगवान्का महान् मङ्गलमय, महान् महिमामय और महान् मधुरिमामय प्राकट्य हुआ था।

घोर-बल-दर्पित अतिशय अत्याचारी असुररूप दुष्ट राजाओंके तथा अनाचार-दुराचार-परायण प्राणियोंके विषम भारसे आक्रान्त दुःखिनी वसुंधराने गोरूप धारण करके करुण क्रन्दन करते हुए ब्रह्माजीके पास जाकर अपनी दुःखगाथा सुनायी। पृथ्वी देवीने कहा—

'जो भगवान् श्रीकृष्णकी भक्तिसे विहीन हैं और जो श्रीकृष्ण-भक्तोंके निन्दक हैं; जो पिता, माता, गुरु, स्त्री, पुत्र और पोष्य-वर्गका पालन नहीं करते, जो दया-धर्मसे रहित हैं, गुरु और देवोंके निन्दक हैं; जो मित्रद्रोही, कृतघ्न, झूठी गवाही देनेवाले, विश्वासघातक और स्थाप्यधनका अपहरण करनेवाले हैं; जो कल्याणरूप मन्त्र और एकमात्र मङ्गलजनक हरिनामको बेचते हैं; जो जीवोंकी हिंसा करते हैं और अत्यन्त लोभी हैं; जो मूढ़लोग पूजा, यज्ञ, उपवास, व्रत, नियम— कुछ भी नहीं करते; जो पापात्मालोग गौ, ब्राह्मण, देवता, वैष्णव, श्रीहरि, हरिकथा तथा हरिभक्तिसे द्वेष करते हैं—ऐसे जो दैत्यगण विविध रूप धारण करके अनवरत अत्याचार-अनाचार-दुराचार कर रहे हैं, उन सबके भीषण भारसे मैं अत्यन्त पीड़ित हूँ।' तब ब्रह्माजीने पृथ्वीको साथ लेकर भगवान् शंकर और अन्यान्य देवताओंको भी साथ लिया और वे क्षीरसागरके तटपर गये। वहाँ उन्होंने पुरुषसूक्तके द्वारा भगवान्का स्तवन किया। इसके कुछ देर बाद ब्रह्माजी ध्यानमग्न हो गये और उन समाधिस्थित ब्रह्माजीको क्षीराब्धिशायी भगवान्की दैववाणी सुनायी दी। ब्रह्माजीने उसे सुनकर देवताओंसे

कहा—'हमलोगोंकी प्रार्थनाके पूर्व ही भगवान् वसुंधराकी विपत्तिको जान चुके हैं। वे ईश्वरोंके भी ईश्वर (**ईश्वरेश्वरः**) अपनी कालशक्तिके द्वारा धरणीका भार उतारनेके लिये जबतक पृथ्वीपर लीला करें, तबतक तुमलोग भी यदुकुलमें जन्म लेकर उनकी लीलामें सहयोग प्रदान करो। भगवान्के अंशसे सहस्रवदन स्वराट् अनन्तदेव भगवान्से पहले ही प्रकट हो जायँगे। भगवती विष्णुमाया भी नन्दपत्नी यशोदाके गर्भसे अवतरित होंगी। वे परम पुरुष साक्षात् भगवान् स्वयं वसुदेवके घरमें प्रकट होंगे। उनकी सेवा-प्रीतिके लिये (अथवा उनकी तथा उनकी प्रियतमा श्रीराधाकी सेवाके लिये) देवाङ्गनाएँ भी वहाँ जन्म धारण करें—

वसुदेवगृहे साक्षाद् भगवान् पुरुषः परः।
जनिष्यते तत्प्रियार्थं सम्भवन्तु सुरस्त्रियः॥

(श्रीमद्भागवत १०। १। २३)

क्षीरोदशायी भगवान्की इस दैववाणीसे यही सिद्ध होता है कि अबकी बार साक्षात् परम पुरुष स्वयं-भगवान् ही प्रकट होंगे (क्षीराब्धिशायी नहीं)। भगवान्के पुरुषावतार, गुणावतार, लीलावतार, अंशावतार, कलावतार आदि अनेक प्रकारके अवतार होते हैं और सभी पूर्ण होते हैं; पर उनमें लीलाभेदसे शक्तिका प्राकट्य न्यूनाधिक रहता है। किंतु यह अवतार स्वयं-भगवान्का है। इसमें अन्य सभी अवतारोंके, भगवत्स्वरूपोंके भाव सम्मिलित हैं। ब्रह्मवैवर्तपुराणके अनुसार ब्रह्मा-शंकर आदि समस्त देवता गोलोकमें स्वयं-भगवान् श्रीकृष्णकी सेवामें जाकर वहाँ श्रीराधा-माधवके दर्शनका सौभाग्य प्राप्त करते हैं और पृथ्वीका भीषण भार हरण करने और मधुर लीला-रसका विस्तार करनेके लिये भगवान्से अवतार-ग्रहणकी महत्त्वपूर्ण कातर प्रार्थना करते हैं।

देवताओंकी प्रार्थना सुनकर भगवान् द्रवित हो जाते हैं और उन्हें अपनी अनन्त महिमा और भक्तोंकी महानताका परिचय देकर अन्तमें कहते हैं—'देवताओ! तुमलोग अभी अपने-अपने घर जाओ, मैं स्वयं पृथ्वीपर अवतीर्ण होऊँगा, तुमलोग भी अंशरूपसे पृथ्वीपर चलना।' इसके बाद भगवान् दिव्य गोप-गोपियोंको बुलाकर

उनसे मधुर वचन कहते हैं—'गोप-गोपीगण! तुम सब नन्दके व्रजधाममें अवतीर्ण होओ। श्रीराधिके! तुम वृषभानुके घर जाओ, मैं तुमको बालकरूपमें कमलकाननमें ग्रहण करूँगा। राधे! तुम मेरी प्राणाधिका हो, मैं भी तुम्हारा प्राणाधिक हूँ। हम दोनोंमें कुछ भी भेद नहीं है, हम सदा ही एक हैं।'

त्वं मे प्राणाधिका राधे तव प्राणाधिकोऽप्यहम्।
न किंचिदावयोर्भिन्नमेकाङ्गं सर्वदैव हि॥

(ब्र० वै० कृष्ण० ६। ६७)

इसी बीचमें वहाँ एक दिव्य मणि-रत्नों, पारिजात-कुसुम-मालाओं, श्वेत चामरों तथा विशुद्ध काषाय वस्त्रोंसे विभूषित शत-शत सूर्य-प्रभाओंके सदृश तेजःपुञ्ज रथ आया। उस रथमें कमनीय श्यामसुन्दर शङ्ख-चक्र-गदा-पद्म धारण किये पीताम्बरधारी भगवान् नारायण विराजित थे। उनके साथ महादेवी सरस्वती और महालक्ष्मी भी थीं। वे भगवान् नारायण रथसे उतरे और तुरंत श्रीकृष्णके शरीरमें लीन हो गये तथा इस परमाश्चर्यको देखकर सब लोग चकित हो गये—

गत्वा नारायणो देवो विलीनः कृष्णविग्रहे।
दृष्ट्वा च परमाश्चर्यं ते सर्वे विस्मयं ययुः॥

इसके पश्चात् एक दूसरे परम सुन्दर देदीप्यमान रथमें चतुर्भुज, वनमाला-विभूषित, अपार-प्रभाशाली जगत्पति भगवान् विष्णु पधारे और वे भी रथसे उतरकर भगवान् श्रीराधिकेश्वरके शरीरमें लीन हो गये—

स चापि लीनस्तत्रैव राधिकेश्वरविग्रहे॥

इससे भी यही सिद्ध होता है कि भगवान् श्रीकृष्ण साक्षात् स्वयं-भगवान् हैं और उनके इस स्वरूपमें सबका तथा सबके लीला-कार्योंका एकत्र समावेश है। ब्रह्मवैवर्तपुराणमें आता है कि इसके पश्चात् भगवान् श्रीकृष्णने देवी कमला लक्ष्मीसे मुसकराते हुए कहा—'देवि! तुम कुण्डिन-नगरमें राजा भीष्मकके घर देवी वैदर्भीके उदरसे अवतरित होओ, मैं वहाँ जाकर तुम्हारा पाणिग्रहण करूँगा।' तदनन्तर वहाँ पधारी हुई देवी पार्वतीसे भगवान्ने कहा—'तुम सृष्टि-संहारकारिणी महामाया हो, तुम अंशरूपसे व्रजधाममें जाकर यशोदाके गर्भसे अवतीर्ण होओ। मानवगण

नगर-नगरमें भक्तिपूर्वक तुम्हारी पूजा करेंगे। तुम्हारे प्रकट होते ही वसुदेव यशोदाके सूतिकागृहमें मुझे रखकर तुम्हें ले जायँगे। फिर कंसको देखते ही पुनः तुम भगवान् शिवके पास चली जाना। मैं पृथ्वीका भार उतारकर अपने धाममें लौट आऊँगा।'

इसके बाद कौन देवता किस नाम-रूपसे कहाँ अवतार लेंगे— विशिष्ट-विशिष्ट देवताओंके लिये भगवान्ने इसका निर्देश किया है।

श्रीकृष्णका दिव्य विग्रह अप्राकृत—भगवत्स्वरूप ही है

भगवान् श्रीकृष्ण स्वयं-भगवान् हैं, उनका दिव्य शरीर कर्मजनित प्राकृत या सिद्धिजनित 'निर्माणशरीर' नहीं है। वह प्राकृत शरीरसे सर्वथा विलक्षण हानोपादानरहित दिव्य सच्चिदानन्दमय भगवत्स्वरूप है। इसके प्रचुर प्रमाण श्रीमद्भागवत, महाभारत तथा अन्यान्य ग्रन्थोंमें उपलब्ध हैं।

ब्रह्मवैवर्तपुराणमें ही श्रीकृष्ण और सनत्कुमारके वार्तालापका एक सुन्दर प्रसङ्ग आता है। इसमें भगवान् श्रीकृष्णने अपनेको प्राकृत बतलानेकी चेष्टा की है और सनत्कुमारने उनके प्रश्नोंके उत्तरमें उनकी भगवत्ता सिद्ध की है, उनके शरीरको साक्षात् चिदानन्दमय भगवद्देह बतलाया है और 'वासुदेव' नामका बड़ा ही विलक्षण अर्थ किया है। प्रसङ्ग इस प्रकार है—

एक बार ब्रह्मतेजसे उद्भासित सैकड़ों बड़े-बड़े ऋषि-मुनीश्वर भगवान् श्रीकृष्णके दर्शनके लिये आये थे। फिर उस मुनि-सभामें परम तेजःपुञ्ज सर्वाङ्गसुन्दर पाँच वर्षके नग्न बालकके रूपमें श्रीसनत्कुमारजी पधारे। उन्होंने आकर मुनियोंसे कुशल-प्रश्न करके कहा कि 'श्रीकृष्णसे तो कुशल पूछना व्यर्थ है। ये स्वयं ही समस्त कल्याणके बीज हैं। अथवा इस समय इन परमात्मा श्रीकृष्णका दर्शन ही आपलोगोंके लिये कुशल है; प्रकृतिसे अतीत, निर्गुण, निरीह, सर्वबीज और तेजःस्वरूप ये भगवान् भक्तोंके अनुरोधसे ही पृथ्वीका भार उतारनेके लिये अवतरित हुए हैं।' इसपर भगवान् श्रीकृष्णने उनसे कहा—'विप्रवर! जब शरीरधारी-मात्रके लिये कुशल-प्रश्न अभीप्सित है, तब एक मैं ही कुशल-प्रश्नका पात्र क्यों नहीं हूँ?'

शरीरधारिणश्चापि कुशलप्रश्नमीप्सितम्।
तत्कथं कुशलप्रश्नं मयि विप्र न विद्यते॥

सनत्कुमारजीने उत्तर दिया—'प्रभो! शुभ-अशुभ सब प्राकृत शरीरमें ही हुआ करते हैं; जो शरीर नित्य है और सारे कुशलोंका बीज है, उसके लिये कुशल-प्रश्न निरर्थक ही है।'

शरीरे प्राकृते नाथ संततं च शुभाशुभम्।
नित्यदेहे क्षेमबीजे शिवप्रश्नमनर्थकम्॥

तब भगवान् बोले—'विप्रवर! शरीरधारीमात्र ही प्राकृतिक माने जाते हैं; क्योंकि नित्या प्रकृतिके बिना शरीर होता ही नहीं।'

यो यो विग्रहधारी च स स प्राकृतिकः स्मृतः।
देहो न विद्यते विप्र तां नित्यां प्रकृतिं विना॥

इसके उत्तरमें सनत्कुमारजीने कहा—'प्रभो! जो देह रज-वीर्यके द्वारा उत्पन्न होते हैं, वे ही प्राकृतिक माने जाते हैं। आप तो स्वयं सबके आदि हैं, सबके बीज—कारण हैं और प्रकृतिके नाथ हैं, स्वयं भगवान् हैं। आपका देह प्राकृतिक कैसे हो सकता है? आप वेदवर्णित समस्त अवतारोंके निधान, सबके अविनाशी बीज, नित्य सनातन, स्वयं ज्योतिःस्वरूप परमात्मा परमेश्वर हैं।'

रक्तबिन्दूद्भवा देहास्ते च प्राकृतिकाः स्मृताः।
कथं प्रकृतिनाथस्य बीजस्य प्राकृतं वपुः॥
सर्वबीजश्च सर्वादिर्भवांश्च भगवान् स्वयम्।
सर्वेषामवताराणां निधानं बीजमव्ययम्॥
कृत्वा वदन्ति वेदाश्च नित्यं नित्यं सनातनम्।
ज्योतिःस्वरूपं परमं परमात्मानमीश्वरम्॥

इसपर श्रीकृष्णने पुनः कहा—'विप्रवर! इस समय मैं वसुदेवका पुत्र हूँ, अतएव मेरा शरीर रजोवीर्याश्रित ही है; फिर मैं प्राकृतिक और कुशल-प्रश्नका पात्र नहीं हूँ?'

साम्प्रतं वासुदेवोऽहं रक्तवीर्याश्रितं वपुः।
कथं न प्राकृतो विप्र शिवप्रश्नमभीप्सितम्॥

****

'वासुदेव' शब्दका अर्थ

इसपर अन्तमें सनत्कुमारजी बोले—'नाथ! ('वासुदेव' शब्दका अर्थ दूसरा है—) 'वासु'का अर्थ है—जिसके लोमकूपोंमें अनन्त विश्व स्थित हैं, वे सर्व-निवास महान् विराट् पुरुष; और उनके जो 'देव' हैं—स्वामी हैं, वे हैं आप स्वयं परमब्रह्म 'वासुदेव'। इसी 'वासुदेव' नामका चारों वेद, पुराण, इतिहास, आख्यान आदि वर्णन करते हैं। आपका शरीर रज-वीर्यसे बना है, यह किस वेदमें निरूपित है ? ये सब मुनिगण यहाँ साक्षी हैं, धर्म भी सर्वसाक्षी हैं और वेद तथा चन्द्र-सूर्य भी मेरे साक्षी हैं (आप सच्चिदानन्दमयशरीर हैं)।'

वासुः सर्वनिवासश्च विश्वानि यस्य लोमसु।
तस्य देवः परं ब्रह्म वासुदेव इतीरितः॥
वासुदेवेति तन्नाम वेदेषु च चतुष्षु च।
पुराणेष्वितिहासेषु वार्तादिषु च दृश्यते॥
रक्तवीर्याश्रितो देहः क्व ते वेदे निरूपितः।
साक्षिणो मुनयश्चात्र धर्मः सर्वत्र एव च॥
साक्षिणो मम वेदाश्च रविचन्द्रौ च साम्प्रतम्॥

(ब्रह्मवैवर्त॰ श्रीकृष्ण-जन्म-खण्ड, अ॰ ८७)

इन्हीं साक्षात् स्वयं-भगवान् श्रीकृष्णने द्वापर युगके अन्तमें भारतमें अवतीर्ण होकर इस धराको धन्य किया था।

अब इनकी प्राकट्य-लीलाका पवित्र स्मरण करें।

श्रीकृष्णका प्राकट्य

मङ्गलमय भाद्रपदके कृष्ण पक्षकी अष्टमी है, मध्य रात्रिका समय है, सब ओर घोर अन्धकारका साम्राज्य है; परंतु अकस्मात् समस्त प्रकृति उल्लाससे भरकर उत्सवमयी बन जाती है, सारी प्रकृति अपने परमाश्रय परमदेवका स्वागत करनेके लिये सज-धजकर समुत्सुक हो उठती है। सब दिशाएँ प्रसन्न हो गयीं, नदियोंका जल निर्मल हो गया, सरोवरोंमें रात्रिको ही कमल खिल उठे, वृक्षोंकी शाखाएँ पुष्प-फलोंसे लद गयीं, साधुओंका मन आनन्दोन्मत्त हो गया, निर्मल-मन्द-सुगन्ध मलय-समीर

बहने लगा, देवताओंके बाजे स्वयं ही बज उठे, गन्धर्व-किंनर नाचने-गाने लगे और सिद्ध-चारण सब स्तवन करने लगे। क्रूर कंसका कारागार एक विलक्षण ज्योतिसे जगमगा उठा। महामहिम श्रीवसुदेवजीको अनन्त सूर्य-चन्द्रमाओंके सदृश एक प्रचण्ड-शीतल प्रकाश दिखायी दिया और उसमें दीख पड़ा शङ्ख-चक्र-गदा-पद्मसे सुशोभित, चतुर्भुज, विशालनयन, वक्षःस्थलपर भृगुलता, श्रीवत्स और रत्नहार धारण किये, विविध भूषणोंसे विभूषित, किरीट-मुकुट-कुण्डलधारी, जिसके अङ्ग-अङ्गसे सौन्दर्य-माधुर्य-ऐश्वर्यकी रसमयी त्रिवेणी बह रही है—ऐसा एक चमत्कारपूर्ण अद्भुत बालक।

वसुदेव-देवकीने स्तुति की, भगवान् श्रीकृष्णने उनको अभय-आश्वासन देकर अपने पूर्व-अवतारोंके सम्बन्धकी तथा वरदानकी बातका स्मरण कराया। तब देवकीने उनसे कहा, मैं कंसके भयसे अधीर हो रही हूँ—'**कंसादहमधीरधीः।**' श्रीभगवान्ने कहा—'यदि ऐसी बात है तो मुझे तुरंत गोकुलमें पहुँचा दो और यशोदाके गर्भसे प्रकट हुई महामायाको ले आओ।'

इतना कहकर भगवान् तुरंत शिशुरूप हो गये। भगवान्के शङ्ख-चक्र-गदा-पद्मधारी ऐश्वर्यरूपको देखकर भी वसुदेव-देवकी—भगवान्की लीलाशक्तिकी प्रेरणासे वात्सल्य-रसका आविर्भाव होनेपर—डर गये और शिशुको हृदयसे लगाकर ले जानेका विचार करने लगे। पर जायँ कैसे? हाथोंमें हथकड़ी है, पैरोंमें बेड़ी है, लोहेका मजबूत दरवाजा बंद है, बाहर शस्त्रधारी प्रहरी हैं; इससे वे अत्यन्त विषादग्रस्त होकर मन-ही-मन भगवान्के शरणापन्न हो गये। बस, तुरंत हाथोंकी हथकड़ी, पैरोंकी बेड़ी खुल गयी और विशाल लौह-कपाट भी अपने-आप ही खुल गये। यह सब भगवान्की अघटन-घटनापटीयसी मायाशक्तिसे हो गया, ऐसा नहीं मानना चाहिये। श्रीकृष्णको हृदयपर रखते ही सारे बन्धन अपने-आप कट जाते हैं। फिर बन्धन-मुक्तिके लिये कोई प्रयास नहीं करना पड़ता। इसके विपरीत जबतक श्रीकृष्णको हृदयपर नहीं रखा जाता, तबतक हजार-लाख प्रयास करनेपर भी बन्धन नहीं खुलता। मायाकी साँकलोंसे हाथ-पैर और गलेसे बँधा हुआ बहिर्मुख जीव कामना-वासनाके बंद दृढ़ लौह-कपाटोंके अंदर संसारके कारागारमें पड़ा रहता है।

****

काम-क्रोधादि शत्रु सदा उस कैदखानेपर पहरा लगाये रहते हैं। अतएव वह जीव किसी प्रकार भी कैदसे नहीं छूट सकता। पर जब वसुदेवजीकी भाँति वह श्रीकृष्णको छातीसे चिपकाकर व्रजकी राहपर चल देता है, तब माया-मोहकी सारी हथकड़ी-बेड़ी खुल जाती हैं, काम-क्रोधादि पहरेदार सो जाते हैं, कामना-वासनाके कपाट खुल जाते हैं—बिना ही प्रयास संसार-बन्धनसे उसे मुक्ति मिल जाती है। भगवान् वसुदेवजीकी गोदमें आकर जगत्‌को इस बातका संकेत कर रहे हैं।

गोकुलके लिये प्रस्थान

वसुदेवजी कारागारसे निकलकर धीरे-धीरे बाहर सड़कपर आ गये। श्रीकृष्ण अप्राकृत परमानन्दघनविग्रह हैं, अतः उन्हें हृदयपर रखकर चलनेवाले वसुदेवको किसी कष्टका तो अनुभव हुआ ही नहीं, वरं पद-पदपर वे आनन्दसिन्धुमें अवगाहन करने लगे। बहिर्मुख जीव अभिमानका भार उठाकर संसार-पथपर चलता हुआ पद-पदपर दुःखभोग करता है। इस दुःखसे छूटना हो तो भाग्यवान् वसुदेवकी भाँति श्रीकृष्णको हृदयमें लेकर उनकी लीलाभूमि व्रजकी ओर चल देना चाहिये।

वसुदेवजी इधर-उधर चारों ओर भयभरी दृष्टि डालते हुए धीरे-धीरे चुपचाप व्रजकी ओर बढ़ रहे हैं। इसी समय देवराज इन्द्रके आदेशसे आकाशमें काले-काले बादल उमड़ आये, धीरे-धीरे गरजने लगे, बीच-बीचमें बिजली चमकने लगी और लगातार वर्षा होने लगी। इन्द्रने विचार किया कि 'मूसलधार वर्षा होनेसे मथुरावासी कोई भी घरसे बाहर नहीं निकलेंगे, अतएव वसुदेवजीके जानेका किसीको पता नहीं लगेगा। बीच-बीचमें बिजलीका प्रकाश होते रहनेसे अँधेरेमें वसुदेवको आगे बढ़नेमें भी कोई कष्ट नहीं होगा।' श्रीकृष्णको हृदयमें रखकर अन्धकारमय मार्गमें चल पड़नेपर भी मनुष्य पथभ्रष्ट नहीं हो सकता। इसीलिये बिजली आज बार-बार हँस-हँसकर वसुदेवजीको पथ बतला रही है। वसुदेवजी चुपचाप परंतु शीघ्रतासे आगे बढ़े जा रहे हैं।

आकाशमें मेघोंके आते ही भगवान् अनन्तदेव श्रीकृष्णकी सेवाका सुअवसर जानकर वहाँ आ गये और अपने हजार फनोंको फैलाकर वसुदेवजीके सारे अङ्गोंपर छाया किये उनके पीछे-पीछे चलने लगे।

****

अनन्तदेव श्रीसंकर्षण श्रीकृष्णका ही दूसरा रूप हैं; परंतु अनादिसिद्ध दास्यभावके कारण वे विभिन्न रूपोंमें सदा श्रीकृष्णकी सेवा ही करते रहते हैं। श्रीकृष्णके स्वरूपानन्दकी अपेक्षा सेवानन्दका ही माधुर्य अधिक है, अतएव स्वयं श्रीकृष्णतक इस आनन्दका आस्वादन करनेके लोभसे दासाभिमानी अपने ही रूपसे अपनी सेवा करते हैं।

शय्यासनपरीधानपादुकाच्छत्रचामरैः ।
किं नाभूस्तस्य कृष्णस्य मूर्तिभेदैस्तु मूर्तिषु ॥

—ब्रह्माण्डपुराणके इस वचनके अनुसार संकर्षण श्रीशेषजी शय्या, आसन, वस्त्र, पादुका, छत्र, चँवर आदि नाना मूर्तियाँ धारण करके अखिलरसामृतमूर्ति श्रीगोविन्दकी सेवा किया करते हैं। शेषजी फनोंकी छाया किये चलते हैं, इस बातका वसुदेवजीको पता भी नहीं है।

वसुदेवजी यमुनातटपर पहुँच गये। पर उन्होंने देखा—यमुनामें मानो भयानक तूफान आ गया है। बड़ी ऊँची-ऊँची पहाड़-जैसी तरङ्गें उठ रही हैं; सैकड़ों, हजारों बड़े-बड़े भँवर पड़ रहे हैं। वसुदेवजी यमुनाका यह भीषण रूप देखकर चकित और भयभीत हो रहे हैं। सोचते हैं—रात बीत रही है, पार जाकर लौट न सका तो पता नहीं सबेरे कंस जागते ही क्या अनर्थ कर डालेगा। वे यमुनाके तीरपर असीम अनन्त भवसागरसे तुरंत पार कर देनेवाले श्रीहरिको गोदमें लिये हुए ही उस पार पहुँचनेकी चिन्ता कर रहे हैं। यह वात्सल्य-रसकी अनिर्वचनीय महिमा है। फिर भगवान्‌की शैशव-माधुरी भी विलक्षण चमत्कारी वस्तु है। भुक्ति-मुक्ति-सिद्धिकी स्पृहा, ऐश्वर्यज्ञान, तत्त्वानुसंधान—कुछ भी क्यों न हो, दिव्य वात्सल्य-रस और शैशव-माधुरी-रसके सुधा-स्रोतमें सब तुरंत बह ही जाते हैं।

वसुदेवजी श्रीकृष्णको गोदमें लिये यमुनातटपर खड़े व्याकुल चित्तसे चिन्ता कर रहे हैं। उधर यमुनाजी श्रीकृष्णके चरण-स्पर्शकी कामनासे व्याकुल हैं और धैर्य छोड़कर अस्तव्यस्त तरङ्गोंके द्वारा बढ़ी चली आ रही हैं। यमुनाका ताण्डव-नृत्य हो रहा है और वे उछल-उछलकर अपने परम प्रेमास्पद प्रभुके अरुण चरणोंका स्पर्श पानेके लिये बारंबार मस्तकको ऊँचा उठाये जा रही हैं। वसुदेवजीने व्याकुल होकर

चारों ओर देखा—अगाध जल है और जलराशिके पहाड़-के-पहाड़ उछल रहे हैं। भगवान्‌ने पिता वसुदेवजीकी व्याकुलता देखकर धीरेसे सहसा यमुनाके मस्तकको अपने चरणकमलोंका स्पर्श-सुख प्रदान कर दिया। यमुना निहाल होकर झुकने लगीं, मानो दण्डवत् कर रही हैं। वसुदेवजीने चकित दृष्टिसे देखा—सामनेका जल घट रहा है। वे कुछ और आगे बढ़े, जल और भी कम मिला। श्रीकृष्ण-चरण-स्पर्शकी अपार तृष्णा लिये जो यमुना अपनी उत्ताल तरङ्ग-भङ्गिमाओंसे ताण्डव नृत्य करती हुई बढ़ी चली जा रही थीं, श्रीकृष्ण-चरणका स्पर्श पाते ही उनकी बाढ़ तुरंत रुक गयी, तरङ्गें क्रमशः थम गयीं, बहावका वेग रुक गया, यमुना निश्चल—निस्तरङ्ग हो गयीं। यमुनाका वह भीषण तूफान वस्तुतः तूफान नहीं था, वह था श्रीकृष्ण-चरण-स्पर्शकी उत्कट लालसासे सहज ही होनेवाला यमुनाका ताण्डव नृत्य। अब वसुदेवजी अनायास ही पार हो गये।

पर किस रास्तेसे जाकर वे तुरंत नन्दघरमें पहुँचें ? यमुनाके निर्जन तटपर इस निस्तब्ध निशामें उन्हें कौन मार्ग बताये? वसुदेवजी श्रीकृष्णको गोदमें लिये किसी तरह धीरे-धीरे आगे बढ़ने लगे। उनके पीछेसे यमुनाजी मन-ही-मन मृदु-मृदु कलकल निनादके द्वारा कहने लगीं—'जाओ वसुदेव ! याद रखो—श्रीकृष्णका भक्त कभी पथ-भ्रष्ट नहीं होता, मार्ग नहीं भूलता; वह जिस ओर चलने लगता है, उसी ओर उसके लिये मार्ग बन जाता है। वसुदेव! तुम्हें मार्ग खोजना नहीं पड़ेगा, मार्ग स्वयं ही तुम्हें खोज लेगा। वह पथ ही तुम्हारा पथ-प्रदर्शक बनकर तुम्हें नन्दालयमें ले जायगा। तुमने श्रीकृष्णको गोदमें जो ले रखा है। फिर चिन्ता क्यों कर रहे हो?'

श्रीवसुदेवजी सीधे नन्दमहलमें पहुँच गये। देखा, सभी सो रहे हैं। वे सहज ही सूतिकागृहमें जा पहुँचे और शिशु श्रीकृष्णको यशोदाके पास सुलाकर यशोदाकी सद्यःप्रसूता कन्याको लेकर मथुराके कारागारमें लौट आये। उनके लौटते ही पूर्ववत् सब कुछ ज्यों-का-त्यों हो गया। यशोदाको यह भी पता नहीं लगा कि उनके पुत्रका जन्म हुआ या कन्याका। शिशुरूप श्रीकृष्णके लीलासे रोनेपर ही यशोदा जागीं, तब उन्हें पता लगा कि उनके नील कमलदलके सदृश श्यामवर्ण पुत्र हुआ है।

ददृशे च प्रबुद्धा सा यशोदा जातमात्मजम्।
नीलोत्पलदलश्यामं ततोऽत्यर्थं मुदं ययौ ॥

(विष्णुपुराण)

श्रीकृष्णका दो रूपोंमें देवकी और यशोदाके गर्भसे प्राकट्य

कुछ व्रजप्रेमी विद्वानोंकी ऐसी मान्यता है कि श्रीभगवान् ऐश्वर्य और माधुर्यके भेदसे 'श्रीवासुदेव' और 'श्रीगोविन्द'—इन दो स्वरूपोंमें एक ही साथ देवकी और यशोदा दोनों माताओंसे आविर्भूत हुए थे। इस सम्बन्धमें हरिवंशकी किसी-किसी प्रतिमें यह एक श्लोक मिलता है—

गर्भकाले त्वसम्पूर्णे अष्टमे मासि ते स्त्रियौ।
देवकी च यशोदा च सुषुवाते समं तदा ॥

'असम्पूर्ण गर्भकालके आठवें महीनेमें देवकी और यशोदा दोनोंने ही एक ही समय श्रीकृष्णको प्रकट किया था।' यशोदाजीके श्रीकृष्णके बाद ही योगमाया प्रकट हुई थीं। अतएव कालभेदसे यशोदाके दो बालकोंका—श्रीकृष्ण और योगमायाका प्रकट होना सिद्ध होता है। श्रीदेवकीके श्रीकृष्ण वासुदेवस्वरूप ऐश्वर्यमय शङ्ख-चक्र-गदा-पद्मधारी चतुर्भुज थे और श्रीयशोदाके श्रीकृष्ण माधुर्यमय द्विभुज नराकृति परब्रह्म थे। वसुदेवजी जब वासुदेवस्वरूप भगवान्को यशोदाके पास लेकर आये, तब वह वासुदेवस्वरूप उसी क्षण श्रीगोविन्दस्वरूपमें लीन हो गया। दोका एक स्वरूप हो गया, ऐश्वर्य माधुर्यके महासमुद्रमें निमग्न हो गया। इसके पश्चात् वसुदेवजी यशोदाकी उस योगमायाकी अंशरूपा कन्याको लेकर मथुराके कारागारमें लौट आये।

श्रीमद्भागवतके इस श्लोकार्धसे भी यह एक समय दो जगह अलग-अलग प्रकट होनेकी बात सिद्ध की जाती है—

नन्दस्त्वात्मज उत्पन्ने जाताह्लादो महामनाः

'श्रीनन्दजीके आत्मज (पुत्र) उत्पन्न होनेपर उन महामनाको परम आह्लाद हुआ।' ये वचन शुकदेवजीके हैं। यदि नन्दजीके श्रीकृष्ण न प्रकट होते तो शुकदेवजी

****

'आत्मजे उत्पन्ने'—'पुत्र उत्पन्न हुआ' क्यों कहते ? **'स्वात्मजं मत्वा'** —'नन्दजीने अपना पुत्र मानकर परम आह्लाद प्राप्त किया' ऐसा कह देते। वस्तुतः क्या बात है, पता नहीं; पर सर्वसमर्थ, कर्तुमकर्तुमन्यथाकर्तुं समर्थ भगवान्‌के लिये एक ही साथ दो जगह प्रकट होनेमें कहीं कुछ भी आश्चर्यकी बात नहीं है।

जो कुछ भी हो, भगवान्‌की परम मधुरतम शिशुलीलाका दिव्य दुर्लभ आनन्द तो श्रीयशोदा मैया, नन्द बाबा और व्रजवासी ग्वालवालों तथा भाग्यवती व्रजाङ्गनाओंको प्राप्त होता है।

तदनन्तर वे मूर्तिमान् आनन्द-ज्योति श्रीगोविन्द माता यशोदाकी गोदमें शोभा पाने लगे। मानो चिदानन्द-सरोवरमें ऐसे एक नीलकमलका विकास हुआ, जिसकी सुगन्ध अबतक भ्रमरोंको कभी सूँघनेको नहीं मिली थी, जिसकी सुगन्धको पवन कभी भी हरण करके नहीं ले जा पाया था, जिसको कभी कोई तरंग-कण स्पर्श नहीं कर पाया था और जिसको इससे पहले किसीने भी नहीं देखा था। ऐसे अनाघ्रात, अनपहृत, अनुपहत और अदृष्ट नील-कमल-सदृश श्रीकृष्ण हैं। अर्थात् इससे पूर्वके भ्रमररूप भक्तोंने ऐश्वर्यमय नारायण आदि रूपोंका आस्वादन प्राप्त किया था, इनका नहीं; अतएव ये अनाघ्रात हैं। इससे पूर्वके पवनरूप महाकवियोंने श्रीनारायणादि ऐश्वर्यरूपोंका गुणगान किया था, इनका नहीं; अतएव ये अनपहृत हैं। प्राकृत कमल जैसे जलमें उत्पन्न होता है, वैसे यह कमल जलमें यानी प्रपञ्च-जगत्‌में नहीं अवतीर्ण हुआ है। जलमें उत्पन्न कमलको तरङ्गोंके थपेड़े लगते हैं, पर तरंगरूप प्रपञ्चान्तर्गत गुण इनको कभी छूतक नहीं गये हैं; इससे ये अनुपहत हैं और ऐश्वर्यमय या ऐश्वर्य-माधुर्य-मिश्रित रूप पहले देखे गये हैं, पर यशोदोत्सङ्गविहारी इन नीलश्यामको अबतक किसीने नहीं देखा है; इसलिये ये अदृष्ट हैं।

इसका दूसरा भाव यह भी परम सत्य है कि श्रीभगवान्‌का यह मधुरतम स्वरूप ऐसा विलक्षण है कि इसमें क्षण-क्षण नये-नये सौन्दर्यमाधुर्यादि रसोंका, प्रतिक्षण नये-नये लीलाभावोंका विकास-उल्लास होता रहता है। इसलिये प्रेमी भक्त प्रतिक्षण ही इनके प्रत्येक भावको अभूतपूर्व ही अनुभव करते हैं—इनका प्रत्येक भाव नित्य नवीन, सदा अनास्वादित ही दीखता है।

अनाघ्रातं भृङ्गैरनपहृतसौगन्ध्यमनिलै-
रनुत्पन्नं नीरेष्वनुपहतमूर्मीकणभरैः।
अदृष्टं केनापि क्वचन च चिदानन्दसरसो
यशोदायाः क्रोडे कुवलयमिवौजस्तदभवत्॥

श्रीकृष्णावतारके प्रयोजन

परात्पर ब्रह्मके इस दिव्य अवतारके प्रधान हेतु बतलाते हुए कहा गया है—

आत्मारामान् मधुरचरितैर्भक्तियोगे विधास्यन्
नानालीलारसरचनयाऽऽनन्दयिष्यन् स्वभक्तान्।
दैत्यानीकैर्भुवमतिभरां वीतभारां करिष्यन्
मूर्तानन्दो व्रजपतिगृहे जातवत् प्रादुरासीत्॥

(श्रीआनन्दवृन्दावनचम्पू)

श्रीभगवान्‌के इस प्रकारके अवतार-ग्रहणके तीन प्रधान कारण हैं— (१) अपने मधुर लीलाचरितोंके द्वारा आत्माराम मुनियोंको प्रेमभक्तियोगमें लगाना, (२) विविध लीलारसोंकी रचनाके द्वारा अपने प्रेमी भक्तोंको आनन्दित करना, उनके विशुद्ध प्रेमरसास्वादनके द्वारा सुखी होकर उन्हें प्रेमरसास्वादन कराकर सुखी करना और (३) दुर्दान्त दैत्योंके भीषण भारसे अत्यन्त दबी हुई पृथ्वीका भार उतारना। इन्हीं तीन मुख्य प्रयोजनोंसे आनन्दस्वरूप भगवान् श्रीकृष्ण व्रजनरेश नन्दबाबाके घरमें जन्म लेनेकी भाँति प्रकट हुए।

भगवान् श्रीकृष्णने अपनी लीलामें इन तीनों ही प्रयोजनोंको भलीभाँति सम्पन्न किया। भगवान्‌ने मधुर व्रजलीलामें वात्सल्य-सख्य-मधुर आदि विभिन्न रसवाले प्रेमीजनोंको दिव्य प्रेम-रस-सुधाका आस्वादन कराया और किया। यहाँ बीच-बीचमें ऐश्वर्यभावका ग्रहण करके दैत्योंके प्राण हरणकर उन्हें मुक्ति प्रदान की। मथुरा और द्वारकाकी लीलामें माधुर्य-रसकी अपेक्षा ऐश्वर्यका तथा प्रेमकी अपेक्षा निष्काम कर्म और ज्ञानका परम विशुद्ध अमृत अधिक वितरण किया। बड़े-बड़े ऋषि-मुनि, ज्ञानी अमलात्मा परमहंस महात्माओंको आकर्षित करके अपनी विशुद्ध भक्तिमें नियुक्त किया।

श्रीकृष्णचरितमें पूर्ण भगवत्ता और पूर्ण मानवताका सम्मेलन

यह तो हुई स्वयं-भगवान्‌के तत्त्व, महत्त्व और नित्य रस-माधुरीकी बात। पर यों भगवान् श्रीकृष्णके विलक्षण लीलाचरितमें पूर्ण भगवत्ता और पूर्ण मानवताका एक ही साथ परमाश्चर्यमय सम्मेलन है। वे पूर्णतम भगवान् हैं और पूर्णतम मानव हैं। उनके चरित्रमें जहाँ एक ओर भगवत्ताका अशेष-वैचित्र्यमय लीलाविलास है, दूसरी ओर वैसे ही मानवताका परम और चरम उत्कर्ष है। अनन्त ऐश्वर्यके साथ अनन्त माधुर्य, अप्रतिम अनन्त शौर्य-वीर्यके साथ मुनि-मन-मोहन नित्यनव निरुपम सौन्दर्य, वज्रवत् न्याय-कठोरताके साथ कुसुमवत् प्रेम-कोमलता, नव-नवराज्यनिर्माण-कौशलके साथ स्वयं राज्यग्रहणमें सर्वथा उदासीनता, अनवरत कर्मप्रवणताके साथ सहज पूर्ण वैराग्य और उदासीनता, परम राजनीति-निपुणताके साथ पूर्ण आध्यात्मिकता, सम्पूर्ण विषमताके साथ नित्य समता, सर्वपूज्यताके साथ सेवापरायणता—यों अनन्त युगपत् आपातविरोधी भावोंका पूर्ण और सहज समन्वय श्रीकृष्णके जीवनमें प्रत्यक्ष प्रकट है।

श्रीकृष्ण सब ओरसे पूर्ण हैं

साथ ही जो लोग भगवान् श्रीकृष्णको भगवान् न मानकर योगेश्वर, आदर्श महापुरुष, उच्चश्रेणीके निष्काम कर्मयोगी मानते हैं, उनके लिये भी भगवान् श्रीकृष्णने अपने आदर्श जीवनमें जो कुछ दिया है, वह इतना महान् इतना विशाल, इतना उदार, इतना आदर्श, इतना अनुकरणीय है कि उसकी कहीं तुलना नहीं है। हम उनको प्रत्येक क्षेत्रमें सर्वथा सर्वोच्च आसनपर आसीन पाते हैं। अध्यात्म, धर्म, राजनीति, रण-कौशल, विज्ञान, कला, संगीत, नेतृत्व, सेवा, पारिवारिक जीवन, समाज-सुधार—कहीं भी देखिये, वे सर्वत्र सदा सबके लिये आदर्श, दिव्य आशाका निश्चित संदेश लिये, सफलता, कुशलता और अनुभूतिसे पूर्ण आचार्य-पदपर प्रतिष्ठित हैं और स्वयं पथप्रदर्शक बनकर—स्वयं ही सुदृढ़ नौकाके केवट बनकर सबको सब प्रकारकी असुविधाओं और बन्धनोंके अगाध समुद्रसे सहज पार कर देनेके लिये नित्य प्रस्तुत हैं।

आज हम इस मङ्गलमयी उनकी जन्मतिथिके मङ्गल दिवसपर उनके चरण-शरण होकर अपना जन्म-जीवन सफल और धन्य करें।

नव-नीरद-नीलाभ कृष्ण तन परम मनोहर।
त्रिभुवनमोहन रूपराशि रमणीय सुभग वर॥
कस्तूरी-केसर-चन्दन-द्रव-चर्चित अनुपम।
अङ्ग सकल सच्चिन्मय, सुषमामय, सुन्दरतम॥
कीर-चञ्चु-निन्दक निरुपम नासा मणि राजत।
कुञ्चित केश-कलाप कृष्ण लख अलि-कुल लाजत॥
सिर चूड़ा, शिखिपिच्छ, मुकुट मणिमय अत्युज्ज्वल।
कर्ण-युगल कमनीय कर्णिका कुण्डल झलमल॥
कुटिल भ्रुकुटि, दृग-युगल विशद विकसित अम्बुजजम।
रुचिर भङ्गिमा, ललित त्रिभङ्गी, मध्यम बंकिम॥
पीत वसन तडिताभ, दशन द्युतिमय, अरुणाधर।
मुख प्रसन्न, मुसकान मधुर, मुरलिका मधुर कर॥
भक्त-भक्त नित सेवक-भक्तानुग्रह-कातर।
प्रेम-रसिक रस-प्रेम-सुधा-आस्वादन-तत्पर॥
व्रज-प्रिय व्रज-जन-सखा-स्वामि-सेवक तन-मन-धन।
नन्द-यशोदा-तनय बाल-व्रजरमणी-जीवन॥
भगवत्ता, सत्ता, ईश्वरता सारी तजकर।
व्रज-जन-सुख-हित हेतु द्विभुज निज-इच्छा-वपुधर॥
भाद्र-अष्टमी, कृष्ण पक्ष, बुधवार अनुत्तम।
शुभ रोहिणि नक्षत्र, मध्य-रजनी मङ्गलतम॥
हुए प्रकट श्रीनन्द-यशोदाके प्रिय सुत बन।
निज-स्वरूप-वितरण हित बनकर सबके निजजन॥

बोलो नन्द-यशोदानन्दन भगवान् श्रीकृष्णकी जय!

——::×::——

भगवान् श्रीकृष्णका प्राकट्य और उनके आदर्श मधुर चरित्रका स्मरण

(सं० २०२० वि० के जन्माष्टमी-महोत्सवपर प्रवचन)

भगवान् श्रीकृष्णके प्रति नमस्कार

अंशांशकांशकलाद्यवतारवृन्दे-
रावेशपूर्णसहितैश्च परस्य यस्य।
सर्गादयः किल भवन्ति तमेव कृष्णं
पूर्णात् परं तु परिपूर्णतमं नताः स्मः॥
मन्वन्तरेषु च युगेषु गतागतेषु
कल्पेषु चांशकलया स्ववपुर्बिभर्षि।
अद्यैव धाम परिपूर्णतमं तनोषि
धर्मं विधाय भुवि मङ्गलमातनोषि॥
यद् दुर्लभं विशदयोगिभिरप्यगम्यं
गम्यं द्रवद्भिरमलाशयभक्तियोगैः।
आनन्दकंद चरतस्तव मन्दयानं
पादारविन्दमकरन्दरजो दधामः॥
पूर्वं तथात्र कमनीयवपुष्मयं त्वां
कंदर्पकोटिशतमोहनमद्भुतं च।
गोलोकधामधिषणद्युतिमादधानं
राधापतिं धरमधुर्यधनं दधानम्॥

जिस परम पुरुषके अंश, अंशांश, कला, आवेश और पूर्ण आदि अवतारोंसे सृष्टि-संहारादि लीलाकार्य सम्पन्न होते हैं, उन पूर्णसे भी परे परिपूर्णतम श्रीकृष्णको हम नमस्कार करते हैं।

जो अतीत और अनागत मन्वन्तर, युग और कल्पोंमें श्रीबलरामजीके रूपमें अपनी अंशकलाके साथ दिव्य विग्रह धारण करते हैं, सम्प्रति भी आप अपने

परिपूर्ण तेजका विस्तार कर रहे हैं, तथा धर्मकी स्थापना करके पृथ्वीपर विविध प्रकारसे मङ्गलका प्रसार किया करते हैं। जो उत्तम योगिगणोंके लिये भी दुर्लभ और एकमात्र सरल शुद्धाशय द्रवितचित्त भक्तियोगियोंके द्वारा ही गम्य है, हे आनन्दकंद! आपके मन्द-मन्द विचरणशील पदारविन्दके उस मकरन्द-रजको हम अपने हृदयमें धारण करते हैं। आप पहलेसे ही परम कमनीय कलेवरको धारण किये हुए हैं और यहाँ इस अवतारमें भी उसी कमनीय रूपसे आप सुशोभित होंगे। आपका रूप शतकोटि कामदेवोंको भी मोहित करनेवाला और परम अद्‌भुत है। आप गोलोकधाममें धारण की हुई दीप्तिराशिको यहाँ भी धारण करेंगे। सर्वोत्कृष्ट धर्मधनके धारयिता आप श्रीराधावल्लभको हम प्रणाम करते हैं।

अवतारका स्वरूप और कारण

वैवस्वत-मन्वन्तरीय अट्ठाईसवें चतुर्युगके द्वापरके अन्तमें भाद्रमासकी मङ्गलमयी कृष्णाष्टमीके दिन इस पृथ्वी-मण्डलको श्रीकृष्णके प्राकट्यका परम सौभाग्य मिला था। आज वही श्रीकृष्णजन्माष्टमीका परम पावन महान् महोत्सव-पर्व है। यह स्वयं-भगवान् श्रीकृष्णका समग्र-रूपमें पृथ्वीपर अवतरण है। भगवान्‌के स्वरूप-तत्त्वकी महिमा और व्याख्या न तो आजतक कोई कर सका है न आगे कोई कर ही सकेगा। स्वयं भगवान्‌के और भगवत्प्रेमी महानुभावोंके सांकेतिक शब्दोंके आधारपर उनकी सहज करुणामयी प्रेरणासे ही अपने जीवनको धन्य करनेके लिये भगवान्‌के महत्तत्त्वका किंचित् स्मरण कर लिया जाता है। भगवान् नित्य-सत्य-सच्चिदानन्दघन-मङ्गल-विग्रह हैं, नित्य सर्वातीत और सर्वमय हैं, सर्वगुणातीत और अचिन्त्यानन्त-सद्‌गुण-स्वरूप हैं। उनके अचिन्त्यानन्त सौन्दर्य-माधुर्य-ऐश्वर्य नित्य नवायमान हैं। वे नित्य अजन्मा रहते हुए ही जन्म-लीला करते हैं, नित्य अविनाशी होते हुए ही अन्तर्धान होते हैं और नित्य सर्वभूतमहेश्वर होते हुए ही छोटे-से पराधीन शिशु बनकर मधुर शिशु-लीला करते हैं। इसी अपने अचिन्त्यानन्त-युगपद्-विरुद्ध-धर्माश्रयी स्वरूपका संकेत भगवान्‌ने भगवद्गीताके चतुर्थ अध्यायके छठे श्लोकमें किया है—

अजोऽपि सन्नव्ययात्मा भूतानामीश्वरोऽपि सन्।
प्रकृतिं स्वामधिष्ठाय सम्भवाम्यात्ममायया॥

(गीता ४। ६)

मैं अजन्मा, अव्ययात्मा और समस्त भूतोंका ईश्वर रहते हुए ही अपनी प्रकृति **(स्वां प्रकृतिम्)** में अधिष्ठित रहकर, अपनी माया (आत्ममाया) से प्रकट होता हूँ।

भगवान्‌की तीन प्रकृतियाँ हैं—(१) जगद्रूप अष्टधा 'अपरा प्रकृति', (२) जीवभूत चेतन 'परा प्रकृति', जो अखिल जगत्‌को धारण करती है, (३) 'अपनी प्रकृति' जिसमें भगवान् लीलाके समय अधिष्ठित रहते हैं। यह अन्तरङ्गा, विशुद्ध भगवन्मयी है। इसी प्रकारसे भगवान्‌की मायाके भी अनेक रूप हैं; पर जिस मायासे भगवान् स्वयं लीला-सम्पादन करते हैं, वह माया भगवान्‌की निजी माया है। इसीका नाम 'योगमाया' अथवा भगवान्‌की 'स्वरूपभूता लीला' है। वे जबतक अपनी विशेष लीला करते हैं, तबतक इसी योगमायाका अवलम्बन करते हैं। रासलीलाके प्रारम्भमें भी इसी योगमायाका समाश्रयण किया गया था—**'योगमायामुपाश्रितः'**। इसी योगमायासे वे अपनेको छिपाये भी रहते हैं—**'योगमायासमावृतः'** (गीता)।

जीवोंकी भाँति भगवान्‌की दिव्य देह न तो पाञ्चभौतिक होती है न कर्मजनित ही । वह स्वेच्छामय विशुद्ध भगवद्रूप होती है। इसी विशुद्ध भगवद्रूपमें भगवान् श्रीकृष्णका आजकी महामहिमामयी अष्टमी तिथिको प्राकट्य हुआ था। भगवान्‌ने अपने अवतारके तीन प्रधान हेतु बतलाये हैं—'साधुओंका परित्राण', 'दुष्कृतोंका विनाश' और 'धर्मका संस्थापन'। स्वयं-भगवान्‌के इस पूर्ण अवतारमें भगवदाकारके अन्यान्य अवतार-कारणोंका भी समावेश रहता है। इसीलिये पापात्मा राजाओंके रूपमें प्रकट असुरोंका विनाश, उनके द्वारा संत्रस्त साधुओंका परित्राण और पापाचारियोंके द्वारा प्रचलित अधर्मका विध्वंस करके विशुद्ध सनातन मानवधर्मकी स्थापनाका मङ्गल कार्य भी इस अवतारके द्वारा सुसम्पन्न हुआ है। परंतु भगवान् अपने इस घनीभूत परम-प्रेमानन्द-रसरूप लीला-विग्रहके द्वारा उन साधुओंका परित्राण करते हैं, जो भगवान्‌के मङ्गलमय प्रेम और परमानन्दमय दर्शनकी महती उत्कण्ठासे भयानक विरह-वेदनाका अनुभव करते हैं और जीवनका एक-एक पल

****

इस भीषण विरहाग्निकी भयानक ज्वालामें विदग्ध होते हुए बिताते हैं। इसी प्रकार उन दुष्टोंका, उन भाग्यवान् असुरोंकी असुर-देहोंका विनाश करके उन्हें सहज ही स्वधाममें पहुँचा देते हैं, जो केवल भगवान्के ही मङ्गलरूप कर-कमलोंके द्वारा प्राण-त्याग करके भगवान्के दिव्य धाममें पहुँचनेके अधिकारी हो चुके हैं। धर्मकी स्थापनासे काम-कलुषित विषय-सेवनरूप अधर्मके अभ्युत्थानको ध्वंसकर भुक्ति-मुक्तिकी वाञ्छाके सहज त्यागसे सम्पन्न हुए परम उत्कृष्ट, परममधुरतम, विशुद्ध प्रेम-धर्मके संस्थापनकी ओर स्पष्ट संकेत है। अतएव लोक-परलोक, स्वार्थ-परमार्थ, ज्ञान-प्रेम—सभी क्षेत्रोंमें अयुक्त आसुरी भोग-भावोंका उन्मूलन करके परमोच्च विशुद्ध दैवी भावोंकी स्थापना सहज ही स्वयं-भगवान्के इस प्राकट्यके द्वारा सुसम्पन्न होती है।

भगवान्का प्राकट्य कंसके कारागारमें अर्धरात्रिके समय होता है। उस समय दसों दिशाओंसहित आकाश निर्मल हो जाता है। नक्षत्रराशि विचित्र रूपसे झलमलाने लगती है। समस्त भूमण्डल प्रसन्न हो उठता है। नद-नदियाँ, समुद्र-सरोवर सहज ही स्वच्छ हो जाते हैं। अर्धरात्रिके समय ही नदियों और सरोवरोंमें सर्वत्र शतदल और सहस्रदल पद्म प्रस्फुटित हो उठते हैं। उनकी मधुर सुगन्ध वायुके स्पर्शसे सर्वत्र फैल जाती है। इधर-उधर पराग बिखर जाती है और भ्रमरोंके समुदाय असंख्य रूपमें आ-आकर मधुपान और मधु गुञ्जारमें प्रवृत्त हो जाते हैं। मयूर महानन्दमें नृत्य करने लगते हैं। शीतल-मन्द-सुगन्ध मलयपवन प्रवाहित होने लगता है। जनपदसमूह समृद्ध हो जाते हैं। ग्राम-नगर—सभी मङ्गल-निकेतन बन जाते हैं और देवता-ब्राह्मण, गिरिसमूह और गो-समुदाय सुख-समृद्ध हो जाते हैं। स्वर्गमें अकस्मात् तुमुल जय-ध्वनिके साथ देव-दुन्दुभि बज उठती है। विद्याधर, गन्धर्व, सिद्ध, किंनर और चारण मधुर गान करने लगते हैं। देवताओंके स्तुतिवाक्योंसे दिग्दिगन्त गूँज उठता है। दिव्य गन्धर्व और विद्याधरगण नाच उठते हैं और देवतागण पारिजात, मन्दार, मालती आदि उत्तम सुगन्धमय सुमनोंकी वर्षा करने लगते हैं। सजल मेघ मन्द-मन्द गर्जन करते हुए स्तव-गान करते हैं। इस प्रकार समस्त विश्व-चराचर अपने प्रभुके मङ्गल स्वागतमें अपनेको सजाकर धन्य हो जाते हैं। ऐसे

शुभ कालमें भाद्रमासकी कृष्णाष्टमीकी अर्धरात्रिके समय रोहिणी नक्षत्रके हर्षण-योगमें अरणिसे यज्ञाग्निके सदृश वसुदेवके यहाँ देवकीसे साक्षात् भगवान् हरि आविर्भूत होते हैं। उस समयके भगवान्‌के स्वरूप-सौन्दर्यका वर्णन करते हुए महर्षि कहते हैं—

स्फुरदच्छविचित्रहारिणं विलसत्कौस्तुभरत्नधारिणम्।
परिधिद्युतिनूपुराङ्गदं धृतबालार्ककिरीटकुण्डलम्॥
चलदद्भुतवह्निकङ्कणं तडिदूर्जद्गुणमेखलाचितम्।
मधुभृद्ध्वनिपद्ममालिनं नवजाम्बूनददिव्यवाससम्॥
सतडिद्घनदिव्यसौभगं चलनीलालकवृन्दभृन्मुखम्।
चलदंशुतमोहरं परं शुभदं सुन्दरमम्बुजेक्षणम्॥
कृतपत्रविचित्रमण्डनं सततं कोटिमनोजमोहनम्।
परिपूर्णतमं परात्परं कलवेणुध्वनिवाद्यतत्परम्॥

वसुदेवजीने देखा कि बालक चमचमाते हुए, निर्मल एवं रंग-विरंगे हारसे विभूषित है, गलेमें शोभाधाम कौस्तुभमणि धारण किये हैं। चरणोंमें नूपुर एवं भुजाओंमें बाजूबंद सुशोभित हैं, जिनसे क्रमशः चन्द्रमण्डल और सूर्यमण्डलका-सा प्रकाश फैल रहा है। मस्तकपर किरीटमुकुट और कानोंमें कुण्डल हैं, जिनसे उदयकालीन सूर्यकी-सी आभा छिटक रही है। हाथोंमें कंगन हैं, जो घूमती हुई अग्नि (लुकारी) की शोभा विखेर रहे हैं। कटि-प्रदेश करधनीद्वारा वेष्टित है, जिसकी लड़ें विद्युल्लेखाके समान कौंध रही हैं। वक्षःस्थलपर कमलोंकी माला झूल रही है, जिसपर भ्रमर गुंजार कर रहे हैं। शरीरपर दिव्य पीताम्बर सुशोभित है, जिसकी कान्ति तपाये हुए सुवर्णकी-सी है और जिसके कारण उसका श्रीविग्रह सौदामनीयुक्त घनघटाकी दिव्य शोभा धारण किये हैं। मुखमण्डल झूलती हुई नील अलकावलीसे आवृत है। शरीरसे फूटती हुई रश्मियोंद्वारा वह परम सुन्दर एवं सुखदायक बालक भवनके अन्धकारका नाश कर रहा है। कमलके समान बड़ी-बड़ी उसकी आँखें हैं, श्रीअङ्गोंपर शृङ्गारके रूपमें रंग-विरंगे बेल-बूटोंकी रचना हो रही है और वह परिपूर्णतम पुरुषोत्तम परात्पर बालक अपनी रूप-छटासे प्रतिक्षण करोड़ों कामदेवोंको

मोहित करता हुआ मधुर-मधुर मुरली-ध्वनि कर रहा है।

भगवान्के इस अपूर्व माधुर्य-सौन्दर्यमय स्वरूपका दर्शन करके वसुदेव-देवकी सफलजीवन हो गये। उनके आनन्दका पार नहीं रहा। वसुदेवजीने भगवान्का स्तवन किया। भगवान्ने पूर्वजन्मकी बातें बतलायीं। तदनन्तर वसुदेव-देवकीके प्रार्थनानुसार भगवान् श्रीकृष्ण तुरंत शिशुरूप हो गये और वसुदेवजी उन्हें गोदमें लेकर नन्दालयमें पहुँच गये तथा बदलेमें योगमायाको ले आये। भगवान्की विचित्र मायाके प्रभावसे सभी स्थानोंके सभी लोग निद्राभिभूत हो गये, इसलिये इस रहस्यको कोई न जान सका।

इसके बादकी श्रीकृष्ण-लीलाका वर्णन श्रीमद्भागवत, ब्रह्मवैवर्तपुराण, विष्णुपुराण, ब्रह्मपुराण, हरिवंशपुराण, महाभारत आदि अनेक ग्रन्थोंमें विशदरूपमें आ चुका है। उसे जितना पढ़ा-समझा जाय, हृदयंगम किया जाय, उतना ही परम मङ्गल है।

श्रीभगवान्के लीला-चरित्रसे शिक्षा तथा कर्तव्य

श्रीभगवान्के सभी गुण परम आदर्श हैं। निष्काम कर्मका जो ज्वलन्त उदाहरण भगवान् श्रीकृष्णने अपनी लीलामें सबके सामने रखा है, वह अद्वितीय है। राग-द्वेषरहित होकर धर्मयुद्धमें प्रवृत्त होना, हजारों अधर्मी नरेशोंका विनाश करके उनके स्थानपर उन्हींके वंशजोंको स्थापित कर देना, असंख्य राज्य-निर्माता होकर भी किसी राज्यको स्वीकार न करके सबको समान भावसे प्रेम-दान देते हुए भी अन्यायका समर्थन न करके सबको अधर्मका नाश करनेकी प्रेरणा देना और संसारका सारा कार्य नाटकके रङ्गमञ्चपर सुनिपुण अभिनेताकी भाँति सुसम्पन्न करते हुए ममता, आसक्ति, आशा, कामनासे सर्वथा दूर रहकर प्रत्येक कार्यको भगवान्की मङ्गलपूजाके रूपमें परिणत कर देनेका सरल सहज साधन स्वयं आचरण करके जगत्के सामने रखना भगवान् श्रीकृष्णके लीलाचरित्रकी विशेषता है।

भगवान्का वृन्दावनीय बाल-चरित्र तो परम मधुरतम वात्सल्य, सख्य और माधुर्यकी पवित्र लीलाओंसे परिपूर्ण है। कहीं भी किसी भी देशके इतिहासमें, किसी

भी साहित्यकी सृष्टिमें, किसी भी काव्यके कल्पना-काननमें, सर्वथा ऐतिहासिक तथ्य होते हुए भी, यह अपनी कोई समता नहीं रखता। जिस किसीने इस परम मधुर लीला-सुधा-समुद्रमें अवगाहन किया, वही परम धन्य हो गया। अनेकों बड़े-बड़े परमहंस ऋषि-मुनि-महात्मा, अद्वैत-तत्त्वमें परिनिष्ठित ब्रह्मस्वरूप महापुरुष एवं तत्त्वज्ञ योगी इस परम अगाध रस-समुद्रमें सर्वथा डूबकर धन्य हो चुके हैं। आज भी भगवान् श्रीकृष्णका लीला-मधुर-रस-समुद्र उसी भाँति लहरा रहा है। उसमें कूदनेका साहस उसीको करना चाहिये, जो सारी भोग-मोक्षकी आकाङ्क्षाओंसे सर्वथा शून्य हो चुका हो।

यों भगवान्‌के आदर्श दिव्य कर्मयोगका, उनके द्वारा आचरित महती जीवन-चर्याका, उनके उपदेशों और शिक्षाओंका आदर्श ग्रहणकर यथायोग्य उन्हें अपने जीवनमें उतारकर सभी धन्य हो सकते हैं और सभीको होना चाहिये।

आज तो प्रायः सारा ही दृश्य-विश्व 'कामोपभोग-परायण' होकर सर्वथा असुरभावापन्न हो रहा है। इसीसे आजका आसुरी-राक्षसी यन्त्रासुर-समन्वित विज्ञान प्रकारान्तरसे विशुद्ध अध्यात्मनाशक अज्ञानका प्रसार करके आत्मविध्वंसके उद्योग-पर्वमें संलग्न है। इसीसे आज विश्वकी गति विकास तथा प्रगतिके नामपर आध्यात्मिक, नैतिक एवं धार्मिक भावों तथा आचरणोंके विनाश तथा अधोगतिकी ओर हो रही है; और सबसे अधिक खेदकी बात तो यह है कि तामसिक बुद्धिके प्रभावसे विपरीत अनुभूति हो रही है—'**अधर्मं धर्ममिति या मन्यते तमसाऽऽवृता।**' और इसका परिणाम अधोगति भी निश्चित ही है—

जघन्यगुणवृत्तिस्था अधो गच्छन्ति तामसाः॥

भारत भी आज मोहान्ध होकर इसीका अन्ध-अनुकरण करके पतनोन्मुख हो रहा है।

इस भयानक धर्म-संकटके समय बचे हुए कुछ धर्मभीरु लोगोंके मार्ग-दर्शनके लिये भगवान् श्रीकृष्णकी भगवद्‌गीता ही एकमात्र पथ-प्रदर्शक दीप-स्तम्भ, नित्य सङ्गिनी पथ-ज्योति और परम पाथेय है। अतएव इस समय भगवान् श्रीकृष्णकी दिव्य उपदेश-वाणीका प्रचार-प्रसार और जीवनमें क्रियात्मक आचरण ही सर्वप्रधान

एकमात्र आशा-स्थल है। भारतपर इस समय भीषण संकटके बादल छाये हैं और वह 'किंकर्तव्यविमूढ़' हो रहा है। चीनासुर तथा पाकासुर सिरपर चढ़े आ रहे हैं। इस समय आध्यात्मिक भागवती शक्तिकी आराधना करके उसे जगाना और उससे अमोघ बल प्राप्त करना विशेष प्रयोजनीय है। अन्तमें प्रार्थना कीजिये—

सत्-चित्-घन परिपूर्णतम, परम प्रेम-आनन्द।
विश्वेश्वर वसुदेवसुत, नँदनंदन गोविन्द॥
जयति यशोदातनय हरि, देवकि-सुवन ललाम।
राधा-उर-सरसिज-तपन, मधुरत अलि अभिराम॥
वाणी हो गुण-गान-रत, कर्ण श्रवण-गुण लीन।
मन सुरूप-चिन्तन-निरत, तन सेवा-आधीन॥
पूर्ण समर्पित रहें नित, तन-मन-बुद्धि अनन्य।
सहज सफलता प्राप्तकर, हो मम जीवन धन्य॥

नंद कें आनंद भयौ, जै कन्हैया लाल की!

——::×::——

अखिलरसामृतमूर्ति भगवान् श्रीकृष्णका आविर्भाव

(सं० २०२१ वि० के जन्माष्टमी-महोत्सवपर प्रवचन)

मुखजितशरदिन्दुः केलिलावण्यसिन्धुः
करविनिहतकन्दुर्वल्लवीप्राणबन्धुः।
वपुरुपसृतरेणुः कक्षनिक्षिप्तवेणु-
र्वचनवशगधेनुः पातु मां नन्दसूनुः॥
उत्तरङ्गदङ्गरागसंगमातिपिङ्गल-
स्तुङ्गशृङ्गसङ्गिपाणिरङ्गनालिमङ्गलः।
दिग्विलासिमल्लिहासिकीर्तिवल्लिपल्लव-
स्त्वां स पातु फुल्लचारुचिल्लिरद्य वल्लवः॥

आज नित्य अजन्माके दिव्य जन्मका महामहोत्सव-दिवस है। समस्त प्रकृतिको धन्य करते हुए आज स्वयंरूप दिव्य नराकृति भगवान् प्रकट हुए हैं। भगवान्के अनेक विभिन्न अवतार होते हैं—पुरुषावतार, लीलावतार, गुणावतार, मन्वन्तरावतार, युगावतार, आवेशावतार, कल्पावतार, कलावतार, अर्चावतार आदि। और भगवान् स्वरूपतः नित्य-सत्य-परिपूर्णतम होनेके कारण उनका प्रत्येक रूप ही नित्य, शाश्वत, सच्चिन्मय, हानोपादानरहित, परानन्द-संदोह और पूर्णतम है; तथापि लीलाकी दृष्टिसे शक्तिके प्रकाशके तारतम्यानुसार भेद दिखायी देता है।

पूर्तिः सार्वत्रिकी यद्यप्यविशेषा तथापि हि।
तारतम्यं च तच्छक्तेर्व्यक्त्यव्यक्तिकृतं भवेत्॥

(प्रमेयरत्नावलि १।१४)

पर जब भगवान् स्वयं अपने पूर्णरूपमें प्रकट होते हैं, तब वे सर्वावतारमय होते हैं। स्वयं-भगवान् श्रीकृष्ण प्रतिकल्पमें स्वयंरूपमें प्रकट होते हैं और वे प्रकट होते हैं मधुर मनोहर नर-वपुरूपमें। इसीसे भगवान्के सर्वभूतमहेश्वर सर्वरूपके तत्त्वको न जाननेवाले मूढ़लोग भगवान्के इस मानुषरूपको देखकर उनको पाञ्चभौतिक-देह-विशिष्ट मनुष्य मान लेते हैं—

अवजानन्ति मां मूढा मानुषीं तनुमाश्रितम्।
परं भावमजानन्तो मम भूतमहेश्वरम्॥

(गीता ९।११)

वास्तवमें स्वयं-भगवान्की यह नराकृति नरलोकके नर-शरीरोंके आदर्शपर बनी हुई नहीं है, यह नित्य है। वस्तुतः भगवद्देहके आदर्शपर नर-शरीरका निर्माण है। भगवान्का शरीर दिव्य, अप्राकृत, देह-देहि-भेदसे रहित, जन्म-मृत्युसे रहित, सर्व-कारण-कारण, नित्यसिद्ध, निर्विकार, अनादि, सर्वादि, सच्चिदानन्दघनस्वरूप है। और नरलोकका नर-शरीर रक्त-मांसादिसे गठित, खण्डित, जन्म-मृत्युशील, पञ्चभूतनिर्मित, आत्मा (देही) और देहके भेदसे युक्त तथा विनाशी है। भगवद्विग्रह स्वेच्छामय विशुद्ध भगवत्स्वरूप है—

****

स्वेच्छामयस्य न तु भूतमयस्य कोऽपि।

(श्रीमद्भागवत)

उसका प्रारब्ध-परवश निर्माण, कर्मभोग तथा विनाश नहीं होता; वह नित्य, सत्य, सनातन तथा दिव्यकर्मा है। भगवत्स्वरूपा प्रकृतिमें अधिष्ठित होकर अपनी ही स्वरूपभूता लीलारूप मायासे प्रकट और अप्रकट होता है। तन्त्रशास्त्रमें कहा गया है—

निर्दोषपूर्णगुणविग्रह आत्मतन्त्रो
निश्चेतनात्मकशरीरगुणैश्च हीनः।
आनन्दमात्रकरपादमुखोदरादिः
सर्वत्र च स्वगतभेदविवर्जितात्मा॥

भगवान्‌का दिव्य शरीर मोह, तन्द्रा, भ्रम, रूक्षता, काम, क्रोध, असत्य, आकाङ्क्षा, आशङ्का, रोग, जरा, भय, विभ्रम, विषमता, परापेक्षा, परिवर्तनशीलता, अनित्यता, विनाश आदि दोषोंसे सर्वथा रहित तथा सर्वज्ञता, सर्वशक्तिमत्ता, सत्यविज्ञानानन्दरूपता, सर्वैश्वर्य, असमोर्ध्व माधुर्य आदि गुणोंसे परिपूर्ण है। वह काल-कर्मादिके अधीन नहीं है, पाञ्चभौतिक शरीरके जडत्व आदिसे रहित है; उसके हाथ, पैर, मुख, उदर आदि सभी एकमात्र दिव्य—चिन्मयानन्दरूप हैं। और उसमें—वृक्षमें पत्र-पुष्प-फलादिकी भाँति स्वगत, दूसरे फलके वृक्षके रूपमें सजातीय तथा शिला आदिके रूपमें विजातीय भेद नहीं है; वह केवल भगवद्रूप ही है।

भगवान्‌के अवतारके तीन हेतु माने गये हैं—'साधुओंका परित्राण', 'दुष्कृतकारियोंका विनाश' और 'धर्मका संस्थापन'। स्वयं-भगवान्‌के इस स्वयंरूपावतारमें अन्यान्य अवतारी रूपोंका समावेश होनेके कारण भगवान्‌के द्वारा पापात्मा राजाओंके रूपमें प्रकट असुरोंका, अन्यान्य विविध रूपोंमें प्रकट असुरोंका तथा उनके अनुगामी आसुर-भावापन्न दुष्कृतकारियोंका विनाश, इन सब क्रूरकर्मा दुराचारपरायण दुष्टप्रकृतिवालोंके द्वारा सताये हुए सदाचारी साधु-प्रकृति पुरुषोंका परित्राण और जघन्य पापप्रवृत्तिमय असुर-मानवोंके द्वारा प्रचारित अधर्मका विध्वंस

****

करके विशुद्ध सनातन धर्मका संस्थापन—ये तीनों मङ्गलमय महान् कार्य सुसम्पन्न होते हैं—इसमें कोई संदेह नहीं। अतएव जो लोग इन निमित्तोंसे भगवान्का अवतरित होना मानते हैं, वे ठीक ही मानते हैं।

परंतु स्वयं-भगवान्का परिपूर्ण स्वयंरूपावतार युगावतारोंकी भाँति केवल धर्मग्लानि और अधर्मकी वृद्धि होनेपर साधु-परित्राण, दुष्ट-विनाश और धर्म-संस्थापनके लिये ही नहीं होता। वह तो उनके निज प्रेम-स्वरूप-वितरणके लिये—स्वरूपानन्द-आस्वादनरूप विनोदके लिये ही होता है। इसीसे श्रीमद्भागवतमें ब्रह्मादि देवताओंने श्रीदेवकी-गर्भ-स्तुतिमें कहा है—

न तेऽभवस्येश भवस्य कारणं
विना विनोदं बत तर्कयामहे।
भवो निरोधः स्थितिरप्यविद्यया
कृता यतस्त्वय्यभयाश्रयात्मनि॥

(१०।२।३९)

इसका भावार्थ यह है कि 'हे ईश—सर्वनियन्ता! आप अजन्मा हैं। आपके इस दिव्य जन्मका हेतु विनोद (स्व-स्वरूपानन्दास्वादन) के सिवा अन्य कुछ भी नहीं हो सकता। (जगत्की सृष्टि, स्थिति, लय आदि आपके इस आविर्भावमें हेतु नहीं हैं;) क्योंकि आप सर्वाश्रय हैं। आपकी आश्रिता मायाशक्तिके द्वारा ही ब्रह्मा-रुद्र आदि आपके गुणावतार इन कार्योंको सम्पन्न करते रहते हैं। आप अभय हैं। आपके नाम-कीर्तन-स्मरणाभाससे ही कंस आदि असुरोंके भयसे पूर्णतया रक्षा हो सकती है। इन असुरोंका वध करके धर्म-संस्थापन करनेके लिये आपके स्वयं आविर्भूत होनेकी आवश्यकता नहीं है।'

अतएव इस दृष्टिसे उपर्युक्त 'साधु-परित्राण', 'दुष्कर्मियोंके विनाश' और 'धर्म-संस्थापन'का एक दूसरा रूप होता है और उसीके लिये स्वयं-भगवान्का अवतरित होना प्रेमी भक्तगण मानते हैं—स्वयं-भगवान् अपने इस अखिल-रसामृत-मूर्ति, अचिन्त्य-अनिर्वचनीय-परस्पर-विरुद्ध-गुण-धर्माश्रयस्वरूप, घनी-भूत परमप्रेमानन्द-सुधामय मधुर मनोहर दिव्यातिदिव्य चिन्मय नित्य लीला-

विग्रहका दर्शन-दान करके उन साधुओंका परित्राण करते हैं, जो अपने परम प्रियतम भगवान्‌के नित्य मङ्गलमय, दिव्य प्रेम-रसमय और परमानन्द-रसमय दर्शनकी तीव्रतम उत्कण्ठासे अतुलनीय विरह-वेदनाका अनुभव कर रहे हैं और अपने जीवनके एक-एक पलको भीषण विरहानलकी भयानक ज्वालासे दग्ध होते बिता रहे हैं। यही उनका साधु-परित्राण है।

इसी प्रकार स्वयं-भगवान् उन दुष्कृतकारियोंके, उन परम सौभाग्यशाली असुरोंके देहका वियोग करके उन्हें सहज ही अपने ऋषि-मुनि-योगि-दुर्लभ दिव्य परम कल्याणरूप परमधाममें पहुँचा देते हैं, जो केवल भगवान्‌के ही मङ्गलमय दिव्य कर-कमलोंद्वारा देहत्याग करके भगवान्‌के दिव्यधामें पहुँचनेके अधिकारी बन चुके हैं। भगवान्‌के स्वहस्तसे निहत होकर वे सदाके लिये पृथ्वीका परित्याग करके भगवद्धाममें चले जाते हैं, अतएव वस्तुतः इसीसे पृथ्वीका भार-हरण होता है। भगवान्‌का यह 'निग्रह' भी 'परम अनुग्रह' रूप होता है। इसमें भगवान् उन असुरोंका वध नहीं करते, परंतु स्व-स्वरूप-दान करके उन्हें कृतार्थ करते हैं। यही दुष्कर्मियोंका विनाश है।

एवं धर्म-संस्थापनका अभिप्राय यह है कि भगवान् उस काम-कलुषित मोह-विजृम्भित विषय-सेवनरूप अधर्मके अभ्युत्थानका ध्वंस करके भुक्ति-मुक्तिकी वाञ्छाके सहज सर्वत्यागसे सुसम्पन्न, परम उत्कृष्ट, असमोर्ध्व मधुर, विशुद्ध, गुणातीत प्रेमधर्मकी स्थापना करते हैं।

स्वयं-भगवान् श्रीकृष्ण पूर्ण ऐश्वर्यस्वरूप हैं। वे सर्वरसमय हैं। उन पूर्णैश्वर्यमय भगवान्‌में जो माधुर्य है, वह पूर्णैश्वर्यमय स्वरूपमें ही भगवत्स्वरूप मधुरताकी नित्य अभिव्यक्ति है। ऐश्वर्यरहित मधुरता वास्तविक माधुर्य नहीं है। वह तो आपातमधुर विष-सदृश है (**अग्रेऽमृतोपमं परिणामे विषमिव।**) नराकृति सच्चित्-माधुर्यरूप भगवान्‌में और विषयगत मिथ्या-माधुर्ययुक्त मनुष्यमें सभी कुछ भिन्न है। भगवान्‌का माधुर्य सत्य, अप्राकृत, चिदानन्दघन है और मनुष्यका माधुर्य मिथ्या, प्राकृत—जड और विनाशमय है।

भगवान्‌के माधुर्यका अर्थ है—नित्य पूर्ण ऐश्वर्यमय भगवान्‌का गूढ़तम नर-विग्रह और उनकी दिव्यानन्दमयी नरलीला। इस लीलामें अशेष सौन्दर्य, लालित्य, चारुता, मधुरता और वैदग्ध्यादि गुणोंका वह अतुलनीय विलक्षण समूह होता है, जो समस्त चराचर जगत्—चतुर्दश-भुवनके साथ ही स्वयं सर्वाकर्षक भगवान् श्रीकृष्णके चित्तको भी आकर्षित करता है। उन नराकृति परब्रह्मके नर-विग्रहके असमोर्ध्व सौन्दर्य, माधुर्य, वैचित्र्य और वैदग्ध्यादि गुणोंका वर्णन करते हुए उसमें चार प्रकारकी विशेष माधुरीका नित्य वर्तमान रहना बतलाया गया है। वे हैं—रूपमाधुरी, वेणुमाधुरी, प्रेममाधुरी और लीलामाधुरी। यही माधुर्य-चतुष्टय श्यामसुन्दर व्रजेन्द्रनन्दन श्रीकृष्णकी विशेषता है।

स्वयं लीला-विस्तार करके इस माधुर्य-स्वरूपका विस्तार करना ही प्रेमी भक्तोंके मनमें श्रीकृष्णके आविर्भावका एकमात्र मुख्य कारण है। इस लीलामें भगवान् गोपवेश, वेणु-कर, नवकिशोर नटवररूपमें लीलायमान रहते हैं। यही मधुरलीला-तत्त्व है। भगवान्‌के स्वयंरूप अवतारमें इसकी प्रधानता होनेके कारण ही वे कंसके कारागारमें ऐश्वर्यमय चतुर्भुज देवरूपमें प्रकट होकर तुरंत ही द्विभुज बालरूपमें बदल गये और वसुदेवको प्रेरित करके मधुर लीलानन्दका रसास्वादन करने-कराने मधुर व्रजमें पधार गये।

श्रीकृष्ण-माधुर्यके पूर्णतम प्रकाशका क्षेत्र एकमात्र व्रज ही है। वहाँ ऐश्वर्य सर्वथा छिपा रहता है। कहीं प्रकट होता है तो माधुर्यकी सेवाके लिये ही। व्रजमें ही विशुद्ध ममतायुक्त, किंतु स्वसुखवाञ्छा-विहीन प्रेम-माधुर्यकी सरिता बहती है। भगवान्‌के तीन रूप हैं—ब्रह्म, परमात्मा और भगवान्। ब्रह्म निश्चय ही आनन्दस्वरूप है, पर ब्रह्ममें शक्तिकी अभिव्यक्ति नहीं है। अन्तर्यामी परमात्मामें चिच्छक्तिका आंशिक विकास है, अतएव ह्लादिनी शक्तिका भी अस्तित्व अभिव्यक्त है; पर वह बहुत सूक्ष्म परिमाणमें ही है। ऐश्वर्य-प्रधान भगवान्‌में शान्त भक्तको माधुर्यकी कुछ अनुभूति होती है, पर वह भगवदैश्वर्यज्ञानको छिपा नहीं सकती। व्रजके गोपीवल्लभ भगवान् श्रीकृष्णमें पूर्ण माधुर्यका प्रकाश है। इसीसे यहाँ पूर्णतम माधुर्यास्वादनमें ऐश्वर्यादिका अनुभव सम्पूर्णरूपसे तिरोहित रहता है। यही विशुद्ध प्रेम है।

श्रुति कहती है—

पूर्णमदः पूर्णमिदं पूर्णात् पूर्णमुदच्यते।
पूर्णस्य पूर्णमादाय पूर्णमेवावशिष्यते॥

भगवत्-स्वरूप-तत्त्व नित्य, एक और परिपूर्णतम है। उसमें जीव तथा जड पदार्थोंकी भाँति न खण्डता है, न अपूर्णता है, न परस्पर पृथक्ता या प्रतियोगिता ही है। तथापि अखिलरसामृतमूर्ति भगवान् श्रीकृष्ण माधुर्यके प्रकाशकी विशेषताके कारण व्रजमें पूर्णतम रसिकशेखर हैं।

शक्तिरैश्वर्यमाधुर्यकृपातेजोमुखा गुणाः।
शक्तेर्व्यक्तिस्तथाव्यक्तिस्तारतम्यस्य कारणम्॥

'ऐश्वर्य, माधुर्य, कृपा, तेज आदि गुणोंको शक्ति कहते हैं। शक्तिकी न्यूनाधिक अभिव्यक्ति ही तारतम्यमें कारण है।'

इस व्रजधाममें भी प्रेमके तारतम्यके अनुसार माधुर्यके अनुभवमें भी तारतम्य रहता है। दास्य-रसके प्रेमकी अपेक्षा सख्य-रसके प्रेममें, सख्य-रसकी अपेक्षा वात्सल्य-रसके प्रेममें और वात्सल्य-रसकी अपेक्षा भी गोपाङ्गनाओंके माधुर्यानुभवमें उत्तरोत्तर विशेष उत्कर्ष है। गोपाङ्गनाओंमें भी महाभावस्वरूपा श्रीराधाका प्रेम तथा उनका माधुर्यानुभव सर्वापेक्षा अधिक और सर्वथा अतुलनीय है।

यहाँ भगवान् नित्यनवकिशोररूपसे श्रीगोपाङ्गनाओंके परममधुर दिव्यरसका आस्वादन करते हैं। श्रीगोपाङ्गनाओंका प्रेम सर्वथा निरुपाधिक, निरावरण और विशुद्ध है। उसमें ऐश्वर्यज्ञान, धर्माधर्मज्ञान, भावोत्पादनके लिये रूप-गुणादिकी अपेक्षा, स्वसुखका अनुसंधान—यहाँतक कि रमण-रमणीबोधकी भी अपेक्षा नहीं है। यह रमण-रमणीबोध मधुररसमात्रका या कान्ताभावका जीवन-स्वरूप है। इसके बिना उस जीवनमें कोई सार ही नहीं समझा जाता। परंतु श्रीराधामुख्या गोपाङ्गनाओंके विशुद्ध प्रेममें इसकी भी कोई अपेक्षा या सार्थकता नहीं है। महाभाग्यवती, श्रीकृष्णप्रिया परम सती गोपाङ्गनाएँ नित्य विशुद्ध प्रेम-सुधा-रसके उमड़े हुए सागरके प्लावनमें सर्वथा निमग्न हैं। वे एकमात्र प्रियतम-सुखके अतिरिक्त सर्व-विस्मृत हैं। उनकी सम्पूर्ण गति-विधि, सारी चेष्टा-क्रिया एकमात्र श्रीकृष्णसुखमय अनुरागकी ही

अभिव्यक्ति है। श्रीराधा इन सबकी मूल उत्स-स्वरूपा प्रेम-पराकाष्ठा महाभावमयी हैं। इस महाभावके साथ रसराजका—श्रीराधाके साथ श्रीमाधवका नित्य परमोज्ज्वल रसोल्लास ही व्रजकी अमूल्य तथा अतुल परमार्थ-निधि है।

इस व्रजमें भी 'हतारि-गति-दायक' भगवान्की असुर-वध-लीला होती है। परंतु उस लीलाका प्रभाव व्रजवासी प्रेमियोंके मनपर ऐश्वर्यकी छाया नहीं ला सकता। वे उसमें अपने प्रिय श्रीकृष्णके किसी ऐश्वर्यका अनुभव नहीं करते, बल्कि उससे श्रीकृष्णके प्रति उनका सहज प्यार-दुलार और भी बढ़ता है।

आज इस परम माधुर्यावतारका मङ्गल दिवस है। जिन लोगोंको पञ्चम पुरुषार्थ भगवत्प्रेमकी प्राप्तिकी इच्छा हो, उन्हें भगवान्के इस मधुर स्वरूपकी उपासना करनी चाहिये।

व्रजके बाद भगवान्की ऐश्वर्यलीलाका क्रमशः विशेष प्रकाश होता है और मथुरा-द्वारकामें असुरोद्धारकी लीला चलती है। वहाँ भी माधुर्य छिपे-छिपे अपना प्रभाव अक्षुण्ण रखता है। इसीसे रणाङ्गणमें कही हुई भगवान्की गीतामें भी माधुर्यकी प्रत्यक्ष ज्योत्स्ना दिखायी देती है—

प्रियः प्रियायार्हसि देव सोढुम्।

सारी मथुरालीला और द्वारकालीलामें यत्र-तत्र माधुर्यके बड़े विलक्षण दर्शन होते हैं, पर साथ ही वहाँ निष्कामभावकी महत्ताके साथ भगवान् अपने आदर्श चरित्रके द्वारा लोकसंग्रहकी लीला प्रधानरूपसे करते हैं। इस लीलामें स्वयं-भगवान्के साथ ही कहीं-कहीं उन्हींमें रहकर लीला करनेवाले ऐश्वर्यस्वरूपोंकी प्रधानता होती है।

यहाँ भगवान् निरीह प्रजाको दुराचारी राजाओंसे छुटकारा दिलाते हैं—कंस, शिशुपाल, जरासंध, शाल्व, नरकासुर, बाणासुर आदि असंख्य असुरभावापन्न राजाओंका दमन करते हैं, पर स्वयं कहीं भी राज्य ग्रहण न करके निष्कामभावका प्रत्यक्ष प्रमाण उपस्थित करते हैं।

जबतक संसारमें धर्मभीरु, श्रद्धासम्पन्न, भगवद्विश्वासी, भोगोंमें अनासक्त, सर्वभूतहिताकाङ्क्षी, सदाचारपरायण, असंग्रही मनुष्योंकी संख्या अधिक रहती है,

जबतक मनुष्यमें कर्तव्यपरायणता और त्यागवृत्तिकी प्रधानता रहती है, तबतक सुख-शान्ति रहती है। मानवकी जीवनयात्रा अपने परम लक्ष्य भगवान्‌की ओर चलती है। परस्पर सुख पहुँचाने तथा हित करनेकी भावनासे ही सारे कार्य होते हैं—इससे प्रेमकी वृद्धि होती है। पर जब मनुष्य कामोपभोगपरायण होकर शास्त्रवर्जित, संयमहीन स्वेच्छाचार करने तथा धर्मकी मर्यादाको नष्ट करने लगता है, त्यागके स्थानपर अर्थ-लालसा तथा भोग-लालसा एवं कर्तव्यके स्थानपर अधिकार-लोलुपता छा जाती है, सहिष्णुताके स्थानपर प्रतिशोधकी भावना, निष्काम-सेवाके स्थानपर तुच्छ स्वार्थपरता, संयमके स्थानपर पशुवत् आचार आ जाता है तथा पर-सेवा एवं परहितके स्थानपर परपीडन एवं दुर्बलोंपर अत्याचार होने लगते हैं, सत्यके स्थानपर असत्यका साम्राज्य हो जाता है, जिस किसी प्रकारसे परस्वापहरण ही मनुष्यके स्वभावगत हो जाता है, तब मनुष्यकी सर्वथा अधोमुखी भोग-प्रवृत्ति हो जाती है, वह मनुष्यके रूपमें ही पशु-पिशाच-राक्षस बन जाता है और सर्वत्र अशान्ति तथा दुःखकी प्रबल धारा बहने लगती है। ऐसे दुस्समयमें यदि उस देशमें भगवद्विश्वासी भक्त होते हैं तो वे भगवान्‌को पुकारते हैं और उनका करुण आर्तस्वर सुनकर दयासिन्धु भगवान् उनका दुःख दूर करनेके लिये अवतरित होते हैं।

द्वापरमें यही स्थिति हो गयी थी। कंस-जरासंध आदि आसुर-भावापन्न प्रभावशाली राजाओंके दुर्दमनीय शासनसे धर्मभीरु प्रजा पीड़ित और अत्यन्त दुःखी हो रही थी और आसुरभावोंका प्रबलताके साथ विस्तार हो रहा था। लोग लौकिक दुःखोंके साथ ही, साधनाके क्षेत्रमें भी अत्यन्त दुःखी थे। उनके पास साधनमार्गको सुरक्षित रखने, शान्तचित्तसे साधन करने, जप-तप-कीर्तनादि साधना करनेकी सारी सुविधाएँ छीन ली गयी थीं। वे जबर्दस्ती साधनासे वञ्चित रखे जाते थे। देवमाता गौ तथा वर्णप्रधान ब्राह्मण अत्यन्त दुःखी थे। इसी समय भगवान्‌के विश्वासी भक्तोंने आर्त पुकार की और भगवान्‌ने प्रकट होकर सबका दुःख-निवारण किया। इस प्रकार जो भगवान्‌का स्वरूप ऐश्वर्य-प्रधान मानते हैं, वे अपने भावानुसार सेवक-भावसे उन जगत्पिता, सबके माता-धाता-पितामह, सर्वशरण्य, दयासिन्धु, करुणा-सागर, अहैतुक प्रेमी, परम सुहृद् भगवान्‌की उपासना करके अपने लौकिक तथा साधना-सम्बन्धी दुःखोंको हटायें।

****

जो लोग भगवान् श्रीकृष्णको भगवान्का अवतार न मानकर परम योगेश्वर, ब्रह्मप्राप्त महात्मा आदर्श लोकसंग्रही और सर्वगुणसम्पन्न महामानव मानते हैं, उनके लिये भी आजका यह भाद्रकृष्ण अष्टमीका दिवस महान् मङ्गलमय एवं आदरणीय है। विश्वके इतिहासमें सर्वगुण-सम्पन्न, सभी क्षेत्रोंमें अपनी आदर्श गुणावलियोंके द्वारा प्रकाश तथा शक्तिका विस्तार करनेवाले श्रीकृष्णके सदृश कोई महापुरुष कभी प्रकट ही नहीं हुए। ऐसे महामानवके मङ्गलमय प्राकट्य-दिवसपर सभीको आनन्द—परमानन्दमें मग्न होकर उनके मधुर, मनोहर, सर्वकल्याणमय नाम-गुणोंका स्मरण करना चाहिये और उनके आदर्श एवं आदेशके अनुसार अपना जीवन बनाकर मानवताको सफल करना चाहिये।

नवीननीरदश्यामं नीलेन्दीवरलोचनम्।
वल्लवीनन्दनं वन्दे कृष्णं गोपालरूपिणम्॥

जय नँदनन्दन, जय गोपाल। जय मुरलीधर नयन-विशाल।
राधा-मानस मञ्जु मराल। जय वसुदेव-देवकी-लाल॥

——::×::——

भगवान् श्रीकृष्णका स्वरूप-तत्त्व और महत्त्व

(सं० २०२२ वि० के जन्माष्टमी-महोत्सवपर प्रवचन)

मूकं करोति वाचालं पङ्गुं लङ्घयते गिरिम्।
यत्कृपा तमहं वन्दे परमानन्दमाधवम्॥

यस्योदनं जगत्सर्वं मृत्युर्यस्योपसेचनम्।
दुर्विज्ञेयं सुविज्ञेयं श्रीकृष्णं प्रणमाम्यहम्॥

वन्दे श्रीराधिकां देवीं व्रजारण्यविहारिणीम्।
यस्याः कृपां विना कोऽपि न कृष्णं ज्ञातुमर्हति॥

तुण्डे ताण्डविनीरतिं वितनुते तुण्डावलीलब्धये
कर्णक्रोडकडम्बिनी कलयते कर्णार्बुदेभ्यः स्पृहाम्।
चेतःप्राङ्गणसङ्गिनी विजयते सर्वेन्द्रियाणां कृतिं
नो जाने घटिता कियद्भिरमृतैः कृष्णेति वर्णद्वयी॥

आज श्रीकृष्ण-जन्माष्टमीका महान् महोत्सव-पर्व है। आजके ही मङ्गलमय दिन इस सौभाग्यशाली पुण्य भूमण्डलपर अप्राकृत सच्चिदानन्दस्वरूप समस्त अवतारोंके मूल अवतारी पूर्ण-पुरुषोत्तम भगवान्‌का अपने अंशांशोंसहित पूर्णाविर्भाव हुआ था। भगवान्‌का अवतार तो बहुत-से कल्पोंमें होता है; परंतु पूर्णाविर्भाव सारस्वत कल्पमें ही हुआ करता है। आज हम उन्हीं स्वयं-भगवान् श्रीकृष्णके इसी पूर्णाविर्भावका महोत्सव मना रहे हैं, यह उनकी अहैतुकी कृपाका ही प्रसाद है।

विभिन्न श्रुतियोंने परात्पर परब्रह्मको पुरुषोत्तम, सबका आदि कारण, अखिल विश्वका तथा प्रकृतिका भी नियामक, सृष्टि, स्थिति तथा प्रलयका आधार, सर्वज्ञ, सर्वमय, अजन्मा, अविनाशी, सर्वलोकमहेश्वर, सर्वव्यापक, सर्वाधार, सबका आश्रय, सर्वात्मा, अनन्त, आनन्दस्वरूप, परिपूर्णतम, अद्वितीय, एक, परम, गूढ़, परमज्योतिःस्वरूप, सर्वशक्तिमान्, सर्वशक्त्याधार आदि रूपोंमें वर्णन किया है। भगवान् श्रीकृष्णके लिये भी महाभारत, श्रीमद्भागवत, महाभारतान्तर्गत भगवद्‌गीता तथा विभिन्न पुराण शास्त्रोंमें इसी प्रकारके अनन्त विशेषण प्रयुक्त हुए हैं। भगवान् शिव, ब्रह्मा, नारद, सनकादि मुनि, व्यासदेव आदि महर्षि, इच्छामृत्यु तथा ज्ञान-विज्ञान-समुद्र भीष्मपितामह आदि असंख्य महानुभावोंने भगवान् श्रीकृष्णके पूर्ण-पुरुषोत्तम होनेका वर्णन करते हुए उनकी आराधना-पूजा और स्तुतिको जीवनका परम सौभाग्य माना है। यहाँ स्थालीपुलाक-न्यायसे कुछ थोड़े-से वचन उद्धृत किये जाते हैं—

स्वयं भगवान्‌के वाक्य हैं*—

'मैं क्षर (नाशवान् जडवर्ग—क्षेत्र) से सर्वथा अतीत हूँ और अविनाशी अक्षर—जीवात्मासे भी उत्तम हूँ। इसलिये मैं लोकमें और वेदमें भी पुरुषोत्तम नामसे प्रसिद्ध हूँ।' (गीता १५।१८)

'मैं समस्त जगत्‌का प्रभव और प्रलय हूँ (सबका आदि कारण हूँ)।' (गीता ७।६)

---

* यस्मात् क्षरमतीतोऽहमक्षरादपि चोत्तमः।
अतोऽस्मि लोके वेदे च प्रथितः पुरुषोत्तमः॥ (गीता १५।१८)
अहं कृत्स्नस्य जगतः प्रभवः प्रलयस्तथा। (गीता ७।६)

'मेरे अतिरिक्त और कुछ भी नहीं है। यह सम्पूर्ण जगत् सूत्रमें (सूत्रके) मणियोंकी भाँति मुझमें गुँथा हुआ है।' (गीता ७।७)

'अर्जुन! तुम समस्त भूतोंका सनातन बीज मुझको ही जानो।' (गीता ७।१०)

'मैं सबकी उत्पत्तिका कारण हूँ और मुझसे ही समस्त जगत्‌की चेष्टा होती है।' (गीता १०।८)

'पूर्वमें बीते हुए, वर्तमानमें स्थित और भविष्यमें होनेवाले समस्त भूतोंको मैं जानता हूँ; परंतु मुझको कोई भी नहीं जानता।' (गीता ७।२६)

'मैं ही सबकी गति, सबका भरण-पोषण करनेवाला, सबका स्वामी, समस्त शुभाशुभको देनेवाला, सबका निवासस्थान, सबको शरण देनेवाला, सबका सुहृद्, सबके उत्पत्ति-प्रलयमें कारण, सबकी स्थितिका आधार, निधान और अविनाशी बीज (आदि कारण) हूँ।' (गीता ९।१८)

मत्तः परतरं नान्यत् किंचिदस्ति धनंजय।
मयि सर्वमिदं प्रोतं सूत्रे मणिगणा इव॥
(गीता ७।७)

बीजं मां सर्वभूतानां विद्धि पार्थ सनातनम्।
(गीता ७। १०)

अहं सर्वस्य प्रभवो मत्तः सर्वं प्रवर्तते॥
(गीता १०।८)

वेदाहं समतीतानि वर्तमानानि चार्जुन।
भविष्याणि च भूतानि मां तु वेद न कश्चन॥
(गीता ७।२६)

गतिर्भर्ता प्रभुः साक्षी निवासः शरणं सुहृत्।
प्रभवः प्रलयः स्थानं निधानं बीजमव्ययम्॥
(गीता ९।१८)

'यह सब जगत् मुझसे परिपूर्ण है।' (गीता ९।४)

'सम्पूर्ण भूत मुझमें ही स्थित हैं।' (गीता ९।६)

'अर्जुन! समस्त भूतोंके हृदयमें स्थित सबका आत्मा मैं हूँ और मैं ही समस्त भूतोंका आदि, मध्य और अन्त भी हूँ।' (गीता १०।२०)

'सम्पूर्ण जगत्को मैं अपने एक अंशमात्रमें धारण करके स्थित हूँ।' (गीता १०।४२)

'मैं अजन्मा, अविनाशीस्वरूप तथा समस्त प्राणियोंका ईश्वर रहते हुए ही अपनी प्रकृतिमें अधिष्ठित रहकर अपनी योगमायासे आविर्भूत होता हूँ।' (गीता ४।६)

'मुझको जो पुरुष सारे यज्ञ-तपोंका भोक्ता, सम्पूर्ण लोकोंका महान् ईश्वर और सब प्राणियोंका सुहृद् जान लेता है, वह शान्तिको प्राप्त हो जाता है।' (गीता ५।२९)

'मया ततमिदं सर्वम्' (गीता ९।४)

'सर्वाणि भूतानि मत्स्थानि' (गीता ९।६)

अहमात्मा गुडाकेश सर्वभूताशयस्थितः।
अहमादिश्च मध्यं च भूतानामन्त एव च॥
(गीता १०।२०)

विष्टभ्याहमिदं कृत्स्नमेकांशेन स्थितो जगत्॥
(गीता १०।४२)

अजोऽपि सन्नव्ययात्मा भूतानामीश्वरोऽपि सन्।
प्रकृतिं स्वामधिष्ठाय सम्भवाम्यात्ममायया॥
(गीता ४।६)

भोक्तारं यज्ञतपसां सर्वलोकमहेश्वरम्।
सुहृदं सर्वभूतानां ज्ञात्वा मां शान्तिमृच्छति॥
(गीता ५।२९)

'मैं अविनाशी परब्रह्मका, अमृतका, नित्यधर्मका और अखण्ड एकरस आनन्दका आश्रय हूँ।' (गीता १४। २७)

अर्जुन कहते हैं—

'आप परम ब्रह्म, परम धाम और परम पवित्र हैं; आपको समस्त ऋषिगण, देवर्षि नारद, असित, देवल, व्यासदेव सनातन दिव्य पुरुष, देवोंके भी आदिदेव, अजन्मा और सर्वव्यापी बतलाते हैं और स्वयं आप भी ऐसा ही कहते हैं।' (गीता १०। १२-१३)

वसुदेवजी कहते हैं—'मैं जान गया, आप प्रकृतिसे परे साक्षात् पुरुषोत्तम हैं। आपका स्वरूप केवल अनुभव और केवल आनन्द है। आप समस्त बुद्धियोंके एकमात्र साक्षी हैं।' (श्रीमद्भा० १०। ३। १३)

'विभो! लोग कहते हैं—आप स्वयं समस्त क्रियाओं, गुणों और विकारोंसे रहित हैं; फिर भी जगत्की सृष्टि, स्थिति और प्रलय आपसे ही होते हैं।' (श्रीमद्भागवत १०। ३। १९)

ब्रह्मणो हि प्रतिष्ठाहममृतस्याव्ययस्य च।
शाश्वतस्य च धर्मस्य सुखस्यैकान्तिकस्य च॥
(गीता १४। २७)

परं ब्रह्म परं धाम पवित्रं परमं भवान्।
पुरुषं शाश्वतं दिव्यमादिदेवमजं विभुम्॥
आहुस्त्वामृषयः सर्वे देवर्षिर्नारदस्तथा।
असितो देवलो व्यासः स्वयं चैव ब्रवीषि मे॥
(गीता १०। १२-१३)

विदितोऽसि भवान् साक्षात् पुरुषः प्रकृतेः परः।
केवलानुभवानन्दस्वरूपः सर्वबुद्धिदृक्॥
(श्रीमद्भा० १०। ३। १३)

त्वत्तोऽस्य जन्मस्थितिसंयमान् विभो वदन्त्यमीहात्..।
(श्रीमद्भा० १०। ३। १९)

'आप ही सबके एक आत्मा हैं, आप ही एकमात्र सत्य हैं, आप पुराणपुरुष हैं, स्वयंप्रकाश हैं, आप अनन्त हैं, आप सबके आदि हैं, आप नित्य हैं, अविनाशी हैं, अखण्ड सुखस्वरूप हैं, पूर्ण हैं, एक हैं, समस्त उपाधियोंसे मुक्त अमृतस्वरूप हैं।' (श्रीमद्भा० १०।१४।२३)

श्रीरुद्रदेव कहते हैं—'आप परम गूढ़ हैं, परम ज्योतिःस्वरूप परब्रह्म हैं।' (श्रीमद्भागवत १०।६३।३४)

'आप जगत्की उत्पत्ति, स्थिति और प्रलयके हेतु हैं। आप सर्वत्र सम, परम शान्त, सबके सुहृद्, आत्मा और इष्टदेव हैं। आप एक, अद्वितीय, जगत्के आधार और अधिष्ठान हैं। देव! हम संसारसे मुक्त होनेके लिये आपका भजन करते हैं।' (श्रीमद्भा० १०।६३।४४)

पाण्डवोंके यहाँसे लौटनेपर संजय धृतराष्ट्रसे कहते—'एक ओर सम्पूर्ण जगत् हो और दूसरी ओर अकेले भगवान् श्रीकृष्ण हों तो सारभूत बलकी दृष्टिसे भगवान् जनार्दन ही सबसे बढ़कर सिद्ध होंगे। श्रीकृष्ण संकल्पमात्रसे सारे जगत्को भस्म कर सकते हैं, परंतु उन्हें भस्म करनेमें सारा जगत् समर्थ नहीं है। जहाँ सत्य, धर्म, लज्जा और सरलता है, वहीं भगवान् रहते हैं और जहाँ भगवान् श्रीकृष्ण हैं, वहीं विजय है। ये भगवान् केशव ही अपनी योगशक्तिसे निरन्तर कालचक्र, संसारचक्र और युगचक्रको घुमाते रहते हैं। मैं यह सत्य कह रहा हूँ कि एकमात्र भगवान्

एकस्त्वमात्मा पुरुषः पुराणः सत्यः स्वयंज्योतिरनन्त आद्यः।
नित्योऽक्षरोऽजस्रसुखो निरञ्जनः पूर्णोऽद्वयो मुक्त उपाधियोऽमृतः॥
(श्रीमद्भा० १०।१४।२३)

त्वं हि ब्रह्म परं ज्योतिर्गूढं ब्रह्मणि......।
(श्रीमद्भा० १०।६३।३४)

तं त्वा जगत्स्थित्युदयान्तहेतुं समं प्रशान्तं सुहृदात्मदैवम्।
अनन्यमेकं जगदात्मकेतं भवापवर्गाय भजाम देवम्॥
(श्रीमद्भा० १०।६३।४४)

श्रीकृष्ण ही काल, मृत्यु एवं जड-चेतन जगत्के स्वामी और शासक हैं।' *

पाण्डवोंके राजसूय-यज्ञमें जब पितामह भीष्मने सर्वप्रथम भगवान् श्रीकृष्णकी पूजा करनेका आदेश दिया, तब शिशुपाल चिढ़ गया। उसने बहुत उलटी-सीधी बातें भीष्मको सुनायीं। शान्तिप्रिय युधिष्ठिर कुछ डर-से गये। तब भगवान् श्रीकृष्णके महत्त्वका वर्णन करते हुए पितामहने जो वचन कहे, उनमेंसे कुछ ये हैं—

'श्रीकृष्ण ही समस्त लोकोंकी उत्पत्ति तथा प्रलयके आधार हैं। यह सम्पूर्ण विश्व और चराचर समस्त प्राणी श्रीकृष्णकी क्रीड़ाके लिये हैं; वे ही अव्यक्त प्रकृति हैं और वे ही सनातन कर्ता हैं; वे समस्त भूतोंसे परे एवं अच्युत हैं, अतएव सबके पूज्यतम हैं। बुद्धि, मन, महत्तत्त्व, वायु, अग्नि, जल, आकाश, पृथ्वी तथा अण्डज, स्वेदज, जरायुज एवं उद्भिज्ज—चारों प्रकारके प्राणी, सब श्रीकृष्णमें ही प्रतिष्ठित हैं; वे ही सबके आधार हैं। सूर्य-चन्द्रमा, ग्रह-नक्षत्र, दिशा-विदिशा—सबके वे ही आधार हैं। जैसे वेदोंका मुख अग्निहोत्र, छन्दोंका मुख गायत्री, मनुष्योंका मुख राजा, नदियोंका मुख समुद्र, नक्षत्रोंका मुख चन्द्रमा, ज्योतिष्मान् पदार्थोंका मुख सूर्य, पर्वतोंका सुमेरु और पक्षियोंका गरुड़ है, वैसे ही संसारकी ऊँची-नीची और बीचकी—जितने प्रकारकी गतियाँ हैं, उन सबके तथा तीनों लोकोंके मुखस्थानीय—

---

* एकतो वा जगत् कृत्स्नमेकतो वा जनार्दनः।
सारतो जगतः कृत्स्नादतिरिक्तो जनार्दनः॥
भस्म कुर्याज्जगदिदं मनसैव जनार्दनः।
न तु कृत्स्नं जगच्छक्तं भस्म कर्तुं जनार्दनम्॥
यतः सत्यं यतो धर्मो यतो ह्रीरार्जवं यतः।
ततो भवति गोविन्दो यतः कृष्णस्ततो जयः॥
कालचक्रं जगच्चक्रं युगचक्रं च केशवः।
आत्मयोगेन भगवान् परिवर्तयतेऽनिशम्॥

(महा० उद्योग० ६८।७—९, १२)

केन्द्रस्वरूप भगवान् श्रीकृष्ण हैं।'* (महाभारत, सभा॰ ३८। २३—२९)

प्रसिद्ध ज्ञानी तथा सर्वज्ञ देवर्षि नारदजी भी वहीं विराजमान थे। उन्होंने सबके सामने स्पष्ट शब्दोंमें कहा—

'जो लोग कमलनयन श्रीकृष्णकी पूजा नहीं करते, उन्हें जीवित ही मृतकके समान समझना चाहिये और उनके साथ कभी बात भी नहीं करनी चाहिये।' † (महाभारत, सभा॰ ३९। ९)

—ऐसे असंख्य वाक्य स्थान-स्थानपर कहे गये हैं। इनके अतिरिक्त आचार्यों, संतों तथा भक्तोंके जो प्रत्यक्ष अनुभव हैं, वे तो सर्वथा अकाट्य और असंदिग्ध

---

* कृष्ण एव हि लोकानामुत्पत्तिरपि चाप्ययः।
कृष्णस्य हि कृते विश्वमिदं भूतं चराचरम्॥
एष प्रकृतिरव्यक्ता कर्ता चैव सनातनः।
परश्च सर्वभूतेभ्यस्तस्मात् पूज्यतमोऽच्युतः॥
बुद्धिर्मनो महद् वायुस्तेजोऽम्भः खं मही च या।
चतुर्विधं च यद् भूतं सर्वं कृष्णे प्रतिष्ठितम्॥
आदित्यश्चन्द्रमाश्चैव नक्षत्राणि ग्रहाश्च ये।
दिशश्च विदिशश्चैव सर्वं कृष्णे प्रतिष्ठितम्॥
अग्निहोत्रमुखा वेदा गायत्रीच्छन्दसां मुखम्।
राजा मुखं मनुष्याणां नदीनां सागरो मुखम्॥
नक्षत्राणां मुखं चन्द्र आदित्यस्तेजसां मुखम्।
पर्वतानां मुखं मेरुर्गरुडः पततां मुखम्॥
ऊर्ध्वं तिर्यगधश्चैव यावती जगतो गतिः।
सदेवकेषु लोकेषु भगवान् केशवो मुखम्॥
(महाभारत, सभा॰ ३८। २३—२९)

† कृष्णं कमलपत्राक्षं नार्चयिष्यन्ति ये नराः।
जीवन्मृतास्तु ते ज्ञेया न सम्भाष्याः कदाचन॥
(महाभारत,सभा॰ ३९। ९)

प्रमाणस्वरूप हैं। भगवान्‌के विविध स्वरूप हैं। तत्त्वतः एक होनेपर भी उनमें लीलाभेदकी दृष्टिसे भेद है। उनके भी अवतार विभिन्न हेतुओंसे हुआ करते हैं। पर यह तो स्वयं भगवान्‌का, जो सभी रूपोंमें अंशी हैं, आविर्भाव है। इसलिये इसमें उन सभी रूपोंका भी अन्तर्भाव है। कोई इन्हें चतुर्भुज नारायण (महाविष्णु) का, कोई श्वेतद्वीपपति विष्णुका अवतार कहते हैं। कोई भगवान्‌के केशोंका अवतार बतलाते हैं तो कोई नारायण ऋषिका। इसीसे श्रीकृष्णके इस अवतारका रहस्य अत्यन्त गूढ़ तथा जटिल बन गया है। ब्रह्मवैवर्त-पुराणमें यह स्पष्ट किया गया है कि इन पूर्ण परात्पर स्वयं-भगवान् श्रीकृष्णमें इनके अवतारके समय चतुर्भुज नारायण महाविष्णु लीन हो जाते हैं, पृथ्वीपति विष्णु भी लीन हो जाते हैं और नारायण ऋषि भी सम्मिलित हो जाते हैं।

भगवान्‌का वस्तुतः न तो प्राकृत जीवोंकी भाँति जन्म होता है और न उनका कर्मजनित, रजोवीर्यसम्भूत पाञ्चभौतिक देह ही होता है। भगवान्‌का मङ्गलमय शरीर सर्वथा भगवत्स्वरूप है; वह स्थूल, सूक्ष्म और कारण—त्रिविध मायिक देह नहीं है। उसका न कभी जन्म होता है न मरण होता है। वह कभी बनता नहीं, कभी नष्ट नहीं होता। वह नित्य, सत्य, चिन्मय भगवद्देह है, जो जन्म लेता हुआ-सा तथा अन्तर्धान हुआ-सा दिखायी देता है। इसीसे भगवान्‌ने अपनेको अजन्मा, अविनाशी तथा सबका ईश्वर रहते हुए ही अपनी इच्छासे प्रकट होनेवाला बताया है और कहा है कि 'जो मेरे इस दिव्य (अप्राकृत भगवत्स्वरूप) जन्म और कर्मको तत्त्वसे जान लेता है, वह शरीर त्यागकर फिर जन्म धारण नहीं करता, मुझ भगवान्‌को प्राप्त हो जाता है।' जिस जन्मकर्मका रहस्य जान लेनेपर जाननेवाला जन्म-मृत्युके बन्धनसे सदाके लिये मुक्त होकर भगवान्‌को प्राप्त हो जाता है, वह जन्म-कर्म कितना विलक्षण तथा कैसा भगवत्स्वरूप है—इसका अनुमान भी नहीं किया जा सकता।

भगवान्‌में छः भग (ऐश्वर्य) नित्य अनन्तरूपसे रहते हैं और छः स्वरूपभूत दिव्य गुण होते हैं। इसीसे वे भगवान् कहे जाते हैं। भगवान् श्रीकृष्णमें इनका सम्पूर्ण प्रकाश है। इससे भी उनके लिये **'कृष्णस्तु भगवान् स्वयम्'** कहा जाना सर्वथा सत्य तथा युक्तियुक्त है।

ऐश्वर्यस्य समग्रस्य धर्मस्य यशसः श्रियः।
ज्ञानवैराग्ययोश्चैव षण्णां भग इतीरणा॥
ज्ञानशक्तिबलैश्वर्यवीर्यतेजांस्यशेषतः।
भगवच्छब्दवाच्यानि विना हेयैर्गुणादिभिः॥

(विष्णुपुराण ६।५।७४, ७९)

'समग्र ऐश्वर्य, धर्म, यश, श्री, ज्ञान और वैराग्य—इन छःका नाम 'भग' है। (और ये जिसके स्वरूपभूत हों, वह 'भगवान्' है।) त्याग करनेयोग्य गुण आदिको छोड़कर ज्ञान, शक्ति, बल, ऐश्वर्य, वीर्य और तेज आदि सद्‌गुण ही 'भगवत्' शब्दवाच्य हैं।'

'ऐश्वर्य' उस सर्वेश्वरत्व या सर्ववशीकारिता-शक्तिको कहते हैं, जो सबपर अबाध गतिसे अपना प्रभुत्व कर सकती है। 'धर्म' उसका नाम है, जिससे सबका धारण, सबका मङ्गल तथा सबका उद्धार होता है। 'यश' अनन्त-ब्रह्माण्डव्यापिनी मङ्गल कीर्तिको कहते हैं। 'श्री' सब प्रकारकी सम्पत्तियोंकी जो एक मूल सत्तारूपा महान् शक्ति है, उसे कहते हैं। समस्त सम्पत्तियोंमें—(साम्राज्यसम्पत्ति, यशःसम्पत्ति, शक्तिसम्पत्ति, वैराग्यसम्पत्ति आदि सभीमें) जो स्वाभाविक अनासक्ति है, उसे 'वैराग्य' कहा जाता है और पूर्ण 'ज्ञान' तो भगवान्‌का स्वरूप ही है।

सर्वकालकी समस्त वस्तुओंके साक्षात्कारको 'ज्ञान' कहते हैं। अघटित घटना या असम्भव मानी जानेवाली घटना सम्पन्न करनेकी सामर्थ्यका नाम 'शक्ति' है—इसीसे भगवान्‌को 'कर्तुमकर्तुमन्यथाकर्तुम्' समर्थ कहा जाता है। अनायास ही सबके धारण करनेकी शक्तिको 'बल' कहा जाता है। सबको नियन्त्रित करने—अधीन रखने और सबपर शासन करनेकी शक्तिका नाम 'ऐश्वर्य' है। विश्वब्रह्माण्डके कारण होनेपर भी सहज विकारहीन रहना 'वीर्य' है और सबको सहज ही अभिभव—पराभूत करनेका नाम 'तेज' है।

उपर्युक्त ऐश्वर्य और गुणोंसे सहज सम्पन्न हैं—भगवान् श्रीकृष्ण। इतनेपर भी मानवजगत्‌में एक आदर्श मानवकी लीला करके वे लोकसंग्रह करते हैं और सबके सामने एक महान् 'निष्काम' भावका प्रत्यक्ष उदाहरण रखते हैं। पर वे केवल

****

ऐश्वर्यरूप ही नहीं हैं, मधुररूप भी हैं। उनमें सम्पूर्ण ऐश्वर्य और सम्पूर्ण माधुर्यका पूर्ण प्रकाश है। इसीलिये वे पूर्णतम हैं और 'स्वयं-भगवान्' हैं।

ऐश्वर्यमें भगवान् श्रीकृष्णका 'महत्त्व' प्रकट होता है और माधुर्यमें उनके आदर्श 'प्रियत्व' की झाँकी मिलती है। उनकी लीलामें कहीं जब केवल ऐश्वर्यका ही प्रकाश होता है, तब वहाँ माधुर्य अप्रकट रहता है और कहीं जब केवल माधुर्यका प्रकाश होता है, तब ऐश्वर्य छिपा रहता है। पर वृन्दावनकी कुछ लीलाओंमें इन दोनोंका सम्मिलित प्रकाश हुआ है, जो अत्यन्त मधुर तथा चमत्कारमय है। जैसे पूतनाका स्तनदुग्ध पान करते हुए ही भगवान्ने उसका वध किया है। यहाँ स्तन्यपानमें उनके माधुर्यका और वधलीलामें ऐश्वर्यका प्रकाश है। इसी प्रकार मदोन्मत्त महान् विषधर कालियका दर्प चूर्ण करके उसका दमन करते समय भगवान्ने उसके फनोंपर कलापूर्ण बड़ा मधुर नृत्य किया है। यहाँ उसके दमनमें ऐश्वर्यका और नृत्यमें माधुर्यलीलाका प्रकाश है।

स्वयं-भगवान्में प्रकारान्तरसे चौंसठ गुण बतलाये गये हैं। इनमेंसे पचास तो उच्चभूमिकापर आरूढ़ जीवोंमें भी भगवत्कृपासे प्रकट हो सकते हैं। इनके अतिरिक्त पाँच गुण और हैं, जो श्रीरुद्र आदिमें होते हैं, अन्य पाँच गुण भगवान् श्रीपतिमें प्रकट हैं; किंतु चार ऐसे गुण हैं, जिनका पूर्ण प्राकट्य केवल नन्दनन्दन श्रीकृष्णमें ही है—वे हैं लीलामाधुरी, प्रेममाधुरी, रूपमाधुरी और वेणुमाधुरी। इन चारों दिव्य गुणोंके कारण भगवान् श्रीकृष्ण मधुरातिमधुर हैं।

भगवान् श्रीकृष्णका जन्म कंसके कारागारमें होता है। प्राकृत जन्म तो भगवान्का है ही नहीं; पर सर्वभवनसमर्थ भगवान् चाहें तो प्राकृत जन्मकी लीला भी कर सकते हैं। किंतु यहाँ तो वह लीला भी नहीं—अद्भुत चतुर्भुज दिव्यरूपसे भगवान्का सहसा आविर्भाव होता है। श्रीमद्भागवतके प्रसङ्गके वर्णनका सार है—

कंस तमोमयका था काला पापचिह्न वह कारागार।
कालकोठरी थी, उसमें नियुक्त थे काले पहरेदार॥
भाद्रमासके कृष्णपक्षकी अँधियारी अष्टमि बुधवार।
काली अर्धनिशा थी, छाया अन्धकार था घोर अपार॥

अज-अविनाशी सर्वेश्वर प्रभु लेंगे अब मङ्गल अवतार।
अधिष्ठान कर प्रकृति निजामें, करके निज-माया-विस्तार॥
उसी समय छा गया कक्षमें सहसा शीतल दिव्य प्रकाश।
बदल गया सब कुछ क्षणमें ही, करने लगी प्रकृति मृदु हास॥
काल हो गया परम सुशोभन, सभी शुभ गुणोंसे संयुक्त।
शशि रोहिणिस्थित, थे सब नभमें ग्रह-नक्षत्र शान्तिसे युक्त॥
निर्मल हुईं दिशाएँ, तारे लगे जगमगाने आकाश।
नदियाँ हुईं स्वच्छसलिला, ह्रद हुआ रात्रिमें कमल-विकास॥
लदे वृक्ष कुसुमोंसे, पक्षी-भ्रमर कर उठे गान-गुँजार।
बहने लगी सर्व-सुख-दायिनि शुचितम सौरभमयी बयार॥
असुरद्रुह-सज्जन-मन सहसा हुए प्रसन्न सहज स्वच्छन्द।
स्वर्ग बज उठीं देव-दुन्दुभीं जन्म अजन्माके आनन्द॥
बिना बजाये हुईं निनादित मध्यनिशा वे अपने-आप।
किंनरगण-गन्धर्व मुदित हो करने लगे गान-आलाप॥
विद्याधरी-अप्सरा सहसा नाच उठीं अति सुमधुर ताल।
सुर-मुनि मुदित कर उठे श्लाघा, देख धराका भाग्य विशाल॥
जलनिधि-जलधर मन्द मधुर स्वर गाने लगे स्व-सुखका गान।
हुए प्रकट देवी देवकिसे सुन्दर मधुर स्वयं-भगवान॥
उदय हुए वैसे ही, जैसे षोडशकला-पूर्ण राकेश—
उगता प्राचीमें, न रह गया संतोंको तम-पीड़ा-लेश॥
कालोंको जो उज्ज्वल करता, ले वह अद्भुत काला रंग।
देख सामने पुरुषोत्तमको स्वयं रह गये दम्पति दंग॥
कोमल, कमल-समान नेत्र हैं मुनि-मन-मोहन, दीर्घ रसाल।
शङ्ख-गदा शुचि पद्म-चक्रसे शोभित चारों भुजा विशाल॥
वक्षःस्थलपर शोभित है श्रीवत्स-चिह्न अतिशय अभिराम।
गले सुशोभित कौस्तुभमणिकी छिटक रही है विभा ललाम॥

****

नव-नीरद-घनश्याम कलेबर चमक रहा है शुचि रमणीय।
दमक रहा है सुन्दर तनपर दिव्य पीतपट अति कमनीय॥
मणिवैदूर्य अमूल्य विनिर्मित हैं किरीट, कुण्डल द्युतिमान।
कुञ्चित कुन्तल चमक रहे हैं उनसे दिनकर-किरण-समान॥
कटिमें है करधनी सुशोभित दिव्य-रत्नमय, सुषमागार।
बाँहोंमें अङ्गद शोभित हैं, हाथोंमें कङ्कण श्री-सार॥
अङ्ग-अङ्ग आभरण-विभूषित, दीप्ति छा रही चारों ओर।
देख रूप वसुदेव-देवकी हुए अतुल आनन्द विभोर॥

इसी प्रकार भौतिक शरीरत्यागकी भाँति भगवान् श्रीकृष्णका देहत्याग भी नहीं हुआ। वास्तवमें नित्यानन्दमय भगवत्स्वरूपभूत अप्राकृत देहका त्याग होता नहीं; क्योंकि वहाँ देह-देहीका भेद नहीं होता। पृथ्वीलोकके परित्यागको ही भगवान्‌का देहत्याग कहते हैं।

पृथिवीलोकसंत्यागो देहत्यागो हरेः स्मृतः।
नित्यानन्दस्वरूपत्वादन्यो नैवोपलभ्यते॥

(श्रीस्कन्दपुराण)

भगवान्‌के परमधाम पधारनेसे कुछ पहले ही उनका गरुडचिह्न-वाला दिव्य रथ, घोड़े तथा ध्वजादि सामग्रीसहित आकाशमें उड़कर अदृश्य हो गया। इसके पश्चात् श्रीब्रह्मा, पार्वतीसहित भगवान् शिव, इन्द्रादि देवता, प्रजापति, मुनि, पितृगण, सिद्ध, गन्धर्व आदि सब भगवान्‌की इस परमधाम-प्रस्थान-लीलाको देखनेके लिये आकाशपर छा गये। आकाश विमानोंसे भर-सा गया। सब लोग भगवान्‌का गुणगान करते हुए उनपर पुष्प बरसाने लगे।

भगवान्‌ने उन देवताओंकी ओर देखकर अपनी आँखें मूँद लीं और वे अपने परम रमणीय त्रिभुवनमोहन दिव्य स्वरूपभूत शरीरसहित ही परमधामको पधार गये। उस समय देव-दुन्दुभियाँ बज उठीं और पुष्पवर्षा होने लगी। विमानोंपर स्थित देवताओंने भगवान् श्रीकृष्णको परमधाम पधारते हुए देखा। भगवान् श्रीहरिके साथ ही सत्य, धर्म, धृति, कीर्ति और श्रीदेवी भी उनके पीछे-पीछे चली गयीं।

****

इन्हीं स्वयं भगवान्ने महामानवके रूपमें धर्मपालन, अध्यात्म-विचार, ज्ञान-विज्ञान, गो-ब्राह्मण-संरक्षण, मैत्री, गुरुभक्ति, मातृ-पितृ-भक्ति, पत्नीप्रेम, स्त्रीजातिके प्रति आदरबुद्धि, राजनीति, रणकौशल, विविधकलानिपुणता, अत्याचारका तथा अत्याचारियोंका दमन आदि सभी क्षेत्रोंमें आदर्श लीलाएँ करके जगत्के सामने मानवताका महान् आदर्श रखा। अपनी लीलामें सर्वथा निष्कामभावका आचरण करके आसक्ति-कामनारहित कर्मयोगीका और अहंकाररहित समत्वपूर्ण व्यवहार करके कर्तृत्वभावरहित समदर्शी ब्रह्मनिष्ठ ज्ञानीका आदर्श, केवल वाणीसे नहीं, स्वयं आचरणके द्वारा रखा। अर्जुनके व्याजसे सर्वजनहितकारी, जीवनके प्रत्येक क्षेत्रमें बाधा-विघ्नोंको हटाकर साध्यकी प्राप्तिका सुन्दर सफल मार्ग बतलानेवाले दिव्य गीताज्ञानका उपदेश किया और अपने प्रेमीजनोंके साथ उनके शान्त, दास्य, सख्य, वात्सल्य और मधुरभावके अनुसार पृथक्-पृथक् रूपसे अनुपम अतुलनीय यथायोग्य परम मधुर लीला करके उन्हें दिव्य रसास्वादन कराके तथा उनके कामना-लेश-गन्ध-शून्य प्रेम-रसका लालायित हृदयसे रसास्वादन करके उन्हें धन्य और कृतार्थ किया। ऐसे सबके अत्यन्त परम आत्मीय भगवान् श्रीकृष्णके प्रति सभी क्षेत्रोंके भाग्यवान् नर-नारियोंका आकर्षित होकर उनके चरणोंपर अपनेको न्योछावर कर देना स्वाभाविक ही है।

भारतवर्षमें किसी प्रदेशकी कोई ऐसी भाषा नहीं है, जिसमें भगवान् श्रीकृष्णके लीला-चरित्रपर तथा उनकी महिमापर कुछ नहीं लिखा गया हो। भारतमें जितने प्रसिद्ध साधु-महात्मा, संत-भक्त हुए हैं, सभीपर श्रीकृष्ण-भक्तिका प्रभाव देखा जाता है। संस्कृतमें तो श्रीकृष्णसाहित्य अपार है ही; हिंदी, बँगला, मराठी, गुजराती, उड़िया, आसामी तथा दक्षिणकी तेलुगु, तमिळ, मळयालम, कन्नड आदि भाषाओंके साहित्यमें भी श्रीकृष्णकी गुणगाथाएँ भरी पड़ी हैं। जितने बड़े-बड़े लोकप्रसिद्ध आचार्य हुए हैं, उनमें वैष्णव आचार्य तो श्रीकृष्णभक्त थे ही, अद्वैत वेदान्तके प्रसिद्ध प्रवर्त्तक आदि-शंकराचार्यने भी भगवान् श्रीकृष्णकी भक्तिको अपना सौभाग्य माना है। उन्होंने श्रीकृष्णके प्रेम, महत्त्व और रससे पूर्ण ऐसे स्तोत्रोंकी रचना की है, जिन्हें पढ़कर चित्त श्रीकृष्णरसमें डूब जाता है। उनके श्रीकृष्णाष्टक, श्रीअच्युताष्टक,

श्रीगोविन्दाष्टक आदि प्रसिद्ध स्तोत्र बड़े ही भक्तिपूर्ण हैं। वे स्वयं भगवान् श्रीकृष्णकी मानस-पूजा करते थे, जिसका विधान उन्होंने स्वयं 'भगवत्-मानस-पूजा' के नामसे लिखा है। उसमें सबसे पहलेका तथा अन्तका जो उपसंहारकालीन ध्यान दिया है, उससे पता लगता है कि वे भगवान् श्रीकृष्णके वृन्दावनविहारी गोपसखा और गोपीवल्लभ बालरूपका ध्यान किया करते थे।

पहला ध्यान है—

हृदम्भोजे कृष्णः सजलजलदश्यामलतनुः
सरोजाक्षः स्रग्वी मुकुटकटकाद्याभरणवान्।
शरद्राकानाथप्रतिमवदनः श्रीमुरलिकां
वहन् ध्येयो गोपीगणपरिवृतः कुङ्कुमचितः॥

'हृदय-कमलके आसनपर सजल जलधरके समान श्याम शरीरवाले कमलनयन भगवान् श्रीकृष्ण विराजमान हैं। उनके गलेमें वनमाला सुशोभित है, मस्तकपर मुकुट, हाथोंमें कङ्कण हैं तथा अन्यान्य अङ्गोंमें उन-उनके योग्य आभरण शोभा पा रहे हैं। शारदीय चन्द्रमाके सदृश उनका मनोहर मुख है, वे हाथोंमें सुन्दर मुरली धारण किये हुए हैं। केसर-समन्वित चन्दनसे उनका शृङ्गार किया हुआ है और चारों ओरसे गोप-रमणियोंने उन्हें घेर रखा है।

उपसंहारकालीन ध्यान है—

सदा सेव्यः कृष्णः सजलघननीलः करतले
दधानो दध्यन्नं तदनु नवनीतं मुरलिकाम्।
कदाचित् कान्तानां कुचकलशपत्रालिरचना-
समासक्तः स्निग्धैः सह शिशुविहारं विरचयन्॥

'जो अपने हाथमें दही, भात, मक्खन और मुरली लिये हैं और अपने स्नेही बाल-सखाओंके साथ खेल कर रहे हैं, जो कभी-कभी प्रेयसी गोपसुन्दरियोंके कुच-कलशोंपर पत्ररचना करनेमें आसक्त हो जाते हैं, वे सजल जलधरके सदृश कान्तिवाले श्यामसुन्दर श्रीकृष्ण सदा ही सेवन करनेयोग्य हैं।'

श्रीशंकराचार्यने एक बार अपनी माताकी मुक्तिके लिये—(**'मातृमोक्षार्थम्'**)

भगवान् श्रीकृष्णसे प्रकट होकर दर्शन देनेकी प्रार्थना की। इस प्रार्थनाके प्रत्येक श्लोकके अन्तमें 'श्रीकृष्ण मेरे नयनगोचर हों—(**मम भवतु कृष्णोऽक्षिविषयः**)' कहा गया है। भगवान्ने प्रार्थना सुनकर आचार्यके सामने शङ्ख, चक्र, कमल लिये प्रकट होकर उनको कृतार्थ किया । वह श्लोक है—

इति हरिरखिलात्माऽऽराधितः शंकरेण
श्रुतिविशदगुणोऽसौ मातृमोक्षार्थमाद्यः ।
यतिवरनिकटे श्रीयुक्त आविर्बभूव
स्वगुणवृत उदारः शङ्खचक्राब्जहस्तः ॥

'संन्यासिप्रवर श्रीशंकराचार्यने जब माताकी मुक्तिके लिये श्रुतिवर्णित गुणसम्पन्न अखिल जगत्के आत्मा श्रीहरिकी आराधना की, तब वे निज गुणोंके सहित शङ्ख-चक्र-कमल हाथमें लिये श्रीसम्पन्न उदार रूपमें उनके सामने आविर्भूत हो गये।'

सम्मान्य श्रीशंकराचार्यजीने 'प्रबोधसुधाकर' नामक ग्रन्थमें यह प्रमाणित किया है कि भगवान् श्रीकृष्ण न तो एकदेशीय हैं, न अंशावतार ही, वरं वे सर्वगत, सर्वात्मा, समस्त अवतारोंके प्रवर्तक साक्षात् परमात्मा हैं। वे कहते हैं—

यद्यपि साकारोऽयं तथैकदेशी विभाति यदुनाथः ।
सर्वगतः सर्वात्मा तथाप्ययं सच्चिदानन्दः ॥

वे भगवान् श्रीकृष्णको ब्रह्मा-विष्णु-महेशसे भी पृथक् विकाररहित और सर्वश्रेष्ठ एक 'सच्चिन्मयी नीलिमा' बतलाते हैं—

कृष्णो वै पृथगस्ति कोऽप्यविकृतः सच्चिन्मयो नीलिमा ।

वे भगवान्का किस रूपमें स्मरण तथा साक्षात्कार किया करते थे—इसे देखिये—

यमुनानिकटतटस्थितवृन्दावनकानने महारम्ये ।
कल्पद्रुमतलभूमौ चरणं चरणोपरिस्थाप्य ॥
तिष्ठन्तं घननीलं स्वतेजसाभासयन्तमिह विश्वम् ।
पीताम्बरपरिधानं चन्दनकर्पूरलिप्तसर्वाङ्गम् ॥
आकर्णपूर्णनेत्रं कुण्डलयुगमण्डितश्रवणम् ।
मन्दस्मितमुखकमलं सुकौस्तुभोदारमणिहारम् ॥

वलयाङ्गुलीयकाद्यानुज्ज्वलयन्तं स्वलंकारान्।
गलविलुलितवनमालं स्वतेजसापास्तकलिकालम्॥
गुञ्जारवालिकलितं गुञ्जापुञ्जान्विते शिरसि।
भुञ्जानं सह गोपैः कुञ्जान्तरवर्तिनं हरिं स्मरत॥

'यमुनाजीके निकट तीरपर महान् रमणीय वृन्दावनमें कल्पवृक्ष (कदम्ब) के नीचे पृथ्वीपर अपने चरणपर चरण रखे हुए भगवान् श्रीकृष्ण विराजित हैं। उनका घन-नील वर्ण है, वे अपने तेजसे समस्त विश्वको प्रभासित कर रहे हैं, पीताम्बर धारण किये हैं, समस्त अङ्गोंमें चन्दन-कर्पूरका लेप किये हैं, कानोंतक फैले हुए विशाल नेत्र हैं, कानोंमें कुण्डल झिलमिला रहे हैं, मुख-कमलपर मधुर मन्द-मुसकान छा रही है। कौस्तुभमणिसे युक्त सुन्दर हार पहने हुए हैं, कंगन, अँगूठी आदि श्रेष्ठ अलंकारोंको अपने ही प्रकाशसे समुज्ज्वल कर रहे हैं, गलेमें वनमाला लटक रही है, अपने तेजसे कलियुगको निरस्त कर रहे हैं, गुञ्जाओंसे अङ्गोंको सजा रखा है, सिरपर भ्रमर गुंजार कर रहे हैं और किसी कुञ्जके भीतर विराजित हो गोपोंके साथ वन-भोजन कर रहे हैं। ऐसे श्यामसुन्दरका स्मरण करना चाहिये।'

शांकर सिद्धान्तके प्रख्यात पोषक और अनुयायी, 'अद्वैतसिद्धि' नामक उत्कृष्ट वेदान्त-ग्रन्थके रचयिता स्वामी श्रीमधुसूदन सरस्वती तो मुरलीमनोहर श्यामसुन्दरके अतिरिक्त अन्य किसी तत्त्वकी जानकारीसे ही इन्कार करते हैं—यहाँतक कि श्रीकृष्णके महत्त्वको, उनकी भगवत्ताको न माननेवालोंके लिये वे सीधा नरकका रास्ता बतलाते हैं। उनके वचनोंका रस लीजिये—

ध्यानाभ्यासवशीकृतेन मनसा तन्निर्गुणं निष्क्रियं
ज्योतिःकिंचन योगिनो यदि परं पश्यन्ति पश्यन्तु ते।
अस्माकं तु तदेव लोचनचमत्काराय भूयाच्चिरं
कालिन्दीपुलिनेषु यत् किमपि तन्नीलं महो धावति॥

वंशीविभूषितकरान्नवनीरदाभात्
पीताम्बरादरुणविम्बफलाधरोष्ठात्।
पूर्णेन्दुसुन्दरमुखादरविन्दनेत्रात्
कृष्णात्परं किमपि तत्त्वमहं न जाने॥

प्रमाणतोऽपि निर्णीतं कृष्णमाहात्म्यमद्भुतम्।
न शक्नुवन्ति ये सोढुं ते मूढा निरयं गताः॥

'ध्यानके अभ्याससे वशमें किये हुए मनसे योगीलोग यदि किसी (अनिर्वचनीय) निर्गुण, निष्क्रिय, परम ज्योतिका साक्षात्कार करते हैं तो किया करें—उनके साथ हमारा कोई विवाद नहीं है। हमारे लिये तो जो अलौकिक नीलवर्णकी ज्योति कालिन्दीके पुलिनोंमें दौड़ती रहती है, वही चिरकालतक नेत्रोंमें चमत्कार उत्पन्न करती रहे।'

'जिनके हाथ वंशीसे सुशोभित हैं, जिनकी आभा नवीन मेघकी-सी है, जो पीतवस्त्र धारण किये हुए हैं, जिनके होठ पके हुए कुँदरू फलके समान लाल हैं, जिनका मुख पूर्णिमाके चन्द्रमाके समान मनोहर है और नेत्र कमलके समान हैं, उन श्रीकृष्णसे परे यदि कोई तत्त्व है तो उसे मैं नहीं जानता।'

'स्वानुभवके अतिरिक्त शब्द आदि प्रमाणोंसे भी निर्णीत श्रीकृष्णके अद्भुत प्रभावको जो सहन नहीं कर सकते, वे मूर्ख नरकगामी होते हैं।'

अनिर्वचनीय-अचिन्त्यानन्त-परस्परविरुद्धगुणधर्माश्रयी भगवान् श्रीकृष्णके अनन्त गुणगण हैं; उनका जितना स्मरण किया जाय, उतना ही मङ्गल है। आज हमलोग उनके प्राकट्य-महोत्सवके पर्वपर उनका पुण्य-स्मरण करते हुए उनसे एक समर्पणमयी गोपाङ्गनाकी भावनामयी भाषामें विनीत प्रार्थना करते हैं—

हे परिपूर्ण ब्रह्म! हे परमानन्द सनातन सर्वाधार!।
हे पुरुषोत्तम! परमेश्वर! हे अच्युत! उपमारहित उदार!॥
विश्वनाथ! हे विश्वम्भर विभु! हे अज अविनाशी भगवान्!।
हे परमात्मा! सर्वात्मा हे! पावन स्वयं ज्ञान-विज्ञान॥
हे वसुदेव-देवकी-सुत! हे कृष्ण! यशोदा-नँदके लाल!।
हे यदुपति! ब्रजपति! हे गोपति! गोवर्धनधर! हे गोपाल!॥
मेरे एकमात्र आश्रय तुम तुम ही एकमात्र सुखसार।
तुम्हीं एक सर्वस्व, तुम्हीं बस, हो मेरे जीवन साकार॥
कितने बड़े, उच्च तुम कितने, कितने दुर्लभ, दिव्य, महान।

गले लगाया मुझ नगण्यको सब भगवत्ता भूल, सुजान ॥
प्रेम नहीं, रस नहीं जरा भी, तनिक नहीं है मनमें त्याग।
साधन-हीन, दीन-जीवन मैं, तब भी तुम करते अनुराग ॥
देख तुम्हारी प्रकृति अनोखी, होता मन नव-नव उत्साह।
छोड़ूँ तुम्हें न कभी, न होऊँ पृथक्—एक ही यह मन चाह ॥
पुण्य-पाप, परलोक-लोकका मुझे नहीं भय, तनिक विचार।
चरण-धूलिमें पड़ी रहूँ, बस, तन-मन-धन कर सभी निसार ॥
रहे जाय या जगका सब कुछ, मिले मान या लगे कलङ्क।
सेवन करती रहूँ चरण-रज—एक यही, बस, मनमें अङ्क ॥
रहूँ भले विज्ञान भवनमें, पड़ी रहूँ या घन-तम-कूप।
सुनती रहूँ तुम्हारी मुरली, रहूँ निरखती रूप अनूप ॥

अन्तमें उनका जय-जयकार कीजिये—

देवकीनन्दनकी जय
यशोदानन्दनकी जय
बोलो असुर-निकन्दनकी जय जय जय ॥ १ ॥
नन्द-छैयाकी जय
नाग-नथैयाकी जय
बोलो माखन-चुरैयाकी जय जय जय ॥ २ ॥
दाऊ-भैयाकी जय
रास-रचैयाकी जय
बोलो नृत्य-करैयाकी जय जय जय ॥ ३ ॥
मुरलीधारीकी जय
ब्रजविहारीकी जय
बोलो कृष्ण मुरारीकी जय जय जय ॥ ४ ॥
गोपीवल्लभकी जय
राधावल्लभकी जय
बोलो रुक्मिणिवल्लभकी जय जय जय ॥ ५ ॥

****

बिश्वपावनकी जय
भक्तभावनकी जय
बोलो सर्वभुलावनकी जय जय जय ॥ ६ ॥
गीता-गायककी जय
लोक-नायककी जय
बोलो सर्वसुखदायककी जय जय जय ॥ ७ ॥
अखिलेश्वरकी जय
लोकमहेश्वरकी जय
बोलो भक्तजनेश्वरकी जय जय जय ॥ ८ ॥
नंद के आनंद भयो, जै कन्हैया लाल की!

——::×::——

पूर्ण परात्पर भगवान् श्रीकृष्णका आविर्भाव

(सं॰ २०२३ वि॰ के जन्माष्टमी-महोत्सवपर प्रवचन)

कृष्णाय वासुदेवाय देवकीनन्दनाय च ।
नन्दगोपकुमाराय गोविन्दाय नमो नमः ॥
नमः पङ्कजनाभाय नमः पङ्कजमालिने ।
नमः पङ्कजनेत्राय नमस्ते पङ्कजाङ्घ्रये ॥
नमोऽकिञ्चनवित्ताय निवृत्तगुणवृत्तये ।
आत्मारामाय शान्ताय कैवल्यपतये नमः ॥
श्रीकृष्ण कृष्णसख वृष्ण्यृषभावनिध्रुग्-
राजन्यवंशदहनानपवर्गवीर्य ।
गोविन्द गोद्विजसुरार्तिहरावतार
योगेश्वराखिलगुरो भगवन्नमस्ते ॥

(श्रीमद्भागवत १ । ८ । २१,२२,२७,४३)

***

आज पूर्ण-परात्पर स्वयं भगवान्‌के मङ्गलमय प्राकट्यका महान् मङ्गलमय, महान् मधुर और महान् पवित्र दिवस श्रीकृष्णजन्माष्टमी है। दुर्दान्त राजाओंके रूपमें प्रकट दैत्योंके साथ ही घोरकर्मा अन्यान्य असुरोंके भयानक तथा प्रचण्ड अत्याचारोंसे प्रपीड़ित और असह्य भारसे आक्रान्त एवं संत्रस्त दुःखिनी वसुंधरा गौके रूपमें सृष्टिकर्ता ब्रह्माके पास पहुँची। तदनन्तर ब्रह्माकी सम्मतिके अनुसार भगवान् शंकर आदि देवताओंके साथ क्षीरसागरके तटपर जाकर भगवान्‌को पुकारने लगी। क्षीराब्धिशायी पुरुषरूप भगवान् ही व्यष्टि वसुंधराके स्वामी हैं। इसलिये पृथ्वीदेवी इन्हींको अपनी व्यथा-वेदना सुनाया करती है। वहाँ ब्रह्मादि देवोंने भगवान्‌का स्तवन किया । ब्रह्माजीकी समाधि हो गयी और उसी समाधिस्थ-अवस्थामें ब्रह्माजीको भगवान्‌की आकाशवाणी सुनायी दी। उसे सुनकर ब्रह्माजीने देवताओंसे कहा—भगवान्‌को पहलेसे ही धराके संतापका पता है। वे ईश्वरोंके ईश्वर धराका भार हरनेके लिये अवतरण करें, इसके पहले ही तुम देवगण यदुकुलमें जन्म लेकर लीलामें योग देनेके लिये प्रस्तुत रहो। वे साक्षात् परम पुरुष भगवान् वसुदेवके घरमें प्रकट होंगे; उनकी सेवाके लिये तथा उनके साथ ही उनकी प्रियतमा (श्रीराधाजी) की सेवाके लिये देवाङ्गनाएँ भी वहाँ जन्म-धारण करें।

वसुदेवगृहे साक्षाद् भगवान् पुरुषः परः।
जनिष्यते तत्प्रियार्थं सम्भवन्तु सुरस्त्रियः॥

(श्रीमद्भागवत १०। १। २३)

क्षीरोदशायी भगवान्‌के कथनका स्पष्ट अर्थ यह है कि क्षीराब्धिशायी नहीं, स्वयं साक्षात् परम पुरुष पुरुषोत्तम ही श्रीवसुदेवजीके यहाँ अवतीर्ण होंगे।

विभिन्न कल्पोंमें होनेवाले श्रीकृष्णके अवतारोंके विभिन्न वर्णन मिलते हैं—कहीं वे भगवान् विष्णुके अवतार हैं, कहीं नारायणके, कहीं वामनके, कहीं सित-कृष्ण केशरूप अंशावतार तो कहीं नारायण-ऋषिके अवतार बताये गये हैं। पर इस सारस्वत कल्पमें स्वयं भगवान् ही अपने सम्पूर्ण अंश-कला-वैभवोंके साथ पूर्णरूपसे प्रकट हुए हैं। इस अवतारमें विभिन्न अवतारोंके विभिन्न लीलाकार्य इन्हीं एकके द्वारा सुसम्पन्न होते हैं; क्योंकि वे सभी इन स्वयं-पूर्ण भगवान्‌के अन्तर्गत हैं।

पुरुष, अंश, कला, विभूति, लीला, शक्ति आदि सभी इन्हींमें प्रतिष्ठित हैं।

ब्रह्मवैवर्तपुराणके अनुसार पृथ्वीदेवी देवताओंको साथ लेकर सर्वलोकमहेश्वर भगवान् श्रीकृष्णके गोलोकमें जाती हैं। देवताओंके प्रार्थना करनेपर भगवान् श्रीकृष्ण स्वयं अवतार धारण करना स्वीकार कर लेते हैं। इतनेमें वहाँ एक दिव्य रथ आता है और उसमेंसे उतरकर शङ्ख-चक्र-गदा-पद्मधारी चतुर्भुज नारायण महाविष्णु महेश्वर श्रीकृष्णके दिव्य शरीरमें लीन हो जाते हैं। तदनन्तर दूसरे दिव्य रथपर धराधीश श्रीविष्णु पधारते हैं और वे भी राधिकेश्वर भगवान्में विलीन हो जाते हैं। अब अवतारके लिये मानुषी तत्त्वकी प्रयोजनीयता सामने आती है तो वहींपर उपस्थित नारायण ऋषि भी इन्हींमें समा जाते हैं। इस प्रकार महाविष्णु, विष्णु और नारायणरूपको अपनेमें मिलाकर ही स्वयं-भगवान् वसुदेवजीके यहाँ प्रकट होते हैं।

देवकीजीके छः पुत्रोंको जन्म होते ही क्रूर कंसने एक-एक करके मार दिया था। भगवान्के आदेशसे देवकीके सप्तम गर्भको महामायाने वसुदेवजीकी दूसरी पत्नी रोहिणीजीके गर्भमें स्थापित कर दिया। इसीलिये उनका नाम 'संकर्षण' पड़ा। तदनन्तर भगवान् वसुदेवजीके मनमें आकर उनके मनसे देवकीके मनमें आ गये। वे प्राकृत जीवोंकी भाँति गर्भस्थ नहीं हुए। तथापि देवकीको लीलासे गर्भ-स्थिति-सी प्रतीत हुई तथा अपने ही गर्भसे उनका जन्म होना भी जान पड़ा। उनका पूर्ण वात्सल्यभाव तथा भगवान्की भक्तवश्यता ही इसमें प्रधान हेतु हैं। एक दिन देवताओंने कंसके कारागारमें आकर स्तुति की, जो 'गर्भस्तुति'के नामसे विख्यात है।

भाद्रपदके कृष्णपक्षकी अँधियारी अर्धरात्रि थी। अत्याचारी क्रूर कंसका कदर्य कारागार था। पर स्वयं-भगवान् श्रीकृष्णके दिव्य प्राकट्यके समय सभी कुछ परम मङ्गलमय, परम शोभन तथा परम पवित्र हो गया। काल सारे शुभगुणोंसे सम्पन्न तथा परम शोभामय हो गया। उस समय चन्द्रमा रोहिणी नक्षत्रमें स्थित थे और आकाशमें सभी नक्षत्र, ग्रह, तारे शान्त और सौम्य हो गये थे। सभी दिशाएँ प्रसन्न हो गयीं और आकाशमें तारे जगमगा उठे; नदियोंका जल निर्मल हो गया और रात्रिके समय भी सरोवरोंमें असंख्य कमलोंकी पंक्तियाँ विकसित हो उठीं, वनोंमें वृक्षोंकी श्रेणियाँ विभिन्न वर्णोंके सुगन्धित पुष्पोंसे लद गयीं। शुक-पिकादि पक्षी मधुर ध्वनि करने लगे

और मधुपानमें प्रमत्त मधुकरोंकी मधुर गुंजारसे सारी वनभूमि मुखरित हो उठी; परम पवित्र शीतल-मन्द-सुगन्ध सुखद वायु अपने स्पर्शसे सबको सुख देती हुई बहने लगी। यों समस्त प्रकृति आनन्दोत्फुल्ल हो गयी। पञ्चभूत— पृथ्वी, जल, तेज, वायु और आकाश परमाह्लादसे पूर्ण हो गये।

याज्ञिक द्विजोंके अग्निकुण्डोंकी जो अग्नियाँ कंसके क्रूर अत्याचारसे निर्वापित हो गयी थीं, इस समय अपने-आप जल उठीं। असुरोंके द्रोह-पात्र साधुओंका अत्याचार-पीड़ित चित्त सहसा प्रसन्नतासे पूर्ण हो गया। अजन्मा भगवान्‌के इस दिव्य आविर्भावके समय स्वर्गमें देवताओंकी दुन्दुभियाँ एक साथ बिना ही बजाये बजने लगीं। संगीतकला-निपुण हाहा, हूहू, तुम्बुरु आदि गन्धर्व-किंनरगण भगवान्‌के पवित्र गुणोंका गान अत्यन्त मधुर स्वरमें करने लगे और सिद्ध-चारणगण भगवत्-स्तवनमें प्रवृत्त हो गये। विद्याधरियाँ और अप्सराएँ विषय-विलासको विस्मृतकर श्रीगोविन्द-गुणगानमें प्रमत्त गन्धर्व-किंनरोंके गोविन्द-गुणगानकी शुद्ध सुधामयी तालोंमें ताल मिलाकर मधुर-मधुर नृत्य करने लगीं। देवगण सहसा जाग उठे और आनन्दमग्न हो उसी क्षण नन्दनवनमें जा पहुँचे तथा स्वर्गके पारिजात आदि सौरभित सुमनोंकी पृथ्वीपर वर्षा करने लगे। परमानन्दसिन्धुके पवित्र प्राकट्यके समय धराके सप्तसिन्धु मृदु मन्द गर्जना करते हुए उत्ताल तरल तरंगोंकी भङ्गिमा दिखा-दिखाकर नाचने लगे। समुद्रका मधुर गर्जन सुनकर दिक्प्रान्तवर्ती मेघ-समुदाय भी मुखरित हो उठे। इसी समय मध्यरात्रिके निशीथमें सबके हृदयोंमें रहनेवाले जनार्दन भगवान् देवरूपिणी देवकीके गर्भसे आविर्भूत हुए, मानो पूर्वदिशामें षोडशकला-परिपूर्ण चन्द्रमाका उदय हुआ हो। (जैसे भगवान्‌का देह दिव्य था, वैसे ही देवकीजीका शरीर भी दिव्य ही था, इसीसे उन्हें 'देवरूपिणी' कहा गया।)

निशीथे तमउद्भूते जायमाने जनार्दने।
देवक्यां देवरूपिण्यां विष्णुः सर्वगुहाशयः।
आविरासीद् यथा प्राच्यां दिशीन्दुरिव पुष्कलः॥

(श्रीमद्भागवत १०।३।८)

अतुलसौभाग्य श्रीवसुदेवजीको अनन्त भास्कर तथा अनन्त सुधांशुके सदृश

महान् शीतल सुखद प्रकाश दिखायी दिया और उसीमें दर्शन हुए दिव्य वस्त्राभूषणों तथा शङ्ख-गदा-चक्र और पद्मसे सुशोभित दिव्य-नीलश्यामकलेवर चतुर्भुज महान् अद्भुत बालकके। भगवान्का मङ्गलमय दिव्य शरीर अप्राकृत ही नहीं, दिव्य भगवत्स्वरूप है, उनका वह स्वरूपभूत भगवद्देह नित्य अतर्क्य-अचिन्त्य-ऐश्वर्य-माधुर्य-सौन्दर्य-सम्पन्न चिन्मय है और परिच्छिन्न होकर भी नित्य विभु है। न वह कर्मजनित है, न पञ्चभूतोंसे निर्मित है और न उसमें देह-देहीका भेद है। वह नित्य सच्चिदानन्दमय है।

देवकीजी इस चतुर्भुज दिव्य रूपके तीव्र तेजको सह नहीं सकीं और उन्होंने भगवान्से इस रूपका संवरण करके शिशुरूपमें दर्शन देनेकी प्रार्थना की। भक्तवत्सल भगवान्ने वसुदेव-देवकीको पूर्वजन्मोंकी स्मृति दिलाकर यह बतलाया कि 'मैं सर्वेश्वर प्रभु ही तुम्हारा पुत्र बना हूँ।' और फिर तुरंत वे प्राकृत शिशुरूपमें प्रकट हो गये। तदनन्तर श्रीवसुदेवजीने भगवान्का आदेश पाकर उन शिशुरूप भगवान्को नन्दालयमें ले जाकर श्रीयशोदाजीके पास सुला दिया और बदलेमें वे यशोदासे प्रकट हुई जगदम्बिका महामायाको ले आये। ले जानेके समय कारागारके सब द्वार खुल गये, प्रहरीगण सो गये, मार्ग निर्जन हो गया, यमुनाजीने रास्ता दे दिया एवं नन्दालयमें सब निद्राग्रस्त हो गये। अतएव उन्हें ले जाकर यशोदाजीके पास सुलाने तथा कन्याको लेकर कारागारमें वापस लौट आनेकी क्रियाका भगवान्की विचित्र अघटनघटनापटीयसी मायाके प्रभावसे किसीको पतातक न लगा।

इसके बाद तो जो सर्वतोमुखी सर्वकल्याणकारिणी सर्वानन्दमयी विविध-वैचित्र्यरूपा लीला आरम्भ हुई, वह धराधामसे अन्तर्धान होनेतक अबाध गतिसे चलती ही रही। उसका एक-एक प्रसङ्ग जीव-जीवनकी कृतार्थताके लिये पर्याप्त है। उन लीलाओंको सुनकर, सुनाकर, गाकर संसार-सागरमें पड़े हुए मानव अनायास ही तर जाते हैं। भगवान् लीला करते ही इसीलिये हैं कि उनका श्रवण, कीर्तन तथा स्मरण करके सहज ही मानव कृतार्थ हो जाय। कुन्तीदेवी भगवान्का स्तवन करते समय भगवान् श्रीकृष्णके अवतारके प्रयोजनोंका उल्लेख करती हुई कहती हैं—

****

केचिदाहुरजं जातं पुण्यश्लोकस्य कीर्तये।
यदोः प्रियस्यान्ववाये मलयस्येव चन्दनम्॥
अपरे वसुदेवस्य देवक्यां याचितोऽभ्यगात्।
अजस्त्वमस्य क्षेमाय वधाय च सुरद्विषाम्॥
भारावतारणायान्ये भुवो नाव इवोदधौ।
सीदन्त्या भूरिभारेण जातो ह्यात्मभुवार्थितः॥
भवेऽस्मिन् क्लिश्यमानानामविद्याकामकर्मभिः।
श्रवणस्मरणार्हाणि करिष्यन्निति केचन॥
शृण्वन्ति गायन्ति गृणन्त्यभीक्ष्णशः
स्मरन्ति नन्दन्ति तवेहितं जनाः।
त एव पश्यन्त्यचिरेण तावकं
भवप्रवाहोपरमं पदाम्बुजम्॥

(श्रीमद्भागवत १।८।३२—३६)

'हे भगवन्! आपने अजन्मा होकर जन्म क्यों लिया है, इसका हेतु बतलाते हुए कोई महानुभाव कहते हैं कि आपने पुण्यश्लोक राजा युधिष्ठिरका यश बढ़ानेके लिये ही यदुवंशमें जन्म लिया है (**पुण्यश्लोको युधिष्ठरः**) अथवा मलयाचलकी कीर्तिका विस्तार करनेके लिये जैसे उसमें चन्दन प्रकट होता है, वैसे ही राजा यदुकी कीर्ति बढ़ानेके लिये आपने उनके वंशमें अवतार लिया है। दूसरे कोई कहते हैं कि श्रीवसुदेव तथा देवकीने पूर्वजन्ममें (सुतपा और पृश्निके रूपमें) आपसे पुत्ररूपमें प्रकट होनेकी प्रार्थना की थी, इसी कारण आप अजन्मा होते हुए भी जगत्का कल्याण (साधुओंका परित्राण) और देवद्रोही असुरोंका वध (उद्धार) करनेके लिये वसुदेव-देवकीके पुत्र बनकर प्रकट हुए हैं। कुछ लोगोंका कथन है कि दैत्योंके भारी भारसे समुद्रमें डूबते हुए जहाजकी भाँति पृथ्वीका भार उतारनेके लिये ही आपने भूतलपर अवतरण किया है।' इस प्रकार अन्यान्य मतोंको बतलाकर कुन्तीदेवी अपना मत प्रकट करती हुई कहती हैं कि 'इस संसारमें अज्ञानसे कामना होती है, कामनाओंके वशमें होकर मनुष्य सकाम कर्म करते हैं और उनके परिणामस्वरूप

कर्मबन्धनमें जकड़े हुए वे नाना प्रकारके क्लेश भोगते हैं; उन दुःखी मनुष्योंको संसारके क्लेशोंसे मुक्त करनेवाली प्रेमभक्तिप्रदायिनी दिव्य लीलाएँ करनेके विचारसे ही आपने यह अवतार ग्रहण किया है। जो लोग प्रेम तथा भक्तिभावसे भरे हुए आपके विविध विचित्र लीलाचरित्रोंको दूसरोंसे सुनते हैं, स्वयं गाकर तथा स्मरणकर आनन्दित होते रहते हैं, वे शीघ्र ही आपके उस चरण-कमलका दर्शन प्राप्त करते हैं, जिससे जन्म-मृत्युका प्रबल प्रवाह सदाके लिये शान्त हो जाता है।'

वास्तवमें वे अजन्मा भगवान् श्रीकृष्ण क्या हैं, कैसे हैं, क्यों प्रकट होते हैं—इसका रहस्य उनके अपने सिवा और कोई नहीं जानता। वे स्वयं कहते हैं—'**न मे विदुः सुरगणाः प्रभवं न महर्षयः।**' 'मेरे प्राकट्यके रहस्यको देवता और महर्षिगण कोई नहीं जानते।'

पर उन्होंने स्वयं यह बतलाया है कि 'मैं अजन्मा, अव्ययात्मा और सम्पूर्ण भूतोंका ईश्वर रहते हुए अपनी प्रकृतिको स्वीकार करके अपनी मायासे (लीलासे) उत्तम रीतिसे प्रकट होता हूँ।' 'जब-जब धर्मकी हानि तथा अधर्मका अभ्युत्थान होता है, तब-तब मैं अपनेको प्रकट करता हूँ और साधु पुरुषोंका परित्राण, दुष्टोंका विनाश तथा धर्मसंस्थापनके लिये मैं युग-युगमें उत्तम रीतिसे प्रकट होता हूँ।' इस प्रकार गीता अध्याय ४ के तीन (६, ७, ८) श्लोकोंमें अपने अवतार ग्रहण करनेकी बात पृथक्-पृथक् रूपसे भगवान्ने कही है और उसके कारण बतलाये हैं। छठे श्लोकमें अपनेको अजन्मा, अविनाशी तथा सब भूतोंका ईश्वर होनेपर भी जन्म लेने, अन्तर्धान होने तथा पराधीन बालक बननेका संकेत करके अपने विरुद्धधर्माश्रयी परात्पर पूर्ण पुरुषोत्तम रूपके साक्षात् प्रकट होनेका स्पष्ट निरूपण किया है। सातवेंमें सदुपदेशादिके द्वारा धर्मग्लानिका तथा अधर्मके अभ्युत्थानका नाश करनेवाले 'आचार्य'स्वरूपका वर्णन है और आठवेंमें साधुपरित्राण, असुरहनन तथा धर्मस्थापनरूप तीन प्रयोजन बतलाये गये हैं। वास्तवमें सच्चा अधर्म है—'भगवद्विमुखता, भोगप्रियता और कामपरवशता।' इसी कामरूप अधर्मका नाश तथा पवित्र त्यागमय प्रेमधर्मकी स्थापना होनी चाहिये। कामोपभोगपरायण आसुरी वृत्ति ही उत्तरोत्तर काम-क्रोध आदि षड्रिपुओंको प्रबल बनाकर साधुवृत्तिको संकटमें

डाल देती है। अतः उस भोगाभिमुखी काममयी आसुरवृत्तिके नाशमें ही वस्तुतः अधर्मका संहार, दुष्कृतकारियोंका विनाश तथा साधुओंका परित्राण है। स्वयं अवतीर्ण होकर प्रेममयी परम मधुर रसपूर्ण पवित्र लीलाके द्वारा 'विशुद्धप्रेम-धर्म'की स्थापना करके भगवान् यही करते हैं। यह प्रेमधर्म जबतक प्राप्त नहीं होता, तबतक परमहंस अमलात्मा मुनिगण भी परम कृतार्थ नहीं होते। इसीसे भगवान्‌के अवतारका प्रयोजन बतलाते हुए कुन्तीदेवीने कहा है—

तथा परमहंसानां मुनीनाममलात्मनाम्।
भक्तियोगविधानार्थं कथं पश्येम हि स्त्रियः॥

(श्रीमद्भागवत १।८।२०)

'आप निर्मल हृदयवाले विचारशील परमहंस मुनियोंके हृदयमें अपनी प्रेममयी भक्तिका उदय करनेके लिये अवतीर्ण हुए हैं। हम अल्पबुद्धि अबलाएँ आपको कैसे पहचान सकती हैं?'

अतएव भगवान् श्रीकृष्णके लीला, गुण, कर्म ही ऐसे प्रेममुग्ध कर देनेवाले होते हैं कि उन्हें देख-देखकर, सुन-सुनकर जिनके अज्ञानकी ग्रन्थि टूट गयी है और जो नित्य आत्मामें ही रमण करते हैं, वे मुनि भी भगवान्‌की अहैतुकी भक्ति—भगवान्‌में विशुद्ध प्रेम करने लगते हैं।

आत्मारामाश्च मुनयो निर्ग्रन्था अप्युरुक्रमे।
कुर्वन्त्यहैतुकीं भक्तिमित्थम्भूतगुणो हरिः॥

(श्रीमद्भागवत १।७।१०)

भगवान्‌की लीलाएँ आत्माराम मुनियोंको भी प्रेम प्रदान करके उनको सर्वाङ्गतः—सम्पूर्णतया कृतार्थ कर देती हैं। यह स्वयं भगवान्‌के अवतारका प्रयोजन है, ऐसा कुछ प्रेमी महापुरुष महात्माओंका कथन है। विरक्तशिरोमणि श्रीशुकदेवजी राजा परीक्षित्‌को भगवान्‌के अवतारका प्रयोजन बहुत थोड़ेमें बतलाते हैं—

नृणां निःश्रेयसार्थाय व्यक्तिर्भगवतो नृप।
अव्ययस्याप्रमेयस्य निर्गुणस्य गुणात्मनः॥

(श्रीमद्भागवत १०।२९।१४)

राजा परीक्षित्! जन्म-मृत्यु आदि विकारोंसे रहित प्रत्यक्षादि प्रमाणोंके अविषय, प्राकृत गुणोंसे रहित और स्वरूपगत दिव्य कल्याणगुणस्वरूप षड्गुणैश्वर्यपूर्ण प्रभुकी अभिव्यक्ति—उनका प्राकट्य मनुष्योंके परम कल्याणके लिये ही होता है और वह परम कल्याण पूर्णरूपसे विशुद्ध भक्ति-प्रेममें ही निहित है।

कुछ महानुभावोंका अनुभव है कि जो प्रेमी साधुजन प्रियतम भगवान्के सिवा अन्य किसीको जानते ही नहीं और जो लीला-पुरुषोत्तम भगवान्के विषम वियोगानलमें दग्ध होते रहते हैं, उन्हें अपने मधुर मिलनके द्वारा प्रेम-सुधा-रस प्रदान करके उनके उस अतुलनीय अनुमेय भयानक दुःख-दावानलको सदाके लिये बुझा देने और अपने ही द्वारा उनके जीवनमें उँडेले हुए उस प्रेम-सुधा-रसका पान करनेके लिये ही भगवान् अवतीर्ण होते हैं।

यों भगवान् अपनी अवतारलीलामें अधिकारी भक्तोंको परम कल्याणरूप पञ्चम पुरुषार्थ 'प्रेम' प्रदान करके उन्हें तो अपनाते ही हैं, साथ ही भौतिक जगत्में अत्याचारपरायण पापानल-विदग्ध असुरों और आसुर-भावापन्न राजाओंका वध करके अपने कृपापूर्ण 'हतारिगति-दायक' स्वभावसे उनका परम कल्याण करते हैं और उनके अत्याचारसे उत्पीड़ित भजनवञ्चित साधुओंको अत्याचारसे विमुक्त करके उनका परित्राण करते हैं। इस प्रकार अधर्मके अभ्युत्थानमें प्रधान हेतुरूप असुरोंका वधके व्याजसे उद्धार करके वर्णाश्रमधर्म तथा गो-ब्राह्मण-साधुके संरक्षणरूप निर्मल धर्मका संस्थापन करते हैं, जिससे मर्त्यजगत्के साथ ही देवजगत्का भी कल्याण होता है।

भगवान् श्रीकृष्णकी लीला अनन्तमुखी है। जैसे श्रीभगवान्में सब प्रकारके ज्ञान, क्रिया, शक्ति, भाव आदि निहित हैं; क्योंकि वे ही सबके मूल उद्गम हैं, वे ही आधार हैं और वे ही सबको गति देनेवाले हैं, वैसे ही भगवान्की लीलाएँ भी अनन्त प्रकारकी होती हैं—विभिन्न प्राणियोंको उन-उनके क्षेत्रमें सन्मार्गपर लाकर उनका परम कल्याण करनेवाली। इसीलिये भगवान्की लीलाओंमें सभी रसोंका समावेश है, उनमें सभीके लिये सदुपदेश है, सत्-शिक्षा है, एवं सत्-आदर्श है। ऐसा कोई क्षेत्र नहीं, जिसमें वे सर्वोपरि गुरु न हों। तभी तो वे जगद्गुरु हैं। और जो जिस भावसे

उनके सामने आता है, उसको उसी भावके अनुसार अपने लीलाचरित्रके द्वारा शिक्षा देकर वे उसका परम कल्याण करते हैं। जो जैसा सम्बन्ध जोड़कर उनके सम्पर्कमें आना चाहता है, उसके उसी सम्बन्धको वे स्वीकार कर लेते हैं; क्योंकि सहज ही वे 'सर्वभूतसुहृद्' हैं—'**सुहृदं सर्वभूतानाम्।**' इसीलिये वे वसुदेव-देवकी और नन्द-यशोदाके परम सुखस्वरूप सुपुत्र हैं; व्रजबालकों, सुदामा-जैसे दरिद्रों तथा अर्जुन-उद्धवादि-जैसे वीरों-विद्वानोंके सखा—मित्र हैं; श्रीगोपाङ्गनाओंके मधुरतम प्राण-वल्लभ हैं एवं द्वारकाकी ऐश्वर्यमयी महिषियोंके पूज्य पति हैं; गौओंके अनन्य सेवक हैं, पशु-पक्षियोंके बन्धु हैं; असुर-राक्षसोंके शत्रु हैं; ज्ञानियोंके ब्रह्म हैं, योगियोंके परमात्मा हैं, भक्तोंके भगवान् हैं, प्रेमियोंके परम प्रेमास्पद हैं; राजनीतिज्ञोंमें निपुण राजनीतिविशारद हैं; शूरवीरोंमें अतुल पराक्रमी महान् वीर हैं; शरणागतोंके परम रक्षक हैं, शिष्योंके परम ज्ञानदाता गुरु और सन्मार्गदर्शक हैं।

सभी कार्योंमें वे परम कुशल हैं, कर्मकौशल उनकी लीलामें सहज हैं। जहाँ जो काम करते हैं, पूर्णतम अनुभवी पुरुषके रूपमें करते हैं। कोई भी कला उनसे बची नहीं। पर सभी कलाओंकी लीलाओंमें सहज लोककल्याण निहित है। कला केवल कलाके नहीं, कल्याणके लिये।

वे संगीतशास्त्रके महान् आचार्य हैं। बड़े-बड़े संगीतज्ञ उनके शिष्य हैं। उनकी वाद्यकला अनिर्वचनीय है। मुरलीकी सुरीली ध्वनि ब्रह्मलोकतक पहुँचकर सबको सम्मोहित कर लेती है—जडको चेतन और चेतनको जड बना देती है। कोटि-कोटि व्रजसुन्दरियाँ मुरलीकी ध्वनि सुनकर उन्मत्त-सी हो जाती हैं और सारे संसारके सम्पूर्ण सम्बन्धोंको भूलकर प्रियतम श्रीकृष्णके पास पहुँच जाती हैं एवं उन्हें सर्वात्म-समर्पण करके परमहंस ज्ञानी-मुनियों और सर्वपूज्य देवताओंके लिये भी परम पूजनीय बन जाती हैं।

उनकी नृत्यकला तो सर्वथा विलक्षण है। शिवनृत्य 'ताण्डव' और पार्वतीनृत्य 'लास्य' कहलाता है, परंतु भयानक विष उगलनेवाले विषधर भुजंगमके सहस्रों फनोंपर थिरक-थिरककर नृत्य करना नृत्यकलाकी पराकाष्ठाके भी परेकी वस्तु है और उसका उद्देश्य है—कालियके समस्त पापोंका विनाश करके उसे प्रेमभक्ति प्रदान

करना। उनका महारासनृत्य तो बड़े-बड़े तत्त्वज्ञोंके लिये रहस्यकी वस्तु है।

मल्लविद्याके तो आप परमाचार्य ही बन गये। देखनेमें नन्हे-से होकर ऐसी पैतरेबाजी की कि मल्लविद्याभिमानी मुष्टिक-चाणूरका कचूमर ही निकल गया। वहाँ कुवलयापीडका विनाश, धनुषभङ्ग और कंसका वध करके आपने अपने बल-पौरुषकी धाक जमा दी।

उन्होंने, भला, घोड़े हाँकना कब किससे सीखा था ? पर इस कलामें वे सबके गुरुस्थानीय हैं। शल्य-सरीखे अश्व-संचालन-कुशल भी उनके सामने अपनेको नगण्य मानते हैं। पर उनका यह सारथ्यकर्म है—केवल मित्रधर्मका आदर्श रखनेके लिये और धर्मयुद्धमें अर्जुनको विजय दिलानेके लिये।

उनकी वाग्मिता प्रसिद्ध है। कौरवोंकी सभामें उनका भाषण सुननेके लिये दूर-दूरसे बड़े-बड़े बूढ़े ज्ञानी, श्रोत्रिय, पण्डित, विद्वान् ऋषि पधारे थे।

उनका दिव्य तेज तथा ऐश्वर्य इतना विलक्षण है कि उसके सामने सभी सहज नतमस्तक हो जाते हैं। उनके समकालीन महान्-से-महान् ज्ञानी-विज्ञानी, ज्ञानवृद्ध-वयोवृद्ध, धर्मशील-तपस्यारत, ऋषि-महर्षि, वीर-पराक्रमी, शान्तिप्रिय और विकट योद्धा—सभी उनमें श्रद्धा करते और उनके लोकातीत ऐश्वर्यको देखकर चकित होते थे। साक्षात् भगवान् वेदव्यास, देवर्षि नारद, पितामह भीष्म, नाना उग्रसेन, विदुर, युधिष्ठिर, भीम, अर्जुन, धृतराष्ट्र, कर्ण, गान्धारी, कुन्ती आदि विभिन्न भावों तथा विचित्र स्वभावोंसे युक्त पुरुष और नारियाँ उन्हें ईश्वरबुद्धिसे देख-देखकर अपनेको कृतार्थ मानते थे।

उनकी 'भगवद्गीता' जगत्के अध्यात्म-साहित्यका ही नहीं, नैतिक जगदाकाशका भी नित्य-निरन्तर वर्द्धनशील परमशान्तिदायक तथा प्रकाशदायक परमोज्ज्वल दिव्य सूर्य है, जो समस्त जगत्को अपनी ओर आकृष्ट किये है और जिसको सभी अपने-अपने क्षेत्रमें सर्वथा सफल पथप्रदर्शक मानकर अपनाये हुए हैं—एकान्त अरण्यवासी विरक्त महात्मा भी, लोकमान्य तिलक-सरीखे कर्मयोगी भी, गाँधीजी-सरीखे राजनीतिक नेता भी, कुशल व्यापारी भी और महान् क्रान्तिकारी भी। ध्वंसके ज्वालामुखीके मुखपर बैठा हुआ आजका आत्मविस्मृत, तमोऽभिभूत भौतिक

विज्ञान-मदमत्त मानव यदि भगवान् श्रीकृष्णकी सर्वकल्याणमयी श्रीमद्भगवद्गीताका आश्रय लेकर उससे प्रकाश प्राप्त करे तो उसे सच्चे विज्ञानकी दिव्य ज्योति प्राप्त हो सकती है, विकास तथा कल्याणका सच्चा मार्ग मिल सकता है और जगत् प्रलयाग्निके भीषण भयसे मुक्त हो सकता है।

निष्कामताका परम आदर्श उनके लीलाचरित्रमें प्रत्यक्ष है। वे सर्वथा निष्काम, आप्तकाम होकर भी लोकसंग्रहार्थ यथायोग्य कर्म करते हैं। अत्याचारी राजाओंका वध करते हैं, पर स्वयं किसीके भी राज्यपर कभी अधिकार नहीं करते।

किसी भी अच्छे कार्यको वे सहज ही स्वीकार करते हैं। न उन्हें कभी हर्ष होता है न विषाद; न मानका बोध होता है न अपमानका एवं न गौरवका भान होता है न लज्जाका। पाण्डवोंके राजसूय यज्ञमें बड़े-बूढ़े ज्ञानी ऋषि-मुनियों तथा भीष्मादि गुरुजनोंके सामने वे अपनी सर्वाग्रपूजा स्वीकार करते हैं और उसी यज्ञमें समागत अतिथि-अभ्यागतोंके चरण धोनेका कार्य भी करते हैं। महाभारत-रणमें जहाँ वे एक प्रकारसे पाण्डवोंकी समरनीति-समितिके अध्यक्ष हैं, वहीं वे अर्जुनके रथपर लगाम-चाबुक हाथमें लिये घोड़े हाँकते हैं—**'तोत्रवेत्रैकपाणये।'**

वे जहाँ पूर्णतम भगवान् हैं, वहाँ पूर्ण मानवके रूपमें भी आदर्श व्यवहार करते हैं। पाण्डव-कौरव लड़ें नहीं इसके लिये वे स्वयं संधिदूत बनकर कौरव-सभामें जाते हैं और सभी भाँतिसे समझाकर, युद्ध न हो— इसका प्रयत्न करते हैं। पर दुर्योधनके न माननेपर वे पाण्डवोंको युद्धके लिये स्पष्ट आदेश भी देते हैं।

भगवान् श्रीकृष्णका एक छोटे-से-छोटा चरित्र भी आदर्श, स्मरणीय, मननीय और जीवनमें उतारने लायक है। अवश्य ही उनकी अप्राकृत अलौकिक भगवत्ताकी नकल तो हो नहीं सकती, उसकी नकल करने जाना भी तो पतनके गर्तमें गिरना है। पर उनके लोकसंग्रहार्थ किये हुए सभी लीला-चरित्र अपनी-अपनी योग्यताके अनुसार सर्वथा अनुकरणीय हैं।

वे निश्चित ही स्वयं-भगवान् हैं। पर कोई उन्हें महापुरुष माने, योगेश्वर माने, परम पुरुष माने, महामानव माने, पूर्ण मानव माने, अपूर्ण मानव माने, निपुण राजनीतिज्ञ माने, कुटिल राजनीतिज्ञ माने, कला-निपुण माने या कुछ भी माने—कोई कैसे भी

****

वस्तुतः उनके सम्पर्कमें आ जायगा तो उसका कल्याण निश्चित है। अवश्य ही उसके साधन विभिन्न होंगे।

भगवान् श्रीकृष्ण सत्य हैं, नित्य हैं, उनमें उत्पत्ति-विनाश नहीं है। उनका शरीर सच्चिद्-भगवदानन्दस्वरूप है। तथापि लीलाकी दृष्टिसे आज उनके प्राकट्यके महा-महोत्सवका पुण्य पर्व-दिवस है। हम सभीको भक्ति-प्रणत चित्तसे उनके पावन चरण-रज-कणमें अनन्त नमस्कार करना, उनकी परम पावन लीलाओंका स्मरण-कीर्तन करना और उनके परम पावन नामोंका कीर्तन-गान करना तथा उनके आदर्श उपदेशों एवं लीलाचरित्रोंको यथासाध्य यथायोग्य जीवनमें उतारकर अपने जीवनको सफल बनाना चाहिये।

जन्म अजन्मा-अविनाशीका हुआ आज अति मङ्गल-धाम।
कंस क्रूरके कारागृहमें नँद-घरमें प्रकटे अभिराम॥
परम स्वतन्त्र, अखिल लोकोंके एकमात्र जो ईश महान।
भक्तोंके हो पराधीन, वे प्रकटे भक्तिवश्य भगवान॥
ग्वाल-बालकोंके सँग खेले विविध प्रकार गाँवके खेल।
वन-वनमें गो-वत्स चराये, किया वन्य जीवोंसे मेल॥
दधि लूटा, माखन-चोरी की, खूब मचाया शुचि हुड़दंग।
खूब छकाया, नयी-नयी रच लीला, सबको लेकर संग॥
दैत्य-दानवोंका वध करके किया सहज उनका उद्धार।
लघु अँगुलीपर गोवर्धन धर, इन्द्र-दर्पका किया सँहार॥
मुरली मधुर बजा, सबको कर मोहित, हरी चित्त-सम्पत्ति।
दावानल पी, कालिय वशकर, व्रजकी दारुण हरी विपत्ति॥
मिट्टी खा, फिर दिखलाया मुँहमें माताको बिश्व अगाध।
हो आश्चर्य-चकित सुख पाया, उपजी नयी-नयी सुख-साध॥
गोपीजनके वसन-हरण कर किया आवरण-भङ्ग पवित्र।
महारास कर प्रेम-रसमयी भगवत्ता की सिद्ध विचित्र॥
मथुरा पहुँच, किया धोबीका, कुब्जाका मङ्गल उद्धार।

मार कुवलयाको, मुष्टिक-चाणूर मल्लका कर संहार॥
कंस क्रूरका किया कचूमर, देकर उग्रसेनको राज।
करने लगे विविध लीला फिर ज्ञान-शक्ति-लीला-रसराज॥
कालयवनका सहज दमन कर, जरासंधका हर अभिमान।
बसे द्वारकामें जा माधव, किये विवाह अष्ट सविधान॥
भौमासुरका वध कर सोलह सहस राजकन्या ले साथ।
आये, की कामना पूर्ण, उनको पकड़ा निज मङ्गल हाथ॥
पाण्डव-राजसभामें वध कर किया सहज शिशुपाल निहाल।
कर स्वीकार अग्रपूजनको, ऊँचा किया युधिष्ठिर भाल॥
पाण्डव-कौरव-समराङ्गणमें दे अर्जुनको गीता-ज्ञान।
अखिल-लोक-अघ-तम-हारी जो मार्गदर्शिका ज्योति महान॥
दे अनन्य आश्रय अर्जुनको किया नित्य निजजन स्वीकार।
दिव्य लोकमें दिव्य देह धर, करता जो सेवा अधिकार॥
ऐसे सर्वेश्वर, जो सर्वातीत, सर्वमय सर्वाधार।
प्राकृत-गुण-विरहित जो नित कल्याण-गुण-गणोंके आगार॥
अखिलरसामृतसिन्धु नित्य-सौन्दर्य परम-माधुर्य-निधान।
परम स्वतन्त्र, प्रेमवश लेते प्रेमीको निज प्रियतम मान॥
पल-पल प्रेम बढ़ाते रहते, करते नित नव-नव रसदान।
नित्य तृप्त, नित नव रस आस्वादन करते, करते रस-पान॥
राजनीतिविद् कुशल, राज्यनिर्माता, नित्य पूर्ण निष्काम।
सबके दुख-हर्ता सुख-दाता, सबके नित्य सहज हितधाम॥
परम सखा प्रिय, परम प्रियतम, परम पिता, गुरु बन्धु ललाम।
सहज सुहृद् शरणागतवत्सल, परम वदान्य, आतमाराम॥
प्रकटे आज देव-मुनि-गो-द्विज-रक्षक सत्य-धर्म-आधार।
करो सभी मिल मुक्तकण्ठसे उनका पुनः-पुनः जयकार॥
जय वसुदेव-देवकीनन्दन, जय नँद-नंद, यशोदालाल।

जय प्रेमीजन-मुनि-मन-मोहन, जयति सुकोमल हृदय विशाल॥
जय नँदबाबा, जयति यशोदा, जय गोपी, जय गैया-ग्वाल।
जय वंशी, जय यमुना, जय-जय-जय वृन्दावन, द्वापर काल॥
जय वसुदेव-देवकी जय-जय, जयति कंसका कारागार।
जय रोहिणि, बलराम जयति जय, जय उद्धव-अक्रूर उदार॥
जय मथुरा, द्वारका जयति जय, पटरानी हरि-उरकी माल।
जय षोडश सहस्र हरि-गृहिणी, जयति धनंजय कुन्तीलाल॥
जय गीता, भारत महान जय, जयति भागवत लीला-सार।
जय प्रेमी-ज्ञानी-जन, करते जो प्रभुका महिमा-विस्तार॥

बोलो वसुदेव-देवकीनन्दन, नन्द-यशोदालालकी जय!

::——÷÷——::

लीला-पुरुषोत्तमका प्राकट्य

(सं० २०२४ वि० के जन्माष्टमी-महोत्सवपर प्रवचन)

मञ्जीरनूपुररणन्नवरत्नकाञ्ची-
श्रीहारकेसरिनखप्रतियन्त्रसंघम्।
दृष्ट्यार्तिहारिमषिबिन्दुविराजमानं
वन्दे कलिन्दतनुजातटबालकेलिम्॥
नीलोत्पलदलश्यामं यशोदानन्दनन्दनम्।
गोपिकानयनानन्दं गोपालं प्रणमाम्यहम्॥

गत द्वापरके अन्तमें स्वयं-भगवान्‌ने प्रकट होकर विश्वब्रह्माण्डको—धराधामको धन्य किया था। उसी प्राकट्य-महोत्सवका महापर्व आज है—असुरोंके और असुर-मानवोंके अत्याचारसे उत्पीड़ित प्रजाजनका उद्धार करनेके लिये ही इस शुष्क जगत्‌में अखिलरसामृतसिन्धु षडैश्वर्यपूर्ण स्वयं-भगवान्‌का आविर्भाव होता है। अवतारके अनेक कारण होते हैं—साधुओंका परित्राण, दुष्टोंका

दमन, भूमिके भारका हरण, धर्म-संस्थापन, काम-कलुषित अधर्मके अभ्युत्थानको ध्वंसकर त्यागमय विशुद्ध प्रेमधर्मका प्रसार इत्यादि। भाद्रपदकी अन्धकारमयी अष्टमीकी अर्द्धरात्रिका समय, क्रूर कंसके कारागारका स्थान, चारों ओर दैत्योपम प्रहरियोंका घोर नाद—यह सभी मानो उस समयके घोर देश, कराल काल और असुर मानवका दर्शन करा रहे थे। इसी समय, उसी अर्द्धरात्रिको, वहीं कंसके कारागारमें स्वयं-भगवान्‌का प्राकट्य हुआ। बस, उनके प्राकट्यका समय आते ही, सारी प्रकृति प्रफुल्लित हो गयी, धन्य हो गयी और अपने प्रभुका विलक्षण रूपसे स्वागत करने लगी। काल समस्त शुभ गुणोंसे सम्पन्न और परम शोभामय हो गया। चन्द्रमा रोहिणी नक्षत्रमें स्थित थे ही, आकाशके सभी ग्रह, नक्षत्र तारे शान्त और सौम्य हो गये। दसों दिशाएँ प्रसन्न हो उठीं। आकाशमें तारे जगमगाने लगे। पृथिवीके बड़े-बड़े नगर, गाँव और छोटी बस्तियाँ तथा रत्नोंकी खानें मङ्गलकी क्रीडाभूमि बन गयीं। नदियोंका जल निर्मल हो गया। रात्रिके समय भी सरोवरोंमें कमल खिल उठे। वनोंमें वृक्षोंकी पंक्तियाँ वर्ण-वर्णके सुगन्धित सुमनोंसे लद गयीं। शुक-पिकादि पक्षी मधुर ध्वनि करने लगे और मधु-पान-मत्त भ्रमरोंके गुञ्जारसे सारा अरण्य-प्रदेश मुखरित हो उठा। परम पवित्र शीतल-मन्द-सुगन्ध वायु अपने सुख-स्पर्शसे सबको आनन्द देती हुई बहने लगी और द्विजोंके हवनकुण्डोंकी जो अग्नियाँ कंसके अत्याचारसे बुझ गयी थीं, वे अपने-आप प्रज्वलित हो उठीं।

यह तो बाह्य प्रकृतिने अपना शृङ्गार किया। पर बाह्य जगत्‌का यह आनन्द अन्तर्जगत्‌में भी जा पहुँचा। असुरोंके द्रोहपात्र साधुओंका चित्त सहसा प्रसन्नतासे भर गया। अजन्मा भगवान्‌की जन्म-लीलाके समय बिना ही बजाये स्वर्गमें देवताओंकी दुन्दुभियाँ बज उठीं, जिससे सारा स्वर्ग निनादित और मुखरित हो गया। गन्धर्व, किंनर और सिद्ध-चारण अपने-आप ही सात्त्विक मधुर भगवत्-गुण-गीत गाने लगे। विद्याधरियाँ और अप्सराएँ अपने विलास-नृत्यको भूलकर भगवान्‌के गुण-गानमें मत्त गन्धर्व-किंनरोंके गोविन्द-गुण-गानकी विशुद्ध तालोंमें ताल मिला-मिलाकर परम मधुर नृत्य करने लगीं। बड़े-बड़े देवता और मुनिगण अत्यन्त मुदित मनसे धराके सौभाग्यकी सराहना करने लगे। समुद्र मन्द-मन्द गर्जन करने लगा, मानो अपनी

कन्या लक्ष्मीजीके स्वामीका—अपने जामाताका स्वागत कर रहा है। और बादल भी नीलश्यामके शुभागमनके समय अपने नीलश्याम वर्णको धन्य मानते हुए मृदु-मृदु गर्जना करके अपने सौभाग्यकी गाथा गाने लगे।

इसी समय देवरूपिणी देवकीजीके पुत्ररूपमें भगवान्‌का प्राकट्य हुआ। चारों भुजाओंमें शङ्ख, चक्र, गदा, पद्म धारण किये हुए, पीताम्बर फहराते हुए बाल-भगवान्‌को देखकर वसुदेव-देवकी आनन्दमें भर गये, पर साथ ही कंसका भय भी लगा। भगवान्‌ने माता-पिताको भयभीत देखकर उनसे कहा कि 'तुम मुझे गोकुल पहुँचा दो।' भगवान् तुरंत शिशुरूप हो गये। वसुदेवजीने उन्हें गोदमें लिया और चल दिये।

असलमें भगवान् सर्वशक्तिमान् हैं, सब कुछ कर सकते हैं। पर जीवोंका भी कुछ कर्तव्य होता है। उसी कर्तव्यको बतलाकर साधन-मार्गपर चलानेके लिये भगवान् लीला किया करते हैं। अस्तु,

वसुदेवजीके पैरोंकी बेड़ी खुल गयी। लोहेके सुदृढ़ द्वार अपने-आप खुल गये। प्रहरीगण गाढ़ निद्रामें सो गये। वसुदेवजी तो सोच ही रहे थे कि मैं कैसे जाऊँगा; पर देखते-ही-देखते यह अघट घटना घट गयी। भगवान्‌को लेकर चले वसुदेवजी, पर बाहर तो गाढ़ अन्धकार था। आकाश मेघाच्छन्न। बूँदें बरस रही थीं। लीलामय भगवान्‌के श्रीअङ्गसे ज्योति प्रकट हुई और उसके प्रकाशमें वसुदेवजीको मार्ग दिखायी देने लगा। भगवान्‌के सिरपर अनन्तदेवने अपने फनोंका छाता बना दिया। उनके दिव्य शरीरपर जलकी एक बूँद भी नहीं लगी। वसुदेवजी यमुना-किनारे पहुँचे। देखा, यमुनामें तूफान आ रहा है। बड़ी ऊँची-ऊँची तरंगें नाच रही हैं। भयानक भँवर पड़ रहे हैं। वसुदेवजी फिर भयभीत हो गये। इतना चमत्कार अभी-अभी देखकर आये। पर भगवान्‌की माया बड़ी विचित्र है। आगे बढ़नेका साहस नहीं हुआ।

एक जगह यह कथा आती है कि उसी समय महामायाने सियारका रूप धारण किया और वसुदेवजीके सामने ही वह सियार यमुनाके पार हो गया। यह देखकर वसुदेवजीको साहस हुआ। गोदमें भगवान् थे, पर साहस नहीं। यही जीवके विश्वासकी कमी है। भगवान्‌को लेकर वसुदेवजी यमुनामें उतरे!

एक विचित्र कथा ऐसी मिलती है कि यमुनाने सोचा कि 'प्रभु मेरे ऊपरसे चले जा रहे हैं। मैं एक बार भी उनका आलिङ्गन न करूँ?' बड़े जोरकी एक तरंग उठी और शिशु श्यामसुन्दरको जलमें ले गयी। वसुदेवजी हाय-हाय कर उठे। यमुना तो उस समय दर्शनकी लालसासे, आलिङ्गनकी इच्छासे नाच रही थी। वास्तवमें वह तूफान नहीं था, था यमुनाका आनन्द-नृत्य। पर वसुदेवजी व्याकुल हो गये और उनकी व्याकुलताको देखकर भगवान्ने यमुनासे कहा कि 'मेरे पिता संत्रस्त हैं। मुझे जल्दी उनकी गोदमें पहुँचा दो।' यमुनाने कहा, 'महाराज ! आज्ञा शिरोधार्य है; पर मैं यह एक वरदान चाहती हूँ कि आपकी बाललीला सारी-की-सारी मेरे ही तटपर हो।' भगवान्ने 'तथास्तु' कह दिया और वे पिताकी गोदमें आ गये।

वसुदेवजी नन्दबाबाके महलमें पहुँचे। वहाँ भी सब लोग भगवान्की मायासे निद्राग्रस्त थे। वसुदेवजीने सूतिकागारमें जाकर यशोदाकी अभी-अभी जन्मी हुई कन्या महामायाको उठाया और श्रीकृष्णको वहाँ सुलाकर वे लौट आये। वस्तुतः महामायाके प्राकट्यके कुछ ही क्षणों बाद सबको नींद आ गयी थी। यशोदा भी भूल गयी थीं कि मेरे पुत्र हुआ है या कन्या—**'निद्रयापगतस्मृतिः'**।

शेष रात्रिमें शिशुकी रुदन-ध्वनि सुनकर यशोदा मैयाकी नींद टूटी। यशोदा पुत्रको देखकर आनन्दमें भर गयीं और आँखोंके द्वारा उस रूप-सुधाका अतृप्त पान करने लगीं—**'उद्वीक्षती सा पिबतीव चक्षुषा।'** एक-एक अङ्गपर मैया नाना प्रकारकी उपमाओंको याद करने लगीं, पर उस रूपकी तुलनामें सारी उपमाएँ पराजित हो गयीं !

उदय हो गये जैसे घरमें कोटि-कोटि नीले शरदिन्दु।
देख नंदरानीके उरमें उमड़ा दिव्य सुखामृत-सिन्धु॥
कैसी अतुलनीय सुन्दरता ! कैसा सुर-मुनि-मोहन रूप।
कैसी निकल रही सुषमा-आभा नख-सिखसे परम अनूप॥

यशोदा रानीने व्यस्त होकर दासियोंसे कहा—'शीघ्र महाराजको खबर दो। वे एक बार आकर देखें।' सुनते ही नन्दबाबा दौड़े आये। यशोदा बोलीं—

देखो, देखो, कैसा आया सुघड़ नीलमणि मेरी गोद।
निरखो आज नील-चन्द्रोदय, मन-नयनोंमें भर अति मोद॥

नन्दबाबा तो देखते ही रह गये। उनके हृदयकी उस समय कैसी आनन्दमयी

स्थिति थी, उसे बतलानेके लिये शब्द नहीं हैं—

> नंद देखते रहे रूप-लावण्य दिव्य छाया प्रति अङ्ग।
> नेत्र हुए अनिमेष, लग गयी निश्चल रूप-समाधि अभङ्ग॥

बस, सारे व्रजमें समाचार फैल गया। देखते-ही-देखते नन्दबाबाके महलमें भीड़ उमड़ पड़ी। प्रातःकाल हुआ। सभी आनन्दमें नृत्य करते हुए दूध, दही, दूर्वा, मक्खन, हरिद्रा ले-लेकर चल पड़े अनन्त आनन्द-माधुर्य-सौन्दर्यका दर्शन कर कृतार्थ होनेके लिये।

भगवान् चाहे दैत्योंका दलन करनेके लिये प्रकट होते हों, चाहे अधर्मका नाश करके धर्मकी स्थापना करनेके लिये; पर जिन्होंने उस सौन्दर्य-सुधा-राशिका तनिक-सा भी पान किया है, वे तो यही समझते हैं कि हमारे लिये ही भगवान्का यह दिव्य प्राकट्य है। भगवान्ने असुरोद्धार, गोवर्धनधारण, इन्द्र-दर्प-दलन, ब्रह्ममोहभङ्ग, कंसोद्धार, पाण्डव-संरक्षण और दिव्य गीतोपदेश आदि बहुत-सी लीलाएँ कीं। उनकी लीलामें कोई ऐसा आदर्श कार्य नहीं, जो छूटा हो। इसीलिये उनका नाम 'लीलापुरुषोत्तम' है।

आज हम उन्हीं लीलापुरुषोत्तमके प्राकट्य-कालमें उनका स्मरण करके धन्य हो रहे हैं और चाहते हैं कि यही चिदानन्दमयी अनन्त रूपराशि हमारे जीवनका एकमात्र ध्येय और साध्य बनी रहे।

बोलो नन्दनन्दनकी जय!

——::×::——

स्वयं-भगवान् कब और क्यों आते हैं?

(सं २०२५ वि॰ के जन्माष्टमी-महोत्सवपर प्रवचन)

> मुकुन्द मूर्ध्ना प्रणिपत्य याचे
> भवन्तमेकान्तमियन्तमर्थम्।
> अविस्मृतिस्त्वच्चरणारविन्दे
> भवे भवे मेऽस्तु भवत्प्रसादात्॥
> दिवि वा भुवि वा ममास्तु वासो
> नरके वा नरकान्तक प्रकामम्।

अवधीरितशारदारविन्दौ
चरणौ ते मरणेऽपि चिन्तयामि ॥

प्रकृति स्वाभाविक अधोगामिनी है। प्रकृतिमें सहज ही सत्त्व रजोमुखी होता है और रजोगुण तमोगुणकी ओर प्रवाहित होता है। किसी समर्थ पुरुषके द्वारा यदि रुकावट नहीं होती, तो प्रकृतिकी यह निम्नगामिनी गति निर्बाध चलती रहती है और ज्यों-ज्यों वह निम्न स्तरपर पहुँचती है—त्यों-ही-त्यों अध्यात्मके स्थानपर घोर अधिभूत छाने लगता है। मानव आसुरी तथा राक्षसी भावोंसे आक्रान्त हो जाता है। उसमें अहंता-ममता, कामना-वासना, स्पृहा-आसक्ति बुरी तरहसे बढ़ने लगती हैं। चोरी, डकैती, लूट, हिंसा, छल, ठगी—किसी भी उपायसे हो, वह भोग (अर्थ, अधिकार, पद, मान, शरीरका आराम आदि) प्राप्त करनेमें ही तत्पर हो जाता है। धर्म, सत्य, न्यायको कोई स्थान नहीं रह जाता। राजाओं और शासकोंके रूपमें सर्वथा अनीतिपरायण, स्वेच्छाचारी, असदाग्रही नीच-स्वार्थरस असुरोंका आधिपत्य हो जाता है। पवित्र प्रेमके नामपर नीच कामकी उद्दाम क्रीडा होने लगती है। कुलवधुएँ कुलटा होनेमें गौरवका अनुभव करती हैं। ईश्वर तथा धर्मका एवं साधक तथा साधनाका प्रबल विरोध होता है। ईश्वरको माननेवाले साधुचरित्र पुरुषोंपर अत्याचार होने लगते हैं। सच्चे परमार्थ-साधकोंको लाञ्छित, अपमानित होकर पद-पदपर विघ्न-बाधाओंका सामना करना पड़ता है। वे छिपकर भी अपनी साधना नहीं कर सकते। मनुष्योंमें विपरीतदर्शिनी तामसी बुद्धि छा जाती है। वे विनाशमें विकास देखते हैं तथा सर्वथा इन्द्रिय-भोगपरायण होकर मानवताके नामपर दानवताके कुत्सित, क्रूर कर्म करने लगते हैं। इस प्रकार भौतिक बलशाली दुर्वृत्तों, दुराचारियों या दुष्कर्मियोंके अनर्गल अनाचार तथा दारुण अत्याचार एवं साधुहृदय मानवोंकी करुण पुकार जब चरम सीमापर पहुँच जाती है, तब भगवान्‌का अवतार हुआ करता है। विशेषतः स्वयं-भगवान्‌का तो भूतलपर तभी अवतरण होता है, जब यहाँ ऐसे दुष्कृतकारियोंका वध आवश्यक होता है, जिनको भगवान्‌के हाथों देहमुक्त होकर भगवद्धाममें जाना हो और उन साधुपुरुषोंकी मर्मपीड़ाको हरण करना अनिवार्य हो जाय जो काम-कलुषित विषय-जगत्से अत्यन्त पीड़ित होकर विशुद्ध प्रेम चाहते हों और

श्रीराधाकृष्णाभ्यां नमः

49

श्रीराधा-माधव-चिन्तन

ग्रन्थकार- हनुमानप्रसाद पोद्दार

****

अपने परम प्रेमास्पदकी विरह-ज्वालासे अत्यन्त संतप्त हो उठे हों।

यह सभी जानते हैं कि कंसके राज्यमें देश नितान्त दुर्दशाग्रस्त हो गया था। प्रकृति इतने नीचे स्तरपर आ गयी थी कि उसमें जडता, नास्तिकता, असत्य, अधर्म, अन्याय, अत्याचार, अनाचार और व्यभिचारका ताण्डव नृत्य होने लगा था। कंसने भगवान्‌के पहले पिता-माता वसुदेव-देवकीके हाथों-पैरोंमें लोहेकी हथकड़ी-बेड़ी पहनाकर उन्हें कारागारमें बंद करके तो अत्याचारकी पराकाष्ठा ही कर दी थी!

कंस पूर्ण तमोगुणसे आच्छादित था, पर बुरे लोग भी कभी-कभी प्रशंसा आदि पानेके लिये सत्कर्ममें प्रवृत्त हो जाते हैं। इसीके अनुसार क्रूरहृदय कंस देवकी-वसुदेवका विवाह हो जानेपर उन्हें पहुँचानेके लिये स्वयं रथ चलाकर ले जा रहा था; पर ज्यों ही उसने आकाशवाणी सुनी कि स्वार्थमें आघात लगनेकी आशङ्कासे वह तिलमिला उठा और तलवार निकालकर बहिन देवकीका वध करनेको तैयार हो गया! वसुदेवजीके बहुत समझानेपर माना, पर आखिर उनको कारागारमें बंद कर ही दिया। फिर तो उसने दुर्दान्त असुरमण्डलीसे परामर्श करके भाँति-भाँतिके भीषण अत्याचार आरम्भ कर दिये। अवनी देवी उसके अत्याचारोंसे अकुला उठी और गौके रूपमें करुण चीत्कार करती हुई ब्रह्माजीके पास पहुँची। ब्रह्माजी भगवान् शिव तथा सुर-समूहको साथ लेकर क्षीरसागरके तटपर गये और क्षीराब्धिशायी भगवान्‌का स्तवन करने लगे। तब क्षीराब्धिशायी भगवान्‌ने आकाशवाणीमें कहा—

'देवताओ! मैंने भगवान्‌की आकाशवाणी सुनी है, उसे तुमलोग मेरे द्वारा सुनो और अविलम्ब उसके अनुसार कार्य करो। हमलोगोंकी प्रार्थनाके पूर्व ही धरादेवीके संतापको भगवान् जान चुके हैं। वे ईश्वरोंके ईश्वर अपनी कालशक्तिके द्वारा धरतीका भार उतारनेके लिये जबतक धरातलपर लीला करें, तबतक तुमलोग भी यदुवंशमें जन्म लेकर उनकी लीलामें योगदान करो। वे परम पुरुष भगवान् स्वयं वसुदेवजीके घरमें प्रकट होंगे। उनकी तथा उनकी प्रियतमा (श्रीराधाजी) की सेवाके लिये देवाङ्गनाएँ भी वहाँ जन्म धारण करें।'

इससे क्षीराब्धिशायी भगवान्‌ने यह स्पष्ट कर दिया कि असुरवध, साधुरक्षण तथा धर्मसंस्थापनके लिये इस बार 'साक्षात् परम पुरुष भगवान्' स्वयं प्रकट होंगे।

इधर भगवान्‌के लीला-संकेतसे गोलोकमें एक ऐसा लीला-कारण बन गया कि जिससे श्रीराधाजीके धरातलपर अवतीर्ण होनेका प्रसङ्ग आ गया। उन्हींके साथ गोलोकके अन्यान्य पार्षदों, देवियों तथा चिन्मय लीला-उपकरणोंका भी अवतरण हो गया। उधर बड़े-बड़े ऋषि-मुनि-तापस, वेदकी ऋचाएँ, ब्रह्मविद्या आदि भी तपःसिद्ध होकर प्रेम-रसमय स्वयं-भगवान्‌का प्रेम-रसास्वादन करनेके लिये व्रजके गोपगृहोंमें अवतीर्ण होकर आतुर प्रतीक्षा करने लगे। उन प्रेमी भक्तोंकी विरहपीड़ा पल-पल बड़ी शीघ्रगतिसे असीमताकी ओर अग्रसर होने लगी। अपने परम प्रेमास्पद रसस्वरूप भगवान्‌का विरह उनके लिये असह्य हो गया—

एक-एक पल बना युगों-सा दारुण पीड़ाका आगार।
आँखोंमें छायी वर्षाऋतु, अविरत बही अश्रु-जल-धार॥
हुआ व्यथामय हृदय, कर उठे प्राण करुणस्वर हाहाकार।
प्रियतम-विरह विषमसे सूना हुआ सहज सारा संसार॥

प्रेमी-जन-मन-रञ्जन स्वयं-भगवान्‌के पधारनेके लिये यह भी एक अनिवार्य कारण बन गया। 'ब्रह्मवैवर्तपुराण'के अनुसार साधु-समाजकी तथा भगवद्विरही जनोंकी विभिन्न पीड़ाओंको तथा मानवके कामनामय अघजीवनकी धर्मग्लानिको देखकर साधु-परित्राण एवं धर्म (समाजधर्म तथा प्रेमधर्म)के संस्थापनार्थ प्रार्थना करनेके लिये पीड़िता पृथ्वीको साथ लेकर ब्रह्माजी महान् महेश्वर भगवान् श्रीकृष्णके गोलोकधाममें पहुँचते हैं। उनके साथ नारायण ऋषि भी हैं। भगवान्‌ने पृथ्वी तथा साधुजनोंकी पीड़ा देखकर देवताओंकी प्रार्थनाके अनुसार स्वयं अवतार ग्रहण करना स्वीकार कर लिया। अवतारका आयोजन होने लगा। स्वयं-भगवान् पधार रहे हैं—अतएव उनमें सभीका समावेश आवश्यक है—अतएव इसी समय शङ्ख-चक्र-गदा-पद्मधारी भगवान् महाविष्णु एक दिव्य रथपर पधारते हैं और रथसे उतरकर तुरंत महेश्वर श्रीकृष्णके श्रीविग्रहमें विलीन हो जाते हैं। इसी प्रकार एक-दूसरे दिव्य रथपर आरूढ़ हो पृथ्वीपति भगवान् श्रीविष्णु पधारते हैं और वे भी श्रीराधिकेश्वर श्रीकृष्णमें विलीन हो जाते हैं—**'स चापि लीनस्तत्रैव राधिकेश्वरविग्रहे'** इन पूर्णावतारमें मानुषी तत्त्वकी भी आवश्यकता थी, अतएव नारायण ऋषि भी इनमें विलीन हो जाते हैं।

परब्रह्म भगवान्के रूपान्तर भूमा पुरुष अन्तर्यामी भगवान् शुद्ध सत्त्वको आधार बनाकर समय-समयपर जो असुरसंहार, साधुसंरक्षण तथा धर्मसंस्थापन आदि लीलाओंके लिये अंशसे प्रकट हुआ करते हैं, वे 'अंशावतार' कहलाते हैं। पर ये तो अचिन्त्यानन्त-शक्ति-गुण-रस-महिमा-परिपूर्ण पूर्ण पुरुषोत्तम, ब्रह्मके भी प्रतिष्ठास्वरूप (**'ब्रह्मणो हि प्रतिष्ठाहम्'**—गीता) परात्पर ब्रह्म किसीको भी आधार न बनाकर अपने सभी लीलास्वरूपोंकी अनन्त-अचिन्त्यशक्ति तथा लीलावैचित्र्यको लेकर नित्य सत्य अप्राकृत सच्चिदानन्द-भगवत्-स्वरूप—दिव्य अभिन्न चिन्मय नेत्र, श्रवण एवं कर-पदादि इन्द्रिय तथा अन्तःकरणादिसे संयुक्त परिपूर्णतम पुरुषोत्तम रूपमें प्रकट हो रहे हैं। इसीसे इसको पूर्णावतार या 'स्वयं-भगवान्का पूर्ण आविर्भाव' कहते हैं। ये भगवान् श्रीकृष्ण अनन्त दिव्य सच्चिदानन्द सौन्दर्य-माधुर्य-ऐश्वर्यमय साक्षात् परात्पर पूर्ण ब्रह्म, सबके परमाश्रय ब्रह्मके भी परमाश्रय, सर्वरूप, सर्वमय, सर्वातीत, अप्रमेय, दिव्यानन्दमय, प्राकृत गुणरहित, नित्य भगवद्रूप-गुण-समूह-समुद्र, आपादमस्तक चिदानन्दाकार स्वयं-भगवान् हैं। इनमें क्षीराब्धिशायी महाविष्णु, वैकुण्ठाधिपति महानारायण, श्वेतद्वीपाधिपति विष्णु तथा अंशावतार, पुरुषावतार, गुणावतार, लीलावतार, कलावतार, आवेशावतार, मन्वन्तरावतार, प्राभवावतार, वैभवावतार, परावस्थावतार आदि सभीका पूर्ण रूपमें समावेश तथा प्रकाश है। श्रीकृष्ण परिपूर्णतम हैं। सृष्टिमें जितने भी प्राकृत-अप्राकृत जीव हैं, श्रीकृष्ण सभीके आत्मा तथा मूलस्वरूप हैं—समस्त जीव, समस्त प्रकृति, समस्त देवता, समस्त भाव, सभीके मूल कारण तथा परमाश्रय हैं। वे षडैश्वर्यपूर्ण भगवान् हैं।

साथ ही वे सर्वगुणसम्पन्न महामानव भी हैं। यों कहना चाहिये कि मानवताकी परिपूर्णतम परिणति तथा भगवत्ताका परिपूर्णतम स्वरूप—दोनोंका एक साथ प्राकट्य है भगवान् श्रीकृष्णकी दिव्य मानवी लीलाओंमें। वे योगेश्वरेश्वर हैं। वे तत्त्वज्ञान-विग्रह हैं। वे निष्काम कर्मयोगी हैं और वे परम-प्रेमस्वरूप हैं। वे महान् उपदेशक हैं, लोकसंग्रही समाज-श्रेष्ठ महापुरुष हैं, महान् योद्धा हैं, अनन्त कला-कुशल हैं, आदर्श राजनीतिक नेता हैं, परम रसिक हैं, सहज वैराग्यरूप हैं। वे अनन्त साधु-हृदय पुरुषोंके परमाराध्य हैं, वे भक्त-भक्तिमान् हैं। वे सबके सब कुछ हैं और

सब कुछके सब हैं। इसलिये उनको जिसने जिस रूपमें देखा, उनके सम्बन्धमें जिसने जो कुछ कहा और उनको जिसने जो कुछ समझा—बताया, वह सभी ठीक है। सम्पूर्ण विभूति, शक्ति, श्री, धी, विद्या इन्हींमें अधिष्ठित हैं। इसीसे ये '**कृष्णस्तु भगवान् स्वयम्**' हैं।

आज भाद्रपद कृष्णपक्षकी अष्टमीको अर्धरात्रिके समय इनका मङ्गल आविर्भाव होता है। आविर्भावके समयसे कुछ ही पहलेतक प्रकृतिने घोर निम्नस्तरपर पहुँचकर भीषण रूप धारण कर रखा था। रात्रि घोर अन्धकारसे आवृत थी, आकाश काले मेघोंसे आच्छादित था, विद्युत्की भीषण चमक तथा वज्रध्वनिसे सभी जीव भयभीत थे। कंसके कठोर कारागारमें परम साधु स्वभाव वसुदेव-देवकी लौहशृङ्खलासे आबद्ध थे। इसी बीच स्वयं-भगवान्के अवतीर्ण होनेका शुभ समय आता है। तुरंत समस्त विघ्न-बाधाएँ दूर हो जाती हैं।

परमहंसशिरोमणि श्रीशुकदेवजीकी भाषामें "काल समस्त शुभगुणोंसे सम्पन्न और परम शोभन हो जाता है। चन्द्रमा रोहिणी नक्षत्रपर स्थित हैं और आकाशके समस्त ग्रह-नक्षत्र-तारे शान्त तथा सौम्य हो जाते हैं। दिशाएँ निर्मल—प्रसन्न हो गयी हैं। आकाशमें तारे चमकने लगे हैं। नदियोंका जल निर्मल हो गया है। रात्रिके समय भी सरोवरोंमें कमल खिल उठे हैं। वनोंमें वृक्षसमूह सुगन्धित पुष्पोंसे लद गये हैं। पक्षी मधुर गान करने लगे हैं। भ्रमरोंकी गुंजारसे वनभूमि मुखरित हो उठी है। पवित्र शीतल-मन्द-सुगन्ध सुखस्पर्श वायु बहने लगी है। द्विजोंके हवन-कुण्डोंकी बुझी आग फिर जल उठी है। असुरोंके द्रोहपात्र साधुओंका चित्त प्रसन्नतासे भर गया है, अजन्मा भगवान्की इस जन्मलीलाके समय स्वर्गमें देवताओंकी दुन्दुभियाँ मध्यरात्रिकालमें बिना ही बजाये बज उठी हैं। गन्धर्व-किंनर भगवान्का गुणगान करने लगे हैं। सिद्ध-चारणगण स्तवन करने लगे हैं। विद्याधरियाँ नृत्य करने लगी हैं। देवता और मुनिगण आनन्दपूर्ण हृदयसे पृथ्वीके सौभाग्यकी सराहना करने लगते हैं। समुद्रोंमें मधुर तरंगें उछलने लगी हैं और मेघसमूह मृदु-मधुर गर्जना करने लगे हैं।"

इस प्रकार सारी प्रकृति सहसा निम्न स्तरसे ऊर्ध्वगति प्राप्तकर ऊर्ध्वमें सुसज्जित हो—स्थित हो अपने स्वामी पूर्णतम भगवान्की स्वागत-सेवामें लग गयी है। इसी

समय सच्चिदानन्दविग्रह भगवान् जनार्दन 'देवरूपिणी' देवकीसे वैसे ही प्रकट हो जाते हैं, जैसे पूर्वदिशामें षोडशकलापरिपूर्ण चन्द्रमाका उदय हुआ हो। भगवान्के प्रकट होते ही अन्धकारमय कारागार दिव्य ज्योतिसे जगमगा उठता है। वसुदेव-देवकीकी हथकड़ी-बेड़ियाँ अपने-आप खुल जाती हैं। उनके समस्त बन्धन सदाके लिये खुल जाते हैं। असुरताके रक्षक पहरेदार सहसा निद्रामग्न हो जाते हैं। सर्वत्र सहज परमानन्द छा जाता है।

इससे यह सिद्ध होता है कि विशाल विपुल भोग-सामग्रियोंसे सम्पन्न, इन्द्रिय-सुखकर सहस्र-सहस्र विषयोंसे भरपूर, सेवक-सेविकासमाकुल, स्वर्ण-रत्नमय राजप्रासादोंमें, जो पापप्रसारी और दुःखपरिणामी हैं, सर्वतन्त्र-स्वतन्त्र निवासकी अपेक्षा सर्वभोगविवजित, वस्तुमात्रविरहित, समस्त संकष्ट-समन्वित एकान्त कारागारमें अवरुद्ध रहना कहीं परम श्रेयस्कर है, जहाँ नित्य-निरन्तर भगवान्की मधुर स्मृति होती रहती है और जहाँसे विश्वकल्याणकर भगवान्का मङ्गल आविर्भाव होता है। वरं वे भोगमय स्वर्ण-रत्नमय राजप्रासाद तो सर्वथा हेय तथा त्याज्य हैं, जो कंसकी कलुषित काया तथा कालिमामयी भोगैश्वर्य-राशिकी भाँति ध्वंस होनेवाले हैं।

भगवान्की लीलाके प्रधान तीन स्वरूप हैं—ऐश्वर्य-लीला, ऐश्वर्य-माधुर्य-मिश्रित लीला और विशुद्ध माधुर्य-लीला। वसुदेव-देवकी ऐश्वर्य-माधुर्य-मिश्रित भावके भक्त थे। इसलिये भगवान् वहाँ ऐश्वर्यपूर्ण चतुर्भुज विष्णुस्वरूप अद्भुत बालकके रूपमें प्रकट हुए। तदनन्तर वसुदेवजीकी प्रार्थनापर वे तुरंत शिशुरूप बन गये।

परंतु उन्हें तो विशुद्ध माधुर्यमय व्रजके रागात्मिका रतिके आश्रयभूत उन विभिन्न रस-सम्पन्न विरहपीड़ित प्रेमीजनोंके समीप शीघ्र पहुँचना था। इसलिये वसुदेवजीको प्रेरणा करके भगवान् वहाँसे चल दिये।

भगवान्का अप्राकृत परम प्रेम जितना विशुद्ध त्यागमय माधुर्यजगत्में प्रकाशित तथा पुष्ट होता है, उतना कामना-वासना, आसक्तिगन्धलेशयुक्त ऐश्वर्य-जगत्में नहीं। इसके सिवा ऐश्वर्यमें विविध प्रकारकी मर्यादाओं तथा सीमाओंकी बाधा रहती है,

जिसके कारण प्रेमका पूर्ण प्रकाश नहीं हो पाता। माधुर्य बाधाशून्य, स्वाधीन तथा असीम है। भगवान् श्रीकृष्णको इसीसे माधुर्य विशेष प्रिय है। इसीसे वे वसुदेवजीके माध्यमसे तुरंत माधुर्यके राज्य नन्दालयमें चले जाते हैं।

श्रीवसुदेवजी जब शिशुरूप श्रीकृष्णको लेकर चले, तब कारागारके सारे लौहद्वार अपने-आप खुल गये। प्रहरी तो सब सोये हुए थे ही। यमुनाजी बढ़ रही थीं, वे भगवान्‌का चरणस्पर्श करना चाहती थीं। स्पर्श प्राप्त करके शान्त हो गयीं और उन्होंने वसुदेवजीको घुटनेतकके जलका मार्ग दे दिया। वसुदेवजी निर्विघ्न नन्दालयमें पहुँच गये। वहाँ भी भगवान्‌की लीलासे सब सोये हुए ही थे। यशोदा मैया भी निद्राग्रस्त थीं। भगवती विष्णुमाया शिशुबालिकाके रूपमें प्रकट हो गयी थीं। वसुदेवजीने चुपकेसे जाकर शिशु श्रीकृष्णको वहाँ सुला दिया और देवी योगमायाको लेकर वे तुरंत लौट आये। शिशु भगवान् श्रीकृष्णको ले जाने, यशोदाके पास सुलाने और कन्याको लेकर लौट आनेकी घटनाको भगवान्‌की लीलासे किसीने नहीं जाना। वसुदेवजीके कारागारसे बाहर निकलते समय योगमायाके प्रभावसे जो सारे लौहद्वार तथा उनके ताले खुल गये थे, वे उनके लौटकर कारागारमें आते ही सब पुनः बंद हो गये।

वसुदेवजीके लौट जानेके बाद नन्दालयमें लोग जागे। यशोदा मैया जागीं। नन्दबाबाको मङ्गल-समाचार भेजा गया। सब ओर आनन्द छा गया। महामना नन्दजीको आत्मज (पुत्र) उत्पन्न होनेपर परम आह्लाद हुआ—

नन्दस्त्वात्मज उत्पन्ने जाताह्लादो महामनाः ।

(श्रीमद्भागवत १०।५।१)

उन्होंने महान् महोत्सव मनाया। बड़े दान-पुण्य किये गये। इस 'आत्मज' शब्दके कारण कुछ महानुभावोंने ऐसा माना है कि जिस समय कंसके कारागारमें भगवान् चतुर्भुजरूपमें प्रकट हुए थे, उसी समय नन्दालयमें द्विभुज यशोदानन्दनके रूपमें भी प्रकट हुए थे। कहते हैं कि वसुदेवजीके द्वारा लाये हुए शिशु यशोदाके लालामें ही विलिन हो गये थे। इस सम्बन्धमें पिछले सालोंके भाषणोंमें विशेषरूपसे कहा जा चुका है। वास्तवमें ऐसा हुआ भी हो तो सर्वसमर्थ भगवान्‌के लिये कोई आश्चर्यकी

बात नहीं है। वे नन्दालयमें प्रकट हुए थे या नहीं, इसका तो पता नहीं, परंतु उनके प्राकट्यका मङ्गल-महोत्सव मनाकर अतुल आनन्द प्राप्त करनेका सौभाग्य तो श्रीनन्द-यशोदा और व्रजवासियोंको ही मिला। इसलिये वे धन्य हैं।

वस्तुतः जहाँ मधुर रागात्मिका प्रीति है, वहीं सीमामुक्त स्वच्छन्द आनन्द-समुद्र उमड़ता है। नन्दालयमें वही समुद्र उमड़ा। आज हमलोग भी धन्य हैं, जो उस महान् आनन्द-महोत्सवकी स्मृतिमें आनन्द मनानेका सौभाग्य प्राप्त कर रहे हैं।

आजकी यह भाद्र कृष्णपक्षकी अष्टमी तिथि वही पुण्यप्रद दिवस है, जिस दिन स्वयं-भगवान्‌का मङ्गल प्राकट्य इस धराधामपर हुआ था। भगवान् श्रीकृष्णकी, उनकी लीलाकी, उनके स्वरूपकी, उनकी सौन्दर्य-माधुर्य-ऐश्वर्यकी स्मृति दिलानेवाला यह मङ्गलमय दिवस, यह मध्यरात्रिकी वेला—सभी वन्दनीय हैं। भगवान् श्रीकृष्ण हमारे तमसाच्छन्न हृदयोंको अपनी सहज कृपाज्योतिके द्वारा उद्भासित करें, जिससे हमारे जीवनमें उनका दिव्य प्रकाश हो और जीवन उनके चरणोंमें समर्पित होकर धन्य हो जाय!

प्रकट हुए थे धराधाममें पूर्ण परात्पर श्रीभगवान।
परम दिव्य ऐश्वर्यनिकेतन, सुन्दरता-मधुरता-निधान॥
दुष्टोंको निज धाम भेजकर, साधुजनोंका कर उद्धार।
किया धर्मका संस्थापन था, लेकर स्वयं दिव्य अवतार॥
वही पुण्य तिथि भाद्र अष्टमी, कृष्णपक्ष मङ्गलमय आज।
सुरभित श्रद्धा-सुमन-राशिसे सभी सजाकर मङ्गल साज॥
नन्दालयमें आज महोत्सव वही हो रहा मधुर विशाल।
शीघ्र बुझा देगा जो भव-दावानल सहसा अति विकराल॥
हम भी सब मिल आज मनावें वही महोत्सव मङ्गलरूप।
भोगासक्ति-विनाशक, भव-बाधाहर, दायक प्रेम अनूप॥
प्रेम कृष्णका, प्रेम कृष्णमें, स्वयं कृष्ण ही निर्मल प्रेम।
हमें मिले, बस, एकमात्र वह; वही हमारा योगक्षेम॥
कृष्ण-नाम-गुण गाओ अविरत, प्रेमसहित नाचो तज लाज।

बनो कृष्णभक्तोंके भक्तोंके अनुगामी सहित समाज ॥
मधुर मनोहर मङ्गलमय श्रीराधा-माधवका सब काल।
करते रहो स्मरण नित संतत, पल-पल होते रहो निहाल ॥
नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लालकी !

——::×::——

श्रीकृष्ण-जन्माष्टमी-महोत्सव

(सं॰ २०२६ वि॰ के जन्माष्टमी-महोत्सवपर रचित)

सर्वातीत, सर्व-विरहित जो, सर्व, सर्वमय, सर्वाधार।
सर्वव्यापक, सर्वात्मा जो स्वयं सृष्टि, स्रष्टा, संहार ॥
मायापति, नित माया-विरहित, ब्रह्म, ब्रह्ममय, ब्रह्माधार।
निर्गुण, सगुण, निराकृति, नित्य निरञ्जन, दिव्य सगुण साकार ॥
प्रकृति-विकृतिमय, व्यक्त, प्रकृतिगतपुरुष, विश्वमय, विश्वाकार।
अपरिवर्तन रूप एकरस, नित वैचित्र्यपूर्ण संसार ॥
ब्रह्मा-विष्णु-महेश-रूपसे करते जो लीला-विस्तार।
सरस्वती-लक्ष्मी-कालीके विविध अनन्त प्रकट आकार ॥
देश-काल-बन्धन-विरहित, जो देश-कालमय, कालातीत।
कालरूप विकराल, सुनाते नित विनाशके भैरव गीत ॥
नित्य अनन्त-असीम-अलौकिक, परम स्वतन्त्र स्वयं-भगवान।
करते अन्तमयी-सी लीला लौकिक, सीमित, कर्मप्रधान ॥
'अवतारी' सब अवतारोंके सबके 'अंशी', नित्य अनादि।
सभी ईश्वरोंके ईश्वर, सब लोक महेश्वर, सबके आदि ॥
षोडशकलापूर्ण, सच्चिद्-घन, षडैश्वर्यसम्पन्न, उदार।
अज, अबिनश्वर, चिन्मय भगवद्देहरूप, नित विगतविकार ॥
लीलामय, लीला, लीलाके दर्शक, दिव्य सच्चिदानन्द।

अखिल प्रेम-रससिन्धु, प्रेमघनमूर्ति, प्रेम-बितरक स्वच्छन्द ॥
विविध अचिन्त्यानन्त विरोधी गुणधर्माश्रयरूप महान।
प्रकट हुए प्रभु कारागृहमें कृष्ण अतुल ऐश्वर्यनिधान ॥
साधुजनोंका परित्राण, अति दुष्टोंका करने निस्तार।
धर्मस्थापन हेतु स्वयं प्रभुने यह लिया दिव्य अवतार ॥
हरनेको निज प्रेमी, विरही जनका घोर विरह-संताप।
प्रेमधर्म-संस्थापनार्थ शुचि इच्छामय प्रकटे प्रभु आप ॥
भाद्र, असित अष्टमी, अजनजन्मर्क्ष रोहिणी शुभ नक्षत्र।
मध्यरात्रि, बुधवार, छा गयी प्रभा सुखद अनुपम सर्वत्र ॥
हुआ सुशोभन काल निरतिशय सर्व शुभगुणोंसे संयुक्त।
ग्रह-तारे-नक्षत्र हो उठे सभी तुरंत सौम्यतायुक्त ॥
हुईं प्रसन्न दिशाएँ सारी, तारे नभ छाये चहुँ ओर।
नगर-ग्राम-व्रज हुए धरणिके आकर मङ्गलमय बेछोर ॥
सरिता हुईं सुनिर्मल-सलिला, निशि सर विकसे कंज अपार।
लदे वृक्ष पुष्पोंसे, पिक-अलि करने लगे चहक-गुंजार ॥
शीतल-मन्द-सुगन्ध मधुर बह चला पवन सुख स्पर्श पवित्र।
असुर-विरोधी साधु-मनोंमें उदय हुआ सुख सहज विचित्र ॥
सहसा सुर-दुन्दुभी बज उठीं, स्वर्गलोकमें अपने-आप।
सुनकर जन्म अजन्माका, सुर हर्षित हुए, मिटा संताप ॥
किंनर शुचि गन्धर्व गा उठे, करने लगीं अप्सरा नृत्य।
करने लगे सिद्ध-चारण स्तुति, मनमें मोद भरे सब सत्य ॥
लगे देव-ऋषि-मुनि सराहने पृथ्वीका सौभाग्य अपार।
जलधर करने लगे सिन्धुतट जा, मृदु-मृदु गर्जन सुखसार ॥
लगा जगमगाने कारागृह, फैल गया शुचि सुखद प्रकाश।
काराका विषण्ण कण-कण मानो कर उठा मधुर मृदु हास ॥
खुली हथकड़ी-बेड़ी श्रीवसुदेव-देवकीकी तत्काल।

देख अलौकिक तेजपुंज अद्भुत बालक हो गये निहाल ॥
विष्णुरूप, भुज चार, शङ्ख शुभ, गदा-चक्र-अम्बुज अभिराम।
शोभित श्याम-नील सुन्दर तनपर पीताम्बर दिव्य ललाम ॥
वक्षःस्थल श्रीवत्स, कण्ठ कौस्तुभमणि, नेत्र-कमल सुविशाल।
परम सुशोभित रूपराशि, सुर-ऋषि-मुनि-मनहर परम रसाल ॥
मणि-वैदूर्य-सुमण्डित मनहर मुकुट, कर्ण कुण्डल द्युतिमान।
चमक रहे उनकी द्युतिसे काले घुँघराले केश अमान ॥
कटि किङ्किणी, कड़े-बाजूबँद शोभित बाहु विलक्षण-रूप।
विस्मय-हर्ष भरे नेत्रोंसे निरख रहे वसुदेव अनूप ॥
करने लगे स्तवन, प्रभुको पहचान, भरे मन परमानन्द।
प्रभुने दिया पुरातन परिचय, पिछले जन्मोंका सुख-कंद ॥
सुन देवकी कंस-भयभीता माताका अति करुणालाप।
बन शिशु, 'पहुँचा दो मुझको गोकुल' प्रभु बोले अपने-आप ॥
स्वयं स्वरूपाशक्ति योगमाया धर अनुजाका शुचि स्वाँग।
प्रकटीं गोकुल नन्द-भवनमें जननि यशोदाके बड़भाग ॥
इधर खुल गये सारे ताले, सोये सब प्रहरी खो चेत।
प्रिय शिशुको ले गोद प्यारसे, चले पिता वसुदेव सचेत ॥
यमुनाने कर पद स्पर्श, दे दिया मार्ग उनको सुखयोग।
पहुँचे नन्दभवन, देखे सब खुले द्वार, सोये सब लोग ॥
सुला दिया शिशुको धीरेसे तुरत यशोदाजीके पास।
खोये निधि ज्यों, ले कन्याको, चले उदास, भरे उल्लास ॥
पहुँचे कारागृह तुरंत ही, हुए बंद अपने सब द्वार।
शिशु-रोदन सुन जागे प्रहरी, पहुँचा एक कंस-दरबार ॥
सुनते ही दौड़ा पागल-सा कंस उसी क्षण, ले तलवार।
पहुँचा छीन लिया कन्याको, भर मनमें आश्चर्य अपार ॥
कन्या कैसे हुई, न समझा मर्म, पकड़ कन्याका हाथ।

दिया पछाड़ शिलापर पापीने अति निर्दयताके साथ॥
रोती रही देवकी, कन्या उड़ी, गयी नभ बिना प्रयास।
अष्ट भुजा आयुधयुत देवी, बोली, देकर उसको त्रास॥
'मूर्ख! हो चुका है पैदा वह, तुझे मारनेवाला वीर।
मुझे मारकर क्या होगा, मत मार बालकोंको, धर धीर'॥
इधर बह चला नन्दालयमें परमानन्द-स्रोत निस्सीम।
करने लगे सभी अवगाहन मत्त, छोड़ मर्यादा-सीम॥
फिर तो लीला चली रसमयी परम सुदुर्लभ, परम पुनीत।
मूर्तिमान हो चला सख्य-वात्सल्य-मधुर रसका संगीत॥

× × × ×

व्रज-जीवन, गो-गोपी-सुख-धन, नन्द-यशोदाके प्रिय लाल।
सखा-परमधन, गोवत्सोंके शुचि सेवक-रक्षक गोपाल॥
गोचारक, वन-वन-पावनकर, वनचर बन्धु, विविध रुचि रंग।
क्रीड़ामत्त सतत प्राकृत बालक सम बाल-सखागण-संग॥
असुरोद्धारक, कालिय-मर्दन, दुष्ट-निकन्दन, नित सुखरूप।
इन्द्र-दर्पहर, ब्रह्म-मोह-हर, स्वजन-दुःखहर, रूप अनूप॥
रसमय नयन हरण मुनि-जन-मन, सिर घुँघराले काले केश।
मुरलीधर, शिखिपिच्छ-मुकुटधर, गिरिवरधर, नव नटवर वेश॥
रासविहारी, कुञ्जविहारी, चित्त-वित्तहारी व्रजराज।
रसिक, रसार्णव, रसपिपासु, रस-लोलुप, रस-वितरक, रसराज॥
गोपीजन-मन-मोहन गोपी-रञ्जन गोपी-जीवन-प्राण।
राधाकान्त राधिकावल्लभ राधाप्रेम रहित परिमाण॥
राधाराध्य, राधिकाराधक नित्य अभिन्न राधिका-तत्त्व।
प्रेम-सुधा-रस-लीलास्वादन हेतु भिन्न नित रखते स्वत्व॥
नित नवीन सौन्दर्य दिव्य-माधुर्य रसामृत-सिन्धु अनन्त।
नित नवीन आनन्द तरङ्गित नित्याकर्षक रूप अनन्त॥

मधुर मधुरतम नव-नीरद-तनु नील-श्यामसुन्दर गौराभ।
लीला-मधुर-मधुरतम, शुचितम रास, महत्तम जीवन-लाभ॥

× × × ×

मथुरागमन, मत्त मुष्टिक-चाणूर-कंस-कुवलय-उद्धार।
करके मुक्त पिता-माताको चरण-नमन कर बारंबार॥
दे आस्वासन उन्हें सुखी कर, उग्रसेनका कर अभिषेक।
स्वयं बने सेवक, रख अपनी शुचि निष्कामभावकी टेक॥

× × × ×

गये द्वारका, करके अपनी मथुरा-लीलाको सम्पन्न।
मुक्त किया वध कर अनेक असुरोंका, जो थे राज्यापन्न॥
इन्द्रप्रस्थ जा मिले बन्धु पाण्डवगणसे फिर अति मतिमान।
कुरुक्षेत्रके रण-प्राङ्गणमें दिव्य सुनाया गीता-ज्ञान॥

× × × ×

परम त्यागमय दिव्य प्रेमका महाभावमय राधारूप।
स्वयं दिखाया मूर्तिमान हो, ऋषि-मुनि-दुर्लभ भाव अनूप॥
बिना त्यागके प्रेम न होता, प्रेम बिना न कभी आनन्द।
राधा गोपी-प्रेम दिव्यसे यह शिक्षा दी आनँदकंद॥
गीतासे सिखलाया—आशा-राग कामना-द्वेष-ममत्व।
अहंकार-अभिमान-नाश, प्रभुकी शरणागति, भाव समत्व—
यह दिखलाया जीवनमें कर स्वयं आचरण अति आदर्श।
मानवरूप बने परतम प्रभुने, जो विरहित हर्षामर्ष॥
युगपत् रसिक-विरागी, भोगी-त्यागी, निष्ठुर-करुणागार।
मायावी-अति सरल, गृही-संन्यासी, अति संग्रही-उदार॥
कर्मी-ज्ञानी, अति प्रवृत्त-निवृत्त नित्य, गुण-निर्गुणरूप।
ममतायुक्त-नित्य अति निर्मम, मोही-निर्मोही अपरूप॥
नित्य परम समतास्वरूप निज रूप प्रतिष्ठित नित्य स्वभाव।

नहीं कहीं भी किसी भाँति उन सत्य तत्त्वका कभी अभाव ॥
क्षर-अक्षर, अतीत दोनोंसे, पूर्ण पुरुष पुरुषोत्तम आप ।
प्रकृति-अधीश्वर निज मायासे प्रकटे हरण शोक-संताप ॥
गोपीप्रेम, ज्ञान गीताका दिव्य परम देकर उपदेश ।
श्रद्धायुत हो करें सभी आचरण, दिया यह दिव्यादेश ॥
जन्माष्टमी-महोत्सवका है परम लाभ यह सबका सार ।
शरणागत हो श्रद्धासे हम पालें इसे साध्य-अनुसार ॥

——::×::——

श्रीराधा-माधव

प्रार्थना

राधा-माधव जुगल के प्रनवौं पद-जलजात ।
बसे रहैं मो मन सदा, रहै हरष उमगात ॥
हरौ कुमति सब ही तुरत, करौ सुमति कौ दान ।
जातें नित लागौ रहै तुव पद-कमलनि ध्यान ॥
राधा-माधव ! करौ मोहि निज किंकर स्वीकार ।
सब तजि नित सेवा करौं जानि सार कौ सार ॥
राधा-माधव ! जानि मोहि निजजन अति मतिहीन ।
सहज कृपा तैं करौ निज नित सेवा मैं लीन ॥
राधा-माधव ! भरौ तुम मेरे जीवन माझ ।
या सुख तैं फूल्यौ रहौं भूलि भोर अरु साँझ ॥
तन-मन-मति सब में सदा लखौं तिहारौ रूप ।
मगन भयौ सेवौं सदा पद-रज परम अनूप ॥
राधा माधव चरन रति रस के पारावार ।
बूड़्यो, नहिं निकसौं कबहुँ पुनि बाहर संसार ॥

——::×::——

श्रीराधा-माधवकी एकरूपता

× × × × राधा-कृष्ण स्त्री-पुरुष नहीं है। हमारी तरहसे कर्मसे पैदा होनेवाले पाञ्चभौतिक देहधारी जीव नहीं हैं। वे साक्षात् सच्चिदानन्दघनस्वरूप हैं और एक ही लीलाके लिये दो रूपोंमें प्रकट हैं। ····राधा श्रीकृष्णकी स्वरूपभूता शक्ति हैं। राधा श्रीकृष्ण हैं, श्रीकृष्ण राधा हैं। ····राधा भगवान् श्रीकृष्णकी स्त्री नहीं हैं, राधा भगवान् हैं। भगवान् (श्रीकृष्ण) राधाके पति नहीं, भगवान् राधा हैं। ····और राधा-कृष्ण स्त्री-पुरुष भी हैं, पति-पत्नी भी हैं, प्रकृति-पुरुष भी हैं, पुरुषोत्तम भी हैं, दोनों एक ही हैं, दोनोंकी महिमा कौन जान सकता है।

कृष्ण शक्तिमय, शक्ति राधिका—चिन्मय एक तत्त्व भगवान।
नित्य अनादि अनन्त अगोचर अमल अनामय सत्य महान॥
त्रिगुणरहित भगवद्‌गुणमय शुचि सच्चिन्मय आनन्द शरीर।
लीलामय, लीला, लीला-रत, दो तनु दिव्य नित्य अशरीर॥

——::×::——

श्रीराधा-कृष्ण एक ही तत्त्व हैं

प्रिय महोदय ! सप्रेम हरिस्मरण। आपका कृपापत्र मिला। उत्तरमें निवेदन है कि श्रीराधा तथा श्रीकृष्ण वस्तुतः एक ही तत्त्वके दो नाम-रूप हैं। इनका नित्य अभेदरूप सम्बन्ध है। अतः इनके विवाह होने, न होनेका प्रश्न ही नहीं उठता। विवाह तो लौकिक जीवोंमें होता है। तथापि ब्रह्मवैवर्तपुराणमें इनके विवाहकी बात भी आती है। इनकी लीला नित्य है और नित्य ही ये अपने ही एक तत्त्वके दो स्वरूपोंमें लीला-विहार करते रहते हैं। समस्त दिव्य धामोंमें प्रमुख सच्चित्-परमानन्दमय गोलोकधाम है, वही समस्त ब्रह्माण्डका आत्मा है। उसीसे अनन्त ब्रह्माण्ड नित्य अनुप्राणित होते रहते हैं। वह नित्य सच्चिदानन्दमय परधाम सबसे विलक्षण और सर्वोपरि होनेपर भी सर्वत्र व्याप्त और सबमें स्थित है। इतनेपर भी उसकी पादविभूतिके एक अंशमें ही समस्त प्राकृत लोकोंकी परिसमाप्ति हो जाती है। इनसे सर्वथा अस्पृष्ट जो त्रिपादविभूति है, वह अप्राकृत सच्चिदानन्दमय परमधाम है। वही साकेत, वैकुण्ठ, कैलास आदि परधामोंके रूपमें भक्तोंके अनुभवोंमें आता है। उस

परमोज्ज्वल, परम मधुर, परम कल्याणमय, परम सुन्दर, सर्वातिशायी नित्य गोलोकधाममें ही वृन्दावन, मथुरा, गोकुल, नन्दग्राम, बरसाना, गिरिराज तथा विरजा और यमुना आदि दिव्य शाश्वत प्रदेश हैं। हमारा यह मर्त्यधाम पार्थिव है, ठोस है; यहाँ एकमें दूसरा नहीं रह सकता। जहाँ काशी है, वहाँ प्रयाग नहीं है—दोनों पृथक्-पृथक् हैं; परंतु दिव्य सच्चित् परमानन्दमय धाम इस प्रकारका जड तथा ठोस नहीं है; वह कैसा है, इसे वाणीसे नहीं समझाया जा सकता। परंतु इतना जान लेना चाहिये कि भगवान्‌की भाँति ही वह सर्वशक्तिसम्पन्न, सर्वाधार, दिव्य, प्रकाशमय, तेजोमय, नित्य सत्य भावमय है। उसीमें समस्त दिव्य लोकोंका सत्य स्फुरण है। वे साकेत, वैकुण्ठ, कैलास आदि भेदोंसे सत्य-सत्य ही अनेक होते हुए सत्य-सत्य एक ही हैं। उसी परतम गोलोकधामकी अधीश्वरी श्रीराधारानी हैं, जो श्रीकृष्णसे नित्य अभिन्न होनेपर भी श्रीकृष्णको नित्य परमानन्द प्रदान करनेवाली उनकी ह्लादिनी शक्ति हैं। श्रीकृष्णके स्वरूपका आधार वे हैं और श्रीकृष्ण उनके स्वरूपके आधार हैं। वे नित्य प्रिया-प्रियतम हैं। कभी एक क्षणके लिये भी उनका वियोग नहीं होता। पर यह प्रिया-प्रियतमभाव कैसा है, इसे समझनेके लिये कोई भी लौकिक दृष्टान्त समीचीन और उपयुक्त नहीं है। जैसे भगवान् सर्वविलक्षण, निरुपाधि और अतुलनीय तथा अचिन्त्य हैं, वैसे ही यह प्रिया-प्रियतमभाव भी अतुलनीय और अचिन्त्य है।

इस प्राकृत जगत्‌में जो इन सबका अवतरण हुआ था, कहा गया है कि वह इनके दिव्य राज्यमें इनकी एक स्वप्नलीला थी। विचित्र-लीलासम्पादिनी भगवान्‌की योगमाया सदा लीलावैचित्र्यके आयोजनमें ही लगी रहती है। प्रिया-प्रियतम निकुञ्जमें शयन कर रहे हैं। इसी समय प्रिया श्रीराधारानीके सामने योगमाया एक दृश्य उपस्थित करती हैं। श्रीजीको स्वप्न होता है—मैं भारतमें श्रीवृषभानुपुरीमें कीर्तिदा माताके अङ्कमें बालिकारूपसे प्रकट हुई हूँ, इत्यादि। स्वप्न मनका संकल्प है। श्रीजी सदा सत्य-संकल्प हैं; अतः उनके उस संकल्पके अनुसार भारतवर्षके व्रजमण्डलान्तर्गत वृषभानुपुरीमें उनके प्रादुर्भावकी लीला सम्पन्न होने लगी। इसी प्रकार योगमायाके संकेतसे श्रीकृष्णका भी संकल्पसे ही अवतरण हुआ। यहाँकी इस लीलामें श्रीकृष्ण ग्यारह वर्षकी आयुतक ही व्रजमें विराजे। श्रीजीकी आयु भी

लगभग इतनी-सी ही थी। कहते हैं कि वे श्रीकृष्णसे पंद्रह दिन छोटी थीं। इसी बाल्यकालमें व्रजमें इन दोनोंमें प्रथम दर्शन, पूर्वराग, संयोग आदिकी समस्त रसलीलाएँ सम्पन्न हुईं। लोकदृष्टिमें इनकी सगाईकी चर्चा चल रही थी। किसी-किसी भक्तने इनके विवाहका भी वर्णन किया है। हमारे पास एक पुरानी हस्तलिखित पुस्तक है, जिसमें बड़ी सुन्दर विवाह-लीलाका सचित्र वर्णन है। ब्रह्मवैवर्तपुराणके अनुसार भी लोगोंकी दृष्टि बचाकर साक्षात् श्रीब्रह्माजीने वृन्दावनमें सखियोंके सामने इन शाश्वत प्रिया-प्रियतमका विवाह भी करवा दिया था। फिर श्रीकृष्ण मथुरा पधारे और तदनन्तर द्वारका गये। तत्त्वतः श्रीकृष्णस्वरूपिणी नित्य-कृष्णसङ्गिनी श्रीकृष्णप्रिया श्रीराधारानी प्रेमयोगिनी विरहिणीका प्रेमानुरागमय जीवन बिताने लगीं। अवतार-लीला सम्पन्न होनेमें यहाँके परिमाणके अनुसार लगभग सवा सौ वर्ष लग गये। तत्पश्चात् परमधाम-गमनसे पूर्व ही भगवान् श्रीकृष्णने व्रजमें आकर समस्त गोप-गोपियोंको तथा व्रज-मण्डलको गोलोकधाममें भेज दिया । इतना सब देख चुकनेपर श्रीराधाजीका स्वप्न भङ्ग हुआ। उन्होंने देखा—'मेरी आँख लग गयी, इतनेमें ही क्षणभरमें मैंने यह स्वप्न देख लिया था। वस्तुतः तो मैं प्रियतम श्रीकृष्णके पास ही हूँ। न कहीं गयी न आयी।' श्रीकृष्ण तथा अन्य सबने भी लीलानुरोधसे यही अनुभव किया। यह एक प्रसङ्गकी कथा है। कहनेका तात्पर्य इतना ही है कि श्रीराधा-कृष्ण नित्य सनातन परस्पर-अभिन्न-प्रिया-प्रियतम हैं। इनका स्वरूप अनिर्वचनीय है—अचिन्त्य है । इनकी परम कृपासे ही उसका किसी-किसीको कहीं कुछ आभास मिलता है। उनका आदर्श और महत्त्व ये ही लोग जानते हैं। आपकी कृपासे पत्रका उत्तर लिखनेके बहाने प्रिया-प्रियतमकी पवित्र स्मृति हुई, इसके लिये मैं आपका कृतज्ञ हूँ। शेष भगवत्कृपा।

——::×::——

दिव्य युगल

परम प्रेम-आनंदमय दिव्य जुगल रस-रूप।
कालिंदी-तट कदँब-तल सुषमा अमित अनूप॥
सुधा-मधुर-सौंदर्य-निधि छलकि रहे अँग-अंग।
उठत ललित पल-पल बिपुल नव-नव रूप-तरंग॥
प्रगटत सतत नवीन छबि दोऊ होड़ लगाय।
हार न मानत जदपि, पै दोऊ रहै बिकाय॥
नित्य छबीली राधिका, नित छबिमय ब्रजचंद।
बिहरत बृंदाबिपिन दोउ लीला-रत स्वच्छंद॥

——::×::——

श्रीयुगल-तत्त्व और उनसे प्रार्थना

ब्रह्म, ब्रह्मकी शक्ति नित्यमें नहीं कभी रञ्चक भी भेद।
जो वह, वही तुम्हीं हो, है निश्चय दोनोंमें नित्य अभेद॥ १॥
शक्ति न हो तो कहीं रहेगा कभी न शक्तिमानका रूप।
शक्तिमानके बिना शक्तिको कहीं न होगा स्थान अनूप॥ २॥
शक्ति प्राण है शक्तिमानका, शक्तिमान है शक्ति-प्राण।
दोनोंसे दोनोंकी सत्ता है, अन्यथा उभय निष्प्राण॥ ३॥
नहीं कभी होता असङ्ग, चिन्मात्र ब्रह्मसे विश्व-विकास।
पराशक्तिके समाश्रयणसे ही होता सब भाँति प्रकाश॥ ४॥
कारण-रूप जगत्की है वह परमोत्कृष्ट पूर्ण पर-शक्ति।
इसीलिये हरि-हर-ब्रह्मा सब देव कर रहे उनकी भक्ति॥ ५॥
जगकी बात अलग, उन तीनोंका भी जो निज अस्तित्व।
एकमात्र कारण है उसमें, नित परिपूर्ण शक्तिका तत्त्व॥ ६॥
शक्ति बिना शिव 'शव' हो जाते, विष्णु 'अविष्णु' रमासे हीन।
हो अभाव यदि ब्रह्म-शक्तिका, विधि 'अशक्त' हो जाते दीन॥ ७॥
राधे बिना कृष्ण 'आधे' हैं, सीताहीन राम 'अति दीन'।
नहीं 'देव' हो कोई, वह यदि हो 'देवत्व-शक्ति' से हीन॥ ८॥
'भगवत्ता' से रहित नहीं माना जाता कोई भगवान।
शक्तिरहित समझा जाता है इसी भाँति सब मृतक-समान॥ ९॥

जगन्नियामकत्व, शुचि सच्चित्-आनन्दत्व नित्य निर्बाध।
सृजन-स्थिति-संहार जगत्-कर्तृत्व, नित्य ईशत्त्व अगाध ॥ १० ॥
पृथक्-पृथक् हैं दोनोंमें पर तनिक न अनुपपत्तिका दोष।
एक तत्त्व दोनों स्वरूपतः नित्य निरन्तर अविचल ठोस ॥ ११ ॥
एक बने दो लीला-रत रहते नित शक्ति, शक्ति-आधार।
विविध खेल रचते, होते अति मुदित एकको एक निहार ॥ १२ ॥
नहीं पुरुष तुम, नहीं नारि हो, नहीं नपुंसक, सर्वातीत।
तदपि सर्वमय सदा तुम्हीं हो; तुम ही पुरुष नारि सुपुनीत ॥ १३ ॥
मूलप्रकृति राधा तुम, दुर्गा, लक्ष्मी, शुभ सावित्रीरूप।
सरस्वती, गङ्गा, तुलसी तुम दिव्यशक्ति सब भाँति अनूप ॥ १४ ॥
स्वाहा, स्वधा, दक्षिणा, षष्ठी, मनसा, पुष्टि, तुष्टि हो स्वस्ति।
नहीं तुम्हारे बिना कहीं कुछ; तुम्हीं नास्ति हो, तुम ही अस्ति ॥ १५ ॥
करुणा-सुधामयी देवी ! तुम परम मनस्विनि, अमित उदार।
राधा-रूप-चरण-रज दे निज करो तुरंत कृपा-विस्तार ॥ १६ ॥

——::×::——

युगलतत्त्वकी एकता

जैसे अग्नि और अग्निकी दाहिका-शक्ति, सूर्य और सूर्यकी किरणें, चन्द्रमा और चन्द्रमाकी चाँदनी एवं जल और जलकी शीतलता सदा एक हैं, इनमें कभी कोई भेद नहीं है, उसी प्रकार शक्तिमान् और शक्तिमें कोई भेद नहीं है। जैसे अग्निशक्ति अग्नि-स्वरूपके आश्रयके बिना नहीं रहती और जैसे अग्निस्वरूप अग्निशक्तिके बिना सिद्ध ही नहीं होता, उसी प्रकार शक्ति और शक्तिमान्का एकत्व-सम्बन्ध है। वह नित्य पुरुषरूप है और नित्य ही नारी-स्वरूप। ऐसे दो होते हुए ही वे नित्य एक हैं। स्वरूपतः कभी दो होकर रह ही नहीं सकते। एकके बिना एकका अस्तित्व ही नहीं रहता।

पराशक्ति परब्रह्म शक्तिमान्के आश्रय बिना नहीं रहती; इसलिये वे शक्तिमान् 'परमात्मस्वरूपा' ही हैं। इसी प्रकार शक्तिमान् परब्रह्म पराशक्तिके कारण ही शक्तिमान् हैं, इसलिये वे नित्य 'पराशक्तिरूपा' ही हैं। इन दोनोंमें भेद मानना ही भ्रम है। परंतु इस प्रकार नित्य अभिन्न होनेपर भी इनमें प्रधानता शक्तिकी ही है।

****

'सच्चिदानन्दघन' सर्वातीत तत्त्व भी 'सच्चिदानन्द-शक्ति' का अभाव हो तो 'शून्य' रह जाता है। इसलिये उसका सत्-तत्त्व सत्-शक्तिसे, चित्-तत्त्व चित्-शक्तिसे और आनन्द-तत्त्व आह्लादिनी-शक्तिसे ही स्वरूपतः सिद्ध है।

परमात्माकी इन्हीं शक्तियोंको संधिनी, संवित् और ह्लादिनी-शक्ति भी बतलाया गया है। अपनी जिस स्वरूपाशक्तिके द्वारा भगवान् सबको सत्ता देते हैं, उस शक्तिका नाम 'संधिनी' है; जिसके द्वारा ज्ञान या प्रकाश दिया जाता है, वह 'संवित्' शक्ति है और स्वयं नित्य अनाद्यनन्त परमानन्दस्वरूप होकर भी जिस शक्तिके द्वारा अपने आनन्दस्वरूपकी जीवोंको अनुभूति कराते हैं तथा स्वयं भी आत्मस्वरूप विलक्षण परमानन्दका साक्षात्कार करते हैं, उस आनन्दमयी स्वरूपाशक्तिका नाम ह्लादिनीशक्ति है।

यह परमाश्चर्यमयी नित्य परमानन्दस्वरूपा ह्लादिनीशक्ति ही स्नेह, प्रणय, मान, राग, अनुराग, भाव और महाभावरूपमें भक्ति या प्रेम-शब्द-वाच्य होकर परम प्रेमसुधाका प्रवाह बहाती है और उसमें अवगाहन करके भक्त तथा भगवान् दोनों ही परमानन्दका अतृप्त पान करते हैं। यह सब शक्तिका ही चमत्कार है।

भगवान् विष्णु, भगवान् शंकर, भगवान् राम, भगवान् श्रीकृष्ण तथा अन्यान्य बड़े-छोटे किसीकी भी उपासना शक्तिरहित रूपमें हो ही नहीं सकती। जो शक्ति विष्णुको विष्णु, जो शक्ति शिवको शिव, जो शक्ति रामको राम और जो शक्ति श्रीकृष्णको श्रीकृष्ण बनाये हुए हैं, जिनके बिना उनकी स्वरूप-सत्ता ही नहीं रहती, उन शक्तियोंके बिना जब वे शक्तिमान् रूप ही नहीं रहते, तब उनकी अकेलेकी—'शक्तिरहित शक्तिमान्' की उपासना कैसे हो सकती है। शक्ति न रहनेपर तो उनका स्वरूप ही नहीं रहेगा।

शक्तिको साथ माना जाय या न माना जाय, उपासनामें शक्तिका विग्रह साथ रखा जाय या न रखा जाय, जब उपासना होगी तब शक्ति साथ रहेगी ही । उसके बिना उपास्य तथा उसकी उपासना सम्भव ही नहीं।

इसी प्रकार अकेली पराशक्तिकी भी उपासना नहीं हो सकती। जब शक्ति शक्तिमान्में ही निवास करती है, तब शक्तिकी उपासनासे शक्तिमान्की उपासना भी स्वतः ही हो जायगी। पुरुषरूप शक्तिमान्की उपासना करनेवाले स्वाभाविक ही

शक्तिकी उपासना करते हैं, चाहे अपनी जानमें न करें। और इसी प्रकार शक्तिकी उपासना करनेवाले भी शक्त्याधार शक्तिमान्‌की उपासना करते हैं। अतएव मुख्य या गौण भेदसे किसी भी शक्तिमान् या शक्तिकी उपासना की जाय, यदि उसमें अनन्यभाव है तो वह एकमात्र सच्चिदानन्द-तत्त्वकी ही उपासना है।

तथापि पृथक्-पृथक् रूपोंमें तथा विभिन्न नामोंसे शक्तिकी उपासना की जाती है। वैष्णवजन भगवती लक्ष्मीकी, भगवती सीताकी, भगवती राधाकी उपासना करते ही हैं। शैव भगवती उमा-सतीकी— दुर्गाकी उपासना करते हैं और इसी प्रकार शाक्त भी भगवान् शिव तथा भैरवकी उपासना करते हैं। विशेष-विशेष अवसरोंपर भगवान् स्वयं उपदेश देकर भगवती देवीकी उपासना अपने भक्तोंसे करवाते हैं और भगवती स्वयं उपदेश देकर भगवान्‌की उपासना करवाती हैं तथा इससे उन्हें बड़ी प्रसन्नता प्राप्त होती है। भगवान् रामकी उपासनासे सीताको, भगवान् श्रीकृष्णकी उपासनासे राधाको, भगवान् श्रीविष्णुकी उपासनासे लक्ष्मीको और भगवान् श्रीसदाशिवकी उपासनासे पार्वतीको एवं इसी प्रकार भगवती सीताकी उपासनासे श्रीरामको, भगवती राधाकी उपासनासे श्रीकृष्णको, भगवती लक्ष्मीकी उपासनासे श्रीविष्णुको और पार्वतीकी उपासनासे श्रीमहादेवको अनिर्वचनीय सुखकी प्राप्ति होती है।

उपासनामें इष्टका रूप एक होना चाहिये। यह परम आवश्यक है। तथापि उस एककी प्रसन्नता-सम्पादनके लिये, या उसके आज्ञापालनके लिये अन्य रूपकी उपासना करना भी कर्तव्य होता है। अर्जुनने भगवान् श्रीकृष्णकी आज्ञासे भगवान् शिवकी तथा 'एकानंशा' शक्तिकी उपासना की। स्वयं भगवान् श्रीकृष्णने भगवान् शंकरकी उपासना, भगवान् श्रीरामने स्वयं शक्ति तथा शिवकी उपासना की, श्रीशंकरने भगवान् विष्णु तथा रामकी एवं शक्तिकी आराधना की, गोपोंने अम्बिकाकी पूजा की, गोपरमणियोंने कात्यायनीकी पूजा की; यादवोंने दुर्गापूजन किया एवं श्रीसीताजी और श्रीरुक्मिणीजीने अम्बिकापूजन किया। ये सब कथाएँ प्रसिद्ध हैं।

शक्ति और शक्तिमान्‌में अभेद मानते हुए ही जिनकी जिस रूपमें, जिस नाममें, जिस तत्त्व-विशेषमें रुचि हो, जिसका जो इष्ट हो, उसको उसीकी उपासना उसीके अनुकूल पद्धतिसे करनी चाहिये। पर यह मानना चाहिये कि हमारे ही परम इष्टकी

उपासना सभी लोग विभिन्न नाम-रूपोंसे करते हैं तथा हमारे ही परम इष्टदेव विभिन्न नाना रूपोंको धारण किये हुए हैं।

——::×::——

उपनिषद्में युगल-स्वरूप

भारतके आर्य-सनातनधर्ममें जितने भी उपासक-सम्प्रदाय हैं, सभी विभिन्न नाम-रूपों तथा विभिन्न उपासना-पद्धतियोंके द्वारा वस्तुतः एक ही शक्तिसमन्वित भगवान्‌की उपासना करते हैं; अवश्य ही कोई तो शक्तिको स्वीकार करते हैं और कोई नहीं करते। भगवान्‌के इस शक्तिसमन्वित रूपको ही युगल-स्वरूप कहा जाता है। निराकारवादी उपासक भगवान्‌को सर्वशक्तिमान् बताते हैं और साकारवादी भक्त उमा-महेश्वर, लक्ष्मी-नारायण, सीता-राम, राधा-कृष्ण आदि मङ्गलमय स्वरूपोंमें उनका भजन करते हैं। महाकाली, महालक्ष्मी, महासरस्वती, दुर्गा, तारा, उमा, अन्नपूर्णा, सीता, राधा आदि स्वरूप एक ही भगवत्स्वरूपा शक्तिके हैं, जो लीलावैचित्र्यकी सिद्धिके लिये विभिन्न रूपोंमें अपने-अपने धामविशेषमें नित्य विराजित हैं। यह शक्ति नित्य शक्तिमान्‌के साथ है और शक्ति है, इसीसे वह शक्तिमान् है और इसलिये वह नित्य युगलस्वरूप है। पर यह युगलस्वरूप वैसा नहीं है, जैसे दो परस्पर-निरपेक्ष सम्पूर्ण स्वतन्त्र व्यक्ति या पदार्थ किसी एक स्थानपर स्थित हों। ये वस्तुतः एक होकर ही पृथक्-पृथक् प्रतीत होते हैं। इनमेंसे एकका त्याग कर देनेपर दूसरेके अस्तित्वका परिचय नहीं मिलता। वस्तु और उसकी शक्ति, तत्त्व और उसका प्रकाश, विशेष्य और उसके विशेषणसमूह, पद और उसका अर्थ, सूर्य और उसका तेज, अग्नि और उसका दाहकत्व—इनमें जैसे नित्य युगलभाव विद्यमान है, वैसे ही ब्रह्ममें भी युगलभाव है। ब्रह्म और उनकी शक्ति नित्य दो होकर भी नित्य एक हैं और नित्य एक होकर भी नित्य दो हैं; वे नित्य भिन्न होकर भी नित्य अभिन्न हैं और नित्य अभिन्न होकर भी नित्य भिन्न हैं; वे एकमें ही सदा दो हैं और दोमें ही सदा एक हैं तथा स्वरूपतः एक होकर भी द्वैधभावके पारस्परिक सम्बन्धके द्वारा ही अपना

परिचय देते और अपनेको प्रकट करते हैं। यह एक ऐसा रहस्यमय परम विलक्षण तत्त्व है कि दो अयुतसिद्ध रूपोंमें ही उसके स्वरूपका प्रकाश होता है, उसका परिचय प्राप्त होता है और उसकी उपलब्धि होती है।

वेदमूलक उपनिषद्में ही इस युगल-स्वरूपका प्रथम और स्पष्ट परिचय प्राप्त होता है। उपनिषद् जिस परम तत्त्वका वर्णन करते हैं, उसके मुख्यतया दो स्वरूप हैं—एक 'सर्वातीत' और दूसरा 'सर्वकारणात्मक'। सर्वकारणात्मक स्वरूपके द्वारा ही सर्वातीतका संधान प्राप्त होता है और सर्वातीत स्वरूप ही सर्वकारणात्मक स्वरूपका आश्रय है। सर्वातीत स्वरूपको छोड़ दिया जाय तो जगत्की कार्य-कारण-शृङ्खला ही टूट जाय, उसमें अप्रतिष्ठा और अनवस्थाका दोष आ जाय। फिर जगत्के किसी मूलका ही पता न लगे और सर्वकारणात्मक स्वरूपको न माना जाय, तो सर्वातीतकी सत्ता कहीं न मिले। वस्तुतः ब्रह्मकी अद्वैतपूर्ण सत्ता इन दोनों स्वरूपोंको लेकर ही है। उपनिषद्के दिव्य-दृष्टिसम्पन्न ऋषियोंने जहाँ विश्वके चरम और परम तत्त्व एक, अद्वितीय, देश-काल-अवस्था-परिणामसे सर्वथा अनवच्छिन्न सच्चिदानन्द-स्वरूपको देखा, वहीं उन्होंने उस अद्वैत परब्रह्मको उसकी अपनी ही विचित्र अचिन्त्य शक्तिके द्वारा अनन्त विचित्र रूपोंमें प्रकट भी देखा और यह भी देखा कि वही समस्त देशों, समस्त कालों, समस्त अवस्थाओं और समस्त परिणामोंके अंदर छिपा हुआ अपने स्वतन्त्र सच्चिदानन्दमय स्वरूपकी, अपनी नित्यसत्ता, चेतना और आनन्दकी मनोहर झाँकी करा रहा है। ऋषियोंने जहाँ देश-काल-अवस्था-परिणामसे परिच्छिन्न अपूर्ण पदार्थोंको 'यह वह नहीं है, यह वह नहीं है' (नेति-नेति) कहकर और उनसे विरागी होकर यह अनुभव किया कि 'वह परमतत्त्व ऐसा है जो न कभी देखा जा सकता है, न ग्रहण किया जा सकता है; न उसका कोई गोत्र है, न वर्ण है, न उसके चक्षु-कर्ण और हाथ-पैर आदि हैं।' 'वह न भीतर प्रज्ञावाला है, न बाहर प्रज्ञावाला है, न दोनों प्रकारकी प्रज्ञावाला है, न प्रज्ञानघन है; न प्रज्ञ है, न अप्रज्ञ है; वह न देखनेमें आता है, न उससे कोई व्यवहार किया जा सकता है, न वह पकड़में आता है, न उसका कोई लक्षण (चिह्न) है; उसके सम्बन्धमें न चित्तसे कुछ सोचा जा सकता है और न वाणीसे कुछ कहा ही जा सकता है; वह आत्मप्रत्ययका सार है, प्रपञ्चसे

रहित है, शान्त, शिव और अद्वैत है'—

यत्तदद्रेश्यमग्राह्यमगोत्रमवर्णमचक्षुःश्रोत्रं तदपाणिपादम्।

(मुण्डक० १।१।६)

नान्तःप्रज्ञं न बहिष्प्रज्ञं नोभयतःप्रज्ञं न प्रज्ञानघनं न प्रज्ञं नाप्रज्ञम्। अदृष्ट-मव्यवहार्यमग्राह्यमलक्षणमचिन्त्यमव्यपदेश्यमेकात्मप्रत्ययसारं प्रपञ्चोपशमं शान्तं शिवमद्वैतम्··· । (माण्डूक्य० ७)

किसी भी दृश्य, ग्राह्य, कथन करनेयोग्य, चिन्तन करनेयोग्य और धारणामें लाने योग्य पदार्थके साथ उसका कोई भी सम्बन्ध या सादृश्य नहीं है। इसीके साथ वहाँ, उसी क्षण उन्होंने उसी देश-कालातीत, अवस्था-परिणाम-शून्य, इन्द्रिय-मन-बुद्धिके अगोचर, शान्त, शिव, अनन्त, एकमात्र सत्तास्वरूप अक्षर परमात्माको ही सर्वकालमें और समस्त देशोंमें नित्य विराजित देखा और कहा कि 'धीर साधक पुरुष उस नित्य, पूर्ण, सर्वव्यापक, अत्यन्त सूक्ष्म, अविनाशी और समस्त भूतोंके कारण परमात्माको देखते हैं'—

नित्यं विभुं सर्वगतं सुसूक्ष्मं तदव्ययं यद् भूतयोनिं परिपश्यन्ति धीराः॥

(मुण्डक० १।१।६)

उन्होंने यह भी अनुभव किया कि 'जब वह द्रष्टा उस सबके ईश्वर, ब्रह्माके भी आदिकारण, सम्पूर्ण विश्वके स्रष्टा, दिव्य प्रकाशस्वरूप परम पुरुषको देख लेता है, तब वह निर्मल-हृदय महात्मा पाप-पुण्यसे छूटकर परम साम्यको प्राप्त हो जाता है'—

यदा पश्यः पश्यते रुक्मवर्णं
कर्तारमीशं पुरुषं ब्रह्मयोनिम्।
तदा विद्वान् पुण्यपापे विधूय
निरञ्जनः परमं साम्यमुपैति॥

(मुण्डक० ३।१।३)

यहाँतक कि उन्होंने ध्यानयोगमें स्थित होकर परमदेव परमात्माकी उस दिव्य अचिन्त्य स्वरूपभूता शक्तिका भी प्रत्यक्ष साक्षात्कार किया, जो अपने ही गुणोंसे छिपी

हुई है। तब उन्होंने यह निर्णय किया कि कालसे लेकर आत्मातक (काल, स्वभाव, नियति, अकस्मात्, पञ्चमहाभूत, योनि और जीवात्मा) सम्पूर्ण कारणोंका स्वामी एवं प्रेरक, सबका परम कारण एकमात्र परमात्मा ही है—

ते ध्यानयोगानुगता अपश्यन्
देवात्मशक्तिं स्वगुणैर्निगूढाम्।
यः कारणानि निखिलानि तानि
कालात्मयुक्तान्यधितिष्ठत्येकः ॥

(श्वेताश्वतर० १।३)

ऋषियोंने यह अनुभव किया कि वह सर्वातीत परमात्मा ही सर्वकारण-कारण, सर्वगत, सबमें अनुस्यूत और सबका अन्तर्यामी है। वह सूक्ष्माति-सूक्ष्म, भेदरहित, परिणामशून्य, अद्वय परमतत्त्व ही चराचर भूतमात्रकी योनि है, एवं अनन्त विचित्र पदार्थोंका वही एकमात्र अभिन्न-निमित्तोपादान-कारण है। उन्होंने अपनी निर्भ्रान्त निर्मल दृष्टिसे यह देखा कि जो विश्वातीत तत्त्व है—वही विश्वकृत् है, वही विश्ववित् है और वही विश्व है। विश्वमें उसीकी अनन्त सत्ताका, अनन्त ऐश्वर्यका, अनन्त ज्ञानका और अनन्त शक्तिका प्रकाश है। विश्वसृजनकी लीला करके विश्वके समस्त वैचित्र्यको, विश्वमें विकसित अखिल ऐश्वर्य, ज्ञान और शक्तिको आलिङ्गन किये हुए ही वह नित्य विश्वके ऊर्ध्वमें विराजित है। उपनिषद्के मन्त्रद्रष्टा ऋषियोंने अपनी सर्वकालव्यापिनी दिव्य दृष्टिसे देखकर कहा—'सौम्य! इस नाम-रूपात्मक विश्वकी सृष्टिसे पूर्व एक अद्वितीय सत् ही था'—

'सदेव सोम्येदमग्र आसीदेकमेवाद्वितीयम्।'

(छान्दोग्य० ६।२।१)

परंतु इसीके साथ तुरंत ही मुक्तकण्ठसे यह भी कह दिया कि 'उस सत् परमात्माने ईक्षण किया—इच्छा की कि मैं बहुत हो जाऊँ, अनेक प्रकारसे उत्पन्न होऊँ'—

तदैक्षत बहु स्यां प्रजायेयेति।

(छान्दोग्य० ६।२।३)

यहाँ बहुतोंको यह बात समझमें नहीं आती कि जो सबसे 'अतीत' है, वही 'सर्वरूप' कैसे हो सकता है; परंतु औपनिषद्दृष्टिसे इसमें कोई भी विरोध या असामञ्जस्य नहीं है। भगवान्‌का नित्य एक रहना, नित्य बहुत-से रूपोंमें अपने आस्वादनकी कामना करना और नित्य बहुत-से रूपोंमें अपनेको आप ही प्रकट करना एवं सम्भोग करना—यह सब उनके एक नित्यस्वरूपके ही अन्तर्गत है। कामना, ईक्षण और आस्वादन—ये सभी उनकी निरवच्छिन्न पूर्ण चेतनाके क्षेत्रमें समान अर्थ ही रखते हैं। भगवान् वस्तुतः न तो एक अवस्थासे किसी दूसरी अवस्थामें जानेकी कामना ही करते हैं और न उनकी सहज नित्य स्वरूप-स्थितिमें कभी कोई परिवर्तन ही होता है। उनके बहुत रूपोंमें प्रकट होनेका यह अर्थ नहीं है कि वे एकत्वकी अवस्थासे बहुत्वकी अवस्थामें, अथवा अद्वैत-स्थितिसे द्वैतस्थितिमें चलकर जाते हैं। उनकी सत्ता तथा स्वरूपपर कालका कोई भी प्रभाव नहीं है और इसीलिये विश्वके प्रकट होनेसे पूर्वकी या पीछेकी अवस्थामें जो भेद दिखायी देता है, वह उनकी सत्ता और स्वरूपका स्पर्श भी नहीं कर पाता। अवस्थाभेदकी कल्पना तो जड जगत्‌में है। स्थिति और गति, अव्यक्त और व्यक्त, निवृत्ति और प्रवृत्ति, विरति और भोग, साधन और सिद्धि, कामना और परिणाम, भूत और भविष्य, दूर और समीप एवं एक और बहुत—ये सभी भेद वस्तुतः जड जगत्‌के संकीर्ण धरातलमें ही हैं। विशुद्ध पूर्ण सच्चिदानन्द-सत्ता तो सर्वथा भेदशून्य है। वह विशुद्ध अभेदभूमि है। वहाँ स्थिति और गति, अव्यक्त और व्यक्त, निष्क्रियता और सक्रियतामें अभेद है; इसी प्रकार एक और बहुत, साधना और सिद्धि, कामना और भोग, भूत-भविष्य-वर्तमान तथा दूर और निकट भी अभेदरूप ही हैं। इस अभेदभूमिमें चैतन्यघन पूर्ण परमात्मा परस्परविरोधी धर्मोंको आलिङ्गन किये नित्य विराजित हैं। वे चलते हैं और नहीं चलते; वे दूर भी हैं, समीप भी हैं; वे सबके भीतर भी हैं और सबके बाहर भी हैं—

तदेजति तन्नैजति तद् दूरे तद्वन्तिके।
तदन्तरस्य सर्वस्य तदु सर्वस्यास्य बाह्यतः॥

(ईशावास्योपनिषद् ५)

वे अपने विश्वातीत रूपमें स्थित रहते हुए ही अपनी वैचित्र्यप्रसविनी कर्मशीला

अचिन्त्य शक्तिके द्वारा विश्वका सृजन करके अनादि-अनन्तकाल उसीके द्वारा अपने विश्वातीत स्वरूपकी उपलब्धि और उसका सम्भोग करते रहते हैं। उपनिषद्में जो यह आया है कि वह ब्रह्म पहले अकेला था, वह रमण नहीं करता था, इसी कारण आज भी एकाकी पुरुष रमण नहीं करता। उसने दूसरेकी इच्छा की⋯उसने अपनेको ही एकसे दो कर दिया⋯वे पति-पत्नी हो गये।⋯

'स वै नैव रेमे तस्मादेकाकी न रमते स द्वितीयमैच्छत् स इममेवात्मानं द्वेधापातयत्ततः पतिश्च पत्नी चाभवताम्।⋯

(बृहदारण्यक० १।४।३)

इसका यह अभिप्राय नहीं है कि इससे पूर्व वे अकेले थे और अकेलेपनमें रमणका अभाव प्रतीत होनेके कारण वे मिथुन (युगल) हो गये; क्योंकि कालपरम्पराके क्रमसे अवस्थाभेदको प्राप्त हो जाना ब्रह्मके लिये सम्भव नहीं है। वे नित्य मिथुन (युगल) हैं और इस नित्य युगलत्वमें ही उनका नित्य पूर्ण एकत्व है। उनका अपने स्वरूपमें ही नित्य अपने ही साथ नित्य रमण—अपनी अनन्त सत्ता, अनन्त ज्ञान, अनन्त ऐश्वर्य और अनन्त माधुर्यका अनवरत आस्वादन चल रहा है। उनके इस स्वरूपगत आत्ममैथुन, आत्मरमण और आत्मास्वादनसे ही अनादि-अनन्तकाल, अनादि-अनन्त देशोंमें अनन्त विचित्रतामण्डित, अनन्त रससमन्वित विश्वके सृजन, पालन और संहारका लीला-प्रवाह चल रहा है। इस युगल-स्वरूपमें ही ब्रह्मके अद्वैतस्वरूपका परमोत्कृष्ट परिचय प्राप्त होता है, अतएव श्रीउमा-महेश्वर, श्रीलक्ष्मी-नारायण, श्रीसीता-राम, श्रीराधा-कृष्ण, श्रीकाली-रुद्र आदि सभी युगल-स्वरूप नित्य सत्य और प्रकारान्तरसे उपनिषत्प्रतिपादित हैं। उपनिषद्ने एक ही साथ सर्वातीत और सर्वकारणरूपमें, स्थितिशील और गतिशीलरूपमें, निष्क्रिय और सक्रियरूपमें, अव्यक्त और व्यक्तरूपमें एवं सच्चिदानन्दघन पुरुष और विश्वजननी नारी-रूपमें इसी युगल-स्वरूपका विवरण किया है। परंतु यह विषय है बहुत ही गहन। यह वस्तुतः अनुभवगम्य रहस्य है। प्रगाढ़ अनुभूति जब तार्किकी बुद्धिकी द्वन्द्वमयी सीमाका सर्वथा अतिक्रमण कर जाती है, तभी सक्रियत्व और निष्क्रियत्व, साकारत्व और निराकारत्व, परिणामत्व और अपरिणामत्व एवं बहुरूपत्व

और एकरूपत्वके एक ही समय एक ही साथ सर्वाङ्गीण मिलनका रहस्य खुलता है—तभी इसका यथार्थ अनुभव प्राप्त होता है।

यद्यपि विशुद्ध तत्त्वमय चैतन्य-राज्यमें प्राकृत पुरुष और नारीके सदृश देहेन्द्रियादिगत भेद एवं तदनुकूल किसी लौकिक या जडीय सम्बन्धकी सम्भावना नहीं है, तथापि जब अप्राकृत तत्त्वकी प्राकृत मन-बुद्धि एवं इन्द्रियोंद्वारा उपासना करनी पड़ती है, तब प्राकृत उपमा और प्राकृत संज्ञा देनी ही पड़ती है। प्राकृत पुरुष और प्राकृत नारी एवं उनके प्रगाढ़ सम्बन्धका सहारा लेकर ही परम चित्तत्त्वके स्वरूपगत युगल-भावको समझनेका प्रयत्न करना पड़ता है। वस्तुतः पुरुषरूपमें ब्रह्मका सर्वातीत निर्विकार निष्क्रिय भाव है और नारीरूपमें उन्हींकी सर्वकारणात्मिका अनन्त लीलावैचित्र्यमयी स्वरूपाशक्तिका सक्रिय भाव है। पुरुषमूर्तिमें भगवान् विश्वातीत हैं, एक हैं और सर्वथा निष्क्रिय हैं; एवं नारीमूर्तिमें वे ही विश्वजननी, बहुप्रसविनी, लीलाविलासिनी रूपमें प्रकाशित हैं। पुरुष-विग्रहमें वे सच्चिदानन्दस्वरूप हैं और नारी-विग्रहमें उन्हींकी सत्ताका विचित्र प्रकाश, उन्हींके चैतन्यकी विचित्र उपलब्धि तथा उन्हींके आनन्दका विचित्र आस्वादन है। अपने इस नारी-भावके संयोगसे ही वे परम पुरुष ज्ञाता, कर्ता और भोक्ता हैं—सृजनकर्ता, पालनकर्ता और संहारकर्ता हैं। नारीभावके सहयोगसे ही उनके स्वरूपगत, स्वभावगत अनन्त ऐश्वर्य, अनन्त वीर्य, अनन्त सौन्दर्य और अनन्त माधुर्यका प्रकाश है; इसीमें उनकी भगवत्ताका परिचय है। पुरुषरूपसे वे नित्य-निरन्तर अपने विभिन्न नारीरूपका आस्वादन करते हैं और नारी (शक्ति)-रूपसे अपनेको ही आप अनन्त आकार-प्रकारोंमें लीलारूपमें प्रकट करके नित्य चिद्रूपमें उसकी उपलब्धि और सम्भोग करते हैं—इसीलिये ब्रह्म सर्वज्ञ, सर्वशक्तिमान्, सर्वलोकमहेश्वर, षडैश्वर्यपूर्ण भगवान् हैं। सच्चिदानन्दमयी अनन्त-वैचित्र्यप्रसविनी लीला-विलासिनी महाशक्ति ब्रह्मकी स्वरूपभूता हैं, ब्रह्मके विश्वातीत, देश-कालातीत अपरिणामी सच्चिदानन्दस्वरूपके साथ नित्य मिथुनीभूता हैं। ब्रह्मकी सर्वपरिच्छेदरहित सत्ता, चेतनता और आनन्दको अगणित स्तरोंके सत्-पदार्थरूपमें, असंख्य प्रकारकी चेतना तथा ज्ञानके रूपमें एवं असंख्य प्रकारके रस—आनन्दके रूपमें विलसित करके उनको आस्वादनके योग्य बना देना इस

****

महाशक्तिका कार्य है। स्वरूपगत महाशक्ति इस प्रकार अनादि-अनन्तकाल ब्रह्मके स्वरूपगत चित्‌की सेवा करती रहती है। उनका यह शक्तिरूप तथा शक्तिके समस्त परिणाम (लीला) और कार्य स्वरूपतः उस चित्तत्त्वसे अभिन्न हैं। यह नारीभाव उस पुरुषभावसे अभिन्न है, यह परिणामशील दिखायी देनेवाला अनन्त विचित्र लीलाविलास उनके कूटस्थ नित्यभावसे अभिन्न है। इस प्रकार उभयभाव अभिन्न होकर ही भिन्नरूपमें परस्पर आलिङ्गन किये हुए एक-दूसरेका प्रकाश, सेवा और आस्वादन करते हुए, एक-दूसरेको आनन्द-रसमें आप्लावित करते हुए नित्य-निरन्तर ब्रह्मके पूर्ण स्वरूपका परिचय दे रहे हैं। परम पुरुष और उनकी महाशक्ति—भगवान् और उनकी प्रियतमा भगवती भिन्ना-भिन्नरूपसे एक ही ब्रह्मस्वरूपमें स्वरूपतः प्रतिष्ठित हैं। इसीलिये ब्रह्म पूर्ण सच्चिदानन्द हैं और साथ ही नित्य आस्वादनमय हैं। यही विचित्र महारास है जो अनादि, अनन्तकाल बिना विराम चल रहा है। उपनिषदोंने ब्रह्मके इसी स्वरूपका और उनकी इसी नित्य लीलाका विविध दार्शनिक शब्दोंमें परिचय दिया है और इसी स्वरूपको जानने, समझने, उपलब्ध करने और सम्भोग करनेकी विविध प्रक्रियाएँ, विद्याएँ और साधनाएँ अनुभवी ऋषियोंकी दिव्य वाणीद्वारा उनमें प्रकट हुई हैं।

——::×::——

श्रीयुगल-स्वरूपकी उपासना

यन्नखेन्दुरुचिर्ब्रह्म ध्येयं ब्रह्मादिभिः सुरैः।
गुणत्रयमतीतं तं वन्दे वृन्दावनेश्वरम्॥

एक सज्जनने बहुत-से प्रश्न लिख भेजे हैं और बड़े आग्रहके साथ अपने प्रश्नोंके उत्तर देनेकी आज्ञा की है। उनके आज्ञानुसार प्रश्नोंका उत्तर लिखनेका प्रयत्न किया जाता है।

(क) **प्रश्न**—कुछ लोग कहते हैं कि भगवान्‌की उपासना उनकी शक्ति-सहित करनी चाहिये और कुछ लोग कहते हैं कि अकेले भगवान्‌की ही उपासना करनी

****

चाहिये। इन दोनोंमें कौन-सी बात ठीक है?

उत्तर—भगवान् और भगवान्‌की शक्ति दो अलग-अलग वस्तु नहीं हैं। जैसे अग्नि और उसकी दाहिकाशक्ति एक ही वस्तु हैं, उसी प्रकार भगवान् और उनकी शक्ति हैं। दाहिकाशक्ति है, इसीलिये वह अग्नि है; नहीं तो उसका व्यक्त अग्नित्व ही नहीं रहता और अग्नि न हो तो दाहिकाशक्तिका कोई आधार नहीं रहता। अतएव दोनों मिलकर ही एक अग्नि बने हैं या अग्निके ही ये दो नाम हैं। इसी प्रकार भगवान् और भगवान्‌की शक्ति सर्वथा अभिन्न हैं, इनमें भेद मानना ही पाप है। इस दृष्टिसे जो भगवान्‌की उपासना करता है, वह उनकी शक्तिकी उपासना करता ही है और जो शक्तिका उपासक है, वह भगवान्‌की उपासना करनेको बाध्य है; अतएव एककी उपासनामें दोनोंकी उपासना आप ही हो जाती है। परंतु उपासक यदि चाहें तो विग्रहके रूपमें दोनोंकी अलग-अलग मूर्तियोंमें भी उपासना कर सकते हैं। इतना याद रखना चाहिये कि लक्ष्मी-नारायण, गौरी-शंकर, राधा-कृष्ण, सीता-राम आदि सब एक ही हैं; इनमें अपनी-अपनी रुचि और भावनाके अनुसार किसी भी युगलरूपकी उपासना हो सकती है। यहाँ इतना अवश्य कह देना चाहिये कि युगल रूपकी उपासना विशेष अधिकारीको ही करनी चाहिये। नहीं तो, उसमें अनर्थ होनेका डर है। जगज्जननी लक्ष्मी, उमा, राधा या सीताके स्वरूपमें कहीं पापभावना हो गयी तो सारी उपासना नष्ट होकर उलटा विपरीत फल हो सकता है; और जो लोग वैराग्यवान् नहीं हैं, उनके द्वारा स्त्रीरूपकी उपासनामें मनमें विकार होनेका डर है ही; क्योंकि ऐसे लोग भगवान्‌की दिव्य स्वरूपाशक्तिके तत्त्वको न जानकर अपने अज्ञानसे इन्हें प्राकृत स्त्री ही समझ लेते हैं और प्राकृत स्त्रीरूपका आरोप करके विषयासक्तिके कारण विकारके वश हो जाते हैं। भगवान्‌की रासलीला देखनेवाले एक मनुष्यने तथा श्रीराधाजीका ध्यान करनेवाले एक दूसरे मित्रने अपनी ऐसी दुर्घटनाएँ सुनायी थीं; इससे यह पता चलता है कि दिव्य अनन्तसौन्दर्य-सुधामयी इन स्वरूपाशक्तियोंके साथ भगवान्‌की उपासना करनेवाले सच्चे अधिकारी बिरले ही होते हैं। × × × ×।

(ख) **प्रश्न**—श्रीराधा, सीता, उमा आदि भगवान्‌की स्वरूपा-शक्तियोंकी उपासनाके अधिकारीमें कौन-कौन-सी बातें होनी चाहिये?

उत्तर—१—पहली बात तो यही है कि उसे कामविजयी होना चाहिये। कामी पुरुष दिव्य स्वरूपाशक्तियोंकी उपासनाका अधिकारी कदापि नहीं है।

२—दम्भ, द्रोह, द्वेष, काम, लोभ और विषयासक्तिके त्यागसे ही इस प्रेममार्गकी साधना आरम्भ होती है। जिन पुरुषोंमें दम्भादि छः दोष हैं और जो विषयोंमें आसक्त हैं अर्थात् जिनका मन सुन्दर रूप, बढ़िया स्वादिष्ट पदार्थ, मनोहर गन्ध, कोमल स्पर्श और सुरीले गायनपर रीझा रहता है, वे इस मार्गपर नहीं चल सकते। त्यागी-विरागी महज्जन ही इस प्रेमपथके पथिक हो सकते हैं; क्योंकि इस उपासनामें दिव्य प्रेमराज्यमें प्रवेश करना पड़ता है और वहाँ बिना गोपी-भावको प्राप्त किये किसीका प्रवेश हो नहीं सकता। एवं गोपी-भावकी प्राप्ति विषयासक्त पुरुषको कदापि होनी सम्भव नहीं। जो विषय-लोलुप भी हैं और अपनेको श्रीराधाकृष्णका प्रेमी बतलाते हैं, वे या तो स्वयं धोखेमें हैं अथवा जान या अनजानमें जगत्‌को धोखा देना चाहते हैं। उपर्युक्त छः दोषोंसे बचकर और विषयासक्तिको त्यागकर निम्नलिखित रूपमें मुख्य साधना करनी चाहिये—

(१) अपनेको श्रीराधाजीकी अनुचरियोंमें एक तुच्छ अनुचरी मानना।

(२) श्रीराधाजीकी सेविकाओंकी सेवामें ही अपना परम कल्याण समझना।

(३) सदा यही भावना करते रहना कि मैं भगवान्‌की प्रियतमा श्रीराधिकाजीकी दासियोंकी दासी बना रहूँ और श्रीराधाकृष्णके मिलन-साधनके लिये विशेषरूपसे यत्न कर सकूँ।

यह बहुत ही रहस्यका विषय है। इसलिये इस विषयपर विशेषरूपसे लिखना अनुचित है। इस मार्गपर पैर रखना आगपर खेलना है। जो बिना इसका रहस्य समझे इस पथमें प्रवेश करना चाहता है, वह गिर जाता है। जिसके हृदयमें तनिक-सा काम-विकार हो, उसे इस मार्गसे डरकर सदा अलग ही रहना चाहिये। अवश्य ही जो अधिकारी साधक हैं, उन्हें इस मार्गमें जो अतुल दिव्य आनन्द है, उसकी प्राप्ति होती है। श्रीराधिकाजीकी सेविकाओंकी सेवामें सफल होनेपर स्वयं श्रीराधिकाजीकी सेवाका अधिकार मिलता है और श्रीराधिकाजीकी सेवा ही युगलस्वरूपकी कृपा प्राप्त करनेका प्रधान उपाय है। जो ऐसा नहीं कर सकते, उन्हें युगलस्वरूपकी प्राप्ति बहुत

ही कठिन है। भगवान् श्रीकृष्णने स्वयं देवदेव शंकरसे कहा है—

यो मामेव प्रपन्नश्च मत्प्रियां न महेश्वर।
न कदापि स चाप्नोति मामेवं ते मयोदितम्॥
तस्मात्सर्वप्रयत्नेन मत्प्रियां शरणं व्रजेत्।
आश्रित्य मत्प्रियां रुद्र मां वशीकर्तुमर्हसि॥
इदं रहस्यं परमं मया ते परिकीर्तितम्।
त्वयाप्येतन्महादेव गोपनीयं प्रयत्नतः॥

'हे महेश्वर! (युगल-स्वरूपकी कृपा चाहनेवाला) जो पुरुष मेरे शरण होता है, परंतु मेरी प्रिया श्रीराधिकाजीके शरण नहीं होता, वह मुझको (युगलस्वरूपमें) वस्तुतः नहीं प्राप्त होता—यह मैं आपसे सत्य कहता हूँ। अतएव पूरे प्रयत्नसे मेरी प्रिया (श्रीराधिकाजी) की शरण ग्रहण करो। मेरी प्रियाका आश्रय ग्रहण करनेवाला मुझे अपने वशमें कर लेता है। मैंने आपसे यह परम रहस्यकी बात कही है। आप भी इसे प्रयत्नपूर्वक गुप्त ही रखियेगा।'

युगल-स्वरूपकी उपासनाका विषय कितना रहस्यमय है, यह उपर्युक्त भगवद्वचनोंसे सिद्ध है। मुख्य उपासना तो यही है।

३—इसके अतिरिक्त इस उपासनासे पूर्व गौणरूपसे कायिक, वाचिक और मानस—तीन प्रकारके व्रत भी किये जाते हैं। इन व्रतोंसे मुख्य उपासनाके दर्जेतक पहुँचनेमें बड़ी सहायता मिलती है। देवर्षि नारदने भक्त अम्बरीषसे कहा है—

एकभुक्तं तथा नक्तमुपवासमयाचितम्।
इत्येवं कायिकं पुंसां व्रतमुक्तं नरेश्वर॥
वेदस्याध्ययनं विष्णोः कीर्तनं सत्यभाषणम्।
अपैशुन्यमिदं राजन् वाचिकं व्रतमुच्यते॥
अहिंसा सत्यमस्तेयं ब्रह्मचर्यमकल्पता।
एतानि मानसान्याहुर्व्रतानि हरितुष्टये॥

'दिनभरमें एक बार अपने-आप जो कुछ मिल जाय, उसे खा लेना और रातको उपवास करना—राजन्! यह कायिक व्रत कहलाता है। वेदका अध्ययन, भगवान्के

नाम-गुणोंका कीर्तन, सत्यभाषण और किसीकी निन्दा या चुगली न करना वाचिक व्रत कहा जाता है और अहिंसा, सत्य, किसीकी वस्तुपर मन न चलाना, मनसे भी ब्रह्मचर्यका पालन करना और कपट न करना मानस व्रत कहलाता है।'

४—भगवान्‌की इस उपासनामें अनन्य भावका होना परम आवश्यक है। बस, प्रेमी साधक केवल एक भगवत्प्रेमको ही चाहे और वह भी प्रेममय भगवान्‌से ही चाहे।

दिन-पर-दिन केवल अहैतुक प्रेम ही बढ़ता रहे। मोक्ष, ज्ञान, ऐश्वर्य, ऋद्धि, सिद्धि या महान् कीर्ति—कुछ भी नहीं चाहिये। और यह प्रेमकी भीख भी भगवान् ही दें। दूसरेकी या दूसरी आशा करना अथवा दूसरेपर या दूसरा विश्वास-भरोसा करना तो हृदयकी जडता है।

पार्वतीजी तो यहाँतक कहती हैं—

भुक्तिमुक्तिस्पृहा यावत् पिशाची हृदि वर्तते।
तावत् प्रेमसुखस्यात्र कथमभ्युदयो भवेत्॥

'जबतक भोग या मोक्षकी पिशाची इच्छा हृदयमें वर्तमान है, तबतक वहाँ प्रेमानन्दका उदय कैसे हो सकता है।'

वास्तवमें यह विषय बहुत ही रहस्यमय है। अधिकारी पुरुषको श्रीराधाकृष्णतत्त्वके ज्ञाता किसी प्रेमप्राप्त सद्गुरुकी सेवामें रहकर इस विषयको जाननेकी चेष्टा करनी चाहिये।

(ग) **प्रश्न**—ऐसे सद्गुरुके क्या लक्षण हैं? और उनकी प्राप्ति कैसे हो सकती है?

उत्तर—कान फूँकने और द्रव्यादिकी आशा रखनेवाले गुरु तो संसारमें बहुत मिलते हैं, परंतु सद्गुरु—खास करके प्रेममार्गके गुरु तो कोई बिरले ही मिलते हैं। ऐसे सद्गुरुमें निम्नलिखित गुणोंका होना अत्यन्त आवश्यक है—

शान्तो विमत्सरः कृष्णे भक्तोऽनन्यप्रयोजनः।
अनन्यसाधनो धीमान् कामक्रोधविवर्जितः॥
श्रीकृष्णरसतत्त्वज्ञः कृष्णमन्त्रविदां वरः।

कृष्णमन्त्राश्रयो नित्यं लोभहीनः सदा शुचिः ॥
सद्धर्मशासको नित्यं सदाचारनियोजकः ।
सम्प्रदायी कृपापूर्णो विरागी गुरुरुच्यते ॥

'गुरु उन्हें कहते हैं जो शान्त हों, किसीसे डाह न करते हों, श्रीकृष्णके भक्त हों, श्रीकृष्णके सिवा जिनको दूसरा कोई प्रयोजन न हो, श्रीकृष्ण ही जिनका अनन्य साधन हो, जो बुद्धिमान् हों, काम और क्रोध जिनमें बिलकुल ही न हो, जो श्रीकृष्णरसतत्त्वके जाननेवाले हों, श्रीकृष्णके मन्त्रज्ञाताओंमें श्रेष्ठ हों, जो सदा श्रीकृष्णके मन्त्रका ही आश्रय रखते हों, लोभसे सर्वथा रहित हों, अंदर और बाहरसे—मनमें और व्यवहारमें पवित्र हों, सच्चे धर्मका उपदेश करनेवाले हों, सदाचारके नियोजक हों, श्रीराधा-कृष्णतत्त्वके जाननेवाले सम्प्रदायमें हों, जिनका हृदय कृपासे पूर्ण हो और जो भोग-मोक्ष दोनोंमें ही राग न रखते हों।'

ऐसे ही सद्गुरुकी शरणमें जाकर अधिकारी शिष्यको श्रीकृष्ण-मन्त्रकी दीक्षा ग्रहण करनी चाहिये।

(घ) **प्रश्न**—अधिकारी शिष्यके क्या लक्षण हैं?

उत्तर—प्रेममार्गके अधिकारी शिष्यमें पहला आवश्यक गुण तो भगवान्में सहज अनुराग है। श्रीकृष्णमें जिनकी प्रीति नहीं है, वे अन्य सब गुणोंसे विभूषित होनेपर भी अधिकारी नहीं हैं—

अत्राधिकारी न भवेत् कृष्णभक्तिविवर्जितः ।

भक्तिके साथ ही कृतज्ञता, निरभिमानता, विनय, सरलता, श्रद्धा आदि गुणोंका होना भी आवश्यक है। दम्भी, लोभी या कामी, क्रोधीको गुरु यह विषय न बताये। शास्त्रमें कहा है—

श्रीकृष्णेऽनन्यभक्ताय दम्भलोभविवर्जिने ।
कामक्रोधविमुक्ताय देयमेतत् प्रयत्नतः ॥

'जो श्रीकृष्णका अनन्य भक्त हो और दम्भ, लोभ, काम और क्रोधसे रहित हो, उसी पुरुषको यह विषय बतलाना चाहिये।' परंतु ऐसे अधिकारीको भी सालभर उसकी परीक्षा करनेके बाद ही बतलाना उचित है—

नाशुश्रूषुं प्रति ब्रूयान्नासंवत्सरसेविनम्।

(ङ) **प्रश्न**—अधिकारी शिष्यको मन्त्रदीक्षा ग्रहण करनेके बाद क्या करना चाहिये ?

उत्तर—मुख्य साधना तो ऊपर बतलायी ही जा चुकी है। परंतु अधिकारी शिष्यका कर्तव्य बतलाते हुए भगवान् शंकरने कई बातें और कही हैं, उनमेंसे कुछ ये हैं—

मन्त्रदीक्षा प्राप्त होनेपर बुद्धिमान् शिष्य भक्तिपूर्वक गुरु महाराजकी सेवा करते हुए निरन्तर इष्टदेवके भजनमें लगे रहें। दूसरोंको कोई दुःख न दें, किसीको भी कटु शब्द न कहें, इस लोक और परलोककी सारी चिन्ताओंको छोड़ दें। इस लोकमें पूर्वकर्मके अनुसार फल मिलेगा और परलोकमें भगवान् श्रीकृष्ण स्वयं मङ्गल करेंगे, यों सोचकर निश्चिन्त हो जायँ और श्रीकृष्णकी पूजामें लगे रहें। परंतु पूजामें यह भाव कभी मनमें न आने दें कि मेरे इस लोक और परलोककी भलाईके लिये मैं पूजा करता हूँ। भगवान्‌के पूजनको विषयसुखका साधन कभी न बनायें। और—

सुचिरं प्रोषिते कान्ते यथा पतिपरायणा।
प्रियानुरागिणी दीना तस्य सङ्गैककाङ्क्षिणी॥
तद्गुणान् भावयेन्नित्यं गायत्यभिशृणोति च।
श्रीकृष्णगुणलीलादेः स्मरणादि तथाऽऽचरेत्॥

'बहुत समयसे विदेश गये हुए पतिकी पतिपरायणा स्त्री जैसे केवल उस पतिपर ही प्रेम करती हुई तथा एकमात्र उसीके सङ्गकी आकाङ्क्षा करती हुई दीन होकर सदा-सर्वदा पतिके गुणोंका स्मरण करती है, पतिके गुणोंको गाती और सुनती है, इसी प्रकार अधिकारी शिष्यको एकमात्र श्रीकृष्णमें आसक्त होकर उनके गुणों और लीलाओंको सुनना, गाना और स्मरण करना चाहिये।'

पतिपरायणा साध्वी पत्नी जैसे अपने सर्वस्वको पतिके अर्पणकर पतिको ही परम गति मानकर प्रतिक्षण बिना विराम शरीर-मन-वाणीसे पतिकी सेवामें लगी रहती है

और इसीमें परमानन्दका अनुभव करती है, उसी प्रकार अधिकारी शिष्यको श्रीकृष्णकी सेवामें प्रेमपूर्वक निरन्तर लगे रहना और इसीमें परमानन्दका अनुभव करना चाहिये। एकमात्र श्रीकृष्णके ही अनन्यशरण होना चाहिये, दूसरा कुछ भी उसके लिये साध्य या साधन नहीं होना चाहिये। दूसरे देवताको न तो इष्टभावसे पूजना चाहिये और न किसी अन्य देवकी निन्दा करनी चाहिये। उसे अपने इष्टको छोड़कर दूसरेको स्मरण करनेका भी अवसर क्यों मिले। दूसरेका जूठा भोजन न करे, दूसरेके पहने हुए वस्त्र न पहने, दूसरे विचारवालोंसे वाद-विवाद न करे, श्रीकृष्णकी, किसी अन्य देवताकी और भक्तिकी निन्दा न सुने, अपने इष्टदेवके अनुकूल आचरण करे, प्रतिकूलका सर्वथा त्याग कर दे। निरन्तर अनन्य होकर चातकी वृत्तिसे श्रीकृष्णका स्मरण करता रहे। गोस्वामी श्रीतुलसीदासजी महाराज चातकी वृत्तिका सुन्दर वर्णन करते हुए कहते हैं—

जौ घन बरषै समय सिर, जौ भरि जनम उदास।
तुलसी या चित चातकहिं तऊ तिहारी आस॥
उपल बरषि गरजत तरजि, डारत कुलिस कठोर।
चितव कि चातक मेघ तजि कबहुँ दूसरी ओर॥
चढ़त न चातक चित कबहुँ प्रिय पयोद के दोष।
तुलसी प्रेम पयोधि की ताते नाप न जोख॥
जिअत न नाई नारि, चातक घन तजि दूसरहि।
सुरसरिहू को बारि मरत न माँगेउ अरध जल॥

'ओ बादल! चाहे तुम ठीक समयपर बरसो या जीवनभर कभी न बरसो, प्रेमी याचक चातकको तब भी तुम्हारी ही आशा बनी रहेगी। वह तो तुम्हें छोड़कर दूसरेकी ओर ताकेगा ही नहीं। जल न बरसाकर यदि मेघ उलटे चातकके ऊपर ओले बरसाने लगे, डरा-डराकर गरजे और कठोर वज्र गिराये, तब भी प्रेमी चातक क्या मेघको छोड़कर कभी दूसरेकी ओर ताकता है? प्रेमी चातकका अपने प्रियतम मेघके दोषोंकी ओर कभी ध्यान ही नहीं जाता, चाहे वह कुछ भी करे; प्रेमके समुद्रका नाप-तौल

कभी हो नहीं सकता। चातक अपनी टेकपर अड़ा रहता है, उसने जीते-जी तो मेघको छोड़कर दूसरेके सामने गर्दन झुकायी नहीं और मरते हुए भी गङ्गा-जलमें अर्धजली नहीं माँगी।'

शास्त्र कहते हैं कि इसी प्रकार—

सरस्समुद्रनद्यादीन् विहाय चातको यथा।
तृषितो म्रियते चापि याचते वा पयोधरम्॥
एवमेव प्रयत्नेन साधनानि विचिन्तयेत्।
स्वेष्टदेवौ सदा याच्यौ गतिस्तौ मे भवेदिति॥

'जैसे चातक सहज ही प्राप्त सरोवर, नदी और समुद्र आदिको छोड़कर एकमात्र मेघकी याचना करता है, प्याससे मर जाता है; परंतु दूसरेकी ओर नहीं देखता, वैसे ही अधिकारी शिष्य भी एकमात्र अपने इष्टदेव युगल सरकारका ही आश्रय ले और उन्हींसे याचना करे।'

(च) **प्रश्न**—युगलस्वरूपकी प्राप्तिके लिये मन्त्र कौन-सा है?

उत्तर—मन्त्र तो वस्तुतः गुरुसे ही पूछना चाहिये। युगलस्वरूपकी प्रसन्नता प्राप्त करनेवाले अनेक मन्त्रोंका शास्त्रोंमें विधान है। उनमें कुछ ये हैं—

१—'**गोपीजनवल्लभचरणान् शरणं प्रपद्ये**' यह षोडशाक्षर मन्त्र है। २—'**नमो गोपीजनवल्लभाभ्याम्**' यह दशाक्षर मन्त्र है। ३—'**क्लीं राधाकृष्णाभ्यां नमः**' यह अष्टाक्षर मन्त्र है। ४—**क्लीं कृष्णाय गोविन्दाय गोपीजनवल्लभाय स्वाहा**' यह अष्टादशाक्षर मन्त्र है। ऐसे ही और भी मन्त्र हैं। श्रद्धा-विश्वासपूर्वक इनमेंसे किसी भी मन्त्रका आश्रय ग्रहण करनेपर श्रीराधा-कृष्णकी संनिधि प्राप्त हो सकती है। मन्त्रोंमें प्रधान सहायक श्रद्धा-विश्वास ही है। न्यास, देश-काल, नियम, शोधन आदिकी विशेष आवश्यकता नहीं है। तथापि कोई करना चाहे तो पहले दो मन्त्रोंमें मन्त्रोंके प्रथम वर्ण '**ग**' पर अनुस्वार लगाकर '**गं**' बीज और '**नमः**' शक्ति मानकर शेष मन्त्राक्षरोंके द्वारा अङ्गन्यास-करन्यास कर ले। तीसरे मन्त्रमें तो बीज तथा '**नमः**' है ही। चौथेमें भी बीज है ही। और श्रीराधा-कृष्णकी मूर्तिकी यथाविधि गन्ध-पुष्पादिसे पूजा करे।

(छ) **प्रश्न**—मन्त्रकी दीक्षा कैसे ग्रहण करनी चाहिये

उत्तर—सद्गुरुकी शरणमें जाकर उनके बताये हुए साधनोंमें लगे रहकर गुरुकी सेवा करे। फिर गुरु जब जो उचित समझें, तब वही मन्त्र शिष्यको दे दें। सद्गुरु न प्राप्त हों तो किसी शुभ दिनमें जब चित्त भगवान्‌को पानेके लिये आतुर हो—मन-ही-मन भगवान्‌को परम गुरु मानकर उन्हींसे मानस-मन्त्र ग्रहण कर ले। गोपीभावके उपासकोंको ललितादि किसी महान् प्रेमिका गोपीको गुरु मानकर उनसे मानस-मन्त्र ग्रहण करना चाहिये। मानव-गुरुकी अपेक्षा यह अधिक श्रेष्ठ है। दीक्षाके अनेक भेद हैं, परंतु वे सब तान्त्रिक साधकोंके लिये जानने आवश्यक हैं। भक्तिके साधकोंको उनकी उतनी आवश्यकता नहीं है।

श्रीराधा-कृष्णका तात्त्विक स्वरूप

(ज) **प्रश्न**—अब भगवान् श्रीकृष्ण और श्रीराधाजीके तात्त्विक स्वरूपका कुछ वर्णन कीजिये।

उत्तर—भगवान् श्रीकृष्ण और उनकी स्वरूपाशक्ति श्रीराधिकाजीके स्वरूपका यथार्थ ज्ञान उन्हींको है। दूसरा कोई भी यह नहीं कह सकता कि इनका स्वरूप ऐसा ही है; जो कुछ भी वर्णन होता है, वह स्थूलरूपका और आंशिक ही होता है। भगवान् क्या हैं, इस बातको भगवान् ही जानते हैं। अतएव उनका पूर्ण वर्णन कौन कर सकता है। परंतु जो कुछ वर्णन होता है, वह उन्हींका होता है—इस दृष्टिसे सभी वर्णन यथार्थ हैं। भगवान्‌का पूर्ण स्वरूप सदा पूर्ण है, सब ओरसे पूर्ण है, सब लीलाओंमें पूर्ण है। भगवान् श्रीकृष्ण ही विज्ञानानन्दघन निराकार निर्विकार मायातीत ब्रह्म हैं, भगवान् ही अक्षर आत्मा हैं, भगवान् ही देवता हैं, भगवान् ही जीवात्मा, प्रकृति और जगत् हैं। जो कुछ है सो वे ही हैं; जो कुछ नहीं है, सो भी वे ही हैं। इतना ही नहीं, 'है' और 'नहीं' से जिसका वर्णन नहीं होता, वह भी वे ही हैं। इतना होनेपर भी अपनी वाणीको पवित्र करनेके लिये भगवान्‌का स्वरूपवर्णन लोग करते हैं। भगवान् श्रीकृष्ण समग्र ब्रह्म या पुरुषोत्तम हैं। ब्रह्म, परमात्मा, आत्मा—सब इन्हींके विभिन्न लीलास्वरूप हैं। श्रीराधाजी इन्हींकी स्वरूपाशक्ति हैं। श्रीराधाजी और

****

श्रीकृष्ण सर्वथा अभिन्न हैं। भगवान् श्रीकृष्ण दिव्य चिन्मय आनन्दविग्रह हैं और श्रीराधाजी दिव्य चिन्मय प्रेमविग्रह हैं। वे रसराज हैं, ये महाभाव हैं। भगवान्‌की इन्हीं स्वरूपाशक्तिसे अनन्तकोटि शक्तियाँ उत्पन्न होती हैं, जो जगत्‌का सृजन, पालन और संहार करती हैं। श्रीराधाजी ही श्रीलक्ष्मी, श्रीउमा, श्रीसीता, श्रीरुक्मिणी हैं। इनमें कोई भेद नहीं है। जैसे चन्द्र-चन्द्रिका, सूर्य और प्रभा एक दूसरेसे सर्वथा अभिन्न हैं, उसी प्रकार युगलस्वरूप भी सर्वथा अभिन्न है। भगवान्‌ने स्वयं कहा है—जो नराधम हम दोनोंमें भेदबुद्धि करता है, वह चन्द्र-सूर्यकी स्थितिकालतक कालसूत्र नामक नरकमें रहता है।

आवयोर्भेदबुद्धिं च यः करोति नराधमः।
तस्य वासः कालसूत्रे यावच्चन्द्रदिवाकरौ॥

दूसरे प्रसङ्गमें भगवान् श्रीराधाजीसे कहते हैं—

'जो तुम हो, वही मैं हूँ; हम दोनोंमें किंचित् भी भेद नहीं है। जैसे दूधमें सफेदी, अग्निमें दाहिकाशक्ति और पृथ्वीमें गन्ध है, उसी प्रकार मैं तुममें हूँ।'

यथा त्वं च तथाहं च भेदो हि नावयोर्ध्रुवम्।
यथा क्षीरे च धावल्यं यथाग्नौ दाहिका सति।
यथा पृथिव्यां गन्धश्च तथाहं त्वयि संततम्॥

राधातापिनी उपनिषद्‌में कहा है—

येयं राधा यश्च कृष्णो रसाब्धि-
र्देहश्चैकः क्रीडनार्थं द्विधाभूत्।
देहो यथा छायया शोभमानः
शृण्वन् पठन् याति तद्धाम शुद्धम्॥

'जो ये राधा और जो ये कृष्ण आनन्दरसके सागर हैं, वे एक ही लीला करनेके लिये दो रूप बने हुए हैं। जैसे छायासे देह शोभित होती है, उसी प्रकार श्रीराधाजीसे श्रीकृष्ण शोभायमान हैं। इनके चरित्र पढ़ने-सुननेसे जीव इनके शुद्ध परमधामको प्राप्त होता है।'

लीलाविहारी भगवान् श्रीकृष्ण रसेश्वर हैं और नित्यविहारिणी, नित्यविहारकी

बीजभूता, रस-सागरा, महारासकी अधिष्ठात्री देवी भगवती श्रीराधिकाजी रसेश्वरी हैं। रसेश्वर और रसेश्वरीका महामिलन ही महारास है, जो नित्य अखण्ड और अनन्त है। ये श्रीराधा-कृष्ण सबसे परे, सबमें भरे और सर्वरूप हैं। भगवान् शिव देवर्षि नारदसे कहते हैं—

देवी कृष्णमयी प्रोक्ता राधिका परदेवता।
सर्वलक्ष्मीस्वरूपा सा कृष्णाह्लादस्वरूपिणी॥
ततः सा प्रोच्यते विप्र ह्लादिनीति मनीषिभिः।
तत्कलाकोटिकोट्यंशा दुर्गाद्यास्त्रिगुणात्मिकाः॥
सा तु साक्षान्महालक्ष्मीः कृष्णो नारायणः प्रभुः।
नैतयोर्विद्यते भेदः स्वल्पोऽपि मुनिसत्तम॥
इयं दुर्गा हरी रुद्रः कृष्णः शक्र इयं शची।
सावित्रीयं हरिर्ब्रह्मा धूमोर्णासौ यमो हरिः॥
बहूनां किं मुनिश्रेष्ठ विना ताभ्यां न किंचन।
चिदचिल्लक्षणं सर्वं राधाकृष्णमयं जगत्॥

(पद्मपुराण, पातालखण्ड ५०। ५३—५७)

"देवी राधिका कृष्णमयी होनेके कारण परमदेवता हैं। ये सर्वलक्ष्मीस्वरूपा और श्रीकृष्णकी आह्लादस्वरूपा हैं। विप्र! इसीसे मनीषिगण इन्हें ह्लादिनी कहते हैं। त्रिगुणात्मिका दुर्गा आदि शक्तियाँ इन्हींकी कोटि-कोटि कलाएँ और अंश हैं। ये साक्षात् महालक्ष्मी हैं और श्रीकृष्ण भगवान् नारायण प्रभु हैं; मुनिसत्तम! इनमें परस्पर तनिक भी भेद नहीं है। ये दुर्गा हैं, श्रीकृष्ण रुद्र हैं; ये शची हैं, श्रीकृष्ण इन्द्र हैं; ये सावित्री हैं, श्रीकृष्ण ब्रह्मा हैं; ये धूमोर्णा हैं, श्रीकृष्ण यमराज हैं। मुनिवर! अधिक क्या, इनको छोड़कर और कुछ भी नहीं है। यह जड-चेतन जगत् सब बस, राधाकृष्णमय ही है।" संक्षेपमें श्रीराधाकृष्णका यही स्वरूप है।

(झ) **प्रश्न**—क्या इस स्वरूपका साक्षात्कार भी हो सकता है? हो सकता है तो किस उपायसे?

उत्तर—अवश्य ही हो सकता है। जब युगलसरकार कृपा करके अपने दुर्लभ

दर्शन देना चाहें तभी दर्शन हो सकते हैं। उनकी कृपा ही उनके साक्षात्कारका उपाय है।

प्रश्न—क्या साक्षात्कारमें भगवान्‌की मुरलीध्वनि, नूपुरध्वनि सुनायी दे सकती है? क्या उनके श्रीअङ्गकी मधुर दिव्य गन्ध और उनके दिव्य चिन्मय चरणोंका स्पर्श प्राप्त हो सकता है?

उत्तर—दर्शन होनेपर उनकी कृपासे सभी कुछ हो सकता है। परंतु एक बात याद रखनी चाहिये कि ये सब बातें ध्यानमें भी हो सकती हैं। जैसे स्वप्नमें देखना, सुनना, सूँघना, स्पर्श करना सब कुछ होता है परंतु वस्तुतः वहाँ अपनेसे भिन्न कोई वस्तु नहीं होती, सब मनकी ही कल्पना होती है, उसी प्रकार ध्यानकालमें भी मनोनिर्मित विग्रहका स्पर्श, मुरलीध्वनि या नूपुरध्वनिका श्रवण, मधुर गन्धका ग्रहण हो सकता है। उसमें और साक्षात्कारमें बड़ा अन्तर है; परंतु इस अन्तरका पता साक्षात्कार होनेपर ही लगता है, पहले नहीं। ध्यान होना भी बड़े ही सौभाग्यका विषय है।

——::×::——

श्रीराधा-कृष्णकी उपासना

सप्रेम हरिस्मरण! तुम्हारा पत्र मिला था। उत्तर लिखनेमें देर हुई, इसके लिये क्षमा करना।

तुमने श्रीकृष्ण-युगलस्वरूपकी मधुर रागमयी आराधनाके विषयमें पूछा सो ठीक है। यह विषय यद्यपि लिखने-पढ़नेका नहीं है, संलग्न होकर—तन्मय होकर करनेका है और इसके जानने-बतलानेवाले भी विशेष अधिकारी ही होते हैं—मैं स्वयं इसका पूरा जानकार नहीं तथा करनेमें तो त्रुटि-ही-त्रुटि है। इसलिये इस विषयमें मेरा कुछ भी लिखना अनधिकार-चेष्टामात्र है; तथापि तुमने आग्रहसे पूछा है और इसी बहाने प्रिया-प्रियतम श्रीराधा-माधवकी किंचित् स्मृति हो जायगी—यह समझकर कुछ लिख रहा हूँ। ध्यानसे पढ़ना और समझमें आये तो करनेका प्रयत्न करना।

****

यह निश्चय करना चाहिये कि एकमात्र श्रीराधा-कृष्ण ही मेरी परमगति हैं, वे ही एकमात्र मेरे प्राणोंके आराध्य हैं, वे ही मेरे प्राणवल्लभ हैं। जैसे मछली जलको ही सब कुछ मानती है, जैसे चातक मेघको ही जानता है, जैसे सती एकमात्र पतिको ही पुरुषरूपमें पहचानती है, उसी प्रकार एकमात्र श्रीराधा-गोविन्द ही मेरे सर्वस्व हैं और श्रीराधा-गोविन्द-युगलके प्रेमसुधा-रस-सुख-सागरमें नित्य निमग्न होकर जो नित्य-निरन्तर उनके सुख-संविधानरूप परिचर्यामें लगी रहती हैं—वे महाभाग्यवती व्रजगोपियाँ ही मेरे प्राण हैं तथा मेरे जीवनकी कला हैं एवं परम आदर्श गुरु हैं। श्रीराधा-माधव—युगलकिशोरका अनिर्वचनीय अनन्त विश्वविमोहन मोहन रूप-सौन्दर्य कोटि-कोटि मदन और कोटि-कोटि रतियोंके निरुपम रूपसौन्दर्यको सहज तिरस्कृत करता है, वस्तुतः उसके साथ किसीकी तुलना ही नहीं की जा सकती। श्रीनन्दनन्दन एवं श्रीवृषभानुनन्दिनी सच्चिदानन्द-सौन्दर्य-सुधानिधि हैं। वे अनन्तैश्वर्य, अनन्त सौन्दर्य, अनन्त माधुर्य, अनन्त शक्ति और अनन्त रससे परिपूर्ण हैं। श्रीराधा मानो दिव्य निरुपम निरुपाधि चिन्मय स्वर्णकेतकी पुष्प हैं और श्रीश्यामसुन्दर दिव्य निरुपम निरुपाधि चिन्मय नीलकान्तिमय समुज्ज्वल मरकत-मणि हैं। उनका अलौकिक प्रतिक्षण नव-नवायमान परम मधुर रूपसौन्दर्य कल्पनातीत अनन्तानन्त सौन्दर्य-राशिका गर्व सतत खर्व कर रहा है। सर्वश्रेष्ठ नायक और नायिकाके शास्त्रवर्णित समस्त गुणोंकी सीमाको पार करके निश्शेष निस्सीम अनन्त विचित्र मधुर गुणगण श्रीराधा-माधवमें नित्य विराजित हैं। दोनोंके ही गुणोंसे दोनों नित्य मुग्ध हैं। अश्रु-पुलकादि सात्त्विक-भावरूप आभूषणोंसे दोनोंके ही श्रीअङ्ग नित्य सुशोभित हैं। वे परस्पर एक-दूसरेके भावोंसे विभावित हैं। उन्होंने अपने सारे अङ्गों-अवयवोंमें मानो भावमय अलंकार धारण कर रखे हैं। वस्तुतः उनके परस्परके अन्तर्गत दिव्य मधुर प्रेमोज्ज्वल भाव ही बाहर समस्त अङ्गोंमें आभामय अलंकारोंकी भाँति झिलमिला रहे हैं। श्रीराधिकाजीने प्रियतम श्रीश्यामसुन्दरके प्रेममें मुग्ध होकर उनकी नीलवर्ण अङ्गकान्तिको अपने अङ्गका भूषण बनानेके लिये नीलवर्ण वसन पहन रखा है और श्रीश्यामसुन्दरने प्रियतमा श्रीराधिकाजीके प्रेममें मुग्ध होकर उनकी स्वर्णवर्ण अङ्गकान्तिको अपने अङ्गका भूषण बनानेके लिये विद्युत्-वर्ण पीत वसन धारण कर

रखा है। नील चीरधारिणी श्रीवृषभानुनन्दिनी और पीतवसनधारी श्रीश्यामसुन्दर दोनों ही अपने-अपने अन्तरके मधुरतम भावोंसे एक-दूसरेके प्रति लोलुप होकर जिस निरुपम निरुपाधि अवर्णनीय शोभा-सौन्दर्यको धारण किये हुए हैं, वह सर्वथा वर्णनातीत है। नित्य एक ही परम तत्त्व नित्य दो बनकर परस्पर मधुरतम सुख-संविधानमें संलग्न है।

इन्हीं श्रीराधा-माधवकी मधुर रागमयी आराधना करनी है। प्रेममयी तृष्णाका नाम 'राग' है। इस रागमयी भक्तिका साधन चार भावोंसे होता है—दास्य, सख्य, वात्सल्य और मधुर। भगवान् श्रीकृष्ण मेरे एकमात्र स्वामी हैं, मैं उनका दास या भृत्य हूँ—इस भावका नाम है 'दास्य' भावका भजन; श्रीकृष्ण मेरे सखा या बन्धु हैं, इस भावका नाम है 'सख्य'; श्रीकृष्ण मेरे पुत्र या पुत्रस्थानीय हैं, इस भावका नाम है—'वात्सल्य' और श्रीकृष्ण मेरे पति, स्वामी, प्राणवल्लभ हैं, मैं उनकी दासी हूँ—इस भावका नाम है—'मधुर' भावका भजन। व्रजेन्द्रनन्दन श्रीश्यामसुन्दरके प्रेमकी प्राप्तिके लिये रागमार्गीय प्रेमी भक्तोंके अनुगत होकर दास्य, सख्य, वात्सल्य और मधुर—इन चार भावोंमेंसे किसी एक भावसे या अनुकूल मिश्रित भावोंसे भजन करना आवश्यक है।

भजनके दो प्रकार प्रधान हैं—विधिमार्ग और रागमार्ग। विधिमार्गके भजनको 'विशुद्ध ऐश्वर्यमय' या 'माधुर्यमिश्रित ऐश्वर्यमय' कहा जा सकता है और राग-मार्गका भजन 'विशुद्ध माधुर्यमय' है। विधिमार्गको ऐश्वर्यमार्ग कहा जाता है और रागमार्गको माधुर्यमार्ग। रागमार्गका सम्बन्ध व्रजके साथ है और विधिमार्गका ऐश्वर्यमय दिव्य धाम आदि तथा राजपुरियोंके साथ। जो सम्पूर्ण माधुर्यमय भगवान् नन्दनन्दनको या उनके दुर्लभ मधुर प्रेमको प्राप्त करना चाहते हैं, वे रागमार्गका भजन करते हैं।

भगवान् श्रीकृष्णकी प्राप्तिके लिये अनुभवी भक्तोंने पाँच भाव बतलाये हैं—शान्त, दास्य, सख्य, वात्सल्य और मधुर। इनमें शान्तके गुण दास्यमें, शान्त-दास्यके गुण सख्यमें, शान्त-दास्य-सख्यके गुण वात्सल्यमें और शान्त-दास्य-सख्य-वात्सल्य—चारोंके गुण मधुर भावमें रहते हैं। इससे मधुर भाव ही परिपूर्ण तथा सर्वश्रेष्ठ भाव है। व्रज-प्रेम-प्रणालीमें स्वतन्त्ररूपसे तो 'शान्त'

भावका अस्तित्व ही नहीं है। दास्य, सख्य, वात्सल्य—ये स्वतन्त्र भी रह सकते हैं; परंतु इन सबमें मधुरभाव सर्वश्रेष्ठ है और इस परमश्रेष्ठ मधुरभावके भजनसे ही एकान्त श्रीकृष्ण-सेवास्वादनकी पूर्णरूपसे प्राप्ति हो सकती है। यह मधुरभाव उन्हींमें प्रस्फुटित होता है, जो वैराग्यकी चरम सीमाको अतिक्रम कर चुके होते हैं—जिनमें गंदे इन्द्रिय-भोग-सुखोंकी तो कोई कल्पना ही नहीं, मोक्ष-सुखका भी परित्याग हो जाता है। अपने लिये जहाँ कुछ रहता ही नहीं, अहंकी जहाँ सर्वतोभावेन सर्वथा विस्मृति या निवृत्ति हो जाती है और सुख एवं दुःख दोनों ही केवल श्रीकृष्ण-सुखके लिये ही स्वीकार किये जाते हैं, ऐसा विलक्षण मधुरतम भाव केवल श्रीव्रजगोपियोंमें ही पूर्ण एवं विशुद्धरूपसे सदा सुप्रतिष्ठित रहता है। जो भक्त भगवान् श्रीकृष्णकी जिस भावसे आराधना करता है, भगवान् उसे उसकी वासनाके अनुरूप ही फल प्रदान किया करते हैं। तभी वे भक्तके भक्ति-ऋणसे मुक्त होते हैं। परंतु इन मधुरभावापन्न व्रज-सुन्दरियोंके भावके अनुरूप फल भगवान् दे ही नहीं पाते। इनके भावके अनुकूल कुछ भी देनेका अर्थ है—अपने ही सुखको और बढ़ाना, प्रकारान्तरसे इनके भजन-ऋणसे और भी दब जाना; क्योंकि गोपसुन्दरियोंके हृदयमें न किसी कामनाका संकल्प है, न तनिक भी आत्मसुखकी अभिलाषा है और न किसी वासनालेशका ही अस्तित्व है। उनका जीवन सहज ही केवल श्रीकृष्णसुखके निमित्त है। इसीसे भगवान् श्रीकृष्ण नित्य-निरन्तर व्रजसुन्दरियोंके ऋणी बने हुए हैं। श्रीकृष्ण स्वयं कहते हैं—

न पारयेऽहं निरवद्यसंयुजां
स्वसाधुकृत्यं विबुधायुषापि वः।
या माभजन् दुर्जरगेहशृङ्खलाः
संवृश्च्य तद् वः प्रतियातु साधुना॥

(श्रीमद्भा० १०।३२।२२)

'गोपियो! तुमने मेरे लिये गृहकी उन कठिन बेड़ियोंको तोड़ डाला है, जिन्हें तोड़ना बहुत ही कठिन है। तुम्हारा यह आत्ममिलन निर्मल-निर्दोष है। मैं देवताओंकी आयुमें भी तुम्हारा ऋण नहीं चुका सकता। तुम अपने सौम्य स्वभावसे ही मुझे

ऋणमुक्त कर सकती हो।'

जीव कितनी भी उत्कृष्ट सुदुर्लभ वस्तु, स्थिति, मति या गति चाहे या प्राप्त करे, श्रीकृष्णप्रेमधनके साथ किसीकी भी, किसी अंशमें भी तुलना नहीं हो सकती। वरं जबतक इन दूसरी-दूसरी वस्तुस्थितियोंकी इच्छा रहती है, तबतक इस प्रेमके पवित्र भावका उदय होना भी कठिन होता है—

भुक्तिमुक्तिस्पृहा यावत् पिशाची हृदि वर्तते।
तावत् प्रेमसुखस्यात्र कथमभ्युदयो भवेत्॥

'भोग और मोक्षकी (प्रेमरसका उदय होनेसे पहले ही उसके भावाभिलाषरूप रक्तको पी जानेवाली) पिशाचिनी स्पृहा जबतक हृदयमें रहती है, तबतक हृदयमें उस प्रेमसुखका उदय ही कैसे हो सकता है ?'

श्रीव्रजधामकी व्रजसुन्दरियोंसे परिवृत श्रीराधा-माधवकी लीला बड़े-बड़े देवता और ऋषि-मुनियोंके लिये भी अगोचर है, जिसे प्राप्त करनेके लिये महान् ऐश्वर्यशाली शिव-ब्रह्मादि देवगण भी सदा समुत्सुक रहते हैं और जिसकी जरा-सी झाँकी पाकर ही वे अपनेको कृतकृत्य मानते हैं, श्रीनारायणकी वक्षोविलासिनी भगवती श्रीश्रीरमादेवी भी जिसके लिये नित्य लालायित रहती हैं, स्वयं ब्रह्मविद्या जिसकी प्राप्तिके लिये कल्पोंतक तपस्या करती है—उस दिव्य मधुरसुधामयी भगवत्-प्रेम-रस-लीलाके आस्वादनके लिये चित्तकी जो प्रबल और अदम्य लालसा होती है, उसीका नाम यथार्थमें 'मधुर प्रेम' है। यह मधुर प्रेम ही सर्वोपरि श्रेष्ठ और एकमात्र वाञ्छनीय है। यही प्रेमियोंका 'परम धन' है। इस धनकी अनन्य आकाङ्क्षा करके अनन्य साधन करते रहनेपर साधकको उसकी सिद्धावस्थामें इस परम अमूल्य प्रेमधनकी प्राप्ति हो सकती है।

इस भजन-प्रणालीमें सबसे पहले आवश्यक है—असत्सङ्ग (धन, स्त्री, मानका और इनके सङ्ग) का परित्याग, इन्द्रिय-सुखकी वासनाका सर्वथा त्याग, जनसंसर्गमें अरति, श्रीकृष्णके नाम-गुण-लीलादिके अतिरिक्त अन्य किसी भी विषयके श्रवण-कथन-मननसे चित्तकी विरक्ति, निज-सुख—मोक्षतर्कके इच्छालेशका सर्वथा त्याग और अपनेको व्रजमें स्थित एक किशोरवयस्का सुन्दरी

गोपिकाके रूपमें अर्थात् मञ्जरी-देहप्राप्त गोपकुमारीके रूपमें ले जाकर—मनसे ऐसा मानकर विशुद्ध रागमयी श्रीललितादि सखियों, श्रीरूपमञ्जरी आदि मञ्जरियों एवं तदनुगा नित्यसिद्धा अन्यान्य व्रजदेवियोंमेंसे किसी एकके अनुगत होकर उसके मधुर सेवाभावका अवलम्बन करके उक्त गुरुरूपा सखीकी बायीं ओर रहकर निरन्तर सेवामें संलग्न रहना—अर्थात् मनमें ऐसा भाव, चिन्तन, धारणा या ध्यान करना कि 'मैं एक किशोरवयकी परमा सुन्दरी गोपकुमारी हूँ; मेरे हृदयमें इन्द्रियसुखकी, नाम-कीर्तिकी, लोक-परलोककी या भोग-मोक्षकी—किसी भी वासनाका लेश भी नहीं है; श्रीराधा-माधवका सुख-सेवा-रसास्वादन ही मेरा स्वभाव है और मैं अपनी इन गुरुरूपा नित्यसिद्धा सखीके वामपार्श्वमें रहकर उनकी अनुगता होकर सदा-सर्वदा श्रीराधा-माधवकी यथोचित सेवामें संलग्न हूँ।'

बाह्यरूपमें जीभसे सदा-सर्वदा श्रीकृष्ण-नामका मधुर जप और संसारके समस्त भोग-पदार्थोंसे नित्य उपरामताका अभ्यास बना रहना चाहिये।

श्रीराधा-कृष्ण-युगलरूपकी मधुर रागमयी आराधनाका यह एक संक्षिप्त संकेतमात्र है। शेष भगवत्कृपा।

——::×::——

श्रीराधा-कृष्णकी अष्टकालीन स्मरणीय सेवा

साधकगण श्रीव्रजधाममें अपनी अवस्थितिका चिन्तन करते हुए अपनी-अपनी गुरुस्वरूपा मञ्जरीके अनुगत होकर, एक परम सुन्दरी गोपकिशोरीरूपिणी अपने-अपने सिद्ध मञ्जरी-देहकी भावना करते हुए, श्रीललितादि सखीरूपा तथा श्रीरूप-मञ्जरी आदि मञ्जरीरूपा नित्यसिद्धा व्रजकिशोरियोंकी आज्ञाके अनुसार परम प्रेमपूर्वक मानसमें दिवानिशि श्रीराधा-गोविन्दकी सेवा करें।

निशान्तकालीन सेवा

१. निशाका अन्त (ब्राह्ममुहूर्तका * आरम्भ) होनेपर श्रीवृन्दादेवीके आदेशसे

* सूर्योदयसे पूर्व ६ घड़ी (दो घंटे, २४ मिनट) का काल 'ब्राह्ममुहूर्त' कहलाता है।

क्रमशः शुक, सारिका, मयूर, कोकिल आदि पक्षियोंके कलरव करनेपर श्रीराधा-कृष्ण-युगलकी नींद टूटनेपर उठना।

२. श्रीराधा और श्रीकृष्णके एक-दूसरेके श्रीअङ्गमें चित्र-निर्माण करनेके समय दोनोंके हाथोंमें तूलिका और विलेपनके योग्य सुगन्धिद्रव्य अर्पण करना।

३. श्रीराधा-कृष्ण-युगलके पारस्परिक श्रीअङ्गोंमें शृङ्गार करनेके समय दोनोंके हाथोंमें मोतियोंका हार, माला आदि अर्पण करना।

४. मङ्गल-आरती करना।

५. कुञ्जसे श्रीवृन्दावनेश्वरीके घर लौटते समय ताम्बूल और जलपात्र लेकर उनके पीछे-पीछे चलना।

६. जल्दी चलनेके कारण टूटे हुए हार आदि तथा बिखरे हुए मोती आदिको आँचलमें बाँधना।

७. चर्वित ताम्बूल आदिको सखियोंमें बाँटना।

८. घर (यावट ग्राम) पहुँचकर श्रीराधिकाका अपने मन्दिरमें शयन करना।

प्रातः*कालीन सेवा

१. ब्राह्ममुहूर्त बीतनेपर (अर्थात् प्रातःकाल होनेपर) श्रीराधारानीके द्वारा छोड़े हुए वस्त्रोंको धोकर तथा अलंकार, ताम्बूल-पात्र और भोजन-पान आदिके पात्रोंको माँज-धोकर साफ करना।

२. चन्दन घिसना और उत्तम रीतिसे केसर पीसना।

३. घरवालोंकी बोली सुनकर सशङ्कित-सी हुई श्रीवृन्दावनेश्वरीका जगकर उठ बैठना।

४. श्रीमतीको मुख धोनेके लिये सुवासित जल और दाँतन आदि समर्पण करना।

५. उबटन अर्थात् शरीर स्वच्छ करनेके लिये सुगन्धित-द्रव्य . तथा

* सूर्योदयके उपरान्त छः दण्डतक प्रातःकाल या संगवकाल रहता है।

चतुस्सम अर्थात् चन्दन, अगर, केसर और कुङ्कुमका मिश्रण, नेत्रोंमें आँजनेके लिये अञ्जन और अङ्गराज आदि प्रस्तुत करना।

६. श्रीराधारानीके श्रीअङ्गोंमें अत्युत्कृष्ट सुगन्धित तेल लगाना।

७. तत्पश्चात् सुगन्धित उबटनद्वारा उनके श्रीअङ्गका मार्जन करते हुए स्वच्छ करना।

८. आँवला और कल्क (सुगन्धित खली) आदिके द्वारा श्रीमतीके केशोंका संस्कार करना।

९. ग्रीष्मकालमें ठंडे जल और शीतकालमें किंचित् उष्ण जलसे श्रीराधारानीको स्नान कराना।

१०. स्नानके पश्चात् सूक्ष्म वस्त्रके द्वारा उनके श्रीअङ्ग और केशोंका जल पोंछना।

११. श्रीवृन्दावनेश्वरीके श्रीअङ्गमें श्रीकृष्णके अनुरागको बढ़ानेवाला स्वर्णखचित (जरीका) सुमनोहर नीला वस्त्र (साड़ी) पहनाना।

१२. अगुरु-धूमके द्वारा श्रीमतीकी केश-राशिको सुखाना और सुगन्धित करना।

१३. श्रीमतीका शृङ्गार * करना।

१४. उनके श्रीचरणोंको महावरसे रँगना।

१५. सूर्यकी पूजाके लिये सामग्री तैयार करना।

१६. भूलसे श्रीवृन्दावनेश्वरीके द्वारा कुञ्जमें छोड़े हुए मोतियोंके हार आदि उनके आज्ञानुसार वहाँसे लाना।

---

* श्रीराधाके निम्नाङ्कित सोलह शृङ्गार गिनाये गये हैं—(१) स्नान, (२) नाकमें बुलाक धारण कराना, (३) नीली साड़ी धारण कराना, (४) कमरमें करधनी बाँधना, (५) वेणी गूँथना, (६) कानोंमें कर्णफूल धारण कराना, (७) अङ्गोंमें चन्दनादिका लेप करना, (८) बालोंमें फूल खोंसना, (९) गलेमें फूलोंका हार धारण कराना, (१०) हाथमें कमल धारण कराना, (११) मुखमें पान देना, (१२) ठोड़ीपर घिसी हुई करतूरीकी काली बेंदी लगाना, (१३) नेत्रोंमें काजल आँजना, (१४) अङ्गोंको पत्रावलीसे चित्रित करना, (१५) चरणोंमें महावर देना और (१६) ललाटपर तिलक लगाना।

१७. पाकके लिये श्रीमतीके नन्दीश्वर (नन्दगाँव) जाते समय ताम्बूल तथा जलपात्र आदि लेकर उनके पीछे-पीछे गमन करना।

१८. श्रीवृन्दावनेश्वरीके पाक तैयार करते समय उनके कथनानुसार कार्य करना।

१९. सखाओंसहित श्रीकृष्णको भोजनादि करते देखते रहना।

२०. पाक तैयार करने और परोसनेके कार्यसे थकी हुई श्रीवृन्दावनेश्वरीकी पंखे आदिके द्वारा हवा करके सेवा करना।

२१. श्रीकृष्णका प्रसाद आरोगनेके समय भी श्रीराधारानीकी उसी प्रकार पंखेकी हवा आदिके द्वारा सेवा करना।

२२. गुलाब आदि पुष्पोंके द्वारा सुगन्धित शीतल जल समर्पण करना।

२३. कुल्ला करनेके लिये सुगन्धित जलसे पूर्ण आचमनीय पात्र आदि समर्पण करना।

२४. इलायची-कपूर आदिसे संस्कृत ताम्बूल समर्पण करना।

२५. बदले हुए पीताम्बर आदि सुबलके द्वारा श्रीकृष्णको लौटाना।

* पूर्वाह्णकालीन सेवा

१. बाल-भोग (कलेऊ) आरोगकर श्रीकृष्णके गोचारणके लिये वन जाते समय श्रीराधाजी सखियोंके साथ कुछ दूर श्रीकृष्णके पीछे-पीछे जाकर जब यावटको लौटें, उस समय ताम्बूल और जल-पात्र आदि लेकर पीछे-पीछे गमन करना।

२. श्रीराधा-गोविन्दके पारस्परिक संदेश उनके पास पहुँचाकर उनको संतुष्ट करना।

३. सूर्य-पूजाके बहाने (अथवा कभी-कभी वन-शोभा-दर्शनके बहाने) श्रीराधाकुण्डपर श्रीकृष्णसे मिलन करानेके हेतु श्रीमतीको अभिसार कराना और उस समय ताम्बूल और जल-पात्र आदि लेकर उनके पीछे-पीछे गमन करना।

† मध्याह्नकालीन सेवा

१. श्रीकुण्ड अर्थात् राधाकुण्डपर श्रीराधा और श्रीकृष्णके मिलनका दर्शन करना।

---

* संगवकालके उपरान्त छः दण्डके कालकी 'पूर्वाह्ण' संज्ञा है।

† पूर्वाह्णके उपरान्त बारह दण्डका काल मध्याह्नके नामसे निर्दिष्ट है।

२. कुञ्जमें विचित्र पुष्प-मन्दिर आदिका निर्माण करना और कुञ्जको साफ करना।

३. पुष्पशय्याकी रचना करना।

४. श्रीयुगलके श्रीचरणोंको धोना।

५. अपने केशोंके द्वारा उनके श्रीचरणोंका जल पोंछना।

६. चँवर डुलाना।

७. मधुक (महुए) के पुष्पोंसे पेय मधु बनाना।

८. मधुपूर्ण पात्र श्रीराधा-कृष्णके सम्मुख धारण करना।

९. इलायची, लौंग, कपूर आदिके द्वारा सुवासित ताम्बूल अर्पण करना।

१०. श्रीयुगल-चर्वित कृपाप्राप्त ताम्बूलका आस्वादन करना।

११. श्रीराधा-कृष्ण-युगलकी विहाराभिलाषाका अनुभव करके कुञ्जसे बाहर चले आना।

१२. कस्तूरी-कुङ्कुम आदिके अनुलेपनद्वारा सुवासित श्रीअङ्गके सौरभको ग्रहण करना।

१३. नूपुर और कंगन आदिकी मधुर ध्वनिका श्रवण करना।

१४. श्रीयुगलके श्रीचरण-कमलोंमें ध्वजा, वज्र, अङ्कुश आदि चिह्नोंके दर्शन करना।

१५. श्रीयुगलके विहारके पश्चात् कुञ्जके भीतर पुनः प्रवेश करना।

१६. श्रीयुगलके पैर सहलाना और हवा करना।

१७. सुगन्धित पुष्प आदिसे वासित शीतल जल प्रदान करना।

१८. श्रीराधा-रानीके श्रीअङ्गोंके लुप्त चित्रोंका पुनः निर्माण करना और तिलक-रचना करना।

१९. श्रीमतीके श्रीअङ्गोंमें चतुस्समके गन्धका अनुलेपन करना।

२०. टूटे हुए मोतियोंके हारको गूँथना।

२१. पुष्प-चयन करना।

२२. वैजयन्ती माला तथा हार एवं गजरे आदि गूँथना।

****

२३. हास-परिहास-रत श्रीयुगलके श्रीहस्तकमलोंमें मोतियोंका हार तथा पुष्पोंकी माला आदि प्रदान करना।

२४. हार-माला आदि पहनाना।

२५. सोनेकी कंघीद्वारा श्रीमतीके केशोंको सँवारना।

२६. श्रीमतीकी वेणी बाँधना।

२७. उनके नयनोंमें काजल लगाना।

२८. उनके अधरोंको सुरञ्जित करना।

२९. चिबुकपर कस्तूरीके द्वारा बिन्दु बनाना।

३०. अनङ्ग-गुटिका, सीधु-विलास आदि प्रदान करना।

३१. मधुर फलोंका संग्रह करना।

३२. फलोंको बनाकर भोग लगानेके लिये प्रदान करना।

३३. किसी एक स्थानमें रसोई बनाना।

३४. श्रीयुगलके पारस्परिक रहस्यालापका श्रवण करना।

३५. श्रीयुगलके वन-विहार, वसन्त-लीला, झूलन-लीला, जल-विहार, पाश-क्रीड़ा आदि अपूर्व लीलाओंके दर्शन करना।

३६. श्रीयुगलके वन-विहारके समय श्रीमतीकी वीणा आदि लेकर उनके पीछे-पीछे गमन करना।

३७. अपने केशोंद्वारा श्रीयुगलके श्रीपादपद्मोंकी रजको झाड़ना-पोंछना।

३८. होली-लीलामें पिचकारियोंको सुगन्धित तरल पदार्थोंसे भरकर श्रीराधिका और सखियोंके हाथोंमें प्रदान करना।

३९. झूलन-लीलामें गान करते हुए झूलेमें झोटे देना, झुलाना।

४०. जल-विहारके समय वस्त्र और अलंकार आदि लेकर श्रीकुण्डके तीरपर रखना।

४१. पाश-क्रीडामें विजयप्राप्त श्रीराधिकाजीकी आज्ञासे श्रीकृष्णके द्वारा दावपर रखी सुरङ्गा आदि सखियों (या मुरली आदि) को बलपूर्वक लाकर उनके साथ हास्य-विनोद करना।

४२. सूर्य-पूजा करनेके लिये राधाकुण्डसे श्रीमतीके जाते समय उनके पीछे-पीछे जाना।

४३. सूर्य-पूजामें तदनुकूल कार्योंको करना।

४४. सूर्य-पूजाके पश्चात् श्रीमतीके पीछे-पीछे चलकर घर लौटना।

* अपराह्णकालीन सेवा

१. श्रीराधिकाजीके रसोई बनाते समय उनके अनुकूल कार्य करना।

२. श्रीराधारानीके स्नान करनेके लिये जाते समय उनके वस्त्राभूषण आदि लेकर उनके पीछे-पीछे जाना।

३. स्नानके पश्चात् उनका शृङ्गार आदि करना।

४. सखियोंसे घिरी हुई श्रीवृन्दावनेश्वरीके पीछे-पीछे अटारीपर चढ़कर वनसे लौटते हुए सखाओंसे घिरे श्रीकृष्णके दर्शन करके परमानन्द-उपभोग करना।

५. छतके ऊपरसे श्रीराधिकाजीके उतरनेके समय सखियोंके साथ उनके पीछे-पीछे उतरना।

† सायंकालीन सेवा

१. श्रीमतीका तुलसीके हाथ व्रजेन्द्र श्रीनन्दजीके घर भोज्य-सामग्री भेजना। श्रीकृष्णको पानकी गुल्ली और पुष्पोंकी माला अर्पण करना तथा संकेत-कुञ्जका निर्देश करना। तुलसीके नन्दालय जाते समय उसके साथ जाना।

२. नन्दालयसे श्रीकृष्णका प्रसाद आदि ले आना।

३. वह प्रसाद श्रीराधिका और सखियोंको परोसना।

४. सुगन्धित धूपके सौरभसे उनकी नासिकाको आनन्द देना।

५. गुलाब आदिसे सुगन्धित शीतल जल प्रदान करना।

६. कुल्ला आदि करनेके लिये सुवासित जलसे पूर्ण आचमन-पात्र प्रदान करना।

---

* सूर्यास्तके पूर्व छः दण्डके कालको अपराह्ण-काल कहा जाता है।

† सूर्यास्तके उपरान्त छः दण्डका काल सायंकालके नामसे व्यवहृत होता है।

****

७. इलायची-लौंग-कपूर आदिसे सुवासित ताम्बूल अर्पण करना।

८. तत्पश्चात् प्राणेश्वरीका अधरामृत-सेवन अर्थात् उनका बचा प्रसाद भोजन करना।

* प्रदोषकालीन सेवा

१. प्रदोषकालमें वृन्दावनेश्वरीका वस्त्रालंकारादिसे समयोचित शृङ्गार करना अर्थात् कृष्णपक्षमें नील वस्त्र आदि और शुक्लपक्षमें शुभ्र वस्त्रादि तथा अलंकार धारण कराना एवं गन्धानुलेपन करना।

२. अनन्तर सखियोंके साथ श्रीमतीको अभिसार कराना तथा उनके पीछे-पीछे गमन करना।

† निशाकालीन सेवा

१. निकुञ्जमें श्रीराधा-कृष्णका मिलनदर्शन करना।

२. रासमें नृत्य आदिकी माधुरीके दर्शन करना।

३. वृन्दावनेश्वरी श्रीराधिकाजीके नूपुरकी मधुर ध्वनि और श्रीकृष्णकी वंशी-ध्वनिकी माधुरीको श्रवण करना।

४. श्रीयुगलकी गीत-माधुरीका श्रवण करना तथा नृत्यादिके दर्शन करना।

५. श्रीकृष्णकी वंशीको चुप कराना।

६. श्रीराधिकाकी वीणा-वादन-माधुरीका श्रवण करना।

७. नृत्य, गीत और वाद्यके द्वारा सखियोंके साथ श्रीराधाकृष्णके आनन्दका विधान करना।

८. सुवासित ताम्बूल, सुगन्धित द्रव्य, माला, हवा, सुवासित शीतल जल और पैर सहलाने आदिके द्वारा श्रीराधा-कृष्णकी सेवा करना।

९. श्रीकृष्णका मिष्टान्न तथा फलादि भोजन करते दर्शन करना।

---

* सायंकालके उपरान्त छः दण्डके कालको प्रदोष कहते हैं।

‡ प्रदोषके उपरान्त बारह दण्डके कालको निशाकाल कहा जाता है।

१०. सखियोंके साथ वृन्दावनेश्वरी श्रीराधिकाजीका श्रीकृष्णके प्रसादका भोजन करते हुए दर्शन करना।

११. उनका अवशेष भोजन ग्रहण करना।

१२. सखियोंके साथ-साथ श्रीराधा-कृष्ण-युगलका मिलन-दर्शन करना तथा उनके ताम्बूल-सेवन और रसालाप आदिकी माधुरीके दर्शन करते हुए आनन्द-लाभ करना।

१३. सुकोमल शय्यापर श्रीयुगलको शयन कराना।

१४. परिश्रान्त श्रीयुगलकी व्यजनादिद्वारा सेवा करना और उनके सो जानेपर सखियोंका अपनी-अपनी शय्यापर सोना। स्वयं भी वहीं सो जाना।

निम्नलिखित दिनोंमें श्रीकृष्णकी गोचारण-लीला और श्रीमतीकी सूर्यपूजा बंद रहती है—

१. श्रीजन्माष्टमीके दिन और उसके बाद दो दिनोंतक।

२. श्रीराधाष्टमीके दिन और उसके बाद दो दिनोंतक।

३. माघकी शुक्ला पञ्चमी अर्थात् वसन्तपञ्चमीसे फाल्गुनी पूर्णिमा अर्थात् दोलपूर्णिमापर्यन्त २६ दिनोंतक।

——::×::——

विनय

श्रीराधा-माधव! यह मेरी सुन लो विनती परम उदार।
मुझे स्थान दो निज पावन चरणोंमें प्रभु ! कर कृपा अपार ॥
भूलूँ सभी जगतको, केवल रहे तुम्हारी प्यारी याद।
सुनूँ जगतकी बात न कुछ भी, सुनूँ तुम्हारे ही संवाद ॥
भोगोंकी कुछ सुध न रहे, देखूँ सर्वत्र तुम्हारा मुख।
मधुर-मधुर मुसकाता नित उपजाता अमित अलौकिक सुख ॥
रहे सदा प्रिय नाम तुम्हारा मधुर दिव्य रसना रसखान।
मनमें बसे तुम्हारी प्यारी मूर्ति मञ्जु सौन्दर्य-निधान ॥
तनसे सेवा करूँ तुम्हारी, प्रति इन्द्रियसे अति उल्लास।
साफ करूँ पगरखी-पीकदानी सेवा-निकुञ्जमें खास ॥
बनी खवासिन मैं चरणोंकी करूँ सदा सेवा, अति दीन।
रहूँ प्रिया-प्रियतमके नित पद-पद्म-पराग-सुसेवन-लीन ॥

——::×::——

राधा-माधवसे प्रार्थना

हे राधा-माधव ! तुम दोनों दो मुझको चरणोंमें स्थान ।
दासी मुझे बनाकर रक्खो, सेवाका दो अवसर-दान ॥
मैं अति मूढ़, चाकरीकी चतुराईका न तनिक-सा ज्ञान ।
दीन, नवीन सेविकापर दो समुद उडेल सनेह अमान ॥
रज-कण सरस चरण-कमलोंका खो देगा सारा अज्ञान ।
ज्योतिमयी रसमयी सेविका मैं बन जाऊँगी सज्ञान ॥
राधा-सखी-मञ्जरीको रख सम्मुख मैं आदर्श महान ।
हो पदानुगत उसके, नित्य करूँगी मैं सेवा सविधान ॥
झाड़ू दूँगी मैं निकुञ्जमें, साफ करूँगी पादत्रान ।
हौले-हौले हवा करूँगी सुखद-व्यजन ले सुरभित आन ॥
देखा नित्य करूँगी मैं तुम दोनोंकी मोहनि मुसकान ।
वेतन यही, यही होगा बस, मेरा पुरस्कार निर्मान ॥

——::×::——

भावराज्य तथा लीला-रहस्य

भावराज्यकी विलक्षणता

भाव-राज्यके सभी विलक्षण होते हैं शुभ भोग-विराग।
नहीं समझमें आ सकते वे जागे विना शुद्ध अनुराग॥
होते सभी नाम लौकिक कामोंके भी वैसे ही रूप।
होते अतिशय पूत किंतु लोकोत्तर सभी विशेष अनूप॥
हर्ष-शोक-आसक्ति-वासना-भय-संकोच-विकलता-काम।
बन्धन-मान-विलास-रास-सहवास आदि सब होते नाम॥
करना मान, रूठना-रोना, करना तिरस्कार-अपमान।
करना तंग सताना, चुगली-चाटुकारिता कर्म महान॥
मन बिकार होता न तनिक पर, नीयतमें न कभी कुछ दोष।
दक्षिण-वाम सभी ये होते लीलाके शुचि रस निर्दोष॥
त्याग-पूर्ण, निज-सुख-वाञ्छा-विरहित यह प्रेमराज्य सुविशाल।
पर इसमें न कभी जा पाते प्रकृतिजनित विकार क्षण-काल॥
अपनेमें अपनेसे अपने ही होते सब भाव-विशेष।
भौतिक स-मल विकारोंका—भावोंका रहता कहीं न लेश॥
सभी दिव्य, चिन्मय, भगवन्मय, सभी विकार-रहित पर-भाव।
प्रेमी-प्रियतम बने स्वयं प्रभु लीलारत रहते अति चाव॥

——::×::——

भाव-राज्य

सप्रेम हरिस्मरण! आपका पत्र मिला। आपके प्रश्नका उत्तर निम्नलिखित है—भाव जबतक केवल आवेगमात्र है, तबतक वह साधन-राज्यसे बाहरकी चीज है। भावके आवेगसे जिस कामनाका प्रादुर्भाव होता है, वह मनमें अशान्ति तथा ज्वाला उत्पन्न करनेवाली होती है। कामना एक प्रकारकी अग्नि है, जो विषयोंकी आहुति पड़नेसे बढ़ती रहती है और यदि कहीं आघात पा जाती है तो क्रोधका कराल रूप धारण कर लेती है। अतः यदि भावका आवेग आता हो तो उसका भगवान्‌में प्रयोग कर देना चाहिये। भगवान्‌से जुड़ते ही भाव पवित्र होकर साधन बन जायगा, जो सहज ही 'कर्मराज्य'से उच्चस्तरपर पहुँचकर साधकको भगवान्‌की ओर अग्रसर कर देगा।

इस 'भाव-राज्य'से उच्चस्तरपर 'ज्ञान-राज्य' है, जो परमात्माके तत्त्व-ज्ञानका बोध कराता है, उससे भी उच्चस्तर सिद्ध 'भाव-राज्य' है, जो नित्य एक, पर नित्य दो बने हुए श्रीराधा-माधवका अतिशय उज्ज्वल धाम है। वहाँ प्रिया-प्रियतमकी अचिन्त्य अमल मधुरतम लीला नित्य चलती रहती है। वहाँ नटनागर श्यामसुन्दरके लीला-विहारका महान् मधुर अगाध सागर अत्यन्त प्रशान्त होनेपर भी नित्य उछलता रहता है और वे उसमें विविध मनोहारिणी अलौकिक भाव-तरङ्गोंके रूपमें क्रीडा करते रहते हैं। यह कल्पना नहीं सत्य है। इस परम उज्ज्वल सर्वश्रेष्ठ भाव-राज्यकी सीमामें उसीका प्रवेश हो सकता है, जो घृणित भोगोंसे तथा कैवल्य मोक्षसे भी सदा विरक्त होकर केवल श्रीराधा-माधवके चरणोंमें ही अत्यन्त आसक्त हो गया है। यहाँ कोई आवेग नहीं, यह वस्तुस्थिति है और सच्चिदानन्दमयी मधुर लीला है। शेष भगवत्कृपा।

——::×::——

भाव-राज्यकी महिमा

प्रश्न—भाव-जगत्में मनुष्य बहुत-सी बातोंका अनुभव करता है, क्या वे वास्तविक सत्य हैं या कल्पनासे उत्पन्न होती हैं?

उत्तर—दोनों ही बातें हो सकती हैं। भावका अर्थ केवल कल्पना ही नहीं है। गीताके '**नासतो विद्यते भावो नाभावो विद्यते सतः**' में भावका अर्थ है सत्—सदा रहनेवाला। 'सत्'का कभी अभाव नहीं होता और असत्का कभी भाव नहीं होता।' वैष्णव-साहित्यमें भावका अर्थ है उच्चाति-उच्च प्रेम। भगवान् श्यामसुन्दर सच्चिदानन्दघन श्रीकृष्णकी 'रसराज' और रासेश्वरी नित्यनिकुञ्जेश्वरी वृषभानुनन्दिनी श्रीराधाजीको 'महाभाव' कहा गया है।

आजकल 'भाव'का प्रयोग बहुत हलके अर्थमें होता है। भाव और भावनामें कोई अन्तर नहीं माना जाता। बंगालमें तो भावनाका प्रचलित अर्थ है—'चिन्ता'। भावना करते-करते जिस वस्तुका जो रूप बन जाय, उसका नाम भी 'भाव' कहा जाता है। भावसे भावित पुरुषमें होनेवाली मनोवृत्तिको भावुकता कहते हैं। भावुकताका चलता अर्थ है भावप्रवण—कल्पनाराज्यमें विचरण करनेवाला व्यक्ति, जो विचारशील नहीं है या विवेकहीन—मूढ़ है। प्रेम तथा अनुरागको भी 'भाव' कहते हैं। प्रेम, अनुराग आदिके भाव जो अन्तस्तलमें उठते हैं, उनको भी भावुकता कहते हैं। ऐसे प्रेमी व्यक्तियोंका हृदय भावना करते-करते द्रवीभूत हो जाता है। श्रद्धालुओंको भी भावुक कहते हैं। भावुक व्यक्ति भावनाके अनुसार अनेक प्रकारकी कल्पना करके उसके राज्यमें विचरते रहते हैं। वैष्णवोंने भावको सर्वथा 'पवित्र प्रेम' के अर्थमें लिया है। भगवान्का जो आनन्दस्वरूप है, उनकी जो स्वरूपभूता ह्लादिनी शक्ति है, अन्तरङ्गा शक्ति है, वही आनन्द-शक्ति है, वही 'भाव' है; वही मूर्तिमान् होकर महाभावस्वरूपा श्रीराधिकाजीके दिव्य विग्रह रूपमें प्रकट है।

जहाँ-जहाँ भक्त अपनी दृष्टिसे भावराज्यकी बात कहता है, वहीं वह भगवान्के यथार्थ प्रभावकी ही बात कहता है, कल्पना-प्रसूत भावनासे नहीं। वह सर्वथा

यथार्थ है, न कि कल्पना। भक्तकी दृष्टि ऐसी ही होनी भी चाहिये। भावनासे जिस प्रकार भगवान्‌के रूपका ध्यान होता है, उसी प्रकार शब्द, स्पर्श, रस और गन्ध आदिका भी ध्यान हो सकता है और होता है। ध्यानमें हम भगवान्‌की वंशीकी मधुरध्वनि सुन सकते हैं, उनके रूपको निरख सकते हैं, उनके अधरामृतका पान कर सकते हैं, उनके स्पर्शकी पुलकमें पुलकित हो सकते हैं, यहाँतक कि उनके अङ्गकी गन्ध भी सूँघ सकते हैं। ध्यानमें मनुष्य यह देख सकता है कि हमने भगवान्‌के चरण पकड़ लिये, उन्होंने हमारे मस्तकपर हाथ रख दिया। साधक भक्तकी दृष्टिमें ये सारी बातें सत्य हैं; पर जबतक ये सब मनकी कल्पनासे बने हुए स्वरूप हैं, तबतक वे भावनाजनित ही हैं। जैसे स्वप्नके मंनोराज्यमें किसी औरके न होते भी हम स्पर्शका अनुभव करते हैं, शब्द सुनते हैं, रूप देखते हैं, गन्ध सूँघते हैं, रसका आस्वादन करते हैं, उसी प्रकार भाव-जगत्‌में भी दृढ़ भावनाके द्वारा शब्द, स्पर्श, रूप, रस, गन्ध आदिका भलीभाँति अनुभव कर सकते हैं। इसमें कोई संदेह नहीं है।

यह भी ध्यानकी बहुत ऊँची और अत्यन्त कल्याणप्रद स्थिति होती है, पर इससे परे सच्चे प्रेमराज्यमें रसराज श्रीभगवान्‌के प्रत्यक्ष दर्शन भी हो सकते हैं। भगवद्दर्शनकी भावनाको किसी प्रकारके भी तर्कसे प्रमाणित करना कठिन है। अविश्वासीको भगवद्दर्शनकी बात समझा देना असम्भव-सा है। श्रद्धा और विश्वास ही तो साधनाका मूलमन्त्र है। भक्त जिस रूपमें भगवान्‌को देख रहा है, हो सकता है वह शास्त्रोंमें प्रकट न हो। साथ ही यह भी सम्भव है कि शास्त्रोंमें भगवान्‌के जिस रूपका वर्णन है, उस रूपमें भगवान् किसी भक्तको दर्शन न दें और एक साधारण वेषमें ही प्रकट हो जायँ। भगवान्‌का रूप कैसा ? जैसा भक्त चाहे वैसा। भक्तकी जैसी इच्छा होती है, वैसा ही रूप लेकर भगवान् उपस्थित हो जाते हैं। इसके सिवा दिव्यधामोंमें लीलाविहार करनेवाले भगवान्‌के नित्यरूप भी हैं, जो हमारी कल्पनामें आयें या न आयें। इन स्वरूपोंके दर्शन भी कृपापात्र प्रेमी भक्तोंको हुए हैं और हो सकते हैं।

कभी-कभी किन्हीं-किन्हीं अभिमानी दर्शनोत्सुक भक्तोंको मार्गच्युत करनेके लिये या उनकी परीक्षा करके उनमें और भी दृढ़ता लानेके लिये उपदेवता भी विभिन्न

रूपोंमें उनके सामने आ सकते हैं और अपनेको भगवान् बताकर उनको भ्रममें डालनेकी चेष्टा कर सकते हैं। ऐसे अनुभव भी सुननेमें आये हैं कि कोई-कोई खेचर उपदेवता सकामभावसे किसी इष्ट-विशेषके उपासकोंको उस रूपमें आकर ठगनेकी चेष्टा करते हैं। हमने भूतलपर जो तेज देखा है, उससे कई गुना अधिक तेज उन उपदेवताओंका ही होता है। वे आकर हमारे इष्टदेवकी मूर्तिमें उपस्थित होकर हमें ठग लेते हैं। भयके रूपमें जिस प्रकार देवताओंका विघ्न आता है, उसी प्रकार लोभके रूपमें भी आता है। ध्रुवके सामने उपदेवता उसकी माताके लोभनीय रूपमें आये—'बेटा ! मैं बहुत दुःखी हूँ—मैं जल रही हूँ, मुझे बचाओ।' पर ध्रुव अपनी साधनासे टले नहीं। जो भगवान्‌का शरणागत भक्त होता है, उसके सारे विघ्नोंका तो नाश स्वयं प्रभु अपने अनुग्रहसे ही कर डालते हैं—

मच्चित्तः सर्वदुर्गाणि मत्प्रसादात्तरिष्यसि।

भगवान्‌में जिसका चित्त अर्पित हो गया है, ऐसे अर्पितात्मा भक्तका सारा दायित्व भगवान्‌पर आ जाता है। भगवान्‌की आज्ञा है कि 'मेरा भक्त आँख मूँदकर मेरे राजमार्गपर चले, उसे कोई विघ्न नहीं रोक सकता।' भगवान्‌के सम्मुख आते ही जीवका सदाके लिये उद्धार हो जाता है—

सनमुख होइ जीव मोहि जबहीं। जन्म कोटि अघ नासहिं तबहीं॥

अनन्य और निष्कामभावसे भगवान्‌की शरणमें आते ही भक्तके समस्त योग-क्षेम-का भार भगवान् स्वयं अपने ऊपर ले लेते हैं। इसका अभिप्राय यह नहीं कि भक्त भगवत्पथपर चलना बंद कर देता है। वह तो बड़े वेगसे भगवान्‌की ओर दौड़ता है। सोचता तब, जब सोचने चला होता। मन तो दस-बीस हैं नहीं कि एकसे सोचेगा और दूसरेसे अर्पण करेगा। मन तो एक था, जिसे श्यामसुन्दरको दे दिया। उस मनको अब कहाँ दिया जाय? अर्पितात्मा व्यक्ति प्रभुके सिवा किसीकी इच्छा ही नहीं करता। गोपियोंका अर्पण सर्वतोभावेन सम्पूर्ण था। इसीलिये भगवान् कहते हैं—'**ता मन्मनस्का मत्प्राणा मदर्थे त्यक्तदैहिकाः**।' उन्होंने मुझमें अपने मन मिला दिये हैं, प्राणोंको विलय कर दिया है और मेरे लिये ही अपने शारीरिक कर्मोंका भी उत्सर्ग कर दिया है।

भगवान् कहते हैं—

जननी जनक बंधु सुत दारा। तनु धनु भवन सुहृद परिवारा॥
सब कै ममता ताग बटोरी। मम पद मनहि बाँध बरि डोरी॥
अस सज्जन मम उर बस कैसें। लोभी हृदयँ बसइ धनु जैसें॥
(श्रीरामचरितमानस)

ये दारागारपुत्राप्तान् प्राणान् वित्तमिमं परम्।
हित्वा मां शरणं याताः कथं तांस्त्यक्तुमुत्सहे॥
(श्रीमद्भा० ९।४।६५)

'जो भक्त स्त्री, पुत्र, घर, गुरुजन, प्राण, धन, इहलोक और परलोक सबको छोड़कर केवल मेरी शरणमें आ गये हैं, उन्हें छोड़नेका विचार ही मैं कैसे कर सकता हूँ।'

सब पदार्थोंमेंसे ममत्व निकालकर तन, मन, धन—सभी, सब कुछ सर्वभावेन भगवान्‌के चरणोंमें अर्पितकर भक्त निःस्पृह और निरीह हो जाता है। मोक्षकी इच्छा रखनेवाला मन ही जब श्रीहरिके चरणोंमें समर्पित हो गया, तब मोक्षकी इच्छाका उदय ही कैसे हो? ऐसे सर्वथा निष्काम अर्पितात्माको उपदेवता आदिका भय ही नहीं होता कि वे आकर तंग करेंगे। उसके पथमें कोई भी बाधा नहीं डाल सकता।

साधनाका प्रारम्भ ही भावनासे होता है। भावनाके मूलमें है श्रद्धा। श्रद्धाहीन भाव मिथ्या है। भाव करते-करते भगवत्कृपासे सच्चे भावराज्यमें प्रवेश होता है—साधक स्थूलसे सूक्ष्म, सूक्ष्मतर और सूक्ष्मतममें प्रवेश करता है। वहाँ उस दिव्य भावनालोकमें प्रवेश करके भगवान्‌की पूजा करता है। देहके पाँच भेद माने जाते हैं—स्थूल, सूक्ष्म, कारण, भाव और चिन्मय। चिन्मय और भावदेह कुछ विलक्षण हैं। भगवान्‌का जो नित्यविग्रह है, वह चिन्मय है। वह देह देह नहीं, भगवत्स्वरूप ही है। वहाँ देह-देहीका भेद नहीं है। वहाँ योगमायाका भी पर्दा नहीं है। भगवान् दो तरहसे ही प्रकट होते हैं—योगमायाको लेकर और योगमायाको हटाकर। जहाँ योगमाया साथ है, वहाँ आवरण है। बहिरङ्ग प्रकृतिका नाम 'माया' है; भगवान्‌की अन्तरङ्गा शक्तिका नाम है 'योगमाया'। मलिना माया, जिससे जगत् आच्छादित है, भगवान्‌को नहीं ठग सकती। भगवान् स्वयं योगमायाकी चादर

ओढ़कर, उस आवरणको स्वयं धारणकर सामने आते हैं। जहाँ भगवान्‌का योगमायासे रहित चिन्मय स्वरूप है, वहाँ योगमाया आह्लादिनी शक्तिका रूपान्तर है। भगवान् जहाँ योगमायासे आच्छादित होकर बोलते हैं, वहाँ सबके सामने प्रकट होते हैं। जहाँ योगमायाका पर्दा हटा रहता है, वहाँकी अन्तरङ्गा लीलामें जो प्रेमीजन भगवान्‌के साथ होते हैं—वहाँ प्रेममें ज्ञान अन्तर्हित होता है—उनके देहका नाम भावदेह है। श्रीराधिकाजीका भावदेह नहीं है, वे तो चिन्मय दिव्य विग्रहरूपा हैं और सभी गोपियाँ राधाकी कायव्यूहरूपा हैं।

गोपियोंका काम है श्रीराधा-कृष्ण प्रिया-प्रियतमके मिलन-आनन्दकी व्यवस्था करना और उसे पूर्ण करके पूर्णरूपमें देखना। इसीमें उनकी चरम तृप्ति है। यह रहस्य तभी खुलता है, जब भक्त इस दिव्य लीलाराज्यमें प्रवेश करते हैं। इस लीलामें प्रवेश किये बिना भी मुक्ति तो हो सकती है। भगवान्‌की प्राप्तिके अनेकों निश्चित मार्ग हैं और वे सभी मोक्षप्रद हैं। मोक्ष भी तो भगवान्‌का ही स्वरूप है। परंतु इस लीला-संदोहमें प्रवेश करनेके लिये तो गोपी-भावापन्न ही होना पड़ेगा। नारदको, अर्जुनको, भगवान् शिवजीतकको इस लीलाके आस्वादनके लिये गोपी बनना पड़ा। रासोल्लास-तन्त्रमें भावदेहका वर्णन आया है। भगवान्‌के नित्यधाममें नित्य परिकरोंके चिन्मय देहमें लीलाके लिये एक शक्ति दी गयी है। उसका नाम है 'भाव'। भगवान्‌के नित्यपरिकर भावदेहमें होते हैं। भावदेहकी प्राप्तिसे ही उनका रासलीलामें प्रवेश होता है। इसीलिये यह परमगुह्य रहस्य है। यह रहस्य तर्कोंके द्वारा सिद्ध हो नहीं सकता। भावलीलामें योगमायाका पर्दा हटा रहता है। वहाँ लोकसंग्रह नहीं है। लोकसंग्रह वहीं है, जहाँ लोक है। जहाँ जगत्‌के प्राणी हैं, जहाँ प्रजा है, लोक है, मनुष्य हैं, वहीं लोकसंग्रहकी आवश्यकता है। जहाँ लोक है ही नहीं, वहाँ लोकसंग्रह कैसा ? जहाँ लोकालय नहीं है, कर्मयोग करनेवाले जीव नहीं हैं—जहाँ केवल भगवान्-ही-भगवान् हैं, जहाँ—

रेमे रमेशो व्रजसुन्दरीभि-
र्यथार्भकः स्वप्रतिबिम्बविभ्रमः।

(श्रीमद्भा० १०। ३३। १७)

—जिस प्रकार बालक अपने प्रतिबिम्बके साथ खेलते हैं, उसी प्रकार श्रीहरि गोपियोंके साथ रमण करते हैं। जहाँ एकसे भिन्न कोई लोक नहीं, कोई जगत् नहीं, कोई प्राणी नहीं, जहाँ यहाँके इन सूर्य-चन्द्रमाकी गति नहीं, न यहाँका शरीर ही है, वहाँ लोकका ध्यान ही कैसे आता ? नित्य-दिव्य रासलीलाका रहस्य हम माया-मुग्ध मानव कैसे समझें ? हृदयमें वासनाका जो अन्धकार है, वह हमें रासके ज्ञानसे आलोकित होने नहीं देता। जगत्के विषयोंसे परम उपरतिके अनन्तर ही रासका रहस्य प्रेमी महानुभावोंके निश्छल सङ्ग और प्रेमास्पद परम प्रियतम श्यामसुन्दरकी कृपासे यत्किंचित् समझमें आ सकता है।

हमारे इस लोकमें और भगवान्के दिव्य रासलोकमें महान् अन्तर है। हमारा हृदय वासनासे इतना ग्रस्त है कि दिव्यलोककी लोकोत्तर लीलाओंमें भी हम अपने मनके पापोंकी छाया देखा करते हैं। वहाँ इस मायिक जगत्की कोई वस्तु नहीं है। वहाँ योगमायाका आवरण भी नहीं है। योगमायाका आवरण हटाकर, रासमें राधा और श्रीकृष्णका व्यवधानरहित मिलन होता है। आवरण हटे बिना पूर्ण मिलन कैसे होगा ? वहाँ न ये वस्त्र हैं न ये स्त्रियाँ ही। वहाँ वासनाका लेश भी नहीं है सर्वथा व्यवधानराहित्य है। मायाका कोई व्यवधान है ही नहीं।

भगवान् ग्यारह वर्षके बाद व्रजमें नहीं रहे। यह तो हम मानवोंके समझनेभरके लिये है। अपने परिवारोंके लिये तो वे नित्य किशोर हैं। कालकी कल्पना मायाके राज्यमें है। जहाँ आवरणमुक्त दिव्य जगत् है, जहाँ कालके भी महाकाल, नित्य-कालातीत प्रभुकी नित्यलीलाका ही साम्राज्य है, वहाँपर किसी कालकी कैद नहीं है। वहाँ सब कुछ भगवान्का खेल है। हम मायामें बैठकर अमायिककी बात कैसे समझें ? रास हुआ, गोपियोंका आलिङ्गन आदि सब कुछ हुआ; पर उस आलिङ्गनकी हम कल्पना भी नहीं कर सकते। कामपर पूर्ण विजय कर लेनेपर महान् वैराग्यके अनन्तर इस राज्यमें यत्किंचित् प्रवेश करना सम्भव है। उसको हम मायालोकमें ले आकर यहाँके मलिनभावसे मिलाकर प्रकट करें, यह ठीक नहीं। मानवलोकमें उस लोककी कल्पना भी नहीं हो सकती। साधारण मानवसमाजमें भगवान्के प्राकट्यके लिये वर्णाश्रमधर्मके संस्थापनका जो हेतु है, वही ठीक है;

पर भक्तोंके संसारमें वह नहीं है। संकल्पमात्रसे भगवान् धर्मका अभ्युत्थान और संस्थापन तथा पापियोंका विनाश कर सकते हैं। जिनकी मुसकानसे सृष्टिका प्रसार हो जाता है और उस मुसकानके रुकते ही सृष्टि विलय हो जाती है, उनके लिये अवतारकी क्या आवश्यकता ? भगवान्‌को तो भक्तके प्रेम-धर्मसे बाध्य होकर प्रकट होना पड़ता है। जहाँ भक्त भगवान्‌के लिये मचल उठते हैं, वहाँ उन्हें स्वयं आना ही पड़ता है। वे अपनेको रोक नहीं सकते। माता बालकको नाना प्रकारके खिलौने और मिठाइयाँ देती है; पर उन्हें फेंककर बच्चा जब माताके लिये तड़प उठता है, तब वहाँ माताको बच्चेकी व्यथा मिटानेके लिये स्वयं आना ही पड़ता है। भक्तके हृदयमें दुःख है एकमात्र विरहतापका, उसे मिटाकर दिव्य प्रेम-धर्मकी संस्थापनाके लिये ही स्वयं भगवान्‌को आना पड़ता है।

भावलीलामें मानवी कर्मचेष्टा नहीं होती। मानव-जगत्‌के आदर्शके शिखरतक मानवके कर्म हैं। भावलीलामें तो लोकका भाव है ही नहीं। जहाँ यह भावलीला है, वहीं भावदेह भी है। गोपोंने देखा कि सभी गोपियाँ अपने-अपने पतियोंके पास सोयी हुई हैं। मानव-देहको मानवोंके पास छोड़कर वे भावदेहसे, चिन्मयरूपसे, दिव्य रूपसे वहाँ आ गयीं, जहाँ भगवान् थे । और रासमें शामिल हुईं। सूक्ष्मदेह और कारण-देहमें ये कर-चरणादि अङ्ग नहीं होते। पर चिन्मय देह और भावदेहमें ये सब होते हैं। पर वे सब होते हैं दिव्य—अलौकिक। जैसे स्वयं भगवान् ही गोपबालक, गोवत्स और बालकोंका सारा साज-सामान बन गये, उसी प्रकार उस नित्य रासलीलामें भी स्वयं भगवान् ही 'महाभाव और 'रसराज' दोनों रूपोंमें प्रकट होते हैं। वह रासमण्डल इस मायासे सर्वथा परे है। वहाँ न इस मायाकी देह, न इस मायाके मनुष्य और न इस मायामें रमण। मायासे विरहित योगमायाके पर्देको भी हटाकर आत्माराम श्रीकृष्णने आत्मरूपा श्रीगोपाङ्गनाओंके साथ रमण किया—**'आत्मारामोऽप्यरीरमत्।'** वहाँ शरीररूपसे स्वयं भगवान् ही हैं। गोपियाँ भी वे ही हैं—सब कुछ स्वयं श्रीकृष्ण ही हैं। यह कोई कल्पना नहीं है। रास सत्य है, रास नित्य है और रास चिन्मय है।

वह है क्या—यह कौन कहे ? कैसे कहे ? जो भावुक हैं—जिनका इस

भावराज्यमें प्रवेश है, वे ही इसका आनन्द जानते हैं; पर इस आनन्दको मायिक वाणी कैसे व्यक्त कर सकेगी ? जो उस पर-आनन्दमें मग्न हैं, वे फिर इसके परे क्या है, इस ओर ताकतेतक नहीं। यही तो वेदान्तशिरोमणि श्रीमधुसूदन स्वामीने कहा है—

वंशीविभूषितकरान्नवनीरदाभात्
पीताम्बरादरुणबिम्बफलाधरोष्ठात्।
पूर्णेन्दुसुन्दरमुखादरविन्दनेत्रात्
कृष्णात् परं किमपि तत्त्वमहं न जाने॥

'जिनके दोनों हाथ बाँसुरीसे शोभा पा रहे हैं, श्रीअङ्गोंकी कान्ति नूतन मेघके समान श्याम है, साँवले अङ्गपर पीताम्बर सुशोभित हो रहा है, लाल-लाल ओठ पके हुए बिम्बफलकी सुषमा छीने लेते हैं, सुन्दर मुख पूर्णिमाके चन्द्रमाको भी लज्जित कर रहा है और नेत्र प्रफुल्ल कमलके समान मनोहर प्रतीत होते हैं; उन भगवान् श्रीकृष्णके सिवा दूसरा कोई भी परम तत्त्व है—यह मैं नहीं जानता।'

ध्यानाभ्यासवशीकृतेन मनसा तन्निर्गुणं निष्क्रियं
ज्योतिः किंचन योगिनो यदि परं पश्यन्ति पश्यन्तु ते।
अस्माकं तु तदेव लोचनचमत्काराय भूयाच्चिरं
कालिन्दीपुलिनेषु यत् किमपि तन्नीलं मही धावति॥

'यदि योगीलोग ध्यानके अभ्याससे वशमें किये हुए मनके द्वारा किसी निर्गुण और निष्क्रिय परम ज्योतिका साक्षात्कार करते हैं तो करते रहें; हम तो चाहते हैं—यमुनाके किनारे वह जो कोई अनिर्वचनीय साँवला-सलोना तेज दौड़ता फिरता है, वही हमारे नेत्रोंमें चिरकालतक चमत्कार (विस्मयपूर्ण उल्लास) उत्पन्न करता रहे।'

यह कल्पनाका लोक नहीं है—परात्पर सत्यका दिव्यलोक है। कोई आवश्यकता नहीं कि इसे किसीको समझाया जाय; भगवान्‌को इसकी आवश्यकता नहीं कि लोग उनके इस राज्यको मानें ही। पर तो भी इस भावराज्यमें प्रवेश होता है भगवत्कृपासे ही । इस भावराज्यमें प्रवेश करनेपर भक्त प्रभुके सिवा अन्य किसीको मानता, जानता, समझता नहीं। सारा संसार विरोध करे, लाख करे; पर उनको तो संसारकी कोई परवा ही नहीं। जगत्‌की समालोचनाका विषय यह है ही नहीं।

——::×::——

भगवान्‌की नित्य-लीला

भगवान्‌की नित्य-लीलामें कभी विराम नहीं है। स्थूल जगत्‌की लीला तो हम सभी देखते हैं, परंतु दुर्भाग्यवश भ्रमसे उसको उनकी लीला न समझकर कुछ और ही समझे हुए हैं। भगवान् तो स्पष्ट इशारा करते हैं कि तुम जगत्‌का जो रूप देखते हो, वह असली नहीं है—ऐसा मिलेगा नहीं—**'न रूपमस्येह तथोपलभ्यते'**। हो तो मिले। परंतु हम भगवान्‌की इस उक्तिपर ध्यान ही नहीं देते और अपने मनःकल्पित स्वरूपको सत्य समझकर तुच्छ विषयोंके पीछे मारे-मारे फिरते और नित्य नया दुःख मोल लेते हैं। इस स्थूलके पीछे एक सूक्ष्म जगत्—अन्तर्जगत् है। उसमें प्रधानतया दो स्तर हैं—एकमें स्थूल विश्वब्रह्माण्डोंके संचालनसूत्रोंको हाथमें लिये हुए भगवान्‌की विभिन्न अनन्त शक्तियाँ अनवरत किया करती हैं, स्थूल जगत्‌के बहुत बड़े-बड़े परिवर्तन इस अन्तर्जगत्‌की शक्तियोंके जरा-से यन्त्र घुमानेसे ही हो जाते हैं। यह स्तर स्थूल और अपेक्षाकृत बाह्य है। दूसरा सूक्ष्म और आभ्यन्तर स्तर है, जिसमें भगवान् अपने परिकरोंसहित नित्य-लीला करते हैं, जो संसारकी समस्त लीलाओंका आधार है और जिसमें एक-से-एक आगे अनेक स्तर हैं। भगवान्‌की परम कृपासे ही इस सारे रहस्योंका पता लगता है। सगुण साकार भगवत्स्वरूपके अनन्य भक्त ही अन्तर्जगत्‌के इस सूक्ष्मतर स्तरमें प्रवेश कर सकते हैं और भगवत्कृपासे अधिकार-प्राप्त होकर वे आगे बढ़ते-बढ़ते एक स्तरके बाद दूसरे स्तरमें प्रवेश करते हुए अन्तमें उस सर्वोपरि परम सूक्ष्मतम स्तरमें पहुँच जाते हैं, जहाँ भगवान्‌की अत्यन्त गुह्यतम मधुर लीलाएँ होती रहती हैं। इसी सूक्ष्मतम स्तरको विशेष स्तरभेदसे श्रीरामभक्त 'साकेत', श्रीकृष्णभक्त 'गोलोक', श्रीशिवभक्त 'कैलास', श्रीविष्णुभक्त 'वैकुण्ठ', परमधाम, महाकारण आदि कहते हैं। यही भगवान्‌का लौकिक सूर्य-चन्द्रके प्रकाशसे परे, वरं इन सबको प्रकाश देनेवाले दिव्य प्रकाशसे संयुक्त नित्य दिव्यधाम है; इसकी लीलाएँ अनिर्वचनीय होती हैं। यहींकी

लीलाओंका कुछ स्थूल अंश और वह भी बहुत ही थोड़े परिमाणमें—अनन्त जलनिधिके एक जलकणसे भी अल्प परिमाणमें श्रीअयोध्या, जनकपुर, चित्रकूट, पञ्चवटी और श्रीवृन्दावन, मथुरा और द्वारकामें उस समय प्रकट हुआ था, जिस समय स्वयं भगवान् अपने प्रिय प. करोंसहित अयोध्यामें श्रीरामरूपमें और व्रजमें श्रीकृष्णरूपमें प्रकट हुए थे। उनका यह नित्यविहार आज भी वहाँ होता है, भाग्यवान् जन देख पाते हैं! वस्तुतः भगवान्के अवतरणके साथ ही उनके नित्यधामका भी अवतरण होता है। उसीमें भगवान्की लीलाएँ होती हैं, इसीसे लीलाधामोंकी इतनी महिमा है!

——::×::——

नित्य लीलाके समझनेका अधिकार

व्यतिरेक और अन्वय—दोनों प्रकारसे ही ब्रह्मज्ञानकी साधना होती है। जगत्को सर्वथा वस्तुशून्य समझना 'व्यतिरेक' साधना है और चेतनाचेतनात्मक समस्त विश्वमें एक चेतन अखण्ड परिपूर्ण ब्रह्मसत्ताका अनुभव करना 'अन्वय' साधना। दोनों साधनाओंके समन्वयसे जो **'सर्वं खल्विदं ब्रह्म'** , **'नेह नानास्ति किंचन'** तत्त्वकी प्रत्यक्षानुभूति होती है, वही ब्राह्मी स्थिति है।

यही श्रीभगवान्का सच्चिदानन्दमय ब्रह्मस्वरूप है। इसके जान लेनेपर ही समग्र पुरुषोत्तम भगवान् श्रीकृष्णकी प्रेमलीला या व्रजलीलाके समझनेका अधिकार प्राप्त होता है। दिव्य हृदय और दिव्य नेत्रोंके बिना व्रजलीलाके दर्शन नहीं हो सकते। विविध साधनाओंके द्वारा हृदय जब समस्त संस्कारोंसे शून्य होकर शुद्ध सत्त्वमें प्रतिष्ठित हो जाता है और जब सम्पूर्ण विश्वमें एक अखण्ड अनन्त समरस सर्वव्यापक सर्वरूप अव्यक्त ब्रह्मकी साक्षात् अनुभूति होती है, तभी प्रेमकी आँखें खुलती हैं, तभी भगवान्की लीलाके यथार्थ और पूर्ण दर्शनकी योग्यता प्राप्त होती है और तभी प्रेमी भक्तका भगवान्के साथ पूर्णैक्यमय मिलन होता है। यही ज्ञानकी

****

परा निष्ठा है—'**निष्ठा ज्ञानस्य या परा।**' (गीता १८ । ५०) श्रीभगवान्‌ने स्वयं कहा है—

ब्रह्मभूतः प्रसन्नात्मा न शोचति न काङ्क्षति।
समः सर्वेषु भूतेषु मद्भक्तिं लभते पराम्॥
भक्त्या मामभिजानाति यावान्यश्चास्मि तत्त्वतः।
ततो मां तत्त्वतो ज्ञात्वा विशते तदनन्तरम्॥

(गीता १८ । ५४-५५)

'साधक जब प्रसन्न-अन्तःकरण होकर ब्रह्ममें स्थित हो जाता है, जब उसे न तो किसी बातका शोक होता है और न किसी बातकी आकाङ्क्षा ही, समस्त प्राणियोंमें उसका समभाव हो जाता है, तब उसे मेरी पराभक्ति—पूर्ण प्रेम प्राप्त होता है और उस पराभक्तिके द्वारा मुझ भगवान्‌के तत्त्वको—मैं जो कुछ और जितना कुछ हूँ—वह पूरा-पूरा जान लेता है और इस प्रकार तत्त्वसे जानकर वह तुरंत ही मुझमें मिल जाता है (मेरी लीलामें प्रवेश करता है)।'

यह ब्रह्मज्ञान और यह पराभक्ति—केवल ऊँची-ऊँची बातोंसे नहीं मिलती। निरी बातोंसे तो ब्रह्मज्ञानके नामपर मिथ्या अभिमान और भक्तिके नामपर विषय-बिमोहकी प्राप्ति ही होती है। सत्सङ्ग, साधुसेवन, सद्विचार, वैराग्य, भजन, निष्काम कर्म, यम-नियमादिका पालन और तीव्रतम अभिलाषा होनेपर ही इनकी प्राप्ति सम्भव है। भगवत्कृपाकी तो शरीरमें प्राणोंकी भाँति सभी साधनाओंमें अनिवार्य आवश्यकता है।

——::×::——

भगवदवतारका रहस्य

प्रश्न—भगवान्‌के अवतारमें प्रयोजन क्या है? वे किस उद्देश्यसे अवतार लेते हैं ?

उत्तर—भगवान्‌ने स्वयं ही इसका उत्तर दिया है—

परित्राणाय साधूनां विनाशाय च दुष्कृताम्।
धर्मसंस्थापनार्थाय सम्भवामि युगे युगे॥

(गीता ४।८)

'साधुओंके परित्राण, दुष्कर्म करनेवालोंके विनाश और धर्मकी स्थापनाके लिये मैं युग-युगमें प्रकट होता हूँ।'

प्रश्न—साधुओंका परित्राण, पापियोंका विनाश और धर्मकी स्थापना तो भगवान् अपने साधारण-से संकल्पसे ही कर सकते हैं, अधिक करें तो अपनी संनिधिमें रहनेवाले किसी मुक्त कारक पुरुषको भी भेज सकते हैं। भला, जिन भगवान्‌के भ्रूसंकेतमात्रसे अखिल ब्रह्माण्डोंका सृजन और प्रलय हो सकता है, वे स्वयं इस साधारण कार्यके लिये अवतीर्ण क्यों होंगे ?

उत्तर—भगवान्‌की कौन-सी लीला क्यों होती है, इस बातको हमलोग नहीं समझ सकते। भगवान्‌को जानना, पहचानना और उनकी लीलाका रहस्य समझना केवल उनकी कृपासे ही सम्भव है। कोई भी निश्चितरूपसे नहीं कह सकता कि यह बात यों ही है। तथापि इस श्लोकका रहस्यार्थ महात्मालोग इस प्रकार कहते हैं कि यहाँ साधु-शब्दसे गोपाङ्गनाओं-जैसे साधु समझने चाहिये, जिनका परित्राण साक्षात् भगवान्‌के दर्शन बिना हो ही नहीं सकता था तथा दुष्कृती भी भगवान्‌के परम अन्तरङ्ग भक्त जय-विजय-जैसे समझने चाहिये, जिनका दुष्कृत भगवान्‌की लीलाविशेषके विकासके लिये ही था—अन्य दुष्कृतियोंको तो उनका दुष्कर्म ही नष्ट कर देगा। और धर्म-संस्थापनसे यहाँ भक्ति-प्रेम-योगरूप धर्मकी स्थापना समझनी चाहिये, जो ऐसे कोटि-कोटि-कामकमनीय मधुर-मनोहर भजनीय भगवान्‌के बिना हो नहीं सकती। यही अर्थ युक्तियुक्त भी मालूम होता है। हाँ, अवान्तर प्रयोजन सन्मार्गस्थ साधुओंकी रक्षा, भाग्यवान् दुष्कृतियोंका शरीर-विनाशरूपसे उद्धार और पवित्र सनातन धर्मकी स्थापना भी है ही। कुन्तीदेवी स्तुति करती हुई भगवान्‌के अवतारका हेतु बतलाती हैं—

****

तथा परमहंसानां मुनीनाममलात्मनाम्।
भक्तियोगविधानार्थं कथं पश्येम हि स्त्रियः॥

(श्रीमद्भा० १।८।२०)

'जिनके अन्तःकरण सर्वथा मलरहित—पवित्र हैं, उन परमहंस मुनियोंकी भक्तियोगमें प्रवृत्ति करानेके लिये अवतार धारण करनेवाले आपको हम अबलाएँ कैसे देख (जान) सकती हैं।'

इससे ज्ञात होता है कि परमहंस मुनियोंको प्रेमदान करनेके लिये भगवान् स्वयं अवतीर्ण होते हैं। आगे चलकर कुन्तीदेवी श्रीकृष्णावतारके प्रयोजनमें मतभेद दिखलाती हुई कहती हैं—

केचिदाहुरजं जातं पुण्यश्लोकस्य कीर्तये।
यदोः प्रियस्यान्ववाये मलयस्येव चन्दनम्॥
अपरे वसुदेवस्य देवक्यां याचितोऽभ्यगात्।
अर्भत्वमस्य क्षेमाय वधाय च सुरद्विषाम्॥
भारावतारणायान्ये भुवो नाव इवोदधौ।
सीदन्त्या भूरिभारेण जातो ह्यात्मभुवार्थितः॥
भवेऽस्मिन् क्लिश्यमानानामविद्याकामकर्मभिः।
श्रवणस्मरणार्हाणि करिष्यन्निति केचन॥
शृण्वन्ति गायन्ति गृणन्त्यभीक्ष्णशः
स्मरन्ति नन्दन्ति तवेहितं जनाः।
त एव पश्यन्त्यचिरेण तावकं
भवप्रवाहोपरमं पदाम्बुजम्॥

(श्रीमद्भा० १।८।३२—३६)

'कोई कहते हैं कि आपने पुण्यश्लोक राजा युधिष्ठिरका यश बढ़ानेके लिये ही यदुवंशमें अवतार लिया है अथवा चन्दन जिस प्रकार मलयाचलमें पैदा होकर उसकी कीर्ति बढ़ाता है, उसी प्रकार आपने महाराज यदुका यश बढ़ानेके लिये यदुवंशमें अवतार लिया है। किसीका कथन है कि श्रीवसुदेव-देवकीने अपने पूर्वजन्ममें आपसे

पुत्ररूपमें प्रकट होनेकी प्रार्थना की थी; उनकी प्रार्थनासे अजन्मा होते हुए भी आप जगत्‌के कल्याण और देवद्रोही दानवोंका वध करनेके लिये ही उनके पुत्ररूपसे अवतीर्ण हुए हैं। कोई कहता है कि समुद्रमें डूबती हुई नौकाके समान पृथ्वी भारी भारसे डूबी जा रही थी, उसके भारको उतारनेके लिये आपने ब्रह्माजीकी प्रार्थनासे अवतार धारण किया है।' अब कुन्तीजी अपना मत प्रकट करती हैं कि 'इस संसारमें अज्ञान, कामना और कामनायुक्त कर्मोंके कुचक्रमें पड़े हुए जो जीव विभिन्न प्रकारके क्लेश भोग रहे हैं, उन संतप्त जीवोंको क्लेशसे मुक्त करनेके लिये उनके सुनने और मनन करने योग्य सुन्दर दिव्य लीलाओंको करनेके लिये आपने अवतार लिया है। जो लोग आपकी प्रेमभरी दिव्य लीलाओंको सुनते हैं, गाते हैं, कीर्तन करते हैं, बार-बार स्मरण करके आनन्दित होते हैं, वे शीघ्र ही जन्म-मरणरूपी संसार-प्रवाहको शान्त करनेवाले आपके मङ्गलमय चरणकमलोंके दर्शन पा जाते हैं।'

उपर्युक्त सभी प्रयोजन उचित और सत्य हैं, परंतु कुन्तीजीका बतलाया हुआ अन्तिम प्रयोजन बहुत ही हृदयग्राही है। भगवच्चरित्र ही वस्तुतः भवसागरसे तरनेके लिये दृढ़ नौका है। कलियुगी जीवोंका तो यही आधार है। इसीसे गोसाईं तुलसीदासजीने कहा है—

कलिजुग सम जुग आन नहिं जौ नर कर बिस्वास।
गाइ राम गुन गन बिमल भव तर बिनहिं प्रयास॥

अमलात्मा मुनियोंको भक्तियोग प्रदान करनेवाला प्रयोजन भी बहुत ही युक्तियुक्त है। इसीसे तो पवित्र भागवतधर्मकी स्थापना होती है। इन्हीं हेतुओंसे सर्वतन्त्र-स्वतन्त्र इच्छाशून्य भगवान् अवतीर्ण होनेकी इच्छा करते हैं।

प्रश्न—जय-विजयादि-सरीखे दुष्कृतियोंकी और प्रेमधर्म-स्थापनाकी बात तो समझमें आ गयी, परंतु गोपाङ्गनाओंके परित्राणकी बात कुछ समझमें नहीं आयी। उनको क्या दुःख था, जिससे भगवान्‌के साक्षात् अवतीर्ण हुए बिना वे उससे नहीं छूट सकती थीं?

उत्तर—सौन्दर्य-माधुर्य-सुधासागर नटनागर भगवान्‌के दिव्याति-दिव्य मङ्गल स्वरूपके दर्शनकी लालसा ही उनका महान् दुःख था। वे इसी घोर विरहतापसे संतप्त

****

थीं, उनका यह ताप बिना श्रीभगवान्के साक्षात् मिलनके मिट ही नहीं सकता था। इस दुःखसे परित्राण करनेके लिये ही भगवान् स्वयं प्रकट हुए।

परंतु यहाँ यह नहीं समझना चाहिये कि प्रयोजनका यही एकमात्र स्वरूप है। विभिन्न युगोंमें प्रयोजनोंके विभिन्न स्वरूप होते हैं; परंतु उनमें बातें वे तीन ही होती हैं—साधुपरित्राण, दुष्टविनाश और धर्मसंस्थापन।

——::×::——

माखनचोरीका रहस्य

भगवान्की लीलापर विचार करते समय यह बात स्मरण रखनी चाहिये कि भगवान्का लीलाधाम, भगवान्के लीलापात्र और भगवान्का लीलाशरीर प्राकृत नहीं होता। भगवान्में देह-देहीका भेद नहीं है। महाभारतमें आया है—

न भूतसंघसंस्थानो देवस्य परमात्मनः।
यो वेत्ति भौतिकं देहं कृष्णस्य परमात्मनः॥
स सर्वस्माद् बहिष्कार्यः श्रौतस्मार्तविधानतः।
मुखं तस्यावलोक्यापि सचैलः स्नानमाचरेत्॥

'परमात्माका शरीर भूतसमुदायसे बना हुआ नहीं होता। जो मनुष्य श्रीकृष्ण परमात्माके शरीरको भौतिक जानता-मानता है, उसका समस्त श्रौत-स्मार्त कर्मोंसे बहिष्कार कर देना चाहिये अर्थात् उसका किसी भी शास्त्रीय कर्ममें अधिकार नहीं है। यहाँतक कि उसका मुँह देखनेपर भी सचैल (वस्त्रसहित) स्नान करना चाहिये।'

श्रीमद्भागवत (१०।१४।२) में ब्रह्माजीने भगवान् श्रीकृष्णकी स्तुति करते हुए कहा है—

अस्यापि देव वपुषो मदनुग्रहस्य
स्वेच्छामयस्य न तु भूतमयस्य कोऽपि॥

'आपने मुझपर कृपा करनेके लिये ही यह स्वेच्छामय सच्चिदानन्दस्वरूप प्रकट किया है, यह पाञ्चभौतिक कदापि नहीं है।'

इससे यह स्पष्ट है कि भगवान्‌का सभी कुछ अप्राकृत होता है, उनके जन्म-कर्मकी सभी लीलाएँ दिव्य होती हैं; परंतु यह व्रजकी लीला, व्रजमें निकुञ्जलीला और निकुञ्जमें भी केवल रसमयी गोपियोंके साथ होनेवाली मधुर लीला तो दिव्यातिदिव्य और सर्वगुह्यतम है। यह लीला सर्वसाधारणके सम्मुख प्रकट नहीं है, सर्वथा अन्तरङ्ग-लीला है और इसमें प्रवेशका अधिकार केवल श्रीगोपीजनोंको ही है।

यदि भगवान्‌के नित्य परमधाममें अभिन्नरूपसे नित्य निवास करनेवाली नित्यसिद्धा गोपियोंकी दृष्टिसे न देखकर केवल साधनसिद्धा गोपियोंकी दृष्टिसे देखा जाय तो भी उनकी तपस्या इतनी कठोर थी, उनकी लालसा इतनी अनन्य थी, उनका प्रेम इतना व्यापक था और उनकी लगन इतनी सच्ची थी कि भक्तवाञ्छाकल्पतरु प्रेमरसमय भगवान् उनके इच्छानुसार उन्हें सुख पहुँचानेके लिये माखनचोरीकी लीला करके उनकी अभीष्ट पूजा ग्रहण करें, चीरहरण करके उनका रहा-सहा व्यवधानका परदा उठा दें और रासलीला करके उनको दिव्य सुख पहुँचायें तो कोई बड़ी बात नहीं है।

भगवान्‌की नित्यसिद्धा चिदानन्दमयी गोपियोंके अतिरिक्त बहुत-सी ऐसी गोपियाँ और थीं, जो अपनी महान् साधनाके फलस्वरूप भगवान्‌की मुक्तजन-वाञ्छित सेवा करनेके लिये गोपियोंके रूपमें अवतीर्ण हुई थीं। उनमेंसे कुछ पूर्वजन्मकी देवकन्याएँ थीं, कुछ श्रुतियाँ थीं, कुछ तपस्वी ऋषि थे और कुछ अन्य भक्तजन। इनकी कथाएँ विभिन्न पुराणोंमें मिलती हैं। श्रुतिरूप गोपियाँ, जो 'नेति-नेति'के द्वारा निरन्तर परमात्माका वर्णन करते रहनेपर भी उन्हें साक्षाद्‌रूपसे प्राप्त नहीं कर सकतीं, गोपियोंके साथ भगवान्‌के दिव्य रसमय विहारकी बात जानकर गोपियोंकी उपासना करती हैं और अन्तमें स्वयं गोपीरूपमें परिणत होकर भगवान् श्रीकृष्णको साक्षात् अपने प्रियतमरूपसे प्राप्त करती हैं। इनमें मुख्य श्रुतियोंके नाम हैं—उद्‌गीता, सुगीता, कलगीता, कलकण्ठिका और विपञ्ची आदि।

भगवान्‌के श्रीरामावतारमें उन्हें देखकर मुग्ध होनेवाले—अपने-आपको उनके

स्वरूप-सौन्दर्यपर न्यौछावर कर देनेवाले ऋषिगण, जिनकी प्रार्थनासे प्रसन्न होकर भगवान्‌ने उन्हें गोपी होकर अपनेको प्राप्त करनेका वर दिया था, व्रजमें गोपीरूपसे अवतीर्ण हुए थे। इसके अतिरिक्त मिथिलाकी गोपियाँ, कोसलकी गोपियाँ, अयोध्याकी गोपियाँ—पुलिन्दगोपियाँ, रमावैकुण्ठ, श्वेतद्वीप आदिकी गोपियाँ और जालन्धरी गोपियाँ आदि गोपियोंके अनेकों यूथ थे, जिनको बड़ी तपस्या करके भगवान्‌से वरदान पाकर गोपीरूपमें अवतीर्ण होनेका सौभाग्य प्राप्त हुआ था। पद्मपुराणके पातालखण्डमें बहुत-से ऐसे ऋषियोंका वर्णन है, जिन्होंने बड़ी कठिन तपस्या आदि करके अनेकों कल्पोंके बाद गोपीस्वरूपको प्राप्त किया था। उनमेंसे कुछके नाम निम्नलिखित हैं—

१—एक उग्रतपा नामके ऋषि थे। वे अग्निहोत्री और बड़े दृढ़व्रती थे। उनकी तपस्या अद्‌भुत थी। उन्होंने पञ्चदशाक्षरमन्त्रका जाप और रासोन्मत्त नव-किशोर श्यामसुन्दर श्रीकृष्णका ध्यान किया था। सौ कल्पोंके बाद वे सुनन्द नामक गोपकी कन्या 'सुनन्दा' हुए।

२—एक सत्यतपा नामके मुनि थे। वे सूखे पत्तेपर रहकर दशाक्षर-मन्त्रका जाप और श्रीराधाजीके दोनों हाथ पकड़कर नाचते हुए श्रीकृष्णका ध्यान करते थे। दस कल्पके बाद वे सुभद्र नामक गोपकी कन्या 'सुभद्रा' हुए।

३—हरिधामा नामके एक ऋषि थे। वे निराहार रहकर 'क्लीं' कामबीजसे युक्त विंशाक्षरी मन्त्रका जाप करते थे और माधवीमण्डपमें कोमल-कोमल पत्तोंकी शय्यापर लेटे हुए युगल-सरकारका ध्यान करते थे। तीन कल्पके पश्चात् वे सारङ्ग नामक गोपके घर 'रङ्गवेणी' नामसे अवतीर्ण हुए।

४—जाबालि नामके ब्रह्मज्ञानी ऋषि, उन्होंने एक बार विशाल वनमें विचरते-विचरते एक जगह बहुत बड़ी बावली देखी। उस बावलीके पश्चिम तटपर बड़के नीचे एक युवती स्त्री कठोर तपस्या कर रही थी। वह बड़ी सुन्दर थी। चन्द्रमाकी शुभ्र किरणोंके समान उसकी किरणें चारों ओर छिटक रही थीं। उसका बाँया हाथ अपनी कमरपर था और दाहिने हाथसे वह ज्ञानमुद्रा धारण किये हुए थी। जाबालिके बड़ी नम्रताके साथ पूछनेपर उस तापसीने बताया—

****

ब्रह्मविद्याहमतुला योगीन्द्रैर्या च मृग्यते।
साहं हरिपदाम्भोजकाम्यया सुचिरं तपः॥
चराम्यस्मिन् वने घोरे ध्यायन्ती पुरुषोत्तमम्।
ब्रह्मानन्देन पूर्णाहं तेनानन्देन तृप्तधीः॥
तथापि शून्यमात्मानं मन्ये कृष्णरतिं विना।

(पद्मपुराण, पाताल० ७२। ३०—३२)

'मैं वह अनुपम ब्रह्मविद्या हूँ, जिसे बड़े-बड़े योगी सदा ढूँढ़ा करते हैं। मैं श्रीकृष्णके चरण-कमलोंकी प्राप्तिके लिये इस घोर वनमें उस पुरुषोत्तमका ध्यान करती हुई दीर्घकालसे तपस्या कर रही हूँ। मैं ब्रह्मानन्दसे परिपूर्ण हूँ और मेरी बुद्धि भी उसी आनन्दसे परितृप्त है। परंतु श्रीकृष्णका प्रेम मुझे अभी प्राप्त नहीं हुआ, इसलिये मैं अपनेको शून्य देखती हूँ।' ब्रह्मज्ञानी जाबालिने उसके चरणोंपर गिरकर दीक्षा ली और फिर व्रजवीथियोंमें विहरनेवाले भगवान्‌का ध्यान करते हुए वे एक पैरसे खड़े होकर कठोर तपस्या करते रहे। नौ कल्पोंके बाद प्रचण्ड नामक गोपके घर वे 'चित्रगन्धा'के रूपमें प्रकट हुए।

५—कुशध्वज नामक ब्रह्मर्षिके पुत्र शुचिश्रवा और सुवर्ण वेदतत्त्वज्ञ थे। उन्होंने शीर्षासन करके '**ह्रीं हंसः**' मन्त्रका जप करते हुए और कंदर्प-सुन्दर गोकुलवासी दस वर्षकी उम्रके भगवान् श्रीकृष्णका ध्यान करते हुए घोर तपस्या की। कल्पके बाद वे व्रजमें सुधीर नामक गोपके घर उत्पन्न हुए।

इसी प्रकार और भी बहुत-सी गोपियोंके पूर्वजन्मकी कथाएँ प्राप्त होती हैं, विस्तारभयसे उन सबका उल्लेख यहाँ नहीं किया गया। भगवान्‌के लिये इतनी तपस्या करके, इतनी लगनके साथ कल्पोंतक साधना करके जिन त्यागी भगवत्प्रेमियोंने गोपियोंका तन-मन प्राप्त किया था, उनकी अभिलाषा पूर्ण करनेके लिये, उन्हें आनन्द-दान देनेके लिये यदि भगवान् उनकी मनचाही लीला करते हैं तो इसमें आश्चर्य और अनाचारकी कौन-सी बात है? रासलीलाके प्रसङ्गमें स्वयं भगवान्‌ने गोपियोंसे कहा है—

****

न पारयेऽहं निरवद्यसंयुजां
स्वसाधुकृत्यं विबुधायुषापि वः ।
या माभजन् दुर्जरगेहशृङ्खलाः
संवृश्च्य तद् वः प्रतियातु साधुना ॥
(१०।३२।२२)

'गोपियो ! तुमने घरकी सारी कठिन बेड़ियोंको काटकर मुझसे निष्कपट प्रेम किया है; यदि मैं तुममेंसे प्रत्येकके लिये अलग-अलग देवताओंकी आयुतक जीवन धारण करके तुम्हारे प्रेमका बदला चुकाना चाहूँ तो भी नहीं चुका सकता। मैं तुम्हारा ऋणी हूँ और ऋणी ही रहूँगा। तुम मुझे अपने साधुस्वभावसे ऋणरहित मानकर और भी ऋणी बना दो। यही उत्तम है।' सर्वलोकमहेश्वर भगवान् श्रीकृष्ण स्वयं जिन महाभागा गोपियोंके ऋणी बने रहना चाहते हैं, उनकी इच्छा, इच्छा होनेसे पूर्व ही, भगवान् पूर्ण कर दें—यह तो स्वाभाविक ही है।

भला, विचारिये तो सही—श्रीकृष्णगतप्राणा, श्रीकृष्णरस-भावितमति गोपियोंके मनकी क्या स्थिति थी। गोपियोंका तन, मन, धन—सभी कुछ प्राणप्रियतम श्रीकृष्णका था। वे संसारमें जीती थीं श्रीकृष्णके लिये, घरमें रहती थीं श्रीकृष्णके लिये और घरके सारे काम करती थीं श्रीकृष्णके लिये। उनकी निर्मल और योगीन्द्र-दुर्लभ पवित्र बुद्धिमें श्रीकृष्णके सिवा अपना कुछ था ही नहीं। श्रीकृष्णके लिये ही , श्रीकृष्णको सुख पहुँचानेके लिये ही, श्रीकृष्णकी निज सामग्रीसे ही श्रीकृष्णको पूजकर—श्रीकृष्णको देखकर वे सुखी होती थीं। प्रातःकाल निद्रा टूटनेके समयसे लेकर रातको सोनेतक वे जो कुछ भी करती थीं, सब श्रीकृष्णकी प्रीतिके लिये ही करती थीं। यहाँतक कि उनकी निद्रा भी श्रीकृष्णमें ही होती थी। स्वप्न और सुषुप्ति—दोनोंमें ही वे श्रीकृष्णकी मधुर और शान्त लीला देखती और अनुभव करती थीं। रातको दही जमाते समय श्यामसुन्दरकी माधुरी छबिका ध्यान करती हुई प्रेममयी प्रत्येक गोपी अभिलाषा करती थी कि मेरा दही सुन्दर जमे, श्रीकृष्णके लिये उसे बिलोकर मैं बढ़िया-सा और बहुत-सा माखन निकालूँ और उसे उतने ही ऊँचे छींकेपर रखूँ, जितनेपर श्रीकृष्णके हाथ आसानीसे पहुँच सकें, फिर मेरे प्राणधन

बालकृष्ण अपने सखाओंको साथ लेकर हँसते और क्रीडा करते हुए घरमें पदार्पण करें, माखन लूटें और अपने सखाओं और बंदरोंको लुटायें, आनन्दमें मत्त होकर मेरे आँगनमें नाचें और मैं किसी कोनेमें छिपकर इस लीलाको अपनी आँखोंसे देखकर जीवनको सफल करूँ और फिर अचानक ही पकड़कर हृदयसे लगा लूँ। सूरदासजीने गाया है—

मैया री मोहि माखन भावै।
जो मेवा पकवान कहत तू, मोहि नहीं रुचि आवै॥
ब्रज-जुवती इक पाछें ठाड़ी, सुनत स्याम की बात।
मन-मन कहति कबहुँ अपनें घर देखौं माखन खात॥
बैठें जाइ मथनियाँ के ढिग, मैं तब रहौं छपानी।
सूरदास प्रभु अंतरजामी, ग्वालिन मन की जानी॥

एक दिन श्यामसुन्दर कह रहे थे, 'मैया! मुझे माखन भाता है; तू मेवा-पकवानके लिये कहती है, परंतु मुझे तो वे रुचते ही नहीं।' वहीं पीछे एक गोपी खड़ी श्यामसुन्दरकी बात सुन रही थी। उसने मन-ही-मन कामना की—'मैं कब इन्हें अपने घर माखन खाते देखूँगी ? ये मथानीके पास जाकर बैठेंगे, तब मैं छिप रहूँगी!' प्रभु तो अन्तर्यामी हैं, गोपीके मनकी जान गये और उसके घर पहुँचे तथा उसके घरका माखन खाकर उसे सुख दिया—'**गये स्याम तिहि ग्वालिनि कें घर।**'

उसे इतना आनन्द हुआ कि वह फूली न समायी। सूरदासजी गाते हैं—

फूली फिरती ग्वालि मन में री।
पूछति सखी परस्पर बातैं, पायौ परयो कछू कहुँ तैं री!
पुलकित रोम-रोम गदगद, मुख बानी कहत न आवै।
ऐसौ कहा आहि सो सखि री, हम कौं क्यौं न सुनावै॥
तन न्यारौ, जिय एक हमारौ, हम तुम एकै रूप।
सूरदास कहै ग्वालि सखिनि सौं, देख्यौ रूप अनूप॥

वह खुशीसे छककर फूली-फूली फिरने लगी। आनन्द उसके हृदयमें समा नहीं रहा था। सहेलियोंने पूछा—'अरी! तुझे कहीं कुछ पड़ा धन मिल गया क्या ?' वह

****

तो यह सुनकर और भी प्रेमविह्वल हो गयी। उसका रोम-रोम खिल उठा, वह गद्गद हो गयी, मुँहसे बोली नहीं निकली। सखियोंने कहा—'सखि ! ऐसी क्या बात है, हमें सुनाती क्यों नहीं ? हमारे शरीर ही दो हैं, हमारा जी तो एक ही है—हम-तुम दोनों एकरूप ही हैं। भला, हमसे छिपानेकी कौन-सी बात है ?' तब उसके मुँहसे इतना ही निकला—'मैंने आज अनूप रूप देखा है।' बस, फिर वाणी रुक गयी और प्रेमके आँसू बहने लगे। सभी गोपियोंकी यही दशा थी।

ब्रज घर-घर प्रगटी यह बात।
दधि-माखन चोरी करि लै हरि, ग्वाल सखा सँग खात॥
ब्रज-बनिता यह सुनि मन हरषित, सदन हमारें आवैं।
माखन खात अचानक पावैं, भुज भरि उरहिं छुवावैं॥
मनहीं मन अभिलाष करति सब, हृदय धरति यह ध्यान।
सूरदास प्रभु कौं घर मैं लै, दैहौं माखन खान॥

× × × ×

चली ब्रज घर-घरनि यह बात।
नंद-सुत, सँग सखा लीन्हें, चोरि माखन खात॥
कोउ कहति, मेरे भवन भीतर, अबहिं पैठे धाइ।
कोउ कहति मोहि देखि द्वारें, उतहिं गए पराइ॥
कोउ कहति, किहिं भाँति हरि कौं, देखौं अपने धाम।
हेरि माखन देउँ आछौ, खाइ जितनौ स्याम॥
कोउ कहति, मैं देखि पाऊँ, भरि धरौं अँकवारि!
कोउ कहति, मैं बाँधि राखौं, को सकै निरवारि॥
सूर प्रभु के मिलन कारन, करति बिबिध विचार।
जोरि कर बिधि कौं मनावति पुरुष नंदकुमार॥

रातों गोपियाँ जाग-जागकर प्रातःकाल होनेकी बाट देखतीं। उनका मन श्रीकृष्णमें लगा रहता। प्रातःकाल जल्दी-जल्दी दही मथकर, माखन निकालकर छींकेपर रखतीं। कहीं प्राणधन आकर लौट न जायँ, इसलिये सब काम छोड़कर वे

सबसे पहले यही काम करतीं और श्यामसुन्दरकी प्रतीक्षामें व्याकुल होती हुई मन-ही-मन सोचतीं—हा ! आज प्राणप्रियतम क्यों नहीं आये ? इतनी देर क्यों हो गयी ? क्या आज इस दासीका घर पवित्र न करेंगे ? क्या आज मेरे समर्पण किये हुए इस तुच्छ माखनका भोग लगाकर स्वयं सुखी होकर मुझे सुख न देंगे ? कहीं यशोदा मैयाने तो उन्हें नहीं रोक लिया ? उनके घर तो नौ लाख गौएँ हैं। माखनकी क्या कमी है ! मेरे घर तो वे कृपा करके ही आते हैं ! इन्हीं विचारोंमें आँसू बहाती हुई गोपी क्षण-क्षणमें दौड़कर दरवाजेपर जाती। लाज छोड़कर रास्तेकी ओर देखती। सखियोंसे पूछती। एक-एक निमेष उसके लिये युगके समान हो जाता। ऐसी भाग्यवती गोपियोंकी मनःकामना भगवान् उनके घर पधारकर पूर्ण करते।

सूरदासजीने गाया है—

प्रथम करी हरि माखन-चोरी।
ग्वालिनि मन इच्छा करि पूरन, आप भजे ब्रज-खोरी॥
मन में यहै बिचार करत हरि, ब्रज घर-घर सब जाऊँ।
गोकुल जनम लियौ सुख-कारन, सब कें माखन खाऊँ॥
बालरूप जसुमति मोहि जानै, गोपिनि मिलि सुख-भोग।
सूरदास प्रभु कहत प्रेम सौं, ये मेरे ब्रज लोग॥

अपने निजजन व्रजवासियोंको सुखी करनेके लिये ही तो भगवान् गोकुलमें पधारे थे। माखन तो नन्दबाबाके घरपर कम न था, लाख-लाख गौएँ थीं। वे चाहे जितना खाते-लुटाते। परंतु वे तो केवल नन्दबाबाके ही नहीं, सभी व्रजवासियोंके अपने थे, सभीको सुख देना चाहते थे। गोपियोंकी लालसा पूरी करनेके लिये ही वे उनके घर जाते और चुरा-चुराकर माखन खाते। यह वास्तवमें चोरी नहीं, यह तो गोपियोंकी पूजा-पद्धतिका भगवान्के द्वारा स्वीकार था। भक्तवत्सल भगवान् भक्तकी पूजाका स्वीकार कैसे न करें ?

भगवान्की इस दिव्यलीला—माखनचोरीका रहस्य न जाननेके कारण ही कुछ लोग इसे आदर्शके विपरीत बतलाते हैं। उन्हें पहले समझना चाहिये चोरी क्या वस्तु है, वह किसकी होती है और कौन करता है। चोरी उसे कहते हैं जब किसी दूसरेकी

कोई वस्तु उसकी इच्छाके बिना, उसके अनजानमें और आगे भी वह जान न पाये—ऐसी इच्छा रखकर ले ली जाती है। भगवान् श्रीकृष्ण गोपियोंके घरसे माखन लेते थे उनकी इच्छासे, गोपियोंके अनजानमें नहीं—उनकी जानमें, उनके देखते-देखते और आगे जनानेकी कोई बात ही नहीं—उनके सामने ही दौड़ते हुए निकल जाते थे। दूसरी बात महत्त्वकी यह है कि संसारमें या संसारके बाहर ऐसी कौन-सी वस्तु है, जो श्रीभगवान्की नहीं है और वे उसकी चोरी करते हैं? गोपियोंका तो सर्वस्व श्रीभगवान्का था ही, सारा जगत् ही उनका है। वे भला, किसकी चोरी कर सकते हैं ? हाँ, चोर तो वास्तवमें वे लोग हैं, जो भगवान्की वस्तुको अपनी मानकर ममता-आसक्तिमें फँसे रहते हैं और दण्डके पात्र बनते हैं। उपर्युक्त सभी दृष्टियोंसे यही सिद्ध होता है कि माखनचोरी चोरी न थी, भगवान्की दिव्य लीला थी। असलमें गोपियोंने प्रेमकी अधिकतासे ही भगवान्का प्रेमका नाम 'चोर' रख दिया था; क्योंकि वे उनके चित्तचोर तो थे ही। यही रहस्य है।

जो लोग भगवान् श्रीकृष्णको भगवान् नहीं मानते, यद्यपि उन्हें श्रीमद्भागवतमें वर्णित भगवान्की लीलापर विचार करनेका कोई अधिकार नहीं है, उनकी दृष्टिसे भी इस प्रसङ्गमें कोई आपत्तिजनक बात नहीं है; क्योंकि श्रीकृष्ण उस समय लगभग दो-तीन वर्षके बच्चे थे और गोपियाँ अत्यधिक स्नेहके कारण उनके ऐसे-ऐसे मधुर खेल देखना चाहती थीं।

——::×::——

चीरहरण-रहस्य

चीरहरणके प्रसङ्गको लेकर कई तरहकी शङ्काएँ की जाती हैं, अतएव इस सम्बन्धमें कुछ विचार करना आवश्यक है। वास्तवमें बात यह है कि सच्चिदानन्दघन भगवान्की दिव्य मधुर रसमयी लीलाओंका रहस्य जाननेका सौभाग्य बहुत थोड़े लोगोंको होता है। जिस प्रकार भगवान् चिन्मय हैं, उसी प्रकार उनकी लीलाएँ भी चिन्मयी होती हैं। सच्चिदानन्दरसमय साम्राज्यके जिस परमोन्नत स्तरमें यह लीला हुआ

करती है, उसकी ऐसी विलक्षणता है कि कई बार तो ज्ञान-विज्ञानस्वरूप विशुद्ध चेतन परमब्रह्ममें भी उसका प्राकट्य नहीं होता और इसीलिये ब्रह्मसाक्षात्कारको प्राप्त महात्मालोग भी इस लीला-रसका समास्वादन नहीं कर पाते। भगवान्‌की इस परमोज्ज्वल दिव्य रस-लीलाका यथार्थ प्रकाश तो भगवान्‌की स्वरूपभूता ह्लादिनी शक्ति नित्यनिकुञ्जेश्वरी श्रीवृषभानुनन्दिनी श्रीराधाजी और तदङ्गभूता प्रेममयी गोपियोंके ही हृदयमें होता है और वे ही निरावरण होकर भगवान्‌की इस परम अन्तरङ्ग रसमयी लीलाका समास्वादन करती हैं।

दशम स्कन्धके इक्कीसवें अध्यायमें ऐसा वर्णन आया है कि भगवान्‌की रूपमाधुरी, वंशीध्वनि और प्रेममयी लीलाएँ देख-सुनकर गोपियाँ मुग्ध हो जाती हैं। बाईसवें अध्यायमें उसी प्रेमकी पूर्णता प्राप्त करनेके लिये वे साधनमें लग जाती हैं। इसी अध्यायमें भगवान् आकर उनकी साधना पूर्ण करते हैं। यही चीर-हरणका प्रसङ्ग है।

गोपियाँ क्या चाहती थीं, यह बात उनकी साधनासे स्पष्ट है। वे चाहती थीं—श्रीकृष्णके प्रति पूर्ण आत्म-समर्पण, श्रीकृष्णके साथ इस प्रकार घुल-मिल जाना कि उनका रोम-रोम, मन-प्राण, सम्पूर्ण आत्मा केवल श्रीकृष्णमय हो जाय। शरत्-कालमें उन्होंने श्रीकृष्णकी वंशीध्वनिकी चर्चा आपसमें की थी, हेमन्तके पहले ही महीनेमें अर्थात् भगवान्‌के विभूतिस्वरूप मार्गशीर्षमें उनकी साधना प्रारम्भ हो गयी। विलम्ब उनके लिये असह्य था। जाड़ेके दिनोंमें वे प्रातःकाल ही यमुना-स्नानके लिये जातीं, उन्हें शरीरकी परवा नहीं थी। बहुत-सी कुमारी ग्वालिनें एक साथ हो जातीं, उनमें ईर्ष्या-द्वेष नहीं था। वे ऊँचे स्वरसे श्रीकृष्णका नामकीर्तन करती हुई जातीं, उन्हें गाँव और जातिवालोंका भय नहीं था। वे घरमें भी हविष्यान्नका ही भोजन करतीं, वे श्रीकृष्णके लिये इतनी व्याकुल हो गयी थीं कि उन्हें माता-पितातकका संकोच नहीं था। वे विधिपूर्वक देवीकी बालुकामयी मूर्ति बनाकर पूजा और मन्त्र-जप करती थीं। अपने इस कार्यको सर्वथा उचित और प्रशस्त मानती थीं। एक वाक्यमें—उन्होंने अपना कुल, परिवार, धर्म, संकोच और व्यक्तित्व भगवान्‌के चरणोंमें सर्वथा समर्पण कर दिया था। वे यही जपती रहती थीं कि एकमात्र नन्दनन्दन

ही हमारे प्राणोंके स्वामी हों। श्रीकृष्ण तो वस्तुतः उनके स्वामी थे ही; परंतु लीलाकी दृष्टिसे उनके समर्पणमें थोड़ी कमी थी। वे निरावरणरूपसे श्रीकृष्णके सामने नहीं जा रही थीं, उनमें थोड़ी झिझक थी; उनकी यही झिझक दूर करनेके लिये—उनकी साधना, उनका समर्पण पूर्ण करनेके लिये उनका आवरण भङ्ग कर देनेकी आवश्यकता थी, उनका यह आवरणरूप चीर हर लेना जरूरी था और यही काम भगवान् श्रीकृष्णने किया। इसीके लिये वे योगेश्वरोंके ईश्वर भगवान् अपने मित्र ग्वालबालोंके साथ यमुनातटपर पधारे थे।

साधक अपनी शक्तिसे, अपने बल और संकल्पसे केवल अपने निश्चयसे पूर्ण समर्पण नहीं कर सकता। समर्पण भी एक क्रिया है और उसका करनेवाला असमर्पित ही रह जाता है। ऐसी स्थितिमें अन्तरात्माका पूर्ण समर्पण तब होता है, जब भगवान् स्वयं आकर वह संकल्प स्वीकार करते हैं और संकल्प करनेवालेको स्वीकार करते हैं। यहीं जाकर समर्पण पूर्ण होता है। साधकका कर्तव्य है—पूर्ण समर्पणकी तैयारी! उसे पूर्ण तो भगवान् ही करते हैं।

भगवान् श्रीकृष्ण यों तो लीलापुरुषोत्तम हैं; फिर भी जब अपनी लीला प्रकट करते हैं, तब वे मर्यादाका उल्लङ्घन नहीं करते, स्थापना ही करते हैं। विधिका अतिक्रमण करके कोई साधनाके मार्गमें अग्रसर नहीं हो सकता। परंतु हृदयकी निष्कपटता, सचाई और सच्चा प्रेम विधिके अतिक्रमणको भी हलका कर देता है। गोपियाँ श्रीकृष्णको प्राप्त करनेके लिये जो साधना कर रही थीं, उसमें एक त्रुटि थी। वे शास्त्र-मर्यादा और परम्परागत सनातन मर्यादाका उल्लङ्घन करके नग्न-स्नान करती थीं। यद्यपि उनकी यह क्रिया अज्ञानपूर्वक ही थी, तथापि भगवान्के द्वारा इसका मार्जन होना आवश्यक था। भगवान्ने गोपियोंसे इसका प्रायश्चित्त भी करवाया। जो लोग भगवान्के प्रेमके नामपर विधिका उल्लङ्घन करते हैं, उन्हें यह प्रसङ्ग ध्यानसे पढ़ना चाहिये और भगवान् शास्त्रविधिका कितना आदर करते हैं, यह देखना चाहिये।

वैसी भक्तिका पर्यवसान रागात्मिका भक्तिमें है और रागात्मिका भक्ति पूर्ण समर्पणके रूपमें परिणत हो जाती है। गोपियोंने वैधी भक्तिका अनुष्ठान किया, उनका हृदय तो रागात्मिका भक्तिसे भरा हुआ था ही। अब पूर्ण समर्पण होना चाहिये।

चीरहरणके द्वारा वही कार्य सुसम्पन्न होता है।

गोपियोंने जिनके लिये लोक-परलोक, स्वार्थ-परमार्थ, जाति-कुल, पुरजन-परिजन और गुरुजनोंकी परवा नहीं की, जिनकी प्राप्तिके लिये ही उनका यह महान् अनुष्ठान है, जिनके चरणोंमें उन्होंने अपना सर्वस्व निछावर कर रखा है, जिनसे निरावरण मिलनकी ही एकमात्र अभिलाषा उनके मनमें है, उन्हीं निरावरण रसमय भगवान् श्रीकृष्णके सामने वे निरावरण भावसे न जा सकें—क्या यह उनकी साधनाकी अपूर्णता नहीं है ? है, अवश्य है और यह समझकर ही गोपियाँ निरावरणरूपसे उनके सामने गयीं।

श्रीकृष्ण चराचर प्रकृतिके एकमात्र अधीश्वर हैं; समस्त क्रियाओंके कर्ता, भोक्ता और साक्षी भी वे ही हैं। ऐसा एक भी व्यक्त या अव्यक्त पदार्थ नहीं है, जो बिना किसी परदेके उनके सामने न हो। वे ही सर्वव्यापक, अन्तर्यामी हैं। गोपियोंके, गोपोंके और निखिल विश्वके वे ही आत्मा हैं। उन्हें स्वामी, गुरु, पिता, माता, सखा, पति आदिके रूपमें मानकर लोग उन्हींकी उपासना करते हैं। गोपियाँ उन्हीं भगवान्‌को, यह जानते हुए कि ये ही भगवान् हैं—ये ही योगेश्वरेश्वर, क्षराक्षरातीत पुरुषोत्तम हैं—पतिके रूपमें प्राप्त करना चाहती थीं। श्रीमद्भागवतके दशम स्कन्धका श्रद्धाभावसे पाठ कर जानेपर यह बात बहुत ही स्पष्ट हो जाती है कि गोपियाँ श्रीकृष्णके वास्तविक स्वरूपको जानती थीं, पहचानती थीं। वेणुगीत, गोपीगीत, युगलगीत और श्रीकृष्णके अन्तर्धान हो जानेपर गोपियोंके अन्वेषणमें यह बात कोई भी देख-सुन-समझ सकता है। जो लोग भगवान्‌को भगवान् मानते हैं, उनसे सम्बन्ध रखते हैं, स्वामी-सुहृद् आदिके रूपमें उन्हें मानते हैं, उनके हृदयमें गोपियोंके इस लोकोत्तर माधुर्यसम्बन्ध और उसकी साधनाके प्रति शङ्का ही कैसे हो सकती है।

गोपियोंकी इस दिव्य लीलाका जीवन उच्च श्रेणीके साधकके लिये आदर्श जीवन है। श्रीकृष्ण जीवके एकमात्र प्राप्तव्य साक्षात् परमात्मा हैं। हमारी बुद्धि, हमारी दृष्टि देहतक ही सीमित है। इसलिये हम श्रीकृष्ण और गोपियोंके प्रेमको भी केवल दैहिक तथा कामनाकलुषित समझ बैठते हैं। उस अपार्थिव और अप्राकृत लीलाको इस प्रकृतिके राज्यमें घसीट लाना हमारी स्थूल वासनाओंका हानिकर परिणाम है। जीवका

मन भोगाभिमुख वासनाओंसे और तमोगुणी प्रवृत्तियोंसे अभिभूत रहता है। वह विषयोंमें ही इधर-से-उधर भटकता रहता है और अनेकों प्रकारके रोग-शोकसे आक्रान्त रहता है। जब कभी पुण्यकर्मोंका फल उदय होनेपर भगवान्‌की अचिन्त्य अहैतुकी कृपासे विचारका उदय होता है, तब जीव दुःखज्वालासे त्राण पानेके लिये और अपने प्राणोंको शान्तिमय धाममें पहुँचानेके लिये उत्सुक हो उठता है। वह भगवान्‌के लीलाधामोंकी यात्रा करता है, सत्सङ्ग प्राप्त करता है और उसके हृदयकी छटपटी उस आकाङ्क्षाको लेकर, जो अबतक सुप्त थी, जगकर बड़े वेगसे परमात्माकी ओर चल पड़ती है। चिरकालसे विषयोंका ही अभ्यास होनेके कारण बीच-बीचमें विषयोंके संस्कार उसे सताते हैं और बार-बार विक्षेपोंका सामना करना पड़ता है। परंतु भगवान्‌की प्रार्थना, कीर्तन, स्मरण, चिन्तन करते-करते चित्त सरस होने लगता है और धीरे-धीरे उसे भगवान्‌की संनिधिका अनुभव भी होने लगता है। थोड़ा-सा रसका अनुभव होते ही चित्त बड़े वेगसे अन्तर्देशमें प्रवेश कर जाता है और भगवान् मार्गदर्शकके रूपमें संसार-सागरसे पार ले जानेवाली नावपर केवटके रूपमें अथवा यों कहें कि साक्षात् चित्स्वरूप गुरुदेवके रूपमें प्रकट हो जाते हैं। ठीक उसी क्षण अभाव, अपूर्णता और सीमाका बन्धन नष्ट हो जाता है, विशुद्ध आनन्द—विशुद्ध ज्ञानकी अनुभूति होने लगती है।

गोपियाँ, जो अभी-अभी साधनसिद्ध होकर भगवान्‌की अन्तरङ्ग लीलामें प्रविष्ट होनेवाली हैं, चिरकालसे श्रीकृष्णके प्राणोंमें अपने प्राण मिला देनेके लिये उत्कण्ठित हैं, सिद्धिलाभके समीप पहुँच चुकी हैं, अथवा जो नित्यसिद्धा होनेपर भी भगवान्‌की इच्छाके अनुसार उनकी दिव्य लीलामें सहयोग प्रदान कर रही हैं, उनके हृदयके समस्त भावोंके एकान्त ज्ञाता श्रीकृष्ण बाँसुरी बजाकर उन्हें आकृष्ट करते हैं और जो कुछ उनके हृदयमें बचे-खुचे पुराने संस्कार हैं, मानो उन्हें धो डालनेके लिये साधनामें लगाते हैं। उनकी कितनी दया है, वे अपने प्रेमियोंसे कितना प्रेम करते हैं—यह सोचकर चित्त मुग्ध हो जाता है, गद्‌गद हो जाता है।

श्रीकृष्ण गोपियोंके वस्त्रोंके रूपमें उनके समस्त संस्कारोंके आवरण अपने हाथमें लेकर पास ही कदम्बके वृक्षपर चढ़कर बैठ गये। गोपियाँ जलमें थीं; वे जलमें

****

सर्वव्यापक, सर्वदर्शी भगवान् श्रीकृष्णसे मानो अपनेको गुप्त समझ रही थीं—वे मानो इस तत्त्वको भूल गयी थीं कि श्रीकृष्ण जलमें ही नहीं हैं, स्वयं जलस्वरूप भी वे ही हैं। उनके पुराने संस्कार श्रीकृष्णके सम्मुख जानेमें बाधक हो रहे थे; वे श्रीकृष्णके लिये सब कुछ भूल गयी थीं, परंतु अबतक अपनेको नहीं भूली थीं। वे चाहती थीं केवल श्रीकृष्णको, परंतु उनके संस्कार बीचमें एक परदा रखना चाहते थे। प्रेम प्रेमी और प्रियतमके बीचमें एक पुष्पका भी परदा नहीं रखना चाहता। प्रेमकी प्रकृति है सर्वथा व्यवधानरहित, अबाध और अनन्त मिलन। जहाँतक अपना सर्वस्व—इसका विस्तार चाहे जितना हो—प्रेमकी ज्वालामें भस्म नहीं कर दिया जाता, वहाँतक प्रेम और समर्पण दोनों ही अपूर्ण रहते हैं। इसी अपूर्णताको दूर करते हुए, 'शुद्ध भावसे प्रसन्न हुए' (**शुद्धभावप्रसादितः**) श्रीकृष्णने कहा कि 'मुझसे अनन्य प्रेम करनेवाली गोपियो ! एक बार, केवल एक बार अपने सर्वस्वको और अपनेको भी भूलकर मेरे पास आओ तो सही। तुम्हारे हृदयमें जो अव्यक्त त्याग है, उसे एक क्षणके लिये व्यक्त तो करो। क्या तुम मेरे लिये इतना भी नहीं कर सकती हो ?' गोपियोंने मानो कहा—'श्रीकृष्ण! हम अपनेको कैसे भूलें ? हमारी जन्म-जन्मकी धारणाएँ भूलने दें, तब न। हम संसारके अगाध जलमें आकण्ठ मग्न हैं। जाड़ेका कष्ट भी है। हम आना चाहनेपर भी नहीं आ पातीं। श्यामसुन्दर ! प्राणोंके प्राण! हमारा हृदय तुम्हारे सामने उन्मुक्त है। हम तुम्हारी दासियाँ हैं। तुम्हारी आज्ञाओंका पालन करेंगी। परंतु हमें निरावरण करके अपने सामने मत बुलाओ।' साधककी यह दशा—भगवान्को चाहना और साथ ही संसारको भी न छोड़ना, संस्कारोंमें ही उलझे रहना—मायाके परदेको बनाये रखना बड़ी द्विविधाकी दशा है। भगवान् यही सिखाते हैं कि 'संस्कारशून्य होकर, निरावरण होकर, मायाका परदा हटाकर आओ। मेरे पास आओ। अरे, तुम्हारा यह मोहका परदा तो मैंने ही छीन लिया है; तुम अब इस परदेके मोहमें क्यों पड़ी हो ? यह परदा ही तो परमात्मा और जीवके बीचमें बड़ा व्यवधान है; यह हट गया, बड़ा कल्याण हुआ। अब तुम मेरे पास आओ, तभी तुम्हारी चिरसंचित आकाङ्क्षाएँ पूरी हो सकेंगी।' परमात्मा श्रीकृष्णका यह आह्वान, आत्माके आत्मा परम प्रियतमके मिलनका वह मधुर आमन्त्रण

भगवत्कृपासे जिसके अन्तर्देशमें प्रकट हो जाता है, वह प्रेममें निमग्न होकर सब कुछ छोड़कर, छोड़ना भी भूलकर प्रियतम श्रीकृष्णके चरणोंमें दौड़ आता है। फिर न उसे अपने वस्त्रोंकी सुधि रहती है और न लोगोंका ध्यान ! न वह जगत्को देखता है न अपनेको। यह भगवत्प्रेमका रहस्य है। विशुद्ध और अनन्य भगवत्प्रेममें ऐसा होता ही है।

गोपियाँ आयीं, श्रीकृष्णके चरणोंके पास मूकभावसे खड़ी हो गयीं। उनका मुख लज्जावनत था। यत्किंचित् संस्कारशेष श्रीकृष्णके पूर्ण आभिमुख्यमें प्रतिबन्धक हो रहा था। श्रीकृष्ण मुसकराये। उन्होंने इशारेसे कहा—'इतने बड़े त्यागमें यह संकोच कलङ्क है। तुम तो सदा निष्कलङ्का हो; तुम्हें इसका भी त्याग, त्यागके भावका भी त्याग—त्यागकी स्मृतिका भी त्याग करना होगा।' गोपियोंकी दृष्टि श्रीकृष्णके मुखकमलपर पड़ी। दोनों हाथ अपने-आप जुड़ गये और सूर्यमण्डलमें विराजमान अपने प्रियतम श्रीकृष्णसे ही उन्होंने प्रेमकी भिक्षा माँगी। गोपियोंके इसी सर्वस्व-त्यागने, इसी पूर्ण समर्पणने, इसी उच्चतम आत्मविस्मृतिने उन्हें भगवान् श्रीकृष्णके प्रेमसे भर दिया। वे दिव्य रसके अलौकिक अप्राकृत मधुके अनन्त समुद्रमें डूबने-उतराने लगीं। वे सब कुछ भूल गयीं, भूलनेवालेको भी भूल गयीं। उनकी दृष्टिमें अब श्यामसुन्दर थे। बस, केवल श्यामसुन्दर थे।

जब प्रेमी भक्त आत्मविस्मृत हो जाता है, तब उसका दायित्व प्रियतम भगवान्पर होता है। अब मर्यादारक्षाके लिये गोपियोंको तो वस्त्रकी आवश्यकता थी नहीं; क्योंकि उन्हें जिस वस्तुकी आवश्यकता थी, वह मिल चुकी थी। परंतु श्रीकृष्ण अपने प्रेमीको मर्यादाच्युत नहीं होने देते। वे स्वयं उन्हें वस्त्र देते हैं और अपनी अमृतमयी वाणीके द्वारा उन्हें विस्मृतिसे जगाकर फिर जगत्में लाते हैं। श्रीकृष्णने कहा—'गोपियो ! तुम सती-साध्वी हो। तुम्हारा प्रेम और तुम्हारी साधना मुझसे छिपी नहीं है। तुम्हारा संकल्प सत्य होगा। तुम्हारा यह संकल्प—तुम्हारी यह कामना तुम्हें उस पदपर प्रतिष्ठित करती है, जो निस्संकल्पता और निष्कामताका फल है। तुम्हारा उद्देश्य पूर्ण, तुम्हारा समर्पण पूर्ण और अब आगे आनेवाली शारदीय रात्रियोंमें हमारे साथ रमण होगा। भगवान्ने साधना सफल होनेकी अवधि निर्धारित कर दी। इससे

भी स्पष्ट है कि भगवान् श्रीकृष्णमें किसी भी काम-विकारकी कल्पना नहीं थी। कामी पुरुषका चित्त वस्त्रहीन स्त्रियोंको देखकर एक क्षणके लिये भी कब वशमें रह सकता है ?

एक बात बड़ी विलक्षण है। भगवान्‌के सम्मुख जानेके पहले जो वस्त्र समर्पणकी पूर्णतामें बाधक हो रहे थे—विक्षेपका काम कर रहे थे—वे ही भगवान्‌की कृपा, प्रेम, सांनिध्य और वरदान प्राप्त होनेके पश्चात् 'प्रसाद'स्वरूप हो गये। इसका कारण क्या है ? इसका कारण है, भगवान्‌का सम्बन्ध। भगवान्‌ने अपने हाथसे उन वस्त्रोंको उठाया था और फिर उन्हें अपने उत्तम अङ्ग कंधेपर रख लिया था। नीचेके शरीरमें पहननेकी साड़ियाँ भगवान्‌के कंधेपर चढ़कर—उनका संस्पर्श पाकर कितनी अप्राकृत रसात्मक हो गयीं, कितनी पवित्र—कृष्णमय हो गयीं, इसका अनुमान कौन लगा सकता है। असलमें यह संसार तभीतक बाधक और विक्षेपजनक है, जबतक यह भगवान्‌से सम्बन्ध और भगवान्‌का प्रसाद नहीं हो जाता। उनके द्वारा प्राप्त होनेपर तो यह बन्धन ही मुक्तिस्वरूप हो जाता है। उनके सम्पर्कमें जाकर माया विशुद्ध विद्या बन जाती है। संसार और उसके समस्त कर्म अमृतमय आनन्दरससे परिपूर्ण हो जाते हैं। तब बन्धनका भय नहीं रहता। कोई भी आवरण हमें भगवान्‌के दर्शनसे वञ्चित नहीं रख सकता। नरक नरक नहीं रहता, भगवान्‌का दर्शन होते रहनेके कारण वह वैकुण्ठ बन जाता है। इस स्थितिमें पहुँचकर भी बड़े-बड़े साधक प्राकृत पुरुषके समान आचरण करते हुए-से दीखते हैं। भगवान् श्रीकृष्णकी अपनी होकर गोपियाँ पुनः वे ही वस्त्र धारण करती हैं अथवा श्रीकृष्ण वे ही वस्त्र धारण कराते हैं; परंतु गोपियोंकी दृष्टिमें अब ये वस्त्र वे वस्त्र नहीं हैं, वस्तुतः वे हैं भी नहीं—अब तो ये दूसरी ही वस्तु हो गये हैं। अब तो ये भगवान्‌के पावन प्रसाद हैं, पल-पलपर भगवान्‌का स्मरण करानेवाले भगवान्‌के परम सुन्दर प्रतीक हैं। इसीसे उन्होंने उन्हें स्वीकार भी किया। उनकी प्रेममयी स्थिति मर्यादाके ऊपर थी, फिर भी उन्होंने भगवान्‌की इच्छासे मर्यादा स्वीकार की। इस दृष्टिसे विचार करनेपर ऐसा जान पड़ता है कि भगवान्‌की यह चीरहरण-लीला भी अन्य लीलाओंकी भाँति उच्चतम मर्यादासे परिपूर्ण है।

भगवान् श्रीकृष्णकी लीलाओंके सम्बन्धमें केवल वे ही प्राचीन आर्षग्रन्थ प्रमाण हैं, जिनमें उनकी लीलाका वर्णन हुआ है। उनमेंसे एक भी ऐसा ग्रन्थ नहीं है, जिसमें श्रीकृष्णकी भगवत्ताका वर्णन न हो। श्रीकृष्ण 'स्वयं भगवान्' हैं, यही बात सर्वत्र मिलती है। जो श्रीकृष्णको भगवान् नहीं मानते, यह स्पष्ट है कि वे उन ग्रन्थोंको भी नहीं मानते। और जो उन ग्रन्थोंको ही प्रमाण नहीं मानते, वे उनमें वर्णित लीलाओंके आधारपर श्रीकृष्ण-चरित्रकी समीक्षा करनेका अधिकार भी नहीं रखते। भगवान्‌की लीलाओंको मानवीय चरित्रके समकक्ष रखना शास्त्रदृष्टिसे एक महान् अपराध है और उसके अनुकरणका तो सर्वथा ही निषेध है। मानवबुद्धि—जो स्थूलताओंसे ही परिवेष्टित है—केवल जडके सम्बन्धमें ही सोच सकती है, भगवान्‌की दिव्य चिन्मयी लीलाके सम्बन्धमें कोई कल्पना ही नहीं कर सकती। वह बुद्धि स्वयं ही अपना उपहास करती है, जो समस्त बुद्धियोंके प्रेरक और बुद्धियोंसे अत्यन्त परे रहनेवाले परमात्माकी दिव्य लीलाको अपनी कसौटीपर कसती है।

हृदय और बुद्धिके सर्वथा विपरीत होनेपर भी यदि थोड़ी देरके लिये मान लें कि श्रीकृष्ण भगवान् नहीं थे या उनकी यह लीला मानवीय थी, तो भी तर्क और युक्तिके सामने ऐसी कोई बात नहीं टिक पाती, जो श्रीकृष्णके चरित्रमें लाञ्छनरूप हो। श्रीमद्भागवतका पारायण करनेवाले जानते हैं कि व्रजमें श्रीकृष्णने केवल ग्यारह वर्षकी अवस्थातक ही निवास किया था। यदि रासलीलाका समय दसवाँ वर्ष मानें तो नवें वर्षमें ही चीरहरणलीला हुई थी। इस बातकी कल्पना भी नहीं हो सकती कि आठ-नौ वर्षके बालकमें कामोत्तेजना हो सकती है। गाँवकी गँवारिन ग्वालिनें, जहाँ वर्तमानकालकी नागरिक मनोवृत्ति नहीं पहुँच पायी है, एक आठ-नौ वर्षके बालकसे अवैध सम्बन्ध करना चाहें और उसके लिये साधना करें—यह कदापि सम्भव नहीं दीखता। उन कुमारी गोपियोंके मनमें कलुषित वृत्ति थी, यह वर्तमान कलुषित मनोवृत्तिकी उट्टङ्कना है। आजकल जैसे गाँवकी छोटी-छोटी लड़कियाँ 'राम'-सा वर और 'लक्ष्मण'-सा देवर पानेके लिये देवी-देवताओंकी पूजा करती हैं, वैसे ही उन कुमारियोंने भी परमसुन्दर परममधुर श्रीकृष्णको पानेके लिये देवी-पूजन और व्रत किये थे। इसमें दोषकी कौन-सी बात है?

आजकी बात निराली है। भोगप्रधान देशोंमें तो नग्नसम्प्रदाय और नग्नस्नानके क्लब भी बने हुए हैं। उनकी दृष्टि इन्द्रिय-तृप्तितक ही सीमित है। भारतीय मनोवृत्ति इस उत्तेजक एवं मलिन व्यापारके विरुद्ध है। नग्नस्नान एक दोष है, जो पशुत्वको बढ़ानेवाला है। शास्त्रोंमें इसका निषेध है; **'न नग्नः स्नायात्'**—यह शास्त्रकी आज्ञा है। श्रीकृष्ण नहीं चाहते थे कि गोपियाँ शास्त्रके विरुद्ध आचरण करें। भारतीय ऋषियोंका वह सिद्धान्त, जो सभी वस्तुओंमें पृथक्-पृथक् देवताओंका अस्तित्व मानता है, इस नग्नस्नानको केवल लौकिक अनर्थ ही नहीं, देवताओंके प्रति अपराध बतलाता है। श्रीकृष्ण जानते थे कि इससे वरुण देवताका अपमान होता है। गोपियाँ अपनी अभीष्ट-सिद्धिके लिये जो तपस्या कर रही थीं, उसमें उनका नग्नस्नान अनिष्ट फल देनेवाला था और इस प्रथाके प्रभातमें ही यदि इसका विरोध न कर दिया जाय तो आगे चलकर इसका विस्तार हो सकता है, इसलिये श्रीकृष्णने अलौकिक ढंगसे इसका निषेध कर दिया।

गाँवोंकी ग्वालिनोंको इस प्रथाकी बुराई किस प्रकार समझायी जाय, इसके लिये भी श्रीकृष्णने एक मौलिक उपाय सोचा। यदि वे गोपियोंके पास जाकर उन्हें देवतावादकी फिलासफी समझाते तो वे सरलतासे नहीं समझ सकती थीं। उन्हें तो इस प्रथाके कारण होनेवाली विपत्तिका प्रत्यक्ष अनुभव करा देना था और विपत्तिका अनुभव करानेके पश्चात् उन्होंने देवताओंके अपमानकी बात भी बता दी तथा अञ्जलि बाँधकर क्षमा-प्रार्थनारूप प्रायश्चित्त भी करवाया। महापुरुषोंके अंदर उनकी बाल्यावस्थामें भी ऐसी प्रतिभा देखी जाती है।

श्रीकृष्ण आठ-नौ वर्षके थे, उनमें कामोत्तेजना नहीं हो सकती और नग्नस्नानकी कुप्रथाको नष्ट करनेके लिये उन्होंने चीरहरण किया—यह उत्तर सम्भव होनेपर भी श्रीमद्भागवतमें आये हुए 'काम' और 'रमण' शब्दोंसे कई लोग भड़क उठते हैं। यह केवल शब्दकी पकड़ है, जिसपर महात्मालोग ध्यान नहीं देते। श्रुतियोंमें और गीतामें भी अनेकों बार 'काम', 'रमण' और 'रति' आदि शब्दोंका प्रयोग हुआ है; परंतु वहाँ उनका अश्लील अर्थ नहीं होता। गीतामें तो 'धर्माविरुद्ध काम' को परमात्माका स्वरूप बतलाया गया है। महापुरुषोंका आत्मरमण, आत्ममिथुन और आत्मरति

प्रसिद्ध ही है। ऐसी स्थितिमें केवल कुछ शब्दोंको देखकर भड़कना विचारशील पुरुषोंका काम नहीं है। जो श्रीकृष्णको केवल मनुष्य समझते हैं, उन्हें 'रमण' और 'रति' शब्दोंका अर्थ केवल क्रीड़ा अथवा खिलवाड़ समझना चाहिये, जैसा कि व्याकरणके अनुसार ठीक है—**'रमु क्रीडायाम्।'**

दृष्टिभेदसे श्रीकृष्णकी लीला भिन्न-भिन्न रूपमें दीख पड़ती है। अध्यात्मवादी श्रीकृष्णको आत्माके रूपमें देखते हैं और गोपियोंको वृत्तियोंके रूपमें। वृत्तियोंका आवरण नष्ट हो जाना ही 'चीरहरण-लीला' है और उनका आत्मामें रम जाना ही 'रास' है। इस दृष्टिसे भी समस्त लीलाओंकी संगति बैठ जाती है। भक्तोंकी दृष्टिसे गोलोकाधिपति पूर्णतम पुरुषोत्तम भगवान् श्रीकृष्णका यह सब नित्यलीला-विलास है और अनादि कालसे अनन्त कालतक यह नित्य चलता रहता है। कभी-कभी भक्तोंपर कृपा करके वे अपने नित्य धाम और नित्य सखा-सहचरियोंके साथ लीलाधाममें प्रकट होकर लीला करते हैं और भक्तोंके स्मरण-चिन्तन तथा आनन्द-मङ्गलकी सामग्री प्रकट करके पुनः अन्तर्धान हो जाते हैं। साधकोंपर किस प्रकार कृपा करके भगवान् उनके अन्तर्मलको और अनादि कालसे संचित संस्कारपटको विशुद्ध कर देते हैं, यह बात भी इस चीरहरण-लीलासे प्रकट होती है। भगवान्की लीला रहस्यमयी है, उसका तत्त्व केवल भगवान् ही जानते हैं और उनकी कृपासे उनकी लीलामें प्रविष्ट भाग्यवान् भक्त कुछ-कुछ जानते हैं, यहाँ तो शास्त्रों और संतोंकी वाणीके आधारपर कुछ लिखनेकी धृष्टता की गयी है।

——::×::——

दिव्य रासक्रीडाका स्वरूप तथा महत्त्व

थीं वे विकसित शारदीय मल्लिका-सुमन शोभित रजनी।
देख उन्हें कर प्रकट 'योगमाया'—'अचिन्त्य निज शक्ति' धनी।
षडैश्वर्य भगवान् पूर्णने किया तुरत संकल्प महान।
रमण—'रसास्वादन-स्वरूपवितरण'का, कर सबको रसदान॥ १॥

दीर्घकाल पर दे दर्शन निज प्यारीको जैसे प्रियतम।
रँग दे केसरसे उसका मुखमण्डल निज कर सुखद परम॥
वैसे प्राची दिशा सुमुखि मुख सुखद स्वकिरण-अरुणसे रंग।
उदय हुआ विधु जग-जीवोंका ताप मिटाता शीतल अंग॥ २॥

लक्ष्मीमुख-सम शोभित नव कुङ्कुमसम अरुण-वर्ण शशि देख।
विधुकी कोमल किरणावलिसे उद्भासित अरण्यको लेख॥
मधुर मनोहर नेत्रवती शुचि व्रज-सुन्दरियोंका मन-हर।
किया विचित्र वेणु-वादन माधवने सुललित मधुर स्वर॥ ३॥

मुरलीके मधु स्वरमें पाकर प्रियतमका रसमय आह्वान।
हुई सभी उन्मत्त, चलीं तज लज्जा, धैर्य, शील, कुल, मान॥
पति, शिशु, गृह, धन, धान्य, वस्त्र, भूषण, गौ, कर भोजनका त्याग।
चलीं जहाँ जो जैसे थीं, भर मनमें प्रियतमका अनुराग॥ ४॥

नहीं किसीसे पूछा कुछ भी, कहा न कुछ भी, चित्त विभोर।
चलीं वेगसे जहाँ बजाते थे मुरली मधु नन्दकिशोर॥
प्रेमविवर्धक मुरली-स्वरसे हो अति विह्वल व्रजनारी।
पहुँचीं तुरत निकट प्रियतमके भूल स्व-परकी सुधि सारी॥ ५॥

थीं वे कृष्णगृहीत-मानसा, थीं वे उज्ज्वल रसकी मूर्ति।
थीं वे शुचितम प्रेम पूर्ण नटवरकी मधुर लालसा-पूर्ति॥
आत्मनिवेदन, पूर्ण समर्पण था पवित्रतम उनका भाव।
जिसमें था न स्व-सुख-वाञ्छाका किंचित् लेश, न किंचित् चाव॥ ६॥

विविध भाँतिसे किया परीक्षण, दिखा मोह, भय, धर्म, विवेक।
पर उन प्रेममयी शुचि व्रज-बधुओंने तनिक न छोड़ी टेक॥
कहा— विभो! सर्वत्र विराजित! सर्वसमर्थ! सर्व-आधार।
क्यों नृशंस तुम बोल रहे यों? आयीं हमें देख निज द्वार॥ ७॥

त्याग सर्वविषयोंको—भुक्ति-मुक्तिको, हम आयीं पदमूल।
दुरवग्रह ! मत छोड़ो हमको, यों सारी रसमयता भूल॥
प्रिय ! तुम ही हो प्राणिमात्रके बन्धु, आत्मा अति प्रियतम।
पाकर छोड़ जाय जो तुमको, महामूर्ख वह, पतित, अधम॥ ८॥

तुम्हीं बताओ, परम धर्मविद् ! नित्यप्रिय ! तुमसे कर प्रीति।
भजे अन्य दुःखदको फिरसे, क्या है कभी उचित यह नीति ?॥
छोड़ कहाँ हम जायँ तुम्हें अब, चलते नहीं चरण पद एक।
सुखसे लूट सभीका मन-धन, चले बताने हमें 'विवेक'॥ ९॥

आत्मारामशिरोमणि सत्-चित्-परमानन्दरूप पर-धाम।
योगेश्वर-ईश्वर सब-लोक-महेश्वर नित्यतृप्त निष्काम॥
अज-भव-शेष-सनक-नारद सब करते नित जिनका गुणगान।
प्रेममयी व्रजवनिताओंके शुद्धप्रेम-वश वे भगवान॥ १०॥

अङ्ग विमल शुचि स्पर्शदान कर किया सभीको पावन, धन्य।
भावोद्दीपन किया, जगाया शुद्ध-काम रतियोग्य अनन्य॥
आत्मरमण फिर किया परम शुचि पूर्णकाम हरिने अभिराम।
शारदीय उन शशधर-किरण-सुशोभित रातोंमें रसधाम॥ ११॥

सत्यकाम अवरुद्ध-सुसौरत हरिने किया पवित्र विहार।
सत्-संकल्प चिन्मयी लीला-रस-मय मधुर नित्य अविकार॥
नहीं रमण यह था कदापि विषयासक्तोंका 'इन्द्रिय-भोग'।
नहीं आत्माराम योगियोंका भी 'आत्मरमण' संयोग॥ १२॥

'काम-विजय'का भी न कहीं था कुछ भी यहाँ कल्पना-लेश।
क्योंकि नीच कामका तो हो सकता यहाँ न कभी प्रवेश॥
था विशुद्ध वितरण माधवका 'निज-स्वरूप-आनंद' महान।
था यह परम 'रसास्वादन'का निजमें ही निजका सुविधान॥ १३॥

आस्वादक आस्वाद्य न दो थे, था मधुमय लीला-संचार।
था यह एक विलक्षण पावन परम प्रेमरसका विस्तार॥
मधुर परम इस रस-सागरमें गोपीजनका ही अधिकार।
परम त्यागका मूर्त रूप लख जिन्हें किया हरिने स्वीकार॥ १४॥

प्रेममयी व्रज-रमणी-गण-मण्डलमें हुए सुशोभित श्याम।
अगणित राशि तारिकामें अकलङ्क पूर्ण विधु विमल ललाम॥
अथवा नव नीलाभ-श्याम घन दामिनि-दलमें रहे विराज।
घन दामिनि, दामिनि घन अन्तर अगणित उभय अतुल द्युति साज॥ १५॥

रासेश्वरी राधिकाके एकाधिपत्यमें सुन्दर साज।
शुचि सौन्दर्य मधुर रसमय असमोर्ध्व अमित बिजली-घनराज॥
एक एकके मध्य मनोहर एक एक, सब मिल, दे ताल।
रास-रसिक रस-नृत्य-निरत, शुचि बाज रहे मृदु वाद्य रसाल॥ १६॥

जो इस मधुर शुद्ध रसका किंचित् भी कर पाता आस्वाद।
दृश्य जगत्का मिटता सारा शोक-मोह-भय-लोभ-विषाद॥
होता कामरोगका उसके जीवनमें सर्वथा अभाव।
राधा-माधव-चरण-रेणु-कण-करुणासे वह पाता 'भाव'॥ १७॥

'भाव'प्राप्त हो, वह हो पाता राधारानीका अनुचर।
सभी दोष मिट, होती उसमें प्रकट गुणावलि शुचि सत्वर॥
पाता वह फिर नित निकुञ्जमें अति दुर्लभ सेवा-अधिकार।
जिसके लिये सदा ललचाते ऋषि-मुनि-तापस छोड़ विकार॥ १८॥

——::×::——

रासलीला-रहस्य

भगवानपि ता रात्रीः शरदोत्फुल्लमल्लिकाः ।
वीक्ष्य रन्तुं मनश्चक्रे योगमायामुपाश्रितः ॥

(श्रीमद्भागवत १०।२९।१)

श्रीमद्भागवतके दशम स्कन्धमें २९वेंसे ३३वें अध्यायतक भगवान्‌की रासलीलाका प्रसङ्ग है। इसीको रासपञ्चाध्यायी कहते हैं। इस रासपञ्चाध्यायीमें श्रीमद्भागवतवर्णित तत्त्वोंके सारभूत परम तत्त्वका परमोज्ज्वल प्रकाश है। ये पाँच अध्याय वस्तुतः श्रीमद्भागवतके पञ्चप्राण-स्वरूप हैं। भगवान्‌की दिव्य लीलाका भाव न समझकर केवल बाह्यदृष्टिसे देखनेपर यह सारी कथा शृङ्गार-रसपूर्ण दिखायी दे सकती है और इससे मनुष्य भ्रमग्रस्त हो सकता है। इसीसे सम्भवतः श्रीशुकदेवजीने उपर्युक्त प्रथम श्लोकमें प्रथम शब्द 'भगवान्' दिया है, जिससे पढ़नेवाला व्यक्ति इसे भगवान्‌की लीला समझकर ही पढ़े। वस्तुतः यह लौकिक काम-प्रसङ्ग कदापि नहीं है। इसके श्रोता हैं—विवेक-वैराग्य-सम्पन्न, मुमुक्षु, धर्मज्ञानपूर्ण, मरणकी प्रतीक्षा करनेवाले महाराज परीक्षित् और वक्ता हैं—ब्रह्मविद्वरिष्ठ परम योगी जीवन्मुक्त सर्वऋषिमुनिमान्य श्रीशुकदेवजी। ऐसे वक्ता-श्रोता लौकिक शृङ्गारकी बातें कहें-सुनें, यह सोचना ही भूल है। वस्तुतः इन पाँच अध्यायोंमें भगवान् श्रीकृष्णकी परम दिव्य अन्तरङ्ग लीलाका, निजस्वरूपभूता महाभावरूपा ह्लादिनीशक्ति श्रीराधाजी तथा उन्हींकी कायव्यूहरूपा दिव्य कृष्णप्रेममयी गोपाङ्गनाओंके साथ होनेवाली भगवान्‌की रसमयी लीलाका वर्णन है। 'रास' शब्दका मूल 'रस' है और 'रस' स्वयं भगवान् श्रीकृष्ण ही हैं। **'रसो वै सः'**। जिस दिव्य क्रीडामें एक ही रस अनेक रसोंके रूपमें होकर अनन्त-अनन्त रसका समास्वादन करे, एक रस ही रस-समूहके रूपमें प्रकट होकर स्वयं ही आस्वाद-आस्वादक, लीला, धाम और विभिन्न आलम्बन एवं उद्दीपनके रूपमें क्रीडा करे—उसका नाम 'रास' है। अतएव यह रासलीला भी लीलामय भगवान्‌का ही स्वरूप है। भगवान्‌की यह दिव्य लीला भगवान्‌के दिव्य धाममें दिव्यरूपसे निरन्तर हुआ करती है। भगवान्‌की विशेष कृपासे प्रेमी साधकोंके हितार्थ कभी-कभी यह अपने दिव्य धामके साथ ही भूमण्डलपर भी अवतीर्ण हुआ करती

****

है, जिसको देख-सुन एवं गाकर तथा स्मरण-चिन्तन करके अधिकारी पुरुष रसस्वरूप भगवान्की इस परम रसमयी लीलाका आनन्द ले सकें और स्वयं भी भगवान्की लीलामें सम्मिलित होकर अपनेको कृतकृत्य कर सकें। इस पञ्चाध्यायीमें वंशीध्वनि, गोपियोंके अभिसार, श्रीकृष्णके साथ उनकी बातचीत, दिव्य रमण, श्रीराधाजीके साथ अन्तर्धान, पुनः प्राकट्य, गोपियोंके द्वारा दिये हुए वसनासनपर विराजना, गोपियोंके कूट प्रश्नका उत्तर, रास, नृत्य, क्रीडा, जलकेलि और वन-विहारका वर्णन है—जो मानवी भाषामें होनेपर भी वस्तुतः परम दिव्य है।

यह बात पहले ही समझ लेनी चाहिये कि भगवान्का शरीर जीव-शरीरकी भाँति जड नहीं होता। जडकी सत्ता केवल जीवकी दृष्टिमें होती है, भगवान्की दृष्टिमें नहीं। यह देह है और यह देही है, इस प्रकारका भेदभाव केवल प्रकृतिके राज्यमें होता है। अप्राकृत लोकमें—जहाँकी प्रकृति भी चिन्मय है—सब कुछ चिन्मय ही होता है; वहाँ अचित्की प्रतीति तो केवल चिद्विलास अथवा भगवान्की लीलाकी सिद्धिके लिये होती है। इसलिये स्थूलतामें—या यों कहिये कि जडराज्यमें रहनेवाला मस्तिष्क जब भगवान्की अप्राकृत लीलाओंके सम्बन्धमें विचार करने लगता है, तब वह अपनी पूर्व वासनाओंके अनुसार जडराज्यकी धारणाओं, कल्पनाओं और क्रियाओंका ही आरोप उस दिव्य राज्यके विषयमें भी करता है, इसलिये दिव्यलीलाके रहस्यको समझनेमें असमर्थ हो जाता है। यह रास वस्तुतः परम उज्ज्वल रसका एक दिव्य प्रकाश है। जड जगत्की बात तो दूर रही, ज्ञानरूप या विज्ञानरूप जगत्में भी यह प्रकट नहीं होता। अधिक क्या, साक्षात् चिन्मय तत्त्वोंमें भी इस परम दिव्य उज्ज्वल रसका लेशाभास नहीं देखा जाता। इस परम रसकी स्फूर्ति तो परम भावमयी श्रीकृष्णप्रेमस्वरूपा गोपीजनोंके मधुर हृदयमें ही होती है। इस रासलीलाके यथार्थ स्वरूप और परम माधुर्यका आस्वाद उन्हींको मिलता है, दूसरे लोग तो इसकी कल्पना भी नहीं कर सकते।

भगवान्के समान ही गोपियाँ भी परमरसमयी और सच्चिदानन्दमयी ही हैं। साधनाकी दृष्टिसे भी उन्होंने न केवल जड शरीरका ही त्याग कर दिया है, बल्कि सूक्ष्मशरीरसे प्राप्त होनेवाले स्वर्ग, कैवल्यसे अनुभव होनेवाले मोक्ष—और तो क्या,

जडताकी दृष्टिका ही त्याग कर दिया है। उनकी दृष्टिमें केवल चिदानन्दस्वरूप श्रीकृष्ण हैं, उनके हृदयमें श्रीकृष्णको तृप्त करनेवाला प्रेमामृत है। उनकी इस अलौकिक स्थितिमें स्थूलशरीर, उसकी स्मृति और उसके सम्बन्धसे होनेवाले अङ्ग-सङ्गकी कल्पना किसी भी प्रकार नहीं की जा सकती। ऐसी कल्पना तो केवल देहात्मबुद्धिसे जकड़े हुए जीवोंकी ही होती है। जिन्होंने गोपियोंको पहचाना है, उन्होंने गोपियोंकी चरणधूलिका स्पर्श प्राप्त करके अपनी कृतकृत्यता चाही है। ब्रह्मा, शंकर, उद्धव और अर्जुनने गोपियोंकी उपासना करके भगवान्‌के चरणोंमें वैसे प्रेमका वरदान प्राप्त किया है या प्राप्त करनेकी अभिलाषा की है। उन गोपियोंके दिव्य भावको साधारण स्त्री-पुरुषके भाव-जैसा मानना गोपियोंके प्रति, भगवान्‌के प्रति और वास्तवमें सत्यके प्रति महान् अन्याय एवं अपराध है। इस अपराधसे बचनेके लिये भगवान्‌की दिव्य लीलाओंपर विचार करते समय उनकी अप्राकृत दिव्यताका स्मरण रखना परमावश्यक है।

भगवान्‌का चिदानन्दघन शरीर दिव्य है। वह अजन्मा और अविनाशी है, हानोपादानरहित है। वह नित्य सनातन शुद्ध भगवत्स्वरूप ही है। इसी प्रकार गोपियाँ दिव्य जगत्‌की भगवान्‌की स्वरूपभूता अन्तरङ्ग-शक्तियाँ हैं। इन दोनोंका सम्बन्ध भी दिव्य ही है। यह उच्चतम भावराज्यकी लीला स्थूल शरीर और स्थूल मनसे परे है। आवरण-भङ्गके अनन्तर अर्थात् चीरहरण करके जब भगवान् स्वीकृति देते हैं, तब इसमें प्रवेश होता है।

प्राकृत देहका निर्माण होता है स्थूल, सूक्ष्म और कारण—इन तीन देहोंके संयोगसे। जबतक 'कारण-शरीर' रहता है, तबतक इस प्राकृत देहसे जीवको छुटकारा नहीं मिलता। 'कारण-शरीर' कहते हैं पूर्वकृत कर्मोंके उन संस्कारोंको, जो देह-निर्माणमें कारण होते हैं। इस 'कारण-शरीर'के आधारपर जीवको बार-बार जन्म-मृत्युके चक्करमें पड़ना होता है और यह चक्र जीवकी मुक्ति न होनेतक अथवा 'कारण' का सर्वथा अभाव न होनेतक चलता ही रहता है। इसी कर्मबन्धनके कारण पाञ्चभौतिक स्थूलशरीर मिलता है—जो रक्त, मांस, अस्थि, मेद, मज्जा आदिसे भरा और चमड़ेसे ढका होता है। प्रकृतिके राज्यमें जितने शरीर होते हैं, सभी वस्तुतः योनि

और बिन्दुके संयोगसे ही बनते हैं, फिर चाहे कोई कामजनित निकृष्ट मैथुनसे उत्पन्न हो या ऊर्ध्वरेता महापुरुषके संकल्पसे; बिन्दुके अधोगामी होनेपर कर्तव्यरूप श्रेष्ठ मैथुनसे हो, अथवा बिना ही मैथुनके नाभि, हृदय, कण्ठ, कर्ण, नेत्र, सिर, मस्तक आदिके स्पर्शसे, बिना ही स्पर्शके केवल दृष्टिमात्रसे अथवा बिना देखे केवल संकल्पसे ही उत्पन्न हो। ये मैथुनी-अमैथुनी (अथवा कभी-कभी स्त्री या पुरुष-शरीरके बिना भी उत्पन्न होनेवाले) सभी शरीर हैं—योनि और बिन्दुके संयोगजनित ही। ये सभी प्राकृत शरीर हैं। इसी प्रकार योगियोंके द्वारा निर्मित 'निर्माणकाय' यद्यपि अपेक्षाकृत शुद्ध है, तथापि वे भी हैं प्राकृत ही। पितर या देवोंके दिव्य कहलानेवाले शरीर भी प्राकृत ही हैं। अप्राकृत शरीर इन सबसे विलक्षण हैं, जो महाप्रलयमें भी नष्ट नहीं होते और भगवद्देह तो साक्षात् भगवत्स्वरूप ही है। देव-शरीर प्रायः रक्त-मांस-मेद-अस्थिवाले नहीं होते। अप्राकृत शरीर भी नहीं होते। फिर भगवान् श्रीकृष्णका भगवत्स्वरूप शरीर तो रक्त-मांस-अस्थिमय होता ही कैसे। वह तो सर्वथा चिदानन्दमय है। उसमें देह-देही, गुण-गुणी, रूप-रूपी, नाम-नामी और लीला तथा लीलापुरुषोत्तमका भेद नहीं है। श्रीकृष्णका एक-एक अङ्ग पूर्ण श्रीकृष्ण है; श्रीकृष्णका मुखमण्डल जैसे पूर्ण श्रीकृष्ण है, वैसे ही श्रीकृष्णका पदनख भी पूर्ण श्रीकृष्ण है। श्रीकृष्णकी सभी इन्द्रियोंसे सभी काम हो सकते हैं। उनके कान देख सकते हैं, उनकी आँखें सुन सकती हैं, उनकी नाक स्पर्श कर सकती है, उनकी रसना सूँघ सकती है, उनकी त्वचा स्वाद ले सकती है। वे हाथोंसे देख सकते हैं, आँखोंसे चल सकते हैं। श्रीकृष्णका सब कुछ श्रीकृष्ण होनेके कारण वह सर्वथा पूर्णतम है! इसीसे उनकी रूपमाधुरी नित्यवर्द्धनशील, नित्य नवीन सौन्दर्यमयी है। उसमें ऐसा चमत्कार है कि वह स्वयं अपनेको ही आकर्षित कर लेती है; फिर उनके सौन्दर्य-माधुर्यसे गौ-हरिण और वृक्ष, बेल पुलकित हो जायँ इसमें तो कहना ही क्या है। भगवान्‌के ऐसे स्वरूपभूत शरीरसे गंदा मैथुनकर्म सम्भव नहीं। मनुष्य जो कुछ खाता है, उससे क्रमशः रस, रक्त, मांस, मेद, मज्जा और अस्थि बनकर अन्तमें शुक्र बनता है; इसी शुक्रके आधारपर शरीर रहता है और मैथुनक्रियामें इसी शुक्रका क्षरण हुआ करता है। भगवान्‌का शरीर न तो कर्मजन्य है, न मैथुनी सृष्टिका है और न

दैवी ही है। वह तो इन सबसे परे सर्वथा विशुद्ध भगवत्स्वरूप है। उसमें रक्त, मांस, अस्थि आदि नहीं हैं; अतएव उसमें शुक्र भी नहीं है। इसलिये उससे प्राकृत पाञ्चभौतिक शरीरोंवाले स्त्री-पुरुषोंके रमण या मैथुनकी कल्पना भी नहीं हो सकती। इसीलिये भगवान्‌को उपनिषद्‌में 'अखण्ड ब्रह्मचारी' बतलाया गया है और इसीसे भागवतमें उनके लिये 'अवरुद्धसौरत' आदि शब्द आये हैं; फिर कोई शङ्का करे कि उनके सोलह हजार एक सौ आठ रानियोंके इतने पुत्र कैसे हुए तो इसका सीधा उत्तर यही है कि यह सारी भागवती सृष्टि थी, भगवान्‌के संकल्पसे हुई थी। भगवान्‌के शरीरमें जो रक्त, मांस आदि दिखलायी पड़ते हैं, वह तो भगवान्‌की योगमायाका चमत्कार है। इस विवेचनसे भी यही सिद्ध होता है कि गोपियोंके साथ भगवान् श्रीकृष्णका जो रमण हुआ, वह सर्वथा दिव्य भगवत्-राज्यकी लीला है, लौकिक काम-क्रीडा नहीं।

× × × × ×

उन गोपियोंकी साधना पूर्ण हो चुकी है। भगवान्‌ने अगली रात्रियोंमें उनके साथ विहार करनेका प्रेमसंकल्प कर लिया है। इसीके साथ उन गोपियोंको भी जो नित्यसिद्धा हैं, जो लोकदृष्टिमें विवाहिता भी हैं, इन्हीं रात्रियोंमें दिव्य-लीलामें सम्मिलित करना है। वे अगली रात्रियाँ कौन-सी हैं, यह बात भगवान्‌की दृष्टिके सामने है। उन्होंने शारदीय रात्रियोंको देखा। 'भगवान्‌ने देखा'—इसका अर्थ सामान्य नहीं, विशेष है। जैसे सृष्टिके प्रारम्भमें **'स ऐक्षत एकोऽहं बहु स्याम।'**—भगवान्‌के इस ईक्षणसे जगत्‌की उत्पत्ति होती है, वैसे ही रासके प्रारम्भमें भगवान्‌के प्रेम-वीक्षणसे शरत्कालकी दिव्य रात्रियोंकी सृष्टि होती है। मल्लिका-पुष्प, चन्द्रिका आदि समस्त उद्दीपनसामग्री भगवान्‌के द्वारा वीक्षित है अर्थात् लौकिक नहीं, अलौकिक—अप्राकृत है। गोपियोंने अपना मन श्रीकृष्णके मनमें मिला दिया था। उनके पास स्वयं मन न था। अब प्रेम-दान करनेवाले श्रीकृष्णने विहारके लिये नवीन मनकी—दिव्य मनकी सृष्टि की। योगेश्वरेश्वर भगवान् श्रीकृष्णकी यही योगमाया है, जो रासलीलाके लिये दिव्य स्थल, दिव्य सामग्री एवं दिव्य मनका निर्माण किया करती है। इतना होनेपर भगवान्‌की बाँसुरी बजती है।

***

भगवान्‌की बाँसुरी जडको चेतन, चेतनको जड, चलको अचल और अलचको चल, विक्षिप्तको समाधिस्थ और समाधिस्थको विक्षिप्त बनाती ही रहती है। भगवान्‌का प्रेमदान प्राप्त करके गोपियाँ निस्संकल्प, निश्चिन्त होकर घरके काममें लगी हुई थीं। कोई गुरुजनोंकी सेवा-शुश्रूषा—'धर्म'के काममें लगी हुई थी, कोई गो-दोहन आदि 'अर्थ'के काममें लगी हुई थी, कोई साज-शृङ्गार आदि 'काम'के साधनमें व्यस्त थी, कोई पूजा-पाठ आदि 'मोक्ष'-साधनमें लगी हुई थी। सब लगी हुई थीं अपने-अपने काममें, परंतु वास्तवमें उनमेंसे एक भी पदार्थ चाहती न थीं। यही उनकी विशेषता थी और इसका प्रत्यक्ष प्रमाण यह है कि वंशीध्वनि सुनते ही कर्मकी पूर्णतापर उनका ध्यान नहीं गया; काम पूरा करके चलें, ऐसा उन्होंने नहीं सोचा। वे चल पड़ीं, उस विषयासक्ति-शून्य संन्यासीके समान, जिसका हृदय वैराग्यकी प्रदीप्त ज्वालासे परिपूर्ण है। किसीने किसीसे पूछा नहीं, सलाह नहीं की; अस्त-व्यस्त गतिसे जो जैसे थी, वैसे ही श्रीकृष्णके पास पहुँच गयी। वैराग्यकी पूर्णता और प्रेमकी पूर्णता एक ही बात है, दो नहीं। गोपियाँ व्रज और श्रीकृष्णके बीचमें मूर्तिमान् वैराग्य हैं या मूर्तिमान् प्रेम, क्या इसका निर्णय कोई कर सकता है?

साधनाके दो भेद हैं—१—मर्यादापूर्ण वैध साधना और २— मर्यादारहित अवैध प्रेमसाधना। दोनोंके ही अपने-अपने स्वतन्त्र नियम हैं। वैध साधनामें जैसे नियमोंके बन्धनका, सनातन पद्धतिका, कर्तव्योंका और विविध पालनीय धर्मोंका त्याग साधनसे भ्रष्ट करनेवाला और महान् हानिकर है, वैसे ही अवैध प्रेमसाधनामें इनका पालन कलङ्करूप होता है। यह बात नहीं कि इन सब आत्मोन्नतिके साधनोंको वह अवैध प्रेमसाधनाका साधक जान-बूझकर छोड़ देता है। बात यह है कि वह स्तर ही ऐसा है, जहाँ इनकी आवश्यकता नहीं है। ये वहाँ अपने-आप वैसे ही छूट जाते हैं, जैसे नदीके पार पहुँच जानेपर स्वाभाविक ही नौकाकी सवारी छूट जाती है। जमीनपर न तो नौकापर बैठकर चलनेका प्रश्न उठता है और न ऐसा चाहने या करनेवाला बुद्धिमान् ही माना जाता है। ये सब साधन वहींतक रहते हैं, जहाँतक सारी वृत्तियाँ सहज स्वेच्छासे सदा-सर्वदा एकमात्र भगवान्‌की ओर दौड़ने नहीं लग जातीं।

***

श्रीगोपीजन साधनाके इसी उच्च स्तरमें परम आदर्श थीं। उनकी सारी वृत्तियाँ सर्वथा श्रीकृष्णमें ही निमग्न रहती थीं। इसीसे उन्होंने देह-गेह, पति-पुत्र, लोक-परलोक, कर्तव्य-धर्म—सबको छोड़कर, सबका उल्लङ्घन करके एकमात्र परमधर्मस्वरूप भगवान् श्रीकृष्णको ही पानेके लिये अभिसार किया था। उनका यह पति-पुत्रोंका त्याग, यह सर्वधर्मका त्याग ही उनके स्तरके अनुरूप स्वधर्म है।

इस 'सर्वधर्मत्याग' रूप स्वधर्मका आचरण गोपियों-जैसे उच्च स्तरके साधकोंमें ही सम्भव है; क्योंकि सब धर्मोंका यह त्याग वे ही कर सकते हैं, जो उसका यथाविधि पूरा पालन कर चुकनेके बाद इसके परम फल अनन्य और अचिन्त्य देवदुर्लभ भगवत्प्रेमको प्राप्त कर चुकते हैं। वे भी जान-बूझकर त्याग नहीं करते। सूर्यका प्रखर प्रकाश हो जानेपर तैलदीपककी भाँति स्वतः ही ये धर्म उसे त्याग देते हैं। यह त्याग तिरस्कारमूलक नहीं, वरं तृप्तिमूलक है। भगवत्-प्रेमकी ऊँची स्थितिका यही स्वरूप है। देवर्षि नारदजीका एक सूत्र है—

वेदानपि संन्यस्यति, केवलमविच्छिन्नानुरागं लभते।

'जो वेदोंका (वेदमूलक समस्त धर्ममर्यादाओंका) भी भलीभाँति त्याग कर देता है, वह अखण्ड असीम भगवत्प्रेमको प्राप्त करता है।'

जिसको भगवान् अपनी वंशीध्वनि सुनाकर—नाम ले-लेकर बुलायें, वह भला, किसी दूसरे धर्मकी ओर ताककर कब और कैसे रुक सकता है।

रोकनेवालोंने रोका भी, परंतु हिमालयसे निकलकर समुद्रमें गिरनेवाली ब्रह्मपुत्र नदीकी प्रखर धाराको क्या कोई रोक सकता है ? वे न रुकीं, नहीं रोकी जा सकीं। जिनके चित्तमें कुछ प्राक्तन संस्कार अवशिष्ट थे, वे अपने अनधिकारके कारण शरीरसे जानेमें समर्थ न हुईं। उनका शरीर घरमें पड़ा रह गया, भगवान्‌के वियोग-दुःखसे उनके सारे कलुष धुल गये, ध्यानमें प्राप्त भगवान्‌के प्रेमालिङ्गनसे उनके समस्त पुण्योंका परम फल प्राप्त हो गया और वे भगवान्‌के पास सशरीर जानेवाली गोपियोंके पहुँचनेसे पहले ही भगवान्‌के पास पहुँच गयीं। भगवान्‌में मिल गयीं। यह शास्त्रका प्रसिद्ध सिद्धान्त है कि पाप-पुण्यके कारण ही बन्धन होता है और शुभाशुभका भोग होता है। शुभाशुभ कर्मोंके भोगसे जब पाप-पुण्य दोनों नाश हो जाते हैं, तब

श्रीराधाकृष्णाभ्यां नमः

49

श्रीराधा-माधव-चिन्तन

ग्रन्थकार- हनुमानप्रसाद पोद्दार

जीवकी मुक्ति हो जाती है। यद्यपि गोपियाँ पाप-पुण्यसे रहित श्रीभगवान्‌की प्रेम-प्रतिमास्वरूपा थीं, तथापि लीलाके लिये यह दिखाया गया है कि अपने प्रियतम श्रीकृष्णके पास न जा सकनेसे उनके विरहानलसे उनको इतना महान् संताप हुआ कि उससे उनके सम्पूर्ण अशुभका भोग हो गया—उनके समस्त पाप नष्ट हो गये और प्रियतम भगवान्‌के ध्यानसे उन्हें इतना आनन्द हुआ कि उससे उनके सारे पुण्योंका फल मिल गया। इस प्रकार पाप-पुण्योंका पूर्णरूपसे अभाव हो जानेसे उनकी मुक्ति हो गयी। चाहे किसी भी भावसे हो—कामसे, क्रोधसे, लोभसे—जो भगवान्‌के मङ्गलमय श्रीविग्रहका चिन्तन करता है, उसके भावकी अपेक्षा न करके वस्तुशक्तिसे ही उसका कल्याण हो जाता है। यह भगवान्‌के श्रीविग्रहकी विशेषता है। भावके द्वारा तो एक प्रस्तरमूर्ति भी परम कल्याणका दान कर सकती है, बिना भावके ही कल्याणदान भगवद्विग्रहका सहज दान है।

भगवान् हैं बड़े लीलामय। जहाँ वे अखिल विश्वके विधाता ब्रह्मा, शिव आदिके भी वन्दनीय, निखिल जीवोंके प्रत्यगात्मा हैं, वहीं वे लीलानटवर गोपियोंके इशारेपर नाचनेवाले भी हैं। उन्हींकी इच्छासे, उन्हींके प्रेमाह्वानसे, उन्हींके वंशी-निमन्त्रणसे प्रेरित होकर गोपियाँ उनके पास आयीं; परंतु उन्होंने ऐसी भावभङ्गी प्रकट की, ऐसा स्वाँग बनाया, मानो उन्हें गोपियोंके आनेका कुछ पता ही न हो। कदाचित् गोपियोंके मुँहसे वे उनके हृदयकी बात—प्रेमकी बात सुनना चाहते रहे हों। सम्भव है, वे विप्रलम्भके द्वारा उनके मिलन-भावको परिपुष्ट करना चाहते रहे हों। बहुत करके तो ऐसा लगता है कि कहीं लोग इसे साधारण बात न समझ लें, इसलिये साधारण लोगोंके लिये उपदेश और गोपियोंका अधिकार भी उन्होंने सबके सामने रख दिया। उन्होंने बतलाया—'गोपियो ! व्रजमें कोई विपत्ति तो नहीं आयी, घोर रात्रिमें यहाँ आनेका कारण क्या है ? घरवाले तुम्हें ढूँढ़ते होंगे, अब यहाँ ठहरना नहीं चाहिये। वनकी शोभा देख ली, अब बच्चों और बछड़ोंका भी ध्यान करो। धर्मके अनुकूल मोक्षके खुले हुए द्वार अपने सगे-सम्बन्धियोंकी सेवा छोड़कर वनमें दर-दर भटकना स्त्रियोंके लिये अनुचित है। स्त्रीको अपने पतिकी ही सेवा करनी चाहिये, वह कैसा भी क्यों न हो। यही सनातनधर्म है। इसीके अनुसार तुम्हें चलना चाहिये। मैं जानता हूँ कि तुम सब मुझसे प्रेम करती हो, परन्तु प्रेममें शारीरिक संनिधि आवश्यक नहीं है।

श्रवण, स्मरण, दर्शन और ध्यानसे सांनिध्यकी अपेक्षा अधिक प्रेम बढ़ता है। जाओ, तुम सनातन सदाचारका पालन करो। इधर-उधर मनको मत भटकने दो।'

श्रीकृष्णकी यह शिक्षा गोपियोंके लिये नहीं, सामान्य नारीजातिके लिये है। गोपियोंका अधिकार विशेष था और उसको प्रकट करनेके लिये ही भगवान् श्रीकृष्णने ऐसे वचन कहे थे। उन्हें सुनकर गोपियोंकी क्या दशा हुई और उनके उत्तरमें उन्होंने श्रीकृष्णसे क्या प्रार्थना की; वे श्रीकृष्णको मनुष्य नहीं मानती थीं, उनके पूर्णब्रह्म सनातन स्वरूपको भलीभाँति जानती थीं और यह जानकर ही उनसे प्रेम करती थीं—इस बातका कितना सुन्दर परिचय दिया; यह सब विषय मूलमें ही पाठ करने योग्य है। सचमुच जिनके हृदयमें भगवान्‌के परमतत्त्वका वैसा अनुपम ज्ञान और भगवान्‌के प्रति वैसा महान् अनन्य अनुराग है और सचाईके साथ जिनकी वाणीमें वैसे उद्गार हैं, वे ही विशेष अधिकारवान् हैं।

गोपियोंकी प्रार्थनासे यह बात स्पष्ट हो जाती है कि वे श्रीकृष्णको अन्तर्यामी, योगेश्वरेश्वर परमात्माके रूपमें पहचानती थीं और जैसे दूसरे लोग गुरु, सखा या माता-पिताके रूपमें श्रीकृष्णकी उपासना करते हैं वैसे ही वे पतिके रूपमें श्रीकृष्णसे प्रेम करती थीं, जो शास्त्रोंमें मधुर भावके—उज्ज्वल परम रसके नामसे कहा गया है। जब प्रेमके सभी भाव पूर्ण होते हैं और साधकोंको स्वामि-सखादिके रूपमें भगवान् मिलते हैं, तब गोपियोंने क्या अपराध किया था कि उनका यह उच्चतम भाव—जिसमें शान्त, दास्य, सख्य और वात्सल्य—सब-के-सब अन्तर्भूत हैं और जो सबसे उन्नत एवं सबका अन्तिम रूप है—क्यों न पूर्ण हो ? भगवान्‌ने उनका भाव पूर्ण किया और अपनेको असंख्य रूपोंमें प्रकट करके गोपियोंके साथ क्रीडा की। उनकी क्रीडाका स्वरूप बतलाते हुए कहा गया है—

रेमे रमेशो व्रजसुन्दरीभिर्यथार्भकः स्वप्रतिबिम्बविभ्रमः।

जैसे नन्हा-सा शिशु दर्पण अथवा जलमें पड़े हुए अपने प्रतिबिम्बके साथ खेलता है, वैसे ही रमेशभगवान् और व्रजसुन्दरियोंने रमण किया। अर्थात् सच्चिदानन्दघन सर्वान्तर्यामी प्रेमरसस्वरूप, लीलारसमय परमात्मा भगवान् श्रीकृष्णने अपनी ह्लादिनी शक्तिरूपा आनन्द-चिन्मयरसप्रतिभाविता अपनी ही प्रतिमूर्तिसे उत्पन्न अपनी प्रतिबिम्बस्वरूपा गोपियोंसे आत्मक्रीडा की। पूर्णब्रह्म सनातन रसस्वरूप रसराज रसिक-शेखर रस-परब्रह्म अखिलरसामृतविग्रह भगवान् श्रीकृष्णकी इस चिदानन्द-

****

रसमयी दिव्य क्रीडाका नाम ही रास है। इसमें न कोई जड शरीर था, न प्राकृत अङ्ग-सङ्ग था और न इसके सम्बन्धकी प्राकृत और स्थूल कल्पनाएँ ही थीं। यह था चिदानन्दमय भगवान्‌का दिव्य विहार, जो दिव्य लीलाधाममें सर्वदा होते रहनेपर भी कभी-कभी इस जड जगत्‌में भी प्रकट होता है।

वियोग ही संयोगका पोषक है, 'मान' और 'मद' ही भगवान्‌की लीलामें बाधक हैं। भगवान्‌की दिव्य लीलामें 'मान' और 'मद' भी, जो दिव्य हैं, इसीलिये होते हैं कि उनसे लीलामें रसकी और भी पुष्टि हो । भगवान्‌की इच्छासे ही गोपियोंमें लीलानुरूप मान और मदका संचार हुआ और भगवान् अन्तर्धान हो गये। जिनके हृदयमें लेशमात्र भी मद अवशेष है, नाममात्र भी मानका संस्कार शेष है, वे भगवान्‌के सम्मुख रहनेके अधिकारी नहीं। अथवा वे भगवान्‌के पास रहनेपर भी उनका दर्शन नहीं कर सकते। परंतु गोपियाँ गोपियाँ थीं, उनसे जगत्‌के किसी प्राणीकी तिलमात्र भी तुलना नहीं है। भगवान्‌के वियोगमें गोपियोंकी क्या दशा हुई, इस बातको रासलीलाका प्रत्येक पाठक जानता है। गोपियोंके शरीर-मन-प्राण, वे जो कुछ थीं—सब श्रीकृष्णमें एकतान हो गये। उनके प्रेमोन्मादका वह गीत, जो उनके प्राणोंका प्रत्यक्ष प्रतीक है, आज भी भावुक भक्तोंको भावमग्न करके भगवान्‌के लीलालोकमें पहुँचा देता है। एक बार सरस हृदयसे, हृदयहीन होकर नहीं, पाठ करनेमात्रसे ही वह गोपियोंकी महत्ता सम्पूर्ण हृदयमें भर देता है। गोपियोंके उस 'महाभाव'—उस 'अलौकिक प्रेमोन्माद'को देखकर श्रीकृष्ण भी अन्तर्हित न रह सके, उनके सामने 'साक्षात् मन्मथमन्मथ' रूपसे प्रकट हुए और उन्होंने मुक्तकण्ठसे स्वीकार किया कि 'गोपियो ! मैं तुम्हारे प्रेमभावका नित्य ऋणी हूँ। यदि मैं अनन्त कालतक तुम्हारी सेवा करता रहूँ तो भी तुमसे उऋण नहीं हो सकता। मेरे अन्तर्धान होनेका प्रयोजन तुम्हारे चित्तको दुखाना नहीं था, बल्कि तुम्हारे प्रेमको और भी उज्ज्वल एवं समृद्ध करना था !' इसके बाद रासक्रीडा प्रारम्भ हुई।

जिन्होंने अध्यात्मशास्त्रका स्वाध्याय किया है, वे जानते हैं कि योगसिद्धिप्राप्त साधारण योगी भी कायव्यूहके द्वारा एक साथ अनेक शरीरोंका निर्माण कर सकते हैं और अनेक स्थानोंपर उपस्थित रहकर पृथक्-पृथक् कार्य कर सकते हैं। इन्द्रादि देवगण एक ही समय अनेक स्थानोंपर उपस्थित होकर अनेक यज्ञोंमें एक साथ

आहुति स्वीकार कर सकते हैं। निखिल योगियों और योगेश्वरोंके ईश्वर सर्वसमर्थ भगवान् श्रीकृष्ण यदि एक ही साथ अनेक गोपियोंके साथ क्रीड़ा करें तो इसमें आश्चर्यकी कौन-सी बात है? जो लोग भगवान्‌को भगवान् नहीं स्वीकार करते, वे ही अनेकों प्रकारकी शङ्का-कुशङ्काएँ किया करते हैं। भगवान्‌की निज लीलामें इन तर्कोंके लिये कोई स्थान नहीं है।

गोपियाँ श्रीकृष्णकी स्वकीया थीं या परकीया, यह प्रश्न भी श्रीकृष्णके स्वरूपको भुलाकर ही उठाया जाता है। श्रीकृष्ण जीव नहीं हैं कि जगत्‌की वस्तुओंमें उनका हिस्सेदार दूसरा जीव भी हो। जो कुछ भी था, है और आगे होगा—उसके एकमात्र पति श्रीकृष्ण ही हैं! अपनी प्रार्थनामें गोपियोंने और परीक्षित्‌के प्रश्नके उत्तरमें श्रीशुकदेवजीने यही बात कही है कि गोपी, गोपियोंके पति, उनके पुत्र, सगे-सम्बन्धी और जगत्‌के समस्त प्राणियोंके हृदयमें आत्मारूपसे, परमात्मारूपसे जो प्रभु स्थित हैं—वे ही श्रीकृष्ण हैं। कोई भ्रमसे, अज्ञानसे भले ही श्रीकृष्णको पराया समझे; वे किसीके पराये नहीं हैं, सबके अपने हैं, सब उनके हैं। श्रीकृष्णकी दृष्टिसे, जो कि वास्तविक दृष्टि है, कोई परकीया है ही नहीं, सब स्वकीया हैं, सब केवल उनका अपना ही लीलाविलास है, सभी उनकी स्वरूपभूता आत्मस्वरूपा अन्तरङ्गा शक्तियाँ हैं। गोपियाँ इस बातको जानती थीं और स्थान-स्थानपर उन्होंने ऐसा कहा भी है!

ऐसी स्थितिमें 'जारभाव' और 'औपपत्य' का कोई लौकिक अर्थ नहीं रह जाता। जहाँ काम नहीं है, अङ्ग-सङ्ग नहीं है, वहाँ 'औपपत्य' और 'जारभाव' की कल्पना ही कैसे हो सकती है? गोपियाँ परकीया नहीं थीं, स्वकीया थीं; परंतु उनमें परकीयाभाव था। परकीया होनेमें और परकीयाभाव होनेमें आकाश-पातालका अन्तर है। परकीयाभावमें तीन बातें बड़े महत्त्वकी होती हैं—(१) अपने प्रियतमका निरन्तर चिन्तन, (२) मिलनकी उत्कट उत्कण्ठा और (३) दोष-दृष्टिका सर्वथा अभाव। स्वकीयाभावमें निरन्तर पास रहनेके कारण ये तीनों बातें गौण हो जाती हैं, परंतु परकीयाभावमें ये तीनों भाव उत्तरोत्तर बढ़ते रहते हैं। कुछ गोपियाँ जारभावसे श्रीकृष्णको चाहती थीं। इसका इतना ही अर्थ है कि वे श्रीकृष्णका निरन्तर चिन्तन करती थीं, मिलनके लिये उत्कण्ठित रहती थीं और श्रीकृष्णके प्रत्येक व्यवहारको

****

प्रेमकी आँखोंसे ही देखती थीं। चौथा भाव विशेष महत्त्वका और है—वह यह कि स्वकीया अपने घरका, अपना और अपने पुत्र-कन्याओंका पालन-पोषण, रक्षणावेक्षण पतिसे चाहती है। वह समझती है कि इनकी देख-रेख करना पतिका कर्तव्य है; क्योंकि ये सब उसीके आश्रित हैं और वह पतिसे ऐसी आशा भी रखती है। कितनी ही पतिपरायणा क्यों न हो, स्वकीयामें यह 'सकामभाव' छिपा रहता ही है। परंतु परकीया अपने प्रियतमसे कुछ नहीं चाहती, कुछ भी आशा नहीं रखती; वह तो केवल अपना सर्वस्व देकर ही उसे सुखी करना चाहती है। श्रीगोपियोंमें यह भाव भी भलीभाँति प्रस्फुटित था। इसी विशेषताके कारण संस्कृतसाहित्यके कई ग्रन्थोंमें निरन्तर चिन्तनके उदाहरणस्वरूप परकीयाभावका वर्णन आता है।

गोपियोंके इस भावके एक नहीं, अनेकों दृष्टान्त श्रीमद्भागवतमें मिलते हैं; इसलिये गोपियोंपर परकीयापनका आरोप उनके भावको न समझनेके कारण है। जिसके जीवनमें साधारण धर्मकी एक हलकी-सी प्रकाश-रेखा आ जाती है, उसीका जीवन परम पवित्र और दूसरोंके लिये आदर्शस्वरूप बन जाता है। फिर वे गोपियाँ, जिनका जीवन साधनाकी चरम सीमापर पहुँच चुका था अथवा जो नित्यसिद्धा एवं भगवान्‌की स्वरूपभूता हैं या जिन्होंने कल्पोंतक साधना करके श्रीकृष्णकी कृपासे उनका सेवाधिकार प्राप्त कर लिया है, सदाचारका उल्लङ्घन कैसे कर सकती हैं? और समस्त धर्म-मर्यादाओंके संस्थापक श्रीकृष्णपर धर्मोल्लङ्घनका लाञ्छन कैसे लगाया जा सकता है? श्रीकृष्ण और गोपियोंके सम्बन्धमें इस प्रकारकी कुकल्पनाएँ उनके दिव्य स्वरूप और दिव्य लीलाके विषयमें अनभिज्ञता ही प्रकट करती हैं।

श्रीमद्भागवतपर, दशम स्कन्धपर और रासपञ्चाध्यायीपर अबतक अनेक भाष्य और टीकाएँ लिखी जा चुकी हैं—जिनके लेखकोंमें जगद्गुरु श्रीवल्लभाचार्य, श्रीश्रीधरस्वामी, श्रीजीव गोस्वामी आदि हैं। उन लोगोंने बड़े विस्तारसे रासलीलाकी महिमा समझायी है। किसीने इसे 'कामपर विजय' बतलाया है, किसीने 'भगवान्‌का दिव्य विहार' बतलाया है और किसीने इसका आध्यात्मिक अर्थ किया है। भगवान् श्रीकृष्ण आत्मा हैं, आत्माकार-वृत्ति श्रीराधा हैं और शेष आत्माभिमुख वृत्तियाँ गोपियाँ हैं। उनका धाराप्रवाहरूपसे निरन्तर आत्मरमण ही रास है। किसी भी दृष्टिसे देखें,

****

रासलीलाकी महिमा अधिकाधिक प्रकट होती है।

परंतु इससे ऐसा नहीं मानना चाहिये कि श्रीमद्भागवतमें वर्णित रास या रमण-प्रसङ्ग केवल रूपक या कल्पनामात्र है। वह सर्वथा सत्य है और जैसा वर्णन है, वैसा ही मिलन-विलासादिरूप शृङ्गारका रसास्वादन भी हुआ था। भेद इतना ही है कि वह लौकिक स्त्री-पुरुषोंका 'काम'-मिलन न था। उसके नायक थे सच्चिदानन्दविग्रह, परात्पर-तत्त्व, पूर्णतम स्वाधीन और निरङ्कुश स्वेच्छाविहारी गोपीनाथ भगवान् नन्दनन्दन एवं नायिकाएँ थीं स्वयं ह्लादिनी शक्ति श्रीराधाजी और उनकी कायव्यूहरूपा, उनकी घनीभूत मूर्तियाँ श्रीगोपीजन। अतएव इनकी यह लीला अप्राकृत थी। सर्वथा मीठी मिश्रीकी अत्यन्त कड़ुए इन्द्रायण-(तूँबे-) जैसी कोई आकृति बना ली जाय, जो देखनेमें ठीक तूँबे-जैसे ही प्रतीत हो, तो इससे असलमें वह मिश्रीका तूँबा कड़ुआ थोड़े ही हो जाता है। क्या तूँबेके आकारकी होनेसे ही मिश्रीके स्वाभाविक गुण मधुरताका अभाव हो जाता है ? नहीं-नहीं, वह किसी भी आकारमें हो—सर्वत्र, सर्वदा और सर्वथा सब ओरसे मिश्री-ही-मिश्री है। बल्कि इसमें लीला-चमत्कारकी बात अवश्य है। लोग समझते हैं कड़ुआ तूँबा और होती है वह मधुर मिश्री। इसी प्रकार अखिलरसामृतसिन्धु सच्चिदानन्दघनविग्रह भगवान् श्रीकृष्ण और उनकी अन्तरङ्गा अभिन्न-स्वरूपा गोपियोंकी लीला भी देखनेमें कैसी ही क्यों न हो, वस्तुतः वह सच्चिदानन्दमयी ही है। उसमें सांसारिक गंदे कामका कड़ुआ स्वाद है ही नहीं। हाँ, यह अवश्य है कि इस लीलाकी नकल किसीको कभी नहीं करनी चाहिये, करना सम्भव भी नहीं है। मायिक पदार्थोंके द्वारा मायातीत भगवान्का अनुकरण कोई कैसे कर सकता है ? कड़ुए तूँबेको चाहे जैसी सुन्दर मिठाईकी आकृति दे दी जाय, उसका कड़ुआपन कभी मिट नहीं सकता। इसीलिये जिन मोहग्रस्त मनुष्योंने श्रीकृष्णकी रास आदि अन्तरङ्ग-लीलाओंका अनुकरण करके नायक-नायिकाका रसास्वादन करना चाहा या चाहते हैं, उनका घोर पतन हुआ है और होगा ! श्रीकृष्णकी इन लीलाओंका अनुकरण तो केवल श्रीकृष्ण ही कर सकते हैं। इसीलिये शुकदेवजीने रासपञ्चाध्यायीके अन्तमें सबको सावधान करते हुए कह दिया है कि भगवान्के उपदेश तो सब मानने चाहिये, परंतु उनके सभी आचरणोंका

अनुकरण कभी नहीं करना चाहिये।

यदि यह हठ ही हो कि श्रीकृष्णका चरित्र मानवीय धारणाओं और आदर्शोंके अनुकूल ही होना चाहिये तो इसमें भी कोई आपत्तिकी बात नहीं है। श्रीकृष्णकी अवस्था उस समय दस वर्षके लगभग थी, जैसा कि भागवतमें स्पष्ट वर्णन मिलता है। गाँवोंमें रहनेवाले बहुत-से दस वर्षके बच्चे तो नंगे ही रहते हैं। उन्हें कामवृत्ति और स्त्री-पुरुष-सम्बन्धका कुछ ज्ञान ही नहीं रहता। लड़के-लड़की एक साथ खेलते हैं, नाचते हैं, गाते हैं, त्योहार मनाते हैं, गुड़ुई-गुड़ुएकी शादी करते हैं, बारात ले जाते हैं और आपसमें भोज-भात भी करते हैं, गाँवके बड़े-बूढ़े लोग बच्चोंका यह मनोरञ्जन देखकर प्रसन्न ही होते हैं, उनके मनमें किसी प्रकारका दुर्भाव नहीं आता। ऐसे बच्चोंको युवती स्त्रियाँ भी बड़े प्रेमसे देखती हैं, आदर करती हैं, नहलाती हैं, खिलाती हैं। यह तो साधारण बच्चोंकी बात है। श्रीकृष्ण-जैसे असाधारण धी-शक्तिसम्पन्न बालक, जिनके अनेकों सद्गुण बाल्यकालमें ही प्रकट हो चुके थे, जिनकी सम्मति, चातुर्य और शक्तिसे बड़ी-बड़ी विपत्तियोंसे व्रजवासियोंने त्राण पाया था, उनके प्रति वहाँकी स्त्रियों, बालिकाओं और बच्चोंका कितना स्नेह, कितना आदर रहा होगा—इसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती। उनके सौन्दर्य, माधुर्य और ऐश्वर्यसे आकृष्ट होकर गाँवकी बालक-बालिकाएँ उनके साथ ही रहती थीं और श्रीकृष्ण भी अपनी मौलिक प्रतिभासे राग, ताल आदि नये-नये साधनोंसे उनका मनोरञ्जन करते थे और उन्हें शिक्षा देते थे। ऐसे ही मनोरञ्जनोंमेंसे रासलीला भी एक थी, ऐसा समझना चाहिये। जो श्रीकृष्णको केवल मनुष्य समझते हैं, उनकी दृष्टिमें भी यह दोषकी बात नहीं होनी चाहिये। वे उदारता और बुद्धिमानीके साथ भागवतमें आये हुए 'काम', 'रति' आदि शब्दोंका ठीक वैसा ही अर्थ समझें, जैसा उपनिषद् और गीतामें इन शब्दोंका अर्थ होता है। वास्तवमें गोपियोंके परम त्यागमय प्रेमका ही नामान्तर 'काम' है—'**प्रेमैव गोपरामाणां काम इत्यगमत् प्रथाम्।**' और भगवान् श्रीकृष्णका आत्मरमण अथवा उनकी दिव्य क्रीडा ही 'रति' है—'**आत्मनि यो रममाणः**', '**आत्मारामोऽप्यरीरमत्।**' इसीलिये इस प्रसङ्गमें स्थान-स्थानपर उनके लिये विभु, परमेश्वर, लक्ष्मीपति, भगवान्, योगेश्वरेश्वर; आत्माराम,

मन्मथमन्मथ, अखिलदेहिनामन्तरात्मदृक् आदि पद आये हैं—जिससे किसीको कोई भ्रम न हो जाय।

राजा परीक्षित्ने अपने प्रश्नोंमें जो शङ्काएँ की हैं, उनका उत्तर प्रश्नोंके अनुरूप ही अध्याय २९ के श्लोक १३ से १६ तक और अध्याय ३३ के श्लोक ३० से ३७ तक श्रीशुकदेवजीने दिया है। उस उत्तरसे वे शङ्काएँ तो हट गयी हैं, परंतु भगवान्की दिव्यलीलाका रहस्य नहीं खुलने पाया; सम्भवतः उस रहस्यको गुप्त रखनेके लिये ही ३३ वें अध्यायमें रासलीला-प्रसङ्ग समाप्त कर दिया गया। वस्तुतः इस लीलाके गूढ़ रहस्यकी प्राकृत जगत्में व्याख्या की भी नहीं जा सकती; क्योंकि यह इस जगत्की क्रीडा ही नहीं है। यह तो उस दिव्य आनन्दमय—रसमय राज्यकी चमत्कारमयी लीला है, जिसके श्रवण और दर्शनके लिये परमहंस मुनिगण भी सदा उत्कण्ठित रहते हैं। कुछ लोग इस लीलाप्रसङ्गको भागवतमें क्षेपक मानते हैं, वे वास्तवमें दुराग्रह करते हैं; क्योंकि प्राचीन-से-प्राचीन प्रतियोंमें भी यह प्रसङ्ग मिलता है और थोड़ा विचार करके देखनेसे यह सर्वथा सुसंगत और निर्दोष सिद्ध होता है। भगवान् श्रीकृष्ण कृपा करके ऐसी विमल बुद्धि दें, जिससे हमलोग इसका कुछ रहस्य समझनेमें समर्थ हों।

रासपञ्चाध्यायीके पाठकोंको इतना तो निश्चयरूपसे अवश्य ही मान लेना चाहिये कि इसमें लौकिक कामगन्धके लेशकी भी कल्पना नहीं है। यह विभूतियुक्त दिव्य चिन्मय पूर्णशक्तिके साथ सच्चिदानन्दघन परिपूर्णतम भगवान्का अप्राकृत और अचिन्त्य पवित्रतम प्रेम-रसका महास्वादन है। इसीसे श्रीशुकदेवजीने इस रासलीलाके श्रवण-वर्णनका महान् तथा अपूर्व फल बतलाया है—'हृद्रोग कामका समूल नाश और प्रेमरूपा पराभक्तिकी प्राप्ति'। इससे सिद्ध है कि यह दिव्यरसका प्रवाह ही है, इसमें लौकिक काम-गाथाका कोई सम्बन्ध ही नहीं है। कुछ महानुभाव रासको काम-विजय-लीला कहते हैं, दृष्टि-भेदसे यह भी ठीक है। परंतु यहाँ इस दिव्य प्रेमराज्यमें तो कभी नीच कामके प्रवेशकी ही कल्पना नहीं है। तब काम-विजय कैसे होता । श्रीशुकदेवजी कहते हैं—

'व्रजवधुओंके साथ भगवान्की इस रासक्रीड़ाका जो संशयरहित मनसे

श्रद्धाके साथ श्रवण और कीर्तन करेगा, वह शीघ्र ही भगवान्‌की प्रेमाभक्ति—पराभक्तिको प्राप्त होगा और उसके हृद्रोग—कामका सर्वथा विनाश हो जायगा।'

यथार्थमें भगवान्‌की इस दिव्यलीलाके वर्णनका यही प्रयोजन है कि जीव गोपियोंके उस अहैतुक प्रेमका, जो स्व-सुखकी वाञ्छासे रहित केवल श्रीकृष्णको ही सुख पहुँचानेके लिये है, स्मरण करे और उसके द्वारा भगवान्‌के रसमय दिव्यलीलालोकमें भगवान्‌के अनन्त प्रेमका अनुभव करे। अतः रासपञ्चाध्यायीका अध्ययन करते समय किसी प्रकारकी भी शङ्का न करके इस भावको जगाये रखना चाहिये तथा श्रद्धायुक्त हृदयसे इसे भगवान्‌की पवित्रतम लीला समझकर ही प्रढ़ना-सुनना चाहिये।

——::×::——

श्रीकृष्ण-लीलाके अन्ध-अनुकरणसे हानि

भगवान् श्रीराम मर्यादापुरुषोत्तम हैं और भगवान् श्रीकृष्ण लीलापुरुषोत्तम। दोनों एक हैं। एक ही सच्चिदानन्दघन परमात्मा भिन्न-भिन्न लीलाओंके लिये दो युगोंमें दो रूपोंमें अवतीर्ण हुए। इनमें बड़े-छोटेकी कल्पना करना अपराध है। श्रीरामरूपमें आपकी प्रत्येक लीला सबके अनुकरण करने योग्य मर्यादारूपकी होती है, रामरूपमें लीलाओंका रहस्य अत्यन्त निगूढ़ होनेपर भी बाह्यरूपसे सबकी समझमें आ सकता है और बिना किसी बाधाके अपने-अपने अधिकारानुसार सभी उसका अनुकरण कर सकते हैं, वह सीधा राजमार्ग है; परंतु भगवान्‌की श्रीकृष्णरूपमें की गयी कुछ लीलाएँ बाहर-भीतर दोनों ही प्रकारसे निगूढ़ और रहस्यमय हैं। इनका समझना अत्यन्त ही कठिन है और बिना समझे अनुकरण करना तो हलाहल विष पीना अथवा जान-बूझकर धधकती हुई आगमें कूद पड़ना है। यह बड़ा ही कण्टकाकीर्ण और ज्वालामय मार्ग है। अतएव सर्वसाधारणके लिये सर्वथा समझने, मानने और पालन करने योग्य महान् उपदेश भगवान् श्रीकृष्णकी भगवद्गीता है और सर्वतोभावसे

****

अनुकरण करनेयोग्य भगवान् श्रीरामके मर्यादायुक्त लीलाएँ हैं।

जिन लोगोंने बिना समझे-बूझे भगवान् श्रीकृष्णकी लीलाका अनुकरण किया, वे स्वयं डूबे और दूसरे अनेक निर्दोष नर-नारियोंको डुबानेका कारण बने। अग्नि पी जाने, पहाड़ अँगुलीपर उठा लेने, कालिय नागको नाथने आदि क्रियाओंका अनुकरण तो कोई क्यों करने लगा और करना भी शक्तिके बाहरकी बात है; अनुकरण करनेवाले तो बस, चीरहरण, रासलीला और श्रीराधाकृष्णकी प्रेमलीलाओंका अनुकरण करते हैं। इन लीलाओंके महान् उच्च आध्यात्मिक भावको समझनेमें सर्वथा असमर्थ होकर अपनी वासनामयी वृत्तिको चरितार्थ करनेके लिये इनके अनुकरणके नामपर वास्तवमें पाप किया जाता है। ऐसा कहा जाता है कि 'भगवत्प्रेममें वैराग्यकी कोई आवश्यकता नहीं, त्यागकी अपेक्षा नहीं। श्रीप्रिया-प्रियतमके प्रेममें तो केवल शृङ्गार और भोगका ही प्रयोजन है।' बल्कि यहाँतक भी कह दिया जाता है कि 'युगल-सरकारके चरणोंके सेवक बन जाओ; फिर चोरी-जारी, झूठ-कपट, प्रमाद-आलस्य—जो कुछ भी करते रहो, कोई आपत्ति नहीं है।' मेरी समझसे ये सारी बातें अपनी दुर्बलताओंको छिपाने, भगवद्भक्तिके नामपर विषयोंको प्राप्त करने, कपट-प्रेमी बनकर पाप कमाने और भोले नर-नारियोंको ठगकर अपनी बुरी वासनाओंको तृप्त करनेके लिये कही जाती हैं! सच्चिदानन्दघन भगवान् श्रीकृष्ण और उनकी आत्मस्वरूपिणी जगज्जननी श्रीराधिकाजीका चरण-सेवक बनकर भी क्या कोई कभी चोरी-जारी आदि पापकर्म कर सकता है? भगवान्के सच्चे मनसे लिये हुए एक नामसे ही जब सारे पापोंका समूह भस्म हो जाता है, तब भगवान्के चरणसेवकोंमें तो पाप-प्रवृत्ति रह ही कैसे सकती है? वैराग्य और त्याग तो भगवद्भक्तिकी आधार-शिला हैं। जो अपने मनसे विषयोंका त्याग नहीं करता, भोगोंकी स्पृहा नहीं छोड़ता, वह भगवान्का भक्त ही कैसे बन सकता है? भक्तको तो अपना सर्वस्व, लोक-परलोक और मोक्षतक भगवान्के चरणोंपर निछावर करके सर्वथा अकिंचन बन जाना पड़ता है। भगवत्प्रेमी भोगी कैसे हो सकता है? अतएव जो भगवत्प्रेमके नामपर भोगका उपदेश करते हैं, उनसे और उनके उपदेशोंसे सदा सावधान रहना चाहिये। दुःखकी बात है कि श्रीमद्भागवतकी रासपञ्चाध्यायीका भ्रान्त-अनुकरण करने जाकर काम-वासनासे

स्त्रियोंसे मिलने-जुलनेमें तो कोई आपत्ति नहीं मानी जाती, यहाँ तो भगवान्‌के लीला-अनुकरणका नाम लिया जाता है, परंतु उस श्रीमद्भागवतके '**स्त्रीणां स्त्रीसङ्गिनां सङ्गं त्यक्त्वा दूरत आत्मवान्**'—आत्मवान्‌को चाहिये कि वह स्त्रियोंके ही नहीं, स्त्रीसङ्गियोंके सङ्गको भी दूरसे त्याग दें—इस उपदेशपर कोई ध्यान नहीं दिया जाता। श्रीमद्भागवत और श्रीकृष्णप्रेमके एवं माधुर्यरसके मर्मको समझनेवाले तो श्रीचैतन्यमहाप्रभु थे, जो मधुररसके उपासक होकर भी धन और स्त्रीसे सर्वथा दूर रहते थे।

यद्यपि कई कारणोंसे आजकल प्रकटमें प्रायः ऐसी पाप-क्रियाएँ कम होती हैं, फिर भी गुप्तरूपसे इन भावोंका प्रचार और प्रसार अब भी कम नहीं है। ये भक्ति और भगवत्प्रेमके विघातक हैं। कवियोंने व्यासशुकदेवके मर्मको न समझकर अपनी-अपनी भावनाके अनुसार मनमानी रचना की; तपस्वी, भक्त और मर्मज्ञ पुरुषोंको छोड़कर शेष गुरु, भक्त और उपदेशक कहलानेवाले लोगोंने मनमाना कथन और कार्य किया। शृङ्गारके गंदे-गंदे गीतोंमें श्रीकृष्ण और श्रीराधाका समावेश किया गया और दुष्ट विषयी पुरुषोंने इन लीलाओंकी आड़ लेकर पापकी परम्परा चला दी। इससे हिंदू-जातिका जो घोर अमङ्गल हुआ है, उसकी कोई सीमा नहीं है। अब भी सब लोगोंको चेतकर भगवान् श्रीकृष्णकी गीताके दिव्य उपदेशके अनुसार अपने जीवनको बनाना चाहिये। भगवान्‌के इन शब्दोंको सर्वथा और सर्वदा याद रखना चाहिये—

त्रिविधं नरकस्येदं द्वारं नाशनमात्मनः।
कामः क्रोधस्तथा लोभस्तस्मादेतत्त्रयं त्यजेत्॥

(गीता १६।२१)

काम, क्रोध और लोभ—ये तीन नरकके दरवाजे और आत्माको अधोगतिमें ले जानेवाले हैं; इसलिये इन तीनोंको सर्वथा त्याग देना चाहिये।

——::×::——

श्रीकृष्ण-लीलानुकरण हानिकारक

××× जो लोग श्रीकृष्णका स्वाँग सजकर गोपीभावसे स्त्रियोंसे पूजा कराते हैं, मेरी तुच्छ समझसे वे बड़ी भारी भूल करते हैं। यह सत्य है कि यह सारा जगत् परमात्माकी अभिव्यक्ति है, इसके निमित्तोपादान कारण परमात्मा ही होनेसे यह परमात्मस्वरूप ही है और इस दृष्टिसे देवता, मनुष्य, पशु-पक्षी, कीट-पतङ्ग—सभीको परमात्माका स्वरूप समझना आवश्यक है; परंतु परमात्माका यह पूर्ण रूप नहीं है। यह तो अंशमात्र है। यद्यपि सब कुछ परमात्मा है, किंतु परमात्मा यह 'सब कुछ' ही नहीं है—परमात्मा इस 'सब कुछ' से परे अनन्त है और वह अनन्त परमात्मा श्रीकृष्णका ही स्वरूप है, इससे श्रीकृष्णसे ही सब व्याप्त हैं—यह ठीक ही है।

मया ततमिदं सर्वं जगदव्यक्तमूर्तिना।

(गीता ९।४)

भगवान् श्रीकृष्णने कहा ही है—'मेरी अव्यक्त मूर्तिसे (परमात्मा विभुसे) सारा जगत् व्याप्त है।' परंतु यही (जगत् ही) श्रीकृष्ण नहीं है। अतएव श्रीकृष्णका स्वाँग रासलीलाके खेलमें चाहे आ सकता है; परंतु कोई मनुष्य वस्तुतः श्रीकृष्ण बनकर लोगोंसे अपनेको पुजवाये, यह तो बहुत ही अनुचित है और पूजनेवाले भी बड़ी भूल करते हैं। माना कि स्त्रियाँ श्रद्धालु हैं, भले घरोंकी हैं और शुद्ध भावसे ही ऐसा करती हैं; परंतु यह क्रिया वास्तवमें आदर्शके विरुद्ध और हानिकारक है। यह भी माना कि महात्मा निर्विकार हैं; परंतु उनका भी आदर्श तो बिगड़ता ही है और यदि वे साधक हैं तो इस निर्विकारताका बहुत दिनोंतक टिकना भगवान्‌की असीम कृपासे ही सम्भव है। ऐसी स्थितिमें जो लोग शुद्ध भावसे इस कार्यका प्रतिवाद करते हैं, वे न तो कोई दोष करते हैं और न अनुचित ही करते हैं। मेरी समझसे यदि उनका भाव द्वेषरहित और शुद्ध है तो वे पापके भागी नहीं होते।

****

श्रीकृष्ण मेरी समझसे महापुरुष या सिद्ध महात्मा ही नहीं हैं; वे साक्षात् परब्रह्म, पूर्णब्रह्म सनातन पुरुषोत्तम स्वयं भगवान् हैं। उनका शरीर पाञ्चभौतिक—मायिक नहीं है, वे नित्य सच्चिदानन्द-विग्रह हैं और गोपीजन भी दिव्यशरीरयुक्ता साक्षात् भगवान् श्रीकृष्णकी स्वरूपभूता ह्लादिनी शक्तिकी घनीभूत दिव्य मूर्तियाँ हैं। पद्मपुराणमें श्रीगोपीजनके सम्बन्धमें कहा गया है—

गोप्यस्तु श्रुतयो ज्ञेया ऋषिजा देवकन्यकाः।
....................राजेन्द्र न मानुष्यः कदाचन॥

'गोपियोंको श्रुतियाँ, ऋषियोंका अवतार, देवकन्या और गोपकन्या जानना चाहिये। वे मनुष्य कभी नहीं हैं।'

अखिलरससागर रसराजशिरोमणि जगत्पति श्रीभगवान्की प्रेयसी इन महाभाग्यवती दिव्यविग्रहधारिणी गोपियोंमें कुछ तो 'नित्यसिद्धा' हैं, जो अनादिकालसे भगवान् श्रीकृष्णके साथ दिव्य लीला-विलास करती हैं। कुछ पूर्वजन्ममें श्रुतियोंकी अधिष्ठात्री देवता हैं, जो 'श्रुतिपूर्वा' कहलाती हैं; कुछ दण्डकारण्यके सिद्ध ऋषि हैं, जो 'ऋषिपूर्वा'के नामसे ख्यात हैं और कुछ स्वर्गमें रहनेवाली देवकन्याएँ हैं, जो 'देवीपूर्वा' कहलाती हैं। पिछले तीनों वर्गोंकी गोपिकाएँ 'साधनसिद्धा' हैं। नित्य-सिद्धा गोपीजनोंमें श्रीराधाजी मुख्य हैं और चन्द्रावलीजी, ललिताजी, विशाखाजी आदि उन्हींकी कायव्यूहरूपा हैं; ये 'गोपकन्या' कहलाती हैं। साधनसिद्धा गोपियाँ पूर्वजन्ममें श्रीकृष्ण-सेवा-लालसासे साधनसम्पन्न होकर इस जन्ममें गोपीगृहोंमें अवतीर्ण हुई थीं और नित्यसिद्धा गोपीजनोंके सत्सङ्ग, सहयोग और सेवनसे दिव्यरूपताको पाकर इन्होंने श्रीकृष्णका दिव्य चरण-सेवाधिकार प्राप्त किया था। न तो ये गोपियाँ परस्त्रियाँ थीं और न अखिल विश्वब्रह्माण्डके स्वामी, आत्माओंके आत्मा भगवान् श्रीकृष्ण ही परपुरुष या उपपति थे। प्रेम-रसास्वादनके लिये—प्रेममार्गके साधनकी अत्युच्च भूमिकाके शिखरपर महात्माओंको भगवत्कृपासे जो सिद्धिरूपा चरमानुभूति होती है, उसी अतुलनीय दिव्य प्रेमका वितरण करनेके लिये 'जगत्पति'ने 'उपपति'का और उनकी नित्यसङ्गिनी नित्यकान्तास्वरूपा शक्तियोंने 'परस्त्री'का साज सजा था। यह रास—यह गोपी-गोपीनाथका मिलन हमारे मलिन

****

मिलनकी तरह गंदे कामराज्यकी वस्तु नहीं है, पाञ्चभौतिक देहोंके गंदे काम-विकारका परिणाम नहीं है। यह तो परम अद्भुत, परम विलक्षण—जिसकी एक झाँकीके लिये बड़े-बड़े आत्मज्ञानी कैवल्य-प्राप्त महापुरुषगण तरसते रहते हैं—दिव्य लीला है। इसका अनुकरण कोई भी मनुष्य कदापि नहीं कर सकता, चाहे वह कितनी ही ऊँच स्थितिमें हो। इस लीलाका अनुकरण करने जाकर जो पर-स्त्री और पर-पुरुष परस्पर प्रेमका सम्बन्ध जोड़ना चाहते हैं, वे तो घोर नरक-यन्त्रणाकी तैयारी करते हैं। सचमुच उनमें सच्चा प्रेम है ही नहीं। वे तो तुच्छ कामके गुलाम हैं और प्रेमके नामको कलङ्कित करते हैं। सच्चा प्रेम तो एक श्रीभगवान्‌से ही होता है। प्रेममें प्रेमके सिवा और कोई कामना-वासना रहती ही नहीं। जगत्‌में परोपकारतकके कार्योंमें आत्मतृप्तिकी एक वासना रहती है। जगत्‌का कोई भी जीव आत्मेन्द्रिय-तृप्तिकी इच्छा बिना—चाहे वह अत्यन्त ही क्षीण हो—किसीसे प्रेम नहीं करता और जिसमें आत्मेन्द्रिय-तृप्तिकी वासना है, वह प्रेम प्रेम नहीं है। आत्मेन्द्रियतृप्तिकी इच्छासे रहित एकनिष्ठ प्रेम तो आत्माओंके आत्मा, हमारे आत्माके भी आत्मा श्रीकृष्णके प्रति ही हो सकता है। जो पर-स्त्री और पर-पुरुष इन्द्रियतृप्तिकी इच्छासे—चाहे वह बहुत सूक्ष्म वासनाके रूपमें ही हो—प्रेमका स्वाँग सजते हैं, वे वस्तुतः अपना महान् अनिष्ट करते हैं। वासनाको बढ़कर प्रबल रूप धारण करते देर नहीं लगती। आगमें ईंधन डालनेसे जैसे आग बढ़ती है, वैसे ही भोग्य वस्तुकी प्राप्तिसे भोगतृष्णा बढ़ती है और उसके परिणाममें इस लोक और परलोकमें प्राप्त होते हैं—निन्दा, भय, क्लेश, कष्ट और अनन्त नरक-यन्त्रणा!

शास्त्र कहते हैं—

यस्त्विह वा अगम्यां स्त्रियं पुरुषः अगम्यं वा पुरुषं योषिदभिगच्छति तावमुत्र कशया ताडयन्तस्तिग्मया सूर्म्या लोहमय्या पुरुषमालिङ्गयन्ति स्त्रियं च पुरुषरूपया सूर्म्या।

अर्थात् 'कोई पुरुष यदि अगम्या स्त्रीमें गमन करता है अथवा कोई स्त्री अगम्य पुरुषसे गमन करती है (अगम्य वही है, जिससे विवाह न हुआ हो) तो उनके मरनेपर यमदूत उनको मारते हुए ले जाते हैं और वहाँ जलती हुई लोहेकी स्त्रीमूर्तिसे पुरुषका

और पुरुषमूर्तिसे स्त्रीका आलिङ्गन कराते हैं। इस नरकका नाम 'तप्तसूर्मि' है।'

इसके बाद जब स्थूलदेहमें जन्म होता है, तब उन्हें कई जन्मोंतक नाना प्रकारके भयानक रोगोंसे पीड़ित रहना पड़ता है।

अतएव इस मायिक जगत्में श्रीकृष्णकी और गोपियोंकी दिव्य लीलाका अनुकरण कदापि नहीं हो सकता, न ऐसा दुस्साहस किसीको कभी करना ही चाहिये।

हाँ, जिनके अन्तःकरण परम विशुद्ध हो गये हैं, इस लोक और परलोकके भोगोंकी सारी वासना जिनके मनसे मिट चुकी है, जो मुक्तिका भी तिरस्कार कर सकते हैं, ऐसे पुरुषोंमें यदि किन्हीं महापुरुषकी कृपासे श्रीकृष्णसेवाकी लालसा जग उठे और भुक्ति-मुक्तिकी सूक्ष्म वासनातकका सर्वथा अभाव होकर उन्हें शुद्ध प्रेमा-भक्ति प्राप्त हो, तब सम्भव है गोपियोंकी भाँति श्रीकृष्ण उन्हें उपपतिके रूपमें प्राप्त हो सकें। अतएव यदि गोपियोंको आदर्श मानकर उनका अनुकरण करना हो तो वह परम पुरुष श्रीकृष्णके लिये करना चाहिये, न कि हाड़-मांसके घृणित पुतले पर-पुरुष या पर-स्त्रीके लिये।

शरीरसे तो अनुकरण कोई भी नहीं कर सकते। परंतु भावसे भी, जिनमें तनिक भी निजेन्द्रिय-तृप्तिकी वासना है, जो पवित्र और परम वैराग्यकी स्वच्छ भूमिकापर नहीं पहुँच गये हैं, वे पुरुष या स्त्री यदि श्रीगोपी-गोपीनाथकी लीलाओंका अनुकरण करना चाहेंगे तो उनकी वही दशा होगी, जो सुन्दर फूलोंके हारके भरोसे अत्यन्त विषधर नागको गलेमें पहननेवालोंकी होती है। पाञ्चभौतिक देहधारी स्त्री-पुरुषको तो श्रीकृष्णकी लीलाकी तुलना अपने कार्योंसे करनी ही नहीं चाहिये××××।

——::×::——

भगवान्‌की सब लीलाओंका अनुकरण नहीं हो सकता

प्रिय महोदय ! सादर सप्रेम हरिस्मरण। आपका कृपापत्र मिला। भगवान्‌की अवतार-लीलाओंके सम्बन्धमें कुछ भी संदेह न करके ऐसा मानना चाहिये कि वे भगवान् हैं, सर्वसमर्थ हैं, सर्वतन्त्र-स्वतन्त्र हैं—चाहे जैसे, चाहे जो चाहे जब कर सकते हैं; उनके लिये सभी कुछ ठीक है। पर हमें अनुकरण उन्हीं बातोंका करना चाहिये, जिनके लिये उनका तथा उनकी ही वाणीरूप शास्त्रोंका आदेश हो; और सच बात तो यह है कि भगवान्‌की सारी लीलाओंका अनुकरण किया भी नहीं जा सकता।

भगवान्‌की लीलाएँ प्रधानतया तीन प्रकारकी होती हैं— १. लोकसंग्रह या लोकशिक्षाके लिये की जानेवाली आदर्श लीला, २. अद्भुत, असम्भव जान पड़नेवाली ऐश्वर्यमयी लीला और ३. अन्तरङ्ग प्रेमी भक्तोंके साथ की जानेवाली प्रेममयी लीला।

(१) माता-पिताकी भक्ति, गुरुकी भक्ति, ब्राह्मण-भक्ति, सदाचार, देवपूजन, दीनरक्षण, इन्द्रियनिग्रह, ध्यान-पूजन, सत्य व्यवहार, निष्कामभाव, अनासक्ति, समत्व, नित्य आनन्दमें स्थिति आदि यथायोग्य अनुकरण करनेयोग्य आदर्श लीलाएँ हैं। इनका अनुकरण अपने-अपने अधिकारके अनुसार किया जा सकता है और करना ही चाहिये। भगवान्‌का आदेश भी है ऐसा करनेके लिये।

(२) अग्नि पीना, वरुणलोकमें जाना, अँगुलीपर सात दिनोंतक पर्वत उठाये रखना, कई प्रकारसे अपने विराट्‌रूपके दर्शन कराना, अघासुर-शिशुपाल आदिके मरनेपर उनकी आत्मज्योतिको अपनेमें विलीन कर लेना, हजारों-लाखों मनुष्योंके साथ विभिन्न भावोंसे एक ही साथ मिलना, हजारों रानियोंके महलोंमें एक साथ रहना, दो जगह एक ही साथ एक ही समय आतिथ्य स्वीकार करना, सूर्यको ढक देना, असंख्य गोवत्स, गोपबालक तथा उनकी प्रत्येक वस्तुके रूपमें स्वयं बन जाना, ब्रह्माजीको सबमें भगवत्स्वरूपके तथा महान् ऐश्वर्यके दर्शन कराना, अक्रूरको

जलमें दर्शन कराना, मारकर असुरोंका उद्धार करना आदि ऐश्वर्यमयी लीलाएँ हैं। इनका अनुकरण साधारण मनुष्यके द्वारा सर्वथा असम्भव है।

(३) गोपियोंके घरोंसे माखन चुराकर खाना, चीरहरण, रासलीला और निकुञ्जलीला आदि अन्तरङ्ग मधुर प्रेमलीलाएँ हैं, जिन्हें भगवान् अपने आत्मस्वरूप पार्षदोंके तथा प्रेमियोंके साथ अनर्गल-अमर्यादरूपमें श्रुतिसेतुका भङ्ग करके अपने-आपमें ही किया करते हैं—

रेमे रमेशो व्रजसुन्दरीभि-
र्यथार्भकः स्वप्रतिबिम्बविभ्रमः ।

'रमानाथ भगवान्ने व्रजसुन्दरियोंके साथ वैसे ही खेल किया, जैसे बालक अपनी छायाके साथ करता है।'

इन मधुर लीलाओंका अनुकरण कदापि नहीं करना चाहिये। जो मूढ़ इनका अनुकरण करने जाता है, वह शास्त्र और धर्मसे च्युत होकर घोर नरकका अधिकारी होता है!

वस्तुतः इन तीनों प्रकारकी लीलाओंमें केवल पहली लीला ही अनुकरणके योग्य होती है। पिछले दोनों प्रकारकी लीलाएँ तो श्रवण, कीर्तन, मनन और ध्यान करके भगवान्के प्रति भक्ति तथा प्रेम प्राप्त करनेके लिये हैं। शुद्ध मनसे श्रद्धा-भक्तिपूर्वक भगवान्की ऐश्वर्य और माधुर्यसे भरी लीलाओंका चिन्तन करना चाहिये और आदर्श लोकशिक्षामयी लीलाओंको अपने जीवनमें उतारना चाहिये। शेष भगवत्कृपा।

——::×::——

बिखरे सुमन

१—भगवान्‌के कर्म भगवान्‌के स्वरूपसे भिन्न नहीं हैं। इसीलिये भगवान्‌के कर्मोंका नाम कर्म नहीं, लीला है। लीला सच्चिदानन्दस्वरूपका चित्स्वरूपविलास है। जैसे समुद्रकी तरङ्गें समुद्रके ही विलास हैं, वैसे चिद्-घन-सिन्धु भगवान्‌की लीला चित्स्वरूपके अतिरिक्त और कुछ नहीं है।

२—भगवान्‌की अचिन्त्य महाशक्तिमें विश्वास किये बिना लीलामें रस नहीं आयेगा। उसमें स्थान-स्थानपर संदेह उत्पन्न होगा या उन लीलाओंका आध्यात्मिक अर्थ लगाकर उनका माधुर्य नष्ट कर दिया जायगा। भगवान्‌की लीलावली भक्तोंके सामने नित्य सत्य है और वास्तवमें तो सत्य है ही।

३—लोगोंके देखनेमें वृन्दावनधाम आठ कोस लम्बा तथा चार कोस चौड़ा है, पर भगवान्‌का धाम अचिन्त्य चिन्मयस्वरूप है। उसके एक-एक धूलिकणमें अनन्तकोटि ब्रह्माण्डोंका समावेश हो सकता है और है।

४—भगवान्‌की प्रकट लीलामें जितने भी लीलासहचर वात्सल्य, सख्य एवं मधुरभाव रखनेवाले हैं, वे सब-के-सब भगवान्‌के ही स्वरूप हैं; क्योंकि वे सभी भगवान्‌के लीला-पार्षद हैं। उनके द्वारा जो भी चेष्टा होती है, स्फुरणा होती है, वे जो कुछ भी करते हैं, करनेकी चेष्टा करते हैं, सब भगवान्‌की इच्छाशक्तिसे समन्वित लीलाशक्तिके द्वारा होता है तथा यह सब भगवान्‌की लीलाका उपकरण है।

५—भगवान्‌की बाललीलाएँ ठीक प्राकृत बालकोंकी भाँति होती हैं। उनमें अप्राकृत भाव देखनेको नहीं मिलता। अप्राकृतका यह विचित्र प्राकृतानुकरण देखनेमें बड़ा मनोहर होता है। × × × जिनके संकल्पसे अनन्तकोटि ब्रह्माण्डोंका सृजन, पालन, संचालन होता है, उनकी प्राकृत लीलाको देखकर यह भ्रम होना स्वाभाविक ही है कि ये सर्वेश हैं कि नहीं। × × × × यदि कोई उनके चरणोंकी शरण लेकर माधुर्य ग्रहण करना चाहे तो उसे ज्ञात होगा कि अप्राकृतकी यह प्राकृत लीला कितनी मधुर है। भगवान्‌की 'भक्तवत्सलता' एवं 'प्रेमाधीनता'का यहीं पता लगता है। अखिलब्रह्माण्डपालक होकर भी वे अपने असीम ऐश्वर्यका तनिक-सा भी प्रकाश न करके साधारण बालकोंके साथ ठीक बालक होकर खेलते हैं। पर ऐसा नहीं मानना

चाहिये कि वे कोई दम्भ करते हैं; वे सचमुच ही खेलते हैं, सचमुच ही उन्हें इसमें आनन्द मिलता है। आनन्दको आनन्द देना, आनन्दमयमें आनन्दकी कामना— स्पृहा उत्पन्न करना, यह प्रेमी भक्तोंका ही काम है। आनन्दका रस लेनेके लिये ही भगवान् वात्सल्य, सख्य, मधुर आदि रसोंकी प्रेमी भक्तोंके अनुरूप लीला करते हैं। अप्राकृतकी लीला अप्राकृत है, पर देखनेमें प्राकृत-सी है। प्रेमी भक्तोंको सुख हो, भगवान् उसी प्रकारकी लीलाएँ करते हैं। प्रेमियोंके सुखमें उन्हें सुख होता है। ××× उनके श्रीकृष्ण आदि अवतारोंकी लीलाएँ नयी नहीं हैं; वे तो नित्य होती हैं और नित्य होती रहेंगी—यह नहीं कि पहले नहीं थीं, अब प्रकट हुई हैं। भगवान् जिस प्रकार नित्य हैं, उसी प्रकार उनकी लीलाएँ भी नित्य हैं। इनमें मायिक जगत्का काम नहीं। जो भक्त इनमें आनन्द लेते हैं, वास्तविक रूपमें वे ही भाग्यवान् हैं।

६—लीलाशक्ति एवं कृपाशक्ति भगवान्की समस्त शक्तियोंमें प्रधान हैं। कोई भी शक्ति इन दोनों शक्तियोंके विरोधमें आत्मप्रकाश नहीं करती। सारी शक्तियाँ इन दोनों शक्तियोंके प्रकाशके लिये ही कार्य करती हैं और सदा इनके अनुगत होकर चलती हैं।

७—भगवान् दम्भ नहीं करते, न नाट्य करते हैं। भगवान्की जितनी भी प्रेमलीलाएँ होती हैं, उनमें भगवान् जानते हुए भी अनजानकी भाँति काम करते हों यह बात नहीं है। उनकी प्रत्येक लीला सच्ची है। लीलाशक्तिकी इच्छासे वहाँ सर्वज्ञताशक्ति भी छिपी रहती है, यह उनकी प्रेमाधीनता है।

८—जीवकी तुच्छ शक्तिके काँटेपर जब हम भगवान्की क्रियाओंको तौलने जाते हैं, तब विफल ही होते हैं। पर यदि अपनी शक्तिको भूलकर श्रीकृष्णकी अचिन्त्य शक्तिकी ओर ध्यान दें तो हमें ज्ञात होगा कि उनकी अचिन्त्य शक्तिके लिये कुछ भी असम्भव नहीं है।

९—लीलामयके लीला-सिद्धान्तको समझनेके लिये लीलामयके चरणोंकी शरण लेनी चाहिये। जो अपनी विद्या, पुरुषार्थ और अपनी शक्तिके बलपर उनको समझना चाहता है, जानना चाहता है, वह न तो भगवान्को समझ ही सकता है और न जान ही सकता है। वह यथार्थ वस्तुको जान नहीं सकता और उसमें अपनी मायिक बुद्धिसे, मायिक समझसे प्राकृतभाव घर कर बैठता है। ×××× भगवान्की लीलाको

समझनेके लिये भगवान्‌की कृपापर भरोसा करना, अचिन्त्य महाशक्तिकी शरण लेना तथा श्रीकृष्णके चरणोंका आश्रय ग्रहण करना चाहिये; नहीं तो विपरीत धारणा हो जाती है, विश्वास नहीं होता और उस लीलामें रूपक, कल्पना, माया, नाट्य, दृष्टान्त, प्रक्षिप्तता आदि दोषबुद्धि आ जाती है। इस प्रकार हम लीलाकथा सुनकर अविश्वास करके नाना प्रकारके अपराध कर बैठते हैं। हमारे पापके साथ-साथ वक्ताको भी पापका भागी होना पड़ता है। जो श्रीकृष्णलीलामें रंचमात्र भी अविश्वास करते हों, जो अपनी विद्वत्ताके कारण उसे रूपक, कल्पना आदि बताते हों, उनके सामने लीला-कथा नहीं कहनी चाहिये। श्रीकृष्णलीला उन्हींके सामने कहनी चाहिये, जो तर्कके स्थानपर विश्वास रखते हों तथा जो श्रद्धापूर्वक लीलाकथा सुनना चाहते हों। भगवान्‌की लीला अत्यन्त गुह्य है।

१०—भगवान् श्रीकृष्णका ऐश्वर्य तो सर्वत्र व्याप्त है, उसे देखनेके लिये प्रयास नहीं करना पड़ता; पर उनका माधुर्य बड़ा गोपनीय है, उसका प्रकाश उनकी कृपाके बिना नहीं हो सकता। उनका माधुर्य तो उनकी मुग्धतामें ही है। वे जब बहुत बड़े होकर भी बहुत छोटे बनते हैं, ज्ञानमय होकर भी अज्ञ बनते हैं, प्रेमी भक्तोंके साथ मिलन एवं विरहकी लीला करते हैं, उस समय उनका माधुर्यसिन्धु उमड़ता है और उसमें अनन्त एक-से-एक विलक्षण विविध तरङ्गें लहराने लगती हैं, जिससे सारा जगत् परमानन्द-सुधासे आप्लावित हो जाता है।

११—व्रजकी गोपियाँ वात्सल्य और मधुर प्रेमकी कल्पलताएँ हैं, जो श्रीकृष्णरूपी दिव्य कल्पवृक्षसे नित्य लिपटी रहती हैं।

१२—भक्तोंका आनन्द बढ़ानेके लिये भगवान्‌का सच्चिदानन्दस्वरूप आनन्दसमुद्र उमड़ता है, इसी कारण भगवान् भक्तका आनन्द बढ़ानेके लिये अपनी हार भी स्वीकार करते हैं।

१३—भक्त और भगवान्‌में जब होड़ लग जाती है, तब भगवान् अपनी हार स्वीकार कर लेते हैं—यह भगवान्‌की प्रेमाधीनता है। भक्तकी प्रतिज्ञाकी रक्षा भगवान् अपनी प्रतिज्ञा तोड़कर भी करते हैं। वे तो नित्य विजयी हैं, उन्हें कौन हराये ? पर भगवान् और भक्तकी होड़में भगवान् हार जाते हैं।

१४—भगवान्‌की लीला-माधुरी और भक्तका प्रेम आपसमें होड़ लगाये रहते

हैं। भगवान्‌की लीला भक्तके प्रेमको बढ़ाती रहती है और भक्तका प्रेम भगवान्‌की लीलाको। जिस प्रकार दर्शक और अभिनेता दोनों मिलकर अभिनय-माधुरीका उपभोग करते हैं, वैसे ही भक्त और भगवान् मिलकर लीला-माधुरीका आस्वादन करते हैं।

१५—परस्पर विरुद्ध धर्मोंका युगपत्—एक ही समय साथ-साथ समावेश और समन्वय भगवान्‌का स्वाभाविक गुण है। भगवान्‌के अतिरिक्त अन्यत्र कहीं भी इस विरोधका समन्वय नहीं है। भगवान् अनन्त ऐश्वर्यवान् होकर भी लीलामें माँ यशोदासे एक-एक वस्तु माँगते हैं। सर्वथा सद्गुणरूप होनेपर भी चोरी करते हैं। नित्य तृप्त होकर भी माता यशोदाके स्तन्यपानके लिये अतृप्त—आतुर रहते हैं।

अस्थूलश्चानणुश्चैव स्थूलोऽणुश्चैव सर्वतः।
अवर्णः सर्वतः प्रोक्तः श्यामो रक्तान्तलोचनः॥

'वे स्थूल भी नहीं हैं, सूक्ष्म भी नहीं हैं। स्थूल भी हैं, सूक्ष्म भी हैं। वे अवर्ण—सब प्रकारसे वर्णविहीन होते हुए ही श्यामवर्ण तथा अरुणलोचन हैं।' 'नृसिंहतापिन्युपनिषद्'में आया है—

तुरीयमतुरीयमात्मानमनात्मानमुग्रमनुग्रं वीरमवीरं महान्तममहान्तं विष्णुमविष्णुं ज्वलन्तमज्वलन्तं सर्वतोमुखमसर्वतोमुखम्।

भगवान् 'तुरीय' हैं—(विराट्, हिरण्यगर्भ, कारणसे या जाग्रत्, स्वप्न, सुषुप्तिसे अतीत चतुर्थ—तुरीय हैं,) साथ ही 'अतुरीय' हैं— (सबके ईक्षणकर्ता, अन्तर्यामी, सबके आत्मा या सब अवस्थाओंके आधार होनेसे सर्वरूप 'अतुरीय' हैं।) चेतन 'आत्मा' भी भगवान् हैं, साथ ही जड 'अनात्मा'—अनात्मवस्तु भी भगवान् हैं। भगवान् 'उग्र' हैं—हिरण्यकशिपुका वध करनेके समय भगवान् इतने उग्र आकृतिके थे कि देवता और लक्ष्मीजीतक उन्हें देखकर डर गये; उसी समय वहीं वे भक्तचूड़ामणि प्रह्लादके लिये 'अनुग्र'—परम शान्त हैं। अघ-वकादि असुरोंका संहार करनेके लिये वे महान् 'वीर' हैं, साथ ही गोप-बालक आदि प्रेमी भक्तोंके सामने 'अवीर'—सदा ही पराजित हैं। वे अनन्तकोटि ब्रह्माण्डोंको अपने एक-एक रोमकूपमें धारण करनेवाले 'महान्' हैं, साथ ही यशोदा मैयाकी छोटी-सी गोदमें नन्हें-से शिशुरूपमें विराजित 'अमहान्'—क्षुद्र हैं। वे 'विष्णु'—सर्वव्यापी हैं और लीलाविग्रहरूपमें भक्तोंके प्रेमानुरूप आकृतिवाले 'अविष्णु' एकदेशीय हैं। वे नेत्रोंकी

तीव्र ज्वालासे असुरसमूहको भस्म करनेवाले—'ज्वलन्त' हैं, साथ ही भक्तोंके लिये परम स्निग्ध शान्त नयनानन्द-दाताके रूपमें प्रकट—'अज्वलन्त' हैं। भगवान् 'सर्वतोमुख' हैं—उनके हाथ, पैर, नेत्र, सिर और मुख सब ओर हैं **(सर्वतःपाणिपादं तत् सर्वतोऽक्षिशिरोमुखम्)** और वृन्दावनादि मधुर लीलामें वे 'असर्वतोमुख'—दो हाथ, दो चरण, दो नेत्र तथा एक मुखवाले लीलाविग्रहरूपसे आनन्द बढ़ाते रहते हैं।

वे निर्गुण रहते हुए ही सगुण हैं, निराकार रहते ही साकार हैं; पूर्णकाम होते हुए ही सकाम हैं और अजन्मा रहते हुए ही जन्म धारण करते हैं। वे सब कुछ हैं, साथ ही सबसे अतीत हैं।

वस्तुतः यह विरुद्धधर्माश्रयता ही भगवान्‌की भगवत्ता है। इसको बिना समझे उनकी लीलाओंका सामञ्जस्य नहीं हो सकता, परम मधुर लीलारसका आस्वादन नहीं हो सकता और न अचिन्त्य ऐश्वर्यका ज्ञान ही हो सकता है। इस प्रकार भगवान्‌के स्वरूपज्ञानमें कमी रह जाती है। भगवान्‌का रोना, क्रोध करना, स्तनका दूध पीने आदिके लिये व्याकुल होना न तो प्राकृतिक है और न काल्पनिक ही। यह उनका 'प्रेमाधीनता'रूप नित्य स्वाभाविक गुण है।

१६—बालस्वरूप भगवान् श्रीकृष्णका क्रोध एवं अश्रुजल दर्शकोंको प्रसन्न करनेके लिये किया जानेवाला नाट्य—अभिनय नहीं है, वह तो श्रीकृष्णके आन्तरिक बाल्यभावकी मधुर अभिव्यक्ति है। भगवान् दम्भ भी नहीं करते। 'भगवान्‌को वास्तवमें दुःख थोड़े ही हुआ था, उन्होंने तो छल किया था'—ऐसे विचारोंसे रस नष्ट हो जाता है। ऐसे विचारोंसे तो भगवान्‌की माधुरी एवं भक्तका वात्सल्य दोनों खो दिये जाते हैं।

१७—आन्तरिक भावकी बाह्य अभिव्यक्ति किसी दर्शक या अनुमोदककी अपेक्षा नहीं करती। आन्तरिक भावका स्वाभाविक विकास वहीं होता है, जहाँ जन-समूह नहीं होता। जन-समूहमें कारण उपस्थित होनेपर भी आन्तरिक भाव प्रकट नहीं होता। अकेलेमें निस्संकोच भावसे आन्तरिक भाव प्रकट होते हैं। किसीके असली स्वभावको जानना हो तो वह अकेलेमें क्या करता है, इसे देखना चाहिये; इससे उसका वास्तविक रूप प्रकट होगा। श्रीकृष्णने यशोदा मैयाके दूध उतारने चले

जानेपर अकेलेमें क्रोध करके दहीके मटकेको फोड़ डाला था और भग गये थे। यह दिखानेका नाट्य नहीं था, असली भाव था।

१८—मधुर लीला, प्रेमी पार्षदोंका अधिक जुटाव, रूप-माधुर्य और वेणु-माधुर्य—ये चार प्रकारके माधुर्य श्रीव्रजराजनन्दनमें विशेषरूपसे विद्यमान हैं और ये व्रजमें ही रहते हैं, उनके साथ मथुरा और द्वारका नहीं जाते।

१९—भगवान्‌के प्रेम-रहस्यको प्रेमी भक्त खोलना नहीं चाहते और न खुलवाना ही चाहते हैं।

२०—श्रीयशोदाजीके हृदयमें अपने पुत्र श्रीकृष्णके सिवा और कुछ रहता ही नहीं। प्रेम भावमय होता है। उनके हृत्-पटलपर भगवान् श्रीकृष्णका बाल-विग्रह सदा अङ्कित रहता है; क्योंकि उनका हृत्-पट भावरस-आप्लावित है।

२१—भगवान्‌के जितने वस्त्र हैं, अलंकार हैं, अस्त्र-शस्त्रादि हैं, सब-के-सब दिव्य, चेतन एवं सच्चिदानन्दमय हैं और भगवत्स्वरूप हैं। वे वैसे अदृश्य रहते हैं, पर समय-समयपर किसी घरवालेके या भक्तके माध्यमसे प्रकट हो जाते हैं। यशोदा मैया जब श्रीकृष्णको कोई आभूषण आदि पहनाती हैं, तब भगवान्‌के वे अदृश्य आभूषण आदि किसी-न-किसी रूपमें उनके कोषागारमें प्रकट हो जाते हैं और उन्हीं आभूषणोंसे मैया उनका शृङ्गार करती हैं; किंतु भक्तको अथवा घरवालोंको यह ज्ञात नहीं होता कि भगवान्‌के दिव्य आभूषण प्रकट हुए हैं और वह उनके द्वारा उनका शृङ्गार कर रहा है।

२२— भगवान्‌की लीलाके सम्बन्धमें जिस समय कोई संदेह होता है, उस समय वस्तुतः हम भगवान्‌को भगवान् नहीं मानते, उन्हें अपनी श्रेणीमें ले आते हैं; नहीं तो, कोई संदेह हो ही नहीं सकता। भगवान्‌का प्रत्येक कार्य, प्रत्येक वाणी देखनेमें विपरीत जान पड़नेपर भी तत्त्वतः सत्य है।

२३—भगवान्‌की लीला-कथा अत्यन्त रुचिकर, सबको समान सुख देनेवाली, किसी भी वस्तुकी अपेक्षा न रखनेवाली तथा अमोघ है।

२४—भगवान्‌से सम्बन्ध होते ही सब दोष मिट जाते हैं। भगवान्‌ने अपनी यह शक्ति लीला-कथामें छिपा रखी है। भगवान्‌ने कृपा करके अपनी लीला-कथा-माधुरी

इसीलिये छोड़ रखी है कि जगत्के बहिर्मुख लोगोंका कल्याण हो। ऐसे लोगों (बहिर्मुखों) से कहा जाय कि यम-नियम आदि करो तो कौन करेगा। पर कथामें कोई रोचक प्रसङ्ग आ जाय तो उनका भी मन लग ही जाता है।

२५—अग्निको देखे नहीं, अग्निको समझे नहीं, पर अग्निसे स्पर्श हो जाय तो अग्निका वस्तुगुण दाहकता जला ही देता है और जलनेपर उसपर श्रद्धा अपने-आप हो जाती है। इसी प्रकार लीलाकथासे अपने-आप श्रद्धा प्राप्त हो जाती है।

२६—बिना पुण्यबलके, बिना भगवत्कृपाके भगवत्कथा सुननेको मिलती ही नहीं। जो तार्किक हैं, वे उसे व्यर्थ मानते हैं और जो गृहासक्त हैं, उन्हें कथा सुननेका भी अवकाश नहीं।

२७—भगवान्की लीला-कथाके लिये एक ही उपाय है— उसकी जो धारा आती है, उसके लिये अपने कानोंका मार्ग खोल दो। वह पीयूषधारा बिना बाधाके कानोंमें जाती रहे। वह धारा भीतर पहुँची कि उसने जन्म-जन्मान्तरके कूड़ेकी राशिको धो-बहा दिया। फिर आगकी आवश्यकता नहीं रहेगी। और आग तो जलाकर भस्मका ढेर छोड़ देती है, पर यह इस प्रकारकी बाढ़ है कि सब चीजोंको दूर बहा देगी और साथ ही अन्तःकरणको बना देगी द्रवतामय। उसे श्रीकृष्णप्रेमका साम्राज्य बना देगी।

२८—जहाँ श्रोताके मनमें तर्क नहीं, विवाद नहीं, केवल रस पीनेकी इच्छा है और केवल उस रसको बढ़ानेके लिये ही प्रश्न है, वहीं वास्तवमें लीला-कथामें रस आता है।

२९—कथा—अन्तरङ्ग रहस्य-कथा वहींपर प्रकट होती है, जहाँ वक्ताके मनमें स्वतः श्रोताकी रुचि एवं इच्छा देखकर वस्तु जाग्रत हो जाती है। कहनेवालेके पास बहुत-सी बातें हैं, पर श्रोताकी रुचि न देखकर वे छिप जाती हैं; किंतु एक समुदाय वह होता है, जहाँ बैठनेसे वक्ताके मनमें नयी-नयी बातें उदय होती हैं। परीक्षित्की भाँति जहाँ श्रवणका आग्रह है तथा निरन्तर कथाश्रवण करनेपर भी जहाँ तृप्ति नहीं—खाये जायँ और भूखे, खाये जायँ और भूखे—ऐसे समुदायमें वक्ताके मनमें अन्तरङ्ग नवीन-नवीन कथाओंकी स्फूर्ति होती रहती है।

३०—भगवान‍्की लीला-कथा ही ऐसी है कि वह कैसे भी कानोंमें जाय, पाप-तापको नष्ट कर देती है। पर जो श्रीकृष्णके भक्त हैं, प्रेमी हैं, उनके मुखसे यदि कथा सुननेका सौभाग्य मिल जाय, तब तो पाप-ताप रह ही नहीं सकते; क्योंकि उनका मन श्रीकृष्णके साथ जुड़ा रहता है। अतएव वे जो भी शब्द उच्चारण करते हैं; श्रीकृष्णकी प्रेरणासे ही।

३१—ज्ञानयोगसे भगवान‍्को ब्रह्म समझकर भजनेवाले संसारसे मुक्त होना चाहते हैं, अष्टाङ्गयोगवाले समाधिमें स्थित होकर परमात्म-ज्योतिके दर्शन चाहते हैं, ऐश्वर्यज्ञानयुक्त भक्तलोग सामीप्यादि मुक्ति चाहते हैं। ये सब आत्महित चाहते हैं, श्रीकृष्णहितकी चिन्ता किसीके मनमें नहीं है। ये तो श्रीकृष्णको नित्य सुखमय मानते हैं। पर जो लोग श्रीकृष्णके साथ ममताके बन्धनसे बँधकर उनको पुत्र, सखा, प्राणवल्लभ आदि मानते हैं, वे अपने सारे सुखोंको भूलकर श्रीकृष्णके हितकी चिन्ता करते हैं। उनका अपना सुख-दुःख कुछ नहीं रहता। वे अहंको भूलकर केवल 'श्रीकृष्ण-सुख' रूप ही बन जाते हैं। श्रीकृष्ण भी ऐसे ममतावान् भक्तोंकी ममताके अनुरूप लीला करके दिव्य प्रेमरसका आस्वादन करते हैं। ऐसे प्रेमी भक्त धन्य हैं।

३२—भगवान् जिस-जिसके साथ मिलकर लीला करते हैं, वे सभी भगवान‍्के पार्षद हैं। पार्षदोंके दो भेद हैं—(१) अनुकूल पार्षद, (२) प्रतिकूल पार्षद। जो अनुकूल पार्षद हैं, वे लीलामें सहायता करते हैं मित्ररूपसे और जो प्रतिकूल पार्षद हैं वे सहायता करते हैं शत्रु-भावसे। दिव्यधाममें अनुकूल पार्षदोंके साथ लीला होती है। वहाँ प्रतिकूल पार्षद अचेतनभावसे रहते हैं।

३३—भगवान‍्की कृपाशक्ति इतनी बलवती है कि सारी शक्तियाँ उसका अनुगमन करती हैं। भगवान् भी उसके वशमें होकर भक्तके द्वारा नाना प्रकारके बन्धन स्वीकार करते हैं।

३४—भगवान‍्की जितनी लीलाएँ हैं, उनमें बाललीला परम उदार है। अन्य लीलाओंमें यदि भगवान् किसीको ज्ञान दे दें, राक्षसोंको मार दें अथवा राजाओंको राजा बना दें तो इसमें कोई बड़प्पन नहीं है। बड़ा बड़ा बन जाय, इसमें कोई बड़प्पन नहीं; क्योंकि वह बड़ा है ही। बड़ा छोटा बन जाय, इसमें ही बड़प्पन है। बाललीलामें

भगवान्‌को अज्ञ बालक बनना पड़ता है, अज्ञ बालकोंके साथ स्वयं सम्मिलित होकर वैसी ही लीला करनी पड़ती है और इसीमें उदारता है।

३५—भगवान्‌के माता-पिता, आभूषण, धाम, लीला, वस्तु आदि सब भगवान्‌के ही स्वरूप हैं और सब नित्य हैं।

३६—भगवान्‌की लीलाओंका तत्त्व जाननेकी चेष्टा न करके उन लीला-कथाओंका गायन करें, श्रवण करें, ध्यान करें—हमारा यही कर्तव्य है।

——::×::——

निकुञ्जलीलाके दर्शनाधिकारी

प्रिया-प्रियतम नित करत बिहार।
नित्य निकुंज परम सोभन सुचि, माया-गुन-गो-पार॥
नहिं तहँ रबि-ससि की दुति, नहिं तहँ भौतिक अन्य प्रकास।
नित्य उदित दिव्याभा तनु की छाई रहत अकास॥
जिन की पद-नख-प्रभा ब्रह्म बनि ज्ञानीजन-मन छाई।
जिन की ही सत्ता-प्रभुता सब जगमें रही समाई॥
जिन के हास-बिलास-रास-रस सब निरगुन हरि-रूप।
मायिक गुन प्रबिसत न तहाँ, चिन्मय सब बस्तु अनूप॥
दिव्य निकुंज मध्य नहिं संभव असरीरी-अस्तित्व।
बिलसित नित्य दिव्य अति भगवत्-रूप प्रेम कौ तत्त्व॥
सखी-मंजरी सज्या-सोभा लीला-साधन अन्य।
सबहि स्याम-स्यामामय, प्राकृत नाम, भए ते धन्य॥
कहत सुनत समुझत सोइ मानव, जो तजि भोगासक्ति।
रहत निरंतर सेवा-रत जो करत निर्भरा भक्ति॥
सोइ देखत निकुंज की लीला अनुपम दिव्य महान्।
जिन कों दै अधिकार दिखावत स्वयं जुगल भगवान्॥

——::×::——

प्रेम-तत्त्व

प्रेमाधीन भगवान्

साँवरे सदा प्रेमाधीन।
प्रेम-रसमय रसिक बर नित प्रेम-मधु-रस लीन॥
जपत प्रेमी-नाम संतत करत प्रेमी-ध्यान।
रहत मोहित लखि मधुर तिन की अधर-मुसुकान॥
सुखी करिबे हित तिनैं, तजि सकल ईस्वर-भाव।
भूलि भगवत्ता सहज सेवत तिनहि अति चाव॥
सहज करि सरबस्व अरपन, इष्ट तिन कौं मान।
चरन-रज-कन लेत तिन के, धन्य जीवन जान॥

——::×::——

भक्तिके विभिन्न स्वरूपोंमें प्रेम-भक्तिका स्थान

अखिलरसामृतमूर्तिः प्रसृमररुचिरुद्धतारकापालिः।
कलितश्यामाललितो राधाप्रेयान् विधुर्जयति॥

चित्तवृत्तिका निरन्तर अविच्छिन्नरूपसे अपने इष्टस्वरूप श्रीभगवान्‌में लगे रहना अथवा भगवान्‌में परम अनुराग या निष्काम अनन्य प्रेम हो जाना ही भक्ति है। भक्तिके अनेक साधन हैं, अनेकों स्तर हैं और अनेकों विभाग हैं। ऋषियोंने बड़ी सुन्दरताके साथ भक्तिकी व्याख्या की है। पुराण, महाभारत, रामायणादि इतिहास और तन्त्र-शास्त्र भक्तिके वर्णनसे भरे हैं। ईसाई, मुसलमान और अन्यान्य मतावलम्बी जातियोंमें भी भक्ति-की बड़ी सुन्दर और मधुर व्याख्या और साधना है। हमारे भारतीय शैव, शाक्त और वैष्णव सम्प्रदाय तो भक्तिसाधनाकी ही जयघोषणा करते हैं। वस्तुतः भगवान् जैसे भक्तिसे वश होते हैं, वैसे और किसी भी साधनसे नहीं होते। भक्तिकी तुलना भक्तिसे ही हो सकती है।

उत्तमा भक्ति

अन्याभिलाषिताशून्यं ज्ञानकर्माद्यनावृतम्।
आनुकूल्येन कृष्णानुशीलनं भक्तिरुत्तमा॥

(श्रीभक्तिरसामृतसिन्धु)

***

जिनके साधारण सौन्दर्य और माधुर्यने बड़े-बड़े महात्मा, ब्रह्मज्ञानी और तपस्वियोंके मनको बरबस खींच लिया, जिनकी सबसे बढ़ी हुई अद्भुत, अनन्त प्रभुतामयी पूर्ण ऐश्वर्यशक्तिने शिव-ब्रह्मातकको चकित कर दिया, उन सबके मूल आश्रयतत्त्व स्वयं भगवान् श्रीकृष्णका जो अनुकूलतायुक्त अनुशीलन होता है, उसीका नाम उत्तमाभक्ति है। अनुकूलताका तात्पर्य है—जो कार्य श्रीकृष्णको रुचिकर हो, जिससे श्रीकृष्णको सुख हो; शरीर, वाणी और मनसे निरन्तर वही कार्य करना। श्रीकृष्णका अनुशीलन तो कंस आदिमें भी था, परंतु उनमें उपर्युक्त आनुकूल्य नहीं था। श्रीकृष्णसे यहाँ श्रीराम, नृसिंह, वामन आदि सभी भगवत्स्वरूप लिये जा सकते हैं; परंतु यहाँ श्रीकृष्णस्वरूपको सामने रखकर ही चर्चा की गयी है, इसीलिये यह कहा गया है कि भगवान् श्रीकृष्णस्वरूपके निमित्त की जानेवाली और तत्सम्बन्धी अनुशीलनरूपा भक्ति ही मुख्य है।

भक्तिकी उपाधियाँ

भक्तिमें दो उपाधियाँ हैं—१-अन्याभिलाषिता और २-कर्मज्ञानयोगादिका मिश्रण। इन दोनोंमेंसे जबतक एक भी उपाधि रहती है, तबतक प्रेमकी प्राप्ति नहीं हो सकती।

अन्याभिलाषा भोग-कामना और मोक्ष-कामनाके भेदसे दो प्रकारकी होती है और ज्ञान, कर्म तथा योगके भेदसे भक्तिका आवरण तीन प्रकारका होता है। यहाँ ज्ञानसे निर्गुणतत्त्वपरक '**अहं ब्रह्मास्मि**' रूप ज्ञान, योगसे भजनरहित हठयोगादि और कर्मसे भक्तिरहित याग-यज्ञादि शास्त्रीय और भोगादिकी प्राप्तिके लिये किये जानेवाले लौकिक कर्म समझने चाहिये। जिस ज्ञानसे भगवान्‌के मङ्गलमय दिव्य स्वरूप और भजनका रहस्य जाना जाता है, जिस योगसे चित्तकी वृत्ति भगवान्‌के स्वरूप, गुण, लीला, चरित्र आदिमें तल्लीन हो जाती है और जिस कर्मसे भगवान्‌की सेवा बनती है, वे ज्ञान-योग-कर्म तो भक्तिमें सहायक हैं, भक्तिके ही अङ्ग हैं। वे भक्तिकी उपाधि नहीं हैं।

सकाम भक्ति

जिस भक्तिमें भोग-कामना रहती है, उसे सकाम भक्ति कहते हैं। सकाम भक्ति

राजसी और तामसी भेदसे दो प्रकारकी है—विषय-भोग, यश-कीर्ति, ऐश्वर्य आदिके लिये जो भक्ति होती है, वह 'राजसी' है और हिंसा, दम्भ तथा मत्सर आदिके निमित्तसे जो भक्ति होती है, वह 'तामसी' है। विषयोंकी कामना रजोगुण और तमोगुणसे ही उत्पन्न हुआ करती है। इस सकाम भक्तिको ही सगुण भक्ति भी कहते हैं। जिस भक्तिमें मोक्षकी कामना है, उसे कैवल्यकामा या सात्त्विकी भक्ति कहते हैं।

उत्तमा भक्ति चित्तस्वरूपा है। उस भक्तिके तीन भेद हैं—साधन-भक्ति, भाव-भक्ति और प्रेम-भक्ति। इन्द्रियोंके द्वारा जिसका साधन हो सकता हो ऐसे श्रवण-कीर्तनादिका नाम साधन-भक्ति है।

इस साधन-भक्तिके दो गुण हैं—क्लेशघ्नी और शुभदायिनी। क्लेश तीन प्रकारके हैं—पाप, वासना और अविद्या। इनमें पापके दो भेद हैं—प्रारब्ध और अप्रारब्ध। जिस पापका फल मिलना प्रारम्भ हो गया है, उसे 'प्रारब्ध पाप' और जिस पापका फलभोग आरम्भ नहीं हुआ, उसे 'अप्रारब्ध पाप' कहते हैं। पापका बीज है—'वासना' और वासनाका कारण है 'अविद्या'। इन सब क्लेशोंका मूल कारण— भगवत्-विमुखता; भक्तोंके सङ्गके प्रभावसे भगवान्‌की सम्मुखता प्राप्त होनेपर क्लेशोंके सारे कारण अपने-आप ही नष्ट हो जाते हैं। इसीसे साधन-भक्तिमें 'सर्वदुःखनाशकत्व' गुण प्रकट होता है।

'शुभ' शब्दका अर्थ है—साधकके द्वारा समस्त जगत्‌के प्रति प्रीति-विधान और सारे जगत्‌के प्रति अनुराग, समस्त सद्गुणोंका विकास और सुख। सुखके भी तीन भेद हैं—'विषयसुख', 'ब्राह्मसुख' और 'पारमेश्वरसुख'। ये सभी सुख साधन-भक्तिसे प्राप्त हो सकते हैं।

भाव-भक्तिमें अपने दो गुण हैं—'मोक्षलघुताकृत्' और 'सुदुर्लभा'। इनके अतिरिक्त दो गुण—'क्लेशनाशिनी और शुभदायिनी' साधनभक्तिके भी इसमें आ जाते हैं। जैसे आकाशके गुण वायुमें और आकाश तथा वायुके गुण अग्निमें—इस प्रकार अगले-अगले भूतोंमें पिछले-पिछले भूतोंके गुण सहज ही रहते हैं, वैसे ही साधन-भक्तिके गुण भाव-भक्तिमें और साधन-भक्तिके तथा भाव-भक्तिके गुण-प्रेम-भक्तिमें रहते हैं। इस प्रकार भाव-भक्तिमें कुल चार गुण हो जाते हैं और

प्रेमभक्तिमें—'सान्द्रानन्दविशेषात्मा' और 'श्रीकृष्णाकर्षिणी' इन दो अपने गुणोंके सहित कुल छः गुण हो जाते हैं। ये उत्तमा भक्तिके छः गुण हैं।

क्लेशघ्नी शुभदा मोक्षलघुताकृत् सुदुर्लभा।
सान्द्रानन्दविशेषात्मा श्रीकृष्णाकर्षिणी च सा॥

(श्रीभक्तिरसामृतसिन्धु)

१—क्लेशनाशिनी और २—शुभदायिनीका स्वरूप तो ऊपर बतलाया ही जा चुका है।

३—मोक्षलघुताकृत्से तात्पर्य है कि यह भक्ति धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष (सालोक्य, सारूप्य, सामीप्य, सार्ष्टि और सायुज्य—पाँचों प्रकारकी मुक्ति)—सबमें तुच्छबुद्धि पैदा करके सबसे चित्त हटा देती है।

४—सुदुर्लभाका अर्थ है—साम्राज्य, सिद्धि, स्वर्ग, ज्ञान (मोक्ष) आदि वस्तुएँ विभिन्न साधनोंके द्वारा मिल सकती हैं; उनको भगवान् सहज ही दे देते हैं। परंतु अपनी भाव-भक्तिको भगवान् भी शीघ्र नहीं देते। निष्काम साधनोंके द्वारा भी यह सहजमें नहीं मिलती। यह तो उन्हीं प्रेमी भक्तोंको मिलती है, जो भक्तिके अतिरिक्त भुक्ति-मुक्ति सबका निरादर करके केवल भक्तिके लिये सब कुछ न्योछावर करके भगवान्की कृपापर निर्भर हो रहते हैं।

५—सान्द्रानन्दविशेषात्माका अर्थ है—करोड़ों ब्रह्मानन्द भी इस प्रेमामृतमय भक्ति-सुख-सागरके एक कणकी भी तुलनामें नहीं आ सकते। यह अपार और अचिन्त्य प्रेम-सुख-सागरमें निमग्न कर देती है।

६—श्रीकृष्णाकर्षिणीका अभिप्राय है कि यह प्रेमभक्ति समस्त प्रियजनोंके साथ श्रीकृष्णको भक्तके वशमें कर देती है।

साधन-भक्ति

पूर्वोक्त साधन-भक्तिके द्वारा भाव और प्रेम साध्य होते हैं। वस्तुतः भाव और प्रेम नित्यसिद्ध वस्तु हैं, ये साध्य हैं ही नहीं। साधनके द्वारा जीवके हृदयमें छिपे हुए भाव और प्रेम प्रकट हो जाते हैं। साधन-भक्ति दो प्रकारकी होती है—

१—वैधी और २—रागानुगा।

अनुराग उत्पन्न होनेके पहले जो केवल शास्त्रकी आज्ञा मानकर भजनमें प्रवृत्ति होती है, उसका नाम वैधी भक्ति है। भजनके ६४ अङ्ग होते हैं। जबतक भावकी उत्पत्ति नहीं होती, तभीतक वैधी भक्तिका अधिकार है।

व्रजेन्द्रनन्दन श्यामसुन्दर श्रीकृष्णमें जो स्वाभाविकी परमाविष्टता अर्थात् प्रेममयी तृष्णा है, उसका नाम है—राग। ऐसी रागमयी भक्तिको ही रागात्मिका भक्ति कहते हैं।

रागात्मिका भक्तिके भी दो प्रकार हैं—कामरूपा और सम्बन्धरूपा। जिस भक्तिकी प्रत्येक चेष्टा केवल श्रीकृष्णसुखके लिये ही होती है अर्थात् जिसमें काम प्रेमरूपमें परिणत हो गया है, उसीको कामरूपा रागात्मिका भक्ति कहते हैं। यह प्रख्यात भक्ति केवल श्रीगोपीजनोंमें ही है; उनका यह दिव्य और महान् प्रेम किसी अनिर्वचनीय माधुरीको पाकर उस प्रकारकी लीलाका कारण बनता है, इसीलिये विद्वान् इस प्रेम-विशेषको काम कहा करते हैं।

मैं श्रीकृष्णका पिता हूँ, माता हूँ—इस प्रकारकी बुद्धिका नाम सम्बन्धरूपा रागात्मिका भक्ति है।

इस रागात्मिका भक्तिकी जो अनुगता भक्ति है, उसीका नाम रागानुगा है। रागानुगा भक्तिमें स्मरणका अङ्ग ही प्रधान है।

रागानुगा भी दो प्रकारकी है—कामानुगा और सम्बन्धानुगा। कामरूपा रागात्मिका भक्तिकी अनुगामिनी तृष्णाका नाम कामानुगा भक्ति है। कामानुगाके दो प्रकार हैं—सम्भोगेच्छामयी और तत्तद्भावेच्छात्मा। केलि-सम्बन्धी अभिलाषासे युक्त भक्तिका नाम सम्भोगेच्छामयी है; और यूथेश्वरी व्रजदेवीके भाव और माधुर्यकी प्राप्तिविषयक वासनामयी भक्तिका नाम तत्तद्भावेच्छात्मा है।

श्रीविग्रहके माधुर्यका दर्शन करके या श्रीकृष्णकी मधुर लीलाका स्मरण करके जिनके मनमें उस भावकी कामना जाग उठती है, वे ही उपर्युक्त दोनों प्रकारकी कामानुगा भक्तिके अधिकारी हैं।

जिस भक्तिके द्वारा श्रीकृष्णके साथ पितृत्व-मातृत्व आदि सम्बन्धसूचक चिन्तन होता है और अपने ऊपर उसी भावका आरोप किया जाता है, उसीका नाम सम्बन्धानुगा भक्ति है।

भाव-भक्ति

लोक-परलोककी कामना-वासनारूप रजोगुण-तमोगुणसे रहित, शुद्धसत्त्वरूप चित्तकी प्रेमसूर्यकी किरणके समान जो परमोज्ज्वल वृत्ति है और जिसका प्रकाश चित्तको स्निग्ध कर देता है, उसीका नाम भाव है। भावका ही दूसरा नाम रति है। रसकी अवस्थामें इस भावका वर्णन दो प्रकारसे किया जाता है—स्थायिभाव और संचारिभाव। इनमें स्थायिभाव भी दो प्रकारका है—प्रेमाङ्कुर या भाव और प्रेम। प्रणयादि प्रेमके ही अन्तर्गत हैं। ऊपर जो लक्षण बतलाया गया है, यह प्रेमाङ्कुर नामक भावका ही लक्षण है। नृत्य-गीतादि सारे अनुभाव इसी भावकी चेष्टा या कार्य हैं। इस प्रकारका भाव भगवान्‌की और उनके भक्तोंकी कृपासे ही प्राप्त होता है, किसी दूसरी साधनासे नहीं। तो भी उसे साध्य-भक्ति बतलानेका भी एक विशेष कारण है। साधन-भक्ति भाव-भक्तिका साक्षात् कारण न होनेपर भी उसका परम्परा-कारण अवश्य है। साधन-भक्तिकी परिपक्वता होनेपर ही श्रीभगवान्‌की और उनके भक्तोंकी कृपा होती है और उस कृपासे ही भाव-भक्तिका प्रादुर्भाव होता है। निम्नलिखित नौ प्रीतिके अङ्कुर ही इस भावके लक्षण हैं—

१. **क्षान्ति**—धन-पुत्र-मान आदिके नाश, असफलता, निन्दा और व्याधि आदि क्षोभके कारण उपस्थित होनेपर भी चित्तका जरा भी चञ्चल न होना।

२. **अव्यर्थकालत्व**—क्षणमात्रका समय भी सांसारिक विषयकार्योंमें वृथा न बिताकर मन, वाणी, शरीरसे निरन्तर भगवत्सेवासम्बन्धी कार्योंमें ही लगे रहना।

३. **विरक्ति**—इस लोकके और परलोकके समस्त भोगोंसे स्वाभाविक ही अरुचि।

४. **मानशून्यता**—स्वयं उत्तम आचरण, विचार और स्थितिसे सम्पन्न होनेपर भी मान-सम्मानका सर्वथा त्याग करके अधमका भी सम्मान करना।

५. **आशाबन्ध**—भगवान्‌के और भगवत्प्रेमके प्राप्त होनेकी चित्तमें दृढ़ और बद्ध-मूल आशा।

६. **समुत्कण्ठा**—अपने अभीष्ट भगवान्‌की प्राप्तिके लिये अत्यन्त प्रबल और अनन्य लालसा।

७. **नाम-गानमें सदा रुचि**—भगवान्‌के मधुर और पवित्र नामका गान करनेकी ऐसी स्वाभाविकी कामना कि जिसके कारण नाम-गान कभी रुकता ही नहीं और एक-एक नाममें अपार आनन्दका बोध होता है।

८. **भगवान्‌के गुण-कथनमें आसक्ति**—दिन-रात भगवान्‌के गुणगान, भगवान्‌की प्रेममयी लीलाओंका ही कथन करते रहना और ऐसा न होनेपर बेचैन हो जाना।

९. **भगवान्‌के निवासस्थानमें प्रीति**—भगवान्‌ने जहाँ मधुर लीलाएँ की हैं, जहाँकी भूमि भगवान्‌के चरण-स्पर्शसे पवित्र हो चुकी है, उन्हीं वृन्दावनादि स्थानोंमें रहनेकी प्रेमभरी इच्छा।

जब उपर्युक्त नौ प्रीतिके अङ्कुर दिखलायी दें, तब समझना चाहिये कि भक्तमें श्रीकृष्णके साक्षात्कारकी योग्यता आ गयी है।

उपर्युक्त लक्षण कभी-कभी किसी-किसी अंशमें कर्मियों और ज्ञानियोंमें भी देखे जाते हैं; परंतु उनका नाम भगवान्‌में रति नहीं है, रत्याभास है। रत्याभास भी दो प्रकारका होता है—प्रतिबिम्बरत्याभास और छायारत्याभास। गद्गद-भाव और आँसू आदि दो-एक रतिके लक्षण दिखलायी देनेपर भी जहाँ भोगकी और मोक्षकी इच्छा बनी हुई है, वहाँ प्रतिबिम्बरत्याभास है; और जहाँ भक्तोंके सङ्गसे कथा-कीर्तनादिके कारण नासमझ मनुष्योंमें भी ऐसे लक्षण दिखलायी देते हैं, वहाँ छायारत्याभास है।

प्रेम-भक्ति

भावकी परिपक्व अवस्थाका नाम प्रेम है। चित्तके सम्पूर्णरूपसे निर्मल और अपने अभीष्ट श्रीभगवान्‌में अतिशय ममता होनेपर ही प्रेमका उदय होता है। किसी भी विघ्नके द्वारा रंचमात्र भी न घटना या न बदलना प्रेमका चिह्न है। प्रेम दो प्रकारका है—महिमाज्ञानयुक्त और केवल। विधिमार्गसे चलनेवाले भक्तका प्रेम महिमाज्ञानयुक्त है और राग-मार्गपर चलनेवाले भक्तका प्रेम केवल अर्थात् शुद्ध माधुर्यमय है। ममताकी उत्तरोत्तर जितनी ही वृद्धि होती है, प्रेमकी अवस्था भी उत्तरोत्तर वैसे ही बदलती जाती है। प्रेमकी एक ऊँची स्थितिका नाम स्नेह है। स्नेहका

चिह्न है चित्तका द्रवित हो जाना। उससे ऊँची अवस्थाका नाम है राग। रागका चिह्न है गाढ़ स्नेह। उससे भी ऊँची अवस्थाका नाम है प्रणय। प्रणयका चिह्न है गाढ़ विश्वास। श्रीकृष्ण-रतिरूप स्थायिभाव विभाव, अनुभाव, सात्त्विक भाव और व्यभिचारिभावके साथ मिलकर जब भक्तके हृदयमें आस्वादनके उपयुक्त बन जाता है, तब उसे भक्ति-रस कहते हैं। उपर्युक्त कृष्णरति शान्त, दास्य, सख्य, वात्सल्य और मधुरके भेदसे पाँच प्रकारकी है। जिसमें और जिसके द्वारा रतिका आस्वादन किया जाता है, उसको विभाव कहते हैं। इनमें जिसमें रति विभावित होती है, उसका नाम है आलम्बन-विभाव; और जिसके द्वारा रति विभावित होती है, उसका नाम है उद्दीपन-विभाव। आलम्बन-विभाव भी दो प्रकारका है—विषयालम्बन और आश्रयालम्बन। जिसके प्रति रतिकी प्रवृत्ति होती है, वह विषयालम्बन है। और इस रतिका जो आधार होता है, वह आश्रयालम्बन है। इस श्रीकृष्ण-रतिके विषयालम्बन हैं श्रीकृष्ण और आश्रयालम्बन हैं उनके भक्तगण। जिनके द्वारा रतिका उद्दीपन होता है, वे श्रीकृष्णका स्मरण करानेवाली वस्त्रालंकारादि वस्तुएँ हैं—उद्दीपन-विभाव।

नाचना, भूमिपर लोटना, गाना, जोरसे पुकारना, अङ्ग मोड़ना, हुंकार करना, जँभाई लेना, लम्बे श्वास छोड़ना आदि अनुभावके लक्षण हैं। अनुभाव भी दो प्रकारके हैं—शीत और क्षेपण। गाना, जँभाई लेना आदिको शीत और नृत्यादिको क्षेपण कहते हैं।

सात्त्विक भाव आठ हैं—स्तम्भ (जडता), स्वेद (पसीना), रोमाञ्च, स्वरभङ्ग, कम्प, वैवर्ण्य, अश्रु और प्रलय (मूर्च्छा)। ये सात्त्विक भाव स्निग्ध, दिग्ध और रूक्ष भेदसे तीन प्रकारके हैं। इनमें स्निग्ध सात्त्विकके दो भेद हैं—मुख्य और गौण। साक्षात् श्रीकृष्णके सम्बन्धमें उत्पन्न होनेवाला स्निग्ध सात्त्विक मुख्य है और परम्परासे अर्थात् किंचित् व्यवधानसे श्रीकृष्णके सम्बन्धमें उत्पन्न होनेवाला स्निग्ध-सात्त्विक भाव गौण है। स्निग्ध-सात्त्विक भाव नित्यसिद्ध भक्तोंमें ही होता है। जातरति अर्थात् जिनके अन्दर प्रेम उत्पन्न हो गया है—उन भक्तोंके सात्त्विक भावको दिग्ध भाव कहते हैं और अजातरति अर्थात् जिसमें प्रेम उत्पन्न नहीं हुआ है, ऐसे मनुष्यमें कभी आनन्द-विस्मयादिके द्वारा उत्पन्न होनेवाले भावको रूक्ष भाव कहा जाता है।

ये सब भाव भी पाँच प्रकारके होते हैं—धूमायित, ज्वलित, दीप्त, उद्दीप्त और

सुद्दीप्त। जो बहुत ही प्रकट हैं, किंतु जिन्हें गुप्त रखा जा सकता है, ऐसे एक या दो सात्त्विक भावोंका नाम धूमायित है। एक ही समय उत्पन्न होनेवाले दो-तीन भावोंका नाम ज्वलित है। ज्वलित भावोंको बड़े कष्टसे गुप्त रखा जा सकता है। बढ़े हुए और एक ही साथ उत्पन्न होनेवाले तीन-चार या पाँच सात्त्विक भावोंका नाम दीप्त है, यह दीप्त भाव छिपाकर नहीं रखा जा सकता। अत्यन्त उत्कर्षको प्राप्त एक ही साथ उदय होनेवाले छः, सात या आठ भावोंका नाम उद्दीप्त है। यह उद्दीप्त भाव ही महाभावमें सूद्दीप्त हो जाता है।

इनके अतिरिक्त रत्याभासजनित सात्त्विक भाव भी होते हैं, उनके चार प्रकार हैं। मुमुक्षु पुरुषमें उत्पन्न सात्त्विक भावका नाम रत्याभासज है। कर्मियों और विषयी जनोंमें उत्पन्न सात्त्विक भावका नाम सत्त्वाभासज है। जिनका चित्त सहज ही फिसल जाता है या जो केवल अभ्यासमें लगे हैं, ऐसे व्यक्तियोंमें उत्पन्न सात्त्विक भावको निस्सत्त्व कहते हैं और भगवान्‌में विद्वेष रखनेवाले मनुष्योंमें उत्पन्न सात्त्विक भावको प्रतीप कहा जाता है।

व्यभिचारिभाव ३३ हैं—निर्वेद, विषाद, दैन्य, ग्लानि, श्रम, मद, गर्व, शङ्का, त्रास, आवेग, उन्माद, अपस्मार, व्याधि, मोह, मरण, आलस्य, जाड्य, लज्जा, अनुभाव-गोपन, स्मृति, वितर्क, चिन्ता, मति, धृति, हर्ष, उत्सुकता, उग्रता, अमर्ष, असूया, चपलता, निद्रा, सुप्ति और बोध।

भक्तोंके चित्तके अनुसार इन भावोंके प्रकट होनेमें तारतम्य हुआ करता है। आठ सात्त्विक और तैंतीस व्यभिचारिभावोंको ही संचारिभाव भी कहते हैं, क्योंकि इन्हींके द्वारा अन्य सारे भावोंकी गतिका संचालन होता है।

अब रही स्थायिभावकी बात। स्थायिभाव सामान्य, स्वच्छ और शान्तादि भेदसे तीन प्रकारका है। किसी रसनिष्ठ भक्तका सङ्ग हुए बिना ही सामान्य भजनकी परिपक्वताके कारण जो एक प्रकारकी सामान्यरति उत्पन्न हो जाती है, उसे सामान्य स्थायिभाव कहते हैं। शान्तादि भक्तोंके सङ्गसे सङ्गके समय किसीके स्वच्छ चित्तमें सङ्गके अनुसार जो रति उत्पन्न होती है, उस रतिको स्वच्छ स्थायिभाव कहते हैं और पृथक्-पृथक् रसमें परिनिष्ठित भक्तोंकी शान्तादि पृथक्-पृथक् रतिका नाम ही

शान्तादि स्थायिभाव है। शान्तादि भाव पाँच प्रकारका है—शान्त, दास्य, सख्य, वात्सल्य और मधुर। इनमें पूर्व-पूर्वसे उत्तर-उत्तर श्रेष्ठ है। इन पाँच रसोंके अतिरिक्त हास्य, अद्भुत, वीर, करुण, रौद्र, भयानक और वीभत्स—ये सात गौण रस और हैं। भगवान्‌का किसी भी रसके द्वारा भजन हो, वह कल्याणकारी ही है। परंतु साधनके योग्य आदर्श मुख्य रस उपर्युक्त पाँच हैं।

——::×::——

भावके विभिन्न स्तर

×××× भगवान्‌के प्रेमी भक्तोंके अनुग्रहसे ही इस प्रेमरूप भक्तिमार्गपर आरूढ़ हुआ जा सकता है। इसके विपरीत भक्तोंका अपराध बन जानेपर साधनासे उत्पन्न भाव भी क्रमशः क्षीण होकर नष्ट हो जाता है। भावकी प्रगाढ़ स्थितिका नाम ही 'प्रेम' है। प्रेममें भी जहाँतक महिमाज्ञान है, वहाँतक कुछ कमी है। वास्तविक प्रेम तो सर्वथा विशुद्ध माधुर्यमय होता है। इस प्रेमपर किसी भी विघ्न-बाधाका कोई भी प्रभाव नहीं होता। यहाँतक कि ध्वंसका कारण उपस्थित होनेपर भी इसका ध्वंस नहीं होता—'**सर्वथा ध्वंसरहितं सत्यपि ध्वंसकारणे**' वरं उत्तरोत्तर बढ़ता ही जाता है—'**प्रतिक्षणवर्धमानम्**।' निर्मल और निष्काम—केवल प्रेम-काममय अन्तरङ्ग साधनोंके द्वारा जो 'भाव' सबसे ऊँचे स्तरपर पहुँचता है, उस भावजन्य प्रेमको 'भावोत्थ' कहते हैं। और श्रीभगवान् स्वयं अपने सांनिध्य, सङ्ग और प्रेमदानसे जिस 'भाव'का पोषण करते हैं और जिसे ऊँचे-से-ऊँचे स्तरपर ले जाते हैं, उस 'भाव'से उत्पन्न प्रेमको 'अतिप्रसादोत्थ' कहा गया है। श्रेष्ठ भावुक भक्तके प्रति श्रीभगवान्‌का यही सर्वोत्कृष्ट दान है। यह साधनसापेक्ष नहीं है। इसकी प्राप्ति तो तभी होती है, जब भगवान् स्वयं देते हैं। इस प्रकारकी प्रेमदान-लीला प्रत्यक्षमें एक ही पावन धाममें हुई थी। वह धाम है—'श्रीवृन्दावनधाम'। धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष—ये चार पुरुषार्थ हैं। इनमें मोक्ष उच्चतम है। इससे भी उच्च स्तरका पुरुषार्थ—जो भक्तोंकी भाषामें 'पञ्चम पुरुषार्थ' माना जाता है—है 'भावोत्थ विशुद्ध माधुर्यमय प्रेम'।

और भगवत्-प्रदत्त 'अतिप्रसादोत्थ' भगवत्स्वरूप प्रेम तो सबसे बढ़कर है। भगवान् श्रीकृष्ण प्रेमस्वरूप हैं, प्रेमके ही वशमें हैं; प्रेमसे ही उनका आकर्षण होता है और उन्हींसे यथार्थ प्रेमकी प्राप्ति होती है। अतएव प्रेम चाहनेवाले साधकोंको प्रेममय श्रीकृष्णकी ही उपासना करनी चाहिये।

——::×::——

रति, प्रेम और रागके तीन-तीन प्रकार

××× कृपापत्र मिला। आपके प्रश्नोंका उत्तर संक्षेपमें इस प्रकार है—

भगवान् श्रीकृष्ण आनन्दमय हैं। उनकी प्रत्येक लीला आनन्दमयी है। उनकी मधुर लीलाको आनन्द-शृङ्गार भी कह सकते हैं। परंतु इतना स्मरण रखना चाहिये कि उनका यह आनन्द-शृङ्गार मायिक जगत्की कामक्रीडा कदापि नहीं है। भगवान्की ह्लादिनी शक्ति श्रीराधिकाजी तथा उनकी स्वरूपभूता गोपियोंके साथ साक्षात् भगवान् श्रीकृष्णकी परस्पर मिलनकी जो मधुर आकाङ्क्षा है, उसीका नाम आप आनन्द-शृङ्गार रख सकते हैं। यह काम-गन्धरहित विशुद्ध प्रेम ही है। श्रीकृष्णकी लीलामें जिस 'काम'का नाम आया है, वह अप्राकृत 'काम' है। 'साक्षान्मन्मथमन्मथ' भगवान्के सामने प्राकृत काम तो आ ही नहीं सकता।

वैष्णव भक्तोंने रतिके तीन प्रकार बतलाये हैं—'समर्था', 'समञ्जसा' और 'साधारणी'। 'समर्था' रति उसे कहते हैं, जिसमें श्रीकृष्णके सुखकी ही एकमात्र स्पृहा और चेष्टा रहती है। यह अप्राकृत है और व्रजधाममें श्रीमती राधिकाजीमें ही इसका पूर्ण विकास माना जाता है। 'समञ्जसा' रति उसे कहते हैं, जिसमें श्रीकृष्णके और अपने— दोनोंके सुखकी स्पृहा रहती है; और 'साधारणी' रति उसका नाम है, जिसमें केवल अपने ही सुखकी आकाङ्क्षा रहती है। इन तीनोंमें 'समर्था' रति सबसे श्रेष्ठ है। इसका प्रसार महाभावतक है। यही वास्तविक 'रस-साधना' है।

प्रेमके भी तीन भाव बतलाये गये हैं—'मधुवत्', 'घृतवत्' और 'लाक्षावत्'।

'मधु' भावका प्रेम वह है, जो मधुकी भाँति स्वाभाविक ही मधुर है, जिसमें स्नेह, आदर, सम्मान, सेवा आदि अन्य किसी भावका न तो जरा-सा मिश्रण ही है और न आवश्यकता ही है, जो नित्य-निरन्तर अपने ही अनन्यभावमें आप ही प्रवाहित है। यह प्रेम होता है केवल प्रेमके लिये। इसमें प्रेमास्पदका सुख ही अपना परम सुख होता है। अपना कोई भिन्न सुख रहता ही नहीं। इस प्रेममें प्रेमास्पदका स्वार्थ ही अपना एकमात्र स्वार्थ होता है । पूर्ण आत्मसमर्पण ही इसका रहस्य है और नित्यवर्धनशीलता ही इसका स्वभाव है। यह वस्तुतः अनिर्वचनीय भाव है।

'घृत'भावका प्रेम वह है, जिसमें पूर्ण स्वाद और माधुर्य उत्पन्न करनेके लिये घृतमें नमक, चीनी आदिकी भाँति अन्य रसोंके मिश्रणकी आवश्यकता है। साथ ही, घृत जैसे सर्दी पाकर कड़ा हो जाता है और गरमी पाकर पिघल जाता है, वैसे ही विविध भावोंके सम्मिश्रणसे इस प्रेमके भी रंग बदलते रहते हैं। यह प्रेमास्पदके द्वारा आदर-सम्मान पाकर बढ़ता है और उपेक्षा-घृणा पाकर मर-सा जाता है। इसमें प्रेमी अपने प्रेमास्पदको सुखी तो बनाना चाहता है, परंतु स्वयं भी उसके द्वारा विविध भावोंमें सुखकी आकाङ्क्षा रखता है। यदि प्रेमास्पदसे आदर-सम्मान नहीं मिलता तो यह प्रेम घट जाता है। इस प्रेममें स्वार्थका सर्वथा अभाव नहीं है। न इसमें पूर्ण समर्पण ही है।

'लाक्षा'भावका प्रेम वह है, जो चपड़ेके समान स्वाभाविक ही रसहीन और कठोर होनेपर भी जैसे चपड़ा अग्निका स्पर्श पाकर पिघल जाता है, वैसे ही प्रेमास्पदको देखकर उदय होता है। प्रेमास्पदके द्वारा भोग-सुख प्राप्त करना ही इसका लक्ष्य होता है।

श्रीराधिकाजीके प्रेमको 'मधुवत्' चन्द्रावलीजी आदिके प्रेमको 'घृतवत्' और कुब्जा आदिके प्रेमको 'लाक्षावत्' कह सकते हैं।

इसी प्रकार रागके भी तीन प्रकार माने गये हैं—'मञ्जिष्ठा, 'कुसुमिका' और 'शिरीषा'।

'मञ्जिष्ठा' नामक लाल रंगकी चमकीली बेलका रंग जैसे धोनेपर या अन्य किसी प्रकारसे नष्ट नहीं होता और अपनी चमकके लिये किसी दूसरे वर्णकी भी अपेक्षा

नहीं रखता, उसी प्रकार 'मञ्जिष्ठा नामक' राग भी निरन्तर स्वभावसे ही चमकता और बढ़ता रहता है। यह राग श्रीराधा-माधवके अंदर नित्य प्रतिष्ठित है। यह राग किसी भी भावके द्वारा विकारको प्राप्त नहीं होता। प्रेमोत्पादनके लिये इसमें किसी दूसरे हेतुकी आवश्यकता नहीं होती। यह अपने-आप ही उदय होता है और बिना किसी हेतुके आप ही निरन्तर बढ़ता रहता है।

'कुसुमिका' राग उसे कहते हैं, जो कुसुम्भके फूलके रंगकी तरह हृदयक्षेत्रको रँग देता है और मञ्जिष्ठा और शिरीषादि दूसरे रागोंको अभिव्यञ्जित करके सुशोभित होता है। कुसुम्भके फूलका रंग स्वयं पक्का नहीं होता, परंतु किसी दूसरी कषाय वस्तुको साथ मिला देनेपर वह पक्का और चमकदार हो जाता है। वैसे ही यह राग भी श्रीकृष्णके मधुर मोहन सौन्दर्यादि कषायके द्वारा पक्का और चमकदार हो जाता है।

'शिरीषा' राग अल्पकालस्थायी होता है। जैसे नये खिले हुए शिरीषके पुष्पमें पीली-सी आभा दिखायी देती है, परंतु कुछ ही समयमें वह नष्ट हो जाती है, वैसे ही यह राग भी भोगसुखके समय उत्पन्न होता है और वियोगमें मुरझा जाता है। इसीसे इसका नाम 'शिरीषा' है।

जिनका जीवन श्रीकृष्ण-सुखके लिये है, उनकी रति 'समर्था', प्रेम 'मधुवत्' और राग 'मञ्जिष्ठा' होता है। जिनका दोनोंके सुखके लिये है, उनकी रति 'समञ्जसा', प्रेम 'घृतवत्' और राग 'कुसुमिका' होता है; और जिनका प्रेम केवल निजेन्द्रियतृप्तिके लिये ही होता है, उनकी रति 'साधारणी', प्रेम 'लाक्षावत्' और राग 'शिरीषा' होता है। इनमें पहले भाव उत्तम, दूसरे मध्यम और तीसरे अधम हैं।

——::×::——

प्रेम और ब्राह्मी स्थिति

××'प्रेम'की स्थितिमें और 'ब्राह्मी स्थिति' में कोई अन्तर नहीं है। तथापि साधनमें अन्तर होनेके कारण विभिन्न अधिकारियोंके लिये दोनों अलग-अलग समझे जाते हैं। प्रेमी भी सुध-बुध भूलता है और ज्ञानी भी। परंतु इस सुध-बुध भूलनेका अर्थ शारीरिक बाह्यज्ञानशून्य अवस्था नहीं है। यह वह स्थिति है, जिसमें परमात्माको छोड़कर 'बाह्य' और कुछ रहता ही नहीं। इसी प्रकार प्रेम भी ज्ञानकी भाँति प्रेमास्पद या ब्रह्मकी प्राप्तिके लिये ही आरम्भ किया जाता है। वह पहले अपने लिये होता है, फिर भगवान्‌के लिये होता है और अन्तमें अपने और भगवान्‌के भेदका अभाव हो जाता है। निरतिशय आनन्दस्वरूप भगवान्‌का कोई उद्देश्य नहीं है। प्रेमादि गुण स्वयं भगवान्‌का आश्रय लेकर भक्तोंको—प्रेमियोंको सुख देते हैं—**'निर्गुणं मां गुणगणा भजन्ते निरपेक्षकम्।'** प्रेमियोंके लिये भगवान् उन गुणोंपर कृपा करके उन्हें स्वीकार कर लेते हैं। प्रयोजन यही है कि प्रेमीगण अनन्ताचिन्त्य-दिव्यगुणगणविशिष्ट सौन्दर्य-माधुर्यरसाम्बुधि भगवान्‌की प्रेम-सामग्रीसे पूजा करके अचिन्त्य गुणोंको प्राप्त करेंगे। परंतु यह भी प्रेमियोंकी प्राथमिक पाठशालाका ही पाठ है। आगे चलकर न तो प्रेमियोंको कोई उद्देश्य दृष्टिगोचर होता है और भगवान्‌में तो किसी प्रयोजनकी कल्पना ही भगवान्‌की दृष्टिसे नहीं हो सकती। वहाँ उपादेय और हेयकी तो कोई बात ही नहीं है। वहाँ तो प्रेम और आनन्द घुलमिलकर एक हो जाते हैं। वहाँ राधा और कृष्णकी अलग-अलग पहचान नहीं रहती। दोनों एक हो जाते हैं—

राधा भई कान्ह अरु कान्ह भए राधा रानी।
द्वै ह्वैकैं फेरि दोनों एक ही लखात हैं॥

साधन-कालमें जैसे ज्ञानीको ध्यानावस्थामें बाह्य-ज्ञान नहीं रहता, ऐसे ही प्रेमीको भी नहीं रहता। जैसे ज्ञानी निरन्तर ब्रह्माकारवृत्ति बनाये रखना चाहता है, ऐसे ही प्रेमी भी आठों पहर प्रेमास्पद भगवान्‌के आनन्दमय चिन्तनमें चित्तको लगाये रखना चाहता है। जैसे ज्ञानीका मनोवाञ्छित कुछ नहीं रहता, उसी प्रकार प्रेमीका भी मनोवाञ्छित प्रेमको छोड़कर और कुछ नहीं रहता। अधिकार या रुचिभेदसे साधनमें अन्तर है, वास्तविकतामें—साध्यके स्वरूपमें कोई अन्तर नहीं है; क्योंकि वह तो एक ही हैं।

——::×::——

प्रेमभक्तिमें भगवान् और भक्तका सम्बन्ध

भगवान्का वास्तविक स्वरूप कैसा है, इस बातको भगवान् ही जानते हैं या किसी अंशमें वे जानते हैं, जिनको भगवान् जनाना चाहते हैं। आजतक जगत्में कोई भी यह नहीं कह सका कि भगवान् ऐसे ही हैं, न कोई कह सकता है और न कह सकेगा ! यदि कोई ऐसा कहनेका साहस करता है तो वह या तो भोला है या आग्रही अथवा मिथ्यावादी है। ऐसा होनेपर भी भगवान्के जितने वर्णन जगत्में हुए हैं, वे अपने-अपने स्थानमें सभी सच्चे हैं; क्योंकि महान् परमात्मामें सभीका अन्तर्भाव है—उसी प्रकार जैसे अनन्त आकाशमें सभी मठाकाश, घटाकाश समाते हैं। किसी गाँवमें होनेवाली घटनाको लेकर हम कहें कि जगत्में ऐसा होता है तो ऐसा कहना मिथ्या नहीं है; क्योंकि गाँव जगत्में ही है, अतएव वह जगत् ही है; परंतु यह बात नहीं कि जगत् वह गाँव ही है। फिर जगत्का तो वर्णन हो भी सकता है; क्योंकि वह प्राकृतिक, ससीम और सूक्ष्मबुद्धिके द्वारा आकलन करनेयोग्य है। परंतु अप्राकृतिक, असीम, अनन्त, अपार, अकल, अलौकिक परमात्माका वर्णन तो हो ही नहीं सकता; इसीलिये वेद उन्हें 'नेति-नेति' कहकर चुप हो जाते हैं। निर्गुण अक्षरब्रह्म, विकारशील और जड अपरा प्रकृतिमें स्थित निर्विकार परा प्रकृतिरूप जीवात्मा, अपरा प्रकृति और उसके विकारसे उत्पन्न उत्पत्ति और विनाश धर्मवाले सब पदार्थ, भूतोंका उद्भव और अभ्युदय करनेवाला विसर्गरूप कर्म, व्यक्त जगत्का अभिमानी सूत्रात्मा अधिदैव और इस शरीरमें अन्तर्यामीरूपसे स्थित विष्णुरूप अधियज्ञ—ये सब उस नित्य-निर्विकार सच्चिदानन्दघन भगवान्के विशेष भाव हैं या उसके आंशिक प्रकाश हैं। अवश्य ही स्वभावसे ही पूर्ण होनेके कारण आंशिक प्रकाश होनेपर भी भगवद्रूपमें सभी पूर्ण हैं। ऐसे सबमें स्थित, सर्वनियन्ता, सर्वाधार, सबको सत्ता और शक्ति देनेवाले, सबके अद्वितीय कारण, सबसे परे और सर्वमय भगवान्का वर्णन कौन कर सकता है।

भगवान्ने गीतामें कहा है—

मया ततमिदं सर्वं जगदव्यक्तमूर्तिना।
मत्स्थानि सर्वभूतानि न चाहं तेष्ववस्थितः॥
न च मत्स्थानि भूतानि पश्य मे योगमैश्वरम्।
भूतभृन्न च भूतस्थो ममात्मा भूतभावनः॥

(९।४-५)

'मुझ अव्यक्तमूर्तिके द्वारा यह सारा जगत् व्याप्त हो रहा है; सब भूत मुझमें हैं, परंतु मैं उनमें नहीं हूँ। वे सब भूत भी मुझमें नहीं हैं; मेरा यह ऐश्वरयोग देखो कि सम्पूर्ण भूतोंका उत्पादक और धारण-पोषण करनेवाला होकर भी मैं स्वरूपतः उन भूतोंमें स्थित नहीं हूँ।'

भगवान्‌के इस कथनमें परस्पर-विरोधी बातें प्रतीत होती हैं। 'मैं सबमें हूँ और किसीमें नहीं हूँ; सब मुझमें हैं और कोई भी मुझमें नहीं है'—इस कथनका कोई अर्थ सहज ही समझमें नहीं आता। इसीलिये 'परमार्थ' और 'व्यवहार' का भेद करके इसकी व्याख्या की जाती है। परंतु यही तो भगवान्‌का 'ऐश्वरयोग' है, हमारी विषय-विमोहित जडबुद्धि इसे कैसे जान सकती है। हमारे लिये जो असम्भव है, भगवान्‌के लिये वह सब कुछ सम्भव है। भगवान्‌में परस्परविरोधी गुण-धर्मोंका युगपत् प्रकाश है तथा सब विरोधोंका समन्वय है। इसीलिये तो भगवान्‌का किसी भी प्रकारसे किया हुआ वर्णन भगवान्‌पर सत्यरूपसे लागू होता है।

भगवान् निर्गुण भी हैं, सगुण भी; निराकार भी हैं, साकार भी; वे निष्क्रिय, निर्विशेष, निर्लिप्त और निराधार होते हुए ही सृष्टि-स्थिति-संहार करनेवाले, सविशेष, सर्वव्यापी और सर्वाधार हैं। सांख्योक्त परस्परविलक्षण अनादि पुरुष और प्रकृति, चेतन और अचेतन दोनों शक्तियाँ, जिनसे सारा जगत् उत्पन्न होता है, भगवान्‌की ही परा और अपरा प्रकृतियाँ हैं। इन दो प्रकृतियोंके द्वारा वस्तुतः भगवान् ही अपनेको प्रकट कर रहे हैं। वे सबमें रहकर भी सबसे परे हैं। वे ही सबको देखनेवाले उपद्रष्टा हैं, वे ही यथार्थ सम्मति देनेवाले अनुमन्ता हैं, वे ही सबका भरण-पोषण करनेवाले भर्ता हैं, वे ही जीवरूपसे भोक्ता हैं, वे ही सर्वलोकमहेश्वर हैं, वे ही सबमें व्याप्त परमात्मा हैं और वे ही समस्त ऐश्वर्य-माधुर्यसे परिपूर्ण भगवान् हैं। वे एक होनेपर

भी अनेक रूपोंमें विभक्त हुए-से जान पड़ते हैं। अनेक रूपोंमें व्यक्त होनेपर भी एक ही हैं। व्यक्त, अव्यक्त और अव्यक्तसे भी परे सनातन अव्यक्त वे ही हैं; क्षर, अक्षर और अक्षरसे भी उत्तम पुरुषोत्तम वे ही हैं। वे अपनी ही महिमासे महिमान्वित हैं, अपने ही गौरवसे गौरवान्वित हैं और अपने ही प्रकाशसे प्रकाशित हैं।

इन भगवान्‌का यथार्थ स्वरूपज्ञान या दर्शन इनकी कृपाके बिना नहीं हो सकता। ये जिनपर अनुग्रह करके अपना ज्ञान कराते हैं, वे ही इन्हें जान सकते हैं और कृपा भक्तोंपर ही व्यक्त होती है। भक्तिरहित कर्मसे, प्रेमरहित ज्ञानसे भगवान्‌का यथार्थ स्वरूप नहीं जाननेमें आता। निष्काम कर्मसे भगवान्‌का ऐश्वर्यरूप जाना जाता है और तत्त्वज्ञानसे उनका अक्षर परब्रह्मरूप; परंतु उनके मधुरातिमधुर पुरुषोत्तम भावका तो अनन्य प्रेमभक्तिसे ही साक्षात्कार होता है। वैधी भक्ति करते-करते जब वह दिव्य प्रेमरूपमें परिणत होती है; जब भगवान्‌की अचिन्त्य शक्ति और अनिर्वचनीय ऐश्वर्यको जानकर भक्त केवल उन्हींको परम गति, परम आश्रय और परम शरण्य मानकर बुद्धिसे, मनसे, चित्तसे, इन्द्रियोंसे और शरीरसे सब भाँति सर्वथा अपनेको उनके चरणोंमें निवेदन कर देता है; जब वह उन्हींको मन दे देता है, उन्हींमें बुद्धि लगा देता है, उन्हींको जीवन अर्पण कर देता है, उन्हींकी चर्चा करता है, उन्हींके नाम-गुणका गान करता है, उन्हींमें संतुष्ट रहता है और उन्हींमें रमण करता है; इस प्रकार जब देह-मन-प्राण, काल-कर्म-गुण, लौकिक और पारलौकिक, भोग, आसक्ति, कामना, वासना—सब कुछ उनके अर्पण कर देता है, तब भगवान् उस प्रेमसे भजनेवाले भक्तको अपनी वह दिव्य बुद्धि दे देते हैं, जिससे वह अनायास ही उनको समग्ररूपमें—पुरुषोत्तमरूपमें पा जाता है।

भगवान्‌ने घोषणा की है कि मैं जैसा भक्तिसे शीघ्र मिलता हूँ, वैसा अन्य किसी साधनसे नहीं मिलता—

न साधयति मां योगो न सांख्यं धर्म उद्धव।
न स्वाध्यायस्तपस्त्यागो यथा भक्तिर्ममोर्जिता॥

'जिस प्रकार मेरी अनन्य भक्ति मुझे वशमें करती है, उस प्रकार मुझको योग, ज्ञान, धर्म, स्वाध्याय, तप और त्याग—वशमें नहीं कर सकते।'

——::×::——

दिव्य प्रेम

प्रेमकी सबसे पहली और एकमात्र मुख्य शर्त है—'स्वसुख-वाञ्छाकी कल्पनाका भी अभाव।' एक बड़ी सुन्दर निकुञ्जलीला है। एक सखीने एक दिन ऐसा नख-शिख शृङ्गार किया कि जो प्राणप्रियतम श्यामसुन्दरको परम सुख देनेवाला था। उसने दर्पणमें देखा और वह चली श्यामसुन्दरको दिखाकर उन्हें सुखी करनेकी मधुर लालसासे। प्रियतम श्यामसुन्दर निभृत निकुञ्जमें कोमल कुसुम और किसलयकी सुरभित शय्यापर शयन कर रहे हैं। अलसायी आँखोंमें नींद छायी है; बीच-बीचमें पलक खुलती है, पर तुरंत ही बंद हो जाती है। प्रेममयी गोपी आयी है अपनी शृङ्गारसुषमासे श्यामसुन्दरको सुखी करनेके लिये। उसके मनमें स्व-सुखकी तनिक भी वाञ्छा नहीं है। पर श्यामसुन्दर सो रहे हैं। वह चाहती है, एक बार देख लेते तो उन्हें बड़ा सुख होता। उसके हाथमें कमल था, उसके परागको वह उड़ाने लगी। सोचा, कोई परागकण प्रियतम श्यामसुन्दरके नेत्रोंमें पड़ जायगा तो कुछ क्षण नेत्र खुले रह जायँगे। इतनेमें वे मेरे शृङ्गारको देख लेंगे, उन्हें परम सुख होगा।

इसी बीचमें नित्यनिकुञ्जेश्वरी श्रीराधारानी वहाँ आ पहुँचीं। उन्होंने प्यारी सखीसे पूछा—'क्या कर रही हो ?' सखीने सब बताया। श्रीराधारानी स्वयं स्वभावसे ही श्यामसुन्दरका सुख चाहती हैं। पर यहाँ सखीकी यह चेष्टा उन्हें ठीक नहीं लगी। उन्होंने कहा—'सखी ! तुम्हारा मनोभाव बड़ा मधुर है; पर श्यामसुन्दरको जब तुम सुखी देखोगी, तब तुम्हें अपार सुख होगा न ? किंतु श्यामसुन्दरके इस सुखसे तुमको तभी सुख मिलेगा, जब उनकी सुखनिद्रामें विघ्न उपस्थित होगा। इस आत्मसुखके लिये उनकी सुखनिद्रामें बाधा उपस्थित करना कदापि उचित नहीं है।' सखीने केवल श्रीकृष्ण-सुखके लिये ही शृङ्गार किया था; परंतु इसमें भी स्व-सुखकी छिपी वासना थी, इस बातको वह नहीं समझ पायी थी। प्रेमतत्त्वका सूक्ष्म दर्शन करनेवाली प्रेमस्वरूपा श्रीराधिकाजीने इसको समझा और सखीको रोक दिया। सखी प्रेमतत्त्वका सूक्ष्म परिचय पाकर प्रसन्न हो गयी।

गोपियाँ चाहती हैं श्रीश्यामसुन्दरके चरणकमल हमारे हृदयको स्पर्श करें; उन्हें इसमें अपार सुख भी मिलता है और वे यह भी जानती हैं कि इससे प्रियतम श्यामसुन्दरको भी महान् सुख होता है। तथापि वे जितनी विरहव्यथासे व्यथित हैं, उससे कहीं अधिक व्यथित इस विचारसे हो जाती हैं कि हमारे वक्षोजसे प्रियतमके कोमल चरणतलमें कहीं आघात न लग जाय। वे रासपञ्चाध्यायीके गोपीगीतमें गाती हैं—

यत्ते सुजातचरणाम्बुरुहं स्तनेषु
भीताः शनैः प्रिय दधीमहि कर्कशेषु।
तेनाटवीमटसि तद् व्यथते न किंस्वित्
कूर्पादिभिर्भ्रमति धीर्भवदायुषां नः॥

(श्रीमद्भा० १०।३१।१९)

'तुम्हारे चरण कमलसे भी अधिक कोमल हैं। उन्हें हम अपने कठोर उरोजोंपर भी बहुत ही डरते-डरते धीरेसे रखती हैं कि कहीं उनमें चोट न लग जाय। उन्हीं कोमल चरणोंसे तुम रात्रिके समय घोर अरण्यमें घूम रहे हो, यहाँके नुकीले कंकड़-पत्थरों आदिके आघातसे क्या उन चरणोंमें पीड़ा नहीं होती ? हमें तो इस विचारमात्रसे ही चक्कर आ रहा है—हमारी चेतना लुप्त हुई जा रही है; प्राणप्रियतम श्यामसुन्दर ! हमारा जीवन तो तुम्हारे लिये ही है। हम तुम्हारी ही हैं !' अतः इस प्रेम-राज्यमें किसी भी प्रकारसे निज सुखकी कोई भी वाञ्छा नहीं होती। इसीसे इसमें 'सर्वत्याग' है—त्यागकी पराकाष्ठा है। 'प्रेम' शब्द बड़ा मधुर है और प्रेमका यथार्थ स्वरूप भी समस्त मधुरोंमें परम मधुरतम है। परंतु त्यागमय होनेसे पहले यह है—बड़ा ही कटु, बड़ा ही तीखा। इसमें अपनेको सर्वथा खो देना पड़ता है—तभी इसकी कटुता और तीक्ष्णता महान् सुधामाधुरीमें परिणत होती है। गोपीमें वस्तुतः निज सुखकी कल्पना ही नहीं है, फिर अनुसंधान तो कहाँसे होता। उसके शरीर, मन, वचनकी सारी चेष्टाएँ और सारे संकल्प अपने प्राणाराम श्रीश्यामसुन्दरके सुखके लिये ही होते हैं, इसलिये उसमें चेष्टा नहीं करनी पड़ती। यह प्रेम न तो साधन है, न अस्वाभाविक चेष्टा है, न इसमें कोई परिश्रम है। प्रेमास्पदका सुख ही प्रेमीका स्वभाव

है, स्वरूप है। हमारे इस कार्यसे प्रेमास्पद सुखी होंगे—यह विचार उसे त्यागमें प्रवृत्त नहीं करता। सर्वसमर्पित जीवन होनेसे उसका त्याग सहज होता है। अभिप्राय यह कि उसमें श्रीकृष्ण-सुख-काम स्वाभाविक है, कर्तव्यबुद्धिसे नहीं है। उसका यह 'श्रीकृष्णसुखकाम' उसका स्वरूपभूत लक्षण है।

प्राणप्रियतम भगवान् श्यामसुन्दरका सुख ही गोपीका जीवन है, इसे चाहे 'प्रेम' कहें या 'काम'। यह काम परम त्यागमय सहज प्रेष्ठसुखरूप होनेसे परम आदरणीय है, मुनिमनोऽभिलषित है। 'काम' नामसे डरनेकी आवश्यकता नहीं है। भगवान्ने धर्मसे अविरुद्ध कामको अपना स्वरूप बतलाया है—**'धर्माविरूद्धो भूतेषु कामोऽस्मि भरतर्षभ'**। भगवान्ने स्वयं कामना की—'मैं एकसे बहुत हो जाऊँ' **'एकोऽहं बहु स्याम्।'**इसी प्रकार 'रमण' शब्द भी भयानक नहीं है। भगवान्ने एकसे बहुत होनेकी कामना क्यों की? इसीलिये कि अकेले 'रमण' नहीं होता—**'एकाकी न रमते।'** यहाँ भी 'काम' और 'रमण' शब्दका अर्थ गंदा कदापि नहीं है, इन्द्रिय-भोगपरक नहीं है। मोक्षकी कामनावालेको 'मोक्षकाम' कहते हैं। इससे वह 'कामी' थोड़े ही हो जाता है। इसी प्रकार गोपियोंका 'काम' है—एकमात्र 'श्रीकृष्ण-सुख-काम।' और यह काम उनका सहजस्वरूप हो गया है। इसलिये यह प्रश्न ही नहीं उठता कि गोपियाँ कहीं यह चाहें कि हमारे इस 'काम'का कभी किसी कालमें भी नाश हो। यह काम ही उनका गोपीस्वरूप है। इसका नाश चाहनेपर तो गोपी गोपी ही नहीं रह जाती। वह अत्यन्त नीचे स्तरपर आ जाती है, जो कभी सम्भव नहीं है।

गोपीकी बुद्धि, उसका मन, उसका चित्त, उसका अहंकार और उसकी सारी इन्द्रियाँ प्रियतम श्यामसुन्दरके सुखके सहज साधन हैं; न उसमें कर्तव्यनिष्ठा है, न अकर्तव्यका बोध, न ज्ञान है, न अज्ञान, न वैराग्य है, न राग, न कोई कामना है, न वासना—बस, श्रीकृष्ण-सुखके साधन बने रहना ही उसका स्वभाव है। यही कारण है कि परम निष्काम, आत्मकाम, पूर्णकाम, अकाम, आनन्दघन श्रीकृष्ण गोपी-प्रेमामृतका रसास्वादन करके आनन्द प्राप्त करना चाहते हैं। जो आनन्दके नित्य आकर हैं, आनन्दके अगाध समुद्र हैं, आनन्दस्वरूप हैं, जिनसे सारा आनन्द निकलता है—जो आनन्दके मूल स्रोत हैं, जिनके आनन्द-सीकरको लेकर ही जगत्में सब

****

प्रकारके आनन्दोंका उदय होता है, उन भगवान्में आनन्दकी चाह कैसी ? उनमें आनन्द प्राप्त करनेकी इच्छा कैसी ? यह बात दार्शनिककी कल्पनामें नहीं आ सकती। परंतु प्रेमराज्यकी बात ही कुछ विलक्षण है। यहाँ आनन्दमयमें ही आनन्दकी चाह है। इसीसे भगवान् श्यामसुन्दर प्रेमियोंके प्रेमरसका आस्वादन करनेके लिये व्याकुल हैं। यशोदा मैयाका स्तन्य-पान करनेके लिये भूखे गोपाल रोते हैं, गोपसखाओं और बछड़ोंके खो जानेपर कातर हुए कन्हैया उन्हें वन-वन ढूँढ़ते-फिरते हैं, व्रजसुन्दरियोंका मन हरण करके उन्हें अपने पास बुलानेके लिये गोपीजनवल्लभ उनके नाम ले-लेकर मधुर मुरलीकी तान छेड़ते हैं। प्रेममें यही विलक्षण महामहिम मधुरिमा है।

प्रेम भगवान्का स्वरूप ही है। प्रेम न हो तो रूखे-सूखे भगवान् भाव-जगत्की वस्तु रहें ही नहीं। आनन्दस्वरूप यदि आनन्दके साथ इस प्रकार आनन्दरसका आस्वादन न करें, उनकी आनन्दमयी आह्लादिनी शक्ति उन्हें आनन्दित करनेमें प्रवृत्त न हो तो केवल स्वरूपभूत आनन्द बड़ा रूखा रह जाता है। उसमें रस नहीं रहता। इसलिये वे स्वयं ही अपने ही आनन्दका अनुभव करनेके लिये अपनी ही स्वरूपभूता आनन्दरूपा शक्तिको प्रकट करके उसके साथ आनन्द-रसमयी लीला करते हैं। यह आनन्द बनता नहीं। पहले नहीं था, अब बना—ऐसी बात नहीं है। प्रेम नित्य, आनन्द नित्य—दोनों ही भगवत्स्वरूप। आनन्दकी भित्ति प्रेम और प्रेमका विलक्षण रूप आनन्द ! इस प्रेमका कोई निर्माण नहीं करता। जहाँ सर्व-त्याग होता है, वहीं इसका प्राकट्य—उदय हो जाता है। जहाँ त्याग, वहाँ प्रेम; और जहाँ प्रेम, वहीं आनन्द। कहीं भी द्वेषसे, वैरसे आनन्दका उदय हुआ हो तो बताइये। असम्भव है। भगवान् प्रेमानन्दस्वरूप हैं। अतएव भगवान्की यह प्रेमलीला अनादिकालसे अनन्तकालतक चलती ही रहती है। न इसमें विराम होता है, न कभी कमी ही आती है। इसका स्वभाव ही वर्धनशील है।

समस्त जगत्के जीव-जीवनमें भी आंशिकरूपमें विभिन्न प्रकारसे प्रेमकी ही लीला चलती है। माता-पिताके हृदयका वात्सल्य-स्नेह, पत्नी-पतिका माधुर्य, मित्रका पवित्र सख्यप्रेम, पुत्रकी मातृ-पितृ-भक्ति, गुरुका स्नेह, शिष्यकी गुरु-भक्ति—इस प्रकार विभिन्न विचित्र धाराओंमें प्रेमका ही प्रवाह बह रहा है। यह प्रेम त्यागसे ही विकसित

होता और फूलता-फलता है। जगत्में यदि यह प्रवाह सूख जाय, संतानको माता-पिताका वात्सल्य न मिले, पति-पत्नीका माधुर्य मिट जाय, मित्र-बन्धुओंके सखाभावका नाश हो जाय, गुरु-शिष्यकी स्नेह-भक्ति न रहे और माता-पिताको पुत्रकी विशुद्ध श्रद्धा-सेवा न मिले तो जगत् भयानक हो जाय, कदाचित् ध्वंस हो जाय या फिर जगत् क्रूर राक्षसोंकी ताण्डवस्थली बन जाय! अतएव त्यागमय प्रेमकी बड़ी आवश्यकता है। यही प्रेम जब सब जगत्से सिमटकर एक भगवान्में लग जाता है, तब वह परम दिव्य हो जाता है। इसी एकान्त, विशुद्ध प्रेमकी निर्मल मूर्ति है—गोपी और उस प्रेमका पुञ्जीभूत रूप ही हैं श्यामसुन्दर— **पुञ्जीभूतं प्रेम गोपाङ्गनानाम्'**।

जहाँ स्व-सुखकी वाञ्छा है, वस्तु अपने लिये है, वहीं वह 'भोग' है। वही वस्तु भगवान्के समर्पित हो गयी तो 'सेवा' है। 'स्व-सुख-वाञ्छा'को लेकर हम जो कुछ भी करते हैं, सब भोग हैं। उसी कामको भगवत्-समर्पित करके हम सुखी होते हैं तो वह प्रेम है। घरकी कोई वस्तु, मनकी कोई वस्तु, जीवनकी कोई वस्तु जबतक 'स्व-सुखके लिये है, तबतक 'भोग' है; और जबतक भोग है, जबतक उनका इन्द्रियोंके साथ भोग्य-सम्बन्ध है, तबतक उनसे दुःख ही उत्पन्न होता रहेगा। भगवान्ने स्वयं कहा है—

ये हि संस्पर्शजा भोगा दुःखयोनय एव ते।
आद्यन्तवन्तः कौन्तेय न तेषु रमते बुधः॥

(गीता ५। २२)

'जो भी संस्पर्शज भोग हैं, वे सभी दुःखकी उत्पत्तिके क्षेत्र हैं और आदि-अन्तवाले हैं; इसलिये भैया अर्जुन ! बुद्धिमान् लोग उनमें प्रीति नहीं रखते।'

पर ये ही सब भोग जब स्व-सुखकी इच्छाका परित्याग करके परसुखार्थ—भगवदर्पित हो जाते हैं, तब इन्हींको 'भगवान्की सेवा' कहा जाता है। यही प्रेम है। गोपीप्रेम इसीसे स्व-सुख-वाञ्छासे सर्वथा रहित परम उज्ज्वल है। यहाँ पूर्ण समर्पण हो चुकनेपर भी नित्य समर्पणकी लीला चलती रहती है, प्रतिक्षण समर्पण होता रहता है। यों समर्पण होते-होते समर्पणक्रिया भी विस्मृत होने लगती है और फिर 'ग्रहण' भी समर्पणरूप, त्यागरूप बन जाता है; क्योंकि उसमें भी

प्रियतमके सुखकी ही निर्मल वाञ्छा रहती है!

पर इस 'ग्रहणमें' प्रेमकी पहचान बहुत कठिन है। हम हलवा खा रहे हैं, हमें उसके मिठासका स्वाद आ रहा है तथा हमें सुख मिल रहा है। यह हलवा खाना तथा उसमें मिठास तथा सुखकी अनुभूति—स्व-सुखके लिये हो रही है, या प्रेमास्पदके सुखके लिये—इसका परीक्षण बहुत कठिन है। इसका यथार्थ स्वरूप वे ही जानते हैं; जो प्रेमके इस स्तरतक पहुँच गये हैं। प्रेमीको स्वाद आ रहा है; पर स्वादके सुखका ग्रहण वह तभी करता है, जब कि उससे प्राणधन प्रेमास्पद श्यामसुन्दरको सुख होता हो। स्वाद प्रेमीको आता है; परंतु यदि प्रेमास्पदको उसमें सुख नहीं है तो वह स्वाद कभी प्रेमीको इष्ट नहीं है। हलवेका मिठास लेते-लेते उसे यदि ज्ञात हो जाय कि प्रेमास्पद चाहते थे कि तुम मीठा हलवा न खाकर कड़ुवा नीम खाते तो तुरंत हलवा उसके लिये कड़ुवा हो जायगा, बुरी वस्तु बन जायगा और वह नीम खाने लगेगा। यहीं पता लगता है कि 'ग्रहण' स्व-सुखकी वाञ्छासे था या प्रेमास्पदके सुखके लिये। यही बात कपड़े पहनने, सोने, जागने, जगत्के सारे व्यवहार करनेमें है। प्रत्येक क्रियामें प्रेमास्पदका सुख ही एकमात्र इष्ट होना चाहिये। प्रेमीको यह पता लग जाय कि प्रेमास्पद हमारे मरणमें प्रसन्न है तो प्रेमीके लिये एक क्षण भी जीवन-धारण करना परम दुःखरूप हो जायगा।

यों प्रेमास्पदके सुखका जीवन जिनका बन जाता है, उनको प्रेमास्पद प्रभुके मनकी बात खोजनी नहीं पड़ती। वह उसके सामने स्वयं प्रकट रहती है। प्रेमास्पदका मन उस प्रेमीके मनमें आ विराजता है। इसीलिये भगवान्ने अर्जुनसे श्रीगोपसुन्दरियोंके सम्बन्धमें कहा है—

मन्माहात्म्यं मत्सपर्यां मच्छ्रद्धां मन्मनोगतम्।
जानन्ति गोपिकाः पार्थ नान्ये जानन्ति तत्त्वतः॥

'हे अर्जुन! मेरी महिमा, मेरी सेवाका स्वरूप, मेरी श्रद्धाका स्वरूप तथा मेरे मनकी बात तत्त्वसे केवल गोपिकाएँ ही जानती हैं, दूसरा कोई नहीं जानता।'

इसलिये गोपीको यह पता नहीं लगाना पड़ता कि भगवान् किस बातसे प्रसन्न होंगे। उसके अंदर भगवान्का मन ही काम करता है। भगवान्ने स्वयं श्रीउद्धवजीसे कहा है—

ता मन्मनस्का मत्प्राणा मदर्थे त्यक्तदैहिकाः।

(श्रीमद्भा० १०।४६।४)

'वे मेरे मनवाली हैं, मेरे प्राणवाली हैं, मेरे लिये अपने दैहिक वस्तुओं तथा कार्योंका सर्वथा परित्याग कर चुकी हैं।' श्रीकृष्ण ही गोपियोंके मन हैं। श्रीकृष्ण ही उनके प्राण हैं। उनके सारे संकल्प तथा सारे कार्य सहज ही श्रीकृष्ण-प्रीत्यर्थ या श्रीकृष्ण-सुखार्थ ही होते हैं।

प्रेमकी बड़ी ही विचित्र गति होती है। वह महागम्भीर है और महाचञ्चल है। प्रेमीमें प्रेमका अगाध समुद्र प्रशान्तभावसे स्थिर हो जाता है; परंतु जैसे पूर्ण चन्द्रमाको देखकर महासमुद्र नाचने लगता है, उसी प्रकार प्रेमास्पद भगवान्‌के प्रसन्न श्रीमुखको देखकर उनके सुखार्थ उस प्रेममहासागरमें लहरें—तरङ्गें उठने लगती हैं। ये तरङ्गें ही प्रेमलीला हैं।

गोपियोंके जीवनमें इन प्रेम-तरङ्गोंके अतिरिक्त अन्य कोई भी क्रिया नहीं है। प्रेमकी ही ये उच्छ्वसित ऊर्मियाँ हैं, जो नाच-नाचकर प्रेमसुधाका अधिकाधिक मधुर रसास्वादन कराया करती हैं। ये तरङ्गें कभी अत्यन्त उत्ताल हो जाती हैं, कभी मृदु बन जाती हैं; कभी बहुत ऊपर उछलती हैं, कभी मन्द-मन्द उठती-बैठती हैं; कभी सीधी होती हैं, कभी दायें-बायें हो जाती हैं। प्रेममें दो तरहके भाव होते हैं— दक्षिण और वाम। दक्षिण भावसे भी और वामभावसे भी—परस्पर प्रेमलीलाएँ चलती रहती हैं। जहाँ प्रेमानन्दमयी श्रीराधारानी या गोपाङ्गनाओंका वामभाव होता है, वहाँ प्रियतम श्यामसुन्दर उन्हें मनाया करते हैं और जहाँ प्रेमधन श्रीश्यामसुन्दरका वामभाव होता है, वहाँ श्रीराधारानी या श्रीगोपाङ्गनाएँ उनको मनाया करती हैं। मधुर मनोहर प्रेमसे समुद्रके 'विरह-तट' पर कभी 'विप्रलम्भ'रसका आस्वादन होता है तो कभी 'मिलनतट' पर 'सम्भोग' रसका आस्वादन होता है। फिर कभी मिलनमें ही विरहकी स्फूर्ति हो जाया करती है, जिसे प्रेम-वैचित्त्य कहते हैं।

प्रियस्य संनिकर्षेऽपि प्रेमोत्कर्षस्वभावतः।
या विश्लेषधियाऽऽर्तिस्तं प्रेमवैचित्त्यमुच्यते॥

'प्रेमके उत्कर्षके कारण प्रियतमके समीप रहनेपर भी उनके न रहनेके निश्चयसे

होनेवाली पीड़ाका अनुभव होना—प्रेम-वैचित्त्य कहलाता है।' इस प्रकार प्रेमसागरमें अनन्त मधुरातिमधुर तरङ्गें उठा करती हैं। इनका वर्णन कौन करे ? जो तटपर खड़ा है, वह तो तरङ्गोंके भीतरकी स्थिति जान नहीं सकता और जो तरङ्गोंमें मिल गया, वह तरङ्ग ही बन जाता है। इसीसे प्रेमका स्वरूप अनिर्वचनीय है— '**अनिर्वचनीयं प्रेमस्वरूपम्।**'

कभी-कभी ऐसा होता है कि प्रेमी और प्रेमास्पद अपने-आपको भूलकर एक-दूसरे बन जाते हैं। नटवर रसिकशेखर श्रीश्यामसुन्दर अपनेको राधा मानकर 'हा कृष्ण! हा श्यामसुन्दर! हा प्राणवल्लभ!' पुकारने लगते हैं और रासेश्वरी नित्यनिकुञ्जेश्वरी श्रीराधारानी श्रीकृष्णके आवेशमें 'हा राधे! हा प्राणेश्वरि प्राणाधिके! हा मनमोहिनि!' पुकारा करती हैं। ये सभी प्रेमसमुद्रकी पवित्रतम मधुर-मधुर तरङ्गें हैं। यह श्रीराधा-माधवका प्रेम, प्रेमविहार, प्रेमलीला नित्य है और नित्य वर्धनशील है; इसीसे उनका अप्रतिम आनन्द भी नित्य और प्रतिक्षण वर्द्धनशील है। किसी-किसी युगमें कोई ऐसे प्रेमी संत होते हैं, जो इस प्रेमलीलाका दर्शन करना चाहते हैं। तब उनकी प्रीतिसे प्रेरित होकर भगवान् अपने दिव्यधाम तथा प्रेमी परिकरों, सखाओं, सखियोंको लेकर, दिव्यधामके दिव्य चिन्मय पशु-पक्षियों और वृक्ष-लताओंको लेकर इस मर्त्यभूमिपर अवतरित होते हैं। यही भगवान् श्रीराघवेन्द्रकी अवधलीला है और यही श्रीव्रजेन्द्रनन्दनकी व्रजलीला है। इस प्रेमराज्यमें उन्हींका प्रवेश है, जो अपनेको खोकर, स्व-सुखकी समस्त वाञ्छाओंको मिटाकर भगवान्के ही हो जाते हैं। इस प्रकार त्यागकी पराकाष्ठासे उदित दिव्य प्रेमको वैष्णवोंने 'पञ्चम पुरुषार्थ' बताया है। अर्थ, धर्म, काम, मोक्ष—चार पुरुषार्थ प्रसिद्ध हैं। प्रेम पञ्चम पुरुषार्थ है, जहाँ मोक्षकी कामनाका भी परित्याग हो जाता है। प्रेम-सेवाको छोड़कर प्रेमी भक्त देनेपर भी मुक्तिको स्वीकार नहीं करते—

दीयमानं न गृह्णन्ति विना मत्सेवनं जनाः।

यही त्यागकी पराकाष्ठा है। इसमें अहंकी चिन्ता या अहंकी मङ्गलकामनाका सर्वथा अभाव है। जहाँ मोक्षकी कामना है, वहाँ बन्धनकी अपेक्षा है। बन्धन न हो तो मोक्ष—छुटकारा किससे ? और बन्धन किसको होता है। जो बँधा है, वही

छुटकारा चाहता है। अतः बन्धनकी अनुभूति और बन्धनसे मुक्त होनेकी इच्छा—इसीका नाम 'मुमुक्षा' है और यह जिसमें है, उसीको 'मुमुक्षु' कहते हैं। छुटकारेकी इच्छामें ही बन्धनकी अनुभूति है और जिसको इस बन्धनकी अनुभूति है, वही बन्धनसे मुक्त होनेकी इच्छा करता है। हम उसको चाहे मुमुक्षु कहें, चाहे जिज्ञासु या साधक—कुछ भी कहें, उसमें 'अहं' है और वह 'अहं' का मङ्गल चाहता है। पर प्रेम-राज्यमें तो अहंकी चिन्ता ही नहीं है, 'स्व'की सर्वथा विस्मृति है। प्रेमास्पदका सुख ही जीवन है। इसीसे यह 'पञ्चम पुरुषार्थ' है।

गीताके अन्तिम अध्यायका नाम 'मोक्षसंन्यासयोग' है। 'मोक्ष-संन्यास' का यह अर्थ किया जाय कि इसमें 'मोक्षके भी परित्याग' का विषय है। वही तो 'शरणागति' है। यह तो मानना ही चाहिये कि जिस अर्जुनको भगवान्ने रणाङ्गणमें प्रत्यक्ष समझाकर गीताका उपदेश किया, जिसको अपना अत्यन्त प्रिय, इष्ट और अधिकारी बताया, जिसके हितके लिये ही उपदेश किया—

इष्टोऽसि मे दृढमिति ततो वक्ष्यामि ते हितम् ॥

—उस अर्जुनने गीताको जितना अच्छा समझा है, उतना और किसने समझा होगा। अर्जुनका जीवन गीताके अनुसार जितना बना होगा, उतना और किसका बनेगा। अर्जुन तो स्वीकार करता है कि 'मेरा मोह नाश हो गया और मैं आपके वचनोंका पालन करूँगा।' और यहींपर गीता समाप्त हो जाती है। इस प्रकार गीताका अर्थ समझनेवालेकी जो गति हुई होगी, वही गीता-वक्ताके उपदेशका फल होना चाहिये। अब महाभारतमें देखिये—अर्जुनको 'सायुज्य मोक्ष'की प्राप्ति हुई या और कुछ मिला। महाभारत, स्वर्गारोहणपर्वमें कथा है—

'देवताओं, ऋषियों और मरुद्गणोंके द्वारा अपनी प्रशंसा सुनते हुए महाराज युधिष्ठिर भगवान्के दिव्य धाममें जा पहुँचे। वहाँ उन्होंने देखा कि भगवान् श्रीकृष्ण अपना ब्राह्मविग्रह धारण किये विराजमान हैं। उनका स्वरूप पूर्व देखे हुए विग्रहके ही सदृश है, अतः वे भलीभाँति पहचाननेमें आ रहे हैं। उनके दिव्य श्रीविग्रहसे दिव्य ज्योति फैल रही है। उनके सुदर्शनचक्रादि आयुध देवताओंके शरीर धारण किये हुए उनकी सेवामें लगे हैं। वहीं अत्यन्त तेजस्वी वीरवर अर्जुन भी भगवान्की सेवामें

संलग्न है। देवपूजित भगवान् श्रीकृष्ण और अर्जुनने भी युधिष्ठिरको आये देख उनका यथारीति सत्कार किया।........'

इससे समझमें आ जाना चाहिये कि अर्जुनको 'सायुज्य मोक्ष' नहीं मिला। उन्हें भगवान्‌की 'प्रेम-सेवा' प्राप्त हुई।

शरणागतिसे अर्जुनका मोह नष्ट हो गया—'**नष्टो मोहः।**' अतएव संसारसे मुक्ति होनेका काम तो हो ही गया। बन्धन रह गया केवल भगवान्‌की प्रेमसेवाका, जो शरणागत अर्जुन और गीतावक्ता स्वयं भगवान् श्रीकृष्ण दोनोंको ही इष्ट है। अर्जुनसे भगवान्‌ने मानो कह दिया—''तुम्हारा मोह नाश हो गया। तुम मेरे सेवक थे, सेवक ही रहोगे। मोहवश कह रहे थे—'मैं यह नहीं करूँगा, यह करूँगा।' अब तुम मेरे वचनोंका ही अनुसरण करोगे। बस, काम हो गया। तुम मेरे चिर-सेवक ही रहो। तुम्हें मोक्षसे क्या मतलब।'' यही मोक्ष-संन्यास है। प्रेमी मोक्षका भी संन्यास कर देता है—यह अभिप्राय है।

मोक्ष-संन्यासका यथार्थ अर्थ क्या है, मुझे पता नहीं; मुझे गीताका न अध्ययन है न ज्ञान। यह तो मैंने स्वान्तःसुखाय अपने मनका अर्थ कह दिया है। वैसे न मैं जानता हूँ, न शास्त्रार्थ करना चाहता हूँ, न विवाद; मैं तो सदा ही हारा हुआ हूँ। गीतामर्मज्ञ विज्ञ महानुभाव मेरी धृष्टताके लिये कृपया क्षमा करें!

इतना अवश्य ध्यानमें रखना चाहिये कि जबतक मोक्षकी इच्छा है, तबतक स्व-सुख-वाञ्छा है ही; क्योंकि इसमें अपने बन्धनकी अनुभूति है। बन्धन दुःखरूप है, उससे मुक्ति प्राप्तकर वह मोक्ष-सुखको प्राप्त करना चाहता है। यही स्व-सुखकी चाह है। अतः यहाँ भी सर्वत्याग—पूर्ण त्याग नहीं है; प्रेमीजन पूर्ण त्यागी होते हैं, अतः वे मोक्षका भी परित्याग करके केवल प्रेमसेवामें ही सहज संलग्न रहते हैं।

ऐसे प्रेमियोंकी तो बात ही दूसरी है, उनके तनिक-से सङ्गके साथ भी मोक्षकी तुलना नहीं होती। श्रीमद्भागवतमें कहा है—

तुलयाम लवेनापि न स्वर्गं नापुनर्भवम्।
भगवत्सङ्गिसङ्गस्य मर्त्यानां किमुताशिषः॥

(१।१८।१३; ४।३०।३४)

'भगवत्सङ्गी'का अर्थ है—भगवान्‌में अनुरक्त, आसक्त, भगवान्‌का सङ्गी, भगवान्‌का प्रेमी, गोपीभावापन्न। ऐसे भगवत्सङ्गीका सङ्ग यदि लवमात्रके समयके लिये मिलता हो तो उसकी तुलना यहाँके भोगोंकी तो बात ही क्या है, स्वर्गसे भी नहीं होती, वरं अपुनर्भव—मोक्षसे भी नहीं होती। 'अपुनर्भव'का अर्थ है—जिससे वापस नहीं लौटा जाता, वैसी 'सायुज्या मुक्ति'। इस मुक्तिकी भी लवमात्रके भगवत्सङ्गीके सङ्गसे तुलना नहीं होती। यह भगवत्प्रेमकी महिमा है। इसीसे इस प्रेमकी—इस दिव्य भगवत्प्रेमकी—व्रजरसकी वाञ्छा शिव-नारदादि, महान् मुनि-तपस्वी आदि करते हैं। स्वयं ब्रह्मविद्या भी इस प्रेमके लिये लालायित हैं—

जाबालि नामक ब्रह्मज्ञानी मुनिने एक बार विशाल वनमें विचरते समय एक विशाल बावड़ीके तटपर वटवृक्षकी छायामें एक अनन्य-सुन्दरी परम तेजोमयी तरुणी देवीको कठोर तप करते देखा। चन्द्रमाकी शुभ्र ज्योत्स्नाके सदृश उसकी आभा चारों ओर छिटक रही थी। उसे देखकर मुनिको बड़ा आश्चर्य हुआ और उन्होंने यह जानना चाहा कि ये देवी कौन हैं तथा क्यों तपस्या कर रही हैं। पूछनेपर पता लगा कि जिनकी शरण प्राप्त करनेपर अज्ञानान्धकार सदाके लिये नष्ट हो जाता है, दुर्लभ तत्त्वज्ञानकी प्राप्ति हो जाती है तथा जीव मायाके बन्धनसे मुक्त होकर स्व-स्वरूप ब्रह्मको प्राप्त हो जाता है, वे स्वयं ब्रह्मविद्या ही ये हैं। नम्रताके साथ प्रश्न करनेपर तापसी देवीने कहा—

ब्रह्मविद्याहमतुला योगीन्द्रैर्या च मृग्यते।
साहं हरिपदाम्भोजकाम्यया सुचिरं तपः॥
ब्रह्मानन्देन पूर्णाहं तेनानन्देन तृप्तधीः।
चराम्यस्मिन् वने घोरे ध्यायन्ती पुरुषोत्तमम्॥
तथापि शून्यमात्मानं मन्ये कृष्णरतिं विना।

(पद्मपुराण)

'मैं वह अतुलनीया ब्रह्मविद्या हूँ, जिसको महान् योगिराज सदा ढूँढ़ा करते हैं। मैं श्रीहरिके चरणकमलोंकी प्राप्तिके लिये उनका ध्यान करती हुई दीर्घकालसे यहाँ तप कर रही हूँ। मैं ब्रह्मानन्दसे पूर्ण हूँ, मेरी बुद्धि भी उसी ब्रह्मानन्दसे परितृप्त है।

परंतु श्रीकृष्ण-विषयक रति (प्रेम) मुझे अभी नहीं मिली, इसलिये मैं अपनेको सदा सूनी देखती हूँ !'

जिस अलौकिक प्रेमके लिये स्वयं ब्रह्मविद्या कल्पोंतक तप करती हैं, जिस रसकी तनिक-सी प्राप्तिके लिये अर्जुन साधना करके अर्जुनी बनते हैं, वह कितना उज्ज्वल, कितना दिव्य, कितना पवित्र और कितना मधुरतम है—इसको कौन बता सकता है। वे गोपरमणियाँ धन्य हैं, जिन्होंने इस प्रेम-रसका आस्वादन किया और प्रेमास्पद श्यामसुन्दरको करवाकर उनकी परम प्रीति लाभ की तथा जिनके सामने भगवान्‌ने अपना पूर्ण प्रकाश किया।

हम लोगोंके सामने भगवान् अपनेको पूर्णरूपसे प्रकट नहीं करते, 'योगमाया' (अपनी आत्ममाया) से ढका रखते हैं।

नाहं प्रकाशः सर्वस्य योगमायासमावृतः ।

(गीता ७। २५)

भगवान्‌ने कहा—'मैं सबके सामने प्रकाशित क्यों नहीं होता, लोग मुझे पहचानते क्यों नहीं ? इसीलिये कि मैं योगमायासे अपनेको ढका रखता हूँ।' परंतु प्रेमवती श्रीगोपाङ्गनाओंके साथ यह बात नहीं है। वहाँ भगवान् 'योगमाया-समावृत' नहीं हैं, वहाँ 'योगमायामुपाश्रित' हैं। अर्थात् अपनी अचिन्त्य महाशक्ति योगमायाको पृथक् प्रकट करके मानो कहते हैं—'मैं इस समय अनावृत हूँ; बेपर्द हूँ; तुम इस नाटककी सारी व्यवस्था करो, लीलाके सारे साज बनाओ।' योगमाया काम करती हैं। भगवान् तथा श्रीगोपाङ्गनाओंकी दिव्य रासलीला होती है। यहाँ कुछ भी गोपन नहीं है। भगवान्‌की अनावृत लीला है। गोपियोंका चीरहरण क्या है ? वह कोई गंदी चीज थोड़े ही है। गंदी चीज होती तो दुर्वृत्त कामियोंको प्रिय होती और होती अनन्त कालतक नरकोंमें ले जानेवाली ! शुकदेवजी परीक्षित्‌के सामने उसे कहते ही क्यों। पर यह तो सर्वथा लोकविलक्षण दिव्य भावमयी वस्तु है। मल, विक्षेप और आवरण—तीन बड़े बाधक दोष हैं, जो आत्मास्वरूपतक, भगवान्‌तक साधकको नहीं जाने देते। इनमें मलका नाश भजनसे या भगवत्प्राप्तिकी इच्छासे ही हो जाता है। विक्षेप-दोष नष्ट हो जाता है भगवान्‌में मन लगानेसे। वहाँ चञ्चल मन अचञ्चल

****

हो जाता है। रह जाता है— आवरण-दोष। यह बड़ा व्यवधान बना रहता है! ज्ञानके साधकोंका यह दोष ज्ञानी पुरुषोंके द्वारा किये हुए महान् अनुग्रहपूर्ण तत्त्वोपदेशसे दूर होता है और प्रेमी भक्तोंके इस दोषको भगवान् स्वयं दूर कर देते हैं। वे अपने हाथों 'आवरण भङ्ग' कर देते हैं, पर्दा फाड़ डालते हैं। यह गोपियोंका चीर-हरण है। जिस प्रेममें भय, लज्जा, संकोच तथा तनिक भी व्यवधान नहीं है, ऐसा स्त्री-पुरुषका—पति-पत्नीका प्रेम हम जगत्में देखते हैं। वहाँ कुछ भी ऐसी वस्तु नहीं रहती, जिसे गोपनीय कहा जा सकता है। यही लौकिक प्रेम जब अलौकिक दिव्य भाव बनकर भगवान्के प्रति हो जाता है तथा पति-पत्नीके लौकिक सम्बन्धसे रहित, असम्बन्ध नित्य 'दिव्य सम्बन्धरूप' हो जाता है, तब वहाँ कुछ भी गोपनीय नहीं रहता। समस्त आवरणोंका विनाश हो जाता है। यौन-भाव तो वहाँ रहता ही नहीं। यही भगवान् तथा भक्तका अनावरण मिलन है। यहाँ मायाका आवरण हट गया। पृथक्ताका पर्दा फट गया। चीरहरण तथा रास-लीलाका अर्थ है—अनावृत (योगमायाके पर्देसे मुक्त), भगवान् और अनावृत (अहंता-ममता-आसक्तिरूप मायाके पर्देसे सर्वथा मुक्त) गोपाङ्गनाओंका महामिलन, जीव और परमात्माका, भक्त और भगवान्का घुल-मिल जाना—एक हो जाना!

यही दिव्य भगवत्प्रेम है। इस प्रेम-राज्यमें जिनका प्रवेश है, उनकी चरण-रज भी परम पावनी है। ज्ञानशिरोमणि उद्धवजी मोक्ष न चाहकर ऐसी प्रेमवती गोपियोंकी चरणधूलि प्राप्त करनेके लिये व्रजमें लता-गुल्म-ओषधि बनना चाहते हैं। औरोंकी तो बात ही क्या—भगवान् स्वयं भी उनके चरण-धूलिकणसे अपनेको पवित्र करनेके लिये उनके पीछे-पीछे सदा घूमा करते हैं—

अनुव्रजाम्यहं नित्यं पूयेयेत्यङ्घ्रिरेणुभिः॥

'उसके पीछे-पीछे मैं सदा इस विचारसे चला करता हूँ कि उसके चरणोंकी धूलि उड़कर मुझपर पड़ जाय और मैं पवित्र हो जाऊँ।'

प्रानधन सुंदर स्याम सुजान!
छटपटात तुम बिना दिवस-निसि मेरे दुखिया प्रान॥
बिदरत हियौ दरस बिनु छन-छन दुसह दुखमय जीवन।

अमिलन के अति घोर दाह तैं दहत देह, इंद्रिय, मन ॥
कलपत-बिलपत ही दिन बीतत, निसा नींद नहिं आवै।
सुपन-दरसहू भयौ असंभव कैसैं मन सचु पावै ॥
अब जनि देर करौ मनमोहन! दया नैक हिय धारौ।
परम सुधामय दरसन दै निज उर की अगिनि निवारौ ॥

——::×::——

प्रेमका स्वरूप

प्रेम और परमात्मामें कोई अन्तर नहीं; जिस प्रकार वाणीसे ब्रह्मका वर्णन असम्भव है, वेद 'नेति-नेति' कहकर चुप हो जाते हैं, उसी प्रकार प्रेमका वर्णन भी वाणीद्वारा नहीं हो सकता। संसारमें भी हम देखते हैं कि प्रिय वस्तुके मिलनेपर, उसका समाचार पानेपर, उसके स्पर्श, आलिङ्गन और प्रेमालापका सुअवसर मिलनेपर हृदयमें जिस आनन्दका अनुभव होता है, उसका वर्णन वाणी कभी नहीं कर सकती। जिस प्रेमका वर्णन वाणीके द्वारा हो सकता है, वह तो प्रेमका सर्वथा बाहरी रूप है। प्रेम तो अनुभवकी वस्तु है।

प्रेमका अनुभव होता है मनमें और मन रहता है सदा अपने प्रेमास्पदके पास। फिर भला, मनके अभावमें वाणीको यत्किञ्चित् भी वर्णन करनेका असली मसाला कहाँसे मिले? अतएव प्रेमका जो कुछ भी वर्णन मिलता है, वह केवल सांकेतिकमात्र है—बाह्य है। प्रेमकी प्राप्ति हुए बिना तो प्रेमको कोई जानता नहीं और प्राप्ति होनेपर वह अपने मनसे हाथ धो बैठता है। जलमें मुखसे शब्दका उच्चारण तभीतक होता है, जबतक मुख जलसे बाहर रहता है, जब मनुष्य अतलतलमें डूब जाता है, तब तो डूबनेवालेकी लाशका पता लगना भी कठिन होता है। इसी प्रकार जो प्रेम-समुद्रमें डूब चुका है, वह कुछ कह ही नहीं सकता, और ऊपर-ऊपर डुबकियाँ मारने और डूबने-उतरानेवाले जो कुछ कहते हैं, वह केवल ऊपर-ऊपरकी ही बात होती है।

जैसे गूँगा गुड़ खाकर प्रसन्न होता है, हँसता है, परंतु गुड़का स्वाद नहीं बतला सकता, उसी प्रकार प्रेमी महात्मा प्रेमका अनुभव करके आनन्द-निमग्न हो जाते हैं, परंतु अपने उस अनुभवका स्वरूप दूसरे किसीको भी बतला नहीं सकते। इस प्रेममें तन्मयता होती है। इसलिये प्रेमी यह नहीं जानता कि मैं क्या हूँ और क्या जानता हूँ। इसीसे श्रीराधाने एक समय कहा है कि 'हे सखि ! मैं कृष्णप्रेमकी बात कुछ भी नहीं जानती, नहीं समझती और जो कुछ जानती हूँ, उसे प्रकट करनेयोग्य भाषा मेरे पास नहीं है। मैं तो इतना ही जानती हूँ कि जब हृदयके अंदर उनका स्पर्श होता है, तभी मेरा सारा ज्ञान चला जाता है।'

यह तो निश्चित है कि वाणीद्वारा प्रेमका स्वरूप नहीं बतलाया जा सकता; परंतु जब कोई प्रेममदसे छके हुए भाग्यवान् महापुरुष तन-मनकी सुधि भुलाकर दिव्य उन्मत्तवत् चेष्टा करने लगते हैं, तब प्रेमका कुछ-कुछ प्रकाश लोगोंको प्रकट दीखने लगता है। उस समय ऐसे महात्माकी केवल वाणीसे और नेत्रोंसे ही नहीं, शरीरके रोम-रोमसे प्रेमकी किरणें अपने-आप ही निकलने लगती हैं। यह प्रेमका प्राकट्य साक्षात् भगवान्‌का ही प्रकाश है। ऐसा प्रकाश किसी विरले ही प्रेमी महापुरुषमें होता है।

वास्तविक प्रेममें गुणोंकी अपेक्षा नहीं है। प्रेमीको अपने प्रेमास्पदमें गुण-दोष देखनेका अवकाश ही कहाँ मिलता है, वहाँ तो स्वाभाविक सहज प्रेम होता है। अथवा यों कह सकते हैं कि प्रेम गुणातीत होता है। वह तीनों गुणोंकी परिधिसे परेकी वस्तु है।

प्रेममें कुछ भी कामना नहीं होती; क्योंकि प्रेममें प्रेमास्पदको सुखी देखनेकी एक इच्छाको छोड़कर अन्य किसी स्वार्थकी वासना ही नहीं रहती। उसका तो परम अर्थ केवल प्रेमास्पद ही है। जहाँ कुछ भी पानेकी वासना है, वहाँ तो प्रेमका पवित्र आसन कुटिल कामके द्वारा कलङ्कित हो रहा है। अतएव प्रेममें कामनाका लेश भी नहीं है।

सच्चा प्रेम कभी घटता तो है ही नहीं, वरं वह सदा बढ़ता ही रहता है। प्रेममें कहीं परिसमाप्ति नहीं है। प्रेमीका सदा यही भाव रहता है कि मुझमें प्रेमकी कमी ही

है। किसी भी अवस्थामें उसे अपना प्रेम बढ़ा हुआ नहीं दीखता, अतएव उसकी प्रत्येक चेष्टा स्वाभाविक ही प्रेम बढ़ानेकी होती है। इस विच्छेदरहित प्रेमकी सतत वृद्धिका क्रम कभी टूटता ही नहीं। यह विशुद्ध प्रेम दिन दूना, रात चौगुना बढ़ता ही रहता है।

परम प्रेमके दिव्य रसमें डूबा हुआ प्रेमानन्दमय प्रेमी सर्वत्र अपने प्रेममय, रसमय प्रियतमको ही देखता है। उसे कहीं दूसरी वस्तु दीखती ही नहीं। उसके कानमें जो कुछ भी ध्वनि आती है वह केवल प्रेममयके प्रेमसंगीतकी स्वरलहरीकी ही होती है; वह सर्वदा उसकी मुरलीकी मीठी तानमें मस्त रहता है। इसी प्रकार उसके मुखसे भी प्रेममयको छोड़कर दूसरा शब्द नहीं निकलता। वह प्रेममयका गुण गाते-गाते कभी थकता ही नहीं, बात-बातमें उसे केवल दिव्य-प्रेमरसामृतका ही अनुपम स्वाद मिलता रहता है और वह अतृप्त रसनासे सदा उसी अमृत-रसपानमें मत्त रहता है। उसके चित्तमें तो दूसरेके लिये स्थान ही नहीं रह गया। वहाँ एकमात्र प्रियतमका ही अखण्ड साम्राज्य और पूर्ण अधिकार है। ऐसा थोड़ा-सा भी स्थान नहीं, जहाँ किसी दूसरेकी कल्पनाकी स्मृति छायारूपसे भी आ सके। चित्त साक्षात् प्रियतमके प्रेमका स्वरूप ही बन जाता है; यही नहीं, समस्त अङ्ग केवल उसीका अनुभव करते हैं। सम्पूर्ण इन्द्रियाँ उसीको विषय करती हैं। आँखें अहर्निश सम्पूर्ण विश्वको श्याममय देखती हैं। कान सदा उसीकी मधुरातिमधुर शब्दब्रह्ममयी वेणुध्वनि सुनते हैं। नासिका नित्य-निरन्तर उसी नटवरके अङ्गसौरभको ही सूँघती है। जिह्वा अविच्छिन्नरूपसे उसी प्रेमसुधाका आस्वादन करती है और शरीर सर्वदा उसी अखिल-सौन्दर्य-माधुर्यरसाम्बुधि रसराज परम सुखस्पर्श आनन्दकन्द श्रीनन्दनन्दनके अनुपम स्पर्श-सुखका अनुभव करता है। आकाशमें वही शब्द है, वायुमें वही स्पर्श है, अग्निमें वही ज्योति है, जलमें वही रस है और पृथ्वीमें वही गन्ध बना हुआ है। सबमें वही भरा है। सबमें वही अपनी अनोखी रूप-माधुरीकी झाँकी दिखा रहा है। सर्वत्र प्रेम-ही-प्रेम, आनन्द-ही-आनन्द है। समस्त विश्व प्रेममय, आनन्दमय, रसमय या श्रीकृष्णमय है। सब कुछ आनन्दसे और सौन्दर्य-माधुर्यसे भरा है। दृश्य-द्रष्टा सभी मधुर हैं; हम-तुम सभी मधुर हैं। उस परमानन्द-रस-सुधामय मधुराधिपतिका सभी

कुछ मधुर है—'**मधुराधिपतेरखिलं मधुरम्।**' '**मधु वाता ऋतायते मधु क्षरन्ति सिन्धवः, माध्वीर्नः सन्त्वोषधीः,**'''**मधुमत् पार्थिवं रजः**' सर्वत्र मधु-ही-मधु है।

× × × ×

भगवान्में अनन्य प्रेम ही वास्तवमें अमृत है, वह सबसे अधिक मधुर है और जिसको यह प्रेमामृत मिल जाता है, वह उसे पानकर अमर हो जाता है। लौकिक वासना ही मृत्यु है। अनन्यप्रेमी भक्तके हृदयमें भगवत्प्रेमकी एक नित्य नवीन, पवित्र वासनाके अतिरिक्त दूसरी कोई वासना रह ही नहीं जाती। इसी परम दुर्लभ वासनाके कारण वह भगवान्की मुनिमनहारिणी ललित लीलाका एक साधन बनकर कर्म-बन्धनयुक्त जन्म-मृत्युके चक्रसे सर्वथा छूट जाता है। वह सदा भगवान्के समीप निवास करता है और भगवान् उसके समीप! प्रेमी भक्त और प्रेमास्पद भगवान्का यह नित्य अटल संयोग ही वास्तविक अमरत्व है। इसीसे भक्तजन मुक्ति न चाहकर भक्ति चाहते हैं—

अस बिचारि हरि भगत सयाने। मुक्ति निरादर भगति लुभाने॥

——::×::——

भगवत्प्रेमसम्बन्धी कुछ बातें

····आपके तीन पत्र मिले। बदलेमें क्या लिखूँ, कुछ समझमें नहीं आया। अतः पत्रका उत्तर न लिखकर जो कुछ मनमें आता है, लिख रहा हूँ। मैं नहीं जानता आपकी आध्यात्मिक स्थिति कैसी है। ठीक अनुमान भी नहीं लगा सकता। मैं जो कुछ लिखता हूँ, वह यदि आपकी स्थितिसे निम्न स्तरके साधकोंके कामकी बात हो तो आप केवल पढ़कर छोड़ दें। आपके लिये उपयोगी हो तो उसपर विचार करें।

यद्यपि मैंने बहुत ऊँची स्थितिका अनुभव नहीं किया है, तथापि भगवत्प्रेमके मार्गकी कुछ बातें सोचना-कहना किसी-न-किसी सूत्रसे मैं जान गया हूँ। उसीके आधारपर मेरा यह लिखना है। जहाँतक मेरा विश्वास है—मैं जो कुछ लिखता हूँ, वह ठीक है। भगवत्प्रेमके मार्गपर चलनेवाले इसपर विचार कर सकते हैं।

भगवत्प्रेमके पथिकोंका एकमात्र लक्ष्य होता है—भगवत्प्रेम। वे भगवत्प्रेमको

****

छोड़कर मोक्ष भी नहीं चाहते—यदि प्रेममें बाधा आती दीखे तो भगवान्‌के साक्षात् मिलनकी भी अवहेलना कर देते हैं, यद्यपि उनका हृदय मिलनके लिये आतुर रहता है। जगत्‌का कोई भी पार्थिव पदार्थ, कोई भी विचार, कोई भी मनुष्य, कोई भी स्थिति, कोई भी सम्बन्ध, कोई भी अनुभव उनके मार्गमें बाधक नहीं हो सकता। वे सबका अनायास—बिना ही किसी संकोच, कठिनता, कष्ट और प्रयासके त्याग कर सकते हैं। संसारके किसी भी पदार्थमें उनका आकर्षण नहीं रहता। कोई भी स्थिति उनकी चित्तभूमिपर आकर नहीं टिक सकती, उनको अपनी ओर नहीं खींच सकती। शरीरका मोह मिट जाता है। उनका सारा अनुराग, सारा ममत्व, सारी आसक्ति, सारी अनुभूति, सारी विचारधारा, सारी क्रियाएँ एक ही केन्द्रमें आकर मिल जाती हैं; वह केन्द्र होता है केवल भगवत्प्रेम—वैसे ही जैसे विभिन्न पथोंसे आनेवाली नाना नदियाँ एक ही समुद्रमें आकर मिलती हैं। शरीरके सम्बन्ध, शरीरका रक्षण-पोषणभाव, शरीरकी आसक्ति, (अपने या पराये) शरीरमें आकर्षण, (अपने या पराये) शरीरकी चिन्ता—सब वैसे ही मिट जाते हैं जैसे सूर्यके उदय होनेपर अन्धकार। ये तो बहुत पहले मिट जाते हैं। विषय-वैराग्य, काम-क्रोधादिका नाश, विषाद-चिन्ताका अभाव, अज्ञानान्धकारका विनाश भगवत्प्रेम-मार्गके अवश्यम्भावी लक्षण हैं! भगवत्प्रेमका मार्ग सर्वथा पवित्र, मोहशून्य, सत्त्वमय, अव्यभिचारी, त्यागमय और विशुद्ध होता है। भगवत्प्रेमकी साधना अत्यन्त बढ़े हुए सत्त्वगुणमें ही होती है। उसमें दीखनेवाले काम, क्रोध, विषाद, चिन्ता, मोह आदि तामसिक वृत्तियोंके परिणाम नहीं होते, वे तो शुद्ध सत्त्वकी ऊँची अनुभूतियाँ होती हैं, जिनका स्वरूप बतलाया नहीं जा सकता। भूलसे लोग अपने तामस विकारोंको उनकी श्रेणीमें ले जाकर 'प्रेम' नामको कलङ्कित करते हैं। वे तो बहुत ही ऊँचे स्तरकी साधनाके फलस्वरूप होती हैं। उनमें—हमारे अंदर पैदा होनेवाली भोग-वासनाकी सूक्ष्म और स्थूल तमोगुणी वृत्तियोंका कहीं लेश भी नहीं होता। बहुत ऊँची स्थितिमें पहुँचे हुए महात्मालोग ही उनका अनुभव कर सकते हैं, वे कथनमें आनेवाली चीजें नहीं हैं— कहना-सुनना तो दूर रहा, हमारी मोहाच्छन्न बुद्धि उनकी कल्पना भी नहीं कर सकती। भगवत्कृपासे ही उनका अनुमान होता है और तभी उनकी कुछ अस्पष्ट-सी झाँकी होती है। इस अस्पष्ट झाँकीमें ही

उनकी इतनी विलक्षणता प्रतीत होती है कि जिससे यह प्रत्यक्ष हो जाता है कि ये चीजें दूसरी ही जातिकी हैं। नाम एक-से हैं—वस्तुगत भेद तो इतना है कि उनसे हमारी लौकिक वृत्तियोंका कोई सम्बन्ध ही नहीं जोड़ा जा सकता, तुलना ही नहीं होती। भगवान्‌की कृपासे—इस प्रेममार्गमें कौन कितना आगे बढ़ा होता है, कौन किस स्तरपर पहुँचा होता है, यह बाहरकी स्थिति देखकर कोई नहीं जान सकता; क्योंकि यह वस्तु बाहर आती ही नहीं। यह तो अनुभवरूप होती है। जो बाहर आती है, वह तो प्रायः नकली होती है। जिसे हम अप्रेमी मानते हैं, सम्भव है वह महान् प्रेमी हो। जिसे हम दोषी समझते हैं, सम्भव है वह प्रेममार्गपर बहुत आगे बढ़ा हुआ महात्मा हो; और जिसे हम प्रेमी समझ बैठते हैं, सम्भव है वह पार्थिव मोहमें ही फँसा हो। भगवत्प्रेमियोंको कोटिशः नमस्कार है। उनकी गति वे ही जानें। सीधी और सरल बातें जो करनेकी हैं, वे तो ये सात हैं—

१—भोगोंमे वैराग्यकी भावना।

२—कुविचार, कुकर्म, कुसङ्गका त्याग।

३—विषय-चिन्तनका स्थान भगवच्चिन्तनको देनेकी चेष्टा।

४—भगवान्‌का नाम-जप।

५—भगवद्‌गुण-गान-श्रवण।

६—सत्सङ्ग-स्वाध्यायका प्रयत्न।

७—भगवत्कृपामें विश्वास बढ़ाना।

× × × ×

सच्चा एकान्त

×××× वस्तुतः बाहरी एकान्तका महत्त्व नहीं; सच्चा एकान्त तो वह है, जिसमें एक प्रभुको छोड़कर चित्तके अंदर और कोई कभी आये ही नहीं—शोक-विषाद, इच्छा-कामना आदिकी तो बात ही क्या, मोक्षसुख भी जिस एकान्तमें आकर बाधा न डाल सके। जबतक चित्तमें नाना प्रकारके विषयोंका चिन्तन होता है, तबतक एकान्त और मौन दोनों ही बाह्य हैं और इनका महत्त्व भी उतना ही है, जितना केवल बाहरी दिखावेके लिये होनेवाले कार्योंका होता है। उन प्रेमी महापुरुषोंको धन्य है जो

एकमात्र श्रीकृष्णके ही रंगमें पूर्णरूपसे रँग गये हैं, जिनका चित्त जगत्के विनाशी सुखोंकी भूलकर भी खोज नहीं करता, जिनकी चित्तवृत्ति संसारके ऊँचे-से-ऊँचे प्रलोभनकी ओर भी कभी दृष्टि नहीं डालती, जिनकी आँखें सर्वत्र प्रियतम श्यामसुन्दरके दिव्य स्वरूपको देखती हैं और जिनकी सारी इन्द्रियाँ सदा केवल उन्हीं-का अनुभव करती हैं। सच्चा एकान्तवास और सच्चा मौन उन्हीं प्रेमी महात्माओंमें है।

× × × ×

प्रेम और विकार

...आप लिखते हैं, 'मैं प्रेम-धनसे शून्य हूँ। बिना प्रेमके जीवन कैसा, वह तो बोझरूप है।' यह आपका लिखना सिद्धान्ततः ठीक ही है। प्रेमशून्य जीवन शून्य ही है। परंतु वास्तवमें यह बात है नहीं। प्रेम सभीके हृदयमें है, भगवान्ने जीवको प्रेम देकर ही जगत्में भेजा है। हमने उस प्रेमको नाना प्रकारसे इन्द्रियचरितार्थतामें लगाकर विकृत कर डाला है, इसीलिये उसके दर्शन नहीं होते—और कहीं होते हैं तो बहुत ही विकृतरूपमें होते हैं। विकृत स्वरूपका नाश होते ही मोहका पर्दा फट जाता है, फिर प्रेमका वास्तविक ज्योतिर्मय स्वरूप प्रकट होता है, जिसके प्राकट्यमात्रसे ही आनन्दाम्बुधि उमड़ पड़ता है। प्रेम और आनन्दका नित्य-योग अनिवार्य है। भगवान्के आनन्दसे ही प्रेमकी सृष्टि हुई है और इस प्रेमसे ही आनन्दका विकास और पोषण होता है। प्रेमकी कोई भी दशा ऐसी नहीं है, जहाँ आनन्दका अभाव हो और आनन्द भी कोई ऐसा नहीं, जिसमें कारणरूपसे प्रेम वर्तमान न हो। परंतु जहाँ प्रेमके नामपर कामकी क्रीड़ा होने लगती है, वहाँ प्रेम अपनेको छिपा लेता है। चिरकालसे मलिना मायाके मोहवश हम कामकी क्रीड़ामें लगे हैं, कामको ही प्रेम समझ बैठे हैं। इसीलिये प्रेम हमसे छिप गया है और इसीलिये प्रेमके अभावमें हम आनन्दरहित केवल **'चिन्तामपरिमेयां च प्रलयान्तामुपाश्रिताः'** और **'कामोपभोगपरमाः'** (गीता १६।११) होकर शोक-विग्रह बन गये हैं। इस कामकी कालिमाको धोनेके लिये आवश्यकता है किसी ऐसे क्षारकी, जो इसकी जड़तकका नाश कर दे; और वह क्षार वैराग्य है।

गोविन्द-पदारविन्द-मकरन्द-मधुकर विषय-चम्पक-चञ्चरीक होता ही है। बार-बार उस परम प्रेमार्णव—अनन्त प्रेमरस-सुधासमुद्र श्याम-सुन्दरका स्मरण करना और उसकी दिव्य पद-नख-ज्योतिके प्रकाशसे समस्त संचित मोहान्धकारका नाश करनेके निश्चयसे प्रत्येक क्षणके प्रत्येक चिन्तनमें अपार अलौकिक आनन्दका अनुभव करना (अनुभव न हो तो भावना करना) कर्तव्य है। उसके इस मधुर चिन्तनके प्रभावसे जगत्के समस्त रस नीरस, कटु और त्याज्य हो जायँगे। तब उस रस-विग्रहकी रश्मियाँ हमारे ऊपर पड़ेंगी और हमारे सुप्त प्रेमको जगाकर हमें उसके दिव्य दर्शन करायेंगी।

——::×::——

प्रेम मुँहकी बात नहीं है

प्रिय महोदय! सप्रेम हरिस्मरण।……किसीके व्याख्यानको सुनकर ही उसे प्रेमी मान लेनेमें बड़ा धोखा हो सकता है। प्रेम वाणीका विषय ही नहीं है। जितना प्रेम यथार्थ और शुद्ध होता है, उतना ही उसमें त्याग अधिक होता है। वस्तुतः त्याग ही प्रेमका आधार है। प्रेममें अपने शुद्ध स्वार्थको, अपने व्यक्तिगत लाभको और अपनेको सर्वथा भूल जाना पड़ता है। प्रेमका प्रादुर्भाव होनेपर ये अपने-आप ही भूल जाते हैं। प्रेममें प्रेमास्पदसे कुछ भी पानेकी आशा-आकाङ्क्षा नहीं रहती। वहाँ तो बस, देना-ही-देना होता है—देह-प्राण-मन ले लो, धन-ऐश्वर्य-समृद्धि ले लो, मान-यश-प्रतिष्ठा ले लो, धर्म-अर्थ-काम-मोक्ष ले लो; जो चाहो सो ले लो और इस देनेमें ही परम सुख, परम संतोष मिलता है प्रेमीको। आत्मविसर्जन ही प्रेमका मूलमन्त्र है। प्रेमास्पदका हित और सुख ही प्रेमीका परम सुख है। इस प्रकारकी स्थिति बातोंसे तो हो नहीं सकती। इसके लिये त्याग चाहिये। आपने व्याख्यान सुन लिया, प्रेमकी महिमा सुन ली, कभी एक-दो बूँद आँसू देख लिये और किसीको प्रेमी मान लिया। यह ठीक नहीं है। प्रेमका पता तो तब लगेगा, जब उसकी प्रत्येक क्रियामें आपको त्यागकी अनुभूति होगी। बहुत-से स्वार्थीलोग प्रेमकी व्याख्या

इसीलिये किया करते हैं कि लोग उनके प्रेमी बनें और वे उनके प्रेमास्पद प्रियतम बनें, अर्थात् लोग अपना सर्वस्व उन्हें अर्पण कर दें। यह प्रेमके नामपर लोगोंको ठगना है। यहाँ नीच काम ही प्रेमकी पोशाक पहनकर आता है। असलमें प्रेमका व्याख्यान नहीं होता, प्रेमका तो आचरण होता है और वह किया नहीं जाता, होता है—बरबस होता है; क्योंकि प्रेमीसे वैसा किये बिना रहा नहीं जाता। प्रेमास्पद उसे भले ही न चाहे, बदलेमें उससे प्रेम न करे, उसके प्रेमका तिरस्कार करे, उसे ठुकरा दे; पर प्रेमीके पास इन सब बातोंकी ओर देखनेके लिये चित्त ही नहीं है। उसका चित्त तो अपने प्रेमास्पदमें सहज ही लगा है।

'मैं किसीका प्रेमास्पद बनूँ—प्रेमीका उपास्य बनूँ, मेरे प्रेमीलोग मुझे अपना प्रेमदान देकर आप्यायित करें'—ऐसी यदि मनमें चाह है तो समझना चाहिये कि हमारा मन नीच स्वार्थके—कलङ्करूप कामके वश हो रहा है और भोले लोगोंको प्रतारित करना चाहता है। ऐसी स्थितिमें सावधान हो जाना चाहिये। प्रेमका कहीं यदि उपदेश होता है तो वह अपने लिये ही होता है कि 'मैं ऐसा प्रेमी बनूँ, मैं ऐसा त्यागपूर्ण आचरण करूँ, जिससे मेरा पवित्र प्रेम खिल उठे।'××××× शेष भगवत्कृपा।

——::×::——

प्रियतम प्रभुका प्रेम

सादर जय श्रीकृष्ण ! आपका कृपापत्र मिला। जब उन 'प्रियतमने आपके मनसे संसारको निकाल दिया' तब फिर उसमें रहा ही क्या। वह सूना स्थान तो फिर उन्हींका है। वे दूसरेके साथ रहना पसंद नहीं करते; इसीसे जो उनको चाहता है, उसको अपने मनसे उनके अतिरिक्त सभीको निकाल देना पड़ता है। आपके कथनानुसार तो उन्होंने ही आपके मनको संसारसे रहित कर दिया है। फिर घबरानेकी कोई बात नहीं है। प्रेम मिलेगा ही। वस्तुतः प्रेम न होता तो संसार निकलता ही कैसे। परंतु प्रेमका स्वभाव ही ऐसा होता है कि उसमें होनेपर भी 'न होनेका' ही अनुभव हुआ करता

है। नित्य संयोगमें वियोगकी अनुभूति प्रेम ही कराता है और वह 'वियोग' समस्त योगोंका सिरमौर होता है। यह बड़े सौभाग्यकी बात है कि आपके मनमें उनका प्रेम पानेके लिये इतनी तड़प है और आप इसके लिये बहुत दुःखी हैं। इस 'तड़प' और इस 'दुःख' से बढ़कर उनके प्रेमकी प्राप्तिका और क्या उपाय हो सकता है ? आप इस वियोगमय योगका आश्रय लिये रहिये। यही तो प्रेमास्पदकी प्रेमोपासना है—नित्य जलते रहना और उस जलनमें ही अनन्त शान्तिका अनुभव करना !

प्रेमास्पद और प्रेमीके बीचमें तीसरेका क्या काम ? मुझसे कोई प्रार्थना न करके आप सीधे उन्हींसे प्रार्थना कीजिये। फिर आपके पत्रके अनुसार तो आपमें-उनमें 'हजारों लड़ाइयाँ हो चुकी हैं !' ऐसी लड़ाइयाँ वस्तुतः प्रार्थनाके स्तरसे बहुत ऊँचेपर हुआ करती हैं। उनपर जो गुस्सा आता है, यह भी तो प्रेमका ही एक अङ्ग है। फिर यह कैसे माना जाता है कि प्रेम नहीं है। 'वे प्रेम देखकर चाहे जितना जुल्म करें' जब यह आपकी अभिलाषा है, तब आप उनके जुल्ममें प्रेमका दर्शन क्यों न करें ? यदि जुल्ममें ही उन्हें मजा आता है, यदि तरसानेमें ही उन प्रियतमको सुख मिलता है तो बड़ी खुशीकी बात है। वे पराये होते तो भला जुल्म करते ही कैसे ? प्रेम न होता तो तरसाते ही कैसे ? वहाँ तो यह प्रश्न ही नहीं होता। मेरी राय माँगी सो मेरी राय तो यही है कि बस, उन्हींपर निर्भर कीजिये, उन्हींसे प्रार्थना कीजिये, उन्हींको कोसिये और उन्हींसे लड़िये। कभी हिम्मत न हारिये—कभी निराश न होइये। वे छिप-छिपकर यों ही 'झाँका' करते हैं, स्वयं पकड़में न आकर पहले यों ही 'फँसाया' करते हैं; वे 'लिया' ही करते हैं 'देते नहीं।' परंतु यह सच मानिये, उनका यह छिप-पिछकर झाँकना आपके हाथोंमें पड़नेके लिये ही होता है; वे फँसनेके लिये फँसाया करते हैं और अपना सर्वस्व देनेके लिये ही 'लिया' भी करते हैं। जय श्रीकृष्ण !

——::×::——

श्रेय-प्रेयस्वरूप श्रीकृष्ण

जो सुख आत्माके लिये सुखकर हो, वही श्रेय है और जो इन्द्रियोंके लिये सुखकर हो, वही प्रेय है। भगवान् आत्माके भी आत्मा, परमात्मा हैं। उनकी प्रीतिके लिये जो सांसारिक भोगोंका ग्रहण होता है, वह वस्तुतः विषयोपभोग नहीं होता, वह तो विषयरूप सामग्रीके द्वारा भगवान्का पूजन होता है और इसीलिये उसका परम फल भी परम श्रेय—कल्याण ही है।

भक्ति-साम्राज्यकी सर्वोच्च सम्राज्ञी श्रीराधिकाजी एवं उनकी अभिन्न प्रतिमा व्रजाङ्गनाएँ इसी भावसे परम प्रियतम भगवान् श्रीकृष्णके लिये जीवनके समस्त कार्य करती थीं। उनका भगवान्के प्रति समर्पण और मधुर भाव इसी बुद्धिसे था। राजा परीक्षित्के यह पूछनेपर कि 'गोपियोंका अपने पति-पुत्रादिसे भी बढ़कर श्रीकृष्णमें प्रेम क्यों हुआ ?' श्रीशुकदेवजीने कहा है—

तस्मात् प्रियतमः स्वात्मा सर्वेषामपि देहिनाम्।
तदर्थमेव सकलं जगदेतच्चराचरम्॥
कृष्णमेनमवेहि त्वमात्मानमखिलात्मनाम्।

(श्रीमद्भा० १०। १४। ५४-५५)

'आत्मा ही सब प्राणियोंके लिये प्रियतम है। यह सारा चराचर जगत् (पति-पुत्र, भूमि-भवन, साम्राज्य-सुख्याति आदि) आत्माके सुखके लिये ही प्रिय हुआ करता है और श्रीकृष्ण ही अखिल आत्माओंके आत्मा हैं। (इसीलिये श्रीकृष्णके प्रति गोपियोंका इतना स्नेह है।)' भगवान् श्रीकृष्णने गोपाङ्गनाओंके विषयमें स्वयं उद्धवजीसे कहा है—

ता मन्मनस्का मत्प्राणा मदर्थे त्यक्तदैहिकाः।

(श्रीमद्भा० १०। ४६। ४)

'गोपियोंने मेरे मन और मेरे प्राणको ही अपने मन-प्राण बना लिया और मेरे लिये ही उन्होंने समस्त देह-सम्बन्धी कार्योंका त्याग कर दिया है।'

इससे सिद्ध है कि यहाँ प्रेय और श्रेयमें कोई भेद नहीं रह गया है—श्रेय ही प्रेय है और प्रेय ही श्रेय है। श्रेयस्वरूप श्रीकृष्ण ही प्रियतम हैं और प्रियतम श्रीकृष्ण ही श्रेयस्वरूप हैं।

——::×::——

प्रेमीका स्वरूप

जो सबसे बढ़कर प्रिय हो, जो प्राणोंका आधार हो, जो जीवनका एकमात्र अवलम्बन हो, जिसकी स्मृति और मिलनकी आशा ही जीवनमें प्रतिपल चेतना प्रदान करती हो, उसे क्षणभरके लिये भी कैसे भुलाया जा सकता है ? कोई कह सकता है कि 'दिन-रातमें दो घंटे भले ही उसे स्मरण कर लिया करो, शेष बाईस घंटे घरके दूसरे आवश्यक कामोंमें खर्च किया करो'; पर ऐसा करना उस प्रेमीके लिये कैसे सम्भव हो सकता है ? उसे कितने ही घंटे कुछ भी काम क्यों न करना पड़े, वह करेगा अपने प्रियतमका स्मरण करते हुए ही। उसे वह क्षणभरके लिये भी अपने हृदयमन्दिरसे अलग नहीं कर सकता। हृदयमें उसकी झाँकी सदा खुली रहेगी, वह उसके दर्शन करता हुआ ही यन्त्रकी भाँति शरीरसे कार्य करता रहेगा। ऐसे अनन्यचेता सतत और नित्य चिन्तनमें लगे रहनेवाले प्रेमीको भगवान् नित्य प्राप्त ही रहते हैं, वे उसकी अन्तर्दृष्टिसे कभी ओझल हो ही नहीं सकते। इसी स्थितिको प्राप्त भक्त सूरदासने कहा था—

हाथ छुड़ाये जात हौ, निबल जानि कै मोहि।
हिरदै ते जब जाहुगे, सबल बदौंगो तोहि॥

भगवान्‌को याद रखनेका उपदेश, घंटे-दो-घंटे याद अधिक नियमित कालके लिये नाम-जपकी आज्ञा, अथवा इतनी संख्या पूरी करनेपर सिद्धि हो जायगी—इस लोकसे संख्यायुक्त जप या संख्याकी गणनासे जप हो जाता है, अन्यथा भूल रह जाना सम्भव है, इसलिये संख्याकी अवधि बाँधकर जप करना चाहिये—यह आदेश तो उन आरम्भिक साधकोंके लिये है, जो भगवान्‌के प्रेमी नहीं हैं। न करनेकी अपेक्षा ऐसा करना बहुत उत्तम है। प्रेम प्राप्त होनेपर यह कहना नहीं पड़ता कि अमुक समयतक अमुक संख्यासे उन्हें याद किया करो। संख्या या समयका हिसाब कौन रखे ? जब क्षणभरके लिये भी प्रियतमकी स्मृति चित्तसे नहीं हटती, तब

हिसाब-किताबकी बात ही कहाँ रह जाती है ? श्रीरामचरितमानसमें भगवान् श्रीरामको सीताका संदेश सुनाते हुए श्रीहनुमान्‌जी कहते हैं कि "प्रभो! सीता प्राण-त्याग करना चाहती हैं, परंतु प्राण निकल नहीं पाते।" सीताजीने कहा है—

नाम पाहरू दिवस निसि ध्यान तुम्हार कपाट।
लोचन निज पद जंत्रित जाहिं प्रान केहिं बाट॥

'प्राण कैद हो गये। आठों पहर आपके ध्यानमें किवाड़ लगे रहते हैं। आपका ध्यान कभी छूटता नहीं, आपकी तमाल-श्याम-माधुरी मूर्ति कभी मनके नेत्रोंसे परे होती ही नहीं। यदि कभी किवाड़ खोले भी जायँ तो बाहर रात-दिन पहरा लगता है। पहरेदार कौन हैं ? राम-नाम । क्षणभरके लिये राम-नाम लेनेसे जिह्वा विराम नहीं लेती। प्राण कैसे निकलें ?' ऐसी स्थितिमें क्या सीताको इस उपदेशकी अपेक्षा थी कि 'तुम अशोकवाटिकामें अकेली रहती हो, समय बहुत मिलता है, इसके सिवा राक्षसियोंका डर रहता है; इसलिये कुछ देर रामको याद कर लिया करो।' यह उपदेश या तो अभक्तोंके लिये है या प्रेमहीन रँगरूटोंके लिये।

प्रेमीजनोंको तो अपने प्रेमास्पदका नाम इतना प्यारा होता है कि स्वयं तो वे उसे कभी भूल ही नहीं सकते, दूसरेको कभी भूले-भटके उच्चारण करते सुन लेते हैं तो उसकी चरण-धूलि लेने दौड़ पड़ते हैं। प्रियतमका नाम लेनेवाला, प्रियतमका गुण गानेवाला, प्रियतमका प्रेमी हृदयसे उनके आदरका पात्र—प्रेमका पात्र न हो तो कौन होगा ? प्रियतमका चिह्न ही हृदयमें हर्ष पैदा कर देता है। गोपियाँ श्याम मेघोंको देखकर श्रीकृष्णका स्मरण करती हुई मेघोंका दीर्घजीवन मनाती हैं—

स्यामघन ! जीवत रहौ सदाय।
तुम्ह देखत घनश्याम हमारे मनमंदिर प्रगटाय॥

भरतजी श्रीरामके पदचिह्न और कुशशय्याके तृणोंको देखकर वहाँकी धूलिको और तृणोंको सिर-माथेपर चढ़ाने लगते हैं,* श्रीराम-सीताके वस्त्रको हृदयसे लगाते हैं,†

---

* कुस साँथरी निहारि सुहाई। कीन्हि प्रनामु प्रदच्छिन जाई।
चरन रेख रज आँखिन लाई। बनइ न कहत प्रीति अधिकाई॥

† पट उर लाइ सोच अति कीन्हा।

महामुनि वसिष्ठ * और भरतजी † गुहको अपने रामका प्रिय सखा समझकर उसपर रामके सदृश स्नेह और प्रेम दिखलाते हैं। सीता-संदेश सुनानेवाले हनुमान्‌के प्रति श्रीराम और श्रीरामका आगमन-संवाद सुनानेवाले हनुमान्‌के प्रति श्रीभरत ऐसी कृतज्ञता प्रकट करते हैं कि जिसका वर्णन नहीं हो सकता। दोनों ही अपनेको हनुमान्‌का चिरऋणी घोषित करते हैं—

श्रीरामके वचन—

सुनु कपि तोहि समान उपकारी। नहिं कोउ सुर नर मुनि तनुधारी॥
प्रति उपकार करौं का तोरा। सनमुख होइ न सकत मन मोरा॥
सुनु सुत तोहि उरिन मैं नाहीं। देखेउँ करि बिचार मन माहीं॥

श्रीभरतके वचन—

एहि संदेस सरिस जग माहीं। करि बिचार देखेउँ कछु नाहीं॥
नाहिन तात उरिन मैं तोही। अब प्रभु चरित सुनावहु मोही॥

भगवान् श्रीकृष्णका संदेश लेकर जब उद्धवजी व्रजमें पधारे, तब श्रीकृष्णके-से वेशमें देखकर गोपियोंने उन्हें घेर लिया और यह जानकर कि ये भगवान् श्रीकृष्णका संदेश लेकर आये हैं, गोपियोंके हर्षका पार न रहा—

तं प्रश्रयेणावनताः सुसत्कृतं
सव्रीडहासेक्षणसूनृतादिभिः ।
रहस्यपृच्छन्नुपविष्टमासने
विज्ञाय संदेशहरं रमापतेः ॥

(श्रीमद्भा० १०।४७।३)

—और उन्होंने विनयावनत होकर प्रेमभरी लज्जापूर्ण दृष्टिसे और मधुर वचनोंसे उनका सत्कार किया।

---

* राम सखा रिषि बरबस भेंटा। जनु महि लुठत सनेह समेटा॥
एहि सम निपट नीच कोउ नाहीं। बड़ बसिष्ठ सम को जग माहीं॥

† भेंटत भरतु ताहि अति प्रीती। लोग सिहाहिं प्रेम कै रीती॥

जबतक भगवान् हमारे परम प्रेमास्पद नहीं हैं, तभीतक उनके स्मरण-चिन्तनका अभ्यास करना है। जिस शुभ क्षणमें हम अपने-आपको उनके चरणोंपर न्योछावर कर देंगे, मन उनके मनमें मिला देंगे, तबसे तो हर घड़ी हमें उन्हींकी प्राणाधिक प्रिय छबि दिखलायी देगी; फिर गोपियोंकी भाँति कविवर 'देव' की भाषामें हम भी यह कह सकेंगे—

जौ न जीमें प्रेम तौ कीजै व्रत नेम; जब
कंजमुख भूलै, तब संजम बिसेखियै।
आस नहीं पी की, तब आसन ही बाँधियत;
सासन कै, साँसन कौ मूदि, पति पेखियै॥
नख तैं सिखा लौं सब स्याममयी बाम भई,
बाहर औ भीतर न दूजौ देव लेखियै।
जोग करि मिलैं, जो बियोग होइ ब्रजपति कौ;
जो न हरि होयँ, तौ ध्यान धरि देखियै॥

योग कहते हैं अप्राप्तकी प्राप्तिको और प्राप्तके अभावको कहते हैं वियोग। यहाँ प्राणप्यारे नन्दनन्दनका नित्य संयोग है, फिर योग किसलिये साधें? वियोग ही नहीं, तब योग कैसा?

× × × ×

प्रियतम अनेक नहीं हो सकते। वह एक ही होता है। जगत्के समस्त प्रिय और प्रियतर पदार्थ परम प्रियतमके चरणोंपर सहज ही न्योछावर कर दिये जाते हैं। कोई भी वस्तु ऐसी नहीं होती, जो प्रियतमकी प्रतिद्वन्द्विता कर सके। जबतक हृदयमें प्रियतमभावका कोई प्रतिद्वन्द्वी पदार्थ या भाव रहता है, तबतक वास्तविक प्रियतमभावकी स्थापना ही नहीं हुई। प्रियतमभावके प्राप्त हो जानेपर उसके सामने सभी पदार्थ तुच्छ और नगण्य प्रतीत होने लगते हैं। देवर्षि नारदने इस प्रियतम-भावके उपासकोंमें भाग्यवती श्रीकृष्ण-प्रिया व्रजगोपियोंका उदाहरण दिया है—**'यथा व्रजगोपिकानाम् !'**

कविवर रत्नाकरजीने गोपियोंके अति सुन्दर भावका वर्णन किया है—

सरग न चाहैं, अपबरग न चाहैं, सुनौ,
भुक्ति-मुक्ति दोऊ सौं बिरक्ति उर आनैं हम।
कहै रतनाकर तिहारे जोग-रोग माहिं
तन-मन साँसनि की साँसति प्रमानैं हम॥
एक ब्रजचंद कृपा मंद मुसकानि ही मैं
लोक-परलोक कौ अनंद जिय जानैं हम।
जाके या बियोग, दुखहू मैं सुख ऐसौ कछू,
जाहि पाइ ब्रह्म-सुखहू मैं दुख मानैं हम॥

फिर उसके लिये प्राणाधार परम प्रियतम साँवरेके बिना जगत्में और कोई रह ही नहीं जाता।

रहीमने कहा है—

प्रीतम छबि नैनन बसी, परछबि कहाँ समाय।
भरी सराय रहीम लखि पथिक आपु फिरि जाय॥

यह बड़ी ऊँची उपासना है। यहाँ केवल इस दृश्य जगत्से ही वैराग्य नहीं है, प्रियतमके सिवा किसी भी पदार्थमें राग रह ही नहीं जाता।

× × × ×

प्रेमीके लिये प्यारेकी प्रत्येक वस्तु प्यारी होती है, कहीं-कहीं तो उससे बढ़कर प्यारी होती है। लौकिक सम्बन्धमें भी हम देखते हैं कि जब किन्हीं लड़के-लड़कीका सम्बन्ध हो जाता है, तब घरमें किसीसे एक-दूसरेका नाम सुनकर या उनके विषयमें कोई बात सुनकर वे अपने हृदयमें एक प्रकारकी गुदगुदी-सी अनुभव करने लगते हैं। प्यारेका वस्त्र, प्यारेका भोजन—यहाँतक कि प्यारेकी फटी जूती भी प्यारी होती है। जब लौकिक प्रेमकी ऐसी बात है, तब भगवत्प्रेमके विषयमें तो कहना ही क्या है। शृङ्गवेरपुरमें भरतजी भगवान् श्रीरामचन्द्रके शयनके स्थानमें उनके अङ्गसे स्पर्शित 'कुश-साथरी' को देखकर प्रेमानन्दमें मग्न हो गये थे। अक्रूरजी भगवान्के चरणचिह्नोंको देखकर तन-मनकी सुधि भूल गये थे। आज भी जब हम व्रजभूमिको देखते हैं, तब स्वतः ही हमें भगवान् श्रीकृष्णकी स्मृति हो आती है और उसमें एक

अनोखा आनन्द मिलता है। प्रेम और आनन्दका अविनाभाव-सम्बन्ध है; जहाँ प्रेम है, वहाँ आनन्द है ही। इसीसे गोपियोंके प्रेमका महत्त्व है। भगवान् श्रीकृष्ण और श्रीमती राधारानी इसी प्रेम और आनन्दके मूर्तिमान् रूप हैं। भगवान्का जो आनन्दस्वरूप है, वही श्रीमती राधा हैं। राधारानीके प्रेमास्पद भगवान् हैं और भगवान्की प्रेमास्पदा श्रीराधा हैं। प्रेमका स्वभाव है **'तत्सुखसुखित्वम्'**—प्रेमास्पदके सुखमें सुखी होना; यही काम और प्रेमका अन्तर है। काममें अपने सुखकी इच्छा है और प्रेममें प्रियतमके सुखकी ! राधाजी श्रीकृष्णको सुख पहुँचानेके लिये ही प्रकट हुई हैं और अपनी सेवासे श्रीकृष्णको आनन्द होता देखकर परम सुखी होती हैं। इधर राधाजीको सुखी देखकर श्रीकृष्णके सुखकी वृद्धि होती है और श्रीकृष्णके सुखकी वृद्धिसे राधाजीका सुख और भी बढ़ जाता है। इस प्रकार एक-दूसरेके आनन्दसे दोनोंका आनन्द उत्तरोत्तर बढ़ता रहता है। यह उत्तरोत्तर बढ़नेवाला आनन्द ही भगवान्का नित्यरास है। प्रेममें यही तो विलक्षणता है। इसमें कहीं 'अलम्' नहीं होता। प्रेमका स्वरूप ही है **'प्रतिक्षणवर्धमानम्'**। प्रेमास्पदका सुख ही प्रेमीका सुख है, चाहे उसका वह सुख प्रेमीके लिये लोक-दृष्टिसे कितना ही कष्टकर क्यों न हो।

हम जो संसारके दुःखोंसे घबरा उठते हैं, इसका कारण क्या है ? यही कि हम उनमें प्रेमास्पद भगवान्की रुचिको, उनके विधानको नहीं देखते, कठोर आघातमें उनके सुकोमल करकमलका स्पर्श नहीं पाते। परंतु भगवान्का प्रेमी भक्त किसी कष्टसे नहीं घबराता, क्योंकि वह प्रत्येक वस्तुमें भगवान्का स्पर्श पाता है। वास्तवमें भगवान्का प्रेमी भक्त सब कष्टोंसे परे पहुँचा हुआ होता है, उसका जीवन भगवत्सेवामय होता है। वह सेवाको छोड़कर मुक्ति भी नहीं चाहता। मुक्ति तो वह चाहता है, जो किसी बन्धनका अनुभव करता हो। भगवत्प्रेमका बन्धन तो सारे बन्धनोंके छूट जानेपर होता है और इस प्रेमबन्धनसे भक्त कभी मुक्त होना चाहता नहीं। जो इस प्रेमबन्धनसे मुक्ति चाहता है, वह भक्त कैसा ? इसीसे कहा गया है—

दीयमानं न गृह्णन्ति विना मत्सेवनं जनाः ॥

(श्रीमद्भा० ३। २९। १३)

अर्थात् भक्तजन देनेपर भी मेरी सेवाको छोड़कर मुक्ति आदिको स्वीकार नहीं करते।

× × × ×

एक वैष्णव-ग्रन्थमें श्रीमती राधाजी कहती हैं कि 'ऐसा मन होता है, मेरे लाखों आँखें हों तो श्यामसुन्दरके दर्शनका कुछ आनन्द आये। लाखों कान हों तो श्यामनामके श्रवणका सुख मिले।' यह कोई कल्पना नहीं है। प्रेम वस्तु ही ऐसी है। जिस दिन हमारा भगवान्में प्रेम हो जायेगा, उस दिन उनका नाम हमें इतना प्यारा होगा कि वह हमारे जीवनकी सबसे बढ़कर आवश्यक वस्तु बन जायगा। जबतक हमारा भगवान्में प्रेम नहीं होता, तभीतक हमें माला आदिकी आवश्यकता है। प्रेम होनेपर तो प्रियतमके नामोच्चारणमात्रसे हमारी नस-नस नाच उठेगी। हम अपने प्रियतमके प्रेममें इतने उन्मत्त हो जायँगे कि हमारे रोम-रोमसे भगवन्नामकी ध्वनि होने लगेगी।

× × × ×

अनन्य प्रेमीजन जब एकत्रित होकर अपने प्राणस्वरूप प्रियतमकी चर्चा करते हैं, उस समय उनका प्रेमसागर उमड़ पड़ता है। तब वे चेष्टा करनेपर भी नहीं बोल सकते, उनका कण्ठ रुक जाता है, शरीर पुलकित हो जाता है, रोम-रोमसे प्रेमकी किरणधाराएँ निकलकर उस स्थानमें निर्मल प्रेमज्योति फैला देती हैं। वहाँका वातावरण अत्यन्त विशुद्ध और प्रेममय हो जाता है। उस समय वे प्रेमी भक्त प्रेमविह्वल होकर आँखोंसे प्रेमके आँसुओंकी धारा बहाते हुए परमानन्दमें मग्न हो जाते हैं। यह स्थिति बहुत ही दुर्लभ और परम पवित्र होती है; जिन भाग्यवानोंको यह अवस्था प्राप्त हो जाती है, उन सबके कुल तो पवित्र होते ही हैं, उनके अस्तित्वसे पृथ्वी भी पवित्र हो जाती है। उस समय उन पवित्र प्रेमस्वरूप भक्तोंके तनसे स्पर्श की हुई तनिक-सी वायु जिसके शरीरको स्पर्श कर लेती है, वह भी पवित्र हो जाता है।

——::×::——

प्रेमीके काम-क्रोधादिके पात्र—प्रियतम भगवान्

××××प्रियतम भगवान् जैसे अपने प्रेमी भक्तके प्रेमके पात्र हैं, वैसे ही उसके काम-क्रोधादिके पात्र भी वे ही हैं। दूसरा तो कोई उसके मन है ही नहीं, तब इनका पात्र और कौन हो ? इसका अर्थ यह नहीं कि भगवान्के प्रेमी भक्तोंमें भी विषयी पुरुषों-जैसे ही काम, क्रोध, अभिमान रहते हैं। प्रेमी भक्त महात्माओंमें यह दूषित काम कहाँ। उनमें विषयासक्ति, हिंसा, द्वेष और क्रोध कहाँ। उन अमानियोंमें मानकी गन्ध भी कहाँ। इनका तो उनमें बीज ही नहीं है ! अपने सुखकी जब कोई वासना ही नहीं, तब ये दोष कहाँसे आयें ? उन भक्तोंके जीवनका उद्देश्य तो बस, एक प्रियतमको सुखी करना ही है—'**कृष्णसुखैकतात्पर्य गोपीभाववर्य।**' उनके चित्तमें जगत्का संस्कार ही नहीं है; वे तो लज्जा, घृणा, कुल, शील, मान, देह, गेह, भोग, मोक्ष सबकी सुधि भुलाकर केवल अपने प्रियतम भगवान्पर ही न्योछावर हो चुके हैं। अतएव जैसे ये भक्त स्वयं दिव्य भाववाले होते हैं, वैसे ही इनके काम, क्रोध, अभिमान भी दिव्य होते हैं। इसीलिये परम विरागी जीवन्मुक्त मुनियोंने इस प्रकारके भगवत्-रंग-रँगीले प्रेमियोंकी ऐसी लीलाएँ गाने और सुननेमें अपनेको कृतार्थ माना है। जिनका चित्त सब ओरसे हट गया है, एकमात्र भगवान् ही जिनकी कामनाकी वस्तु रह गये हैं, वे भक्त अपने उन भगवान्के दर्शनकी कामनाके वेगसे पीड़ित होकर रो-रोकर पुकारते हैं—

हे देव हे दयित हे भुवनैकबन्धो
हे कृष्ण हे चपल हे करुणैकसिन्धो।
हे नाथ हे रमण हे नयनाभिराम
हा हा कदा नु भवितासि पदं दृशोर्मे॥

(श्रीकृष्णकर्णामृत)

****

'हे देव ! हे प्रियतम! हे विश्वके एकमात्र बन्धु ! हे हमारे मनोंको अपनी ओर बरबस खींचनेवाले ! हे चपल ! हे करुणाके एकमात्र सिन्धु ! हे नाथ ! हे रमण ! हे नयनाभिराम! हा ! हा ! तुम कब हमारे दृष्टिगोचर होगे ?'

श्रीकृष्णगतप्राणा श्रीरुक्मिणीजी कहती हैं—

श्रुत्वा गुणान् भुवनसुन्दर शृण्वतां ते
निर्विश्य कर्णविवरैर्हरतोऽङ्गतापम्।
रूपं दृशां दृशिमतामखिलार्थलाभं
त्वय्यच्युताविशति चित्तमपत्रपं मे ॥
का त्वा मुकुन्द महती कुलशीलरूप-
विद्यावयोद्रविणधामभिरात्मतुल्यम् ।
धीरा पतिं कुलवती न वृणीत कन्या
काले नृसिंह नरलोकमनोऽभिरामम् ॥

× × × ×

यस्याङ्घ्रिपङ्कजरजःस्नपनं महान्तो
वाञ्छन्त्युमापतिरिवात्मतमोऽपहत्यै ।
यर्ह्यम्बुजाक्ष न लभेय भवत्प्रसादं
जह्यामसून् व्रतकृशाञ्छतजन्मभिः स्यात् ॥

(श्रीमद्भा० १० । ५२ । ३७-३८,४३)

'हे अच्युत ! हे त्रिभुवनसुन्दर ! जो कानोंके द्वारा हृदयमें प्रवेश करके सुननेवालोंके अङ्गतापको हरण कर लेते हैं, वे आपके दिव्य गुण और जो नेत्रधारियोंकी दृष्टिका सबसे परम लाभ है, वह आपका दिव्य रूप—इनकी प्रशंसा सुनकर मेरा चित्त सारी लोकलाजको छोड़कर आपपर अत्यन्त आसक्त हो गया है। हे मुकुन्द ! कुल, शील, रूप, विद्या, वय, द्रव्य और प्रभावमें आपके समान बस, आप ही हैं। हे पुरुषोत्तम ! आप नरलोकके मनको मोहनेवाले हैं। हे पुरुषसिंह ! विवाहकाल (आपसे मिलनका अवसर) उपस्थित होनेपर ऐसी (कौन प्रेमी भक्तरूपी) कुलवती, गुणवती और बुद्धिमती कन्या है, जो आपके साथ गँठजोड़ा

करनेकी इच्छा न करेगी ? हे कमललोचन ! उमापति शंकरके समान महान् देव अपने हृदयका तम दूर करनेके लिये आपकी जिस चरणधूलिमें स्नान करनेकी प्रार्थना करते रहते हैं, यदि वह चरणधूलि मुझे प्रसादरूपमें नहीं मिली तो यह निश्चय समझिये कि मैं व्रतादिके द्वारा शरीरको सुखाकर इन व्याकुल प्राणोंको त्याग दूँगी और ऐसा करते-करते कभी सौ जन्मोंमें तो आपका प्रसाद मुझको प्राप्त होगा ही।'

भगवान् श्रीकृष्णकी पटरानियाँ द्रौपदीसे कहती हैं—

न वयं साध्वि साम्राज्यं स्वाराज्यं भौज्यमप्युत।
वैराज्यं पारमेष्ठ्यं च आनन्त्यं वा हरेः पदम्॥
कामयामह एतस्य श्रीमत्पादरजः श्रियः।
कुचकुङ्कुमगन्धाढ्यं मूर्ध्ना वोढुं गदाभृतः॥

(श्रीमद्भा॰ १०।८३।४१-४२)

'हे साध्वि ! हमें पृथ्वीके साम्राज्य, इन्द्रके राज्य अथवा इन दोनोंके भोग, अणिमा आदि ऐश्वर्य, ब्रह्माके पद, मोक्ष या वैकुण्ठकी भी इच्छा नहीं है। हम तो केवल यही चाहती हैं कि प्रियतम श्रीकृष्णकी कमल-कुचकुङ्कुमकी सुगन्धसे युक्त चरणधूलिको ही सदा अपने मस्तकोंपर लगाती रहें।' मुक्ति तो ऐसे भक्तोंके चरणोंपर लोटा करती है—

यदि भवति मुकुन्दे भक्तिरानन्दसान्द्रा
विलुठति चरणाग्रे मोक्षसाम्राज्यलक्ष्मीः॥

'जिसकी श्रीमुकुन्दके चरणोंमें परमानन्दरूपा भक्ति होती है, मोक्षसाम्राज्यश्री उसके चरणोंमें लोटती है।'

आदर्श प्रेममयी भक्तशिरोमणि गोपियाँ प्रियतम भगवान्के आँखोंसे ओझल हो जानेपर विलाप करती हुई कहती हैं—

विरचिताभयं वृष्णिधुर्य ते चरणमीयुषां संसृतेर्भयात्।
करसरोरुहं कान्त कामदं शिरसि धेहि नः श्रीकरग्रहम्॥
व्रजजनार्तिहन् वीर योषितां निजजनस्मयध्वंसनस्मित।
भज सखे भवत्किङ्करीः स्म नो जलरुहाननं चारु दर्शय॥

****

प्रणतकामदं पद्मजार्चितं धरणिमण्डनं ध्येयमापदि ।
चरणपङ्कजं शन्तमं च ते रमण नः स्तनेष्वर्पयाधिहन् ॥

(श्रीमद्भा० १० । ३१ । ५-६,१३)

'हे यदुकुलशिरोमणि ! जो लोग संसारके भयसे तुम्हारे चरणोंकी शरण लेते हैं, तुम्हारे करसरोज उन्हें अभय देकर उनकी अभिलाषाओंको पूर्ण करते हैं। हे प्रियतम ! अपने उन्हीं करकमलोंको, जिनसे आपने लक्ष्मीका हाथ पकड़ा है, हमारे सिरपर रखिये। हे व्रजवासियोंके दुःखको हरनेवाले वीर ! आपकी मन्द मधुर मुसकान भक्तोंके गर्वका खण्डन करनेवाली है। हे सखे ! हम आपकी किंकरी हैं, कृपा करके हमें स्वीकार कीजिये और अपना सुन्दर मुखकमल हमें दिखाइये। हे रमण ! हे आर्तिनाशन् ! तुम्हारे चरणारविन्द प्रणत जनोंकी कामना पूरी करनेवाले हैं, लक्ष्मीजीके द्वारा सदा सेवित हैं, पृथ्वीके आभूषण हैं, विपत्तिकालमें ध्यान करनेसे कल्याण करनेवाले हैं; हे प्रियतम ! उन परम कल्याणमय सुशीतल चरणोंको हमारे तप्त हृदयपर स्थापित कीजिये।'

इस प्रकार प्रेमी भक्त श्रीकृष्णके कामसे पीड़ित हुए सदा उन्हींके लिये रोया करते हैं और उन्हें पुकारा करते हैं; और आँखमिचौनीकी-सी लीला करनेवाले लीलाविहारी भगवान् जब उनकी प्रेम-पुकार सुनकर त्रिभुवन-कमनीय, योगिजनदुर्लभ, देव-देवप्रत्याशित, ऋषि-मुनि-महापुरुष-चित्ताकर्षक, निखिल-सौन्दर्य-माधुर्यरसामृत-सारभूत, आनन्दकन्द मदनमोहन मन्मथमन्मथरूपमें मन्द-मन्द मुसकाते हुए और मुरलीमें अपना दिव्य मोहन सुर भरते हुए सहसा प्रकट होकर अपनी प्रेमानन्द-रस-माधुरी चारों ओर बिखेर देते हैं, जब अपने सौन्दर्य-माधुर्य-सुधा-सुशीतल वदनविधुकी शुभ्रज्योत्स्ना चारों ओर छिटका देते हैं, तब वहाँ उन भाग्यवान् दिव्यचक्षु दिव्य-भावापन्न भक्त महात्माओंके चित्तोंकी क्या अवस्था होती है—इसका वर्णन करनेकी शक्ति किसीमें भी नहीं है। यह अनिर्वचनीय रहस्य है।

उस समय भक्तका अपना सब कुछ उनके चरणोंमें स्वयमेव न्योछावर हो जाता है और वह आनन्दोल्लासमें मत्त होकर सारे जगत्की परवा छोड़कर पुकार उठता है—

घर तजौं, बन तजौं, नागर नगर तजौं,
बंसीबट तट तजौं, काहू पै न लजिहौं।
देह तजौं, गेह तजौं, नेह कहौ कैसैं तजौं,
आज राजकाज सब ऐसे साज सजिहौं॥
बावरौ भयौ है लोक, बावरी कहत मोकौं,
बावरी कहे ते मैं काहू ना बरजिहौं॥
कहैया-सुनैया तजौं, बाप और मैया तजौं,
दैया तजौं भैया, पै कन्हैया नाहिं तजिहौं॥

'जीना और मरना तुम्हारे ही लिये होगा और तुम्हारे ही चरणोंमें होगा। मेरे हृदयकी यही एकमात्र कामना है। जब सब कुछ न्योछावर हो गया, तब फिर मरनेके बाद शरीरके ये पाँचों भूत अलग-अलग बिखरकर भी तुम्हारी ही सेवा करेंगे।'

कहीं ये पञ्चभूत जब मुझे छोड़कर अलग हों, तब प्रियतमकी सेवासे हट न जायँ, इसीलिये विह्वलचित्तसे भक्त विधातासे प्रार्थना करता है—

पञ्चत्वं तनुरेतु भूतनिवहाः स्वांशे विशन्तु स्फुटं
धातारं प्रणिपत्य हन्त शिरसा तत्रापि याचे वरम्।
तद्वापीषु पयस्तदीयमुकुरे ज्योतिस्तदीयाङ्गन-
व्योम्नि व्योम तदीयवर्त्मनि धरा तत्तालवृन्तेऽनिलः॥

इसीका अनुवाद करते हुए एक कविने कहा है—

मरिबे डरों न बिधिहिं बस, पंचभूत करि बास।
पी बापी, मारग, मुकुर बीजन, अँगन अकास॥

'पाँचों तत्त्व तो अलग-अलग होंगे ही; हे प्रभो! आप इतना कर दीजिये कि जलका भाग उस सरोवर या बावड़ीमें जाकर मिल जाय, जिसके जलको मेरे प्रियतम नहाने और पीनेके काममें लेते हों; अग्नितत्त्व उस दर्पणमें जा मिले, जिसमें प्रियतम अपना मुख देखते हों; पृथ्वीतत्त्व उस मार्गमें मिल जाय, जिस मार्गसे प्रियतम आते-जाते हों; वायुतत्त्व उस भाग्यवान् पंखेमें जा मिले, जिससे प्रियतम हवा लेते हों और आकाशतत्त्व उस आँगनके आकाशमें जाकर मिल जाय, जिसमें प्रियतम बैठते हों।'

****

और जीव ! वह तो प्रभुके चरणोंसे कभी अलग हो ही नहीं सकता। उसको तो वे अपने हृदयमें ही छिपा रखेंगे ! यह है भक्तोंके 'काम' का एक छोटा-सा दृश्य! अब उनका क्रोध देखिये !

एक दिन श्रीकृष्णकी किसी खिझानेवाली चालसे श्रीराधाजी खीझ गयीं। सखी समझाने लगी तो क्रोधमें भरकर कहने लगीं—तू उनका नाम भी मेरे सामने मत ले; उनकी तो बात ही क्या है, मैं काले रंगकी वस्तुमात्रका त्याग कर दूँगी। जीवनभर उनके विरहतापसे जलती रहूँगी, परंतु उनसे मिलूँगी नहीं।

मिलौं न तिन सौं भूल, अब जौलौं जीवन जियौं।
सहौं बिरह कौ सूल, वरु ताकी ज्वाला जरौं॥

मैं अब अपने मन यह ठानी। उनके पंथ पिऊँ नहिं पानी।
कबहूँ नैन न अंजन लाऊँ। मृगमद भूलि न अंग चढ़ाऊँ॥
सुनौं न स्त्रवननि अलि पिक बानी। नील जलज परसौं नहिं पानी॥

तनिक ध्यान देकर देखिये, इस खीझमें कितनी रीझ भरी है।

एक दिन लीलामयने भक्त सखाओंके प्रणयकोपका आनन्द लूटनेके लिये खेलमें गड़बड़ मचाकर सखाओंको खिझा दिया। सखाओंने मिलकर निश्चय किया कि 'इस नटखटको खेलसे अलग कर दो।' श्यामसुन्दरका वियोग तो क्षणभरके लिये भी सहनेको उनमेंसे एक भी तैयार नहीं था; क्योंकि उसे अलग करते ही प्राण अलग हो जाते हैं। परंतु ऊपरसे बात गाँठकर उन्होंने कहा—'कन्हैया! तुम स्वयं ही गड़बड़ मचाते हो और फिर तनकर रूठ जाते हो; हटो यहाँसे, हम तुम्हें अपने साथ नहीं खेलने देंगे।' बस, जहाँ फटकार मिली कि प्राणधन श्यामसुन्दर ढीले पड़ गये। लगे पैरों पड़ने और शपथ खा-खाकर क्षमा माँगने। सूरदासजीने गाया है—

खेलन मैं को काकौ गुसैयाँ।
हरि हारे जीते श्रीदामा, बरबस ही कत करत रूसैयाँ॥
जाति-पाँति हमते बड़ नाहीं, ना हम बसत तुम्हारी छैयाँ।
अति अधिकार जनावत ताते, जाते अधिक तुम्हारे गैयाँ॥

रूठ करै ता सँग को खेलै, हा हा खात परत तब पैयाँ।
'सूरदास' प्रभु खेल्यौई चाहैं, दाँव दियौ करि नंद दुहैयाँ॥

यह है उनका क्रोध !

अब रही मानकी बात, सो दूषणरहित मान तो इस प्रेमाभक्तिका एक भूषण ही है। एक समय श्रीराधारानी रूठ गयीं, मान कर बैठीं और सखियोंसे बोलीं—

सखि नँदलाल न आवन पावैं।
भीतर चरन धरन जिन दीजौ, चाहे जिते ललचावैं॥
ऐसन कौ बिस्वास कहा री, कपट बैन बतरावैं।
'नारायन' इक मेरे भवना तजि अनत चहै जहँ जावैं॥

भगवान् मनाते-मनाते थक गये और शेषमें बोले—

इतौ स्रम नाहिंन तबहिं भयौ।
सुनि राधिके ! जितौ स्रम मोकौं तैं इहिं मान दयौ॥
धरनी धरि बिधि बेद उधारयौ, मधु-सौ सत्रु हयौ।
द्विज नृप कियौ, दुसह दुख मेट्यौ, बलि कौ राज लयौ॥
तोरयौ धनुष, स्वयंबर कीन्हौ, रावन अजित जयौ।
अघ बक बच्छ अरिष्ट केसि मथि, दावानल अँचयौ॥
गुरुसुत मृतक ज्यायबे कारन सागर सोध लयौ।
तिय बपु धरयौ, असुर सुर मोहे, को जग जो न द्रयौ॥
जानौं नहीं कहा या रस मैं, सहजहिं होत नयौ।
'सूर' सो बल अब तोहि मनावत मोहि सब बिसरि गयौ॥

'धन्य तेरा मान ! बड़े-बड़े काम किये; कहीं हार नहीं मानी, कहीं थकावट नहीं प्रतीत हुई। आज तुझे मनानेमें मेरा सारा बल बिला गया।' यह भक्तोंकी और भगवान्की प्रणय-लीला है—इस लीलामें राग, काम, क्रोध, मान—सभी हैं; परंतु सभी दूसरे रूपमें हैं। सभी पवित्र प्रेमके नामान्तरमात्र हैं, यहाँका यह सर्वधर्मत्याग ही परम धर्म है। यहाँकी अविधि ही सर्वोपरि प्रेमकी विधि है।

——::×::——

भगवत्प्रेमकी प्राप्तिके साधन

सचमुच मनुष्य, जो अपने जीवनको भगवान्‌से विमुख बिता देता है, बड़ी भारी भूल करता है। जीवन बीत जानेपर बड़ा पश्चात्ताप होता है—हाय ! जीव-जीवनमें मिला हुआ सुअवसर बड़ी बुरी तरह खो दिया। मनुष्य-जीवनका एकमात्र प्रयोजन होना चाहिये भगवान्‌की या भगवत्प्रेमकी उपलब्धि। गङ्गाकी धारा जैसे निरन्तर अनवरतरूपसे समुद्रकी ओर जाती है—सारी विघ्न-बाधाओंको हटाती हुई, एक लक्ष्यसे, वैसे ही हमारी चित्तवृत्तियाँ, हमारी चेष्टाएँ, हमारी चिन्तनाएँ, हमारी क्रियाएँ, हमारे अनुभव—सब जाने चाहिये केवल भगवान्‌की ओर !

यह सत्य है, भगवत्प्रेमकी प्राप्तिके लिये अन्य सारे प्रेमोंका त्याग कर देना पड़ेगा। सब कुछ उस प्रेमकी आगमें जला डालनेके लिये हँसते-हँसते तैयार हो जाना पड़ेगा और मौका पाते ही बिना चूके इन सब कुछको वैसे ही जला डालना होगा, जैसे बिना विलम्ब तत्परतासे हम मुर्देको फूँक देते हैं। मुर्देको फूँककर तो आत्मीयताके सम्बन्धसे हम रोते हैं; परंतु भगवत्प्रेमकी आगमें जब विषयोंका मुर्दा फुँक जाता है, तब तो रोनेके—विषादसे और शोकसे रोनेके मूल कारण ही नष्ट हो जाते हैं। फिर कभी रोना भी होता है तो वह बड़े ही आनन्दका कारण होता है; क्योंकि उसकी उत्पत्ति आनन्दसे ही होती है।

इसलिये केवल भगवान्‌का ही चिन्तन कीजिये। भगवान्‌से प्रार्थना कीजिये, हमारा सारा जीवन—जीवनकी क्षुद्र-से-क्षुद्र चेष्टा भगवान्‌के लिये ही हो। सम्पूर्ण हृदयसे हम भगवान्‌को ही भजें। दूसरेके लिये न मनमें स्थान हो और न दूसरेकी सेवामें कभी तन लगे। तन, मन, वचन, धन—जो कुछ है, उन्हींका तो है। उनकी वस्तु उन्हींके अर्पण हो जाय। जो वस्तु उनके अर्पण हो जाती है, वही बचती है; वह हो जाती है अनमोल और वह हमें विपत्तिके अथाह समुद्रोंसे तार देती है।

प्रेममें खोना और अलग होना नहीं होता, खोने और अलग होनेमें भी पाना ही होता है। यही तो प्रेमका रहस्य है।

——::×::——

भगवत्प्रेमकी अभिलाषा

अंदर जबतक दोष हैं, तबतक अपनेको कभी उत्तम नहीं समझना चाहिये। सारे दोषोंका मिट जाना प्रतीत होनेपर भी दोषोंकी खोज करनी चाहिये तथा थोड़ा-सा भी दोष शूलकी तरह हृदयमें चुभना चाहिये। जबतक किंचिन्मात्र भी दूषित भाव हृदयमें रहे, तबतक सूरदासजीकी भाँति अपनेको महान् पातकी ही मानकर प्रभुके सामने रोना चाहिये। अन्तर्यामी प्रभुसे अपने हृदयकी बात आर्त भाषामें कहनी चाहिये। मनुष्य कदाचित् न सुने, किसीकी भाषाका मर्म न समझ सके, समझकर भी लापरवाही कर दे और समझ भी ले किंतु शक्ति न होनेसे कुछ भी सहायता न कर सके; परंतु भगवान्‌में इन सब बातोंमेंसे कोई-सी नहीं है। वे सुनते हैं, सबके हृदयकी भाषाका रहस्य समझते हैं। लापरवाही भी नहीं करते और सब प्रकार दोष-दुःख दूर करनेकी उनमें पूर्ण सामर्थ्य भी है; इसलिये मनुष्यको अपने दोष-दुःखोंका नाश करनेके लिये प्रभुसे ही प्रार्थना करनी चाहिये। प्रभु अन्तर्यामी हैं, सब कुछ जानते हैं; परंतु प्रार्थना किये बिना, हमारे चाहे बिना, उनके द्वारा सदा किया जानेवाला उपकार हमपर प्रकट नहीं होता। तथा ऐसा विशेषरूपसे अद्भुत कार्य भी नहीं होता जैसा चाहनेपर होता है। इसमें कोई संदेह नहीं कि चींटीकी चालके बदलेमें भगवान् इच्छागति गरुड़की चालसे ही आते हैं; परंतु चींटीकी चालसे भी उनकी ओर चल पड़ना तो हमारा ही कार्य है। **'ये यथा मां प्रपद्यन्ते तांस्तथैव भजाम्यहम्'** (गीता ४। ११) का यही रहस्य है कि मनुष्य उन्हें चाहने लगे, उनकी ओर अपनी ही चालसे चलना प्रारम्भ कर दे; फिर भगवान् अपनी चालसे चलकर उसके पास बात-की-बातमें पहुँच जायँगे। हमारी मन्द गतिके बदलेमें वे अपनी तेज चाल नहीं छोड़ेंगे। परंतु उनकी ओर चलना, उन्हें चाहना होगा पहले हमें। आप चल पड़े हैं तो प्रभुके वाक्योंपर विश्वास रखिये, वे आपकी ओर द्रुत गतिसे आपके मनकी गतिके अनुसार ही अपनी तीव्र गतिसे आ रहे हैं; यदि नहीं चले हैं तो सब कुछ भूलकर चल पड़िये और फिर

****

देखिये कितनी जल्दी वे आते हैं। भगवान्में अनन्य प्रेमकी भिक्षा अनन्य प्रेमी भगवान्से ही माँगनी चाहिये। यदि हमारी अभिलाषा सच्ची होगी तो अनन्य प्रेम अवश्य मिलेगा। अनन्य प्रेमकी आपको अभिलाषा है, यह बड़े ही सौभाग्य और आनन्दकी बात है। भगवान्में विशुद्ध और अनन्य प्रेम होनेकी अभिलाषासे बढ़कर कोई सौभाग्यभरी उत्तम अभिलाषा नहीं है। यह सर्वोच्च अभिलाषा है, जो मोक्षतककी अभिलाषाको लात मार देनेके बाद उत्पन्न होती है। भगवत्प्रेम पञ्चम पुरुषार्थ है, जो मोक्षकी इच्छाके भी त्यागसे सिद्ध होता है और जिसके परे श्रीभगवान्के सिवा और कुछ भी नहीं है। बल्कि भगवान् भी उस प्रेमकी डोरमें बँधकर प्रेमीके नचाये नाचते, बाँधे बँधते, जन्माये जन्मते और मारे मरते हुए-से प्रतीत होते हैं। विशुद्ध और अनन्य प्रेमकी महत्ता और कौन कहे, यह प्रेम प्रेमार्णव भगवान्से ही मिलता है, दूसरे किसमें शक्ति है,जो इसका व्यापार करे।

——::×::——

भगवत्प्रेमकी प्राप्तिका साधन—उत्कट चाह

श्रीभगवान्के प्रेमकी प्राप्ति बहुत ही दुर्लभ होनेपर भी भगवत्कृपासे उसीको हो सकती है और सहज ही हो सकती है, जो वास्तवमें उसे चाहता है। चाहता वही है, जो प्रेमके मूल्यमें सर्वस्व अर्पण करनेको तैयार है—यद्यपि भगवत्प्रेम किसी कीमतपर नहीं मिलता; क्योंकि वह अमूल्य है।

'कैवल्य'की कीमत भी उसे खरीदनेके लिये पर्याप्त नहीं है। यों कहना चाहिये कि भगवत्प्रेम खरीदा ही नहीं जा सकता। वह उसीको मिलता है, जिसको कृपा करके भगवान् देते हैं और देते उसको हैं जो सर्वस्व उनके चरणोंपर न्योछावर करके भी अपनेको प्रेमका अपात्र मानता है और पल-पलमें प्रेमास्पद प्रभुके प्रेमपर मुग्ध होता रहता है। प्रेम न तो किसी भी उपायसे मिलता है और न उसके लिये समयकी ही शर्त है। प्रेमके मार्गमें किसी भी शर्तके लिये गुंजाइश नहीं है। यहाँ तो बिना शर्तका समर्पण है। सब कुछ दे डाले, तन-मन अर्पण कर दे। मुरलीकी भाँति

हृदयको शून्य कर दे और बदलेमें कुछ भी न चाहे। चाहे तो यही चाहे कि 'इस शून्य हृदयका भी उस प्रेमास्पदको पता न लग जाय; क्योंकि शून्य होनेपर भी यह प्रेमके योग्य नहीं है। उसका पवित्र प्रेम यहाँ आयेगा, इस हृदयमें उसका प्रवेश होगा तो इस प्रेमकी प्रतिष्ठा ही घट जायगी। प्रेमके लिये सर्वथा अयोग्य मुझको प्रेम न देनेमें प्रभुके प्रेमकी शोभा है, परंतु वह परम प्रेमास्पद इतनेपर भी न जाने क्यों मुझसे प्रेम करता है। क्या वह स्वयं अपनी प्रेमप्रतिष्ठाको भूल गया है, जो मुझ-सरीखे त्यागकी स्मृति रखनेवाले त्यागाभिमानियोंकी ओर निरन्तर प्रेमदृष्टिसे देखता है और मुझमें भी प्रेमका अस्तित्व मानता है।'

स्वाभाविक ही सर्वार्पणके पश्चात् जब इस प्रकारका भाव होता है, तब भगवान्‌के प्रेमका पवित्र प्रादुर्भाव हृदयमें होता है। प्रेम तो प्रत्येक जीवके अन्तरमें भगवान्‌का दिया हुआ है ही, वह विषयानुरागके दृढ़ और मोटे आच्छादनसे आवृत है—विषयासक्ति, ममता और अहंकारके काले पर्देसे ढका है। इस आवरण और आच्छादनके हटते ही वह निर्मल और पवित्र रूपमें प्रकट हो जाता है। यह प्राकट्य ही प्रेमका उदय है। अतएव जबतक विषयासक्ति, ममता और अहंकार दूर न हों, तबतक भगवान्‌के गुण-माहात्म्य, सौन्दर्य-माधुर्य, कारुण्य आदिके श्रवण-मननसे विषयासक्तिको, परम आत्मीयभावके निरन्तर अनुचिन्तन और निश्चयसे विषय-ममत्वको और शरणागतिके भावके अहंकारको हटाते और मिटाते रहना चाहिये। साथ ही भगवच्चिन्तनका सतत अभ्यास करना चाहिये। प्रेम कितने दिनमें मिल सकेगा, इस बातकी चिन्ता छोड़कर उनका निरन्तर चिन्तन कैसे होता रहे—इसीकी चिन्ता करनी चाहिये। नाम-जप, गुणानुवाद, श्रवण-मनन, स्वरूपका ध्यान—ये सभी इसमें सहायक हैं। परंतु निर्भरताका भाव बहुत अधिक सहायक होता है। निर्भरताका अर्थ प्रेमप्राप्तिकी उत्कण्ठाका ह्रास नहीं है। उत्कण्ठा बढ़ती रहे, भगवान्‌के प्रेमके लिये प्राण तड़पते रहें, हृदयमें विरहाग्निकी ज्वाला धधक उठे; परंतु साधन एकमात्र निर्भरता हो। अपने पुरुषार्थका बल कुछ भी न रहे। प्राणोंकी आकुल तड़प, हृदयकी प्रदीप्त अग्नि ही निरन्तर तड़पाती और जलाती रहे तथा वह तड़पन और ताप ही जीवनका आधार भी रहे। रक्त-मांसको खा डालनेवाली यह आग ही प्राणोंकी रक्षा करती रहे। बड़े

****

सौभाग्यसे इस आगमें जलते हुए, इसी आगको प्राणाधार बनानेका सुअवसर प्राप्त हुआ करता है। उस समय यही चाह हुआ करती है कि प्राणाधार ! यह आग कभी न बुझे और उत्तरोत्तर बढ़ती रहकर, मुझे जला-जलाकर सुख पहुँचाती रहे। प्रेमकी प्राप्तिका तो मुझे अधिकार ही नहीं। मेरा तो अधिकार बस जलनेका है। जलता ही रहूँ।

सच्ची चाहका स्वरूप

×××१—सच्ची चाहका स्वरूप यह है कि फिर चाही हुई वस्तुके बिना जीना कठिन हो जाता है। सच्ची चाहका रूप होता है अनिवार्य आवश्यकता। उस एक वस्तुके सिवा और किसीकी चाह तो बहुत पहले नष्ट हो जाती है। जब प्रेमी अपने इष्टके बिना रह नहीं सकता, तब इष्टको उसे दर्शन देने ही पड़ते हैं; फिर उसे खाना-पीना, सोना-जागना, उठना-बैठना—सब कुछ भार हो जाता है। सच्ची चाह उत्पन्न होनेके बाद फिर दर्शनोंमें देरी नहीं लगती।

२—सच्ची चाह निष्काम होनी चाहिये—इसमें तो कहना ही क्या है। यदि हममें भगवान्से उनके सिवा कुछ और लेनेकी लालसा होगी तो वे उसे ही देंगे, अपनेको क्यों देने लगे। पूर्वकालमें सकाम उपासना करनेवालोंको भी भगवान्के दर्शन हुए हैं, परंतु इस प्रकारके दर्शन भगवत्प्रेमकी तत्काल वृद्धि नहीं करते। उन्हें दर्शनानन्दकी यथार्थ प्राप्ति प्रायः नहीं होती। वे केवल भोग या मोक्ष ही पा सकते हैं, प्रेम नहीं।

३—चाहको बढ़ानेका एक सफल उपाय यह है कि भोगोंको अनित्य और दुःखोत्पादक समझकर उनकी सारी इच्छाएँ छोड़ दी जायँ। जबतक दूसरी कोई भी कामना रहेगी, तबतक भगवत्प्राप्तिकी उत्कण्ठा तीव्र नहीं हो सकती। × × × ×

——::×::——

भगवद्विरहकी दुर्लभ स्थिति

× × × भगवद्विरह एक ऐसी दुर्लभ स्थिति है, जो परम सौभाग्यसे किन्हीं उत्कट प्रेमियोंको स्वतः ही प्राप्त होती है। इसमें विधि-निषेधकी गति नहीं है। प्रेमीका काम तो प्रियतमकी स्मृति बढ़ाते हुए उसके विरहकी वेदनाको तीव्र करना ही है। जब वह वेदना असह्य हो जाती है, तब प्रियतमके लिये भी दूर रहना कठिन हो जाता है। उन्हें या तो स्वयं आना पड़ता है या वे उसे ही अपने पास बुला लेते हैं। प्रियतमके उस मधुर आवाहनसे प्रेमी शरीरको तृणवत् त्यागकर भगवद्धाममें प्रवेश कर जाता है। इसे आत्महत्याका नाम देना तो भारी अपराध ही है। यहाँ न कोई मरनेवाला है, न मारनेवाला। यह तो प्रियतम और प्रेमीका मधुर मिलन है।× × ×

विरह-सुख

× × × श्रीश्रीगौराङ्गदेवने कहा था—

युगायितं निमेषेण चक्षुषा प्रावृषायितम्।
शून्यायितं जगत्सर्वं गोविन्दविरहेण मे॥

गोविन्दके विरहमें मेरा एक निमेष भी युगोंके समान लम्बा हो रहा है। ये दोनों आँखें सावनकी जलधाराके समान सर्वदा बरस रही हैं और सारा जगत् मेरे लिये सूना हो रहा है।'

इस दुःखपूर्ण विरहमें कितना असीम सुख है, इस बातका प्रेमशून्य हृदयसे कैसे अनुमान लगाया जाय ? विरही जलता है, पर इस जलनमें ही महान् शान्तिका अनुभव करता है। वह कभी इस जलनको मिटाना नहीं चाहता। वह मिलनमें उतना सुख नहीं मानता, जितना विरहकी ज्वालामें जलते रहनेमें मानता है। वह कहता है—'हा प्राणनाथ ! हा प्रियतम ! हा श्रीकृष्ण ! इस तरह रोते-कराहते मेरे जन्म-जन्मान्तर बीत जायँ। मैं तुमसे मिलना नहीं चाहता, चाहता हूँ तुम्हारे विरहमें जी भरकर रोना और तुम्हारे वियोगकी आगमें जलते रहना। मुझे इसमें क्या सुख है, इसको मैं ही जानता हूँ।'

****

बना रहे हमेशा यह विरह-दुख दिवाना,
मैं जानता हूँ इसमें कितना मजा मुझे है।

× × × ×

खुदा करे कि मज़ा इंतज़ारका न मिटे।
मेरे सवालका वह दे जवाब बरसोंमें॥

भगवत्प्रेमका पागल वह विरही अपने प्रियतम श्रीकृष्णके सिवा और किसीको जानता ही नहीं, वह तो अपनेको सदाके लिये उनकी चरणदासी बनाकर उन्हींकी इच्छापर छोड़ देता है और वियोगकी ज्वालामें जलता हुआ ही उन्हें सुखी देखकर परम सुखका अनुभव करता है। महाप्रभु कहते हैं—

आश्लिष्य वा पादरतां पिनष्टु मा-
मदर्शनान्मर्महतां करोतु वा।
यथा तथा वा विदधातु लम्पटो
मत्प्राणनाथस्तु स एव नापरः॥

'वह लम्पट मुझ चरणदासीको प्रिय समझकर चाहे गले लगा ले, चाहे अपने पैरोंसे रौंद डाले और चाहे दर्शन न देकर विरहकी आगसे मेरे प्राणोंको जलाता रहे—जो चाहे सो करे; परंतु मेरा तो प्राणवल्लभ वही है, दूसरा कोई नहीं।'

आपको यदि भगवान्‌के विरहमें कुछ रस आता है तो यह बड़े ही सौभाग्यकी बात है। रोनेमें आनन्द आता है—यह भी बहुत उत्तम है। बस, रोते रहिये और प्रेमके आँसुओंसे सींच-सींचकर विरहकी बेलको सारे तन-मनमें फैलाते रहिये। उसकी जड़को पातालमें पहुँचा दीजिये और फिर उसीकी सघन छायामें उसीसे उलझे बैठे रहिये। देखिये, आपका मजा कितना बढ़ता है।

श्रीसूरदासजीने रोते-रोते गाया था—

मेरे नैना बिरह की बेल बई।
सींचत नीर नैन कौ सजनी! मूल पताल गई॥
बिगसत लता सुभाय आपने छाया सघन भई।
अब कैसैं निरुवारौं सजनी! सब तन पसर गई॥

यह सच है कि ऐसा विरही मिलनसे वञ्चित नहीं रहता। सच्ची बात तो यह है

****

कि वह नित्यमिलनमें ही इस विरह-सुखका अनुभव करता है। भगवान् उससे कभी अलग होते ही नहीं।

फिर प्रेमीजनोंका बड़ा विलक्षण भाव होता है। वे मिलनकी अपेक्षा वियोगमें अधिक सुखानुभूति करते हैं। मिलन तो एक ही देशमें एक कालमें होता है। मिलनमें प्रियतम श्यामसुन्दर केवल बाहर ही दीखते हैं; परंतु वियोगमें वे सर्वत्र, सदा तथा अंदर-बाहर सबमें भरे तथा निस्संकोच मिलते-बोलते दीखते हैं—

है अति सुखकर मिलन मधुर, जिसमें होता प्रियका संयोग।
मृदुल मधुर मुसुकान मनोहर, अनुपम दिव्य सुधा-रस-भोग॥
पर वह होता एक देशमें, एक कालमें, एक प्रकार।
अन्तर्दृष्टि न रहती, होती वृत्ति सर्वथा बाह्याकार॥
किंतु परम उत्कृष्ट नित्य सुख देता प्रियका विषम वियोग।
दिग्दिगन्तमें मिलता उनका निशि-दिन मधु दर्शन-संयोग॥
देश-कालका कभी न रहता कुछ भी वहाँ तनिक व्यवधान।
प्रति पदार्थमें मिलते प्रियतम हरदम करते सुखका दान॥
नित्य स्पर्शसे पुलकित रहता रोम-रोम, खिलते सब अंग।
विप्रयोग इससे अति उत्तम, खिलते जहाँ नित्य नव रंग॥

——::×::——

प्रेमीकी तल्लीनता

×××भक्तका मन सदा प्रभु-प्रेममें ऐसा तल्लीन हो जाता है कि आधे क्षणके लिये भी अन्य किसी पदार्थमें नहीं रमता। गोपियाँ उद्धवजीसे कहती हैं—

ऊधौ, मन न भए दस-बीस।
एक हुतौ सो गयौ स्याम सँग, को अवराधै ईस॥

मन अपने पास रहता ही नहीं, तब वह दूसरेमें कैसे रमे ? इसीलिये तो प्रेमियोंके भगवान्‌का नाम 'मनचोर' है—

मधुकर स्याम हमारे चोर।

मन हरि लियौ माधुरी मूरति, निरख नयन की कोर॥

वे प्रेमी भक्तके चित्तको ऐसी चातुरीसे चुराकर अपनी सम्पत्ति बना लेते हैं कि उसपर दूसरेकी कभी दृष्टि भी नहीं पड़ सकती। दूसरा कोई दीखे, तब न कहीं उसमें आसक्ति या प्रीति हो; जहाँ मनमें दूसरेकी कल्पनातकको स्थान नहीं मिलता, वहाँ किसमें कैसे आसक्ति या रति हो? प्रेममयी गोपियोंने कहा है—

स्याम तन, स्याम मन, स्याम है हमारौ धन,
आठो जाम ऊधौ हमें स्याम ही सौं काम है।
स्याम हिए, स्याम जिए, स्याम बिनु नाहिं तिए,
आँधे की सी लाकरी अधार स्याम नाम है॥
स्याम गति, स्याम मति, स्याम ही है प्रानपति,
स्याम सुखदाई सौं भलाई सोभाधाम है।
ऊधौ तुम भए बौरे, पाती लैकैं आए दौरे,
जोग कहाँ राखैं, यहाँ रोम रोम स्याम है॥

जब एक प्रियतम श्रीकृष्णको छोड़कर दूसरेका मनमें प्रवेश ही निषिद्ध है, तब दूसरे किसीकी प्राप्तिके लिये उत्साह तो हो ही कैसे? कोई किसीको देखे, सुने, उसके लिये मनमें इच्छा उत्पन्न हो, तब न उसके लिये प्रयत्न किया जाय? मन किसीमें रमे, तब न उसे पानेके लिये उत्साह हो। मन तो पहलेसे ही किसी एकका हो गया; उसने मनपर अपना पूरा अधिकार जमा लिया और स्वयं उसमें आकर सदाके लिये बस गया—दूसरे किसीके लिये कोई गुंजाइश ही नहीं रह गयी; यदि कोई आता भी है तो उसे दूरसे ही लौट जाना पड़ता है! क्या करे जगह ही नहीं रही।×××

——::×::——

प्रियतमका नित्य-स्मरण

परमात्माको 'प्रियतम' जान लेनेपर वास्तवमें एक भी क्षण ऐसा नहीं बीतेगा, जिसमें उनका स्मरण न हो। भूल इसीलिये होती है कि हम उन्हें प्रियतम नहीं मानते। उन्हें प्रियतम माना था गोपरमणियोंने, जो आधे क्षणके लिये भी श्यामसुन्दरको हृदय-मन्दिरसे दूर नहीं कर पाती थीं। श्यामसुन्दरको बाध्य होकर गोपियोंकी दृष्टिके सामने ही सदा थिरक-थिरककर नाचना पड़ता था। इसी सत्य तथ्यके आधारपर यह कहा गया है—**वृन्दावनं परित्यज्य पादमेकं न गच्छति।** (श्यामसुन्दर वृन्दावनको छोड़कर एक पग भी कहीं नहीं जाते।) जाते हों, गये हों; परंतु गोपियोंकी दृष्टिमें तो नहीं गये। उनके श्यामसुन्दर तो नित्य उनके साथ हैं, चौबीसों घंटोंके उनके सहचर हैं। इसका कारण क्या था ? यही कि गोपियोंने उन्हें 'परम प्रियतम' मान लिया था उनके लिये वे इहलोक-परलोक—सबका सारा सम्बन्ध त्याग कर चुकी थीं, अपनी प्यारी-से-प्यारी सभी वस्तुएँ वे श्रीकृष्णके चरणोंमें सदाके लिये समर्पण कर चुकी थीं; फिर वे उन्हें कैसे भुलातीं ? 'प्रियतम'—अहा ! कितना प्रिय शब्द है ! प्रियतम तो कभी चित्तसे बिसारा ही नहीं जा सकता। यह सिद्धान्त है कि तीनों लोकोंके वैभवकी प्राप्तिका लालच मिलनेपर भी प्रभुको 'प्रियतम' माननेवाले उनके प्रियजन आधे निमेषके लिये भी प्रभुके चरणकमलोंको नहीं भूल सकते।

'प्रियतम'के प्यारे जन सब जगह उसीकी झाँकी देखते हैं, उसीके शब्द सुनते हैं; उसीसे बातें करते हैं और उसीका चिन्तन करते हैं। उसके सामने जगत्की या जगत्के किसी पदार्थकी याद उन्हें कभी भूलकर भी नहीं आती।

भगवान्को 'प्रियतम' बनानेभरकी देर है, फिर तो जगत्का मूल्य कुछ रह ही नहीं जायगा। राज-पाट, धन-दौलत, स्त्री-पुत्र, मान-इज्जत, जीवन-मरण, लोक-परलोक, स्वर्ग-मोक्ष—सभी कुछ उस प्रियतमके प्रेमप्रवाहमें बह जायँगे। फिर वह श्रीश्रीचैतन्यके शब्दोंमें गा उठेगा—

न धनं न जनं न सुन्दरीं कवितां वा जगदीश कामये।
मम जन्मनि जन्मनीश्वरे भवताद्भक्तिरहैतुकी त्वयि॥

जिसमें प्रेम होता है, उसमें चाहे एक भी सद्गुण न हो, चाहे वह दुर्गुणोंकी खानि हो, प्रेमीका हृदय उसके गुणोंको नहीं देखता; वहाँ माप-तौल नहीं होता, वहाँ तो हृदय सदाके लिये निछावर किया हुआ रहता है। जब सद्गुणहीन और दुर्गुणीके प्रति भी सच्चे प्रेमीका प्रेम अटूट और सतत वर्धमान ही रहता है, तब भगवान्को—जो सर्वसद्गुणोंके आधार हैं, ऐश्वर्य, सौन्दर्य, माधुर्य, प्रेम आदिकी अशेष खानि हैं—प्रेमास्पद बना लेनेपर उनका निरन्तर चिन्तन हुए बिना कैसे रह सकता है ? बुरे विचारसे पर-पुरुषका पर-स्त्रीमें या पर-स्त्रीका पर-पुरुषमें प्रेम हो जाता है, (जो वास्तवमें प्रेम नहीं है) तो उसमें भी एक-दूसरेका स्मरण कभी नहीं छूटता; उठते-बैठते, सोते-जागते स्मृति बनी ही रहती है। जब लोभी आदमी भगवान्के मन्दिरमें बैठकर गीता सुनता हुआ भी मन-ही-मन धनकी टोहमें रहता है, तब भला, परम प्रेमार्णव, परम लोभनीय भगवान्को प्रियतम बना लेनेपर वे कैसे भुलाये जा सकते हैं ?

भगवान्के स्मरणका तार कभी न टूटे, इसके लिये हमें भगवान्को प्रियतम बनाना चाहिये। जबतक जगत्की वस्तु प्यारी लगती है, जगत्के पदार्थोंके लिये हम भगवान्को भूलते हैं, तबतक हमारे मन भगवान् 'प्रियतम' नहीं हैं। उन्हें प्रियतम बनानेके साधन हैं—उनके प्रभावको सुनना-जानना; उनकी दिव्य मधुर लीलाओंका निरन्तर श्रवण, मनन और गान करना; उनके परम पावन नामका जप करना, उनके सर्वोपरि सर्वाधार दिव्य स्वरूप, गुण, धाम, ऐश्वर्य, माधुर्य, सौन्दर्य, कारुण्य, सख्य, वात्सल्य, स्वामित्व, प्रेम आदि महान् गुणोंका बारम्बार चिन्तन करना और उनकी कृपापर परम और अटल विश्वास रखना !

——::×::——

भगवत्कृपासे ही भगवत्प्रेमकी प्राप्ति

सप्रेम हरिस्मरण। आपका कृपा-पत्र प्राप्त हुआ। धन्यवाद। भगवान् अथवा भगवान्के प्रेमकी प्राप्ति कोई दूसरा करा दे—यह सम्भव नहीं। भगवान् न तो किसीके वशमें हैं और न तो भगवान् किसी मूल्यपर मिलते ही हैं। दर्शनकी अनन्य लालसा मनमें उत्पन्न कीजिये और अत्यन्त आतुर हो जाइये अथवा दर्शनकी एकान्त लालसाको मनमें रखकर अपनेको उनकी कृपापर छोड़ दीजिये। वे जब उचित समझेंगे, तब अपने-आप ही अपना या अपने प्रेमका दान आपको कर देंगे। दूसरा कोई साधन नहीं। मैं तो सभीके लिये हृदयसे चाहता हूँ कि सब लोग भगवान्के अपने बनें और सबपर भगवान्की कृपा हो। कृपा तो है ही, उसे पहचान लिया जाय। भगवान्की कृपाका दर्शन भगवद्दर्शनसे भी अधिक महत्त्व रखता है। आप उनकी कृपापर विश्वास करके बिना किसी शर्तके उनके हो जायँ तो सम्भव है, आपकी इच्छा (यदि वह सच्ची, अनन्य और तीव्र होगी तो) दूसरे किसी भी उपायकी अपेक्षा शीघ्र पूरी होगी। न किसी साधनसे यह होगा, न किसी मनुष्यके किये होगा—यह होगा भगवत्कृपासे ही और भगवत्कृपाके दर्शन होंगे अनन्य विश्वास और उनके चरणोंकी शरणागतिसे ही । शेष भगवत्कृपा।

× × × × × ×

प्रभुप्रेमका परमामृत एकमात्र प्रभुके कृपाकटाक्षका ही प्रसाद है। जिस परम सौभाग्यशाली जीवपर उनकी कृपा प्रकट होती है, उसीको यह अमृत प्राप्त होता है। उनकी कृपा उन्हींके अधीन है। उसे किसी साधनद्वारा प्राप्त नहीं किया जा सकता। बल्कि जीवको जबतक अपने साधनोंका भरोसा रहता है, तबतक तो वह अधिकतर दुःखी ही रहता है। उसे पानेका यदि कोई उपाय है तो यही कि जीव निरुपाय हो जाय। सारे साधनोंका आश्रय छोड़कर एकमात्र कृपाकी ही उपासना करे, कृपाकी ही बाट

जोहा करे। साधनोंका आश्रय छोड़नेसे यह अर्थ नहीं है कि सत्पथको छोड़कर कुपथमें चलने लगे । इसका तात्पर्य केवल इतना ही है कि अपने सत्कर्मोंके मूल्यमें प्रभुकृपाको पानेकी आशा न रखे। सत्कर्म साधनके रूपमें नहीं, स्वभावसे हों। साधन तो एकमात्र प्रभुकी इच्छाका अनुवर्तन हो। वे जैसे रखें, उसीमें संतुष्ट रहे और केवल प्रभुप्रेमकी प्यास बढ़ाता रहे। इस प्यासकी पीड़ा जितनी बढ़ेगी, उतनी ही प्रभुकृपा सुलभ होती जायगी। अतः प्रभुप्रेम ही प्रभुप्राप्तिका एकमात्र उपाय है। प्रभु स्वयं कृपा करके ही किसी जीवको अपनाते हैं। वह कृपा प्रभुकी इच्छासे कभी-कभी किसी भगवदीयके रूपमें आती है। किंतु भक्त केवल यन्त्रवत् उसके प्रकट होनेका निमित्तमात्र होता है; वास्तवमें तो उसके द्वारा भगवान् ही अपने शरणापन्नपर द्रवित होते हैं। ×××××

——::×::——

प्रेममें विषय-वैराग्यकी अनिवार्यता

×××××× मेरी समझसे ज्ञान और प्रेम दोनोंमें ही वैराग्य स्वयमेव होता है। ज्ञानमें जगत्का जगद्रूपसे अभाव हो जाता है, फिर राग किसमें हो? और प्रेममें प्रियतमके अतिरिक्त और कुछ सूझता ही नहीं—कल्पनामें ही नहीं आता, तब दूसरेमें राग कैसे रहे?

स्त्री हो या पुरुष—यदि किसीका किसीमें सच्चा प्रेम है, कामगन्धका लेशमात्र भी दोष नहीं है, यदि प्रियतमसे आत्मसुखकी कामना न होकर, अपने महान् दुःखोंकी तनिक भी परवा न करके प्रियतमके सुखके लिये व्याकुलतापूर्ण प्रयास है तो वही पवित्र जीवन है। पवित्र भावना, पवित्र विचार, पवित्र वाणी और पवित्र शरीर वे ही हैं, जिनमें आत्मसुखकी इच्छा सर्वथा प्रियतमके सुखकी इच्छामें परिणत हो जाती है और भावना, विचार, वाणी और शरीर—सभी स्वाभाविक ही आत्मसुखका बलिदान करके सतत प्रियतमको सुखी करनेके अखण्ड प्रयत्नमें लग जाते हैं। ऐसे पवित्र भाव, विचार, वाणी और शरीरवाला प्रेमी ही यथार्थ प्रेमी है। इस प्रेममें जगत्के भोगोंसे

स्वाभाविक ही वैराग्य है; क्योंकि यहाँ काम-गन्धका लेश भी नहीं है। प्रेम ऐसा पवित्र पदार्थ है कि यह जिससे प्राप्त होता है, उसके लिये यह समस्त विश्व ही प्रियतम बन जाता है। विश्व नहीं रहता, प्रियतम ही रह जाता है। वही कह सकता है—**'जित देखौं तित स्याममई है।'** उसके नेत्रोंमें विश्वके चित्र नहीं आते। उसके चित्तपटपर जगत्‌का चित्र अङ्कित नहीं होता। यदि कभी किसीके प्रेरणा करनेपर उसे विश्वकी स्मृति होती है तो दूसरे ही क्षण वह देखता है कि अपने प्रियतममें ही विश्वका भास हो रहा है। भगवान्‌ने जो कहा है—

यो मां पश्यति सर्वत्र सर्वं च मयि पश्यति।

(गीता ६। ३०)

'जो सर्वत्र मुझको देखता है और सबको मुझमें देखता है।'

इसका यही गम्भीर रहस्य है।

प्रेमियोंका यह प्रेम—यह प्रियतमानुराग जगत्‌के समस्त विषयानुरागको खा-पीकर पचा जाता है, फिर उसका बीज भी नहीं रहने पाता उनके हृदयमें। लोग उन्हें पागल बताते हैं। ये परम रागमय परम विरागी पुरुष बड़े ही विलक्षण होते हैं। श्रीचैतन्य महाप्रभुकी जीवन-लीलाके अन्तिम वर्ष इसी विलक्षण विरागमय रागका प्रत्यक्ष करानेवाले थे। वे धन्य हैं, जो इस प्रकारके प्रेमकी कल्पना भी कर पाते हैं।

——::×::——

प्रियतमकी प्राप्ति कण्टकाकीर्ण मार्गसे ही होती है

×××××× भगवत्प्रेम बड़ी दुर्लभ वस्तु है। इसे पानेके लिये अपना सब कुछ बलिदान करना होता है। भक्तोंको बड़ी कठोर परीक्षाओंमें होकर निकलना पड़ता है। बिना तपाये स्वर्णमें कान्ति भी तो नहीं आती। प्रह्लाद, गोपीजन, मीराँ आदि सभी भक्तोंको क्या-क्या कष्ट नहीं सहने पड़े। प्रियतमकी प्राप्ति बड़े कण्टकाकीर्ण मार्गसे होती है। योग और भोग एक स्थानमें नहीं रह सकते। अतः सच्चे प्रेमी इन

आपत्तियोंकी कोई परवाह नहीं किया करते। अपने प्रियतमसे दृष्टि हटानेकी उनमें शक्ति ही कहाँ होती है। वे तो सब प्रकार उसीके हो रहते हैं। अतः परिजन और गुरुजन कुछ भी करें या कहें, उन्हें उसकी परवाह नहीं होती । वे खुशी-खुशी सब कुछ सह लेते हैं और उन आपत्ति-विपत्तियोंको वे अपने प्रियतमकी छेड़खानी समझकर किसी प्रकार उनपर खीझते भी नहीं।

यह तो हुई सिद्धान्तकी बात। सच्चे प्रेमीके लिये दो ही मार्ग हैं—वह या तो सब कुछ सहन करे या सबको त्याग दे। यदि ऐसा करनेकी अपनी शक्ति न हो तो युक्तिसे काम लेना चाहिये। इसका उपाय है—नाम-जप, सत्सङ्ग, भगवत्सेवाके भावसे जीवमात्रकी प्रेमपूर्वक सेवा, भगवान्‌की दया एवं करुणासे प्रेरित लीलाकथाओंका श्रवण-पठन आदि। यदि बाह्य पूजा-पाठसे घरवालोंको अप्रसन्नता होती है तो न सही, आपके हृदयमें भगवान्‌के प्रति जो प्रेम है, उसे कौन छीन सकता है। आप हृदयसे ही उनका चिन्तन करें और जब अवकाश मिले, तब कातर कण्ठसे प्रार्थना करें।×××

× × × × × ×

प्रेमपथपर विरला ही चल सकता है

××××××भगवान्‌के प्रेमको प्राप्त करना सहज बात नहीं। प्रेम मुँहकी चीज नहीं; प्रेमकी बातें बनानेवाले बहुत मिल सकते हैं, पर प्रेमके पथपर कोई विरला वीर ही चल सकता है। जबतक जगत्‌के भोगोंमें आसक्ति है, शरीरके आरामकी चिन्ता है, यश-कीर्तिका मोह है, तबतक प्रेमके पथकी ओर निहारना भी मना है। प्रेमके मार्गपर वही वीर चल सकता है, जिसने वैराग्यके दावानलमें विषयासक्तिको सदाके लिये जला डाला हो। प्रेमिका मीराँ कहती है—

चुनरीके किए टूक, ओढ़ लई लोई। मोती-मूँगे उतार बनमाला पोई॥

प्रेमके पथपर वही पग रख सकता है, जो प्रेम-मार्गके काँटोंको फूलोंकी शय्या, प्रेमास्पदके किये हुए तिरस्कारको पुरस्कार, महान् विपत्तिको सुख-सम्पत्ति, अपमानको सम्मान और अयशको यश समझता है। उसका पथ ही उलटा होता है। वह कोई ऐसा घृणित कार्य कभी नहीं करता, जिससे उसका अपमान, तिरस्कार हो या उसपर विपत्ति

****

आये; तथापि वह अपमान, तिरस्कार और विपत्तिको प्रेमास्पदके मिलनका मार्ग समझकर उनका स्वागत करता है, उनसे चिपटे रहता है। प्रेमपंथियोंको प्रेमियोंके निम्नलिखित शब्द याद रखने चाहिये—

नारायन घाटी कठिन, जहाँ प्रेम कौ धाम।
बिकल मूरछा सिसकिबो, ये मग के बिस्राम॥
सीस काटि कै भुइँ धरै, ऊपर राखै पाँव।
इश्कचमनके बीचमें ऐसा हो तौ आव॥
सिर काटौ, छेदौ हियौ टूक-टूक करि देहु।
पै याके बदले बिहँसि वाह वाहकी लेहु॥
पीया चाहै प्रेमरस, राखा चाहै मान।
एक म्यान मैं दो खडग देखी, सुनी न कान॥
प्रेमपंथ अतिही कठिन, सब पै निबहत नाहिं।
चढ़ि कै मोम तुरंग पै चलिबो पावक माहिं॥
नारायन प्रीतम निकट सोई पहुँचनहार।
गेंद बनावै सीस की खेलै बीच बजार॥
ब्रह्मादिक के भोग सब बिषसम लागत ताहि।
नारायन ब्रजचंद की लगन लगी है जाहि॥

ऐसे प्रेमी भक्त शीश उतारकर मरते नहीं। शीश उतारे फिरते हैं, परंतु प्यारेके लिये जीवन रखते हैं। मर जायँ तो प्यारेको दुःख हो, इसलिये जीते हुए ही मर जाते हैं अथवा मरकर भी जीते हैं। जिनकी ऐसी स्थिति हो गयी है, उनको धन्य है, उनके पिता-माताको धन्य है, उनके देशको धन्य है। उन्हींका जन्म सफल होता है। ऐसा करनेपर जब उन्हें प्रियतम मिल जाता है, जब प्रियतमके साथ घुल-मिलकर वे अपने-आपको खो देते हैं, तब तो वे प्रियतमका स्वरूप ही बन जाते हैं—

तू तू करते तू भया, मुझमें रही न हूँ।

× × × ×

जब 'मैं' था तब 'हरि' नहीं, अब 'हरि' है 'मैं' नाहिं।
प्रेमगली अति साँकरी, तामें, दो न समाहिं॥

——::×::——

प्रेम और विधि-निषेध

×××प्रेमाभक्तिमें कर्मत्याग अपने-आप ही हो जाता है। प्रेममें मतवाला भक्त अपने प्रियतम भगवान्‌को छोड़कर अन्य किसी बातको जानता नहीं, उसका मन सदा प्रियतम श्रीकृष्णाकार बना रहता है, उसकी आँखोंके सामने सदा सर्वत्र प्रियतम भगवान्‌की छबि ही रहती है। दूसरी वस्तुमें उसका मन ही नहीं जाता। श्रीगोपियोंने भगवान्‌से कहा था—

चित्तं सुखेन भवतापहृतं गृहेषु
यन्निर्विशत्युत करावपि गृह्यकृत्ये।
पादौ पदं न चलतस्तव पादमूलाद्
यामः कथं व्रजमथो करवाम किं वा॥

(श्रीमद्भा० १०। २९। ३४)

'प्रियतम! हमारा चित्त आनन्दसे घरके कामोंमें आसक्त हो रहा था, उसे तुमने चुरा लिया। हमारे हाथ घरके कामोंमें लगे थे, वे भी चेष्टाहीन हो गये और हमारे पैर भी तुम्हारे पादपद्मोंको छोड़कर एक पग भी हटना नहीं चाहते। अब हम घर कैसे जायँ और जाकर करें भी क्या?'

जगत्‌का चित्र चित्तसे मिट जानेके कारण वह प्रेमी भक्त किसी भी लौकिक (स्मार्त) अथवा वैदिक (श्रौत) कार्यके करनेलायक नहीं रह जाता।

प्रेमकी प्राप्ति होनेपर लौकिक और वैदिक कर्म छूट जाते हैं, जान-बूझकर उनका स्वरूपसे त्याग नहीं करना पड़ता। समर्पणका अर्थ उनका मनसे समर्पण ही है। फिर जब प्रेमकी उच्च दशा प्राप्त होती है, तब विधि-निषेधके परे पहुँच जानेके कारण ये सब कर्म स्वतः ही उसे विधिके बन्धनसे मुक्तकर अलग हो जाते हैं। उस स्थितिका यही नियम है; परंतु जो जान-बूझकर प्रेमके नामपर शास्त्रविधिका त्याग करता है, उसे भक्तिकी सिद्धि सहजमें नहीं होती।××××

× × × ×

****

....विधि-निषेधके ऊपर उच्च स्तरमें पहुँच जानेपर परमात्माके सत्यस्वरूपमें इतनी प्रगाढ़ तल्लीनता हो जाती है कि समस्त नियमोंके बन्धन अपने-आप टूट जाते हैं; वहाँका नियम ही स्वाभाविक स्वच्छन्दता है। परंतु उस स्थितिके पहले जान-बूझकर शास्त्र और सदाचारके आवश्यक बन्धनोंको तोड़नेवालेकी तो वही दशा होती है, जो नदीके उस पार भूमिपर उतरे हुए पथिककी देखा-देखी नदीकी बीच धारामें नौकाको छोड़ देनेवालेकी होती है। संतशिरोमणि प्रेममयी गोपियोंके सम्बन्धमें उद्धवजी कहते हैं—

आसामहो चरणरेणुजुषामहं स्यां
वृन्दावने किमपि गुल्मलतौषधीनाम्।
या दुस्त्यजं स्वजनमार्यपथं च हित्वा
भेजुर्मुकुन्दपदवीं श्रुतिभिर्विमृग्याम्॥

(श्रीमद्भा० १०।४७।६१)

'अहो! इन गोपियोंकी चरणरजका सेवन करनेवाली वृन्दावनमें उत्पन्न हुई गुल्म, लता और ओषधियोंमेंसे मैं कुछ भी हो जाऊँ (जिससे इन महाभागाओंकी चरणरज मुझे भी प्राप्त हो); क्योंकि इन गोपियोंने बहुत ही कठिनतासे त्याग किये जानेवाले स्वजनोंको और आर्यपथको त्यागकर भगवान् मुकुन्दके मार्गको पाया है, जिसको श्रुतियाँ अनादिकालसे खोज रही हैं (परंतु पातीं नहीं)।'

यह 'आर्यपथत्याग' उन कृष्णमयी गोपिकाओंके द्वारा ही हो सकता है, जो घर-संसारकी दुस्त्यज ममताको सर्वथा छोड़कर, समस्त मोहके परदोंको फाड़कर अनन्यरूपसे सर्वथा, सर्वदा और सर्वत्र मुरलीमनोहर श्रीकृष्णमें ही रमण करती थीं। जिनके जीवनका प्रत्येक क्षण भगवान्‌में रमण करनेके लिये ही सुरक्षित था, उन नित्य परमात्मयोगमें अखण्ड रूपसे स्थित श्रीगोपीजनोंकी दिव्य लीलाओंकी नकल करनेवाले विषयी मनुष्य तो गहरे पतनके समुद्रमें गिरकर डूबते ही हैं!

——::×::——

बिखरे सुमन

१—प्रेम एकमें ही होता है और वह भगवान्‌में ही होना सम्भव है। प्रेमका वास्तविक अर्थ ही है—भगवत्प्रेम।

२—वस्तुतः 'प्रेम' शब्द तभी सार्थक होता है, जब वह श्रीभगवान्‌में होता है।

३—विशुद्ध प्रेम, निःस्वार्थ प्रेम, उज्ज्वल प्रेम जब होगा, तब भगवान्‌में ही होगा और ऐसा होनेपर सारा ममत्व सब ओरसे सिमटकर एक भगवान्‌में ही लग जाता है।

४—जब भगवान्‌के प्रति प्रेम होने लगता है, तब दूसरी समस्त वस्तुओंसे प्रेम हटने लगता है—यह नियम है। और प्रेम हो जानेपर तो प्रेमी सबकी सुधि ही भूल जाता है। वह तो प्रेम ही कहता है, प्रेम ही सुनता है, प्रेम ही देखता है और चारों ओरसे प्रेम-ही-प्रेमका अनुभव करता है।

५—प्रेमकी पूर्णता कभी होती ही नहीं। मुझे पूर्ण प्रेम प्राप्त हो गया, इस प्रकारका अनुभव प्रेमी कभी करता ही नहीं।

६—प्रेमीको अपने प्रेममें सदा कमीका अनुभव होता है।

७—प्रेमकी कोई सीमा नहीं है।

८—प्रेम प्रतिक्षण बढ़ता है, निरन्तर बढ़ते रहना उसका स्वरूप है।

९—प्रेम कहीं भी रुकता नहीं।

१०—प्रेममें सब कुछ अर्पण हो जाता है, यहाँतक कि प्रेमी स्वयं भी प्रेमास्पदके अर्पित हो जाता है। सम्पूर्ण त्याग या सम्पूर्ण समर्पण ही प्रेमका स्वभाव है।

११—जो प्रेम दूसरी-दूसरी वस्तुओंमें बँटा हुआ है, वह प्रेम वस्तुतः प्रेम ही नहीं है।

१२—प्रेम वाणीका विषय नहीं है।

१३—प्रेम रहता है मनमें और मन अपने वशमें रहता नहीं, वह रहता है प्रेमास्पदके वशमें। प्रेमका यह साधारण नियम है।

श्रीराधाकृष्णाभ्यां नमः

49

श्रीराधा-माधव-चिन्तन

ग्रन्थकार- हनुमानप्रसाद पोद्दार

****

१४—प्रेमीके मनपर उसका कोई अधिकार नहीं रहता। मन, बुद्धि, प्राण, आत्मा—सबपर अधिकार हो जाता है प्रेमास्पद श्रीभगवान्‌का।

१५—प्रेम उत्पन्न हो जानेपर मन, बुद्धि अर्पण करने नहीं पड़ते; ये स्वतः अर्पण हो जाते हैं।

१६—प्रेम बड़ी दुर्लभ वस्तु है, यह सहजमें नहीं मिलता; और जिसे मिल जाता है, उसके समान भाग्यशाली कोई नहीं।

१७—प्रेममें वस्तुतः भगवान्‌का कभी वियोग नहीं होता। भगवान् श्रीकृष्ण वृन्दावनको छोड़कर एक पग भी बाहर नहीं जाते। श्रीगोपीजनोंको छोड़कर किसी समय भी कहीं नहीं जाते। श्रीगोपीजनोंने उद्धवको दिखला दिया था कि श्रीकृष्ण गोपीजनोंके पास ही निरन्तर रहते हैं; क्योंकि वे स्वयं प्रेमी बनकर श्रीगोपीजनोंको प्रेमास्पद समझते हैं।

१८—प्रेमास्पद प्रेमीका ही बन जाता है। श्रीकृष्ण भी गोपिकाओंके ही बन गये। उन्होंने कहा है—गोपिकाओ! देवताओंकी-जैसी आयु धारण करके भी मैं तुम्हारा यह प्रेम-ऋण चुका नहीं सकता।

१९—प्रेमका ऋण चुकानेके लिये भगवान्‌के पास कुछ भी नहीं रहता, पर प्रेमी उन्हें ऋणी नहीं बनाता! उन्हें ऋणी मानकर उनसे कुछ चाहे, ऐसा प्रेमी कभी नहीं करता।

२०—जहाँ कुछ भी अपनी चाह है, वहाँ प्रेम नहीं है।

२१—प्रेमीका सुख इसीमें है कि उसका प्रेमास्पद सुखी रहे—'तत्सुखसुखित्वम्'।

२२—हमारे दुःखसे यदि प्रेमास्पद सुखी होता हो तो वह दुःख हमारे लिये सुख है—यह प्रेमीका हार्दिक भाव होता है। ऐसे दुःखको, ऐसी विपत्तिको वह परम सुख—परम सम्पत्ति मानता है। मानता ही नहीं, सर्वथा ऐसा ही अनुभव करता है।

२३—प्रेमका स्वभाव विचित्र है, इसमें त्याग-ही-त्याग—देना-ही-देना है।

२४—प्रेमी प्रेमास्पदको अखण्ड सुखी देखना चाहता है, उनको सुखी देखकर ही वह सुखी होता है। प्रेमीके सुखका आधार है—प्रेमास्पदका सुख। इसी भावका

जितना विकास इस जगत्में जहाँ कहीं भी होता है, वहाँ उतना ही पवित्र भाव होता है।

२५—भगवान् जिसे अपना प्रेम देते हैं, उसका सब कुछ हर लेते हैं। किसी भी वस्तुमें उसकी ममता नहीं रह जाती, समस्त ममता भगवान्में जुड़ जाती है और इसे लेकर वह एक ही बात चाहता है—कैसे मेरे प्रेमास्पद सुखी हों।

२६—भगवान् जब अपने-आपको किसीके हाथ बेच देना स्वीकार कर लेते हैं, तभी किसीको अपना प्रेम देते हैं।

२७—भगवान् प्रेमके साथ ही अपने-आपको भी दे डालते हैं। यह सौदा महँगा नहीं, बड़ा ही सस्ता है। हमारा सब कुछ जाय और बदलेमें भगवान् मिल जायँ, इसके समान कोई लाभ नहीं—यह परम लाभ है।

२८—बुद्धिमान् जन प्रेमके लिये मोक्षको भी भगवच्चरणोंमें समर्पित कर देते हैं।

२९—भगवान् मोक्ष देना चाहते हैं, पर प्रेमीजन उसे स्वीकार ही नहीं करते।

३०—जिसे प्रेम प्राप्त हो जाता है,उसके ऊपर और कोई बन्धन तो रहता ही नहीं। रहता है केवल एकमात्र प्रेमका बन्धन। भला, प्रेमी प्रेमके बन्धनसे कभी छूटना चाह सकता है ? यह बन्धन तो उसके परम सुखका आधार है। जो इस बन्धनसे मुक्त होना चाहता है, वह तो प्रेमी ही नहीं है।

३१—इस प्रेमके बन्धनमें जो आनन्द है, उसकी तुलना लाख मुक्तियोंसे भी नहीं हो सकती । प्रेमानन्द बड़ा ही विलक्षण आनन्द है। इसका एक कण प्राप्त करके ही मनुष्य निहाल हो जाता है।

३२—प्रेमका विकास और तुच्छ स्वार्थबुद्धिका नाश—दोनों साथ-साथ होते हैं।

३३—जबतक स्वार्थका त्याग नहीं है, तबतक भगवान्में प्रेम नहीं है।

३४—भगवान्में प्रेम त्यागसे होता है, त्यागसे पवित्रता आती है।

३५—जितना-जितना भोगोंसे प्रेम हटता जायगा, उतनी-उतनी पवित्रता आती जायगी।

****

३६—भगवत्प्रेमका प्रादुर्भाव होनेपर प्रेमकी बाहरी दशा दोमेंसे एक होती है—या तो जगत्से सर्वथा निवृत्ति हो जाती है या जगत्में प्रवृत्ति हो जाती है। पहली अवस्थामें वह उन्मत्तकी तरह प्रतीत होने लगता है, दूसरीमें सम्पूर्ण जगत्का भगवान्के रूपमें दर्शन करता हुआ सबकी सेवा करता है, सबकी पूजा करता है। दोनों ही अवस्थाओंमें जगत्के पहलेवाले रूपसे तो उसकी निवृत्ति ही रहती है, जगत्के पहलेवाले रूपको तो वह भूल ही जाता है।

३७—जहाँ देखता है, वहीं श्याम—एक तो यह अवस्था होती है। दूसरे प्रकारकी अवस्था यह है कि श्यामके सिवा और कुछ सुहाता ही नहीं। दोनों ही अवस्थाएँ पवित्रतम हैं, पर बाहरी लीलामें भेद होता है।

३८—कहीं तो श्यामसुन्दर नहीं दीखते और उनके लिये अभिसार होता है तथा कहीं यह भाव होता है—यहाँ भी वही, वहाँ भी वही—**'जित देखूँ तित स्याममई है।'** ये दोनों भाव वस्तुतः दो नहीं—एक ही भगवत्प्रेमकी दो अवस्थाएँ हैं।

३९—भगवत्प्रेममें एक बात तो निश्चय ही होगी कि प्रेमास्पद भगवान् और प्रेमीके बीचमें किसी दूसरेके लिये स्थान नहीं रहेगा।

४०—प्रेम दोमें नहीं होता। वह एकमें ही होता है और एक ही प्रेमास्पद सब जगहसे प्रेमीकी दृष्टिको छा लेता है। एक ही प्रेमास्पद सर्वत्र फैल जाता है।

४१—प्रेमका विकास होनेपर सर्वत्र भगवान् दीखते हैं।

४२—प्रेमास्पद भगवान्का रूप अनन्त होनेसे प्रेमीकी प्रेममयी अवस्था भी अनन्त है। प्रेमियोंकी न जाने क्या-क्या अवस्थाएँ होती हैं।

४३—प्रेम अखण्ड होता है।

४४—भगवान् प्रेम हैं और प्रेम ही भगवान् है।

४५—प्रेम भगवत्स्वरूप है, मन-वाणीका विषय नहीं। इसकी व्याख्या हो ही नहीं सकती। यह तो अनुभवकी वस्तु है।

४६—जहाँसे स्वार्थका त्याग होता है, वहींसे भगवत्प्रेमका आरम्भ होता है। स्वार्थ और प्रेम—दोनों एक साथ रह ही नहीं सकते।

४७—सांसारिक प्रेममें भी यह निश्चित है कि जहाँ त्याग नहीं है, वहाँ प्रेम

नहीं है। जहाँ प्रेम है, वहाँ त्याग होगा ही।

४८—जैसे-जैसे भगवान्के प्रति प्रेम बढ़ता जायगा, वैसे-वैसे स्वार्थका त्याग होता चला जायगा।

४९—जहाँ अपनी चाह है, परवाह है, त्यागकी तैयारी नहीं है, वहाँ प्रेम कहाँ?

५०—साधारण किसी मनुष्यसे प्रेम कीजिये; उसमें भी त्यागकी आवश्यकता होगी।

५१—माँका अपने बच्चेके लिये प्रेम रहता है। देखिये, वह बच्चेके लिये कितना त्याग करती है। इसी प्रकार गुरु-शिष्य, पति-पत्नी—जहाँ कहीं भी प्रेमका सम्बन्ध है, वहाँ त्याग है ही।

५२—प्रेम हुए बिना वास्तविक त्याग नहीं होता और त्यागके बिना प्रेम नहीं होता।

५३—सब प्रकारका सहन (तितिक्षा) प्रेममें होता है। प्रेम करना आरम्भ कर दें, फिर तितिक्षा तो अपने-आप आ जायगी। माँ बीमार है, पर बच्चा परदेशसे आ गया; माँ उठ खड़ी होगी, उस बीमारीकी अवस्थामें ही बच्चेके लिये भोजन बनाने लगेगी। यह तितिक्षा प्रेमकी ही उत्पन्न की हुई है।

५४—यह सत्य है कि प्रेमका वास्तविक और पूर्ण विकास भगवत्प्रेममें ही होता है; पर जहाँ कहीं भी इसका आंशिक विकास देखा जाता है, वहाँ-वहाँ ही त्याग साथ रहता है। गुरु गोविन्दसिंहके बच्चोंमें धर्मका प्रेम था, उन्होंने उसके लिये हँसते-हँसते प्राणोंकी बलि चढ़ा दी। सतीत्वमें प्रेम होनेके कारण अनेक आर्य-रमणियोंने प्राणोंकी आहुति दे दी।

५५—प्रेम होनेपर त्याग करना नहीं पड़ता, अपने-आप हो जाता है और उसीमें आनन्दकी उपलब्धि होती है।

५६—प्रेममें पवित्रता भी अपने-आप आ जाती है; क्योंकि छल, कपट, बेईमानी आदि स्वार्थमें ही रहते हैं और प्रेममें स्वार्थ रहता नहीं।

५७—जहाँ विशुद्ध प्रेम है, वहाँ मन विशुद्ध है ही।

५८—भगवान्के प्रति प्रेम बढ़ाइये, अपने-आप अन्तःकरण शुद्ध होगा।

५९—सच्चे प्रेममें पाप नहीं रह सकता। पाप होते हैं कामनाके कारण और प्रेममें कामना रहती नहीं। जब कामना ही नहीं, तब पाप कैसे रहें।

६०—प्रेम परम तपरूप है।

६१—जो दे नहीं सकता, वह प्रेमी नहीं। उत्सर्ग प्रेममें स्वभावसे ही रहता है।

६२—भगवत्प्रेम अन्तिम—चरम और परम पुरुषार्थ है।

६३—विषयोंका प्रेम प्रेम नहीं है।

६४—मोक्षका परित्याग विषयकामी भी करता है और भगवत्प्रेमी भी; परंतु दोनोंके त्यागमें महान् अन्तर है।

६५—विषयकामीको मोक्ष मिलता नहीं, पर भगवत्प्रेमीको त्याग देनेपर भी मोक्ष नित्य प्राप्त रहता है। वह जगत्के बन्धनसे नित्यमुक्त रहता है।

६६—भगवत्प्रेम अत्यन्त दुर्लभ होनेपर भी सहज ही प्राप्त हो सकता है, यदि कोई अनन्य उत्कण्ठाके साथ इसके लिये भगवान्पर निर्भर हो जाय।

६७—प्रेम प्राप्त करनेके लिये त्याग आवश्यक है। बिना त्यागके प्रेम नहीं मिलता।

६८—यदि हम सचमुच चाहें तो भगवान् कृपा करके अपने-आप त्याग करवा देते हैं। पर सच्ची बात यह है कि हम त्याग (जागतिक विषयोंके प्रेमका त्याग) करना नहीं चाहते।

६९—हम चाहते हैं हमें प्रेम मिल जाय, पर विषय छोड़ना चाहते नहीं। विषयोंमें सुखकी भ्रान्ति ही इसका कारण है।

७०—विषयासक्ति प्रेममें बड़ी बाधक है।

७१—वास्तविकरूपमें देखें तो समस्त वस्तुएँ भगवान्की हैं, इनपर उन्हींका अधिकार है। हमको तो मिथ्या ममत्व त्यागना है। वस्तुएँ भगवान्की होकर हमारे पास ही रहेंगी।

७२—जो विषय, जो पदार्थ अभी जलाते हैं, वे ही भगवान्के बना दिये जानेपर, उनमेंसे आसक्ति निकल जानेपर सुख देनेवाले हो जायँगे। उनमें ममता और आसक्ति ही हमें जलाती हैं।

७३—भगवत्प्रेम प्राप्त होनेपर मनुष्य जहाँ भी रहे, सुखी ही रहता है।

७४—प्रेमीका अपना कुछ रहता नहीं, सब भगवान्‌का हो जाता है। पुत्र, धन, प्रतिष्ठा ज्यों-के-त्यों रहते हैं, कहीं चले नहीं जाते; पर ममताका स्थान बदल जाता है। समस्त जगत्‌से ममता निकलकर एक स्थानमें—केवल भगवान्‌में जाकर ठहर जाती है।

७५—प्रेमीकी दृष्टिमें सब कुछ प्रेमास्पद ही हो जाता है, उसकी दृष्टि जहाँ जाती है, उसे प्रेमास्पद ही दीखते हैं।

७६—प्रेमीके लिये सदा-सर्वत्र आनन्द-ही-आनन्द है।

७७—जहाँ 'स्व' भगवान्‌में जाकर मिला कि प्रेमी बन गये।

७८—यह नियम है—जहाँ प्रेम रहता है, वहाँ सुख है ही तथा जहाँ द्वेष है, वहाँ दुःख रहेगा ही।

७९—प्रेमीके लिये वैरका स्थान, वैरका कोई पात्र रहता ही नहीं।

अब हौं कासों बैर करौं।

कहत, पुकारत प्रभु निज मुख ते, हौं घट-घट बिहरौं॥

उसके मनकी ऐसी दशा हो जाती है।

८०—प्रेमका उत्तरोत्तर विकास होना ही मनुष्यकी वास्तविक उन्नति है।

८१—आज जगत्‌में 'स्व' इतना संकुचित हो गया है कि प्रायः 'परिवार'का अर्थ किया जाता है हम और हमारी स्त्री। इससे ठीक विपरीत, भारतवर्षके ऋषियोंका सिद्धान्त तो अत्यन्त विशाल है—**'वसुधैव कुटुम्बकम्।'** स्वयं भगवान् **'सर्वभूतस्थमात्मानं सर्वभूतानि चात्मनि'** इस प्रकारका अनुभव करनेकी प्रेरणा करते हैं।

८२—भगवत्प्रेमके लिये साधना करनी चाहिये—जैसे भी हो, इसकी उपलब्धि करनी चाहिये।

८३—जिस दिन मनुष्य सब भूतोंमें भगवान्‌को तथा सब भूतोंको भगवान्‌में स्थित देख लेता है, फिर भय-संकोच सब नष्ट हो जाते हैं। उसके लिये केवल आनन्द-ही-आनन्द रह जाता है।

****

८४—प्रेमकी महिमा अद्भुत है। इतने बड़े भगवान् इतने छोटे हो जाते हैं कि बच्चोंमें आकर बच्चे बनकर खेलते हैं। एक बार खेल हो रहा था; खेलकी यह शर्त थी कि जो हारे, वह घोड़ा बने। भगवान् हारे तथा घोड़ा बने—

उवाह कृष्णो भगवान् श्रीदामानं पराजितः।
वृषभं भद्रसेनस्तु प्रलम्बो रोहिणीसुतम्॥

(श्रीमद्भा० १०। १८। २४)

८५—भगवान् प्रेमके वश होकर क्या नहीं करते—सब कुछ करते हैं।

८६—विश्वम्भर होकर भगवान् माँसे कहते हैं कि 'हमें भूख लगी है, दूध पिलाओ!' यह है प्रेमकी महिमा।

८७—जिस प्रेममें भगवान् मित्र, पुत्र, पति बनकर खेलने लग जाते हैं, उस प्रेमके सामने मोक्ष क्या वस्तु है?

८८—भगवत्प्रेम बहुत ऊँची वस्तु है, पर कम-से-कम इसकी प्राप्तिकी इच्छा तो होनी चाहिये। इच्छा होगी तो इसके लिये प्रयत्न भी होगा।

८९—भगवत्प्रेमकी बात सुनकर मनुष्य डरने लगता है कि कहीं सब कुछ चला न जाय। होता भी यही है, अपना प्रेमदान करनेके पहले भगवान् और सबसे प्रेम हटा देना चाहते हैं; इसीलिये लोग डर जाते हैं। एक गुजराती कविने कहा है—

प्रेम पंथ पावकनी ज्वाळा भाळी पाछा भागे जोने।
माँहि पड्या ते महारस माणे देखनारा दाझे जोने॥

—प्रेमका मार्ग धधकती हुई आगकी ज्वाला है, इसे देखकर ही लोग वापस भाग जाते हैं; परंतु जो उसमें कूद पड़ते हैं, वे महान् आनन्दका उपभोग करते हैं। देखनेवाले जलते हैं।

९०—वह प्रेम प्रेम नहीं है, जिसका आधार किसी इन्द्रियका विषय है।

९१—नियमोंके सारे बन्धनोंका अनायास आप-से-आप टूट जाना ही प्रेमका एकमात्र नियम है।

९२—जबतक नियम जान-बूझकर तोड़े जाते हैं, तबतक प्रेम नहीं है, कोई-न-कोई आसक्ति हमसे वैसा करवा रही है। प्रेममें नियम तोड़ने नहीं पड़ते,

****

परंतु उनका बन्धन आप-से-आप टूट जाता है।

९३—प्रेममें एक विलक्षण मत्तता होती है, जो नियमोंकी ओर देखना नहीं जानती।

९४—प्रेममें भी सुखकी खोज होती है; परंतु उसमें विशेषता यही है कि वहाँ प्रेमास्पदका सुख ही अपना सुख माना जाता है।

९५—प्रेमास्पदके सुखी होनेमें यदि प्रेमीको भयानक नरकयन्त्रणा भोगनी पड़े तो उसमें भी उसे सुख ही मिलता है; क्योंकि वह अपने अस्तित्वको प्रेमास्पदके अस्तित्वमें विलीन कर चुका है।

९६—अपना सुख चाहनेवाली तो वेश्या हुआ करती है, जिसके प्रेमका कोई मूल्य नहीं। पतिव्रता तो अपना सर्वस्व देकर भी पतिके सुखमें ही सुखी रहती है; क्योंकि वह वास्तवमें एक पतिके सिवा अन्य किसी पदार्थको 'अपना' नहीं जानती।

९७—प्रेमास्पद यदि प्रेमीके सामने ही उसकी सर्वथा अवज्ञा करके किसी नवीन आगन्तुकसे प्रेमालाप करे तो इससे प्रेमीको क्षोभ नहीं होता, उसे तो सुख ही होता है; क्योंकि उस समय उसके प्रेमास्पदको सुख हो रहा है।

९८—जो वियोग-वेदना, अपमान-अत्याचार और भय-भर्त्सना आदि सबको सहन करनेपर भी सुखी रह सकता है, वही प्रेमके पाठका अधिकारी है।

९९—प्रेम वाणीका विषय नहीं; जहाँ लोक-परलोकके अर्पणकी तैयारी होती है, वहीं प्रेमका दर्शन हो सकता है।

१००—प्रेमके दर्शन बड़े दुर्लभ हैं; सारा जीवन केवल प्रतीक्षामें बिताना पड़े, तब भी क्षोभ करनेका अधिकार नहीं।

१०१—प्रेम खिलौना नहीं है, परंतु धधकती हुई आग है। जो सब कुछ भुलाकर उसमें कूद पड़ता है, वही उसे पाकर कृतार्थ होता है।

१०२—प्रेमका आकार असीम है; जहाँ संकोच या सीमा है, वहाँ प्रेमको स्थान नहीं।

१०३—प्रेम प्रेमके लिये ही किया जाता है और इसकी साधनामें बिना विरामके नित्य नया उत्साह बढ़ता है।

****

१०४—प्रेम अनिर्वचनीय है, प्रेमका स्वरूप केवल प्रेमियोंकी हृदय-गुफाओंमें ही छिपा रहता है। जो बाहर आता है, वह तो उसका कृत्रिम स्वरूप होता है।

१०५—जिस प्रेममें भोग-सुखकी इच्छा है, संयमका अभाव है, कर्तव्यविमुख होकर केवल पास रहने या देखते रहनेकी ही चेष्टा है, थोड़ा भी मानसिक विकार है, स्वार्थ-साधनका प्रयास है और परस्पर पवित्रता बढ़ानेकी जगह इन्द्रिय-तृप्तिकी सुविधा खोजी जा रही है, वह प्रेम कदापि पवित्र नहीं हो सकता।

प्रेमका प्रधान स्वरूप है—निज-सुखकी इच्छाका सर्वथा त्याग। भोगप्रधान पाशविक इन्द्रिय-सुखका प्रयास तो पवित्र प्रेमके नामको कलङ्कित करनेवाला पाप है। प्रेम सदा देता ही रहता है, तनिक भी बदला नहीं चाहता। वस्तुतः जिस प्रेमके आधार भगवान् नहीं हैं, वह यथार्थ प्रेम नहीं है। प्रेम सदा स्वार्थशून्य है, इन्द्रियविकाररहित पवित्र है, भोगेच्छाके लिये उसमें स्थान नहीं। आजके मनुष्यने तो मोहको ही प्रेमका नाम दे रखा है और इसीका फल है महान् मानसिक अशान्ति और दारुण दुःखभोग।

१०६—बाहरी ज्ञान बना रहनेकी स्थितिमें प्रेमी भक्त अपने प्रियतमके प्रति अनन्य भाव रखता हुआ उसके प्रतिकूल कार्योंसे सर्वथा उदासीन रहता है। प्रेमी भक्तके द्वारा होनेवाली प्रत्येक चेष्टा अपने प्रियतमके अनुकूल होती है और अनन्य भावसे उसीकी सेवाके लिये होती है। प्रतिकूल चेष्टा तो उसके द्वारा वैसे ही नहीं होती, जैसे सूर्यके द्वारा कहीं अँधेरा नहीं होता या अमृतके द्वारा मृत्यु नहीं हो सकती।

१०७—प्रेमके मार्गमें क्रियाका विरोध नहीं है, अपितु उसमें क्रिया और भी सुन्दर ढंगसे होती है। हमारी क्रियासे प्रेमास्पदको सुख पहुँचता है—इस भावसे तो क्रियामें और भी रस, माधुर्य, सौन्दर्य, उत्साह और भाव बढ़ जाता है।

१०८—अलग-अलग भावोंसे और अलग-अलग प्रयोजनोंसे हम बहुतों-से प्रेम करते हैं; किंतु अपने प्रति जो प्रेम होता है, उसमें प्रयोजनका अन्तर नहीं, भावका अन्तर नहीं। श्रीकृष्ण आत्माके आत्मा हैं। अतः उनमें जो प्रेम होता है, उसमें न तो स्वतन्त्र भाव है, न तो स्वतन्त्र प्रयोजन।

१०९—जो श्रीकृष्णसे प्रेम करते हैं, उनका जो जगत्से प्रेम होता है, वह

श्रीकृष्णको लेकर ही। यह नियम है—आत्मसम्बन्धशून्य प्रेम कहीं नहीं होता। श्रीकृष्ण आत्माके आत्मा हैं। अतएव जो श्रीकृष्णके प्रेमी हैं, वे यदि दूसरोंसे प्रेम करते हैं तो श्रीकृष्णको लेकर ही।

११०—जगत्‌में जितना प्रेम है, वह न चिरस्थायी है, न एक समान है और न एकमें है। पर भगवान्‌का प्रेम चिरस्थायी, एक समान तथा एकमें है। श्रीकृष्णमें जिसका एक बार प्रेम हो गया, वह एकमें हो गया, स्थायी हो गया तथा एक-सा हो गया। फिर वह श्रीकृष्णको छोड़कर अथवा अलग किसी प्रयोजनसे किसीसे प्रेम नहीं करता।

१११—भगवान्‌को प्राप्त करनेका सबसे सरल साधन है—तीव्र व्याकुलता। उनके लिये हमारे प्राण जितना ही अधिक करुण-क्रन्दन करेंगे, उतना ही वे हमारे समीप आयेंगे।

११२—हमारा काम है, एकमात्र कर्तव्य है—व्याकुल हृदयसे नित्य उनका स्मरण करना, उन्हें पुकारना।

११३—सचमुच जिनका मन श्रीकृष्णको प्राप्त करनेके लिये व्यग्र हो जाता है, जो श्रीकृष्णको पानेके लिये पागल हो जाते हैं और उनकी ओर दौड़ पड़ते हैं, जिनमें श्रीकृष्णप्राप्तिकी लालसा आत्यन्तिक रूपसे जाग्रत् हो जाती है, वे पथ-अपथ क्या देखते हैं? वे कब हिसाब लगाते हैं कि इस रास्तेमें कितना क्लेश है? उनको कौन रोक सकता है? उनकी उद्दामगतिमें कौन बाधक हो सकता है? उनको कोई दुःख रोक नहीं सकता। दुःख उनके ध्यानमें आता ही नहीं; स्त्री-पुत्र, धन-मान, कीर्ति आदिकी लालसा उनको मोहित नहीं कर सकती। हजारों, लाखों दुःखोंको भी वे दुःख नहीं मानते।

११४—प्रेम होना चाहिये; जिस वस्तुमें प्रेम होता है, उसके सेवनमें नींद नहीं आती, जी नहीं ऊबता। ××× भगवान्‌की सेवाका समय उपस्थित होनेपर प्रेमीके सामने जितने भी प्रतिबन्ध हों, वे अपने-आप हट जाते हैं।

११५—अन्यान्य साधनोंद्वारा भगवान् अन्यान्य रूपोंमें प्राप्त होते हैं, परंतु प्रेमके द्वारा तो वे 'प्रियतम' रूपमें मिलते हैं। यह प्रेम ही चरम या पञ्चम पुरुषार्थ है,

जिसमें मोक्षका भी संन्यास हो जाता है। यही जीवनका परम फल है।

११६—माधुर्य-भावके उपासकको लौकिक विषय-सुख और सुविधाओंसे परम विरक्त होकर ही प्रिया-प्रियतमके चरणोंमें परम अनुरक्त होना चाहिये। उनके विरहमें रोना, उन्हींको आर्तभावसे पुकारना उनकी प्राप्तिका सर्वोत्तम उपाय है। अपना जीवन, अपना सर्वस्व उनपर निछावर करके उन्हींका होकर रहना और उन्हींके लिये जीवन धारण करना चाहिये।

——::×::——

प्रेम-एकादशी

अति निर्मल, अति ही मधुर, दिब्य सुधा रस धाम।
भोग कामना बासना रागरहित अभिराम॥
निज सुख इच्छा तें रहित, बिरत भोग संसार।
मन-इंद्रिनके मिटत सब बिषय-भोग-ब्यापार॥
अति बिरक्त मन भोग तें, मुक्ति-कामना-हीन।
चित्त-बुद्धि सब ह्वै रहैं प्रियतम-प्रेम-बिलीन॥
रहत न रंचकहूँ तहाँ अघजुत कर्म-बिचार।
प्रगटत पावन प्रेम जहँ परम सुद्ध अबिकार॥
चिंता-भय-माया-रहित, सहित सांतिमय त्याग।
अनु-अनु मैं छायौ रहत नित बिसुद्ध अनुराग॥
कामासक्ति-बिहीन सब पावन भाव-सुकर्म।
केवल प्रियतम-सुख अमल एक प्रेम कौ धर्म॥
प्रभु-महत्त्व, सेवा परम प्रभुके मनकी बात।
जानि तत्त्वतः रहत प्रिय-सेवा-रत दिन-रात॥
प्रियतम प्रभु कौ प्रेम ही जहँ जीवन कौ रूप।

प्रियतम के गुन बिसद तहँ प्रगटित रहैं अनूप॥
बढ़त, घटत, बदलत सतत, होत जगत कौ अंत।
बढ़त रहत पै त्यागमय पल-पल प्रेम अनंत॥
कलुष-रहित, उज्ज्वल, अकल, अनुपम, परम अमान।
प्रेमरूप हरि ही स्वयं, प्रेम स्वयं भगवान॥
सोइ प्रेम नित मूर्त ह्वै बन्यो राधिका-रूप।
बिलसत संतत स्याम सँग, प्रगटत सुधा अनूप॥

——::×::——

प्रेमका नेम

प्रेम कौ एक मधुर यह नेम।
जो प्रिय के मन भावै, सोई धर्म, जोग अरु छेम॥
जो नित प्रेम-सुधा-रस-पूरित, भूल्यौ सब संसार।
निज बिस्मृति सौं भए धर्म बिस्मृत, कछु रही न सार॥
धर्मी बिना धर्म कहँ कैसैं रहै पृथक रखि टेक।
घुल-मिल भयौ नित्य प्रियतम के मन सौं प्रेमी एक॥
नहीं कामना, तृष्ना, आसा, नहिं निज-पर कौ भाव।
एकमात्र प्रियतम कर की पुतरी, यह सहज सुभाव॥
नहीं नैक निज दुख-सुख की सुधि, नहीं राग नहिं रोष।
नहीं अहित-हित की चिंता कछु, नहिं बिराग लखि दोष॥
सर्व-त्याग अति सहज, नहीं कछु मद-ममता-अभिमान।
तन-मन प्रान-बुद्धि सब प्रियतम, जीवन-मरन समान॥
बिधि-निषेध कौ नहिं बिबेक कछु, नहीं बोध आचार।
प्यारौ जो करवावै सोई करै, न अन्य बिचार॥

——::×::——

श्रीगोपाङ्गना

वन्दना

बंदौं गोपी-जन-हृदय, जो हरि राखे गोय।
पलकहुँ नहिं निकसत कबहुँ, मानि परम सुख सोय॥
बंदौं गोपी-मन सरस, मिल्यौ जो हरि-मन जाय।
हरि-मन गोपी मन बन्यौ करत नित्य मनभाय॥
बंदौं गोपी-राग सुचि, जाके बस हरि होय।
नित्य रिनी बनि परम सुख लहत, ईसता खोय॥
बंदौं गोपी-नेह, जो हरि-पद-रज कौं सेय।
भगवत-रूप प्रकास तैं बिनसै सब रज हेय॥
बंदौं गोपी-भाव, जो नित प्रियतम-सुख हेतु।
बढ़त पलहिं पल भंग करि सब मरजादा-सेतु॥
बंदौं गोपी-व्रत परम स्व-सुख-बासना हीन।
सती परम, जिन मन सतत रहत सुसेवा लीन॥
बंदौं गोपी-प्रनय, जो हरि आकरषत सत्य।
आकरषत जो ध्यान मैं बरबस मुनि-मन नित्य॥
बंदौं गोपी-नाम, जे हरि मुरली महँ टेर।
सुख पावत हरि स्वयं करि कीर्तन बेरहिं बेर॥
बंदौं गोपी-रूप, जो हरि-दृग रह्यौ समाय।
निकसत नैकु न नयन तैं छिन-छिन अधिक लुभाय॥

——::×::——

मोक्ष-संन्यासिनी गोपियाँ

काम्योपासनयार्थयन्त्यनुदिनं किंचित्फलं स्वेप्सितं
केचित् स्वर्गमथापवर्गमपरे योगादियज्ञादिभिः।
अस्माकं यदुनन्दनाङ्घ्रियुगलध्यानावधानार्थिनां
किं लोकेन दमेन किं नृपतिना स्वर्गापवर्गैश्च किम्॥

—श्रीशंकराचार्य

'कुछ लोग प्रतिदिन सकामोपासना करके मनोवाञ्छित फल चाहते हैं, दूसरे कुछ लोग यज्ञादिके द्वारा स्वर्गकी तथा (कर्म और ज्ञान-) योग आदिके द्वारा मुक्तिकी प्रार्थना करते हैं; परंतु हमें तो यदुनन्दन श्रीकृष्णके चरणयुगलोंके ध्यानमें ही सावधानीके साथ लगे रहनेकी इच्छा है। हमें उत्तम लोकसे, दमसे, राजासे, स्वर्गसे और मोक्षसे क्या प्रयोजन है?'

सच्चिदानन्दघन परमात्मा भगवान् श्रीकृष्णकी वृन्दावनलीला अति मधुर है, आकर्षक है, अद्भुत है और अनिर्वचनीय है। वहाँ सभी कुछ विचित्र है, चराचर सभी प्राणी श्रीकृष्णप्रेममें निमग्न हैं, उनमें भी गोपियोंका प्रेम तो सर्वथा अलौकिक और अचिन्त्य है। वहाँ वाणीकी गति ही नहीं है, मन भी उस प्रेमकी कल्पना नहीं कर सकता। करे भी कैसे, उसकी वहाँतक पहुँच ही नहीं है। मनुष्य प्रेमकी कितनी ही ऊँची-से-ऊँची कल्पना क्यों न करे, वह उस कल्पनातीत भगवत्-प्रेमके एक कणके बराबर भी नहीं है। उस गुणातीत अप्राकृत 'केवल प्रेम' की कल्पना गुणोंसे निर्मित प्राकृत मन कर ही कैसे सकता है। इस अवस्थामें सच्चिदानन्दघन भगवान् श्रीकृष्णका सच्चिदानन्दमयी गोपिका-नामधारिणी अपनी ही छायामूर्तियोंसे जो दिव्य अप्राकृत प्रेम था, उसका वर्णन कौन कर सकता है। अबतक जितना वर्णन हुआ है, वह प्रायः अपनी-अपनी विभिन्न भावनाओंके अनुसार ही हुआ है। इस प्रेमका असली स्वरूप तो यत्किचित् उसीकी समझमें आ सकता है, जिसको प्रेमघन श्रीकृष्ण समझाना चाहते हैं, पर जो उसे समझ लेता है, वह तत्क्षण गोपी बन जाता है, इसलिये वह फिर उसका वर्णन कर नहीं सकता। वास्तवमें वह वर्णनकी वस्तु भी नहीं है। वे दोनों एक-दूसरेका रहस्य समझते हैं और मनमानी लीला करते हैं। गोपियोंके प्राण और श्रीकृष्णमें तथा श्रीकृष्णके प्राण और गोपियोंमें कोई अन्तर नहीं रह जाता—वे परस्पर अपने-आप ही अपनी छायाको देखकर विमुग्ध होते हैं और सबको मोहित करते हैं। श्रीकृष्ण और गोपी दो स्वरूपोंमें वस्तुतः एक ही तत्त्व हैं। कवि कहता है—

कान्ह भए प्रानमय प्रान भए कान्हमय,
हिय मैं न जानि परै कान्ह है कि प्रान है॥

भगवान् अपने इस तरहके भक्तके लिये कहते हैं कि वह तो मेरा आत्मा ही

****

है—'**आत्मैव मे मतम्।**' आत्मा क्या है, वह उससे भी अधिक प्यारा है—

न तथा मे प्रियतम आत्मयोनिर्न शंकरः।
न च संकर्षणो न श्रीर्नैवात्मा च यथा भवान्॥

(श्रीमद्भा० ११। १४। १५)

'उद्धव ! मुझे ब्रह्मा, शंकर, संकर्षण, लक्ष्मी एवं अपना आत्मा भी उतने प्रिय नहीं हैं, जितने तुम-जैसे भक्त प्रिय हैं (क्योंकि मेरा ऐसा भक्त मुझमें ही संतुष्ट है। उसे मेरे सिवा और कुछ भी नहीं चाहिये)।'

न पारमेष्ठ्यं न महेन्द्रधिष्ण्यं
न सार्वभौमं न रसाधिपत्यम्।
न योगसिद्धीरपुनर्भवं वा
मय्यर्पितात्मेच्छति मद्विनान्यत्॥
निरपेक्षं मुनिं शान्तं निर्वैरं समदर्शनम्।
अनुव्रजाम्यहं नित्यं पूयेयेत्यङ्घ्रिरेणुभिः॥

(श्रीमद्भा० ११। १४। १४, १६)

'इस प्रकारका मेरा प्रिय भक्त अपने आत्माको मुझमें अर्पित कर देता है; वह मुझको छोड़कर ब्रह्माके पद, इन्द्रके पद, चक्रवर्तीके पद, पाताल आदिके राज्य और योगकी सिद्धियों आदिकी तो बात ही क्या है, मोक्ष भी नहीं चाहता। (ऐसे मोक्ष-संन्यासी भक्तोंको जो सुख मिलता है, उसे वे ही जानते हैं) ऐसे इच्छारहित, मद्गतचित्त, शान्त, निर्वैर और समदर्शी भक्तोंकी चरण-रजसे अपनेको पवित्र करनेके लिये मैं सदा उनके पीछे-पीछे घूमा करता हूँ।'

यहाँ यह स्मरण रखना चाहिये कि उद्धवजीको यह दुर्लभ पद गोपियोंका शिष्यत्व ग्रहण करनेके बाद ही मिला था। जब उद्धवको भगवान् ऐसा कहते हैं, तब गोपियोंका तो कहना ही क्या। श्रीकृष्ण और गोपियोंके सम्बन्धमें जो कुछ भी ऊँची-से-ऊँची स्थिति अनुभवमें आती है, वही आगे चलकर बहुत नीची प्रतीत होने लगती है।

जो भगवद्गीता आज संसारका सर्वमान्य ग्रन्थ है, भगवान्‌की दिव्य वाणीमें

परमोपयोगी उपदेश होनेके कारण जो सबका पूज्य है, उसमें जो कुछ करनेके लिये कहा गया है, गोपियोंके जीवनमें वे सब बातें स्वाभाविक वर्तमान थीं।

भगवान्ने श्रीमद्भगवद्गीतामें प्रिय सखा भक्त अर्जुनको जो परम रहस्यमय सार उपदेश दिया है, वह इस प्रकार है—

'जो सर्वत्र मुझको व्यापक देखता है और सबको मुझमें देखता है, उससे मैं कभी अदृश्य नहीं होता और वह मुझसे कभी अदृश्य नहीं होता।' (गीता ६।३०) '(मेरे) दृढ़निश्चयी भक्त निरन्तर मेरे नाम-गुणका कीर्तन करते हुए, मेरे ही लिये चेष्टा करते हुए तथा बारंबार मुझको ही प्रणाम करते हुए, नित्य मुझमें मन लगाकर अनन्य भक्तिसे मेरी उपासना करते हैं।' (गीता ९।१४) 'वे निरन्तर मुझमें मन लगानेवाले तथा मुझमें ही प्राणोंको अर्पण करनेवाले मेरे भक्त परस्पर मेरी ही चर्चा करते हैं, मेरी ही लीला गा-गाकर संतुष्ट होते हैं और मुझमें ही रमण करते हैं; इस प्रकार प्रेमपूर्वक नित्ययुक्त होकर मुझे भजनेवाले भक्तोंके साथ अपनी ईश्वरीय बुद्धिका योग मैं करा देता हूँ, जिससे वे मुझको ही प्राप्त होते हैं।' (गीता १०।९-१०)

इसके बाद गीताका परम तत्त्व, परम गोप्य रहस्य बतलाते हुए भगवान्ने अर्जुनसे कहा था—

मन्मना भव मद्भक्तो मद्याजी मां नमस्कुरु।
मामेवैष्यसि सत्यं ते प्रतिजाने प्रियोऽसि मे॥
सर्वधर्मान् परित्यज्य मामेकं शरणं व्रज।
अहं त्वा सर्वपापेभ्यो मोक्षयिष्यामि मा शुचः॥

(गीता १८।६५-६६)

'तू केवल मुझमें ही मन अर्पण कर दे, मेरा ही भक्त हो, मेरी ही पूजा कर, मुझको ही नमस्कार कर; फिर तू मुझको ही प्राप्त होगा, यह मैं तुझे सत्य प्रतिज्ञा करके कहता हूँ; क्योंकि तू मेरा अति प्रिय सखा है। सब धर्मोंको छोड़कर तू केवल एक मेरे ही शरण हो जा, मैं तुझे सब पापोंसे छुड़ा दूँगा, तू चिन्ता न कर।'

गोपियोंके आचरणोंमें ये सारी बातें ओतप्रोत ही नहीं, बल्कि बढ़ी हुई थीं। कारण, उपदेशमें उतनी बातें आ ही नहीं सकतीं, जितनी आचरणमें आती हैं। फिर

अर्जुनको तो ऐसा बननेके लिये उपदेश दिया जा रहा था, जब कि गोपियाँ भगवान्‌की बनी-बनायी भक्त थीं। भगवान्‌ने स्वयं अपने श्रीमुखसे उनकी बड़ाई करते हुए कहा है—

निजाङ्गमपि या गोप्यो ममेति समुपासते।
ताभ्यः परं न मे पार्थ निगूढप्रेमभाजनम्॥
सहाया गुरवः शिष्या भुजिष्या बान्धवाः स्त्रियः।
सत्यं वदामि ते पार्थ गोप्यः किं मे भवन्ति न॥
मन्माहात्म्यं मत्सपर्यां मच्छ्रद्धां मन्मनोगतम्।
जानन्ति गोपिकाः पार्थ नान्ये जानन्ति तत्त्वतः॥

'हे अर्जुन! गोपियाँ अपने अङ्गोंकी सम्हाल इसलिये करती हैं कि उनसे मेरी सेवा होती है; गोपियोंको छोड़कर मेरा निगूढ़ प्रेमपात्र और कोई नहीं है। वे मेरी सहायिका हैं, गुरु हैं, शिष्या हैं, दासी हैं, बन्धु हैं, प्रेयसी हैं—कुछ भी कहो, सभी हैं! मैं सच कहता हूँ कि गोपियाँ मेरी क्या नहीं हैं! हे पार्थ! मेरा माहात्म्य, मेरी पूजा, मेरी श्रद्धा और मेरे मनोरथको तत्त्वसे केवल गोपियाँ ही जानती हैं और कोई नहीं जानता!'

गोपियोंके मनमें इस लोक और परलोकके किसी भी भोगकी कामना नहीं थी, इन्द्रियका कोई विषय उनके मनको आकर्षित नहीं कर सकता था; उन्होंने अपने मनोंको श्रीकृष्णके मनमें और अपने प्राणोंको श्रीकृष्णके प्राणोंमें विलीन कर दिया था। वे इसीलिये जीवन धारण करती थीं कि श्रीकृष्ण वैसा चाहते थे। उनका जीवन-मरण, लोक-परलोक—सब श्रीकृष्णकी इच्छाके अधीन था; उन्होंने अपनी सारी इच्छाओंको श्रीकृष्णकी इच्छामें मिला दिया था। भगवान् श्रीकृष्णने एक दिन एकान्तमें प्यारे उद्धवजीसे कहा—

ता मन्मनस्का मत्प्राणा मदर्थे त्यक्तदैहिकाः।
ये त्यक्तलोकधर्माश्च मदर्थे तान् बिभर्म्यहम्॥
मयि ताः प्रेयसां प्रेष्ठे दूरस्थे गोकुलस्त्रियः।
स्मरन्त्योऽङ्ग विमुह्यन्ति विरहौत्कण्ठ्यविह्वलाः॥
धारयन्त्यतिकृच्छ्रेण प्रायः प्राणान् कथंचन।
प्रत्यागमनसंदेशैर्बल्लव्यो मे मदात्मिकाः॥

(श्रीमद्भा० १०।४६।४—६)

'हे उद्धव ! गोपियोंने अपने मन और प्राण मेरे अर्पण कर दिये हैं, मेरे लिये अपने सारे शारीरिक सम्बन्धियोंको और लोकसुखके साधनोंको त्यागकर वे मुझमें ही अनुरक्त हो रही हैं, मैं ही उनके सुख और जीवनका कारण हूँ। गोकुलकी उन स्त्रियोंको मैं प्रिय-से-प्रिय हूँ, मेरे दूर रहनेके कारण वे मेरा स्मरण करती हुई मेरे विरहमें अत्यन्त ही विह्वल और विमोहित हो रही हैं। मेरे शीघ्र गोकुल लौटनेके संदेशके भरोसे ही अपने आत्माको मुझमें समर्पण कर देनेवाली वे गोपियाँ बड़ी कठिनतासे किसी प्रकार जीवन धारण कर रही हैं।'

गोपियोंका हृदय श्रीकृष्णमय हो गया था; वे खाते-पीते, सोते-जागते, चलते-फिरते, घरका काम-काज करते—सब समय एक श्रीकृष्णको ही देखती और उन्हींके गुणोंका स्मरण कर-करके आँसू बहाया करती थीं। भागवतमें कहा गया है—

या दोहनेऽवहनने मथनोपलेप-
प्रेङ्खेङ्खनार्भरुदितोक्षणमार्जनादौ ।
गायन्ति चैनमनुरक्तधियोऽश्रुकण्ठ्यो
धन्या व्रजस्त्रिय उरुक्रमचित्तयानाः ॥

(१०।४४।१५)

'जो गोपियाँ गौओंका दूध दुहते समय, धान आदि कूटते समय, दही बिलोते समय, आँगन लीपते समय, बालकोंको झुलाते समय, रोते हुए बच्चोंको लोरी देते समय, घरोंमें पानी छिड़कते और झाड़ू देते समय प्रेमपूर्ण चित्तसे आँखोंमें आँसू भरकर गद्‌गद वाणीसे श्रीकृष्णका गान किया करती हैं, उन श्रीकृष्णमें चित्त निवेशित करनेवाली गोपरमणियोंको धन्य है।'

यह गोपी-प्रेम बड़ा ही पवित्र है, इसमें अपना सर्वस्व प्रियतमके चरणोंमें न्योछावर कर देना पड़ता है। मोक्षकी इच्छा और नरकका भय—दोनोंसे ही मुख मोड़ लेना पड़ता है। प्रियतम श्रीकृष्णका प्रिय कार्य करना ही जीवनका एकमात्र उद्देश्य बन जाता है। दूसरेके द्वारा मुझे सुख मिले, मेरी इन्द्रियोंकी और मनकी तृप्ति हो—इसका नाम 'काम' है, चाहे वह भाव भगवान्‌के प्रति ही क्यों न हो। और मेरे

द्वारा मेरा प्रियतम सुखी हो, इसीमें मैं सुखी होऊँ—इसका नाम 'प्रेम' है। काम भोगके लिये, प्रेम परमात्माके लिये हुआ करता है। विषयानुराग ही काम है और भगवदनुराग ही प्रेम है। यह प्रेम बढ़ते-बढ़ते जब प्रेमीको प्रेमास्पद भगवान्‌का प्रतिबिम्ब बना देता है, तभी प्रेम पूर्णताके समीप पहुँचता है।

प्रेमीको तो प्रेमास्पद भगवान्‌के इङ्गितानुसार लोकधर्म, वेदधर्म, देहधर्म और सारे कर्म तथा लज्जा, धैर्य, शरीर-सुख, आत्मसुख आदि सबका त्याग कर देना पड़ता है। जो लोग कहते हैं कि श्रीकृष्णप्रेममें त्याग और वैराग्यकी आवश्यकता नहीं, वे बहुत ही भूलते हैं। श्रीकृष्णप्रेमकी प्राप्तिका आधार तो श्रीकृष्णार्थ सर्वस्वत्याग ही है, तभी श्रीकृष्णरूप परमशान्ति प्राप्त होती है—'**त्यागाच्छान्तिरनन्तरम्।**' (गीता १२।१२)

जबतक विषयोंमें मन रहता है, तबतक तो भगवान्‌का प्रेमपूर्वक निरन्तर चिन्तन ही नहीं हो सकता; फिर समर्पणकी तो बात ही क्या। भ्रमवश ही लोग विषयासक्त चित्तसे विषयोंका सेवन करते हुए अपनेको भगवान्‌का प्रेमी और गोपीप्रेमके कहने-सुनने और तदनुसार आचरण करनेका अधिकारी मान बैठते हैं; इसीसे उनका पतन होता है।

श्रीकृष्ण-सुखके लिये शुद्ध अनुराग करना ही पवित्र गोपीभाव है। ऊपर कहा गया है कि श्रीकृष्णप्रेमी नरकके भयकी भी परवा न करके प्रियतम भगवान्‌का प्रिय कार्य करता है। इससे कोई यह न समझे कि 'वह ऐसा दुष्कर्म भी करता है, जिससे उसको नरकका भागी होना पड़े।' बात यह है कि वह मोक्ष-भोग या स्वर्ग-नरककी बातको स्मरण ही नहीं करता, वह तो श्रीकृष्णगतचित्त रहता है। उसके मन, प्राण और बुद्धि तो श्रीकृष्णमें तल्लीन हो जाते हैं। ऐसे भक्तसे किसी भी दुष्कर्मकी सम्भावना ही कैसे हो सकती है। श्रीभगवान्‌से पाप या दुष्कर्म हों तो उससे भी हों; क्योंकि उसने तो सारी विषयासक्तिको छोड़कर अपने मनको भगवान्‌का मन बना दिया है। इस दशामें भगवान्‌के मनमें आसक्तिवश पापका भाव आये तो उसके भी आये। भगवान्‌के द्वारा पाप-पुण्य होते नहीं, इसलिये भक्त भी पाप-पुण्यसे अलग ही रहता है।

अमृत चाहे विषका काम कर दे, शीतल जल चाहे जगत्‌को भस्म कर दे, परंतु श्रीकृष्णप्रेमी भक्तसे दुष्ट कर्म कदापि नहीं हो सकता। अतएव गोपियोंके कार्योंमें पाप देखना हमारे चित्तकी पापमयी वृत्तिका ही फल है। थोड़ी दूरपर बातें करते हुए जवान बहिन-भाईकी निर्दोष हँसी और बातचीतमें भी कामीको कामके दर्शन होते हैं। इसी प्रकार हम भी गोपी-प्रेममें काम देखते हैं। वास्तवमें वहाँ तो काम था ही नहीं, गोपीप्रेमके सच्चे अनुयायियोंमें भी काम-गन्धका नाश हो जाता है। श्रीचैतन्यमहाप्रभु इसके प्रत्यक्ष उदाहरण हैं। वहाँ तो केवल कृष्ण-ही-कृष्ण रह जाते हैं। उनके मन या नेत्रोंके सामने दूसरी चीज न तो ठहरती है और न आती ही है! उन्हें त्रिभुवन श्याममय दीखता है। उनकी सारी इन्द्रियाँ केवल श्रीकृष्णको ही विषय करती हैं।

भगवान्‌के आदेशसे उद्धवजी व्रजमें आकर गोपियोंको समझाने लगे। उन्होंने अनेक उपदेश दिये, परंतु गोपिकाओंके प्रेमको देखकर उनकी सारी ज्ञानगरिमा गल गयी। वे प्रेमके निर्मल प्रवाहमें बह गये।

गोपियोंने कहा—

स्याम तन स्याम मन, स्याम है हमारौ धन,
आठौ जाम ऊधौ ! हमैं स्याम ही सौं काम है।
स्याम हिए, स्याम जिए, स्याम बिनु नाहिं तिए,
आँधे की सी लाकरी अधार स्यामनाम है॥
स्याम गति, स्याम मति, स्याम ही है प्रानपति,
स्याम दुखदाई सौं भलाई सोभाधाम है।
ऊधौ ! तुम भए बौरे, पाती लैकैं आए दौरे,
जोग कहाँ राखैं, यहाँ रोम-रोम स्याम है॥

अरे, यहाँ तो श्यामके सिवा और कुछ है ही नहीं; सारा हृदय तो उससे भरा है, रोम-रोममें तो वह छाया है। सोते-बैठते कभी साथ तो छोड़ता ही नहीं; फिर बताओ, तुम्हारे ज्ञान और योगको रखें कहाँ?—

नाहिन रह्यौ हिय महँ ठौर।

नंदनंदन अछत कैसैं आनिए उर और ॥
चलत चितवत दिवस जागत सुपन सोवत रात।
हृदय ते वह स्याम मूरति छिन न इत-उत जात ॥
कहत कथा अनेक ऊधौ ! लोक-लाज दिखात।
कहा करौं तन प्रेम-पूरन, घट न सिंधु समात ॥

तुम्हीं बताओ, क्या किया जाय! वह तो हृदयमें गड़ गया है और रोम-रोममें ऐसा अड़ गया है कि किसी तरह निकल ही नहीं पाता; भीतर भी वही और बाहर भी सर्वत्र वही !

उर में माखनचोर गड़े।
अब कैसैं निकसैं वे ऊधौ, तिरछे आनि अड़े ॥

उद्धव चकित हो गये। सबसे अधिक आश्चर्य तो उन्हें तब हुआ, जब गोपी-कृपासे उन्होंने श्रीगोपीनाथको गोपियोंके बीच सर्वत्र अपनी आँखोंके सामने देखा।

महात्मा सूरदासजी कहते हैं—

सुनि गोपिन कौ प्रेम नेम ऊधौ कौ भूल्यौ।
गावत गुन गोपाल फिरत कुंजनि मैं फूल्यौ ॥
छिन गोपिन के पग परैं, धन्य तुम्हारौ नेम।
धाइ-धाइ द्रुम भेंटई ऊधौ छाके प्रेम ॥

उद्धवजीकी विचित्र दशा हो गयी! आये थे ज्ञान देकर उनका विरहानल बुझाने—गुरु बनकर उन्हें योगकी दीक्षा देने; पर अब तो चेला बनकर पुकार उठे—

उपदेसन आयौ हुतौ, मोहि भयौ उपदेस।

चेला बनते ही उन्होंने मथुराका राजवेष त्यागकर गोपी-पदपङ्कज-पराग गोपका वेष धारण कर लिया और उसी वेषमें वे भगवान्‌के पास पहुँचे। इस समय उन्हें यह होश नहीं था कि मैं यदुवंशी उद्धव हूँ; वे अपनेको गोपियोंके चरणोंका चाकर समझते थे, जगत्‌को भी इसी रूपमें देखते थे। अतएव भगवान् श्रीकृष्णको भी वे यदुनाथ कहना भूल गये और गोपीनाथके नामसे ही पुकारने लगे—

ऊधौ जदुपति पै चले, किऐं गोप को भेस॥
भूल्यौ जदुपति नाम, कह्यौ 'गोपाल गुसाँई!
एक बेर ब्रज जाहु, देहु गोपिनि दिखराई॥'

उद्धव कहने लगे—हे गोपाल, हे गोपीनाथ! एक बार चलो न व्रजको। उस प्रेमलोकको छोड़कर यहाँ इस रूखी-सूखी मथुरामें कहाँ आ बसे?

बृंदाबन सुख छाँड़ि कै, कहाँ बसे हौ आय?
गोबरधन-प्रभु जानि कै ऊधौ पकरे पाय॥
ऊधौ ब्रज कौ प्रेम नेम बरन्यौ सब आई।
उमग्यौ नैननि नीर, बात, कछु कही न जाई॥

उद्धव भगवान्‌के पैर पकड़कर फुफकार मारकर रोने लगे। भगवान् भी प्रेमविह्वल हो जमीनपर गिर पड़े और फिर अपने पीताम्बरसे आँसू पोंछते हुए बोले—'वाह, तुम तो खूब योग सिखाकर आये, उद्धव!'

सूर स्याम भूतल परे, नैन रहे जल छाइ।
पोंछि पीत पट सौं, कह्यौ—'भले आए जोग सिखाइ'॥

भगवान्‌ने कहा—'उद्धव! देखा तुमने गोपबालाओंका निर्मल, विशुद्ध, अहैतुक और अनन्य प्रेम! इसीलिये मैं उन्हें क्षणभर नहीं भूल सकता!' धन्य! इसी प्रसङ्गमें व्रज-रस-रसीले श्रीनन्ददासजी कहते हैं—

उद्धवजीने कहा—

करुनामई रसिकता है तुम्हरी सब झूठी।
तबही लौं कहौ लाख जबहि लौं बाँधी मूठी॥
मैं जान्यौं ब्रज जाय कैं निरदय तुम्हरौ रूप।
जे तुम कौं अवलंबहीं तिन कौं मेलौ कूप॥
कौन यह धर्म है?
पुनि-पुनि कहै, हे स्याम! जाय बृंदाबन रहियै!
प्रेम परम कौ पुंज जहाँ गोपी सँग लहियै॥

****

और संग सब छाड़ि कैं उन लोगन सुख देहु।
नातरु टूट्यौ जात है अबहीं नेह-सनेहु॥
करौगे तौ कहा ?

उद्धवजीके शब्द सुनकर भगवान्की क्या दशा हुई ? सुनिये श्रीनन्ददासजीके ही मुखारविन्दसे—

सुनत सखा के बैन नैन आए भरि दोऊ।
बिबस प्रेम-आवेस रही नाहिन सुधि कोऊ॥
रोम-रोम प्रति गोपिका ह्वै गइँ साँवर गात।
काम-तरोरुह साँवरो, ब्रजबनिता ही पात॥
उलहि अँग अंग ते।

फिर किसी तरह सचेत होकर भगवान्ने कहा—

ह्वै सुचेत कहि भलें सखा पठए सुधि लावन।
औगुन हमरे आनि तहाँ तैं लगे बतावन॥
उनमें मोमैं हे सखा! छिन भरि अंतर नाहिं।
ज्यौं देख्यौ मो माहिं वे, हौंहूँ उनही माहिं॥
तरंगनि बारि ज्यौं।

इसके बाद भगवान्ने अपना गोपीरूप दिखलाकर उद्धवका भ्रम दूर किया—

गोपी आप दिखाइ एक करि कै बनवारी।
ऊधौ के भरे नैन डारि ब्यामोहक जारी॥
अपनौ रूप बिहार कौ लीन्हौ बहुरि दुराय।
नंददास पावन भयौ, सो यह लीला गाय॥
प्रेम रस पुंजनी।

यह तो शब्दोंसे किया जा सकनेवाला वर्णन है। वास्तविक गोपी-प्रेम तो इससे बहुत ऊँचा है। कुछ महानुभावोंकी धारणा है कि गोपियोंका भगवान्के प्रति वही प्रेम था, जो कान्ता—स्त्रीका अपने स्वामीके प्रति होता है। कुछ सज्जन कहते हैं कि यह बात नहीं है; जैसा परकीया—परायी स्त्रीका प्रेम अपने जारके प्रति होता है, वैसा

प्रेम गोपियोंका था। मेरी समझसे ये दोनों ही उदाहरण गोपी-प्रेमके लिये पूरे लागू नहीं होते। यह सत्य है कि कान्ताभावमें शान्त, दास्य, सख्य, वात्सल्य—चारोंका समावेश हो जाता है। पतिव्रता स्त्री अपना नाम, गोत्र, जीवन, धन-धर्म सभी कुछ पतिके अर्पणकर प्रत्येक चेष्टा पतिके लिये ही करती है और पतिके सम्बन्धियोंकी सेवामें शान्तभाव, पतिकी सेवामें दास्यभाव, पतिके साथ परामर्श करनेमें सख्यभाव और भोजनादि करानेमें वात्सल्यभाव रखती है तथा अपना शरीर और मन सब भाँति निस्संकोचरूपसे पतिके अर्पण कर देती है; परंतु भगवान्‌के प्रति गोपियोंके समान केवल प्रेममूर्ति शुद्ध भागवत जीवोंका जो प्रेम होता है, वह तो कुछ विलक्षण ही होता है। ऐसे ही परकीयाका भाव भी सर्वाङ्गपूर्ण नहीं है। परकीयाके प्रेमकी इतनी ही बात उदाहरणस्वरूपमें ली जा सकती है कि जैसे परकीयाकी चित्तवृत्ति घरका काम-काज करते हुए भी आठों पहर जारमें लगी रहती है, उसी प्रकार भक्तोंकी भी भगवान्‌में लगी रहती है; परंतु परकीयाके मनमें तो अङ्ग-सङ्गरूप कामवासना रहती है, गोपियोंमें कामवासनाका लेश भी नहीं था। परकीयाका प्रेमास्पद जार होता है। भगवान् परमात्मामें जारभाव कभी नहीं हो सकता। परमात्मा सर्वथा शुद्ध और निर्विकार हैं; इसलिये यही कहा जाता है कि गोपी-प्रेममें दिव्य परकीया भाव है, जो परम विशुद्ध, सर्वथा अनन्य तो है ही, वरं इससे भी परे उस कोटिका है, जहाँतक हमारी कल्पना पहुँचती ही नहीं। इसीसे वह अनिर्वचनीय और अचिन्त्य है।

गोपी-प्रेम विलक्षण है। उसमें 'शृङ्गार' है, पर 'राग' नहीं है; 'भोग' है, पर 'लौकिक अङ्गसंयोग' नहीं है; 'आसक्ति' है, पर 'अज्ञान' नहीं है; 'वियोग' है, पर 'विछोह' नहीं है; 'क्रन्दन' है; पर 'दुःख' नहीं है; 'विरह' है, पर 'वेदना' नहीं है; 'सेवा' है, पर 'अभिमान' नहीं है; 'मान' है, पर 'धैर्य' नहीं है; 'त्याग' है, पर 'संन्यास' नहीं है; 'प्रलाप' है, पर 'बेहोशी' नहीं है; 'ममता' है, पर 'मोह' नहीं है; 'अनुराग' है, पर 'कामना' नहीं है; 'तृप्ति' है, पर 'अनिच्छा' नहीं है; 'सुख' है, पर 'स्पृहा' नहीं है, 'देह' है, पर 'अहं' नहीं है; 'जगत्' है, पर 'माया' नहीं है, 'ज्ञान' है; पर 'ज्ञानी' नहीं है, 'ब्रह्म' है, पर 'निर्गुण' नहीं है; 'मुक्ति' है, पर 'लय' नहीं है।

भगवान् श्रीकृष्ण और गोपियोंकी यह परम भावकी रासलीला नित्य है, प्रत्येक

युगमें है, आज भी होती है; प्रत्येक युगके अधिकारी संतोंने इसे देखा है, अब भी अधिकारी देखते हैं, देख सकते हैं।

यदि इस प्रकारके प्रेमकी तनिक भी झाँकी देखकर धन्य होना चाहते हो, यदि इस अचिन्त्य प्रेमार्णवका कोई एक बिन्दु प्राप्त करना चाहते हो तो भोग और मोक्षकी अभिलाषाको छोड़ दो, श्रीकृष्णमें अपना चित्त जोड़ दो; प्राण खोलकर रोओ, उनके नाम और रूपपर आसक्त हो जाओ। बेच डालो अपना सब कुछ उनके एक रूपबिन्दुके लिये, सर्वस्व निछावर कर दो उनके चरणोंपर; लगा दो अपना तन, मन, धन उनकी सेवामें; सदाके लिये अपना सम्पूर्ण आत्मसमर्पण कर दो।

तुम पुरुष हो या स्त्री, ब्राह्मण हो या चाण्डाल, पुण्यात्मा हो या पापी—जो कुछ भी हो, दृढ़ताके साथ भगवान् श्रीकृष्णके निज-जन बननेकी प्रतिज्ञा कर लो। सारे जीवोंमें श्रीकृष्णके दर्शन करो; सुख-दुःख, सम्पत्ति-विपत्ति और जीवन-मरण—सभीमें उस प्रेमास्पदको पहचानकर आनन्दानुभव करो। दिल खोलकर मुक्तकण्ठसे श्रीकृष्णनामका संकीर्तन करो, श्रीकृष्णके लिये सच्चे हृदयसे हृदयविदीर्णकारी क्रन्दन करो, सब जगह श्रीकृष्ण रसिकशेखरकी त्रिभङ्ग माधुरी देखो। उनकी कृपा होगी और तुम्हें प्रेम मिलेगा, तुम कृतार्थ हो जाओगे। सबको कृतार्थ कर दोगे! यह निश्चय रखो!

जदपि जसोदा नंद अरु ग्वालबाल सब धन्य।
पै या जग मैं प्रेम कौं गोपी भईं अनन्य॥

—रसखानिजी

——::×::——

गोपी-प्रेम

कहा 'रसखान' सुख-संपति सुमार महँ,
कहा महाजोगी ह्वै लगाएँ अंग छार कौं।
कहा साधैं पंचानल, कहा सोएँ बीच जल,
कहा जीत लीन्हें राज सिंधु वारापार कौं॥
जप बार-बार, तप-संजम, अपार ब्रत,
तीरथ हजार अरे! बूझत लबार को?
सोई है गँवार, जिहिं किन्हौ नाहिं प्यार, नाहिं
सेयौ दरबार यार नंद के कुमार कौ॥
कंचन के मंदिरन दीठि ठहरात नायँ,
सदा दीपमाल लाल रतन उजारे सौं।
और प्रभुताई सब कहाँ लौं बखानौं, प्रति-
हारिनकी भीर भूप टरत न द्वारे सौं॥
गंगाजू मैं न्हाय, मुकताहल लुटाय, बेद
बीस बार गाय ध्यान कीजै सरकारे सौं।
ऐसे ही भए तौ कहा कीन्हौ 'रसखान' जु पै
चित्त दै न कीन्ही प्रीति पीत पटवारे सौं॥

'गोपी-प्रेम' पर कुछ भी लिखना वस्तुतः मुझ-सरीखे मनुष्यके लिये अनधिकार चर्चा है। गोपी-प्रेमका तत्त्व वही प्रेमी भक्त कुछ जान सकता है, जिसको भगवान्‌की ह्लादिनी शक्ति श्रीमती राधिकाजी और आनन्द तथा प्रेमके दिव्य समुद्र भगवान् सच्चिदानन्दघन परमात्मा श्रीकृष्ण स्वयं कृपापूर्वक जना देते हैं। जाननेवाला भी उसे कह अथवा लिख नहीं सकता; क्योंकि 'गोपी-प्रेम' का प्रकाश करनेवाली भगवान्‌की वृन्दावनलीला सर्वथा अनिर्वचनीय है। वह कल्पनातीत, अलौकिक और अप्राकृत है। समस्त व्रजवासी भगवान्‌के मायामुक्त परिकर हैं और भगवान्‌की निज

****

आनन्दशक्ति योगमाया श्रीराधिकाजीकी अध्यक्षतामें भगवान् श्रीकृष्णकी मधुरलीलामें योग देनेके लिये व्रजमें प्रकट हुए हैं। व्रजमें प्रकट इन महात्माओंकी चरण-रजकी चाह करते हुए सृष्टिकर्ता ब्रह्मा स्वयं कहते हैं—

तदस्तु मे नाथ स भूरिभागो
भवेऽत्र वान्यत्र तु वा तिरश्चाम्।
येनाहमेकोऽपि भवज्जनानां
भूत्वा निषेवे तव पादपल्लवम्॥
अहो भाग्यमहो भाग्यं नन्दगोपव्रजौकसाम्।
यन्मित्रं परमानन्दं पूर्णं ब्रह्म सनातनम्॥
तद् भूरिभाग्यमिह जन्म किमप्यटव्यां
यद् गोकुलेऽपि कतमाङ्घ्रिरजोऽभिषेकम्।
यज्जीवितं तु निखिलं भगवान् मुकुन्द-
स्त्वद्यापि यत्पदरजः श्रुतिमृग्यमेव॥

(श्रीमद्भा० १०।१४।३०,३२,३४)

'हे प्रभो! मुझे ऐसा महान् सौभाग्य प्राप्त हो कि मैं इस जन्ममें अथवा किसी तिर्यक् योनिमें ही जन्म लेकर आपके दासोंमेंसे एक होऊँ, जिससे आपके चरणकमलोंकी सेवा कर सकूँ। अहो! नन्दादि व्रजवासी धन्य हैं। इनके धन्य भाग्य हैं जिनके सुहृद् परमानन्दरूप सनातन पूर्णब्रह्म स्वयं आप हैं। इस धरातलपर व्रजमें और उसमें भी गोकुलमें किसी कीड़े-मकोड़ेकी योनि पाना ही परम सौभाग्य है, जिससे कभी किसी व्रजवासीकी चरण-रजसे मस्तकको अभिषिक्त होनेका सौभाग्य मिले।'

जिन व्रजवासियोंकी चरण-धूलिको ब्रह्मा चाहते हैं, उनका कितना बड़ा महत्त्व है। ये व्रजवासीगण मुक्तिके अधिकारको ठुकराकर उसके बहुत आगे बढ़ गये हैं। इस बातको स्वयं ब्रह्माजीने कहा है कि 'भगवन्! मुक्ति तो कुचोंमें विष लगाकर मारनेको आनेवाली पूतनाको ही आपने दे दी। इन प्रेमियोंको क्या वही देंगे—इनका तो आपको ऋणी बनकर ही रहना होगा।' और भगवान्ने स्वयं अपने श्रीमुखसे यह

स्वीकार भी किया है ! आप गोपियोंसे कहते हैं—

न पारयेऽहं निरवद्यसंयुजां
स्वसाधुकृत्यं विबुधायुषापि वः ।
या माभजन् दुर्जरगेहशृङ्खलाः
संवृश्च्य तद् वः प्रतियातु साधुना ॥

(श्रीमद्भा० १० । ३२ । २२)

'हे प्रियाओ ! तुमने घरकी बड़ी कठिन बेड़ियोंको तोड़कर मेरी सेवा की है। तुम्हारे इस साधुकार्यका मैं देवताओंके समान आयुमें भी बदला नहीं चुका सकता। तुम ही अपनी उदारतासे मुझे उऋण करना।' महात्मा नन्ददासजीकी रचनामें भगवान् कहते हैं—

तब बोले पिय नव किसोर—हम रिनी तिहारे ।
अपने हिय तैं दूरि करौ सब दोष हमारे ॥
कोटि कलप लगि तुम प्रति प्रति-उपकार करौं जौ ।
हे मन हरनी तरुनी, उरिनी नाहिं होउँ तौ ॥
सकल बिस्व अपबस करि मो माया सोहति है ।
प्रेममई तुम्हरी माया मो मन मोहति है ॥

सारे संसारके देव, मनुष्य, गन्धर्व, असुर आदि जीवोंको कर्मोंकी बेड़ीसे निरन्तर बाँधे रखनेवाले सच्चिदानन्दघन, जगन्नियन्ता प्रभु गोपी यशोदाके हाथों ऊखलसे बँध जाते हैं। सारे जगत्को मायाके खेलमें सदा रमानेवाले मायापति हरि गोप-बालकोंसे खेलमें हारकर, स्वयं घोड़े बनकर उन्हें अपनी पीठपर चढ़ाते हैं। उन व्रजवासी नर-नारियोंको धन्य है ! एक दिनकी बात है—यशोदाजी घरके आवश्यक कामोंमें लग रही थीं, बालकृष्ण मचल गये और बोले—मैं गोद चढ़ूँगा। माताने कुछ ध्यान न दिया। इसपर खीझकर आप लगे रोने और आँगनमें लोटने। इतनेमें ही देवर्षि नारद भगवान्की बाल-लीलाओंको देखनेकी लालसासे वहाँ आ पहुँचे। उन्होंने देखा, सचराचर विश्वके स्वामी परम आनन्दमय भगवान् माताकी गोदपर चढ़नेके लिये जमीनपर पड़े रो रहे हैं। इस दृश्यको देखकर देवर्षि गद्गद हो गये और यशोदाको पुकारकर कहने लगे—

किं ब्रूमस्त्वां यशोदे कति कति सुकृतक्षेत्रवृन्दानि पूर्वं
गत्वा कीदृग् विधानैः कति कति सुकृतान्यर्जितानि त्वयैव।
न शक्रो न स्वयम्भूर्न च मदनरिपुर्यस्य लेभे प्रसादं
तत्पूर्णं ब्रह्म भूमौ विलुठति विलपत् क्रोडमारोढुकामम्॥

'यशोदे! तेरा सौभाग्य महान् है। क्या कहें, न जाने तूने पिछले जन्मोंमें तीर्थोंमें जा-जाकर कितने महान् पुण्य किये हैं! अरी! जिस विश्वपति, विश्वस्रष्टा, विश्वरूप, विश्वाधार भगवान्‌की कृपाको इन्द्र, ब्रह्मा और शिव भी नहीं प्राप्त कर सकते, वही पूर्णब्रह्म आज तेरी गोद चढ़नेके लिये जमीनपर पड़ा लोट रहा है!'

जो विश्वनायक भगवान् मायाके दृढ़ सूत्रमें बाँध-बाँधकर अखिल विश्वको निरन्तर नाच नचाते हैं, वे ही विज्ञानानन्दघन भगवान् गोपियोंकी प्रेम-मायासे मोहित होकर सदा उनके आँगनमें नाचते हैं! उनके भाग्यकी सराहना और उनके प्रेमका महत्त्व कौन बतला सकता है। रसखानि कहते हैं—

सेस, महेस, गनेस, दिनेस, सुरेसहु जाहि निरंतर ध्यावैं।
जाहि अनादि, अनंत, अखंड, अछेद, अभेद सुबेद बतावैं॥
नारद-से सुक-ब्यास रटैं, पचि हारे, तऊ पुनि पार न पावैं।
ताहि अहीर की छोहरियाँ छछिया भरि छाछ पै नाच नचावैं॥

गोपियोंके भाग्यकी सराहना करते हुए परम विरागी, सदा ब्रह्मस्वरूप मुनि शुकदेवजी कहते हैं—

नेमं विरिञ्चो न भवो न श्रीरप्यङ्गसंश्रया।
प्रसादं लेभिरे गोपी यत्तत् प्राप विमुक्तिदात्॥

(श्रीमद्भा० १०।९।२०)

'ब्रह्मा' शिव और सदा हृदयमें रहनेवाली लक्ष्मीजीने भी मुक्तिदाता भगवान्‌का वह दुर्लभ प्रसाद नहीं पाया, जो प्रेमिकाश्रेष्ठ गोपियोंको मिला।' इसी प्रकार ज्ञानिश्रेष्ठ उद्धवजी कहते हैं—

नायं श्रियोऽङ्ग उ नितान्तरतेः प्रसादः
स्वर्योषितां नलिनगन्धरुचां कुतोऽन्याः।

****

रासोत्सवेऽस्य भुजदण्डगृहीतकण्ठ-

लब्धाशिषां य उदगाद् व्रजवल्लवीनाम्॥

(श्रीमद्भा० १०।४७।६०)

'रासोत्सवके समय भगवान्‌के भुजदण्डोंको गलेमें धारणकर पूर्णकामा व्रजकी गोपियोंको श्रीहरिका जो दुर्लभ प्रसाद प्राप्त हुआ था, वह निरन्तर भगवान्‌के वक्षःस्थलमें निवास करनेवाली लक्ष्मीजीको और कमलकी-सी कान्ति और सुगन्धसे युक्त सुरसुन्दरियोंको भी नहीं मिला, फिर दूसरेकी तो बात ही क्या है।'

सूरदासजी कहते हैं—

बनी सहज यह लूट हरिकेलि गोपीन कें,
सुपनें यह कृपा कमला न पावै।
निगम निरधारि त्रिपुरारिहू बिचारि रह्यौ,
पचि रह्यौ सेस, नहिं पार पावै॥
किंनरीं बहुर अरु बहुर गंधरबनीं,
पंनगनीं चितवन नहिं माँझ पावैं।
देत करताल वे लाल गोपाल सौं,
पकरि ब्रजबाल कपि ज्यौं नचावैं॥

× × × ×

देन कहि लौनी पुनि चाहि रहत बदन हँसि
स्वभुज बीच लै लै कलोलैं।
धामके काम ब्रजबाम सब भूलि रहीं,
कान्ह बलराम के संग डोलैं॥
सूर गिरधरन मधु चरित मधु पान के,
और अमृत कछु आन लागै।
और सुख रंक की कौन इच्छा करे,
मुक्तिहू लौन सी खारी लागै॥

भक्तवर नागरीदासजीके शब्द हैं—

****

जयति ललितादि देबीय व्रज श्रुतिरिचा,
कृष्ण प्रिय केलि आधार अंगी।
जुगल-रस-मत्त आनंदमय रूपनिधि,
सकल सुख समय की छाँह संगी॥
गौरमुख हिमकिरन की जु किरनावली,
स्रवत मधु गान हिय पिय तरंगी।
'नागरी' सकल संकेत आकारिनी,
गनत गुनगननि मति होति पंगी॥

गोपियोंकी चरण-रज पानेके लिये व्रजमें लता-गुल्मौषधि बननेके इच्छुक और गोपियोंका शिष्यत्व ग्रहण करके गोपीभावको प्राप्त हुए भक्त उद्धवसे स्वयं भगवान्ने कहा है—

न तथा मे प्रियतम आत्मयोनिर्न शंकरः।
न च संकर्षणो न श्रीर्नैवात्मा च यथा भवान्॥

(श्रीमद्भा० ११। १४। १५)

'हे उद्धव! मुझे ब्रह्मा, शंकर संकर्षण, लक्ष्मी और अपना आत्मा—ये भी उतने प्रियतम नहीं हैं, जितने तुम-जैसे भक्त हैं।'

इससे गोपियोंके महत्त्वकी किंचित् कल्पना हुई होगी। भगवान्की ऐसी प्रियतमा गोपियोंके प्रेमका वर्णन मुझ-जैसा मनुष्य कैसे कर सकता है। परम वैराग्यकी प्राप्ति होनेपर कहीं प्रेमका अधिकार मिलता है और उस दिव्य प्रेम-राज्यमें प्रवेश कर चुकनेवाले महात्माओंके प्रसादसे ही दुर्गम प्रेमपथपर अग्रसर होकर भक्त उस प्रेमामृतका कुछ आस्वाद प्राप्त कर सकता है। यह साधन-सापेक्ष है। केवल अध्ययन या ग्रन्थपाठसे वहाँतक पहुँच नहीं हो सकती। तथापि भगवत्कृपासे इधर-उधरसे जो कुछ बातें ज्ञात हुई हैं, उन्हींका कुछ थोड़ा-सा भाव संक्षेपमें लिखनेकी चेष्टा यहाँ की जाती है। भाग्यवान् पूज्यपाद प्रेमीजन कृपापूर्वक अपराधं और धृष्टता क्षमा करेंगे।

गोपी-प्रेमका स्वरूप

गोपी-प्रेममें रागका अभाव नहीं है, परंतु वह राग सब जगहसे सिमटकर भुक्ति और

मुक्तिके दुर्गम प्रलोभन-पर्वतोंको लाँघकर केवल श्रीकृष्णमें अर्पण हो गया है। गोपियोंके मन, प्राण—सब कुछ श्रीकृष्णके हैं। इस लोक और परलोकमें गोपियाँ श्रीकृष्णके सिवा अन्य किसीको भी नहीं जानतीं। उनका जीवन केवल श्रीकृष्ण-सुखके लिये है, उनका जागना-सोना, खाना-पीना, चलना-फिरना, शृङ्गार-सज्जा करना, कबरी बाँधना, गीत गाना, बातचीत करना—सब श्रीकृष्णको सुख पहुँचानेके लिये है। श्रीकृष्णको सुखी देखकर ही सम्पूर्ण कामनाओंसे सर्वथा शून्य उन गोपियोंको अपार सुख होता है। भगवान्‌ने स्वयं कहा है—

निजाङ्गमपि या गोप्यो ममेति समुपासते।
ताभ्यः परं न मे पार्थ निगूढप्रेमभाजनम्॥

'हे अर्जुन! गोपियाँ अपने शरीरकी रक्षा उसे मेरी वस्तु मानकर करती हैं। गोपियोंको छोड़कर मेरा निगूढ़ प्रेमपात्र और कोई नहीं है।'

यहाँ यह प्रश्न होता है कि सुख-समुद्र विज्ञानानन्दघन भगवान्‌को सुख पहुँचाना कैसा, क्या गोपियोंके द्वारा ही भगवान्‌को सुख मिलता है? भगवान् क्या स्वयं सुखसंदोह नहीं हैं? हैं क्यों नहीं, शक्तिमान् भगवान्‌की ही ह्लादिनी शक्ति तो श्रीराधिकाजी हैं; वे इस शक्तिको अपनी वंशीध्वनिद्वारा सदा अपनी ओर खींचते रहते हैं। भगवान्‌की यह शक्ति स्वाभाविक ही अपनी सारी अनुगामिनी अङ्गशक्तियोंसहित सदा-सर्वदा भगवान्‌की ओर खिंचती रहती है और भगवान् उस आह्लादको पाकर पुनः उसे उन्हीं शक्तियोंको—प्रेमी भक्तोंको बाँट देते हैं। भक्त भगवान्‌की बाँसुरीकी ध्वनि—भगवान्‌का आवाहन सुनकर, घर-द्वारकी सुधि भुलाकर, प्रमत्त होकर, अपना सर्वस्व न्योछावरकर भगवान्‌को सुखी करनेके लिये दौड़ता है, भगवान् उसकी दी हुई सुखकी भेंटको स्वीकार करते हैं और फिर उसीको लौटा देते हैं। दर्पणमें अपनी शोभा भरकर दर्पणको शोभायुक्त बनानेवाला पुरुष उस शोभाको स्वयं ही वापस पा जाता है और वह सुख लौटकर उसीको मिल जाता है। इसी प्रकार परम सुखसागर भगवान् गोपियोंके सुखकी भेंटको स्वीकारकर, उनकी इस कामनाको कि 'श्रीकृष्ण हमें देखकर, हमारी सेवा स्वीकारकर, हमारे साथ खेलकर सुखी हों, पूरी कर देते हैं। भगवान् सुखी होते हैं और वह सुख अपरिमितरूपमें बढ़ाकर उन्हींको दे देते हैं। गोपियोंके प्रेमकी यही विशेषता है कि गोपियोंमें निज सुखकी कामना रत्तीभर भी नहीं है। उनके मनमें अपने सुखके लिये कल्पना ही नहीं होती। वे तो अपने द्वारा

श्रीकृष्णको सुखी हुए देखकर ही दिन-रात सुख-समुद्रमें डूबी रहती हैं। गोपियोंका प्रेम काम-कालिमाशून्य है; वह निर्मल भास्कर है, सर्वथा दिव्य है, अलौकिक है! श्रीचैतन्यचरितामृतमें 'काम' और 'प्रेम' का भेद बतलाते हुए कहा गया है—

कामेर तात्पर्य निज सम्भोग केवल,
कृष्ण-सुख तात्पर्य प्रेम तो प्रबल।
लोक-धर्म, वेद-धर्म, देह-धर्म, कर्म,
लज्जा, धैर्य, देह-सुख, आत्म-सुख-मर्म॥
सर्व त्याग करये, करे कृष्णेर भजन,
कृष्ण-सुख हेतु करे प्रेमेर सेवन।
अतएव काम-प्रेमे बहुत अन्तर,
काम अन्धतम, प्रेम निर्मल भास्कर॥

काम और प्रेममें बड़ा ही अन्तर है, हम विषयविमोहित जीव कामको ही प्रेम मानकर पाप-पङ्कमें फँस जाते हैं। काम जहर मिला हुआ मधु है, प्रेम दिव्य स्वर्गीय सुधा है। काम थोड़ी ही देरमें दुःखके रूपमें बदल जाता है, प्रेमकी प्रत्येक कसकमें ही सुखसुधाका स्वाद मिलता है। काममें इन्द्रियतृप्ति, इन्द्रियचरितार्थता है; प्रेममें तन्मयता, प्रियतम-सुखकी नित्य प्रबल आकाङ्क्षा है। काममें इन्द्रियतृप्ति सुखरूप दीखनेपर भी परिणाममें दुःखरूप है, प्रेम सदा अतृप्त होनेपर भी नित्य परम सुखरूप है। काम खण्ड है, प्रेम अखण्ड है। काम क्षयशील है, प्रेम नित्य वर्धनशील है। काममें विषयतृष्णा है, प्रेममें विषयविस्मरण है। कामका लक्ष्य विषय है, आत्मतृप्ति है; प्रेमका विषय पूर्ण त्याग है और चरम आत्मविस्मृति है।

यथार्थ प्रेमसे ही कामका नाश हो जाता है। यद्यपि प्रेमी अपने प्रेमास्पदको सुख पहुँचानेकी इच्छाको कामना ही मानता है और समस्त इन्द्रियाँ, मन और बुद्धि एकमात्र प्रेममुखी होनेसे उसे कामना ही कहते हैं, परंतु वह शुद्ध प्रेम यथार्थमें काम नहीं है। गौतमीय तन्त्रमें आया है—

प्रेमैव गोपरामाणां काम इत्यगमत् प्रथाम्।
इत्युद्धवादयोऽप्येतं वाञ्छन्ति भगवत्प्रियाः॥

गोपियोंके प्रेमका नाम काम होनेपर भी वह असलमें काम नहीं, किंतु शुद्ध प्रेम है। महान् भगवद्भक्त उद्धव-सरीखे महात्मा इसी 'काम' नामक प्रेमकी अभिलाषा करते हैं; क्योंकि गोपियोंमें निजेन्द्रियसुखकी इच्छा है ही नहीं। वे तो भगवान् श्रीकृष्णको साक्षात् भगवान् समझकर ही अपने सकल अङ्गोंको सम्पूर्णरूपसे अर्पणकर उन्हें सुखी करना चाहती हैं। श्रीचैतन्यचरितामृतमें इन विषयासक्तिशून्य श्रीकृष्णगतप्राणा गोपियोंके सम्बन्धमें कहा है—

निजेन्द्रिय-सुख-हेतु कामेर तात्पर्य,
कृष्णसुख तात्पर्य गोपीभाव वर्य।
निजेन्द्रिय-सुख-वाञ्छा नहे गोपिकार,
कृष्ण-सुख हेतु करे संगम-विहार॥
आत्म-सुख-दुःख गोपी ना करे विचार,
कृष्ण-सुख हेतु करे सब व्यवहार।
कृष्ण बिना आर सब करि परित्याग,
कृष्ण-सुख हेतु करे शुद्ध अनुराग॥

अपने तन, मन, धन, रूप, यौवन, लोक, परलोक सबको श्रीकृष्णकी सुख-सामग्री समझकर श्रीकृष्ण-सुखके लिये शुद्ध अनुराग करना ही पवित्र गोपीभाव है। इस गोपीभावमें मधुर-रसकी प्रधानता है। रस पाँच हैं—शान्त, दास्य, सख्य, वात्सल्य और माधुर्य। लौकिक और ईश्वरीय—दिव्य भेदसे ये पाँचों रस दो प्रकारके हैं। अर्थात् लौकिक प्रेम भी उपर्युक्त पाँच प्रकारका है और दिव्य प्रेम भी पाँच प्रकारका है। परंतु इन पाँचोंमें मधुर-रस—कान्ताप्रेम सबसे ऊँचा है; क्योंकि इसमें शान्त, दास्य, सख्य, वात्सल्य—ये चारों ही रस विद्यमान हैं। यह अधिक गुणसम्पन्न होनेसे अधिक स्वादिष्ट है, इसीलिये इसका नाम 'मधुर' है। इसी प्रकार दिव्य प्रेममें भी कान्ताप्रेम—मधुर-रस ही सर्वप्रधान है। शान्त और दास्यरसमें 'भगवान् ऐश्वर्यशाली हैं, मैं दीन हूँ; भगवान् स्वामी हैं, मैं सेवक हूँ'—ऐसा भाव रहता है। इसमें कुछ अलगाव-सा है, भय है और संकोच है; परंतु सख्य, वात्सल्य और माधुर्यमें क्रमशः भगवान् अधिकाधिक निजजन हैं, अपने प्यारे हैं, प्रियतम हैं। इनमें भगवान् ऐश्वर्यको भुलाकर, विभूतिको छिपाकर सखा, पुत्र या कान्तरूपसे भक्तके सामने सदा प्रकट रहते हैं; इन रसोंमें प्रार्थना-कामना है ही नहीं।

अपने निज जनसे प्रार्थना कैसी? उसका सब कुछ अपना ही तो है! इनमें भी कान्ताभाव सर्वप्रधान है। कान्ताभावमें पिछले दोनों रसोंका—सख्य और वात्सल्यका पूर्ण समावेश है। यहाँ भगवान्‌की सेवा खूब होती है, इतनी होती है कि सेवा करनेवाला भक्त कभी थकता ही नहीं; क्योंकि यह मालिककी सेवा नहीं है, प्रियतमकी सेवा है। प्रियतमके सुखी होनेमें ही अपार सुख है—जितना सुख पहुँचे, उतना ही थोड़ा; क्योंकि प्रियतमको जितना अधिक सुख पहुँचता है, उतने ही अपार सुखका अनुभव उसे सुख पहुँचानेवाली प्रेममयी प्रियतमाको होता है।

यह कान्ताभाव दो प्रकारका है—स्वकीया और परकीया। लौकिक कान्ताभावमें परकीयाभाव त्याज्य है, घृणित है; क्योंकि उसमें अङ्ग-सङ्गरूप कामवासना रहती है और प्रेमास्पद 'जार-मनुष्य' होता है। परंतु दिव्य कान्ताभावमें—परमेश्वरके प्रति होनेवाले कान्ताभावमें परकीयाभाव ग्राह्य है, वह स्वकीयासे श्रेष्ठ है, क्योंकि इसमें कहीं अङ्ग-सङ्ग या इन्द्रियतृप्तिकी आकाङ्क्षा नहीं है। प्रेमास्पद पुरुष जार नहीं है, स्वयं 'विश्वात्मा भगवान्' हैं—पति-पुत्रोंके और अपने सबके आत्मा परमात्मा हैं। इसीलिये गोपी-प्रेममें परकीयाभाव माना जाता है। यद्यपि स्वकीया पतिव्रता स्त्री अपना नाम, गोत्र, जीवन, धन, धर्म—सभी पतिके अर्पण कर प्रत्येक चेष्टा पतिके लिये ही करती है, तथापि परकीयाभावमें तीन बातें विशेष होती हैं—प्रियतमका निरन्तर चिन्तन, उससे मिलनेकी अतृप्त उत्कण्ठा और प्रियतममें दोषदृष्टिका सर्वथा अभाव। स्वकीयामें सदा एक ही घरमें एक साथ निवास होनेके कारण ये तीनों ही बातें नहीं होतीं। गोपियाँ भगवान्‌को नित्य देखती थीं, परंतु परकीयाभावकी प्रधानतासे क्षणभरका वियोग भी उनके लिये असह्य हो जाता था, आँखोंपर पलक बनानेवाले विधाताको वे कोसती थीं; क्योंकी पलक न होते तो आँखें सदा खुली ही रहतीं, गोपियाँ कहती हैं—

अटति यद् भवानह्नि काननं
त्रुटिर्युगायते त्वामपश्यताम्।
कुटिलकुन्तलं श्रीमुखं च ते
जड उदीक्षतां पक्ष्मकृद् दृशाम्॥

(श्रीमद्भा० १०। ३१। १५)

'जब आप दिनके समय वनमें विचरते हैं, तब आपको न देख सकनेके कारण हमारे लिये एक-एक पल युगके समान बीतता है। फिर संध्याके समय जब हम वनसे लौटते हुए आपके घुँघराली अलकावलियोंसे युक्त श्रीमुखको देखती हैं, तब हमें आँखोंमें पलक बनानेवाले ब्रह्मा मूर्ख प्रतीत होने लगते हैं। अर्थात् एक पलक भी आपको देखे बिना हमें कल नहीं पड़ती।'

भगवान्का नित्य चिन्तन करना,पलभरके अदर्शनमें भी महान् विरह-वेदनाका अनुभव करना और सर्वतोभावसे दोष-दर्शनरहित होकर आत्मसमर्पण कर चुकना गोपियोंका स्वभाव था। इसीसे वे उस प्रियतमसेवाके सामने किसी बातको कुछ भी नहीं समझती थीं। लोक, वेद—सबकी मर्यादाको छोड़कर वे कृष्णानुरागिणी बन गयी थीं। भोग और मोक्ष दोनों ही उनके लिये सर्वथा तुच्छ और त्याज्य थे। ऐसे भक्तोंके लिये भगवान् क्या कहते हैं, सुनिये—

अनुव्रजाम्यहं नित्यं पूयेयेत्यङ्घ्रिरेणुभिः ॥

(श्रीमद्भा० ११।१४।१६)

'उनकी चरण-रजसे अपनेको पवित्र करनेके लिये मैं सदा उनके पीछे-पीछे घूमा करता हूँ।' इसी कारण गीतगोविन्दकारने **'धेहि मे पदपल्लवमुदारम्'** कहकर भगवान्से श्रीराधाजीके पद-कमलकी चाह करायी है। और इसी आधारपर रसिक रसखानिजीने कहा है—

ब्रह्म मैं ढूँढ़्यौ पुरानन गानन, बेद-रिचा सुनि चौगुने चायन।
देख्यौ-सुन्यौ कबहूँ न कितै, वह कैसे सरूप औ कैसे सुभायन॥
टेरत-हेरत हारि पर्‍यौ, रसखानि बतायौ न लोग-लुगायन।
देख्यौ, दुर्‍यौ वह कुंज-कुटीरमें बैठ्यौ पलोटत राधिका-पायन॥

यद्यपि भक्त कभी यह चाहता नहीं कि भगवान् प्रियतम मेरे पैर दबायें, फिर भी वहाँ तो सर्वथा ऐक्य होता है। कोई छोटा-बड़ा रहता ही नहीं। महाभारतमें सखा-भक्त अर्जुनके साथ भगवान् श्रीकृष्णके व्यवहारका वर्णन संजयने कौरवोंकी राजसभामें किया है। अर्जुनसे ही जब वैसा व्यवहार था, तब गोपियोंके समान भक्तोंकी तो बात ही निराली है। गोपियोंका परकीयाभाव दिव्य है। लौकिक

विषय-विमोहित मनवाले मनुष्य इसका यथार्थ भाव नहीं समझकर अपने वृत्तिदोषसे उनपर दोषारोपण कर बैठते हैं। असलमें व्रजगोपिकाओंका प्रेम अत्यन्त उच्चतम अवस्थापर स्थित है। उसमें सभी रसोंका विकास है, परंतु मधुर-रस प्रधान है। यह मधुर-रस उत्तरोत्तर बढ़ता हुआ प्रेम, स्नेह, मान, प्रणय, राग, अनुराग और भावपर्यन्त पहुँच जाता है। भावकी पराकाष्ठा ही महाभाव है। यह महाभाव केवल प्रातःस्मरणीया व्रजदेवियोंमें ही था। श्रीभगवान्ने प्रेमिक भक्तोंकी प्रेमकामना पूर्ण करनेके लिये व्रजमण्डलमें इस सच्चिदानन्दमयी दिव्य लीलाको प्रकट किया था। गोपी-प्रेमकी यह पवित्र लीला भगवान्ने रमणाभिलाषासे अथवा गोपियोंकी काम-वासनातृप्तिके लिये नहीं की थी; न तो भगवान्में रमणाभिलाषा थी और न गोपियोंमें कामवासना ही। यह तो की गयी थी जगत्के जीवोंके कामनाशके लिये। रासलीलाप्रकरणको समाप्त करते हुए मुनिवर शुकदेवजी कहते हैं—

विक्रीडितं व्रजवधूभिरिदं च विष्णोः
श्रद्धान्वितोऽनुशृणुयादथ वर्णयेद् यः।
भक्तिं परां भगवति प्रतिलभ्य कामं
हृद्रोगमाश्वपहिनोत्यचिरेण धीरः॥

(श्रीमद्भा० १०।३३।४०)

'जो धीर पुरुष व्रजबालाओंके साथ भगवान् विष्णुके (श्रीकृष्णके) इस रासविहारीकी कथाको श्रद्धापूर्वक सुने या पढ़ेगा, वह शीघ्र ही भगवान्की पराभक्तिको प्राप्तकर हृदयके रोगरूप कामविकारसे छूट जायगा।'

जिस लीलाके भलीभाँति समझकर श्रद्धापूर्वक सुनने-पढ़नेसे ही हृद्रोग—कामविकार नष्ट होकर पराभक्ति प्राप्त होती है, उस लीलाके करनेवाले नायक श्रीभगवान् और उनकी प्रेयसी नायिका गोपिकाओंमें कामविकार देखना या कलुषित मानवी व्यभिचारकी कल्पना करना कामविमोहित विषयासक्त मनुष्योंके बुद्धि-दोषका ही परिणाम है। व्रजलीला परम पवित्र है, इस बातको प्रेमीजन भलीभाँति जानते हैं और इसीसे नारद-सदृश देवर्षि और शिव-सदृश महान् देव उसमें सम्मिलित होनेकी वाञ्छासे गोपीभावमें दीक्षित होते हैं। मृत्युकी बाट देखनेवाले

राजा परीक्षित्को महाज्ञानी शुकदेवजी इसीलिये व्रजलीला सुनाते हैं, जिससे सहज ही पराभक्तिको प्राप्तकर परीक्षित् भगवान्के असली तत्त्वको जान लें और भगवान्को प्राप्त हो जायँ। भगवान् श्रीकृष्णने ज्ञाननिष्ठाके नामसे पराभक्ति-प्राप्तिका क्रम (और उसका फल) बतलाते हुए कहा है—

बुद्ध्या विशुद्धया युक्तो धृत्याऽऽत्मानं नियम्य च।
शब्दादीन् विषयांस्त्यक्त्वा रागद्वेषौ व्युदस्य च॥
विविक्तसेवी लघ्वाशी यतवाक्कायमानसः।
ध्यानयोगपरो नित्यं वैराग्यं समुपाश्रितः॥
अहंकारं बलं दर्पं कामं क्रोधं परिग्रहम्।
विमुच्य निर्ममः शान्तो ब्रह्मभूयाय कल्पते॥
ब्रह्मभूतः प्रसन्नात्मा न शोचति न काङ्क्षति।
समः सर्वेषु भूतेषु मद्भक्तिं लभते पराम्॥
भक्त्या मामभिजानाति यावान् यश्चास्मि तत्त्वतः।
ततो मां तत्त्वतो ज्ञात्वा विशते तदनन्तरम्॥

(गीता १८।५१—५५)

अर्थात् जब मनुष्य विशुद्ध बुद्धिसे युक्त, एकान्तसेवी, मिताहारी, मन-वाणी-शरीरको जीता हुआ, सदा वैराग्यको भलीभाँति धारण करनेवाला, निरन्तर ध्यानपरायण, दृढ़ धारणासे अन्तःकरणको वशमें करके शब्दस्पर्शादि विषयोंको त्यागकर, राग-द्वेषको नष्ट करके अहंकार, बल, दर्प, काम, क्रोध और परिग्रहको सर्वथा त्यागकर ममतारहित, शान्त हो जाता है, तभी वह ब्रह्मप्राप्तिके योग्य होता है; फिर ब्रह्मभूत होकर सदा प्रसन्नचित्त रहनेवाला वह न किसी बातके लिये शोक करता है न किसी वस्तुकी आकाङ्क्षा ही करता है और सब प्राणियोंमें समभावसे भगवान्को देखता है, तब उसे मेरी पराभक्ति प्राप्त होती है। उस पराभक्तिके द्वारा वह मेरे तत्त्वको भलीभाँति जान लेता है कि मैं कौन और किस प्रभाववाला हूँ, इसी पराभक्तिसे मुझको तत्त्वसे जानकर भक्त तदनन्तर ही मुझमें घुल-मिल जाता है।

ध्यानपूर्वक देखा जाय तो गोपियोंमें उपर्युक्त सभी बातें पूर्णरूपसे थीं। विशुद्ध

बुद्धिका इससे बढ़कर क्या प्रमाण हो सकता है कि वह सदा भगवान् श्रीकृष्णमें ही लगी रहे। श्रीकृष्णमिलनके लिये एकान्त-सेवन—शरीरसे ही नहीं, मनसे भी एकान्त रहना, खान-पान भूल जाना, मन-वाणी-शरीरको विषयोंसे खींचकर एकमात्र प्रियतम श्रीकृष्णमें लगाये रखना, घर-परिवार आदि किसी भी भोग-पदार्थमें राग न रखना, निरन्तर प्रियतम श्रीकृष्णके ध्यानमें संलग्न रहना, मनमें श्रीकृष्णकी दृढ़ धारणासे अन्तःकरणको श्रीकृष्णमय बनाये रखना, श्रीकृष्ण-विषयक पदार्थोंके सिवा अन्य सभी शब्द-स्पर्शादि विषयोंको त्याग देना, जगत्‌की दृष्टिसे किसी भी पदार्थमें राग-द्वेष न रखना, अहंकार, बल, दर्प, काम, क्रोध और परिग्रह—सबका श्रीकृष्णमें उत्सर्ग कर देना, घर-द्वार ही नहीं, स्वर्ग और मोक्षमें भी ममत्व न रखना, चित्तको सदा श्रीकृष्णके स्वरूपमें समाहित रखकर जगत्‌के विषयोंसे शान्त रखना और श्रीकृष्णको ब्रह्मरूपसे पहचानकर उनसे मिलनेके लिये व्याकुल होना गोपियोंके चरित्रमें पद-पदपर प्राप्त होता है। इसके सिवा उनका नित्यानन्दमयी होकर सांसारिक पदार्थोंकी प्राप्ति-अप्राप्तिमें हर्ष-शोकसे रहित होना और सर्वत्र श्रीकृष्णको सब प्राणियोंमें देखना भी प्रसिद्ध ही है। साधकोंको दीर्घकालके महान् साधनसे प्राप्त होनेवाली ये बातें गोपियोंमें स्वाभाविक थीं; इसीसे भगवान् श्रीकृष्णने उन्हें अपना रहस्य खोलकर बतला दिया और अपने स्वरूपका साक्षात् दर्शन कराकर उनके साथ दिव्य क्रीड़ा करके उन्हें श्रीकृष्णरूप बना लिया। ज्ञानियोंसे विशेषता यह रही कि इसमें सारी बातें केवल विचारके आधारपर न रहकर प्रत्यक्ष इन्द्रियगम्य हो गयीं। साक्षात् परब्रह्म महान् सुन्दर द्विभुज मुरलीमनोहररूपधारी बनकर स्वयं भक्तोंके साथ नाचे। उन्होंने अपनी रूपमाधुरीसे भक्तोंके चित्तको चुराकर, अपनी मुरली-ध्वनिसे प्रेमी भक्तोंको खींचकर अपने पास बुला लिया और उन्हें सब प्रकार कृतार्थ किया। एक महात्माने दिव्यदृष्टिसे देखकर सखी-भावमें प्रवेश होकर कहा था—

शृणु सखि कौतुकमेकं नन्दनिकेताङ्गणे मया दृष्टम्।
गोधूलिधूसराङ्गो नृत्यति वेदान्तसिद्धान्तः॥

'हे सखि ! एक कौतुककी बात सुन। मैंने आज बाबा नन्दके आँगनमें वेदान्तके चरम सिद्धान्त ब्रह्मको गोधूलिधूसरिताङ्ग हुए नाचते देखा।'

ग्यानी बोधस्वरूप है होहिं ब्रह्म में लीन।
निरखत पै लीला मधुर प्रेमी प्रेम प्रबीन॥
ग्यानी ढिग गंभीर हरि सच्चिद ब्रह्मानंद।
प्रेमी सँग खेलत सदा चंचल प्रेमानंद॥
ग्यानी ब्रह्मानंद सौं रहत सदा भरपूर।
पै प्रेमी निरखत सुखद दुरलभ हरि कौ नूर॥
प्रेमी भाग्य सराहि मुनि, ग्यानी बिमल बिबेक।
चहैं सुदुरलभ प्रेम-पद तजि निजपद की टेक॥

श्रीकृष्णकी रूपमाधुरी

भगवान्‌की उस रूपमाधुरीका वर्णन कौन कर सकता है। वे एक बार जिसकी ओर प्रेमकी नजरसे देख लेते, उसीपर प्रेमसुधा बरसाकर उसे अमर कर देते, उसकी सारी विषयासक्तिको नष्टकर अपना प्रेमी बना लेते। पण्डितराज जगन्नाथ कहते हैं—

रे चेतः कथयामि ते हितमिदं वृन्दावने चारयन्
वृन्दं कोऽपि गवां नवाम्बुदनिभो बन्धुर्न कार्यस्त्वया।
सौन्दर्यामृतमुद्गिरद्भिरभितः सम्मोह्य मन्दस्मितै-
रेष त्वां तव वल्लभांश्च विषयानाशु क्षयं नेष्यति॥

'रे चित्त! तेरे हितके लिये तुझे सावधान किये देता हूँ—कहीं तू उस वृन्दावनमें गाय चरानेवाले, नवीन नील मेघके समान कान्तिवाले छैलको अपना बन्धु न बना लेना; वह सौन्दर्यरूप अमृत बरसानेवाली अपनी मन्द मुसकानसे तुझे मोहित करके तेरे प्रिय समस्त विषयोंको तुरंत नष्ट कर देगा।' अद्वैतसिद्धिकार मधुसूदनस्वामीजीको भी उसकी रूपछटाके फंदेमें पड़कर स्वाराज्यसिंहासनसे च्युत होना पड़ा था। वे कहते हैं—

अद्वैतवीथीपथिकैरुपास्याः स्वाराज्यसिंहासनलब्धदीक्षाः।
शठेन केनापि वयं हठेन दासीकृता गोपवधूविटेन॥

अद्वैतमार्गके अनुयायियोंद्वारा पूज्य तथा स्वाराज्यरूपी सिंहासनपर प्रतिष्ठित

होनेका अधिकार प्राप्त किये हुए हमको गोपियोंके पीछे-पीछे फिरनेवाले किसी धूर्तने हठपूर्वक (जबरदस्ती इच्छा न रहनेपर भी) अपने चरणोंका गुलाम बना लिया।'

व्रज-रस-रसीले साह कुन्दनलालजी श्रीललितकिशोरीजी बने हुए कहते हैं—

नैन-चकोर मुख-चंदहू पै वारि डारौं,
वारि डारौं चित्तहि मनमोहन चितचोर पै।
प्रानहू कौं वारि डारौं हँसन दसन लाल,
हेरन कुटिलता औ लोचन की कोर पै॥
वारि डारौं मनहि सुअंग-अंग स्यामा-स्याम,
महल मिलाप रसरास की झकोर पै।
अतिहि सुघर बर सोहत त्रिभंगी लाल,
सरबस वारौं वा ग्रीवा की मरोर पै॥

सर्वस्व वार देनेपर भी वह फिर अपनी तिरछी चितवनकी बरछीसे प्रेमी भक्तको घायल करता है और बार-बार उसकी ओर झाँक-झाँककर हँस-हँसकर घावपर नमक बुरकाता रहता है—

देखो री! यह नंदका छोरा बरछी मारे जाता है।
बरछी-सी तिरछी चितवनकी पैनी छुरी चलाता है॥
हमको घायल देख बेदरदी मंद-मंद मुसकाता है।
'ललितकिसोरी' जखम जिगरपर नौनपुरी बुरकाता है॥

श्यामकी तिरछी नजरसे घायल प्रेमीका यह जख्मेजिगर कभी सूख ही नहीं सकता, वह सदा हरा रहता है और उसकी पल-पलकी कसक ब्रह्मानन्दसे भी बढ़कर आनन्द दिया करती है। गोपियोंके हृदयमें यह घाव बहुत गहरा था। बड़े भाग्यसे यह दिनोंदिन बढ़नेवाला घाव होता है और स्वयं साँवरेके वैद्य बनकर आनेपर भी यह अच्छा नहीं होता। श्यामसुन्दरके दर्शनसे यह और भी बढ़ जाता है, परंतु अदर्शन कभी सुहाता नहीं। एकमात्र वे ही वैद्य हैं; परंतु वैद्य घाव बढ़ाते हैं, घटाते नहीं। इस घावके बढ़नेमें ही सुख है, इसीलिये घावसे कराहना और बार-बार घाव बढ़ानेका कार्य करना—यही बस, प्रेमियोंके जीवनका नित्य परम सुखदायी दुःख हो जाता है।

मुरली और रास

यही हाल उसकी मुरलीका है। जब वह बजती है, तब औरोंकी तो बात ही क्या, निर्बीज समाधिमें स्थित योगियोंकी समाधि भी टूट जाती है।

वह वंशीध्वनि निकलते ही जडको चेतन और चेतनको जड बना देती है। इसीसे एक बार एक गोपीने व्यंगसे मुरलीकी महिमा गाते हुए कहा था—

मुरहर रन्धनसमये मा कुरु मुरलीरवं मधुरम्।
नीरसमेधो रसतां कृशानुरप्येति कृशतरताम्॥

'हे मुरारे ! अरे, मेरे रसोई बनाते समय तो तुम कृपा करके अपनी मुरलीकी मधुर तान न छेड़ा करो; क्योंकि उस ध्वनिके आते ही मेरी सूखी लकड़ियाँ हरी हो रस टपकाने लगती हैं और आग बुझ जाती है, जिससे रसोई भी नहीं हो पाती।' दूरसे मुरलीकी टेर सुनकर एक सखी दूसरीसे कहती है—

सुनती हौ कहा, भजि जाहु घरै, बिंध जाओगी नैन के बानन में।
यह बंसी 'निवाज' भरी बिष सौं बगरावति है बिष प्रानन में॥
अबहीं सुधि भूलिहौ भोरी भटू, भँवरौ जब मीठी-सी तानन में।
कुलकानि जो आपनि राखि चहौ, दै रहौ अँगुरी दोउ कानन में॥

इस वंशीकी और रासकी कुछ आलोचना किये बिना गोपी-प्रेमकी चर्चा अधूरी रह जाती है। इसलिये इन विषयोंपर भी कुछ विचार करना है।

श्रीकृष्णमिलनके लिये कात्यायनीकी पूजा करनेवाली गोपियोंको वर देनेके दिन भगवान्ने उनके वस्त्र हरणकर उनके निर्मल और अनन्य प्रेमकी परीक्षा की। उनका सारा भेद-ज्ञान हरण करके उन्हें निर्मल प्रेमपथकी अधिकारिणी समझकर मिलनका वरदान दिया। वस्त्रहरण-लीलामें पाप देखना पापबुद्धिका परिणाम है। जीवात्माका परमात्माके सामने कोई पर्दा नहीं रह सकता। पर्दा मायामें ही है। सबके अन्तरात्मा भगवान्से कौन जीवात्मा अपने अङ्गोंको छिपानेका भाव रख सकता है। वह जबतक छिपाता है, तबतक परमात्माको परमात्मा न समझकर अपने पृथक्त्वका अभिमान बनाये रखता है। चीरहरणसे गोपियोंका यह मोह भङ्ग हुआ। उन्होंने श्रीकृष्णको परमात्मा समझा और जीवभावके हेतु अभिमानके पर्देको तोड़कर भेदमूलक मायाके

वस्त्रोंसे सर्वथा रहित होकर वे सर्वात्मरूप प्रभुके सामने आ गयीं।

इसके कुछ दिनों बाद शरत्पूर्णिमा आयी। भगवान्के मिलनका दिन आया। शारदीया रजनी, प्रफुल्ल मल्लिका, पूर्ण सुधांशुकी सुधामयी मधुर किरणें आदि उद्दीपन भावोंसे गोपियोंके हृदयमें एक अलक्ष्य आकाङ्क्षा जाग उठी, मानो उनका हृदय किसी अलभ्य वस्तुको चाहने लगा। यह थी श्रीकृष्णमिलनकी कामना।

बस, इसी समय श्रीकृष्णकी मोहन मुरली बज उठी। शारद सुधाकरकी ज्योत्स्नाने, नील यमुनाके निर्मल सैकतमें स्थित, मन्दानिलसे आन्दोलित माधवी कुञ्जमें आत्माराम, पूर्णकाम, योगेश्वर, नित्य-नव नटवर मोहनकी मधुर मुरलीसे विश्व-विमोहन प्रेमके आवाहनका अनङ्गवर्धक आनन्ददायक संगीत प्रारम्भ हो गया। शुकदेवजी कहते हैं—

निशम्य गीतं तदनङ्गवर्धनं
व्रजस्त्रियः कृष्णगृहीतमानसाः।
आजग्मुरन्योन्यमलक्षितोद्यमाः
स यत्र कान्तो जवलोलकुण्डलाः॥

(श्रीमद्भा० १०। २९। ४)

'उस अनङ्गवर्धन (श्रीकृष्ण-मिलन-कामनाको बढ़ानेवाले) गानके कानोंमें पड़ते ही समस्त व्रज-वनिताओंका मन श्रीकृष्णमय हो गया। वे उसी समय तुरंत सब कुछ छोड़कर अपने प्रियतम श्रीकृष्णके पास चली गयीं। उतावलीके कारण किसीने किसीको साथ लेनेका भी कोई प्रयत्न नहीं किया (सब अलग-अलग ही, जो जिस अवस्थामें थी, उसी अवस्थामें सब कुछ भूलकर दौड़ पड़ी)। उस समय वे इतने वेगसे चलीं कि सारे रास्ते उनके कानोंके कमनीय कुण्डल हिलते रहे।'

अनङ्गके बढ़ जानेपर वे अपने-अपने पतियोंके पास न जाकर श्रीकृष्णके पास क्यों गयीं? इसमें कारण है। उनका अनङ्ग लौकिक काम नहीं था, श्रीकृष्णमिलनकी योगिजन-दुर्लभ प्रबल कामना थी, जो किसी अङ्गवाली न होनेपर भी बड़ी प्रबल थी और जिसने उनको बरबस श्रीकृष्णकी ओर दौड़नेको बाध्य कर दिया था। वंशीध्वनि अखण्डानन्द प्रदान करनेके लिये भगवान्का अनिवार्य निमन्त्रण था, उसे वे कैसे टाल

सकती थीं ? उसे कोई भी नहीं टाल सकता । वह वंशी कैसे बजी, उसकी ध्वनि कहाँतक गयी ?

रुन्धन्नम्बुभृतश्चमत्कृतिपरं कुर्वन् मुहुस्तुम्बुरुं
ध्यानादन्तरयन् सनन्दनमुखान् विस्मापयन् वेधसम् ।
औत्सुक्यावलिभिर्बलिं चटुलयन् भोगीन्द्रमाघूर्णयन्
भिन्दन्नण्डकटाहभित्तिमभितो बभ्राम वंशीध्वनिः ॥

'वंशीका वह पवित्र संगीत अपनी सुधामयी स्वरलहरीसे समस्त वृन्दावनको आप्लावित करता हुआ, आकाशमें पहुँचकर जलदसमूहको स्तम्भित करता हुआ, स्वर्गमें देवगायक तुम्बुरुको पुनः-पुनः चकित करता हुआ, ब्रह्मलोकमें सनन्दनादि महामुनियोंकी निर्गुण ब्रह्मविषयक निर्बीज समाधिको भङ्ग करता हुआ, स्वयं प्रजापति ब्रह्माको विस्मित करता हुआ—यों ऊर्ध्वलोकमें अपनी विजयपताका फहराकर नीचे पातालकी ओर चला और वहाँ राजा बलिको चौंकाकर, नागराज अनन्त शेषनागके सहस्र फणोंको कँपाकर, अखिल ब्रह्माण्डकटाहको भेदकर श्रीकृष्णका वह वंशी-संगीत सब ओर फैल गया।'

परंतु इतनेपर भी इस आवाहन-संगीतको सुना भक्तोंने ही और वे उसी समय दौड़ चले। अब भी श्यामकी यह वंशी वैसे ही बजती है और प्रेमी भक्त अब भी उसे सुनते हैं। अस्तु !

भक्तप्रवर श्रीनन्ददासजी कहते हैं—

सुनत चलीं ब्रज-बधू गीत-धुनि कौ मारग गहि ।
भवन भीति द्रुम कुंज पुंज कितहूँ अटकीं नहिं ॥
नाद अमृत कौ पंथ रँगीलौ सूछम भारी ।
तिहिं ब्रजतिय भले चलीं आन कोउ नहिं अधिकारी ॥

वे मुरलीकी ध्वनिको लक्ष्य करके उन्मत्तकी भाँति चलीं और भगवान् श्रीकृष्णके चरण-प्रान्तोंमें जा पहुँची। यहाँ फिर प्रेम-परीक्षा होती है। मुख्यतया दो बातें देखनी हैं—(१) गोपियोंका किसी सांसारिक विषयमें मन आसक्त है या नहीं और (२) वे श्रीकृष्णको साक्षात् भगवान् समझती हैं या नहीं। इसीलिये पहले-पहल

भगवान्‌ने उनसे कहा—

स्वागतं वो महाभागाः प्रियं किं करवाणि वः।
व्रजस्यानामयं कच्चिद् ब्रूतागमनकारणम्॥

(श्रीमद्भा० १०। २९। १८)

'महाभागाओ! तुम्हारा स्वागत है। कहो, मैं तुम्हारा क्या प्रिय कार्य करूँ? व्रजमें सब कुशल तो है? इस समय अपने यहाँ आनेका कारण बताओ।'

गोपियाँ भगवान्‌की ऐसी वाणी सुनकर मुसकरा दीं, कुछ बोलीं नहीं। भगवान् फिर बोले—

रजन्येषा घोररूपा घोरसत्त्वनिषेविता।
प्रतियात व्रजं नेह स्थेयं स्त्रीभिः सुमध्यमाः॥

(श्रीमद्भा० १०। २९। १९)

'हे सुन्दरियो! देखो, रात्रि बड़ी घोर है। इस समय बहुत-से भयानक जीव इधर-उधर फिर रहे हैं। इसलिये तुमलोग तुरंत व्रजको लौट जाओ। यहाँ स्त्रियोंका अधिक देर ठहरना ठीक नहीं।'

गोपियोंने कुछ उत्तर नहीं दिया। भगवान् फिर बोले—

मातरः पितरः पुत्रा भ्रातरः पतयश्च वः।
विचिन्वन्ति ह्यपश्यन्तो मा कृढ्वं बन्धुसाध्वसम्॥

(श्रीमद्भा० १०। २९। २०)

'तुम्हें घरमें न देखकर तुम्हारे माता-पिता, पुत्र, भाई और पति आदि तुम्हें ढूँढ़ते होंगे। तुम यहाँ ठहरकर अपने घरवालोंको व्यर्थ घबराहटमें न डालो।'

यहाँ भगवान्‌ने सांसारिक अति निकटके सम्बन्धियोंकी बात याद दिलाकर यह जानना चाहा कि देखें, गोपियोंके मनमें उनके प्रति मोह या उनसे भय है या नहीं। ये मायिक जगत्‌में हैं या ईश्वराभिमुखी हैं? परंतु गोपियाँ इस परीक्षामें पास हो गयीं। ऋषिपत्नियाँ यहीं, इसी प्रसङ्गपर घर लौट गयी थीं। गोपियाँ कुछ नहीं बोलीं। उनके चित्तमें संसारकी आत्मीयताका कुछ भी मोह नहीं जाग्रत् हुआ। वे भगवान् परमात्मा श्रीकृष्णके प्रेममें डूब रही थीं।

चाँदनी रातकी सुन्दर शोभा देखकर गोपियोंके मनमें श्रीकृष्णप्रेम जागा था। यह जागृति लौकिक थी या दिव्य, इसीको जाँचनेके लिये भगवान्‌ने फिर कहा—

दृष्टं वनं कुसुमितं राकेशकररञ्जितम्।
यमुनानिललीलैजत्तरुपल्लवशोभितम् ॥
तद् यात मा चिरं गोष्ठं शुश्रूषध्वं पतीन् सतीः।
क्रन्दन्ति वत्सा बालाश्च तान् पाययत दुह्यत ॥

(श्रीमद्भा० १०। २९। २१-२२)

'तुम रजनीशकी रश्मियोंसे रञ्जित और यमुनाजलके स्पर्शसे शीतल मन्द-मन्द पवनकी गतिसे हिलते हुए नवपल्लवोंसे सुशोभित एवं कुमुद-कुसुम-मण्डित, मनोहर इस वृन्दावनकी शोभा देख चुकीं। अब हे सतियो! देर न करो, तुरंत ही व्रज लौट जाओ और अपने-अपने पतियोंकी सेवा करो। देखो, बालक और तुम्हारी गायोंके बछड़े रो रहे होंगे, जाकर उन्हें दूध पिलाओ और गायें दुहो।'

'सती' स्त्रीके लिये पति-सेवासे बढ़कर और कौन-सा महत्त्वका कार्य हो सकता है? भगवान्‌ने 'सती' सम्बोधन करके गोपियोंको पतियोंकी याद दिलायी। माताको पुत्र और ग्वालिनोंको गौ-बछड़े बड़े प्रिय होते हैं, उनका भी करुण शब्दोंमें स्मरण कराया। इनका मन पति-पुत्रोंमें है या सबसे विरक्त होकर केवल मुझ भगवान्‌में है, यह जाननेके लिये भगवान्‌ने इतनी बातें कहीं। गोपियाँ अब भी कुछ नहीं बोलीं। अबकी बार अपने बाह्य सौन्दर्यकी महिमा दिखलाकर—यह जाननेके लिये कि ये केवल सौन्दर्यपर ही मोहित हैं या मुझे ईश्वर समझकर आयी हैं, भगवान्‌ने कहा—

अथवा मदभिस्नेहाद् भवत्यो यन्त्रिताशयाः।
आगता ह्युपपन्नं वः प्रीयन्ते मयि जन्तवः ॥

(श्रीमद्भा० १०। २९। २३)

'अथवा यदि तुम मेरे स्नेहके कारण आसक्तचित्त होकर मुझे देखने आयी हो तो कोई दोषकी बात नहीं; क्योंकि मुझको देखकर सभी प्राणी प्रसन्न होते हैं।' परंतु—

भर्तुः शुश्रूषणं स्त्रीणां परो धर्मो ह्यमायया।
तद्बन्धूनां च कल्याण्यः प्रजानां चानुपोषणम् ॥

****

दुश्शीलो दुर्भगो वृद्धो जडो रोग्यधनोऽपि वा।
पतिः स्त्रीभिर्न हातव्यो लोकेप्सुभिरपातकी॥
अस्वर्ग्यमयशस्यं च फल्गु कृच्छ्रं भयावहम्।
जुगुप्सितं च सर्वत्र औपपत्यं कुलस्त्रियाः॥

(श्रीमद्भा० १०। २९। २४—२६)

'हे कल्याणियो! पति और उसके बन्धुओंकी निष्कपटभावसे सेवा करना तथा संतानका पालन-पोषण करना ही स्त्रियोंका परम धर्म है। जिन स्त्रियोंको शुभ गति पानेकी इच्छा हो, वे अपने अपातकी पतिका किसी प्रकार भी त्याग न करे—चाहे वह बुरे स्वभाववाला, अभागा, वृद्ध, मूर्ख, रोगी या निर्धन ही क्यों न हो। कुलस्त्रियोंके लिये उपपतिकी (जारकी) सेवा करना सर्वथा निन्दनीय है; इससे स्वर्गकी प्राप्ति नहीं होती, संसारमें अपकीर्ति होती है। यह अत्यन्त ही निन्दनीय और भयदायक कार्य है।'

भगवान्‌ने सब बातें खोलकर कह दीं। 'यदि मुझको मनुष्य मानकर कामाभिलाषासे आयी हो तो नरकगामिनी होओगी, संसारमें अयश होगा; क्योंकि यही वेदधर्म है।'

इस उपदेशसे भी गोपियाँ नहीं हिलीं, तब भगवान्‌ने उन्हें जाँचनेके लिये फिर कहा—

श्रवणाद्दर्शनाद् ध्यानान्मयि भावोऽनुकीर्तनात्।
न तथा संनिकर्षेण प्रतियात ततो गृहान्॥

(श्रीमद्भा० १०। २९। २७)

(अच्छा, मुझमें कुछ महत्त्व समझकर आयी हो तो भी) 'मेरे गुण-श्रवण, दर्शन, ध्यान और कीर्तनसे मुझमें जैसा प्रेम होता है, वैसा पास रहनेसे नहीं होता; इसलिये तुम अपने घरोंको लौट जाओ।' ऋषिपत्नियाँ इसी प्रकारकी बात सुनकर लौट गयी थीं; परंतु गोपियाँ नहीं लौटीं। ऋषिपत्नियोंने भगवान् श्रीकृष्णको भगवान् तो जान लिया था, परंतु घरोंमें उनकी ममता थी। गोपियाँ संसारसे सर्वथा वैराग्यवती और भगवान्‌की महिमासे पूर्णतया परिचित थीं। गोपियाँ इस बातको जानती थीं कि 'भगवान् समस्त जगत्‌के आत्मा हैं। हमारे, हमारे पतियोंके, हमारे पुत्रोंके—सबके एकमात्र आत्मा हैं।' जगदात्मा भगवान्‌में औपपत्यकी (जारपनेकी) कभी कल्पना ही नहीं हो सकती; बड़े-बड़े ऋषि, मुनि, तपस्वी, योगी संसारके सारे बन्धनोंको तोड़कर सबसे उपराम होकर जिन सच्चिदानन्दघन प्रभुकी प्राप्ति चाहते हैं, वे ही साक्षात्

परमात्मा सुन्दर प्रियतमके रूपमें हमारे सामने खड़े हैं, उन्हींके चरणोंमें हम उपस्थित हैं। अब इन्हें छोड़कर कहीं जाना मूर्खता नहीं तो क्या है। अतः प्रेममयी गोपियाँ आँखोंमें आँसू भरकर प्रणयकोपके कारण गद्गद हुई वाणीसे बोलीं—

मैवं विभोऽर्हति भवान् गदितुं नृशंसं
संत्यज्य सर्वविषयांस्तव पादमूलम्।
भक्ता भजस्व दुरवग्रह मा त्यजास्मान्
देवो यथाऽऽदिपुरुषो भजते मुमुक्षून्॥
यत्पत्यपत्यसुहृदामनुवृत्तिरङ्ग
स्त्रीणां स्वधर्म इति धर्मविदा त्वयोक्तम्।
अस्त्वेवमेतदुपदेशपदे त्वयीशे
प्रेष्ठो भवांस्तनुभृतां किल बन्धुरात्मा॥

(श्रीमद्भा० १०। २९। ३१-३२)

न खलु गोपिकानन्दनो भवा-
नखिलदेहिनामन्तरात्मदृक्।
विखनसार्थितो विश्वगुप्तये
सख उदेयिवान् सात्वतां कुले॥

(श्रीमद्भा० १०। ३१। ४)

'हे सर्वव्यापक! आपको ऐसे कठोर शब्द नहीं कहने कहने चाहिये। हम अन्य समस्त विषयोंको छोड़कर एकमात्र आपके चरणकमलोंमें ही अनुरक्त हैं। अतः जिस प्रकार आदिपुरुष श्रीनारायण मुमुक्षुओंको अपनाते हैं, आप भी हमलोगोंको इसी प्रकार ग्रहण कीजिये, कभी त्यागिये नहीं। हे कृष्ण! आप स्वयं धर्मको जाननेवाले हैं। (सबसे बढ़कर धर्म तो आपके चरणोंका आश्रय है, फिर आप धर्मविद् होकर कैसे हमें लौट जानेको कहते हैं।) आपने जो कहा कि पति, पुत्र और बन्धु-बान्धवोंकी सेवा करना ही स्त्रियोंका धर्म है सो यह उपदेश आप ईश्वरमें ही रहे; क्योंकि इस उपदेशके आश्रय आप ही हैं। आप ही धर्मकी अन्तिम गति हैं। पति, पुत्र आदि समस्त देहधारियोंके आप ही प्रिय बन्धु और आत्मा हैं। निश्चय ही आप

केवल यशोदाके पुत्र नहीं बल्कि आप समस्त देहधारियोंके अन्तःकरणके साक्षी हैं। हे सखे ! ब्रह्माजीकी प्रार्थनासे आपने सम्पूर्ण जगत्‌की रक्षाके लिये यदुकुलमें अवतार लिया है।'

हमें छलिये नहीं। आप साक्षात् परमेश्वर हैं, आपके बिना पति-पुत्रादि किसीकी भी सत्ता और सम्भावना नहीं है। सबके आश्रय, सबकी गति, समस्त धर्मोंके अधिष्ठान, ईश्वरोंके ईश्वर आपको छोड़कर हम कहाँ जायँ और क्यों जायँ ?

गोपियाँ इस बातको जानती थीं कि भगवान् श्रीकृष्ण पूर्ण पुरुषोत्तम, विज्ञानानन्दघन, विश्वात्मा परमेश्वर हैं। परमेश्वर ही सबके आत्मा और चरमगति हैं, अब उन परमात्माको पाकर गोपियाँ वहाँसे क्यों हटने लगीं ? उन्होंने कहा—

कुर्वन्ति हि त्वयि रतिं कुशलाः स्व आत्मन्
नित्यप्रिये पतिसुतादिभिरार्तिदैः किम्।
तन्नः प्रसीद परमेश्वर मा स्म छिन्द्या
आशां भृतां त्वयि चिरादरविन्दनेत्र॥
चित्तं सुखेन भवतापहृतं गृहेषु
यन्निर्विशत्युत करावपि गृह्यकृत्ये।
पादौ पदं न चलतस्तव पादमूलाद्
यामः कथं व्रजमथो करवाम किं वा॥

(श्रीमद्भा० १०। २९। ३३-३४)

'शास्त्रज्ञ पुरुष अपने नित्यप्रिय आत्मारूप आपमें ही प्रेम करते हैं। इस लोकमें संसार-दुःख देनेवाले पति-पुत्रादिसे उन्हें क्या प्रयोजन है। अतः हे परमेश्वर! आप हमपर प्रसन्न होइये। हमारी चिरकालकी आशालताको काटिये नहीं। अब हम किसी प्रकार घर नहीं जा सकतीं। हमारा जो चित्त सुखपूर्वक घरमें आसक्त था, उसको आपने चुरा लिया, हमारे हाथ घरके कामोंमें लगे थे, वे भी चेष्टाहीन हो गये और हमारे पैर भी आपके चरण-कमलोंसे एक पग भी दूर नहीं हटना चाहते। हम किस प्रकार घर जायँ और वहाँ जाकर अब करें भी क्या !'

भगवान्‌ने भक्तकी परीक्षा की, परीक्षामें भक्त उत्तीर्ण हो गया, तब उसे

मनोवाच्छित फल दिया। योगेश्वरेश्वर भगवान्ने आत्माराम होकर गोपियोंके साथ आत्मरमण किया। इसके बाद भगवान् एक बार अन्तर्धान हो गये। पीछेसे गोपियाँ भगवान्के अदर्शनसे व्याकुल होकर भगवान्को ढूँढ़ती और विविध विलाप करती रहीं—

रोला

है गईं बिरह बिकल तब बूझत द्रुम बेली बन।
को जड़, को चैतन्य, कछु न जानत बिरही जन॥
हे मालति! हे जाति! जूथिके! सुनि हित दै चित।
मान-हरन मन-हरन गिरिधरन लाल लखे इत॥
हे केतकि! इत तैं चितए कितहूँ पिय रूसे।
कै नँदनंदन मंद मुसकि तुमरे मन मूसे॥
हे मुकता फल बेलि! धरें मुकता मनि माला।
निरखे नैन बिसाल मोहने नंद के लाला॥
हे मंदार उदार, बीर करबीर महामति।
देखे कहुँ बलबीर धीर मन-हरन धीर-गति॥
हे चंदन! दुखकंदन! सब कहुँ जरत सिरावहु।
नँदनंदन जगबंदन चंदन हमहि मिलावहु॥
बूझहु री इन लतनि फूलि रहि फूलनि सोहीं।
सुंदर पिय कर परस बिना अस फूल न होहीं॥
हे सखि! ये मृगबधू इनहि किन बूझहु अनुसरि।
डहडहे इन के नैन, अबहिं कतहूँ चितए हरि॥
अहो कदंब, अहो अंब, निंब, क्यों रहे मौन गहि।
अहो बट तुंग सुरंग बीर, कहुँ इत उलहे लहि॥
जमुन निकट के बिटप पूछि भइँ निपट उदासी।
क्यौं कहिहैं सखि! महा कठिन ये तीरथबासी॥
हे अवनी! नवनीत चोर चित चोर हमारे।

राखे किते दुराइ बतावहु प्रानपियारे ॥
अहो तुलसि कल्यानि! सदा गोबिंद पद प्यारी।
क्यौं न कहति तू नँदनंदन सौं बिथा हमारी ॥
अपने मुख चाँदने चलैं सुंदरि तिन माहीं।
जहँ आवै तम पुंज कुंज गहबर तरु छाहीं ॥

(नन्ददासजी)

वे बोलीं—

धन्या अहो अमी आल्यो गोविन्दाङ्घ्र्यब्जरेणवः।
यान् ब्रह्मेशो रमा देवी दधुमूर्ध्न्यघनुत्तये ॥

(श्रीमद्भा० १०।३०।२९)

'भगवान् श्रीगोविन्दकी चरणरज अत्यन्त पवित्र है। ब्रह्मा, शिव, रमा आदि भी इसको मस्तकपर धारण करते हैं, हमलोग भी इसे मस्तकपर धारण करें।' यों कहते-कहते वे श्रीकृष्णमें तन्मय होकर श्रीकृष्णकी-सी लीलाएँ करने लगीं।

इहि बिधि बन-बन ढूँढ़ि बूझि उनमत की नाईं।
करन लगीं मनहरन लाल लीला मन भाईं ॥
मोहन लाल रसाल की लीला इनही सोहैं।
केवल तन्मय भईं कछु न जानैं हम को हैं ॥

(नन्ददासजी)

तदनन्तर पुनः भगवान्ने प्रकट होकर प्रत्येकके साथ एक-एक अलग-अलग बनकर रास किया।

रासका पहला श्लोक है—

भगवानपि ता रात्रीः शरदोत्फुल्लमल्लिकाः।
वीक्ष्य रन्तुं मनश्चक्रे योगमायामुपाश्रितः ॥

'भगवान्ने योगमायाको आश्रित करके रमणकी इच्छा की।' इसके बाद **'आत्मारामोऽप्यरीरमत्'** (आत्माराम होकर रमण किया), **'साक्षान्मन्मथमन्मथः'** (कामदेवको भी मोहनेवाले), **'आत्मन्यवरुद्धसौरतः'** (अस्खलितवीर्य),

आत्मकाम, सत्यकाम, पूर्णकाम, योगेश्वरेश्वर आदि शब्द आते हैं, जिनसे यह सिद्ध होता है कि भगवान्‌की यह लीला परम दिव्य थी। इसमें लौकिक कामगन्धको जरा-सा भी स्थान नहीं है। 'भगवान्' शब्दसे ही सिद्ध होता है कि भगवान्‌में औपपत्य नहीं हो सकता; क्योंकि वे सबके आत्माराम हैं। जिनमें अणिमादि आठों ऐश्वर्य विद्यमान हों, जो धर्म, यश, श्री, वैराग्य और ज्ञानके अपार और अटूट भंडार हों, उन्हींको भगवान् कहते हैं—

ऐश्वर्यस्य समग्रस्य धर्मस्य यशसः श्रियः।
ज्ञानवैराग्ययोश्चैव षण्णां भग इतीरणा॥

(श्रीविष्णुपुराण ६।५।७४)

इस प्रकार षडैश्वर्यपूर्ण भगवान्‌में कामवासना या औपपत्य घट ही नहीं सकता। भगवान्‌ने यह सारी लीला अपनी योगमायाके द्वारा की। जिसकी जैसी इच्छा थी, भक्तवाञ्छाकल्पतरु भगवान्‌की योगमायासे उसे वैसा ही होता प्रतीत हुआ। योगमाया (भगवान्‌की अपनी दिव्य नित्य शक्ति) के प्रभावसे ही निस्सङ्ग भगवान् सृष्टि, स्थिति और प्रलयकी लीला किया करते हैं। ऐन्द्रजालिक जिस प्रकार अपने इच्छानुसार दर्शकोंको मोहित करके मनमानी घटनाएँ उन्हें दिखाता है, इसी प्रकार भगवान्‌ने योगमायासे लीलाएँ कीं। राधिकाजी योगमायाका स्वरूप थीं, योगमायाके दूसरे एक स्वरूपको पहले भेजकर कंसको संदेश दिलाया था और उसी योगमायाके द्वारा व्रजमें भगवान्‌ने दिव्य लीलाविलास किया। ब्रह्माके द्वारा गोप-बालकोंके और गोवत्सोंके हरण किये जानेपर पाँच वर्षके शिशु श्रीकृष्ण अपनी योगमायाके प्रभावसे स्वयं गोप-बालक, बछड़े और उनके सारे सामान—कपड़े, सींग, लाठी आदि बन गये। छः वर्षके बालक श्रीकृष्णने अपनी योगमायाके प्रभावसे कालियदमन और दावाग्नि-पान किया। इसी अवस्थामें भगवान्‌ने अपनेको पतिरूपसे चाहनेवाली व्रजबालाओंका मायाभ्रम दूर करके सम्पूर्ण आत्मसमर्पणकी योग्यता प्रदान करनेके लिये उनके वस्त्र-हरणकी लीला की। इसी योगमायाके प्रभावसे सात वर्षके बालक श्रीकृष्णको व्रजयुवतियोंने नवयौवनसम्पन्न देखा। इसी अपनी योगमायाके प्रभावसे रासमण्डलमें भगवान् क्रीड़ा (रमण) करते हुए प्रतीत हुए। इसी योगमायाके बलसे

****

प्रत्येक गोपीने गोपीनाथको अपने साथ देखा। बालक जैसे दर्पणमें अपने प्रतिविम्बके साथ स्वच्छन्द खेलता है, इसी प्रकार योगमायाके द्वारा भगवान् श्रीकृष्णने अपनी छायास्वरूपा गोपियोंसे विलास किया—

रेमे रमेशो व्रजसुन्दरीभि-
र्यथार्भकः स्वप्रतिबिम्बविभ्रमः ॥

(श्रीमद्भा० १० । ३३ । १७)

—और योगमायाके प्रभावसे ही व्रजवासियोंने रासमें गयी हुई अपनी-अपनी पत्नियोंको अपने पास ही सोये हुए देखा—

मन्यमानाः स्वपार्श्वस्थान् स्वान् स्वान् दारान् व्रजौकसः ॥

(श्रीमद्भा० १० । ३३ । ३८)

योगमायाके प्रभावसे ही कंसके दरबारमें प्रवेश करते समय एकादशवर्षीय बालक श्रीकृष्णको मल्लोंने वज्रके समान, नागरिकोंने विलक्षण नरश्रेष्ठरूपमें, स्त्रियोंने मूर्तिमान् कामदेवके तुल्य, गोपोंने निज-जनके सदृश, दुष्ट राजाओंने शासकके समान, वसुदेव और देवकीने पुत्ररूपमें, कंसने साक्षात् मृत्युरूपमें, विद्वानोंने विराट् पुरुषके रूपमें, योगियोंने परमतत्त्वके रूपमें और यादवोंने परम देवताके रूपमें देखा।

यह पूर्णकाम, सत्यकाम, योगेश्वरेश्वर, षडैश्वर्यपूर्ण, अघटघटनापटीयसी योगमायाके संचालक, ह्लादिनी शक्तिके शक्तिमान्, भक्तवाञ्छाकल्पतरु साक्षात् भगवान् और उन्हींके प्रतिबिम्बरूप भक्तोंकी दिव्य प्रेमलीला थी।

वास्तवमें श्रीकृष्णके साथ राधाका सर्वथा अभेद है। श्रीकृष्णके सौन्दर्य और माधुर्यका आस्वादन करनेवाली श्रीकृष्णकी अपनी ही ह्लादिनी शक्तिका नाम श्रीराधा है और श्रीकृष्णकी असंख्य शक्तियोंमेंसे जो शक्तियाँ इस ह्लादिनी शक्तिकी पुष्टिकारिणी हैं, वे ही श्रीराधाकी सहचरी सखियाँ श्रीगोपियाँ हैं। उनमें भी सखी, सहेली, सहचरी, दूतिका, दासी आदि कई भेद हैं। श्रीकृष्ण सुन्दरतम और मधुरतम हैं; इसीलिये वे रसराज, साक्षात् मन्मथमन्मथ, कोटि-मनोज-लजावनहारे, कंदर्पके मूल बीज, दिव्य, नित्य नवीन मदन, विज्ञानानन्दघन परमपुरुषोत्तम हैं; और श्रीराधा श्रीकृष्णके सौन्दर्य-माधुर्यसे मुग्ध कृष्णानुरागमयी, कृष्णभावमयी परा प्रकृति हैं। श्रीकृष्ण इस

अपनी ही शक्तिद्वारा अपने सौन्दर्य-माधुर्यका रसास्वादन करते हैं। यही रसराज श्रीकृष्ण और रसरङ्गिणी श्रीराधाकी पारस्परिक प्रेम-सम्पत्ति है। यह प्रेम मानवीय नहीं है, यह नरलोकमें नहीं होता। इसीलिये श्रीचैतन्यचरितामृतमें कहा गया है—

परकीया भावे अति रसेर उल्लास।
व्रज बिना इहार अन्यत्र नाह बास॥

इस अति रसके उल्लासरूप दिव्य परकीयाभावका व्रजके (दिव्य श्रीकृष्णप्रेममय गोलोकके) अतिरिक्त अन्यत्र कहीं निवास नहीं है और इसीलिये ये व्रजराज रसराज श्रीकृष्ण इस वृन्दावनको छोड़कर एक पैंड भी कहीं नहीं जाते—

वृन्दावनं परित्यज्य पादमेकं न गच्छति।

भगवान् श्रीकृष्ण शुद्ध चिन्मय, शुद्ध आनन्दमय, शुद्ध प्रेममय, शुद्ध रसमय हैं और ये श्रीकृष्णकान्ता गोपियाँ (श्रीकृष्णकी ह्लादिनी शक्ति राधा और श्रीराधा-कृष्णका सदा मिलन-संयोग करानेमें ही नित्य संलग्न रहनेवाली, श्रीराधासे भी बढ़कर सुखानुभव करनेवाली सखियाँ) शुद्ध चिन्मयी, शुद्ध आनन्दमयी, शुद्ध प्रेममयी और शुद्ध भावमयी हैं। ये और इनके देहादि हमलोगोंकी भाँति वस्तुतः रक्त-मांसमय नहीं हैं, प्रापञ्चिक या कल्पित नहीं हैं, कर्मजन्य सुख-दुःखके भोग-निमित्त नहीं हैं, ये नित्य हैं। प्रपञ्चमय मायिक जगत्‌में प्रकट होनेपर भी, मृत्युलोकमें लीला करनेपर भी मरणधर्मसे सर्वथा अतीत हैं। प्रेमसे छलकते हुए दिव्य नेत्रोंसे ही इनकी दिव्य मूर्तियोंके और नित्यरासके दर्शन हो सकते हैं।

श्रीमहादेवजीके प्रति स्वयं भगवान्‌के वचन हैं—

इमां तु मत्प्रियां विद्धि राधिकां परदेवताम्।
अस्याश्च परितः पश्चात् सख्यः शतसहस्रशः॥
नित्याः सर्वा इमा रुद्र यथाहं नित्यविग्रहः।
सखायः पितरो गोपा गावो वृन्दावनं मम॥
सर्वमेतन्नित्यमेव चिदानन्दरसात्मकम्।
इदमानन्दकन्दाख्यं विद्धि वृन्दावनं मम॥

(पद्म० पाताल० ५१। ७३—७५)

'ये श्रीराधिकाजी मेरी प्रिया हैं—इन्हें परमदेवता समझिये। इनके चारों ओर और पीछे लाखों सखियाँ हैं; जैसे मैं नित्यविग्रह हूँ, उसी प्रकार ये सब भी नित्य हैं। मेरे पिता, माता, सखा, गोप, गौएँ और यह मेरा वृन्दावन—सभी नित्य और सच्चिदानन्द-रसमय हैं। मेरे इस वृन्दावनका नाम आनन्दकन्द जानो।'

रसोल्लासतन्त्रमें भगवान् श्रीशिवजी देवी पार्वतीसे रासके सम्बन्धमें कहते हैं—

शरीरे देहानि यथा स्थूलं सूक्ष्मं च कारणम्।
तथैवान्यद् देहं ज्ञेयं भावदेहं प्रकीर्तितम्॥
कृपालब्धमिदं देहं सहजं जन्मजन्मनि।
अथवा साधनालब्धं कदापि वा महेश्वरि॥
न सगुणं निर्गुणं वा देहमिदं परात्मकम्।
कुत्रापि न हि द्रष्टव्यं लोके वृन्दावनं विना॥
संगतं सह कृष्णेन गोपीनां चरितं च यत्।
तत्र कामादकामाद्वा भावदेहेन तत्कृतम्॥

अर्थात् 'जैसे शरीरके स्थूल, सूक्ष्म और कारण भेद हैं, ऐसे ही एक भावदेह और होता है; यह देह भगवत्कृपासे प्राप्त होता है और उन्हींकी कृपासे जन्म-जन्मान्तरमें सहज ही मिल जाता है। (प्रायः ऐसा देह भगवान्के मुक्त परिकरोंका या कारकपुरुषोंका होता है।) अथवा हे महेश्वरि! कभी-कभी साधनाके द्वारा भी इस देहकी प्राप्ति हो सकती है। यह भावदेह न (कर्मजन्य) सगुण है और न निर्गुण है; यह परात्मक देह है, जो वृन्दावनके सिवा और कहीं नहीं देखा जाता। श्रीकृष्णके साथ मिलकर गोपियाँ कृतार्थ हुई थीं, उनका यह मिलन न कामजन्य था और न अकाम। वह भावदेहकृत था।' शिवजीके इन वाक्योंसे श्रीकृष्ण और गोपियोंके प्रेमकी दिव्यता स्पष्ट है। गोपियोंका श्रीकृष्णके साथ रमण प्राकृत—शारीरिक नहीं था, उसमें इन्द्रियोंका विषय तनिक भी नहीं था; अतएव इस दिव्य प्रेमलीलामें दोष देखना महापाप है।

अधिकार और कर्तव्य

परंतु एक बात ध्यानमें रखनेकी है कि ऐसी लीलाका नायक सिवा भगवान्के

और कोई भी नहीं हो सकता। गोपीभावसे भगवान्‌की उपासना करनेका अधिकार सभी वैराग्य और प्रेमसम्पन्न जीवोंको है। गोपीभाव न तो केवल स्त्रियोंके ही लिये है न स्त्रीकी-जैसी पोशाक पहनकर स्त्री सजनेकी ही आवश्यकता है। आवश्यकता है गोपियोंको आदर्श मानकर उनके-जैसा प्रेमभाव हृदयमें उत्पन्न करनेकी। यह उपासना भावनासिद्ध है, वेषसिद्ध नहीं। जिसमें ऐसा अपार्थिव निष्काम अनन्य प्रेम होगा, वही गोपीभावसे उपासना कर सकेगा। परंतु उपास्य केवल परमात्मा ही होंगे।

गोपीभावके उपासकोंकी धारणामें सभी लोग भावदेहसे प्रकृति हैं और पुरुषप्रधान अप्राकृत नवीन मदन व्रजेन्द्रनन्दन ही सबके एकमात्र पति—परम पति हैं। एक श्रीनन्दनन्दनको छोड़कर वे दूसरे पुरुषकी कल्पना ही नहीं कर सकते। **'सपनेहुँ आन पुरुष जग नाहीं।'** इस दिव्य प्रेम-राज्यमें श्रीकृष्णके सिवा अन्य किसी भी पुरुषका और श्रीकृष्णप्रेमरसभावितमति भक्तरूपा रमणीके सिवा अन्य किसी नारीका प्रवेशाधिकार या प्रवेशसामर्थ्य नहीं है। भगवान्‌की आनन्दमयी शक्तिके इस दिव्य प्रेम-सदनमें दूसरे साधारण नर-नारियोंका प्रवेश सर्वथा निषिद्ध है। महामन्दिरमें प्रवेश करनेवालेको ड्योढ़ीपर पहरा देनेवाली सखीको प्रवेशपत्र दिखलाना पड़ता है और श्रीकृष्णप्रेम-रसमें डूबी हुई बुद्धिरूपी उस प्रवेशपत्रीको वही प्राप्त कर सकता है, जो अपना तन-मन-धन प्रियतम प्रभुके अर्पणकर, सर्वथा कामनाशून्य होकर, काम-क्रोध-लोभादि विकारोंसे रहित होकर, वैराग्यरूप परम सुन्दर वस्त्रोंको धारणकर, दैवी गुणोंके अलंकारोंसे सुसज्जित होकर प्रेमकी वेदीपर अपनी बलि चढ़ा देता है—

प्रथम सीस अरपन करै, पाछैं करै प्रबेस।
ऐसे प्रेमी सुजन कौ है प्रबेस यहि देस॥

अतएव इसमें कोई भी मनुष्य कदापि श्रीकृष्ण नहीं बन सकता, चाहे वह महान् आचार्य, उपदेशक, प्रेमी, जीवन्मुक्त या दिव्य भाववाला ही क्यों न समझा जाता हो; इसलिये यदि कोई मनुष्य श्रीकृष्ण बनकर गोपीभावसे उपासना करानेका दावा करे तो उससे सदा दूर रहना चाहिये। विशेष करके स्त्रियोंके द्वारा गोपीभावसे अपनी उपासनाकी बात कहनेवाले मनुष्यको तो दुराचारी ही मानना चाहिये। साधक पुरुषके

****

लिये तो, स्त्रीकी बातें तो दूर रहीं, स्त्रियोंका सङ्ग करनेवालेका सङ्ग भी त्याज्य है—

स्त्रीणां स्त्रीसङ्गिनां सङ्गं त्यक्त्वा दूरत आत्मवान्।

(श्रीमद्भा० ११।१४।२९)

यह प्रेम अत्यन्त ही दुर्लभ है। इसमें देवताओंका भी अधिकार नहीं है। जो भगवान्‌के व्रजरसके रसिक हैं, व्रजभावके भावुक हैं, व्रजप्रेमके प्रेमी हैं, वे भक्त ही इस अत्यन्त उच्च प्रेमरसका पान किया करते हैं। गोपीपदाश्रय करके गोपीभावका अवलम्बन करनेसे ही इस दुर्लभ, कामगन्धहीन, विषयाभिलाषाशून्य, दिव्य प्रेम और प्रेमस्वरूप प्रेमाधार श्यामसुन्दरकी प्राप्ति हो सकती है। श्रीचैतन्यचरितामृतमें कहा गया है—

सेइ गोपीभावामृते जॉर लोभ हय,
बेदधर्म सर्व त्यजि सेइ कृष्णेरे भजय।
रागानुरागमार्गे भजे जेइ जन,
सेइ जन पाय व्रजे व्रजेन्द्रनन्दन॥

परंतु प्रेमी वेदधर्म छोड़ना नहीं चाहता, प्रेमके प्रकट होनेपर वह वेदधर्म ही अपने परमफलस्वरूप प्रेमपदको प्राप्त हुआ जानकर उस साधकको छोड़ देता है। जो जान-बूझकर छोड़ता है, उसका तो पतन ही होता है—

एक नेम यह प्रेम कौ, नेम सबै छुटि जाहिं।
पै जो छाँडि जानि कै, तहाँ प्रेम कछु नाहिं॥

यह पंथ विषयकामियोंका नहीं है, यह मार्ग बाह्य वेषधारियोंका नहीं है। यह तो उन सच्चे त्यागियोंका पावन पथ है, जो सारे जगत्‌का मोह और सारी कामनाएँ त्यागकर एकमात्र भगवान्‌को ही भजना चाहते हैं। जिनके हृदयमें भोग-लालसा है, उनका तो इस मार्गपर पैर रखना मानो धधकती हुई अग्निमें कूदना या कालसर्पके मुँहमें हाथ देना है—

प्रेम-अमिय पीयौ चहै, करै बिषय सौं नेह।
विष ब्यापै, जारै हियौ, करै जरजरित देह॥

इसीलिये शुकदेवजी सबको सावधान करते हुए कहते हैं—

****

नैतत् समाचरेज्जातु मनसापि ह्यनीश्वरः।
विनश्यत्याचरन् मौढ्याद् यथारुद्रोऽब्धिजं विषम्॥
गोपीनां तत्पतीनां च सर्वेषामेव देहिनाम्।
योऽन्तश्चरति सोऽध्यक्षः क्रीडनेनेह देहभाक्॥
अनुग्रहाय भूतानां मानुषं देहमास्थितः।
भजते तादृशीः क्रीडा याः श्रुत्वा तत्परो भवेत्॥

(श्रीमद्भा० १०। ३३। ३१, ३६-३७)

'शिवजी हलाहल पी गये, प्रत्येक मनुष्य नहीं पी सकता। इसी प्रकार भगवान्‌ने यह लीला की, मनुष्य नहीं कर सकता। अतः असमर्थ मनुष्योंको भगवान्‌की इस लीलाका अनुकरण कभी मनसे भी नहीं करना चाहिये। यदि कोई मूर्खतावश करेगा तो वह नष्ट हो जायगा। भगवान् तो गोपियोंके, उनके पतियोंके और सम्पूर्ण देहधारियोंके आत्मा हैं, साक्षीरूपसे सबके हृदयमें विराजमान हैं; उन्होंने लीलासे ही शरीर धारणकर अवतार लिया था और जीवोंपर कृपा करनेके लिये ही उस दिव्य देहसे ऐसी अलौकिक लीलाएँ की थीं, जिन्हें सुनकर लोग भगवत्परायण हो जायँ।'

अतएव भगवान्‌की अलौकिक लीलाओंका अनुकरण न करके, पवित्र गोपीभावको आदर्श मानकर, अपना सब कुछ भगवान्‌के अर्पण करके बुद्धि, मन और इन्द्रियोंके द्वारा सब प्रकारसे भगवान्‌की सेवा करनी चाहिये और उनका नित्य-निरन्तर प्रेमपूर्वक चिन्तन करना चाहिये। भक्त बनना चाहिये, भगवान् नहीं।

जीव भगवान्‌का अंश है, इसलिये इसमें भी आनन्दांश है—ह्लादिनी शक्तिका अंश है। यदि मनुष्य आनन्दमयी शक्तिके इस अंशको भ्रमसे सुखरूप भासनेवाले अनित्य क्षणभङ्गुर दुःखमय भोगोंसे हटाकर भगवान्‌के सौन्दर्य-माधुर्य-सुखकी ओर लगा दे तो उस अनित्य और भ्रमपूर्ण तुच्छ विषयानन्दके बदले उसे शाश्वत भूमानन्द मिल सकता है। मनुष्यकी यह आनन्दग्राहिणी शक्ति उन्नत और परिष्कृत होनेपर कैतवशून्य और कामगन्धशून्य होकर केवल श्रीकृष्ण-सौन्दर्य-माधुर्य-रसास्वादनके लिये लालायित हो उठती है; परंतु जबतक जीवकी यह आनन्दग्राहिणी शक्ति विषयभोगोंमें डूबी रहती है, तबतक इसकी कृष्णाभिमुखी गति नहीं होती। इसलिये

विषयानुरागको विषवल्लीके समान त्यागकर सदा-सर्वदा परम श्रद्धाके साथ श्रीराधाकृष्णकी लीलाका श्रवण-कीर्तन करते-करते और श्रीकृष्णकी किसी प्रेममयी सखीको गुरु बनाकर उसके आज्ञानुसार श्रीकृष्णलीलाका ध्यान करते-करते तन-मनकी सुधि भुलाकर प्रेममें तन्मय हो जाना चाहिये।

गोपी-प्रेम दिव्य रसपूर्ण है। उस रसको साधारण मनुष्य कहाँसे प्राप्त करे और वाणी या लेखनी कैसे उसका वर्णन करे। हमलोगोंको उचित है कि परम प्रेममयी गोपिकाओंका चरण-वन्दन करके उनसे प्रेमकी भिक्षा माँगें और उनके प्यारे श्यामसुन्दरके नाम-गुणोंका गान करके जन्म-जीवनको सफल करें। श्रीललितकिशोरीजी कहते हैं—

रुचि कै सँवारे नाहिं अंग-अंग स्यामा-स्याम,
एरी धिक्कार और नाना कर्म कीबे पै।
पायन कौं धोइ निज करन ना पान कियौ,
आली अंगार परैं सीतल जल पीबे पै॥
विचरे ना वृंदावन कुंज-लतान तरे
गाज गिरै अन्य फुलवारी-सुख लीबे पै।
'ललितकिसोरी' बीते बरस अनेक, दृग
देखे ना प्रानप्यारे, छार ऐसे जीबे पै।

श्यामसुन्दर आज भी हैं, उनकी लीला भी नित्य है। परंतु हमें वे श्यामसुन्दर कैसे दीखें और हमें उनके चरण धोनेका सौभाग्य कैसे प्राप्त हो ? नित्य-निरन्तर निष्काम प्रेमभावसे उनका नाम जपना, उनके गुणोंका कीर्तन करना, उनके प्रेमी भक्तोंका सङ्ग करना, उनके अनुकूल कार्य करना, उनके आज्ञानुसार चलना, उनके प्रत्येक विधानमें संतुष्ट रहना, जगत्‌का मोह छोड़कर उनकी रूपमाधुरीपर न्योछावर होनेकी साधना करना, उनकी लीलाओंका मनन करना और प्राण खोलकर, हृदयके अन्तस्तलसे उनको पानेके लिये रोना—ये ही सब उपाय हैं। यदि चाहते हैं तो विषयासक्ति छोड़कर इन उपायोंका अवलम्बन कीजिये। करते-करते आप ही भावोंका विकास होगा और श्रीकृष्ण हमें सर्वस्वरूपमें मिल जायँगे। बोलो गोपी और गोपीनाथके पद-पद्म-परागकी जय !

——::×::——

गोपीहृदयमें प्रेम-समुद्र

सप्रेम हरिस्मरण। आपका कृपापत्र मिला। वास्तवमें ये गोपरमणियाँ प्रेम-जगत्‌की तो परम आदर्श हैं ही, नारी-जगत्‌में भी इनकी कहीं तुलना नहीं है। विश्व तो क्या, भगवत्-राज्यमें भी किसी भी नारीके चरित्रमें नारी-जीवनकी महिमामयी सेवाकी ऐसी आदर्श मनोहर सहज मूर्तिका विकास नहीं हुआ। सावित्री, अरुन्धती, लोपामुद्रा, उमा, रमा—किसीकी उपमा श्रीगोपाङ्गनाओंके साथ नहीं दी जा सकती। आत्मसुख-लालसाकी गन्धसे रहित होकर केवल अपने प्रियतम श्रीकृष्णको सुखी करनेके लिये ही जीवन धारण करना, लोक-परलोक, भोग-मोक्ष—सब कुछ भूलकर प्रियतमकी रुचिके अनुसार अपने जीवनकी क्षण-क्षणकी समस्त क्रियाओंका सहज सम्पादन करना ही गोपी-प्रेम है।

श्रीकृष्ण स्वयं भगवान् हैं, उनमें किसी भी वासना-कामनाका पृथक् अस्तित्व नहीं है; पर वे परम प्रेमास्पद भगवान् श्रीगोपाङ्गनाओंके प्रेम-सुखका आस्वादन करने-करानेके लिये अपने भगवत्स्वरूप मनमें नित्य नयी-नयी विचित्र वासनाओंका उदय करते हैं और भगवान्‌की उन प्रतिक्षण उदय होनेवाली नित्य-नवीन वासनाओंके अनुकूल अपनेको निर्माण करके भगवान्‌को सुख पहुँचाना केवल श्रीगोपाङ्गनाओंके ही शक्ति-सामर्थ्यसे सम्भव है। बस, प्रियतमकी रुचिको—चाहको पूर्ण करना ही जिनके जीवनका स्वरूप है, जिनकी प्रत्येक स्फुरणामें, प्रत्येक संकल्पमें, प्रत्येक चेष्टामें, प्रत्येक शब्दमें और प्रत्येक क्रियामें केवल प्रेमास्पद श्रीकृष्णकी दिव्य प्रेमजनित वासनापूर्तिका ही सहज सफल प्रयास है, उन श्रीगोपाङ्गनाओंकी तुलना कहीं, किसीसे भी नहीं हो सकती।

श्रीगोपाङ्गनाओंमें मधुर भावकी पूर्ण अभिव्यक्ति है। इस मधुर भावसे ही मधुर रसका प्राकट्य होता है। एक महात्माने बताया है कि यह मधुर रस तीन प्रकारका होता है। तीनों ही अत्यन्त मूल्यवान् हैं, पर एकको अपेक्षा दूसरा अधिक उत्कृष्ट और मूल्यवान् है। जैसे मणियाँ तीन प्रकारकी होती हैं—साधारणमणि, चिन्तामणि और

कौस्तुभमणि। साधारण मणिका जैसा साधारण मूल्य होता है, वैसे ही श्रीकृष्णके प्रति कुब्जाकी प्रीतिका मूल्य साधारण है। श्रीकृष्ण-सम्पर्कसे महाभागा होनेपर भी उसमें श्रीकृष्णकी सेवा करके केवल अपनेको ही सुख पहुँचानेका संधान था। इसीसे उसे 'दुर्भगा' कहा गया। चिन्तामणि जहाँ-तहाँ सहजमें नहीं मिलती। उसका मूल्य भी बहुत अधिक है। सब लोग उतना मूल्य दे ही नहीं सकते। वैसे ही श्रीकृष्णकी पटरानियोंकी दिव्य प्रीति है। श्रीकृष्णका भी सुख और अपना भी सुख—उनमें इस प्रकारका उभय-सुखी भाव बना रहता है; इसलिये उनकी इस रतिका नाम समञ्जसा है। श्रीगोपाङ्गनाका प्रेम साक्षात् कौस्तुभमणिके सदृश है। चिन्तामणि तो दस-बीस भी मिल सकती हैं, पर कौस्तुभमणि तो एक ही है और वह केवल श्रीभगवान्‌के कण्ठका ही भूषण है, वह दूसरी जगह कहीं भी नहीं मिलती। इसी प्रकार श्रीगोपाङ्गनाकी प्रीति भी श्रीकृष्णकी मधुर लीलास्थली व्रजके सिवा अन्यत्र कहीं नहीं मिलती। ऐसा प्रेम श्रीगोपाङ्गना ही जानती है, कर सकती है और यह प्रेम इस प्रेमके एकमात्र पात्र श्रीव्रजेन्द्रनन्दन श्यामसुन्दर मुरलीमनोहर गोपीवल्लभ श्रीकृष्णके प्रति ही हो सकता है। इस दिव्य प्रेम-सुधा-रसका अनन्त अगाध समुद्र नित्य-नित्य लहराता रहता है—गोपीहृदयमें। इसीसे वह अनुपमेय, अतुलनीय और अप्रमेय है।

——::×::——

गोपी-प्रेमकी महिमा

सप्रेम हरिस्मरण। आपका पत्र मिले बहुत दिन हो गये। गोपी-प्रेमकी बात किसी प्रेमीसे पूछिये। मैं तो इसका अधिकारी भी नहीं हूँ। मुझ अनधिकारीको ही जब यह इतना आनन्द देता है, तब जो महानुभाव अधिकारपूर्वक इसका यथार्थ रसास्वादन करते हैं, उनके सम्बन्धमें तो कुछ कहा ही नहीं जा सकता। श्रीराधिकाजी स्वयं रसराज, रसिकशेखर भगवान् श्रीकृष्णको रस-सागरमें निमग्न कर देनेवाली उन्हींकी स्वरूपभूता ह्लादिनी शक्ति हैं। श्रीकृष्णके प्रति जो परम उच्च निष्काम 'रति' होती है, उसे 'प्रेम' कहते हैं। श्रीचैतन्यचरितामृतमें कहा गया है कि यही रति जब बढ़ते-बढ़ते क्रमशः स्नेह, मान, प्रणय,

राग और अनुरागके रूपमें परिणत होकर 'भाव' रूपा होती है, तब वह बड़ी ही विलक्षण होती है। यही 'भाव' जब 'महाभाव'रूपको प्राप्त होता है, तब उसे प्रेमकी अत्युच्च स्थिति कहते हैं। श्रीमती राधिकाजी इस 'महाभाव' का ही मूर्तिमान् दिव्य विग्रह हैं। इन 'महाभाव' स्वरूपा श्रीराधिकाजीकी जो महाभाग्यवती सखियाँ रसराज श्रीकृष्णके साथ उनके मिलनकी साधनामें लगी रहती हैं, वे ही श्रीगोपीजनके नामसे प्रख्यात हैं। इनका प्रेम ऐसा दिव्य और विलक्षण है कि उनका तनिक-सा स्मरणमात्र भी साधकको इस मायाके क्षेत्रसे बाहर—अति दूर उस दिव्य प्रेमसाम्राज्यमें ले जाता है, जहाँका सभी कुछ अनोखा है, जहाँ कभी कोई वस्तु पुरानी होती ही नहीं। श्रीकृष्ण जैसे नित्य-नव-सुन्दर हैं और सदा एकरस होनेपर भी उनका सौन्दर्य जैसे प्रतिक्षण नये-नये रूपमें वर्द्धित होता रहता है, वैसे ही वहाँकी प्रत्येक वस्तु—गौ, गोप-गोपी, पशु-पक्षी, कीट-पतंग, वृक्ष-लता, सच्चिदानन्दरसमय, दिव्य और नित्य नवीनरूपमें प्रकाशित होती रहती है। इसी प्रकार यह गोपीप्रेम भी नित्य-नूतन बना रहता है। हमारे इस जगत्में ऐसी बात नहीं है। प्रेमके प्रथम प्रकाशमें प्रेमास्पद जितना सुन्दर और मधुर प्रतीत होता है, कुछ दिनोंके बाद उसके उस सौन्दर्य और माधुर्यकी वैसी अनुभूति नहीं होती। वह पुराना पड़ जाता है। उसमें पहले-जैसा आकर्षण नहीं रह जाता। उससे मिलनेके लिये चित्तमें पहले-जैसी छटपटी नहीं रह जाती। परंतु इस गोपी-प्रेममें यह बात नहीं है। इसकी अलौकिक आनन्द-सुधा-धारा नित्य-नवीन-आनन्ददायिनी होती है; क्योंकि इसी दिव्य प्रेमसे नित्य-नव-सुन्दर रसिकशिरोमणि रसमय श्रीश्यामसुन्दरके नित्य-नव-सौन्दर्यके दर्शन होते रहते हैं। इस प्रेमकी तनिक-सी छाया भी समस्त ब्रह्माण्डोंके ऐश्वर्य-सुखको—यहाँतक कि मोक्षसुखको भी नीरस और हेय बना देती है। फिर बस, जीवनमें केवल एक ही साध बनी रह जाती है और वह पूरी होती रहनेपर भी कभी पूरी होती ही नहीं। वह साध है—नित्य-निरन्तर प्रतिक्षण अपने जीवनाधार अखिलरसामृतमूर्ति श्यामसुन्दरके नित्य नये-नये सौन्दर्य और माधुर्यको देखते रहना।

क्या लिखा जाय? गोपी-प्रेमके इस 'भाव'-राज्यमें जिनका तनिक-सा भी प्रवेश है, उनकी दशा कुछ कही नहीं जाती। यह प्रेम-रस-सागर अगाध और असीम है। इसमें जो डूबा, उसे क्या मिल गया—कुछ कहा नहीं जा सकता। अहा! इस अगाध

एकरस महासागरमें कितनी विचित्रता है! यह नित्य स्थिर होनेपर भी परम चञ्चल है। इसमें नित्य नयी-नयी भाव-लहरियाँ उठती रहती हैं—उनमें तनिक भी विराम या विश्राम नहीं है। धन्य हैं वे, जो इसमें डूबे हुए इन लहरियोंके साथ लहराते रहते हैं। बिजलीकी चमककी भाँति कहीं एक बार क्षणमात्रके लिये भी इस प्रेमकी और इस प्रेमके विषय-रसघनविग्रह श्यामसुन्दरकी झाँकी हो जाती है तो वह सदाके लिये आनन्दरस-सागरमें डुबो देनेवाली होती है।

यह गोपी-प्रेम उसीको प्राप्त होता है, जो कर्म-धर्म, भुक्ति-मुक्ति, ज्ञान-वैराग्य—सबका मोह छोड़कर केवल प्रेम ही चाहता है और सारे भोगोंकी लालसाको तथा असत्य, हिंसा, काम, क्रोध, मान, बड़ाई, परचर्चा, लोकवार्ता आदिको सर्वथा त्यागकर परम-आश्रय-बुद्धिसे श्रीगोपीजनोंकी चरणोपासना करता है और एक प्रेमलालसासे युक्त होकर उनसे केवल इस प्रेमकी ही भीख माँगता रहता है।

——::×::——

गोपियोंके श्रीकृष्ण

× × × × एक कथा आती है—पाँच सखियाँ थीं, पाँचों श्रीकृष्णकी भक्त थीं। एक समय वे वनमें बैठी फूलोंकी माला गूँथ रही थीं। उधरसे एक साधु आ निकले। साधुको रोककर बालाओंने कहा—'महात्मन्! हमारे प्राणनाथ श्रीकृष्ण वनमें कहीं खो गये हैं, उन्हें आपने देखा हो तो बता दीजिये।' इसपर साधुने कहा—'अरी पगलियो! कहीं श्रीकृष्ण यों मिलते हैं? उनके लिये घोर तप करना चाहिये। वे राजराजेश्वर हैं, रुष्ट होते हैं तो दण्ड देते हैं और प्रसन्न होते हैं तो पुरस्कार।' सखियोंने कहा—'महात्मन्! आपके वे श्रीकृष्ण दूसरे होंगे; हमारे श्रीकृष्ण तो राजराजेश्वर नहीं हैं, वे तो हमारे प्राणपति हैं। वे हमें पुरस्कार क्या देते? उनके कोषकी कुंजी तो हमारे ही पास रहती है। दण्ड तो वे कभी देते ही नहीं; यदि हम कभी कुपथ्य कर लें और वे हमें कड़वी दवा पिलायें तो यह तो दण्ड नहीं है, प्रेम है।' साधु उनकी बात सुनकर मस्त हो गये। वे अपने श्रीकृष्णको याद करके नाचने लगीं और साथ ही साधु भी तन्मय होकर नाचने लगे। × × × ×

——::×::——

श्रीगोपाङ्गनाओंकी महत्ता

सप्रेम हरिस्मरण। ·····गोपीजनोंको भगवान्‌के स्वरूपका पूर्णतया ज्ञान था, इसमें तनिक भी संदेह नहीं है। गोपियाँ भगवान्‌की अन्तरङ्ग शक्तियाँ थीं, जिनके मन-प्राण सदा भगवान्‌में ही लगे रहते थे; वे उनके स्वरूप और महत्त्वको न जानती हों—यह कैसे सम्भव है।

श्रीमद्भागवतके २९ वें अध्यायमें श्रीशुकदेवजीने जो यह कहा कि—'**तमेव परमात्मानं जारबुद्ध्यापि संगताः। जहुर्गुणमयं देहं सद्यः प्रक्षीणबन्धनाः॥**' और उसपर राजा परीक्षित्‌ने जो शङ्का की कि—'**कृष्णं विदुः परं कान्तं न तु ब्रह्मतया मुने।**' इत्यादि, तथा इस शङ्काको स्वीकार करके जो शुकदेवजीने उत्तर दिया— '**उक्तं पुरस्तादेतत्ते चैद्यः सिद्धिं यथा गतः। द्विषन्नपि हृषीकेशं किमुताधोक्षजप्रियाः॥**' यह सब ठीक है। इस प्रसङ्गसे गोपीजनोंकी महत्तापर ही प्रकाश पड़ता है। श्रीधरस्वामीने जो अपनी व्याख्यामें लिखा है—'**जीवेष्वावृतं ब्रह्मत्वं कृष्णस्य तु हृषीकेशत्वादनावृतमतो न तत्र बुद्ध्यपेक्षा।**' अर्थात् जीवोंका चेतनभाव या चित्स्वरूपता आवृत है, अतः उसको समझनेके लिये ज्ञानकी आवश्यकता है; परंतु श्रीकृष्ण तो सबकी इन्द्रियोंके नियामक एवं अन्तर्यामी हैं, इसलिये उनका चिन्मय स्वरूप आवृत नहीं है। अतः उनके इस स्वरूपकी अनुभूतिके लिये या उनके चिन्तनसे होनेवाली मुक्तिकी सिद्धिके लिये ज्ञानकी अपेक्षा नहीं है। इसके द्वारा श्रीकृष्णके अनावृत सच्चिदानन्दघन स्वरूपका प्रतिपादनमात्र किया गया है। इसका भाव यह नहीं समझना चाहिये कि गोपियोंकी उनके प्रति परमात्मबुद्धि नहीं थी या वे उनके वास्तविक स्वरूपको नहीं जानती थीं। '**अखिलदेहिनामन्तरात्मदृक्**' इत्यादि पदोंसे भी इस धारणाकी पुष्टि हो जाती है।

यह सब होनेपर भी भगवान्‌की स्वरूपभूत मायाशक्ति या लीलाशक्ति गोपियोंके ज्ञानको तिरोहित तथा प्रेमभावको ही प्रायः जाग्रत् किये रहती है। श्रीकृष्ण परमात्मा

या ब्रह्म हैं, इस भावका स्मरण उन्हें नहीं रहता; वे यही अनुभव करती हैं—श्रीकृष्ण हमारे प्रियतम हैं, प्राणवल्लभ हैं। आपको **'जारबुद्ध्यापि'** यह कहना खटक सकता है। ब्रह्माजी भी जिनकी चरणरजकी वन्दना करते हैं तथा उद्धव-जैसे ज्ञानी भी जिनकी चरणरेणु पानेके लिये तरसते हैं, उन व्रजललनाओंकी भी सच्चरित्रताका समर्थन करना पड़े, उनके चरित्रपर भी संदेहका अवसर आये—यह आपको ही नहीं, सभी भगवत्प्रेमियोंको व्यथा देता है।

जो यह कहते हैं कि 'गोपियोंके मनमें काम ही था, प्रेम नहीं' उनका यह कथन श्रीगोपीजनोंके महत्त्वको न जाननेके कारण ही है। उनके इस कथनका विरोध तो श्रीमद्भागवतमें ही हो जाता है। शास्त्रमें कहा गया है—**'प्रेमैव गोपरामाणां काम इत्यगमत् प्रथाम्'**— गोपियोंका प्रेम ही लोकमें कामके नामसे प्रसिद्ध हुआ। गोपियाँ प्रेमकी प्रतिमूर्ति थीं। उनके मनमें लौकिक कामकी गन्ध भी नहीं थी। उनके लिये जो **'जारबुद्ध्यापि'** इस पदका प्रयोग किया गया है, यह भी उनकी महत्ताका ही परिचायक है। जब उनमें लौकिक काम नहीं, अङ्ग-सङ्गकी वासना नहीं, तब वहाँ लौकिक जारभाव या औपपत्यकी कल्पना कैसे की जा सकती है?

गोपियाँ श्रीकृष्णकी स्वकीया थीं या परकीया, यह प्रश्न श्रीकृष्ण और गोपियोंके स्वरूपको भुलाकर ही किया जाता है। भूत, भविष्यत् और वर्तमान—सबके एकमात्र पति श्रीकृष्ण ही हैं। गोपियों, उनके पतियों, उनके सगे-सम्बन्धी तथा जगत्के सभी प्राणियोंके हृदयमें आत्मा एवं परमात्मारूपसे जो प्रभु स्थित हैं, वे ही श्रीकृष्ण हैं। श्रीकृष्ण किसीके पराये नहीं हैं। वे सबके अपने हैं और सब उनके हैं। श्रीकृष्ण सच्चिदानन्दघन, सर्वान्तर्यामी, प्रेमरसस्वरूप एवं लीलारसमय परमात्मा हैं तथा गोपियाँ उनकी आह्लादिनी शक्तिरूपा आनन्दचिन्मयरसप्रतिभाविता स्वरूपभूता श्रीराधारानीकी ही अनेकानेक मूर्तियाँ हैं। अतः श्रीकृष्ण उनके लिये जार या परकीय नहीं तथा वे भी श्रीकृष्णकी परकीया नहीं। वास्तवमें तो उनमें स्वकीया-परकीयाका कोई भेद था ही नहीं। वे सब श्रीकृष्णकी अभिन्न थीं और श्रीकृष्ण उनके अभिन्न थे। भगवान् स्वयं ही आस्वाद्य, आस्वादक, लीलाधाम तथा विभिन्न आलम्बन एवं उद्दीपनके रूपमें

प्रकट होकर अपने स्वरूपभूत अनन्तानन्तरसका समास्वादन करते तथा कराते रहते हैं।

ऊपर बताया जा चुका है कि गोपियों या श्रीकृष्णके सम्बन्धमें जारभाव या परकीयत्वकी कल्पना असंगत है। ऐसी दशामें 'जारबुद्धि' अथवा 'औपपत्य' आदि पदोंका क्या स्वारस्य है। यह विचारणीय प्रश्न है। इसके विषयमें निवेदन यह है कि गोपियाँ परकीया नहीं थीं, पर उनमें परकीयाभाव था। इसी दृष्टिसे श्रीकृष्णके प्रति उनके मनमें जारभाव था, वास्तवमें श्रीकृष्ण उनके सर्वथा अपने थे। परकीया होने और परकीयाभाव होनेमें आकाश-पातालका अन्तर है। जार और जारभावमें भी यही अन्तर है। परकीयाभावमें चार बातें बड़े महत्त्वकी होती हैं— (१) अपने प्रियतमका निरन्तर चिन्तन, (२) मिलनकी उत्कट उत्कण्ठा, (३) दोषदृष्टिका सर्वथा अभाव और (४) प्रियतमसे किसी वस्तुकी कामना नहीं। गोपियाँ श्रीकृष्णकी परकीया थीं या श्रीकृष्णको जारभावसे भजती थीं—इस कथनका इतना ही तात्पर्य है कि वे श्रीकृष्णका निरन्तर चिन्तन करतीं, उनसे मिलनेकी उनके मनमें निरन्तर उत्कण्ठा जाग्रत् रहती, वे श्रीकृष्णमें दोष कभी नही देखतीं और श्रीकृष्णसे कुछ भी न चाहकर निरन्तर अपनेको पूर्ण समर्पित समझती थीं। वे उनके प्रत्येक व्यवहारको प्रेमकी ही दृष्टिसे देखा करती थीं। इसी भावको व्यक्त करनेके लिये 'जारबुद्धि' आदि पदोंका प्रयोग हुआ है। हमें गोपियोंके इस अहैतुक प्रेमका, जो केवल श्रीकृष्णको सुख पहुँचानेके लिये था, निरन्तर स्मरण रखना चाहिये।

——::×::——

गोपीभावकी साधना

सप्रेम हरिस्मरण। ····गोपीभावमें प्रधान बातें पाँच हैं—

१—श्रीभगवान्‌के स्वरूपका पूर्ण ज्ञान (यद्यपि वह प्रकट नहीं रहता), २—श्रीभगवान्‌में प्रियतमभाव, ३—श्रीभगवान्‌के प्रति सर्वस्व-अर्पण, ४—निजसुखकी इच्छाका पूर्ण त्याग, ५—भगवान्‌के सुखार्थ ही जीवनके सारे

आचार-विचार अर्थात् भगवत्प्रीत्यर्थ जीवनधारण।

आनन्दचिन्मयरस-प्रतिभाविता, श्रीकृष्णप्रेमरसभावितमति, श्रीकृष्णगतप्राणा, श्रीकृष्णसुखपरायणा व्रजगोपियोंमें ये पाँचों बातें पूर्णरूपसे थीं।

जिनका मन विषयोंमें फँसा है, जिन्हें भौतिक सौन्दर्य अपनी ओर खींचता है, जिनकी भोग्यपदार्थोंमें आसक्ति है, शरीर और शरीरसम्बन्धी वस्तुओंपर जिनकी ममता है, जो शरीरके आराम और विषयभोगकी चाह रखते हैं और जिनका जीवन-प्रवाह निरन्तर भगवान्‌की ओर नहीं बहने लगा है, वे लोग गोपीभावकी साधनाके अधिकारी नहीं हैं। ऐसे लोग भगवान्‌के अप्राकृत प्रेम-तत्त्वकी सर्वोच्च अभिव्यक्ति दिव्य मधुररसको स्थूल कामतत्त्व या लौकिक आदिरस ही समझेंगे और भगवान् तथा श्रीगोपीजनोंका अनुकरण करने जाकर भयानक नरक-कुण्डमें गिर पड़ेंगे!

जिनके हृदयमें भोगोंसे सच्चा वैराग्य है, जिनका चित्त कामसुखसे हट गया है और जिनकी इन्द्रियाँ अन्तर्मुखी होकर चिन्मय भगवद्-रसका आस्वादन करनेके लिये आतुर हैं—वे ही महाभाग पुरुष गोपी-भावका अनुसरण कर सकते हैं।

श्रीभगवान्‌की तीन स्वरूपा शक्तियाँ हैं—संवित्, संधिनी और ह्लादिनी। भगवान्‌का मधुर अवतार ह्लादिनी नामक आनन्दमयी प्रेमशक्तिके निमित्तसे ही हुआ करता है। वे ह्लादिनी शक्ति साक्षात् श्रीराधिकाजी ही हैं। समस्त गोपीजन उन ह्लादिनी शक्तिकी ही अनन्त विभिन्न प्रतिमूर्तियाँ हैं। उनका जीवन स्वाभाविक ही भगवदर्पित है। उनकी प्रत्येक क्रिया स्वाभाविक ही भगवत्सेवारूप होती है। उनकी कोई भी चेष्टा ऐसी नहीं होती, जिसमें भगवत्प्रीतिसम्पादनके सिवा, श्रीकृष्ण-राधिकाके मिलनसुखकी साधनाके सिवा अन्य कोई उद्देश्य हो। उनके बुद्धि, मन, इन्द्रिय, शरीर, आत्माके सहित सदा श्रीकृष्णके ही अर्पण हैं। उनके द्वारा निरन्तर श्रीकृष्णकी ही सेवा बनती है। कभी भूलकर भी उनका चित्त दूसरी ओर नहीं जाता, दूसरे विषयको ग्रहण नहीं करता; वे श्रीकृष्णमें ही सुखी रहती हैं, उनको सुखी देखकर ही परमसुखका अनुभव करती हैं। उनका निज सुख श्रीकृष्णसुखमें ही समाया रहता है। श्रीमद्भागवतमें कहा गया है—

तन्मनस्कास्तदालापास्तद्विचेष्टास्तदात्मिकाः ।
तद्गुणानेव गायन्त्यो नात्मागाराणि सस्मरुः ॥

(१०।३०।४३)

उनके चित्त भगवान्‌के चित्त हो गये थे अर्थात् उनके चित्तोंमें भगवद्भावके सिवा अन्य किसी संकल्पका उदय ही नहीं होता था। वे उन्हींकी चर्चा करती थीं, उन्हींके लिये उनकी सारी चेष्टाएँ होती थीं—इस प्रकार वे भगवन्मयी हो गयी थीं और भगवान्‌का गुण-गान करते हुए उन्हें अपने शरीरोंकी तथा घरोंकी भी सुधि नहीं रही थी। वे जब घरोंका काम करतीं, तब भी वे अपने मनमें, अपनी वाणीमें और अपनी आँखोंमें निरन्तर श्रीभगवान्‌का ही स्पर्श पाती थीं, उन्हींके दर्शन करती थीं।

इसीलिये भगवान्‌के अत्यन्त प्रिय भक्त उद्धवजीने गोपी-प्रेमकी महान् महिमासे प्रभावित होकर व्रजमें लता-गुल्म बननेकी अभिलाषा करते हुए गोपियोंकी चरणरजकी वन्दना की है—

आसामहो चरणरेणुजुषामहं स्यां
वृन्दावने किमपि गुल्मलतौषधीनाम् ।
या दुस्त्यजं स्वजनमार्यपथं च हित्वा
भेजुर्मुकुन्दपदवीं श्रुतिभिर्विमृग्याम् ॥
या वै श्रियार्चितमजादिभिराप्तकामै-
र्योगेश्वरैरपि यदात्मनि रासगोष्ठ्याम् ।
कृष्णस्य तद् भगवतश्चरणारविन्दं
न्यस्तं स्तनेषु विजहुः परिरभ्य तापम् ॥
वन्दे नन्दव्रजस्त्रीणां पादरेणुमभीक्ष्णशः ।
यासां हरिकथोद्गीतं पुनाति भुवनत्रयम् ॥

(श्रीमद्भा० १०।४७।६१—६३)

'अहा! कैसा सौभाग्य हो मेरा, यदि मैं वृन्दावनमें कोई बेल, अनाजके पौधे या झाड़ियोंमेंसे कोई हो जाऊँ, जिनपर इन व्रजबालाओंके चरणकी धूलि पड़ती रहती है। धन्य हैं ये व्रज-गोपियाँ, जिन्होंने बड़ी कठिनतासे छोड़े जानेवाले बन्धुओंको और

सनातन (मर्यादा—) धर्मको त्यागकर उस मुकुन्दपदवीका अनुसरण किया है, जो श्रुतियोंद्वारा खोजी जाती है (परंतु प्राप्त नहीं होती)। अहो ! साक्षात् लक्ष्मीजी जिनकी पूजा करती हैं तथा ब्रह्मा आदि आप्तकाम योगेश्वरगण भी जिनका अपने चित्तमें ही चिन्तन करते हैं (परंतु प्रत्यक्षरूपमें पाते नहीं), भगवान् श्रीकृष्णके उन चरणकमलोंको रासके पूर्व होनेवाली प्रेमचर्चाके समय जिन्होंने अपने वक्षःस्थलपर रखकर अपने विरह-तापको बुझाया, जिनका हरिकथामय गान तीनों लोकोंको पवित्र करनेवाला है, नन्दव्रजकी उन गोपरमणियोंकी चरण-धूलिको मैं बार-बार प्रणाम करता हूँ।'

गोपियोंका हृदय प्रतिक्षण यही पुकारा करता है—'कैसे हमारे प्रियतम श्रीकृष्णकी इच्छा पूर्ण हो! ये धन-धाम, ये मन-प्राण, ये देह-गेह कैसे प्यारे कन्हैयाको सुख पहुँचानेवाले हों। अरे, ये तो उन्हींके हैं—उन्हींकी सामग्री हैं; फिर यह चाहा भी कैसे जाय कि इनको लेकर, इन्हें अपनी सेवामें लगाकर तुम सुखी हो जाओ। दी तो जाती है वह वस्तु, जो अपनी होती है; यहाँ तो सब कुछ उन्हींका है, अहा ! मुझपर भी तो उन्हींका एकाधिकार है। फिर मैं कैसे कहूँ—तुम मुझे ले लो, मुझे अपनी सेवामें लगा लो। क्या मुझपर मेरा अधिकार है ? बहुत ठीक, अब कुछ नहीं कहना है। तुम यन्त्री हो, मैं यन्त्र हूँ; तुम नचानेवाले हो, मैं कठपुतली हूँ। तुम्हारी जो इच्छा हो, वही करो—बस, वही करो।'

कैसी ऊँची स्थिति है ! इन्हें किसी भी वस्तु, किसी भी स्थितिकी तनिक भी परवा नहीं है। शास्त्रोंमें आठ फाँसियाँ बतलायी गयी हैं, जिनमें बँधा हुआ मनुष्य निरन्तर कष्ट भोगता रहता है और प्रेममय, आनन्दमय भगवान्‌की ओर अग्रसर नहीं हो सकता—

घृणा शङ्का भयं लज्जा जुगुप्सा चेति पञ्चमी।
कुलं शीलं च मानं च अष्टौ पाशाः प्रकीर्तिताः॥

'घृणा, शङ्का, भय, लाज, जुगुप्सा, कुल, शील और मान—ये आठ जीवके पाश हैं।' अब गोपियोंमें देखिये—इनमेंसे कहीं एक भी उनमें ढूँढ़े नहीं मिलता। वे इन आठ सुदृढ़ फाँसियोंको तोड़कर स्वतन्त्र हो चुकी हैं। इसीसे वे सर्वस्व त्यागकर

****

अपने जीवनकी गतिको सब ओरसे फिराकर भगवान् श्रीकृष्णमें लगा सकी हैं। मनुष्य भगवत्कृपासे प्राप्त अनुकूल साधना और तत्परताके फलस्वरूप जब इस अवस्थापर पहुँच जाता है, तब वह गोपीभावसे सम्पन्न होकर तुरंत ही भगवान्‌को प्राप्त करनेके लिये अभिसार करता है। फिर वह कुल-शील, लज्जा-भय, मानापमान, धर्माधर्म और लोक-परलोककी चिन्ता छोड़कर पागलकी तरह 'हा प्रियतम, हा प्राणप्यारे, हा मेरे मनमोहन ! तुम्हारी मधुर छविको देखे बिना अब एक पल भी मुझसे रहा नहीं जाता, मेरा एक-एक निमेष अब युगके समान बीत रहा है, पुकारता हुआ दौड़ पड़ता है। अपने जीवनकी सारी चेष्टाओंको लेकर श्रीकृष्णकी ओर। जो ऐसा कर पाता है, वह बड़ा ही भाग्यवान् है। उसीका जीवन धन्य है।

पाँच भाव हैं—शान्त, दास्य, सख्य, वात्सल्य और मधुर। सारे जीव इन पाँच भावोंके अधीन हैं। जो भाग्यवान् पुरुष इन भावोंको इस अनित्य और दुःखपूर्ण संसारसे हटाकर भगवान्‌में लगा देता है, वही सच्चा साधक है। ऐसा करना ही वस्तुतः परम पुरुषार्थ है। इन पाँच भावोंमें सबसे उत्तम 'मधुर' भाव है। 'मधुर' भावमें शान्त, दास्य, सख्य और वात्सल्य—चारोंका ही समावेश है। मधुरभावापन्न पत्नीके लिये कहा गया है—

कार्येषु मन्त्री करणेषु दासी
धर्मेषु पत्नी क्षमया च धात्री।
भोज्येषु माता शयनेषु रम्भा
रङ्गे सखी लक्ष्मण सा प्रिया मे॥

पति-पत्नीके मधुरभावकी अपेक्षा भी भावकी दृष्टिसे 'परकीया'का भाव और भी ऊँचा है। वह सर्वस्वका त्याग करके अपने प्रियतमको भजती है। यह भाव जब लौकिक कामजन्य होता है, तब वह महान् दूषित और घोर यन्त्रणामय भयानक नरकोंकी प्राप्ति करानेवाला होता है और यही भाव जब रसराज रसेन्द्रशिरोमणि रसस्वरूप आनन्दकन्द व्रजेन्द्रनन्दनमें होता है, तब वह सर्वथा निर्दोष, परम उत्कृष्ट, अति उच्च साधनसाम्राज्यका उच्चतम स्तर होता है। इस भावका उदय भगवत्कृपासे ही होता है और उन्हीं महानुभावोंमें होता है, जो इस लोक और परलोकके देवदुर्लभ

भोगोंकी और कैवल्य-मोक्षकी भी अभिलाषाको छोड़कर संयम-नियमपूर्वक श्रद्धा-विश्वासके साथ पूरी तत्परतासे साक्षात् भगवत्स्वरूपा श्रीराधिकाजीकी या उन्हींकी घनीभूत मूर्ति तत्त्वतः अभिन्नस्वरूपा किसी गोपीजनकी आराधना करते हैं। इस रसका पूर्ण अनुभव करनेवाली श्रीकृष्णप्रेमरसभावितमति श्रीगोपियाँ हैं, उन्हींमें इसका पूर्ण प्रकाश है। वे कहती हैं—

तौक पहिराऔ, पाँव बेड़ी लै भराऔ, गाढ़े
बंधन बँधाऔ, औ खिंचाऔ काची खाल सौं।
बिष लै पियाऔ, तापै मूठ भी चलाऔ,
मँझधार मैं डुबाऔ बाँधि पाथर कमाल सौं॥
बिच्छू लै बिछाऔ, तापै मोहि ले सुवाऔ, फेरि
आग भी लगाऔ, बाँध कापड़ दुसाल सौं।
गिरि तैं गिराऔ, कारे नाग पै डसाऔ, हा! हा!
प्रीति ना छुड़ाऔ प्यारे मोहन नँदलाल सौं॥
कोऊ कहौ कुलटा, कुलीन अकुलीन कहौ,
कोऊ कहौ रंकिनी कलंकिनी कुनारी हौं।
कैसौ नरलोक बरलोक लोक लोकन मैं
लीन्हीं मैं अलीक लीक लोकनि तैं न्यारी हौं॥
तन जाउ, मन जाउ, देव गुरुजन जाउ,
जीव किन जाउ; टेक टरत न टारी हौं।
बृंदाबनवारी बनवारी की मुकुटवारी
पीत पटवारी वाही मूरति पै वारी हौं॥
नँदलाल सौं मेरौ मन मान्यौ, कहा करैगौ कोय री।
हौं तो चरनकमल लपटानी, होनी होय सो होय री॥
गृह-पति मातु-पिता मोहि त्रासत, हँसत बटाऊ लोग री।
अब तौ जिय ऐसी बनि आई, बिधना रच्यौ है सँजोग री॥
जो मेरौ यह लोक जायगौ, अरु परलोक नसाय री।

****

नंदनँदन कौं तऊ न छाँड़ौं, मिलूँगी निसान बजाय री॥
यह तन फिरि बहुरौ नहिं पैयै वल्लभ वेष मुरार री।
परमानँद स्वामी के ऊपर सरबस डारौं वार री॥

अवश्य ही ये कवियोंकी उक्तियाँ हैं, परंतु इनमें गोपीभावनाकी बाहरी रूप-रेखाका स्पष्ट दिग्दर्शन है। गोपीभावका यथार्थ रहस्य तो गोपीभावापन्न प्रेमी पुरुष ही जानते हैं। उसका वर्णन कोई कर नहीं सकता। यह तो उसका अति बाह्य स्थूल आंशिक प्रकाशमात्र है। न यही समझना चाहिये कि परकीयाभाव ही गोपीप्रेमका यथार्थ उदाहरण है। वह प्रेम तो इतना अनिर्वचनीय और अनुपम है कि न तो वह कहा जा सकता है और न उसकी किसीके साथ तुलना ही हो सकती है।

गोपीभावकी प्राप्तिके लिये संक्षेपतः निम्नलिखित दस साधन करने आवश्यक हैं।

१—किसी ऐसे सद्गुरुका आश्रय, जो काम-क्रोध-लोभादिसे सर्वथा रहित हों, अन्तर-बाहरसे पवित्र और सदाचारपरायण हों, शान्त, निर्मत्सर और प्रेमी हों, श्रीकृष्णरसके तत्त्वज्ञ हों, कृष्णमन्त्रके ज्ञाता हों, कृष्णानुग्रहको ही श्रीकृष्णप्राप्तिका एकमात्र उपाय जानते हों, दयालु और परम वैराग्यवान् हों और श्रीकृष्णलीला-गुणोंके श्रवण-कीर्तनमें जीवन बिताते हों। ऐसे गुरु न मिलें तो जगद्गुरु श्रीकृष्णको ही परमगुरुरूपमें वरण करना चाहिये।

२—श्रीगुरुदेवमें जो गुण बतलाये गये हैं, इन्हीं गुणोंको अपने अंदर बढ़ानेका पूरा प्रयत्न करना चाहिये।

३—भगवान् श्रीकृष्ण ही पूर्णतम परमेश्वर, सर्वोपरि, सर्वशक्तिमान्, सर्वव्यापी, सर्वमय, सर्वातीत, अचिन्त्यानन्तगुणसम्पन्न, अखिलरसामृतसिन्धु, भक्तवाञ्छा-कल्पतरु, नित्यविहारी, अज, अविनाशी, परमब्रह्म, सर्वदेवपूज्य, सर्वदेवस्वरूप, परब्रह्मके भी परम आश्रय, नित्य-निर्गुण, निराकार, निर्विकार, निरञ्जन, अप्रमेय, अनवद्य, अकल, अचल, अनामय, सच्चिदानन्दघन और अचिन्त्य-चिन्मय-विग्रह हैं—ऐसा मानकर उन्हींको अपना परम आराध्य इष्टदेव बनाना चाहिये।

४—इस लोक और परलोकके सम्पूर्ण भोगोंको भगवत्प्राप्तिके मार्गमें सर्वथा

****

बाधक समझकर उनसे चित्तकी आसक्तिको बिलकुल हटा लेना चाहिये और आवश्यकतानुकूल भोगोंका व्यवहार भगवत्प्रीत्यर्थ—उन्हें भगवत्पूजनकी सामग्री बनाकर ही करना चाहिये। किसी भी भोग्य वस्तुमें आसक्ति, ममता और कामना थोड़ी भी नहीं रहनी चाहिये।

५—भगवान् श्रीकृष्णकी मधुर व्रजलीलाको प्राकृत स्त्री-पुरुषोंकी कामक्रीड़ा कभी नहीं मानना चाहिये। भगवान् श्रीकृष्णकी भगवत्तामें और उनकी प्रत्येक लीलाकी अप्राकृत सच्चिदानन्दमयतामें नित्य पूर्ण विश्वास होना चाहिये।

६—किसी भी प्राणीका तनिक भी अहित न करके वैष्णवोचित सत्य, अहिंसा, प्रेम, विनम्रता, ब्रह्मचर्य, सेवा आदि सद्गुण और सत्कर्मोंका तथा श्रीतुलसीजी, गङ्गाजी, यमुनाजी, श्रीविग्रह, भक्त-संत आदिका भगवत्प्रीत्यर्थ श्रद्धापूर्वक यथायोग्य सेवन करना चाहिये।

७—श्रीयुगलमन्त्रका जाप विधिपूर्वक यथासमय अवश्य करना चाहिये और श्रीभगवन्नामका जप-कीर्तन निरन्तर करते रहना चाहिये।

८—श्रीश्रीराधिकाजी अथवा श्रीललिताजी आदिका भक्तिपूर्वक सेवन करना चाहिये।

९—नित्य-निरन्तर अपनेको सर्वतोभावसे भगवान्‌के चरणोंमें समर्पण करते रहना और उनसे सेवाधिकार-दानके लिये करुण प्रार्थना करते रहना चाहिये।

१०—कामविकारके नाशके लिये विशेष प्रयत्नवान् होना चाहिये; क्योंकि जबतक थोड़ा-सा भी कामविकार रहता है, तबतक गोपीभावकी साधनाका अधिकार किसी तरह भी नहीं मिल सकता।

× × × ×

पद्मपुराणमें भगवान् श्रीशंकरने देवर्षि नारदजीसे श्रीराधाकृष्णकी उपासना, उनके स्वरूप और मन्त्रादिके विषयमें बहुत रहस्यकी बातें कही हैं—उनमेंसे कुछ यहाँ उद्धृत की जाती हैं। भगवान् शिवजी कहते हैं—

श्रीकृष्णके 'मन्त्रचिन्तामणि' नामक दो अत्युत्तम मन्त्र हैं—एक षोडशाक्षर है और दूसरा दशाक्षर!

मन्त्र

षोडशाक्षर मन्त्र है—

गोपीजनवल्लभचरणान् शरणं प्रपद्ये ।

और दशाक्षर है—

नमो गोपीजनवल्लभाभ्याम् ।

—इन मन्त्रोंके अधिकारी सभी वर्णोंके, सभी आश्रमोंके और सभी जातिके वे स्त्री-पुरुष हैं, जिनकी सर्वेश्वरेश्वर भगवान् श्रीकृष्णमें भक्ति है—'''**भक्तिभवेदेषां कृष्णे सर्वेश्वरेश्वरे**' । श्रीकृष्णभक्तिसे रहित याज्ञिक, दानशील, तान्त्रिक, सत्यवादी, वेद-वेदाङ्गपारग, कुलीन, तपस्वी, व्रती और ब्रह्मनिष्ठ—कोई भी इनके अधिकारी नहीं हैं। इसलिये ये मन्त्र श्रीकृष्णके अभक्त, कृतघ्न, दुरभिमानी और श्रद्धारहित मनुष्योंको नहीं बतलाने चाहिये।

दम्भ, लोभ, काम और क्रोधादिसे रहित श्रीकृष्णके अनन्य भक्तको ही ये मन्त्र देने चाहिये। इनका यथाविधि न्यास करके श्रीकृष्णकी पूजा करनी चाहिये। फिर उनका इस प्रकार ध्यान करना चाहिये—

ध्यान

सुन्दर वृन्दावनमें कल्पवृक्षके नीचे सुरम्य रत्नसिंहासनपर भगवान् श्रीकृष्ण श्रीप्रियाजीके साथ विराजमान हैं। श्रीकृष्णका वर्ण नवजलधरके समान नील-श्याम है, पीताम्बर धारण किये हुए हैं, द्विभुज हैं, विविध रत्नोंकी और पुष्पोंकी मालाओंसे विभूषित हैं, मुखमण्डल करोड़ों चन्द्रमाओंसे भी सुन्दर है। तिरछे नेत्र हैं, ललाटपर मण्डलाकृति तिलक हैं, जो चारों ओर चन्दनसे और बीचमें कुङ्कुमबिन्दुसे बनाये हुए हैं। कानोंमें सुन्दर कुण्डल शोभायमान हैं, उन्नत नासिकाके अग्रभागमें मोती लटक रहा है। पके बिम्बफलके समान अरुणवर्ण अधर हैं, जो दाँतोंकी प्रभासे चमक रहे हैं। भुजाओंमें रत्नमय कड़े और बाजूबंद हैं और अँगुलियोंमें रत्नोंकी अँगूठियाँ शोभा पा रही हैं। बायें हाथमें मुरली और दाहिनेमें कमल लिये हुए हैं। कमरमें मनोहर रत्नमयी करधनी है, चरणोंमें नूपुर सुशोभित हैं। बड़ी ही मनोहर अलकावली है,

मस्तकपर मयूरपिच्छ शोभा पा रहा है। सिरमें कनेरके पुष्पोंके आभूषण हैं। भगवान्‌की देहकान्ति नवोदित कोटि-कोटि दिवाकरोंके सदृश स्निग्ध ज्योतिर्मय है, उनके दर्पणोपम कपोल स्वेदकणोंसे सुशोभित हैं, चञ्चल नेत्र श्रीराधिकाजीकी ओर लगे हुए हैं। वामभागमें श्रीराधिकाजी विराजिता हैं, तपे हुए सोनेके समान उनकी देहप्रभा है, नील वस्त्र धारण किये हैं, मन्द-मन्द मुसकरा रही हैं। चञ्चल नेत्रयुगल स्वामीके मुखचन्द्रकी ओर लगे हुए हैं और चकोरीकी भाँति उनके द्वारा वे श्याम-मुख-चन्द्र-सुधाका पान कर रही हैं। अङ्गुष्ठ और तर्जनी अँगुलीके द्वारा वे प्रियतमके मुखकमलमें पान दे रही हैं। उनके गलेमें दिव्य रत्नोंके और मुक्ताओंके हार हैं। क्षीण कटि करधनीसे सुशोभित है। चरणोंमें नूपुर, कड़े और चरणाङ्गुलियोंमें अङ्गुरीय आदि शोभा पा रहे हैं। उनके अङ्ग-प्रत्यङ्गसे लावण्य छिटक रहा है। उनके चारों ओर तथा आगे-पीछे यथास्थान खड़ी हुई सखियाँ विविध प्रकारसे सेवा कर रही हैं।

श्रीराधिकाजी कृष्णमयी हैं, वे श्रीकृष्णकी आनन्दरूपिणी ह्लादिनी शक्ति हैं। त्रिगुणमयी दुर्गा आदि शक्तियाँ उनकी करोड़वीं कलाके करोड़वें अंशके समान हैं। सब कुछ वस्तुतः श्रीराधाकृष्णसे ही भरा है। उनके सिवा और कुछ भी नहीं है। यह जड-चेतन अखिल जगत् श्रीराधाकृष्णमय है—

चिदचिल्लक्षणं सर्वं राधाकृष्णमयं जगत्।

परंतु वे इतने ही नहीं हैं—अनन्त अखिल ब्रह्माण्डोंसे परे हैं, सबसे परे हैं, सबके अधिष्ठान हैं, सबमें हैं और सबसे सर्वथा विलक्षण हैं। यह श्रीकृष्णका किंचित् ऐश्वर्य है।

बहुत दिनोंसे विदेश गये हुए पतिकी पतिपरायणा पत्नी जैसे एकमात्र अपने पतिका ही सङ्ग चाहती हुई दीनभावसे सदा-सर्वदा स्वामीके गुणोंका चिन्तन, गान और श्रवण किया करती है, वैसे ही श्रीकृष्णमें आसक्तचित्त होकर साधकको श्रीकृष्णके गुण-लीलादिका चिन्तन, गायन और श्रवण करते हुए ही समय बिताना चाहिये। और बहुत लंबे समयके बाद पतिके घर आनेपर जैसे पतिव्रता स्त्री अनन्य प्रेमके साथ तद्गतचित्त होकर पतिकी सेवा, उसका आलिङ्गन आदि तथा नयनोंके द्वारा उसके

रूपसुधामृतका पान करती है, वैसे ही साधकको उपासनाके समय शरीर, मन, वाणीसे परमानन्दके साथ श्रीहरिकी सेवा करनी चाहिये।

एकमात्र श्रीकृष्णके ही शरणापन्न होना चाहिये और वह भी श्रीकृष्णके लिये ही, दूसरा कोई भी प्रयोजन न रहे। अनन्य मनसे श्रीकृष्णकी सेवा करनी चाहिये। श्रीकृष्णके सिवा न किसीकी पूजा करनी चाहिये और न किसीकी निन्दा। किसीका जूठा नहीं खाना चाहिये और न किसीका पहना हुआ वस्त्र ही पहनना चाहिये। भगवान्‌की निन्दा करनेवालोंसे न तो बातचीत करनी चाहिये और न भगवान् और भक्तोंकी निन्दा सुननी ही चाहिये।

जीवनभर चातकीवृत्तिसे अर्थ समझते हुए युगलमन्त्रकी उपासना करनी चाहिये। चातक जैसे सरोवर, नदी और समुद्र आदि सहज ही मिले हुए जलाशयोंको छोड़कर एकमात्र मेघजलकी आशासे प्याससे तड़पता हुआ जीवन बिताता है, प्राण चाहे चले जायँ पर मेघके सिवा किसी दूसरेसे जलकी प्रार्थना नहीं करता, उसी प्रकार साधकको एकाग्र मनसे एकमात्र श्रीकृष्णगतचित्त होकर साधना करनी चाहिये।

परम विश्वासके साथ श्रीयुगलसरकारसे निम्नलिखित प्रार्थना करनी चाहिये—

संसारसागरान्नाथौ पुत्रमित्रगृहाकुलात्।
गोप्तारौ मे युवामेव प्रपन्नभयभञ्जनौ॥
योऽहं ममास्ति यत्किंचिदिहलोके परत्र च।
तत्सर्वं भवतोरद्य चरणेषु समर्पितम्॥
अहमस्म्यपराधानामालयस्त्यक्तसाधनः।
अगतिश्च ततो नाथौ भवन्तावेव मे गतिः॥
तवास्मि राधिकाकान्त कर्मणा मनसा गिरा।
कृष्णकान्ते तवैवास्मि युवामेव गतिर्मम॥
शरणं वां प्रपन्नोऽस्मि करुणानिकराकरौ।
प्रसादं कुरुतं दास्यं मयि दुष्टेऽपराधिनि॥

(पद्मपुराण, पातालखण्ड)

'नाथ! पुत्र, मित्र और घरसे भरे हुए इस संसारसागरसे आप ही दोनों मुझको

****

बचानेवाले हैं; आप ही शरणागतके भयका नाश करते हैं। मैं जो कुछ भी हूँ और इस लोक तथा परलोकमें मेरा जो कुछ भी है, वह सभी आज मैं आप दोनोंके चरणकमलोंमें समर्पण कर रहा हूँ। मैं अपराधोंका भंडार हूँ। मेरे अपराधोंका पार नहीं है। मैं सर्वथा साधनहीन हूँ, गतिहीन हूँ। इसलिये नाथ! एकमात्र आप ही दोनों प्रिया प्रियतम मेरे गति हैं। श्रीराधिकाकान्त श्रीकृष्ण! और श्रीकृष्णकान्ते राधिके ! मैं तन-मन-वचनसे आपका ही हूँ और आप ही मेरे एकमात्र गति हैं। मैं आपके शरण हूँ, आपके चरणोंपर पड़ा हूँ। आप अखिल कृपाकी खान हैं। कृपापूर्वक मुझपर दया कीजिये और मुझ दुष्ट अपराधीको अपना दास बना लीजिये।

जो भगवान् श्रीराधाकृष्णकी सेवाका अधिकार बहुत शीघ्र प्राप्त करना चाहते हैं, उन साधकोंको भगवान्‌के चरणकमलोंमें स्थित होकर इस प्रार्थनामय मन्त्रका नित्य जप करना चाहिये।

भगवान् शंकरने फिर नारदजीसे कहा कि—

'देवर्षि ! मैं भगवान्‌के मन्त्रका जप और उनका ध्यान करता हुआ बहुत दिनोंतक कैलासपर रहा, तब भगवान्‌ने प्रकट होकर मुझे दर्शन दिये और वर-माँगनेके लिये कहा। मैंने बारंबार प्रणाम करके उनसे प्रार्थना की—'कृपासिन्धो! आपका जो सर्वानन्ददायी, समस्त आनन्दोंका आधार नित्य मूर्तिमान् रूप है, जिसे विद्वान् लोग निर्गुण निष्क्रिय शान्तब्रह्म कहते हैं, हे परमेश्वर! मैं उसी रूपको अपनी आँखोंसे देखना चाहता हूँ।'

''भगवान्‌ने कहा—'आप श्रीयमुनाजीके पश्चिम तटपर मेरे वृन्दावनमें जाइये, वहाँ आपको मेरे स्वरूपके दर्शन होंगे।' इतना कहकर भगवान् अन्तर्धान हो गये। मैंने उसी क्षण मनोहर यमुनातटपर जाकर देखा—समस्त देवताओंके ईश्वरोंके ईश्वर भगवान् श्रीकृष्ण मनोहर गोपवेष धारण किये हुए हैं। उनकी सुन्दर किशोर अवस्था है। श्रीराधाजीके कंधेपर अपना अति मनोहर बायाँ हाथ रखे वे सुन्दर त्रिभङ्गीसे खड़े मुसकरा रहे हैं। आपके चारों ओर गोपियोंका मण्डल है। शरीरकी कान्ति सजल जलदके सदृश स्निग्ध श्यामवर्ण है। आप अखिल कल्याणके एकमात्र आधार हैं।

''इसके बाद भगवान् श्रीकृष्णने अमृतोपम मधुर वाणीमें मुझसे कहा—

****

यदद्य मे त्वया दृष्टमिदं रूपमलौकिकम्।
घनीभूतामलप्रेमसच्चिदानन्दविग्रहम् ॥
नीरूपं निर्गुणं व्यापि क्रियाहीनं परात्परम्।
वदन्त्युपनिषत्संघा इदमेव ममानघ ॥
प्रकृत्युत्थगुणाभावादनन्तत्वात् तथेश्वर ॥
असिद्धत्वान्मद्गुणानां निर्गुणं मां वदन्ति हि।
अदृश्यत्वान्ममैतस्य रूपस्य चर्मचक्षुषा।
अरूपं मां वदन्त्येते वेदाः सर्वे महेश्वर ॥
व्यापकत्वाच्चिदंशेन ब्रह्मेति च विदुर्बुधाः।
अकर्तृत्वात्प्रपञ्चस्य निष्क्रियं मां वदन्ति हि ॥
मायागुणैर्यतो मेंऽशाः कुर्वन्ति सर्जनादिकम्।
न करोमि स्वयं किंचित् सृष्ट्यादिकमहं शिव ॥

(पद्मपुराण, पातालखण्ड)

शंकरजी ! आपने आज मेरा यह परम अलौकिक रूप देखा है। सारे उपनिषद् मेरे इस घनीभूत निर्मल प्रेममय सच्चिदानन्दघन रूपको ही निराकार, निर्गुण, सर्वव्यापी, निष्क्रिय और परात्पर ब्रह्म कहते हैं। मुझमें प्रकृतिसे उत्पन्न कोई गुण नहीं है और मेरे गुण अनन्त हैं—उनका वर्णन नहीं हो सकता । मेरे वे गुण प्राकृत दृष्टिसे सिद्ध नहीं होते, इसलिये सब मुझको निर्गुण कहते हैं। महेश्वर! मेरे इस रूपको चर्मचक्षुओंके द्वारा कोई देख नहीं सकता, इसलिये वेद इसको अरूप या निराकार कहते हैं। मैं अपने चैतन्यांशके द्वारा सर्वव्यापी हूँ, इसलिये विद्वान्‌लोग मुझको ब्रह्म कहते हैं और मैं इस विश्वप्रपञ्चका रचयिता नहीं हूँ, इसलिये पण्डितगण मुझको निष्क्रिय बतलाते हैं। शिव! वस्तुतः सृष्टि आदि कोई भी कार्य मैं स्वयं नहीं करता। मेरे अंश (ब्रह्मा-विष्णु-रुद्र) ही मायागुणोंके द्वारा सृष्टि-संहारादि कार्य किया करते हैं।'

''देवर्षि ! भगवान्‌के इस प्रकार कहने और कुछ अन्य उपदेश करनेपर मैंने उनसे पूछा—'नाथ! आपके इस युगल-स्वरूपकी प्राप्ति किस उपायसे हो सकती है, इसे कृपा करके बतलाइये।' भगवान्‌ने कहा—'हम दोनोंके शरणापन्न होकर जो

****

गोपीभावसे हमारी उपासना करते हैं, उन्हींको हमारी प्राप्ति होती है, अन्य किसीको नहीं—

गोपीभावेन देवेश स मामेति न चेतरः।

'एक सत्य बात और है—वह यह है कि पूरे प्रयत्नके साथ इस भावकी प्राप्तिके लिये श्रीराधिकाकी उपासना करनी चाहिये।'

'हे रुद्र! यदि आप मुझे वशमें करना चाहते हैं तो मेरी प्रिया श्रीराधिकाजीकी शरण ग्रहण कीजिये।'

आश्रित्य मत्प्रियां रुद्र मां वशीकर्तुमर्हसि।

इस वर्णनसे पता लगा होगा कि भगवान् श्रीराधाकृष्णकी प्राप्ति और उनकी सेवा ही गोपीभावकी साधनाका लक्ष्य है और इसकी प्राप्तिके लिये उपर्युक्त प्रकारसे श्रद्धा-भक्तिपूर्वक तत्पर होकर साधना करनी चाहिये तथा भगवान् श्रीकृष्णके परम मनोहर मुनिजनमोहन सौन्दर्य-सुधामय स्वरूपका अतृप्त और निर्निमेष मानस नेत्रोंसे अपने हृदयमें ध्यान करना चाहिये। ध्यान करते-करते जब उनकी कृपासे आपको उनके मधुर रूप-माधुर्यके प्रत्यक्ष दर्शन होंगे, तब तो आप निहाल ही हो जाइयेगा। फिर तो आप भी यही चाहियेगा—

माथे पै मुकुट देखि, चंद्रिका-चटक देखि,
छबि की लटक देखि, रूपरस पीजिये।
लोचन बिसाल देखि, गरे गुंजमाल देखि,
अधर रसाल देखि, चित्त चाव कीजिये॥
कुंडल हलनि देखि, अलक बलनि देखि,
पलक चलनि देखि सरबस ही दीजिये।
पीतांबर छोर देखि, मुरली की घोर देखि,
साँवरे की ओर देखि देखिबोई कीजिये॥

× × × × ×

गोपीभाव 'सर्वसमर्पण' का भाव है। इसमें निज-सुखकी इच्छाका सर्वथा त्याग है। गोपीभावमें न तो लहँगा, साड़ी या चोली पहननेकी आवश्यकता है न पैरोंमें नूपुर

और नाकमें नथकी ही। गोपीभावकी प्राप्तिके लिये श्रीगोपीजनोंका ही अनुगमन करना होगा। ध्यान कीजिये—श्रीकृष्ण मचल रहे हैं और मा यशोदा उन्हें माखन देकर मना रही हैं। श्रीकृष्ण कुञ्जमें पधार रहे हैं, श्रीमती राधिकाजी उनकी अगवानीकी तैयारीमें लगी हैं। गोपीभावमें खास बात है 'रसकी अनुभूति'। 'श्रीकृष्ण ही मेरे एकमात्र प्राणनाथ हैं। वे ही परम प्रियतम हैं। उनके सिवा मेरे और कुछ भी नहीं है।' इतना कह देनेमें ही रस नहीं मिलता। रसके लिये रसभरा हृदय चाहिये। वाणीसे बाह्य रसका भानमात्र होता है। एक पतिप्राणा पत्नी प्रेमभरे हृदयसे पतिको जब 'प्राणनाथ' और 'प्रियतम' कहती है, तब उसके हृदयमें यथार्थ ही यह भाव मूर्तिमान् रहता है। इसीसे उसे रसानुभूति होती है! इसीसे वह प्राणनाथके लिये अपने प्राणोंका उत्सर्ग करनेमें नहीं हिचकती या यों कहना चाहिये कि उसके प्राणोंपर वस्तुतः पतिका ही अधिकार होता है। पतिको प्रियतम कहते समय उसके हृदयमें स्वाभाविक ही एक गुदगुदी होती है, आनन्दकी रस-लहरी छलकती है। इसी प्रकार भक्तका हृदय भगवान्‌को जब सचमुच अपना 'प्राणनाथ' और 'प्रियतम' मान लेता है, तभी वह गोपीभावकी प्राप्तिके योग्य होता है और ठीक पत्नीकी भाँति जब भगवान्‌को पतिरूपमें वरण कर लिया जाता है, तभी उन्हें 'प्रियतम' और 'प्राणनाथ' कहा जाता है।

——::×::——

गोपीभावकी प्राप्ति

सप्रेम हरिस्मरण ! पत्र मिला। आप गोपी-प्रेम प्राप्त करनेकी अभिलाषा रखते हैं—यह तो बड़े सौभाग्यकी बात है। उसके लिये आपने जो तीन प्रश्न पूछे हैं, उनके विषयमें मैं अपने विचार नीचे लिखता हूँ—

१. गोपी-प्रेमकी प्राप्ति सभीको हो सकती है। बिना इस भावकी प्राप्ति हुए तो प्रियतमकी अन्तरङ्ग लीलाओंमें प्रवेश ही नहीं हो सकता। परंतु यह सर्वोच्च सौभाग्य किस जीवको कब प्राप्त होगा—इसका निर्णय कोई नहीं कर सकता। यह तो उन प्राणनाथकी अहैतुकी कृपापर ही अवलम्बित है। वे जब कृपा करके जिस जीवको वरण करते हैं, तभी उसे यह सर्वोच्च अधिकार प्राप्त होता है। जीव तो अधिक-से-अधिक

****

अपनेको उनके चरणोंमें समर्पित ही कर सकता है। समर्पण ही इसका साधन है। साधन इसलिये कि जीव अधिक-से-अधिक इतना ही कर सकता है। परंतु वास्तवमें यह भाव तो साधन-साध्य नहीं है, केवल कृपासाध्य ही है।

२.गोपी-भावकी प्राप्ति सब कुछ त्यागनेपर तो होती ही है, परंतु यह सर्वस्व-परित्याग किसी बाह्य क्रियापर अवलम्बित नहीं है। यह घरमें रहते हुए भी हो सकता है और वनमें जानेपर भी नहीं होता। गोपियाँ कब वनमें गयी थीं। यह तो भावकी एक परमोत्कृष्ट अवस्था है, जो प्रेमका परिपाक होनेपर ही होती है। प्रेमीके लिये तो सब कुछ प्राणनाथका ही है; उसका है क्या, जिसे वह छोड़े। छोड़नेके साथ तो सूक्ष्मरूपसे ममताका पुट लगा हुआ है। जिसकी किसीमें ममता नहीं है, वह किसे छोड़ेगा ? अतः छोड़नेका स्वाँग न करके प्रेमकी अभिवृद्धि ही करनी चाहिये। जो प्रियतमके चरणोंमें आत्मोत्सर्ग कर देता है, उसका अपना कुछ रहता ही नहीं, सब कुछ प्यारेका ही हो जाता है।

३.गुरु, वेष और स्थान भावकी प्राप्तिके साधन अवश्य हैं; परंतु अधिकतर इनके द्वारा लोगोंको एक प्रकारकी संकीर्ण साम्प्रदायिकता ही हाथ लगती है। जिसे स्वयं गोपी-भावकी प्राप्ति नहीं हुई, वह दूसरोंको कैसे उसकी प्राप्ति करा सकता है और गोपी-भाव-प्राप्त गुरु भी कहाँ मिलेगा। रही वेषकी बात, तो प्रियतमकी रुचि जाने बिना कैसे निश्चय किया जाय कि वे किस रूपमें आपको देखना चाहते हैं। प्रियतमका स्थान ही इस लोकसे परे है; इस लोकका वृन्दावन तो केवल उसका प्रतीक है। वह नित्य एवं चिन्मय वृन्दावन तो सर्वत्र है, उसकी उपलब्धि केवल भावमय नेत्रोंसे ही हो सकती है। भावुक उस प्रियतमके धामसे एक क्षण भी बाहर नहीं रह सकता। ×××××

——::×::——

साधकका सिद्धदेह

प्रिय महोदय ! सादर सप्रेम हरिस्मरण। आपका कृपापत्र मिला। साधनक्षेत्रमें सिद्धदेहविषयक यह आपका प्रश्न रागानुगा भक्तिके एक अति उच्च साधनका संकेत करता है। वास्तवमें ये सब प्रश्न गोपनीय दिव्यसाधनासे सम्बन्ध रखते हैं।

साधकदेह और सिद्धदेह····इस प्रकार सेवाके लिये दो देह माने गये हैं। हमारे इस पाञ्चभौतिक स्थूल देहको ही साधनामें संलग्न होनेपर साधकदेह कहते हैं। इसके परे सिद्धदेह है, जिसकी पहले साधकदेहवाले महानुभाव भावना करते हैं और उस भावनामय सिद्धदेहके द्वारा भगवान्‌की सेवा किया करते हैं। पर जिनके हृदयमें यथार्थ रतिकी उत्पत्ति हो गयी है, उनको सिद्धदेहकी भावना नहीं करनी पड़ती, उसकी स्वयं स्फूर्ति हुआ करती है और वे परम सौभाग्यवान् साधक उक्त सिद्धदेहके द्वारा श्रीराधामाधवकी मधुरतम निकुञ्जसेवामें नियुक्त रहकर नित्य निरतिशय परमानन्दाम्बुधिमें निमग्न रहते हैं। यह सिद्धदेह न तो अस्थि-मांस-रक्तमय जडदेह है और न सांख्यप्रोक्त सूक्ष्म और कारणदेह ही है। यह है दिव्यानन्दचिन्मय-रसप्रतिभावित नित्यशुद्ध सुचारु समुज्ज्वल परम सुन्दरतम सच्चिदानन्दरसमय विग्रह। वैष्णवसाधनाके क्षेत्रमें इस सच्चिदानन्दरसमयी मूर्तिको 'मञ्जरी' कहते हैं। ये सखियोंकी अनुमतिके अनुसार श्रीराधामाधवकी सेवामें नियुक्त रहती और परमानन्दका अनुभव करती हैं। इनका यह देह नित्य सुन्दर, नित्य मधुर, नित्य नव-सुषमासम्पन्न और नित्य समुज्ज्वल रहता है। इनपर देश-कालका कोई प्रभाव नहीं पड़ता। इस मार्गकी साधनाकी परिपक्व स्थितिमें इस सिद्धदेहकी स्वयमेव स्फूर्ति हुआ करती है। पाञ्चभौतिक देह छूट जाती है, पर ये सच्चिदानन्द-रस-विग्रहमयी व्रजसुन्दरियाँ भगवान्‌के प्रेमधाममें स्फूर्ति प्राप्त करके श्रीयुगलस्वरूपकी सेवामें नित्य नियुक्त रहती हैं। इस साधनाके क्षेत्रमें तथा भगवान् श्रीराधामाधवके प्रेमधाममें भगवान् श्रीवृन्दावनेश्वर तथा श्रीवृन्दावनेश्वरी, उनकी अष्ट सखियों और अष्ट मञ्जरियोंके नाम, वर्ण, वस्त्र, वय तथा सखी एवं मञ्जरियोंकी दिशा और उनकी सेवाकी सूची निम्नलिखित प्रकारसे मानी गयी है—

दिशा	नाम	देहका वर्ण	वस्त्रका रंग	वयस्-बर्ष मास दिन	सेवा
×	श्रीनन्दनन्दन श्यामसुन्दर	इन्द्रनीलमणि	पीला	१५ । ९ । ७	×
	श्रीमती राधिका रासेश्वरी	तपाया स्वर्ण	नीला	१४ । २ । १५	×
		सखी			
उत्तर	श्रीललिता	गोरोचन	मयूरपुच्छ	१४ । ३ । १२	ताम्बूल
ईशानकोण	श्रीविशाखा	बिजली	तारावर्ण	१४ । २ । १५	कर्पूरादि
पूर्व	श्रीचित्रा	काश्मीर (केसर)	काचवर्ण	१४ । १ । १९	वस्त्र-सेवा
अग्निकोण	श्रीइन्दुलेखा	हरिताल	दाडिमपुष्प	१४ । २ । १२	नृत्य
दक्षिण	श्रीचम्पकलता	चम्पापुष्प	नीलवर्ण	१४ । २ । १४	चँवर
नैर्ऋत्यकोण	श्रीरङ्गदेवी	कमल-केसर	जवापुष्प	१४ । २ । ८	अलक्तक
पश्चिम	श्रीतुङ्गविद्या	चन्द्रकुङ्कुम (कर्पूरयुक्त केसर)	पाण्डुवर्ण	१४ । २ । २०	नाना वाद्य
वायव्यकोण	श्रीसुदेवी	तपाये हुए स्वर्णके समान	प्रवालवर्ण	१४ । २ । ८	जल

मञ्जरी

दिशा	नाम	देहका वर्ण	वस्त्रका रंग	वयस्-बर्ष मास दिन	सेवा
उत्तर	श्रीरूपमञ्जरी	गोरोचनवर्ण	मयूरपिच्छवर्ण	१३ । ६ । ०	ताम्बूल
ईशानकोण	श्रीमञ्जुलीलामञ्जरी	तप्तस्वर्णवर्ण	किंशुकपुष्पवर्ण	१३ । ६ । ७	वस्त्र
पूर्व	श्रीरसमञ्जरी	चम्पापुष्पवर्ण	हंसवर्ण	१३ वर्ष	चित्र
अग्निकोण	श्रीरतिमञ्जरी	विद्युद्वर्ण	तारावर्ण	१३ । २ । ०	चरणसेवा
दक्षिण	श्रीगुणमञ्जरी	विद्युद्वर्ण	जवापुष्पवर्ण	१३ । १ । २७	जल
नैर्ऋत्यकोण	श्रीविलासमञ्जरी	स्वर्णकेतकीवर्ण	भ्रमरवर्ण	१३ । ० । २६	अञ्जन-सिन्दूर
पश्चिम	श्रीलवङ्गमञ्जरी	विद्युद्वर्ण	तारावर्ण	१३ । ६ । १	माला
वायव्यकोण	श्रीकस्तूरीमञ्जरी	स्वर्णवर्ण	काचवर्ण	१३ वर्ष	चन्दन

इनके नाम, सेवा आदिमें व्यतिक्रम भी माना जाता है।

प्रधान अष्टमञ्जरियोंके नामोंमें भी अन्तर माना गया है, मञ्जरियोंकी उपर्युक्त सूचीके स्थानपर ये नाम भी माने गये हैं—(१) श्रीअनङ्गमञ्जरी, (२) श्रीमधुमतीमञ्जरी, (३) श्रीविमलामञ्जरी, (४) श्रीश्यामलामञ्जरी, (५) श्रीपालिकामञ्जरी, (६) श्रीमङ्गलामञ्जरी, (७) श्रीधन्यामञ्जरी, (८) श्रीतारकामञ्जरी। तथा इन प्रत्येकके अनुगत दो-दो मञ्जरियाँ अथवा प्रिय नर्मसखियाँ क्रमशः

****

इस प्रकार मानी गयी हैं—(१) श्रीलवङ्गमञ्जरी, (२) श्रीरूपमञ्जरी, (३) श्रीरसमञ्जरी, (४) श्रीगुणमञ्जरी, (५) श्रीरतिमञ्जरी, (६) श्रीभद्रमञ्जरी, (७) श्रीलीलामञ्जरी, (८) श्रीविलासमञ्जरी, (क), (९) श्रीविलासमञ्जरी (ख), (१०) श्रीकेलिमञ्जरी, (११) श्रीकुन्दमञ्जरी, (१२) श्रीमदनमञ्जरी, (१३) श्रीअशोकमञ्जरी, (१४) श्रीमञ्जुलालीमञ्जरी, (१५) श्रीसुधामुखीमञ्जरी, (१६) श्रीपद्ममञ्जरी। प्रधान अष्ट सखियोंका क्रम भी कहीं-कहीं ऐसा माना गया है—श्रीरङ्गदेवी, श्रीसुदेवी, श्रीललिता, श्रीविशाखा, श्रीचम्पकलता, श्रीचित्रा, श्रीतुङ्गविद्या, श्रीइन्दुलेखा अथवा श्रीललिता, श्रीविशाखा, श्रीचम्पकलता, श्रीइन्दुलेखा, श्रीतुङ्गविद्या, श्रीरङ्गदेवी, श्रीसुदेवी, श्रीचित्रा। कहीं-कहीं प्रधान अष्ट सखियोंके नामोंमें भी अन्तर माना गया है।

सखियों और मञ्जरियोंकी संख्या इतनी ही नहीं है। ये तो मुख्य आठ-आठ हैं। सिद्धदेहमें मञ्जरियोंकी स्फूर्ति और तद्रूपता प्राप्त हो जाती है। यह परम गोपनीय साधन-राज्यका विषय है। यह बात जान लेनेकी है कि इस राग-मार्गमें—रति, स्नेह, मान, प्रणय, राग, अनुराग, भाव और महाभाव—ये आठ स्तर माने गये हैं। इनमें रति प्रथम है और वह रति तभी मानी जाती है जब कि इस लोक और परलोकके—ब्रह्मलोकतक समस्त भोगोंसे तथा मोक्षसे भी सर्वथा विरति होकर केवल भगवच्चरणारविन्दमें ही रति हो गयी हो। साधकके चित्तमें नित्य-निरन्तर केवल एक यही धारणा दृढ़ताके साथ बद्धमूल हो जाय कि इस लोकमें, परलोकमें सर्वत्र, सर्वदा और सर्वथा एकमात्र श्रीकृष्ण ही मेरे हैं। श्रीकृष्णके सिवा मेरा और कोई भी, कुछ भी, किसी कालमें भी नहीं है। अतएव यहाँ दूसरी वस्तुमात्र तथा तत्त्वका ही अभाव हो जाता है; तब काम, क्रोध, लोभ, मोह, मद, मत्सर, ईर्ष्या और असूया आदि दोषोंके लिये तो कल्पना ही नहीं की जा सकती। ये तो साधकदेहमें ही समाप्त हो जाते हैं। सिद्धदेहमें तो नित्य-निरन्तर श्रीकृष्णानुभवके अतिरिक्त और कुछ रहता ही नहीं।

——::×::——

सिद्ध सखीदेह

सप्रेम हरिस्मरण।—×××××× तीन प्रकारके प्रेमी भक्त होते हैं—नित्यसिद्ध, कृपासिद्ध और साधनसिद्ध। नित्यसिद्ध वे हैं, जो श्रीकृष्णके नित्य परिकर हैं और श्रीकृष्ण स्वयं लीलाके लिये जहाँ विराजते हैं, वहीं वे उनके साथ रहते हैं। कृपासिद्ध वे हैं, जो श्रीभगवान्‌की अहैतुकी कृपासे प्रेमियोंका सङ्ग प्राप्त करके अन्तमें उन्हें पा लेते हैं; और साधनसिद्ध वे हैं, जो भगवान्‌की कृपा प्राप्त करनेके लिये भगवान्‌की रुचिके अनुसार भगवत्प्रीत्यर्थ प्रेमसाधना करते हैं। ऐसे साधकोंमें जो प्रेमके उच्च स्तरपर होते हैं, किसी सखी या मञ्जरीको गुरुरूपमें वरण करके उनके अनुगत रहते हैं। ऐसे पुरुष समय-समयपर प्राकृत देहसे निकलकर सिद्धदेहके द्वारा लीला-राज्यमें पहुँचते हैं और वहाँ श्रीराधा-गोविन्दकी सेवा करके कृतार्थ होते हैं। ऐसे भक्त आज भी हो सकते हैं। कहा जाता है कि महात्मा श्रीनिवास आचार्य इस स्थितिपर पहुँचे हुए भक्त थे। वे सिद्ध सखीदेहके द्वारा श्रीराधागोविन्दकी नित्यलीलाके दर्शनके लिये अपनी सखी-गुरुके पीछे-पीछे श्रीव्रजधाममें जाया करते। एक बार वे ऐसे ही गये हुए थे। स्थूलदेह समाधिस्थितकी भाँति निर्जीव पड़ा था। तीन दिन बीत गये। आचार्यपत्नीने पहले तो इसे समाधि समझा; क्योंकि ऐसी समाधि उनको प्रायः हुआ करती थी। परंतु जब तीन दिन बीत गये, शरीर बिलकुल प्राणहीन प्रतीत हुआ, तब उन्होंने डरकर शिष्य भक्त रामचन्द्रको बुलाया। रामचन्द्र भी उच्च स्तरपर आरूढ़ थे, उन्होंने पता लगाया और गुरुपत्नीको धीरज देकर गुरुकी खोजके लिये सिद्धदेहमें गमन किया। उनका भी स्थूलदेह वहाँ पड़ा रहा। सिद्धदेहमें जाकर रामचन्द्रने देखा—श्रीयमुनाजीमें क्रीड़ा करते-करते श्रीराधिकाजीका एक कर्णकुण्डल कहीं जलमें पड़ गया है। श्रीकृष्ण सखियोंके साथ उसे खोज रहे हैं, परंतु वह मिल नहीं रहा है। रामचन्द्रने देखा सिद्ध-देहधारी गुरुदेव श्रीनिवासजी भी सखियोंके यूथमें सम्मिलित हैं। तब रामचन्द्र भी गुरुकी सेवामें लगे। खोजते-खोजते कुछ देरके बाद

रामचन्द्रको श्रीजीका कुण्डल एक कमलपत्रके नीचे पङ्कमें पड़ा मिला। उन्होंने लाकर गुरुदेवको दिया। उन्होंने अपनी गुरुरूपा सखीको दिया, सखीने यूथेश्वरीको अर्पण किया और यूथेश्वरीने जाकर श्रीजीकी आज्ञासे उनके कानमें पहना दिया। सबको बड़ा आनन्द हुआ। श्रीजीने खोजनेवाली सखीका पता लगाकर परम प्रसन्नतासे उसे चर्वित ताम्बूल दिया। बस, इधर श्रीनिवासजी तथा रामचन्द्रकी समाधि टूटी, रामचन्द्रके हाथमें श्रीजीका चबाया हुआ पान देखकर दोनोंको बड़ी प्रसन्नता हुई थी।

——::×::——

गोपी-प्रेमकी साधना और सिद्धि

प्रथम साधना है इसकी—इन्द्रिय-भोगोंका मनसे त्याग।
हरिकी प्रीति बढ़ानेवाले सत्कर्मोंमें अति अनुराग॥
कठिन काम-वासना-पापका करके पूरी तरह विनाश।
दंभ-दर्प, अभिमान-लोभ-मद, क्रोध-मानका करके नाश॥
परचर्चाका परित्याग कर, विषयोंका तज सब अभिलास।
मधुमय चिन्तन नाम-रूपका मनमें प्रभुपर दृढ़ विश्वास॥
हरि-गुण-श्रवण, मनन लीलाका, लीला-रसमें रति निष्काम।
प्रियतम-भाव सदा मोहनमें, प्रेम-कामना शुचि, अभिराम॥
सर्व-समर्पण करके हरिको, भोग-मोक्षका करके त्याग।
हरिके सुखमें ही सुख सारा, हरिचरणोंमें ही अनुराग॥
भोग-मोक्ष-रुचि-रहित परम जो अन्तरङ्ग हरिप्रेमी संत।
उनका विमल सङ्ग, उनकी ही रुचिमें निज रुचिका कर अन्त॥
पावन प्रेमपंथके साधक करके तब लीलाचिन्तन।
श्यामा-श्याम-कृपासे फिर वे कर पाते लीला-दर्शन॥
गोपी-भाव समझकर तब वे होते हैं शुचि साधनसिद्ध।
रस-साधनमें सिद्धि प्राप्तकर पाते गोपीरूप विशुद्ध॥

फिर लीलामें नित्य सम्मिलित हो बन जाते प्रेमस्वरूप।
परम सिद्धि यह प्रेम-पंथकी, यही प्रेमका निर्मल रूप॥

गोपी-प्रेमके अधिकारी

कर्म योगपथ, ज्ञान-मार्गके सिद्ध नहीं आते इस ठौर।
वे अपने शुचि विहित मार्गसे जाते सदा साध्यकी ओर॥
राधा-कृष्ण-विहार ललितका यह रहस्यमय दिव्य विधान।
दास्य-सख्य-वात्सल्यभावमें भी इसका नहिं होता भान॥
व्रजरमणीके शुद्ध भावका ही केवल इसमें अधिकार।
वहीं फूलता-फलता, इस उज्ज्वल रसका होता विस्तार॥

——::×::——

गोपियोंकी महिमा

गोपीजन की महिमा अतुलित।
जिनके भाव लहन कौं तरसत बेदरिचा नित, ऋषि-मुनि तप-रत॥
विमल ब्रह्मबिद्या गोपिन-सम तप करि चहत प्रीति अति पावन।
जा सौं मिलत ब्रह्म पर-सौं-पर रसमय मधुर रूप मनभावन॥
सदा प्रेम-परबस जिन के हरि, राखत मन जिन कौं अति आदर।
सदा रहत जिनके ढिग बरबस, चहत न रहन छाँड़ि तिन छिनभर॥
बस्यौ रहत मन-प्रान-नयन महँ बन तिन के मन-प्रान-पुतरि दृग।
रास-बिलास करत नित रसमय भूलि सकल भगवत्ता अग-जग॥

—— ★ ——

प्रकीर्ण

प्रार्थना

देखा करूँ तुम्हारी लीला,
गाया करूँ तुम्हारा नाम।
सुना करूँ नित मुरलीकी धुन,
बचन तुम्हारे परम ललाम॥
नेत्र-मधुप नित करें तुम्हारे
बदन-कमल-मधु-रसका पान।
पूर्ण समर्पण हो जायें इन्द्रिय-
तन-मन-मति-जीवन-प्रान ॥

एक कृष्णप्रेमीके पत्रका उत्तर

(पत्र)

मधुमास कृष्णैकादशीकी संध्या

परम-पूज्य प्रिय सखा, स्वामि, गुरु, हितू हमारे।
श्रीहनुमानप्रसाद (जी) भाव के भोरे-भारे॥
बंदौं चरन-सरोज सीस धरि सदा तुम्हारे।
देहु इहै आसीस, बसैं हिय जुगल हमारे॥
छायौ अब कलिकाल घोर, नहिं धर्म-लेस कहुँ।
अनाचार, पाखंड, पाप बाढ्यौ देखत चहुँ॥
कपटी, कायर, कुटिल, कामबस, अतिसै क्रोधी।
बाढ़े चोर, जुवार, बिप्र-गुरु-संत-बिरोधी॥
तिन के मधि बसि रहन कठिन जिमि दसनन जीहा।
साँच कहै, है मरन, मिलन पिय कठिन अलीहा॥
ताहू पै त्रैताप घोर सौं तपत सदा तनु।
ऐसे भीषन बिपति-काल नहिं कोउ अवलंबनु॥
होते जौ संसारी तौ यह सब सहि लेते।
काहू कौ उपकार-भार नहिं सिर पै लेते॥
कहा कहैं? कहि जात नहीं अब जिय की घातें।
बड़ी मरम की पीर, बीर रसिकन की बातें॥
मातु-पितादिक स्वजन निरस अति ग्यान सिखावैं।
कोउ निहकाम-सकाम कर्म के मर्म सुझावै॥
एकौ लागत नाहिं किए उन अमित उपाई।
कहा करौं ह्वै गई संग बस कृष्न मिताई॥

सो अब छूटत नाहिं, जतन मैं हूँ बहु हेरी।
बरबस ही करि लई स्याम बिनु मोलन चेरी॥
ना जानौं प्रारब्ध कौन-सौ बिमुख परयौ है।
जो बैरी इहि भाँति मोहि ते रहत अरयौ है॥
अनइच्छित जे कर्म तिनहिं बरबस करवावत।
पेरत है दिन-रैन मूढ़ तउ नास न पावत॥
नित दुस्संगति परयौ, नाहिं सतसंग बसत तनु।
नहिं भागवत-पुरान-कथा कौ श्रवन-कीरतनु॥
अपनेहि कर करि रहयौ हाय! अपनी ही हाँती।
यहि सोचत हौं जबहिं, तबहिं भरि आवत छाती॥
बिनु पंखन के बिहँग सरिस उछरत औ गिरत हौं।
भव-दवाग्नि मैं बिबस हाय! अब नित्य जरत हौं॥
काढ़ि लीजियो मित्र! मोहि हिय करुना करि कै।
या दीजो मत उचित, करौं सोइ हिय हरि धरि कै॥
कठिन कुअवसर माहिं ह्वै रही मति-गति भोरी।
ओ 'कल्याण'-सुदानी! भरियो 'नेह' की झोरी॥

१३।३।४२ इतिशम्।

'नेहलता'

(उत्तर)

नेहभरी श्रीनेहलता! तुम धन्य सदाई।
जुगल-कृपा ते लही जो दुर्लभ कृष्ण-मिताई॥
परम पूज्य, प्रिय, सखा, स्वामि, गुरु, हितू तिहारे।
रसिकसिरोमनि एक स्याम गोपीजन-प्यारे॥
अनुकंपा उन की अपार कौ तुम्हैं सहारौ।
का करि सकै बिगार घोर कलिकाल तिहारौ॥
सकल ताप-संताप सुदारुन बिपति-बुराई।

अहै तिहारे प्रीतम ही की सबै पठाई ॥
बड़ी मरम की पीर, बीर! सहियो सब सुख सौं।
पिय कौ प्रिय संदेस, न कछु कहियो निज मुख सौं ॥
संसारीहू बड़ी, होय जो हरि अनुरागी।
अष्टजाम अनुगत, सेवारत अति बड़भागी ॥
ध्यान-कर्म कौ मर्म सुनत समुझत क्यों डरिये।
सब ही सौं अपने मोहन की सेवा करिये ॥
नंदसुवन-सेवा ही सब कौ परम चरम फल।
बिना दाम घनस्याम-हाथ बिकिबौ अति मंगल ॥
दारुन ग्रह, दुर्दैव स्याम-चेरिहि न सतावैं।
स्याम-प्रेम सब काम सदा बरबस करवावै ॥
चेरी कौ चित सदा एक स्यामै पहिचानै।
भलौ-बुरौ परिनाम स्याम-पीतम ही जानैं ॥
ह्वै निश्चिंत, अचिंत्य स्याम-पद सेवन कीजै।
दिवस-रैन मन-चैन स्याम-सुमिरन चित दीजै ॥
बिनु पंखन के बाल-बिहँग जोहैं जननीं-मग।
जिमि पत्नी पिय-दरस-हेतु आकुल-चित डगमग ॥
तिमि प्यारे पीतम के अति पावन बिरहानल।
जरि-जरि लहियै अमल अलौकिक आनँद प्रतिपल ॥
स्याम-चरन कौ एक भरोसौ कबहुँ न तजियो।
अग-जग की चिंता बिसारि गोपालै भजियो ॥
मोपै हू करि कृपा इहै श्रीहरि सौं कहियो।
अपनी ओर निहारि छोह नित करते रहियो ॥
बाढ़ी जग मैं ख्याति, लोकरंजन मन छायौ।
रस की बातैं बिसरि व्यर्थ ही काल गँवायौ ॥
ह्वैहैं वे दिन कबै, जबै श्रीराधा रानी।

गनि आपनौ गुलाम नेह सौं धरि सिर पानी ॥
अपनी रुचि अनुकूल सकल आचरन बनावैं ।
स्यामसहित निज चरनन की सेवा करवावैं ॥
लौकिक परिचय कछुक दीजियो, जो मन मानै ।
तुम कौं हम कौं स्याम सदा निज-जन करि जानै ॥

वै॰ कृष्ण १, १९९९ **हनुमानप्रसाद पोद्दार**
रतनगढ़ (बीकानेर)

——::×::——

उपर्युक्त पत्र किनका है, यह पता नहीं। मालूम होता है, पत्रलेखक महानुभाव मुझसे कुछ परिचित हैं। उन्होंने अपना नाम-पता कुछ भी नहीं लिखा, इसीसे 'कल्याण' के द्वारा उनके पद्यात्मक पत्रका उत्तर दिया जा रहा है। उनसे प्रार्थना है कि वे उत्तरमें लिखी तुकबंदीकी कविता-सम्बन्धी भूलोंपर ध्यान न देकर भावोंपर ध्यान दें। मैं कवित्वज्ञानसे शून्य हूँ। एक प्रार्थना और है—उन्होंने पत्रमें जो मुझको प्रणाम किया है और मुझसे 'आसीस' माँगी है, इससे मुझे बड़ा संकोच हुआ है; क्योंकि मैं न तो प्रणामका अधिकारी हूँ और न मुझमें आशिष् देनेकी योग्यता है। पत्र-लेखक महोदय कृपापूर्वक भविष्यमें ऐसा न करें।

—हनुमानप्रसाद पोद्दार

स्वागतकी तैयारी करो

हृदय-मन्दिरमें मनमोहनको बुलाना चाहते हो तो पहले काम, तृष्णा, लोभ, क्रोध, वैर, हिंसा, अभिमान, अहंकार, मद, ममता, आसक्ति, विषाद और मोहके दुर्गन्धभरे कूड़ेको कोने-कोनेसे झाड़-बुहारकर बाहर दूर फेंक दो और संयम, संतोष, दया, क्षमा, मैत्री, अहिंसा, नम्रता, त्याग, वैराग्य, प्रसन्नता, समता, विवेक, भक्ति और प्रेम आदि सुन्दर-सुन्दर फूलोंको चुन-चुनकर उनसे मन्दिरको भीतर-बाहर खूब सजा लो! जब सजावटमें कुछ भी कसर न रह जाय, तब उस प्यारेको जोरसे पुकारो, तुरंत उत्तर मिलेगा और उसकी मोहिनी रूप-छटासे तुम्हारा हृदय-मन्दिर उसी क्षण जगमगा उठेगा।

सरकारी नौकर अपने अफसरके, सेवक मालिकके, प्रजा राजाके, जनता नेताके, शिष्य आचार्यके, बन्धु अपने माननीय बन्धुके और पत्नी अपने प्राणाधार पतिके स्वागतके लिये अपने-अपने भावोंके अनुसार कैसी-कैसी तैयारियाँ करते हैं। फिर जो यम, वायु, अग्नि आदि लोकपालोंके भी शासक, ब्रह्मा आदि स्वामियोंके भी स्वामी, नारद, सनत्कुमार आदि नेताओंके भी नेता, देवराज इन्द्र आदि सम्राटोंके भी सम्राट्, व्यास-वाल्मीकि आदि आचार्योंके भी आचार्य, बन्धुओंमें भी परम बान्धव और पतियोंके भी परम पति हैं—जिन एक ही सब गुणोंके अथाह सागरकी ये सब बूँदें हैं, उन सर्वगुणाधारके स्वागतके लिये भी तो कुछ तैयारी करनी चाहिये। तुम्हारी तैयारीका तभी पता चलेगा, जब तुम्हारे मनमें और कुछ भी न रहकर केवल उसका मोहन मुखड़ा देखने और कोमल चरण-स्पर्श करनेकी ही अनन्य और तीव्र लालसा रह जायगी।

——:: × ::——

'लँगर मोरि गागर फोरि गयौ'

सखि ! जाने कहाँ ते अचक आय मोरि गागर फोरि गयौ ॥ लँ॰ ॥
नई चुनरिया चीर-चीर करि निपट निडर पुनि आँखि दिखावै,
देख बीर ! अति कोमल बैयाँ दोउ कर पकर मरोरि गयो ॥ लँ॰ ॥
मो ते कहै सुन एरी सुंदरी, तो समान ब्रज सुधर न कोऊ !
नख-सिख लौं छबि निरखि-परखि कैं सघन कुंज की ओर गयो ॥ लँ॰ ॥
कहँ लग कहौं कुचाल ढीठ की, नाम लेत मेरौ जिया काँपत है,
नारायन मैं घनौं बरज रहि, मोतियन की लर तोरि गयौ ॥ लँ॰ ॥

श्यामसुन्दर अचानक आकर गोपीकी गागर फोड़ चले। उसकी नयी चुनरीको चीर-चीरकर बाँह मरोड़ गये, उसे व्रजमें सबसे अधिक सुन्दरी बताकर उसका नख-शिख निरख-परखकर सघन कुञ्जकी ओर चले गये और जाते समय उसके हजार रोकते-रोकते मोतियोंका हार भी तोड़ गये। गोपी प्रणयकोपसे श्यामसुन्दरको 'लँगर' कहकर अपनी सखीको सब हाल सुना रही है।

धन्य हो तुम व्रजकी गोपियों, जो तुम्हारे लिये श्यामसुन्दर स्वयं पधारते हैं और अपने हाथों तुम्हारी गागर फोड़ जाते हैं। क्यों न हो? तुमने जो इसका अधिकार प्राप्त कर लिया है! इस लोक और परलोकको सारी भोग-वासनाओंके और जागतिक मोह-ममता, अभिमान-अहंकार, राग-रङ्ग और नीति-रीति आदि समस्त विकारोंके विषभरे कु-रससे अपनी गागरको बिलकुल खाली करके और कठिन नियम-संयमकी पवित्र सुधाधारासे उसे अच्छी तरह धोकर तुमने उसमें मधुर गोरस—दिव्य प्रेम-रस भर लिया है और वह मधुर रस भरा भी है तुमने केवल श्रीश्यामसुन्दरको आप्यायित करनेके लिये ही! तभी तो प्रेमसुधाके प्यासे तुम्हारे परम प्रियतम श्यामसुन्दर नटवर-वेषमें बड़ी साधनासे संचित तुम्हारे मधुरातिमधुर प्रेमरसका पान करनेके लिये तुम्हारे समीप दौड़े आये हैं। समस्त विश्वको आनन्दित करनेवाले उस मधुर दिव्य प्रेमरसको भला, वे तुम्हारी नन्ही-सी संकुचित गगरियामें कैसे रहने दें। तुम्हारी गागर फोड़ डालते हैं और अपनी अनन्त महिमासे तुम्हारे प्रेमरसको (परिमाण और माधुर्य—दोनोंमें) अनन्तगुना बनाकर अनन्त मुखोंसे स्वयं उसे पान करते हैं और अनन्त हाथोंसे जगत्‌के अनन्त जीवोंको बाँट देते हैं। *
सारे जगत्‌को पवित्र प्रेमका दान करनेवाली गोपी ! तुम धन्य हो !

---

* परमपदपर पहुँचे हुए प्रेमस्वरूप प्रेमी भक्तोंका मधुर प्रेमरस ही भगवान्‌के द्वारा जगत्‌में विस्तृत

****

अहा ! श्रीकृष्ण निपट निःशङ्क होकर तुम्हारी नयी चुनरी चीर-चीरकर डालते हैं ! गोपी ! तुम इससे नाराज क्यों होती हो? सच बताओ, क्या तुमने यह चुनरी इसी कामनासे नहीं ओढ़ी थी कि श्यामसुन्दर आयें और तुम्हारी इस दुनियावी चुनरीके टुकड़े-टुकड़े कर डालें ? तुम तो सच्चिदानन्दनघन नित्य-नवकिशोर श्रीकृष्णकी प्रिया सदा सुहागिन हो न ? फिर तुम इस अनित्य सुहागका परिचय देनेवाली दुनियावी चुनरीको कैसे ओढ़े रहती ? तुम्हें तो उस दिव्य चुनरीकी चाह है, जो कभी किसी भी कालमें न पुरानी होती है और न उतरती ही है। हाँ, तुम्हारा यह अनोखा नाज अवश्य है कि तुम इस दुनियावी चुनरीको अपने हाथों नहीं फाड़ती। तुम्हारे प्रेमबलसे यह काम भी श्रीकृष्णको ही करना पड़ता है। तुम्हारे मार्गका अनुसरण करती हुई गिरधर-गोपालकी मतवाली मीराने तो अपने ही हाथों दुनियावी चुनरीके टूक-टूक कर डाले थे। **'चुनरी के किए टूक, ओढ़ लीन्हीं लोई।'**

गोपीके दिलके खुले दरवाजेपर—एकमात्र श्रीकृष्णके लिये ही खुले द्वारपर श्रीकृष्णको संकोच या डर किस बातका हो ? हाँ, वहाँ तो श्रीकृष्ण अवश्य सकुचा जाते हैं—बल्कि जाकर भी वापस लौट आते हैं, जहाँ भीतरी दिलका दरवाजा बंद होता है या उसमें दूसरोंको भी जानेकी अनुज्ञा होती है; पर तुम्हारा तो सभी कुछ श्रीकृष्णका है न ? तुम तो अपना तन-मन-धन, लोक-परलोक, सर्वस्व श्रीकृष्णके चरणोंपर ही न्योछावर कर चुकी हो न ? तुम्हारे सब कुछके एकमात्र स्वामी—आत्माके भी आत्मा केवल श्रीकृष्ण ही तो हैं। फिर वे अपनी निजकी सम्पत्तिपर अधिकार करनेमें 'निपट निडर' क्यों न हों ? और क्यों न तुम्हारी प्रेमभरी विपरीत चेष्टापर प्रणयकोप करके आँखें दिखायें ?

होकर मातृप्रेम, पितृप्रेम, मातृपितृभक्ति, धर्मप्रेम, विश्वप्रेम, देशप्रेम, पतिपत्नीप्रेम, मैत्रीप्रेम आदि नाना भावोंमें पात्रानुसार परिणत होता हुआ क्रमशः शान्त, दास्य, सख्य और वात्सल्यभावमें पहुँचकर फिर अपने उद्गमस्थानकी ओर अग्रसर होता है और अन्तमें मधुर प्रेमके रूपमें परिणत हो जाता है। इस प्रकारके गुणरहित, कामनारहित, प्रतिक्षणवर्धमान, सूक्ष्मतर, अनुभवरूप, अविच्छिन्न भगवत्प्रेमको नित्य निर्मल और दिव्य धाराका जिसमें पर्यवसान होता है, वही प्रेमका अनिर्वचनीय स्वरूप है और वह भगवान्से सर्वथा अभिन्न है।

ओहो! श्रीकृष्णने अपने दोनों करकमलोंसे पकड़कर तुम्हारी अति कोमल बाँहोंको मरोड़ दिया! अरे—विषयोंकी गुलामीमें लगे हुए इन पामर प्राणियोंकी भुजाएँ न जाने किन-किन पातकी चरणोंकी सेवामें लगी हैं! न जाने अबतक इन हमारी भुजाओंने कैसे-कैसे दूषित हृदयोंका आलिङ्गन कराया है! हमारी ये असती भुजाएँ कभी प्यारे श्रीकृष्णकी सेवाके लिये नहीं ललचायीं! प्रियतम श्यामसुन्दरको अँकवारमें भरनेके लिये आकुल होकर ये कभी नहीं फैलीं। गोपी! तुम्हारी भुजाएँ तो सती हैं, वे विषयोंसे सर्वथा विमुख हैं। वे एक श्रीकृष्णको छोड़कर और किसीके लिये कभी नहीं फैलतीं। इसीसे श्रीकृष्ण आते हैं और तुम्हारी उन बाँहोंको पकड़कर, अहाहा! अपने दोनों हाथोंसे पकड़कर तुम्हें अपने हृदयके एकान्त मन्दिरमें विराजित कर लेना चाहते हैं। अनादिकालसे जीवकी जीवनधारा जिस अचिन्त्यके हृदयमें प्रवेश करनेके लिये, जिस अनन्त आनन्दसागरमें अपनेको मिलाकर अनन्तरूप बन जानेके लिये ही बह रही है, क्या उस अचिन्त्य हृदयमें प्रवेश करना तुम्हें अवाञ्छनीय है? नहीं, नहीं, अवाञ्छनीय क्यों होता? पर तुम सकुचाती हो! यद्यपि तुम परम शुद्धा हो, इतनी पवित्र हो कि तुम्हारी चरणधूलि बड़े-से-बड़े महापातकीको पलभरमें पतितपावन बना सकती है, बड़े-बड़े देवता और ज्ञानी देवर्षि-महर्षि तुम्हारी दुर्लभ चरणरजकी कामना करते हैं, फिर भी तुम इस संदेहसे कि 'कहीं मेरे हृदयमें अपने सुखकी वासनाका तो कोई कण छिपकर नहीं रह गया है, सकुचा जाती हो। निज-सुखकी वासना तो प्रेममें कलङ्क है न? सच्चे भक्तका यही तो आदर्श है। वह सोचता है कि रंचमात्र भी विषय-वासना हृदयमें रहते यदि भगवान् मिल गये तो भगवान्‌के मिलनका मूल्य ही घट जायगा। इसीलिये वह कहता है—'ठहरो प्रभु! अभी मैं तुम्हारे दर्शन पानेके योग्य नहीं हूँ। जब मैं अपना सारा हृदय पूर्णरूपसे तुम्हारे लिये खाली कर दूँ, उसमें कुछ रहे तो बस, केवल तुम्हें सुख पहुँचानेवाली सामग्री ही रहे, मेरे लिये तुम्हारे सुखके सिवा और कुछ भी न रहे, तभी तुम मुझे दर्शन देना।'

गोपी! तुम प्रेमरूपा हो, प्रेमकी अधिष्ठात्री देवी हो, प्रेमकी संस्थापिका हो—कदाचित् इसी आदर्शकी रक्षाके लिये तुम श्यामसुन्दरकी बाँहोंमें अपनेको नहीं देना चाहती; पर वस्तुतः ऐसी बात है नहीं। तुम्हारे हृदयमें भला विषय-वासनाके

****

लेशका कलङ्क क्यों रहने पायेगा। तुम तो कृष्णगत-प्राणा हो, कृष्णरसभावभाविता हो। हाँ, तुम बड़ी मानिनी हो, प्रेमकी हठीली हो। भला, इसी तरह श्रीकृष्णके साथ क्यों मिलने लगी ? परंतु तुम्हारे प्रेममें बड़ा आकर्षण है। सबको बरबस अपनी ओर खींचनेवाले श्रीकृष्णको भी तुम्हारा प्रेम खींच लाता है! श्रीकृष्ण आते हैं और तुम्हारी बाँहोंको पकड़कर तुम्हें अपने हृदयमें बिठा लेना चाहते हैं। तुम मान करके पीछे हटती हो, बाँहें मरोड़ खा जाती हैं और छूट जाती हैं। धन्य-धन्य ! गोपी ! प्रेमकी ध्वजा गोपी ! तुम्हारी जय हो, जय हो !

अहा ! तुम प्रेमी भक्तोंमें सर्वशिरोमणि हो। तुम्हारे प्रेममें कितना सामर्थ्य है जो सर्वशक्तिमान् अचिन्त्यबल भगवान् भी अपनी शक्ति भूलकर तुम्हारे दिव्य प्रेमसे खिंचे हुए स्वयं आतुर होकर तुमसे मिलनेको चले आते हैं! सचमुच तुम अप्रतिम सुन्दरी हो ! तुम्हारी जिस सुन्दरताने मुनिमन-मोहन मदनमोहन मोहनके चिन्मय मनको भी मोह लिया, उस तुम्हारी सुन्दरताका बखान सच्चे सौन्दर्यके पूरे पारखी श्रीकृष्ण क्यों न करें। वे लोग भूले हुए हैं, जो तुम्हारे इस दिव्य सौन्दर्यको पार्थिव शरीरकी बाहरी बनावट समझते हैं। तुम तो दिव्य सुन्दरतामयी ही हो। सबसे सुन्दर तो तुम्हारा वह हृदय है, जिसमें प्रकृतिजन्य अहंता-ममता, राग-द्वेष, मद-अभिमान, लोभ-मोह, ईर्ष्या-मत्सरता, काम-क्रोध, चिन्ता-विषाद और सुख-दुःख आदिका संस्कार भी नहीं है और जो समस्त दैवी सम्पदाके परम सार एकमात्र श्रीकृष्णप्रेमकी महिमामयी माधुरीसे ही मण्डित है! तुम्हारे इस परम सुन्दर अन्तस्तलका ही आभास तुम्हारे मोहन-मोहन मुखड़ेपर, तुम्हारे नचीले-नुकीले नेत्रोंपर, तुम्हारी घुँघराली काली अलकावलीपर और तुम्हारे अतुलनीय अङ्ग-अङ्गपर छाया है। इसीसे तुम विश्वमोहन-मोहिनी हो। इसीसे श्रीकृष्ण तुम्हारी नखशिख निहारनेको नित्य लालायित रहते हैं। वे बड़े पारखी हैं, इसीसे वे किसीकी बाहरी सुन्दरतापर मुग्ध नहीं होते। उन्हें तो निर्मल हृदयकी परम निर्मल माधुरी चाहिये। ऐसी सुन्दरता हो, जो केवल सुन्दरतासे ही बनी हो; तभी वे उसपर मोहित होते हैं। बड़े रिझवार न ठहरे, गोपी ! इसीसे वे तुम्हारी मोहिनी माधुरीपर मुग्ध हैं !

सघन कुञ्ज ही तो उनकी नित्यविहार-स्थली है। जिस कुञ्जमें घनता नहीं है—

जहाँकी बातें बाहर दीखती-सुनती हैं और जिसमें बाहरवालोंका प्रवेश सम्भव है, वहाँ वे सच्चिदानन्दघन कूटस्थ कैसे रह सकते हैं ? घनता और अनन्यतामें ही उनका निवास होता है, इसीसे तो भक्तलोग अपने हृदयको भी सघन कुञ्ज ही बनाया करते हैं।

अहाहा ! तुम जब उन्हें 'लँगर' और 'ढीठ' कहती हो, तब तुम्हारी रसनासे कैसा मधुर रस बरसता है। बलिहारी तुम्हारे प्रेमपर ! तभी तो वे 'कुचाल' करते तुम्हारे बरजते-बरजते तुम्हारी 'मोतियनकी लर तोड़कर' झट सघन कुञ्जमें जा छिपते हैं। मीराने तो अपने हाथों 'मोती-मूँगे उतार वनमाला पोयी' थी। हाँ, तुम्हारा गौरव इतना बढ़ा हुआ है कि तुम्हारी मोतीकी लड़ तोड़ने भी उन्हें स्वयं आना पड़ा! वह मोतीकी लड़ ही कैसी, जिसके लिये श्यामसुन्दरको अपनी मनमानी करते रुकना पड़े और फिर ऐसी प्रतिबन्धकरूप मोतीकी लड़को श्यामसुन्दर क्यों न तोड़ डालें ? गोपी ! तुम्हारा मोतीका हार क्या तुम्हारे शृङ्गारके लिये है ? नहीं, तुम्हारा तो भोग-त्याग, जीवन-मरण—सब कुछ श्रीकृष्णसुखके लिये है। तब श्रीकृष्ण यदि उस मुक्ताहारको तोड़कर सुखी होना चाहते हैं तो तुम उन्हें बरजती क्यों हो ? अरी ! तुम बरजती नहीं; यह तो तुम्हारी नखरेबाजी है। तुम इसलिये नहीं बरजती कि मोतीके हारपर तुम्हें मोह है; तुम तो बार-बार उन्हें बरजकर अधिकाधिक रसानुभव करना-कराना चाहती हो! उनका नाम लेते तुम्हारा हृदय इसलिये नहीं काँपता कि वे तुम्हारे साथ बरजोरी करते हैं। श्यामकी बरजोरी तो तुम्हारे मनकी नित्यकी साध है। पूर्ण समर्पण कोई कर नहीं सकता, वह तो बरजोरीसे ही करा लिया जाता है। बस, समर्पणकी तैयारीभर होनी चाहिये। तुम्हारा तो हृदय सदा समर्पणकी ही माला जपता है। उसका प्रकम्प बस, वह जाप ही है, जो सघन कुञ्जसे उन्हें लौटानेके लिये या वहाँ स्वयं पहुँच जानेके लिये तुम कर रही हो। उनकी विरह-वेदनासे उत्पन्न होनेवाली चित्तकी विकलताभरी चञ्चलता—तुम्हारे हृदयका छटपटाहटभरा प्रतिपलका वह प्रेम-स्पन्दन ही तुम्हारे जीका काँपना है !

गोपी ! घबराओ नहीं, श्यामसुन्दर तुम्हें अवश्य मिलेंगे। नहीं-नहीं, वे तो तुम्हें मिले ही हुए हैं। वे तुममें हैं, तुम उनमें हो! तुम्हारा-उनका बिलगाव कभी होता

ही नहीं। तुमसे मिले रहनेमें ही उनकी 'श्यामसुन्दरता' है और उनसे मिली रहती हो, इसीसे तुम 'गोपी' हो। यह तो तुम्हारी लीला है जो जीवोंके कल्याणार्थ तुम अनायास ही करती हो। देवी! आनन्दचिन्मय-रसभाविता भगवती! श्रीकृष्णकी ही आनन्द-लीलामयी श्रीमूर्ति मेरी माँ! ऐसी अमोघ कृपा करो, जिससे इस पामर प्राणीको भी तुम्हारे गोपीप्रेम-प्रासादके रासमण्डपमें एक झाड़ू देनेवाली अनुचरीका काम मिल जाय और फिर कभी श्रीकृष्णदर्शनके लिये तरसता हुआ यह भी तुम्हारी ही तरह गा उठे—

कारुण्यकर्बुरकटाक्षनिरीक्षणेन
तारुण्यसंवलितशैशववैभवेन ।
आपुष्णता भुवनमद्भुतविभ्रमेण
श्रीकृष्णचन्द्र शिशिरीकुरु लोचनं मे ॥

——::×::——

तीन मधुर प्रसङ्ग

(१)

श्रीकृष्ण द्वारकामें थे। व्रजगोपियोंकी बात छिड़ते ही विह्वल हो उठते थे। पटरानियोंको इससे बहुत ईर्ष्या होती थी। इनकी ईर्ष्या भङ्ग करनेके लिये भगवान्‌ने एक लीलाका अभिनय किया। नित्य निरामय भगवान् रुग्ण हो गये। रोग भी कठिन था। वैद्यजीने औषधकी व्यवस्था की, अनुपान बतलाया 'चरणरज।' यह अनुपान कौन देता? चरणरजके लिये सभीसे पूछा गया। रुक्मिणी, सत्यभामा आदि सभी महिषियोंने नरकके डरसे चरणरज देनेकी बातपर मुँह मोड़ लिया। श्रीकृष्णको चरणरज देनेका दुस्साहस कौन करता। देवर्षि नारदजीको भेजा गया विश्वके सभी देवी-देवताओंके पास। परंतु किसकी हिम्मत थी जो ऐसा दुस्साहस करे। नारदजी म्लानमुख खाली हाथ लौट आये। भगवान्‌ने कहा, 'एक बार व्रज जाकर तो शेष चेष्टा कर देखो।' नारदजीको बात बहुत नहीं भायी। परंतु भगवान्‌का कहना था, व्रज जाना

ही पड़ा। नारदजी हमारे श्यामसुन्दरके पाससे आये हैं, सुनकर पगली श्रीराधाजीके साथ व्रजाङ्गनाएँ बासी मुँह ही दौड़ीं प्राणनाथकी कुशल पूछनेके लिये। नारदजीने श्रीकृष्णकी अस्वस्थताकी बात सुनायी। गोपियोंके प्राण सूख गये। उन्होंने कहा—

'क्यों क्या वहाँ कोई वैद्य नहीं है ?'

'वैद्य भी हैं, दवा भी तैयार है; परंतु अनुपान नहीं मिलता।'— नारदजीने कहा।

'ऐसा क्या अनुपान है ?'

'अनुपान बहुत ही दुर्लभ है, सारे जगत्‌में चक्कर लगा आया। है सभीके पास, पर कोई भी देना नहीं चाहता या दे नहीं सकता।'

'कहिये, कहिये भगवन्! क्या वह अनुपान हमलोगोंके पास भी है ? होगा तो हम अवश्य ही देंगी', व्रजगोपियोंने व्याकुल होकर कहा।

'तुम नहीं दे सकोगी।'

'जिसे उनको न दे सकें, ऐसी हमारे पास कोई वस्तु कैसे रह सकती है ?'

'अच्छा! क्या श्रीकृष्णको अपने चरणोंकी धूल दे सकोगी। इसी अनुपानके साथ दवा देनेसे उनका रोग नाश होगा।'

'यह कौन-सी बड़ी कठिन बात हुई ? लो, हम पैर बढ़ाये देती हैं; जितनी चाहिये, चरणधूलि अभी ले जाओ'—गोपियोंने सरल हृदय और उत्साहसे कहा। ''अरी, करती क्या हो ? क्या तुम यह नहीं जानती कि श्रीकृष्ण 'भगवान्' हैं, भगवान्‌को चरणधूलि दे रही हो ? वे जगत्पति हैं, क्या तुम्हें नरकका भय नहीं है ?'' नारदने आश्चर्यचकित होकर कहा।

'नारदजी! हमारी मुक्ति-भुक्ति, स्वर्ग-नरक, जीवन-मरण, सुख-दुःख, हँसी-रुलाई—सब एक श्रीकृष्ण ही हैं। अनन्त नरकोंमें जाकर भी यदि हम श्यामसुन्दरकी देहको पुनः स्वस्थ और सबल पा सकें तो हम ऐसे मनचाहे नरकका तो नित्य ही भजन करें। जानते नहीं, नारदजी! हमारे लिये श्यामसुन्दरने अघासुर (अघ-असुर), नरकासुर (नरक-असुर) आदिको तो पहलेसे ही मार रखा है। हम न पाप जानती हैं और न नरक मानती हैं। हम तो जानती हैं एकमात्र हमारे

श्रीराधाकृष्णाभ्यां नमः

49

श्रीराधा-माधव-चिन्तन

ग्रन्थकार- हनुमानप्रसाद पोद्दार

****

श्यामसुन्दरके सुखको—लीलाविलासको। तुम्हारे सारे पापों और नरकोंको हमलोगोंने इस लीलाविलासके अंदर शरीरमें मल लिया। इसीसे तो हम जल-मर रही हैं। यह मरना ही हमारा जीवन है।'

नारदका वक्षःस्थल पवित्र प्रेमधारासे धुल गया। नारदजीने गोपाङ्गनाओंसहित श्रीश्रीराधारानीके चरणोंकी रज लेकर थोड़ी-सी तो अपने सम्पूर्ण अङ्गोंमें लगायी और शेष बची हुईकी पोटली बाँध ली, विश्वेश्वरकी ऐश्वर्य-व्याधिके विनाशके लिये। गोपी-पद-रजके स्पर्शसे परमोज्ज्वल-तनु होकर जब नारदजी चरणधूलिकी पोटलीको मस्तकपर रखे द्वारकामें पधारे, तब द्वारकामें आनन्दकी लहर बह चली। चरणरजके अनुपानसे श्रीकृष्णने औषध ली और सहज ही निरामय हो गये। महिषियोंका मानभङ्ग हो गया, उन्होंने आज प्रत्यक्ष प्रमाणसे गोपी-प्रेमकी अपार अतलस्पर्शी गम्भीरता और मधुरिमाको देख लिया और श्रीकृष्ण गोपियोंकी बात छिड़ते ही क्यों तन-मनकी सुधि भूल जाते हैं, इसका रहस्य भी उनकी समझमें आ गया! धन्य प्रेमयोग!

(२)

एक समय श्रीधाम द्वारकामें भगवान् श्रीकृष्णचन्द्र रात्रिकालमें श्रीरुक्मिणी, सत्यभामा, प्रभृति प्रधान अष्ट राजमहिषियोंके मध्य शयन कर रहे थे। स्वप्नावस्थामें आप अकस्मात् 'हा राधे! हा राधे!' उच्चारण करते हुए क्रन्दन करने लगे। जब अन्य किसी प्रकार प्रभुका क्रन्दन नहीं रुका, तब बाध्य होकर महारानी श्रीरुक्मिणीदेवीने अपने प्राणवल्लभको चरणसंवाहनपूर्वक जाग्रत् किया। भगवान् श्रीकृष्णचन्द्र निद्राभङ्ग होनेपर किंचित् लज्जित हुए और उन्होंने अति चतुराईसे अपना भाव गोपन कर लिया और पुनः निद्रित हो गये; परंतु इसका रहस्य जाननेके लिये महारानियोंके हृदयमें अत्यन्त व्यग्रता उत्पन्न हुई। सब परस्पर कहने लगीं 'देखो, हम सब मिलकर सोलह सहस्र एक सौ आठ महिषियाँ हैं और कुल, शील, रूप एवं गुणमें कोई भी अन्य किसी रमणीसे न्यून नहीं है; तथापि हमारे प्राणवल्लभ किसी अन्य रमणीके लिये इतने व्याकुल हैं, यह तो बड़े ही विस्मयकी बात है! रात्रिमें स्वप्नावस्थामें भी जिस रमणीके लिये प्रभु इतने व्याकुल होते हैं, वह रमणी भी न जाने कितनी रूप-गुणवती होगी!' इसपर श्रीरुक्मिणीदेवी कहने लगीं, 'हमने सुना है कि वृन्दावनमें राधानाम्नी एक गोपकुमारी है, उसके प्रति हमारे प्राणेश्वर अत्यन्त आकृष्ट हैं;

इसीलिये रूप-लावण्य-वैदग्ध्य-पुञ्ज नयनाभिराम श्रीप्राणनाथ हम सबके द्वारा परिसेवित होकर भी उस सर्वचित्ताकर्षक-चित्ताकर्षिणीके अलौकिक गुणग्राम भूल नहीं सके हैं।' श्रीसत्यभामादेवी कहने लगीं, सब ठीक ही है, तो भी वह एक गोपकन्याके सिवा तो कुछ नहीं; फिर उसके प्रति हमारे प्राणकान्त इतने आसक्त क्यों हैं ? अस्तु, जो कुछ भी क्यों न हो, हमारी सम्मतिमें तो इस सम्बन्धमें रोहिणीमाताको पूछनेपर ही इसका ठीक-ठीक पता लग सकेगा; क्योंकि उन्होंने स्वयं वृन्दावनमें वास किया है और उस समयकी सम्पूर्ण घटनाओंको वे भलीभाँति जानती हैं।' यह प्रस्ताव सबको रुचा। रात्रि बीती, प्रातःकाल हुआ। श्रीकृष्णचन्द्र प्रातःकृत्य समापन करके राजसभाको पधारे और यथासमय पुनः अन्तःपुरमें पधारकर स्नानादि करके समाधानपूर्वक भोजन करने बैठे। राजभोग सम्मुख आकर उपस्थित हुए, उद्धवादि सखा-वृन्दसहित प्रभुने भोजन किया और आचमन करके किंचित् विश्रामपूर्वक पुनः राजसभाको गमन किया। इस अवसरको पाकर महारानियोंने श्रीरोहिणीदेवीको पूर्वरात्रिकी घटना सुनाकर उनसे व्रज-वृत्तान्त पूछा। माताजी कहने लगीं, 'प्यारी पुत्रियो ! यद्यपि मैं व्रजलीलाकी अधिकांश घटनाएँ जानती हूँ, तथापि माता होकर पुत्रकी गुप्त लीलाओंका रहस्य किस प्रकार कह सकती हूँ ? यदि राम-कृष्ण यह कथा सुन लें तो फिर लज्जाकी सीमा न रहेगी।' इसपर महिषीगण कहने लगीं, 'माताजी! जिस किसी प्रकार भी हो सके, हमें व्रजलीलाकी कथा तो आपको अवश्य ही सुनानी होगी।' माताजीने कहा—'तब एक उपाय करो—सुभद्राको द्वारपर पहरेके लिये बैठा दो, किसीको अंदर न आने दे; फिर मैं निस्संकोच तुम्हारे निकट व्रजलीलाका वर्णन करूँगी।' माताजीने यह कहकर सुभद्राकी ओर देखा और कहा, 'सुभद्रे ! यदि राम-कृष्ण आयें तो उन्हें भी कदापि भीतर मत आने देना।' माताजीका आदेश पालन किया गया। सुभद्रा 'जो आज्ञा' कहकर द्वार-रक्षा करने लगीं। महिषीवृन्द माताजीको चारों ओरसे घेरकर बैठ गयीं और माताजीने सुमधुर व्रजलीला वर्णन करना आरम्भ किया।

इधर राजसभामें राम-कृष्ण दोनों भाई चञ्चल हो उठे। जब किसी प्रकार भी राजसभामें नहीं ठहर सके, तब उत्कण्ठितचित्त होकर अन्तःपुरकी ओर चल पड़े।

****

आकर देखते हैं कि सुभद्रादेवी द्वारपर खड़ी हैं। उन्होंने सुभद्रादेवीसे पूछा, 'तुम आज यहाँ क्यों खड़ी हो ? द्वार छोड़ दो; हमलोग भीतर जायँ।' श्रीमती सुभद्रादेवीने कहा, 'रोहिणी माँने इस समय तुम्हारा अन्तःपुरमें प्रवेश करना निषेध कर रखा है, अतः तुमलोग अभी भीतर नहीं जा सकोगे।' यह सुनकर जब दोनों भाई आश्चर्यान्वित होकर इस निषेधका कारण ढूँढ़ने लगे, तब माताजीकी वह रहस्यपूर्ण व्रजलीलात्मक वार्ता उन्हें सुनायी दी। यह वार्ता श्रीवृन्दावनचन्द्रकी परम कल्याणमय, परमपावन, अद्भुत, मङ्गलमय रासविहारात्मक थी। सुनते-सुनते दोनों भाइयोंके मङ्गल श्रीअङ्गमें अद्भुत प्रेम-विकारके लक्षण दिखायी देने लगे। क्रमशः दोनों ही प्रेमानन्दमें विह्वल हो गये। अविश्रान्त प्रेमाश्रुकी मन्दाकिनीधारा प्रवाहित होकर दोनोंके गण्डस्थल एवं वक्षःस्थलको प्लावित करने लगी। यह देखकर श्रीमती सुभद्रादेवी भी एक अनिर्वचनीय महाभावावस्थाको प्राप्त हो गयीं। जिस समय माताजी स्वामिनी श्रीवृन्दावनेश्वरीकी अद्भुत प्रेमवैचित्त्यावस्था वर्णन करने लगीं, उस समय श्रीबलरामजी किसी प्रकार भी धैर्य धारण न कर सके। उनके धैर्यका बाँध टूट गया, श्रीअङ्गमें इस प्रकार महाभावका प्रकाश हुआ कि उनके श्रीहस्तपद संकुचित होने लगे और जब माताजी निभृत निगूढ़ विलास-वर्णन करने लगीं तब तो श्रीकृष्णचन्द्रकी भी यही अवस्था हुई। दोनों भाइयोंकी यह अद्भुत अवस्था देखकर श्रीमती सुभद्रादेवीकी भी यही अवस्था हुई। तीनों मङ्गलस्वरूप ही महाभावस्वरूपिणी स्वामिनी श्रीवृन्दावनेश्वरीके अपार महाभावसिन्धुमें निमज्जित होकर ऐसी स्वसंवेद्यावस्थाको प्राप्त हो गये कि वे लोगोंके देखनेमें निश्चल स्थावर प्रतिमूर्तिस्वरूप परिलक्षित होने लगे। निश्चल, निर्वाक्, स्पन्दरहित महाभावावस्था ! अतिशय मनोऽभिनिवेशपूर्वक दर्शन करनेपर भी श्रीहस्तपदावयव किंचित् भी परिलक्षित नहीं होते थे। आयुधराज श्रीसुदर्शनने भी विगलित होकर लम्बिताकार धारण कर लिया।

इसी समय स्वच्छन्दगति देवर्षि नारदजी भगवद्दर्शनके अभिप्रायसे श्रीधाम द्वारकामें आ उपस्थित हुए। उन्होंने राजसभामें जाकर सुना कि राम-कृष्ण दोनों भाई अन्तःपुर पधारे हैं। देवर्षिकी सर्वत्र अबाध गति तो है ही; अन्तःपुरके द्वारपर जाकर उन्हें जो अद्भुत दर्शन हुए, उससे देवर्षि स्तम्भित हो गये। इस प्रकारका दर्शन उन्होंने

पूर्वमें कभी नहीं किया था। निज प्राणनाथकी ऐसी अद्भुत अवस्थाके कारणका विचार करते हुए प्रेमविवश स्तम्भ-भावको प्राप्त होकर देवर्षि भी वहीं चुपचाप खड़े रह गये। कुछ ही क्षण पश्चात् जब माताजीने पुनर्वार किसी एक रसान्तरका प्रसङ्ग उठाया, तब उन सबको पूर्ववत् स्वास्थ्यलाभ हुआ। सिद्धान्ततः रसान्तरद्वारा रसापत्तिका विदूरित होना संगत ही है। इसी अवसरपर महाभावविस्मित देवर्षि नारदजीने बहुविध स्तव-स्तुति करना आरम्भ कर दिया। करुणावरुणालय श्रीभगवान् कृष्णचन्द्रने देवर्षिद्वारा स्तुत होकर प्रसन्नतापूर्वक कहा—'देवर्षे! आज बड़े ही आनन्दका अवसर है। कहिये, मैं आपका क्या प्रीति-सम्पादन करूँ?' देवर्षिने कर जोड़ प्रार्थना की—'प्रभो! वर्तमानमें यहाँपर उपस्थित होकर आप सबका जो एक अदृष्टाश्रुतपूर्व महाभावावेश परिलक्षित हुआ है, स्वरूपतः वह क्या पदार्थ है और किस प्रकार उस महावस्थाका प्राकट्य हुआ? कृपया सविशेष उल्लेख करके दासको कृतार्थ कीजिये। सर्वप्रथम तो सेवामें यही एकान्त निवेदन है।'

भक्तवत्सल श्रीभगवान् अमन्दहास्यचन्द्रिकापरिशोभित सुन्दर श्रीवदन-चन्द्रमासे देवर्षि नारदजीके सर्वात्माको आप्यायित करते हुए इस प्रकार वचनामृतवर्षण करने लगे—'देवर्षे! प्रातः तथा मध्याह्नकृत्य-समापनपूर्वक जिस समय हम दोनों भाई राजसभामें समासीन थे, उसी समय महिषीगणके द्वारा पूछे जानेपर माता रोहिणीदेवीने महाचित्ताकर्षिणी अपार माधुर्यमयी व्रजलीलाकथाकी अवतारणा की। महामाधुर्य-शिखरिणी व्रजलीलावार्ताका ऐसा प्रभाव है कि हम जहाँ और जिस अवस्थामें भी हों, हमें वहींसे और उसी अवस्थामें आकर्षण करके वह कथास्थलपर खींच लाता है। हम दोनों भाई उसी तरह आकर्षित होकर यहाँ उपस्थित हुए और देखा कि सुभद्रा द्वारपालिकारूपमें द्वारपर खड़ी हैं। उत्कण्ठावश अन्तःप्रवेशकाम हम दोनों श्रीसुभद्राद्वारा रोके जानेपर प्रवेशनिषेधका कारण ढूँढ़ते रहे, उसी समय श्रीमाताजीके मुखारविन्दविगलित अत्यद्भुत व्रजलीलामाधुरीने कर्णगत होकर हमारे हृदय विगलित कर दिये। तत्पश्चात् जो अवस्था हुई, उसका तो आपने प्रत्यक्ष दर्शन किया ही है। मेरी प्राणेश्वरी महाभावरूपिणी श्रीराधाके महाभावकर्तृक सम्पूर्ण भावसे ग्रस्त होनेके कारण हम आपका पधारना भी नहीं जान सके।' इतना कहकर भगवान्ने

****

जब देवर्षिसे पुनः वरग्रहणका अनुरोध किया, तब देवर्षि प्रार्थना करने लगे—'भगवन्! मैं और किसी वरका प्रार्थी नहीं हूँ, निजजनोंके सर्वाभीष्टप्रदाता चरणयुगलमें केवल यही प्रार्थना है कि आप चारोंकी जिस अत्यद्भुत महाभावावेशमूर्तिका मैंने प्रत्यक्ष दर्शन किया है, वे ही भुवनमङ्गल चारों स्वरूप जनसाधारणके नयनगोचरीभूत होकर सर्वदा इस पृथिवीतलपर विराजमान रहें। माया-संनिपातमें ग्रस्त जीवसमूह एवं प्रभु-दर्शनविरहकातर भक्तजनके लिये वह महासंजीवन-रसायन स्वरूपचतुष्टय सर्वोत्कर्षसहित जययुक्त हो।' करुणायतन भक्तवाञ्छापूर्णकारी श्रीभगवान्ने कहा—'देवर्षे! इस विषयमें मैं पूर्वसे ही अपने दो और भक्तोंके प्रति भी आपके प्रार्थनानुरूप ही वचनबद्ध हूँ—एक भक्तचूडामणि महाराज इन्द्रद्युम्न और द्वितीय परमभक्तिस्वरूपिणी श्रीविमलादेवी। निखिलप्राणि-कल्याणहित भक्तचूडामणि महाराज इन्द्रद्युम्नकी घोरतर तपस्यासे प्रसन्न होकर मैं नीलाचल क्षेत्रमें दारुब्रह्मस्वरूपमें अवतीर्ण होकर जनसाधारणको दर्शन देनेका वर प्रदान कर चुका हूँ तथा महाविद्यास्वरूपिणी श्रीविमलादेवीद्वारा अनुष्ठित महातपस्यासे प्रसन्न होकर उनकी प्राणिमात्रको बिना विचार किये महाप्रसाद वितरण करनेकी प्रतिज्ञाको उक्त स्वरूपसे ही पूर्ण करनेकी स्वीकृति दे चुका हूँ। अतएव इन तीनों उद्देश्योंकी पूर्तिके लिये हम चारों इसी स्वरूपमें आगामी कलियुगमें लवणसमुद्रतटवर्ती नीलाचलक्षेत्रमें अवतीर्ण होकर प्रकाशमान रहेंगे।' सर्वजीव-कल्याणव्रत देवर्षि श्रीनारदजीने मनोवाञ्छित वर प्राप्तकर प्रभुचरणारविन्दमें भक्तिपूर्वक प्रणाम किया और मधुर वीणासे करुणावारिधि श्रीप्रभुके अमृतमय नामगुणोंकी माधुरीका गान करते-करते यदृच्छागमन किया। श्रीराम-कृष्णने भी माताजीके कथंचित् संकोचकी आशङ्का करके उस स्थानसे प्रस्थान किया। ये ही मूर्तिचतुष्टय श्रीकृष्ण, बलराम, सुभद्रा एवं सुदर्शनरूपसे श्रीनीलाचलक्षेत्रको विभूषित करके अद्यापि विराजमान हैं। (व्रजके एक महात्मा)

(३)

एक बार श्रीराधाजी अपनी सखियोंसहित सिद्धाश्रम नामक तीर्थमें स्नान करने गयीं। उसी तीर्थमें भगवान् श्रीकृष्ण भी अपनी सोलह हजार रानियों और रुक्मिणी,

सत्यभामा आदि आठों पटरानियोंसहित पधारे। भगवान्‌की रानियाँ और पटरानियाँ भगवान्‌के श्रीमुखसे सदा ही श्रीराधाजी एवं श्रीगोपियोंके प्रेमकी प्रशंसा सुना करती थीं। आज शुभ अवसर जानकर भगवान्‌की महिषियोंने श्रीराधाजीसे मिलनेकी इच्छा प्रकट की और भगवान्‌की आज्ञा लेकर उनके साथ सब श्रीराधाजीसे मिलने गयीं। समस्त सखियोंसहित श्रीराधाजीको उन सबके दर्शनसे बड़ा ही सुख मिला। पश्चात् श्रीराधाजीने भगवान्‌की समस्त पटरानियोंका बड़ा ही सत्कार किया। बातचीतमें उन्होंने कहा, 'बहिनो! चन्द्रमा एक होता है, परंतु चकोर अनेक होते हैं; सूर्य एक होता है, परंतु नेत्र अनेक होते हैं। इसी प्रकार हमारे प्रियतम भगवान् श्रीकृष्ण एक हैं और हम उनकी भक्ता अनेक हैं।

चन्द्रो यथैको बहवश्चकोराः
सूर्यो यथैको बहवो दृशः स्युः।
श्रीकृष्णचन्द्रो भगवांस्तथैको
भक्ता भगिन्यो बहवो वयं च॥

श्रीराधाजीके शील, स्वरूप, सौन्दर्य, गुण और व्यवहारका महिषियोंपर बड़ा ही प्रभाव पड़ा। वे आग्रह करके श्रीराधाजीको अपने डेरेपर लायीं और उनका यथासाध्य सबोंने बड़ा ही सत्कार किया। भोजनादिके उपरान्त रातको श्रीराधाजीको भगवान्‌की आज्ञासे श्रीरुक्मिणीजीने स्वयं दूध पिलाया। अनेक प्रकार प्रेमसंलाप होनेके अनन्तर श्रीराधाजी अपने डेरेपर पधार गयीं। भगवान् अपने शयनागारमें लेटे हुए थे। श्रीरुक्मिणीजी नित्यनियमानुसार वहाँ जाकर भगवान्‌के चरण दबाने बैठीं। चरणोंके दर्शन करते ही वे आश्चर्यमें डूब गयीं। उन्होंने देखा, भगवान्‌की पूरी चरणस्थलीपर फफोले पड़ रहे हैं। श्रीरुक्मिणीने अपनी सङ्गिनी सब रानियोंको बुलाकर भगवान्‌के चरण दिखाये। सभी चकित और स्तम्भित रह गयीं। भगवान्‌से पूछनेका साहस किसीका नहीं। तब श्रीभगवान्‌ने आँखें खोलकर सब रानियोंके वहाँ एकत्र होने और यों चकित रह जानेका कारण पूछा। श्रीरुक्मिणीजीने बड़ी ही नम्रताके साथ पैरके तलुओंमें फफोलोंकी बात कहकर भगवान्‌से ऐसा होनेका कारण पूछा। भगवान्‌ने पहले तो बातको टाल दिया, परंतु बहुत आग्रह करनेपर उन्होंने कहा—'देखो,

तुमलोगोंने श्रीराधाजीको जो दूध पिलाया था, वह गरम अधिक था। इसीलिये मेरे पैरमें फफोले पड़ गये।' रानियोंकी समझमें बात नहीं आयी। उन्होंने पूछा, 'दूध गरम था तो उससे श्रीमतीजीका मुँह जलता; आपके पैरके फफोलोंसे उसका क्या सम्बन्ध ?' भगवान्‌ने मुसकराते हुए कहा, 'श्रीराधाजीके हृदयकी बात ही निराली है—

श्रीराधिकाया हृदयारविन्दे
पादारविन्दं हि विराजते मे।
अहर्निशं प्रश्रयपाशबद्धं
लवं लवार्धं न चलत्यतीव॥
अद्योष्णदुग्धप्रतिपानतोऽङ्घ्रा-
वुच्छालकास्ते मम प्रोच्छलन्ति।
मन्दोष्णमेवं हि न दत्तमस्यै
युष्माभिरुष्णं तु पयः प्रदत्तम्॥

'श्रीराधिकाके हृदयकमलमें मेरे चरणकमल दिन-रात प्रेमपाशमें बँधे विराजते हैं, एक क्षण या अर्ध क्षणको भी उस बन्धनसे छूटकर वे वहाँसे नहीं हट सकते। तुमने दूध तनिक ठंढा करके नहीं दिया, बहुत गरम दे दिया और श्रीराधाजी उसे तुम्हारा दिया हुआ जानकर पी गयीं। दूध हृदयमें गया और मेरे चरण उससे जल गये, इसीसे फफोले पड़ गये।'

भगवान्‌के वचन सुनकर श्रीरुक्मिणीजी, सत्यभामाजी आदि सभी महारानियोंको बड़ा ही आश्चर्य हुआ और वे श्रीराधाजीके प्रेमके सामने अपने प्रेमको बहुत ही तुच्छ मानने लगीं।

——::×::——

नादब्रह्म—मोहनकी मुरली

नादात्मकं नादबीजं प्रयतं प्रणवस्थितम्।
वन्दे तं सच्चिदानन्दं माधवं मुरलीधरम्॥
नादरूपं परं ज्योतिर्नादरूपी परो हरिः॥

'नाद ही परम ज्योति है और नाद ही स्वयं परमेश्वर हरि है।'

नाद अनादि है। जबसे सृष्टि है, तभीसे नाद है। महाप्रलयके बाद सृष्टिके आदिमें जब परमात्माका यह शब्दात्मक संकल्प होता है कि 'मैं एक बहुत हो जाऊँ', तभी इस अनादि नादकी आदि-जागृति होती है। यह नादब्रह्म ही शब्द-ब्रह्मका बीज है। वेदोंका प्रादुर्भाव इसी नादसे होता है। नादका उद्भव परमेश्वरकी सच्चिदानन्दमयी भगवती स्वरूपा-शक्तिसे होता है और इस नादसे ही बिन्दु उत्पन्न होता है। यह बिन्दु ही प्रणव है और इसीको बीज कहते हैं।

सच्चिदानन्दविभवात् सकलात् परमेश्वरात्।
आसीच्छक्तिस्ततो नादस्तस्माद् बिन्दुसमुद्भवः॥
नादो बिन्दुश्च बीजश्च स एव त्रिविधो मतः।
भिद्यमानात् पराद्बिन्दोरुभयात्मा रवोऽभवत्।
स रवः श्रुतिसम्पन्नः शब्दो ब्रह्माभवत् परम्॥

'सच्चिदानन्दरूप वैभवयुक्त पूर्ण परमेश्वरसे उनकी स्वरूपाशक्ति आविर्भूत हुई, उससे नाद प्रकट हुआ और नादसे बिन्दुका प्रादुर्भाव हुआ। वही बिन्दु नाद, बिन्दु तथा बीजरूपसे तीन प्रकारका माना गया है। बीजरूप बिन्दु जब भेदको प्राप्त हुआ, तब उससे अव्यक्त और व्यक्त प्रकारके शब्द प्रकट हुए। व्यक्त शब्द ही श्रुतिसम्पन्न श्रेष्ठ शब्दब्रह्म हुआ।

यही नाद क्रमशः स्थूलरूपको प्राप्त होता हुआ समस्त जगत्में फैल जाता है। पाँच भूतोंमें सबसे पहले महाभूत आकाशका गुण शब्द है। यह नादका ही एक रूप है। आदि-नादरूप बीजसे ही पञ्चतत्त्वकी उत्पत्ति मानी गयी है। इस स्थूल नादकी उत्पत्ति अग्नि और प्राणके संयोगसे होती है। ब्रह्म-ग्रन्थिमें प्राण रहता है, इस प्राणको अग्नि प्रेरणा करती है। अग्निमें यह प्रेरणा आत्मासे प्रेरित चित्तके द्वारा होती है। तब

प्राणवायु अग्निसे प्रेरित होकर नादको उत्पन्न करता है। यह नाद नाभिमें अति सूक्ष्म, हृदयमें सूक्ष्म, कण्ठमें पुष्ट, मस्तकमें अपुष्ट और वदनमें कृत्रिमरूपसे आकार धारण करता है। कहते हैं कि 'न' कार प्राण है और 'द' कार वह्नि है और प्राण तथा वह्निके संयोगसे उत्पन्न होनेके कारण ही इसको 'नाद' कहते हैं।

योगी लोग इसी नादकी उपासना करके ब्रह्मको प्राप्त किया करते हैं। हठयोग-शास्त्रोंमें इसका बड़ा विस्तार है। मुक्तासन और शाम्भवी मुद्राके साथ इस नादका अभ्यास किया जाता है। इस नादसाधनासे सब प्रकारकी सिद्धियाँ मिलती हैं। अनाहतनाद योगियोंका परम ध्येय है। शास्त्रोंमें नादको धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष—चारों पुरुषार्थोंकी सिद्धिका एक साधन माना है। नादके बिना जगत्‌का कोई भी कार्य नहीं चल सकता। पाञ्चभौतिक जगत्‌में आकाश सर्वप्रधान है और आकाशका प्राण नाद ही है। इसीसे जगत्‌को नादात्मक कहते हैं। नादका माहात्म्य अपार है। संगीतदर्पणकी एक सुन्दर उक्ति है कि देवी सरस्वतीजी नादरूपी समुद्रमें डूब जानेके भयसे ही वक्षःस्थलमें सदा तूँबी धारण किये रहती हैं।

नादाब्धेस्तु परं पारं न जानाति सरस्वती।
अद्यापि मज्जनभयात्तुम्बं वहति वक्षसि॥

संगीत और स्वरका तो प्राण ही नाद है। गीत, नृत्य और वाद्य नादात्मक हैं। नादद्वारा ही वर्णोंका स्फोट होता है। वर्णसे पद और पदसे वाक्य बनता है। इस प्रकार समस्त जगत् ही नादात्मक है।

यह नाद मूलतः परमात्माका ही स्वरूप है। जब भगवान् लीलाधाममें अवतीर्ण होते हैं, तब उनके दिव्य विग्रहमें जितनी कुछ वस्तुएँ होती हैं, सभी दिव्य सच्चिदानन्दमयी भगवत्स्वरूपा होती हैं। इसीसे अवतारविग्रहकी वाणीमें इतना माधुर्य होता है कि उसको सुनते-सुनते चित्त कभी अघाता ही नहीं और यह सोचता है कि लाखों-करोड़ों कानोंसे यह मधुर ध्वनि सुननेको मिले तब भी तृप्ति होनी कठिन है। चिदानन्दमय श्रीकृष्णस्वरूपमें तो इस नादका भी पूर्णावतार हुआ था। श्यामसुन्दरकी सच्चिदानन्दमयी मुरलीका मधुर निनाद ही यह नादावतार था। इसीसे उस मुरलीनिनादने प्रेममय व्रजधाममें जडको चेतन और चेतनको जड बना दिया।

मोहनके वेणुनिनादने वृन्दावनके प्रत्येक आबाल-वृद्धमें, प्रत्येक पशु-पक्षीमें, स्थावर-जंगममें, पत्र-पत्रमें, कण-कणमें और अणु-अणुमें प्रेमानन्द भर दिया। उस वंशीनादको सुनकर विमानोंपर चढ़ी हुई सुरबालाओंके धैर्यका बन्धन छूट गया। वे सहसा मुग्ध हो गयीं। उनकी कबरियोंमें खोंसे हुए नन्दनकाननके कमनीय कुसुम हठात् वहाँसे खिसककर मर्त्यभूमिपर गिर पड़े। गन्धर्व-कन्याएँ संगीत भूलकर मतवाली-सी झूमने लगीं। ऋषि, मुनि, तपस्वी, परमहंस योगियोंकी ब्रह्म-समाधि भङ्ग हो गयी। बरबस उनका मन वीणास्वरसे विमोहित मृगकी भाँति मुरलीध्वनिमें निमग्न हो गया। सुधाकरकी चाल बंद हो गयी। श्रीकृष्णके उस वेणुविनिर्गत ब्रह्मनादामृतका पान करनेके लिये बछड़ोंने स्तनोंको खींचना छोड़कर केवल उन्हें मुँहमें ही रहने दिया। गौएँ चरना भूल गयीं। सुरम्य वृन्दारण्यके विहंगोंने मधुर काकलीका त्याग करके वंशीध्वनिसे झरनेवाले अनिर्वचनीय आनन्दका उपभोग करनेके लिये आँखें मूँद लीं और श्रवणपात्रोंका मुख उस सुधाधाराके प्रवाहमें लगा दिया। सिंह-मृगादि वनचर प्राणी भय और हिंसा भुलाकर मुरलीमनोहरको चारों ओरसे घेरकर खड़े हो गये और कान तथा आँखोंको अतृप्त बोध करने लगे। महिषी कालिन्दी अपनी ऊर्मि-भुजाओंको फैलाकर परम प्रियतमका आलिङ्गन करनेके लिये दौड़ पड़ीं। इस प्रकार दिव्य धामकी दिव्य सुधाधारा समस्त धरामण्डलमें बह चली। चेतन जीव जडवत् अचल हो गये और साक्षात् रसराजकी रसधारासे प्लावित होकर वृक्ष ही नहीं, सूखे काठतक रस बरसाने लगे। सूरदासजीने कहा है—

जब हरि मुरलीनाद प्रकास्यौ।
जंगम जड, थावर चर कीन्हे, पाहन जलज बिकास्यौ॥
स्वरग-पताल दसों दिसि पूरन धुनि आच्छादित कीनौ।
निसि हरि कलप समान बढ़ाई, गोपिन कौं सुख दीनौ॥
जड सम भए जीव जल-थल के, तनकी सुधि न सम्हारा।
सूर स्याम मुख बेनु बिराजत पलटे सब ब्यवहारा॥

एक गोपी रसोई बना रही थी, इतनेमें मोहनकी मुग्धकारिणी मुरली बजी। मुरलीध्वनिके साथ ही मुरलीधरकी मधुर छवि गोपीके ध्यान-नेत्रोंके सामने आ गयी।

इधर उस रसवर्षिणी मुरलीध्वनिने रस बरसाकर चूल्हेकी सारी लकड़ियोंके हृदयको गीला कर दिया, उसमेंसे रस बहने लगा। आग बुझ गयी। परम भाग्यवती सच्चिदानन्द-प्रेमिका गोपी-प्रेमका उलाहना देती हुई-सी बोली—

मुरहर ! रन्धनसमये मा कुरु मुरलीरवं मधुरम्।
नीरसमेधो रसतां कृशानुरप्येति कृशतरताम् ॥

'हे मुरारे ! भला, भोजन बनाते समय तो कृपाकर इस मुरलीकी मधुर तान न छेड़ा करो। देखो, तुम्हारी मुरलीध्वनिसे मेरा सूखा ईंधन रसयुक्त होकर रस बहाने लगता है, जिससे चूल्हेकी आग बुझ जाती है।' इस जादूभरी मुरलीके नादने सबको उन्मत्त कर दिया। महान् योगी भी इससे नहीं बचने पाये। बचते भी कैसे ? योगियोंके अनाहत नादकी जननी तो यह मुरली ही है। वंशीध्वनिकी महिमा गाते हुए भक्त कहते हैं—

ध्यानं बलात् परमहंसकुलस्य भिन्दन्
निन्दन् सुधामधुरिमाणमधीरधर्मा ।
कंदर्पशासनधुरां मुहुरेव शंसन्
वंशीध्वनिर्जयति कंसनिषूदनस्य ॥

'निर्बीज-समाधिनिष्ठ परमहंसोंकी समाधिको हठात् तोड़ डालनेवाली, सुधाके माधुर्यको फीका बना देनेवाली, धैर्यवान् पुरुषोंके धैर्यको तोड़कर उनकी अधीरताको उत्तेजित करनेवाली, कामदेवपर विजयदुन्दुभि बजाकर उसको अपने शासनमें रखनेवाली भगवान् श्रीकृष्णकी यह वंशीध्वनि विश्वमें सब ओर विजयिनी हो रही है।'

वृन्दावननिवासी चराचर जीवोंका परम सौभाग्य था जो वे इस वंशीध्वनिको सुनते थे और उन गोपीजनोंके भाग्यकी तो ब्रह्मादि देवतागण भी ईर्ष्या करते हैं, जिनका आवाहन करनेके लिये मोहन स्वयं अपनी इस मधुर मुरलीकी मधुर तान छेड़ा करते थे। वे सुनती थीं और मुग्ध होती थीं; चेतनाका विसर्जन कर देती थीं, परंतु सुनना कभी छोड़ती ही नहीं थीं। संध्याको गोधूलिके समय जब प्राणधन श्यामसुन्दर वनसे लौटते थे, उस समय व्रज-बालाओंके झुंड-के-झुंड घरोंसे निकलकर रास्तोंमें उनकी प्रतीक्षा करते थे। एक दिन एक नवीन व्रजगोपी मुरलीध्वनिकी प्रतीक्षामें घरके

बाहर दरवाजेपर खड़ी थी; उसे देखकर, वंशी और वंशीधरकी महिमाका व्याजसे बखान करती हुई दूसरी महाभागा गोपी कहती है—

सुनती हौ कहा, भजि, जाहु घरै, बिंध जाओगी नैनके बानन में।
यह बंसी 'निवाज' भरी बिष सौं बगरावति है बिष प्रानन मैं॥
अबहीं सुधि भूलिहौ भोरी भटू, भँवरौ जब मीठी-सी तानन मैं।
कुलकानि जो आपनि राखि चहौ, दै रहौ अँगुरी दोउ कानन मैं॥

वंशीनादसे आकृष्ट गोपीजनोंकी प्रेमविह्वल दशाका वर्णन भगवान् वेदव्यासजीने भागवतमें बहुत ही सुन्दर रूपसे किया है। भागवतका वेणुगीत प्रसिद्ध है। भावुक भक्तजन उसे अवश्य पढ़ें-सुनें।

भक्त रसखान कहते हैं—

कौन ठगौरी भरी हरि आजु, बजाई है बाँसुरिया रँगभीनी।
तान सुनी जिनहीं, तिनहीं तबहीं कुल-लाज बिदा करि दीनी॥
घूमै घरी-घरी नंदके द्वार, नवीनी कहा कहूँ बात प्रबीनी।
या ब्रजमंडल में रसखानि सु कौन भटू जो लटू नहिं कीनी॥

बजी सुबजी रसखानि बजी, सुनि कै अब गोकुल-बाल न जीहै।
न जीहै कदाचित कानन कौं, अब कान परी बह तान अजी है॥
अजी है, बचाऔ, उपाय नहीं, अबला पर आनि कै सैन सजी है।
सजी है हमारौ कहा बस है, जब बैरिन बाँसुरी फेरि बजी है॥

आजु अली एक गोपलली भइ बावरि, नैकु न अंग सँभारै।
मातु अघात न देवन पूजत, सासु सयानि-सयानि पुकारै॥
यौं रसखानि फिरी सगरे ब्रज, आन कुआन उपाय बिचारै।
कोउ न कान्हरके कर तें वह बैरन बाँसुरिया गहि डारै॥

ऐ सजनी बह नंदकुमार सु या बन धेनु चराइ रह्यौ है।
मोहनी तानन गोधन-गायन बेनु बजाइ रिझाइ रह्यौ है॥
ताही समै कछु टोनौ करौ, रसखानि हिये सु समाइ रह्यौ है।
कोउ न काहु की कानि करै, सिगरौ ब्रज बीर! बिकाइ रह्यौ है॥

मोहनकी मुरलीसे प्रभावित व्रजधामकी कुछ कल्पना भक्त कविके उपर्युक्त शब्दोंसे की जा सकती है। एक गोपी बाँसुरीसे तंग आकर अपनी सखियोंसे कहती है—

अब कान्ह भए बस बाँसुरि के, अब कौन सखी हम कौं चहिहै।
वह रात-दिना सँग लागी रहै, यह सौत कौ सासन को सहिहै॥
जिन मोह लियौ मन मोहन कौ, रसखानि सु क्यों न हमैं दहिहै।
मिलि आओ, सबे कहुँ भाजि चलैं, अब तौ ब्रज में बँसुरी रहिहै॥

दूसरी एक बाँसके साथ बाँसकी बनी बाँसुरीकी तुलना करके और उसे वंशका नाम बिगाड़नेवाली बतलाती हुई कहती है—

वै मगदायक अंधनि के, तुम अच्छिनहू की सुचाल बिगारयौ।
वै जलथाह बतावत हैं, तुम प्रेम अथाह के बारिधि पारयौ॥
वै बर बास बसायँ भले तुम बास छोड़ाय उजार में डारयौ।
का कहिये, हरि की मुरली! तुम आपने बंस कौ नाम बिगारयौ॥

दूसरी कहती है—अरी मुरली! तेरे सौभाग्यका क्या कहना है—

अधर सेज नासा बिजन स्वर मिस चरन दबाय।
अरी सोहागिनि मुरलिया! लियौ स्याम बिलमाय॥

तीसरी एक मुरलीके साथ ईर्ष्या करती हुई बड़े विनययुक्त शब्दोंमें मुरलीसे पूछती है—

मुरली! कौन तप तैं कियौ।
रहत गिरधर मुखहि लागी, अधर कौ रस पियौ॥
नंदनंदन पानि परसे, तोहि तन मन दियौ।
सूर श्रीगोपाल बस किए, जगत मैं जस लियौ॥

मुरली उत्तर देती है—

तप हम बहुत भाँति करयौ।
हेम-बरषा सही सिर पै, घाम तनहि जरयौ॥
काटि बेधी सप्त सुर सौं, हियौ छूछौ करयौ।

****

तुमहि बेगि बुलायबे कौं लाल अधरन धरयौ ॥
इतने तप मैं किए, तबहीं लाल गिरधर बरयौ ।
सूर श्रीगोपाल सेवत सकल कारज सरयौ ॥

मैंने बड़े-बड़े तप किये हैं, जीवनभर सिरपर जाड़ा और वर्षा सहती रही, ग्रीष्मकी ज्वालामें मैंने तनको तपाया। काटी गयी, शरीरको सात स्वरोंसे छिदवाया। हृदयको शून्य कर दिया। कहीं कोई गाँठ नहीं रहने दी। इतना तप करनेपर लालने मुझको वरा है।

प्राणधन श्रीगोपालके अधरामृतका पान चाहनेवाले प्रत्येक भक्तको वंशीकी इस साधनाका अनुकरण करना चाहिये। याद रहे, जबतक लौकिक सुख-दुःखमें समता और सहिष्णुता नहीं आती, जबतक प्रियतम प्रभुके लिये तन-मनकी बलि नहीं दे दी जाती, जबतक हृदयको अन्य वासना-ग्रन्थियोंसे सर्वथा शून्य नहीं कर लिया जाता, तबतक प्रियतमके मधुर आलिङ्गनका सुख हमें नहीं मिल सकता।

परंतु जो मुरलीकी भाँति साधनमें प्रवृत्त होगा, वही इस मधुर ध्वनिको भलीभाँति सुन सकेगा। वृन्दावनके प्रातःस्मरणीय भगवत्-सखा और अन्तरङ्गा शक्ति श्रीगोपीजन अपनेको इस मुरलीकी साधनामें सिद्ध करके ही मुरलीकी ध्वनिको सुन पाये थे।

उस मुरलीमें क्या बजता है और उससे जगत्को क्या दिया जाता है ? इसका उत्तर यह है कि ह्लादिनी सुधाका अनिर्वचनीय आनन्द ही इस मधुर ध्वनिके द्वारा सबको दिया जाता है। '**कलं वामदृशां मनोहरम्।**' इस कलपदामृत वेणुगीतसे '**क्लीं**' पदकी सिद्धि होती है। कल=क+ल=क्ल। इसमें वामदृक् यानी चतुर्थ स्वर ईकार संयुक्त करनेपर '**क्लीं**' बनता है। यह मनोहर है यानी मनके अधिष्ठात्री देवता चन्द्रको या चन्द्रबिन्दुको हरण करता है। अतएव क+ल+ई+ —के संयोगसे '**क्लीं**' बनता है। यह '**क्लीं**' कामबीज है। मुरलीध्वनि ही कामबीज है। यह काम भगवत्-काम है, अतएव साक्षात् भगवत्स्वरूप ही है। व्रजधामके कामविजयी—मन्मथ-मन्मथ मदनमोहन तपवैराग्य-युक्त अधिकारसम्पन्न अपने भक्त साधकोंमें इस कामबीजको वितरणकर उन्हें अपनी ओर खींच लेते हैं, उनसे सर्वस्वका मोह छुड़ाकर, उनका सब कुछ भुलाकर उन्हें सहसा आकर्षित कर लेते हैं। साथ ही नरकोंकी ओर आकर्षित

करनेवाले, मन और इन्द्रियोंको विक्षुब्ध कर आत्माका पतन करनेवाले, विषय-विषका पान करनेके लिये उन्मत्त बनानेवाले गंदे कामके वशीभूत हुए जगत्‌के जीवोंको भी उस घृणित कामजालके फंदेसे छुड़ाकर पवित्र मधुर रसका आस्वादन करानेके लिये इस चिन्मय नादका संचार करते हैं। कामबीजकी बड़ी महिमा है। भगवान्‌का सृष्टि-संकल्प ही कामबीज है। यही नादस्वरूप है। इसीसे सृष्टि होती है और यही जगत्-स्वरूप बन जाता है। शास्त्र इस 'क्लीं' रूप कामबीजसे पञ्चमहाभूतोंकी उत्पत्ति बतलाते हुए इसका स्वरूप-निर्देश करते हैं—

ककारो नायकः कृष्णः सच्चिदानन्दविग्रहः।
ईकारः प्रकृती राधा महाभावस्वरूपिणी॥
लश्चानन्दात्मकः प्रेमसुखं च परिकीर्तितम्।
चुम्बनाश्लेषमाधुर्यं बिन्दुनादं समीरितम्॥

''क' कार सच्चिदानन्दविग्रह नायक श्रीकृष्ण हैं। 'ई'कार महाभावस्वरूपा प्रकृति श्रीराधा हैं। 'ल'कार इन नायक-नायिकाके मिलनात्मक प्रेमसुखका आनन्दात्मक निर्देश है और नाद-बिन्दु इस माधुर्यामृतसिन्धुको परिस्फुट करनेवाले हैं।''

यह श्रीराधाकृष्णका मिलन दिव्य है। यह आत्मरमण है। (**'आत्मारामोऽप्यरीरमत्'**) यह अपने ही स्वरूपमें सच्चिदानन्द भगवान्‌की लीला है। इस लीलाका विकास **'क्लीं'** रूप मुरलीनिनादसे ही होता है। यह मुरलीनाद स्वयं सच्चिदानन्दमय है, ब्रह्मरूप है। यही नादब्रह्म है।

——::×::——

मधुर स्वर सुना दो !

प्यारे व्रजेन्द्र-नन्दन ! तुम्हारी विश्व-जन-मन-मोहिनी मुरलीके मधुर स्वरमें कितनी मादकता है ! जिस-किसीके कर्णरन्ध्रमें एक बार भी वह स्वर प्रवेश कर जाता है, उसीको तुरंत पागल बना देता है। वह फिर संसारके विषयजन्य मन्द रसोंको विस्मृतकर एक दिव्य रसका आस्वाद पाता है। लज्जा-संकोच, धैर्य-गाम्भीर्य, कुल-मान, लोक-परलोक—सभी कुछ भूल जाता है। उसके लिये तुच्छ पार्थिव विलासरस सम्पूर्णरूपसे विनष्ट होकर एक अपूर्व स्वर्गीय अलौकिक रसका प्रादुर्भाव हो उठता है, उसकी चित्त-वृत्तियोंकी सारी विभिन्न गतियाँ रुक जाती हैं और वे सब-की-सब एक भावसे, एक ही लक्ष्यकी ओर, एक ही गतिसे प्रवाहित होने लगती हैं। एक ऐसा नशा शरीर-मनपर छा जाता है कि फिर जीवनभर वह कभी उतरता ही नहीं; जब कभी उतरता है तो 'अहम्' को लेकर ही उतरता है। ऐसे ही नशेमें चूर भाग्यवती व्रज-बालाओंने कहा था—

दूध दुह्यौ सीरौ पर्‌यौ, तातौ न जमायौ बीर,
जामन दयौ सो धर्‌यौ धरयौई खटायगौ।
आन हाथ, आन पाय सबही के तबही ते,
जबही ते 'रसखानि'ताननि सुनायगौ॥
ज्यौं ही नर त्यौं ही नारी, तैसी ये तरुनि बारी,
कहिये कहा री, सब ब्रज बिललायगौ।
जानिये आली ! यह छोहग जसोमति कौ,
बाँसुरी बजायगौ कि बिष बगरायगौ॥
—रसखानि

जिस शुभ क्षणमें व्रजमण्डलमें तुम्हारी वंशी बजी, उस क्षण व्रजके प्रेमी जीवोंकी क्या दशा हुई थी—इस बातका मधुरातिमधुर अनुभव उन्हीं सौभाग्यशाली भक्तोंको होता है। हमलोग तो उसकी कल्पना भी नहीं कर सकते। पर सुनते हैं कि

****

तुम्हारी उस वंशीध्वनिने जडको चेतन और चेतनको जड बना दिया था, सारे कामियोंको विशुद्ध प्रेमी बना दिया था। तुम्हारे मुरली-निनादको सुनकर सांसारिक भोगोंकी सबकी सारी कामनाएँ क्षणभरमें नष्ट हो गयी थीं और संसारके प्रिय-से-प्रिय पदार्थोंको तृणवत् त्यागकर सबका चित्त केवल एक तुम्हारी ओर ही लग गया था। यही तो सच्चा प्रेम है। जब तुम्हारे लिये—तुम्हारे प्रेमके लिये अपने सारे सुख, सारे भोग, सारे आनन्द—यहाँतक कि मुक्तितकका त्याग करनेकी तैयारी होती है, तभी तो तुम्हारा प्रेम प्रस्फुटित होता है। फिर संसारमें रहने या उसके त्याग करनेसे कोई मतलब नहीं रह जाता। फिर तो तुम जहाँ जिस तरह रखना और जो कुछ भी करवाना चाहते हो, उसीमें परम सुख मिलता है; क्योंकि फिर जीवनका ध्येय केवल तुम्हारी रुचि और इच्छाका अनुसरण करनामात्र रह जाता है। यही तो दशा प्रेमकी है। भोगमें रहकर भोगोंको अपना भोग्य न समझना, संसारमें रहकर संसारको भूल जाना, जगत्में रहकर अपने-आपको सारे जगत्सहित तुम्हारे चरणोंमें अर्पण कर देना, केवल तुम्हारा होकर तुम्हारे लिये ही जीवन धारण करना और सँपेरेकी पूँगी-ध्वनिपर नाचनेवाले साँपके समान निरन्तर प्रमत्त होकर वंशी-ध्वनिके पीछे-पीछे अप्रमत्तरूपसे नाचना जिसके जीवनका स्वभाव बन जाता है, वही तो तुम्हारा प्रेमी है। कहते हैं, फिर उसको तुम्हारी वंशीध्वनि नित्य सुनायी देती है, क्षण-क्षणमें तुम्हारा मन-मोहन मुरलीस्वर उसे पथ-प्रदर्शककी मशालके समान मार्ग दिखलाया करता है। वे प्रेमी महात्मा धन्य हैं, जो तुम्हारे इस प्रकारके प्रेमको प्राप्तकर त्रैलोक्यपावन पदवीपर पहुँच चुके हैं।

हम तो नाथ ! इस प्रेम-पाठके अधिकारी नहीं हैं। सुना है कि परम वैराग्यवान् पुरुष ही इस प्रेम-पाठशालामें प्रवेश कर सकते हैं। नहीं तो, यह प्रेमका पारा फूट निकलता है और सारे शरीर-मनको क्षत-विक्षत कर डालता है। प्रेमका पारा वैराग्यसे ही शुद्ध होता है। वैराग्यके अभावमें तो नीच काम प्रेमके सिंहासनपर बैठकर सारी साधनाओंको नष्ट-भ्रष्ट कर डालता है। अतएव प्रभो ! भोगोंमें फँसे हुए हम संसारी जीव इस दिव्य-प्रेम-लीलाकी बात करनेका दुस्साहस कैसे कर सकते हैं। हम तो दीन-हीन, पतित पामर प्राणी हैं। तुम्हारे पतित-पावन स्वरूपपर भरोसा किये

दरवाजेपर पड़े हैं, परंतु नाथ ! हममें न श्रद्धा है, न भक्ति है और न प्रेम है। फिर किस मुँहसे तुमसे कहें कि प्रभो ! तुम हमारी रक्षा करो। तुम भक्तोंके परम सखा हो; जो जगत्‌का सारा भरोसा छोड़कर केवल तुम्हारी दयापर ही निर्भर करते हैं, उनकी तुम रक्षा करते हो। हम तो संसारासक्त भक्तिहीन दीन प्राणी हैं। किस साहससे तुमसे उद्धारके लिये प्रार्थना करें ? परंतु नाथ ! तुम दीनबन्धु हो, तुम अनाथ-नाथ हो, तुम अकारण ही कृपा करते हो। सुना है कि तुम केवल दुःखियों और दुराचारियोंका दया या दमनके द्वारा परित्राण करनेके लिये ही जगत्‌में बार-बार अवतार लेते हो। प्रभो ! हम-सा दुःखी और दुराचारी और कौन होगा ? दुःखियोंके दुःख और पतितोंके पातक तुम्हारे सिवा कौन नाश करेगा ? तुम्हीं तो अशरणके शरण और अनाथके नाथ हो। तुम्हीं तो अगतिके गति और निर्बलके बल हो। तुम्हीं तो स्नेहमयी जननीकी भाँति अपनी दुर्गुण संतानसे स्नेह करनेवाले हो। प्रभो ! बताओ, तुम्हें छोड़कर इस विपत्तिपङ्कसे निकालनेके लिये किसको पुकारें ? ऐसा कौन है, जो तुम्हारी तरह बिना ही हेतु दया करता है ? प्रभो ! हमें इस दुःख-सागरसे पार करो, बचाओ। नाथ ! तुम्हींने पापानलसे संतप्त पतित अजामिलको एक ही नामसे प्रसन्न होकर पावन कर दिया था, तुम्हींने जलमें अनाथकी भाँति डूबते हुए गजेन्द्रकी दौड़कर रक्षा की थी और तुम्हींने भरी सभामें विपद्ग्रस्त द्रौपदीकी लाजको बचाया था।

इसलिये हे दीनबन्धु ! अब तुम अपनी ओर देखकर ही हमें अपनाओ और हे नाथ ! दया करके एक बार तुम्हारी उस मोहिनी मुरलीका वह उन्मादकारी मधुर स्वर सुना दो, जिसने व्रजवनिताओंको श्रीकृष्णगतप्राणा बना दिया था !

——::×::——

वह दिन कब आयेगा ?

प्यारे नटवर ! तुम्हीं बताओ कि मेरा चिरवाञ्छित वह सुदिन कब आयेगा ? दुलारे चितचोर ! तुम्हीं कहो कि वह शुभ घड़ी, वह सुहावना सरस समय, वह परम प्रिय अनमोल पल, वह भाग्योदयका मुहूर्त कब होगा, जब ये चिरतृषित नेत्र उस अनूप रूपमाधुरीका पान करके अन्य किसी भी छविको न देख सकेंगे ? अहा ! वह समय बड़ा ही अनमोल होगा, जब प्रियतमका करोड़ों चन्द्रमाओंको लजानेवाला मोहन मुखड़ा घनश्याम मेघसे निकल पड़ेगा और अपनी विश्वमोहिनी चटकीली चाँदनीसे विश्वको चमका देगा। उस समय कोयल पञ्चम स्वरमें 'कुहू-कुहू' की ध्वनिसे अपने प्राणाधारको पुकार उठेगी। पपीहा 'पी कहाँ'की रटसे प्रेमिकाको अधीर कर देगा। मोरके शोरसे सहसा हृदयमें चोट लग जायेगी। योगी चञ्चल चितवनसे उस नवीन चन्द्रकी ओर त्राटक लगा लेंगे और प्रकृतिदेवी उस अलौकिक सौन्दर्यकी झाँकीपर थिरक-थिरक नाचने लगेगी।

भक्त-मन-चोर ! सच कहना यह चोरीकी कला तुमने किससे और कब सीखी ? सुनते हैं, तुम व्रज-ललनाओंसे बड़े इठलाते हो, उनका माखन चुरा लेते हो और कोई-कोई तो यहाँतक कहते हैं कि उनका सर्वस्व लूट लेते हो ! यदि बात सत्य है तो क्या मैं भी तुम्हारी इस लूट-पाटका एक नवीन पात्र बन सकता हूँ ? क्या मैं भी तुमसे कह सकता हूँ कि ऐ अनोखे चोर! मेरा भी 'चित्त' चुरा लो ? क्या मेरी ओरसे तुम्हारा नाम 'मन-चोर' न पड़े ?

× × × ×

गोपीकुमार ! वह समय कब आयेगा, जब मैं तुम्हें कदम्बपर मन्द-मन्द हास्य करते हुए बाँसुरीकी मधुर तान छेड़ते सुनूँगा, जिसे सुनकर व्रजललनाएँ अपने घर-द्वार, पति-पुत्र, कुटुम्ब-परिवारका परित्याग करके तुम्हारी ओर बलात् खिंच जाती थीं। लीलामय ! सुना है, तुम्हारी मुरलीमें विचित्र आकर्षण है ! उसके स्वरोंमें अपार

अनोखापन है। बाँसुरी तो मैंने बहुत सुनी है, पर तुम्हारी बाँसुरी तो गजब कर देती है ! देवता और मनुष्योंकी कौन कहे, पशु-पक्षीतक उस ध्वनिको सुनकर स्तब्ध हो खाना-पीना भूल जाते हैं !

सुना है, अब भी तुम वृन्दावनकी कुञ्जोंमें वही राग-तान छेड़ते हो और भाग्यवान् भक्तोंको अब भी तुम्हारी वंशीकी ध्वनि स्पष्टतया सुनायी देती है। यदि तुम्हारी कृपादृष्टि हो गयी तो तुम उन्हें अपने मोहन मुखड़ेका दर्शन दे कृतकृत्य कर देते हो। पतितपावन ! क्या मुझे प्रेमके प्यालेकी एक बूँद पान करनेका भी अवसर न मिलेगा ? क्या तुम्हारी यही इच्छा है कि तुम्हारा एक प्रेम-पथ-पथिक तुम्हारे प्रेम-पथसे गुमराह हो जाय और कँटीले जंगलोंमें भटकता रहे ? यह तो बिलकुल सच है कि मेरे अंदर व्रजललनाओंका-सा प्रेम नहीं, केवटके-से प्रेम-लपेटे अटपटे बैन नहीं, गजका-सा आर्त्तनाद नहीं, प्रह्लादकी-सी अनन्यता, निष्कामता नहीं, ध्रुवका-सा विश्वास नहीं, द्रौपदीकी-सी पुकार नहीं; सूरदासकी-सी लगन नहीं और गोस्वामी तुलसीदासका-सा भरोसा नहीं; फिर भी तुम ठहरे पतितपावन और मैं ठहरा तुम्हारा एक पतित। यदि तुम्हारा दावा है कि मैं पतित-से-पतितका भी उद्धार करता हूँ तो मैं इसी नाते तुमसे कहता हूँ और करबद्ध प्रार्थना करता हूँ कि वह दिन कब आयेगा, जब तुम इस पतितका उद्धार करके अपने पतितपावन नामको सार्थक करोगे ?

मेरे हृदयके राजा ! वह दिन कब आयेगा जब मैं सांसारिक झंझटोंको छोड़ विषयोंसे मुख मोड़, सोनेकी बेड़ी तोड़ तुम्हारे पादपद्मोंसे सम्बन्ध जोड़ूँगा ? कब तुम्हारे चरणोंका स्पर्श करके शान्ति-लाभ करूँगा, तुम्हारे कमलनयनोंको देखकर तृषित नेत्रोंको शान्त करूँगा, तुम्हारे मुखकंजको निरख-निरख कलेजेकी कसकको मिटाऊँगा और तुम्हारी सुखमयी गोदमें बैठकर तुम्हारे शीतल कर-स्पर्शसे उस आनन्दका अनुभव करूँगा, जिसका करोड़ों जिह्वाएँ भी मिलकर वर्णन नहीं कर सकतीं।

वह दिन कब आयेगा, जब मैं भी बिल्वमङ्गलकी नाईं कहूँगा—

बाँह छुड़ाए जात हौ, निबल जानि कै मोहि।
हिरदै ते जब जाहुगे, मरद बदौंगो तोहि॥

—तुम आगे-आगे भागते जाओगे और मैं पीछे-पीछे दौड़ता रहूँगा और तबतक नहीं छोड़ूँगा, जबतक तुम पकड़े न जाओगे?

मेरे जीवनाधार! अब न तरसाओ! बस, बहुत हो चुका। सभी बातोंकी एक सीमा होती है, सभी कामोंका एक अन्त होता है। **'का बरषा सब कृषी सुखानें?'** यदि मिलना ही है तो अभी मिलो, इसी क्षण मिलो; मैं कबसे तुम्हारी प्रतीक्षा कर रहा हूँ। देखते-देखते आँखें फूट गयीं। रोते-रोते आँसू सूख गये। पुकारते-पुकारते गला बैठ गया, पर तुम न आये! हृदय-कपाट हर समय तुम्हारे लिये खुले पड़े हैं और प्रेमशय्या भी बिछी है, तुम जब चाहो उसपर शयन कर सकते हो। तुम्हें यह कहनेका भी अवसर नहीं मिलेगा कि 'द्वार खटखटाया,' पर उत्तर न मिला।' द्वार खुला रहनेसे चोर-डाकू बड़ा तंग करते हैं; पर तुम्हारे ही कारण मैंने उसे खोल रखा है और तबतक खुला रखूँगा जबतक उनका तनिक भी अस्तित्व रह जायगा। यदि मैं यह समझ लूँ कि तुम नहीं आओगे, तब भी मुझे विश्वास नहीं हो सकता; क्योंकि तुम्हें आना ही पड़ेगा। अवश्य ही अब मैंने समझा, तुम्हारे कर्णरन्ध्रतक मेरी करुण पुकार नहीं पहुँची है; नहीं तो, तुम अपना वाहन छोड़ पैदल ही दौड़ चले आते।

याद रखो, यदि देर करके आये तो तुम मुझे नहीं पा सकते।

प्रान तृषातुर के रहैं, थोरेहूँ जल दान।
पाछें जल भरि सहस घट डारेहुँ मिलैं न प्रान॥

——::×::——

एक लालसा

जीवनका परम ध्येय स्थिर हो जानेपर जब उसके अतिरिक्त अन्य सभी लौकिक-पारलौकिक पदार्थोंके प्रति वैराग्य हो जाता है, तब साधकके हृदयमें कुछ दैवी भावोंका विकास होता है। उसका अन्तःकरण शुद्ध सात्त्विक बनता जाता है। इन्द्रियाँ वशमें हो जाती हैं, मन विषयोंसे हटकर भगवान्‌में एकाग्र होता है, सुख-दुःख, शीतोष्णका सहन सहजमें ही हो जाता है, संसारके कार्योंसे उपरामता होने लगती है, परमात्मा और उसकी प्राप्तिके साधनोंमें तथा संत-शास्त्रोंकी वाणीमें परम श्रद्धा हो जाती है, परमात्माको छोड़कर दूसरे किसी पदार्थसे मेरी तृप्ति होगी या मुझे परम सुख मिलेगा—यह शङ्का सर्वथा मिटकर चित्तका समाधान हो जाता है। फिर उसे एक परमात्माके सिवा अन्य कुछ भी अच्छा नहीं लगता, उसकी सारी क्रियाएँ केवल परमात्माकी प्राप्तिके लिये होती हैं। वह सब कुछ छोड़कर एक परमात्माको ही चाहता है। इसीका नाम मुमुक्षा या शुभेच्छा है। मुमुक्षा तो इससे पहले भी जाग्रत् हो सकती है, परंतु वह प्रायः अत्यन्त तीव्र नहीं होती। विवेक—ध्येयका निश्चय, वैराग्य, सात्त्विक षट्सम्पत्ति आदिकी प्राप्तिके बाद जो मुमुक्षुत्व होता है, वही अत्यन्त तीव्र हुआ करता है। भगवान् श्रीशंकराचार्यने मुमुक्षुत्वके तीव्र, मध्यम, मन्द और अतिमन्द—ये चार भेद बतलाये हैं। आध्यात्मिक, आधिभौतिक और आधिदैविक भेदसे त्रिविध * होनेपर भी प्रकारभेदसे अनेकरूप दुःखोंके द्वारा सर्वदा पीड़ित और व्याकुल होकर जिस अवस्थामें साधक विवेकपूर्वक परिग्रहमात्रको ही अनर्थकारी समझकर त्याग देता है, तब उसको तीव्र मुमुक्षा कहते हैं। त्रिविध तापका अनुभव करने और सत्—परमार्थ वस्तुको विवेकसे जाननेके बाद, मोक्षके लिये भोगोंका त्याग करनेकी इच्छा होनेपर भी संसारमें रहना उचित है या त्याग देना—इस प्रकारके

---

* अनेक प्रकारके मानसिक और शारीरिक रोग आदिसे होनेवाले दुःखोंको आध्यात्मिक; अनावृष्टि, अतिवृष्टि, वज्रपात, भूकम्प, दैव-दुर्घटना आदिसे होनेवाले दुःखोंको आधिदैविक और दूसरे मनुष्यों या भूतप्राणियोंद्वारा प्राप्त होनेवाले दुःखोंको आधिभौतिक कहते हैं।

संशयमें झूलनेको मध्यम मुमुक्षा कहते हैं। मोक्षके लिये इच्छा होनेपर भी यह समझना कि अभी बहुत समय है, इतनी जल्दी क्या पड़ी है, संसारके कामोंको कर लें,भोग भोग लें, आगे चलकर मुक्तिके लिये भी उपाय कर लेंगे—इस प्रकारकी बुद्धिको मन्द मुमुक्षा कहते हैं और जैसे किसी राह चलते मनुष्यको अकस्मात् रास्तेमें बहुमूल्य मणि पड़ी दिखायी दी और उसने उसको उठा लिया, वैसे ही संसारके सुख-भोग भोगते-भोगते ही भाग्यवश कभी मोक्ष मिल जायगा तो मणि पानेवाले पथिककी भाँति मैं भी धन्य हो जाऊँगा—इस प्रकारकी मूढ़मतिवालोंकी बुद्धिको 'अतिमन्द मुमुक्षा' कहते हैं। बहुजन्मव्यापी तपस्या और श्रीभगवान्‌की उपासनाके प्रभावसे हृदयके सारे पाप नष्ट होनेसे भगवान्‌की प्राप्तिके लिये तीव्र इच्छा उत्पन्न होती है। तीव्र इच्छा उत्पन्न होनेपर मनुष्यको इसी जीवनमें भगवान्‌की प्राप्ति हो जाती है—**'यस्तु तीव्रमुमुक्षुः स्यात् स जीवन्नेव मुच्यते।'** इस तीव्र शुभेच्छाके उदय होनेपर उसे दूसरी कोई भी बात नहीं सुहाती; जिस उपायसे उसे अपने प्यारेका मिलन सम्भव दीखता है, वह लोक-परलोक किसीकी कुछ भी परवा न करके उसी उपायमें लग जाता है। प्रिय-मिलनकी उत्कण्ठा उसे उन्मत्त बना देती है। प्रियकी प्राप्तिके लिये वह तन-मन-धन-धर्म-कर्म—सभीका उत्सर्ग करनेको प्रस्तुत रहता है। प्रियतमकी तुलनामें उसकी दृष्टिसे सभी कुछ तुच्छ हो जाता है, वह अपने-आपको प्रियमिलनेच्छापर न्योछावर कर डालता है। ऐसे भक्तोंका वर्णन करते हुए सत्पुरुष कहते हैं—

प्रियतमसे मिलनेको जिसके प्राण कर रहे हाहाकार।
गिनता नहीं मार्गकी, कुछ भी, दूरीको, वह किसी प्रकार॥
नहीं ताकता, किंचित् भी, शत-शत बाधा-विघ्नोंकी ओर।
दौड़ छूटता जहाँ बजाते मधुर बंसरी नन्दकिशोर॥

प्रियतमके लिये प्राणोंको तो हथेलीपर लिये घूमते हैं ऐसे प्रेमी साधक! उनके प्राणोंकी सम्पूर्ण व्याकुलता, अनादिकालसे लेकर अबतककी समस्त इच्छाएँ उस एक ही प्रियतमको अपना लक्ष्य बना लेती हैं। प्रियतमको शीघ्र पानेके लिये उसके प्राण उड़ने लगते हैं। एक सज्जनने कहा है कि 'जैसे बाँधके टूट जानेपर जलप्लावनका

प्रवाह बड़े वेगसे बहकर सारे प्रान्तके गाँवोंको बहा ले जाता है, वैसे ही विषय-तृष्णाका बाँध टूट जानेपर प्राणोंमें भगवत्प्रेमके जिस प्रबल उन्मत्त वेगका संचार होता है, वह सारे बन्धनोंको बलात् तत्काल ही तोड़ डालता है। प्रणयीके अभिसारमें दौड़नेवाली प्रणयिनीकी तरह उसे रोकनेमें किसी भी सांसारिक प्रलोभनकी प्रबल शक्ति समर्थ नहीं होती, उस समय वह होता है अनन्तका यात्री—अनन्त परमानन्द-सिन्धु-संगमका पूर्ण प्रयासी! घर-परिवार सबका मोह छोड़कर, सब ओरसे मन मोड़कर वह कहता है—

बन-बन फिरना बेहतर हमको, रतन-भवन नहिं भावै है।
लता तले पड़ रहने में सुख, नाहिंन सेज सुहावै है॥
सोना कर धर सीस भला, अति तकिया ख्याल न आवै है।
'ललितकिसोरी' नाम हरीका जपि-जपि मन सचु पावै है॥
अब बिलंब जनि करौ लाड़िली! कृपा-दृष्टि टुक हेरौ।
जमुना-पुलिन गलिन गहबर की बिचरूँ साँझ सबेरौ॥
निसिदिन निरखौं जुगल-माधुरी, रसिकन ते भट-भेरौ।
'ललितकिसोरी' तन मन आकुल श्रीबन चहत बसेरौ॥

एक नन्दनन्दन प्यारे व्रजचन्द्रकी झाँकी निरखनेके सिवा उसके मनमें फिर कोई लालसा ही नहीं रह जाती, वह अधीर होकर अपनी लालसा प्रकट करता है—

एक लालसा मन महँ धारूँ।
बंसीबट कालिंदी-तट नट-नागर नित्य निहारूँ॥
मुरली-तान मनोहर सुनि-सुनि तनु-सुधि सकल बिसारूँ।
छिन-छिन निरखि झलक अँग-अंगनि पुलकित तन-मन वारूँ॥
रिझऊँ स्याम मनाइ गाइ गुन, गुंज-माल गल डारूँ।
परमानंद भूलि सगरौ जग, स्यामहि स्याम पुकारूँ॥

बस, यही तीव्रतम शुभेच्छा है!

——::×::——

प्रियतमसे प्रार्थना !

मनमोहन ! मेरे मनको अपनी माधुरीसे मोह लो। मेरे मनमें जो मान, यश और विषय-सुखकी इच्छारूपी आग जल रही है, इसे तुम्हीं अपने कृपा-वारिसे बुझा दो। प्रभो ! मैं केवल तुम्हींको चाहूँ, केवल तुम्हींको अपना सर्वस्व समझूँ, तुम्हीं मेरे प्राणाधार और प्राण हो; तुम्हीं मेरे आत्मा और परमात्मा हो—इस बातको जानकर मैं केवल तुम्हींसे प्रेम करूँ; तुम्हारे इस प्रेम-प्रवाहमें मेरा अपना माना हुआ धन-जन, मान-मोह—सब बह जाय, तुम्हारे प्रेमसागरमें सब कुछ डूब जाय। मैं केवल तुम्हारी ही झाँकी करता रहूँ—ऐसा सौभाग्य दे दो, मेरे प्रियतम !

फिर सारे जगत्में मुझको तुम्हीं दिखायी पड़ने लगो, सारा जगत् तुम्हीं हो जाओ। मैं सबमें, सब ओर, सदा-सर्वदा तुम्हींको देखूँ; सब तुम्हारे ही स्वरूपमें परिणत हो जाय। अहा ! वह दिन कैसा सुदिन होगा, वह घड़ी कैसी शुभ घड़ी होगी, वह क्षण कैसा मधुर क्षण होगा और वह स्थिति कैसी आनन्दमयी होगी, जब ऐसा हो जायगा। तब इस जगत्में मेरे लिये कोई पराया नहीं रहेगा; तब मेरे मनके राग-द्वेष, वैर-विरोध, सुख-दुःख आदि सारे द्वन्द्व मिट जायँगे और मुझे सब ओर विशुद्ध प्रेम, सब ओर अपार आनन्द, सब ओर अनन्त शान्ति और सब ओर सौन्दर्य-माधुर्यभरी तुम्हारी मनमोहिनी मूर्ति दिखायी देगी। मेरी साधना सफल हो जायगी, मैं निहाल हो जाऊँगा; क्योंकि उस समय मैं और तुम—बस, हम दो ही रह जायँगे। मैं तुम्हारी मनमानी सेवा करूँगा और तुम उस सेवाको स्वीकारकर मेरी सेवा करोगे ! सभी बातें मेरे मनकी होंगी। नहीं, तब मेरा मन भी तो मेरा नहीं रहेगा, वह तो तुम्हारे ही मनकी छाया बन जायगा; अतः सब तुम्हारे ही मनकी होगी। तुम जबतक अपने महान् संकल्पसे मुझे यों अलग रखकर मुझसे खेलोगे, तबतक मैं परम धन्य और परम सुखी बना तुम्हारे साथ तुम्हारी रुचिके अनुसार खेलता रहूँगा और तुम जिस क्षण अपने संकल्पको छोड़कर अपने उस खेलको समेटकर मुझे आलिङ्गन करना चाहोगे, उसी क्षण मैं तुम्हारे विशाल हृदयमें समा जाऊँगा। यह खेल भी कैसा मधुर होगा, मेरे मधुरिमामय मोहन ! मेरा यह सुख-स्वप्न सच्चा कर दो, मेरे सनातन स्वामी !

——::×::——

प्यारे कन्हैया

प्यारे कन्हैया! तेरी ही पलकोंके इशारेपर मुनिमन-मोहिनी महामायानटी थिरक-थिरककर नाच रही है। तेरे ही संकेतसे महान् देव रुद्र अखण्ड ताण्डव-नृत्य करते हैं। तुझे ही रिझानेके लिये हाथमें वीणा लिये सदानन्दी नारद मतवाला नाच नाच रहे हैं। तेरी ही प्रसन्नताके लिये व्यास-वाल्मीकि और शुक-सनकादि घूम-घूमकर और झूम-झूमकर तेरा गुणगान करते रहते हैं। तेरा रूप तो बड़ा ही अनोखा है! जब तेरी वह रूपमाधुरी स्वयं तुझीको पागल बनाये डालती है तब ज्ञानी-महात्मा, संत-साधु और प्रेमी भक्तोंके उसपर लोक-परलोक निछावर कर देनेमें तो आश्चर्य ही क्या है? आनन्दका तो तू अनन्त असीम सागर है, तेरे आनन्दके किसी एक क्षुद्र कणको पाकर ही बड़े-बड़े विद्वान् और तपस्वी लोग अपने जीवनको सार्थक समझते हैं। अहा! अनिर्वचनीय प्रेमका तो तू अचिन्त्य स्वरूप है। तुझ प्रेम-स्वरूपके एक छोटे-से परमाणुने ही संसारके समस्त जननी-हृदयोंमें, समग्र शुद्ध प्रेमी-प्रेमिकाओंके अन्तरमें, सम्पूर्ण मित्र-अन्तस्तलोंमें और विश्वके अखिल प्रिय पदार्थोंमें प्रविष्ट होकर जगत्‌को रसमय बना रखा है। ज्ञानका अनन्त स्रोत तो तेरे उन चरणकमलोंके रजःकणोंसे प्रवाहित होता है, इसीसे बड़े-बड़े संत-महात्मा तेरी चरणधूलिके लिये तरसते रहते हैं।

किसमें सामर्थ्य है जो तुझ सर्वथा निर्गुणके अनन्त दिव्य गुणोंकी थाह पा ले? ऐसा कौन शक्तिसम्पन्न है, जो तुझ ज्ञानस्वरूप प्रकृतिपर परमात्माके अप्राकृत ज्ञानकी शेष सीमातक पहुँचे? किसमें ऐसी शक्ति है जो तुझ अरूपकी विश्व-विमोहिनी नित्य रूप-छटाका सर्वथा साक्षात्कार करके उसका यथार्थ वर्णन कर सके; कौन ऐसा सच्चा प्रेमी है जो तुझ अपार-अलौकिक प्रेमार्णवमें प्रवेश करके उसके अतल-तलमें सदाके लिये डूबे बिना रह जाय? फिर बता, तेरा वर्णन—तेरे रूप, गुण, ज्ञान और प्रेमका विवेचन कौन करे और कैसे करे? प्यारे कृष्ण! बस, तू तू ही है! तेरे लिये जो कुछ कहा जाय, वही थोड़ा है। तेरे रूप, गुण, ज्ञान और प्रेमका दिव्य ध्यान-ज्ञान-

जनित अनुभव भी तेरी कृपा बिना तुझ देश-काल-कल्पनातीत अकल कल्याण-निधिके वास्तविक स्वरूपके कल्पित चित्रतक भी पहुँचकर उसका सच्चा वर्णन नहीं कर सकता। फिर अनुभवशून्य कोरी कल्पनाओंका तो मूल्य ही क्या है? वस्तुतः तेरे स्वरूप और गुणोंका मनुष्यकृत महान्-से-महान् वर्णन भी यथार्थ तत्त्वको बतलानेवाला न होनेके कारण, महामहिमान्वित चक्रवर्ती सम्राट्को तुच्छ ताल्लुकेदार बतलानेके सदृश एक प्रकारसे तेरा अपमान ही है। परंतु तू दयामय है। तेरे प्रेमी कहा करते हैं कि तू, प्यारे दुलारे नन्हे मुन्नोंकी हरकतोंपर कभी नाराज न होकर स्नेहवश सदा प्यार करनेवाली जननीकी भाँति, किसी तरह भी अपना चिन्तन या नाम-गुण ग्रहण करनेवाले लोगोंके प्रति प्रसन्न ही होता है। तू उनपर कभी रुष्ट होता ही नहीं। बस, इसी तेरे विरदके भरोसेपर मैं भी मनमानी कर रहा हूँ! पर भूला, मेरी मनमानी ? नचानेवाला सूत्रधार तो तू है, मैं मनमानी करनेवाला पामर कौन ? तू जो उचित समझे, वही कर ! तेरी लीलामें आनाकानी कौन कर सकता है ? पर मेरे प्यारे साँवलिया ! तुझसे एक प्रार्थना अवश्य है। कभी-कभी अपनी मोहिनी मुरलीका मीठा सुर सुना दिया कर और जँचे तो कभी अपनी भुवन-विमोहिनी सौन्दर्य-सुधाकी दो-एक बूँद पिलानेकी दया भी.............................।

——::×::——

परिशिष्ट

श्रीराधा, श्रीराधा-नाम और राधा-उपासना सनातन है

कुछ महानुभावोंका कथन है कि श्रीकृष्णचरित्रमें गोपीचरित्रका, खास करके श्रीराधाचरित्रका समावेश अत्यन्त आधुनिक है। कुछ लोग तो यहाँतक कहते हैं कि 'अधिक-से-अधिक तीन-चार सौ वर्षोंसे ही इसका प्रचलन हुआ है। न तो प्राचीन ग्रन्थोंमें राधाका नाम है, न खास प्राचीनतम पुराणोंमें ही। श्रीमद्भागवतमें भी राधाका नाम नहीं है।' यद्यपि सिद्ध तथा साधक भक्तोंकी दृष्टिमें इन सब आलोचनाओंका तनिक भी महत्त्व नहीं है। सिद्ध तो अपने प्रत्यक्ष अनुभवसे भगवान् श्रीकृष्ण, श्रीराधा और श्रीगोपीजनकी सत्यताको जान चुके हैं तथा साधक अपनी श्रद्धाकी आँखोंसे नित्य ही उनको देखते रहते हैं—पर सभीके लिये ऐसी बात नहीं है। ऐसे लोगोंके लिये यह निवेदन है कि श्रीराधा नित्य हैं और श्रीराधाका नाम तथा उनकी उपासना सनातन है।

महाकवि भासके द्वारा रचित 'बालचरित' नाटकमें गोपियोंका प्रसङ्ग तथा उनके रूप-सौन्दर्यका बड़ा सुन्दर वर्णन आता है। भासका समय विद्वान् लोग ईसापूर्व चतुर्थ शतीसे लेकर ईसाकी तृतीय शती मानते हैं। तृतीय शती भी माना जाय तो भी 'बालचरित' अबसे लगभग १७०० वर्ष पूर्वकी रचना है।

हालकी 'गाहा सत्तसई' (गाथा सप्तशती) की रचना ईसाकी प्रथम शतीमें तो मानी ही जाती है; क्योंकि हालका संस्कृत नाम शालिवाहन था जो ईसाकी प्रथम शतीमें प्रतिष्ठानपुरमें राज्य करते थे। उनका कथन है कि प्राकृतकी करोड़ों गाथाओंमेंसे चुनकर उन्होंने यह सरस संग्रह किया है। अतएव इन गाथाओंको उनसे भी पहलेकी मानना पड़ता है। इस 'गाहा सत्तसई'में श्रीराधिका (राहिका) कृष्ण (कण्ह) और श्रीकृष्णजननी यशोदा (जसोआ) तथा व्रजवधू गोपाङ्गनाओं (बअबहूहिं) का स्पष्ट उल्लेख है। देखिये—

अज्जबि बालो दामोअरो त्ति इअ जप्पिअइ जसोआए।
कण्ह-मुह-पेसिअच्छं निनुअं हसिअं बअबहूहिं॥

श्लोकका संस्कृत रूप है—

अद्यापि बालो दामोदर इति इह जल्प्यते यशोदया।
कृष्णमुखप्रेषिताक्षं निभृतं हसितं व्रजवधूभिः॥

हालसप्तशतीमें एक और श्लोक है—

मुह मारुएण तं कण्ह गोरअं राहिआए अवणेन्तो।
एदाणं बल्लवीणं अण्णाणं वि गोरअं हरसि॥

इसका संस्कृत रूप है—

मुखमारुतेन त्वं कृष्ण गोरजो राधिकाया अपनयन्।
एतासां बल्लवीनामन्यासामपि गौरवं हरसि॥

गाथासप्तशतीका एक श्लोक श्रीरूपगोस्वामी महोदयने उज्ज्वलनीलमणिमें उद्‌धृत किया है—

लीलाहि तुलिअसेलो रक्खउ वो राहिआत्थनप्फसे।
हरिणो पढमसमागमसज्झस वेवल्लियो हत्थो॥

इसी श्लोकके अनुरूप एक श्लोक 'सदुक्तिकर्णामृत' में मिलता है—

यो लीलया गोकुलगोपनाय गोवर्द्धनं भूधरमुद्धार।
स्विन्नः सकम्पः स बभूव राधापयोधरक्ष्माधरदर्शनेन॥

महाकवि कालिदासने मेघदूतमें गोपवेशधारी विष्णुका वर्णन किया है और रघुवंशमें इन्दुमतीके स्वयंवरमें जिस प्रकार वृन्दावनके सौन्दर्यका वर्णन किया गया है, उससे पता लगता है कि कवि व्रजसौन्दर्यकी स्मृतिसे मुग्ध हो गया है।

श्रीनिम्बार्काचार्यको उनके भक्तगण तो द्वापरके अन्तमें प्रकट मानते हैं, पर आधुनिक विद्वान् उनका समय १२वीं शताब्दी मानते हैं। उन्होंने स्पष्टरूपसे अपने सम्प्रदायमें श्रीराधाकृष्ण-उपासनाका प्रवर्तन किया था। उनकी रचनाओंमें राधाका नाम प्रचुरतासे आता है। उनकी वेदान्त 'दशश्लोकी'का यह श्लोक देखिये—

अङ्गे तु वामे वृषभानुजां मुदा विराजमानामनुरूपसौभगाम्।
सखीसहस्रैः परिसेवितां सदा स्मरेम देवीं सकलेष्टकामदाम्॥

पञ्चतन्त्रकी रचना लगभग डेढ़ हजार वर्ष पूर्व हुई थी, उसमें वर्णन है कि एक तन्तुवाय (बुनकर) का पुत्र श्रीकृष्ण सजकर अपने सूत्रधर मित्रकी सहायतासे लकड़ीके बने गरुड़पर सवार होकर किसी राजान्तःपुरमें पहुँच गया और उसने अपनी प्रणयिनी राजकन्यासे बोला—

'सुभगे ! सत्यमभिहितं भवत्या परं किंतु राधा नाम मे भार्या गोपकुलप्रसूता प्रथमा आसीत्।'

बारहवीं शतीका भक्त जयदेवरचित प्रसिद्ध 'गीतगोविन्द' तो राधापर ही आधारित है।

प्रायः बारह सौ वर्ष पूर्व हुए भट्टनारायणने अपने 'वेणीसंहार' नाटकके मङ्गलाचरणके श्लोकमें '**श्रीहरिचरणयोरञ्जलिरयम्**' अर्पण करते हुए प्रार्थना की है—

कालिन्द्याः पुलिनेषु केलिकुपितामुत्सृज्य रासे रसं
गच्छन्तीमनुगच्छतोऽश्रुकलुषां कंसद्विषो राधिकाम्।
तत्पादप्रतिमानिवेशितपदस्योद्भूतरोमोद्गते-
रक्षुण्णोऽनुनयः प्रसन्नदयितादृष्टस्य पुष्णातु वः॥

लगभग एक हजार वर्ष पूर्व संकलित नेपालमें प्राप्त 'कवीन्द्रवचन-समुच्चय' में भी राधाका नाम है—

× × धेनुदुग्धकलशानादाय गोप्यो गृहं
दुग्धे वष्कयिणीकुले पुनरियं राधा शनैर्यास्यति।
इत्यस्य व्यपदेशगुप्तहृदयः कुर्वन् विविक्तं व्रजं
देवः कारणनन्दसूनुरशिवं कृष्णः स मुष्णातु वः॥

कवि क्षेमेन्द्रके दशावतार चरितमें राधाका उल्लेख है—

इत्यभून्मदनोद्दामयौवने कालियद्विषि।
गोपाङ्गनानां संरम्भगर्भोपालम्भविभ्रमः॥
प्रीत्यै बभूव कृष्णस्य श्यामानिचयचुम्बिनः।
जातीमधुकरस्येव राधैवाधिकवल्लभा॥

प्रायः एक हजार वर्ष पूर्व संकलित काश्मीरके प्रसिद्ध आलंकारिक विद्वान् आनन्दवर्द्धनके 'ध्वन्यालोक' ग्रन्थमें उद्धृत किसी पूर्ववर्ती कविके द्वारा रचित दो श्लोकोंमें श्रीराधा-कृष्णकी लीलाओंका वर्णन है—

तेषां गोपवधूविलाससुहृदां राधारहःसाक्षिणां
क्षेमं भद्र कलिन्दशैलतनयातीरे लतावेश्मनाम्।
विच्छिन्ने स्मरतल्पकल्पनमृदुच्छेदोपयोगेऽधुना
ते जाने जरठीभवन्ति विगलन्नीलत्विषः पल्लवाः॥
दुराराधा राधा सुभग यदनेनापि मृजत-
स्तवैतत् प्राणेशाजघनवसनेनाश्रु पतितम्।
कठोरं स्त्रीचेतस्तदलमुपचारैर्विरम हे
क्रियात् कल्याणं वो हरिरनुनयेष्वेवमुदितः॥

इसके अतिरिक्त दक्षिणके बहुत-से प्राचीन ग्रन्थोंमें राधाका उल्लेख है। भक्तकवि बिल्वमङ्गलका 'कृष्णकर्णामृत' तो श्रीराधा-कृष्णलीलासे ही ओतप्रोत है।

वेदमें 'राधम्' आदि शब्द बहुत जगह आये हैं। इसके विभिन्न अर्थ किये गये हैं। हो सकता है कि वेदके कोई विशिष्ट विद्वान् इसका स्पष्ट 'राधा' ही अर्थ करें।

महाभारतके प्रसिद्ध टीकाकार महान् विद्वान् श्रीनीलकण्ठजीने ऋग्वेदके बहुत-से मन्त्रोंके भगवान् श्रीकृष्णके लीलापरक अर्थ किये हैं। उनका इस विषयपर एक ग्रन्थ ही है—जिसका नाम है 'मन्त्रभागवत'। इसमें नीलकण्ठजीने निम्नलिखित मन्त्रमें राधाके दर्शन किये हैं—

मन्त्र है—

अतारिषुर्भरता गव्यवः समभक्त विप्रः सुमतिं नदीनाम्।
प्रपिन्वध्वभिषयन्ती सुराधा आवक्षाणाः पृणध्वं यात शीभम्॥

(ऋग्वेद ३। ३३। १२)

राधाजी गोपाङ्गनाओंमें सर्वोपरि महत्त्व रखती हैं—इसलिये यहाँ उन्हें 'सुराधा' कहा गया है। इस मन्त्रका नीलकण्ठजीकृत अर्थ मन्त्र-भागवतमें* देखना चाहिये।

---

* यह ग्रन्थ खेमराज श्रीकृष्णदासके वेंकटेश्वर प्रेस, बम्बईसे प्रकाशित है।

इसके अतिरिक्त ऋक्-परिशिष्टके नामसे निम्नलिखित श्रुति निम्बार्क-सम्प्रदायके उदुम्बरसंहिता, वेदान्तरत्नमञ्जूषा, सिद्धान्तरत्न आदि ग्रन्थोंमें तथा श्रीश्रीजीवगोस्वामीके प्रसिद्ध ग्रन्थ श्रीकृष्णसंदर्भ अनुच्छेद १८९ में उद्धृत की हुई मिलती है—

'राधया माधवो देवो माधवेन च राधिका। विभ्राजते जनेषु। योऽनयोर्भेदं पश्यति स मुक्तः स्यान्न संसृतेः।'

अर्थात् 'भगवान् श्रीमाधव श्रीराधाके साथ और श्रीराधा श्रीमाधवके साथ सुशोभित रहती हैं। मनुष्योंमें जो कोई इनमें अन्तर देखता है, वह संसारसे मुक्त नहीं होता।'

वैष्णव-दार्शनिक श्रीबलदेव विद्याभूषणने अपने 'प्रमेयरत्नावली' नामक ग्रन्थ (१।१५) में अथर्ववेदीय पुरुषबोधिनी श्रुतिका यह मन्त्रांश उद्धृत किया है—

'गोकुलाख्ये माथुरमण्डले.... द्वे पार्श्वे चन्द्रावली राधिका च,.....यस्या अंशे लक्ष्मीदुर्गादिका शक्तिः।'

कई उपनिषदोंमें राधाके नाम और प्रसङ्ग हैं। भगवान् शंकराचार्य—जिनको सम्प्रदाय-मतसे ईसापूर्व चौथी शताब्दीमें अवतरित मानते हैं, अपने यमुनाष्टकमें कहते हैं—

'विधेहि तस्य राधिकाधवाङ्घ्रिपङ्कजे रतिम्।'

'हे यमुने! राधिकावल्लभके चरणकमलमें रति प्रदान कीजिये।'

श्रीमद्भागवतमें और विष्णुपुराणमें भी प्रच्छन्नरूपसे राधाका उल्लेख है। इसके सिवा पद्मपुराण, ब्रह्मवैवर्तपुराण, भविष्यपुराण, श्रीमद्देवीभागवत, मत्स्यपुराण, आदिपुराण, वायुपुराण, वराहपुराण, नारदीयपुराण, गर्गसंहिता, सनत्कुमारसंहिता, नारदपाञ्चरात्र, राधातन्त्र आदि अनेकों ग्रन्थोंमें 'राधा-महिमा'का स्पष्ट उल्लेख है। इससे यह कहना सर्वथा भ्रम है कि राधा-कथाका समावेश या राधा-नामका प्रचार तीन-चार सौ वर्षसे ही हुआ है। उपर्युक्त प्रमाण भक्त-प्रेमियोंके लिये नहीं दिये गये हैं, वे तो शङ्काशील बुद्धिवादी पुरुषोंकी शङ्का-निवृत्तिके लिये हैं। पर संदेहवादी पुरुषोंका संदेह इससे पूर्णतया निवृत्त हो ही जायगा, यह नहीं कहा जा सकता। हाँ, संदेहवादी पुरुषोंके तर्कसे श्रद्धालु लोग भ्रममें न पड़ जायँ, इसमें यह विवेचन सहायक हो सकता है।

——::×::——

वृन्दावनवासके लिये स्थिर मनकी आवश्यकता

महापुरुषोंके दिव्य भाव

श्रीगौड़ेश्वरसम्प्रदायके विश्वविख्यात आचार्य श्रीरूप गोस्वामी महाशय श्रीवृन्दावनमें एक निर्जन स्थानमें वृक्षकी छायामें बैठे ग्रन्थ लिख रहे थे। गरमीके दिन थे। अतः उनके भतीजे और शिष्य महान् विद्वान् युवक श्रीजीव गोस्वामी एक ओर बैठे श्रीगुरुदेवके पसीनेसे भरे बदनपर पंखा झल रहे थे। श्रीरूप गोस्वामीके आदर्श स्वभाव-सौन्दर्य और माधुर्यने सभीका चित्त खींच लिया था। उनके दर्शनार्थ आनेवाले लोगोंका ताँता बँधा रहता था। एक बहुत बड़े विद्वान् उनके दर्शनार्थ आये और श्रीरूपजीके द्वारा रचित 'भक्तिरसामृत' ग्रन्थके मङ्गलाचरणका श्लोक पढ़कर बोले, 'इसमें कुछ भूल है, मैं उसका संशोधन कर दूँगा।' इतना कहकर वे श्रीयमुना-स्नानको चले गये। श्रीजीवको एक अपरिचित आगन्तुकके द्वारा गुरुदेवके श्लोकमें भूल निकालनेकी बात सुनकर कुछ क्षोभ हो गया। उनसे यह बात सही नहीं गयी। वे भी उसी समय जल लानेके निमित्तसे यमुनातटपर जा पहुँचे। वहाँ वे पण्डितजी थे ही। उनसे मङ्गलाचरणके श्लोककी चर्चा छेड़ दी और पण्डितजीसे उनके संदेहकी सारी बातें भलीभाँति पूछकर अपनी प्रगाढ़ विद्वत्ताके द्वारा उनके समस्त संदेहोंको दूर कर दिया। उन्हें मानना पड़ा कि श्लोकमें भूल नहीं थी। इस शास्त्रार्थके प्रसङ्गमें अनेकों शास्त्रोंपर विचार हुआ था और इसमें श्रीजीव गोस्वामीके एक भी वाक्यका खण्डन पण्डितजी नहीं कर सके। शास्त्रार्थमें श्रीजीवकी विलक्षण प्रतिभा देखकर पण्डितजी बहुत प्रभावित हुए और श्रीमद्रूप गोस्वामीके पास आकर सरल और निर्मत्सरभावसे उन्होंने कहा कि 'आपके पास जो युवक थे, मैं उल्लासके साथ यह जाननेको आया हूँ कि वे कौन हैं ?' श्रीरूप गोस्वामीने कहा कि 'वह मेरा भतीजा है और शिष्य भी, अभी उस दिन देशसे आया है।'

यह सुनकर उन्होंने सब वृत्तान्त बतलाया और श्रीजीवकी विद्वत्ताकी प्रशंसा करते हुए श्रीरूप गोस्वामीके द्वारा समादर प्राप्त करके वे लौट गये। इसी समय श्रीजीव यमुनाजीसे जल लेकर आये और उन्होंने गुरुदेवके चरणकमलोंमें प्रणाम किया। श्रीरूप गोस्वामीजीने अत्यन्त मृदु वचनोंमें श्रीजीवसे कहा—'भैया ! भट्टजी

****

कृपा करके मेरे समीप आये थे और उन्होंने मेरे हितके लिये ही ग्रन्थके संशोधनकी बात कही थी। यह छोटी-सी बात तुम सहन नहीं कर सके। इसलिये तुम तुरंत पूर्व देशको चले जाओ। मन स्थिर होनेपर वृन्दावन लौट आना।'

व्रज-रसके सच्चे रसिक, व्रजभावमें पारङ्गत श्रीरूपके मुखकमलसे बड़ी मृदु भाषामें ये शासनवाक्य निकले। इनमें मृदुता है, दैन्य है, शिष्यके प्रति उपदेश है और कृपासे पूर्ण शासन है। 'मन स्थिर होनेपर वृन्दावन आना।' अर्थात् वृन्दावनवास करनेके वे ही अधिकारी हैं जिनका मन स्थिर है। अस्थिर मनवाले लोगोंका वृन्दावनवास सम्भवतः अनर्थोत्पादक हो सकता है। और स्थिर मनका स्वरूप है—परम दैन्य, आत्यन्तिक सहिष्णुता, नित्य श्रीकृष्णगत चित्त होनेके कारण अन्यान्य लौकिक व्यवहारोंकी ओर उपेक्षा। भट्टजीने श्रीरूप गोस्वामीजीकी भूल बतायी थी, इससे उन्हें क्षोभ होना तो दूर रहा, उन्हें लगा कि सचमुच मेरी कोई भूल होगी, भट्टजी उसे सुधार देंगे। श्रीजीव गोस्वामीने शास्त्रार्थमें पण्डितजीको हरा दिया, इससे श्रीरूप गोस्वामीको सुख नहीं मिला। उन्हें संकोच हुआ और अपने प्रियतम शिष्यको शासन करना पड़ा। वे श्रीजीव गोस्वामीके पाण्डित्यको जानते थे, पर श्रीजीवमें जरा भी पाण्डित्यका अभिमान न रह जाय, पूर्ण दैन्य आ जाय—वे यह चाहते थे और इसीसे उन्होंने श्रीजीवको चले जानेकी आज्ञा दी। यह उनका महान् शिष्यवात्सल्य था और इसी रूपमें बिना किसी क्षोभके अत्यन्त अनुकूलभावसे श्रीजीवने गुरुदेवकी इस आज्ञाको शिरोधार्य किया। वे बिना एक शब्द कहे तुरंत पूर्वकी ओर चल दिये तथा यमुनाके नन्दघाटपर, जहाँ स्नान करते समय नन्दबाबाको वरुण देवताके दूत वरुणालयमें ले गये थे, जाकर निर्जन वास करने लगे। वे कभी कुछ खा लेते, कभी उपवास करते और भजनमें लगे रहते। उन्होंने एक बार श्रीगुरुमुखसे सुना था कि 'सुख-दुःख—दोनोंमें ही परमानन्दका आस्वादन हुआ करता है।' यहाँ श्रीजीवको गुरुदेवके वियोगका दुःख था; परंतु इस दुःखमें भी वे श्रीगुरुदेवके पादपद्ममें तन्मयता प्राप्त करके परमानन्द प्राप्त कर रहे थे। विरहमें ही मिलनकी पूर्णता हुआ करती है।

श्रीजीव इस प्रकार जब निर्जन वास कर रहे थे, तब एक समय अकस्मात् श्रीसनातन गोस्वामी (श्रीरूपके बड़े भाई) वहाँ जा पहुँचे। श्रीसनातनके प्रति

व्रजवासियोंका बड़ा प्रेम था। व्रजवासी भक्तोंने श्रीसनातनको बताया कि 'आजकल यहाँ नन्दघाटपर एक अत्यन्त सुन्दर तरुण तपस्वी निर्जन वनमें निवास कर रहे हैं। बड़ा प्रयत्न करनेपर भी वे कभी-कभी निराहार रह जाते हैं, कभी फल-मूल खा लेते हैं और कभी सत्तू ही जलमें सानकर खाते हैं।' सनातन समझ गये कि ये तपस्वी हमारे श्रीजीव ही हैं। वे अत्यन्त स्नेहार्द्रचित्त होकर वहाँ गये। उनको देखते ही श्रीजीव अधीर होकर उनके चरणोंपर गिर पड़े। वे अपने ताऊके चरणोंमें लुट पड़े और आँसू बहाने लगे। व्रजवासी बड़े आश्चर्यसे इस दृश्यको देख रहे थे। श्रीजीवसे बातचीत करके तथा व्रजवासियोंको समझाकर श्रीसनातनजी श्रीवृन्दावन चले गये।

श्रीवृन्दावनमें वे श्रीरूप गोस्वामीके पास पहुँचे। श्रीरूप गोस्वामीने उनके चरणोंमें प्रणाम किया। श्रीसनातनके पूछनेपर श्रीरूपने बतलाया कि उनका भक्तिग्रन्थ-लेखन प्रायः समाप्त हो गया है। श्रीजीव होते तो शीघ्र संशोधन हो जाता। प्रसङ्ग पाकर श्रीसनातनने कहा—'श्रीजीव केवल जी रहा है, मैंने देखा, जरा-सी हवासे उसका शरीर काँप जाता है।' इतना सुनते ही श्रीरूपका हृदय द्रवित हो गया। श्रीजीवका पता लगाकर उन्होंने तुरंत उन्हें अपने पास बुला लिया और उनकी ऐसी दशा देखकर परम कृपार्द्रहृदयसे उनकी उचित सेवा-शुश्रूषा करके उन्हें स्वस्थ किया। फिर तो श्रीरूप-सनातन दोनोंका सारा भार श्रीजीवने अपने ऊपर ले लिया। श्रीजीव श्रीरूपकी परिभाषाके अनुसार अब पूर्ण स्थिरचित्त थे।

'श्रीराधा-माधव-चिन्तन' पर सम्माननीय विद्वानोंके विचार

'(श्रीराधा-माधव-चिन्तन' के प्रथम संस्करणपर देशके बहुत-से आदरणीय विद्वान् महानुभावोंने अपने विचार लिखकर भेजे थे। उनमेंसे कुछको आंशिकरूपसे नमूनेके तौरपर नीचे दिया जा रहा है।—**चिम्मनलाल गोस्वामी**)

विभिन्न भाषाविद् प्रसिद्ध विद्वान् श्रीसुनीतिकुमार चटर्जी, अध्यक्ष, विधानसभा पश्चिम बंगाल, कलकत्ता

यह एक अत्यन्त महत्त्वपूर्ण भक्तिविषयक कृति है, जिसपर सम्मति देना मेरी क्षमतासे परे है। यदि मैं कुछ कह सकता हूँ तो यही कि धर्मकी उसके व्यापक अर्थमें आपने अनेक वर्षोंसे जो निःस्वार्थ सेवा की है और हमारे धार्मिक साहित्यके विशाल भण्डारको जनताके समक्ष आपने जो रखा है, उसकी मैंने सदा ही सराहना की है। यहाँ आप अपने सच्चे भक्त-रूपको प्रकट करते हैं और यह कृति भक्ति-सिद्धान्तकी एक व्याख्या है, जो चित्रके माध्यमसे व्यक्त हुई है। यह पुस्तक ऐसी नहीं है, जिसे जल्दीसे भाग-दौड़में पढ़ लिया जा सके, अपितु इस प्रकारकी पुस्तकका अध्ययन कुछ समयकी अपेक्षा रखता है। मेरा विश्वास है कि इस कृतिसे लाभ उठानेकी योग्यता जिनमें है, उस समुदायमें इसका बड़ा सम्मान होगा और न केवल इस पुस्तकके लिये अपितु परम्परासे प्राप्त विशाल धार्मिक साहित्यके पठन-अध्ययनके लिये आप जो करते आ रहे हैं, उसके लिये भी मैं अपनी कृतज्ञता प्रकट करता हूँ।

आचार्य श्रीललिताचरणजी गोस्वामी, श्रीवृन्दावनधाम

× × × भाईजीने श्रीराधा-प्रेमकी जो अद्भुत ज्योति जगायी है, उसका प्रकाश अब दूर-दूर फैल चुका है। उनके द्वारा रचित 'श्रीराधा-माधव-चिन्तन' ग्रन्थ इस दिशामें बड़ा ठोस कार्य है। श्रीराधा-श्यामसुन्दरके चरणोंमें भाईजीका सहज और प्रबुद्ध प्रेम

उनकी बहुश्रुतताका योग पाकर, इस ग्रन्थमें मुखरित हो उठा है। उनके सुदीर्घ अनुभव और उनकी मजी हुई लेखनीने प्रेम-तत्त्वके व्याख्यानमें एक नयी दिशा दिखायी है, जो सरल और सुबोध होते हुए मार्मिक है। अनुभवियोंने प्रेममार्गको तलवारकी धारपर दौड़नेके समान कठिन बताया है। भाईजीने स्थान-स्थानपर इस बातकी ओर ध्यान खींचकर बड़ा उपकार किया है। इस ग्रन्थके वाचनसे आनन्द-लाभ और ज्ञान-वर्धन दोनों होते हैं। ××××

श्रीस्वामीजी श्रीश्रीकमलनयनाचार्यजी शास्त्री, श्रीवृन्दावन

× × × × × × × ×

यद्यपि **'गुणरहितं कामनारहितं सूक्ष्मतरमनुभवरूपं प्रतिक्षणवर्धमानम्'** प्रेमका यह लक्षण महानुभावोंने माना है, पर इस ग्रन्थमें लेखकने प्रेमतत्त्वका जो चित्र खींचा है, वह यथार्थमें श्रीविहारिणीजी एवं श्रीविहारीजीकी अपनी देन प्रतीत होती है, क्योंकि लेखककी हृदयभित्तिपर पहले पूर्वरागका उदय था, अब प्रौढ़रागरञ्जित राकेशका समुदय हृदयगगनपर हो रहा है। इस भव्य कृतिमें रसमय प्रस्वेद-कण बिखरे हुए हंसमालको आस्वादन करनेके लिये मुक्तालड़ी-जैसे-से लक्षित हो रहे हैं।

पोद्दारजीके तत्तत व्याख्यानों एवं लेखोंकी शृङ्खलासे यह प्रतीत होता है कि यह सज्जन उस पवित्रतम भूमिकापर समारूढ़ हैं; जहाँ परमैकान्तिक जन श्रीस्वामिनीवल्लभके कृपाकटाक्षसे प्लावितहृदय ज्ञानी महानुभाव रस-मानसमें मरालवत् विहार करते हैं। यथा च—

ज्ञानी तु परमैकान्ती तदायत्तात्मजीवनः।
तत् संश्लेषवियोगैकसुखदुःखस्तदैकधीः॥

इस भावनामें पगे हुए श्रीपोद्दारजीका जीवन ही मानो परम शेषी श्रीदिव्य दम्पतिके मुखविकासार्थ एवं परमामोदके लिये ही संसारमें है, अन्यथा इनका शरीर धारण करना निजकृत कर्माकर्म-भोगके लिये सिद्ध नहीं हो रहा है। प्रभु भक्तवर श्रीपोद्दारजीको चिरायु बनावें।

****

श्रीश्रीबालकृष्णदासजी, श्रीराधामाधवविलासकुञ्ज, श्रीवृन्दावन

× × × मुझे ऐसा लग रहा है कि अद्वितीय ग्रन्थकारके हृदयमें सम्यक् अलंकृत होकर ही श्रीराधामाधवजीने अपनेको इस ग्रन्थके रूपमें प्रकट किया है।

श्रीरासेश्वरीजूके श्रीपद-नख चन्द्रमणि-छटामें भक्तिपूर्वक अर्पण किया हुआ, उन्हींकी प्रेरणासे लिखा गया यह 'श्रीराधा-माधव-चिन्तन' मेरा अखण्ड स्वभाव बन जाय, यही मैं श्रीकिशोरीजूसे प्रार्थना करता हूँ। मैं फिर इस अनुपम ग्रन्थके लिये सम्मति क्या दे सकता हूँ।

मेरा विश्वास है कि प्रस्तुत सर्व-रसिक-सम्मत ग्रन्थ, श्रीराधाकृष्णके मधुर भावके उपासकोंके लिये अनुपम पथ-प्रदर्शक ही नहीं, अपितु उन्हें श्रीराधा-माधवकी अलौकिक उज्ज्वलतम लीलाओंमें पात्र भी बना देगा। × × ×

सनातनधर्मके प्रसिद्ध विद्वान् शास्त्रार्थमहारथी पं॰ श्रीमाधवाचार्यजी, दिल्ली

कृपापत्र और श्रीभाईजीद्वारा सम्पादित साहित्य प्राप्त हुआ। सोत्कण्ठ मनसा पढ़ा—यह साहित्य निश्चित ही किसी व्यक्तिविशेषकी अपनी कृति नहीं हो सकती, मुझे तो ऐसा अनुभव होने लगा कि मानो भाईजीके माध्यमसे श्रीराधारानीने स्वयं ही अपने कुछ मार्मिक उद्गार भक्तोंको वरदोपहारके रूपमें प्रदान किये हैं।

श्रीभाईजीपर करुणामयी रासेश्वरी महारानीकी असीम कृपा मालूम पड़ती है, तभी वे इस निगूढ़ तत्त्वके प्रतिपादनमें सक्षम हो पाये हैं। पुस्तक न केवल सुपाठ्य एवं संग्रहणीय ही है, अपितु सुतरां मननीय समभ्यसनीय अथच आत्मसात्करणीय भी है। ऐसी कृतिके लिये श्रीभाईजी वर्धापनके भाजन हैं। **किमधिकम्।** × × × ×

याज्ञिकसम्राट् पं॰ श्रीवेणीरामजी शर्मा गौड, वेदाचार्य, काव्यतीर्थ, वाराणसी

× × × ×'श्रीराधा-माधव-चिन्तन' ग्रन्थ देखा। श्रीराधा, माधव, गोपी एवं प्रेमके तत्त्वोंको इस ग्रन्थमें विस्तृत एवं महत्त्वपूर्ण विवेचन किया गया है। उपजीव्य ग्रन्थोंमें भी एक ही जगह इन तत्त्वोंका मिल सकना सम्भव न था। भाव और लीलाके

रहस्योंका भी इस ग्रन्थमें मार्मिक चित्रण हुआ है। यह 'भावराज्य और लीलारहस्य' नामक प्रकरणमें देखा जा सकता है।

यह ग्रन्थ दिव्य भावोंको लेकर लिखा गया है, अतः इसमें 'अथ'से 'इति' तक दिव्यताकी ही अजस्र ज्योत्स्ना प्रवाहित होती रहती है। इन दिव्य भावोंका रहस्य सबके लिये समझ सकना सम्भव नहीं है, अतः साहित्यके क्षेत्रमें कुछ लोगोंसे अनजाने ही अन्धकारकी सृष्टि हो गयी है। धार्मिक क्षेत्रमें तो इसके विरुद्ध तूफान-पर-तूफान खड़े किये गये हैं। जो सपक्षमें बोलने चले, उनमेंसे भी कुछ लोगोंसे तूफानके बढ़ावमें मदद मिली। विषयकी दुरवगाहता इतनेसे ही आँकी जा सकती है। इस परिस्थितिमें इस सर्वथा समाधानकारक तथा रहस्यका यथार्थ उद्‌घाटन करनेवाले ग्रन्थका आविर्भाव निश्चय ही मानवमात्रके लिये वरदान सिद्ध होगा। ××××

डा॰ हरिवंशरायजी बच्चन, एम्॰ ए॰, पी-एच्॰ डी॰ (कैण्टव), नयी दिल्ली

×××मैंने उस पुस्तकको आदिसे अन्ततक पढ़ा और उससे बहुत लाभान्वित हुआ। पुस्तक भाईजीके व्यापक अध्ययन, गम्भीर चिन्तन और गहन रसानुभूतिका परिणाम है। आशा है, जैसा मैं उससे लाभान्वित हुआ हूँ, वैसे ही और सहस्रों लोग होंगे। वैसे मेरा विचार तो यह है कि लाखोंमें कोई एक राधा-माधव-भक्तिका रहस्य समझनेका अधिकारी होता है, पर इस महान् कृतिसे बहुत लोगोंका पथ-प्रदर्शन होगा। लक्ष्यपर तो वही पहुँचेगा, जिसको राधा-माधव स्वयं अपनी कृपासे पहुँचा देंगे।

राष्ट्रकवि श्रीमैथिलीशरणजी गुप्त, चिरगाँव

'श्रीराधा-माधव-चिन्तन' जैसी रचना श्रीहनुमानप्रसादजी-जैसे भक्त और चिन्तकसे ही सम्भव है। उन्होंने भक्तजनोंका अमित उपकार किया है।××××

राजस्थानके प्रसिद्ध विद्वान् पं॰ श्रीविद्याधरजी शास्त्री एम्॰ ए॰, बीकानेर

भाईजीका यह चिन्तन एक सामान्य चिन्तन नहीं, अपितु एक साक्षात् दर्शन है।

यह पाठकको दार्शनिक दृष्टिसे सम्पन्न कर उस भाव-भूमिकामें पहुँचा देता है, जहाँ हठात् प्रत्येकके हृदयमें गोपीवृत्तिको पानेकी उत्कट अभिलाषा उद्बुद्ध हो जाती है। व्रजरसके आस्वादन और भागवत-सिद्धान्तको पूर्णतया हृदयंगम करनेके लिये यह साहित्य सदा ही अद्वितीय रहेगा। अलौकिक प्रेमके इस रहस्यको प्रकटित करनेके लिये मैं आपकी (गोस्वामीजीकी भूमिका) भूमिकामें उल्लिखित इस वाक्यसे सर्वथा सहमत हूँ कि 'यों कहें तो कोई अत्युक्ति नहीं होगी कि (इस रहस्यका प्रकाशन) ग्रन्थकारके हृदयमें स्थित होकर स्वयं उन्होंने (राधा-माधवने) इसको लिखा है।' आपने इस साहित्यसे मुझे कृतार्थ किया, तदर्थ आपको कोटिशः धन्यवाद। इसके पढ़नेके बाद आत्मसमर्पण-सम्बन्धी एक नवप्रकाशसे मैं प्रकाशित हो गया हूँ।

प्रसिद्ध ज्यौतिषाचार्य पं० श्रीसूर्यनारायणजी व्यास, पद्मभूषण भारतीभवन, उज्जैन

×××साहित्यमें राधाको लेकर कई विवाद हैं, उनका जिस योग्यता और उत्तमतासे निराकरण 'राधा-माधव-चिन्तन' में किया गया है, वह वास्तवमें हृदयको स्पर्श करनेवाला है। श्रीभाईजी अनुभवी और ज्ञानी पुरुष हैं, उनकी यह कृति निःसंदेह महत्त्वपूर्ण है। मैं पढ़ गया हूँ। मुझे प्रिय लगी है। लेखक और प्रकाशक दोनों ही इस उत्तम रचनाके लिये अभिनन्दनके अधिकारी हैं। मेरी हार्दिक बधाई स्वीकार करें।

सम्मान्य विद्वान् पं० श्रीदेवदत्तजी शास्त्री, प्रयाग

×××आद्योपान्त मनोयोगपूर्वक पुस्तक पढ़ लेनेके बाद मुझे ऐसा प्रतीत हुआ कि पुस्तकके सात प्रकरण राधारानीके पगनूपुरोंकी झनकारके सात स्वर हैं, जिनसे अनवरत राधा-रस झर रहा है। सम्मान्य भाईजीने लोककल्याणके लिये अपनी साधना और भावनासे जिस वाङ्मयी सुधाकी सृष्टि की है, उसे पानकर निःसंदेह अमृतत्व प्राप्त किया जा सकता है।

राधा-माधव-चिन्तन खाँडकी रोटी है, जिधरसे तोड़ा जाय उधर ही मिठास भरी है।××××

राष्ट्रपति-पुरस्कृत डा॰ श्रीकृष्णदत्तजी भारद्वाज, आचार्य, एम्॰ ए॰, पी-एच्॰ डी॰, नयी दिल्ली

××××श्रीभगवान् परम मधुर हैं। उनकी मधुरिमा निरतिशय है। यद्यपि उस मधुका प्राचीन औपनिषदी मधु-विद्यामें संकेत मिलता है तथापि भावुक उपासकोंकी अर्वाचीन रचना-कमलावलीमें वह गुह्य मधु मकरन्द-रूपमें विराजमान है, जिसका पान वस्तुतः त्रिगुणमय रस-विरत भक्त-जन-चञ्चरीक ही कर सकते हैं।

पोद्दारजीका श्रीराधा-माधव-चिन्तनसम्बन्धी साहित्य उक्त मकरन्दसे ओत-प्रोत मङ्गल-कलश है। भाषा और भाव दोनोंकी दृष्टियोंसे यह रचना विशुद्ध है। इस सत्साहित्यके सर्जनसे पोद्दारजीने जहाँ हिंदीमें सत्साहित्यकी श्रीवृद्धि की है, वहाँ भावुक भक्तोंकी भावनाको भी एक अभिनव संबल प्रदान किया है। इस रचनाका विश्वमें विपुल प्रसार हो।××××

डा॰ आचार्य श्रीहजारीप्रसादजी द्विवेदी, डी॰ लिट्॰, चण्डीचढ़

'श्रीराधा-माधव-चिन्तन' पढ़ गया हूँ। भाईजी श्रीहनुमानप्रसादजी पोद्दारकी सभी रचनाओंमें भक्तिकी महिमा प्रकट होती है, पर यह ग्रन्थ तो भक्ति और शास्त्रीय चिन्तनका अद्भुत समन्वय है। यह भाईजी-जैसे भक्तकी लेखनीसे ही लिखा जा सकता था। शास्त्रका अध्ययन इसमें बड़ी गहराईसे स्थित है। निरन्तर चिन्तन-मनन और स्वानुभूतिसे पवित्रकृत हृदयमें ही शास्त्र ऐसा रूप ग्रहण कर सकता है। श्रीराधारानीके दिव्य रूप और भगवान् श्रीकृष्णके चिद्घन-विग्रह रूपका विवेचन इस प्रकारकी सहज वाणीमें वही कर सकता है, जिसने उन्हें पाया है, सौ-सौ रूपोंमें उनका साक्षात्कार किया है। पढ़ते-पढ़ते ऐसा लगा जैसे मैं ही कुछ पा रहा हूँ। सदा-सर्वदा पास रहनेवाला पर अबतक अज्ञात। नित्य लीला-विहारी भगवान् तो हमारे भीतर ही रम रहे हैं। संसारके प्रपञ्चोंमें उलझा मनुष्य इस भाव-मनोहर रूपकी उपेक्षा करता रहता है। वह नहीं भूलता हमीं सोये रहते हैं। गुरुदेवकी कविता याद आयी—

'ये पाशे एसे बसेछिल, तबु जागि नि, की घुम तोर पेयेछिल हतभागिनी।'

इस पुस्तकको बार-बार पढ़नेकी जरूरत है। वस्तुतः मैं दो दिनोंसे इसीमें उलझा

हूँ। आपने भाईजीकी यह पुस्तक भेजकर मेरे ऊपर बड़ी कृपा की है। किन शब्दोंमें आभार प्रकट करूँ?

डा॰ श्रीरामनिरंजनजी पाण्डेय, एम्॰ ए॰ (संस्कृत), एम्॰ ए॰ (हिंदी), एल्-एल्॰ बी॰, साहित्यशास्त्री, वेदान्तशास्त्री, पी-एच्॰ डी॰, रीडर एंड हेड हिंदी डिपार्टमेन्ट, उसमानिया यूनिवर्सिटी, हैदराबाद

परम श्रद्धेय पोद्दारजीकी राधा-माधव-साधनाका चिन्तन और भावकोष देखकर मैं तृप्त हो गया। पता नहीं मुझे इतनी ज्ञान और भाव-सामग्री राधा-माधव और गोपाङ्गना-तत्त्वपर कभी भी शेष जीवनमें मिल सकती है या नहीं। यह पुस्तक भेजकर आपने मुझपर बड़ा उपकार किया है। अक्षरशः मैंने पुस्तकका अनुशीलन अभी नहीं किया, पर प्रत्येक पृष्ठपर अङ्कित ज्ञान-स्रोतस्विनी और भावस्रोतस्विनीकी शीतलताका मैंने अवश्य अनुभव कर लिया है। भारतकी वास्तविक जनतापर आपका यह बहुत बड़ा आभार है कि बिखरी हुई पवित्रताको एकत्रित करके आपने इसे सर्वसुलभ बना दिया। मुझे पूरा विश्वास है कि 'राधा-माधव-चिन्तन' अनन्तकोटि सूर्योंकि तेजको भी अतिक्रान्त करके जगत्में लोकहृदयके अन्धकारको अवश्य दूर करेगा। इस ग्रन्थका एक अंग्रेजी संस्करण भी निकालना चाहिये। हो सके तो विश्वकी सब प्रमुख भाषाओंमें इसके अनुवादकी व्यवस्था की जानी चाहिये। जिस वैज्ञानिक ढंगसे इस ग्रन्थमें भावकी पवित्रताकी धाराका आकलन प्रस्तुत किया गया है, यह सर्वथा स्तुत्य है। विशेषतः सरल-सुबोध भाषामें राधा-माधव-गोपाङ्गना-तत्त्वका विवेचन इस ग्रन्थमें हुआ है और इससे मोहान्धकारमें पड़े हुए जगत्का परम मङ्गल होगा।

जिस इन्द्रियातीत परम भावकी झाँकियाँ इस ग्रन्थमें संगृहीत की गयी हैं, उन्हें प्राप्त करके 'श्रीराधा-माधव-चिन्तन'के पाठक प्रेमके विश्वव्यापी भावको धारण करके विश्वके आदर्श नागरिक बन सकेंगे—इसमें कोई संदेह नहीं। अहंमुखर स्वका विलोपन ही विश्वशान्तिकी कुञ्जी है। पोद्दारजीके इस ग्रन्थमें पवित्र विश्वशान्तिको अपना प्रकाश विश्वभरपर विकसित करनेमें सहायता मिलेगी। इस ग्रन्थके लेखक

और सम्पादक दोनोंके प्रति मैं अपनी श्रद्धा अर्पित करता हूँ और दोनोंसे इसे स्वीकार करनेकी प्रार्थना है।×××

डॉ॰ श्रीबलदेवप्रसादजी मिश्र, एम्॰ ए॰, एल्-एल्॰ बी॰, डी॰ लिट्॰, राजनाँदगाँव

×××श्रीभाई हनुमानप्रसादजी पोद्दारकी समर्थ लेखनीसे जो ग्रन्थरत्न निःसृत हैं, उनसे न केवल हिंदीका साहित्य-भण्डार समृद्ध हुआ है, किंतु मधुर रसके उपासकोंको मनोवाञ्छित प्रसाद बड़ी स्पृहणीयमात्रामें मिल गया है। विशेषतः 'श्रीराधा-माधव-चिन्तन' तो इस पथके साधकोंका अनिवार्य संबल रहना चाहिये। श्रीपोद्दारजीका विस्तृत अध्ययन, गम्भीर चिन्तन और भावपूर्ण साधन त्रिवेणीकी तरह इस ग्रन्थरत्नके पृष्ठोंको राधा-माधवके निर्मल उज्ज्वल रससे सिक्त कर रहा है। पारमार्थिक उपयोगिताकी दृष्टिसे तो यह ग्रन्थ परम उपादेय है ही, परंतु जो साहित्यिक आनन्दके लिये 'प्रसन्नगम्भीरपदा सरस्वती'के प्रवाहमें प्रवाहन करना चाहते हैं, उन्हें भी यह ग्रन्थ अवश्य देखना चाहिये।×××

डॉ॰ श्रीबाबूराम सक्सेना, एम्॰ ए॰, डी॰ फिल्॰, उपाध्यक्ष वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग, प्रयाग

× × मैंने पहले भी श्रीपोद्दारजीके लेख पढ़े हैं और उनके आध्यात्मिक दृष्टिकोणसे प्रभावित हुआ हूँ। प्रस्तुत सामग्रीके कई अंश मैंने कल बड़ी देरतक ध्यानपूर्वक पढ़े। इन लेखोंमें श्रीपोद्दारजीने अपनी सुबोध और हृदयग्राही शैलीमें राधा-कृष्ण-सम्बन्धी जो जानकारी प्रस्तुत की है वह अन्यत्र दुर्लभ है। उनके विचार उदार तथा राष्ट्र-कल्याणकारी हैं। श्रीराधा और श्रीकृष्णके सम्बन्धमें जो भ्रान्तियाँ समाजमें फैली हुई हैं, उनका बड़े सुन्दर ढंगसे पोद्दारजीने निराकरण किया है। इधर एक मित्रकी सम्पादित रास-पञ्चाध्यायीको ध्यानपूर्वक पढ़नेका मुझे अवसर मिला था। यह सारा प्रकरण रहस्यात्मक है और खेद है कि अयोग्य लोगोंके हाथमें पहुँचकर यह अनर्थ कर सकता है। ईश्वर करे पोद्दारजीद्वारा प्रसारित यह सामग्री सब भक्तजनोंके पास पहुँच सके। ××××

****

व्रजसाहित्यके मर्मज्ञ श्रीप्रभुदयालजी मित्तल, मथुरा

श्रीभाईजीकी रसवती लेखनीसे निःसृत श्रीराधा-माधवसम्बन्धी इस साहित्य-सरितामें अवगाहन कर अतीव आनन्द प्राप्त हुआ। महाभाव और रसराज-स्वरूप श्रीराधा-कृष्णके तत्त्वका जैसा साङ्गोपाङ्ग विवेचन इन रचनाओंमें हुआ है, उससे श्रीभाईजीके दीर्घकालीन अध्ययन और गहन चिन्तन-मननका प्रत्यक्ष परिचय मिलता है।

श्रीराधा-कृष्ण-तत्त्व वास्तवमें व्रजकी वस्तु है। व्रजके महात्माओंने अपनी दीर्घकालीन साधनाके फलस्वरूप इसे प्रकट किया था और व्रजके विद्वानोंने ही अपनी प्रकाण्ड विद्वत्तासे इसका प्रसार-प्रचार किया था। किंतु श्रीभाईजीकी इन रचनाओंमें इस विषयका जैसा मर्मस्पर्शी कथन हुआ है, उससे व्रजके बड़े-से-बड़े विद्वान्‌को भी अब नूतन प्रकाश मिलेगा।

इसके साथ ही जो रस अबतक कतिपय विशिष्ट व्यक्तियोंके लिये ही सुरक्षित था, उसे सर्वसाधारणके लिये सुलभ कर श्रीभाईजीने अपूर्व लोक-कल्याणका कार्य किया है। इसके लिये सभी व्रज-प्रेमी श्रीभाईजीके अत्यन्त अनुगृहीत होंगे।××

डॉ॰ श्रीमङ्गलदेवजी शास्त्री, एम्॰ ए॰, पी-एच्॰ डी॰, वाराणसी

××××मैंने इसे ध्यानसे पढ़ा है। पढ़कर मेरा चित गद्‌गद हो गया। जिस उत्कृष्ट सात्त्विक और आध्यात्मिक स्तरसे पोद्दारजीने राधा-माधव-तत्त्वकी व्याख्या की है, यह केवल कथनीय वस्तु न होकर साधना और आराधनाका विषय है। पोद्दारजी-जैसा साधनारत व्यक्ति ही ऐसा प्रतिपादन कर सकता है।

अध्यात्म-मार्गके पथिकके लिये इस साहित्यका निश्चय ही बड़ा मूल्य है। साथ ही इसकी भारी उपयोगिता इस बातमें है कि मधुरभावकी उपासनाके नामपर समाजमें अनैतिकताकी प्रवृत्तिको जो समाश्रय चिरकालसे मिलता रहा है, उसके मूलोच्छेदके द्वारा पवित्र नैतिक जीवनको प्रोत्साहन और प्रेरणा भी इस साहित्यसे मिलेगी। प्रत्येक साधना और आराधनाका वास्तविक महत्त्व नैतिक पवित्रतापर आधृत आध्यात्मिक उत्कर्षमें ही हो सकता है।

इस दृष्टिसे शुद्ध सात्त्विक मधुरभावके प्रतिपादक इस साहित्यके प्रकाशनसे आपने जो समाजका हित किया है, उसके लिये मैं हृदयसे आपको बधाई देता हूँ।××××

प्रोफेसर श्रीरामकुमारजी वर्मा, एम्० ए०, पी-एच्० डी०, अध्यक्ष हिंदी-विभाग प्रयाग विश्वविद्यालय, भू० पू० हिंदी प्रोफेसर, मास्को (सोवियतसंघ) प्रयाग

××राधा-माधवके स्वरूपकी इतनी सरस और सुबोध मीमांसा भक्तिसाहित्यकी अपूर्व निधि है। इस अमृतरसका पान कर मुझे जो आनन्द हुआ, उसको व्यक्त करनेके लिये मेरे पास शब्द नहीं हैं। ज्ञान और भक्ति दोनोंका अद्भुत समन्वय आपके साहित्यमें हुआ है।×××

स्व० आचार्य श्रीगुलाबरायजी एम्० ए०, डी० लिट्०, आगरा

'श्रीराधा-माधव-चिन्तन' के कुछ अंश पढ़े। श्रीपोद्दारजीकी साहित्यसेवापर हम सबको गर्व है। इस पुस्तकका धार्मिक मूल्य तो है ही, साहित्यिक मूल्य भी उल्लेखनीय है। इसमें श्रीकृष्णपूजाकी प्राचीनता लौकिक ग्रन्थोंसे भी प्रमाणित की गयी है और बहुत-से अज्ञात कवि प्रकाशमें लाये गये हैं। पुस्तकसे पोद्दारजीके विस्तृत और गूढ़ अध्ययनका परिचय मिलता है।

सम्मान्य पं० श्रीजगन्नाथप्रसादजी मिश्र प्राचार्य एम्० ए०, लहरियासराय

भगवान्‌को जानने और उनकी उपलब्धि करनेके जो सब उपाय बताये गये हैं, उनमें भक्ति या प्रेमका मार्ग सर्वापेक्षा सहज है। यह प्रेम अति निर्मल एवं पवित्र है। भक्त या प्रेमिक अपने आराध्य देवताके प्रति सर्वान्तःकरणसे भक्तिरूपी अर्घ्य उनके चरणोंमें निवेदित करता है, उनसे अनन्य प्रेम रखता है। इहलोक या परलोकके किसी सुखभोगकी कामना नहीं करता। भगवान्‌के प्रति ऐकान्तिक अनुराग उसके मन, प्राणोंपर अधिकार किये रहता है। भगवान् ही उसके प्रेम-सर्वस्व होते हैं। इस भक्ति या प्रेमकी शिक्षा देनेके लिये भारतमें समय-समयपर अनेक अवतारी महापुरुष

अवतीर्ण हुए हैं। उन्होंने अपने जीवनदर्शन एवं आचरणद्वारा यह सिद्ध कर दिया है कि मानव-प्रेमका विकास तभी सम्भव होता है, जब वह देवोन्मुख होता है और तब इस प्रेमरूपी पुष्पका सौरभ समस्त जगत्में विकीर्ण होता है। इस प्रेमके कारण समस्त जगत्में प्राणोंका संचार होता रहता है। आनन्दमय इसका अंश होनेके कारण ही यह समस्त विश्व आनन्दमय है। प्राकृत सुख ब्रह्मानन्दकी ही छाया है।

भक्तिका रसरूपमें प्रचार वैष्णवाचार्योंकी अमर कीर्ति है। अग्निपुराणमें कहा गया है—जो सनातन परम ब्रह्म है, उसका सहज आनन्द कभी-कभी अभिव्यक्त होता है। वैष्णव आचार्योंने इस आनन्दको ही रसरूपमें ग्रहण किया है। लीलावतार भगवान् श्रीकृष्ण ही इस भक्तिरसके अक्षय स्रोत हैं। व्रजमें प्रकट होकर उन्होंने रस-माधुरीकी धारा प्रवाहित की थी। उनकी मुरलीकी सुमधुर ध्वनिमें व्रजरसका आस्वादन था। श्रीराधा उनकी ह्लादिनी शक्ति थी। रमणी-कुल-ललाम राधाका यह दृढ़ प्रत्यय था कि मैं श्रीकृष्णकी सर्वस्व हूँ। भावुक भक्त श्रीहनुमानप्रसाद पोद्दारने समय-समयपर सुप्रसिद्ध 'कल्याण' पत्रिकामें श्रीराधा-कृष्णके रस-तत्त्व एवं लीला-माधुरीके सम्बन्धमें जो सब लेख लिखे हैं तथा व्याख्यान-प्रवचन आदि किये हैं, उन्हींका सुन्दर संकलन 'श्रीराधा-माधव-चिन्तन' नामक ग्रन्थमें किया गया है। किंतु इस ग्रन्थको केवल लेखों एवं प्रवचनोंका संग्रहमात्र ही नहीं समझना चाहिये। यह ग्रन्थ भक्तिरस-तत्त्वकी एक अनुपम निधि है। सम्पूर्ण ग्रन्थको विभिन्न प्रकरणोंमें विभाजित करके एक प्रकरणमें एक-एक विषयको लिया गया है और उसका साङ्गोपाङ्ग विवेचन सुललित रूपमें किया गया है! श्रीराधा, श्रीकृष्ण श्रीराधा-माधव, भावराज्य तथा लीला-रहस्य, प्रेमतत्त्व, गोपाङ्गना-जैसे विषयोंकी अवतारणा करके लेखकने अत्यन्त विशद एवं सरस रूपमें उनपर प्रकाश डाला है। विवेचनशैली इतनी सरल, सुबोध एवं हृदयग्राही है कि पाठक रसामृत पान करके तृप्त हो जाते हैं।

इस प्रसङ्गमें यह उल्लेखनीय है कि मधुर उपासनाके नामपर इस ग्रन्थमें भोग-सुखकी, काम-वासनाकी पंकिल धारा नहीं बहायी गयी है। यह तो मधुर-रसकी ऐसी मन्दाकिनी है, जिसमें अवगाहन करके पाठकोंके मन-प्राण शीतल हो जाते हैं और वे विशुद्ध आनन्दरसमें विभोर हो जाते हैं। इस ग्रन्थका पारायण करके पाठक

जान सकेंगे कि काम और प्रेममें क्या अन्तर है। सांसारिक भोग-सुखोंमें आसक्त रहकर मनुष्य उस मानसिक शान्तिका अधिकारी कदापि नहीं हो सकता, जो मानसिक शान्ति एवं आनन्द उसे विशुद्ध प्रेम-राज्यमें विचरण करनेमें प्राप्त हो सकता है। भगवत्प्रेमका रसास्वादन करने तथा मनको भोगवासनाके कालुष्यसे मुक्त करनेके लिये इस ग्रन्थका श्रद्धापूर्वक पारायण, मनन, चिन्तन सबके लिये श्रेयस्कर है। मेरा विश्वास है कि भक्ति एवं रसतत्त्वके सम्बन्धमें इतनी सामग्रियोंका एकत्र समावेश अन्यत्र दुर्लभ है। भगवान् श्रीकृष्णकी लीलाओंका रहस्य तथा मर्मोद्घाटन इस ग्रन्थमें जिस सुन्दर ढंगसे किया गया है, उससे समस्त शंकाओंका निवारण तो हो ही जाता है, साथ ही उनकी आध्यात्मिकताकी अमिट छाप मनपर पड़े बिना नहीं रहती। भगवान्‌की यह प्रेमलीला उनका आत्मरमण है, **'आत्मारामोऽप्यरीरमत्'**। गीताप्रेसके अधिकारियोंने इस ग्रन्थका प्रकाशन करके भक्तिरसके जिज्ञासु पाठकोंका बड़ा उपकार किया है। इस ग्रन्थका बहुत प्रचार काम्य है।×××

डॉ॰ मुन्शीरामजी शर्मा एम्॰ ए॰, पी-एच्॰ डी॰, डी॰ लिट्॰, कानपुर

××××इससे पोद्दारजीकी जीवन-झाँकी तो प्राप्त होती ही है, राधा-तत्त्वका उद्घाटन भी जीवनको उस अनुरागतक ले जाता है, जहाँ विकासकी चरम सीमा मानी गयी है ! सभी व्याख्यानोंमें राधातत्त्वचिन्तन ओतप्रोत है। हरिदासी तथा राधावल्लभ दोनों ही सम्प्रदाय इस तत्त्वकी विवेचनामें तल्लीन रहे हैं। कृष्ण-तत्त्वका भी प्रतिपादन है। वस्तुतः दोनों मिलकर ही पूर्ण इकाईका निर्माण करते हैं। पर जहाँतक रागानुगा भक्तिका प्रश्न है, कृष्णको राधाका भक्त बनाकर इन सम्प्रदायोंमें शक्तिको ऊर्ध्व स्थानपर स्थापित कर ही दिया है।××××

पं॰ श्रीसरस्वतीप्रसादजी चतुर्वेदी, संस्कृत-विभाग, प्रयाग-विश्वविद्यालय

××××इस पुस्तकका प्रकाशन कर आपने हिंदी वाङ्मयके एक उस विशिष्ट अङ्गकी—जिसके विषयमें अज्ञान-जन्य भ्रम और युगकालानुरूप श्रद्धाका अभाव

फैला हुआ है—परम स्पृहणीय पूर्तिकी है, जिसके कारण देशकी परम्परागत धर्मरुचिको प्रोत्साहन मिलेगा, साथ ही एतद्विषयक आध्यात्मिक पृष्ठभूमिके ज्ञानको उन्नयन भी प्राप्त होगा।

आजकल देशमें लेखक अनेक हैं। धर्मधुरा-वहनके इच्छुक निष्ठावान् भी कम नहीं हैं, पाश्चात्त्य दृष्टिकोणसे प्रभावित होकर भारतीय पारमार्थिकताके रहस्यके जिज्ञासु भी मिलते हैं—किंतु सत्-तत्त्व विशेष दुर्लभ, जो इन सभी गुणोंसे विभूषित होकर अभिप्रेत अर्थको गिरामें परिणत करनेकी अनन्यसामान्य योग्यता रखता हो। आपका शुभ कार्य इस दिशामें स्तुत्य प्रयत्न है।

जहाँतक मेरा वैयक्तिक स्वार्थ है, विश्वास मानिये यह पुस्तक-रत्न मेरे लिये सदैव आस्तिकतापूर्ण स्वाध्यायका अङ्ग रहेगी। ××××

डॉ॰ श्रीजगन्नाथप्रसादजी एम्॰ ए॰, पी-एच्॰ डी॰, अध्यक्ष हिंदी-विभाग, काशी हिंदू-विश्वविद्यालय, वाराणसी

××× श्रीराधा-माधव-चिन्तनरूपी निर्मल गङ्गामें यथेष्ट अवगाहन करनेका सुअवसर मिला। पोद्दारजीकी वाणीमें मधुर आकर्षण है। उनके अन्तरकी भावापन्नता बाह्य विषय-विवेचनाकी समस्त रूक्षताका हरण करती मिली। इस क्षेत्रका अधिक ज्ञान न होनेपर भी मुझे अपार आनन्द प्राप्त हुआ—इसका मुख्य कारण मुझे यही मालूम पड़ा है कि लेखकमें अद्भुत रचना-शक्ति है।××××

डॉ॰ श्रीरामचरणजी महेन्द्र, एम्॰ ए॰, पी-एच्॰ डी॰, विद्याभूषण, दर्शनकेसरी, कोटा

×××'राधा-माधव-चिन्तन' एक नये विषयपर अत्यन्त विस्तृत और अध्ययन-पूर्ण ग्रन्थ है। श्रीराधा, श्रीकृष्ण, राधामाधव, भावराज्य, प्रेमतत्त्व, गोपाङ्गना इत्यादि प्रकरणोंमें लेखकने अत्यन्त विद्वत्तापूर्ण विवेचना प्रस्तुत की है। विषयचयन सर्वथा नया और उसका विश्लेषण मनोवैज्ञानिक एवं व्याख्या साङ्गोपाङ्ग है। राधा और माधवमें रुचि रखनेवाले पाठकोंको एक स्थानपर इतना सर्वाङ्गपूर्ण, सुगम, सरस और प्रामाणिक विवेचन दुर्लभ है। पोद्दारजीकी यह पुस्तक बड़े परिश्रमसे लिखी

गयी है। लेखकका अध्ययन और मनन सर्वत्र झलकता है। इसमें 'भावराज्य तथा लीलारहस्य' प्रकरण हमें विशेष सुन्दर प्रतीत हुआ है। कृपया इस अलभ्य ग्रन्थके निर्माणके लिये मेरी ओरसे 'भाईजी' को बधाई दीजिये। ×××××

प्रसिद्ध विद्वान् श्रीपरिपूर्णानन्दजी वर्मा, कानपुर

×××× मैं तो श्रीराधा-माधव-चिन्तनको जितना पढ़ सका, पढ़ता गया और मुझे ऐसा लगा कि हिन्दीसाहित्य तथा हिन्दूधर्मको यह अनुपम देन है। मेरे मनमें भी यह शङ्का-सी बनी थी कि राधा तथा कृष्णके सम्बन्धको खींचतान कर प्रकृति, पुरुष, माया तथा ब्रह्मका मेल कहा जा सकता है। पर उस सम्बन्धकी वास्तविक दार्शनिकता अब समझमें आयी। यह ग्रन्थ दर्शनशास्त्रका उत्कृष्टग्रन्थ है। श्रीपोद्दारजीको मेरा अनेक धन्यवाद तथा साधुवाद कहें। ×××××

डा॰ श्रीहरिशंकरजी शर्मा, पी-एच्॰ डी॰, आगरा

××× श्रीपोद्दारजीने अपने विश्वासानुसार भक्ति-भावपूर्णव्रज-रस-माधुरीकी बड़ी सुन्दर एवं सफल अभिव्यक्ति की है। इसके पाठसे एक अद्भुत साहित्यिक आनन्दकी उपलब्धि होती है। चारु चिन्तन और गम्भीर अध्ययनकी आभा पुस्तकके प्रत्येक पृष्ठसे परिलक्षित होती है। जो लोग आनन्दकन्द व्रजचन्द श्रीकृष्ण भगवान्‌को योगिराज एवं महान् गीता-गायकके रूपमें ही स्मरण करते हैं, वे भी व्रज-रससे आप्लावित इस सुन्दर साहित्यिक रचनाका अभिनन्दन करनेमें गौरव—गर्व अनुभव करेंगे। श्रीपोद्दारजीके इन निबन्धोंमें भाषा-सौन्दर्य और वर्णन-वैचित्र्यकी छबीली छटा स्पष्ट दिखायी देती है। मैं इस साहित्यिक सत्-सर्जनके लिये उनकी हार्दिक प्रशंसा करता हूँ। ××××

डॉ॰ श्रीभीखनलालजी आत्रेय, एम्॰ ए॰, पी-एच्॰ डी॰, वाराणसी

हिंदीकी प्रसिद्ध धार्मिक पत्रिका 'कल्याण' के विख्यात सम्पादक श्रीहनुमानप्रसाद पोद्दारके प्रवचनों तथा लेखोंका संग्रह ही यह ग्रन्थ है। श्रीकृष्णकी नित्य प्रेमास्पदा

श्रीराधाके धार्मिक और दार्शनिक महत्त्वका विवेचन इस ग्रन्थसे हुआ है। विश्वका नित्य आधार वह परम ब्रह्म है और उसी ब्रह्मके दो स्वरूप राधा और माधव हैं। लोकगीत और गाथाएँ, जो सम्पूर्ण भारतमें कही-सुनी जाती हैं, उनमें और वैष्णव-साहित्यमें राधा और माधवका बहुत वर्णन आया है। उन्हीं राधा-माधवके बारेमें लेखकने भाव और भक्तिपूर्ण भाषामें अपने विचार व्यक्त किये हैं तथा राधा-माधवके गहनतम दार्शनिक और धार्मिक महत्त्वकी व्याख्या की है। इस ग्रन्थमें एक अध्याय श्रीराधा, गोपी और श्रीकृष्णके महारासपर भी है, जिसमें रासके अर्थ और महत्त्वका स्पष्टीकरण हुआ है। रास श्रीकृष्णके बाल्यकालका एक ऐसा आकर्षक प्रसङ्ग है, जिसका श्रीकृष्णोपासकोंने एक विशेष और गहन अर्थ लगाया है तथा जिसका चराचरव्यापी महत्त्व है। ग्रन्थकी भाषा अत्यधिक परिमार्जित है। उसकी छपाई एवं सुसज्जा सुन्दर और नयनाभिराम है। आध्यात्मिक साधकोंके लिये यह ग्रन्थ एक विशेष आकर्षणकी वस्तु है। ऐसे कठिन विषयकी जिस सुन्दर शैलीमें विवेचना की गयी है, इसके लिये लेखक सराहना और धन्यवादका पात्र है।

व्रजसाहित्यके अनुभवी लेखक और प्रसिद्ध विद्वान्
पं॰ श्रीजवाहरलालजी चतुर्वेदी, मथुरा

हिंदी-साहित्यमें '**कृष्णस्तु भगवान् स्वयम्**'की आह्लादिनी शक्ति प्रेमपुञ्जा 'व्रजेश्वरी श्रीराधा' पर किसीकी लिखी पुस्तक प्राप्त नहीं थी। हिंदीमें इसका बड़ा अभाव खलता था। कहनेको पूर्वापरकी दो पुस्तकें हैं, ××× पर वे कोरी श्रीराधासम्बन्धी इतिहासकी कल्पनामात्र हैं।××× उनमें सरस सुगन्ध नहीं है। मान्यवर श्रीहनुमानप्रसादजी पोद्दार सम्पादक कल्याण गोरखपुर, जिन्हें हम××× श्रीभाईजी कहकर पुकारते हैं, की अनुपम कृति 'श्रीराधा-माधव-चिन्तन' हिंदी-साहित्यके लिये अनुकरणीय सुन्दर तथा सरस देन हैं। वह एक महान् भक्त-हृदयद्वारा लिखी गयी है तथा सम्पूर्ण अङ्गोंसे भरपूर है। वह गोपाल-भोगके लिये घी-शक्करसे बना वह लड्डू है, जिसमें मेवा-मिश्रीसंयुक्त साहित्यके सभी कथनीय अङ्ग उजले बन रहे हैं। अतः प्रसादरूप जो भी अंश हाथमें आ जाय, वही भवके नाना रोगोंसे उबारनेवाला पुष्कल साधन, मनको अहर्निश

****

कीर्तिकुमारी श्रीराधा तथा यशोदानन्दन कन्हैयाके चिन्तनमें निमग्न कर जीवोंका महान् उपकार करनेवाला महद् ग्रन्थ है। अतः उसके प्रति कुछ कहना-सुनना......सम्भव नहीं। श्रीभाईजीको इस ग्रन्थोत्थानके लिये मेरा कोटि-कोटि धन्यवाद है......। मैं तो ग्रन्थकी महानतापर नित्य-नित्य न्यौछावर होता हूँ......।

हिंदी-जगत्के प्रसिद्ध लेखक तथा सर्वप्रिय जननायक सेठ श्रीगोविन्ददासजी, जबलपुर

'श्रीराधा-माधव-चिन्तन' पुस्तक प्रकाशित होते ही मुझे मिल गयी थी। मैंने उसका तुरंत ही पठन प्रारम्भ किया, चूँकि अधिकारी भक्त और विद्वान्की लिखी हुई थी, आद्योपान्त पढ़ गया और ऐसा भाव-विभोर हुआ कि तबसे अबतक इसे अनेक बार उलट गया हूँ।

मैं अपने पैतृक-संस्कारोंसे वैष्णव हूँ और मेरे इष्ट श्रीराधावर श्रीकृष्ण हैं। अतः अपने इष्टका सरल साहित्यमें मिला यह स्वरूप मुझे सम्मोहित करे, यह स्वाभाविक ही है। श्रीराधा और कृष्ण इन दो स्वरूपोंकी झाँकी, जो वास्तवमें एक ही है, **'हरि अनन्त हरि कथा अनन्ता'** तथा विम्ब-प्रतिविम्बकी भाँति इस पुस्तकमें एक अलग अनूठे और अपूर्वरूपमें जिस तरह प्रतिविम्बित और परिलक्षित होती है, वह अन्यत्र दुर्लभ है। जान पड़ता है, किसी साधककी जीवनपर्यन्तकी साधनाका स्वरूप साकार हो उठा है, किसी भक्तका हृदय उमड़ आया है और किसी ज्ञानीका सम्पूर्ण ज्ञान अपनी समस्त गरिमा, आभा और आलोकसे भाषा और साहित्यके परिधानमें इस पुस्तकमें बिखर गया है।

श्रद्धेय हनुमानप्रसादजी पोद्दार एक साधक हैं, भक्त हैं और ज्ञानी भी। उनमें गङ्गा, यमुना और सरस्वती तीनोंका संगम हुआ है। जीवनभर उन्होंने एक भक्त-हृदयसे अपने इष्ट श्रीराधा और श्रीकृष्णकी साधना की है और अपनी इस साधनामें वे आज भी रत हैं, अपने अन्तिम क्षणतक रहेंगे, यह भी मैं जानता हूँ। ऐसे साधकने अपने भक्त-हृदयसे भक्तिके सिन्धुका जीवनभर जो अवगाहन किया, उसे उन्होंने ज्ञानकी गहराईसे मोतियोंका रूप दे प्रस्तुत पुस्तकमें बिखेर दिया है, जिसका प्रत्येक शब्द गङ्गाकी धाराके जल-कणकी भाँति पावन, प्रवाहपूर्ण प्रेरणादायी

और प्राणप्रद है। पुस्तक पढ़ते समय पाठक पुस्तक-लेखक और स्वतः अपने पाठकरूपको विस्मृतकर ऐसे भगवत्सम्पर्कमें आ जाता है जैसे कोई आत्म-संयमी साधक भक्त और ज्ञानी अपनी इष्ट-आराधनामें तल्लीन हो। ग्रन्थकारकी यही प्रधान विशेषता है और पुस्तकका भी यही श्रेष्ठ गुण।

भाई हनुमानप्रसादजी मेरे अग्रज-तुल्य हैं, मैं सदासे ही उन्हें एक उच्चकोटिका साधक, भक्त और ज्ञानी मानता आ रहा हूँ। 'कल्याण' और गीताप्रेसके अन्य प्रकाशनोंमें उनका यह त्रिवेणी-रूप वर्षोंसे प्रकाशमें आता रहा है। 'श्रीराधा-माधव-चिन्तन' ग्रन्थसे इस प्रवाहमें भक्ति-साहित्यका एक और उज्ज्वल और अपूर्व रत्न उन्होंने साहित्य-जगत्‌को प्रदान किया, इसके लिये वे निस्संदेह मेरी, और मेरी ही क्या, हिंदी-जगत्‌की श्रद्धा और साधुवादके पात्र हैं और रहेंगे।

महाप्रभु चैतन्यदेवके अनन्यभक्त श्रीशिशिरकुमार घोषके द्वारा प्रवर्तित अ० वा० पत्रिकाका प्रयागी संस्करण 'नार्दर्न इंडिया पत्रिका' में प्रकाशित

श्रीहनुमानप्रसाद पोद्दार विद्वान् व्यक्ति हैं, इन्होंने हिंदुओंके धार्मिक साहित्यका आदर एवं अध्यवसायके साथ अध्ययन किया है और तदुपरान्त अपने ढंगसे इस महत्त्वपूर्ण ग्रन्थकी रचना की है।

श्रीराधा-माधव, जिनकी उपासना सम्पूर्ण भारतवर्षमें प्राचीनतम कालसे होती आयी है, उन्हींके चरणोंमें श्रीपोद्दारजीने अपनी श्रद्धाके सुमन चढ़ाये हैं। उन्होंने अति सरल और स्पष्ट भाषामें वैष्णव-सिद्धान्तके रहस्योंकी अनेक झाँकियाँ हमारे सामने प्रस्तुत की हैं। यह ग्रन्थ भारतके एक विशिष्ट और श्रद्धालु विद्वान्‌की कृति है। और जो सुजन सुन्दर आध्यात्मिक जीवनकी प्राप्तिके लिये प्रयत्नशील हैं, उन्हें इस ग्रन्थका पठन-मनन करना चाहिये। वैष्णव-साधनाके आध्यात्मिक तत्त्वकी अतुल धरोहर तबतक अक्षुण्ण रहेगी, जबतक राधा-माधवकी उपासना और उनके रहस्यका चिन्तन होता रहेगा। वैष्णव-साधनाके तत्त्व केवल सैद्धान्तिक चर्चाके विषय नहीं हैं, अपितु वे आचरणमें उतारनेकी वस्तु हैं और तदनुसार जीवन बनानेके लिये प्रभु और गुरु-कृपा अपेक्षित है।

****

विद्वान् लेखकने अपनी बात इस रीतिसे कही है कि हर एक व्यक्ति समझ सके। कोई भी बात लेखककी दृष्टिसे छिप नहीं पायी है और इस असाधारण कृतिकी रचनाके लिये लेखक धन्यवादके योग्य हैं। हमारे प्रभु और उनकी शक्ति चिरन्तन है। ××××

आचार्य श्रीयतीन्द्र रामानुजदास महोदयके द्वारा सम्पादित बँगला 'उज्जीवन' पत्रिकामें प्रकाशित

××ग्रन्थका विषय है राधाकृष्ण-तत्त्व। तत्त्वानुभूति साधन तथा ध्यानकी अपेक्षा रखती है। चिन्तन एवं मननकी गम्भीरता ही ध्यान है। इस ध्यानकी सहायतासे ही राधा-कृष्णके तत्त्वकी उपलब्धि हो सकती है। ग्रन्थके नामकरणमें ग्रन्थकारके सार्थक प्रयासकी यथार्थ अभिव्यक्ति हुई है। रसतत्त्व प्राकृत और अप्राकृत दो प्रकारका हो सकता है। अप्राकृत रसकी नित्यता और सार्वजनीनता स्वयं सिद्ध है। राधा-कृष्णतत्त्व यह अप्राकृत रसतत्त्व है। श्रीगुरुकृपा एवं साधनकी सहायतासे जिस परिमाणमें चित्तवृत्ति निर्मल होती है, उसी परिमाणमें इस तत्त्वकी अनुभूति हुआ करती है। अनुभूतिके चरम उत्कर्षसे ही रसतत्त्वमें सिद्धि प्राप्त होती है। इस ग्रन्थमें किया हुआ राधाकृष्णतत्त्व तथा रसतत्त्वका अपूर्व विचार-विश्लेषण रसिकजनोंके लिये अपरिमेय भोग्य है। आस्वादनमें राधा-कृष्णतत्त्व नित्य नूतन और **'स्वादु-स्वादु पदे-पदे'** है। साधन-सम्पत्तिकी गम्भीर अनुभूतिके साथ अनन्यसाधारण पाण्डित्यका संयोग होनेपर ही इस प्रकारके ग्रन्थकी रचना हो सकती है—इस क्षेत्रमें वही हुआ है। ग्रन्थके विशेषत्व और ग्रन्थकारके कृतित्वको भाषाके माध्यमसे प्रकट करना सम्भव नहीं है। जो अनुभवगम्य है, उसे बोलकर समझाया नहीं जा सकता। इसीलिये ग्रन्थकी विस्तृत आलोचना न करके हम राधाकृष्ण-प्रेम-पिपासु भक्तोंको इस ग्रन्थका पठन-अध्ययन करनेके लिये सादर आह्वान करते हैं। इससे वे तृप्त और कृतार्थ होंगे—यह कहना अत्युक्ति न होगा। हम चाहते हैं—इस ग्रन्थका बँगला-संस्करण शीघ्र प्रकाशित हो। अन्यथा, हिंदीसे अनभिज्ञ बँगला पाठक-पाठिका ग्रन्थके अपूर्व रस-माधुर्यके आस्वादनसे वञ्चित रहेंगे, जो वाञ्छनीय नहीं है।

प्रसिद्ध पारमार्थिक बँगला मासिक पत्रिका 'सुदर्शन'में प्रकाशित

यह ग्रन्थ एक रसग्रन्थ है। श्रीराधा-गोविन्दकी लीला मधुररसका एक मधुरतम विषय है। फिर यह केवल रसग्रन्थ ही नहीं है, इसमें तत्त्वका विश्लेषण करते हुए रसका परिवेशन किया गया है। ग्रन्थ सात प्रकरणोंमें विभक्त है। प्रथम प्रकरणमें श्रीराधा-रानीके स्वरूप, श्रीराधा-प्रेमका रहस्य और राधा-प्रेमकी महिमाका समुचित रीतिसे विवेचन किया गया है। द्वितीय प्रकरण 'श्रीकृष्ण' शीर्षक है। इसमें श्रीकृष्णके दिव्य स्वरूप, उनकी पूर्ण भगवत्ता, दिव्य सच्चिदानन्दमय विग्रह, उनके दिव्य चरित्रकी उज्ज्वलता और महिमा प्रभृति विषयोंपर आलोचना की गयी है। तृतीय प्रकरणमें श्रीराधा-माधवके युगल तत्त्व, दोनोंके पवित्रतम सम्बन्ध, युगल उपासना एवं युगल सेवाका निरूपण किया गया है। चतुर्थ प्रकरण 'भावराज्य और लीला-रहस्य' शीर्षक है। इसमें ग्रन्थकारने भगवदवतार-रहस्य, माखन-चोरी, चीरहरण, श्रीरास आदि निगूढ़ लीलाओंके रहस्यको सुबोध्य-भावसे समझानेकी चेष्टा की है। भक्त-पराधीन भगवान् भक्तके प्रति अपनेको किस प्रकार सम्पूर्णरूपसे विलय कर देते हैं, इन सब लीलाओंके माध्यमसे भक्त ग्रन्थकारने उसीका विश्लेषण किया है। पञ्चम प्रकरण 'प्रेमतत्त्व' शीर्षक है। रति, प्रेम, स्नेह, मान, प्रणय, राग, अनुराग, भाव और महाभाव—इन भावोंपर इसमें विचार किया गया है। षष्ठ प्रकरण है 'गोपाङ्गना' विषयक। इसमें उनके कृष्णप्रेम तथा स्वकीया और परकीया भावपर विचार करते हुए उनकी उज्ज्वल पवित्रताका प्रतिपादन किया गया है। सप्तम प्रकरण 'प्रकीर्ण' अध्याय है। उपर्युक्त प्रसङ्गोंसे संश्लिष्ट अतिरिक्त विषयोंपर इसमें विचार किया गया है। नौ सुन्दर रंगीन चित्रोंसे ग्रन्थको सुशोभित करके इसकी सुन्दरता और उपादेयताको समृद्ध कर दिया गया है।

भक्तवर प्रवीण ग्रन्थकार माननीय श्रीहनुमानप्रसाद पोद्दार महाशय एक निष्ठावान् साधकाग्रेसर पुरुष हैं! वे बहुप्रचलित धार्मिक मासिक पत्र 'कल्याण' के सुयोग्य दीर्घस्थायी सम्पादक हैं। उन्होंने अपने सुदीर्घ ३५ वर्षोंमें उपर्युक्त प्रसङ्गोंपर 'कल्याण' में जो लेख लिखे हैं और विभिन्न सत्सङ्गोंमें जो भाषणादि तथा समय-समयपर मौखिक उपदेश दिये हैं, उन्हींके समावेशसे यह ग्रन्थ समृद्ध है। तत्त्वपिपासु, रसपिपासु और श्रीराधाकृष्ण-युगलके उपासकोंके लिये यह ग्रन्थ विशेष उपादेय होगा, यह हमारी दृढ़ धारणा है। इस महामूल्य ग्रन्थका हम बहुत प्रचार चाहते हैं।

——::×::——

श्रीराधा-श्रीकृष्णका नित्यरूप

(राग जंगला—ताल कहरवा)

श्रीराधा श्रीकृष्ण नित्य ही परम तत्त्व हैं एक अनूप।
नित्य सच्चिदानन्द प्रेमघन-विग्रह उज्ज्वलतम रसरूप॥
बने हुए दो रूप सदा लीला-रस करते आस्वादन।
नित्य अनादि-अनन्त काल लीलारत रहते आनँदघन॥
कायव्यूहरूपा राधाकी हैं अनन्त गोपिका ललाम।
इनके द्वारा लीला-रस-आस्वादन करते श्यामा-श्याम॥
कृष्ण, राधिका, गोपी-जन—तीनोंका लीलामें संयोग।
एक तत्त्व ही, तीन रूप बन, करता लीला-रस-सम्भोग॥
परम तत्त्व श्रीकृष्ण नित्य हैं अनुपम सत्-चित्-आनँदघन।
सत् संधिनि, चित् चिति, आह्लादिनि है आनन्दशक्ति रसघन॥
ह्लादिनि स्वयं 'राधिका', संधिनि बनी नित्य 'श्रीवृन्दावन'।
बनी 'योगमाया', चिति करती रसलीलाका आयोजन॥
राधा स्वयं बनी है व्रजमें गोपरमणियाँ अति अभिराम।
लीला-रसके क्षेत्र-पात्र बन, यों लीलारत श्यामा-श्याम॥
व्रजसुन्दरी प्रेमकी प्रतिमा, कामगन्धसे मुक्त, महान।
केवल प्रियतमके सुख-कारण, करतीं सदा प्रेम-रस-दान॥
लोक-लाज, कुल-कान, निगम-आगम, धन, जाति, पाँति, यश, गेह।
भुक्ति-मुक्ति सब परित्याग कर करतीं प्रियसे सहज सनेह॥
इन्द्रिय-सुखकी मलिन कामना है अति निन्दित कलुषित काम।
मोक्षकाम-कामी ऊँचे साधक भी नहीं पूर्ण निष्काम॥
काम सदा तमरूप, अन्धतम नरकोंका कारण सविशेष।
प्रेम सुनिर्मल हरि-रस-पूरित परम ज्योतिमय शुभ्र दिनेश॥

****

जिसको नहीं मुक्तिकी इच्छा, जिसे नहीं बन्धनका भान।
केवल कृष्ण-सुखेच्छा हित जिसके सब धर्म-कर्म, मति-ज्ञान॥
ऐसे गोपी-जन-मनमें लहराता प्रेम-सुधा-सागर।
इसीलिये रहते उसमें नित मग्न रसिकमणि नटनागर॥

(राग भैरवी—ताल कहरवा)

प्रथम साधना है इसकी—इन्द्रिय-भोगोंका मनसे त्याग।
हरिकी प्रीति बढ़ानेवाले सत्कर्मोंमें अति अनुराग॥
कठिन काम-वासना-पापका करके पूरी तरह विनाश।
दम्भ-दर्प, अभिमान-लोभ-मद, क्रोध-मानका करके नाश॥
परचर्चाका परित्याग कर, विषयोंका तज सब अभिलाष।
मधुमय चिन्तन नाम-रूपका, मनमें प्रभुपर दृढ़ विश्वास॥
हरि-गुण-श्रवण, मनन लीलाका, लीला-रसमें रति निष्काम।
प्रियतम-भाव सदा मोहनमें, प्रेम-कामना शुचि, अभिराम॥
सर्व-समर्पण करके हरिको, भोग-मोक्षका करके त्याग।
हरिके सुखमें ही सुख सारा, हरिचरणोंमें ही अनुराग॥
भोग-मोक्ष-रुचि-रहित परम जो अन्तरङ्ग हरिप्रेमी संत।
उनका विमल सङ्ग, उनकी ही रुचिमें निज रुचिका कर अन्त॥
पावन प्रेमपंथके साधक करते फिर लीला-चिन्तन।
श्यामा-श्याम-कृपासे फिर वे कर पाते लीला-दर्शन॥
गोपीभाव समझकर फिर वे होते हैं शुचि साधनसिद्ध।
रस-साधनमें सिद्धि प्राप्तकर पाते गोपीरूप विशुद्ध॥
तब लीलामें नित्य सम्मिलित हो बन जाते प्रेमस्वरूप।
परम सिद्धि यह प्रेम-पंथकी, यही प्रेमका निर्मल रूप॥

× × × ×

कर्म, योगपथ, ज्ञान-मार्गके सिद्ध नहीं आते इस ठौर।
वे अपने शुचि विहित मार्गसे जाते सदा साध्यकी ओर॥

राधा-कृष्ण-विहार ललितका यह रहस्यमय दिव्य विधान।
दास्य-सख्य-वात्सल्यभावमें भी इसका नहिं होता भान॥
व्रजरमणीके शुद्ध भावका ही केवल इसमें अधिकार।
वहीं फूलता-फलता, इस उज्ज्वल रसका होता विस्तार॥

——::×::——

प्रार्थना

माधव! नित मोहि दीजियै निज चरननिको ध्यान।
सकल ताप-हर मधुर अति आत्यन्तिक सुख-खान॥
सब तजि सुचि रुचि सौ सदा भजन करौं बसु-जाम।
रहौं निरन्तर मौन गहि जपौं मधुरतम नाम॥
मन-इन्द्रिय अनुभव करैं नित्य तिहारौ स्पर्श।
मिटैं जगत के मान-मद-ममता-हर्ष-अमर्ष॥
रति-मति-गति सब एक तुम बनौ अनन्त अनन्य।
तुम में भावभरे हृदय जुरि हो जीवन धन्य॥

——::×::——

भगवान् श्रीकृष्ण और उनकी स्वरूपाशक्ति श्रीराधिकाजीके स्वरूपका यथार्थ ज्ञान उन्हींको है। दूसरा कोई भी यह नहीं कह सकता कि इनका स्वरूप ऐसा ही है। जो कुछ भी वर्णन होता है, वह स्थूल रूपका और आंशिक ही होता है। भगवान् श्रीकृष्ण समग्र ब्रह्म या पुरुषोत्तम हैं। ब्रह्म, परमात्मा, आत्मा—सब इन्हींके विभिन्न लीला-स्वरूप हैं। श्रीराधाजी इन्हींकी स्वरूपाशक्ति हैं। श्रीराधाजी और श्रीकृष्ण सर्वथा अभिन्न हैं। भगवान् श्रीकृष्ण दिव्य चिन्मय आनन्द विग्रह हैं और श्रीराधाजी दिव्य चिन्मय प्रेम विग्रह हैं। वे रसराज हैं, ये महाभाव हैं। भगवान्‌की इन्हीं स्वरूपाशक्तिसे अनन्य कोटि शक्तियाँ उत्पन्न होती हैं, जो जगत्‌का सृजन, पालन और संहार करती हैं। भगवान्‌ने स्वयं कहा है—जो नराधम हम दोनोंमें भेदबुद्धि करता है वह चन्द्र-सूर्यकी स्थिति-कालतक कालसूत्र नामक नरकमें रहता है।

जब युगल सरकार कृपा करके अपने दुर्लभ दर्शन देना चाहें तभी दर्शन हो सकते हैं। उनकी कृपा ही उनके साक्षात्कारका उपाय है।

(**श्रीराधा-माधव-चिन्तन** नामक पुस्तकसे)

१६ सितम्बर—निश्चल भावसे विश्वासके साथ मनको आज्ञा दो—रे मन तू मेरा सेवक है। मेरी सत्ता और चेतनासे तेरा जीवन है। तू मेरी एक स्वीकृतिमात्र है। मेरी आज्ञा मान और जैसे मैं चाहूँ वैसे रह। इधर-उधर किया तो मैं तुम्हें नष्ट कर दूँगा।

(**दैनिक कल्याण-सूत्र** नामक पुस्तकसे)

'मनोरञ्जन' का प्रश्न इस समय बहुत महत्त्वका हो गया है। घर-द्वार फूँककर, धर्म-कर्म खोकर, शील-संकोच और लज्जा-मर्यादाका नाश करके भी 'मनोरञ्जन' करना है। 'मनोरञ्जन' का इस प्रकारका यह महारोग बहुत नवीन है, पर यह बहुत ही व्यापक हो गया है।.....सिनेमासे लोगोंने चोरीकी नयी-नयी कलाएँ सीखीं, डाके डालने सीखे, शराब पीना सीखा, निर्लज्जता सीखी और भीषण व्यभिचार सीखा, फिर भी हम इसे 'मनोरञ्जन' ही मानते हैं।

(**सिनेमा—मनोरञ्जन या विनाशका साधन** नामक पुस्तकसे)

जिस प्रकार स्त्रियोंका जेलकी कालकोठरीकी तरह बंद रहना उसके लिये हानिकर है, उसी प्रकार—वह उससे भी बढ़कर हानिकर उनका स्त्रियोचित लज्जाको छोड़कर पुरुषोंके साथ निरंकुशरूपसे घूमना-फिरना, पार्टियोंमें शामिल होना, पर-पुरुषोंसे निःसंकोच मिलना, सिनेमा तथा गंदे खेल-तमाशोंमें जाना, पर-पुरुषोंके साथ खान-पान तथा नृत्यगीतादि करना आदि है। नारीके पास सबसे मूल्यवान् और आदरणीय सम्पत्ति है उसका सतीत्व। सतीत्वकी रक्षा ही उसके जीवनका सर्वोच्च ध्येय है।

(**नारी-शिक्षा** नामक पुस्तकसे)

गोपी-प्रेममें रागका अभाव नहीं है, परन्तु वह राग सब जगहसे सिमट कर, भुक्ति और मुक्तिके दुर्गम प्रलोभन व पर्वतोंको लाँघकर केवल श्रीकृष्णमें अर्पण हो गया है। इहलोक और परलोकमें गोपियाँ श्रीकृष्णके सिवा अन्य किसीको भी नहीं जानतीं।

(**गोपी-प्रेम** नामक पुस्तकसे)